Colonialism led to India being portrayed as a modern nation. Although the colonial authorities introduced the British educational patterns and syllabi in a few universities including English language, to produce 'de-nationalized' professional Indians for imperial administration, the impact of this phenomenon had other benefits for the country. Generations of educated Indians emerged who propagated the ideas in favor of broadening our traditional outlook and adaptation of social reforms in the country. Many Indians

*Assistant Professor, Deptt. of Design, Banasthali Vidyapith (Rajasthan) INDIA

seriously studied India's glorious ancient past history and philosophy. Revivalism in visual arts, closely interdependent with the scholarly efforts of reassessment of India's artistic heritage, is a belated but glorious culminating phase of India's 'Renaissance' during the colonial rule (Parimoo & Sarkar, 2009).

Continuation of the ongoing East-West Dilemma and the emergent modern artifacts - Amrita Sher-Gil and Jamini Roy made a huge impact in the art scene of the colonial India. They tried reunion of Eastern and Western characteristics in their work. These painters and sculptors have enlarged their horizons, set up better standards in craftsmanship and encouraged serious thinking in the arts. During the fifties a number of these artists travelled abroad and observed what was happening there in the other parts of the world. The art scene in the west was undergoing drastic changes in the fifties and there were serious reconsiderations of values. The sixties brought into Indian art a great increase in spectrum; painters, sculptors and printmakers of all kinds could be found in every part of India; their knowledge of media and cleverness of handling was equal to any from anywhere in the world (Parimoo & Sarkar, 2009).

The west-east confrontation created new terminologies such as "Western Style" and "Eastern Style" art. In another few years, exposure to what was happening simultaneously in the West added still another category—Modern Style. All-India Exhibitions separated the exhibits under these newly created heads and showed them in separate galleries.

Amrita Sher-Gil: An introduction - At the juncture of early modernity in Indian Art Scene, as women started to appear in the social scenario in more influential positions, women artists gradually started to emerge. The mixture of styles by the Punjabi-Hungarian artist, Amrita Sher-Gil, left a huge impact in the art scene of the colonial India. She tried reunion of Eastern and Western characteristics in her work. She led the way for the entry of women in the newly emerged Commercial Indian Art and served as an inspiration to the new wave of women artists in the independent India. Amrita Sher-Gil was in Paris as an art student from 1929 to 1934. In India, at that time, 'Art trade' was catching up and the successful artists were no longer the suffering bohemians they used to be. Born of a Sikh father from an aristocratic, land owing family, and a Hungarian mother, Amrita Sher-Gil's life veered between Europe and India. Her Hungarian mother had given her a proper European upbringing during her eight years of childhood in Hungary and the following eight years in Simla but this was not enough to implant her in contemporary Paris. She was blessed with beauty, breeding, charismatic personality and extra ordinary talent as a painter. In 1929, she joined the Ecole des Beaux Arts in Paris. Her painting skills were recognized and acclaimed; she loved the bohemian life of artists in Paris. In 1934 she explains in a letter to her father that her long stay in Europe had aided her to discover India, and Modern art had led her to the comprehension and appreciation of Indian painting and sculpture. She had already made some contact with the mainstream of Indian Art through the Parisian collections and through the orientalism of artists like Gauguin or Modigliani, whose work had roused her admiration (Peers, 2006).

With her parents settled in India, she was a part of the Indian social scene. In 1936 Amrita travelled south on what came to be for her a voyage of discovery of the historical art of India. She visited Ajanta first and the mural paintings of Ajanta came to her as a tremendous revelation. She found them 'vital', 'vibrant', and subtle. The Ajanta Murals opened up to her many possibilities of contact. Amrita Sher-Gil, after seeing the Ajanta murals in 1936, quoted - 'It is because there are many possibilities in Indian art that I am literally opposed to those that have not explored these possibilities'. From Ajanta she travelled still further south and saw murals of 'Padmanabhapuram' and 'Mattancheri', so different from that of Ajanta; also arrested her attention. She acknowledged Karl Khandalvala's comments on Post-Impressionism. According to him, Post-Impressionism had a fundamental analogy with Ajanta. Down the line, she came across the miniature work of Mughals and the Rajput. She started to grow fond of these styles. She seems to have realized that to her needs the language of the Rajput and Mughal paintings came nearest. In 1937, she tries a multi-perspective composition like a Rajput or Mughal miniature. In 1938 she tries to read the Rajput and Mughal expression into the village scenes around her producing a number of paintings such as 'Hill Scene', 'Red Clay elephant', 'Elephants bathing in a Green Pool' (Dalmia, 2003).

Her use of Indian subject matter too is no more the rare and the sentimental – the beggar, the widow, the sad nude, but common village sights as people clustered round the trees or houses, girls on a swing, elephants in village landscape. She sometimes bases these rather closely on Mughal and Rajput stereotypes such as 'Horse and Groom', 'Studies of Elephants', 'Ancient Storyteller'; often her attempts to scatter around object details are quite indigenous; also where she attempts multi-perspective.

Amrita Sher-Gil: Modern Indian Art in the last few decades of Colonial India - Sher-Gil's painting style at this time reflected the European idiom with its naturalism and textured application of paint. Many of the paintings done in the early 1930s are in the European style, and include a number of self portraits. There are also many paintings of life in Paris, nude studies, still life studied, as well as portraits of friends and fellow students. Of these, the self portraits form a significant corpus. They captured the artist in her many moods- somber, pensive and joyous- while revealing a narcissistic streak in her personality. Her style underwent a radical change by the mid- 30s. she yearn for India, and by 1934, the family returned. This time, she looked at India with the eyes of an artist. The colours, the textures, the vibrancy and the earthiness of the people had a deep impact on the young artist. In India, she appropriated the language

of miniatures. The complexities of her life- she was of mixed parentage and her art school background in Paris made her both, an insider and outsider, as did her ambivalent sexuality- promoted her to constantly reinvent her visual language. She sought to reconcile her modern sensibility with her enthusiastic response to traditional art-historical resources.

The majority of works by Amrita Sher- Gil in the public domain are presently with the NGMA, New Delhi, which houses over 100 paintings by this meteoric artist. Few of the notable paintings from the collection of NGMA, New Delhi:

References :-

1. Brown, P. - The Heritage of India-Indian Paintings: 6th Edition. Calcutta: Y.M.C.A. Publishing House, 1953.
2. Dalmia, Yashodhara - Contemporary Indian Art-Other Realities. Delhi: The Marg Foundation, 2003.
3. Subramanyan, K.G. - Moving Focus-Essays on Indian Art. New Delhi: Lalit Kala Akademi, 1978.
4. Parimoo, Ratan & Sarkar, Sandip - Historical Development of Contemporary Indian Art. New Delhi: Lalit Kala Akademi, 2009.
5. Peers, Douglas - India under Colonial Rule: 1700-1885 (Seminar Studies In History). London and New York: Routledge, Taylor and Francis group, 2006.
6. Thakur, Abanindranath - Apon Katha. Calcutta: Signet Press, 1946.
7. Mitter, Partha - Art and Nationalism in Colonial India, 1850-1922, Occidental Orientations. Cambridge: Cambridge University Press, 1994.
8. C.Sivaramamurti-Indian Painting, New Delhi, National Book Trust, 1970

Fig.1: Hungarian Village Market, Oil on Canvas, Amrita Sher-Gil

Fig.2: Notre Dame, Oil on Canvas, Amrita Sher-Gil

Fig.3: Two elephants, Oil on Canvas, Amrita Sher-Gil

Fig.4: Brahmacharis, Oil on Canvas, Amrita Sher-Gil

Fig.5: Bride's Toilet, 1937, Oil on Canvas, Amrita Sher-Gil

****

पूर्वी उत्तर प्रदेश में द्वितीय श्रेणी महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति का अध्ययन

डॉ. ओम प्रकाश शर्मा * डॉ. अजय **

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति के अध्ययन के संदर्भ में अध्ययन किया गया है। शोध के लिये प्रस्तुत शोध अध्ययन में उपकरण के रूप में स्व-निर्मित अभिमतावली का प्रयोग किया गया है जिसमें 20 प्रश्न थे, जिनका उत्तर हॉ/ नहीं में देना था तथा न्यादर्श के रूप में उत्तर प्रदेश के बिहार क्षेत्र के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों का चयन किया गया, जिसमें 100 द्वितीय श्रेणी की महिला शिक्षकों को सम्मिलित किया गया है। शोध परिणामों से प्राप्त हुआ कि सरकारी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों में अभिवृति, गैर सरकारी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति से अधिक पाई गई।

प्रस्तावना – मानव द्वारा आदिकाल से ही ज्ञान का संचय किया जा रहा है प्रत्येक नयी पीढी को पुरानी पीढी द्वारा कुछ न कुछ ज्ञान प्राप्त होता ही है और कुछ वह स्वयं अर्जित करता है। मानव की प्रत्येक पीढी में सीखने की प्रक्रिया के माध्यम से और हस्तातंरण द्वारा ज्ञान की वृद्धि होती गई है। ज्ञान की यह परम्परागत श्रृंखला ही शिक्षा है। शिक्षा ने ही मानव को पशु स्तर से उँचा उठाया है। और श्रेष्ठ सांस्कृतिक प्राणी बनाया है। शिक्षा आजीवन चलने वाली प्रक्रिया है। व्यक्ति अपने जन्म से मृत्य तक जो कुछ भी सीखता है और अनुभव करता है। वह सब शिक्षा के व्यापक अर्थ के अन्तर्गत माना जाता है। उसके सीखने और अनुभव करने का परिणाम यह होता है कि वह धीर-धीरे विभिन्न प्रकार से अपने भौतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण से अपना सामंजस्य स्थापित करता है।

भारतीय समाज पूर्णरूप से पितृ सत्तात्मक समाज है। मगर महिलाये शिक्षा के क्षेत्र में पुरूषों के स्थायित्व वर्चस्व को चुनौती दे रही है, शिक्षा के क्षेत्र में महिलाये पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। लेकिन पूर्व में उत्तर प्रदेश में महिला शिक्षकों की स्थिति अत्यधिक दयनीय थी। महिला शिक्षकों के लिये शिक्षण कार्य का सफर कतई आसान नहीं था। मसलन लंबा सफर करके स्कूल पहुचना, स्कूल जाने से पहले घर का सारा काम पूरा करना, बच्चों को तैयार करना, घर के बाकि सद्स्यों का ख्याल रखना आदि, जिनके कारण महिला शिक्षकों को घर से बाहर जाने नहीं दिया जाता था जिसके कारण उन्हे अपने शिक्षण कार्य में कई कठिनाईयों का सामना करना पडता था। वर्तमान में भी महिला शिक्षकों की स्थिति पहले से थोडी ठीक है परन्तु आज भी द्वितीय श्रेणी महिला शिक्षकों को विशेष सुविधायें नहीं प्राप्त है।

अभिवृति का अर्थ – प्रत्येक व्यक्ति का अपना दृष्टिकोण होता है। जिसके कारण वह अपना प्रत्यक्षीकरण करता है। व्यक्ति की विभिन्न वस्तुओं के प्रति इस धारणा को ही अभिवृति कहते हैं। दूसरे शब्दों में किसी व्यक्ति की विशिष्ट घटना के प्रति भावना तथा विश्वास को ही अभिवृति कहते हैं। अभिवृति व्यक्ति को उस दृष्टिकोण की ओर संकेत करती है, जिसके कारण वह किसी वस्तु परिस्थिति संस्था या व्यक्ति के प्रति विशिष्ट व्यवहार करता है।

स्कीनर के अनुसार – अभिवृति की परिभाषा व्यक्तित्व के समूह या किसी संस्था के प्रति सामान्यीकृत चित्तवृद्धि के रूप में की जाती है।

संबंधित साहित्य का अध्ययन – लारेन्स एवं अन्य (2004) द्वारा शोध अध्ययन 'माध्यमिक स्तर पर महिला शिक्षकों की संस्कृत भाषा पढाने में रूचि' किया गया। जिसकी परिकल्पना थी – 1 संस्कृत भाषा के विभिन्न पक्षों में धनात्मक सह संबंध था। 2 इनमें से कुछ संस्कृत भाषा में उपलब्धि बढाते रहे। 3 संस्कृत भाषा की उपलब्धि के प्राप्तांक सामान्य रूप से वितरित थे। इस अध्ययन के निष्कर्ष थे – 1 माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियो का व्याकरण एवं शब्द भंडार अधिक हैं। 2 उच्चारण, ज्ञान तथा शब्द की संरचना की तुलना में व्याकरण शब्द भंडार और उच्चारण बोझ अधिक पाया गया। संस्कृत भाषा की उपलब्धि स्तर विभिन्न पाई गई।

जेनिसन एवं बेस्विक, माइकल एवं किम (2009), 'अंश व हर (Frictions)के सवालों को सीखने के लिए विद्याथियों का अभिभावकों, शिक्षकों एवं शिक्षण विधि का प्रत्यक्षीकरण' पर शोध अध्ययन किया। इस शोध अध्ययन के उद्देश्य थे- 1 अंश व हर के सवालों का गणित विषय में महत्व को जानना। 2 इन सवालों को पढाने के लिए उपयुक्त विधि का पता लगाना तथा विद्यार्थियों की अभिक्षमता का पता लगाना। इस शोध अध्ययन में सर्वेक्षण विधि व प्रश्नावली प्रविधि का उपयोग किया गया। इस शोध अध्ययन के निष्कर्ष थे- 1 विद्यार्थी इन सवालों को सीखने के प्रति सकारात्मक अभिवृति रखते हैं। 2 विद्यार्थियों को इन सवालों के अवबोध कराने के लिए प्रविधि में परिवर्तन की आवश्यकता महसूस की गई। 3 इन सवालों को समझने के लिए छात्रों की सहभागिता को बढाना आवश्यक माना गया है।

मटिबा एवं मेथिस (2009), 'तंजानिया के माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों अभिभावकों एवं शिक्षको का प्राइवेट ट्यूशन के प्रति प्रत्यक्षीकरण।' पर शोध अध्ययन किया। जिसके उद्देश्य थे- 1 अभिभावकों का ट्यूशन के प्रति रूझान का अध्ययन। 2 शिक्षकों का टयुशन के प्रति आकर्षण के कारणों का पता लगाना। इस शोध अध्ययन में उपकरण

* प्राचार्य, महिला विद्या मंदिर, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, प्रतापगढ (राज.) भारत
** प्रो. चोधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उत्तर प्रदेश) भारत

व्यक्तिगत अध्ययन प्रविधि, साक्षात्कार, एवं समूह चर्चा का प्रयोग किया गया। इस शोध के निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है, कि वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र की समस्याओं के फलस्वरूप ट्यूशन का प्रभाव बढ गया है। अभिभावकों द्धारा समयभाव के कारण ट्यूशन की ओर आकर्षित होता है। परीक्षा में पास करवाने हेतु ट्यूशन को आवश्यक मानते हैं। विषय विशेषज्ञों की विषय में कमी होने के कारण भी ट्यूशन का प्रभाव बढा है। शिक्षकों द्धारा अपनी आय को बढाने के लिए ट्यूशन के प्रति आकर्षण बढा है।

औचित्य – स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारी राष्ट्रीय सरकार शिक्षा के प्रति सजग रही है। समय समय पर विभिन्न आयोगों का गठन किया गया, किंतु जनसंख्या के दबाव के कारण शैक्षिक समस्याऍं बढती रही है । जनसंख्या वृद्धि के अनुपात में स्कूलों, कॉलेजों की स्थापना नहीं हो पायी, जिससे कक्षा में छात्रों की संख्या बढ गई। साथ ही पुरूष शिक्षकों की भर्ती के साथ महिला शिक्षकों को भी आरक्षण देकर शिक्षक पद के लिये अधिकाधिक भर्ती की जाने लगी। इसलिये शोधार्थी ने इन महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति के संबंध में अध्ययन करने का निश्‍ किया।

समस्या कथन – पूर्वी उत्तर प्रदेश में द्धितीय श्रेणी महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति का अध्ययन

उद्देश्य :

1. सरकारी विद्यालय एवं गैर सरकारी विद्यालय के द्धितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों में अभिवृति का अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. गैर सरकारी विद्यालय के द्धितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों में अभिवृति एवं सरकारी विद्यालय के द्धितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति में कोई सार्थक अंतर नहीं होगा।

सीमांकन – प्रस्तुत शोध उत्तर प्रदेश के बिहार क्षेत्र के द्धितीय श्रेणी के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के महिला शिक्षकों पर किया गया । अत: समय एवं सीमित साधनों से परिणाम प्राप्त किये गये।

उपकरण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में उपकरण के रूप में स्व–निर्मित अभिमतावली का प्रयोग किया गया है जिसमें 20 प्रश्न थे, जिनका उत्तर हॉ/ नहीं में देना था।

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श के रूप में उत्तर प्रदेश के बिहार जिले में सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों में कार्यरत 100 महिला शिक्षकों को लिया गया है।

प्रदत्तों का संकलन एवं विश्लेषण

सरकारी विद्यालय एवं गैर सरकारी विद्यालय के द्धितीय श्रेणी महिला शिक्षकों अभिवृत्ति की का अध्ययन

सारणी क्रमांक –1

क्र.	कथन	सरकारी पूर्णांक 100 प्राप्तांक	निजी पूर्णांक 100 प्राप्तांक
1	प्रधानाध्यापक द्धारा महिला शिक्षकों को प्रताडित करना	43	57
2	पुरूष शिक्षकों द्धारा महिला शिक्षकों को ट्युशन न करने देना	22	78
3	कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण महिला शिक्षकों द्धारा कन्ट्रोल न होना	61	39
4	अतिरिक्त विद्यालयीन कार्य महिला शिक्षकों को सौंपना	69	34
5	प्रायोगिक परीक्षा को ठीक से न करवा सकना।	40	60
6	महिला शिक्षक विद्यार्थियों को गहन अध्ययन के लिये प्रेरित करना।	39	71
7	विद्यालय में पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण न होने के कारण महिला शिक्षकों को परेशान करना ।	34	66
8	महिला शिक्षकों के द्धारा ट्यशन करने का दबाव बनाना	22	78
9	अभिभावक के पास समयाभाव होने के कारण विद्यार्थियों को ट्यूशन करने के लिये उकसाना।	17	83
10	घर के कार्यो को स्कूल में आकर बताना	67	33
11	अभिभावकों की इच्छा पूर्ति हेतु विद्यार्थी की ट्यूशन करना।	33	67
12	परीक्षा में अच्छे अंक पाने के लिये ट्यूशन के लिये प्रेरित करना	44	56
13	पुरूष शिक्षकों द्धारा महिला शिक्षकों के कार्य में किसी भी प्रकार का सहयोग न देना	54	46
14	महिला शिक्षकों द्धारा विद्यार्थी की विषयगत कमजोरी दूर करने का प्रयास करना।	91	43
15	विद्यालय पाठ्यक्रम के अलावा ज्ञानवृद्धि के लिये अतिरिक्त पुस्तकों का अध्ययन करना	51	52
16	बोर्ड परीक्षा परिणाम उच्च लाने के लिये पुरूष शिक्षक की अपेक्षा अधिक प्रयास करना	24	76
17	भविष्य की महत्वाकांक्षा पूर्ण करने के लिये कठिन परिश्रम करना।	37	63
18	संस्था में प्रतिदिन देरी से पहुचने पर शर्मिंदा होना	53	47
19	महिला शिक्षको द्धारा विद्यार्थियों से मातृत्वपूर्ण व्यवहार करना।	42	58
20	महिला शिक्षकों द्धारा अपने साथी पुरूषों को समय समय पर सहयोग करना।	24	76

$$\frac{N\sum xy - \sum x.\sum y}{\sqrt{[N\sum x^2 - (\sum x)^2]\,[N\sum y^2 - (\sum y)^2]}}$$

$$r = \frac{19 \times 1344 - (-26) \times (-76)}{\sqrt{[19 \times 5142 - (-26)^2][19 \times 2156 - (-76)^2]}}$$

$$r = \frac{25536 - 1976}{\sqrt{[97698 - 676]\,[40964 - 5776]}}$$

$$r = \frac{23560}{\sqrt{97022 \times 35188}}$$

$$r = \frac{23560}{\sqrt{3414010136}}$$

$$r = \frac{23560}{58429.5314}$$

$$r = 0.40322$$

निष्कर्ष – सरकारी विद्यालय एवं गैर सरकारी विद्यालय के महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति में सहसंबंध का मूल्य 0.40 प्राप्त हुआ , जो कि पियर्सन के सहसंबंध गुणांक के आधार पर निम्न कोटि का सहसंबंध है। अत: परिकल्पना 'गैर सरकारी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों में अभिवृति एवं सरकारी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति में कोई सार्थक अंतर नहीं होगा।', निरर्थक सिद्ध हुई। सारणी के अनुसार गैर सरकारी विद्यालय के महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति सरकारी विद्यालय के महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति अधिक सकारात्मक नहीं पाई गई, क्योंकि सरकारी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी की महिला अध्यापकों को कक्षा में व्यवस्थित न पढाने या किसी भी अन्य कार्य को करने नहीं करने की स्थिति में भी उन पर प्राचार्य द्वारा विशेष दबाव नहीं डाला जाता और उनकों अपनी नौकरी न रहने का खतरा भी नहीं रहता है, इसके विपरीत गैर सरकारी विद्यालयों में कार्यरत महिला शिक्षकों को अत्यधिक कार्यभार संभालना पडता है। और हर समय उनकी नौकरी एक तलवार की नौंक पर टिकी रहती है। इसलिये उनमें सरकारी विद्यालयों में कार्यरत महिला शिक्षकों की अपेक्षा अभिवृत्ति कम पाई जाती है।

शैक्षिक निहितार्थ – विभिन्न विद्यायलों के वातावरण का विद्यार्थियों की संस्कृति उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन किया जा सकेगा तथा विद्यालय के वातावरण में सुधार किया जा सकेगा।

किसी भी क्षेत्र में किये गये शोध कार्य उसकी वर्तमान में उपयोगिता को ध्यान में रखकर किये जाते हैं। इसकी उपयोगिता शिक्षकों के लिये हो या विद्यार्थियों के लिये पालकों को लिये या फिर सामान्य व्यक्तियों के लिये हो, उसका निहितार्थ आवश्यक है।

इस शोध कार्य द्वारा पुरूष शिक्षक विद्यालय में अपनी संकुचित मानसिकता को बदलते हुये महिला शिक्षकों के प्रति सहयोग जागृत करेगें, जिससे उनकी विचारधार में बदलाव लाया जा सकेगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. राजा, नमिता, 'उच्चतर माध्यमिक स्तर पर संस्कृत के प्रति अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन' अप्रकाशित एम.एड. लघु शोध अध्ययन, एम के कालिया शिक्षा अनुसंधान संस्थान युनिवर्सिटी रोहतक 2015.
2. बेरी एवं बेर, नीमिशा एवं अनुप, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब
3. अरूण, आर. एस यट्यूशन के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों अभिभावकों एवं अध्यापकों की संस्कृत भाषा में रूचि लेम्बर्ड एकेडमी पब्लिशिंग 2012
4. अग्रवाल, जे.सी. (1996), एजुकेशन रिसर्च एन इन्ट्रोडक्शन, आर्य बुक डिपो, न्यू दिल्ली।
5. http://www.education.edu
6. http://www.education.nic.in
7. http://www.wikipidiya

****

चार्टड एकाउण्टेंट की मुख्य परीक्षा में असफल रहने वाले विद्यार्थियों के मनोवैज्ञानिक व व्यक्तिगत कारकों का अध्ययन

भानुप्रिया सेन * डॉ. सरिता मेनारिया **

प्रस्तावना – 'शिक्षा का महत्व अन्य सभी विषयों से बढ़कर है। एक राष्ट्र का निर्माण उस देश के नागरिक करते हैं और शिक्षा उन नागरिकों का निर्माण करती है।' **– पं. जवाहरलाल नेहरू**

बालक राष्ट्र की धरोहर होते हैं। विख्यात अंग्रेज कवि मिल्टन का कथन है कि जैसे सूर्योदय होने पर ही दिन होता है, वैसे मानव का उद्‌भव भी बालक से ही होता है। अत: प्रत्येक राष्ट्र का यह कर्तव्य है कि वह अमूल्य छात्रगत निष्पत्ति की रक्षा करें। बालकों के भविष्य पर ही राष्ट्र का भविष्य निर्भर करता है तथा शिक्षा के माध्यम से ही बालक का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। एक बालक अपने जीवन को उत्कृष्ट व सार्थक बनाने के लिए शिक्षा के विभिन्न स्तर जैसे प्राथमिक, माध्यमिक उच्च माध्यमिक आदि को उत्तीर्ण कर अपनी रूचि व योग्यता को ध्यान में रखते हुए एक ऐसे क्षेत्र का चुनाव करता है जिसमें वह जीवन भर अपनी योग्यता व कौशल का अच्छा प्रदर्शन कर सके। ध्शिक्षा के जगत में अलग अलग संकाय के विद्यार्थी अलग अलग विषय लेकर अपने भविष्य का निर्माण करते है । आज के व्यावसायिक युग में कई विद्यार्थी अपने कैरियर का निर्माण करने हेतु वाणिज्य संकाय से संबंधित कई कोर्सेज है उनमें प्रवेश लेकर पढ़ाई कर रहे है । उनमें से एक प्रमुख कोर्स है चार्टेड एकाउटेन्ट का है। यह एक उच्च स्तर का कोर्स है इस कोर्स को करने वाले विद्यार्थी को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है । यह कोर्स पूरे भारत में एक ही संस्था Institute of chartered Accountant of India New Delhi द्वारा कराया जाता है।

इस कोर्स में प्रवेश पाने के दो तरीके है :–

1. सी.पी.टी. उत्तीर्ण करना।
2. वाणिज्य विषय में स्नातक व स्नातकोतर में मान्य विश्वविद्यालय से 55 प्रतिशत की डिग्री।
3. करने के लिए विद्यार्थी को निम्नलिखित सोपानों को उतीर्ण करना होता है जो इस प्रकार से है:–
4. सी.पी.टी. (कॉमन प्रोफिंसियेन्सी कोर्स) – यह सी.ए. की मुख्य परीक्षा में प्रवेश की प्रथम सीढ़ी है यह एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा होती है जिसमें नकारात्मक अंकन होता है। यह परीक्षा वर्ष में दो बार होती है प्रथम तो जून में तथा द्वितीय दिसम्बर माह में होती है। इसमें चार विषय होते है :–

1. अकाउन्टिंग (Accounting)
2. मर्केनटाईल लाज (Mercantile laws)
3. सामान्य अर्थशास्त्र(General economics)
4. मात्रात्मक रूझान (Quantative Aptitude)

यह परीक्षा कुल 200 अंक की होती है तथा यह परीक्षा दो सेशन मेंहोती है जिसमें चार भाग होते है तथा प्रत्येक सेशंन के लिए दो घंटे दिये जाते है। प्रत्येक सेशंन 100 अंक का होता है।विद्यार्थी के सी.पी.टी. उत्तीर्ण करने के बाद उसको सी.ए.की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए आईपीसीसी ,आर्टिकलशिप एवं फाईनल परीक्षा को उत्तीर्ण करना होता है।

मुख्य शब्द – चार्टेट एकाउण्टेंट परीक्षा ,विद्यार्थी एवं असफलता

असफलता के मुख्य कारक :–

1. पारिवारिक कारक
2. सामाजिक कारक
3. आर्थिक कारक
4. शारीरिक या स्वास्थ्य संबंधी कारक
5. मनोवैज्ञानिक कारक
6. नैतिक कारक
7. आध्यात्मिक कारक
8. व्यक्तिगत कारक

शोध उद्देश्य – इस शोध अध्ययन हेतु शोधार्थी ने निम्नलिखित उद्देश्यों का निर्धारण किया है :

1. चार्टड एकाउण्टेंट की मुख्य परीक्षा में असफल रहने वाले विद्यार्थियों के मनोवैज्ञानिक कारकों का अध्ययन करना।
2. चार्टड एकाउण्टेंट की मुख्य परीक्षा में असफल रहने वाले विद्यार्थियों के व्यक्तिगत कारकों का अध्ययन करना।

शोध विधि – शोधकर्त्री को सीमित समय में विस्तृत जानकारी विविध पक्षों के लिए चाहिए जो सर्वेक्षण विधि से संभव है। अत:प्रस्तुत शोध की प्रकृति के आधार पर सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया।

शोध उपकरण – शोधकर्त्री ने दत्त संकलन हेतु मनोवैज्ञानिक व व्यक्तिगत कारक संबंधी जाँच सूची का निर्माण किया जिसके आधार पर सीएक़ी मुख्य परीक्षा में असफल रहने वाले विद्यार्थियों के दत्तों का संकलन किया गया है।

शोध का न्यादर्श – प्रस्तुत शोध में न्यादर्श चयन के लिए उदयपुर जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के कुल 400 सी.ए.की मुख्य परीक्षा में असफल विद्यार्थियों का चयन सोद्देश्य प्रतिचयन विधि द्वारा चयन किया गया, जिसमें 200 ग्रामीण तथा 200 शहरी क्षेत्र से चयन किए गये।

* पी.एच.डी. शोधार्थी, जनार्दनराय नागर विश्वविद्यालय, उदयपुर (राजस्थान) भारत
** पी.एच.डी.पर्यवेक्षक, विद्यापीठ, डबोक,उदयपुर (राजस्थान) भारत



परिणाम व विवेचना – चार्टड एकाउण्टैंट की मुख्य परीक्षा में असफल रहने वाले विद्यार्थियों के मनोवैज्ञानिक कारकों का प्रतिशतवार विश्लेषण

क्र.	कथन	हाँ	नहीं
1.	शिक्षक जल्दी–जल्दी कोर्स पूरा करवाते है।	78	22
2.	परीक्षा के दिनों में दोहरान का पर्याप्त समय नहीं मिलता है।	89	11
3.	वर्तमान पाठ्यक्रम के विस्तृत व पेचिदा होने से पढ़ने व समझने में थकान होती है।	81	19
4.	परीक्षा परिणाम को लेकर चिन्तित रहता हूँ।	77	23
5.	परीक्षा से पूर्व कोर्स पूरा करने की चिन्ता रहती है।	85	15
6.	परीक्षा के दौरान कम सो पाता हूँ।	76	24
7.	परीक्षा के दौरान उचित मार्गदर्शन के अभाव में चिन्तित रहता हूँ।	80	20
8.	साथी सहपाठियों से अधिक अंक प्राप्त करने के प्रयास में भी चिन्तित रहता हूँ।	70	30
9.	सी. ए. मुख्य परीक्षा में असफल होने का भी भय बना रहता है।	82	18

व्याख्या व विश्लेषण – चार्टड एकाउण्टैंट की मुख्य परीक्षा में असफल रहने वाले विद्यार्थियों के मनोवैज्ञानिक कारकों का प्रतिशतवार विश्लेषण करने पर निम्नलिखित परिणाम परिलक्षित होते है:–

1. चार्टड एकाउण्टैंट की मुख्य परीक्षा में असफल रहने वाले विद्यार्थियों का जाँच सूची के कथन संख्या 1,2,3,4,5,6,7,8,तथा 9 पर सहमति का प्रतिशत क्रमश:78,89,81,77,85,76,80,70 व 82 प्राप्त हुआ। निष्कर्षत: विद्यार्थी सी.ए.की मुख्य परीक्षा में मनोवैज्ञानिक कारकों जैसे परीक्षा संबंधी तनाव , परीक्षा संबंधी सही मार्गदर्शन का प्राप्त न होना , पाठ्यक्रम विस्तृत व पेचीदा होना आदि के कारण असफल होता है।

चार्टड एकाउण्टैंट की मुख्य परीक्षा में असफल रहने वाले विद्यार्थियों के व्यक्तिगत कारकों का प्रतिशतवार विश्लेषण

क्र.	कथन	हाँ	नहीं
1.	मैं निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर पाने से परेशानी व चिन्ता अनुभव करता हूँ।	80	20
2.	मुझे उचित अध्ययन वातावरण के अभाव में पढ़ाई में कठिनाई होती है।	90	10
3.	मुझे शरारती बालकों के साथ अध्ययन करने में परेशानी महसूस होती है।	70	30
4.	कोचिंग में गहराई से अध्ययन नही कराते है जिससे सम्प्रत्यय के बारे में जानकारी अधूरी रह जाती है।	60	40
5.	विद्यालय में स्वच्छता न होने से मै हमेशा खिन्न रहता हूँ।	75	25
6.	कभी कभी दूसरों के परिणाम देखकर मुख्य परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाता हूँ।	82	18
7.	मैं एक साथ 8 से 10 घंटे तक पढ़ाई तक नहीं कर पाता हूँ।	62	38
8.	मैं पारिवारिक जिम्मेदारी निभाते हुए सी.ए. करना चाहता हूँ।	65	35
9	मैं पढाई सदैव एकान्त व शान्त माहौल मे ही कर सकता हूँ।	55	45
10.	मैं समूह के साथ पढ़ाई नही कर पाता हूँ।	84	16

व्याख्या व विश्लेषण – चार्टड एकाउण्टैंट की मुख्य परीक्षा में असफल रहने वाले विद्यार्थियों के व्यक्तिगत कारकों का प्रतिशतवार विश्लेषण करने पर निम्नलिखित परिणाम परिलक्षित होते है:–

1. चार्टड एकाउण्टैंट की मुख्य परीक्षा में असफल रहने वाले विद्यार्थियों का जाँच सूची के कथन संख्या 1,2,3,4,5,6,7,8,9तथा10 पर सहमति का प्रतिशत क्रमश: 80,90,70,60,75,82,70,62,65,55व 84 प्राप्त हुआ। निष्कर्षत: विद्यार्थी सी.ए.की मुख्य परीक्षा में व्यक्तिगत कारकों जैसे निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूरा न होना , दूसरों के परिणाम देखकर , पारिवारिक जिम्मेदारी , समूह के साथ पढ़ाई नहीं आदि के कारण असफल होता है।

सी.ए. की मुख्य परीक्षा में सफलता हेतु सुझाव :

1. परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थी को सही व चयनित विशेषज्ञ से निर्देशन प्राप्त कर तैयारी आरम्भ करनी चाहिए।
2. परीक्षा की तैयारी के साथ परम पिता परमेश्वर में पूर्ण आस्था रखनी चाहिए जिससे आत्मबल में वृद्धि होती है।
3. परीक्षा की तैयारी हेतु सर्वप्रथम परीक्षा पेटर्न को अच्छी तरह से समझकर उसी के अनुसार तैयारी करे।
4. परीक्षा में सफल होने के लिए बार बार दोहरान करना चाहिए जिससे स्थायी स्मृति हो सके।
5. कठिन विषयों की तैयारी के लिए सुबह जल्दी उठकर तैयारी करना चाहिए।
6. परीक्षा के दिनों में खान पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

वर्तमान में प्रांसगिकता – प्रस्तुत शोध आलेख का महत्व वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों, सी.ए. की कोचिंग सेन्टर के सी.ए. पाठ्यक्रम निर्माणकर्त्ताओं, नवीन अनुसंधान एवं सी.ए. परिणामके दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। विद्यार्थी प्रेरित होकर सी.ए. मुख्य परीक्षा में सफल हो सकते है।

Research Survey in Education :-

1. Buch, M.B. (1970): A Survey of Research in Education CASE, M.S. University, Baroda.
2. Buch, M.B. (1973): Second Survey of Research in Education, Baroda, Society for Educational Research and Development.
3. Buch, M.B. (1983): Third Survey of Research in Education, Baroda, Society for Educational research and Development.
4. Buch, M.B. (1993): Forth Survey of Research in Education NCERT, New Delhi.
5. Buch, M.B. (1995): Forth Survey of Research in Education NCERT, New Delhi.

Books :-

1. Best, J.W. Kahn, James V. (2006): "Research in Education" Prentice Hall of India, New Delhi
2. Ehrhart, Mark G. et.al(2014) :"Organizational Climate and Culture", New York, Rpitledge
3. Evans, Linda(1998):Teacher Morale, Job Satisfaction and Motivation, London, Paul Chapman Publishing Ltd.
4. Fox, J.D.(1969):The Research Process in Education New York, Rineharc and Winston Inc.
5. Good and Halt(1952) :Method in Social Research, New York, McGraw Hill Book Co.
6. Good, C.V. (1959):Introduction to Educational Reseach, New York, Appleton Century Crofts Inc.
7. Guilford, J.P. (1965) :Fundamental Statistics in Psychology and Education, New York Mcgraw Hill Book Co.
8. Karlinger F. (1983): Fundamental of Behavioral Research, New Delhi, Surjeet Publication.
9. Pareekh, Uday (1991):Making Organizational role effective, New Dehli, Tata McGraw Hill Pub. Co.





****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

पूर्वी उत्तर प्रदेश में द्वितीय श्रेणी महिला शिक्षकों के नैतिक विकास के प्रभाव का अध्ययन

डॉ. ओम प्रकाश शर्मा * डॉ. अजय **

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में प्रस्तुत शोध में द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति के अध्ययन के संदर्भ में अध्ययन किया गया है। शोध के लिये प्रस्तुत शोध अध्ययन में उपकरण के रूप में स्व-निर्मित प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है जिसमें 20 प्रश्न थे, जिनका उत्तर हॉ/ नहीं में देना था तथा न्यादर्श के रूप में उत्तर प्रदेश के बिहार क्षेत्र के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों का चयन किया गया, जिसमें 100 द्वितीय श्रेणी की महिला शिक्षकों को सम्मिलित किया गया है। शोध परिणामों से प्राप्त हुआ कि सरकारी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों में अभिवृति, गैर सरकारी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों की अभिवृत्ति से अधिक पाई गई।

प्रस्तावना – जिस प्रकार हम जीवन को किसी परिभाषा में नहीं बाँध सकते, उसी प्रकार शिक्षा को भी किसी एक परिभाषा में बाँधना अत्यंत कठिन हैं। जीवन के समान ही शिक्षा भी बहु आयामी है। जब हम शिक्षा की चर्चा करते हैं तब शिक्षा के विभिन्न पहलु हमारे सामने साकार हो जाते हैं। कुछ विद्धान शिक्षा को विद्यालयीन शिक्षा तक सीमित रखना चाहते हैं। यह शिक्षा का अत्यंत संकुचित अर्थ है। कुछ विद्धान शिक्षा को आजीवन चलने वाली प्रक्रिया मानते हैं। अपने दैनिक व्यवहार में बहुधा हम कहते हैं कि मेरा पुत्र पढ़ रहा है अथवा उसकी शिक्षा पुरी हो गई है। इन उद्धारों से यही अर्थ ध्वनित होता है कि शिक्षा- संस्थाओं में ग्रहण की जाने वाली शिक्षा ही सच्ची शिक्षा है। इससे एक अर्थ यह भी निकलता है कि स्कूल जाने के पहले भी बच्चा बहुत कुछ बातें सीखता है और विद्यालय छोड़ने के पश्चात् कुछ सीखता रहता है। वास्तव में शिक्षा का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है। उसके अंतर्गत हमारा सम्पूर्ण जीवन आता है। दूसरे शब्दों में सम्पूर्ण जीवन ही शिक्षा काल है। शिक्षा बालक को संस्कारित कर नया जीवन देती हैं, उसका रूपान्तरण करती है। शिक्षा बालक का संस्कारित कर उसे पवित्र तथा शुद्ध बनाती हैं।

नैतिक व्यवहार जन्मजात नहीं होता है। इसे सामाजिक परिवेश से सीखा या अर्जित किया जाता है। सर्वप्रथम बालक का अनौपचारिक रूप से अपने आस-पडोस तथा स्कूल में नैतिक विकास होता है। निसंदेह बच्चा पुरस्कार, दण्ड, प्रशंसा या निंदा के द्धारा अच्छे आचरण सम्पन्न करता है, जो बुरे आचरण का त्याग कर देता है और किशोराव्यस्था में उसके भीतर विवके पैढा होता है। और इसी विवके के द्धारा वह नैतिक व्यवहार को सीखता जाता है। जब नैतिक व्यवहार के बाहरी स्त्रोत समाप्त हो जाते हैं, तो वह आंतरिक स्त्रोत अर्थात विवेक के द्धारा नैतिक व्यवहार को सीखता है और अपने आचरण को नैतिक बनाने का प्रयास करता रहता है।

जब बालक का जन्म होता है, तो वह न तो नैतिक होता है और न ही अनैतिक होता है। बल्कि वह तो अच्छा या बुरा, सही या गलत सभी आचरण समाज से ही सीखता है। इसलिये कहा गया है कि विकास की प्रक्रिया में वातावरण की भूमिका होती है। जो व्यक्ति अपने समाज की मान्यताओं या अपेक्षाओं के अनुसार आचरण करता है। वह नैतिक कहलाता है। इसके विपरीत जो इनका अनुसरण नहीं करता है, वह अनैतिक कहलाता है।

हरलॉक ने नैतिक व्यवहार को सीखने के लिये कुछ बातों को आवश्यक माना है, जो निम्नलिखित है-

1. बालक को स्पष्ट रूप से यह बता देना चाहिये कि क्या सही है ? और क्या गलत है ?
2. यदि बालक अच्छा आचरण करे तो उसे स्वयं ही प्रसन्नता का अनुभव होना चाहिये और यदि वह बुरा आचरण करे तो उसे स्वयं ही खेद का अनुभव होना चाहिये।
3. बालक को यह भी बताने का प्रयास करना चाहिये कि कोई व्यवहार या बात क्यो सही है और क्यों गलत है ?

नैतिक व्यवहार का विकास बालक के सामाजीकरण का महत्वपूर्ण लक्ष्य होता है। नैतिक विकास के साथ माता-पिता की अभिवृत्तियों, पालन-पोषण की विधियों तथा परिवार की सामाजिक आर्थिक दशा का सीधा संबंध होता है। बच्चों के लिये उसके माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्य व अध्यापक प्रभावशाली नमूनों या मॉडल का कार्य करते हैं। बालक ऐसे मॉडल का अनुकरण करके ही नैतिक व्यवहार को सीखता है। और नैतिक विकास की ओर अग्रसर होता है।

संबंधित साहित्य का अध्ययन – लारेन्स एवं अन्य (2004) द्धारा शोध अध्ययन 'माध्यमिक स्तर पर महिला शिक्षकों की संस्कृत भाषा पढानें में रूचि' किया गया। जिसकी परिकल्पना थी – 1 संस्कृत भाषा के विभिन्न पक्षों में धनात्मक सह संबंध था। 2 इनमें से कुछ संस्कृत भाषा में उपलब्धि बढाते रहे। 3 संस्कृत भाषा की उपलब्धि के प्राप्तांक सामान्य रूप से वितरित थे। इस अध्ययन के निष्कर्ष थे – 1 माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियो का व्याकरण एवं शब्द भंडार अधिक हैं। 2 उच्चारण, ज्ञान तथा शब्द की संरचना की तुलना में व्याकरण शब्द

* प्राचार्य, महिला विद्या मंदिर, शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, प्रतापगढ (राज.) भारत
** प्रो. चोधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उत्तर प्रदेश) भारत

भंडार और उच्चारण बोझ अधिक पाया गया। संस्कृत भाषा की उपलब्धि स्तर विभिन्न पाई गई।

मटिबा एवं मेथिस (2009), 'तंजानिया के माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों अभिभावकों एवं शिक्षको का प्राइवेट ट्यूशन के प्रति प्रत्यक्षीकरण।' पर शोध अध्ययन किया। जिसके उद्देश्य थे- 1 अभिभावकों का ट्यूशन के प्रति रूझान का अध्ययन। 2 शिक्षकों का टयुशन के प्रति आकर्षण के कारणों का पता लगाना। इस शोध अध्ययन में उपकरण व्यक्तिगत अध्ययन प्रविधि, साक्षात्कार, एवं समूह चर्चा का प्रयोग किया गया। इस शोध के निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है, कि वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र की समस्याओं के फलस्वरूप ट्यूशन का प्रभाव बढ गया है। अभिभावकों द्वारा समयभाव के कारण ट्यूशन की ओर आकर्षित होता है। परीक्षा में पास करवाने हेतु ट्यूशन को आवश्यक मानते हैं। विषय विशेषज्ञों की विषय में कभी होने के कारण भी ट्यूशन का प्रभाव बढा है। शिक्षकों द्वारा अपनी आय को बढाने के लिए ट्यूशन के प्रति आकर्षण बढा है।

औचित्य – पूर्व में पुरूष शिक्षको की भर्ती की जाती थी महिला शिक्षकों को हीन भावना से देखा जाता था। पुरूष शिक्षकों ने सदैव महिला शिक्षकों क साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार किया लेकिन वर्तमान में पुरूष शिक्षकों की भर्ती के साथ महिला शिक्षकों को भी आरक्षण देकर शिक्षक पद के लिये अधिकाधिक भर्ती की जाने लगी। इसलिये शोधार्थी ने इन महिला शिक्षकों के नैतिक विकास के प्रभाव के संबंध में अध्ययन करने का निश्य किया।

समस्या कथन

पूर्वी उत्तर प्रदेश में द्वितीय श्रेणी महिला शिक्षकों के नैतिक विकास के प्रभाव का अध्ययन

उद्देश्य :

1. निजी एवं सरकारी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों के नैतिक विकास के माध्य फलांकों में तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. निजी एवं सरकारी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों के नैतिक विकास के माध्य फलांकों में कोई सार्थक अंतर नहीं होगा।

सीमांकन – प्रस्तुत शोध उत्तर प्रदेश के बिहार क्षेत्र के द्वितीय श्रेणी के सरकारी एवं निजी सरकारी विद्यालय के महिला शिक्षकों पर किया गया। अतः समय एवं सीमित साधनों से परिणाम प्राप्त किये गये।

उपकरण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में उपकरण के रूप में नैतिक विकास के लिये प्रो. दुर्गानंद सिन्हा एवं डॉ. मीरा वर्मा द्वारा निर्मित प्रामाणिक मापनी का उपयोग किया गया है। इलाहाबाद के प्रो. दुर्गानंद सिन्हा एवं डॉ. मीरा वर्मा ने 1962 में नैतिक विकास मूल्यांकन प्रपत्र का निर्माण विद्यार्थियों के नैतिक विकास को जानने के उद्देश्य से किया। इस प्रमापनी में कुल 6 भाग दिये गये है, तथा भाग 1 एवं 2 में 10-10 प्रश्न, भाग 3 एवं 4 में 8-8 प्रश्न , भाग 5 में 6 प्रश्न एवं भाग 6 में 8 प्रश्न दिये गये है।

न्यादर्श – प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श के रूप में उत्तर प्रदेश के बिहार जिले में सरकारी विद्यालयों एवं गैर सरकारी विद्यालयों में कार्यरत 50-50 कुल 100 महिला शिक्षकों को लिया गया है।

प्रदत्तों का संकलन एवं विश्लेषण

तालिका 1 – (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका 1 से पता चलता है कि बिहार जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों के नैतिक विकास का **t** का मान 6.96 है, जो **df = 98** के सार्थकता के स्तर 0.01 पर सार्थक है। अतः शून्य परिकल्पना 'निजी एवं सरकारी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों के नैतिक विकास के माध्य फलांकों में कोई सार्थक अंतर नहीं होगा।' निरस्त की जाती है। निष्कर्ष स्वरूप यह कहा जा सकता है कि निजी विद्यालय के क्षितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों के नैतिक विकास के माध्य फलांकों का मान 55.52 हैं, जो शासकीय विद्यालय के क्षितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों के नैतिक विकास के माध्य फलांकों के मान 45.82 से सार्थक रूप से ज्यादा है। अर्थात् निजी विद्यालय के क्षितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों का नैतिक विकास शासकीय विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों के नैतिक विकास की तुलना में अधिक है। निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि निजी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों का नैतिक विकास शासकीय विद्यालय के द्वितीय श्रेणी के महिला शिक्षकों के नैतिक विकास से सार्थक रूप से अधिक है।

निष्कर्ष – सारणी के अनुसार निजी विद्यालय के महिला शिक्षकों का नैतिक विकास सरकारी विद्यालय के महिला शिक्षकों के नैतिक विकास से अधिक सकारात्मक पाया गया, क्योंकि निजी विद्यालय के द्वितीय श्रेणी की महिला अध्यापकों को कक्षा में व्यवस्थित न पढाने पर या किसी भी अन्य कार्य को करने नहीं करने की स्थिति में भी उन पर प्राचार्य द्वारा विशेष दबाव डाला जाता और उनकों अपनी नौकरी न रहने का खतरा भी सदैव रहता है, इसके विपरीत सरकारी विद्यालयों में कार्यरत महिला शिक्षकों को अत्यधिक कार्यभार नहीं संभालना पडता है। और हर समय उनकी नौकरी नहीं जाने का खतरा भी नहीं रहता है। विद्यालय में ठीक से न पढानें पर भी अभिभावकों द्वारा लडनें आनें से भी उनकों कोई फर्क नहीं पडता है। और न ही विद्यालय में विद्यार्थियों के वरिणामों से उनको कोई फर्क पडता है। इसलिये उनमें सरकारी विद्यालयों में कार्यरत महिला शिक्षकों की अपेक्षा निजी विद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षकों के नैतिक विकास में वृद्धि पाई गई।

शैक्षिक निहितार्थ – विभिन्न विद्यायलों के वातावरण का विद्यार्थियों की संस्कृति उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन किया जा सकेगा तथा विद्यालय के वातावरण में सुधार किया जा सकेगा।

किसी भी क्षेत्र में किये गये शोध कार्य उसकी वर्तमान में उपयोगिता को ध्यान में रखकर किये जाते हैं। इसकी उपयोगिता शिक्षकों के लिये हो या विद्यार्थियों के लिये पालकों को लिये या फिर सामान्य व्यक्तियों के लिये हो, उसका निहितार्थ आवश्यक है।
इस शोध कार्य द्वारा पुरूष शिक्षक विद्यालय में अपनी संकुचित मानसिकता को बदलते हुये महिला शिक्षकों के प्रति सहयोग जागृत करेगें, जिससे उनकी विचारधार में बदलाव लाया जा सकेगा।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. राजा, नमिता, 'उच्चतर माध्यमिक स्तर पर संस्कृत के प्रति अभिभावकों की अभिवृत्ति का अध्ययन' अप्रकाशित एम.एड. लघु शोध अध्ययन, एम के कालिया शिक्षा अनुसंधान संस्थान युनिवर्सिटी रोहतक 2015.
2. बेरी एवं बेर, नीमिशा एवं अनुप, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब
3. अरूण, आर. एस यट्यूशन के परिप्रेक्ष्य में विद्यार्थियों अभिभावकों एवं अध्यापकों की संस्कृत भाषा में रूचि लेम्बर्ड एकेडमी पब्लिशिंग 2012
4. अग्रवाल, जे.सी. (1996), एजुकेशन रिसर्च एन इन्ट्रोडक्शन, आर्य

बालश्रम एक समस्या एवं उसका निराकरण

डॉ. गरिमा पारीक *

प्रस्तावना - आज के बालक ही कल के विश्व के नागरिक होंगे। उनका निर्माण उनकी परिपक्व आयु उपलब्ध होने पर नहीं, बाल्य काल में ही संभव है, जब उनमें संस्कारों का समावेश किया जाता है। संतानोत्पादन के बाद सबसे महत्वपूर्ण उपक्रम है उन्हें बड़ा करना, उन्हें शिक्षा व विद्या दोनों देना तथा संस्कारों से अनुप्राणित कर उनके समग्र विकास को गतिशील बनाना। सद्गुणों की सम्पत्ति ही वह निधि है जो बालकों का सही निर्माण कर सकती है।

बच्चों का विकास बहुत अधिक माता-पिता, शिक्षको, गुरु एवं वातावरण पर निर्भर करता है। उपेक्षा और उदासीनता के द्वारा जिस प्रकार बच्चों को क्रूर एवं निकम्मा बनाया जाता है, उसी प्रकार प्रयत्न और भावना पूर्वक उन्हें तेजस्वी और मनस्वी भी बनाया जा सकता है, प्राचीन काल में यही व्यवस्था थी। प्यार के साथ सुधार की, तप-तितीक्षा-योगाभ्यास की व्यवस्था बनी रहने से एक समग्र व्यक्तित्व विकसित होता था। दुर्भाग्य से अपने देश से वह वातावरण गुरुकुलों, आश्रमों, आरण्यकों के समापन के साथ ही समाप्त होता चला गया, इसीलिए आज हमारी संतति निस्तेज, खोखली होती चली जा रही है। यह हमारी उपेक्षा, वातावरण की विषाक्तता एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भूल जाने का ही परिणाम है। भोगवाद की दौड़ में हमने संततियों की उपेक्षा की है, उसी का परिणाम आज भोग रहे हैं।

शिशु अवस्था वस्तुत: कोरे कागज के समान है। इस कोरे कागज पर चाहे काली स्याही से लिख दें अथवा रंगीन कलाकृति ढाल दें। बालक वस्तुत: उस रूप में ढलता चला जाता है जैसा वह बड़ों को, औरो को करते देखता है। इस नाजुक अवस्था में यदि इस समय का सही उपयोग संस्कारों की गहरी छाप डाली जा सके तो जैसा हम चाहते है, वैसा ही नागरिक ढाला जा सकना संभव है। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य लिखते है कि प्रेम, प्रोत्साहन, सम्मान तथा सुरक्षा की आवश्यकता बड़ों से अधिक बच्चों को है। एक अनचाहा, उपेक्षित बच्चा, एक रोगी व समस्यापूर्ण बच्चा ही नहीं, अपराधी भी बन सकता है। मात्र थोड़े से स्नेह व दुलार-सुधार की समन्वित नीति से बच्चों को वह दिशा दी जा सकती है जिससे वे राष्ट्र के एक जिम्मेदार नागरिक बन सके। यह एक सुनिश्चित तथ्य है कि राष्ट्र का आधार है समर्थ सशक्त भावी पीढ़ी, जो संस्कारवान हो। आज के आस्था संकट व सांस्कृतिक प्रदूषण के युग में यह एक अनिवार्य आवश्यकता है कि भौतिक विकास के साथ-साथ बालकों के भावनात्मक नवनिर्माण व सर्वांगीण विकास पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाय।

किन्तु यह हमारे राष्ट्र की विडम्बना ही है कि हम बालकों की शिक्षा पर तो ध्यान देने का प्रयास करते है किन्तु दीक्षा (संस्कार) पर नहीं। पारिवारिक परिस्थितियों व आर्थिक मजबूरियों के कारण वे नन्हे-नन्हें हाथ जिन्हें कलम अथवा खिलौना से सुसज्जित होना चाहिए था वे कारखानों, भट्टियों एवं भारी भरकम गोदामों में काम करते दिखाई देते है अथवा मानसिक उद्वेलन व आस-पास की भौतिक, अनैतिक चकाचौंध से दिग्भ्रमित होकर अपने हाथों में हथियार थामते व अपराध करते दृष्टिगोचर होते हैं। यह चिन्ताजनक राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समस्या है। जो समूल नष्ट होनी चाहिए ताकि हमारी कर्णधार भावी पीढ़ी का सद्निर्माण हो सके।

बच्चों का कोमल मन जीवन के विभिन्न प्रलोभनों की ओर शीघ्रतापूर्वक आकृष्ट होते हैं। इसी कारण वे अपराधी-प्रवृत्ति के शिकार सरलता से होते हैं। जैसे कहा जाता है कि आज का बालक कल का नागरिक है। अत: यदि उसकी आपराधिक प्रवृत्ति पर यथासमय नियंत्रण नहीं रखा जाता तो आगे चलकर उसके अभ्यस्त अपराधी बन जाने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

बाल्यावस्था में उनकी कोमल सुकुमार कल्पना का सोचसमझकर और सूझ-बूझ के साथ ही स्पर्श होना चाहिए। जिस प्रकार एक खिलता हुए फूल ताप की अधिकता व जल की कमी से पूर्ण विकास को प्राप्त करने की बजाय मुरझा जाता है। उसी प्रकार सुकुमार बच्चे भी परिवार की पाठशाला तथा समाज के कठोर व उपेक्षित वातावरण में अपने गुणों का विकास नहीं कर सकते।

आज के समय के बच्चों, किशोरों तथा नवयुवकों के आचार-व्यवहार की लोग आलोचना तो करते हैं पर यह उत्तरदायित्व स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है कि उन्होंने जो सीखा है वह अपने बड़ों की पीढ़ी से सीखा है। बच्चों के आचार व्यवहार की पाठशाला विद्यालय नहीं वरन् परिवार और समाज है। इन सब बातों में उनके गुरु, उनसे बड़े लोग हैं। हम जब बच्चों या नवयुवकों की पीढ़ी को कोसते हैं तो परोक्ष में स्वयं को ही कोसते है। इस बात को हम जितना जल्दी समझ लें, उतना ही अच्छा है।

अनुमान है कि कम से कम 20 करोड़ बच्चे देश में मजदूरी करते हैं और ग्यारह राज्यों में तो यह संख्या 90 प्रतिशत के लगभग है। एक सरकारी संस्था की रिपोर्ट के अनुसार इन बच्चों को मजदूरी करने के लिए मजबूर किया जाता हैं। सम्पूर्ण दक्षिण एशिया के देशों में बाल मजदूरी एक बहुत बड़े दोष के रूप में व्याप्त है। भारतीय संविधान की धारा 24 के अन्तर्गत यह स्पष्ट है कि 14 वर्ष से कम आयु वाले बच्चें कारखानों या किसी भी ऐसी जगह जहां उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा हो, काम नहीं करेंगे। लेकिन आजादी के 62 वर्ष पश्चात् भी हमारा देश इस बुराई से मुक्ति नहीं पा सका है। साधारणत: छोटे-छोटे रेस्टोरेंटों, होटल, कारखानों, यहां तक कि स्लेट और ब्रास के कारखानों में छोटे बच्चे काम करते दिखाई देते है। जनसंख्या वृद्धि, गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी आदि बहुत बड़े कारण हैं जिनकी वजह से इस

* प्राचार्या (राजनीति विज्ञान) बाबा श्याम ऋषि संस्कृति पी.जी. महाविद्यालय, खाटूश्यामजी, सीकर (राज.) भारत

समस्या को हल करने का उपाय नहीं सूझता। बाल मजदूरी बढ़ने के कई कारण हैं-काम करने वाले बच्चें कम पैसों में मिल जाते हैं। छोटे-छोटे बच्चों को डराना-धमकाना आसान होता है तथा मालिक उन्हें डरा-धमकाकर कम पैसे देकर अपना काम करता है। छोटे बच्चों से मालिकों को कोई खतरा भी नहीं होते, उन पर भरोसा किया जा सकता है। यहां तक कि यदि कारखानों में काम करते समय बच्चा बुरी तरह घायल हो जाए तब भी वह आवाज नहीं उठा सकता। कारखानों में काम करने वाले बच्चों को अक्सर सांस की बीमारी फेफड़ों की बीमारियां हो जाती है।

बच्चों से उनका बचपन छीनकर उन्हें एक प्रकार से भट्टी में झोंक दिया जाता है। न उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त होती है न खेलने को मिलता है, न ही वे जीवन का कोई आनंद उठा पाते हैं। बड़े होते हुए यह बच्चे इतने व्यसनी हो जाते है कि उनमें अधिकांश अपराध की ओर मुड़ जाते है। बाल मन सामान्यत: अपने घर-परिवार तथा आस-पास की स्थितियों से अपरिचित रहा करता है। स्वच्छंद रूप से खाना-पीना एवं खेलना ही वह जानता है एवं प्राय: इन्हीं बातों का अर्थ समझा करता है। कुछ ओर बड़ा होने पर तख्ती, स्लेट और प्रारम्भिक पाठमाला लेकर पढ़ना-लिखना-सीखना प्रारम्भ कर देता है, लेकिन परिस्थितियां कुछ ऐसी बन गई अथवा बन रही है कि उपयुक्त कार्यों का अधिकार रखने वाले बालकों के हाथ-पैर दिन रात मेहनत-मजदूरी करने के लिए विवश होकर धुलि-धूसरित तो हो ही चुके हैं, कठोर एवं छलनी भी हो चुके होते हैं। चेहरों पर बाल सुलभ मुस्कान के स्थान पर अवसाद की गहरी रेखायें स्थायी डेरा डाल चुकी है। फूल की तरह ताजा गंध से महकते रहने योग्य फेफड़ों में धूल-धुआं भरकर उसे अस्वस्थ एवं दुर्गन्धित कर चुके होते हैं। ऐसे बाल मजदूर कई बार तो डर, भय, बलात् कार्य करने जैसी विवशता के बोझ तले दबे-घुटे प्रतीत होते है और कई बार बड़े-बूढ़ों की तरह दायित्व बोध से दबे हुए भी। कारण कुछ भी हो, बाल मजदूरी न केवल किसी एक स्वतंत्र राष्ट्र अपितु सम्पूर्ण मानवता के माथे पर कलंक है। बालमजदूरी करने वाले बच्चों से बारह-चौदह घण्टे काम लिया जाता है, बदले में वेतन बहुत कम दिया जाता है न ही अन्य प्रकार की कोई सुविधा दी जाती है। यहां तक कि इनके स्वास्थ्य का भी ध्यान नहीं रखा जाता। इतना ही नहीं, यदि ये बीमार पड़ जाये तब भी इन्हें छुट्टी नहीं दी जाती अपितु काम करते रहना पड़ता है। ढाबों-चाय घरों आदि में या फिर हलवाइयों की दुकानों पर काम कर रहें बच्चों की दशा तो और भी अधिक दयनीय होती है। कई बार तो उन्हें बचा-खुचा जूठन ही खाने-पीने को बाध्य होना पड़ता है। इस प्रकार बाल मजदूरी का जीवन बड़ा ही दयनीय एवं यातनापूर्ण होता है।

बाल श्रम का अर्थ समाज में व्याप्त उस गलत व्यवस्था से है जिसमें कम आयु के छोटे बच्चे अपनी इच्छा के विपरीत अथवा विवशता के कारण छोटी उम्र में ही मजदूरी करने के लिए मजबूर होते है। एक सर्वे के अनुसार कोई भी बालक अपनी इच्छा से इस उम्र में श्रम नहीं करना चाहता, किंतु हमारे समाज में फैली असमान आर्थिक व्यवस्था व बिगड़ते सामाजिक ढाँचे के कारण ही इस बुराई का जन्म हुआ है और बाल मजदूरी जैसे अनैतिक कार्य को बढ़ावा मिला है।

किसी भी शिशु के जन्म से वयस्क होने तक के बीच की अवस्था अत्यंत कोमल और संवेदनशील होती है। इसी बालपन की अवस्था में बालक को अपने भविष्य व जीवन की सही दशा व दिशा का ज्ञान होना आवश्यक होता है। अनेक ऋषि-मुनियों से लेकर विद्वानों ने बच्चों की तुलना कच्ची मिट्टी से करते हुए कहा है 'बच्चा उस कच्ची मिट्टी के समान है जिसे-जिस रूप व आकार में ढाला जाए वह उसी के अनुसार बन जाता है।' बच्चों को कोमल पौधे व फूल के समान भी माना गया है, जिसकी अगर सही प्रकार से देखभाल न हो तो वे मुरझा जाते हैं व समय से पहले ही नष्ट हो जाते हैं। हम सभी का कर्त्तव्य बन जाता है कि हम बच्चों व राष्ट्र के भविष्य की रक्षा करें तथा बाल मजदूरी जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करें। इसके लिए यह परमावश्यक है कि हम बाल मजदूरी के कारणों को जानें तथा बाल मजदूरी के कारणा होने वाले दुष्परिणामों को समझें। इसके बाद ही हम बाल मजदूरी को रोकने व समाप्त करने के प्रयास कर सकते हैं।

बाल श्रम भारत की एक भयावह ज्वलंत समस्या है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 24 के द्वारा 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को काम पर लगाने से रोक 20 नवम्बर, 1989 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा 'बाल अधिकार' घोषणा, 10 दिसम्बर, 1996 को माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा बाल मजदूरी को गैर-कानूनी घोषित करने के बावजूद अधिकांश बालकों को सामाजिक परिस्थितियों एवं आर्थिक विपन्नता के कारण शिक्षा प्राप्त करने के बजाय श्रमिक बनना पड़ता है।

बाल श्रम के निम्नलिखित दुष्परिणाम भुगतने पड़ते है:-

1. मानसिक उत्पीड़न
2. शारीरिक प्रताड़ना
3. यौन उत्पीड़न
4. अशिक्षा
5. कुपोषण

बाल मजदूरी रोकने के प्रयास – बाल मजदूरी जैसी गंभीर समस्या को रोकने के लिए कानून द्वारा अनेक नियम, प्रतिबंध व दण्ड आदि की व्यवस्था की गई है। वर्ष 1986 के एक्ट के अनुसार 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से श्रम कराने पर दण्ड की व्यवस्था की गई है जिसमें दोषी व्यक्ति के पकड़े जाने पर 8 वर्ष की सजा तथा 5000 रुपये जुर्माना रखा गया है।

सुझाव :

1. बच्चों को प्रथम वरियता दी जाये।
2. निर्धनता उन्मूलन बच्चों में निवेश।
3. किसी बच्चे को पीछे नहीं छोड़ना।
4. प्रत्येक बच्चे की देखभाल।
5. प्रत्येक बच्चे को शिक्षित करना।
6. बच्चों का हानि एवं शोषण से संरक्षण।
7. बच्चों हेतु पृथ्वी का संरक्षण।
8. बालकों का चारित्रिक विकास सदगुणों से।
9. बच्चों को प्रताड़ना नहीं, प्रेरणा की जरूरत।
10. बालकों के लिए सत्साहित्य जुटाया जाय।
11. प्रेरणा दायक फिल्मों व धारावाहिकों का निर्माण।
12. उत्तराधिकार में बालकों को पाँच रत्न मिले :- बच्चों के श्रेष्ठ निर्माण हेतु उन्हें पाँच सद्गुण प्रदान किये जाने चाहिये यथा बालकों को श्रमशीलता की शिक्षा, उदारता के दिव्यगुण से अवगत कराना, सफाई और सादगी से रहना, सदा समय का सदुपयोग करना, शिष्टाचार और सज्जनता का आचरण करना।
13. बाल संस्कार केन्द्रों की स्थापना।
14. शिशु मृत्युदर पर रोक लगाना।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नाटाणी, प्रकाश नारायण : महिला एवं बाल विकास के नूतन आयाम, माया प्रकाशन मंदिर, जयपुर, 2004

2. शेण्डे, हरिदास रामजी (सुदर्शन) : बाल श्रम, अपराध एवं समाधान, साहित्यागार, जयपुर, 2007
3. शर्मा श्रीराम : बालको का भावनात्मक निर्माण, युग निर्माण योजना, गायत्री तपोभूमि मथुरा, 2004
4. शर्मा, लीलापत : बाल नीति शतक, युग निर्माण योजना, गायत्री तपोभूमि मथुरा, 2003
5. कुशवाह, अलका : कच्ची उम्र में मजदूरी का बोझ, योजना, 1995
6. बघेल, एस. : अपराध शास्त्र, विवेक प्रकाशन, दिल्ली, 1995
7. कर्मयोगी आर.पी. : विधार्थी जीवन की दिशा धारा, युगान्तर चेतना, शान्तिकुन्ज हरिद्वार, 2000
8. मिर्डिया एस.एस. : बाल मजदूरों की दशा, समस्या एवं निराकरण, विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा, 1980

****

कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदरी (धार जिले के विशेष सन्दर्भ में)

प्रो. राजेश मईड़ा *

प्रस्तावना - कृषि में महिलाओं की भागीदारी काफी अहम है। कृषि क्षेत्र में कुल श्रम की 60 से 80 प्रतिशत तक हिस्सेदारी महिलाओं की होती है। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार हिमालय क्षेत्र में प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष एक पुरूष औसतन 12-12 घंटे और एक महिला 34-85 घंटे कार्य करती है। इस तथ्य के माध्यम से महिलाओं की कषि में भूमिका को समझा जा सकता है। महिलाओं की कृषि में यह सह-भगिता क्षेत्र विशेष की खेती पर निर्भर करती है फिर भी उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। कृषि कार्यो के अतिरिक्त महिलाएं मछली पालन, कृषि वानिकी, और पशु पालन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

महिला ग्रामीण और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विकास की रीढ़ है इनमें दुनिया के 43 प्रतिशत कृषि श्रमिक बल सम्मिलित है जो कुछ देशों में 70 प्रतिशत तक है। भारत के 48 प्रतिशत कृषि से सम्बन्धित रोजगार में महिलाऐं है जबकि लगभग 7.5 करोड़ महिलाऐं दुग्ध उत्पादन तथा पशुधन व्यवसाय से सम्बन्धित गतिविधियों में सार्थक भूमिका निभाती है।भारत एक कृषि प्रधान देश है जंहा महिलाओं के साथ कंधे से कंधा मिला कर खेत में काम करती है। महिलाओं का योगदान भी कृषि में उतना ही सराहनीय होना चाहिए जितना श्रेय पुरूषों को मिलता है। एक महिला अपने घर के साथ-साथ खेती-बाड़ी में भी उतनी ही निपुण होती है। विष्व खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार भारतीय कषि में महिलाओं का योगदान लगभग 32 प्रतिशत है, जबकि कुछ राज्यों विशेष पहाड़ी, उत्तरपूर्वी क्षेत्र तथा केरल में महिलाओं का योगदान कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पुरूषों से भी ज्यादा है।

यद्यपि स्वतंत्रता के पश्चात् नियोजित विकास कार्यक्रमों की शुरुआत के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य नीतियों के निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं के प्रारंभ व प्रसार के संदर्भ में महत्तवपूर्ण कार्य हुए हैं, तथापि यह भी प्रमाणित तथ्य है कि हमारी स्वास्थ्य नीतियाँ कभी-भी महिला केन्द्रित नहीं रहीं और औसत भारतीय स्त्री का स्वास्थ्य व पालन पोषण के कार्य तथा प्रजनन-दर नियंत्रण आदि को ध्यान में रख कर ही बनाई जाती हैं, जिसे उचित नहीं कहा जा सकता। महिला स्वास्थ्य के सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए एक समन्वित स्वास्थ्य नीति का निर्माण होना अनिवार्य है।

अध्ययन के उद्देश्य - धार जिले में कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि एवं समंक विश्लेषण - प्राथमिक समंकों के संकलन के लिए धार जिले के कृषकों से कृषि कार्यो में महिलाओं की भूमिका के अध्ययन के **दैव निदर्शन विधि द्वारा 35 ग्राम पंचायत** में प्रत्येक से **10 कृषक परिवार**का चयन दैव निदर्शन विधि के आधार पर किया गया है।ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका के अध्ययन के लिए **कुल 350 कृषक उत्तरदाताओं** का साक्षात्कार अनुसूची के आधार पर सर्वेक्षण से प्राप्त तथ्यों का विष्लेषण विभिन्न तालिकाओं के आधार पर किया गया है :-

तालिका क्रमांक - 1 : उत्तरदाताओं के परिवार में महिलाओं की सामान्य जानकारी

क्र.	विवरण	विशेषता	आवृत्ति	प्रतिशत
1	परिवार में महिलाओं की संख्या	1 से 2	139	39.71
		2 से 4	124	35.44
		4 से अधिक	87	24.85
2	परिवार में महिलाओं का शिक्षा स्तर	अशिक्षित	223	63.71
		माध्यमिक से कम	91	26
		माध्यमिक से अधिक	36	10.29

स्रोत:-सर्वेक्षण आधारित समंकों का विश्लेषण।

भारत में 11 प्रतिशत परिवारों की मूखिया महिला है।[2]उपरोक्त तालिका 1 के अनुसार परिवार में महिला सदस्यों की संख्या 39.71 प्रतिशत परिवार में 1 से 2 सदस्य, 35.44 प्रतिशत परिवार में 2 से 4 सदस्य तथा 24.85 प्रतिशत परिवार में 4 से अधिक महिला सदस्य हैं।

महिलाओं की शिक्षा का स्तर 63.71 प्रतिशत महिलाएँ अषिक्षित है। 26 प्रतिशत परिवार में माध्यमिक से कम तथा 10.29 प्रतिशत परिवार में माध्यमिक से अधिक षिक्षित महिलाएँ हैं। जनगणना 2011 के अनुसार भारत में महिला साक्षरता 65.5 प्रतिशत है जो पुरूष साक्षरता प्रतिशत से 16.6 प्रतिशत कम है।1
जनगणना 2011.

तालिका क्रमांक - 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 2 से स्पष्ट है कि कृषि सम्बन्धि कार्यो के अन्तर्गत बुआई 64.29 प्रतिशत, बीजों की साफ-सफाई 78 प्रतिशत, निराई-गुड़ाई 88.86 प्रतिशत, सिंचाई 60.28 प्रतिशत, कटाई का निर्णय 74 प्रतिशत, मजदूरों की व्यवस्था 76.28 प्रतिशत, कटाई उपरान्त विक्रय का निर्णय 23.71 प्रतिशत, दिन का सबसे अधिक समय कृषि भूमि पर 95.42 प्रतिशत, प्रमुख वस्तुओं की आवश्यकता का अनुमान 70.57 प्रतिशत, मजदूरी दर अधिक 2.28 प्रतिशत, रासायनिक छिड़काव 35.72 प्रतिशत, फसल विक्रय माध्यम (महाजन, बाजार अथवा मण्डी) का चुनाव 56.28 प्रतिशत, मजदूरों के रूप में आप किसे महत्व 95.42 प्रतिशत महिलाऐं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वहन करती है।कृषि कार्यो में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होने के बावजूद महिलाओं को मिलने वाली मजदूरी पुरूषों की तुलना में कम होती है। फसल उत्पादन के पश्चात उपज विक्रय का निर्णय पुरूषों द्वारा लिया जाता

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.) भारत

है।महिला की भूमिका फसल उत्पादन तक सिमित होती है जबकि आर्थिक निर्णय पुरूषों द्धारा लिए जाते हैं। कृषि के अतिरिक्त अन्य सहायक कार्यो में महिलाओं की भूमिका का वर्णन तालिका क्रमांक 3 में किया गया है-

तालिका क्रमांक - 3 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 3 से स्पष्ट है कि घरेलू तथा कृषि कार्यो के अतिरिक्त पशु पालन के कार्य 92057 प्रतिशत, पशुओं के चारे की व्यवस्ाी के उपरान्त दुध निकालने का कार्य 97.42 प्रतिशत महिलाएँ करती है। घरेलु साग-सब्जी एवं फुलों-फलों की कृषि 98.57 प्रतिशत, तथा उनके विक्रय हेतु बाजार ले जाने के कार्य 70.57 प्रतिशत महिलाओं द्धारा संचालित किए जाते है।

कृषि में अहम योगदान देने के बावजूद महिला श्रमिकों की कृषि संसाधनों और इस क्षेत्र में मौजूद असीम संभावनाओं में भागीदारी काफी कम है। इस भागीदारी को बढ़ाकर महिलाओं को कृषि से होने वाले मुनाफे को बढ़ाया जा सकता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के डी.आर.डब्ल्यू.ए. के अनुसार प्रमुख फसलों के उत्पादन में महिलाओं की 75 प्रतिशत भागीदारी, 79 प्रतिशत बागवानी में, कटाई उपरान्त कार्यो में 51 प्रतिशत महिलाओं का योगदान होता है। पशु पालन में 58 प्रतिशत और मछली उत्पादन में 95 प्रतिशत महिलाओं का योगदान होता है। महिलाओं को कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए उचित अवसर के साथ आधुनिक तकनीकी की उपलब्धता प्रशिक्षण दिया जाए तो कृषि को द्धितीय हरित क्रान्ति की ओर ले जाया जा सकता है।

नेषनल सेम्पल सर्वे संगठन के तथ्यों के अनुसार 23 राज्यों में कृषि, वानिकी और मछली पालन में कुल श्रम शक्ति का 50 प्रतिशत भाग महिलाओं का है। छत्तीसगढ़, बिहार और मध्य प्रदेश में 70 प्रतिशत से ज्यादा महिलाएं कृषि क्षेत्र पर आधारित हैं जबकि पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में यह संख्या 50 प्रतिशत है। मिजोरम, आसाम, छत्तीसगढ़, अरूणाचल प्रदेश और नागालैंड में कृषि क्षेत्र में 10 प्रतिशत महिला श्रम शक्ति है। कृषि में पुरूषों के साथ महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाकर सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को काफी हद तक बदला जा सकता है। इससे महिलाओं के सशक्तिकरण को और अधिक बढ़ावा मिल सकता है।

निष्कर्ष - कृषि क्षेत्र में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। यह परिवर्तन वातावरण, जलवायु और तकनीकी सभी क्षेत्रों में हो रहे है। इसका असर समाज के सभी क्षेत्रों में समान रूप से पड़ रहा है। समाज में आ रहे परिवर्तनों जैसे परिवार की संरचना, पलायन और अर्न्तराष्ट्रीय राजनीति सभी का प्रभाव होता है। ऐसे में नई रणनीतियों को बनाते समय सभी परिवर्तनों का अनुमान लगाया जाना कठिन कार्य है।

संपूर्ण विश्व की दृष्टि से महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता सर्वविदित है। स्वतन्त्र भारत में रोजगार के अवसरों में वृद्धि, महिला योग्यता तथा कौशल को स्वीकृत प्रदान किए जाने तथा शैक्षणिक अवसरों में वृद्धि के परिणाम स्वरूप महिला वर्ग को नवीन अवसर प्राप्त हुए हैं। महिलाओं के प्रति सामाजिक दृष्टि में परिवर्तन के साथ ही उनको अपेक्षाकृत अधिक सकारात्मक अवसर भी उपलब्ध हुए है। इसके दूरगामी परिणामों की आशा अवश्य की जा सकती हैं महिलाओं स्थिति में यद्यपित क्रान्तिकारी परिवर्तन हुए है तथापि अभी महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में बहुत कुछ किया जाना शेष है। यह विडम्बना की बात है कि आज देश में इक्कीसवीं सदी में भी अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की आवश्यकता पड़ रही है। यह तथ्य ही आधुनिक सभ्य समाज के लिए गंभीर चिंतन का विषय है। सभी देशों के संविधानों में पुरुषों व महिलाओं को समान मानकर एक जैसे अधिकार दिये गए हैं। फिर भी महिलाओं की स्थिति पुरुषों की तुलना में उपेक्षित, कमजोर व पिछड़ी बनी हुई है। उनका शोषण करने में समाज आज भी किसी प्रकार का संकोच करता नहीं दिखाई दे रहा है। इसी कारण संयुक्त राष्ट्र की यूनिफेम, यूएनएडीएफ, यूएनडीपी, अनिसेम संस्थाओं का आग्रह है कि लिंगभेद को समाप्त करने के लिए महिलाओं को सामाजिक विकास के विशेष अवसर दिलाने तथा उन पर होने वाली ज्यादतियों को समाप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। भारत तथा मध्य प्रदेश सरकार ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और नेशनल अलायंस फॉर वूमेन की भागीदारी में सन् 1996 से लिंग भिन्नता पर विशेष ध्यान देने की जरूरी कार्यवाही की है।

एक ओर महिलाओं के उत्थान सर्वागीण विकास के लिए सरकार द्धारा अनेक प्रयास किए जा रहे है। चाहे वे गैर-सरकारी योजनाएँ एवं कार्यक्रम, महिला सशक्ति वर्ष आदि वहीं स्वतन्त्रता के पश्चात आज तक इन महिलाओं की स्थिति में कितना सुधार आया है। ये प्रशासनिक प्रायास कितने सफल है? इनसे संबंधित आँकड़ों पर विचार करना ज्यादा जरूरी हो गया है। क्योंकि आज भी लाखों महिलाएँ प्रतिदिन कई तरह के अत्याचारों, शोषण आदि का शिकार हो रही हैं तथा 40 प्रतिशत महिलाओं की स्थिति इतने प्रयासों के बाद भी वैसी ही है जो हमारी असफलताओं ओर संकेत दे रही है।

पिछले कुछ वर्षो से महिलाओं पर पक्ष में धीरे-धीरे स्पष्ट बदलाव देखने को मिला है। पहले महिलाओं के लिए केवल कल्याणोन्मुख योजनाएँ चलाई जाती थीं, जिनमें महिलाओं को दया का पात्र समझा जाता था, बाद में उनके विकास के कार्यक्रम चलाए जाने लगे और अब उनके सशक्तिकरण की बात हो रही है और उन्हें प्रगति के मार्ग में समान भागदारी माना जाने लगा है।

सरकार द्धारा महिला उत्थान के लिये अनेक प्रयास करने के बावजुद भी इनकी दशा में विशेष परिवर्तन नहीं आया हैं, श्रमिक महिलाओं की सामाजिक स्थिति को सुधारने को तथा उसे सम्मानित भयमुक्त तथा शोषण मुक्त जीवन प्रदाय करने के लिये आवश्यकता है एक ऐसी स्त्री उन्मुख राष्ट्रीय कार्यक्रम की जिसके अंतर्गत सही अर्थो में नारी की प्रगति के प्रयास हो ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मिश्र, जय प्रकाष (2004), 'कृषि अर्थशास्त्र', साहित्य भवन पब्लिकेषन, आगरा। पृ. 259
2. विनायक, एस. आर. (2001): 'भारतीय कृषि की समस्याएँ' एस. चन्द कम्पनी लि. नई दिल्ली। पृ. 114
3. Damisha, R- Samndi and M. Yohana (2007), " Woman Participation in Agricultural Production – A probit Analysis" Journal of Applied Sciences. 7(3):412-416.
4. Census of India, (1981) Series India, Primary Census Abstract, General Population, Part 11B (i), pp.7-8
5. Thakur, Devendra (1992): "Agricultural Sector Development" Deep and Deep Publications New Delhi
6. http://pib.nic.in/newsite/hindifeature.aspx?relid=11278
7. Bala. N (2010), "Selective discrimination against women in Indian Agriculture -A Review" Agricultural Reviews. 31 (3): 224 –228.

तालिका क्रमांक - 2 : कृषि उत्पादन कार्यो में महिलाओं की भूमिका विवरण

क्र.	विवरण	महिला		पुरूष		कुल
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति
1	कृषि में बुआई हेतु फसल का चुनाव कौन करता है?	225	64.29	125	35.71	350
2	बुआई हेतु बीजों की साफ-सफाई का कार्य कौन करता है?	273	78	77	22	350
3	फसलों के सम्बन्ध में निराई- गुड़ाई का ध्यान कौन रखता है?	311	88.86	39	11.14	350
4	फसलों की सिंचाई का कार्य कौन करता है?	211	60.28	139	39.72	350
5	फसलों की कटाई का निर्णय कौन लेता है?	259	74	91	26	350
6	कृषि कार्यो में मजदूरों की व्यवस्था व भुगतान कौन करता है?	267	76.28	83	23.71	350
7	फसल कटाई उपरान्त विक्रय का निर्णय कौन लेता है?	83	23.71	267	76.28	350
8	दिन का सबसे अधिक समय कृषि भूमि पर कौन बिताता है?	334	95.42	16	4.57	350
9	कृषि में लगने वाली प्रमुख वस्तुओं की आवष्यकता का अनुमान कौन लगाता है?	247	70.57	103	29.43	350
10	कृषि कार्यो में किसकी मजदूरी दर अधिक होती है?	8	2.28	342	97.72	350
11	फसलों पर विभिन्न रासायनिक छिड़काव का निर्णय किसका होता है?	125	35.72	225	64.28	350
12	फसल विक्रय माध्यम (महाजन, बाजार अथवा मण्डी) का चुनाव कौन करता है?	197	56.28	153	43.71	350
13	कृषि कार्यो में मजदूरों के रूप में आप किसे महत्व देते है?	334	95.42	16	4.572	350

स्रोत:-सर्वेक्षण आधारित समंकों का विश्लेषण।

तालिका क्रमांक - 3 : कृषि सम्बन्धि सहायक गतिविधियाँ

क्र.	विवरण	महिला		पुरूष		कुल
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति
1	मुख्य रूप से पशुओं की देखभाल कौन करता है?	324	92.57	26	7.42	350
2	पशुओं के दुग्ध निकालने सम्बन्धित कार्य कौन करता है?	341	97.42	9	2.58	350
3	बागवानी की देखभाल कौन करता है?	345	98.57	5	1.43	350
4	बागवानी में उत्पादित सब्जी-फल का विक्रय कौन करता है?	247	70.57	103	29.43	350

स्रोत:-सर्वेक्षण आधारित समंकों का विश्लेषण।

****

Green Products From Agricultural Waste For Sustainable Environment - Review

Dr. Rashmi Ahuja *

Abstract - Agricultural wastes are basically unusable substances which may be either liquid or solid produced as result of cultivation processes viz fertilizers, pesticides, crop residues and animal waste. These substances are widely available on earth can be a good source of energy or converted in to useful products. There are a number of potential environmental impacts associated with agricultural wastes. The present paper revealed that awareness about utilization of biogas plant waste, wheat waste, mushroom, mustered and horticultural waste and it also deals with the research work carried out in the past related to conversion of biomass and agricultural waste. An attempt is carried out to increase the economic value of agricultural waste in to useful products. Employment opportunities will increase if industries like processing units for making value added products, handicrafts etc. This study will highlight some of the trends that could be adopted in the agricultural waste management so that the farmers become aware and take full advantage of various plant waste cycling, recycling and further utilization for economic purpose.
Keywords - Agricultural waste, biomass, sustainable, utilization.

Introduction - Agricultural waste is composed of organic waste ie animal excreta in the form of slurries and farmyard manures, spent mushroom compost, soiled water and silage effluent. Reduce indiscriminate disponsible or burning of waste products which cause both soil, water and air pollution, for maintaining the fertility of soil, conversion of all forms of vegetable and crop waste in to organic matter suitable for needs of growing crops.

Agricultural waste management is part of the ecological cycle in which everything is cycled and recycled such that in an interdependent relationship is maintained in the ecosystem. By waste management all the agricultural wastes are placed at the right place and right time for the best utilization in order to convert in to useful products and pollution control.

Utilization of agricultural waste is very important concern especially when the world scenario of energy demand gap is being reported. The resolution to mitigate this gap use of biomass to being investigated so that it can be used as an alternative source of energy production and some commercial products. Lots of work has been reported regarding utilization of biomass. A few studies conducted in this area are as under.

Converting Wood and paper waste in to Ethanol - Dr. Irving S Gold Stein has developed a process using Conc. HCl for converting the cellulose content of wood and papers waste in to ethanol.

In this process proper proportions of HCl and cellulose are mechanically agitated at 50^0C, a complete breakdown – hydrolysis is possible. After hydrolysis, electrodyialysis removes and reclaims Hcl from the sugar for reuse. The remaining sugar solution contains a very high concentration of Glucose from which ethanol is fermented and distilled.

Use of Waste paper to slick oil - when a giant tanker breaks up, thousands of tonnes of oil are spilled in to the sea. A new way of using waste shredded paper to clean oil slicks. If the shreds are find enough, the paper will absorb 27 times of tis own weight of oil.

Paper from agricultural waste Agricultural-waste as raw material - Studies conducted at various research institutes in India have shown the possibility of using agricultural wastes in combination with waste paper, cotton wastes, rage etc. for manufacture of document paper, high grade stationary card sheets, album papers, filter papers and electrical insulting papers.

Future scope - In India about 350 hand made paper mills making paper. It is handly 0.6% of the total production of paper in our country. Development of such small scale industries would not only solve the problem of waste disposal but also the problem of rural unemployment.

Utilization of agricultural waste - An agricultural waste sugarcane bagasse is a chief source of cellulose, but it burnt away as a cheap fuel. For better economy, it is an essential step to get some byproducts like protein from waste materials, which will not only solve the protein deficiency, but also reduces the wastes.

Recently studies shows that the feasibility of utilizing the coffee waste in production of bricks. In this methodology, control brick and three different percentage of coffee waste 1, 3 and 5 percent, bricks were manufactured and fired at

*Professor Of Chemistry, Govt. M.V.M., Bhopal (M.P.) INDIA

1050^0C. The properties like shrinking density, compressive strength were considered.

Wheat Waste - Straw is a byproduct of wheat crop, which can be used for making many products like particle board and other products like brequettes, dry flowers, mats, hats carpets, and other handicraft.

Cotton Waste - Cotton stick after picking of cotton are used as fuel, it can also be used in biogas production by treating it anaerobically. CH_4 were produced from cotton stalks, cotton seed hull and cotton oil cake in presence of basal medium.

Horticulture waste - Damaged or spoiled fruits, vegetables, dead plants, branches, leaves are the horticultural wastes. Various chemicals viz citric acid, lactic acid, acetic acid can also be extracted from wastes. Potato residue can also be used for extraction of pectin.

Waste saw dust can be used for removal of methylene blue dye which has adverse impact on photosynthesis. in aquatic environment.

Recent studies prove the effective utilization of Neem as natural absorbent in treatment of diary products. Studies show the feasibility of utilizing wheat bran. agricultural waste to produce bio alcohol. It also demonstrated the utilization of agricultural waste in stabilizing land fill soil. The main constituents of material was palm oil ash and rice husk ash as a sustainable substitute instead of using traditional Portland cement.

Medicines from agricultural wastes - Furan compounds occur widely in nature which are cheap raw materials. Furfural is readily obtainable from agricultural wastes like corn cobs and oat hulls. It is produced commercially by the reaction of corn cobs with sulphuric acid and is the basic material used for the nitrofurans. These are important germicides

Nitrofurazone or furacin is now being used for treatment of eye, ear, sinus diseases, post-surgery skin infection. Nitro fuians and a related form furoxone are widely used in treating poultry diseases. Furan-ether exhibits germicides properties against molds which cause great damage to crops and animals.

Recovery of Heavy metals from agricultural waste - In recent years the presence of toxic heavy metalions in agricultural waste was found the attention of scientists. Metal like Hg, Pb, Cd, Cu, Zn Ni, Co, Mn, and As even in trace quantities are extremely toxic. Many mining and manufacturing concern are finding it extremely difficult to meet economically and increasingly stringent limits imposed by WHO on the metal ions concentration in the waste streams.

Liquid fuels from Agrowaste - Prof. B.S. Hartley have reported that agricultural waste have the potential to become a major source of liquid fuels. The Key technology of making transport fuels from agro waste is fermentation. The waste contain a large amount of cellulose and hemicellulose which can be broken down into sugars and then fermented into alcohol, usually called bioethanol.

Conclusion - In the past the agrowaste and biomass, obtained due to crop production or from plant growth, were destroyed by burning or naturally converted in to organic fertilizes, or allowed to decoy in public places in open air creating environmental pollution. Thus by managing these crop wastes in a well planned manner we can maintain a healthy environment for all living creatures. Nowadays biomass produced from agrowaste are used to generate energy as it carries great potential to convert in to energy. Newer development in technology in process development and product develop is necessary to increase the economic values of the products . More research and renovation in the existing technologies are required for sustainable use of agrowaste and healthy environment.

References :-

1. International forestry Resources and Institutions Field Manual- Bloomington, USA-(2002) .
2. Kumar PG, Hate S., Community based forest management and its impact on vegetation. A case study- i forest -2-93-98 (2009) .
3. Harshwardhan K, Upadhyaya K. effective utilization of agricultural waste, J Fun dam renewable energy Appl 7:237 (2017).
4. Zhahg Chunpeng and Taihu. The optimization of pectin extraction from sweet potato residues : Engineering and Environmental of Biosystems- Vol-46, P-2274-2280 (2011) .
5. ISCI, A ; Demiror, Biogas production potential from cotton wastes. In Reweable Energy vol. 32(5) P.-750-757 (2006)
6. P.S. Shehrawat, Nitu Sindhu,Agricultural waste utilization for healthy environment and sustainable life style -Third International scientific symposium “Agro sym Jahorina” (2012).
7. Environmental Chemistry - B.K. Sharma.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

Qualitative and Quantitative Analysis and Nanotechnology Applications in Water Purification of Drinking Water Samples of Different Localities in Gandhi Nagar Area of Bhopal

Santosh Ambhore *

Abstract - The complete analysis of 05 drinking water samples was carried out to develop a data base on the quality of water being consumed in different sites. The qualitative and quantitative analysis of water samples of different localities was conducted to determine the exact amount of different pollutants present in water. The drinking water samples were taken from the main water sources where maximum peoples were using them for drinking purpose. The results indicated certain sources of water-borne diseases in drinking water, which are common in the people of a particular area.

New concepts and technologies are fast replacing the traditional methods of water distribution, supply and purification. Nanomaterials are well suited for water purification, disinfection and wastewater treatment applications as they have as large specific surface area, high reactivity, high degree of functionalization, size dependent properties, affinity for specific target contaminants, etc. Membranes and filters synthesized using nanomaterials have selective permeability, good flux rates, increased durability, reliability in purification and reusability, and thus are energy saving and cost effective. Various types of nanomaterials such as antimicrobial nanomaterials, carbon nanotubes (CINTs), nanosorbents, dendrimers, self-assembled monolayers on mesoporous silica (SAMMS), single enzyme nanoparticles (SENs), their mechanisms, synthesis and applications are reviewed in this paper.

Key words: nonmaterial's, drinking water, qualitative and quantitative analysis.

Introduction - Good quality water is odourless, colourless, tasteless, and free from faecal pollution .A reliable supply of clean wholesome water is highly essential in a bid to promoting healthy living among the inhabitants of a defined geographical region. Water is the most vital element among the natural resources, and is critical for the survival of all living organisms including human, food production, and economic development. Good quality of water resources depends on a large number of physico-chemical parameters and biological characteristics.

Study Area - Present district of Bhopal study area Gandhinagar and Bairagarh area; was carved out of Seehore district in 1972 .Bhopal is the picturesque capital of Madhya Pradesh and known as "city of lakes". Bhopal territory the largest state of India is situated on 23°16'N Latitude and 77°25' Longitude and is located on Hard pink sand stone of Vindhya region. .Bhopal is a city of historical importance and full of natural beauty.

Sampling Stations - five sampling stations have been chosen for present study during study year ;selected sampling stations are as follows-

SS_1 Jhirniya **SS_2** Gondipura **SS_3** One Tree Hill Area
SS_4 Jatkhedi **SS_5** Pardi Mohalla

The complete analysis of 05 drinking water samples was carried out to develop a data base on the quality of water being consumed in different areas of study. The qualitative and quantitative analysis of water samples of different localities was conducted to determine the exact amount of different pollutants present in water. The drinking water samples were taken from the main water sources where maximum peoples were using them for drinking purpose. The results indicated certain sources of water-borne diseases in drinking water, which are common in the people of a particular area. The results of the present research work showed that drinking water collected from different areas was not found to be suitable for human health due to various issues.

Methodology - Samples for analysis with standard procedure in accordance with standard method of American Public Health Association (APHA, 1986) and National Environmental Engineering Research Institute (NEERI, 1986), Nagpur. The instruments have been used in the limit of precise accuracy and chemical used of G.R. grade. Temperature, pH, TDS were measured. The T-H, Ca-H, Mg-H has measured titrimetrically using EDTA, chlorides by Mohr's Argentrometric titration and K_2CrO_4 as indicator, D.O. by Winkler's method. Total alkalinity was determined

*Department of Chemistry, Government Motilal Vigyan Mahavidyalaya, Bhopal (M.P.) INDIA

by Titrimetric methods using phenolphthalein and methyl orange indicators. Nitrates, sulphates and phosphate were measured by spectrophotometer.

New **nanotechnology** is now being used to purify water and waste water in an environmentally friendly way. The new technology uses organic polymers which act as molecular sponges. Derived from crustacean shells or plant fibers, the nanometer-sized polymers are custom programmed toabsorb specific particles for remediation or retrieval purposes. This includes cleaning out acids, hydrocarbons, pathogens, oils and toxins in water.

Nanotechnology and Nanomaterials commercialized for water purification - Currently nanotechnology plays a vital role in water purification techniques. In nano-technology, nano membranes are used with the purpose of softening the water and removal of contaminants such as physical, biological and chemical contaminants. There are variety of techniques in nanotechnology which uses nano particles for providing safe drinking water with a high level of effectiveness. Some techniques have become commercialized. For better water purification or treatment processes nanotechnology is preferred. Many different types of nanomaterials or nanoparticles are used in water treatment processes. Nanotechnology holds great promise in remediation, desalination, filtration, purification and water treatment.

Observation Table – The observation's are summarized here in table during study period in various places/sampling station's of study area.

Table 1 (See in next page)

Result And Discussion - In present study Temperature varied from16^{0}C-22^{0}C, pH ranged from 4.62-6.4, Electrical Conductivity ranges from 232-398 µ mhos/cm^{-1}, Free CO_2 varied from 6.12-11.47 ppm, Total Hardness ranged from 212-417 ppm, Ca-H noted as102-270 ppm, Mg-H varied from 104-158 ppm, Dissolved Oxygen varied from 1.10-2.42 ppm, Biological Oxygen Demand ranged from 1.62-4.80 ppm and Chemical Oxygen Demand varied from 12.10-42.00 ppm during all observation's.

The main features that make nanoparticles effective for water treatment are-

1. More surface area
2. Small volume
3. The higher the surface area and volume, the particles become stronger, more stable and durable
4. Materials may change electrical, optical, physical, chemical, or biological properties at the nano level
5. Makes chemical and biological reactions easier

Conclusion - The above findings are similar with those of Gharde,B.D.(2010),Bheshdadia,B.M.(2011), M.Hussain, T.V.D. Prasad Rao,H.A.Khan and M.Satyanarayan,Oriental J. Chem.,27(4):1679-1684,P.Sannasi and S.Salmijah, Oriental J. Chem.,27(2):461-467(2011),P.Sannasi and S.Salmijah,Oriental J. Chem.,27(2):461-467(2011), Kataria,H.C. Ind,J. Environment Prot.IJEP,24(12):894-896(2004) and Poll.Res,19(4):645-649(2000)

The result of different physical and chemical parameters shows that Drinking water of concern study area is affected by various human activities , domestic wastes effluents etc. values of some parameters are beyond the permissible limits while some others are well within the limits. the result of most of the parameters has concluded that the water of study area is suitable for drinking purpose after proper required treatment.

Advantages and Disadvantages of Nanotechnology - While nanotechnology is seen as the way of the future and is a technology that a lot of people think will bring a lot of benefit for all who will be using it, nothing is ever perfect and there will always be pros and cons to everything. The **advantages and disadvantages of nanotechnology** can be easily enumerated, and here are some of them:

Advantages of Nanotechnology - To enumerate the advantages and disadvantages of nanotechnology, let us first run through the good things this technology brings:

1. Nanotechnology can actually revolutionize a lot of electronic products, procedures, and applications. The areas that benefit from the continued development of nanotechnology when it comes to electronic products include nano transistors, nano diodes, OLED, plasma displays, quantum computers, and many more.
2. Nanotechnology can also benefit the energy sector. The development of more effective energy-producing, energy-absorbing, and energy storage products in smaller and more efficient devices is possible with this technology. Such items like batteries, fuel cells, and solar cells can be built smaller but can be made to be more effective with this technology.

Disadvantages of Nanotechnology - When tackling the advantages and disadvantages of nanotechnology, you will also need to point out what can be seen as the negative side of this technology:

1. Included in the list of disadvantages of this science and its development is the possible loss of jobs in the traditional farming and manufacturing industry.
2. Atomic weapons can now be more accessible and made to be more powerful and more destructive. These can also become more accessible with nano-technology.
3. Presently, nanotechnology is very expensive and developing it can cost you a lot of money. It is also pretty difficult to manufacture, which is probably why products made with nanotechnology are more expensive.

References :-

1. APHA (1985)standard method for examination of water and waste water . APHA,AWWA,WPEC 16th Edition NewYork.
2. APHA (1992). Standard Methods for the Examination of Water and Waste Water. APHA, AWWA, WPEC, 18th Edition, Washington.
3. APHA, AWWA, WEF, Standard methods for the examination of water and waste water (20th edn.)

Washington, DC: American Public Health Association (1998)
4. APHA, Standard methods for the examination of water and wastewater, APHA, AWWA, WPCF, 16'n Ed., New York (1986).
5. BIS, 1991, Specification for drinking water IS : 10500 : 1991 Bureau of Indian Standards, New Delhi. IS: 10500 Indian Standards Specification for drinking water, ISJ, New Delhi, IS:10500 (1983).
6. Environmental Protection Agency (1980) Ambient water quality criteria for Heavy Metals as Zn, Mn and Fe ;publication-440/8-80-79 EPA.
7. ICMR: Manual of standards of quality for drinking water supplies Special report series No. 44, 2nd edition. (1975)
8. Kataria H.C. ,Analytical Study of trace elements in ground water of Bhopal City.Ind,J. Environment Prot.IJEP,24(12):894-896(2004)
9. Kataria H.C.,Prelimnary study of Drinking Water of Pipariya township,Poll.Res,19(4):645-649(2000)
10. M.Hussain,T.V.D. Prasad Rao,H.A.Khan and M.Satyanarayan,Oriental J. Chem.,27(4):1679-1684,P.Sannasi and S.Salmijah, Oriental J. Chem.,27(2):461-467(2011)
11. NEERI : Manual on water and waste water analysis, National Environmental Engineering Research Institute, Nagpur, P. 340-42, (1986).
12. Oote,A.D. and Laconde,K.V.(1977).Environment assessment of municipal sludge utilization at nine locations in the united states proceding 1[9th] Cornwell Agricultural waste management conferences APHA Cornwell university, Ithaca, New York page 135-146.
13. *Park, J; Bazylewski, P; Fanchini, G (2017). "Porous graphene-based membranes for water purification". Nanoscale.* ***8****: 9563–71.*
14. *Vecitis, CD; Schnoor, MH; Rahaman, MS; Schiffman, JD; Elimelech, M (2017). "Electrochemical carbon nanotube filters for water and wastewater treatment". Environ Sci Technol. 4536729.*
15. *Voisin, H; Bergström, L; Liu, P; Mathew, AP (2017). "Nanocellulose". Nanomaterials (Basel).*
16. WHO Hardness in drinking water,Background documents for developments of WHO guideline for drinking water quality series No:WHO/HSE/WSH/10.01/10/Rev/1.World Health Organization Geneva (2011 b)
17. WHO, Guidelines for drinking water quality Vol. 1, Recommendations, World Health Organization, Geneva, 1-30 (1984).

Table 1 : Mean seasonal value (pre and post monsoon)

parameter	**Unit**	**SS_1**	**SS_2**	**SS_3**	**SS_4**	**SS_5**
Temperature	0^0C	18	16*	22**	19	17
pH	-	4.62*	5.4	6.4**	5.7	6.0
Elect.Cond.	µ mhos/cm^{-1}	232*	270	382	398**	374
Free CO_2	ppm	6.12*	7.24	8.72	11.47**	10.44
T-H	ppm	320	417**	400	212*	280
Ca-H	ppm	215	270**	240	102*	134
Mg-H	ppm	104*	150	158**	106	146
D.O.	ppm	1.12	1.10*	1.82	2.12	2.42**
B.O.D.	ppm	1.62*	1.84	2.84	3.92	4.80**
C.O.D.	ppm	12.42	12.10*	30.24	42.00**	40.84

**= maximum value * = minimum value

****

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि तकनीकी में परिवर्तन का अध्ययन (धार जिले के विशेष सन्दर्भ में)

प्रो. राजेश मईड़ा *

प्रस्तावना – कृषि दक्षता और उत्पादन पूर्णत: कृषि आदानों और उत्पादन की विधियों पर निर्भर है। विकासशील कृषि के लिए अनुकूल कृषि आदानों एवं विधियों में सुधार करना आवश्यक है। तकनीकी परिवर्तनों के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने वाले समस्त तत्व सम्मिलित होते है। तकनीकी परिवर्तन कृषि क्षेत्र के उत्पादन फसल चक्र को और उच्च उत्पादन करने में सहायक होता है। तकनीकी परिवर्तनों के प्रभाव को दो रूपों में देखा जा सकता है।[1] कृषि आगत की दी हुई मात्रा से अधिक उत्पादन प्राप्त करना अथवा कृषि उत्पादन की समान मात्रा अपेक्षकृत कम लागत से प्राप्त करना।[2]

कृषि में होने वाला तकनीकी परिवर्तन भूमि और श्रम की उत्पादकता बढ़ाने वाला रहा है, इसलिए एक ओर इसे भूमि बचत करने वाले कारक के रूप में देखा जा सकता है। भूमि बचत करने वाले कारकों में अधिक उपज देने वाले गुणवत्ता युक्त बीजों, रासायनिक किटनाषक एवं उर्वरक, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और फसल संरचना में परिवर्तन महत्वपूर्ण है।3 इनके अतिरिक्त मषीनी उपकरणों के अन्तर्गत ट्रेक्टर, थ्रेषर, परिवहन के साधन एवं अन्य कृषि उपकरण श्रम एवं समय की बचत करने वाले महत्वपूर्ण घटक है।[4]

ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में कृषक गरीबी एवं अशिक्षा के कारण कृषि में परम्परागत अवैज्ञानिक कृषि तकनीकी के कारण अधिक श्रम एवं लागत के परिणामस्वरूप अल्प अथवा न्यून उत्पादन के कारण ऋणग्रस्तता के जाल में फंसा हुआ है।[5]वर्तमान में कृषि में वैज्ञानिक तकनीकी को अपनाए बिना कृषि को लाभ की कृषि बनाना असम्भव है। कृषक स्वयं उक्त उपकरणों को क्रय करने और उपयोग करने में सक्षम नहीं है। अत: स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् कृषि विकास कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया, विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि के विकास एवं उत्पादन वृद्धि हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकारों के द्वारा कृषकों के तकनीकी परिवर्तन एवं विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम, प्रावधान एवं योजनाएँसंचालितहै जिनमें फसलों की बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों की व्यवस्था, रासायनिक उर्वरकों, उन्नत बीजों, दवाईयों, सिंचाई के साधन व आधुनिक उपकरण के साथ वित्तीय सहायता, कृषि तकनीकी प्रशिक्षण सम्मिलित हैं। परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है। शासन द्वारा संचालितकृषि योजनाओं के लाभ द्वारा कृषि में प्रयुक्त तकनीकी परिवर्तन का अध्ययन शोध पत्र में प्रस्तुत किया गया है। कृषि में तकनीकी परिवर्तन स्थिति का मूल्यांकन करना मुख्य उद्देश्य हैं।

साहित्य समीक्षा – कृषि तकनीकी परिवर्तन को प्रभावित करने वाले कारको मेंकृषकों की विशेषताएँ जैसे– जाति, शिक्षा, कृषक के परिवार की सामाजिक–आर्थिक स्थिति, कृषि तकनीक उत्पादनसे प्रभावित होती हैसंबंधित साहित्य का पुनरावलोकन दिशा–निर्देश का कार्य करता है।शोध समस्या से सम्बन्धित साहित्य अवलोकननिम्न प्रकार है–

Venkateshwarlu A. (1998)[6]: उक्त अध्ययन में दो कारकों पर केन्दीत है– अनार्थिक कारकतथा परिवर्तित घटनाओं की व्याख्या स्थिर घटकों से की है। **Dastane N.G. (1969)[7]:**उर्वरकों के उपयोग को कृषि की विशेषताएँ प्रभावित करती हैं। फसल पद्धति में भिन्नता तथा सिंचित क्षेत्र दो प्रमुख कारक हैं जो उर्वरकों के उपयोग को तेजी से बढ़ातेहैं।**Gunvant M. Desai, P.N. Chary and S.C. Bandopadhyay (1970)[8]:** तकनीकी परिवर्तन की धीमी गति से विकास, कम मूल्य वाली फसलों को अत्यधिक महत्व देना प्रमुख कारण बताया। **GOI (2007)[9]:** तकनीकी परिवर्तन में नकारात्मक पक्ष आर्थिक दृष्टि से कमजोर होना है। आर्थिक भिन्नता के कारण ग्रामीण विकास कार्यक्रम विफल है। **कौशिक एस.डी. (1998)[10]:** 'ग्रामीण निर्धनता' ने अनुसूचित जाति के लघु एवं सीमान्त कृषकों की आर्थिक दशा को मजबूत बनाने में सरकार की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है। **Gupta Arun, Ved Prakash, Joshi Deeksha, Gupta H.S.(2008)[11]:**आर्थिक परिवर्तन तकनीकी परिवर्तन को प्रेरित करता है। **Swaminathan M.S. (1969)[12] :** तकनीकी परिवर्तन को सामाजिक कारकों का सकारात्मक प्रभाव होता है।**यादव सुबह सिंह (1997)[13]:** कृषि रोजगार में वृद्धि ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण है। **वर्मा सवलिया बिहारी, (2003)[14]:** भूख की समस्या भूमिहिनों अनुसूचित जाति, जनजातियाँ, महिलाओं अप्रशिक्षित श्रमिकों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। **कलवार सुगनचंद एवं मीणा तेजराम, (2001)[15]:** परंपरावादी तथा ज्ञान के अत्यंत निम्न स्तर वाले किसान नवीन कृषि तकनीकी प्रयोग करने को तैयार नहीं होते हैं। प्रत्येक तथ्य करे भाग्यवाद की भावना से स्वीकार करते हैं। उनके लिए कृषि वाणिज्य व्यापार की वस्तु न होकर जीवन की एक प्रणाली है। निम्न उत्पादकता आर्थिक विकास के लिए घातक है जबकि नवीन तकनीकी प्रयोग एवं परिवर्तन द्वारा अधिक लाभदायक हो सकते हैं। **Gunvant M. Desai (1971)[16] :** सिंचित क्षेत्र तथा अच्छी उपज ऐसे कारक हैं जिनसे तकनीकी परिवर्तन का प्रभाव विभिन्न फसलों तथा कृषि क्षेत्र पर तेजी से बढ़ता है।

अध्ययन के उद्देश्य – धार जिले में कृषकों हेतु संचालित कृषि विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पश्चात् कृषि उत्पादकता में परिवर्तन का अध्ययन करना।

परिकल्पना – H_0: कृषि तकनीकी के प्रयोगतथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.) भारत

के मध्य सम्बन्ध नहीं हैं।

शोध प्रविधि – प्राथमिक समंकों के संकलन के लिए धार जिले के कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि योजनाओं के लाभार्थियों को सर्वेक्षण आधार बनाया गया है। कृषि विकास योजनाओं से हितग्राही कृषकों के कृषि तकनीकी में परिवर्तन के अध्ययन के लिए धार जिले के अन्तर्गत **दैव निदर्शन विधि द्वारा 35 ग्राम पंचायत**में प्रत्येक से **10 कृषकों** का चयन दैव निदर्शनविधि के आधार पर किया गया है।ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषकों की कृषि तकनीकी को जानने के लिए **कुल 350 उत्तरदाताओं** का साक्षात्कार अनुसूची के आधार पर सर्वेक्षण से प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण विभिन्न तालिकाओं के आधार पर किया गया है :-

उत्तरदाताओं की सामान्य जानकारी

तालिका क्रमांक – 1

क्र.		विवरण	आवृत्ति	प्रतिशत
1	उत्तरदाता की आयु	20 से 35 वर्ष	126	36
		35 से 50 वर्ष	189	54
		50 वर्ष से अधिक	35	10
2	शिक्षा	अशिक्षित	79	22.57
		माध्यमिक से कम	212	60.57
		माध्यमिक से अधिक	59	16.85

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारिक समंक।

तालिका 1 में उत्तरदाताओं की आयु के अन्तर्गत 36 प्रतिशत 20 से 35 वर्ष, 54 प्रतिशत 35 से 50 वर्ष तथा 10 प्रतिशत 50 वर्ष से अधिक आयु है। उत्तरदाताओं की आयु का वर्गीकरण उनकी मानसीक एवं शारीरिक परिपक्वता को प्रदर्शित करता है। उत्तरदाताअें में 22.57 प्रतिशत अशिक्षित, 60.57 प्रतिशत माध्यमिक से कम तथा 16.85 प्रतिशत माध्यमिक से अधिक शिक्षित है। शिक्षा की स्थिति उत्तरदाता कृषकों की विचार एवं तार्किक निर्णय क्षमता का परिचायक है।

तालिका क्रमांक – 2 : कृषि भूमि स्वामित्व

क्र.	विवरण	5 एकड़ से कम	5 से 15 एकड़	15 एकड़ से अधिक
1	कुल	115(32.86)	182(52)	53(15.14)
2	सिंचित	196(56)	145(41.43)	9(2.57)

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारिक समंक।

चयनित उत्तरदाता कृषक की कुल कृषि भूमि के अन्तर्गत 32.86 प्रतिशत 5 एकड़ से कम, 52 प्रतिशत 5 से 15 एकड़ एवं 15.14 प्रतिशत 15 एकड़ से अधिक कृषि भूमि का स्वामित्व है। कृषि भूमि के अन्तर्गत सिंचित भूमि 56 प्रतिशत 5 एकड़ से कम, 41.43 प्रतिशत 5 से 15 एकड़ तथा 2.57 प्रतिशत 15 एकड़ से अधिक सिंचित है। धार जिले में वर्षा अधिकतम 1147.9 मि.मी. तथा न्यूनतम 772.5 मि.मी. दर्ज की गई।17म सिंचाई के प्रमुख स्रोत के अन्तर्गत कुँआ प्रमुख है। इसके बाद नलकूप, नहर, तालाब, नदी-नालों पर निर्भरता है।

तालिका क्रमांक – 3

क्र.	खेत तैयार करने के लिए कृषि यंत्र	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हल, बख्खर (बैलों द्वारा चलित)	134	38.29
2	ट्रेक्टर (किराए पर उपलब्ध)	216	61.71
	कुल	**350**	**100**

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारिक समंक।

तालिका 3 से स्पष्ट है कि तकनीकी उपयोग के अन्तर्गत परम्परागत साधनों में मुख्य रूप से हल, बख्खर, बीज बोने का यंत्र, घांस कटाई हेतु हसिया, कुदाली आदिद्धारा 38.29 प्रतिशत कृषक पूर्णत: निर्भर हैं। जबकि ट्रेक्टर द्वारा 61.71 प्रतिशत कृषि कार्यो में उपयोग किया जाने लगा है।ट्रेक्टर की उपलब्धता प्रत्येक कृषक के पास नहीं है किन्तु किराये पर मशीनी साधन उपलब्ध हैं। अध्ययन क्षेत्र में किराये पर साधनों को संचालित करने के लिए राजस्थान, गुजरात, पंजाब एवं हरियाणा से वाहनों को संचालित करने के लिए भारी संख्या में प्रतिवर्ष साधन लाए जाते है।

तालिका क्रमांक – 4

क्र.	बुआई हेतु बीज उपयोग	आवृत्ति	प्रतिशत
1	परम्परागत (संग्रहित बीज)	244	69.71
2	संकर बीज (कृषि केन्द्र से क्रय)	106	30.28
	कुल	**350**	**100**

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारिक समंक।

तलिका 4 के अनुसार बुआई हेतु बीज की पूर्ति 69.71 प्रतिशत द्वारा परम्परागत अथवा पूर्व वर्ष उत्पादन का संग्रहित हिस्सा बुआई हेतु उपयोग किया गया जबकि 30.28 प्रतिशत द्वारा कृषि वस्तु विपणन केन्द्र से संकरीत बीज का उपयोग किया गया है। संग्रहित बीज का उपयोग करने का प्रमुख कारण बीज हेतु उपलब्ध अनाज की किमतों का अत्यधिक मूल्य होना है। गरीब अथवा ऋणग्रस्त कृषक के लिए अत्यधिक मूल्य देकर अनाज क्रय करना संभव नहीं है। बाजार से क्रय कर बुआई करने पर वर्षा की अनिश्चितता एवं सिंचाई की पूर्ति नहीं होने पर अधिक नुकसान का खतरा बना रहता है।

तालिका क्रमांक – 5

क्र.	सिंचाई तकनीक	आवृत्ति	प्रतिशत
1	परम्परागत क्यारी बनाकर	289	82.57
2	ड्रीप, फंवारा आदि	61	17.43
	कुल	**350**	**100**

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारिक समंक।

तालिका 5 के अनुसार 82.57 प्रतिशत कृषक सिंचाई हेतु परम्परागत क्यारी नुमा नालियों का निर्माण कर सिंचाई करते है। इस तकनीक में पानी का अत्यधिक अपव्यय होता है जबकि आधुनिक तकनीकी का उपयोग करने वाले 17.43 प्रतिशत है। आधुनिक सिंचाई तकनीकी के उपयोग से पानी की बचत तो होती है। पौधों में आवश्यक नमी बनाए रखने में सहायक होता है। पौधों को आवश्यकता के अनुसार पानी की पूर्ति की जा सकती है।

तालिका क्रमांक – 6

क्र.	खाद एवं उर्वरक का प्रयोग	हाँ	नहीं	कुल
1	रासायनिक उर्वरक (NPK)	132 (37.71)	218 (62.29)	350 (100)
2	रासायनिक किटनाशक	187 (53.43)	163 (46.57)	350 (100)
3	गोबर खाद	285 (81.42)	65 (18.57)	350 (100)
4	रासायनिक उर्वरक, किटनाशक एवं गोबर खाद	145 (41.42)	205 (58.57)	350 (100)

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारिक समंक।

भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि तथा बनाए रखने के लिए वर्तमान में रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग किया जाने लगा है अध्ययन क्षेत्र के 37.71 प्रतिशत कृषक रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करते है जबकि 62.29 प्रतिशत रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग नहीं करते है। फसलों को विभिन्न प्रकार के नुकसानदायक किटों के प्रकोप से बचाने के लिए रासायनिक किटनाषकों का प्रयोग 53.43 प्रतिशत कृषकों द्धारा किया जाता है जबकि 46.57 प्रतिशत कृषक रासायनिक किटनाषकों का प्रयोग नहीं करते है।गोबर खाद का उपयोग भूमि की उर्वरता में वृद्धि के लिए उत्तम साधन है। 81.42 प्रतिशत कृषक गोबर खाद का उपयोग वर्ष में एक बार करते है। जबकि 18.57 प्रतिशत कृषक गोबर खाद का उपयोग नहीं करते है इसका प्रमुख कारण पशुओं की अनुपलब्धता है। रासायनिक उर्वरक, किटनाषक एवं गोबर खाद सभी का उपयोग करने वाले कृषक 41.42 प्रतिशत है जबकि सर्वाधिक 58.57 प्रतिशत सभी साधनों का उपयोग करने में सक्षम नहीं है। इसका प्रमुख कारण आर्थिक रूप से पिछड़ापन एवं ऋणग्रस्तता प्रमुख कारण है।

तालिका क्रमांक – 7

क्र.	फसल कटाई का माध्यम	आवृत्ति	प्रतिशत
1	मजदूरों द्धारा हाथों से	229	65.42
2	ट्रेक्टर, हार्वेस्टर अथवा मशीनों द्धारा	121	35.58
	कुल	**350**	**100**

स्रोत: प्राथमिक सर्वेक्षण पर आधारिक समंक।

तालिका 7 से स्पष्ट है कि 65.42 प्रतिशत कृषक मजदूरों द्धारा फसल कटावाया जाता है जबकि 35.58 प्रतिशत कृषक ट्रेक्टर, हार्वेस्टर तथा अन्य मषीनी उपकरणों का उपयोग करते है।मजदूरों द्धारा फसल कटाई के लिए प्रमुख कारण पालतू पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता प्रमुख कारण है जबकि मषीनों के द्धारा फसल कटाई से चारे का पूर्णत: नुकसान होता है। इसके अतिरिक्त कई फसलों में मषीनों का उपयोग सम्भव नहीं केवल मजदूर एक मात्र विकल्प है।

तालिका क्रमांक – 8 : कृषि तकनीकी के प्रयोग से उत्पादन पर प्रभाव

क्र.	फसल कटाई का माध्यम	आवृत्ति	प्रतिशत
1	वृद्धि	259	74
2	कमी	12	3.42
3	यथावत	47	13.43
4	कहा नहीं जा सकता	32	9.15
	कुल	**350**	**100**

उपरोक्त तालिका 8 से स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाता मानते है कि कृषि में तकनीकी के प्रयोग से उत्पादन में वृद्धि होती है। जबकि 3.42 प्रतिशत के अनुसार उत्पादन में कमी होती है इसका प्रमुख कारण अत्यधिक रासायनिक के प्रयोग से भूमि की उत्पादन क्षमता में कमी होती है जिसका प्रभाव से भविष्य में भूमि की उत्पादन क्षमता नष्ट हो जायेगी। 13.43 प्रतिशत उत्तरदाता के अनुसार तकनीकी प्रयोग से उत्पादन समान होता है जबकि लागत में वृद्धि हो जाने से व्ययों में वृद्धि बढती है।

परिकल्पना परीक्षण :–

H_0: कृषि तकनीकी के प्रयोगतथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि के मध्य सम्बन्ध नहीं हैं।

H_1: कृषि तकनीकी के प्रयोगतथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि के मध्य महत्वपूर्ण सम्बन्ध हैं।

Chi-Squer Tests	Value	df	Asymp. Sig. (2_sided)
Pearson Chi-Squere	455.600	3	.000
N of Valid Cases	349		

काई वर्ग तालिका से स्पष्ट है कि 5 प्रतिशत सार्थकत्ता स्तर (3 Degree of Freedom) पर X^2का तालिका मूल्य (7.815) है जबकि X^2का आंकलित मूल्य (455.600) है। सारणी मूल्य एवं आंकलित मूल्य की तुलना के आधार पर स्पष्ट है कि दोनों गुण स्वतंत्र न होकर आपस में सम्बन्धित है। विश्लेषण में; $X_c^2 = 455.600$ तथा $X_t^2 = 7.815$ है, आंकलित तथा सारणी मूल्यों से स्पष्ट है कि $X_c^2 > X_t^2$ अत: हमारी शून्य परीकल्पना अस्वीकृत होती है तथा '**H_a:कृषि तकनीकी के प्रयोग तथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि के मध्य महत्वपूर्ण सम्बन्ध हैं।**'स्वीकृत होती है। अत: कहा जा सकता है कि कृषि में तकनीकी परिवर्तन से कृषि उत्पादन में वृद्धि होने के साथ–साथ समय एवं श्रम की बचत के साथ अधिक उत्पादन प्रापत किया जा सकता है।

निष्कर्ष – कृषि विकास की धिमी गति का प्रमुख कारण यंत्रीकरण का अभाव है। कृषि में आधुनिक साधनों का पूर्ण अभाव है। इसका मुख्य कारण कृषि तकनीक का परम्परागत होना तथा आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण मंहगे यंत्रतकनीक का उपयोग गरीब कृषक के लिए संभव नहीं है। कृषि उत्पादकता को प्रभावित करने वाले कारकों में सिंचाई के साधनों का विषेष महत्व है। सिंचाई हेतु पानी की पूर्ती होने पर उर्वरकों, संकरीत बीजों और आधुनिक कृषि तकनीकी के प्रयोग से उत्पादकता को बढ़ाया जा सकता है किन्तु अध्ययन क्षेत्र में सिंचाई के साधनों का पूर्ण अभाव है। कृषक मानसुन आधारित कृषि पर निर्भर है। भूमि की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि के लिए कम्पोस्ट खाद अथवा प्राकृतिक जैविक खाद तथा उर्वरकों के प्रयोग से उपजाऊ क्षमता को बढ़ाया जा सकता है।ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों को मिट्टी परीक्षण के प्रति जागरूकता का अभाव हैं। जोत का आकार छोटा होने के कारण कृषक आधुनिक कृषि तकनीक का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। कृषि पर जनसंख्या का भार बढ़ता जा रहा है, प्रति व्यक्ति कृषि योग्य भूमि कम होती जा रही छोटी जोत के कारण उन्नत उपकरणों, बीज आदि की सहायता से वैज्ञानिक कृषि करना संभव नहीं है। घटते जोत के आकार तथा भूमि पर निर्भरता ने कृषि रोजगार में कमी तथा बेरोजगारी गरीबी का मुख्य कारण है। कृषक कृषि के अतिरिक्त गैर–कृषि रोजगार पर निर्भरता में वृद्धि हुई है।अशिक्षा के कारण कृषक परम्परागत कृषि करते है। अशिक्षा के परिणामस्वरूप कृषक आधुनिक कृषि तकनीकी को अपनाने में संकोच करता है। आधुनिक खाद, बीज के अतिरिक्त उर्वरक, रासायनिक खाद, किटनाषक यंत्रों के प्रयोग को समझने में कठिनाई के कारण कृषि में परम्परागत तकनीक उपयोग किया जाता है। रासायनिक उर्वरकों की मांग अधिक एवं पूर्ती में कमी होने के कारण व्यापारियों द्धारा उच्च कीमत पर विक्रय किया जाता है। सार्वजनिक वितरण के माध्यम से कृषकों को पर्याप्त उर्वरक नहीं मिलता।रूढ़िवादी, अज्ञानता एवं पारम्परिक होने के कारण आधुनिक तकनीकों को नहीं अपना सके हैं। कृषि कार्य के लिए संस्थागत साख की व्यवस्था सहकारी बैंको, वाणिज्यिक बैंको तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से की गई है। इनमें फसल बुआई, बीमा, उपकरण, आदि कार्यो के लिए षासकीय स्तर पर वित्त की व्यवस्था की गई है किन्तु संस्थागत ऋण में अनेक कागजी कार्यवाही,

बैंकों का शहरों में स्थिति होना, आकस्मिक व्यय, आदि कार्यो के लिए बैंकों द्धारा ऋण नहीं दिए जाने के कारण कृषकों को असंस्थागत ऋण पर निर्भर रहना पड़ता है। कृषि उपकरणों का प्रयोग तकनीकी उपयोग नहीं करने का एक मुख्य कारण छोटे जोत का होना, कम उत्पादकता तथा मौसमी असन्तुलन प्रमुख कारक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुकरेजा, सुन्दरलाल (1989): कृषि आदान एवं खाद्यान्न उत्पादन, योजना 16-31 अक्टूबर, पृ. 16।
2. दत्ता, आर. एवं सुन्दरम, के. पी. एम. (1980): 'इन्डियन इकोनॉमिक्स' एस. चन्द एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली। पृ. 252
3. Balakrishnan, Pulapre (2000). Agriculture and Economic Reforms: Growth and Welfare. Economic and Political Weekly, 35 (12): 999-1004.
4. Bhalla, G S and Gurmail Singh (2001). Indian Agriculture: Four Decades of Development. New Delhi: Sage Publications. P- 234
5. Chand, Ramesh and S S Raju (2009). Instability in Indian Agriculture During Different Phases of Technology and Policy. Indian Journal of Agricultural Economics, 64 (2): p. 285
6. Venkateshwarlu A. (1998), **"Developing Agricultural Techonology"**, Rawat Publications, Jaipur, p. 14.
7. Dastane N.G. (1969**),"New Concepts in Irrigation: Necessary Changes for New Strategy"**,Economic and Political Weekly, Vol. IV, No., Jan 26., p. A-27.
8. Desai Gunvant M. (1970), **"Factors Determining Demand For Pesticides",**Economic and Political Weekly, Vol. (52), No. V, 26 December, p. A-181.
9. GOI (2007),"Measures of Imapact of Science and Technology in India: Agriculture and Rurle Development", M.S. Swaminathan Research Foundation, Chennai, p. 3.
10. कौशिक एस.डी. (1998) **: 'मानव तथा आर्थिक भूगोल'** रस्तोगी पब्लिकेशन, मेरठ।
11. Gupta Arun, Ved Prakash, Joshi Deeksha, Gupta H.S.(2008), **"Verietal Releases, VL Madira 207 barnyard Millet", A Science and Technology,** *ICAR Newsletter,* Vol. 14, No. 04, October-December, p. 10.
12. Swaminathan M.S. (1969), **"Scientific Implications of HYV Programme",**Economic and Political Weekly, No. IV, Jan 26., p. 69.
13. यादव, सुबहसिंह एवं यादव सत्यभान (1997): **'ग्रामीण विकास का आधुनिक दर्शन'**, सबलाइम पब्लिकेशन्स, जयपुर, भारत। पृ. क्र. 303-309
14. वर्मा सवलिया बिहारी, (2003): **'ग्रामीण भारत के सर्वोन्मुखी विकास एक परिदृश्य'**, संजय प्रकाशन, नईदिल्ली, भारत।
15. कलवार सुगनचंद एवं मीणा तेजराम, (2001): **'निर्धनता उन्मूलन एवं ग्रामीण विकास'** पोईंटर पब्लिशर्स, जयपुर।
16. Desai Gunwant M. (1971), "Growth of Fertiliser Use in Inidian Agriculture: Past trends and Future Demand", Cornel University Press, New York, pp. 7-8.
17. जिला सांख्यिकी पुस्तिका, जिला सांखिकी कार्यालय, धार। 2016

****

Impact Of Arsenic In Drinking Water On Human Health

Dr. Kanti Pachori *

Abstract - In terms of its impact on human health, arsenic is unique in that most of the evidence linking it to diseases comes from epidemiological work; animal studies have not provided good models.. To date, we know that arsenic from drinking water can cause severe skin diseases including skin cancer; lung, bladder, and kidney cancers, and perhaps other internal tumors; peripheral vascular disease; hypertension; and diabetes. It also seems to have a negative impact on reproductive processes (infant mortality and weight of newborn babies). The toxicology of arsenic involves mechanisms that are still not completely understood, but it is clear that a number of factors can affect both individual and population-level susceptibility to the toxic effects of arsenic-contaminated drinking water.
Keywords - arsenic, health effects, drinking water, chronic exposure, arsenic metabolism.

Introduction - The toxicological and human health effects caused by arsenic exposure were first described centuries ago, yet there are still many areas of inquiry that have not been elucidated, particularly with respect to the mechanisms of action of arsenic and the factors that may affect susceptibility to the damaging effects of this element and its compounds. . Excellent comprehensive reviews have been published within the last few years by the International Program on Chemical Safety of the World Health Organization (IPCS 2001) and by the US National Research Council (NRC 1999, updated in 2001).

Early Reports Of Health Effects - Descriptions of dermatological effects caused, Cases of lung cancer from occupational exposure to arsenic were described in the 1940s (IPCS 2001). In Argentina, the effects of arsenic were first reported in 1917 by Astolfi, and the term “Bell Ville Disease” was coined to describe frequent skin disorders found among residents of a town by that name in the province of Córdoba (detailed in Hopenhayn-Rich et al. 1996). Most case studies were based upon observations by local dermatologists, and the characteristic “arsenicosis” led to the term “HACRE”—Hidroarsenicismo Crónico Regional Endémico (Regional Endemic Chronic Hydroarsenicism)— “Bell Ville Disease” was coined to describe frequent skin disorders found among residents of a town by that name in the province of Córdoba (detailed in Hopenhayn-Rich et al. 1996 the characteristic “arsenicosis” led to the term “HACRE”—Hidroarsenicismo Crónico Regional Endémico (Regional Endemic Chronic Hydroarsenicism)—. Thousands of shallow “tube” wells were dug, which were free of the viruses, bacteria, and parasites found in rivers, therefore providing much cleaner water for human consumption.

Metabolism And Toxicity - The main forms of arsenic found in water used for human consumption and, to a lesser extent, in foodstuff are inorganic arsenic (In-As), occurring either as trivalent (As+3) or pentavalent (As+5) compounds. Other forms of arsenic, including organic compounds such as arsenobetaine or arsenocholine, are found in seafood. Sometimes these occur in relatively high concentrations, but they are much less toxic than the inorganic forms and are eliminated rapidly and unchanged through the urine. Ingested In-As is quickly absorbed from the gastrointestinal tract and passes through a series of steps while being metabolized through reduction reactions of pentavalent to trivalent arsenic forms, and methylation to monomethylarsonic acid (MMA) and then to dimethylarsinic acid (DMA).

Exposure Assessment - In order to assess the health effects of arsenic, it is essential to assess exposure as accurately as possible. The methods of assessment, accordingly, depend on the source of exposure. In particular, the methods for environmental measurements of inhaled versus ingested arsenic focus on air and dust content versus water and food., human biomarkers of exposure for both routes of entry into the body are similar, such as in urine, blood, hair, and nails. Finally, duration of exposure or cumulative exposure is usually estimated, and some studies have used this factor to correlate with health effects (IPCS 2001).

Results And Discussions - Arsenic causes or increases the risk of numerous illnesses. Some of them have been repeatedly observed in different epidemiological investigations. Examples are skin damage including keratoses and skin cancer, internal cancers such as lung and bladder, and diseases of the vascular system. Other health problems, such as diabetes, cancers of other organs, and adverse reproductive outcomes have been observed, but the evidence is not yet conclusive, although it keeps increasing. In terms of carcinogenicity (NRC 1999; Schoen et al. 2004). Some of these mechanisms, such as oxidative stress to cells, could account for some of the noncancer

*Associate Professor (Chemistry) Govt. Nirbhay Singh Patel Science College, Indore (M.P.) INDIA

negative health effects.

Magnitude Of The Problem: The Global Perspective - Arsenic is probably the environmental contaminant that is responsible for the highest risks of morbidity and mortality worldwide, both because of its toxicity and the number of people exposed. Unlike other chemical contaminants that are found in limited locations or only in restricted areas around a point source, dangerously high levels of arsenic have been identified in many water supplies around the world. Moreover, in some affected areas, such as in India, Bangladesh, Taiwan, and possibly China (Sun 2004), the sizes of the exposed populations are very large. Globally, many millions of people currently drink water containing unacceptably high arsenic levels, which are responsible for increases in a wide range of illnesses. In many countries, water supplies are still not routinely tested for arsenic, although as testing becomes more widespread, more and more locations of arsenic contamination are being discovered. Finally, in some high-risk areas, we are probably only seeing the “tip of the iceberg.” Several studies suggest that there is a long latency period between exposure to arsenic and the development of internal cancers, sometimes forty years or more..

References :-

1. Borgõno JM, Vicent P, Venturino H, Infante A (1977) Arsenic in the drinking water of the city of Antofagasta: epidemiological and clinical study before and after the installation of a treatment plant. Environmental Health Perspectives 19: 103-105
2. Chen CJ, Kuo TL, Wu MM (1988) Arsenic and cancers (letter). Lancet i: 414-415 Chen YC, Su HJ, Guo YL, Hsueh YM, Smith TJ, Ryan LM, Lee MS, Christiani DC (2003) Arsenic methylation and bladder cancer risk in Taiwan. Cancer Causes & Control 14: 303-310
3. Chowdhury UK, Biswas BK, Chowdhury TR, Samanta G, Mandal BK, Basu GC, Chanda CR, Lodh D, Saha KC, Mukherjee SK, Roy S, Kabir S, Quamruzzaman Q, Chakraborti D (2000) Groundwater arsenic contamination in Bangladesh and West Bengal, India. Environmental Health Perspectives 108: 393-397
4. Ferreccio C, Gonzalez C, Milosavjlevic V, Marshall G, Sancha AM, Smith AH (2000) Lung cancer and arsenic concentrations in drinking water in Chile. Epidemiology 11: 673-679
5. Hopenhayn C, Ferreccio C, Browning SR, Huang B, Peralta C, Gibb H, HertzPicciotto I (2003) Arsenic exposure from drinking water and birth weight. Epidemiology 14: 593-602
6. Hopenhayn-Rich C, Biggs ML, Fuchs, Bergoglio R, Tello EE, Nicolli H, Smith AH (1996) Bladder cancer mortality associated with arsenic in drinking water in Argentina. Epidemiology 7: 117-124
7. Hopenhayn-Rich C, Biggs ML, Smith AH (1998) Lung and kidney cancer mortality associated with arsenic in drinking water in Cordoba, Argentina. International Journal of Epidemiology 27: 561-569
8. Milton AH, Smith W, Rahman B, Hasan Z, Kulsum U, Dear K, Rakibuddin M, Ali A (2005) Chronic arsenic exposure and adverse pregnancy outcomes in Bangladesh. Epidemiology 16: 82-86
9. National Research Council (1999) Arsenic in drinking water. National Academy Press, Washington, DC National Research Council (2001) Arsenic in drinking water: 2001 update. National Academy Press, Washington, DC Schoen A, Beck B, Sharma R, Dube E (2004) Arsenic toxicity at low doses: epidemiological and mode of action considerations. Toxicology and Applied Pharmacology 198: 253-267
10. Smith AH, Goycolea M, Haque R, Biggs ML (1998) Marked increase in bladder and lung cancer mortality in a region of northern Chile due to arsenic in drinking water. American Journal of Epidemiology 147: 660-669
11. Steinmaus C, Yuan Y, Bates MN, Smith AH (2003) Case-control study of bladder cancer and drinking water arsenic in the western United States. American Journal of Epidemiology 158: 1193- 1201
12. Sun G (2004) Arsenic contamination and arsenicosis in China. Toxicology and Applied Pharmacology 198: 268-271
13. Vahter M (2000) Genetic polymorphism in the biotransformation of inorganic arsenic and its role in toxicity. Toxicology Letters 112-113: 209-217
14. Vahter M (2002) Mechanisms of arsenic biotransformation. Toxicology 181-182: 211-217
15. Wu MM, Kuo TL, Hwang YH, Chen CJ (1989) Dose-response relation between arsenic concentration in well water and mortality from cancers and vascular diseases. American Journal of Epidemiology 130: 1123-1132
16. Yang CY, Chang CC, Tsai SS, Chuang HY, Ho CK, Wu TN (2003) Arsenic in drinking water and adverse pregnancy outcome in an arseniasis-endemic area in northeastern Taiwan. Environmental Research 91: 29-34
17. Yu RC, Hsu KH, Chen CJ, Froines JR (2000) Arsenic methylation capacity and skin cancer. Cancer Epidemiology Biomarkers & Prevention 9: 1259-1262
18. Zaldívar R (1974) Arsenic contamination of drinking water and food-stuffs causing endemic chronic poisoning. Beitr Path Bd 151: 384-400
19. D, Saha KC, Mukherjee SK, Roy S, Kabir S, Quamruzzaman Q, Chakraborti D (2000) Groundwater arsenic contamination in Bangladesh and West Bengal, India. Environmental Health Perspectives 108: 393-397
20. Ferreccio C, Gonzalez C, Milosavjlevic V, Marshall G, Sancha AM, Smith AH (2000) Lung cancer and arsenic concentrations in drinking water in Chile. Epidemiology 11: 673-679
21. Hopenhayn C, Ferreccio C, Browning SR, Huang B, Peralta C, Gibb H, HertzPicciotto I (2003) Arsenic exposure from drinking water and birth weight. Epidemiology 14: 593-602

22. Hopenhayn-Rich C, Biggs ML, Fuchs A, Bergoglio R, Tello EE, Nicolli H, Smith AH (1996) Bladder cancer mortality associated with arsenic in drinking water in Argentina. Epidemiology 7: 117-124
23. Hopenhayn-Rich C, Biggs ML, Smith AH (1998) Lung and kidney cancer mortality associated with arsenic in drinking water in Cordoba, Argentina. International Journal of Epidemiology 27: 561-569
24. IPCS (2001) Arsenic and arsenic compounds, second edition. World Health Organization, Geneva, Switzerland Lamm SH, Engel A, Kruse MB, Feinleib M, Byrd DM, Lai S, Wilson R (2004) Arsenic in drinking water and bladder cancer mortality in the United States: an analysis based on 133 U.S. counties and 30 years of observation. Journal of Occupational and Environmental Medicine 46: 298-306
25. Milton AH, Smith W, Rahman B, Hasan Z, Kulsum U, Dear K, Rakibuddin M, Ali A (2005) Chronic arsenic exposure and adverse pregnancy outcomes in Bangladesh. Epidemiology 16: 82-86
26. National Research Council (1999) Arsenic in drinking water. National Academy Press, Washington, DC National Research Council (2001) Arsenic in drinking water: 2001 update. National Academy Press, Washington, DC Schoen A, Beck B, Sharma R, Dube E (2004) Arsenic toxicity at low doses: epidemiological and mode of action considerations. Toxicology and Applied Pharmacology 198: 253-267
27. Smith AH, Goycolea M, Haque R, Biggs ML (1998) Marked increase in bladder and lung cancer mortality in a region of northern Chile due to arsenic in drinking water. American Journal of Epidemiology 147: 660-669
28. Steinmaus C, Yuan Y, Bates MN, Smith AH (2003) Case-control study of bladder cancer and drinking water arsenic in the western United States. American Journal of Epidemiology 158: 1193- 1201
29. Sun G (2004) Arsenic contamination and arsenicosis in China. Toxicology and Applied Pharmacology 198: 268-271
30. Vahter M (2000) Genetic polymorphism in the biotransformation of inorganic arsenic and its role in toxicity. Toxicology Letters 112-113: 209-217
31. Vahter M (2002) Mechanisms of arsenic biotransformation. Toxicology 181-182: 211-217
32. Wu MM, Kuo TL, Hwang YH, Chen CJ (1989) Dose-response relation between arsenic concentration in well water and mortality from cancers and vascular diseases. American Journal of Epidemiology 130: 1123-1132
33. Yang CY, Chang CC, Tsai SS, Chuang HY, Ho CK, Wu TN (2003) Arsenic in drinking water and adverse pregnancy outcome in an arseniasis-endemic area in northeastern Taiwan. Environmental Research 91: 29-34
34. Yu RC, Hsu KH, Chen CJ, Froines JR (2000) Arsenic methylation capacity and skin cancer. Cancer Epidemiology Biomarkers & Prevention 9: 1259-1262
35. Zaldívar R (1974) Arsenic contamination of drinking water and food-stuffs causing endemic chronic poisoning. Beitr Path Bd 151: 384-400

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

भीष्म साहनी का कथा साहित्य : मानवीय त्रासदी का इतिहास

डॉ. अंजली सिंह *

प्रस्तावना – वर्तमान समय का सबसे बड़ा सत्य मानवीय पीड़ा और यातना है जीवन की जटिलताओं के बीच जीने की कामना को रखने का एक मात्र कारक है मनुष्य की संविदनशीलता एवं उसकी संघर्ष क्षमता जो मानवीय पीड़ा और यातना से निरन्तर जूझती रहती है। मानवीय पीड़ा से संघर्ष एवं उससे युक्ति का बीड़ा कथा–साहित्य भीष्म साहनी ने उसी विशिष्ट धारा जिसे प्राय: यथार्थवादी धारा के रुप में जाना जाता हैं को व्यापक फलक एवं संपूर्णता देने का कार्य किया अपने रचना संसार में भीष्म साहनी मानवीय व्यक्तित्व की संपूर्णता के लिए निरन्तर अनेक जोखिम को उठाये और संघर्ष भी किये है। आजीविका के लिए नये नये कामों की खोज पुरातन संस्कारों के बीच से गुजरता तथा भारत–विभाजन त्रासदी के बीच न केवल मानवीय पीड़ा को भोगा है बल्कि आत्मसात भी किया है। उनके उपन्यास और कहानी का कथन आम आदमी की जीवन्त कथा है। यह संघर्षशील दृष्टि ही उनकी रचना शक्ति के रुप में साहित्य में आद्योपांत विद्यमान है। उनके साहित्य में मानवीय जीवन की चाह का तात्पर्य उन विषयों में निहित मूल्यों से है। जो मानव के आन्तरिक सहज स्वरुप के सबसे निकट होते है तथा उसके संवेदनामय व्यक्तित्व से सबसे अधिक सीधे और गहन रुप से जुड़े होते है।

मूल्यों का सामाजिक महत्व है क्योकि इनका संबंध मनुष्य के सत्य से है और यह सत्य साक्षेपत: सामाजिक परिस्थितियों से निर्मित होता है। भीष्म जी की सारी रचनॉए नैतिकता के सवालों को नई तरह से उठाती है। चाहे वह तमस हो या माधवी या बाड़चू या चीफ की दावत, भीष्म जी की कोई भी रचना आखिरी शब्द के साथ खत्म नही हो जाती। भीष्म जी को पढने का मतलब है जीवन के बारे में बात करने को मजबूर होना जीवन की सार्थकता मानव मूल्यों को स्वीकारने मे ही निहित है। इस दृष्टि से उन्हे ही मानवीय जीवन की चाह का पर्याय माना जा सकता है। जिसमें मानव जीवन का उत्कर्ष हो एंव उसकी सृजनशीलता रागात्मकता गतिशील रहे। परन्तु मानवीय जीवन की चाह में मानवीय हित की कमी चिन्ता सर्वाधिक प्रधान मूल्य है। जिससे समस्त जीवन की अभिव्यक्ति एवं सम्पूर्ण ज्ञान–चेतना का बोध होता है।

स्वातत्रोत्तर युग की सभी विधाओं में मानव मूल्यों का प्रयोग हुआ है। उन्होंने अपने साहित्य में नैतिकता, प्रेम, संघर्ष, धैर्य आदि जीवन मूल्यों को महत्व दिया है। वस्तुत: वे सामाजिक रुझान वाले व्यक्ति थे। वह सच्चे अर्थो में यथार्थवादी थे। वे मानव समाज के बदलते मूल्य और बदलती संवेदनाओं और जीवन की ढेरों सच्चाइयों को आमने – सामने खड़ा करने की कोशिश करते है साथ ही समाज में व्याप्त अंतर्विरोधो को रेखांकित करने का प्रयत्न भी स्वतंत्रता आन्दोलन से लेकर वर्तमान स्थिति तक भारतीय समाज जाति धर्म सम्प्रदय के त्रिकोण पर घूमता जूझता रहा है। यहां वर्ग बनते है विगड़ते है जिसका सीधा लाभ विघटनकारी शक्तियों को होता है। भारतीय समाज में भाग्यवाद की जड़े आज भी बहुत गहरी है और यह चेतना भारतीय जन–मानस में इस तरह घुलकर बैठ गयी है कि वह अपना सीधा प्रहार मानवीय आस्था को विकृत करने में करती है साथ ही उचित मूल्यों के अभाव में श्रम से अविश्वास और परायापन भी हो जाता है। विभेद के कई औजार बहुत पहले से यहां गढ लिए गये। भीष्म साहनी के साहित्य में इस तथ्य को सफलता के साथ उद्धाटित किया गया है।

भीष्म साहनी यथार्थवादी परम्परा के प्रगतिशील धारा के कथाकार है। उनकी सभी कृतियां कला की एकांत साधना के स्थान पर जीवनव्यापी विसंगतियों के विरुद्ध संघर्ष का प्रयास करती है। उनकी रचनाओं में मध्यवर्ग की समस्याओं पर विशेष आग्रह दिखाई पड़ता है, किन्तु साहनी ने अन्य वर्गो की समस्याओं विशेषताओं को भी बेहद बारीकी के साथ उभारा है। साहनी जी एक सच्चे मार्क्सवादी रचनाकार के रुप में समूची मानवीय आस्था, प्रगतिशील दृष्टि तथा वैज्ञानिक सोच को वे भारतीय जीवन के संदर्भ में अपनी धरती से जुडे, अपने जातीय जीवन की जय–पराजय में शामिल और सामान्यजन को सम्बोधित अपनी रचना को वे पक्षकार भूमिका के साथ प्रस्तुत करते है।

इनका साहित्य परिवेश बोध साहित्य है सर्वप्रथम प्रेमचन्द्र के करीब से गुजरता है उसके बाद यशपाल के समानान्तर चलने लगता है। साहनी जैसे समर्थ रचनाकार ने हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में पदार्पण कर न केवल अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया बल्कि तत्कालीन समय के समाज की सभी समस्याओं को देखा, परखा और अपनी लेखनी का आधार बनाकर उसका समाधान भी प्रस्तुत किया। भीष्म साहनी का कलाकार जिस दृष्टिकोण से जीवन, समाज और उनके विभिन्न अंगो प्रत्यंगो को देखता है उन्हे उसी रुप में जनता के समक्ष प्रस्तुत करता है।

भीष्म साहनी के कथा–साहित्य में भी मूलत: सामाजिक समस्याओं, नीतियों आन्दोंलनों और विचारों की खुलकर अभिव्यक्ति हुई है। उन्होने अपने उपन्यासों में जीवन के विधिक पक्षों, सामाजिक विशेषताओं सांस्कृतिक स्थितियों और राजनैतिक प्रभावों का विस्तृत चित्रण किये है। उपन्यास में सामाजिक परिस्थितियों का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। उनकी सूक्ष्म दृष्टि महलों से लेकर झोपड़ी तक और गांव से लेकर नगर तक पहुंची है। अर्थात उन्होने सिद्ध किया है कि न तो कोरे यथार्थवाद से जनकल्याण संभव है और न ही कोरा आदर्शवाद ही कल्याणकारी हो सकता है। प्रगतिशील चिन्तनधारा से प्रभावित भीष्म साहनी की रचनाओं में शोषण के विरोध का स्वर अधिक मुखर है। भीष्म साहनी ने अपने उपन्यासों में जितने अधिकार से समसामयिक विषयों पर लेखनी चलाई है उतने ही अधिकार से ऐतिहासिक विषयों पर चलाई है। उनके उपन्यासों की सफलता की एक बड़ा कारण उनकी पात्र सृष्टि की सजगता है। उनके सभी उपन्यासों

* प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय माधव सदाशिवराव गोलवलकर महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

में पात्रों का नियोजन बड़ी कुशलता के साथ किया गया है। उनकी रचनाओं के सभी छोटे-बड़े पात्र अपनी-अपनी भूमिकाओं में अत्यनत सार्थक और अनिवार्य सिद्ध हुये है। उन्होने परिवेशगत दबावो और आन्तरिक द्वन्दों का प्रभाव बड़ी कुशलता से दिखाया है। शहरी एवं ग्रामीण समाज के एक-एक पहलू को लेकर उपन्यास का सृजन किया है इसके अतिरिक्त इर्द-गिर्द का पूरा समाज भी यथार्थ रुप से हमारे सामने अभिव्यक्ति हुआ है। वातावरण निर्माण के साथ-साथ पात्र जिस परिवेश में जीते है लेखक उसका अनुभूति श्रवण चित्र हमारे सामने प्रस्तुत करता है। समाज में प्रचलित रुढ़ परम्पराएँ, प्रथाएँ, लोक रीतियॉ, खान-पान के नियम आदि सभी बातों का चित्रण भीष्म साहनी ने यथार्थ रुप में किया है। उनकी कहानियॉ यथार्थ जीवन पर आधारित है। उनके कथा साहित्य के पात्र संसार की भीषण त्रासदियों में संघर्ष करने की क्षमता रखते है। विश्वास है कि बिना संघर्ष किये सामाजिक जीवन में परिवर्तन संभव नही है उनकी कहानियॉ जैसे गंगो का जाया, नीली ऑखे, निशाचर, के पात्र उपेक्षा और अभावों के बाद भी निरन्तर संघर्ष करते है ये संघर्षशील पात्र वर्ग विशेष का प्रतिनिधि बनकर आते है। साथ ही रचनाकार इस बात की ओर संकेत करता है कि बसन्ती की बस्ती का बार-बार टूटने का मतलब यह है कि आजादी साधारण लोगो के लिए न होकर पूँजीपति नेताओं और अधिकारियों के लिए है।

भारत विभाजन के दौरान हुए साम्प्रदायिक दंगे शरणार्थियों के काफिले और पशुओं को लज्जित कर देने वाली घटनाओं को उन्होने करीब से देखा था। इसी का परिणाम है कि साम्प्रदायिकता की त्रासदी का दर्द 26 साल के बाद तमस एवं अमृतसर आ गया जैसी रचनाओं में व्यक्त हुआ है। यह पीड़ा उनके अवचेतन में कहीं पकती रही। उचित अवसर पाकर उसने उपन्यास एवं कहानी का रुप धारण किया।

साहनी जी अपनी रचनाओं में भाषा के प्रति सृजनात्मक और उदार दृष्टि रखते है। कहानी लेखन में भीष्म साहनी जी का विशेष स्थान है। उनके कहानी साहित्य में मध्यवर्ग और निम्न वर्ग की विविध समस्याओं को निरुपति किया गया है। उनकी कहानियॉ आधुनिक युग की ज्वलंत समस्याओं को जो आज हमारे देश की शक्ति को कमजोर एवं खोखला कर रही है। यथार्थ रुप में हमारे सामने प्रस्तुत करती है। उनकी कहानियों में भारतीय समाज का परिदृष्य दृष्टिगत होता है। कही दमन - शोषण की बात है, कहीं आर्थिक विषमता की, कहीं पारिवारिक दाम्पत्य जीवन और कहीं साम्प्रदायिकता की, समाज की इन विसंगतियां पर आपने बेधड़क कलम चलाई है। उनकी कहानियां मानव जीवन संदर्भो ,राष्ट्रीय समस्याओं और विश्व मानव की स्थितियों को उजागर करने में पूर्णतया सफल है। संवेदनशील होने के कारण निम्न वर्ग पर उनकी रचनात्मक दृष्टि अधिक रही है। निम्नवर्ग की आर्थिक विष्मताओं शोषण की यातनाओं और आर्थिक अभाव में पिसती जनमानस की वेदनाओं का मार्मिक चित्रण तक वे अपने को सीमित नहीं रखते उनके अन्दर सहभोक्ता का एक दर्द भी उठता है। जिसके कारण वे कई समस्याओं के समाधान का मार्ग भी ढूंढने का प्रयास करते है।

साहनी जी मानव चरित्र के सहज विकास में विश्वास करते है घटनाओं, समस्याओं, संघर्षो के बीच ही उनके मानव चरित्र का विकास होता है। उनकी कहानियॉ प्रवृत्तियों संवेदनाओं और भावनाओं को लेकर चलती है। साहनी जी पात्रों को लेखक के हाथ की कठपुतली नही बनाते बल्कि कथा में उनके स्वाभाविक विकास को दिखलाते है। विकास में द्वन्द्ध है, उतार-चढाव है, संघर्ष है जीने की चाह है। आपके पास बडी स्पष्टता सहजता के साथ उभरकर सामने आते है। इनके कहानियों के पात्र इतने सजीव है कि हम उन्हे अपने बीच का कोई व्यक्ति पाते है। इनकी कहानियों के प्राय: सभी पात्र किसी न किसी वर्ग का सफल प्रतिनिधित्व करते है।

भीषम साहनी सामाजिक चेतना सम्पन्न प्रगतिशील कहानीकार है। आपकी कहानियॉ जीवन के यथार्थ अनुभव पर आधारित है। उच्च वर्ग और निम्न वर्ग की अनेक विशेषताओं की झॉकी मिलती है। तथापि उनका मुख्य केन्द मध्य वर्ग से जुडी समस्याओं से प्रभावित जीवन स्थितियों और विभिन्न स्तरों पर उनकी परिणतियॉ ही उनकी कहानियों का मुख्य प्रतिपाद्य है। मध्यम और निम्न वर्ग के जीवन की तह तक भीष्म साहनी की सूक्ष्म दृष्टि पहुँची है। इनकी कहानियों में भारतीय जन-जीवन अपने पूरे परिवेश के साथ उभरकर सामने आया है। प्रगतिशील सोच के कथाकार होते हुये भी वे विचारों को ऊपर से आरोपित न कर उन्हे अपनी भाषा शैली और रचनाशीलता से सहर्ष संवृत्त कर प्रस्तुत करते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भीष्म साहनी,श्याम कश्यप, पृष्ठ 215
2. आलेचना पत्रिका,सं. नामवर सिंह,पृष्ठ 139
3. भीष्म साहनी : व्यक्ति और रचना,राजेश्वर सक्सेना, प्रताप ठाकुर, पृष्ठ 247
4. भीष्म साहनी का कथा संसार, डॉ. राकेश कुमार तिवारी, पृष्ठ 62
5. भीष्म साहनी : उपन्यास साहित्य,विवेक द्विवेदी, पृष्ठ 38

****

बिलासपुर जिले के पर्यटन उद्योग का आर्थिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास पर प्रभाव का अध्ययन

राकेश कुमार गुप्ता * डॉ. के. के. शर्मा **

प्रस्तावना – बिलासपुर जिले में पर्यटन उद्योग के विकास के क्षेत्र में असीम सम्भावनाएं हैं और यह तेजी से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। पर्यटन उद्योग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि माल और सेवाओं के व्यापार से पर्यटन स्थल से जुडे हुए लोग धन व रोजगार प्राप्त करते हैं। बिलासपुर जिले में पर्यटन की दृष्टि से प्राकृतिक सुन्दरता अभूतपूर्व है। पर्यटन आज विश्व का सबसे बड़ा एवं सबसे तीव्र गति से विस्तार करने वाला उद्योग है। इसके विस्तृत बाजार का सीमांकन नहीं किया जा सकता है। यूनाइटेड चैम्बर्स ऑफ कामर्स के अनुसार किसी भी क्षेत्रीय, प्रान्तीय या सामुदायिक विकास कार्यक्रम के लिये पर्यटन की उन्नति एक मुख्य संचालक है। कई देशों में पर्यटन क्षेत्रीय विकास के एक मुख्य साधन के रूप में आर्थिक गतिविधियों को बढाने का कार्य कर रहा है। इससे पर्यटन केन्द्रों के आसपास रहने वाले लोगों को आर्थिक रूप से फायदा होता है। संस्कृत साहित्य में 'पर्यटन' के लिए तीन शब्दों का प्रयोग किया गया है, जिन सबका उद्गम 'पर्यटन' से हुआ है। 'पर्यटन' का अर्थ है अपने निवास स्थान को छोड़कर कहीं बाहर जाना ये तीन शब्द निम्नलिखित हैं –

(क) पर्यटन – इसका अर्थ है आराम एवं ज्ञान प्राप्ति के लिए यात्रा करना।
(ख) देशाटन – विदेशों में मुख्यत: आर्थिक लाभ के लिए यात्रा करना।
(ग) तीर्थाटन – धार्मिक लाभों के कारण यात्रा करना।

शोधकार्य का उद्देश्य –

1. बिलासपुर जिले में वर्तमान पर्यटन विकास की स्थिति का पता लगाना।
2. बिलासपुर जिले में पर्यटन का आर्थिक विकास पर प्रभाव को आंकना।
3. बिलासपुर जिले में पर्यटन केन्द्रों की जानकारी प्राप्त करना।
4. पर्यटन केन्द्रों के विकास का आसपास रहने वाले लोगों के आय में विकास के मध्य सम्बन्ध ज्ञात करना।
5. पर्यटन की विकास की समस्याएं जानना एवं उनका निदान के लिये मार्ग ज्ञात करना।

शोध प्रविधि – अध्ययन के लिए निदर्शन विधि के द्वारा क्षेत्रों का चयन किया गया। बिलासपुर जिले के पर्यटन स्थलों में आने वाले पर्यटकों से प्राथमिक आंकडे प्रश्नावली, अनुसूची और अवलोकन के माध्यम से एकत्रित किए गये द्वितीयक आंकडो का संकलन विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं जिला सांख्यिकीय पुस्तिका से किया गया।

शोध की सीमाएं – प्रस्तावित अध्ययन बिलासपुर जिले में पर्यटन का आर्थिक विकास पर पडने वाले प्रभाव का अध्ययन है, जिसमें चयनित पर्यटन स्थलों का अध्ययन प्राथमिक एवं द्वितीयक समंको के आधार पर किया गया। साथ ही इन पर्यटन स्थलों से जुडी समस्याएं एवं उनका समाधान प्रस्तुत किया गया।

बिलासपुर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल – बिलासपुर की पहचान उसकी पुरातात्विक धरोहरों से होती है, जो उसे कालजयी बनाते हैं। बिलासपुर जिले से 25 किलोमीटर दूर आस्था की नगरी रतनपुर में मां महामाया, भैरो बाबा, गिरजावन के हनुमान मंदिर, लखनी देवी के दर्शन के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग पहुंचते हैं और मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करतें हैं। रतनपुर के अलावा मल्हार, तालागांव और गनियारी में भी सोलहवीं सदी की प्राचीन मूर्तियों का अनूठा संग्रह है। पुरातात्विक धरोहरों के अलावा जिले के जंगल, पहाड़, चिड़ियाघर और टाइगर रिजर्व बिलासपुर को छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटक स्थल बनाते है।

बिलासपुर जिले के भीतर दर्शनीय स्थल :

1. मल्हार–ऐतिहासिक महत्तव
2. कानन–पेंडारी चिड़ियाघर
3. ताला गाँव–रूद्र शिव की प्रतिमा
4. सेतगंगा का श्रीरामजानकी मन्दिर
5. रतनपुर का महामाया मन्दिर
6. काली मन्दिर, तिफरा
7. अय्यप्पा मन्दिर, तिफरा पुल के पास
8. खुड़िया एवं खूटाघाट बाँध, रतनपुर
9. रानी सती मन्दिर
10. मनोरंजन पार्क

बिलासपुर शहर के भीतर दर्शनीय स्थल :

1. विवेकानंद उद्यान
2. दीनदयाल उद्यान
3. ऊर्जा–पार्क
4. स्मृति–वन
5. यातायात–पार्क (बिलासपुर–सीपत रोड के लगरा ग्राम में स्थित)
6. बिलासा ताल
7. रामकृष्ण आश्रम (कोनी)
8. अरपा रिवर व्यू
9. स्मृति वाटिका

पर्यटन स्थलों का बिलासपुर जिले के आर्थिक एवं सामाजिक–सांस्कृतिक विकास पर प्रभाव का विश्लेषण – बिलासपुर जिले में स्थित अधिकांश पर्यटन केन्द्रों तक पहुंचने के लिए बसें और टैक्सियां बिलासपुर से लिया जा सकता है। बिलासपुर शहरी सार्वजनिक यातायात सोसायटी

*सहायक प्राध्यापक, डॉ. सी.वी. रामान् विश्वविद्यालय, कारगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
**सहायक प्राध्यापक, डी.पी.विप्र. महाविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

शहर में 12 रूट पर 50 सिटी बसें चला रही हैं। सिटी बसों से लोगों को सुविधाएं दिलाने के लिए कोलकाता की एक कम्पनी इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम से एक मोबाइल ऐप तैयार करेगी, कोई भी नागरिक आसानी से इसे डाउनलोड कर देख सकेगा कि वह जिस बस की प्रतीक्षा कर रहा है वह कहां पहुंची है। सिटी बसों के लिए महिला कंडक्टरों की भर्ती की जा रही हैं, महिला कंडक्टरों के रहने से यात्री विशेष तौर पर महिलाएं अपने आप को ज्यादा महफूज समझती हैं। आने वाले दिनों में बिलासपुर छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा शहर होगा जहां, महिला सिटी बसों का संचालन खुद महिलाएं करेंगी, यानी कि सिटी बसों की स्टीयरिंग महिला हाथों में होगी। बिलासपुर में चल रही बसों के संचालन का जिम्मा महिलाओं को सौंपा जा रहा हैं, इसके अलावा 34 सीटर 10 एसी सिटी बसें भी शहर में चल रही हैं, वर्तमान में ये पूर्व निर्धारित रुटों पर चलने लगी है। सेवायें, गुणवत्ता और कुशलता पर्यटन उद्योग के प्रमुख विषय है। इसी की प्राप्ति के लिए पर्यटन उद्योग के प्रत्येक घटक के लिए प्रशिक्षित एवं कुशल श्रमशक्ति अपेक्षित है। एयरलाइन्स के लिए प्रशिक्षित चालक, अभियन्ता विमान परिचारिकायें और अन्य तकनीशियन आवश्यक हैं। टैक्सी चालकों, कोच आपरेटरों व अन्य कर्मियों को प्रशिक्षित होना आवश्यक है ताकि वे पर्यटकों के साथ ठीक व्यवहार कर सके। होटल, रेस्तरां यात्रा अभिकर्त्ता, टूर आपरेटर के साथ-साथ पर्यटक सेवार्थ उपलब्ध कराने वाले अन्य कर्मियों को भी व्यावसायिक दृष्टि से प्रशिक्षित होना चाहिए। ऐतिहासिक और वन्य अभ्यारण्य आदि में मार्गदर्शन एवं देखरेख के प्रति अधिक जवाबदेह हो सके। इस प्रकार पर्यटन के संवर्धन में मानव संसाधन एक बड़ा साधन है। रतनपुर में मंदिर ट्रस्ट के द्वारा महामाया मंदिर परिसर में दो धर्मशालाओं का संचालन किया जा रहा है। यह दर्शनार्थियों के लिए नि:शुल्क है तथा आवश्यकता पड़ने पर विद्युत जनरेटर भी उपलब्ध है, बिलासपुर जिले में पर्यटकों के आवास की मुख्य व्यवस्था बिलासपुर शहर में है।

तालिका 1 - (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

आरेख क्रमांक 1



उपर्युक्त आरेख में रतनपुर क्षेत्र में बस मालिक की आय में वर्ष 2010 से 2015 के बीच होने वाले परिवर्तन को दर्शाया गया है। 2010 के अपेक्षा 2015 में इनकी आय में 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सबसे अधिक वृद्धि वर्ष 2014 में दर्ज की गई है।

आरेख क्रमांक 2



उपर्युक्त आरेख में रतनपुर क्षेत्र में होटल व्यवसाय के अर्जित आय में वर्ष 2010 से 2015 के बीच होने वाले परिवर्तन को दर्शाया गया है। इस व्यवसाय में 2010 की तुलना में 2015 में 136 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सबसे अधिक वृद्धि वर्ष 2011 में दर्ज की गई।

आरेख क्रमांक 3



उपर्युक्त आरेख में रतनपुर क्षेत्र में छोटे जलपान दुकानों के आय में वर्ष 2010 से 2015 के बीच होने वाले परिवर्तन को दर्शाया गया है। वर्ष 2010 की तुलना में 2015 में 172 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे अधिक वृद्धि वर्ष 2015 में हुई है।

आरेख क्रमांक 4



उपर्युक्त आरेख में रतनपुर क्षेत्र में क्यूरियो-दुकान के अर्जित आय में वर्ष 2010 से 2015 के बीच होने वाले परिवर्तन को दर्शाया गया है। इसमें 2010 की तुलना में 2015 में 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सबसे अधिक वृद्धि वर्ष 2014 में दर्ज की गई है।

आरेख क्रमांक 5



उपर्युक्त आरेख में रतनपुर क्षेत्र में पगडंडी वाले दुकानों के अर्जित आय में वर्ष 2010 से 2015 के बीच होने वाले परिवर्तन को दर्शाया गया है।

इसमें 2010 की तुलना में 2015 में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सबसे अधिक वृद्धि वर्ष 2013 में दर्ज की गई है।

रतनपुर बिलासपुर जिले का प्रमुख पर्यटन स्थल है विगत वर्षो में इसका अन्य पर्यटन स्थलों की अपेक्षा अधिक विकास हुआ है। इस विकास का असर वहां पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों की आमदनी पर भी पड़ा है।

बिलासपुर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों की समस्याएं एवं उनका निराकरण – आज पर्यटन सेक्टर के सामने अनेक प्रकार की समस्यायें देखी जा सकती हैं जैसे सरकार का इसके विकास के लिए उचित ध्यान न देना, उत्ताम इन्फ्रास्ट्रक्चर का अभाव, विधि–व्यवस्था की समस्या, वीसा की समस्या, स्वास्थ्य एवं सफाई की अपर्याप्तता तथा प्रदूषण इत्यादि। सरकार का ध्यान इसके विकास–सम्भावनाओं के अनुकूल नहीं है। बजट में जितना धन होना चाहिए उससे कम सिर्फ 6.4 प्रतिशत ही है। पर्यटकों के व्दारा अदा किये गये टैक्स भारत में सर्वाधिक है। दूसरे एशियाई देशों की तुलना में जो 3.6 प्रतिशत ही होटल का टैक्स लेते हैं, जबकि भारत में यह टैक्स 40 प्रतिशत है। इसी कारण भारत में दुबारा विदेशी पर्यटक बहुत कम आना पसन्द करते हैं। असुविधाजनक इन्फ्रास्ट्रक्चर दूसरी समस्या है यहाँ की अधिकांश सड़के उबड़–खाबड़ तथा सरकारी और शहरों में शौचालय गंदे हैं। हवाई मार्ग में जहाजों में सीट की अपर्याप्तता भी है। ज्यों ही विदेशी पर्यटक भारत में आते हैं, लोगों का ध्यान उनसे अधिक–से–अधिक कमाई की ओर तुरन्त चला जाता है। आवास के लिए, स्थानीय मेला के लिये खान–पान तथा स्थानीय शिल्पकला की वस्तुयें खरीदने पर उनसे अधिकाधिक पैसे लिये जाते हैं। ऐसे पर्यटकों के धोखाधड़ी, लूट, छेड़खानी, बलात्कार तथा हत्या की घटना समाचार–पत्रों में प्राय: आती रहती है। इन वर्षो में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण साधारणत: औसत से काफी कम वर्षा के कारण पेय–जल की विशेष असुविधा हो गयी है। लगभग सभी पर्यटक केन्द्रों पर यह समस्या देखने को मिलती है। फ्रिज–जल की अनुपलब्धता भी पायी गयी है। 20वीं तथा वर्त्तामान शताब्दी में जनसंख्या में आशातीत वृद्धि के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ा रहा है, जिसके कारण निरन्तर बढ़ती जनसख्ंया की आवश्यकताओं की आपूर्त्ति के लिए इन प्राकृतिक संसाधनों का लोलुपतापूर्वक धुँआधार विदोहन हो रहा है। आधुनिक प्रौद्योगिकी (Technology) में प्रगति तथा मनुष्य के आर्थिक क्रियाकलापों में वृद्धि के कारण प्राकृतिक संसाधनों के विदोहन में और तेजी आयी है।

पर्यटन विकास के कुछ उपाय – बिलासपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु इस उद्योग से सम्बन्धित समस्याओं को दूर करना होगा तथा राज्य स्तरीय एक्शन प्लान का गठन कर उनके सुझाये गये सुझावों पर अमल करना चाहिए। बिलासपुर में पर्यटन के विकास हेतु निम्नलिखित उपाय किया जा सकते हैं।

1. पर्यटन के साथ यहाँ के आदिवासी संस्कृति का संगम किया जाए।
2. नूतन पर्यटक बाजार की खोज की जानी चाहिए।
3. पर्यटन स्थलों पर आवासीय समस्यायों का समाधान करना चाहिए। इस हेतु निजी अतिथि गृहों, पर्यटक आवास, वन आवास आदि जैसे अनुपूरक व्यवस्था की जानी चाहिए।
4. पर्यटकों को सुरक्षा प्रदान की जाए।
5. पर्यटन स्थल से सम्बन्धित यात्रा कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।
6. पर्यटकों हेतु दूरसंचार की उत्ताम व्यवस्था की जानी चाहिए।
7. आवागमन हेतु सड़क एवं रेलमार्ग में सुधार किया जाना चाहिए।
8. बिलासपुर के मुख्य पर्यटक स्थलों की जानकारी देशी एवं विदेशी पर्यटकों को विभिन्न सूचना केन्द्रों के माध्यम से दी जाय।
9. समय–सयम पर यहाँ विभिन्न महोत्सव, का आयोजन किया जाना चाहिए।

पर्यटन विकास के लिए कुछ नीतियाँ :

1. पर्यटन को एक इन्फ्रास्ट्रक्चर उद्योग घोषित करना चाहिए जिसके कारण कम खर्च पर इसका विकास किया जा सकता है।
2. सरकारी सहायता में वृद्धि करना जो अभी 1 प्रतिशत है उसे बढ़ाकर 6 प्रतिशत कर देना चाहिए जो की विश्व–स्तर से (6.8 प्रतिशत) से कम है।
3. टूरिज्म मिनिस्ट्री के अन्तर्गत मजबूत कार्य योग एक कमिटी होनी चाहिए जो पर्यटक उद्योग से सम्बन्धित समस्याओं का निदान कर सके।
4. पर्यटक के आगमन पर वीसा बनाने की व्यवस्था होनी चाहिए। विश्व के अनेक देशों जैसे थाईलैण्ड में उनके आने पर वीसा बनायी जाती है।
5. प्रधान क्षेत्रों में आने वाले पर्यटकों के लिए वीसा की आवश्यकता से मुक्त कर देना चाहिए।
6. हवाई–जहाजों में सीट बढ़ने की नितान्त आवश्यकता है।
7. स्थानीय शिल्प–कला, संगींत का प्रसार–प्रचार करना आवश्यक है।
8. पर्यटक–केन्द्रों का पर्याप्त एडवरटाइजमेंट (प्रचार) करना जिसमें उसका इतिहास, परम्परा, कला, संगींत, जलवायु तथा आवागमन की सुविधा का विस्तार में जिक्र हो।
9. उद्योग के बढ़ावा देने के लिए स्थानीय/देशी पर्यटन विकास पर बल देना चाहिए।
10. पर्यटक–केन्द्रों के सौन्दर्यीकरण पर भी जोर देना चाहिए जिससे बड़ी संख्या में पर्यटक आकृष्ट हो सके।
11. फिर, विधि–व्यवस्था को सख्ती से पेश आते हुए उसे उन्नत बनाना चाहिए।

सारांश एवं निष्कषन – पर्यटन एक सामाजिक– आर्थिक क्रिया है। पर्यटन से विभिन्न क्षेत्र के लोगों के मध्य सामाजिक– सांस्कृतिक सम्पर्क तो स्थापित होता ही है साथ ही पर्यटन स्थल में स्थानीय लोगों की आय में वृद्धि भी होती है। रतनपुर में विभिन्न प्रकार के कार्य जो पर्यटन से प्रभावित होते है, का अध्ययन करने से ये बात सामने आयी कि रतनपुर में पर्यटन के विकास का सीधा असर वहां के लोगों की आय में पड़ा है। 2010 से 2015 तक के आय का अध्ययन करने से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि पर्यटन विकास से स्थानीय होटल, परिवहन व अन्य सेवाओं के आय में वृद्धि होती है। बिलासपुर ने समय के साथ लगातार विकास किया है, लेकिन सरकार को अभी बहुत कुछ करना शेष है। सर्वप्रथम सरकार को उन मुद्दों के लिए जिम्मेवार होना चाहिए जो मुद्दे बिलासपुर की ज्वलंत समस्या है। शिक्षा एवं कार्य संस्कृति में बदलाव लाना होगा। किसी भी स्थान के विकास के लिए सिर्फ प्राकृतिक एवं खनिज सम्पदाएं ही पर्याप्त नहीं होती। वहाँ की कुशल मानवीय संसाधनों को भी विकसित करने की आवश्यकता होती है। संसाधन उद्यमिता तकनीक, योजना एवं रणनीति के आधार पर क्षेत्र को विकसित किया जाता है।

पर्यटन के विकास के साथ–साथ पर्यटन के अनेक प्रकार हो गये हैं, जो पर्यटकों के भ्रमण के उद्देश्य पर निर्भर करता है। पर्यटन के अनेक प्रकार किये जा सकते हैं, जैसे इको–टुरिज्म, साहसिक पर्यटन, वन्य–जीवन पर्यटन, भारतीय हस्तशिल्प एवं पर्यटन, भारतीय चित्रकला पर्यटन, भारतीय

कला, संस्कृति, लोकनृत्य एवं नृत्य धराने का पर्यटन, भारतीय त्यौहार, पर्व और मेले-सम्बन्धी पर्यटन, भारत के धर्म पर्यटन, प्राचीन ऐतिहासिक स्मारक, संग्रहालय एवं वास्तुकला पर्यटन, तीर्थयात्रा पर्यटन, ट्राइबल टुरिज्म, मैरिज पर्यटन इत्यादि। इन प्रकारों को ध्यान में रखकर पर्यटन विकास की रणनीति चाहिए। औद्योगिक प्रतिष्ठान एवं औद्योगिक इकाई के इन्फ्रास्ट्रक्चर भी पर्यटकों को आकृष्ट करते हैं। बहुत सारे पर्यटक-देशी व विदेशी ऐसे संस्थानों की इमारत, कार्यविधि, श्रमिक तथा उनके आवास को देखने की इच्छा रखते हैं। बिलासपुर में ऐसे कल-कारखानें स्थापित हैं, जो खनन-कार्य से लेकर विद्युत उत्पादन में लगे हुये हैं। इनमें से कुछ हैं - एन.टी.पी.सी सीपत, एस.सी.सी.एल., हिर्री माइंस, इत्यादि।

बिलासपुर की नदियाँ, पहाड़ एवं जंगल पर्यटन की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है जो बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकृष्ट करते हैं। अरपा, मनियारी यहां की प्रमुख नदियाँ हैं। बिलासपुर के जंगलों में रंग-बिरगीं स्तब्धता तथा एक स्वर्गिक शाश्वत संगीत अनुभव करने वाला अद्भुत जादू लिपटा है। परन्तु पर्यटन के विकास के साथ ही प्राकृतिक और सांस्कृतिक भू दृश्यों से छेड़छाड़ भू दृश्य के विकृत करके पारिस्थैतिक असंतुलन पैदा करती है। भू दृश्य की इसी कुप्रबन्ध से बचाकर रचनात्मक व सृजनात्मक प्रबंधन पैदा करती है। भूदृश्य को और अधिक सरंक्षित, सुरक्षित और सवंर्धन करना ही भू दृश्य प्रबन्ध संकल्पना कहा जाता है। सेवायें गुणवत्ता और कुशलता पर्यटन उद्योग के प्रमुख विषय हैं। इसी की प्राप्ति के लिए पर्यटन उद्योग के प्रत्येक घटक के लिए प्रशिक्षित एवं कुशल श्रमशक्ति अपेक्षित है। तीर्थस्थल-पर्यटक केन्द्रों पर ठहराव व्यवस्था के अन्तर्गत विभिन्न स्तर के होटल तथा धर्मशालायें आते हैं। तीर्थयात्री-वातावरण या विशेष व्यवस्था की जाती है। इसके अन्तर्गत रतनपुर एवं मल्हार में पुलिस (सुरक्षा), सफाई, स्वास्थ्य-सेवा, प्रकाश जलापूर्ति तथा ठहराव के रख-रखाव व्यवस्था की जाती है। फिर पर्यटक-केन्द्रों पर उचित गाइड-सुविधा, विजुअल ऐड तथा शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। पैकेज टूर भी पर्यटन को बढ़ावा देता है।

वर्तमान समय में पर्यटन का महत्व आर्थिक एवं सामाजिक-सांस्कृतिक विकास के दृष्टिकोण से बढ़ता जा रहा है। विश्व में सभी देशों में इन दिनों पर्यटन को एक महत्तवपूर्ण आर्थिक क्रिया माना जा रहा है। बिलासपुर के लिए भी यह एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा वह अपने आर्थिक क्रियाओं में तेजी ला सकता हैं। परम्परागत रूप से यह माना जाता रहा है कि पर्यटक विभिन्न देशों के बीच और क्षेत्र के अन्दर अपनी समझ और तालमेल स्थापित करता है और भावनात्मक एकीकरण को बढ़ाता है, पर इसकी आर्थिक प्रभाव से लोग आमतौर पर परिचित नहीं है। वास्तव में पर्यटन से किसी क्षेत्र का आर्थिक विकास अत्यधिक होता है। पर्यटन से उन क्षेत्रों में रोजगार पैदा किया है जहाँ रोजगार के वैकल्पिक अवसर बहुत कम उपलब्ध थे। पर्यटन के विकास का रोजगार-प्राप्ति तथा आय पर प्रत्यक्ष अच्छा प्रभाव पड़ता है। पिछले वर्षो में बिलासपुर जिले के अल्प रोजगार वाले क्षेत्रो में पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि से रोजगार सृजन हुआ है। फिर, सामाजिक- सांस्कृतिक प्रभावों को आसानी से आधुनिकीकरण की प्रक्रिया से अलग नहीं किया जा सकता है। पर्यटन से सामाजिक-सांस्कृतिक लाभ भी काफी हो रहा है।

आज पर्यटन सेक्टर के समक्ष अनेक प्रकार की समस्यायें देखी जा रही हैं जैसे सरकार का इसके विकास के लिए उचित ध्यान न देना। उत्ताम इन्फ्रास्ट्रक्चर का अभाव, विधि-व्यवस्था की समस्या, बीमा की समस्या, स्वास्थ्य एवं सफाई की अपर्याप्तता तथा प्रदूषण आदि। बिलासपुर जिले में भी पर्यटन की तीन कठिनाईयाँ स्पष्टत: पायी जाती हैं - आवागमन, पर्यटन-साहित्य और शौचालय की। फिर, पर्यटक बड़ी संख्या में किसी पर्यटन केन्द्र पर इकट्ठे होते हैं, जिससे वहाँ पर के स्थानीय सेवाओं पर दबाव पड़ने से तथा उनके द्वारा ठोस मलवे उत्पन्न करने से पर्यावरणीय अवनयन उत्पन्न होता है। बिलासपुर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस उद्योग से सम्बन्धित समस्याओं को दूर करना होगा तथा जिले में पर्यटन उद्योग के विकास की रणनीति तैयार करने के लिए समीति का गठन कर उनके बताये नये सुझावों पर अमल करना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लाल, डॉ. शंकर (2015), 'पर्यटन प्रबन्ध के मूल आधार', गीता प्रकाशन, हैदराबाद
2. शर्मा, अतुल (2012), 'आर्थिक विकास में पर्यटन का योगदान',शशिका पब्लिशिंग हाउस, जयपुर
3. कमलेश, एस.आर. (2002), 'छत्तीसगढ़ की भौगोलिक समीक्षा',साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
4. मिश्र एवं पुरी, (2006), 'भारतीय अर्थव्यवस्था', हिमालया पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली
5. गजपाल, डॉ किरण (2006), 'छत्तीसगढ़ का भूगोल', वैभव प्रकाशन, रायपुर

पत्र-पत्रिकाएं :

1. दैनिक भास्कर नवभारत हरिभूमि प्रतियोगिता दर्पण

वेब साइट :

1. cgtourism.choice.gov.in
2. www.bilaspur.gov.in/tourism.html
3. mahamayaratanpur.com
4. bilaspur.gov.in/bilasaandsmallzoo.html

तालिका 1 - तीर्थ-यात्री के आगमन तथा उनसे विभिन्न वर्गों के लोगों की आय में वृद्धि (रूपये)

क्र.	कार्य के प्रकार	वार्षिक आय (रूपये में) 2010-2015					
		2010	**2011**	**2012**	**2013**	**2014**	**2015**
1	बस-मालिक	500000	550000	630000	720000	815000	900000
2	होटल	550000	730000	900000	1020000	1185000	1300000
3	छोटे जलपान दुकान	110000	145000	175000	210000	250000	300000
4	क्यूरियो दुकान	120000	140000	160000	205000	255000	300000
5	पगडंडी वाले दुकान	10000	11000	12000	13500	14900	16000

स्त्रोत: फील्ड-सर्वेक्षण तथा आँकड़ों का विश्लेषण

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

बैगा जनजाति में परंपरागत चिकित्सा पद्धति एक अध्ययन

सीमा सिंह * डॉ. शैलजा दुबे **

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश का एक महत्वपूर्ण भू-भाग आदिवासियों से बसा हुआ है। आदिवासी क्षेत्र विज्ञान की आधुनिक अल्पविधियों से सर्वथा अछूते, संस्कृति के वर्तमान स्वरूप से सर्वथा अपरिचित कृषि, उद्योग-धन्धे, शिक्षा आदि से जीते रहे हैं। मध्यप्रदेश का काफी बड़ा भाग आदिवासी घोषित हुआ है। इनकी अनेक जातियां और अनेक बोलियां है। प्रत्येक जाति की अपनी विशेषताएँ और प्रत्येक बोली के अपने अलग लहजे और शब्दावली है। भौगोलिक दृष्टि से पास-पास रहते हुए भी भाषा और रीति-रिवाजों की दृष्टि से ये जातियां परस्पर काफी दूर है। यदि इनमें परस्पर कोई साम्य है, तो वो है अशिक्षा, गरीबी, नवीन सभ्यता से भय और प्राकृतिक साधनों पर गुजारा करने की प्रवृत्ति। इतनी भिन्नता होने के बावजूद भी इन जातियों में हमारे लिए कुछ आकर्षण है। इनमें प्रमुख है-जीवन की सरलता, सच्चाई, ईमानदारी और मानस गृन्थिहीनता। खुले उन्मुक्त वातावरण में पलने वाले इन स्त्री-पुरूषों का हृदय भी प्रकृति के समान उन्मुक्त है।

आदिवासी क्षेत्रों में प्रविष्ट होकर वहां सभ्यता का प्रकाश पहुंचाने का प्रथम श्रेय ईसाई मिशनरियों को मिलता है। जिसमें श्री बेरियर ऐल्विन, ऐसे लोगों में से एक थे, जिनके ग्रन्थों ने सभ्य समाज का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया। बादमें महात्मा गांधी की दृष्टि इस ओर गयी और उन्होने आदिवासी सेवा-संघ की स्थापना का स्वर्गीय ठक्कर वाप्पा को आदिवासी उत्थान का काम सौंपा। संघ के प्रयत्न से आदिवासी क्षेत्रों में सुधान का कार्य काफी आगे बढ़ा। ईसाई मिशनरियों के सेवा संस्थान धार्मिक प्रचार के लिए थे। स्वतंत्रता के पष्चात भारत सरकार ने आदिवासियों की सर्वांगीण उन्नति का कार्य अपने हाथो में ले लिया। अब तो भारत सरकार का अधिकार प्राप्त कमीषन उनके हितों की देख-रेख करते है। प्रतिवर्ष देश ओर विदेशों से अनेकों समाजशास्त्र के शोध कर्ता इन क्षेत्रों में जाते हैं और इनकी समस्याओं का अध्ययन करते है। आदिवासियों की भाषा, साहित्य, सामाजिक प्रथाओं, धार्मिक विष्वासों आदि का विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के आदिवासी जातियों में बैगा भी एक है। शासकीय दृष्टि से यह अनुसूचित आदिम-जाति है और जो कि मध्यप्रदेश के बालाघाट और मण्डला जिले में ज्यादातर निवासरत है। बैगा लोगों के रीति-रिवाज अन्य आदिवासियों से अनेक बातों में भिन्न हैं।

क्षेत्र एवं बैगा जनजाति का परिचय-

बालाघाट जिले का संक्षिप्त विवरण-

लार्ड डलहौजी ने सन् 1845 में गोद लेने की प्रथा समाप्त कर भारतीय राज्यों को ब्रिटिष राज्यों में शामिल करना प्रारंभ किया तो उससे गोंडवाना राज्य भी अछूता नही रहा। गोंडवाना राज्य भी अंग्रेजो के अधीन आ गया। तब यह गोंड़वाना राज्य में शामिल था। ब्रिटिश राज्य के समय इस स्तन का मूल नाम बराहघाट था। बालाघाट अंग्रेजों के समय में तत्कालीन सेन्ट्रल प्राविन्स का हिस्सा था। जिसकी राजधानी नागपूर थी। 1867 ई. में सेन्ट्रल प्रविन्स के भंडारा, सिवनी एसं मंडला जिले के हिस्सों को मिलाकर बालाघाट जिले का गठन किया गया। इस जिले के मुख्यालय का नाम उस समय बूढ़ा या बुरहा था जो कालांतर में बालाघाट में तब्दील हो गया। जिस समय इस जिले का गठन किया गया था उस मात्र दो ही तहसील थी बालाघाट और बैहर। बालाघाट विदेशी सैलानियों के लिए पर्यटन स्थल बन गया है। कान्हा राष्ट्रीय पार्क जिसमें से एक है जो कि विदेशी पर्यटको के लिए नैसर्गिक सौन्दर्य से परिपूर्ण मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में चहुंओर बिछी हरियाली आंगतुको का स्वागत् करती है।

चारों ओर घने जंगलों से घिरा बालाघाट दक्षिण मध्यप्रदेश का एक शान्त, सुन्दर छोटा सा शहर है। सतपुड़ा पर्वत माला के छोर पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर बसा यह शहर शुद्ध हिन्दी भाषी है। यह एक नगरपालिका व बालाघाट जिले का प्रशासकीय मुख्यालय है। बालाघाट जिले का क्षेत्रफल 9245 किलो मीटर तक फैला हुआ है। बालाघाट जिले से बैनगंगा नदी बहती है जो कि काफी विश ाल रूप में है। बालाघाट जिले को नक्सली प्रभावित क्षेत्र भी घोषित किया गया है। वर्तमान में जनगणना 2011 के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 1701698 है।

परम्परागत चिकित्सा पद्धति एवं उपचार में प्रयुक्त जड़ी-बूटियां व तंत्र-मंत्र – सर्वेक्षित बैगा जनजाति में बीमारियों/रोगो का होना के संबंध में अनेक कारण भी मानते हैं जैसे किसी देवी-देवता की समय पर पूजा,वृत आदि न करना जिसके कारा इस देवी या देवता का रूठ जाना नाराज हो जाने के कारण यह माना जाता है कि देवी देवता की यह पूजन न करने से यह रोग हुआ है।

कभी है जो संबंधी बीमारी हो जाती है तो यह मानतेहै कि उनकी ग्राम देवी की समय पर पूजा नही की गई है उनकी नाराजगी का ही यह फल है।

इस प्रकार अनेक धार्मिक मान्यताएँ है जिन्हें समय एवं विधिवत पूजन न करने के कारण अनेक बीमारियों होती है।

इसी प्रकार भूत प्रेतात्मा संबंधी अवधारणा है कि कुछ रोगों का कारण भूत प्रेत है जैसे किसी महिला का गर्भवती न होना, अचानक किसी स्वस्थ व्यक्ति का बेहोश हो जाना बीमार हो जाना तो यह माना जाता है कि कोई भूत-प्रेत का प्रकोप है। बैगा जनजाति इन सब भूत-प्रेत पर विश्वास करते है।

* शोध छात्रा, बरकतउल्ला, भोपाल (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (समाजशास्त्र एवं समाजकार्य) उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल (छ.ग.) भारत

रोगी के होने के संबंध में अन्य मान्यताएँ भी है जैसे-किसी व्यक्ति को किसी से बदला लेना है जो वह गुनियाओं नाना प्रकार के जादू टोना करवाते हैं जिसे वह व्यक्ति किसी न किसी रोग बीमार से पीड़ित होता रहता है कई प्रकार के कष्ट होते है।

कुछ रोगो का संबंध पुर्नजन्म के पाप-पुण्य भी मानते हैं जैसे किसी के संतान का न होना ही माना जाता है कि वह नि:संतान इसलिए है कि इससे पूर्व जन्म में जरूर कोई पास किया है इस कारण इसे संतान सुख नहीं है।

इसी प्रकार कुछ रोग बीमारिया का संतान देवीय प्रकोप मानते हैं, क्योकि ये लोग देवीय प्रकोप से डरते हैं। यदि किसी प्रकार का कोई देवीय/प्राकृतिक प्रकोप हो जाता है तो विभिन्न प्रकार की बीमारियों का जन्म होता है। इन बीमारियों से बचने के लिए लोग देवीय/प्रकृति की पूजा करते हैं।

रोगो की परम्परागत चिकित्सा पद्धति एवं उपचार में प्रयुक्त जड़ी-बुटियां/ **मंत्र-तंत्र-**

रोगो की परम्परागत चिकित्सा पद्धति एवं उपचार के संबंध में सर्वप्रथम यह जानना आवश्यक है कि परम्परागत लोक चिकित्सक कौन है9 अत: जनजातीय समाज में इस प्रकार की भूमिका अथवा पारम्परिक रूप से कार्य करने वाले जानकारों को चार प्रकार से समझा जा सकता है:-

1. जादू कार्य आधारित गुनिया
2. वनौषधि/जड़ी बूटी का आधारित पण्डा या वैद्य
3. हड्डी जोड़ने वाला हड़जोड़
4. प्रसव कार्य दाई या बसोरन

रोगो के उपचार के प्रचार :

1. देवी देवता से सम्पर्क
2. जादू-मंत्र-तंत्र, झाड-फूंक
3. बनौषधि उपचार

निदान विधियां :

1. जादुई धार्मिक विधियां
2. देव पीड़ा चवल गेंहू दाने से पीड़ा का कारण ज्ञात करना
3. थाली विधि
4. सूपा झाड़ना
5. नाड़ी विधि
6. नाड़ी तंत्र की प्रवाह गति को ज्ञात कर रोग का पता लगाना कि रोग आंतरिक है या सामान्य।

लाक्षणिक विधि :

1. मन मस्तिष्क शरीर के लक्षणों से रोग ज्ञात करना।

रोगो की उपचार विधि :

1. पूजा - बैगा जनजाति के लोगो का विश्वास है कि नियमति अपने देवी-देवता तथा अन्य देवी देवताओं का पूजन, वृत्त आदि किया जाय तो अवश्य व्यक्ति स्वस्थ हरेगा, उसे किसी प्रकार के कष्ट, रोग बीमारी नही होगी। विवाह के अवसर पर दूल्हा देव की पूजा की जाती है। यदि दूल्हा देव की पूजा नही की जाय तो विवाह में बाधांए उत्पन्न होती है। ग्राम देव की वर्ष में एक बार पूजा की जाती है। इनकी पूजा करने से ग्राम में किसी प्रकार का संकट नही आजा है। इनके मुख्य देवी-देवता जैसे-काली कस खेरापति, बीजासेन, बड़े देव पीर बाब सिद्ध बाबा गुरू बाबा, गैलासुर, मुडी देव, अग्नि देवता, दूल्हादेव आदि की पूजा की जाता है। इन्हें प्रसन्न करने के लिए पेजा वृत आदि रखते है , जिससे कि देवी देवता किसी प्रकार की क्षति या कष्ट न पहुंचा सकें। बीमार व्यक्ति के ठीक होने के लिए अपने देवता या देवी की पूजा की जाती है। इस व्यक्ति के ठीक होने के लिए यह बोल दिया जाता हे कि हम यह प्रसाद चढ़ाएंगे। अवश्य पूरा करते हैं। रोग मुक्ति हेतु विधिवत पूजा की जाती है।

जड़ी बूटियां एवं बीमारी में उपयोग विधि - सर्वेक्षित क्षेत्रांतर्गत निवासरत बैगा जनजाति के जब कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है, तब उसे सर्वप्रथम गांव या अन्य नजदीक के जानकार व्यक्ति वैद्ध अपने ज्ञान से परम्परागत विधि से इलाज करता है जैसे-झाड़ फूंक करना, नाडी तंत्र देखना आदि। अनेक बीमारियों के इलाज जड़ी बूटियों से किया जाता है। एक बीमारी के इलाज हेतु विभिन्न जड़ी-बूटी उपयोग में लायी जाती है। दूरस्थ क्षेत्रों में आधुनिक चिकित्सक सुवधा उपलब्ध न होने के कारण परमपरागत चिकित्सा पर विश्वास करते हैं। प्रशासन द्वारा आधुनिक चिकित्सा पद्धति का प्रचार-प्रसार की कोशिश की जा रही है। शहरीकरण के प्रसार के कारण लोगो के विचारों में परिवर्तन हो रहा है। इस जनजाति के लोग असाध्य रोगो का इलाज जड़ी-बूटियों से करते हैं। कुछ वृक्षो की जड़े कुछ वृक्षो के फल-फूल इलाज हेतु उपयोग में लाते हैं। वैद्य का सम्मान किया जाता है, क्योकि वह अनेक कष्टों को दूर करता है।

विभिन्न बीमारियों के इलाज हेतु उपयोग में लाई जाने वाली जड़ी-बूटियां निम्नानुसार है:

क्र.	जड़ी-बूटी का नाम	बीमारी का नाम	उपयोग विधि
1.	मदन भस्म	घात	बरीक पीसकर दूध के साथ सेवन करना
2.	रामदातौन की जड़	महवारी अनियमित नि:संतान होना	बारीक पीसकर दूध के साथ सेवन करना
3.	नागदौन	सर्प का काटना	बीज पीसकर लेप करना
4.	सतावर	दूध न निकलना	जड़ पीसकर दूध में पीना
5.	आवंला की जड़	दांत दर्द	पीसकर कान में डालना
6.	तिनपनु की जड़	जानवरों के खता	पीसकर गाय के मूल के साथ लेप करना
7.	गंगेरूआ की जड़	पेट दर्द	जड़ पीसकर पेट में लेप लगाना
8.	लाल पथरचटा	अंदरूनी खता	जड़ पीसकर गाय के दूध के साथ पीसना
9.	ग्वारभाटा	जलने पर	छाल पीसकर दूध के साथ खाना
10.	मेढा लकडी	दस्त	छाल पीसकर दूध के साथ खाना
11.	भिरा	पेट में सून पडता दर्द होना	छाल जलाकर गुड़ के साथ खाना
12.	अकउवा	बिच्छु का काटना	रस सूघंने से छीक आ जाय तो बिच्छु का जहर खत्म करना
13.	घवा की छाल, सागोन की छाल किरवारा की छाल केवटी की छाल	पेट मे वल धूल होना	सभी जड़ी बूटी का घोल बनाकर पीना
14.	भटकटइया गटेरन	सीत	अरंडी के पत्ते में लपेटकर

			आग में गाढ़ना जिसजाने पर रस निकालकर शहद के साथ खाना
15.	आम की छाल जामुन, तिन्सा की छाल	आंव	पीसकर कपड़े में छानना चूर्ण को गाय के दूध मे पीना

उपरोक्तानुसार जड़ी-बूटियों के द्वारा विभिन्न रोगों का परामपरागत ढंग से चिकित्सा उपचार किया जाता है।

मवेषियों की बीमारियाँ:-

खुरहा की बीमारी:- इसमे मवेशी के चारों पैरों मकें फोड़े हो जाते हैं। इसके लिए अरण्डी, अलसी, भिलवा का तेल उसके खुरों में लगाते हैं। इस बीमारी से मवेशी की खुरी-खुर निकल जाते हैं।

माता की बीमारी:- मवेशी के शरीर में फोड़े हो जाते है, जिससे वह चरना बंद कर देता है। शाम को मवेशी की आरती उतारते है। सुबह स्नान करके गुड़, घी, धूप जलाते हैं। इस बीमारी को दूर करने के लिए कुल बोलना बदना करते हैं जब यह बीमारी ठीक हो जाती है तो भजन-पूजन इत्यादि करते हैं।

पेट फूलना:- इससे मवेशी का पेट फूल जाता है । पण्डा या ग्वाल मंत्र फूकता है बांये कान के अन्तिम छोर को थोड़ा सा काटकर बास की कमची से कान को एठते है या ठोकते हैं । ऐसा करने से खून टपता है और बीमारी ठीक हो जाती है। इस बीमारी के लिये जंगली जड़ी-बूटियों का उपयोग किया जाता है।

थाती की बीमारी:- रेपेट में, सीने में, बदन पर थाती हो जाती है। (जो बाहर निकलता है) उसे बाहर थाती कहते हैं व अन्दर वाले को अन्दर थाती कहते हैं। इसका इलाज नही होता।

तंत्र-मंत्र विधि से रोगो का इलाज:- इस जनजाति के लोग जब कोई व्यक्ति बीमार हो जाता है, तो उसे गुनिया (पंडा) के पास ले जाते है। गुनिया या पडा के पास मुख्यत: तब ले जाते हैं जब रोगी व्यक्ति जड़-बूटी या अन्य इलाज से भी ठीक नहीं हो रहा हो। गुनिया बीमार व्यति का दलाज तत्र-मंत्र से करता है। ये लोग अपनी कुशलता हेतु पूजा का सहारा होते है। देवी देवताओं की पूजा करते है मनोति करते है, ताकि फिर कोई संकट न आये ।बच्चों को किसी की नज़र न लगे इससे बचाने के लिए गुनिया (पंडा) से मंत्र व दवा से तावीज भ्रवाकर गले में पहना दिया जाता है। गुनिया व्यक्ति मंत्र की सिद्धी करते है। अमावस्या की रात व दीवाली के दिन की रात्रि में मंत्रों को जगाते है।

गुनिया मंत्रोचारण पूर्व अपने गुरू को भजता है, इसके बाद मंत्र उच्चारण करता है। मरीज के परिवार वाले गुनिया को मुर्गा, बकरा, प्रसाद, नारियल आदि देते है। यदि कोई बच्चा अचानक बीमार हो जाता है तो गुनिया उसे झांड-फूंक कर ढीक करता है, इसी प्रकार अन्य बीमारियों का इलाज झाड़-फूंक द्वारा ठीक किया जाता है। गुनिया मरीज को अपने सामने बैठा लेता है, तत्पष्चात् मंत्र प्रांरभ करता है। बीमारी के उपचार संबंधी कुछ मंत्र निम्नानुसार है:-

आंख का मंत्र:- कुम्हारिन बैटीतनेर बाप कहां के मारी कोड मारील का करही-चुकिया बनाही। चुकिया जा का करही- गुगा जमुना के पानी लाही। पानी ला का करही-आंख में डारही। काकर फूंके, मोर, फूंके, मोन गुरू धोबिन गुरू, ईश्वर गौरा वारवती, महादेव फूंके ले गंगा जमुना कस पानी आंख जुड़ाये।

बिच्छु का मंत्र:-बिछि-बिछि केउ जात हाही। बिछिया अठाराह जात छै यकारी, छै कलौरी बिछी उतरे डंक छावी, काकर, फूंके, मोर फूंके, मोर गुरू के फुंके, कौन गुरू धोबिन गुरू, ईश्वर गौरा पारवती, महादेव ले फूंके केबिच्छी डक सहित उतर जाये।

इत्यादि तंत्र-मंत्र द्वारा बीमारियों को इलाज करने का पारंपरिक पद्धति का प्रचलन है।

आधुनिक चिकित्सा पद्धति का प्रमाण- सर्वेक्षित क्षेत्रान्तर्गत निवासरत बैगा जनजाति में आधुनिक चिकित्सा पद्धति का प्रभाव पड़ा है। सड़क के किनारे स्थित ग्रामों मे आदिवासी लोग अनेक बीमारियों के इलाज हेतु समीप के परसाटोला, बैहर के शासकीय चिकित्सालयों में जाकर इलाज कराते हैं। परम्परागत अवधारणाओं में भी परिवर्तन देखने को मिलता है।

शिक्षा का प्रभाव शासकीय कर्मियों के सपर्क में आपे के कारण ये लोग आधुनिक चिकित्सा पद्धति पर विश्वास करने लगे है साथ ही थोड़ी बहुत जागरूकता के कारण ये लोग शासकीय अस्पताल भी जाने लगे है।

निष्कर्ष एवं सुझाव - बैगा आदिम जाति आरण्य एवं बीहड़ वनों में रहने वाली जाति है। यहां पर इनमें जो परिवर्तन आज नजर आते हैं उसे हम निम्नानुसार देख सकते हैं। इस समाज पर भारतीय समाज व संस्कृति का प्रभाव पूर्ण रूपेण दृष्टिगोचर होता है।

हिन्दुओं के प्रभाव का और संकेत यह है कि इनके घरों की दीवारों पर रंग से बने हिन्दू देवी-देवताओं के चित्र अंकित किये हुए है, ऐसा देखने में आताा है। एक गांव में मैने हनुमान, गरूण, कृष्ण भगवान तथा गणति के चित्र दो बार घर में दीवारों पर देखे थे। साथ में सत्य-शिवं-सुंदरम, अहिंसा परमों धर्म:, सत्यमेव जयते इत्यादि संस्कृत भाषा में सुभाषित भी लिखे रहते हैं।

बैगा जनजाति की समस्यांए तथा उनका समाधान - अब तक बैगा लोगो के विषय में हमने जो देखा है, उससे आर्थिक, सामाजिक एंव शैक्षिणिक समस्याएं समझ में आती है। भूमि उनके पास आवस्यक मात्र में नहीं है। भूमि की उर्वरता बहुत कम तथा कृषि तकनीकी निम्न स्तर की हैं वन आदिवासियों की अमूल्य वस्तु है पर उससे लाभ के बदले में कष्ट अधिक मिलते हैं । चारागार के स्थान भी नहीं बने हैं। ये लोग राज्य सरकार के निमयो से मिलने वाली सुख सुविधाओं से वंचित भी रह जाते हैं। थोडी बहुत जागरूकता आने के बावजूद भी ये लोग उसका उपभोग नहीं कर पाते हैं। बैगा जनजाति को राष्ट्रीय मानव का दर्जा प्राप्त है इसलिए सरकार की यह जिम्मेदारी होनी चाहिए कि इनको प्रचार प्रसार का माध्यम से सुविधा उपलब्ध कराई जावे ताकि ये अपने सुख सुविधाओं से वंचित न रह सके। ये जनजाति जंगलों में दूर दराज क्षेत्रों में निवास करते हैं इसलिए किसी का ध्यान भी इनकी ओर नहीं जाता है। शायर यही कारण है कि इनको मिलने वाली सुख सुविधाएं सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह जाती है। इसके लिए जरूरी है कि जनजाति घोषित किए गए क्षेत्रों में चलाये जाने वाले अभियान के माध्यम से इनके बीच जागरूकता लाई जा सके तभी ये विकसीत हो सकते हैं। गैर सरकारी संस्थाओं को चाहिए कि वे आदिवासियों को कानून कायदे से अवगत करायें जो कि उनके हित के लिये बनाये गये हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें आर्थिक व कानूनी सहायता प्रदान करें।

वन ग्रामों के संबंध में सरकार द्वारा बनायी गई नीति को लागू करके शीघ्र कदम उठाना चाहिए। इस कार्य के लिए वन विभाग, रेवेन्यू विभाग तथा विकास विभाग के अधिकारियों पर स्थिर सहयोग की भावना होनी चाहिये तथा इसके प्राप्त आय भी ग्राम पंचायतों को दी जानी चाहिए।

बैगा जनजाति में तथा अन्य जनजातिय समाजों में प्रचलित पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली एवं पारम्परिक चिकित्सा इलाज में प्रयुक्त जड़ी-बूटियों को संरक्षित किया जाना चाहिए। इस विधा के जानकार व्यक्तियों को

चिन्हांकित कर प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए जिससे वे इस विधा को जीवित रख सकेंगे। इससे ग्रामीण आदिवासी समाज तथा अन्य लोगों को भी विभिन्न बीमारियों का प्रारंभिक इलाज स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो सकेगा।

इस प्रकार आदिवासियों के उत्थान चिकास के लिये जो कार्यक्रम किये जा रहे है उस कार्यक्रमों को नियोजित ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। वर्तमान परिस्थितियों में आयुर्वेद दवाओं का काफी सेवन किया जा रहा है। इनकी प्राप्ति जंगलो से ही वनो के द्धारा प्राप्त की जा रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल जी.के. एवं पाण्डेय एस.एस.- सामाजिक सर्वेक्षण एवं अनुसंधान- 1987
2. मिश्र उमाशंकर एवं तिवारी प्रभात कुमार - भारतीय आदिवासी- 1975
3. मुखर्जी आर. एन. - भारतीय सामाजिक संस्थाएं- 1983
4. मुखर्जी एवं अग्रवाल भरत - संस्कृति व सामाजिक संस्थाएं- 1985
5. सिद्दीकी के.ए. - भारत के आदिवासी- 1984
6. पटेल डॉ. जी.पी. - जनजातियों में परम्परागत चिकित्सा पद्धति- 1998-99
7. मूर्ती आर. - एक जनजातीय समाज- 1972
8. मेरियट मेकम अनुवादक राव हरिकृष्ण - ग्रामीण भारत- 1960
9. उत्प्रेति - भारतीय जनजातियां 1970
10. रिपोर्ट ऑफ द शेड्यूल्ड ऐरिया एण्ड शेड्यूल्ड ट्राईब्स....कमीशन वाल्यूम 1

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

गरीबी उन्मूलन अभियान में शारदा ग्रामीण बैंक का योगदान

गरिमा सिंह *

शोध सारांश – शारदा ग्रामीण बैंक सतना ने गरीबी उन्मूलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। शारदा ग्रामीण बैंक से ऋण प्राप्त हितग्राहियों की जहाँ एक ओर आय में वृद्धि हुई है वहीं दूसरी ओर रोजगार दिनों में भी वृद्धि हुई है। शारदा ग्रामीण बैंक ने हितग्राहियों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर साहूकार एवं महाजनों के शोषण से मुक्ति दिलाया है। यह शोध पत्र पी–एचडी के शोध कार्य पर आधारित है।
शब्दकुंजी – गरीबी, बेरोजगारी, हितग्राही, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, गरीबी उन्मूलन अभियान, आर्थिक नियोजन, प्रतिव्यक्ति आय, आर्थिक शोषण।

प्रस्तावना – इलाहाबाद बैंक द्वारा प्रवर्तित शारदा ग्रामीण बैंक की स्थापना क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम 1976 की धारा 31(1) के अंतर्गत दिनांक 31 मार्च 1979 को भारत का राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित संदर्भ संख्या भाग खख खण्ड 3 उपखण्ड (खख) जारी अधिसूचना के अंतर्गत प्रसिद्ध देवी माँ शारदा के नाम पर हुई थी। कारोबार का प्रारंभ 21 मई 1979 से किया गया। शारदा ग्रामीण बैंक का उद्देश्य किसानों का सस्ती ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर साहूकारों एवं महाजनों के शोषण से मुक्ति दिलाना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास कर उसे आत्मनिर्भर बनाना है। शारदा ग्रामीण बैंक लोन संबंधी कार्य, डीडी, चेक एवं खाते संबंधी समस्त कार्यो को सम्पादित करता है।[1]

गरीबी का अर्थ उस स्थिति से है, जिसमें समाज का एक भाग अपने जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं को संतुष्ट करने में असमर्थ रहता है। प्रसिद्ध गाँधीवादी अर्थशास्त्री नरेन्द्र दुबे के अनुसार गरीबी का आकलन करने के लिए – सामान्यत: गरीबी का आकलन इस आधार पर किया जाता है कि किसी मानव समुदाय का भोजन, वस्तु, निवास, शिक्षा, चिकित्सा, मनोरंजन आदि का स्तर क्या है? निर्धनता रेखा के निर्धारण के लिए सुरेश तेंदुलकर द्वारा सुझाए गए फॉर्मूले में उपभोग व्यय को आधार माना गया है। शहरी क्षेत्र में प्रतिदिन रू. 28.65 व ग्रामीण क्षेत्र में रू. 22.42 प्रतिदिन से कम उपभोग व्यय वालों को इस फॉर्मूले के तहत 29.8 प्रतिशत लोगों को निर्धनता रेखा से नीचे माना गया है।[2] योजना आयोग के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिव्यक्ति 2400 कैलोरी प्रतिदिन तथा शहरी क्षेत्र में 2100 कैलोरी प्रतिदिन के हिसाब से भी जिन्हें प्राप्त नहीं हो पाता, उसे गरीबी रेखा से नीचे माना गया हैं।[3]

शारदा ग्रामीण बैंक गरीबी उन्मूलन संबंधी अनेक योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसमें प्रमुख रूप से शारदा किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, श्री यादे माटीकला योजना, कपिल धारा योजना, दीनदयाल मार्केट विकास योजना, बहन निवेदिता स्वसहायता समूह विकास योजना, स्वर्ण जयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना, रानी दुर्गावती अनुसूचित जाति/जनजाति रोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, शारदा किसान शक्ति योजना हैं। शारदा ग्रामीण बैंक अपनी इन योजनाओं के माध्यम से किसानों, लघु एवं कुटीर उद्योगों को ऋण उपलब्ध कराकर उनके विकास में सहयोग प्रदान कर रही है। सुबोध कुमार[4] (1992) ने अपने अध्ययन में पाया कि नियोजन पूर्व काल में ऋणग्रस्तता को गरीबी का पर्याय समझा जाता था, बैंक ने समाज के इस भ्रम को तोड़कर गरीबों की आर्थिक स्थिति सुधारनें में अपना अहम योगदान दिया है।

उद्देश्य –

1. शारदा ग्रामीण बैंक से ऋण लेने के पहले किसानों की आर्थिक स्थिति एवं ऋण लेने के बाद की आर्थिक स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. शारदा ग्रामीण बैंक को ऋण प्रदान करने में एवं ग्रामीण किसानों को ऋण प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं का अध्ययन करना।
3. परम्परागत व्यवसाय पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र पी–एच.डी के शोध कार्य पर आधारित है। इसमें म.प्र. के सतना जिले का चयन अध्ययन के क्षेत्र के रूप में किया गया है। यह प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों समंकों पर आधारित है। जहाँ एक ओर प्राथमिक समंकों का संकलन साक्षात्कार अनुसूची, अवलोकन एवं प्रश्नावली भरवाकर किया गया है, वहीं द्वितीयक समंको का संकलन अग्रणी बैंक इलाहाबाद बैंक की रिपोर्टो, वार्षिक कार्ययोजना, विभिन्न पुस्तकों, पत्र एवं पत्रिकाओं आदि से किया गया है। इसमें उन हितग्राहियों का चयन दैव निदर्शन विधि से किया गया है जो वर्ष 1991 से 2010 तक शारदा ग्रामीण बैंक सतना की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं।

रोजगार – रोजगार के बिना मानव विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। रोजगार के बिना मानव के अंदर विद्यमान शक्ति का हास हो जाता है और मानव निर्धनता के दुश्चक में फंसा रहता है। इसलिए रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता में है। शारदा ग्रीमण बैंक भी स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। हितग्राहियों को प्राप्त रोजगार संबंधी जानकारी निम्नलिखित है –

शारदा ग्रामीण बैंक द्वारा प्रदान ऋण की हितग्राहियों के रोजगार (दिन संख्या) पर प्रभाव

रोजगार दिन/वार्षिक	ऋण के पहले		ऋण के बाद	
	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
100 से कम	84	42	20	10
100-200	68	34	26	13
200-300	32	16	96	48

* अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

300 से अधिक	16	08	58	29
योग	**200**	**100**	**200**	**100**

स्रोत : व्यक्तिगत सर्वेक्षण

उपरोक्त सारणी के विश्लेषण से स्पष्ट है कि शारदा ग्रामीण बैंक सतना से ऋण प्राप्त करने के बाद हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले रोजगार दिनों में वृद्धि हुई है और वह आत्म निर्भर हुए हैं।

आय– इस शोध में यह जानने का प्रयास किया गया था कि क्या शारदा ग्रामीण बैंक सतना से ऋण प्राप्त करने के बाद हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति में बदलाव आया है ? इससे संबंधित अध्ययन क्षेत्र की जो स्थिति रही वह निम्नलिखित है –

शारदा ग्रामीण बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण का हितग्राहियों की आय पर प्रभाव

आय मासिक (रू. में)	ऋण के पहले		ऋण के बाद	
	आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
5000 से कम	70	35	18	9
5000–10,000	52	26	32	16
10,000–20,000	34	17	76	38
20,000–30,000	24	12	36	18
30,000 से अधिक	20	10	38	19
योग	**200**	**100**	**200**	**100**

स्रोत : व्यक्तिगत सर्वेक्षण

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि ऋण के पहले कम आय प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की संख्या अधिक थी, लेकिन ऋण प्राप्त करने के बाद अधिक आय प्राप्त करने वालों की संख्या अधिक हो गई। इस प्रकार शारदा ग्रामीण बैंक द्वारा जो ऋण प्रदान किया गया वह आय में वृद्धि के लिए सहायक रहा। इसी प्रकार भारतीय वेदी[5] ने अपने शोध में पाया कि बैंक के ऋण योजनाओं से हितग्राहियों का आर्थिक लाभ हुआ है।

निष्कर्ष – शोध से प्राप्त प्रमुख निष्कर्ष निम्नलिखित है :

1. शारदा ग्रामीण बैंक सतना से ऋण प्राप्त करने के बाद हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले रोजगार दिनों में वृद्धि हुई है और वह आत्मनिर्भर हुए हैं। इस प्रकार शारदा ग्रामीण बैंक सतना रोजगार सृजन कर अपनी महती भूमिका अदा कर रहा है।
2. शारदा ग्रामीण बैंक सतना से ऋण प्राप्त हितग्राहियों की आय में वृद्धि हुई है अर्थात आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।
3. शोध में पाया गया कि 74 प्रतिशत हितग्राहियों ने ऋण योजना का लाभ लेने के लिए शारदा ग्रामीण बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को घूस दी है। साथ ही यह भी पाया गया कि हितग्राहियों को समय पर ऋण नहीं मिलता है और उन्हें ऋण प्राप्त करने हेतु घूस देनी पड़ती है।
4. शोध में पाया गया कि साहूकार एवं महाजन आज भी गरीब किसानों से 75 प्रतिशत तक ब्याज वसूलते हैं अत: अधिक ब्याज लेकर उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वार्षिक ऋण योजना 2012–13, इलाहाबाद बैंक (अग्रणी बैंक), सतना म.प्र. पृ. 3
2. रेणु त्रिपाठी, 'ग्रामीण विकास और निर्धनता उन्मूलन' ओमेगा पब्लिकेशन्स, दरियागंज, नई दिल्ली, 2011
3. योजना आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली।
4. सुबोध कुमार, 'बैंक और भारतीय कृषि वित्त' कुरूक्षेत्र 37 (9), जुलाई 1992, पृ.30,31
5. भारती वेदी, 'ट्राईसेम योजना का अनुसूचित जनजातियों की व्यावसायिक गतिशीलता पर प्रभाव' पी–एच.डी शोध प्रबंध, बानिस महू, 2001 पृ. 295
6. मध्यांचल ग्रामीण बैंक, सतना म.प्र.।

****

पर्यावरण एवं परम्परा एवं सामाजिक आदतें

ऋचा एस. मेहता *

प्रस्तावना - वृक्ष है तो मानव हैं। वृक्ष फलदार हो, इमारती हो या औषधीय वह काम जीवमात्र के आता हैं। पशु-पक्षी कीड़े-मकोड़े ही नही, जितने भी जीव है, वृक्ष उनके सहयोगी है। उनके जीवन का आधार है। हम भारतीयों ने वृक्षों की इसी आस्था, विश्वास और उपयोगिताओं की समझ के आधार पर संवद्रधन और संरक्षण किया हैं। हमारी बहुत सी धार्मिक आस्थाएँ और सामाजिक परम्पराएँ इसी आधार पर बनी हैं। तीज त्यौहार के केन्द्र में भी पेड़ हैं। पूरा औषधि विज्ञान तो वनस्पति जगत पर ही निर्भर है।

सामाजिक आदत से अभिप्राय है जब किसी कार्य की पुनरावृति बार-बार की जाए तब वह आदत के रूप में परिवर्तित हो जाती हैं और जब इस आदत को समाज अपना ले तब वह सामाजिक आदत कहलाती हैं। भारतीय संस्कृति की यह विशेषता रहीं है कि जड़ चेतन द्रव्यों में जो भी जीवपयोगी प्रतीत हुआ समय-समय पर उसके प्रति आभार व्यक्त किया गया, साथ ही उसे धार्मिक भावनाओं में समायोजित किया गया ऐसे अनेक प्रमाण मिलते हैं जिनमें पच तत्वात्मक द्रव्यों की स्तुति का वर्णन हैं। अग्नि, वायु, भूमि तथा नदियों की स्तुतियों से संबंधित हमारे ग्रंथों में हमें अनेक उल्लेख मिलते है। औषधाय शांति: वनस्पतय: शांति: जैसे मंत्रों का सृजन ऐसी भावनाओं का उदाहरण है।

भारतीय संस्कृति का रूझान प्रकृति संरक्षण की ओर प्रारंभ से ही रहा है, प्रकृति के प्रति सम्मान और परस्पर साहचर्य एवं प्रकृति संरक्षण को श्रेष्ठतम कार्य का दर्जा दिया गया है। प्रकृति के प्रति हमारी सम्मान भावना दैनिक जीवन में रची बसी हैं। पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रयासरत सभी बुद्धिजीवियों व संस्थाओं का मानना है कि प्रकृति की रक्षा उसके साथ ही रहकर की जा सकती हैं ना कि प्रकृति से अलग रहकर।

आज भी हमारे देश में ऐसे अनेकों पर्व है जिनके प्रति हमारे पूर्वज सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करते थे और समय-समय पर पूजा करके प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करते थे। हम वर्तमान परिवेश में इन पर्वो के माध्यम से सदियों पुरानी परम्पराओं को क्षीण होने से बचा सकते है। हम अब ऐसे ही कुछ विशेष पर्वो के विषय में चर्चा करेंगे -

1. वसंत पंचमी : यह माघ शुक्ल पंचमी को मनाया जाता हैं आमों पर बौर और गेहूँ की फसल में बाले आने लगती है इसी दिन बसंत ऋतु का आगमन भी होता है, विद्यादात्री सरस्वती माँ का पूजन महोत्सव भी मनाया जाता है। बुंदेलखण्ड में इस दिन माँ शारदा का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है कई जगह महाकवि निराला जयंती भी मनाई जाती है इस दिन से ही कवि अपनी नूतन रचनाएँ भी प्रारंभ करते है।

आयोजनों को सामाजिक आदत में बदलना :

1. प्रकृति से प्रेरित कविताओं का आयोजन।
2. स्थानीय प्रजाति के वृक्षों का वृक्षारोपण।
3. बच्चों के लिए चित्रकला निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।
4. प्रबुद्ध पर्याविद्व (शिक्षाविदु) समाज व संस्कृति से जुड़े विशेषज्ञों के व्याख्यान।

2. नर्मदा जयंती : यह माघ शुक्ल सप्तमी को मनायी जाती है नदियों को भारतीय संस्कृति में माँ की मान्यता दी गयी है तथा उसकी पूजा अर्चना हमारी संस्कृति का एक प्रमुख अंग है। विश्व की सभ्यताएँ नदियों के किनारे पर ही विकसित हुई परन्तु आज सभ्यता के इस विकास की दिशा की परिणति पर्यावरण प्रदूषण विशेषकर नदियों तालाबों के प्रदूषण के रूप में परिलक्षित हो रही हैं। नदियों के प्रति हमारी अगाध आस्था सिर्फ जल की महिमा गान तक ही सीमित नहीं थी बल्कि उसके संरक्षण से भी जुड़ी हुई थी, दिल्ली और कानपुर में यमुना सिर्फ मैला बहाने का जरिया रह जाती है, गंगा नदी में शव बहाए जाते है और नर्मदा नदी में शवों की राख बहायी जाती है। वनों का विनाश औद्योगिक व नगरीय प्रदूषण अत्यधिक तथा अनियंत्रित मानवीय हस्तक्षेप नदियों को नालों में तब्दील कर रहे है, जिसे हमने माँ स्वरूप समझा। आज उसके अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। यदि पर्यावरण के संकट को सही अर्थो में बचाना है तो हमें फिर से इन पर्वो को सामाजिक आदतों में शामिल करना होगा।

3. आँवला नवमी : आंवला नवमी कार्तिक महीने की शुक्ल पक्ष की नौवी तिथि को मनाया जाता है यह पर्व उत्तर भारत में ज्यादा मनाया जाता हैं। इन पर्वो के माध्यम से हम सभी वनस्पतियों एवं औषधियों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते है भारत में प्रकृति के विभिन्न अंगों के प्रति हमारा पूज्य भाव रहा है, हम नदियों, पहाड़ों पशुओं की पूजा भी करते है इसके साथ ही वृक्षों की पूजा प्राचीनकाल से ही हमारी संस्कृति का आवश्यक अंग रहा है क्योंकि यह वृक्ष किसी ना किसी रूप से हमारी रक्षा करते है।

ऋग्वेद 9/5-10 के अनुसार

वनस्पति पवमान मध्वा समडिग्यधारया सहस्त्रवल्शं हरितं भ्राजमान हिरण्यम अर्थात हे सोम देवता:। तुम अपनी मधुमयी धारा से इस वनस्पति को सिंच दो तथा सम्पूर्ण धरा को अपनी सम्पदा से भर दो। धर्मो रक्षति: वृक्षो रक्षति रक्षत:। जो धर्म की रक्षा करता हैं धर्म उसकी रक्षा करता है उसी तरह जो वृक्ष की रक्षा करता है वृक्ष उसकी रक्षा करता है।

आयोजनों को सामाजिक आदत में बदलना :

1. संस्थागत सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर सघन वृक्षारोपण (संभव हो तो औषधि वृक्ष)
2. वृक्ष और पर्यावरण से जुड़े विषयों पर व्याख्यान।
3. नगर के समस्त वृक्षों का सूचीकरण उन्हें बचाने का प्रयास।
4. वृक्षों से संबंधित लोक कथाओं लोक गीतों, श्लोकों कविताओं का संकलन और प्रकाशन व प्रदर्शनी।

* एसोसिएट प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, सोनकच्छ (म.प्र.) भारत

4. गंगा पूजन (गंगा सप्तमी/गंगा दशहरा) : यह ज्येष्ठ माह के शुक्ल की दसवीं तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व गंगा के किनारे बसे हुए नगरों और गाँवों में मनाया जाता है। परन्तु उत्तर भारत की नदियों की पूजा अर्चना के रूप में मनाया जाता है इस दिन पुरूष नदियों में स्नान कर सूर्य को जल अर्पित करते है साथ ही प्रार्थना करते है कि भगवान इसी तरह नदिया भरपूर जल हमें प्रदान करती रहें और अपना दया भाव हमारे प्रति रखें।

आयोजनों को सामाजिक आदत में बदलना :

1. जल स्त्रोतों के समन्वित संरक्षण हेतु प्रयास।
2. नदी प्रदूषण के बारे में बच्चों को जागरूक करना।
3. परम्परागत विधि से पर्व मनाए परन्तु नदी और जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाए।
4. जल स्त्रोतों से संबंधित लोक कथाओं का संकलन।

5. वट अमावस्या : वट अमावस्या का पर्व ज्येष्ठ माह की अमावस्या को मनाया जाता है, भारतवर्ष में वैदिक काल से ही वनस्पतियों का महत्व पहचाना गया है। यदि हम प्राचीन समय में जाए तो भारतीय सभ्यता पूर्णत: वनों पर ही आश्रित थी आयुर्वेद गंथों में विविध वनस्पतियों के क्षुप, गुल्म, वृक्ष लता, वल्ली इत्यादि तथा मूल कंद पल्लव, पुष्प, मज्जा कलिका मकरंद पराग इत्यादि विभिन्न वनस्पतियों के आश्रय स्थल, वृक्षवाटिका प्रभदवन, विपिन, कानन, उद्यान इत्यादि का उल्लेख भारतीय ग्रंथों में मिलता है आज के संदर्भ में आवश्यकता इस बात की हैं कि जनसामान्य को यह वनस्पतियों के संरक्षण का महत्व समझाया जाए और उसे बचाने की कोशिश भी की जाए।

ज्येष्ठ महीने की अमावस्या को मनाया जाता है। संस्कृत साहित्य में पंचवटी के पाँच वृक्षों वट वृक्ष सबसे प्रमुख हैं अपने स्वरूप के कारण वट वृक्ष वृक्षों का राजा कहलाता हैं वह वृक्ष हमेशा स्वयं ही अपने को नवीनीकृत करता रहता हैं अपनी शाखाओं को तने में बदल देने के गुण के कारण इस वृक्ष को अद्वितीय माना गया है। भारत में सर्वत्र जिन दो वृक्षों की पूजा होती है, उसमें से एक वट वृक्ष है यह पर्व हमें देश के सभी हिस्सों में दिखाई देता है।

हिन्दू धर्म की मान्यताओं में बरगद के वृक्ष का उच्च स्थान हैं आषाढ माह भी भीषण गर्मी में बरगद की छांव तले विवाहित स्त्रियाँ वटवृक्ष की पूजा करती हैं और वट वृक्ष के समान ही अपने वंश की वृद्धि सुख और समृद्धि की कामनाएँ करती हैं।

6. हरियाली अमावस्या : यह पर्व सावन महीने की अमावस्या को मनाया जाता हैं। छत्तीसगढ़ में यह पर्व हरेली तथा मालवा में दिवासा के नाम से लोकप्रिय हैं। यह पर्व वर्षा ऋतु के कारण प्रकृति में आए सौंदर्यपूर्ण बदलाव का स्वागत करता हैं। उस दिन कृषक अपने पशुधन और उपकरणों की पूजा करते हैं। मालवा क्षेत्र में यह पर्व सभी जाति अपने पशुधन और उपकरणों की पूजा करते हैं। मालवा क्षेत्र में यह पर्व सभी जाति और सम्प्रदाय में मनाया जाता हैं इस दिन महिलाएँ परम्परागत गीत गाते हुए गेरू और चूने से दीवारों पर वृक्षों के चित्र बनाती हैं जिसमें प्रकृति का सौंदर्य दिखायी देता है, इस दिन मान्यतानुसार वृक्षारोपण का विशेष महत्व है जैसे तुलसी का पौधा इसी दिन लगाया जाता है।

हमारे देश में प्रकृति की सम्पूर्णता के विचार का महत्व दिया गया है। इसलिए हमारे यहाँ पर्यावरण पर एक शास्त्र भी विकसित किया गया। पेड़ निर्जिव वस्तु तो नहीं है कि उसको कहीं भी कभी भी किसी भी तरह से लगा दिया जाए, वृक्षारोपण के समय इस बात का ध्यान रखा जाता है कि कौन से पेड़ कब और कहाँ लगाना चाहिए किस पेड़ के लिए कौन सी दिशा और कौन सी मिट्टी बेहतर हैं, समाज की वृक्षों में रूचि रहे इसलिए वृक्षारोपण के ज्ञान को धार्मिक पहलू से जोड़ दिया ताकि ये ज्ञान जनसाधारण तक पहुँचे। तरू महिमा के श्लोकों में पेड़-पौधे लगाने का महत्व बताया गया है।

आयोजन को सामाजिक आदत में बदलना :

1. वृक्षारोपण हेतु जागरूकता अभियान, वृक्षारोपण की तैयारी।
2. वृक्षों की परम्परागत रीति-रिवाजों से पूजा।
3. वृक्षों का महत्व पर प्रतियोगिता करवाएं।
4. वृक्षों के विनाश को रोकने के लिए जागरूकता लाएँ।

7. शरद पूर्णिमा : यह पर्व आश्विन माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है ऋतु चक्र कभी थमता नहीं हर मौसम में समा जाता हैं उसकी खास मिठास, निखर आता हैं उसका सौंदर्य। कभी बसंत, कभी फागुन, कभी ग्रीष्म कभी सावन और फिर शरद ऋतु वर्षा की समाप्ति और शीत ऋतु के आगमन के बीच हैं शरद ऋतु। शरद ऋतु का अत्यधिक महत्व हैं। मान्यता है सभी वनस्पतियों में औषधियों में इस और प्रभाव की उत्पत्ति शरद ऋतु में होती हैं। ऐसी धारणा है शरद पूर्णिमा की रात अमृत बरसता है इस रात को सभी लोग खीर बनाते है और अपनी छत पर खुला रख देते है तथा पूर्णिमा के चन्द्रमा की रश्मियों से सारोबार इन व्यंजनों को ग्रहण करते हैं।

प्रस्तावित आयोजन :

1. आकाश में तारामण्डल का अध्ययन तथा दर्शन।
2. परम्परागत रिवाजों से पर्व का आयोजन।
3. प्रकृति व निसर्ग पर केन्द्रित कविताओं का पाठ।
4. वायु प्रदूषण के संबंध में जानकारी व नियंत्रण करना।
5. मिट्टी की जाँच तथा उसके अनुसार उर्वरकों का प्रयोग।
6. जल ग्रहण क्षेत्र का विकास।

सुझाव :

1. प्रकृति के सानिध्य का सुख समझे। अपने आसपास छोटे या बड़े वृक्ष लगाएं।
2. अपने या बच्चों को जन्मदिन हो या कोई भी यादगार क्षण पेड़ लगाकर उन यादों को चिरस्थायी बनाने।
3. घरों में या विभिन्न सामाजिक आयोजनों में उपहार में पुष्प गुच्छ के स्थान पर पौधे देकर सम्मानित करें।
4. ब्रश करते समय नल खुला ना छोड़े।
5. यह प्राकृतिक सम्पदा बहुत कीमती वह मँहगी भी है। इसका पुनउत्पादन बहुत लम्बा है। इसकी बचत करें।
6. अपने आसपास जागरूकता फैलाए।
7. शिक्षण संस्थाओं में पेड़ जागरूकता पर पोस्टर लगवाएं।

निष्कर्ष - वृक्ष और पेड़ पौधे सूर्य की रोशनी को अपने में निहित कर लेते है। पेड़ पौधे एक सीमा तक ऊर्जा प्रदान करने का कार्य करते है। यदि हम प्रकृति से दूर जाएंगे तो हम प्रलय में अपनी सहभागिता निभाएंगे यदि हम अपनी प्रकृति को बचाना चाहते है तो उसके पास ही रहना होगा उसका विकास करना होगा हम सभी को अपने आसपास और सारे देश को हरियाली से भरना होगा। 'जियो और जीनो दो'

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तथ्य भारती पत्रिका।
2. स्वयं के विचार द्वारा।
3. पत्र-पत्रिकाएँ एवं दैनिक समाचार-पत्र।
4. टॉल एल.एस - हमारा पर्यावरण।
5. समाजशास्त्र - गुप्ता एण्ड शर्मा।

The Impact Of Yoga On Students Life

Dr. K.G.Pandey * Dhermender **

Abstract - Maharshi Patanjali has defined yoga as action and pointing to what is central in the activity that is yoga. Yoga is recognized as one of the most important and valuable heritage of India. Today, whole world is looking towards yoga for answering various problems. Today, yoga is not popular as a system of philosophy but as a system of practical discipline. The application of yogic techniques is seen for getting the benefit of health and cure of diseases, such as stress. Even though our attitudes to the nature of yoga itself may be different from those through whom yoga evolved, its wisdom still applies. Yoga is for everybody, every place, and every age -group.The message of yoga is loud and simple "Take good care of yourself and all else is taken care of".

Introduction - Yoga is recognized as one of the most important and valuable heritage of India. Students face many pressures from school, which can amount to a significant amount of stress. Learn about the different causes of school stress and find resources for overcoming it, including study tips and stress relievers specifically designed for students. Contrary to contemporary attitudes stress is not the secret to success. We do not perform at a higher level academically and professionally when we are tight, anxious and stressed but rather when we are focused, claim, loosened-up and breathing on a regular basis.

Statement Of The Problem

"The Impact Of Yoga On Students Life"

Concept of Yoga - Yoga is recognized as one of the most important and valuable heritage of India. Today, whole world is looking towards yoga for answering various problems. Inspite of this, no field is so grossly misunderstood as yoga, even in India. If one take a cross section of the society and take a general survey of the public opinion about yoga, one shall find that there are many m isbeliefs. H ow ever, yoga is respected by the Indian schools of philosophy and other philosophers because of its practical aspect containing various psycho-physiological practices rather than its philosophy. Patanjali has attem ptetd to define clearly the sense of the term in the "Yoga Surta": H ere 'nirodha' has modifications which means that yoga is the restrain of mental fluctuations and been employed in the sense of a verb, in the sense of purposeful action undertaken in order to achieve a specific end.Tapa, swadhyay, Ishwar, Pranidhnani kriyayoga.

Patanjali has defined yoga as action (K riya) and pointing to what is central in the activity that is yoga. According to Sampoornanand (n.d) yoga word is originated from 'Yug Dhatu', which means integration. Yoga is that organized activity in which there is a mating of human soul and super soul. The aim of yoga itself is integration of personality in its all aspects. In order to help the developm ent of such an integration various techniques are em ployed. "Balancing of mind is called yoga".

Gita - Yoga is closely allied to nature. Nature has decreed, barring exceptionally unfortunate cases, that the functions of the body and mind are properly aligned and m utually related. The philosophy of yoga assumes that man, in his natural, unpolluted condition of body and mind, functions as a part of the cosmic rhythm in which both the processes of grow th and decadence are normal and smooth flowing. Today, yoga is not popular as a system of philosophy but as a system of practical discipline. The application of yogic techniques is seen for getting the benefit of health and cure of diseases, such as stress -management; and for improving the efficiency of the individuals in different fields. Yoga is being utilized from the most fundamentally personal to the social and educational implications of the society as a whole. No matter how times and life styles changes, the soundness of the judgement of the ancient sages in matter relating to life and conduct is still relevant. Even though our attitudes to the nature of yoga itself may be different from those through whom yoga evolved, its wisdom still applies. It is in this spirit that a modest guide to Yogãsanas be prepared to provide instructions as well as warning. The practice of Yogãsanas is open to all age groups and even to those who suffer from physical and emotional ailments. The food we eat, the water we drink, the air we breathe and the way we react to changing environment and situations, all factors influence our life.

The science of yoga also takes full cognizance of these factors because it looks at life in its totality. It emphasizes the organic unity be tween man and his environment, and

*Asso. Prof. (Education) Digambar Jain College, Baraut, Distt. Baghpat (U.P.) INDIA
** Research Scholar, Singhania University (Raj.) INDIA

between discipline and well-being. It seeks to restore the sense of balance and poise that a thousands little things in the environment seek to disturb or destroy. Yoga is for everybody, every place, and every age -group.

The message of yoga is loud and sim ple "Take good care of yourself and all else is taken care of".

Before analyzing what Yogãsana is, it is better to know what it is not?. Yogãsana is neither some kind of gymnastic nor it is entertainment, meant to am use an audience. Besides, it does not seek to develop only the physique. It doesn't require any external tools for its practice. Some people have the impression that Y ogãsana is transcendental meditation; though it can be preparatory exercise for it. Sadhna is a spiritual endeavourer and its aim is to enable the Sadhaka to activate what may be called the divine flame' within him by constant practice under expert guidance. Y ogãsana is therefore not easy to cultivate unless there is a personal guidance of a qualified person.

Review Of Related Literatiure - An attempt has been made by the research scholar to locate literature to this study. A brief review of studies of specific performance related to this study cited below:

Weinberg (1978) studied the effect of resultant achievement motivation (N.Arch) on the efficiency of motor performance and also finds out that under achievement oriented conditions persons with high achievement need. Based from scores Merabaiam Achievement Scale 20 male College students were classified as low in resultant achievement (N.Arch)20 participants within each motive group were randomly assigned either through relax or achievement oriented conditions. 27 trials each of 10 seconds duration were administered on a rotor interval. After 10 minutes rest participants completed 27 more trials. Statistical Analysis included both (2) x Block of Trial (2) x ANOVA for each session with repetition on final factor.

Maxson (1982) conducted a study to find relation between motivation and performance in competitive swimming. The mehrabiam measure of achievement tendency and a survey of a swimming achievement tendency and a survey of a swimming achievement tendency and a swimming achievement instrument designed by investigator were given to 44 college swimmers (29 males, 15 females) from four universities

Selection of training programme - The six weeks training programme was given to the subjects which included the sheetkari pranayam practice once a day in morning. The exercise was practiced as directed in books, inhalation through the mouth and exhalations through the both the nostril.

Analysis Of Data And Result Of The Study - The statistical analysis of data based on academic stress collected on 30 male and female subjects belonging to experimental group is presented in this chapter.

To determine the effect of sheetkari pranayam on academic stress of experimental group and control group analysis of covariance was used and analysis of data pertaining to this study are presented in table

Analysis Of Covariance Of The Mean Of Experimental Groups And Control Group On Academic Stress

Group			Sum of square	Mean of square	F ratio
	Experimental group	Control group			
Pre test mean	36	38	47.1	46.1	46.89
Post test mean	31	40	48.72	44.04	49.01
Adjusted post test mean	36	39	36.02	32.07	33.72

Discussion of hypothesis - There for it was hypothesized that there would be definite changes in academic stress level due to six weeks of sheetkari pranayama had been accepted in this study

Paired adjusted mean and differences between means for experimental groups and the control group on academic group

Mean		Difference between the mean	Critical difference for adjusted mean
Experimental group	Control group	0.20	0.46
44	48		

Significant at 0.05 level of confidence.

Discussion of findings - There was no change found in control group because the control group was not edged in any type of systematic yogic breathing practice as the better performance of experimental group as compared to the control group may be due the fact that the experimental group have undergone systematic and progressive training program for duration of six weeks where as control group did not participated in any kind of normal training. It sin an established fact that regular training of sheetkari pranayama helps the students to overcome the psychological problems of academic. As the result of the study sheetkari brings a positive effect on academic stress by reduce it.

Summary - The purpose of study was to find out the effect of sheetkari pranayamaacademic anxiety scale for children questionnaire consists of 20 items each items has got two choices to answer the subjects were asked to tick on the place provide for each.

After the treatment of sheetrkari pranayama for six weeks the groups were again tested by using the same questionnaire and their scores were recorded. The analysis of co-variance on academic stress indicated that the resultant in case of pre test was found to be significant at level of 0.05 levels. The different between for adjusted post means of two groups was significant.

Conclusion - Within the limitations of the study the following conclusion was drawn

1. There is significance difference between score of the pre test experimental, group has gained progress in academic stress scores by reducing it.
2. The difference found in

References :-

1. Clarke David H. and Clarke Harrison, **Research Process in Physical Education** (Englewood Clifts, N.J: Prentice Hall INC, 1984).
2. Cratty Byrant J., **Psychology and physical Activity** (Englewood Cliffs, N.J.Prentice Hall Inc., 1968).
3. Cratty Byrant J., Psychology and the Superior Athlete (London: Me Million Company Ltd., 1983).
4. Kamlesh M.L., **Psychology of Physical Education and Sports** (New Delhi: Metropolitan Book Company, 1983).
5. Martens Rainer, **Sports Competition Anxiety Test** (Human Kinetic Publishers, 1982).
6. Robbers Glyn C., Kelkins, Spink S. and Cynthia L. Pemberton Learning **Experiences in Sports Psychology** (Human Kinetics Publishers Inc., 1986).

****

ग्रामीण एवं शहरी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के शिक्षक दायित्व

डॉ. कृष्ण गोविन्द पाण्डेय * सत्यपाल सिंह **

शोध सारांश – शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक की अहम भूमिका है। शिक्षा बाल केन्द्रित होती है। शिक्षा समाज के उन्नयन तथा राष्ट्र के कल्याण के लिए होती है। शिक्षा की यह प्रक्रिया शिक्षकों के द्वारा संचालित होती है। शिक्षक का यह कर्त्तव्य है कि वह बालकों, समाज और राष्ट्र के कल्याण हेतु शैक्षिक कार्यक्रमों का दायित्वपूर्ण संचालन करे। शिक्षक छात्रों के सर्वागीण विकास के लिए जवाबदेह, जिम्मेदार और उत्तरदायी है। बालक यदि विकसित होता है, कक्षा में प्रथम आता है, समाज में प्रतिष्ठा पाता है, राष्ट्र के लिए गौरवपूर्ण कार्य करता है, तो उसकी वाहवाही शिक्षक को ही मिलती है। बालक बड़े ही सृजनात्मक होते हैं। जैसे प्रश्न वे करते हैं, उनके सामने जो भौतिक वस्तुएँ आती हैं उनके विभिन्न उपयोग वे खेल में जिस प्रकार करते हैं, हम जो प्रश्न उनसे करते हैं या जो समस्याएँ उनके सामने रखते हैं, उनके समाधान वे जिस प्रकार सुझाते हैं: इन सब में उनकी सृजनशक्ति की अभिव्यक्ति दृष्टिगोचर होती है, यदि इसको देखने की सही दृष्टि हम विकसित कर सकें। बच्चों के विचारने, कार्य करने, प्रश्नों व पहेलियों के हल सुझाने में ताजगी व सृजन-शक्ति को शिक्षक कुण्ठित न कर दे, यही उसका सर्वोपरि दायित्व है। इसको पहचानना ही उसकी संवेदनशीलता है।

प्रस्तावना – प्रारम्भिक अवस्था में शिशु का शरीर कुछ कोष्ठों का केवल योग होता है तथा जन्म के समय जो उसे जैवकीय वंश परम्परा से तत्व प्राप्त होते हैं, वे अकेले शिशु को इस योग्य नहीं बना पाते कि वह अपने सामाजिक परिवेश के साथ सफलतापूर्वक समायोजन कर सके। वास्तव में शिक्षा व्यक्ति में वह अपेक्षित आदतें, कौशल तथा अभिवृत्तियाँ विकसित करने का माध्यम है, जिससे व्यक्ति के व्यक्तित्व का सर्वागीण विकास होता है।

शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक की अहम भूमिका है। शिक्षा बाल केन्द्रित होती है। शिक्षा समाज के उन्नयन तथा राष्ट्र के कल्याण के लिए होती है। शिक्षा की यह प्रक्रिया शिक्षकों के द्वारा संचालित होती है। शिक्षक का यह कर्त्तव्य है कि वह बालकों, समाज और राष्ट्र के कल्याण हेतु शैक्षिक कार्यक्रमों का दायित्वपूर्ण संचालन करे। शिक्षक छात्रों के सर्वागीण विकास के लिए जवाबदेह, जिम्मेदार और उत्तरदायी है। बालक यदि विकसित होता है, कक्षा में प्रथम आता है, समाज में प्रतिष्ठा पाता है, राष्ट्र के लिए गौरवपूर्ण कार्य करता है, तो उसकी वाहवाही शिक्षक को ही मिलती है। यदि बालक अनुत्तीर्ण होते है, अनुशासनहीन बनकर समाज में दुर्व्यवहार करते है, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लगते है, तो इसके लिए गाली भी उसी को सुननी पड़ती है। शिक्षक अपने दायित्व को जितनी प्रामाणिकता से पूर्ण करता है उसी अनुपात में शिक्षा और बालकों का विकास होता है। अत: शिक्षकों में दायित्व बोध की मात्रा ही वह कसौटी है जिसके आधार पर हम किसी भी शिक्षक को अच्छा या बुरा शिक्षक कह सकते हैं।

शैक्षिक दायित्व शिक्षकों की एक ऐसी मानसिक अवस्था, रुझान अथवा कर्त्ताव्य संकल्प है जिसके फलस्वरुप शिक्षक अपने क्रियाकलापों के प्रति समर्पित तथा जागरुक रहते हुए अपने निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर शिक्षा के हित में ही कार्य करता है।

1. शिक्षकों का छात्रों के प्रति दायित्व बोध,
2. शिक्षकों का अभिभावकों के प्रति दायित्व बोध,
3. शिक्षकों का विद्यालय के प्रति दायित्व बोध,
4. शिक्षकों का समाज के प्रति दायित्व बोध

शिक्षा का शाब्दिक अर्थ – शिक्षा शब्द अंग्रेजी भाषा के 'एजूकेशन' का हिन्दी रुपान्तरण है।इसकी उत्पत्ति लेटिन भाषा के 'एडूकेटम' शब्द से हुई है, जिसका अर्थ होता है-ज्ञानार्जन करना।

शिक्षित करना अथवा शिक्षण कला। इसमें 'ई' का अर्थ-अन्दर से तथा ड्यूको का अर्थ है-प्रशस्त करना या आगे बढ़ाना। इस प्रकार एजुकेशन का शाब्दिक अर्थ है कि 'बालक के अन्दर छिपी शक्तियों का बाहर की तरफ सम्पूर्ण विकास करना।'

'अन्तर्निहित प्रतिभाओं को बाहर निकालना था विकसित करना शिक्षा या Education है।'

भारतीय ग्रन्थों के अनुसार शिक्षा का अर्थ- शिक्षा की उत्पत्ति संस्कृत की शिक्ष् धातु से हुई है, जिसका अर्थ है- ज्ञानार्जन करना। उपनिषद् में शिक्षा को आत्मान तथा ब्रह्मज्ञान प्राप्त करने की प्रक्रिया कहा गया है। एक अन्य भारतीय ग्रन्थ में 'सा विद्या या विमुक्तयेय कहकर मुक्ति को विद्या का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस प्रकार शिक्षा एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। यह वातावरण से अंगीकृत है और यह लगातार चलने वाली वह प्रक्रिया है, जो जीवन भर चलती है।

आधुनिक युग में शिक्षा का महत्व – मानव के विकास मे ज्ञान का भी विशेष महत्व है। आज व्यक्ति जो भी प्रगति एवं आगे बढ़ रहा है, वह सब ज्ञान के माध्य से ही बढ़ रहा है। जैसे-जैसे व्यक्ति आगे बढ़ता जा रहा है, उसका ज्ञान भी बढ़ता जा रहा है। आज मनुष्य के ज्ञान के कारण सूर्य एवं चन्द्रमा तक पहुँच गया है। आज का व्यक्ति सभी कार्य कर सकता है। उसके लिए सभी कार्य बहुत ही सरल है।

यदि देखा जाये तो शिक्षा कृत्रिम है और ज्ञान नैसर्गिक। शिक्षा किसी के द्वारा दी जाती है और ज्ञान का अनुभव करने के बाद ही पता चलता है।

संक्षेप में, शिक्षा ही ऐसा धन है जो बाटने से कभी नही घटता है। वस्तुत: मनुष्य के जीवन का मूल आधार शिक्षा होना चाहिए।

* एसोसिएट प्रोफेसर, शार. शिक्षा विभाग दि.जै. महाविद्यालय, बड़ौत (उ.प्र.) भारत
** शोधार्थी, सिंघानिया विश्वविद्यालय (राजस्थान) भारत

सन्दर्भ साहित्य की समीक्षा

यादव आकांक्षा (2012), 'शिक्षकों की भूमिका व कर्त्तव्यों पर पुनर्विचार' शोध पत्र में पाया कि शिक्षा सिर्फ अक्षर-ज्ञान या डिग्रियों का पर्याय नहीं हो सकती बल्कि एक अच्छा शिक्षक अपने विद्यार्थियों का दिलो-दिमाग भी चुस्त-दुरुस्त बनाकर उसे वृहद आयाम देता है। शिक्षक का उद्देश्य पूरे समाज को शिक्षित करना है। शिक्षा एकांगी नही होती बल्कि व्यापक आयामों को समेटे होती है।

डा. राधाकृष्णन शिक्षा को जानकारी मात्र नहीं मानते बल्कि इसका उद्देश्य एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। शिक्षा के व्यवसायीकरण के विरोधी डा. राधाकृष्णन विद्यालयों को ज्ञान के शोध केंद्र संस्कृति के संवाहक मानते थे। यह डा. राधाकृष्णन का बड़प्पन ही था कि राष्ट्रपति बनने के बाद भी वे वेतन के मात्र चौथाई हिस्से से जीवनयापन कर समाज को राह दिखाते रहे।

शर्मा, बी. बी.(2007) ने, अपने आलेख 'शिक्षक और शिक्षार्थी: समाज के दो पहलू' में पाया कि बच्चे में प्रारम्भ से ही सही संस्कारों को जन्म देना परम आवश्यक है जिससे भविष्य में उत्तम निखार आ सके और ये सब अच्छी शिक्षा के माध्यम से ही सम्भव है। इसके लिए शिक्षक और शिक्षार्थी के बीच की कड़ी को मजबूत बनाने के लिए दोनों कर्त्ताओं को अपने-अपने कर्त्तव्यों का सही निर्वाह करना चाहिए, जिससे समाज में शिक्षा रूपी प्रकाश सदैव प्रकाशित रहे और अज्ञान रूपी अन्धकार सदैव के लिए हमारे देश से जड़ से समाप्त हो सके।

मखीजा, कुलभूषण लाल (2007) ने, अपने आलेख 'पालक, शिक्षक का यथार्थ दायित्व' आधुनिक शिक्षा जगत में शिक्षक की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षक को समुचित मानदेय, वेतन तथा साधन उपलब्ध कराए जाएँ तब वह पालक वर्ग के समान ही भावी नागरिकों वर्तमान छात्रों के स्वस्थ निर्माण में सार्थक सहयोग दे सकता है। सामान्यत: शिक्षक वर्ग केवल निर्धारित पाठयक्रम को पढ़ाने में तल्लीन रहता है। अपने विशय-विशेष तक ही उसका ध्यान केन्द्रित रहता है।

सिंह, तेज प्रताप (2006) ने,शीर्षक 'शैक्षिक गिरावट का जिम्मेदार कौन ?' में पाया कि वह देश जो ऋग्वेद सहित अनेक वेदों का रचनाकार है। जिसने विश्व को सभ्यता और संस्कृति की दीक्षा दी। जो अनेक सदियों तक विश्व का पुरोधा बना रहा, उस देश की शिक्षा गिर चुकी है। यह सुनकर दुखद आश्चर्य होता है। गिरावट शब्द सुनते ही मन में एक घिनौनी स्मृत्ति छा जाती है। यद्यपि कहीं-कहीं गिरावट का अर्थ अच्छाई से लगाया जाता है। जैसे यदि व्यक्ति के स्वार्थ, लोभ, मोह, क्रोध आदि में गिरावट दिखाई पड़े तो अच्छी बात है, लेकिन यदि चरित्र, कर्त्तव्य, धर्म, सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों में गिरावट आती है तो व्यक्ति की सामाजिक मृत्यु हो जाती है।

सिंह, श्रवण (2006) ने, 'शिक्षा के गिरते हुए स्तर को कैसे ऊँचा उठाया जाये ?' अपने प्रपत्र में पाया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विद्यालयों में समाज का अनावश्यक दखल अथवा दूशित राजनीति शिक्षक-समुदाय की सुरक्षा के लिए खतरनाक सिद्ध हो रही है। जो शिक्षक पहले आदर्श, त्याग और तपस्या के सहारे बिना खौफ के स्वच्छन्द वातावरण में बच्चों को शिक्षा देते थे, जिन्हें समाज अपना पद-प्रदर्षन एवं राष्ट्र-निर्माता मानता था, आज उन्हीं शिक्षकों पर उल्टे-सीधे लाँछन लगाये जाते हैं।

गाँधी, जगदीश(2006) में, 'उद्देश्यपूर्ण शिक्षा द्वारा ही समाज के अन्धकार को रोका जा सकता है!' शीर्षक में पाया कि बच्चों की शिक्षा का कार्य संसार की सभी सेवाओं में श्रेष्ठतम माना गया है। शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य जीवन जीने की कला सीखता है। आज संसार में जो आपाधापी दिखाई दे रही है उसके मूल में उद्देश्यहीन शिक्षा ही मुख्य कारण है। जैसै एक व्यवसायी वही माल बनाता है जो कि बाजार में अच्छे लाभकारी दाम में बिक सके। वर्तमान भारत में शिक्षक का दायित्व हमारी भावी परिकल्पना में महान् आदर्श या मूल्यों को हमें शामिल करना होगा। इस प्रकार की परिकल्पना को साकार रुप प्रदान करने के लिए शिक्षक को महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करनी होगी।

यह सत्य है कि समस्त प्राचीन बातें आज सत्य नही हो सकती। परन्तु हमारी परम्परा में शिक्षक अपने आप में प्रभुता-सम्पन्न रहे है, साथ ही जनता के सेवक भी। वे अपनी भावनाओं पर अद्भुत नियन्त्रण रखते आये हैं और मानवता को उन्होंने अपरिमित अवदान दिया है। हमारे महान् शिक्षक वे है जिन्होंने हमारी सभ्यता को जीवन्त बनाया है। महान् शिक्षकों की बदौलत ही हमारी बौद्धिक विरासत तथा तकनीकी कौशल एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तान्तरित होते रहे है ताकि सभ्यता का दीपक जगमगाता रहे। आज की वर्तमान परिस्थितियों में भारतीय परम्परा को जीवित बनाये रखने के लिए शिक्षक को एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करनी होगी।

1. प्राथमिक वस्तु शिक्षक का चरित्र है
2. कर्त्तव्यनिष्ठा- आज दुर्भाग्य से देश में प्रत्येक क्षेत्र में कम-से-कम काम करने की वृत्ति बनती जा रही है,
3. श्रम की प्रतिष्ठा- समाज में श्रम के मूल्य की पुन: स्थापना करने के लिए शिक्षक को उदाहरण प्रस्तुत करना आवष्यक है।
4. आत्मसंतोष- भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति के लिये आज होड़ लगी हुई है।
5. छात्रों के प्रति संवेदनशीलता
6. आत्ममूल्यांकन-शिक्षक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह स्वयं का मूल्यांकन करे।

निष्कर्ष— शिक्षक का काम बड़ा ही महत्त्वपूर्ण है। वह राष्ट्र निर्माता कहलाता है साथ ही उसे भावी नागरिकों का निर्माता भी कहा जाता है। इन कार्यो को करने के लिए उसे स्वयं को एक समर्पित व्यक्ति बनाना होगा- जिसका मनुश्य के भवितव्य में विश्वास हो, साथ ही मानवता के भवितव्य, देश और दुनिया के भवितव्य में विश्वास हो।

संक्षेप में हम कह सकते हैं कि शिक्षक को छात्र के प्रति 'शिव' संकल्पयुक्त बनने की आवश्यकता है। प्रस्तुत शोध कार्य के परिणाम इस तथ्य की ओर इंगित करते हैं कि तुलनात्मक दृष्टि से अधिकांश परिस्थितियों में ग्रामीण एवं शहरी माधयमिक विद्यालयों के शिक्षिकों के चाहे अध्यापक उनकी कार्य संतुष्टि की तुलना में बेहतर है। इसका मुख्य कारण यह प्रतीत होता है कि सरकारी प्राथमिक विद्यालयों का वेतनमान निजी प्राथमिक विद्यालयों की तुलना में बेहतर होना, साथ ही सेवाकाल की पूर्ण निश्चितता उनके कार्य संतुष्टि के स्तर को बेहतर बनाती है जबकि विद्यालयों में भविष्य के प्रति असुरक्षा, वेतनमान में विसंगतिया तथा सेवाकाल की अनिश्चतता उनके कार्य-संतुष्टि को कम कर देती है। विद्यालयों में भी यदि सरकारी प्राथमिक विद्यालयों की भाति सेवाकाल का स्थायीकरण, भविष्यनिधि की सुविधा तथा वेतनमान की समानता प्रदान की जाए तो इनके भी कार्य संतोष का स्तर बेहतर हो सकता है जिसके परिणामस्वरूप वे शिक्षण कार्य में पूरी एकाग्रता तथा लगन एवं निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य सम्पादित करेंगे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

Radaition Hazards-Sources, Prevention and Control

Dr. Meena Swamy *

Abstract - “Life on earth has developed with an ever present background of radiation. It is not something new, invented by the wit of man. Radiation has always been there.”Eric J Hall, Professor of Radiology, College of Physicians and Surgeons, Columbia University, New York, in his book “Radiation and Life”.

Spontaneous decay of radioactive materials produces radiation. Radiation may be ionizing and non-ionizing. Alpha and beta, gamma and X-rays particles are the most common forms of ionizing radiations. Radioactive iodine is a beta particle released during nuclear plant accidents.The amount of energy the radiations can deposit in a given space varies with each type. Radiations also differ in the power to penetrate. Inside the body the alpha particle will deposit all its energy in a very small volume of tissue while gamma radiation will spread energy over a much larger volume.

Keyword - *Radiation, Radiology,* Radioactive materials, Ionizing and non-ionizing radiation.

Introduction - Radiation is a part of environment. The background radiation is contribute by tree sources namely terrestial radiation, cosmic radiation and radiation from radioactive elements in our bodies. Since ionising radiations have the capacity to ionise the molecules, so when ionisiong radiation enters into our body, they ionise the tissue molecules and chemical dissocialn takes place. Due to this there is distortion of DNA chain and body cells take place. The cell production rare increases and malignant tumour is formed. These type of radiations are unnecessary to the body.

Radiation Hazards - Hence the damages due to unwanted radiation to the body parts is termed as radiation Hazards. Radiation Hazards mainly take place due to two types of sources.

1. Internal sources of radiation
2. External sources of radiation

The damaging of body cells due to radiation from external source of radiation is much less than that of internal sources or radiation.

Radiation Hazard from the Internal source of radiation - This type of radiation hazard are due to:

1. Deposition of radioactive nuclide by injection to the body.
2. Depositions of radioactive nuclide by inhalation in the body.
3. Deposition of radioactive nuclide bye swallowing.

Radiation Hazard from External source of radiation - It is due to the careless handling and use of radioactive source and therapy unit of 60 Co etc.

These two categories of hazards are due to the use of radioactive sources by workers or individuals. Also depending upon the roduction of radiation, the hazards are:

1. Due to natural radiation
2. Due to artifical radiation

Hazard due to natural radiation - Cosmic radiation to earth’s atmosphere gives some radiation effect. The global yearly dose (average) due to cosmic radiation is 0.39 MSV. Earth crust is made of up of radioactive materials such as uranuim. Rock soils contain uranium ie. Radioactive material so they irradiate the whole body more or less uniformly. The global dose per year is 0.46 MSV

Radon is naturally radioactive gas coming from Uranium that is widespread in earth crust. It is emitted from rocks or soils. When radon is inhaled it can lodge in lung and irradiate tissue. The global dose is 1.3 MSV

Food and water contain radioactive material when food and water are taken, these radioactive materials are taken, they enter int he body and irradiate tissue. The global dose is 0.23 MSV.

Hazard due to artifical source of radiation - The radiation hazard take place due to artificial source of radiation such as:

Medical - Radiation is used in medicine to diagnosis disease and to kill cancer cells. During treatment or diagnosis indivisuals are exposed to radiation that may cause hazards

Institutions - Many medical institutions discharge radioactive materials into environment that causes radiation hazard

Environmental radiation - Due to testing of atom bombs and other nuclear activities, radioactive materials set free in atmosphere. These cause irradiation in human due to radioactive material deposition on the ground or from inhalation of air borne radioactivity and from injectio of radioactive material in food and water.

* **Assistant Professor (Zoology) Govt. Auto. P.G. College, Chhindwara (M.P.) INDIA**

Nuclear power industry - The release radioactive material at each stage int he nuclear fuel cycle

Non-Nuclear industries - They produce radioactive discharge in the processing of ores containing radiation. The discharged products processing of ores containing radiation. The discharged products transfer throough the food chain from the population

Accidental release of radioactive material - In normal operation the radioactivity can be widely dispersed accidentally which causes radiation hazard

Radiation in consumer products - In consumer goods such as smoke detectors, luminious watches, dolls etc may emit radiaton to cause hazard.

Effects Of Radiation On The Human Body - Radiation can be harmful to humans. Radiation can harm people directly by damaging their cells. The cells might stop functioning, or they might be unable to reproduce. Radiation can also cause cells to reproduce in an out-of-control fashion, causing cancer. It also causes radiation sickness, an ailment with various symptoms depending on the type of radiation a person was exposed to and on the size of the dose received. Radiation sickness can be fatal when high doses of radiation are involved.

Radiation damages the cells that make up the human body. **Low levels** of radiation are not dangerous, but medium levels can lead to sickness, headaches, vomiting and a fever.

High levels can kill you by causing damage to your internal organs. It's difficult to treat high radiation exposure.

Exposure to radiation over a long time can cause cancer. Radiation can also interfere with human reproduction. It can cause sterility, making reproduction impossible. It can also cause mutations in developing embryos, which are usually detrimental or even fatal.

There are several effect of radiation on different part of the body:-

(1) Hair - *The losing of hair quickly and in clumps occurs with radiation exposure at 200 rems or higher.*

(2) Brain - *Since brain cells do not reproduce, they won't be damaged directly unless the exposure is 5,000 rems or greater. Like the heart, radiation kills nerve cells and small blood vessels, and can cause seizures and immediate death.*

(3) Thyroid - *The certain body parts are more specifically affected by exposure to different types of radiation sources. The thyroid gland is susceptible to radioactive iodine. In sufficient amounts, radioactive iodine can destroy all or part of the thyroid. By taking potassium iodide, one can reduce the effects of exposure.*

बना दिया गया। अधिकार विहीन स्त्री पूर्णतः पुरुषाश्रित होकर अपना अस्तित्व खो बैठी। उसे केवल भोग्या माना गया। निमाड़ के सन्तों ने स्त्रियों को दी जाने वाली यातनाओं और उनकी उपेक्षा की निन्दा की। उन्होंने स्त्री-पुरुष समता का विचार समाज के समक्ष प्रस्तुत किया। सन्त लालदास स्त्री अस्मिता के बड़े संरक्षक हुये। उन्होंने स्त्रियों के सम्मान एवं अधिकारों का दृढ़ता से समर्थन किया। सन्त अफजल ने चरित्रवान स्त्रियों की प्रशंसा करते हुये उन्हें सृष्टि के संचालक ब्रह्मा, विष्णु और महेश की जन्मदात्री बताते हुये उनकी महानता के प्रति विश्वास व्यक्त किया। सन्तों ने स्त्री शिक्षा की वकालात की। सन्तों ने अवलोकन किया कि समाज के कुछ लम्पट लोग पराई स्त्री को कुदृष्टि से देखते हैं तथा उन्हें अपनी वासना का षिकार बनाते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल संबंधित स्त्रियों और पुरुषों के लिये अपितु समूचे समाज के लिये पतन का सोपान बनती है। इसलिये निमाड़ के सन्तों ने परस्त्रीसंगति से दूर रहने की शिक्षा दी। सन्त अफजल ने तो परस्त्री की तुलना विषैले साँप तक से की।

सन्तों ने स्त्रियों से भी अपेक्षा की कि वे उदात्त चरित्र का परिचय दें। बहुधा सन्देह के चलते ही स्त्रियों को चहारदीवारी में सीमित कर दिया जाता है। उन्होंने गुणी स्त्रियों की बहुत प्रशंसा की है तथा स्त्री को लोकलाज, मर्यादा आदि का प्रतीक माना है। सन्तों ने नारी के काम्य स्वरूप को श्रेयस न मानकर, उसके सात्विक, पातिव्रत्य से युक्त पत्नी, माता, बहन आदि के रूपों को ही श्रेष्ठ माना है। नारी समाज की रीढ़ की हड्डी होती है। उसकी नैतिक उच्चता समाज की दृढ़ता का आधार है, अतः स्त्रियों को भी सन्मार्ग पर चलना चाहिये। यह सन्तों के कार्यों का ही परिणाम है कि निमाड़ की स्त्रियाँ पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर परिवार को चलाने के लिये सक्रिय हैं। निमाड़ मुख्यतः ग्रामीण समुदायों का क्षेत्र है। यहाँ के ग्रामों में स्त्री-स्वातंत्र्य देखते ही बनता है। भक्ति सन्तों के प्रताप से आज निमाड़ में श्रम, शिक्षा, प्रषासन, राजनीति सहित प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएँ अपनी सशक्त उपस्थिति से नारी विमर्श को धार प्रदान कर रही हैं।

सन्त ऐसे नागरिकों से समाज का निर्माण करना चाहते थे, जो निर्व्यसनी हो और जिनका नैतिक स्तर उच्च हो। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिये उन्होंने मद्य निषेध, चोरी, बेईमानी, व्यभिचार, कामचोरी जैसी दुष्वृत्तियों से बचने के लिये उपदेश दिये तथा अपने शुद्ध आचरण से व्यक्तिगत उदाहरण प्रस्तुत किया। सन्त दलूदास तत्कालीन सामाजिक प्रवृत्तियों को कलियुग की विशिष्टताएँ मानते थे, जिसमें गुरुजनों एवं वरिष्ठ परिजनों की नेक सलाहों का तिरस्कार किया जाता था और क्षणिक लाभ एवं शारीरिक सुख के लिये व्यक्ति किसी भी स्तर पर पतन के लिये तैयार हो जाता था। सन्त कालूदास की मान्यता थी कि समाज में अच्छी विचारधारा वाले लोगों की कमी है और संकीर्ण दृष्टिकोण वाले लोगों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है।

सन्त हरिदास ने देशवासियों द्वारा पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से चिन्तित थे। आदिवासी सन्त डेमनिया भाई विगत तीन दशकों से शराब सेवन, मांसभक्षण, जुआ-सट्टा, गाली-गलौज जैसी बुरी आदतों के विरुद्ध मुहिम चलाये हुये हैं। करीब एक लाख आदिवासी उनके प्रभाव से व्यसन मुक्त हो चूके हैं। सन्तों की पवित्र वाणी जीवन के शाष्वत सन्देशों को लेकर सहस्त्रमुखी हो बराबर बहती रही। यह अपने अविरत् प्रवाह से भारतीय जनमानस को सरस एवं प्रफुल्लित बनाती रही। इस वाणी के प्रभाव के कारण जनता भौतिक समृद्धि के अभाव में भी पूर्ण योग के साथ अपने आध्यात्मिक जीवन का निर्वाह करती रही।

उपसंहार - इस प्रकार सन्तों ने समाज को सहज बनाने के लिये प्रतिबद्ध होकर परिश्रम किया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, अन्धविश्वासों, धार्मिक विकृतियों की ओर जन सामान्य का ध्यान आकृष्ट किया तथा इन्हें नकारने का आ5ान किया। उन्होंने हिन्दू-मुस्लिम एकता, स्त्री-पुरुष समानता, मद्य निषेध आदि पर बल दिया तथा जाति-पाँति, अस्पृश्यता, रूढ़िवादिता आदि का विरोध करते हुये इनके उन्मूलन की पहल की।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंगाजी की परचरी, लेखक- सन्त खेमदास, प्रकाशक- व्यंकटेश्वर प्रेस, बम्बई (मुम्बई), संस्करण- विक्रम संवत, 1751,
2. निमाड़ के सन्त कवि सिंगाजी, लेखक- रमेशचन्द्र गंगराड़े, प्रकाशक- हिन्दी साहित्य भण्डार, लखनऊ, संस्करण- 1967,
3. निमाडी साहित्य के कलमकार-कलाकार,, लेखक- बाबूलाल सेन, प्रकाशक- माहिष्मती प्रकाशक, महेश्वर, संस्करण- 1995,
4. सन्त कालूजी, लेखक- विट्ठल शर्मा, प्रकाशक- सरदार सोहनसिंह, इन्दौर, संस्करण- 1987, पृष्ठ- 45.
5. निमाडी और उसका साहित्य, लेखक- डॉ. कृष्णलाल हंस, प्रकाशक- हिन्दुस्तान एकेडमी, इलाहाबाद, संस्करण- 1956.,
6. निमाडी साहित्य के कलमकार-कलाकार, लेखक- बाबूलाल सेन, प्रकाशक- माहिष्मती प्रकाशक, महेश्वर, संस्करण- 1995, पृष्ठ- 44.

****

राजस्थानी नीतिकाव्य का अलंकृति पक्ष – एक विवेचन

सुधा शर्मा *

प्रस्तावना – सौन्दर्य काव्य का अनिवार्य गुण है। कलात्मक सौन्दर्य के अन्तर्गत शिल्पगत सौन्दर्य का अनुशीलन किया जाता है। काव्य में अलंकारों का महत्त्व तथा वर्चस्व प्राचीन काल से ही सुमान्य रहा है। सभी अलंकारवादी आचार्यो ने अलंकारों को काव्यकृति के चमत्कार एवं शोभावर्द्धन का मूल धर्म स्वीकार किया है तथा उनकी काव्यगत महत्ताा और अनिवार्यता का समर्थन किया है।

राजस्थानी नीतिकाव्य उच्च नैतिक मूल्यों का प्रतिष्ठापन एवं उदात्ता परम्पराओं का गौरव-गान है। इसका मूल प्रयोजन नैतिकता के प्रतिष्ठापन द्वारा समाज को सन्मार्ग की ओर अग्रसर करना तथा लोक कल्याण का विधान करना है। इस कारण यह नीतिकाव्य मूल रूप से जीवन मूल्यों एवं जीवनादर्शो का काव्य है तथा इसमें मूल्यधर्मिता प्राणधारा के समान सर्वत्र परिव्याप्त है।

इस नीतिकाव्य के शैल्पिक प्रतिमानों का सौन्दर्य प्रशंसनीय है। भावपक्ष की समृद्धि हेतु तथा अभिव्यक्ति को सशक्त एवं सौन्दर्ययुक्त बनाने के लिए इस काव्य के प्रणेताओं ने अपनी रचनाओं में अलंकार योजना को यथोचित स्थान दिया है। अपनी सुघड़ एवं लघु रचनाओं में नीति कवियों ने बिन्दु में सिन्धु को समेटने का प्रयास किया है। अपनी सहज सम्प्रेषणीयता के कारण कवियों का यह वाणी वैभव जन-जिह्वा का श्रृंगार बनकर लोकजीवन के साथ एकाकार हो गया है। इन्हीं विशेषताओं से प्रेरित इस शोध लेख में राजस्थानी नीतिकाव्य के अलंकृति पक्ष का विवेचन किया गया है, जो एक नूतन प्रयास है।

अलंकार के दो प्रमुख भेद माने जाते हैं – शब्दालंकार और अर्थालंकार। राजस्थानी नीतिकाव्य में दोनों का ही सुन्दर प्रयोग दृष्टिगत होता है।

शब्दालंकार – जो अलंकार शब्द विशेष पर निर्भर रहकर काव्य सौन्दर्य में वृद्धि करते हैं, उन्हें शब्दालंकार के अन्तर्गत रखा जाता है। राजस्थानी नीतिकाव्य में वयण सगाई (वैण सगाई), चौकड़िया अनुप्रास, अनुप्रास, यमक, श्लेष आदि शब्दालंकार प्रयुक्त हुए हैं।

वयण सगाई – 'वयण सगाई' या 'वैण सगाई' शब्द 'वरणसगाई' शब्द से बना है, जिसका अर्थ है वर्ण-संबंध। वस्तुत: वयण सगाई एक प्रकार का शब्दालंकार है, जो चरण के प्रथम और अन्तिम शब्दों में मैत्री स्थापित करता है।

यह अलंकार राजस्थानी काव्य की एक अनूठी विशेषता है, कविता में इसका निर्वाह प्राय: अनिवार्य रूप से किया जाता है।

इसके मुख्यत: तीन भेद माने गये हैं – आदि मेल, मध्यमेल और अन्तमेळ।

आदिमेल – जहाँ चरण के प्रथम शब्द के आदि वर्ण को चरण के अन्तिम शब्द के आदि में पुन: लाकर संबंध स्थापित किया जाय, वहाँ आदिमेल वयण (वैण) सगाई होती है। आदिमेळ के प्राय: अनेक उदाहरण मिलते हैं। यथा –

तरु संतोष तणेह, नर छाया बैठा नहीं।
कळकळती किरणेह, बाँका भटकै लोभ बन।।[1]

मध्यमेळ – जहाँ प्रथम शब्द के आदि वर्ण की आवृत्ति चरणान्त शब्द के मध्य में हो, वहाँ मध्यमेळ वयण (वैण) सगाई होती है। यथा–

गरज कियां सूं वागरी, कदे न तजै सिकार।
रटै हरी गुण वारता, कटै कळेस विकार।।[2]

अन्तमेळ – जहाँ प्रथम शब्द के आदि वर्ण की आवृत्ति चरणान्त शब्द के अन्त में हो, वहाँ अन्तमेळ वयण (वैण) सगाई होती है। यथा –

निरख्यौ इम संसार नै, लुक छिप रांमत खेलअ
मिनख भलां री है कमी, लाख मिळै बिगड़ेल।।[3]

कतिपय ऐसे उदाहरण भी मिलते हैं, जिनके दो चरणों में वैण सगाई है और दो में नहीं अथवा तीन चरणों में वैण सगाई है और एक में नहीं है। एक उदाहरण प्रस्तुत है –

तिगुणो सोनो तोल, रोज दियाँ ईं कम पड़ै।
मायड़-ममता मोल, बता सक्यो कुण, बावळा।।[4]

चौकड़िया अनुप्रास – दूहे और सोरठे के चारों चरणों में यदि एक जैसी वृत्ति के चार अनुप्रास आएँ, तो वहाँ 'चौकड़िया अनुप्रास' बनता है। यदि अच्छे भाव के साथ ऐसा अलंकरण हो तो सोने में सुगन्ध प्रतीत होती है।

दूहे में चौकड़िया अनुप्रास –

कृपण बराटक पावियां, नाटक करै निलज्ज।
सुण जाचक खाटक करै, सब दिन फाटक सज्ज।।[5]

सोरठे में चौकड़िया अनुप्रास –

जस गुण तणौ जहाज, कुळ समाज अंजस करै।
आखै दुनियां आज, रंग घणा जसराज नै।।[6]

अनुप्रास – स्वरों में वैषम्य होने पर भी वर्णो की एक ही क्रम में आवृत्तिा को अनुप्रास अलंकार कहते हैं। इसके पाँच भेद हैं – छेक, वृत्त्य, श्रुति, लाट तथा अन्त्य। अनुप्रास अलंकारों में वृत्त्यनुप्रास काव्य-सौन्दर्य में सर्वाधिक अभिवृद्धि करता है, इसमें एक या अनेक वर्णो की अनेक बार आवृत्तिा होती है। राजस्थानी नीतिकाव्य में प्राय: वृत्त्य अनुप्रास अनेक स्थलों पर तथा छेक, लाट व अन्त्य कहीं-कहीं प्रयुक्त हुए हैं। उदाहरण दृष्टव्य हैं –

जणणी जमि म गब्ब कर, पूत पराक्रम जोइ।[7] – (छेक)
वैण विलास विनोद विधि, विद्या विनय विवेक।
वेस बड़प्पन बातड़ी, धन बिन भलो न एक।।[8] – (वृत्त्य)

*शोधार्थी (हिन्दी) ज.रा.ना. राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड) विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

धन संच्या कांई हुवै, जद है पूत कपूत।
धन संच्या कांई हुवै, जद है पूत सपूत।।[9] – (लाट)
ज्यांरा जेहा माजना, त्यांरा तेहा वइण।
ज्यांरा जेहा आचरण, त्यांरा तेहा सइण।।[10] – (अन्त्य)

यमक – जब एक ही पद में किसी शब्द की अनेक बार भिन्न अर्थो में आवृत्ति हो तब वह शोभाकारक विशेषता यमक अलंकार कहलाती है। राजस्थानी नीतिकाव्य से एक उदाहरण द्दष्टव्य है –

भँवर पड़ंता पाण, भँवर फँसै जा भँवर में।
घर–ग्रिस्थी री घाण, बुरो भँवरजी, बावळा।।[11]

श्लेष – जहाँ एक शब्द के एकाधिक अर्थो की प्रतीति अमिधा के द्वारा होती है, वहाँ श्लेष अलंकार होता है। इसके दो भेद है शब्द श्लेष और अर्थ श्लेष। शब्द श्लेष में श्लेष किसी शब्द विशेष पर निर्भर करता है। यदि उस शब्द को बदलकर उसका पर्यायवाची शब्द रख दें तो श्लेष नष्ट हो जाता है। उदाहरण द्दष्टव्य है –

पंडत ओर मसालची, दोऊँ उळटी रीत।
ओर दिखावै चाँनणो, आप अँधेरे ब़ीच।।[12]

अर्थालंकार – जहाँ अलंकार शब्द विशेष पर निर्भर न रहकर अर्थ विशेष के कारण चमत्कार उत्पन्न करता है, वहाँ अर्थालंकार होता है। अर्थालंकार वाले पद में यदि किसी शब्द को बदलकर उसके स्थान पर उसका पर्यायवाची शब्द रख दिया जाये तो भी काव्य सौन्दर्य नष्ट नहीं होता।

यहाँ राजस्थानी नीतिकाव्य में प्रयुक्त 'अर्थालंकारों' के विभिन्न रूपों का विवेचन प्रस्तुत किया जा रहा है –

उपमा – जहाँ परस्पर भिन्न उपमेय और उपमान की समता का वर्णन हो, वहाँ उपमा अलंकार होता है। उपमा के दो भेद हैं – पूर्णोपमा और लुप्तोपमा। जहाँ उपमा के चारों अंग (उपमेय, उपमान, साधारण धर्म तथा वाचक शब्द) विद्यमान हों वहाँ पूर्णोपमा होती है। जहाँ उपमा के चारों अंगों में से कोई लुप्त हो, वहाँ लुप्तोपमा होती है।

वारवधू ही हरण वित, नेह जणावै नैंण।
यूं सिर लेवा ऊचरै, वैरी मीठा वैंण।।[13]

यहाँ वैरी उपमेय, वारवधू उपमान, स्नेहप्रदर्शन साधारण धर्म और यूं वाचक शब्द है।

उपर्युक्त उदाहरण में उपमा के चारों अंग विद्यमान हैं, अत: पूर्णोपमा अलंकार है।

सज्जण थोड़ा हंस ज्यूँ, विरळा कोइ दीसंत।
दुरजण काळा नाग ज्यूँ, महियळ घणा भमंत।।[14]

उपर्युक्त उदाहरण में वाचक धर्म लुप्त है, अत: लुप्तोपमा अलंकार है।

रूपक – जहाँ अत्यन्त साद्दश्य प्रकट करने के लिए उपमेय में उपमान का अभेद आरोप किया जाता है, वहाँ रूपक अलंकार होता है। राजस्थानी नीतिकाव्य में विशेष रूप से संत कवियों के काव्य में रूपक अलंकार के प्रयोग की प्रवृत्ति विशेष रूप से द्दष्टिगत होती है। कवि बाँकीदास ने शरीर रूपी तालाब को दु:ख रूपी जल से भरा बताकर अभेद आरोप किया है –

तन दुख नीर तड़ाग, रोज विहंगम रूखड़ो।
विसन सलीमुख बाग, जरा बरक ऊतर जबल।।[15]

इस प्रकार रूपक के अनेक उदाहरण राजस्थानी नीतिकाव्य में द्दष्टिगत होते हैं।

उत्प्रेक्षा – जहाँ प्रस्तुत वस्तु (उपमेय) में अप्रस्तुत वस्तु (उपमान) की सम्भावना का वर्णन हो, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। राजस्थानी नीतिकाव्य में उत्प्रेक्षा अलंकार को कई कवियों ने अनेक स्थलों पर काव्य–सौन्दर्य का साधन बनाया है। एक उदाहरण द्दष्टव्य है –

ब्याई फटी न पांव, के जाणै पर पीड़नै।
ज्यूं बेश्या को जाम, श्राद्ध न समझै शेखरा।।[16]

यहाँ वेश्या पुत्र द्वारा श्राद्ध कर्म को नहीं जानने और जिसके पैर में बिवाई नहीं फटी, उसके द्वारा दूसरे की पीड़ा को नहीं समझने की सम्भावना व्यक्त की गई है।

अर्थान्तरन्यास – जहाँ सामान्य कथन से विशेष कथन का अथवा विशेष कथन से सामान्य कथन का समर्थन किया जाए, वहाँ अर्थान्तरन्यास अलंकार होता है। राजस्थानी नीतिकाव्य में उक्त अलंकार का प्रयोग प्राय: हुआ है। उदाहरण द्दष्टव्य है –

मोताहल़ मंगताह, पेरायां मेल़ न पडै।
गजरी झूल गधाह, भूंडी लागे भेरिया।।[17]

कुपात्र को आभूषण धारण कराने पर वे शोभा नहीं देते, इस विशेष कथन का समर्थन, हाथी की झूल गधे को पहनाने से अशोभनीय लगती है, इस सामान्य उक्ति से किया गया है।

उदाहरण – उदाहरण अलंकार में कोई सामान्य बात या वाक्य कहकर 'ज्यों' या 'जैसे' शब्दों के साथ उसका कोई विशेष उदाहरण देकर समता या एकता दिखाई जाती है। राजस्थानी नीतिकाव्य का यह बहुप्रयुक्त अलंकार है –

मिंत ज औगण मिंत का, अनत नहिं भाखंत।
कूप छांह ज्यों आपणी, हीयै में राखंत।।[18]

यहाँ सच्चे मित्र के स्वभाव को कुँए के उदाहरण द्वारा स्पष्ट किया गया है।

द्दष्टान्त – इस अलंकार में सामान्य बात कहकर द्दष्टान्त देते हैं। परस्पर समान धर्म वाले वर्ण्य विषयों का बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव को ही द्दष्टान्त अलंकार कहते हैं। राजस्थानी नीतिकाव्य में द्दष्टान्त अलंकार का बहुलता से प्रयोग हुआ है। उदाहरणार्थ –

जुगड़ै रो अंधियार, ग्यान दीप सूं ई मिटै।
गंगा जी री धार, मैल मिटावै भायला।।[19]

यहाँ ज्ञानदीप से मन के अन्धकार का निवारण और गंगाजी द्वारा मैल (पाप) मिटाने में बिम्ब प्रतिबिम्ब भाव है।

प्रतिवस्तूपमा – प्रतिवस्तूपमा का अर्थ है, वस्तु या प्रत्येक वाक्यार्थ के प्रति उपमा। इसमें उपमेय और उपमान के पृथक–पृथक् दो वाक्यों में एक ही समान धर्म, शब्द भेद द्वारा कहते हैं। राजस्थानी नीतिकाव्य का यह सुपरिचित अलंकार है –

निंदो सकल निराट, कलंक साध चढ़ै न को।
कंचन लागै काट, न सुण्यो कानै, नाथिया।।[20]

साधु पर निंदा का प्रभाव नहीं होना तथा कंचन पर काठ नहीं चढ़ने का समान धर्म बताया गया है।

विशेषोक्ति – जहाँ कारण रहते हुए भी कार्य की उत्पत्ति न हो, वहाँ विशेषोक्ति अलंकार होता है। आलोच्य काव्य में इसका प्रयोग यत्र–तत्र द्दष्टिगत होता है। उदाहरणार्थ –

दाख भखे मुख पकत है, होत कागकूँ रोग।
भागहीणकूँ ना मिळै, भली वुसतको भोग।।[21]

भाग्यहीन व्यक्ति को उत्ताम वस्तु प्राप्त नहीं होती – कौए के उदाहरण द्वारा, कारण के होते हुए भी कार्य का नहीं होना बताया गया है।

काव्यलिंग – काव्यलिंग अलंकार में किसी बात को कहकर उसका ज्ञापक

कारण कहा जाता है। आलोच्य काव्य में इसका प्रयोग कहीं-कहीं ही मिलता है। एक उदाहरण दृष्टव्य है -

बेटी बेचे बाप, रूपया ले राजी हुवै।
परतक भोगे पाप, करम कियोड़ा केसवा।।[22]

बेटी का सौदा करने वाला पिता, पाप का भागी होता है। बात कहकर उसका कारण स्पष्ट किया गया है।

अप्रस्तुतप्रशंसा - जहाँ अप्रस्तुत के वर्णन द्वारा प्रस्तुत की प्रतीति हो, वहाँ अप्रस्तुतप्रशंसा अलंकार होता है। यहाँ 'प्रशंसा' का अर्थ यवर्णनमात्र ही लेना चाहिए। आलोच्य काव्य में इस अलंकार का यत्र-तत्र प्रयोग दृष्टिगत होता है। उदाहरणार्थ -

हिरण रहै थिर होय, बीणा सुर सूं बांकला।
जिण कारण सूं जोय, पारथियां पांनै पड़ै।।[23]

उक्त दोहे में वीणा के स्वरों (अप्रस्तुत) के वर्णन द्वारा, हिरण (प्रस्तुत) का शिकारियों के आधीन होने की प्रतीति होने के कारण यहाँ अप्रस्तुतप्रशंसा अलंकार हुआ।

विकल्प - जहाँ इस प्रकार का वर्णन हो कि यह होगा या वह, वहाँ विकल्प अलंकार होता है। आलोच्य काव्य से एक उदाहरण दृष्टव्य है -

यो न होत तो होत यो, यो न कहै मतिमान।
जो न होत तो होत क्यों, हो न होत जिय जान।।[24]

विनोक्ति - जहाँ एक वस्तु के बिना दूसरी वस्तु के शोभित अथवा अशोभित होने का वर्णन किया जाय, वहाँ विनोक्ति अलंकार होता है। आलोच्य काव्य से कतिपय उदाहरण दृष्टव्य हैं -

किसी के बिना शोभित होना -

हुवै भला ही नेक, बैरी भलो न धूळ रो।
चायै पीसो अेक, देणो भलो न दूदिया।।[25]

किसी के बिना अशोभित होना -

गुण व़िन ठाकर ठीकरो, गुण व़िन मीत गँवार।
गुण व़िन चंदण लाकड़ी, गुण व़िन नार कु-नार।।[26]

अन्योक्ति - अन्योक्ति का शाब्दिक अर्थ है अन्य के प्रति कही गई उक्ति। इस अलंकार में किसी के लिए कही उक्ति, घटित किसी अन्य पर होती है। राजस्थानी नीति काव्य में राजिया, नाथिया, बाँकीदास आदि कवियों ने इस अलंकार का बहुलता से प्रयोग किया है। अन्य कवियों ने भी इस अलंकार का सुन्दर प्रयोग किया है। कतिपय उदाहरण दृष्टव्य हैं -

पय मीठा कर पाक, जो इमरत सींचीजिये।
उर कड़वाई आक, रंच न मूकै राजिया।।[27]

यहाँ 'आक' के पेड़ के माध्यम से कुटिल प्रकृति के मनुष्य द्वारा अपने स्वभाव में परिवर्तन नहीं करने की बात कही गई है।

हाथळ बळ निरभै हियौ, सरभर न को समत्थ।
सीह अकेला संचरै, सीहां केहा सत्थ।।[28]

प्रस्तुत दोहे में सिंह के गुणों के वर्णन द्वारा शूरवीर के गुणों की प्रशंसा की गई है।

लोकोक्ति - किसी भी प्रसंग में किसी लोकोक्ति के प्रयोग से लोकोक्ति अलंकार होता है। आलोच्य काव्य में इसका प्रयोग प्रायः हुआ है। उदाहरण दृष्टव्य है -

बीती ताहि बिसार, आगै री सुध राख तू।
घबड़ा कर मझदार, रुळ जाज्यो मत रमणियां।।[29]

यहाँ 'बीति ताहि बिसार दे आगे की सुध लेय' लोकोक्ति का सुन्दर प्रयोग हुआ है।

उपर्युक्त वर्णित प्रमुख अलंकारों के अतिरिक्त आलोच्य काव्य में अनेक अलंकारों का यत्र-तत्र प्रयोग मिलता है। कतिपय उदाहरण प्रस्तुत हैं -

उदात्त - **दाता आगै मंडियौ, दाता हंदी हत्थ।**
दातारां सिर ऊपरै, सो नित रहौ समत्थ।।[30]

विभावना - **गुमना राम रिझावरे, बिन कर बेन बजाय।**
बिन मुख ते मन राम रट, सुरत राम विच लाय।।[31]

तद्गुण - **च्यारूं दिस कीरत रही, पीर तणी छित छाय।**
जग मैं नीर तळाय सह, वणिया खीर तळाय।।[32]

विचित्र - **अळगौ ही उरमै बसै, नींद न आवण देह।**
ससिवदनी री साहिबौ, कै दोयण असनेह।।[33]

व्याघात - **अै बक मूनी ऊजळा, मीठा बोला मोर।**
पूछौ सफरी पनग नूं, क्रत ऊथड़ै कठोर।।[34]

क्रम - **वैरी रा मीठा वचन, फळ मीठा किंपाक।**
वे खाधां वे मानियां, हुवा कृतांत खुराक।।[35]

उपर्युक्त वर्णित उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि राजस्थानी नीति कवियों ने विविध अलंकारों के द्वारा नीति की बात को काव्य सौन्दर्य युक्त एवं सहज ग्राह्य बनाया है। रचनाकार सौन्दर्यांकन की दृष्टि से सूक्ष्म दृष्टा एवं कुशल सृजनकर्त्ता कहे जा सकते हैं।

निष्कर्ष - राजस्थानी नीतिकाव्य के अलंकृति पक्ष के विवेचन से यह तथ्य उजागर होता है कि राजस्थानी कवियों ने अपनी नीतिपरक रचनाओं के सृजन में अलंकारों के सुन्दर एवं समुचित प्रयोग द्वारा काव्य सौन्दर्य की सृष्टि का भव्य प्रयास किया है। उनकी अलंकार सज्जा सहज रही है, सायस नहीं। एक ओर इन रचनाओं में परम्परित शब्दालंकार 'वयण सगाई' के निर्वाह से कर्णप्रिय ध्वन्यात्मक सौन्दर्य की सृष्टि हुई है, वहीं आनुप्रासिकता के कारण नादात्मकता एवं लयात्मकता भी प्रशंसनीय बन पड़ी है।

शब्दालंकारों में वयण सगाई (वैण सगाई), चौकड़िया अनुप्रास, वृत्तय अनुप्रास, यमक एवं श्लेष काव्य सौन्दर्य की वृद्धि में सहायक हुए हैं। अर्थालंकारों में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अर्थान्तरन्यास, उदाहरण, दृष्टान्त, अन्योक्ति एवं लोकोक्ति अलंकारों का प्रयोग प्रमुखता से हुआ है तथा अन्य अलंकारों का भी सन्दर्भानुसार काव्य सौन्दर्यांकन में उपयोग हुआ है। रचनाओं में उपमान, प्रतीक एवं बिम्ब सभी लोकजीवन से ग्रहण किए गए हैं।

अलंकारों के सहज प्रयोग से नीतिपरक रचनाओं की अभिव्यक्ति और सम्प्रेषणीयता में वृद्धि हुई है जो इस नीतिकाव्य में उदात्त मानवीय मूल्यों एवं नैतिक आदर्शों की प्रतिस्थापना में सहायक रहीं हैं। इसी सशक्त अभिव्यंजना के कारण ये कालजयी रचनाएँ सूक्तियों के रूप में जन-जन की कण्ठहार बन गई हैं तथा व्यक्ति और समाज का जीवन पथ में नैतिक मार्गदर्शन कर रहीं हैं।

निष्कर्षत: राजस्थानी नीतिकाव्य के कुशल प्रणेताओं की अलंकार-योजना सराहनीय है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बारहट, कविया मुरारीदान एवं खारैड, महताबचन्द्र, 1938, संतोष बावनी, 'बाँकीदास-ग्रंथावली', तीसरा भाग, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, पृ. 54/5।
2. कविया, डॉ. शक्तिदान, 2011, प्रस्तावना, 'राजिया रा सोरठा', राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, पृ. 12।

3. वही, पृ. 12।
4. ताऊ शेखावाटी , 1999, 'सोरठां री सौरम (बावळा रा सोरठा)', रचना प्रकाशन, जयपुर, पृ. 22/15।
5. दूगड़, रामनारायण, बारहट, कविया मुरारीदान एवं खारैड, महताबचन्द्र, 1931, कृपण दर्पण, 'बाँकीदास-ग्रंथावली', दूसरा भाग, इंडियन प्रेस लिमिटेड, प्रयाग, पृ. 32/10।
6. कविया, डॉ. शक्तिदान, 2011, प्रस्तावना, 'राजिया रा सोरठा', पूर्वोद्धृत, पृ. 11।
7. पुरोहित, मोहनलाल, वि. सं. 2017, 'राजस्थानी नीति दूहा', सादूळ राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, बीकानेर, पृ. 95/688।
8. चारण, चन्द्रदान राणीदान, 2015, 'नीति के राजस्थानी दोहे', राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, पृ. 70/81।
9. पुरोहित, मोहनलाल, वि. सं. 2017, 'राजस्थानी नीति दूहा', पूर्वोद्धृत, पृ. 171/1255।
10. वही, पृ. 91/661।
11. ताऊ शेखावाटी, 1999, 'सोरठां री सौरम (बावळा रा सोरठा)', पूर्वोद्धृत, पृ. 40/50।
12. स्वामी, नरोत्तमदास, 1961, 'राजस्थान रा दूहा', सादूळ राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, बीकानेर, पृ. 43/53।
13. पं. रामकर्ण (जोधपुर-निवासी), वि. सं. 1981, नीति-मंजरी, 'बाँकीदास-ग्रंथावली', पहला भाग, नागरी प्रचारिणी सभा, काशी, पृ. 65/22।
14. स्वामी, नरोत्तमदास, 1961, 'राजस्थान रा दूहा', पूर्वोद्धृत, पृ. 14/5।
15. दूगड़, रामनारायण, बारहट, कविया मुरारीदान एवं खारैड, महताबचन्द्र, 1931, मोह मर्दन, 'बाँकीदास-ग्रंथावली', दूसरा भाग, पूर्वोद्धृत, पृ. 41/9।
16. व्यास, चन्द्रशेखर, वि. सं. 2014, 'शेखर का सोरठा', (प्रकाशक) गोविन्द अग्रवाल, चूरू, पृ. 22/81।
17. शर्मा, गिरधारीलाल, 1956, 'राजस्थानी दोहावली' - भाग 1, साहित्य संस्थान, राजस्थान विश्व विद्यापीठ, उदयपुर, पृ. 173/504।
18. राजस्थानी गंगा, 1986, खंड 2, भाग 4, अक्टूबर-दिसम्बर, 1986, पृ. 48/687।
19. 'मरुधर', भानसिंह शेखावत, 1988, 'भायला रा सोरठा', भूमिका प्रकाशन, जयपुर, पृ. 12।
20. नाहटा, अगरचन्द, 1966, 'नाथिये रा सोरठा - शिक्षा-सार', मरु-भारती, वर्ष 14, अंक 2, जुलाई 1966, पृ. 27/55।
21. स्वामी, नरोत्तमदास, 1961, 'राजस्थान रा दूहा', पूर्वोद्धृत, पृ. 28/10।
22. यमयंक, डॉ. मांगीलाल व्यास, 1973, केसवा रा सोरठा, 'राजस्थानी सोरठा संग्रह', कलम घर प्रकाशन, जोधपुर, पृ. 39/19।
23. पं. रामकर्ण (जोधपुर-निवासी), वि. सं. 1981, नीति-मंजरी, 'बाँकीदास-ग्रंथावली', पहला भाग, पूर्वोद्धृत, पृ. 68/32।
24. चतुरसिंह, 2000, 'चतुर चिन्तामणि', राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, पृ. 27/146।
25. जोशी, महावीर प्रसाद, 2008, 'दूदिया', शेखावाटी बोध, फरवरी 2008, पृ. 36।
26. स्वामी, नरोत्तामदास, 1961, 'राजस्थान रा दूहा', पूर्वोद्धृत, पृ. 47/84।
27. कविया, डॉ. शक्तिदान, 2011, 'राजिया रा सोरठा', पूर्वोद्धृत, पृ. 30/39।
28. पं. रामकर्ण (जोधपुर-निवासी), वि. सं. 1981, सीह-छतीसी, 'बाँकीदास-ग्रंथावली', पहला भाग, पूर्वोद्धृत, पृ. 9/2।
29. जैथलिया, जुगल किशोर, 2005, रमणियां रा सोरठा, 'कन्हैयालाल सेठिया समग्र (राजस्थानी)', राजस्थान परिषद्, कोलकता, पृ. 5/17।
30. पं. रामकर्ण (जोधपुर-निवासी), वि. सं. 1981, दातार-बावनी, 'बाँकीदास-ग्रंथावली', पहला भाग, पूर्वोद्धृत, पृ. 59/53।
31. कोठारी, डॉ. देव, 1990, भूमिका, 'गुमान ग्रंथावली', प्रथम खंड, साहित्य संस्थान, राजस्थान विद्यापीठ, उदयपुर, पृ. 43।
32. पं. रामकर्ण (जोधपुर-निवासी), वि. सं. 1981, दातार-बावनी, 'बाँकीदास-ग्रंथावली', पहला भाग, पूर्वोद्धृत, पृ. 58/51।
33. पं. रामकर्ण (जोधपुर-निवासी), वि. सं. 1981, नीति-मंजरी, 'बाँकीदास-ग्रंथावली', पहला भाग, पूर्वोद्धृत, पृ. 67/29।
34. वही, पृ. 68/36।
35. वही, पृ. 66/23।

****

निमाड़ में भोंगर्या - मान्यता और वस्तुस्थिति

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना - निमाड़ क्षेत्र की बहुसंख्यक आबादी आदिवासी समाज से संबंधित है। इस क्षेत्र में आने वाले चारों जिलों बड़वानी, खण्डवा, खरगोन एवं बुरहानपुर जिलों में जनजातीय जनसंख्या का बाहुल्य है। आदिवासियों की जिंदगी के बहुरंगी आयामों में भोंगर्या का विशेष स्थान है। इसका चलन मध्यप्रदेश के झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, धार जिलों में अधिक सघनता के साथ है। कुछ वर्षों पूर्व तक यह भगोरिया के नाम से जाना जाता था, लेकिन वर्तमान में इसे भोंगर्या कहने का आग्रह किया जा रहा है। इसके संबंध में परंपरागत मान्यताओं और वर्तमान वस्तुस्थिति में बहुत अंतर है। प्रस्तुत शोध पत्र में इसी तथ्य का विश्लेषय किया गया है।

भोंगर्या - एक परिचय - प्रत्येक वर्ष मार्च में होली के एक सप्ताह पूर्व भगोरिया हाट लगता है। फाल्गुन की मदमाती बयारों तथा बसन्त के साथ भगोरिया का आगमन होता है। विशेष श्रृंगार करके भगोरिया हाट में पहुँचे आदिवासी युवक-युवती माँदल और ढोल की थाप तथा बाँसुरी की मधुर धुन पर नाचते एवं गाते हैं।

इस अवसर पर किये जाने वाले नृत्य की मुद्राएँ आकर्षक होती हैं। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजी-धजी युवतियाँ एवं हाथ में तीर-कमान तथा फालिया लिये युवकों का लय और गति के साथ नाचना भीलों के श्रृंगार एवं शौर्य का दिग्दर्शन कराता है। इन दिनों तीर कमान-फालिया आदि की अनुमति नहीं है। रंग-बिरंगी पन्नियों से सजे नये छाते इनका स्थान लेते जा रहे हैं।

'इस उत्सव को सम्पन्न करने के लिये दूर गाँव गया व्यक्ति भी समय पर लौट आता है। परिवार के पास कपड़े नहीं होने पर वह एक सप्ताह पूर्व ही कपड़े की व्यवस्था करता है या उसी हाट से खरीदकर बच्चों को पहनाता है। इस दिन दुकानों में बड़ी मात्रा में मिठाइयाँ, गुड़ की जलेबी, हार-कंकण, मीठी सेव और नमकीन की खपत होती है। इसके अतिरिक्त शराब, पान, गुलाल और किराना की दुकानें भी इस बाजार में अपने ढंग की होती हैं। चकरी झूले, हडम्बा झूला, मौत का कुआँ, गर्दन काटकर दिखाने वाला खेल आदि के द्वारा भील युवक एवं युवतियाँ अपना मनोरंजन करते हैं। इस उत्सव को सम्पन्न करने के लिये कस्बे के आसपास निवास कर रहे भील भारी मात्रा में इकट्ठे होने लगते हैं तथा दोपहर 12 एवं 1 बजे के मध्य गुट बनाकर ढोल और माँदल के साथ थिरकने लगते हैं। उनके ढोल की लोक धुन का स्वर कस्बाई लोगों के लिये विशेष आकर्षण का केन्द्र बिन्दु होता है। नये-नये और रंगीन मोहक कपड़ों में भील बालाएँ, जिनकी आँखों में चमक और उमंग होती है, युवकों से लजाती-शरमाती देखी गई हैं। आदिवासी युवक भी इस पर्व पर अपने को सजाने-संवारने में कोई चुक नहीं करता है। सुन्दर रंगीन साफा और चौकड़ी की कमीज उसके बलिष्ठ शरीर पर खूब फबती है।'[1]

भगोरिया - परंपरागत मान्यताएं - जनजातियों पर लिखी गई किताबों, भोंगर्या के अवसर पर समाचार पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित आलेखों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रस्तुत रिपोर्ट्स, सामान्य ज्ञान की किताबों के आधार पर परंपरागत मान्यत यह रही है कि भगोरिया भील जनजाति के प्रणय पर्व है। उस दिन युवक द्वारा युवती को पान देना एवं गुलाल लगाना प्रणय-प्रस्ताव तथा बदले में युवती द्वारा युवक को गुलाल लगा देना उसकी स्वीकृति माना जाता है। युवक-युवती विवाह सूत्र में बंधने के लिये जंगल में या रिश्तेदारों के यहाँ भाग जाते हैं, इसलिये इसे भगोरिया कहा जाता है। भगोरिया के दिन भगोर देवता की पूजा की जाती है।

वर्तमान वस्तुस्थिति - 2018 के भोंगर्या के पूर्व और दौरान सोशल मीडिया पर जनजातीय युवाओं ने ऐसी अनेक पोस्ट्स डालीं, जिनमें इसे 'भगोरिया', 'प्रणय पर्व', 'त्योहार' आदि न कहने का आग्रह किया गया। कुछ पोस्ट्स नाराजगी से युक्त भी थी कि बार-बार समझाने और निवेदन करने के बावजूद गैर जनजातीय समाज और कुछ समाचार माध्यम सुनी-सुनाई परंपरागत बातों को दोहरा रहे हैं। इन पोस्ट्स में कुछ पोस्ट्स कॉलेज के मेरे विद्यार्थियों की भी थीं। मैंने उन्हें बहुत गौर से पढ़ा। याद आया कि कुछ वर्ष पूर्व सेंधवा में जनजातीय समाज का एक वृहत् सम्मेलन हुआ था, वहां भी भगोरिया के संबंध में प्रचलित बातों का विरोध किया गया था। जनजातीय विद्यार्थियों और अन्य व्यक्तियों से बातचीत करके तथा इस बार के भोंगर्या में सम्मिलित होकर मैंने साक्षात्कार एवं क्षेत्र अवलोकन के आधार पर इसकी वर्तमान वस्तुस्थिति को समझने का प्रयास किया है।

वर्तमान में इसको भोंगर्या हाट माना जाता है। निमाड़-मालवा तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में पचलित हाट का शाब्दिक अर्थ होता है- बाजार। गांवों, कस्बों, छोटे नगरों में सप्ताह के अलग-अलग दिनों में बाजार लगता है, उसे ही हाट कहते हैं। यह हाट हर सप्ताह लगता है। इस हाट में दैनिक उपयोग की वस्तुओं के विक्रेता आते हैं। वस्तुएं अपेक्षाकृत गुणवत्तायुक्त, विविधतायुक्त और सस्ती मिल जाती है। अत: हाट के दिन बाजारों में विक्रेता और क्रेता दोनों बड़ी संख्या में आते हैं।

इसी श्रृंखला में होली के पहले वाले सप्ताह में जो हाट लगते हैं, उन्हें सामान्य हाट न कहकर भोंगर्या हाट कहा गया है। सामान्य हाट और भोंगर्या हाट में मुख्य अंतर यह है कि सामान्य हाट में केवल खरीदी करने के आषय से आते हैं, जबकि भोंगर्या हाट में नये वस्त्र, आभूषण पहनकर, सजधजकर, समूह में वाद्ययंत्रों के साथ आते हैं और पूर्ण उत्साह के साथ नृत्य करते हैं। जहां तक बड़वानी नगर के भोंगर्या का प्रश्न है। यह 25 फरवरी, 2018, रविवार को सम्पन्न हुआ। ज्ञात हुआ कि आस पास के गांवों से अलग अलग दल आते हैं। कुछ दल शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर

* एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

महाविद्यालय, बड़वानी के खेल मैदान में इकट्ठे हुए और नृत्य करने लगे। मैं अपने विद्यार्थियों अंतिम मौर्य, प्रीति गुलवानिया, सोनिका पाटीदार, सुनिल बामनियां, उमेश राठौड़, राहुल मालवीय, सलोनी शर्मा, भारती धार्वे, किरण वर्मा के साथ गया। बड़वानी में भोंगर्या का मुख्य आयोजन दशहरा मैदान में होता है। सभी प्रक्रियाओं का ध्यान से अवलोकन किया। यह पाया कि अब भोंगर्या हाट का आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से होता है। दशहरा मैदान में एक बड़ा स्टेज बनाया जाता है। स्टेज के सामने अलग अलग गांव से आये दलों को नृत्य करने का निर्धारित समय दिया जाता है। मांदल की थाप, थाली की मधुर ध्वनि, कुर्राटियां आदि मिलकर बहुत ही मनोहारी परिवेश का निर्माण करती हैं। और नृत्य के तो कहने ही क्या? सधी हुई मुद्राएं। मनमोहक लयबद्धता। अद्‌भुत तालमेल। कुल मिलाकर देखने वाले अपनी सुधबुध खो देते हैं। यही हाल हमारा भी हुआ। हमें कहीं भी आदिवासी युवक-युवती एक-दूसरे को गुलाल लगाते या पान खिलाते नहीं दिखे। बस नृत्य और उल्लास का वातावरण दिखा। सायं होते होते ये दल तथा दल से अलग आये आदिवासी वर्ग के सभी आयु वय के स्त्री-पुरुष विभिन्न प्रकार की वस्तुओं से भरी थैलियां और पोटलियां ले जाते हुए प्रसन्न मुद्रा में अपने अपने क्षेत्रों मे लौटते हुए मिले।

उपसंहार - इस तरह जिसे हम वर्षो से भगोरिया कहते, सुनते, पढ़ते आये हैं, वह वस्तुत: भोंगर्या है। यह एक पर्व या उत्सव न होकर एक विशेष हाट है। इसे भोंगर्या हाट कहना ही उचित होगा। प्रेम विवाह सभी वर्गों और समाजों में होते हैं। इसे भोंगर्या से जोड़कर देखना उचित नहीं है। भोंगर्या के अवसर पर आदिवासी समाज का उत्साह देखते ही बनता है। गैर आदिवासी समाज के लोग भी उनके उत्साह और खुशियों के साक्षी तथा सहभागी बनते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भीलों की सामाजिक व्यवस्था, लेखक - डॉ. एम. एल. वर्मा, प्रकाशक - क्लासिकल पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली, संस्करण - 1992, पृष्ठ - 107 -108

बड़वानी भोंगर्या- 2018 - सहभागिता और अध्ययन

भोंगर्या हाट – चित्रात्मक झलक

****

मास मीडिया और विज्ञापन यूग

डॉ. पूनम कुमारी *

प्रस्तावना – संचार माध्यम अंग्रेजी के मीडिया शब्द से बना है जिसका अभिप्राय होता है दो बिन्दुओं को जोड़ने वाला अर्थात् संचार माध्यम की सम्प्रेषक और श्रोता को परस्पर जोड़ते है।

हेराल्ड, लॉसवेल के अनुसार, संचार माध्यम के मुख्य कार्य सूचना संग्रह एवं प्रसार, सूचना विश्लेषण, सामाजिक मूल्य एवं ज्ञान का सम्प्रेषण तथा लोगों का मनोरंजन करना है।

अर्थात् मास मीडिया, मीडिया प्रौद्योगिकियों का एक विविध संग्रह है जो बड़े पैमाने पर संचार के माध्यम से विभिन्न लोगों तक पहुंचता है तथा संचार सम्बन्ध स्थापित करने में सहायता प्रदान करता है।[1]

संदेश के प्रवाह में प्रयुक्त किए जाने वाले माध्यमों का अस्तित्व समाज में अनादिकाल से ही रहा है। यह अलग बात है कि उनका स्वरूप अलग-अलग होता था। जैसे-जैसे तकनीकी प्रौद्योगिकी ने विकास किया उसी तरह सूचना प्रौद्योगिकी भी विकसित होती गई। प्राय: मास मीडिया का अर्थ सम्मिलित रूप से समाचार-पत्र, पत्रिकाए, रेडियो, दूरदर्शन और चलचित्र आदि से लिया जाता है जो समाचार एवं विज्ञापन दोनों के प्रसारण के लिए प्रयुक्त होते है।

विज्ञापन शब्द की संरचना दो शब्दों वि+ज्ञापन के संयोग से हुई है, जिसमें वि का अर्थ विशेष तथा ज्ञापन का अर्थ सूचना या जानकारी देना अर्थात् विशेष सूचना या जानकारी देना ही विज्ञापन है। विज्ञापन उपभोक्ता का ध्यान किसी वस्तु, विचार या सेवा की ओर आकर्षित करने का कार्य करता है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि सेवाओं एवं व्यापार की वस्तुओं की ओर ध्यान आकर्षण करना ही विज्ञापन है।[2]

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में विज्ञापनों का जितना महत्व है उतना ही महत्व इन संदेशों के वाहक यानी मीडिया का भी है ताकि संदेश अपने सम्पूर्ण रूप में उपभोक्ता तक पहुंचे। ये वाहक एक तकनीकी उपकरण है जिनके माध्यम से संदेश प्रेषित किए जाते हैं। समाचार पत्र-पत्रिकाएं, दूरदर्शन, बाह्य माध्यम (पोस्टर, होर्डिंग, कियोस्क, बैनर आदि) इंटरनेअ, पी0 ओ0 पी0 आदि विशिष्ट मास मीडिया है जो विज्ञापनकर्ता की सम्भावित उपभोक्ता तक पहुंचने में सहायता प्रदान करता है। यही माध्यम निर्माता और उपभोक्ता के बीच मध्यस्थ का कार्य करते है। विज्ञापन माध्यम के जरिये ही संदेश उचित समय, स्थान और इच्छित व्यक्तियों तक पहुंच पाता है। वैश्वीकरण के इस युग में विज्ञापन माध्यमों का महत्व और बढ़ जाता है क्योंकि-

- बाजार एक ही जैसे उत्पादों से भरा पड़ा है।
- उत्पादों की सफलता पर कम्पनी का अस्तित्व निर्भर करता है।
- विज्ञापनों के संदेश प्रस्तुतीकरण का तरीका भी दिनों दिन निखर रहा है, क्योंकि विज्ञापन के क्षेत्र में व्यवसायिक दक्षता के कारण इस क्षेत्र में गुणवत्ता भी काफी बढ़ी है।

हर माध्यम का एक अलग उपभोक्ता वर्ग है। जैसे-इंटरनेट कम्प्यूटर साक्षरों का, रेडियो ग्रामीणजनों का, सिनेमा सिने प्रेमियों का तो पत्र-पत्रिकाएं शिक्षित वर्ग के माध्यम माने जाते हैं। इसलिए एक साथ अनेक माध्यमों का चुनाव कर उत्पाद निर्माता बहुसंख्यक मध्यवर्ग तक पहुंचने की कौशिश करता है क्योंकि बहुत सारे निरक्षर, साक्षर, शहरी ओर ग्रामीण लोग मध्यमवर्ग का हिस्सा है। अब तो विज्ञापन माध्यमों के दायरे में परम्परागत माध्यमों से लेकर जनसंचार की चौथी लहर के माध्यम भी शामिल हो चुके है।

मुद्रण के आविष्कार के बाद संचार के क्षेत्र में क्रांति आई। हालांकि इससे पूर्व हस्तलिखित पत्रों के माध्यम से सूचना सम्प्रेषण का कार्य प्रारम्भ हो चुका था, लेकिन उसकी पहुंच कुछ सीमित लोगों तक ही थी। मुद्रित माध्यम के प्रचलन के बाद संचार को मानो पर लग गया। मुद्रण तकनीकी के क्षेत्र में लगातार हो रहे विकास ने मुद्रित माध्यम को पहले ही अपेक्षा काफी अधिक प्रभावी बना दिया है।

इलैक्ट्रोनिक्स मीडिया की मदद से दूर-दराज के क्षेत्रों में त्वरित गति से सूचना देने में टी0वी0, मोबाइल, इंटरनेट आदि ने अपनी विशेष भूमिका निभाई है।

प्रत्येक माध्यम एवं उसके वाहनों की संदेश पहुंचाने एवं सम्भावित उपभोक्ताओं को प्रभावित करने की अपनी-अपनी क्षमता होती है। माध्यम मालिक अपने माध्यम की सूचना क्षमता और मनोरंजन की योग्यता के आधार पर पाठाकों को आकर्षित करता है। और इन्हीं पाठकों की उपस्थिति को विज्ञापनकर्ता को बेचता है। इसलिए विज्ञापनकर्ता के विज्ञापन संदेश को लक्षित उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की ऐवज में माध्यम विज्ञापनकर्ता या विज्ञापन एजेंसी से धन प्राप्त करता है जो माध्यम की आय का मुख्य स्त्रोत होता है।

भारत में वर्ष 2015 में विभिन्न माध्यमों को विज्ञापन से लगभग 47500 करोड़ रू प्राप्त हुए जिनमें से 40 प्रतिशत मुद्रण माध्यमों 38 प्रतिशत टी0वी0, 5 प्रतिशत बाह्य माध्यमों, 13 प्रतिशत डिजिटल माध्यम तथाा 7 प्रतिशत रेडियो को प्राप्त हुआ है।

विज्ञापन के परम्परागत जनसंचार माध्यम के सक्षम डिजिटल पर्याय माध्यम के रूप में उभर कर सामने आ रहे है। परम्परागत विज्ञापन माध्यमों में परिवर्तन आवश्यक है क्योंकि उपभोक्ता लम्बे समय से इन्हीं माध्यमों से परिचित है। वर्ष 2015 में डिजिटल माध्मय का गत वर्ष की

* व्याख्यता (व्यवसायिक कला) फतहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार (हरियाणा) भारत

अपेक्षा 38.2 प्रतिशत प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर से 6010 करोड़ रू विज्ञापन से प्राप्त हुए हैं जो सभी माध्ममों को प्राप्त कुल विज्ञापन आय का लगभग 13 प्रतिशत है। इस माध्यम को अपनी कुल विज्ञापन आय में से 5110 करोड़ रू डेस्कटॉप विज्ञापन से तथा 900 करोड़ रू मोबाइल से प्राप्त हुए है।

वर्ष 2016 से 2020 तक यह विज्ञापन आय 33.5 प्रतिशत वृद्धि दर से बढ़ कर 25520 करोड़ रू तक पहुंचने की सभी माध्यमों की कुल विज्ञापन आय को लगभग 26 प्रतिशत होगी।

विज्ञापन सम्भावित उपभोक्ता तक पहुंचने के लिए विभिन्न उपलब्ध माध्यमों का वैकल्पिक रूप से प्रयोग करता है तथा अपने उत्पाद एवं सेवा का अधिक से अधिक प्रचार, प्रसार कर लाभान्वित होता है तथा उपभोक्ता भी अनेकों तरह की सूचनाएं तथा जानकारी ग्रहण कर अपने आप को मानसिक सन्तुष्टि प्राप्त करता है। अपने अंततः वर्तमान परिस्थितियों और बाजारवाद के दौर में मास मीडिया और विज्ञापन एक दूसरे के पूरक से बने नजर आते हैं। जहां एक तरफ उत्पादित वस्तुओं को बहुविज्ञापित कर उपभोक्ता की जेब से पैसा निकलवाने की क्रिया का सम्पादन होता है वही मास मीडिया विज्ञापन कम्पनियों से पैसा कमा कर अपना तन्त्र सुचारू रूप जारी रखने में सफलता बनाए रखता है अगर हम यह कहे कि मास मीडिया और विज्ञापन दोनों ही एक दूसरे के लिए अपनी प्रासंगिकता को तय करते है तो यह बात अतिश्योक्तिपूर्ण न होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. https//hi.wikipedia.org
2. यादव, नरेन्द्र सिंह, विज्ञापन प्रबन्ध, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, द्वितीय संस्करण–2013, पृ0 सं0–3।
3. नकवी, हेना, पत्रकारिता एवं जनसंचार, उपकार प्रकाशन, आगरा, पृ0 सं0–201
4. यादव, नरेन्द्र सिंह, विज्ञापन तकनीक एवं सिद्धान्त, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, सातवां संस्करण–2017, पृ0 स0–211

****

निमाड़ के दर्शनीय स्थल

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना – वर्तमान में पर्यटन वैश्विक अर्थव्यवस्था का आधार स्तम्भ बनता जा रहा है। प्रत्येक देश इसके विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील है। इसमें एक बार निवेश के उपरांत दीर्घ काल तक लाभ एवं आय की प्राप्ति होती है। जहाँ यह आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, वहीं पर्यटन की सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक प्रसार में भी अद्धितीय भूमिका है। दुनिया की सबसे पहली सभ्यता-संस्कृति के केन्द्र भारत में सर्वत्र दर्शनीय स्थलों की प्रचुरता है। आदि मानव की क्रीड़ा स्थली रहा निमाड़ ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक दृष्टि से दर्शनीय स्थलों का समृद्ध केन्द्र है। लेकिन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यहाँ कुछ स्थल ही बना सके हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में निमाड़ के चार जिलों, बड़वानी, खरगोन, खण्डवा एवं बुरहानपुर के दर्शनीय स्थलों की विवेचना की जा रही है।

निमाड़ का परिचय – निमाड़ विंध्याचल और सतपुड़ा पर्वत श्रेणियों की तलहटी में नर्मदा के किनारे स्थित है। यह मालवा के पठार की तुलना में निचला भू-भाग है। मालवा से निमाड़ की ओर आने पर निरन्तर नीचे की ओर उतरना पड़ता है। इस तरह निम्नगामी होने से इसका नाम 'निमानी' और उससे बदलकर 'निमारी' और 'निमाड़ी' हो गया।

यह मध्यप्रदेश के दक्षिण-पश्चिम भाग में इन्दौर संभाग में स्थित है। 'आयताकार निमाड़ $21^0 5'$ उत्तरी अक्षांश से $22^0 38'$ उत्तरी अक्षांश तक तथा $74^0 2'$ पूर्वी देशान्तर से $77^0 13'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है।'[1] 1 नवम्बर, 1956 को नये मध्यप्रदेश के निर्माण के समय निमाड़ को दो भागों में विभक्त किया गया- 1. पश्चिमी निमाड़ एवं 2. पूर्वी निमाड़।'[2] खरगोन को पश्चिमी निमाड़ का एवं खण्डवा को पूर्वी निमाड़ का जिला मुख्यालय बनाया गया। '25 मई, 1998 को सिंहदेव आयोग की अनुशंसा को क्रियान्वित करते हुये मध्यप्रदेश में 16 नये जिले बनाये गये, जिनमें से एक बड़वानी निमाड़ क्षेत्र में है।'[3] 15 अगस्त, 2003 को पूर्वी निमाड़ से पृथक करते हुये बुरहानपुर को नया जिला बनाया गया। वर्तमान में इस क्षेत्र में चार जिले सम्मिलित हैं।

निमाड़ का दर्शनीय स्थलों का वर्गीकरण – निमाड़ में स्थित दर्शनीय स्थल बहुआयामी हैं। जहां गौरवशाली इतिहास को अभिव्यक्त करते महान दुर्ग एवं अन्य स्मारक हैं, वहीं ईश्वर के प्रति श्रद्धा के केन्द्र धर्म स्थलों की प्रचुरता है। प्रकृति भी निमाड़ के किन्हीं भागों में मेहरबान होकर मनोहारी झरनों, टापू, नदी तट, पहाड़ी आदि के माध्यम से सैलानियों को सम्मोहित करती है। गणगौर, भोंगर्या जैसे सामाजिक-सांस्कृतिक उपादान भी पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। प्राय: प्रत्येक गांव, कस्बे, शहर में एकाधिक ऐसे स्थान हैं जिनकी टूरिज्म वेल्यू है और थोड़े से प्रयासों से वह सैलानियों को अपनी और आकृष्ट करने का बल उत्पन्न कर सकते हैं।

बड़वानी जिले के दर्शनीय स्थल – जिला पुनर्गठन आयोग की अनुशंसा के अनुसार बड़वानी जिले का गठन 25 मई, 1998 को किया गया। खरगोन जिले के भूभाग को विभाजित करके उसके पश्चिमी क्षेत्र से बड़वानी जिला बनाया गया है। 'बड़वानी जिले का क्षेत्रफल 5,433 वर्ग किलोमीटर है। 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की जनसंख्या 13,85,881 थी।'[1] बड़वानी जिले के गठन के समय इसमें छह तहसीलें सम्मिलित थीं- बड़वानी, ठीकरी, राजपुर, पानसेमल, सेन्धवा एवं निवाली। वर्ष 2008 में अंजड़ एवं पाटी तहसीलों का निर्माण किया गया, जिससे तहसीलों की संख्या बढ़कर वर्तमान में आठ हो गई। जिले में कुल सात विकास खण्ड शामिल हैं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- बड़वानी, पाटी, ठीकरी, राजपुर, पानसेमल, सेन्धवा एवं निवाली।

बड़वानी नगर में अनेक दर्शनीय स्थल हैं, जैसे- भीमा नायक प्रेरणा केन्द्र, रेवा सर्कल, ओलम्पिक तिराहा, नया कलेक्टोरेट, सेगांव टेकड़ी हनुमान मंदिर, गौशाला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, साईं मंदिर, शनि मंदिर, वैष्णव देवी मंदिर, हनुमान मंदिर, सिद्धेश्वर मंदिर, बंधान, धोबड़िया तालाब, जॉगर्स पार्क, राजा का महल, रानी का महल, तीर-गोला, कारंजा शहीद स्मारक, गांधी समाधि, राजघाट नर्मदा तट, कसरावद नर्मदा तट आदि।

बड़वानी के निकट स्थित ग्वाल बयड़ा का प्राकृतिक सौंदर्य अद्भुत है। निकट ही छोटा सा तालाब है। जैन मंदिर अपनी सात्विकता के साथ विद्यमान हैं।

बड़वानी से आठ किलोमीटर दूर स्थित बावनगजा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर चुका है। यहां आदिनाथ जी की विषाल प्रतिमा है। अनेक अन्य मंदिर हैं। वर्षा ऋतु में बावनगजा तथा आसपास का प्राकृतिक सौन्दर्य इतना निखर जाता है कि दर्शक मुग्ध हो जाते हैं।

बड़वानी जिले में 1857 के महान क्रांतिकारी भीमा नायक की गढ़ी, धाबा बावड़ी, कई अन्य बावड़ियां, रामगढ़, सेंधवा का किला सहित अनेक ऐसे स्थल हैं जहां पर्यटक जाना पसंद करते हैं।

नागलवाड़ी के शिखरधाम की ख्याति निरंतर बढ़ रही है। यहां भीलट देव का प्राचीन मंदिर था, जिसे वर्तमान में भव्य रूप दे दिया गया है। प्राकृतिक सौन्दर्य भी यहां अद्भुत है। निकट स्थित ग्राम ओझर का शिवटेकड़ी धाम भी प्रसिद्ध है।

खरगोन जिले के दर्शनीय स्थल – इसको पश्चिमी निमाड़ जिला भी कहा जाता है। 'खरगोऩ जिले का क्षेत्रफल 8011 वर्ग किलोमीटर है।'[1] 'सन् 2011 की जनगणना के अनुसार इसकी जनसंख्या 1873046 थी।'[2]

खरगोन जिले को प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से नौ तहसीलों में गठित किया गया है। ये हैं- खरगोन, भगवानपुरा, सेगाँव, भीकनगाँव,

* एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

झिरन्या, महेश्वर, बड़वाह, कसरावद एवं गोगांवा।

इस जिले में कुल नौ विकासखण्ड हैं- खरगोन, गोगाँवा, भगवानपुरा, सेगाँव, भीकनगाँव, झिरन्या, महेश्वर, बड़वाह एवं कसरावद।

नर्मदा के पवित्र तट पर स्थित निमाड़ जिले का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल, शंकराचार्य और मंडन मिश्र के शास्त्रार्थ का स्थल, पुराण प्रसिद्ध महिष्मति नगरी, आधुनिक महेश्वर के नाम से जानी जाती है। यहाँ पर स्थित अनेक प्राचीन मन्दिर, बावड़ियाँ, होल्कर घराने की कुलवधू देवी अहिल्याबाई की धर्मपरायणता, दानशीलता और कल्याणकारी भावना के ज्वलंत उदाहरण हैं। इसी नगरी में भगवान शंकर के अनेक भव्य मन्दिर बने हुए हैं।

काशी और उज्जैन के बाद आने वाला खरगोन का नवग्रह मन्दिर, जिसके कारण इसे नवग्रह नगरी के नाम से भी जाना जाता है, धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसी मन्दिर के नाम से यहाँ प्रतिवर्ष नवग्रह मेला लगता है। इसके अलावा खरगोन में स्थित श्री गोवर्धननाथ का मन्दिर, जो वैष्णवों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करता है, ऊन में स्थित जैन तीर्थ तथा अनेक मन्दिर, सेगाँव में स्थित लालबाई व फूलबाई का मन्दिर, सतपुड़ा की श्रृंखलाओं में स्थित तथा पुरातत्ववेत्ताओं के लिये शोध का विषय सिरवेल महादेव मन्दिर, ग्राम भग्यापुर के नजदीक स्थित अति प्राचीन नन्हेष्वर मंदिर भी कम महत्व के नहीं हैं।

खण्डवा जिले के दर्शनीय स्थल – यह अभी भी पूर्वी निमाड़ जिले के रूप में अभिहित किया जाता है। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार तत्कालीन पूर्वी निमाड़ जिले की कुल जनसंख्या 13010061 थी।'[1]

जिले में चार तहसीलें सम्मिलित हैं। इनके नाम इस प्रकार हैं- खण्डवा, पंधाना, हरसूद एवं पुनासा । जिले में सात विकास खण्ड बनाये गये हैं, जिनके नाम हैं- खण्डवा, पुनासा, छेगाँवमाखन, पंधाना, हरसूद, बलड़ी (किल्लोद)एवं खालवा।

नर्मदा के पावन जल के किनारे स्थित सौन्दर्य तीर्थ ओंकारेश्वर, जहाँ पर बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक लिंग ममलेश्वर महादेव स्थित है, तथा हरसूद तहसील में फिफराड़ नदी के किनारे स्थित सन्त सिंगाजी की समाधि स्थल सिंगाजी, पूर्वी निमाड़ के प्रमुख तीर्थ स्थल हैं। सिंगाजी में सन्त सिंगाजी की स्मृति में निमाड़ का सबसे बड़ा मेला लगता है।

खण्डवा जिले में हाल ही में विकसित हुआ हनुवंतिया टापू मध्यप्रदेश का स्विटजरलैंड और मध्यप्रदेश का गोवा कहलाता है। यहां आयोजित हुए जलमहोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटक आये।

खण्डवा स्थित दादाजी धूनीवाले का आश्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है। गुरु पूर्णिमा पर यहा विशाल जनसमुदाय उमड़ता है। प्रतिदिन भी भक्तों का आगमन होता है।

सुविख्यात गायक और फिल्म अभिनेता किशोर कुमार का स्मारक भी खण्डवा के पर्यटन का उल्लेखनीय मुकाम है।

इसके अलावा घंटाघर, मध्यकालीन किला, विंध्याचल पर्वत श्रृंखला, इंदिरा सागर बांध, नवचंडीदेवी धाम, नागचुन बांध आदि सहित अनेक दर्शनीय स्थान हैं।

बुरहानपुर जिले के दर्शनीय स्थल – पूर्वी निमाड़ जिले का विभाजन करके दिनांक 15 अगस्त, 2003 को बुरहानपुर जिले का गठन किया गया है। 2011 की जनगणना के अनुसार 'इस जिला क्षेत्र में सम्मिलित भू-भाग की जनसंख्या 757847 पाई गई थी।'[1]

बुरहानपुर जिले में तीन तहसीलें- बुरहानपुर, खकनार एवं नेपानगर तथा दो विकासखण्ड- खकनार एवं बुरहानपुर हैं।

ताप्ती नदी के किनारे स्थित मुगल शासकों के महत्वपूर्ण केन्द्र बुरहानपुर में बनी हुई सोलहवीं शताब्दी की भव्य मस्जिद आज भी अपनी गौरव गाथा सुना रही है। ताजमहल भले ही यहाँ नहीं बन सका हो, लेकिन जिसकी याद में आगरे का सुप्रसिद्ध ताजमहल बना है, उस मुमताज की मृत्यु यहीं पर हुई है और पूरे तीन माह तक उसका शव 'आहू खानेय में रखा गया था। खण्डवा से 30 मील दक्षिण में, सतपुड़ा की ऊंची चोटी पर स्थित निमाड़ का अजेय दुर्ग असीरगढ़ के खण्डहर आज भी इतिहास के खोजकर्ताओं की समस्या बने हुए हैं। इस किले के निर्माण के संबंध में विद्वानों में मतभेद हैं, लेकिन इसे महाभारत के अष्वत्थामा के नाम से जोड़ा जाता है। इसका वर्णन अश्वत्थामा पलायन लोककथा में मिलता है।

'बुरहानपुर अपने एक नहीं अनेक पर्यटन स्थलों के कारण पहचाना जाता है। बुराहनपुर से होकर दक्षिण को जाने वाला एक प्रमुख मार्ग गुजरता है। इस मार्ग पर एक बहुत ही पुराना असीरगढ़ का किला मौजूद है। अपने सामरिक महत्व के कारण इस किले को दक्षिण की चाबी भी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त बुरहानपुर में देखने के लिए और भी कुछ है। पर इनमें सर्वाधिक आकर्षित करता है खूनी भण्डारा। अब्दुल रहीम खानखाना ने बुरहानपुर में मुगल सूबेदार की हैसियत से अनूठी जल वितरण व्यवस्था में खूनी भण्डारा का निर्माण किया था। इस प्रकार की जल वितरण व्यवस्था को भारत के अलावा ईरान में भी अपनाया गया। इस जल वितरण व्यवस्था से भू-गर्भ में जलस्रोतों की खोज करके जल को भूमिगत नहर से कनाट गैलेरी पद्धति से शहर तक पानी ले जाने का कार्य बिना किसी बाहरी उपकरण या मषीन की मदद से पानी खूनी भण्डारा से बुरहानपुर तक पहुंचाया गया। जल वितरण की यह व्यवस्था आज भी कायम है।'[1]

उपसंहार – इस प्रकार स्पष्ट है कि निमाड़ में पर्यटन उद्योग के विकास की असीम संभावनाएं हैं। बड़वानी के बावनगजा, ग्वालबयड़ा, सेंधवा का किला, नागलवाड़ी का शिखर धाम, खण्डवा के ओंकारेश्वर और हनुवंतिया, खरगोन का महेश्वर तथा बुरहानपुर का असीरगढ़ ऐसे नाम हैं, जिन्हें ठीक से प्रचारित-प्रसारित किया जाये तो न केवल मध्यप्रदेश के अपितु भारत के सभी क्षेत्रों और दुनिया के अन्य देशों के पर्यटक भी खींचे चले आयेंगे। महेश्वर पिछले कछ वर्षो से फिल्मी दुनिया के लोगों को विशेष प्रभावित करने में सफल हुआ है और यहां अनेक फिल्मों की शूटिंग हुई है। संयुक्त राज्य अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री श्रीमती हिलेरी क्लिंटन ने हाल ही में महेश्वर की यात्रा की थी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मध्यप्रदेश – एक भौगोलिक अध्ययन, लेखिका – डॉ. प्रमीला कुमार, प्रकाशक – मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल, संस्करण – 2002, पृष्ठ – 41
2. मध्यप्रदेश – विस्तृत अध्ययन, लेखक – पूर्णेन्दु कुमार, प्रकाशक – अहिहन्त पब्लिकेशन्स (इ) प्राइवेट लिमिटेड, मेरठ, संस्करण – 2008, पृष्ठ – 86
3. वही, पृष्ठ – 89
4. वही, पृष्ठ – 77
5. मध्यप्रदेश संदर्भ – 2010, प्रकाशक – जनसम्पर्क विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल, द्वितीय संस्करण – 2010, पृष्ठ – 517 एवं 518.

ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

निमाड़ के दर्शनीय स्थल (चित्र संयोजन-डॉ. पंकज कानूनगो)

ओंकारेश्वर

ओंकारेश्वर

महेश्वर

[illegible] मंदिर, खरगोन

[illegible] देव मंदिर, [illegible]

[illegible] प्रतिमा, बावनगजा


राजराजेश्वर मंदिर, सेंधवा

सेंधवा का किला

महालक्ष्मी मंदिर, ऊन

नीलकंठेश्वर एवं बल्लालेश्वर मंदिर, ऊन

[illegible] मंदिर

[illegible] देवी मंदिर, [illegible]

[illegible] महादेव मंदिर, [illegible]


[illegible] शिवालय, [illegible]


निमाड़ उत्सव

निमाड़ उत्सव

****

ग्रामीण विकास - नीति एवं संरचना

सचिन कुमार पाण्डेय *

प्रस्तावना – भारतीय अर्थव्यस्था एक मिश्रित अर्थव्यवस्था है। अत: यहॉ सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र दोनों का ही देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। देश के आर्थिक नियोजन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों की आयोजना को अंगीकृत किया गया है। अब तक हमारे आर्थिक आयोजन का ढॉचा केन्द्रीयकृत और संकेन्द्रित प्रकार का रहा है। योजना अयोग लक्ष्यों को निर्धारित करके उसकी पूर्ति या प्राप्ति का उत्तरदायित्व अर्थव्यवस्था के दोनों क्षेत्रों – 'सार्वजनिक एवं निजी' के विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं को सौंप देता है, लेकिन योजना आयोग के माध्यम से नियोजन का जो केन्द्रीयकृत ढॉचा विद्यमान है, उसे बदलने की आवश्यकता है। आठवीं नियोजन हेतु योजना अयोग की भूमिका में परिवर्तन लाया गया था। जैसा कि योजना आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष प्रणव मुखर्जी का कहना था – 'बदली हुई परिस्थितियों के अनुरूप हमने योजना आयोग की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित किया है। आयोजना की अत्यधिक केन्द्रीकृत प्रणाली से अब हम निदेशात्मक योजना प्रणाली की ओर अग्रसर हो रहे हैं। यह योजना (1992-1997) निर्देशात्मक प्रकृति की रही है। इसके भविष्य के लिए दीर्घकालीन कार्यनीति बनाने पर जोर दिया गया है तथा राष्ट्र की प्राथमिकतायें निर्धारित की गयी हैं। योजना में सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न विकल्पों की विस्तृत जॉच और विशिष्ट परियोजनाओं का पता लगाने का प्रयास किया गया है। अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों के लिए इसमें क्षेत्रवार लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं जिससे अर्थव्यवस्था को निर्धारित दिशा में अग्रसर करने के लिए प्रोत्साहन मिल सके।'

सच तो यह है कि आठवीं योजना में लोकतांत्रिक आयोजन पर जोर दिया गया अर्थात् पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से लोकतांत्रिक नियोजन के द्वार तक पहुँचना प्रमुख ध्येय रहा है।

विकेन्द्रीकृत नियोजन – विकेन्द्रीकृत नियोजन में योजना का निर्माण एवं उसका क्रियान्वयन केन्द्र से न होकर विभिन्न क्षेत्रों द्वारा संचालित होता है। इसके अन्तर्गत योजना निर्माण एवं संचालन में स्थानीय क्षेत्र विशेष के लोगों की सक्रिय भागीदारी रहती है।

लोकतांत्रिक नियोजन विकेन्द्रीकृत नियोजन का एक प्रमुख रूप है। इस प्रकार के नियोजन में योजनाओं को बनाने तथा उनका क्रियान्वयन करने में मुख्यत: जन सामान्य की भागीदारी रहती है। पंचायती राज प्रणाली में हम लोकतांत्रिक नियोजन का स्वरूप देख सकते हैं। भारत में योजनाओं की नीति, लक्ष्य आदि का निर्धारण योजना-आयोग करता रहा है। साथ ही क्षेत्र विशेष की समस्याओं का स्वरूप लोकतांत्रिक नहीं रहा है। यही कारण है कि भारत में सरकार एवं जनता का विश्वास दिन-प्रति-दिन कम होकर दोनों के मध्य अविश्वास की खाई बढ़ती जा रही है। किसी भी आयोजन की सफलता इस बात पर अधिक निर्भर करती है कि आज जनता की भागीदारी उसमें किस सीमा तक विद्यमान है।

प्रो. कामताप्रसाद का मानना है कि पंचायती राज प्रणाली के जरिए योजना में लोगों की भागीदारी से योजना के और सक्षम एवं बेहतर दृष्टिकोण होने की आशा है क्योंकि स्थानीय लोगों का अपनी आवश्यकताओं के बारे में बेहतर दृष्टिकोण होता है तथा स्थानीय संसाधनों के संबंध में उन्हें अच्छी जाकारी होती है। भारत में आज जिन राज्यों में पंचायती राज संस्थाऍ कार्य कर रही हैं वहॉ उनकी भूमिका केवल सतही ही है क्योंकि योजना द्वारा समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के लाभार्थियों के चयन में अथवा ग्रामीण विकास योजनाओं में ये संस्थायें साधारण रूप से भागीदार रही हैं।

लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण अथवा ग्रामीण भारत में सामाजिक तथा आर्थिक स्थितियों में सुधाार लाने और स्थानीय प्रयासों की उपयोगिता को बनाये रखने के उद्देश्य से जनवरी 1957 में बलवन्त राय मेहता समिति गठित की गयी। जिसने 24 नवम्बर 1957 को अपनी रिपोर्ट में कहा कि राज्य के निचले स्तर पर अधिकारों एवं दायित्वों का विकेन्द्रीकरण करना नितान्त आवश्यक है। समिति ने आगे कहा – 'सत्ता ऐसी संस्था को सौंपी जाये जा अपने अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत सभी विकास कार्यो के लिए उत्तरदायी हों और सरकार का काम मार्गदर्शन, उच्च स्तर की योजना बनाना तथा जहॉ आवश्यकता हो धन उपलब्ध कराना ही रहना चाहिए।'

पंचायती राज संस्थाऍ हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं की रीढ़ रही हैं, जिनके चारों ओर गॉव की समूची सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियॉ चलती थीं। वैदिक काल से लेकर ब्रिटिश काल तक ये पंचायतें ही हमारे गॉवों एवं ग्रामीणों की आवश्यकताओं की देखभाल करती थी। आज हमें पुन: ग्राम पंचायतों की सक्रिय भूमिका को लेकर नियोजन एवं उसकी कार्य प्रणाली का संचालन करना चाहिए।

नियोजन प्रणाली के विभिन्न रूप – विगत चार-पॉच दशकों के दौरान भारत में ग्रामीण विकास हेतु अपनायी गयी रणनीति में अनेक प्रकार की नियोजन पद्धतियों का अनुसरण किया गया है, जिसमें प्रमुख इस प्रकार हैं-

1. **अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन नियोजन –** अल्प या लघु अवधि के लिए जो नियोजन प्रक्रिया अपनायी जाती है, उसमें तात्कालिक आवश्यकताओं एवं समस्याओं को सामने रखा जाता है। तात्कालिक समस्याऍ आर्थिक एवं सामाजिक दोनों तरह की हो सकती हैं। इस प्रकार लघु अवधि की नियोजन प्रणाली तात्कालिक समस्याओं को हल करने के

*शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

लिए उपयोगी होती है। इसमें एक वर्षीय व कभी-कभी त्रिवर्षीय योजनाएँ बनाई जाती हैं। जैसे - भुगतान संतुलन एवं विदेशी विनिमय कोषों के अभाव से निपटने के लिए बनायी गयी योजना, बजटीय व्यवस्था अल्पकालिक नियोजन में शामिल होती है। दूसरी ओर, अल्पकालिक नियोजन के अलावा या इसके साथ-साथ दीर्घावधि की योजनायें भी तैयार की जाती हैं। इसमें संस्थानिक एवं संरचनात्मक परिवर्तन शामिल रहते हैं। इसमें पंचवर्षीय योजनायें तथा दस वर्षीय या बीस वर्षीय योजनायें शामिल रहती हैं। जैसे आार्थिक विकास हेतु दीर्घकालिक योजना, जनसंख्या नियंत्रण हेतु नीति, भुगतान संतुलन की संरचनात्मक असामान्यता को सुधारने हेतु योजना आदि। लघु अवधि की योजनायें दीर्घ अवधि की योजना की रणनीति की सहायक होती है। लघु एवं दीर्घ अवधि की योजनाओं के मध्य सामंजस्य बनाये रखना होता है। भारत में वार्षिक योजनायें वार्षिक बजट से जुड़ी होती हैं, उन्हें पंचवर्षीय योजनाओं के साथ जोड़ा जाता है। इस तरह दोनों ही प्रकार की योजनायें क्रमिक रूप से निरन्तर चलती रहती हैं। नियोजन एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। एक पंचवर्षीय योजना को संशोधित रूप में अगले पॉच वर्षो के लिए बनाया जाता है।

2. **क्षेत्रीय नियोजन -** क्षेत्रीय नियोजन प्रणाली के द्वारा पिछडे क्षेत्रों तथा विशेषकर पर्वतीय क्षेत्र, मरुस्थलीय क्षेत्र जैसी भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों की समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जाता है। इनमें पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम जैसे उत्तर प्रदेश पर्वतीय विकास कार्यक्रम, मरुस्थलीय विकास कार्यक्रम आदि शामिल हैं। क्षेत्रीय नियोजन कार्य प्रणाली में क्षेत्र विशेष के आर्थिक एवं सामाजिक सुधार हेतु अनेकानेक कार्यक्रम लागू किये जाते हैं।

3. **बहुधन्धी नियोजन -** भारत में नियोजन के माध्यम से ग्रामीण विकास हेतु प्रथम प्रयास सामुदायिक विकस कार्यक्रमों के साथ प्रारम्भ हुआ। वर्ष 1952 में, देश में सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक कार्यक्रम चलाये गये। इसमें कृषि एवं पशुपालन के अलावा सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, लघु एवं कुटीर उद्योग, सड़क, आवास, दूर-संचार आदि अनेक परियोजनाओं को अंगीकृत किया गया है। अर्थात् इसमें एक साथ अनेक धन्धों को अपनाया गया। विकास की यह नियोजन पद्धति बहुधन्धी नियोजन पद्धति कहलाती है।

4. **वर्गीकृत एवं स्थानिक नियोजन -** संतुलित आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए वर्गीकृत तथा स्थानिक योजनाओं का विशेष महत्त्व है। ये योजनायें संतुलित आर्थिक विकास की अवधारणा पर आधारित हैं। स्थानिक विकास एवं क्षेत्रीय विकास की अवधारणा काफी मिलती-जुलती है। वर्गीकृत नियोजन के अन्तर्गत प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र की क्रियाओं को शामिल किया जाता है जो इस प्रकार से वर्गीकृत हैं-

प्राथमिक क्षेत्र - कृषि, पशुपालन एवं संबंधित क्रियायें, खनन, वानिकी आदि।

द्वितीयक क्षेत्र - विनिर्माण यथा ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग।

तृतीयक क्षेत्र - बैंकिंग, बीमा, परिवहन, व्यापार आदि।

5. **सामान्य एवं बहु-स्तरीय नियोजन -** सामान्य नियोजन के अन्तर्गत नियोजन का प्रारूप राष्ट्रीय स्तर पर निर्मित होता है। राष्ट्रीय स्तर पर नियोजन का निर्माण कर उसे निम्न स्तर की इकाइयों (प्रशासनिक इकाइयों) को क्रियान्वित करने का निर्देश दिया जाता है। ऐसी स्थिति में निम्न स्तर के अधिकारियों को योजना की तकनीकी जानकारी नहीं हो पाती है। इसके कारण नियोजन का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता है। इस प्रकार की नियोजन प्रणाली से क्षेत्रीय असंतुलन बढ़ता है। सामान्य नियोजन प्रणाली केन्द्रीय कुल योजना प्रणाली की जरूरत है। विकेन्द्रीकृत नियोजन में बहु-स्तरीय योजना की अवधारणा अधिक सही एवं उपयुक्त मानी जाती है। बहुस्तरीय नियोजन प्रणाली में योजना का निर्माण विभिन्न प्रशासनिक स्तर (छोटे तथा बडे) पर विस्तृत गहन एवं विचार विमर्श के फलस्वरूप होता है। इसके अन्तर्गत नियोजन की प्रक्रिया छोटे स्तर से बड़े स्तर की ओर उन्मुख होती है। इसमें क्षेत्रीय असंतोष के स्थान पर क्षेत्रीय अन्तर्सम्बद्धता का गुण पाया जाता है।

6. **लक्षित वर्ग नियोजन -** लक्षित वर्ग नियोजन प्रणाली के अन्तर्गत वर्ग विशेष, जिसमें निर्धन वर्ग को लक्ष्य बनाकर नियोजन प्रक्रिया अपनायी जाती है। ग्रामीण विकास हेतु लक्षित वर्ग प्रणाली के अन्तर्गत 'निर्धन वर्ग' की आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति को सुधारने के लिए योजना बनायी जाती है क्योंकि समेकित योजना के तहत निर्धन वर्ग को समुचित लाभ मिलने की संभावनायें प्राय: कम रहती हैं। अत: इसके लिए 'लक्षित वर्ग प्रणाली' उपयुक्त मानी जाती है।

विकेन्द्रीकृत नियोजन का स्तरीकरण - भारत में अधिकांश जनसंख्या श्रम शक्ति तथा भूमिगत क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में शामिल है। अत: विकेन्द्रीकृत नियोजन को विभिन्न स्तरों में विभाजित करना उपयुक्त रहता है। इसमें योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्विति राष्ट्र, प्रान्त, जनपद, विकास-खण्ड, ग्राम तथा परिवार स्तर पर होता है। इस प्रकार बहुस्तरीय नियोजन की प्रक्रिया भारत के ग्रामीण एवं समग्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु आवश्यक ही नहीं, एक उपयोगी पहल है। विकास नियोजन का स्तरीकरण निम्न प्रकार से किया जा सकता है -

1. पारिवारिक नियोजन, 2. ग्राम स्तरीय नियोजन, 3. खण्ड स्तरीय नियोजन, 4. जिला स्तरीय नियोजन, 5. क्षेत्रीय नियोजन, 6. प्रान्तीय नियोजन, 7. राष्ट्रीय नियोजन।

पारिवारिक नियोजन - परिवार स्तरीय नियोजन बनाते समय इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि परिवार के पास उपलब्ध संसाधन या उसके आस-पास के परिवेश में उपलब्ध संसाधनों की क्या स्थिति है। इससे परिवार को कच्चा माल या अवसंरचनात्मक असुविधा नहीं होगी तथा योजना का अनुकूल लाभ भी मिल सकेगा। योजना के तहत यदि परिवार को उचित 'प्रोजेक्ट' उपलब्ध कराया जाये तथा उसके समुचित लाभ प्राप्त कराए जायें तो परिवार गरीबी की रेखा से ऊपर उठ सकेगा तथा आर्थिक विकास के मार्ग में अग्रसर होगा। यह प्रोजक्ट उत्पादन के प्राथमिक, द्वितीयक व तृतीयक क्षेत्रों से किसी से भी लिया जा सकता है। चूंकि ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक क्षेत्र में जनशक्ति की निर्भरता अधिक है। उसके कारण कृषि क्षेत्र में सीमान्त उत्पादकता ऋणात्मक है तथा अदृश्य बेरोजगारी विद्यमान है। अत: बेहतर यह होगा कि परिवार को द्वितीयक एवं तृतीयक क्षेत्र में परियोजना उपलब्ध करायी जाये। द्वितीयक क्षेत्र के तहत उद्योगों की स्थापना हो सकती है।

परिवार को उद्योगों की ओर प्रोत्साहित करने से पूर्व इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इसमें इसकी संबद्धता, उद्यमशीलता की इच्छा तथा प्रशिक्षण की सुविधा सुलभ हो। तृतीयक क्षेत्र में परिवार के लोगों को खुदरा व्यापार, भवन निर्माण, परिवहन, विपणन, बीमा, दस्तकारी सेवा, व्यापार आदि सेवाओं में लगाया जा सकता है।

ग्राम स्तरीय नियोजन - ग्राम स्तरीय नियोजन को परिवार की योजनाओं के आधार पर तैयार किया जाता है। ग्राम के लिए योजना बनाते समय वहॉ

के प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ श्रम शक्ति तथा वित्तीय स्त्रोतों को भी ध्यान में रखा जाता है। प्रत्येक परिवार की योजनाओं की जानकारी एकत्र करने के बाद उसका विश्लेषण कर गॉव के लिए एक समग्र योजना तैयार की जाती है। ग्राम के लिए बनाई गयी योजना के लक्ष्यों को निर्धारित करके उसे निश्चित समय में पूरा कर गॉव की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया जा सकता है। गॉव के लिए योजना निर्माण में इस बात का ध्यान रखना होता है कि उसमें गॉव के संसाधनों का समुचित उपयोग हो। ग्राम क्षेत्र में उपलब्ध कच्चे माल, मानव शक्ति आदि संसाधनों का अनुकूलतम स्तर का उपयोग किया जाना चाहिए। वर्ष 1978-79 में एकीकृत ग्राम विकास योजना के प्रारम्भिक वर्षो में ग्रामीण सर्वेक्षण किया गया तथा निर्धनता की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के संबंध में विस्तृत ब्यौरा दिया गया, जिसके आधार पर ग्राम योजना तैयार की गयी। लेकिन यहॉ पर यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि जिन परिवारों की सूचना को विकास खण्ड कार्यालयों में एकत्रित किया गया था, उनकी अधिकांश सूचनाएॅ वास्तविकता से दूर थीं। ग्राम नियोजन हेतु आज तक सही दृष्टि से कोई काम नहीं हो पा रहा है।

खण्ड स्तरीय नियोजन - विकास खण्ड स्तर पर नियोजन का उद्देश्य आर्थिक, सामाजिक एवं मानवीय विकास करना है। इस स्तर पर किया गया नियोजन क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय नियोजन के लिए नींव की ईंट का काम करता है। विकास खण्ड स्तर के लिए योजना निर्माण हेतु ग्राम एवं उसमें निवास करने वाले परिवारों के उद्यमों को आधार बनाया जाता है। इस योजना में स्थानीय संस्थाओं, ग्रामों की निर्धनता, बेरोजगारी, पिछड़ापन तथा सामाजिक ढॉचा आदि तत्वों पर विचार करते हुए कार्यक्रमों को प्रारम्भ किया जाता है। वर्ष 1952 में देश में विकास खण्डों में सामुदायिक विकास कार्यक्रम चलाये गये। विकास खण्ड स्तर पर इस कार्यक्रम को चलाने के लिए पंचायत समिति इसकी एक महत्वपूर्ण कड़ी थी, क्योंकि विकास खण्ड का अयोजन विकास इकाई के रूप में ग्रहण करते समय स्थानीय स्वायत्त शासन संगठनों अथवा पंचायती राज संस्थाओं को तीन स्तरों के रूप में चुना गया था - जिला, विकास खण्ड तथा ग्राम सामुदायिक विकास। इन कार्यक्रमों के तहत विकास खण्ड से सिंचाई, विद्युत, सड़क, भवन-निर्माण तथा प्राथमिक, द्धितीयक क्षेत्र की क्रियाओं को अपनाया गया, लेकिन सामुदायिक विकास कार्यक्रम के शुभारम्भ के 10-15 वर्ष बाद विकास खण्ड स्तर पर इसका बजट सीमित हो गया तथा खण्ड स्तर की स्वयत्तशासी संस्था पंचायत समिति विकास खण्ड के लिए संसाधन जुटानें में असमर्थ हो गयीं। इस प्रकार खण्ड स्तर पर योजनायें क्रमशः घटती चली गयीं।

1978 में जब एकीकृत ग्राम विकास कार्यक्रम प्रारम्भ किये गये तो इसमें यह तय किया गया था कि ये कार्यक्रम खण्ड स्तर पर तैयार किये जायेंगे तथा उसके बाद उसे जिलास्तर पर 'जिला ग्राम्य विकास अभिकरण' के साथ जोड़ा जायेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। योजनाए जिला स्तर पर तैयार करके विकास खण्डों पर थोप दी जाती हैं। अतः विकास खण्डों को मात्र सूचनायें एकत्र करने तथा कार्यक्रम चालू करने का माध्यम बनाया गया, योजना निर्माण के लिए नहीं।

जिला स्तरीय नियोजन - जिला स्तरीय नियोजन-राष्ट्रीय नियोजन, राज्य तथा क्षेत्रीय नियोजन के लिए प्रमुख एवं महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करता है। दूसरी तरफ यह परिवार, ग्राम तथा विकास खण्ड स्तरीय योजनाओं को जोड़ने का कार्य भी करता है। जिला स्तरीय योजना को पंचवर्षीय आधार पर तैयार कर उसमें आर्थिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को शामिल किया जाता है।

जिला स्तरीय नियोजन हेतु निम्नांकित बातों को ध्यान में रखना आवश्यक है -

1. प्राकृतिक संसाधनों का सर्वेक्षण एवं उनका युक्ति संगत उपयोग।
2. मानव संसाधन अर्थात् श्रम शक्ति का पूरा-पूरा उपयोग।
3. उवसंरचनात्मक सुविधाओं की स्थापना करना।
4. वित्तीय संगठनों की स्थापना करना।
5. संगठन एवं संस्थाओं की स्थापना तथा उनका उत्पादन कार्यो के लिए उपयोग करना।
6. ग्रामीण क्षेत्रों के लिए श्रम-गहन तथा सरल तकनीकी का विकास करना।
7. स्थानीय ऊर्जा स्त्रोतों अर्थात् पवन, जल आदि का नियोजत विकास करना।
8. न्यूनतम उपभोक्ता वस्तुओं एवं सेवाओं की व्यवस्था करना।

इसके अलावा जनपद स्तरीय योजना बनाते समय इस बात का विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए कि इसमें नीचे के स्तर - विकास, ग्राम तथा परिवार स्तर की योजनाओं को समुचित स्थान मिलना चाहिए। वास्तविक रूप में जनपद स्तरीय नियोजन को निचले स्तर की योजनाओं के मूलाधार पर तैयार किया जाना चाहिए।

भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के दौरान जिला स्तरीय नियोजन पर जोर दिया जाता रहा है। पंचवर्षीय योजनाओं में जनपद स्तर पर अनेक कार्यक्रम चालू किये गये जिनमें कृषि, सिंचाई, भूमि संरक्षण, वानिकी, पशुपालन, शिक्षा, स्कूल-भवन, पेयजल-आपूर्ति, सड़कों का निर्माण तथा चौथी योजना (1969-74) में महत्त्व दिया गया। वर्ष 1969 में योजना आयोग ने देश में जिला स्तरीय योजना तैयार करने के लिए राज्यों को निर्देश दिये। इसके बाद जिला स्तरीय नियोजन का महत्त्व बढ़ता रहा है। छठी एवं सातवीं पंचवर्षीय योजना की 'एकीकृत ग्राम्य विकास योजना' को जिला स्तरीय नियोजन का एक रूप कहा जाए, तो कोई अतिशंयोक्ति नहीं होगी। बाद में आठवीं एवं नवीं योजना में इसे प्राथमिकता दी गई है।

क्षेत्रीय नियोजन - क्षेत्रीय नियोजन द्धारा स्थानीय समस्याओं एवं विषमताओं को दूर करने में सहायता मिलती है। क्षेत्रीय नियोजन 'संतुलित क्षेत्रीय विकास' को सुदृढ़ करती है। क्षेत्रीय विशेषता चाहे आर्थिक पिछडेप़न से हो या भौगोलिक विभिन्नता से हो या फिर किसी अन्य सामाजिक रूप में हो, राजस्थान का मरुभूमि क्षेत्र हो या उत्तर प्रदेश का पर्वतीय क्षेत्र इनका नियोजन क्षेत्रीय नियोजन के अन्तर्गत ही आता है।

क्षेत्रीय नियोजन का महत्त्व क्षेत्रीय विकास के लिए अधिक है। कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं जहॉ का आर्थिक एवं सामाजिक विकास सामान्य स्तर से काफी नीचे होता है। अतः ऐसे क्षेत्रों को सामान्य स्तर तक लाने के लिए एक अलग से योजना बनाने की जरूरत पड़ती है। अतः इस प्रकार का नियोजन संतुलित क्षेत्रीय विकास के लिए अत्यधिक उपयोगी रहता है क्योंकि सामान्य नियोजन के माध्यम से पिछडे क्षेत्रों या विशेषकर भौगोलिक क्षेत्रों का विकास सम्भवतः कम ही हो पाता है।

क्षेत्रीय नियोजन द्धारा पिछड़े या विशिष्ट भौगोलिक परिवेश वाले क्षेत्रों में विकास योजनाएॅ सक्रिय रूप से चलाकर उस क्षेत्र को आर्थिक विकास की गति के साथ अग्रसर होने का अवसर दिया जाता है। इन क्षेत्रों में औद्योगिक पिछड़ापन प्रमुख होता है। लोग प्राथमिक क्षेत्र की क्रियाओं पर जीवित रहते हैं। अतः औद्योगिकीकरण के माध्यम से वहॉ पर उद्योगों की

स्थापना की जाती है तथा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार किया जाता है। अवसंरचनात्मक सुविधाओं को बढ़ाया जाता है ताकि द्वितीयक एवं प्राथमिक क्षेत्र की क्रियाएँ सुचारू रूप से चल सकें। क्षेत्रीय नियोजन के माध्यम से क्षेत्रीय विषमताओं, आय की असमानता, निर्धनता तथा सामाजिक विषमताओं को कम करने में सहायता मिलती है।

प्रान्तीय नियोजन – प्रान्तीय नियोजन प्रक्रिया में राज्य सरकारें स्वयं क्रियाशील एवं सम्बद्ध रहती हैं। राज्य या प्रान्तीय स्तर पर नियोजन करने का कार्य प्राय: राज्य सरकार का होता है। प्रादेशिक नियोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक-सामाजिक विकास के साथ-साथ पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना भी होता है। अत: प्राकृतिक संसाधनों का समुचित ढंग से उपयोग करना ताकि पारिस्थितिकी संतुलन बना रहे, राज्य सरकारों का कार्य है। इस बात को ध्यान में रखकर उन्हें नियोजन करना चाहिये।

प्रान्तीय नियोजन क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय नियोजन के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है। राष्ट्रीय नियोजन प्रक्रिया में प्रान्तीय नियोजन की प्रक्रियाओं को ध्यान में रखा जाता है और प्रान्तीय नियोजन में क्षेत्रीय नियोजन को महत्त्व दिया जाता है। प्रान्तीय करों एवं बचतों के माध्यम से वह कितना विनियोग कर पाएगी तथा केन्द्र किस सीमा तक उसकी नीतियों के क्रियान्वयन में सहायता करेगा, इस बात का ध्यान राज्य नियोजन में रखा जाता है। राज्य नियोजन राष्ट्र एवं क्षेत्र दोनों प्रकार के नियोजनों को समन्वित रूप में रखकर किया जाता है।

राष्ट्रीय नियोजन – जब सम्पूर्ण राष्ट्र को एक इकाई मानकर नियोजन किया जाता है तब यह राष्ट्रीय स्तर का नियोजन कहलाता है। इस प्रकार के नियोजन में सम्पूर्ण प्राकृतिक एवं मानवीय संसाधनों के अलावा वित्तीय संसाधनों को एक समग्र रूप में रखा जाता है तथा इसी के अधार पर सम्पूर्ण राष्ट्र के आर्थिक विकास हेतु नियोजन किया जाता है। नियोजन की इस प्रक्रिया में सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक विकास को महत्त्व दिया जाता है। भारत में राष्ट्रीय स्तर के नियोजन का निर्माण योजना आयोग द्वारा किया जाता है। इस आयोग के अध्यक्ष स्वयं प्रधानमंत्री होते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किये नियोजन का संचालन केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है।

राष्ट्रीय स्तर के नियोजन में एक कमजोरी यह होती है कि इसमें जन सामान्य की भागीदारी न्यूनतम एवं अप्रत्यक्ष रूप में होती है क्योंकि यह नियोजन योजना निर्माण विशेषज्ञों तथा उच्च स्तरीय नेतृत्व के द्वारा होता है। वर्तमान में राजनीतिक पार्टियाँ अपनी पार्टी की नीतियों के अनुरूप ही नियोजन की संरचना करते हैं। इस बात को विगत वर्षों में भारतीय राजनीतिक मंच पर तेजी से आये बदलाव के रूप में देखा जा सकता है। योजना के उद्देश्यों में पार्टियों के अपने मुद्दे भी शामिल रहते हैं ताकि उनका राजनीतिक भविष्य सुरक्षित बना रह सके।

बहु-स्तरीय नियोजन में अन्तर्सम्बन्ध – नियोजन की प्रक्रिया में राष्ट्रीय स्तर से लेकर परिवार स्तर तक की एक कड़ी होती है। इनमें परिवार, ग्राम, विकास खण्ड, जनपद, क्षेत्र, प्रदेश तथा अन्त में राष्ट्र होता है। इन विभिन्न स्तरों के नियोजन के अभाव में जब राष्ट्रीय स्तर पर नियोजन किया जाता है तो उसकी जाकारी समग्र रूप में नहीं हो पाती है। योजना सीमित तथा संभ्रान्त लोगों तक ही रह जाती है। भारत में विगत वर्षो के दौरान राष्ट्रीय स्तर के नियोजन को ही अधिक महत्त्व दिया जाता रहा है। इसके कारण स्थानीय जनता को समुचित लाभ नहीं मिल पाया, जिससे आय की असमानता बढ़ी है, क्योंकि योजना संभ्रान्त परिवारों तक सीमित रह गयी थी तथा पिछड़े ग्राम व परिवार इसकी पकड़ से बाहर रह गए। छठी योजना (1980-85) में स्थानीय नियोजन पर बल दिया गया। अर्थात् बहु-स्तरीय नियोजन में यह आवश्यक होता है कि विभिन्न स्तर की योजनाओं के मध्य समन्वय स्थापित हो।

अत: विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रणाली में राष्ट्रीय नियोजन तथा स्थानीय नियोजन के बीच प्रवाह होना आवश्यक है। राष्ट्रीय नियोजन के लक्षण स्थानीय नियोजन में तथा स्थानीय नियोजन के लक्षण राष्ट्रीय नियोजन में परिलक्षित होने चाहिए। राष्ट्रीय नियोजन प्रणाली को विकेन्द्रीकृत होकर स्थानीय लक्ष्यों की ओर अग्रसर होना चाहिए।

विकेन्द्रीकृत नियोजन में स्थानीय नियोजन – विकेन्द्रीकृत नियोजन प्रक्रिया में नियोजन को केन्द्र से स्थानीय नियोजन की ओर अग्रसर किया जाता है। स्थानीय नियोजन का दृष्टिकोण लोकतांत्रिक है क्योंकि इसके द्वारा नियोजन प्रक्रिया में आम लोगों की भागीदारी बढ़ जाती है। योजना निर्माण का कार्य जब स्थानीय लोगों द्वारा होता है तो समस्याओं को और अधिक व्यावहारिक ढ़ंग से समझा जा सकता है तथा उसके लिए उचित रणनीति व्यावहारिक तौर पर व स्थानीय समर्थन पर बनायी जा सकती है जबकि केन्द्र द्वारा थोपी गयी रणनीति में यह गुण नहीं पाया जाता है। अत: स्थानीय नियोजन का अपना एक विशेष महत्त्व रहता है।

स्थानीय नियोजन की अपनी समस्यायें भी हैं। यदि ग्रामीण विकास की प्रक्रिया में विकेन्द्रीकरण की नीतियाँ राजनीतिक इच्छाओं के प्रतिकूल हों तो स्थानीय स्तर की उपलब्धियाँ बुरी तरह प्रभावित होती हैं। स्थानीय लोगों में प्रबन्धकीय कुशलता की कमी रहती है। फलत: नियोजन के संचालन में समस्या उत्पन्न होती रहती है।

कार्यकारी नियोजन – पाँचवीं-पंचवर्षीय योजना (1974-79) के अन्त में जब देश में एकीकृत ग्राम विकास योजनायें प्रारम्भ की गयी, जिसमें निर्धनता रेखा के नीचे रहने वाले परिवेशों के जीवन स्तर में सुधार लाकर उन्हें राष्ट्रीय आर्थिक विकास की धारा में प्रवाहित करने का लक्ष्य रखा गया, तो कार्यकारी नियोजन की अवधारणा विकसित हुई। इसमें लाभार्थियों को तुरंत या शीघ्र फायदा पहुँचाने की दृष्टि से वार्षिक आधार पर योजनाएँ तैयार करके उनको लागू किया गया। तुरन्त निष्कर्ष देने वाली ये वार्षिक आधार की योजनायें कार्यकारी याजनाओं के रूप में ही जानी गई। इनके तहत लाभार्थियों की आर्थिक स्थिति में शीघ्रतापूर्वक सुधार आना प्रारम्भ हो गया। इसमें लाभर्थी को कार्यकारी योजना के अन्तर्गत इस प्रकार का प्रोजेक्ट दिया जाता है जिससे शीघ्र उत्पादन प्राप्त हो।

वर्ष के अन्त में कार्यकारी योजना की समीक्षा की जाती है और उसी आधार पर अगले वर्ष की कार्यकारी योजना का पूर्वानुमान लगाया जाता है। कार्यकारी योजना बनाते समय इस बात का ध्यान रखना होता है कि लाभार्थी का चयन, उसको दिया गया प्रोजेक्ट, अन्य विभागों से उसको मिलने वाली सहायता तथा लाभार्थी की अभिरुचि आदि की पहचान ठीक ढंग से हुई या नहीं, अन्यथा कार्यकारी योजना का आपेक्षित लाभ नहीं मिल पायेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. के.के. शर्मा – भारत में पंचायती राज।
2. एस. आर. माहेश्वरी – भारत में स्थानीय शासन।
3. रविन्द्र शर्मा – ग्रामीण स्थानीय प्रशासन।
4. बी.एम. सिंन्हा – भारत में नगरीय सरकारें।
5. अशोक शर्मा – भारत में स्थानीय प्रशासन।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

निमाड़ में सन्त परम्परा - एक पुनरावलोकन

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध पत्र में निमाड़ में 15 वीं से 20 वीं सदी ईसवी तक के लगभग छह सौ वर्षों की दीर्घ अवधि में निमाड़ की सन्त परम्परा का पुनरावलोकन प्रस्तुत किया जा रहा है।

मध्यकालीन भक्ति आन्दोलन की राष्ट्रव्यापी धारा की उत्तंग लहरे निमाड़ में भी उत्पन्न हुई। यहाँ अनेक सन्त हुये हैं, जिन्होंने मानववादी पथ पर चलकर भेदभाव, जाति-पाँति, छुआछूत, पाखण्ड, आडम्बर आदि के अभिषापों से समाज को मुक्ति प्रदान करने में योगदान दिया है। वे न केवल स्वयं के मोक्ष के प्रति साधनारत रहे, अपितु उन्होंने जन कल्याण के लिये प्रत्येक पल सक्रिय रहे। उन्होंने भक्ति भाव, अध्यात्म, दर्शन आदि की अभिव्यक्ति के लिये काव्य एवं गद्य का सृजन किया। हैं।

ज्ञात ही है कि मध्यप्रदेश के दक्षिण-पश्चिम भाग में इन्दौर संभाग में निमाड़ स्थित है। 'आयताकार निमाड़ 21°5' उत्तरी अक्षांश से 22°38' उत्तरी अक्षांश तक तथा 74°2' पूर्वी देशान्तर से 77°13' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है।'[1] 1 नवम्बर, 1956 को नये मध्यप्रदेश के निर्माण के समय निमाड़ को दो भागों में विभक्त किया गया- 1. पश्चिमी निमाड़ एवं 2. पूर्वी निमाड़।'[2]

शोध प्रविधि – शोध पत्र हेतु तथ्य संकलन के लिये सन्तों की रचनाओं को मूल आधार बनाया गया। इतिहास लेखन के लिये स्त्रोतों की प्रामाणिकता अनिवार्य आवश्यकता होती है। सन्त ब्रह्मगीर, सन्त सिंगाजी, सन्त कालूजी, सन्त दलूदास, सन्त खेमदास, सन्त धनजीदास, सन्त फकीरानाथ, सन्त बोंदरू, सन्त अफजल, सन्त हरिदास, सन्त पुरुषोत्तम नागर ने बहुत लिखा है या इनका कहा हुआ इनके अनुयायी लिपिबद्ध करते रहे। इनके अधिकांश भजनों को संग्रहित कर निमाड़ के या निमाड़ पर लिखने वाले साहित्यकारों जैसे डॉ. कृष्णलाल हंस, श्री रामनारायण उपाध्याय, डॉ. रमेशचन्द्र गंगराड़े, डॉ. श्रीराम परिहार, श्री बाबूलाल सेन, श्री रामशंकर गंगराड़े आदि ने संकलित एवं अनुदित कर पुस्तकाकार में प्रकाशित किया है। कुछ भजन मण्डलियों के पास डायरियों में हस्तलिखित भजन भी पढ़ने को मिले। सन्त साहित्य से तत्कालीन स्थितियों और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश पड़ता है, उसे संचित, विश्लेषित कर शोध पत्र की रचना की गई है।

सन्त परम्परा – सैद्धांतिक विवेचन – सन्त परम्परा पर अनुसंधान करने पर स्पष्ट हुआ है कि भिन्न-भिन्न संज्ञाओं के रूप में इसका अस्तित्व भारत में प्राचीन काल से रहा है। कालान्तर में सन्त शब्द के अर्थ का विकास होने पर यह 'अच्छा', 'सदाचारी', 'शान्त', 'पवित्रात्मा', 'परोपकारी' आदि का द्योतक हो गया। साधु या महात्मा के अर्थ में सन्त शब्द का प्राचीनतम प्रयोग विट्ठल बारकरी सम्प्रदाय के ज्ञानदेव एवं अन्य सन्तों के लिये हुआ है। सन्त मत बौद्ध धर्म और उसके साहित्य से अनुप्राणित है। बौद्ध धर्म की वज्रयान शाखा की घोर तांत्रिक प्रक्रिया से उदित नाथ सम्प्रदाय से प्रेरणामूलक तत्वों को लेकर सन्त मत अवतरित हुआ। गीता, रामचरितमानस जैसे ग्रन्थों के अनुसार सन्त उदात्त गुणों से युक्त तथा प्रत्येक स्थिति में सम रहने वाला होता है।

मध्यकालीन भक्ति आन्दोलन के परिप्रेक्ष्य में भारत में सन्त परम्परा का प्रारम्भ जयदेव (12 वीं सदी) से माना जाता है। जयदेव से लेकर आधुनिक काल तक हुये सन्तों में रामानन्द, कबीर, नानक, तुलसीदास जैसे अनेक महान सन्त हुये। निमाड़ में सन्त परम्परा ब्रह्मगीर से प्रारम्भ हुई है, जिसे मनरंगीर, भावसिंह, कालूजी, अफजल, लालदास, कालूदास, खुश्यालदास, दशरथ, नन्दलाल, हरिदास स्वामी आदि ने आगे बढ़ाया।

निमाड़ की सन्त परम्परा – निमाड़ के प्रमुख सन्तों को का अध्ययन दो-दो शताब्दियों के कालखण्ड में विभक्त करके किया गया।

अ- पन्द्रहवीं-सोलहवीं सदी के प्रसिद्ध सन्त – पन्द्रहवीं-सोलहवीं शताब्दी में ब्रह्मगीर, मनरंगीर, सिंगाजी, जगन्नाथगीर, भावसिंह, कालूजी आदि ने सन्त के रूप में ख्याति अर्जित की। सन्त ब्रह्मगीर निमाड़ की सन्त परम्परा के प्रथम सन्त तथा निमाड़ के सन्त साहित्य के आद्य प्रवर्तक थे। वे निर्गुण निराकार के साधक थे। उन्होंने लोक प्रीति के स्थान पर ब्रह्म आराधना का आग्रह किया। उनके असंख्य षिष्य हुये, जिनमें मनरंगीर विशेष प्रसिद्ध हुये। मनरंगीर भी अपने गुरू की भाँति निर्गुण निराकार के उपासक थे। उनकी अभिव्यक्ति सम्मोहक थी, जो न केवल उन्हें विचारपूर्वक सुनने के लिये उपस्थित हुये भक्तों को अपितु उनकी आवाज की परिधि से गुजरते राह चलते लोगों को भी पूर्णत: प्रभावित करती थी। स्वामी मनरंगीर निमाड़ के पहले सन्त हैं, जिनके साथ चमत्कारिक जनश्रुतियाँ सम्बद्ध हैं। सिंगाजी एवं जगन्नाथगीर उनके प्रमुख शिष्य थे। सिंगाजी सर्वकालिक महान सन्त थे। वे निमाड़ के ही नहीं सम्पूर्ण भारत के भक्ति आन्दोलन के सन्तों की अग्रगण्य पंक्ति में सम्मिलित किये जा सकते हैं। सन्त सिंगाजी निमाड़ के लोकजीवन के सर्वप्रेरक सन्त-साधक थे। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। उनमें दर्शन की सार्थकता, ज्ञान की गंभीरता, प्रेम की तरलता और हठयोग की कठोर साधना का एक साथ दिग्दर्शन होता है। इस अंचल में वे ऐसे अवतारी पुरुष के रूप में मान्य हैं, जो पृथ्वी के कष्टों को दूर करने के लिये संसार में अवतरित हुये थे। उन्होंने अल्प जीवनकाल में अप्रतिम उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। सिंगाजी के ग्यारह सौ भजन निमाड़ की धरोहर बन गये। उनके जीवनकाल में असंख्य लोग उनके अनुयायी बन गये थे। उनके द्वारा समाधि ग्रहण करने के बाद उन्हें मानने और पूजने वालों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई। वर्तमान में निमाड़ का यादव समाज ही नहीं बल्कि हर समाज का व्यक्ति सिंगाजी को देवरूप में देखता है। सन्त जगन्नाथगीर सन्त सिंगाजी के समकालीन थे। उन्होंने अपने काव्य तथा उपदेशों में जीवन की सादगी पर बहुत बल दिया।

* एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

उनकी मान्यता थी कि अत्यधिक महत्वाकांक्षा कष्ट का कारण बनती है। सन्त भावसिंह सन्त सिंगाजी को अपना गुरू स्वीकार करते थे। सन्त भावसिंह ने एकेश्वरवाद का समर्थन किया और कहा कि समस्त सृष्टि का सृजक एवं पालक एक ही ब्रह्म है। सन्त के रूप में उनकी ख्याति असीम थी और जन सामान्य में उनके प्रति अटूट आस्था थी। सन्त कालूजी सन्त सिंगाजी के ज्येष्ठ पुत्र थे और उन्हें ही अपना गुरु मानते थे। वे कर्मवादी थे और उन्होंने अपने अनुयायियों को कर्म का सन्देश दिया है। तथा मानवीय गुणों के विकास का स्नेहपूर्वक आग्रह किया। प्रथम दो शताब्दियों में हुये छह सन्तों में से तीन सिंगाजी, भावसिंह एवं कालूजी ने जीवित समाधि लेकर यह सिद्ध किया कि उन्हें जीवन के प्रति कोई मोह नहीं था। इन्होंने निमाड़ में भक्ति आन्दोलन की दृढ़ नींव ही नहीं स्थापित की अपितु उसकी ऊँची अट्टालिका भी निर्मित कर दी।

ब– सत्रहवीं–अठारहवीं सदी के प्रसिद्ध सन्त – सत्रहवीं–अठारहवीं शताब्दी में निमाड़ में प्रमुख रूप से दलूदास, खेमदास, धनजीदास, लालदास, बोंदरू, अफजल आदि सन्त हुये। इनमें अफजल सर्वकालिक महान सन्त थे। सन्त दलूदास सन्त कालूजी के पुत्र और सन्त सिंगाजी के पौत्र थे। वे सन्त सिंगाजी के अनन्य भक्त थे तथा उन्हें अपना गुरू मानते थे। वे तत्कालीन सामाजिक प्रवृत्तियों से चिन्तित थे और उन्हें कलियुग की विशिष्टताएँ मानते थे। सन्त खेमदास सन्त सिंगाजी के षिष्य और उनके पौत्र थे। 'सिंगाजी की परचरी' उनके द्वारा रचित बहुमूल्य पुस्तक है। यह एकमात्र रचना है, जिसे पढ़कर सन्त सिंगाजी का पूर्ण परिचय ज्ञात होता है। सन्त धनजीदास भी सन्त सिंगाजी के षिष्य थे। वे एक उत्कृष्ट कोटि के साहित्यकार थे। उन्होंने श्रीमद्भागवत एवं महाभारत की घटनाओं के आधार पर अनेक कथाओं की रचना की है। सन्त लालदास भगवान कृष्ण के परम भक्त थे। उन्होंने हरिजन समाज में जन्म लेकर अपने सदकार्यों से समाज का गौरव बढ़ाया। सन्त बोंदरू को गुरू, गुरू मंत्र एवं गुरू दीक्षा की प्राप्ति सेवा के प्रतिफलस्वरूप हुई। आम आदमी से लेकर बड़वानी के तत्कालीन राजा–रानी तक उनके अनुयायी थे। सन्त अफजल निर्गुण निराकार के उपासक, भक्ति और योग के समन्वय कर्ता होने के साथ ही अध्यात्म का ज्ञान देने वाले धर्म गुरू थे। उनके साहित्य के अध्ययन से स्पष्ट है कि उनकी दृष्टि व्यापक थी और वे समाज सुधारक के रूप में सर्वधर्म समन्वयकारी थे। इस कालखण्ड के दो सन्तों लालदास और बोंदरू ने जीवित समाधि ग्रहण की थी।

स– उन्नीसवीं–बीसवीं सदी के प्रसिद्ध सन्त – भारत में उन्नीसवीं शताब्दी पुनर्जागरण आन्दोलन की शताब्दी के रूप में सुविदित है।

इस दौर में निमाड़ में रंकनाथ, दीनदास, फकीरानाथ, बुखारदास, कालूदास, खुश्यालदास, दशरथनाथ, नंदलाल, हरिदास, दादा धूनी वाले, पुरुषोत्तम नागर, मौनी बाबा, डेमन्या बाबा जैसे महत्वपूर्ण सन्त हुये। सन्त रंकनाथ का वास्तविक नाम कृष्णानन्द था। उन्होंने गंगागीर नामक संन्यासी से दीक्षा ली थी। कृष्ण भक्त रंकनाथ बहुभाषाविद् थे। उन्होंने माया, ममता, तृष्णा आदि मनोविकारों का प्रभावी दृष्टान्तों के माध्यम से विवेचन किया है और उनसे परे रहने की अपेक्षा जनमानस से की है। सन्त दीनदास का वास्तविक नाम सदाशिव था। वे बाल्यावस्था से पौरोहित्य कार्य करते हुये प्रभुभक्ति की ओर अग्रसर होते रहे। उन्होंने सन्त रंकनाथजी से दीक्षा ग्रहण की थी। सन्त फकीरानाथ की रचनाएँ निमाड़ी लोक साहित्य में आधुनिक काल का प्रारम्भ मानी जाती हैं। सन्त बुखारदास ने स्वामीदास बाबा से दीक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने उपदेश हेतु भजनों की अपेक्षा वार्तालाप शैली को अधिक अपनाया है। सन्त कालूदास के गुरु सन्त अफजल थे। उन्होंने धर्म के नाम पर बाह्य आडम्बरों में उलझने को निरर्थक निरुपित किया और निर्मल मन से सात्विक भक्ति की प्रेरणा दी। सन्त खुश्यालदास पर सन्त अफजल तथा सन्त कालूदास की शिक्षाओं का विशेष प्रभाव था। वे अनामी सम्प्रदाय की नागझिरी गुरुगादी के महन्त थे। उनके अनुसार चौरासी लाख योनियों में भटकने के पश्चात् पुण्यों के फलस्वरूप मिले मानव शरीर का सदुपयोग प्रति क्षण साधना करते हुये किया जाना चाहिये। सन्त दशरथ ने सन्त खुश्यालदास से गुरू दीक्षा ग्रहण की। उन्होंने दृश्य जगत के भौतिक तत्वों के मध्य सूक्ष्मतम आत्मतत्व की उपस्थिति का प्रभावी चित्रण किया है। सन्त नन्दलाल का वास्तविक नाम नन्ददास था। उन्होंने सन्त अफजल से मानसिक दीक्षा ग्रहण की और सन्त नन्दलाल हो गये। वे अनामी सम्प्रदाय की नवीन सनावद शाखा के महन्त के पद पर आसीन हुये। सामाजिक विसंगतियों के प्रति अपने अनुयायियों को सजग करने वाले सन्त नन्दलाल का दृष्टिकोण तार्किक तथा वैज्ञानिक था। उनकी शिक्षाएँ तर्क की कसौटी पर खरी उतरती हैं तथा श्रोताओं का उत्कृष्ट व्यावहारिक जीवन के लिये पथ–प्रशस्त करती हैं। सन्त हरिदास का मूल नाम हरिसिंह था। उन्होंने श्री सीताराम महाराज से दीक्षा ग्रहण की। वे अनामी सम्प्रदाय की हरदा शाखा से संबंधित थे। वे काव्य रचना और शास्त्रीय संगीत में कुशल थे। भारत की उदात्त सांस्कृतिक परम्पराओं से प्रभावित सन्त हरिदास ने देशवासियों द्वारा पाश्चात्य वेशभूषा, शिक्षा, व्यवहार आदि अपनाये जाने पर भी चिन्ता व्यक्त की है। सन्त दादा धूनीवाले का बाल्यावस्था का नाम माधव था। वे सदैव धूनी रमाकर तपस्या करते थे। इसीलिये वे दादा धूनीवाले के नाम से विख्यात हुये। श्री गौरीशंकर महाराज ने उन्हें दीक्षा देकर उन्हें केशवानंद नाम दिया। 1930 ई. में वे खण्डवा आये। उसी वर्ष उन्होंने भवानी माता मंदिर के पास समाधि ले ली। इस स्थल को दादाजी दरबार के नाम से जाना जाता है। उनके अनन्य शिष्य हरिहरानंदजी महाराज आश्रम के उत्तराधिकारी बने और छोटे दादा धूनीवाले के नाम से प्रसिद्ध हुये। देशभर में फैले लगभग 27 आश्रम खण्डवा के मुख्य आश्रम से जुड़े हुएहैं। सन्त पुरुषोत्तम नागर स्वाध्याय और स्वसाधना के द्वारा अध्यात्म के मार्ग पर अग्रसर हुये। चौदह वर्षो तक उन्होंने कठिन तपस्या एवं साधना की। उन्होंने अकूत मात्रा में सत्साहित्य का सृजन किया। उन्होंने खरगोन में 'प्रभुकृपा' आश्रम की स्थापना की थी। सन्त मौनी बाबा का वास्तविक नाम सन्त रामदास है। उन्होंने सन् 1959 में श्री अयोध्यादासजी महाराज से दीक्षा ग्रहण की थी। साधना सम्बन्धी मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिये उन्होंने श्री रामसेवकदास जी को गुरू बनाया था। मौन रहकर ईश्वर चिन्तन करना उनकी साधना का प्रमुख अंश है, अत: वे मौनी बाबा के नाम से सुविख्यात हुये। वैदिक याज्ञिक कर्म में उनकी विशेष आस्था है। मध्यप्रदेश के महेश्वर में तथा कर्नाटक के यादगीरी में उनके आश्रम स्थित हैं। सन्त डेमन्या का जन्म जनजाति परिवार में टाण्डा ग्राम में हुआ। वे गायत्री परिवार के कार्यों से प्रभावित हुये। इन्हें गायत्री परिवार के अधिष्ठाता आचार्य श्रीराम शर्मा के दर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। व्यसन मुक्त समाज बनाने के मिशन के प्रति उनके हार्दिक समर्पण के कारण वे न केवल निमाड़ में अपितु सम्पूर्ण भीलांचल में समाज सुधारक सन्त के रूप में सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

उपसंहार – इस प्रकार नर्मदा उपत्यका सेवानिष्ठ सन्तों की दीर्घ परम्परा की पोशक और साक्षी रही है। कबीर के समकाल से लेकर अद्यतन धर्म, दर्शन और अध्यात्म की धारा यहाँ प्रवाहित है। सन्त सिंगाजी और सन्त अफजल का अवदान अखिल भारतीय स्तर पर स्वीकार्य एवं प्रशंसित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुमार, डॉ. प्रमीला, मध्यप्रदेश – एक भौगोलिक अध्ययन, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 2002, पृष्ठ–41.
2. वंशी, बलदेव, भारतीय सन्त परम्परा, किताब घर, नईदिल्ली, 2010, पृष्ठ–23.
3. उपाध्याय, रामनारायण, निमाड़ का सांस्कृतिक इतिहास, विश्वभारती प्रकाशक, नागपुर, 1980, पृष्ठ– 142.
4. सेन, बाबूलाल, नर्मदांचल के सन्त कवि, माहिष्मती प्रकाशक, महेश्वर, 1995, पृष्ठ– 1–2.
5. उपाध्याय, रामनारायण, निमाड़ का सांस्कृतिक इतिहास, विश्वभारती प्रकाशक, नागपुर, 1980, पृष्ठ– 188.
6. परिहार,डॉ श्रीराम, कहे जन सिंगा, मध्यप्रदेश आदिवासी लोक कला परिषद्, भोपाल, 1996, पृष्ठ– प्रस्तावना–08–10.
7. यह पाण्डुलिपि निमाड़ लोक संस्कृति न्यास, खण्डवा के संग्रहालय में संरक्षित है।
8. हंस, डॉ. कृष्णलाल, निमाडी और उसका साहित्य, हिन्दुस्तान एकेडमी, इलाहाबाद, 1956, पृष्ठ– 284.
9. उपाध्याय, रामनारायण, निमाड़ का सांस्कृतिक इतिहास, विश्वभारती प्रकाशक, नागपुर, 1980, पृष्ठ– 161.
10. हंस, डॉ. कृष्णलाल, निमाडी और उसका साहित्य, हिन्दुस्तान एकेडमी, इलाहाबाद, 1956, पृष्ठ–289–90.
11. पाण्डेय, डॉ. नन्दकिशोर, सन्त साहित्य की समझ, रचना प्रकाशक, जयपुर, 2001. पृष्ठ–147.
12. सेन, बाबूलाल, नर्मदांचल के सन्त कवि, माहिष्मती प्रकाशक, महेश्वर, 1995, पृष्ठ– 25.
13. सेन, बाबूलाल, निमाड़ी साहित्य के कलमकार–कलाकार, माहिष्मती प्रकाशक, महेश्वर, 2003, पृष्ठ– 51.
14. हंस, डॉ. कृष्णलाल, निमाडी और उसका साहित्य, हिन्दुस्तान एकेडमी, इलाहाबाद, 1956, पृष्ठ– 295.
15. सेन, बाबूलाल, निमाड़ी साहित्य के कलमकार–कलाकार, माहिष्मती प्रकाशक, महेश्वर, 2003, पृष्ठ– 73.
16. नागर, पुरुषोत्तम, शतक समग्र, श्री पुरुषोत्तम साहित्य सुधालय, इन्दौर, प्रथम संस्करण, पृष्ठ– 02.

****

बैंकों में नवीन तकनीक एवं लागत नियंत्रण

सचिन दुबे * डॉ. घनश्याम अग्रवाल **

प्रस्तावना – बैंक में दावों के निपटान के लिए उन्नत कौशल एवं बेहतर शर्तो के साथ न्यूनतम् दरों पर बैंक की सम्पत्तियों के लिए बीमा पॉलिसियां खरीदने हेतु कारपोरेट केन्द्र में बैंक के बीमा कक्ष का गठन किया गया है। बैंक ने 99.50 प्रतिशत की सीमा तक यूनिक कस्टमर आइडेंटिफिकेशन कोड (यूसीआईसी) पर भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेशों का पालन भी किया है। परिचालन लागत कम करने की दृष्टि से बैंक ने करेंसी चेस्ट को युक्तिसंगत बनाना प्रारंभ किया है, जिसमें से वित्त वर्ष 2016 के दौरान 105 करेंसी चेस्टों को बंद किया गया, जिसके कारण लगभग 50 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष की आवर्ती खर्चे से बचत हो रही हैं।

बैंक की सीपीसी रीडिजीइन एवं अन्य परियोजनाएं कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए जोखिम निर्धारण एवं चुनौतियों व बैंक के विभिन्न उत्पादों व सेवाओं की सुपुर्दगी सहित प्रक्रिया में परिवर्तन एवं रीडिजाइन पर लगातार कार्य कर रही हैं। पर्याप्त लागत नियंत्रण एवं घटाव हासिल करने के लिए बैंक ने रजिस्टरों एवं फार्मो की खरीदियों को भी केन्द्रीकृत एवं युक्तिसंगत बनाया है और लेखन सामग्री प्रबंधन के लिए आउटसोर्सिंग मॉडल प्रारंभ किया है। घटी हुई वेस्टेज एवं सवंर्धित कुशलता की दृष्टि से थोक खरीदी का इष्टतम लाभ उठाने के लिए लेखनसामग्री मदों की आंतरिक आपूर्ति के स्थान पर वेब आधारित लेखन सामग्री प्रबंधन के आउटसोर्सिंग मॉडल को लागू किया जा रहा है। इस पहल से परिसर के किराये, भंडारण के प्रबंधन, अप्रचलित लेखन सामग्री की मदों, श्रमशक्ति एवं परिवहन आदि पर इस समय हो रहे व्यय को कम करने में सहायता मिलेगी। डिजिटाईजेशन एवं खाता खोलने के फामों के आसान रिट्रीवल के लिए वर्ष के दौरान इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रबंधन प्रणाली शुरु की गई। खाता खोलने के फार्मो के डिजिटाईजेशन का उद्देश्य खाता खोलने के फार्म को इलेक्ट्रॉनिक रुप में रखने और सभी 14 एलसीपीसी मे उनके चित्र को रिट्रीव करना है। यह पेन इण्डिया आधार वर्ष 2016-17 तक पूर्ण हो जाएगा।

बैंकों ने अपने सूचना प्रौद्योगिकी बजट के अधिकांश भाग का स्वचालन किया है और कुशल प्रबंधन एवं वित्तीय नियंत्रण हेतु संसाधनों का उपयोग सुनिष्चित करता है। कॉरपोरेट संस्कृति में आरओआई को और पक्का बनाने के लिए चार्ज बैंक मॉडल की शुरुआत वर्टिकल द्वारा की गई हैं।

वित्तीय संस्थान व्यवसाय इकाई बैंकों, म्युचुअल फंडों, बीमा कम्पनियों, दलाली फर्मो और गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों जैसे वित्तीय संस्थानों के संभावित व्यवसाय को प्राप्त करने के लिए स्थापित की गई इकाई है। इन संस्थानों के नकदी प्रबंधन को आसान बनाने के लिए संग्रहण और भुगतान के विभिन्न उत्पाद उपलब्ध कराने के अलावा बीमा कम्पनियों को 'ईजि कलेक्ट' सुविधा दी गई हैं, जिसके अन्तर्गत प्रीमियम का संग्रहण सभी शाखाओं में हो सकता है। म्युचुअल फंडों को इंट्रा-डे लिमिट सुविधा प्रदान की गई हैं। पूंजी बाजार व्यवसाय करने वाले ग्राहकों और दलालों की आवष्यकताएँ पूरी करने के लिए पूंजी बाजार शाखा (सी. एम. बी.) जो विशेष प्रकार की शाखा है, मुंबई में कार्यरत है। वित्त वर्ष 2016 में सी एम बी ने 119 बांडो, एफ. पी. ओ., आइ. पी. ओ. का प्रबंध किया और निर्गम के बैंकर (बी आइ टी) के रुप में 29,307 करोड़ रुपये (कासा) का संग्रहण किया। प्राथमिक बाजार क्षेत्र (ऋण सार्वजनिक निर्गम, बोलियाँ बैंक) और प्राथमिक बाजार क्षेत्र (ईक्विटी-आइ. पी. ओ., एफ. पी. ओ. बोलियाँ-बैंक) में सन् 2016 में बी. एस. ई. के तीन शीर्ष निष्पादकों में से एक का स्थान सी. एम. पी. का है।

नकद राशि प्रबंधन उत्पाद (सी एम पी) – नकदी प्रबंधन सेवाओं में संग्रहण, भुगतान और चलनिधि आदि सम्मिलित होता है। बैंक जो सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है, वे इस प्रकार है-चेक और नकदी संग्रहण (जिसमें द्वारस्थ बैंकिंग शामिल है), सार्वजनिक निर्गमों के लिए संग्रहण, ई-संग्रहण ई-भुगतान, मेंडेट एवं अन्य कागजी प्रलेखों जैसे कि लाभांश वारंट, रिफंड और ब्याज वारंट, सममूल्य पर जारी कारपोरेट चेक तथा बहुनगरीय चेक का प्रबंधन। कारपोरेट और संस्थात्मक ग्राहकों को संग्रहण की सुविधा प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म एबीआई एफ ए एस टी (अल्पतम समय में निधि की उपलब्धता) देश भर की 1854 प्राधिकृत शाखाओं के नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध कराई गई हैं, वहीं एसबीआई की 16,400 से अधिक शाखाओं का संपूर्ण नेटवर्क बड़े मध्य कारपोरेटों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों, संस्थात्मक ग्राहकों, म्युचुअल फंडों और बीमा कम्पनियों को संग्रहण की सुविधा विशेष रुप से डिजाइन किए गए उत्पादों के माध्यम से उपलब्ध कराता है, इसमें ईजी कलेक्ट, पॉवर ज्योति, प्री लोड आदि प्रमुख है। बैंक ई-भुगतान के विभिन्न उत्पाद भी उपलब्ध करता है, जिनकी प्रक्रिया सुरक्षित होती हैं और जो होस्ट-टू-होस्ट सुविधा वाले अन्य पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती हैं। इस व्यवसाय में पिछले तीन वर्षो से निरन्तर वृद्धि हो रही हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एसबीआई वार्षिक रिपोर्ट 2015-16
2. जैन, डॉ. एस. सी. - भारत में बैंकिंग विधि एवं व्यवहार
3. राजन, कमला - भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में क्षमतावर्धन और मानव संसाधन विकास, किताब घर पब्लि. डिस्ट्री., नई दिल्ली, 2014.
4. स्वविवेक पर आधारित।

*शोधार्थी (वाणिज्य) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
**प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेंधवा, जिला-बड़वानी (म.प्र.) भारत

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

प्राचीनकालीन निमाड़

डॉ. मधुसूदन चौबे *

प्रस्तावना – वर्तमान में मध्यप्रदेश के इन्दौर संभाग में स्थित निमाड़ क्षेत्र का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। पाषाणकाल से लेकर आज तक इसके इतिहास में निरंतरता है। दुनिया के जो क्षेत्र आदिमानव की आवास स्थली माने जाते हैं, उनमें निमाड़ क्षेत्र भी सम्मिलित है। प्रस्तुत शोधपत्र में निमाड़ के प्राचीन इतिहास की विशिष्टताओं का विवेचन किया जा रहा है।

पाषाणकालीन निमाड़ – सामान्यत: प्रारम्भ से इस्लामिक सत्ता की स्थापना के पूर्व अर्थात् 12 वीं सदी ईसवी तक की अवधि प्राचीन काल के अन्तर्गत मानी जाती है।

निमाड़ के प्राचीन इतिहास का प्रारम्भ पाषाण काल से होता है। यह क्षेत्र मध्यप्रदेश का प्राचीनतम संस्कृति और सभ्यता का संयुक्त केन्द्र स्थल रहा है। कसरावद से करीब पाँच किलोमीटर दूर स्थित इतबर्डी नामक टीले की खुदाई 1936 में नर्मदा व्हैली रिसर्च बोर्ड के सचिव व्ही. आर. करन्दिकर के निर्देशन में प्रारम्भ की गई थी। इनकी मृत्यु के पश्चात् यह कार्य इन्दौर संग्रहालय के क्यूरेटर व्ही. एन. सिंह द्वारा जारी रखा गया। यहाँ खुदाई में बौद्ध स्तूप, निवास गृह, मृदभाण्ड तथा मिट्टी, पत्थर एवं धातु की बनी हुई वस्तुएँ प्राप्त हुईं। इसी तरह महेश्वर के ठीक सामने नर्मदा के दूसरे तट पर नावडाटोली नामक स्थान का उत्खनन डेक्कन कॉलेज रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना के संचालक डॉ. हंसमुख धीरजलाल सांकलिया के निर्देशन में 1952-53 एवं 1957-59 के दौरान किया गया था। खुदाई में प्राप्त अवशेषों के अनुसार निमाड़ के इस क्षेत्र में पूर्व पाषाणकाल, मध्य पाषाणकाल एवं ताम्र-पाषाणकाल में मनुष्य का निवास था। मण्डलेश्वर तथा सहस्त्रधारा के मध्यवर्ती क्षेत्र में खुदाई में चार सौ से अधिक पुरापाषाणिक औजार प्राप्त हुये हैं। इनमें से कुछ औजार उन समूहों के थे, जिन्हें डि टेरा और पेटरसन ने क्रमश: 'निम्न' तथा 'उच्च' नर्मदा समूह की संज्ञा दी है। ये औजार प्रारम्भिक पाषाण काल के हैं तथा प्रागैतिहासिक काल की प्रथम सांस्कृतिक विकास अवस्था के द्योतक हैं।

भारत में सर्वाधिक चित्रित शिलाश्रय मध्यप्रदेश में प्राप्त हुये हैं। पूर्वी निमाड़ में भी कुछ शिलाश्रय मिलते हैं। इनकी भीतरी छतों और दीवारों पर चित्रकारी की गई है। विविध आयुधों से पशु-पक्षियों का शिकार, जानवरों की लड़ाई, मानवों के परस्पर युद्ध, पशुओं की सवारी, गीत, नृत्य, पूजन, मधुसंचय आदि को चित्रित किया गया है।

महाकाव्यकालीन निमाड़ – रामायण एवं महाभारत के वर्णनों में महाकाव्य काल में निमाड़ भू-भाग में भी महत्वपूर्ण राजसत्ता होने का उल्लेख है।

सुदूर रामायण काल में ईसवी पूर्व 1600 में यहाँ पर महिष्मती (आधुनिक महेश्वर) को राजधानी बनाकर एक सशक्त राज्य स्थापित था। महिष्मती को हैहयवंशीय राजा सहस्त्रार्जुन की राजधानी होने का गौरव प्राप्त था। वाल्मीकि रामायण में हैहयवंशीय सहस्त्रार्जुन को महिष्मती नगर का राजा महाविजयी अर्जुन लिखा है। महाबली रावण को सहस्त्रार्जुन ने महेश्वर में पराजित किया था। 'सहस्त्रार्जुन ने जहाँ अपने सहस्त्रों हाथों से नर्मदा को रोका था, वह महेश्वर के निकट आज भी 'सहस्त्रधारा' के रूप में विख्यात है।'[1] यहीं सहस्त्रार्जुन और रावण में युद्ध हुआ था, ऐसा उल्लेख वाल्मीकि रामायण में मिलता है।

महाभारत युग में कौरव-पाण्डवों का प्रभाव निमाड़ के धरमपुरी, सिरवेल, कसरावद, महेश्वर, बड़वानी आदि क्षेत्रों में व्याप्त था। महाभारत काल में युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ के प्रसंग में चेदीवंश के राजा शिशुपाल की राजधानी महिष्मती में होना बताया गया है। महाभारत में कई स्थानों पर आये वर्णनों से निमाड़ की महत्ता का पता चलता है। सभा पर्व के अनुसार महिष्मती एक प्राचीन नगरी थी, जो राजा नील की राजधानी थी। राजा नील महाभारत के युद्ध में कौरव पक्ष की ओर से पाण्डवों के विरुद्ध सम्मिलित हुआ था। 'दक्षिण दिग्विजय के समय सहदेव ने इस नगरी पर आक्रमण करके राजा नील को परास्त किया था।'[2]

महाजनपदकालीन निमाड़ – बौद्ध ग्रंथ अंगुत्तर निकाय, जैन ग्रंथ भगवति सूत्र या व्याख्या-प्रशस्ति तथा अन्य ग्रंथों से ज्ञात होता है कि छठी शताब्दी ईसवी पूर्व के लगभग उत्तर भारत में सोलह महाजनपद राज्य स्थापित थे। इनके नाम थे- अंग, मगध, काशी, कोशल, वत्स, कुरू, पांचाल, मत्स्य, शूरसेन, अवन्ति, गांधार, कम्बोज, चेदि, अस्मक, वज्जि एवं मल्ल। इनमें मगध, कौषल और अवन्ति दूसरों की अपेक्षा अधिक सुसंगठित एवं शक्तिषाली थे। चेदि और अवन्ति जनपद मध्यप्रदेश क्षेत्र में स्थित थे। अवन्ति जनपद वर्तमान उज्जैन तथा उसके निकटवर्ती क्षेत्रों से मिलकर बना था। वेत्रवती नदी द्वारा यह प्रदेश उत्तर तथा दक्षिण दो प्रान्तों में विभक्त था। उत्तर अवन्ति की राजधानी उज्जयिनी और दक्षिण अवन्ति की राजधानी महिष्मती थी। राजगृह से प्रतिष्ठान तक जाने वाले सुप्रसिद्ध दक्षिणी राजमार्ग पर महिष्मती स्थित थी।

मगध साम्राज्य के समय निमाड़ – छठी शताब्दी ई. पू. में मगध का एक शक्तिशाली साम्राज्य के रूप में उत्थान हुआ। प्राचीन मगध आधुनिक बिहार के पटना और गया जिलों के क्षेत्रों में फैला हुआ था। इसका क्रमश: विस्तार होता गया। मगध को सशक्त करने का श्रेय हर्यक वंश, शिशुनाग वंश, नन्द वंश एवं मौर्य वंश के सम्राटों का महती योगदान रहा है। अवन्ति (जिसके अन्तर्गत निमाड़ का क्षेत्र भी सम्मिलित था) में हुये चण्डप्रद्योत जैसे शक्तिशाली शासक ने दीर्घ काल तक राज्य को मगध का हिस्सा बनने से बचाये रखा। शिशुनाग वंश के संस्थापक सम्राट शिशुनाग ने अवन्ति को परास्त किया। नन्द वंश के सम्राट महापद्मनन्द एवं उसके उत्तराधिकारियों

* एसोसिएट प्रोफेसर (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

तथा मौर्य वंश के सम्राटों ने भी इस क्षेत्र पर अपना आधिपत्य बनाये रखा। चन्द्रगुप्त मौर्य के पुत्र बिन्दुसार के शासन काल में उसका पुत्र अशोक अवन्ति का प्रान्तपति बनाया गया था। पुरातात्विक स्त्रोतों से भी प्रमाणित होता है कि मध्यप्रदेश का क्षेत्र मौर्य साम्राज्य के अन्तर्गत था। मध्यप्रदेश के विभिन्न भागों में मौर्यकालीन ब्राह्मी लिपि में लिखे हुये अभिलेख मिले हैं। ये स्थान हैं- आरंग, कसरावद (निमाड़), कारीतलाई, खरवई, भैन्यपुरा तथा रामगढ़। इसी तरह मौर्य काल के आहत सिक्के भी अनेक स्थलों पर प्राप्त हुये हैं।

हैहेय वंश के समय निमाड़ - तीसरी शताब्दी में निमाड़ के उत्तरी भाग पर हैहेयवंषी राजाओं का अधिकार था, उन्होंने भी महिष्मती को राजधानी बनाया था। ऐसा ज्ञात होता है कि यह वंश 'सर्वप्रथम 240 ईसवी में महेश्वर आया और यहीं से कुछ हैहेयवंशी पूर्व की ओर जाकर बुंदेलखण्ड में बस गये।'[3]

गुप्त साम्राज्य के समय निमाड़ - 275 ई. में श्रीगुप्त द्धारा स्थापित गुप्त साम्राज्य अपनी समग्र उपलब्धियों के कारण प्राचीन भारत के स्वर्ण युग के रूप में अभिहित है। सन् 360 से 533 ई. तक निमाड़ क्षेत्र पर गुप्त वंष के राजाओं का शासन रहा। इस अवधि में समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त द्धितीय (विक्रमादित्य), कुमारगुप्त, स्कन्दगुप्त प्रभृति महान सम्राटों का राज्य रहा। समुद्रगुप्त ने अपनी दिग्विजयों के द्धारा मध्यप्रदेश के बड़े भाग पर अपना अधिकार कर लिया था। इसके उत्तराधिकारी चन्द्रगुप्त द्धितीय ने साम्राज्य को और अधिक विस्तार एवं दृढ़ता प्रदान की। उसने पाटलिपुत्र के साथ ही अवन्तिका को भी राजधानी बनाया था। इसके सिक्कों से मध्यप्रदेश पर इसकी सत्ता का प्रमाण मिलता है। स्कन्दगुप्त के परवर्ती सम्राटों में पुरुगुप्त, बुधगुप्त, नरसिंहगुप्त, कुमारगुप्त द्धितीय एवं विष्णुगुप्त हुये। बुधगुप्त के समय महिष्मती में सुबन्धु के शासन का उल्लेख मिलता है। यह मूलत: गुप्त साम्राज्य का सामन्त था, लेकिन अभिलेखों में अधीनतासूचक उल्लेख नहीं मिलने से अनुमान है कि केन्द्रीय सत्ता दुर्बल हो गई थी, और सामन्तगण स्वतंत्र शासक की तरह व्यवहार करने लगे थे।

कलचुरि वंश के समय निमाड़ - निमाड़ के इतिहास में कलचुरि राजवंश का महत्वपूर्ण स्थान है। ये स्वयं को चन्द्रवंशी तथा कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन की सन्तान मानते हैं। इनकी प्राचीन राजधानी महिष्मती थी। छठी शताब्दी में ये सशक्त हुये। कृष्णराज, शंकरगण, बुद्धराज आदि इस वंश के निमाड़ में प्रमुख सम्राट हुये। कालान्तर में चालुक्य नरेश पुलकेशी ने कलचुरियों से उनके राज्य का बड़ा भाग छीन लिया। इसके बाद कलचुरि वंश की शक्ति क्षीण हो गई और उनकी राजनीतिक प्रवृत्तियाँ प्राय: समाप्त हो गई।

परमारकालीन निमाड़ - नवीं सदी के पूर्वार्द्ध में मालवा में परमार राजवंश का उदय हुआ। उपेन्द्र, वैरिसिंह प्रथम, सीयक प्रथम, वाक्पति प्रथम, वैरिसिंह द्धितीय आदि प्रारंभिक परमार राजा राष्ट्रकूटों अथवा गुर्जर-प्रतिहारों के अधीन सामन्त थे। सीयक द्धितीय इस वंश का प्रथम स्वतंत्र सम्राट था। उसने परमार सत्ता को ताप्ती नदी तक विस्तृत कर दिया था। इस वंश में मुंज तथा भोज जैसे बड़े सम्राट हुये। भोज ने धारानगरी (वर्तमान धार) को राजधानी बनाकर मालवा क्षेत्र पर दृढ़तपूर्वक शासन किया। भोज ने इस क्षेत्र को संवारा था। भोज की मृत्यु के उपरान्त गुजरात के चालुक्य नरेश भीम प्रथम एवं त्रिपुरि के कलचुरि नरेश कर्णने मालवा पर अधिकार कर लिया। परवर्ती परमार शासक उदयादित्य ने पुन: मालवा पर अधिकार किया। उसके समय में मांधाता से प्राप्त सन् 1055 ई. के शिलालेख व हरसूद के सन् 1218 ई. के शिलालेख से ज्ञात होता है कि निमाड़ प्रदेश के उत्तरी भाग पर परमार राजा जयसिंह का राज्य था। धार के परमारों का निमाड़ क्षेत्र पर प्रभाव था। सन् 1526 ई. तक इस क्षेत्र पर परमारों का न्यूनाधिक प्रभाव बना रहा।

उपसंहार - इस तरह स्पष्ट है कि निमाड़ का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। यहां आदिकाल से लेकर आज तक ऐतिहासिक श्रृंखला अनवरत् चलती रही है। निमाड़ के प्राचीन युग ने कई गौरवशाली दौर देखे हैं। महिष्मति की गणना देश की प्रमुख नगरियों में होती थी।

****

Consumer Problems And Relevant Legislations

Shalini Sharma * Dr. Manju Dubey **

Introduction - Every human, dependent or self-reliant is essentially a consumer. The moment he takes birth in this world, starts playing the role of a consumer in the form of either milk or medicine. Maximum satisfaction or utility is the motive behind all such consumptions. Since human needs are infinite and resources to satisfy these needs are generally scarce leading to the role of choice ushering into the consumer market and paving the way of exploitation by producers in some way or the other, need for protecting the interest of the consumers becomes very relevant. The more a consumer is aware about the availability of different qualities of goods at different places, the lesser is the chance of his exploitation. Different modes of information's and communication with regard to quality, availability and nature of goods and services can play vital role in creating awareness among consumers. The more they are informed, the lesser they are cheated.

Normally a consumer is cheated by a producer and suppliers of products in the following ways-

(i) By supplying sub quality goods.
(ii) By supplying lesser quantity of goods.
(iii) By creating oligopoly or artificial monopoly and charging more than the genuine price of the products.
(iv) By Giving false information through advertisement.
(v) By creating artificial scarcity of a product and forcing the consumers to pay more.
(vi) Not following the bindings given to consumers at the time of sale in the form of guarantee or warrantee.
(vii) Tharashing the consumers into courts to avoid commitments or forcing the pity consumers to avoid litigation due to heavy cost in terms of time and money.
(viii) Adulterating the edible items without taking care of the health of consumers.

These and many other ways are adopted by producers and suppliers to cheat and harass consumers. On the other hand, law making bodies have never let them roam freely since the inception of civilized life to the present day world.

Who are Consumers?

Consumers are central points of all economic activities. The ultimate aim of all production, storage and distribution is ensure maximum sale for maximum profit. Professor Marshall has defined a consumer in the following words.

"When a person is willing to sacrifice something in the market to purchase goods and services in order to gain utility from the consumption of these, he is called a consumer".

Thus a consumer wants to maximize his utility and satisfaction from the consumption of goods and services and the producer wants to maximize his profit by his sales and as a result, a conflict between the two is seen. Consumer protection legislations helped to reduce such conflicts so that both the parties can be made satisfied and happy.

Consumer Protection Norms and Legislations - When we talk of ancient India, Vedas, Puranas and five Smiritis, i.e., Manu Smiriti, Yajnavalkaya Smiriti, Narad Smiriti, Brihaspati and Katyana Smiritis were the main sources of knowledge for moral as well as legal guidance for humans. In these Smiritis are the source of ancient law in India. In ancient India, there were four offences with regard to the consumer's exploitation e.g. adulteration of food stuff, fabrication of weights and measure, charging exorbitant prices and selling of forbidden articles. These exploitations came under the purview of offences.[12] A heavy and severe punishment was also provided for every criminal act specially for adulteration, deceit, fraud and misrepresentation.[13] Consumer protection measures and punishments were specifically mentioned in Kautilya's Arthashastra. Kautilya was a minister of Chandragupta Maurya and a great preceptor of state-craft whose wise teaching have a universal validity. His celebrated work "Arthashastra" was compiled somewhere about 300 B.C.[14] His celebrated work in which reference are made to the 'Code of Ethics' of various professions.[15] Kautilya recognized four types of consumer offences Adulteration, Weight and Measures, Exorbitant prices and Cheating/ Fraud.

In the medieval period, the hoarding of grains or commodities was considered a major offence. The seeds of consumer protection are found during the rule of Sultan Alauddin Khilji, who introduced strict price control measures based on production costs.[16] The mughal emperors also

*Research Scholar, K.R.G. (P.G.) College, Gwalior (M.P.) INDIA
** Co-Guide, K.R.G. (P.G.) College, Gwalior (M.P.) INDIA

emphasized tjhe strict price control. The kinds did not favour written laws in any field, as they were mainly interested in the enlargement of their territories and collection of maximum revenue.[17]

Britishers did not pass any act to save the interest of the Indian consumers. Nevertheless, a few acts were enacted which aimed at fetching revenue to the Britishers as they were busy more in economic activity rather than welfare activities.[18] The Britishers were mainly concerned with promoting and protecting their own interest and not the interest of the consumers, which were being exploited by erring and cunning business commuinity.[19] Moreover, certain acts were enacted like Indian Penal Code, 1860,[20] Indian Control Act, 1872, Sale of Goods Act, 1930, Agriculture Produce (Grading and Marketing) Act 1937 & Drug & Cosmetic Act, 1940.

When India became free in 1947, it accepted a written constitution formed by the drafting committee. The constitution of India came into force on 26th January 1950. The preamble of the constitution lays stress on socio-economic and political justice. It was felt that the socio economic justice ushering a social reconstruction of Indian society is a sine-quanon for an effective exercise for all other basic rights guaranteed in free India and consumer justice as a facet of socio-economic justice thus flows from our constitutions the basic philosophy and working parameters. Thus, preamble of the constitution declared India as Socialist, Sovereign, Secular, democratic, Republic and liberty, equality and justice were the guiding principles to protect the interest of all humans and consumers were not exceptions. Article 14 of the constitution declares that the states shall not deny to any person equality before law or equal protection of laws within the territory of India.

The fundamental rights in part III of the constitution are enforceable and justifiable legal rights. On the other hand, the directive principles of state policy enshrined in part IV of the constitution of India, are fundamental in the governance of the country as laid down in Article 37 of the constitution which is reproduced below:

The provisions contained in this part shall not be enforced by any court, but the principles therein laid down are nevertheless fundamental in the governance of the country and it shall be the duty of the state to apply these principles in making laws.

The underlying philosophy behind these directive principles was so living that it was supposed while making laws that the state shall regard the rising of nutrition and the standard of living of its people and the improvement of public health as among its primary duties and in particular, the state shall endeavor to bring about prohibition of the consumption except for medicinal purposes, of intoxicating drinks and of drugs which are injurious to health.

3. Religious Tourism - Religious sites in India are found in abundance and Chhattisgarh is no exception. The sites of the female goddess are especially found across the country with a local name around the length and breadth of the country. Here also Chhattisgarh is in line with the country. Apart from such temples dedicated to the DEVI, there are Buddhist and Jain pilgrimage sites also available in the state. The places are -

1. The Rajiv Lochan temple at Rajim is a Vishnu temple dating back to 7th Century C.E.
2. The Doodhadhari Math and Mahamaya temple in Raipur are believed to be 400 years old
3. The Bamleshari devi temple in the hill top of Dongergarh
4. The Devi temple at Ratanpur near Bilaspur
5. The Danteshwari devi temple at Dantewada in Bastar
6. Champaran is believed to be the birthplace of Sant Mahaprabhu Vallabhacharya of the Vallabha sect. Champaran is situated 60 KM's from the city of Raipur.

4. Cultural Tourism - A state which boasts of as large as 32 different tribal groups has clearly much to offer in terms of cultural tourism. For the one who is interested in studying tribal culture, Chhattisgarh is a paradise. The tribal's are spread across the length and breadth of the state still living a life style which is light years away from the modern world. Their clothing, customs and culture at large has not undergone much change in spite the world around them changing fast. Many scholars, since the time of the British era have been investing time in this trial land to learn about their tribal ways. The most famous amongst them has been the British born Verrier Elwin who was also awarded the Padma Bhushan by the Indian Government for his work on the tribal's. His notable works include "The Muria and their Ghotul" and "Folk songs of Chhattisgarh". The tribal practice of Ghotul has especially been a subject of much hype and curiosity amongst the western researchers. Studying the tribal culture is an onerous task which is only undertaken by the most serious of scholars.
The 75 days long Bastar Dussehra is a unique cultural festival which is now famous all over India. The celebrations are different from the more famous DUSSEHRA festival celebrated across India which has its roots in the story of the Ramayana. The Bastar festival is centered on the Goddess Danteshwari who is the Kul Devi of almost all the tribes of this land. This festival is close to 500 years old and is celebrated with much colour and vigour and with its growing popularity attracts a lot of national / international tourists.

Mainpat a small village located in the Sarguja area of the state is situated at a distance of 40 KM's from the city of Ambikapur. It is famous for its natural beauty and this hill station is also referred as the Switzerland of the Chhattisgarh. This village has been used to rehabilitate the Tibetan exiles and over the years the Buddhist impressions can be found around the area. A Buddhist temple has got built and this small village has now developed as the Buddhist cultural center of the state.

Talking about the Buddhist culture, here it is again important to mention SIRPUR. The site is not only famous for the centuries old Lakshman temple made of bricks but has historically been a rich Buddhist site. The famous Chinese traveler Huen Tsang has mentioned it as a very important center in his memoirs dated 7-8th century C.E. The Buddhist importance of the site can be gauged from the fact that the great spiritual leader Dalai Lama has visited the site twice. Similarly one more community, the Sindhi community considers SHADANI DARBAR situated in Raipur as a very important pilgrimage site

5. Eco & Adventure Tourism - A state blessed with nature's generosity has ample scope of developing and promoting the Eco tourism and the Adventure tourism. The state is one of the most bio diverse states in India. It boasts of unparallel flora and fauna and thus gives ample delight to the eco tourist in its forests. The mountain ranges in the northern Chhattisgarh have potential to get developed as trekking hot spots.

Tourism Infrastructure - So far so good!!! But does the man made facilities match the facilities provided by the nature? Let's explore. Raipur the state capital does boast of a well made Airport with direct flights to most of the big cities of India. Raipur also has a well connected Railway route. The second biggest city of the state of Chhattisgarh is Bilaspur. The city is the headquarters of SECR. South

Eastern Central Railway or the SECR is one of the 17 zones of Railways in India. Being the HO of the SECR enables Bilaspur to be well connected with most of the railway routes of India. The road network has been laid well across the state and the quality of road is better than most of the developing states of India. This also enables the tourist to travel by road in the private taxi's though the bus service needs a lot of improvement.

Hospitality forms the backbone of the tourism industry and having good places to stay becomes the prerequisite to attract tourists from across the globe. The capital city of Raipur does boast of national hotel brands like the HYATT, SAYAJI & MARRIOT. Apart from that good local hotels are available all across the major cities and towns of Chhattisgarh. The state government has also established more than 35 hotels + resorts for the tourist to stay. The resorts built in the forest sanctuaries are also well furnished and well equipped.

Tourist Visiting Chhattisgarh - A Positive Sign

S.	Year	Local	Foreign	Total
1	2015	185000	31300	216300
2	2014	121000	21810	142810

The source for this data is a report published in the HITAVADA.

Way Forward - Tourism industry is one of the fastest growing industries. It is evident from the kind of effort every state government is doing to promote local tourism. It all started with Gujarat roping in film star Amitabh Bachchan to promote Gujarat Tourism. Following the footsteps of Gujarat a very good marketing strategy by creating interesting advertisements were done by the Madhya Pradesh Government. The reason for such interest is that the industry provides the following benefits

1. It raises direct/ indirect employment
2. With influx of foreign tourist the foreign exchange also comes in
3. A good tourist experience enforces credibility of the state
4. Positive word of mouth establishes the state in the National & International maps
5. Economy and infrastructure gets a boost
6. The world gets introduced to the indigenous talents like the handicrafts and artifacts

Chhattisgarh is the 10th largest state of India but it is not amongst the top ten tourist destination in India. The growth is encouraging but a lot of work still needs to be done. The task becomes uphill because the state most of the times get highlighted in the national media because of naxal violence. This keeps lot of tourists away especially from the Bastar area. This was evident when the tourist inflow saw a steep down ward trend post the May 2013 Jheeram Ghati attacks.

Though the tourism industry is taking a lot of initiatives especially in the digital world still a lot needs to be done to make Chhattisgarh a credible tourist destination. Highlighting a safe Chhattisgarh in the national media should be the most important aspect of this campaign. The second step should be taken to improvise the intra state Bus service.

References :-

1 Tourism in Chhattisgarh- Wikipedia https://en.wikipedia.org/wiki/Tourism_in_Chhattisgarh
2 Chhattisgarh Tourism – official website http://cgtourism.choice.gov.in/
3 The Hitavada report dated 5th July 2016 http://thehitavada.com/Encyc/2016/7/5/Chhattisgarh-state-records-60—rise-in-number-of-foreign-and-domestic-tourists.aspx
4 Bastar Dassehra https://en.wikipedia.org/wiki/Bastar_Dussehra
5 Verrier Elwin- Wikipedia https://en.wikipedia.org/wiki/Verrier_Elwin
6 Archeological sites- Tourism of Chhattisgarh – Travel Themes http://travelthemes.in/archaeological-sites-tourism-of-chattisgarh/

****

मध्यकालीन संत एवं भक्त कवि कबीर और सार्वभौमिक मानव मूल्य

डॉ. के. एस. बघेल *

शोध सारांश – मध्यकालीन संतों एवं भक्तों मे शिरोमणी महामना कवि कबीर सार्वभौमिक मानव मूल्यों के प्रतिष्ठापक एवं विलक्षण व्यक्तित्व सम्पन्न युग द्रष्टा थे। भारत भूमि पर अवतरित कबीर सामाजिक चेतना के कवि हैं वे ऐसे दौर की उपज थे, जहां भक्ति की प्रधानता थी, इसलिए उन्होंने सार्वभौमिक मानव मूल्यों की स्थापना के लिए भक्ति को माध्यम बनाया है। उन्होंने बाह्य आडम्बरों का विरोध कर मानव मूल्यों की स्थापना की।

प्रस्तावना – महापुरूष अपने समय की देन होते हैं। महात्मा कबीर मध्यकाल के तिमिराच्छन्न वातावरण में अपना ज्ञानदीप लेकर अवतरित होते हैं, जिससे भूली-भटकी जनता उचित पथ और सम्बल पाती है। कबीर के आगे दिग्भ्रमित पतनोन्मुखी समाज है। चुँकि कबीर समाज के निचले स्तर से आये थे जिससे सामान्य जनता से उनका परिचय था। प्रतिदिन अनुभव में आने वाली वस्तुओं एवं व्यवहारों की वर्तमान स्थिति से असंतुष्ट होकर उनकी वास्तविकताओं को उजागर कर मानव मूल्यों की स्थापना पर बल दिया।

कबीर अपने युग की आवश्यकताओं और बुराईयों को देखा तथा धर्मान्ध में डुबे हुए भटकते समाज को सही मार्ग प्रशस्त करने का बीडा उठाया। उन्होंने आम लोगों को ऊँच-नीच, छोटे-बडे, हिन्दु-मुस्लिम के भेदभाव को मिटाने का रास्ता दिखाया। ईश्वर एक है वह सर्वशक्तिमान और सर्वोपरि है। इसलिए उसी की साधना करनी चाहिए। वही कल्याण करेगा। कबीर का काव्य मानवीय मूल्यों का प्रतिष्ठापक है। कबीर ने आम लोगों को जो संदेश दिया वह आज भी लोगों के कंठ और मन में गूंज रहा है। कबीर लोक से साक्षात्कार करते हुए लोकमय हो गए और लोक कबीरमय।

मध्य युग के प्रखर, यशस्वी सच्चे समाज सेवी, समाज सुधारक, कबीर भारतभूमि पर शोषित समाज का उध्दार करने और शोषकों को राजमार्ग दिखाने के लिए जन्मे थे। समाज ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शुद्र आदि अनेक उपजातियों में विभाजित था। समाज व्यवस्था वर्ण आधारित और अत्यंत कठोर थी। वर्ण व्यवस्था कर्मणा न होकर जन्मना हो गयी थी। मनुष्य के कर्म, उनके मानवीय संस्कार प्रमुख नहीं थे बल्कि उनका कुलीन होना सम्मान की बात थी। वस्तुत: मानव की उपेक्षा हो रही थी। कबीर ने मानव को महत्व देते हुए मानवीय कार्य किए, जो आज के समय में भी प्रासंगिक है।

कबीर हिन्दुओं में व्याप्त वर्ण और जाति-भेद के विरोधी थे। उनके मत से ये भेद उपरी कृत्रिम और मिथ्या है। ब्राह्मण और शुद्र प्रकृति ने नहीं बनाए, यह भेद समाज में व्याप्त था।

एक बुँद, एकै मल-मूतर, एक चाम एक गूदा।
एक जाति में सब उपजाना, को वामन को सूदा।।

आज के भारत के लिए कबीर का यह ब्राह्मण-शुद्र के भेद को मिटाने का आह्मन कितना मानवीय मंगलकारी है।

कबीर ने धर्म और आडम्बर का भेद कर सच्चे मानव मूल्यों को स्थापित किया है। धर्म का संबंध सत्य से जोडकर पाखण्ड और असत्य का निषेध किया। मूर्ति पूजा, तीर्थाटन, जप, तिलक और मस्जिद में आवाज देकर चिल्लाने वालों को पाखण्डी कहा है।

कांकर पाथर जोरि के, मस्जिद लई बनाय।
ता चढ़ि मुल्ला बांग दे, क्या बहरा हुआ खुदाय।।

कबीर सच्चे अर्थो मे धर्म-निरपेक्ष संत थे। वे न तो हिन्दु थे, न मुसलमान और वे हिन्दु भी थे , मुसलमान भी। अभिप्राय यह है कि उन्हें धर्मोन्धता किसी की भी स्वीकार नहीं थी, अच्छाई सबकी स्वीकार थी। कबीर ने उस धर्म निरपेक्षता के महान आदर्श का प्रचार किया, जिसकी घोषणा आज का भारतीय लोकतंत्र करते नहीं थकता।

कबीर एक ऐसी व्यवस्था के पक्षधर थे जो किसी व्यक्ति की कुल जन्माधारित श्रेष्ठता या निम्नता घोषित न करके, व्यक्ति की व्यक्तिगत योग्यता के आधार पर मूल्यांकन कर सके। इसी विवेकसम्मत समाज व्यवस्था के लिए कबीर कहते है-

जो तू बाम्हन बाम्हनी जाया।
आन बाट तू काहे न आया।।

कबीर को ऐसा कोई भी मत स्वीकार्य नहीं जो मनुष्य-मनुष्य के बीच भेद पैदा कर सके-कोई भी अनुष्ठान या साधना पद्धति या शास्त्र स्वीकार्य नहीं जो विवेक सम्मत न हो। प्रत्येक अविवेकी व्यवस्था को स्वीकार करने का साहस लेकर कबीर पैदा हुए थे। ऐसी ही अविवेकी व्यवस्था है। वर्ण व्यवस्था जो मनुष्य की श्रेष्ठता या निम्नता का मूल्यांकन जातिगत आधार पर करती है। कबीर समाज-सत्ता के सापेक्ष एक मनुष्य के व्यक्तिगत सत्ता की स्वीकृति की भी मांग करते है। वर्णाश्रम व्यवस्था मनुष्य की समानता की संकल्पना का विरोधी है। वर्णाश्रम द्वारा प्रतिपादित नैतिकता के ये नियम मनुष्यता की सार्वभौमिक मूल्यों की सर्वथा विपरित है।

यह उनमुन रहनि सो परगट करि गाई।
दु:ख से एक परे परम पद सो पद है सुखदाई।।

कबीर वैचारिक और व्यवहारिक धरातल पर लोक परम्परा के अन्वेशक थे। आज भी उनका साहित्य धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विसंगतियों के खिलाफ एक सक्रिय विरोध है। कबीर धार्मिक सहिष्णुता वर्ग सामंजस्य, जाति सामंजस्य चाहतें हैं। उनकी चिन्तनधारा का आध्यामिक पक्ष सामाजिक चेतना के रूप में देखा जा सकता है। आध्यात्मिकता का सहारा लेकर उन्होंने माया का विरोध करते हुए बेहतर मूल्य जगत की प्राप्ति का मार्ग खोजा।

* प्राध्यापक (हिन्दी) शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बडवानी (म.प्र.) भारत

कबीर महान समाज सुधारक थे। उनके समकालीन समाज में अनेक अंधविश्वासों, आडम्बरों, कुरीतियों एवं विविध धर्मो का बोलबाला था। कबीर ने इन सबका विरोध करते हुए समाज को एक नवीन दिशा देने का पूर्ण प्रयास किया। उन्होने जाति-पांति के भेदभाव को दूर करते हुए शोषितजनों के उध्दार का प्रयत्न किया तथा हिन्दु-मुस्लिम एकता पर बल दिया। उनका मत था-

जाति पांति पूछै नहीं कोई
हरि को भजै सो हरि का होई।।

कबीर के विचार आज भी उतने ही सार्थक है। आज का मानव भी इन्ही समस्याओं से जुझ रहा है जो उस समय में विद्यमान थी। वर्गगत संकीर्णताएँ, साम्प्रदायिकता उन्माद आज भी है, किन्तु आज भी कबीर का अनुशीलन और अध्ययन सार्थक एवं समीचीन है।

कबीर का जीवन जनता के उद्बोधन में व्यतीत हुआ। वह अपने लिए नहीं दूसरों के लिए रोते और विलाप करते रहे। कबीर का जन्म भले ही आज से लगभग 600 वर्षों पूर्व हुआ हो परन्तु उनके द्वारा स्थापित मानव मूल्य आज भी प्रासंगिक हैं। उस समय में युग की अपेक्षा आज उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं का अधिक महत्व है। उनकी प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं हो सकती। उस समय भी साम्प्रदायिक हिंसा, छुआछुत, बाह्य आडम्बर, धर्मगत लडाई, होती थी। आज भी यह सब समस्याएँ विद्यमान है। तब से लेकर आज तक के मानव ने क्या प्रगति की है ? यदि की है तो भौतिक ही मानसिक नहीं। समाज में धर्म विद्धेष, पाखण्ड आज भी व्यापत है। कबीर ने अत्याचारो, रूढ़ियों, अंधविश्वासों पर कठोर प्रहार किया था।

कबीर ने सभी धर्मो को एकजुट करने का संदेश दिया। कबीर ने भक्ति का जो मार्ग दिखाया वह सदा ही अनुकरणीय एवं सार्वभौमिक है। कबीर ने एक 'बूँद' ते विस्व रचयौ है, कहकर धर्मो को एक सूत्र में बॉधने का कार्य किया। वे विवेकसम्मत समाज व्यवस्था चाहते थे। कबीर मध्यकाल मे ही नहीं आज भी समान रूप से प्रासंगिक है। आज हम जिस समाज में रह रहे हैं उस समाज में जो विद्रुषताएँ, विद्धेष दिखाई देता है, उसमें कबीर की शिक्षाएँ अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

कबीर सभी मनुष्यों को एक ही शक्ति से उत्पन्न मानते हुए उसमें न तो किसी प्रकार का भेद करते थे और न देखने को कहते थे। उन्होंने जीवन में समानता दया, करूणा, संतोष प्रेम, सदाचार, जीवन, सत्य, अहिंसा आदि मानवीय मूल्यों का सुत्रपात किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कबीर ग्रंथावली- भगवत स्वरूप मिश्र
2. कबीर ग्रंथावली- भगवत स्वरूप मिश्र
3. कबीर ग्रंथावली- राम किशोर शर्मा
4. कबीर वाणी- जयदेव
5. लोक में कबीर- कपिल तिवारी
6. बुन्देली लोक में कबीर- नर्मदा प्रसाद गुप्ता

****

कृषि उपज मण्ड़ी समिति के जनप्रतिनिधियों की निर्वाचन प्रक्रिया का अध्ययन (बड़वानी जिले के विशेष सन्दर्भ में)

सुनीता बेले * डॉ. कान्ता अलावा **

प्रस्तावना – मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 के अनुसार मण्डी समिति का गठन धारा 10 एवं धारा 11 (क) में वर्णित नियमों के अधीन किया जाता है। मण्डी समिति में न्यूनतम् 08 सदस्य तथा अधिकतम् 20 सदस्य होते हैं। मण्डी समिति में से दो तिहाई सदस्य कृषकों के प्रतिनिधि होते हैं। ये सदस्य राज्य सरकार अधिसूचना से तय किये जाते हैं। इन सदस्यों का निर्वाचन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है।

राज्य सरकार कृषि उपज मण्डियों के माध्यम से यह प्रयास करती हैं कि कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सकें। यदि बाजार में कृषि उपज का उचित मूल्य कृषकों को नही प्राप्त होता है तो सरकार स्वयं न्यूनतम् खरीदी मूल्य निर्धारित कर कृषि उपज को खरीद लेती हैं। इस सम्पूर्ण प्रक्रिया में प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, सत्ताधारी दल व विपक्ष के जनप्रतिनिधियों की बड़ी भूमिका होती हैं। परोक्ष रूप से व्यापारी भी इस प्रक्रिया में भागीदारी कर अपने हितो की पूर्ति करते हैं।

बड़वानी जिले की सभी 05 मण्डियों तथा 07 उपमण्ड़ियों में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा विहित प्रक्रिया अनुसार मण्डी संचालक मण्ड़ल का गठन किया गया हैं। इस मण्ड़ल में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कृषक सदस्य, व्यापारी सदस्य, हम्माल-तुलावटी सदस्य तथा अन्य प्रतिनिधियों को मिलकर कार्यप्रणाली का संचालन करना होता है।

मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 के अनुसार राज्य शासन द्वारा बनाए गए मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्ड़ी (मण्डी समिति का निर्वाचन) नियम, 1997 के तहत् जिला स्तर पर मण्डी समितियों के निर्वाचन संबंधी व्यवस्था का दायित्व जिला कलेक्टर को दिया गया है। मण्डी समितियों के निवार्चन के संचालन के लिए नियुक्त किए गए या निर्वाचन में लगाए गए समस्त अधिकारी तथा कर्मचारी कलेक्टर के निर्देषन तथा नियंत्रण में निर्वाचन का कार्य करते हैं।

मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी नियम, 1997 के नियमों के अनुसार जिले के कलेक्टर को जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर अनुविभागीय अधिकारी, अपर या संयुक्त या डिप्टी कलेक्टर अथवा राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत कृषि अधिकारी को जो नायब तहसीलदार से निम्न पद श्रेणी का न हो, रिटर्निंग आफिसर बनाया जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा रिटर्निंग आफिसर के लिए एक या अधिक व्यक्तियों को सहायक रिटर्निंग आफिसर के रुप में नियुक्त किया जाता है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, रिटर्निंग ऑफिसर की उन सभी षक्तियों का उपयोग करता है, जो उसे (रिटर्निंग आफिसर द्वारा) प्रत्यायोजित की जाती हैं।

सदस्यों की योग्यताएँ – मण्डी समिति के सदस्यों का निर्वाचन अधिनियम के नियमों के अनुसार होता है। मण्डी समिति की सदस्यता के लिए यह आवश्यक है कि उम्मीदवार चुनाव लड़ने की निर्धारित योग्यता रखता हो। साधारणत: समिति की सदस्यता का चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार की आयु 18 वर्ष या अधिक होना चाहिए तथा उसका नाम संबंधित मतदाता सूची में होना आवश्यक है।

मण्डी अधिनियम के अनुसार कृषक सदस्यों के चयन हेतु बाजार क्षेत्र को निर्धारित नियमों के अनुसार अलग-अलग वार्ड़ों में बांटा जाता है। इन वार्ड़ों के अंतर्गत आने वाले पंच, सरपंच तथा बड़ी सोसायटी के अध्यक्ष आदि के द्वारा अपने वार्ड़ के सदस्य के रूप में एक प्रतिनिधि चुन लिया जाता है।

मण्ड़ी समिति निर्वाचन – राज्य में मण्डी समितियों के निर्वाचन के संबंध में महत्वपूर्ण दिषा निर्देश जिनका पालन निर्वाचन की प्रक्रिया में किया जाना आवष्यक होता है-

1. प्रत्येक मण्डी समिति के लिए एक व्यापारी प्रतिनिधि, एक तुलैया-हम्माल प्रतिनिधि एवं 10 कृषक प्रतिनिधियों का प्रत्यक्ष रुप से चुनाव किया जाता है। एक मतदान केन्द्र से लगभग 1000 मतदाता संबद्ध किए जाते हैं। अत: प्रत्येक मण्ड़ी क्षेत्र में, मतदाताओं की संख्या के अनुसार, मतदान केन्द्र होते हैं, परन्तु प्रत्येक ग्राम को एक मतदान केन्द्र से सम्बद्ध किया जाता है।
2. निर्वाचन प्रक्रिया हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतदाता सूची तैयार की जाती हैं और इसी मतदाता सूची के आधार पर निर्वाचन होता है। मतदाता सूची में न्यूनतम आयु 18 वर्ष या अधिक के व्यक्तियों के नाम होते हैं। मतदान के लिए दल को सामान्यत: एक बड़ी मतपेटी या दो, तीन छोटी मतपेटियाँ दी जाती हैं। छोटी मतपेटियों का उपयोग एक के बाद एक आवश्यकता के अनुसार किया जाता है।
3. साधारणत: जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) के नियन्त्रण व मार्गदर्शन में रिटर्निंग ऑफिसर मण्डी निर्वाचन कार्य के लिए जिलें में पदस्थ विभिन्न शासकीय कार्यालयों के कर्मचारी-अधिकारी की नियुक्ति करता है। निर्वचन कार्य के लिए सभी कर्मचारियों को दो बार मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।
4. प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी और दो या तीन मतदान अधिकारी नियुक्त किये जाते हैं। पीठासीन अधिकारी मतदान केन्द्र पर सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष रुप से संचालित करने के लिए

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म. प्र.) भारत
** प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तार महाविद्यालय,बड़वानी (म. प्र.) भारत

उत्तरदायी माना जाता है। मतदान प्रक्रिया में नियुक्त पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी द्वारा लापरवाही व त्रुटि करने की दशा में उन पर कठोर कार्यवाही की जाती हैं।

5. किसी भी मतदान दल का कोई मतदान अधिकारी यदि गंभीर रुप से अस्वस्थ हो जाने के कारण कार्य करने की स्थिति में न रहें तो आपात व्यवस्था के तौर पर, पीठासीन अधिकारी उपलब्ध किसी उपयुक्त व्यक्ति को मतदान अधिकारी नियुक्त कर सकता हैं, परन्तु किसी ऐसे व्यक्ति को मतदान अधिकारी नियुक्त नहीं किया जाता है, जो मण्डी समिति के निर्वाचन में या उसके संबंध में किसी अभ्यर्थी द्वारा या उसकी ओर से नियोजित किया गया हो या उसके लिए अन्य प्रकार के कार्य कर रहा हो।
6. निर्वाचन में मतदाताओं को मतपत्रों की सरलतापूर्वक पहचान के लिए अलग-अलग रंगों में छपवाया जाता है इसमें-

(अ) **कृषक** प्रतिनिधि के लिए **- गुलाबी रंग** का मतपत्र

(ब) **व्यापारी** प्रतिनिधि के लिए- **पीला रंग** का मतपत्र

(स) **तुलैया-हम्माल** प्रतिनिधि के लिए- **हल्का पीला रंग** का मतपत्र

7. कृषक प्रतिनिधियों, व्यापारी प्रतिनिधि तथा तुलैया-हम्माल प्रतिनिधि के लिए चुनाव प्रतीक चिन्ह अलग-अलग होते हैं।
8. प्रत्येक मतपत्र और उसके प्रतिपर्ण (काउन्टर फाइल) पर मतपत्र का क्रमांक अंकित रहता है। मतपत्र जारी करते समय प्रतिपर्ण पर मतदाताओं के हस्ताक्षर या अंगूठा निशान मतदान अधिकारी द्वारा लिए जाते हैं।
9. मतपत्र के पीछे, रबर की सुभेदक मोहर लगाई जाती हैं और उसके नीचे पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर करना होते हैं। इससे मतपत्र की वैधता स्पष्ट होती हैं, यदि किसी मतपत्र पर पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं होते हैं तो ऐसा मतपत्र अवैध माना जाता है।
10. मतदान केन्द्रों के क्रमांक सम्पूर्ण मण्डी क्षेत्र के लिए निर्धारित किये जाते हैं। मतदान के लिए मतदाता, मतदान केन्द्र पर पंक्तिबद्ध होकर उपस्थित होते हैं। मतदान केन्द्र में बारी-बारी से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रविष्ट किया जाता है।

मतदान केन्द्र पर मतदान दल के सदस्यों (शासकीय कर्मचारियों), पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी के अतिरिक्त उम्मीदवार स्वयं अथवा उसका अभिकर्ता (प्रतिनिधि) उपस्थित रहता है। मतदाता, मतदान के लिए मतदान केन्द्र में प्रविष्ट होता है तो साधारणत: वह एक अशासकीय पर्ची साथ में लेकर आता है। इस पर्ची में उसका नाम, मतदान केन्द्र क्रमांक का उल्लेख रहता है। मतदान दल के सदस्यों में मतदान अधिकरी क्रमांक 01 मतदाता सूची की चिन्हित प्रति का प्रभारी होता है। वह मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी अधिकारी होता है।

मतदाता अपने साथ इस पर्ची के अलावा पहचान पत्र वोटर आईडी अथवा अन्य पहचान के लिए मान्य दस्तावेज लेकर उपस्थित होता है। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने पर मतदान अधिकारी क्रमांक 01 मतदाता सूची की चिन्हित प्रति में मतदाता के नाम के सामने सही (√) का निशान लगाता है तथा महिला मतदाता की स्थिति में उसके नाम को अण्डर लाइन करता है। इसके पश्चात् मतदान अधिकारी क्रमांक 02 जो अमिट स्याही व मतपत्रों का प्रभारी होता है। उसके पास एक मतदाता रजिस्टार भी होता है, जिसमें मतदाता के हस्ताक्षर लिए जाते हैं और इसके बाद मतदाता के बॉए हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही लगाई जाती हैं एवं मतदाता को मतपत्र जारी किया जाता है।

मतदाता मतपत्र लेकर मतदान प्रकोष्ठ में जाकर गोपनीय रुप से अपनी पसन्द के उम्मीदवार के नाम के सामने घूमते हुए तीरों वाली रबर की सील मतपत्र पर लगाकर मतांकन करता है। मतांकन के पश्चात् वह मतपत्र लेकर मतदान अधिकारी क्रमांक 3 जो मतपेटी का प्रभारी होता है, उसके सामने मतपत्र मतपेटी में डालता है। इसी प्रकार की मतदान प्रक्रिया निर्धारित समयानुसार दिनभर संचालित होती हैं।

मतपेटी तैयार करना - मतदान आरम्भ करने के लगभग 15-20 मिनट पूर्व उपस्थित उम्मीदवार अथवा प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्धारित प्रक्रिया अनुसार मतदान के लिए मतपेटी तैयार की जाती हैं और पीठासीन अधिकारी मतदान आरम्भ करने की घोषणा करता है।

मतदान की समाप्ति व मतगणना व परिणाम - मतदान के निर्धारित समय समाप्ति के पश्चात् मतदान केन्द्र पर ही मतदान दल के सदस्य मतगणना का कार्य करते हैं। इसके लिए सबसे पहले मतपेटी में से मतपत्र निकालकर उनकी छंटनी रंग के आधार पर की जाती हैं, फिर 50-50 मतपत्रों की गड्डी बनाई जाती हैं। बाद में उम्मीदवार के अनुसार मतपत्रों की छटनी कर गिनती की जाती हैं। मतदान दल के पीठासीन अधिकारी द्वारा उम्मीदवारों को प्राप्त मतों की संख्या उम्मीदवारों को अथवा उनके प्रतिनिधियों को बताई जाती हैं, लेकिन उम्मीदवार के विजेता अथवा पराजित होने की घोषणा नहीं की जाती हैं। इसकी घोषणा अगले निर्धारित दिवस को मतदान नियंत्रण कक्ष से निर्वाचन अधिकारी के द्वारा की जाती हैं। निर्वाचन अधिकारी विजेता उम्मीदवार को पद की शपथ दिलाकर प्रमाण-पत्र जारी करता है। इस प्रकार मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न होती हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग ने मण्डी समिति के संचालकगण की निर्वाचन प्रक्रिया में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए स्थान आरक्षित किये हैं। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों का यह दायित्व होता है कि वे संबंधित वर्ग के कृषकों के हितों की रक्षा करें, उनकी सहायता करें व आवश्यक मार्गदर्शन दे जिससे कि संबंधित वर्ग के कृषकों का शोषण नही हो और उन्हें उनकी कृषि उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन।
2. इलेक्ट्रानिक मतदान मशीन निर्देशिका भारत निर्वाचन आयोग।
3. मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम 1972, भोपाल।
4. कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, बड़वानी, सेंधवा, बलवाडी से प्राप्त जानकारी।
5. व्यक्तिगत साक्षात्कार पर आधारित।

****

Public Distribution System And Food Security In India

Archana Gaur *

Introduction - India's population is increasing rapidly which implies that with each passing year we have increased number of people below the poverty line. This has in turn led India to become a country which has one of the largest number of hungry people in the world. Over 10 million people die every year of chronic hunger and hunger-related diseases, of which a quarter deaths take place in India.

Almost 50 percent of Indian children are underweight, 30% of new-born have low weight at birth, and over 55% of married women and about 80% of young babies in the age group 6 - 35 months are anaemic.The problem of malnutrition is complex, multi-dimensional and inter-generational in nature. The varied causes include inadequate consumption of food, frequent infections, lack of availability of safe drinking water and proper sanitation, illiteracy specially in women, poor access to health services, low purchasing power, socio-cultural factors such as early marriages of girls, lack of care during pregnancy and infancy, ignorance about nutritional needs of infants and young children, etc.

Thus, to improve the health conditions and provide food grains to common people at affordable prices, the universal Public Distribution System (PDS) was introduced in India in 1965. PDS evolved as a system for distribution of food grains at affordable prices and management of emergency situations. Over the years, the term PDS has become synonymous with the term 'food security' and also an important part of Government's policy for management of food economy in the country.

It served the aim of (a) maintaining stability in the prices of essential commodities across regions and (b) keeping a check on private trade, hoarding and black-marketing.

Initially PDS wastarget less and only aimed at helping poor families. In 1997, PDS was made a Targeted service and called Targeted PDS where the population was classified into Above Poverty Line and Below Poverty Line. The category of population falling in BPL were made eligible for subsidized purchase of commodities from the ration shops.TPDS established Fair Price Shops for the distribution of food grains at subsidized rates.Unfortunately, this method did not produce any good results due to governmental loopholes.

In 2001, the People's Union for Civil Liberties (PUCL) filed a writ petition in the Supreme Court contending that the "right to food" is essential to the right to life as provided in Article 21 of the Constitution. During the ongoing litigation, the Court has issued several interim orders, including the implementation of eight central schemes as legal entitlements. These include PDS, Antyodaya Anna Yojana (AAY), the Mid-Day Meal Scheme, and Integrated Child Development Services (ICDS). In 2008, the Court ordered that Below Poverty Line (BPL) families be entitled to 35 kg of food grains per month at subsidised prices. After this the National Food Security Act was enacted in the year 2013.

The National Food Security Act, 2013 gives statutory backing to the TPDS. This legislation marks a shift in the right to food as a legal right rather than a general entitlement. The Act classifies the population into three categories: excluded (i.e., no entitlement), priority (entitlement), and Antyodaya Anna Yojana (AAY; higher entitlement). It establishes responsibilities for the centre and states and creates a grievance redressal mechanism to address non-delivery of entitlements.

The Act provides for coverage of up to 75% of the rural population and up to 50% of the urban population for receiving subsidized food grains under Targeted Public Distribution System (TPDS), thus covering about two-thirds of the population. Under the Act, the eligible persons will be entitled to receive 5 kgs of food grains per person per month at subsidized prices of Rs. 3/2/1 per Kg for rice/ wheat/coarse grains.The TPDS operates through a coordinated system between the Centre and the state governments wherein the Centre is responsible for setting the Minimum Support Prices (MSP) for foodgrains bought from the farmers and allocates this purchase among the states at the Central Issue Price (CIP).

Issues with TPDS :

1. Identification of poor people
2. Inadequate storage capacity with FCI
3. The gap between required and existing storage capacity.
4. Leakage and diversion of food grains during transportation.

Reforms in PDS :

*Professor, S.N.G.G.P.G. College, Bhopal (M.P.) INDIA

1. Adhaar Linked and digitized ration cards: This allows online entry and verification of beneficiary data. It also enables online tracking of monthly entitlements and off-take of foodgrains by beneficiaries.
2. Computerized Fair Price Shops: FPS automated by installing 'Point of Sale'device to swap the ration card. It authenticates the beneficiaries and records the quantity of subsidized grains given to a family.
3. DBT: Under the Direct Benefit Transfer scheme, cash is transferred to the beneficiaries' account in lieu of foodgrains subsidy component. They will be free to buy food grains from anywhere in the market. For taking up this model, pre-requisites for the States/UTs would be to complete digitization of beneficiary data and seed Aadhaar and bank account details of beneficiaries. It is estimated that cash transfers alone could save the exchequer Rs.30,000 crore every year.
4. Use of GPS technology: Use of Global Positioning System (GPS) technology to track the movement of trucks carrying foodgrains from state depots to FPS which can help to prevent diversion.
5. SMS-based monitoring: Allows monitoring by citizens so they can register their mobile numbers and send/ receive SMS alerts during dispatch and arrival of TPDS commodities
6. Use of web-based citizens portal: Public Grievance Redressal Machineries, such as a toll-free number for call centers to register complaints or suggestions.

We can say that the government has taken significant steps in ensuring better changes in PDS system and recognising right to food as a basic right for every individual. NFSA is slowly being implemented in most of the states which are also undertaking necessary PDS reforms.

****

भारत में वस्तु एवं सेवा कर (GST) एक अध्ययन

डॉ. आर. के. चौकसे *

प्रस्तावना – 115 वॉ संविधान संशोधन विधेयक वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 3 अगस्त 2016 को राज्य सभा से स्वीकृत होने के पश्चात राष्ट्रपति जी के हस्ताक्षर पश्चात से समस्त अप्रत्यक्ष कर कानून के स्थान पर नया वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम 2017 प्रभावशील हो गया 1 जुलाई 2017 का दिन भारतीय कर व्यवस्था के इतिहास में एक महत्वपूर्ण तारीख बन गया है 1 जुलाई 2017 से ही 'एक देश एक कर एक बाजार' के रूप में वस्तु एवं सेवा कर अमल में आ गया है 17 तरह के करो और 23 प्रकार के उपकरो को मिलाकर एक वस्तु एवं सेवा कर निश्चित तौर पर आजादी के बाद की सबसे बडी कर क्रांति है। भारत वस्तु एवं सेवा कर लागू करने वाला 161 वॉ देश वन गया है।

अनुसंधान क्रिया विधि – शोधपत्र अनुभव जन्य अध्ययन पर आधारित है यह वर्णात्मक शोध पत्र का एक प्रकार है

अध्ययन के उद्देश्य :-

1. वस्तु एवं सेवा कर की अवधारणा को समझाना।
2. भारत में वस्तु एवं सेवा कर के कार्यतंत्र की व्याख्या करना।

समंक संग्रहण – यह पत्र विभिन्न पुस्तकों अनुसंधान पत्रिकाओं समाचार पत्रों के लेखो से एकत्रित द्वितियक समंको पर आधारित एक वर्णात्मक शोधपत्र है।

वस्तु एवं सेवाकर लागू होने के पूर्व भारत की कर संरचना :- भारतीय संविधान में संघ और राज्यों के बीच वित्तीय संबंध निर्धारित किये गये है इसके अनुसार कुछ मदो पर केंद्र सरकार को कर लगाने का अधिकार है तो कुछ मदों पर राज्य सरकारों को इसी अवधारणा के अनुसार भारतीय कर संरचना निम्नानुसार है।

कर

- प्रत्यक्ष कर (केन्द्र सरकार के कर)
  1. आयकर
  2. धनकर
  3. निगम कर
- अप्रत्यक्ष कर
  - केंद्र सरकार के कर
    1. केंद्रीय उत्पाद शुल्क
    2. सीमा शुल्क
    3. केंद्रीय अधिभार एवं उपकर
  - राज्य सरकार के कर
    1. विक्रय कर
    2. चुंगी कर
    3. बिलासिता कर
    4. लाटरी टैक्स
    5. क्रय कर
    6. आक्ट्राय
    7. स्टाम्प डयूटी कर

उपरोक्त कर संरचना में वस्तु के उत्पादन से लेकर अंतिम उपभोक्ता को विक्रय की श्रंखला में केन्द्र एवं राज्य सरकार के बहुत से कर लगाए जाते है कर लगाने तथा वसूल करने की प्रक्रिया जटिल होने के कारण वस्तु का मूल्य बढ़ जाता है तथा कर चोरी की संभावनाए अधिक हो जाती है उदाहरण आपको लेपटाप खरीदना है तो सर्वप्रथम उत्पादक द्वारा केन्द्रीय उत्पाद शुल्क का भुगतान करना होगा तत्पश्चात राज्य सरकार का वाणिज्यिक कर (वैट) तथा प्रवेश शुल्क आदि का भुगतान करना होता है इस प्रक्रिया में दो से अधिक वार कर निर्धारण तथा संकलन करना होता है फलस्वरूप वस्तु का मूल्य बढ़ जाता है अत: कह सकते है कि भारत भले ही राजनीतिक रूप से एक देश है पर आर्थिक रूप से बिखरा हुआ है। व्यापारी एवं उद्योग जगत को तरह तरह की कर पैंचीदगियों का सामना करना पड़ता है जिसका अंतिम प्रभाव उपभोक्ता पर ही पड़ता है।

दोहरे / तिहरे करारोपण के स्थान पर एक कर वस्तु एवं सेवा कर लगाया गया है जिसे संक्षिप्त में जी एस टी के नाम से जाना जाता है। इसमें केन्द्र तथा राज्य सरकारों के निम्न करो को समाप्त किया गया है।

केन्द्र सरकार के कर	**राज्य सरकार के कर**
केंद्रीय उत्पाद शुल्क	विक्रय कर/ वैट
अतिरिक्त उत्पाद शुल्क	केंद्रीय विक्रय कर
अतिरिक्त सीमा शुल्क	क्रय कर
सेवा कर	मनोरंजन कर
सर चार्ज एवं सैस	विलासता कर
	प्रवेश / चुंगी कर
	आक्ट्राय लाटरी एवं सटट्।
	व्यापार कर
	सर चार्ज एवं सैस

अपवाद:- वस्तु एवं सेवा कर निम्न को शामिल नही किया गया है

1. मादक पदार्थो पर राज्य सरकार द्वारा लगाया गया आवकारी शुल्क।
2. पैट्रोलियम पदार्थो पर वैट एवं प्रवेश शुल्क।
3. विद्युत उत्पादन पर टैक्स।

भारत में वस्तुओं के उत्पादन व्यापार क्रय विक्रय एवं वितरण पर विविध प्रकार के अप्रत्यक्ष कर केंद्रीय उत्पाद शुल्क सीमा शुल्क तथा राज्य सरकार के विक्री कर, वैट, प्रवेश कर लगाए जाते है साथ ही विभिन्न सेवाओं की पूर्ती पर सेवा कर बसूल किया जाता है भारत सरकार के इन सभी करों उपकरो शुल्क एवं दरो को समाप्त कर एकीकृत कर व्यवस्था 1 जुलाई 2017 से वस्तु एवं सेवा कर के नाम से लागू की गई है यह सर्वविदित हैकि कोई भी माल या वस्तु या सेवा उत्पादक से उपभोक्ता तक एक श्रृंखला से होकर गुजरती है वितरण की इस श्रृंखला में प्रत्येक पक्ष अपनी लागत में व्यय एवं

*प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत

लाभ जोड़कर अपना माल एवं सेवा की आपूर्ती करता है ऐंसी स्थिति में वस्तु का मूल्य प्रत्येक हस्तांतरण के साथ बढता जाता है ऐसी प्रत्येक वृद्धि पर एक वार कर बसूलना वस्तु एवं सेवा कर का मूल आधार है।

'माल एवं सेवा कर एक ऐसी प्रणाली है जिसके अनुसार कर पूर्ति की प्रक्रिया में प्रत्येक बिंदु पर की वृद्धि पर ही लगाया जाता है यह मूल्य वर्धन पूर्तिकर्ता द्वारा की जाती है'। वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम में माल के विक्रेता और सेवा के प्रदायक दोनो को पूर्तिकर्ता की संज्ञा दी गई है। वस्तु एवं सेवा कर को अमली जामा पहनाने के लिए निम्न कानून बनाए गए है।

1. केंद्रीय माल एवं सेवा कर अधिनियम (सीजीएसटी एक्ट 2017)।
2. राज्य माल एवं सेवा कर अधिनियम (एसजीएसटी एक्ट 2017)।
3. एकीकृत माल एवं सेवा कर अधिनियम (आईजीएसटी एक्ट 2017)।
4. संघ राज्य क्षेत्र माल एवं सेवा कर अधिनियम (यूटीजीएसटी एक्ट 2017)।
5. माल एवं सेवा कर (राज्यों को क्षतिपूर्ति)अधिनियम 2017।

वस्तु एवं सेवा कर – भारत में संघीय शासन व्यवस्था है यहां संविधान में केंद्र और राज्यों को उनके उपयुक्त कानून के माध्यम से करारोपण और संग्रहण करने की शक्तियां प्रदान की गई है दोनो सरकारों के लिए अलग अलग जिम्मेदारियों के निष्पादन हेतु संविधान में शक्तियों का विभाजन निर्धारित किया गया है भारत में एकल वस्तु एवं सेवा कर लागू करने बजाएं दोहरा वस्तु एवं सेवा कर वित्तीय संघवाद की सांवैधानिकता को ध्यान में रखकर बनाया गया है। केन्द्र और राज्यों के साथ एक समान कर आधार पर आरोपित एक दोहरा वस्तु एवं सेवा कर लागू किया गया है भारत में वस्तु एवं सेवा कर का वर्गीकरण निम्नानुसार है।

1. **एक ही राज्य में वस्तु एवं सेवा की आपूर्ति:–** पंजीकृत व्यक्ति द्वारा जब राज्य के अन्दर माल एवं सेवा की आपूर्ति की जाती है। तो केन्द्रीय जीएसटी के साथ साथ राज्य जीएसटी भी लगाया जाता है। इसी प्रकार यदि पंजीकृत व्यक्ति द्वारा एक संघ क्षेत्र के अंदर आपूर्ति की जाती है तो केन्द्रीय जीएसटी के साथ साथ संघ क्षेत्र जीएसटी भी लगाया जाता है दूसरे शब्दो में केन्द्रीय जीएसटी + राज्य जीएसटी अथवा संघ क्षेत्र जीएसटी।
2. **अंतर्राज्जीय आपूर्ति :–** अंतर्राज्जीय व्यापार में आपूर्ति दो राज्यों अथवा दो संघ शासित प्रदेशों अथवा एक राज्य तथा दूसरा संघ शासित प्रदेश के बीच होने वाले वस्तु व सेवा की आपूर्ति कर एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) लगाया जाता है एकीकृत जीएसटी हमेशा केंद्रीय जीएसटी और राज्य जीएसटी के कुल योग के बराबर होगा। वस्तु एवं सेवा कर को एक नजर में निम्नानुसार समझा जा सकता है

वस्तु एवं सेवा की आपर्ति

एक ही राज्य में आपूर्ति — अंतर्राज्जीय आपूति

एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर (IGST)

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (CGST) — राज्य वस्तु एवं सेवा कर (SGST) /संघ क्षेत्र वस्तु एवं सेवा कर (UTGST)

वस्तु एवं सेवा कर के प्रकार :

1. माल एवं सेवा कर लागू होने के पूर्व केन्द्र सरकार कारखानों में माल के उत्पादन पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं इससे संबंधित अन्य उपकर जैसे अतिरिक्त उत्पाद शुल्क विशेष उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क अतिरिक्त सीमा शुल्क आदि कर लगाती थी इसके अलावा कर योग्य सेवाओ की पूर्ति पर 15 प्रतिशत सेवा कर लगाया जाता था इन सब करों को समाप्त करके इनके स्थान पर माल एवं सेवाओं के उत्पादन तथा वितरण पर केंद्रीय माल एवं सेवा शुल्क लगाया जाता है जिसे सीजीएसटी के नाम से जाना जाता है केंद्रीय सीजीएसटी से प्राप्त सम्पूर्ण राशि केंद्र सरकार के खाते मे जमा होगी ओर इस सम्पूर्ण राशि का उपयोग का अधिकार केंद्र सरकार को होगा इसमें से कोई भी राशि राज्य सरकारों को नही दी जाती है। सीजीएसटी की दर जीएसटी की सामान्य दर से आधी है।

2. **राज्य माल एवं सेवा कर :–**माल एवं सेवा कर लागू होने के पूर्व प्रत्येक राज्य सरकारे तथा केन्द्रशासित प्रदेश अपने राज्य में होने वाले माल के विक्रय पर वाणिज्य कर (वेट) तथा प्रवेश कर आदि लगाते थे। इन करों को समाप्त कर इनके स्थान पर राज्यों में राज्य माल एवं सेवा कर एसजीएसटी तथा केन्द्रशासित प्रदेशों में संघ क्षेत्र वस्तु एवं सेवा कर यूजीएसटी लगाया जाता हे राज्य जीएसटी से प्राप्त कर राशि सम्बनिधत राज्य द्वाराव माल एवं सेवा की आपूर्ति कर्ता तथा प्राप्तकर्ता एक ही राज्य के होंगे तभी राज्य वस्तु एवं सेवा कर लगेगा एसजीएसटी उपयोग की जायेगी राज्य जीएसटी का प्रशासन राज्य के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा किया जाता हे प्रत्येक राज्य सरकारो ने अलग अलग माल एवं कर अधिनियम तैयार किये है। जिनके प्रावधान केन्द्रीय जीएसटी के अनुरूप है।

3. **एकीकृत माल एवं सेवा कर :–** अंतर्राज्जीय विक्रय की दशा में जीएसटी के पूर्व केन्द्रीय विक्रय कर लगाया जाता था राज्यों के बीच बाधा रहित माल एवं सेवाओं की पूर्ति सुनिश्चित करनें के लिए केंद्रीय विक्रय कर को समाप्त करके उसके स्थान पर एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी) लागू किया गया है यह कर एक प्रकार से केंद्रीय जीएसटी एवं राज्य जीएसटी का समन्वित रूप है यह दोहरे जीएसटी का सबूत है। जो अंतर्राज्जीय आपूर्ति की दशा में लगाया जाता है इसमें जीएसटी की सामान्य दर ही लागू होती है। अंतर केवल इतना है कि अंतर्राज्जीय आपूर्ति की दशा में बीजक में आधा भाग सीजीएसटी एवं आधा भाग एसजीएसटी दर्शाने के बजाए सम्पूर्ण कर एकीकृत जीएसटी (आई जीएसटी)के रूप में दिखाया जाता है एकीकृत जीएसटी केन्द्र सरकार द्वारा लगाया गया एवं एकीकृत किया जाता है। एकीकृत जीएसटी से संग्रहित राशि केन्द्र सरकार अपने पास टेम्परेरी खाते में जमा करेगी। इस खाते से केंद्र का हिस्सा केंद्र सरकार प्राप्त करेगी तथा राज्यों का हिस्सा स्वमेव राज्यों को स्थानांतरित कर दिया जाता है।

वस्तु एवं सेवा कर का भारत में संचालन

1. **एक ही राज्य में विक्रय तथा उसी राज्य में पुन: विक्रय की दशा में :–** एक ही राज्य में प्रथम विक्रय की दशा में केंदीय वस्तु एवं सेवा कर तथा राज्य वस्तु एवं सेवा कर लगेगा उसी राज्य में पुन: विक्रय की दशा में उपरोक्त दोनो कर लगेंगें परन्तु इनपुट टेक्स की क्रेडिट प्राप्त होगी। उदाहरण के लिए इंदौर का ए व्यापारी 100 रूपये का माल भोपाल के बी व्यापारी को विक्रय करता है और भोपाल का बी व्यापारी पुन: विक्रय 200 रूपये में जबलपुर के सी व्यापारी को करता है जिस पर जीएसटी की दर 16 प्रतिशत है इनका कर निर्धारण निम्नानुसार होगा।

ए व्यापारी द्वारा बी को विक्रय	100
राज्य वस्तु एवं सेवा कर 8%	8
केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर 8%	8
	16

बी द्वारा सी को विक्रय	200
राज्य वस्तु एवं सेवा कर 8%	16 – (8 Input SGST) =8
केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर 8%	16 – (8 Input SGST) =8
	16

2. एक राज्य में विक्रय तथा दूसरे राज्य में पुन: विक्रय :– एक राज्य में विक्रय की दशा में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर तथा राज्य वस्तु एवं सेवा कर लगेगा परन्तु किसी अन्य राज्य में पुन: विक्रय की दशा में एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर लगेगा । जिस पर इनपुट टेक्स रिवेट प्राप्त होगी उदाहरण इन्दौर का ए व्यापारी भोपाल के बी व्यापारी को 100 का माल विक्रय करता है तथा भोपाल का बी व्यापारी नागपुर के सी व्यापारी को पुन: विक्रय 200 रूपये में कर देता है जिस पर जीएसटी की दर 16 प्रतिशत है तो कर निर्धारण निम्नप्रकार होगा

ए व्यापारी द्वारा बी को विक्रय	100
राज्य वस्तु एवं सेवा कर 8%	8
केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर 8%	8
	16

बी द्वारा सी (नागपुर)को विक्रय	200
एकीकृत (IGST) राज्य वस्तु सेवा कर 16%	32–(16 SGST+ CGST एवं INPUT TAX REBEAT) =16

3. अन्य राज्य में विक्रय साथ ही उसी राज्य में पुन: विक्रय:– जब एक राज्य का व्यापारी किसी अन्य राज्य के व्यापारी को माल का विक्रय कर्ता है तो एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर लगाया जाएगा परन्तु उसी अन्य राज्य में पुन: विक्रय किया जाता है तो एसजीएसटी एवं सीजीएसटी पुन: लगाया जाएगा जिस पर आईजीएसटी की इनपुट टैक्स रिवेट प्राप्त होगी । उदाहरण के लिए इंदौर का ए व्यापारी 100 का माल नागपुर के बी व्यापारी को बेचता है तथा नागपुर का बी व्यापारी माल का पुन: विक्रय 200 में मुंबई के सी व्यापारी को करता है जिस पर कर की दर 16 प्रतिशत है तो कर निर्धारण निम्न प्रकार होगा।

ए द्वारा बी (नागपुर)को विक्रय	100
एकीकृत (IGST) राज्य वस्तु एवं सेवा कर 16%	16

बी व्यापारी द्वारा सी मुंबई को विक्रय	200
राज्य वस्तु एवं सेवा कर 8%	16–(8 IGST INPUT TAX REBEAT) = 8
केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर 8%	16– (8 IGST INPUT TAX REBEAT) = 8
	16

माल एवं सेवा कर अधिनियम की कुछ अन्य महत्वपूर्ण विशेषताए :

1. दैनिक जीवन की कई अनिवार्य वस्तुओं की जीएसटी से कर मुक्त घोषित किया गया है इन्हे सरकार ने शून्य कर श्रेणी में रखा है
2. मादक पदार्थो शराब आदि पर प्रांतीय उत्पाद शुल्क लगता है इसे जीएसटी से बाहर रखा गया है ।
3. सहमति न बनने के कारण पैट्रोलियम पदार्थो क्रूड आयल, पैट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस तथा टरबाईन ईधन को अस्थाइ रूप से जीएसटी से बाहर रखा गया है ।

जीएसटी के लाभ :

1. यह माल एवं सेवाओं की कीमतो में कमी लाएगा जिससे उपभोग में वृद्धि होगी।
2. यह व्यापार उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण बनाएगा जिससे जीडीपी में वृद्धि होगी ।
3. अनेक करो के जंजाल से छूट प्राप्त होगी एक ही टैक्स रहने से टैक्स लेने वाले तथा टेक्स देने वाले को सुविधा होगी ।
4. तरह तरह के टैक्स के बदले एक टैक्स होने से सरकार को कर वंचन पर लगाम रखने की सुविधा होगी।
5. जीएसटी से भारत के अंदर विभिन्न राज्यो के बीच व्यवसाय सरल होगा तथा संचालन खर्च में कमी आएगी क्यो कि एक तो चुंगी कर नही देना होगा दूसरा परिवहन लागत कम होगी क्यो कि ट्रक को अलग अलग चुंगी स्टेशनो पर रूकना नही पडेग़ा।

जीएसटी के हानि – प्रस्तावित वस्तु एवं सेवा कर संरचना तभी सफल होने की संभावना है जब देश में मजबूत सूचना प्रोद्यौगिकी तंत्र विकसित हो परन्तु भारत अभी उभरते हुए देशो में एक है जहां बहुत सारे ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट कनेक्टीविटी सही तरीके से उपलब्ध नही है ऐसी स्थिति में जीएसटी के द्वारा ई बिलिंग करना कठिन प्रतीत होता है ।ग्रमीण एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में अक्सर देखा जा रहा है कि व्यापारी जीएसटी के नाम पर वस्तु के मुल्य बढा दिए है पर जीएसटी का पक्का बिल नही देने के कारण जीएसटी का पैसा व्यापारी अपनी जेब में रख रहा है देश में भवन निर्माण क्षेत्र में जीएसटी लागू होने के बाद निर्माणी लागतो में बृद्धि देखी गई है ।

निष्कर्ष – जीएसटी लंबी समय अवधि की रणनीति है जिसके प्रारंभ में कुछ नकारात्मक प्रभाव अल्प समय के लिए देखे जा सकते है परन्तु लम्बे समय में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेंगे भारतीय अर्थव्यवस्था में जीएसटी अभी शिशु चरण में है जीएसटी इस तरह से डिजाईन किया गया है कि इससे राजस्व में वृद्धि होगी कर चोरी में कमी आएगी तथा वस्तु एवं सेवाओं के मूल्य में कमी आएगी जिससे सरकार व्यापार एवं उद्योग तथा आम उपभोक्ता को लाभ प्राप्त होगा ।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. अप्रत्यक्ष कर, श्रीपाल सकलेचा सतीश प्रिंटर्स इन्दौर।
2. वस्तु एवं सेवा कर श्रीपाल सकलेचा सतीश प्रिंटर्स इन्दौर।
3. भारतीय अर्थव्यवस्था पर माल एवं सेवा कर के प्रभाव पर शोध पत्र शेफाली दाणी।
4. प्रबंधन के आईओएसआर जर्नल ई–आईएसएसएन:2278–487x,1
5. LINK- http://www.pradhanmantriyojna.co.in/gst-bill-2016-17
6. LINK- http://www.deepawli.co.in/gst-bill-2015-in hindi.html

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

छिन्दवाड़ा जिले के आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन (1991-2011)

ऋतेश कुमार कहार * डॉ. मोहन निमोले **

प्रस्तावना - स्वास्थ्य एवं शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिसके महत्व को सभी स्वीकार करते हैं। वैज्ञानिक सिद्धातों एवं विधियों के अधिकाधिक प्रयोग के परिणाम स्वरूप स्वास्थ्य एवं शिक्षा के ज्ञान की आवश्यकता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के लिये आवश्यक है। प्रजातंत्र को सफल बनाने के लिये उत्तम स्वास्थ्य वाले शक्तिशाली नागरिको का होना अनिवार्य है। अस्वस्थ शरीर मनुष्य के हर कार्य क्षेत्र में बाधा पैदा करता हैं, आधुनिक युग में वैज्ञानिक तकनीक तथा औद्योगिक प्रगति के कारण जीवन में व्यस्तता तथा जटिलता बढ़ती जा रही है स्वास्थ्य मनुष्य समाज की रीढ़ की हडी समझा जाता हैं, स्वास्थ्य एवं शिक्षा में केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य ही नही बल्कि यदि हम देखे तो उसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा विद्यालय स्वास्थ्य दोनों ही शामिल हैं।

स्वास्थ्य एवं शिक्षा वह प्रक्रिया है जो एकत्रित किये गये ज्ञान को अनुभव कराती है। जिसका उद्देश्य ज्ञान द्धारा शिक्षा और व्यवहार पर प्रभाव डालना हैं जो व्यक्ति और लोगों के स्वास्थ्य से जुडे हैं। स्वास्थ्य शिक्षा उन समस्त अनुभूतियों का योग हैं जो स्वास्थ्य से संबधित आदत आचरण एवं ज्ञान का प्रभावित करती हैं।

मनुष्य अपनी प्रगति के लिये पर्यावरण से न केवल समायोजन करता हैं अपितु उसके साधनों का दोहन कर उसका विरूपण भी करता रहा हैं। उससे जीवन के सभी पक्ष प्रभावित होते हैं, इन्ही में से एक पक्ष मानव स्वास्थ्य भी हैं। मनुष्य के क्षेत्रीय एवं कालिक प्रतिरूपों का अध्ययन एवं व्याख्या स्वास्थ्य भूगोल एवं चिकित्सा भूगोल में किया जाता हैं, जो की भूगोल की एक नवीनतम् शाखा हैं।

इस शाखा में मनुष्य के स्वास्थ्य संबंधी तथ्यों को रखा गया हैं जो समग्र भूगोल की विषय सामग्री का एक भाग हैं जो पूर्णत: भौगोलिक तथ्यो पर आधारित है जिससे पर्यावरण प्रभावित होता है और पर्यावरण मनुष्य पर प्रभाव डालता हैं।

मनुष्य समाज के अंग हैं और व्यक्तियों के समूह से ही समाज बनता हैं। व्यक्तियों की स्वच्छता ही समाज की स्वच्छता हैं। व्यक्तियों को शरीर स्वस्थ रखने के लिए केवल पौष्टिक आहार ही आवश्यक नहीं बल्कि स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। एक व्यक्ति तभी स्वस्थ्य रह सकता है जब वह निवास स्थान, शरीर और वस्त्र साफ रखें। व्यक्ति को स्वस्थ्य जीवन निर्वाह करने के लिए पानी, हवा, संतुलित भोजन, व्यायाम, विश्राम एवं पर्याप्त निद्रा भी आवश्यक हैं।

भारत में शिक्षा की महत्ता सभी कालों में रही है। भारतीय मनीषियों ने तो यहां तक कह दिया है 'बिन शिक्षा नर पशु समान' यहां पर नर से आशय केवल बालक से नही बल्कि बालिका भी हैं। यदि सिर्फ बालक के लिए आशय होता तो नर की जगह बालक कहा गया होता नर से आशय मानव हैं व मानव की शिक्षा बाल्यकाल से आरम्भ होती हैं।

महाभारत काल में सान्दीपनि ऋषि के आश्रम में कृष्ण और सुदामा राजपुत्र और रंक के एक साथ शिक्षा प्राप्त करने और जीवन पर्यन्त मित्रता निभाने का उदाहरण स्मरणीय हैं।

उद्देश्य :

1. आदिवासी क्षेत्रों मे स्वास्थ्य एवं शिक्षा के स्तर का अध्ययन करना।
2. पिछड़ी हुई जनजातियों के धर्म, संस्कृति, रीति-रिवाज, रहन-सहन, व्यवसाय आदि में हुए परिवर्तनों का अध्ययन करना।
3. शिक्षा के क्षेत्र में वृद्धि, बेहतर स्वास्थ्य एवं दशाब्दिक वृद्धि दर का अध्ययन करना।

पूर्ववर्ती शोधकार्य की संक्षिप्त समीक्षा - 1952 में अंतर्राष्ट्रीय भूगोल संघ द्धारा चिकित्सा भूगोल उन भौगोलिक कारकों का अध्ययन करता हैं जिनसे रोग एवं मानव स्वास्थ्य प्रभावित होता हैं।

इस समय विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मनुष्य के स्वास्थ्य की चिंता व्यक्त करते हुए 1964 में स्वास्थ्य को परिभाषित किया- स्वास्थ्य संपूर्ण शारिरिक मानसिक एवं सामाजिक कल्याण की दशा है न की केवल रोग की अनुपस्थिति अथवा उसकी नगण्यता।

विश्व स्तर पर जी. फील्ड (1980) ने विकसित देशों में शिक्षा एवं आय का वितरण : एक साहित्यिक समीक्षा पर अपना शोध प्रस्तुत किया। 1995 में यूनेस्को के पेरिस के सम्मेलन में शिक्षा को प्रधानता दी गई।

स्वास्थ्य एवं शिक्षा में परिवर्तन - भारत जैसे विकासशील देश के प्राचीन निवासी जिन्हें हम आदिवासी तथा भारतीय संविधान में अनुसूचित जनजाति के नाम से जानते हैं। जो सम्पूर्ण भारत के सभी राज्यों में निवासी है वर्तमान में आदिवासी समाज की सीमाएं जंगलों तक सीमित नही रही इनका संपर्क शहरों व कस्बों के निवासियों से होने लगा हैं। इनमें संस्कृतीकरण का विकास हुआ हैं। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, नवाचार, उदारीकरण के कारण स्वास्थ्य एवं शिक्षा में परिवर्तन आया है शिक्षा के अभाव में आदिवासी न अपने अधिकारों को जानते हैं न शासकीय योजनाओं को और न ही शासकीय योजनाओं का लाभ उठा पाते हैं।

स्वास्थ्य : आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में भी आधुनिक चिकित्सा प्रणाली का अभाव था अनुसूचित जनजाति की आबादी के स्वास्थ्य

* पी-एच.डी. शोधार्थी (भूगोल) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

सेवा संकेतको में पिछले दसको के दौरान यकीनन सुधार हुआ हैं। हालांकि सामान्य आबादी की तुलना में काफी खराब स्थिति में है अनुसूचित जनजाति की आबादी के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा सबसे कमजोर कड़ी है। जरूरत है उनके लिए किसी भी नीति अथवा कार्यक्रम का सिद्धांत भागीदारी क्षेत्र विशेष और आदिवासी भावनाओं के अनुरूप नियोजन तथा अंतर क्षेत्रीय समनवयन पर आधारित हो। अनूसूचित की जनजातियों की आबादी की मृत्यु दर के संकेतकों के दौरान सुधार हुआ हैं-

तालिका क्रमांक 1 - छिन्दवाड़ा जिला : आदिवासी क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में परिवर्तन

क्र.	स्वास्थ्य सुविधाएं	संख्या		अन्तर
		1991	2011	
1	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र	25	26	01
2	उप-स्वास्थ्य केन्द्र	139	162	23
3	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र	-	07	07
4	पशु चिकित्सालय	04	09	05
5	आयुर्वेदिक-होम्यो औषधालय	24	23	-1
	योग	**192**	**227**	**35**

स्रोत : छिन्दवाड़ा जिला सांख्यिकी पुस्तिका, 1991-2011.

उपरोक्त तालिका अनुसार वर्ष 1991 में छिन्दवाड़ा जिले के आदिवासी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 25, उप-स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 139, पशु चिकित्सालयों की संख्या 04 एवं आयुर्वेदिक-हौम्यो औषधालयों की संख्या 24 थी जिसमें परिवर्तन की दृष्टि से यह आंकड़े संतोषजनक नहीं हैं। वर्ष 2011 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 26, उप-स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 162, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 07, पशु चिकित्सालयों की संख्या 09 एवं आयुर्वेदिक-हौम्यो औषधालयों की संख्या 23 प्राप्त हुई है।

इस प्रकार वर्ष 1991 एवं 2011 के मध्य सार्वजनिक स्वास्थ्य की खाई को भरने के लिए और अधिक परिवर्तन की आवश्यकता हैं। वर्ष 1991 में आदिवासी क्षेत्रों में कुल स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 192 थी जो बढ़कर 2011 में 227 हो गई हैं। इन दो दशकों में स्वास्थ्य सुविधाओं में 35 की वृद्धि हुई हैं।

सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रसांगिक क्षेत्रो पर सहस्राब्दिक लक्ष्य ने सिर्फ उर्ध्वाधर दृष्टिकोण को अपनाया, वहीं सतत् विकास लक्ष्य, स्वास्थ्य के प्रति जीवन का संदर्भगत् अध्ययन करने का दृष्टिकोण अपनाकर स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है हाल ही में एस ई.ए.आर.सी.एच. गढ़चिचोली में जनजातीय स्वास्थ्य सेवा में बेहतरीन पद्धतियों पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। देश में ऐसा सम्भवत: पहली बार किया गया इसमें 23 बेहतरीन पद्धति प्रस्तुत की गई और उन पर चर्चा हुई हमें इस विशेष समूह की रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी चाहिए आशा है कि यह आशा की राह दिखायेगी। सतत् विकास का एकमात्र स्वास्थ्य लक्ष्य सभी के लिये स्वस्थ्य जीवन और हर उम्र में आरोग्य हैं।

शिक्षा : शैक्षणिक दृष्टि से आदिवासी समाज में पर्याप्त परिवर्तन देखने को मिले हैं आदिम जाति विभाग द्वारा वर्ष 2005-06 में प्रदेश के 89 आदिवासी विकास खण्डों में 12643 प्राथमिक शालाएं, 4369 माध्यमिक शालाएं, 510 हाई स्कूल, 476 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 09 आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 03 कन्या शिक्षा परिसर एवं 14 क्रीड़ा परिसर का संचालन किया हैं।

तालिका क्रमांक 2 - छिन्दवाड़ा जिला : आदिवासी क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं में परिवर्तन

क्र	शैक्षणिक सुविधाएं	संख्या		अन्तर
		1991	2011	
1	प्राथमिक शाला	830	1364	534
2	माध्यमिक शाला	159	408	249
3	हाई स्कूल	46	74	28
4	उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	15	59	44
5	अन्य शालाएं	13	41	28
6	व्यावसायिक एवं अन्य	-	03	03
7	महाविद्यालय	02	05	03
	योग	**1065**	**1954**	**889**

स्रोत : छिन्दवाड़ा जिला सांख्यिकी पुस्तिका, 2012.

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता हैं कि छिन्दवाड़ा जिले के आदिवासी क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं में निश्चित ही परिवर्तन आया हैं। वर्ष 1991 में शैक्षणिक सुविधाओं का कुल योग 1065 था जो बढ़कर 2011 में 1954 हो गया हैं तथा इनके मध्य अन्तर 889 प्राप्त हुआ हैं। वर्ष 1991 में जिले के आदिवासी क्षेत्रों में प्राथमिक शालाओं की संख्या 830 माध्यमिक शालाओं की संख्या 159 और हाई स्कूलों की संख्या 46, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की संख्या 15, अन्य शालाएं 13 एवं महाविद्यालयों की संख्या 02 थी। वर्ष 2011 में प्राथमिक शालाओं की संख्या 1364, माध्यमिक शालाओं की संख्या 408, हाई स्कूलों की संख्या 73, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 59, अन्य शालाएं 41, व्यावसायिक एवं अन्य की संख्या 03, महाविद्यालयों की संख्या 05 हैं। इस प्रकार वर्ष 1991 से 2011 तक शैक्षणिक सुविधाओं में उत्तरौत्तर वृद्धि हुई हैं।

शिक्षा आर्थिक विकास का सबसे प्रभावशाली व महत्वपूर्ण तत्व हैं प्राकृतिक शक्तियों पर नियंत्रण में इन संसाधनों के विदोहन तथा व्यवस्थित व न्याय पर आधारित समाज के निर्माण में जो विभिन्न उपकरण सहायक सिद्ध होते है उनमें शिक्षा सबसे शक्तिशाली हैं।

आजादी के समय से लेकर 1961 से 1971 के दशक में 20 विश्वविद्यालय, 500 कॉलेज को जबकि 2011 में 725 विश्वविद्यालय, 37204 कालेज 11356 डिप्लोमा देने वाले संस्थान भारत उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया का महत्वपूर्ण देश बन गया हैं जहां सबसे अधिक संख्या में छात्र पढ़ते हैं।

सुझाव :

1. आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओ के लिये अलग अलग दृष्टिकोण की आवश्यकता हैं जो उनके अनुसार उनके प्रति सवेदनशील हो।
2. शिक्षा एवं व्यवहार सम्बंधी कमी दूर करने के लिये स्वस्थ्य और साक्षरता एवं संचार को प्रथम माध्यम बनाया जा सकता हैं।
3. आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा जो विभिन्न योजना आदिवासी समुदाय हेतू चलायी जा रही है उन योजनाओ का लाभ उन्हे मिलना चाहिए।
4. जिन क्षेत्रो में आदिवासी बहुल जनसंख्या है उन क्षेत्रों में अधिक से अधिक प्राथमिक विद्यालय एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना की जाये।

निष्कर्ष - छिन्दवाड़ा जिले के आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन स्पष्टत: दृष्टिगोचर हुए हैं। वर्ष 1991 एवं 2011 के मध्य

सार्वजनिक स्वास्थ्य की खाई को भरने के लिए और अधिक स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक सुविधाओं की आवश्यकता हैं। वर्ष 1991 में कुल स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 192 थी जो वर्ष 2011 में बढ़कर 227 हो गई। इस प्रकार कुल 35 स्वास्थ्य सुविधाओं की वृद्धि हुई हैं। इस प्रकार जिले में शैक्षणिक सुविधाओं में भी परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखाई देता हैं। वर्ष 1991 में शैक्षणिक सुविधाओं का कुल योग 1065 था जो वर्ष 2011 में बढ़कर 1954 हो गया तथा वर्ष 1991 से 2011 के मध्य 889 शैक्षणिक सुविधाओं की वृद्धि हुई हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कवर रमेश चन्द्र (2011); आरोग्य शास्त्र एवं स्वास्थ्य शिक्षा, अमित ब्रदर्स पब्लिकेशन नागपुर।
2. चौबे कैलाश (2001); स्वास्थ्य एवं चिकित्सा भूगोल, म.प्र. ग्रन्थ अकादमी भोपाल।
3. खत्री हरीश कुमार : स्वास्थ्य भूगोल।
4. जिला सांख्यिकी पुस्तिका, 1991-2011.
5. शर्मा निशा : जनजातियों में अर्थोपार्जन के साधन एवं सामाजिक आर्थिक परिवर्तन शोध समवेत।
6. राजपूत उदय सिंह : म.प्र. में आदिवासी विकास : समस्यायं एवं सम्भावनाएं।
7. कुमार विमल : नई सरकार में शिक्षा की नई उड़ान योजना।
8. बांग अभय : जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं वर्तमान और भविष्य योजना।
9. Fields G. (1980); “Education and income Distribution in Developing Countries A Review of Literature” In T. King (Ed.) Education and Income World Bank Staff working Paper.

****

युवाओं का चुनौतिपूर्ण जीवन और नैतिकता की संभावना

डॉ. निशा जैन*

प्रस्तावना – परिवर्तन चक्र तीव्र गति से घूम रहा है। सामाजिक स्थिति बहुत तेजी से बदल रही है। ऐसे में मनुष्य एक विचित्र से झंझावात में फंसा हुआ है। बाह्य रूप से चारों ओर भौतिक एवं आर्थिक प्रगति दिखाई देती है, सुख-सुविधा के अनेकानेक साधनों का अंबार लगता जा रहा है, दिन-प्रतिदिन नए-नए आविष्कार हो रहे हैं, पर आंतरिक दृष्टि से मनुष्य टूटता और बिखरता जा रहा है। उसका संसार के प्रति विश्वास, समाज के प्रति सद्भाव और जीवन के प्रति उल्लास धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। अब तो समाज में चारों ओर आपसी सौहार्द, समरसता एवं सात्विकता के स्थान पर कुटिलता, दुष्टता और स्वार्थपरता ही दृष्टिगोचर होती है। बुराई के साम्राज्य में अच्छाई के दर्शन अपवाद स्वरूप ही हो पाते हैं।

जो देश कभी जगद्गुरु हुआ करता था, उसी भारतवर्ष के राष्ट्रीय, सामाजिक, पारिवारिक एवं व्यक्तिगत जीवन में चतुर्दिक् अराजकता और उच्छृंखलता छाई हुई है। जीवन मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति आस्था-निष्ठा की बात कोई सोचता ही नहीं। वैचारिक शून्यता और दुष्प्रवृत्तियों के चक्रव्यूह में फंसा हुआ दिशाहीन मनुष्य पतन की राह पर फिसलता जा रहा है। उसे संभालने और उचित मार्गदर्शन देने वालों का भी अभाव ही दिखाई देता है। कुछ गिने-चुने धार्मिक-आध्यात्मिक संगठन, सामाजिक संस्थाएं और प्रतिष्ठान ही इस दिशा में सक्रिय हैं अन्यथा अधिकांश तो निजी स्वार्थ एवं व्यवसायिक दृष्टिकोण से ही कार्यरत लगते हैं। ईमानदारी, मेहनत और सत्यनिष्ठा के साथ नि:स्वार्थ भाव से स्वेच्छापूर्वक जनहित के कार्य करने वालों को लोग मूर्ख ही समझते हैं। उनके परिश्रम एवं भोलेपन का लाभ उठाकर वाहवाही लूटने वाले समाज के ठेकेदार सर्वत्र दिखाई देते हैं।

समाज सेवा का क्षेत्र हो या धर्म-अध्यात्म अथवा राजनीति का, चारों ओर अवसरवादी, सत्तालोलुप, आसुरी प्रवृत्ति के लोग ही दिखाई देते हैं। शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र, जहां कभी सेवा के उच्चतम आदर्शों का पालन होता था, आज व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के केन्द्र बन गए हैं। व्यापार में तो सर्वत्र कालाबाजारी, चोरबाजारी, बेईमानी, मिलावट, टैक्सचोरी आदि ही सफलता के मूलमंत्र समझे जाते हैं। त्याग, बलिदान, शिष्टता, शालीनता, उदारता, ईमानदारी, श्रमशीलता का सर्वत्र उपहास उड़ाया जाता है। सामान्य नागरिक से लेकर सत्ता के शिखर तक अधिकांश व्यक्ति अनीति-अनाचार के आकंठ डूबे हैं। प्रत्येक व्यक्ति के मन में निजी स्वार्थ व महत्वाकांक्षाओं के साथ-साथ ईर्ष्या, घृणा, बैर की भावनाएं जड़ जमाए हुए हैं। ऐसी विकृत मानसिकता के चलते मनुष्य वैज्ञानिक प्रगति से प्राप्त सुख-सुविधा के अनेकानेक साधनों का भी दुरुपयोग ही करता रहता है। फलत: उसका शरीर अन्दर से खोखला होकर अनेकानेक रोगों का घर बनता जा रहा है। मनुष्य की इच्छाओं व कामनाओं की कोई सीमा नहीं है, धैर्य व संयम की मर्यादाएं टूट रही हैं, अहंकार व स्वार्थ का नशा हर समय सिर पर सवार रहता है। ऐसी स्थिति में क्या सामाजिक समरसता व सहयोग की भावना जीवित रह सकती है? सुख, शान्ति व आनन्द के दर्शन हो सकते हैं? जहां चारों ओर धनबल और बाहुबल का नंगा नाच हो रहा हो, घपलों-घोटालों का बोलबाला हो, उस समाज में क्या वास्तविक प्रगति कभी हो सकती हैं?

मानव के इस पतन-पराभव का कारण खोजने का यदि हम सच्चे मन से प्रयास करें तो पता चलेगा कि सारी समस्याओं की जड़ पैसा है। सारा संसार की अर्थप्रधान हो गया है। प्रत्येक व्यक्ति हर समय अधिक से अधिक धन कमाने की उधेड़बुन में लगा रहता है। इसके लिए अनीति, अनाचार, भ्रष्टाचार जैसे सभी साधनों का खुले आम प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार कमाए हुए धन के कारण ही समाज में सर्वत्र मूल्यविहीन भोगवादी संस्कृति का अंधानुकरण और विलासिता का अमर्यादित आचरण चारों ओर देखा जा सकता है। यह सब जानते समझते हुए भी आदमी पैसे के पीछे पागल हो रहा है।

युवा वर्ग पर इसका प्रभाव – आज का युवा वर्ग ऐसे ही दूषित माहौल में जन्म लेता है और होश संभालते ही इस प्रकार की दुखद एवं चिन्ताजनक परिस्थितियों से रूबरु होता है। आदर्शहीन समाज से उसे उपयुक्त मार्गदर्शन ही नहीं मिलता और दिशाहीन शिक्षा पद्धति उसे और अधिक भ्रमित करती रहती है। ऐसे दिग्भ्रमित और वैचारिक शून्यता से ग्रस्त युवाओं पर पाश्चात्य अपसंस्कृति का आक्रमण कितनी सरलता से होता है, इसे हम प्रत्यक्ष देख ही रहे हैं। भोगवादी आधुनिकता के भटकाव में फंसी युवा पीढ़ी दुष्प्रवृत्तियों के दलदल में धंसती जा रही है। विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थान जो युवाओं की निर्माण स्थली हुआ करते थे आज अराजकता एवं उच्छृंखलता के केन्द्र बन गए हैं। वहां मूल्यों एवं आदर्शों के प्रति कहीं कोई निष्ठा दिखाई ही नहीं देती। सर्वत्र नकारात्मक एवं विध्वंसक गतिविधियां ही होती रहती हैं। ऐसे शिक्षक व विद्यार्थी जिनमें कुछ सकारात्मक और रचनात्मक कार्य करने की तड़पन हो, बिरले ही मिलते हैं। इसी का परिणाम है कि हमारा राष्ट्रीय एवं सामाजिक भविष्य अंधकारमय लग रहा है।

होनहार बिरवान के होत चीकने पातकृजैसा बीज होगा, जैसी पौध होगी, उसी के अनुरूप तो वृक्ष विकसित होगा, पुष्पित, पल्लवित और फलित होगा। आज की युवा पीढ़ी की जो दुर्दशा हो रही है उसका सर्वप्रथम दायित्व तो उनके माता-पिता और परिवार का ही है। वे स्वयं ही दुष्प्रवृत्तियों के शिकंजे में फंसे हुए हैं फिर अपनी संतान को उचित शिक्षा व संस्कार कहां से दे सकेंगे? युवावस्था की प्रारम्भिक स्थिति में अनेक शारीरिक व मानसिक परिवर्तन होते हैं। जीवन का यह काल अत्यन्त उथल-पुथल भरा होता है जब वह चारों ओर की परिस्थितियों का अपने अनुसार विवेचन करता है। इसमें अनेक प्रतिमान ध्वस्त होते हैं और नए बनते हैं। इस अवधि में वह

* सहायक प्राध्यापक (समाज शास्त्र) शासकीय कन्या महा विद्यालय, बीना, जिला सागर (म.प्र.) भारत

अपने अस्तित्व को परिवार व समाज में स्थापित करने का प्रयास करता है। अपनी अस्मिता को खोजता है और ऐसे मार्गदर्शक नायक की तलाश करता है जिसके अनुरूप स्वयं को ढाल सके। इस खोजबीन की उलझन में उसे घर से तो कुछ विशेष मिल नहीं पाता और बाहर उसका सर्वत्र शोषण ही होता है। एक समय था जब अभिमन्यु को गर्भावस्था में ही माता-पिता से शिक्षा और संस्कार प्राप्त हुए थे। आज के माता-पिता एवं समाज के कर्णधार स्वयं ही यह चिन्तन करें कि वे अपने अभिमन्युओं को क्या बना रहे हैं?

पहले युवापीढ़ी को अपने आदर्श ढूंढ़ने के लिए परिवार व समाज के अतिरिक्त पुस्तकों का भी सहारा रहता था जो कि भारतीय संस्कृति की बहुमूल्य धरोहर हैं। आज वेद, उपनिषद्, पुराण आदि को पढ़ना या उन पर चर्चा करना तो दूर, उनका नाम लेना भी पिछड़ेपन की निशानी समझा जाता है। आदर्श व प्रेरक साहित्य के प्रति अभिरुचि में भारी कमी आई है। अश्लील एवं स्तरहीन साहित्य की भरमार है। उच्चस्तरीय साहित्यिक रचनाएं पढ़ने की परम्परा लुप्त हो रही है। युवावर्ग समझ ही नहीं पाता कि वह क्या पढ़े और कैसे पढ़े? देव संस्कृति की इस उपेक्षा के कारण ही आज वह किसी सज्जन, वीर, महात्मा और महापुरुष को अपना आदर्श बनाने के स्थान पर टी.वी. और फिल्मों के पर्दे पर उनको खोजता है। वहां उसे फिल्मों के पर्दे पर उनको खोजता है। वहां उसे हिंसा, अश्लीलता, फैशनपरस्ती, स्वच्छंदता, फूहड़ता आदि के अतिरिक्त कुछ मिलता ही नहीं। इसी सब का अनुसरण करने को वह प्रगतिशीलता समझता है। यही कारण है कि चारों ओर अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा और स्तरहीन आदर्शों की अंधभक्ति ही दिखाई देती है। ऐसे में टी.वी. पर अनेकानेक सैटेलाइट चौनलों द्वारा हमारी लोक-संस्कृति को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करने का ही यह परिणाम है कि खान-पान, वेश-भूषा, आचार-व्यवहार आदि सभी क्षेत्रों में युवाओं द्वारा पाश्चात्य अपसंस्कृति का अंधानुकरण हो रहा है। भारत की बहुमूल्य सांस्कृतिक परम्पराओं की वह अवहेलना करता है या उपहास उड़ाता है। पाश्चात्य संस्कृति के जीवन मूल्य को अपनाती युवा पीढ़ी अपने देश की संस्कृति को हेय दृष्टि से देखने लगी है। प्रगतिशीलता के नाम पर नैतिकता का परित्याग और भारतीयता का विरोध विशेष उपलब्धियों को गिना जाता है। उसी को आदर्श हीरो का सम्मान मिलता है।

राजनीतिज्ञों के दुष्चक्र ने तो युवा पीढ़ी को और अधिक उलझा दिया है। शिक्षा केन्द्र तो पूरी तरह से राजनैतिक द्वंद्व का अखाड़ा बन गए हैं। इस युद्ध में युवावर्ग का प्रयोग कच्चे माल के रूप में खुले आम होता है। सुरा-सुंदरी तक उन्हें उपलब्ध कराने में राजनीतिक दलों को कोई हिचक नहीं होती। काले धन की थैलियां तो खुली ही रहती हैं। इस प्रकार के दूषित वातावरण में युवापीढ़ी ऐसी कुसंस्कृति को अपनाने के लिए मजबूर है जहां व्यक्तिगत जीवन में नैतिकता और नाते-रिश्तों की पवित्रता का कोई अर्थ नहीं रह जाता। यौन उच्छृंखलता को फैशन व आधुनिकता का प्रतीक समझा जाता है जिससे युवक-युवतियां आत्मघाती दुष्चक्र में उलझते जाते हैं। उनकी ऊर्जा और प्रतिभा किसी सार्थक कार्य में लगने के स्थान पर सौन्दर्य प्रतियोगिताओं, फैशन शो और फिल्मों में बर्बाद होती है तथा अपराधी व बुरे लोगों के जाल में उनके फंसने की संभावनाएं बढ़ती जाती हैं। उच्च आदर्शों एवं प्रेरणा स्रोतों के अभाव में वे नित नए कुचक्रों में उलझते रहते हैं। सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्व बोध से कटे हुए ऐसे लोगों का जीवन मात्र स्वार्थपरता के संकुचित घेरे तक ही सीमित रह जाता है।

भविष्य की संभावनाएं - ऐसे अन्धकारमय परिदृश्य में भी आशा की किरण तो होती ही है। माना कि हताशा व निराशा से ग्रस्त युवा पीढ़ी में परिस्थितियों से जूझने की क्षमता चुकती जा रही है पर वह समाप्त नहीं हुई है। उसे विकसित करने के अनेकानेक साधन उपलब्ध हैं। सांस्कृतिक एवं मानसिक परतन्त्रता के अदृश्य पाश से स्वयं को मुक्त करके विश्वक्रांति का अग्रदूत बनने की क्षमता भी उसमें है। युवाशक्ति की राष्ट्र की उज्ज्वल आशा का प्रतीक है। देश को दुर्गति से प्रगति के पथ पर ले जाने की शक्ति उसके रग-रग में समाई हुई है। शून्य से शिखर तक पहुंचने का पुरुषार्थ वही कर सकता है।

दुनिया में बुराई तो बहुत है। चारों ओर झूठ, फरेब, धोखा और बेईमानी फैली हुई है। पर हर समय इन्हीं बातों पर चिन्तन और चर्चा करते रहने से क्या लाभ? संसार में आसुरी प्रवृत्ति के लोग तो सदैव रहे हैं चाहे वह रामायण-महाभारत काल हो या आज का युग। उनकी संख्या अवश्य कभी कम तो कभी अधिक होती है। इसी सात्विक एवं दैवी प्रवृत्ति के लोग भी समाज में रह समय रहते हैं। हनुमान जी को भी रात के अंधेरे में लंका के राक्षसों के बीच एक देवस्वरूप व्यक्ति विभीषण के रूप में मिल गया था। हम भी यदि थोड़ा सा सजग होकर देखें तो अपने आस-पास अनेक अच्छे व्यक्ति हमें मिल जायेंगे जो ईमानदारी, अच्छे चरित्र वाले और नैतिक मूल्यों का पालन करने वाले हैं। वे सदैव जीवन के प्रति आशावादी एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं।

युवा पीढ़ी में तो ऐसे सच्चरित्र लोगों की भरमार है। समस्या केवल इतनी भर है कि उन्हें बिगड़ने से किस प्रकार बचाया जाए और वे स्वयं भी किस प्रकार इस काजल की कोठरी से अपने को बचाकर बेदाग बाहर निकल सकें। असली दायित्व तो युवाओं का ही है। यदि वे सांसारिक दुष्प्रवृत्तियों के मकड़जाल में फंसने के कुप्रभावों को समय रहते समझ लें और उनके प्रलोभन में न आएं तो कोई भी उन्हें कुमार्ग पर नहीं ले जा सकेगा। यदि उनमें स्वयं को सुधारने की इच्छाशक्ति जागृत हो जाएगी तो अन्य सत्पुरुषों की बातें भी सरलता से उनके गले उतर जाएंगी। स्वयं को सुधार कर ही वे सारे संसार को सुधार सकेंगे। 'अपना सुधार संसार की सबसे बड़ी सेवा है', इस तथ्य को समझ लेने से ही सबका कल्याण है।

सामाजिक स्थिति में समय-समय पर बदलाव तो आते ही रहते हैं कभी सकारात्मक और कभी नकारात्मक। वर्तमान समय में तो परिवार, समाज और राष्ट्र की धुरी बुरी तरह से लड़खड़ा रही है और सम्पूर्ण व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन आवश्यक हो गया है। इसे कौन कर सकता है? और कौन करेगा?

इतिहास साक्षी है कि संसार में जितनी भी महत्वपूर्ण क्रान्तियां हुई हैं, उनमें युवाओं की भूमिका सदैव ही अत्यन्त महत्वपूर्ण रही है। मानव जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय युवावस्था ही होता है। उत्साह एवं उमंग से भरपूर युवाओं में पहाड़ से टकराने की ललक होती है। कठिन से कठिन परिस्थितियों से भी जूझने का साहस होता है। उनकी शारीरिक एवं मानसिक शक्तियां भी अपने विभिन्न रूपों में प्रस्फुटित होती हैं और असंभव को भी संभव कर दिखाने की क्षमता रखती हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज के अनुसार भारत में 16 से 25 वर्ष के युवाओं की संख्या 21.5 करोड़ है। इतनी बड़ी जनशक्ति यदि नकारात्मक गतिविधियों में लिप्त हो जाए तो देश को शीघ्र ही रसातल में पहुंचा सकती है। पर यदि यह युवा शक्ति सकारात्मक और रचनात्मक मार्ग पर चल पड़े तो भारत को संसार का सिरमौर बना दे। आज अपने धनबल और बाहुबल के बूते कोई देश संसार में अपनी दादागीरी तो चला सकता है पर केवल कुछ समय के लिए ही। अपने सद्गुणों और सद्विचारों के बल पर ही भारत कभी विश्व में जगद्गुरु कहलाता था। उसे पुन: उसी पद पर पुनर्स्थापित

करने का सामर्थ्य केवल हमारी युवा पीढ़ी में ही है।

निष्कर्ष – सर्वप्रथम युवाओं को अपने मन से निराशा एवं हताशा के भावों को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा। अपनी शक्तियों पर अपनी क्षमता व प्रतिभा पर अटूट विश्वास जगाना होगा। नैपोलियन ने कहा था कि असंभव शब्द उसके शब्दकोश में है ही नहीं। इसे अपने जीवन का आधार बनाकर सदैव यही विचार करना होगा कि संसार में ऐसा कोई कार्य नहीं जो हम न कर सकें। कल्पना करें कि आपके शरीर में शक्ति स्रोत फूट रहा है ऊर्जा की धाराएं प्रवाहित हो रही हैं जो कठिन से कठिन कार्य को भी चुटकियों में पूरा कर सकती हैं। उज्ज्वल भविष्य हमारे स्वागत हेतु तत्पर है। अपने भीतर इस प्रकार का आत्मविश्वास दृढ़तापूर्वक स्थापित करने पर ही हम जीवन की अनेक चुनौतियों का सामना करने में सफल हो सकेंगे।

हमारे भीतर यह आत्मविश्वास कैसे जागे और कैसे परिपुष्ट हो? हम किस प्रकार अपने जीवन को उत्कृष्ट बनाएं और वर्तमान चुनौतियों का भी सफलतापूर्वक सामना कर सकें? इसे समझने से पहले हमें भारत के महान युवा संन्यासी स्वामी विवेकानन्द के एक संदेश को आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा है 'प्रत्येक व्यक्ति की भांति प्रत्येक राष्ट्र का भी एक विशेष जीवनोद्देश्य होता है। वही उसके जीवन का केन्द्र है, उसके जीवन का प्रधान स्वर है, जिसके साथ अन्य सब स्वर मिलाकर समरसता उत्पन्न करते हैं। किसी देश में जैसे इंग्लैण्ड में राजनीतिक सत्ता ही उसकी जीवन शक्ति है। भारतवर्ष में धार्मिक जीवन ही राष्ट्रीय जीवन का केन्द्र है और वही राष्ट्रीय जीवन रूपी संगीत का प्रधान स्वर है। यदि कोई राष्ट्र अपनी स्वाभाविक जीवन शक्ति को दूर फेंक देने की चेष्टा करे, शताब्दियों से जिस दिशा की ओर उसकी विशेष गति हुई है, उससे मुड़ जाने का प्रयत्न करे और वह इस कार्य में सफल हो जाए तो वह राष्ट्र मृत हो जाता है। अतएव यदि तुम धर्म को फेंककर राजनीति, समाजनीति अथवा अन्य किसी दूसरी नीति को अपनी जीवनशक्ति को केन्द्र बनाने में सफल हो जाओ तो उसका फल यह होगा कि तुम्हारा अस्तित्व तक न रह जाएगा। यदि तुम इससे बचना चाहो तो अपनी जीवन शक्ति रूपी धर्म के भीतर से ही तुम्हें अपने सारे कार्य करने होंगे। अपनी प्रत्येक क्रिया का केन्द्र इस धर्म को ही बनाना होगा। सामाजिक जीवन पर धर्म का कैसा प्रभाव पड़ेगा, यह बिना दिखाए मैं अमेरिका वासियों में धर्म का प्रचार नहीं कर सकता था। इंग्लैण्ड में भी बिना यह बताए कि वेदांत के द्वारा कौन–कौन से आश्चर्यजनक परिवर्तन हो सकेंगे, मैं धर्म प्रचार नहीं कर सका। इसी भांति भारत में सामाजिक सुधार का प्रचार तभी हो सकता है, जब यह दिखा दिया जाए कि इस नई प्रथा से आध्यात्मिक जीवन की उन्नति में कौन सी विशेष सहायता मिलेगी? अत: भारत में किसी प्रकार का सुधार या उन्नति की चेष्टा करने से पहले धर्म प्रचार आवश्यक है।'

****

अगस्त क्रांति में महिलाओं का योगदान

डॉ. प्रेरणा ठाकुर*

शब्द संक्षेप – 'जीरो अवर' – ऑपरेशन जीरो अवर 12 बजे के पूर्व भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के नेताओं की गिरफ्तारी का आदेश था।

'बा' (गुजराती भाषा में) – संक्षेपिका – अगस्त क्रांति या भारत छोड़ो आंदोलन एक ऐसी घटना थी कि प्रत्येक भारतीय यह मेहसूस कर रहा था कि भारत अब स्वतंत्र होने ही वाला है। संपूर्ण चैतन्यता के साथ जागृत भारतवासी, देश के किसान, मजदूर, महिलाऐं तक राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल हो चुके थे देश के पूर्वोत्तर से लेकर पश्चिम में तथा उत्तर से सुदूर दक्षिण तक 'अंग्रेजों भारत छोड़ों का नारा बुलन्द किया जा रहा था।'

'क्रप्स मिशन की असफलता के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सभी बड़े नेता चिंतित थे तथा जनमानस आक्रोशित था ऐसे में 8 अगस्त 1942 को कांग्रेस का महाधिवेशन मुंबई में हुआ इसमें 'भारत छोड़ों' प्रस्ताव पारित हुआ और गांधीजी ने अपने ऐतिहासिक भाषण में 'करो या मरो' का नारा दिया। 8 अगस्त की रात को कांग्रेस की बैठक रात में विलम्ब से समाप्त हुई और ऑपरेशन जीरो अवर के तहत रात 12 बजे सभी महत्वपूर्ण नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया गांधीजी को पूना में आगा खाँ महल तथा अन्य नेताओं को अहमद नगर जेल में रखा गया। इसके विरोध में संपूर्ण भारत जुलूस, हड़ताल व सार्वजनिक सभा हुई। जयप्रकाश नारायण, राममनोहर लोहिया और श्रीमती अरुणा आसफ अली जैसे दूसरी पंक्ति के नेताओं ने नेतृत्व संभाला।

महिलाओं में सुचेता कृपलानी, विजयलक्ष्मी पंडित, डॉ. प्रभावती, उषा मेहता, जैसी नेत्रियों ने कमान संभाली। किंतु अरुणा गांगुली, अरुणा आसफ अली ने बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान में भारतीय ध्वज फहराकर मुख्य रुप से नेतृत्व किया। इस अगस्त क्रांति या भारत छोडों आंदोलन में अग्रणी रही कुछा महिलाओं का योगदान इस प्रकार है:-

अरुणा आसफ अली – 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन या अगस्त क्रांति की प्रमुख नायिका डॉ. अरुणा आसफ अली ही थी क्योंकि 9 अगस्त 1942 को बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान में ब्रिटिश राष्ट्र ध्वज 'यूनियन जेक' को हटाकर भारतीय ध्वज फहराने का प्रमुख कार्य डॉ. अरुणा आसफ अली ने ही किया था। यद्यपि 1930 से ही अरुणा जी सक्रिय राजनीति में शामिल थी और सविनय अवज्ञा आंदोलन में आपने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया था और तभी गाँधी जी के आदेश व मार्गदर्शन से खादी पहनना भी प्रारंभ किया स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग व विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार करने के दौरान ही अरुणा गांगुली जी की नेतृत्व क्षमता खुलकर सामने आयी आपकी साहसी, आत्मविश्वासी भूमिका के कारण ही सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लेने वाली अन्य महिलाओं को जब 6 महीने की जेल हुई तब अरुणा जी को एक वर्ष तक रिहा नहीं किया गया यहां तक की गांधी इरविन एक्ट के बाद भी उनकी सक्रिय भूमिका के कारण उन्हें जेल से नहीं छोड़ा गया। उनकी नेतृत्व व क्षमता देखते हुए जेल में उन्हें अन्य कैदियों से अलग रखा गया। जेल में भी अरुणा जी ने भूख हड़ताल की और कैदियों के साथ सरकार को अच्छे व्यवहार के लिये मजबूर किया।

भारत छोड़ो आंदोलन के दौराने अरुणा जी का वारंट जारी करते हुए सरकार ने उनकी गिरफ्तारी पर 8 हजार रुपये का ईनाम रखा उस समय इतनी बड़ी धनराशि का इनाम रखा जाना सिद्ध करता है कि वे ब्रिटिश सरकार के लिये कितना बड़ा सिरदर्द थी।

1942 से 1946 तक उनके नाम वारंट जारी रहा। महत्वपूर्ण नेताओं की गिरफ्तारी के बाद राममनोहर लोहिया, अच्युत पटवर्धन, जयप्रकाश नारायण आदि के साथ महाराष्ट्र और विशेषकर बम्बई में सक्रियता से कमान संभाली और सबसे महत्वपूर्ण यह था कि बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान पर आयोजित सबसे बड़ी सभा में भारतीय ध्वज फहराया। इस सभा के पश्चात अरुणा जी ने भूमिगत रहकर काम करना प्रारंभ किया जबकि अन्य नेता गिरफ्तार हुए। भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण अरुणा जी की संपत्ति जब्त कर ली गयी लेकिन संपत्ति की चिंता न करते हुए निरंतर अपने उद्देश्य में वे लगी रही लोहिया जी के साथ मिलकर 'इंकलाब' नामक अखबार में अपने विचार व्यक्त करते हुए यह लिखा कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा ले और अपनी भूमिका निभाये यह भूमिका हिंसा या अहिंसा किसी भी मार्ग पर चलकर यह लड़ाई लड़े किन्तु शांत न बैठे। स्वतंत्रता के संबंध में इंग्लैण्ड से किसी भी प्रकार का समझौता करना असंभव है हम अपने अधिकारों की भीख इंग्लैंड से नहीं मांगेंगे, अपना अधिकार हम लड़कर हासिल करेंगे।

स्वतंत्रता के पश्चात 1958 में अरुणा जी दिल्ली की प्रथम मेयर बनी। अपना संपूर्ण जीवन आपने महिलाओं व बाल कल्याण के लिये समर्पित किया साप्ताहिक लिंक व दैनिक पेट्रियाट नामक अखबार निकाले तथा पदम भूषण अंतर्राष्ट्रीय लैखिका पुरस्कार, जवाहरलाल नेहरु पुरस्कार आदि प्राप्त किये।

सरोजिनी नायडू – हैदराबाद में 13 फरवरी 1871 को जन्मी डॉ. सरोजिनी नायडू प्रसिद्ध वैज्ञानिक अधोरनाथ चटोपाध्याय तथा श्रीमती वरदासुंदरी की पुत्री थी। सरोजिनी को कविता लेखन के गुण अपनी माताजी से प्राप्त हुए थे क्योंकि वे भी बंगला भाषा में कविताएं लिखती थी। उच्च शिक्षा के लिये वह इंग्लैण्ड गयी। 1918 में गोखले जी तथा गांधी जी से प्रभावित होकर राजनीति में पदार्पण किया।

गोखले जी ने सरोजिनी को कहा कि – 'अपने सपने, विचार तथा जीवन सब कुछ भारत माता के नाम कर दो। सोये हुए भारत को जगाओ इस

* श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला व वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

देश से निराशा का अंधकार को दूर करके आशा का संदेश देना ही तुम्हारी (सरोजिनी) काव्य प्रतिभा का उच्चांक होगा।' - गोपालकृष्ण गोखले

अपने राजनैतिक गुरु गोखले जी का आदेश मानते हुए सरोजिनी जी ने राजनीति में पदार्पण किया। 1918 में जब महात्मा गांधी जी के संपर्क में आई तभी से वे सत्याग्रह आदि में सम्मिलित होने लगी। 1919 में मांटेग्यू चेक्स फोर्ड सुधारों में जब महिलाओं को किसी भी प्रकार के अधिकार देने की घोषणा नहीं हुई तब सरोजिनी नायडू ने 800 महिलाओं के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन शासन को सौंपा। गांधी जी ने भी सरोजिनी जी से कहा था कि मैं इस देश की महिलाओं को उनके चौके-चूल्हे से बाहर तो ले आया हूं किंतु अब उनका मार्गदर्शन कर उनको सिर्फ घर तक सीमित न रहने देने की जिम्मेदारी महिला नेत्रियों की है।

1921 में सरोजिनी जी महिलाओं को मताधिकार दिलाने में सफल हुई। उनकी योग्यता और देश सेवा से प्रभावित होकर कांग्रेस ने उन्हें अध्यक्ष चुना। वे कुषल वक्ता थी उनकी वाणी में जादू था लंदन के किंग्सले हॉल में जलिया वाला बाग कांड के विरुद्ध उन्होंने प्रभावशाली भाषण दिया।

1922 में जब गांधी जी जेल गये तब अपने विकल्प के रुप में खुद की गैरहाजिरी में उन्होंने सरोजिनी नायडू को नेतृत्व के लिये चुना कहा - कि तुम्हारे हाथों में भारत की एकता का काम पूर्ण विश्वास के साथ सौंपता हूँ।

1931 में सरोजिनी नायडू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। मधुर स्वर में कविता पाठ करने के कारण उन्हें 'भारत कोकिला' की उपाधि दी गयी। वे अमेरिका व अफ्रीका भी गयी और वहां के लोगों को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के विषय में बताया। मोहम्मद अली जिन्ना को वे हिंदू मुस्लिम एकता का राजदूत कहती थी।

1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सरोजिनी जी ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

कस्तुरबा गांधी - 'बा' के नाम से लोकप्रिय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तुरबा गांधी सच्चे अर्थों में पूर्ण समर्पित अर्धांगिनी, जीवन संगिनी थी। गांधी जी की प्रेरणा तथा मार्गदर्शन से वे भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की नेत्री बनी। यद्यपि 13 वर्ष की अल्पायु में ही गांधी जी के साथ विवाह हो जाने से उनकी प्रारंभिक शिक्षा अधूरी थी तथापि गांधी जी की प्रेरणा से गुजराती भाषा का ज्ञान कस्तुरबा गांधी ने प्राप्त किया। दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के विरुद्ध बने कानूनों का विरोध करने वाले आंदोलनों व सत्याग्रहों में तो उन्होंने भाग लिया ही भारत में भी चंपारन, बारदोली आंदोलनों में भी वे सक्रिय रही। असहयोग आंदोलन में भाग लेने के साथ ही बा ने सत्याग्रहों में भाग लेना ग्रामीण महिलाओं को स्वच्छता का पाठ पढाना, चरखा चलाना, विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार तथा शराब की दुकानों पर धरना देने जैसे कार्यक्रमों में नेतृत्व किया।

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 9 अगस्त 1942 को जब महात्मा गांधी और उनके अनुयायी गिरफ्तार हो गये तब गांधी जी की अनुपस्थिति में 9 अगस्त की शाम को शिवाजी पार्क मुंबई में बा ने भाषण देने का निश्चय किया किंतु बा को गिरफ्तार कर आगा खाँ महल में नजरबन्द कर दिया गया। गांधी जी को भी इसी महल में रखा गया था और वे निरंतर सत्याग्रह 21 दिनों से उपवास कर रहे थे। गांधी जी के उपवास से बा का हृदय व्यथित हो उठा था हृदय रोग, निमोनिया व किडनी फेल होने के कारण 22 फरवरी 1944 को शिवरात्रि के दिन बां ने अंतिम सांस ली। गांधी जी ने बा के संबंध में कहा - बा के स्नेहशील जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती वे मेरे जीवन का अविभाज्य अंग थी। वे सहनशील थी अपने कठोर नियमों से जो दुख मैंने अपनी पत्नी को दिया उसके लिये मैं कभी स्वयं को क्षमा नहीं करुंगा।

मरणोपरांत बा को अमेरिका के जार्जिया प्रांत के अटलांटा स्थित मोर हाउस कालेज ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि सन 2000 में प्रदान की।

बा भारतीय सती नारीयों सावित्री व सीता के आदर्शों पर चलने वाली नारी थी।

डॉक्टर प्रभावती - यह गुजरात प्रांत के सूरत नगर में डॉक्टर थी आप राजनैतिक मरीजों का इलाज करते हुए उनसे प्रभावित होकर प्रभावती जी स्वयं भी राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल हो गयी जुलूस तथा नारेबाजी के साथ-साथ उन्होंने उग्र आंदोलन में भी हिस्सा लिया तथा गिरफ्तार हुई यहां तक उन्होंने तोड़-फोड़ तक में भाग लिया जिसके कारण उन्हें जेल में डाल दिया गया वे बीमार पड़ गई किंतु उनके उपचार की व्यवस्था नहीं की गई, जब उनके उपचार की आशा नहीं रही तब उन्हे जेल से छोड़ दिया गया।

कनकलता बरुआ - किशोर अवस्था में ही राष्ट्रीय आंदोलन में भाग लेने वाली यह आसाम के गोहपुर ग्राम की 14 वर्षीय बालिका थी जिसने भारत छोड़ो आंदोलन में अपने गाँव में निकले जुलूस का नेतृत्व किया तथा पुलिस थाने पर झंडा फहराने का प्रयास किया किंतु ग्राम के थानेदार ने उस पर गोली चला दी और वह देशभक्त किशोरी वहीं शहीद हो गयी राष्ट्र आज उसे नमन कर कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

मातंगिनी हाजरा - बंगाल के तमलुक में रहने वाली यह एक देशभक्त थी जो 73 वर्ष की आयु में भारत छोड़ों आंदोलन के दौरान 9 अगस्त 1942 को सरकार के विरोध में निकाले गये जुलूस में शहीद हो गयी।

उषा मेहता - राष्ट्रीय आंदोलन के महत्वपूर्ण चरण भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाली उषा मेहता एक जज की पुत्री और परिवार के विरोध के बावजूद अगस्त क्रांति में भाग ले रही थी अपने साथियों के साथ आपने एक गोपनीय रेडियो स्टेशन की स्थापना की यह रेडियो स्टेशन कांग्रेसी नेताओं द्वारा संचालित होता था और उषा मेहता जी इसमें उदघोशिका थी इस रेडियो स्टेशन से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अपने विचार व्यक्त करते थे। उषा जी ने महात्मा गांधी के हरिजन समाचार पत्र में भी कार्य किया। 9 अगस्त 1942 को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में चूंकि सभी बड़े नेता गिरफ्तार हो चुके थे अत: इस महत्वपूर्ण स्थान पर तिरंगा झंडा अरूणा आसिफ अली के साथ उषा मेहता जी ने फहराया था। 11 अगस्त 2000 को 80 वर्ष की अवस्था में इनका निधन हुआ।

सुचेता कृपलानी - सुचेता कृपलानी जी का जन्म 1908 में हरियाणा प्रांत के अंबाला में एक बंगाली परिवार में हुआ था। आपने प्रारंभिक शिक्षा अंबाला में किंतु उच्च शिक्षा दिल्ली के सेंट स्टीफन कालेज तथा इन्द्रप्रस्थ कालेज से प्राप्त की थी। आप बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्राध्यापिका भी रहीं। 1936 में सुचेता जी का विवाह आचार्य कृपलानी जी के साथ हुआ। आचार्य कृपलानी भारत में समाजवादी विचारधारा के प्रमुख प्रर्वतकों में से एक थे। आचार्य कृपलानी के सानिध्य में ही आप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुडी तथा अरुणा आसफ अली तथा उषा मेहता जी के संपर्क में आयी और भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की। अरुणा जी के साथ सुचेता कृपलानी ने 'भूमिगत स्वयं सेवक दल' बनाया और भूमिगत रहकर कार्य किया। भारत छोड़ो आंदोलन के समय चूंकि सभी बड़े नेता गिरफ्तार थे अत: दूसरी पंक्ति के इन नेताओं की भूमिका महत्वपूर्ण थी। सुचेता कृपलानी ने राष्ट्रीय कांग्रेस के महिला विभाग की भी स्थापना की थी। 1944 में गिरफ्तार हुई कि एक वर्ष बाद ही 1945 में इन्हें जेल से छोड़ दिया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात

यह भी राजनीति में उ.प्र. में सक्रिय रही और 1963 में स्वतंत्र भारत की प्रथम महिला मुख्यमंत्री बनी। 1971 में राजनीति से सन्यास ले लिया तथा 1974 में सुचेता जी का देहान्त हो गया।

विजय लक्ष्मी पंडित – संयुक्त राष्ट्र महासभा की अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला डॉ. विजयलक्ष्मी पंडित मोतीलाल नेहरु की पुत्री तथा प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरु की बहन थी चूंकि इनके पिता व भाई राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय थे अत: डॉ. विजयलक्ष्मी पंडित का राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय होना स्वाभाविक ही था।

डॉ. विजयलक्ष्मी पंडित का जन्म 1900 में तथा विवाह 1921 में श्री रंजीत सीताराम पंडित के साथ हुआ था। विवाह के पश्चात भी विजय लक्ष्मी जी राष्ट्रीय आंदोलन में सक्रिय रहीं तथा 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन या अगस्त क्रांति के दौरान जब लगभग सभी बड़े नेता गिरफ्तार हो चुके थे तब विजयलक्ष्मी जी ने सक्रिय भागीदारी निभायी। 1937 में विजयलक्ष्मी जी का निर्वाचन युनाइटेड प्रॉविंसेस के विधान मंडल में हुआ था उन्हें स्थानीय स्व प्रशासन व जनस्वास्थ्य विभाग का मंत्री बनाया गया और वे 1939 तक तथा 1946-47 में इस पद पर कार्यरत रही तथा भारत छोड़ो आंदोलन का हिस्सा बनी।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात 1954 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली अध्यक्ष बनने वाली वे भारत ही नहीं विश्व की प्रथम महिला थी। 1962 से 1964 तक वे महाराष्ट्र की राज्यपाल रही। द इवॉल्यूशन ऑफ इंडिया तथा द स्कोप ऑफ हेप्पीनेस आय-पर्सनल मेमॉयर उनके द्वारा लिखी गई प्रमुख पुस्तकें है। वे इंग्लैण्ड, अमेरिका तथा सोवियत संघ में भारत की राजदूत भी रही।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कॉग्रेस का इतिहास, पट्टाभि सीतारमैया
2. आधुनिक भारत - सुमित सरकार
3. आजादी के बाद भारत - विपिन चन्द्र, मृदुला मुखर्जी, आदित्य मुखर्जी
4. इंडिया टूडे- रजनीपाम दत्त
5. आधुनिक भारत का इतिहास - यशपाल व ग्रोवर
6. भारत की चर्चित महिलाएँ - सुधा गोस्वामी
7. विकिपीडिया।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

अजयमेरू का जल स्थापत्य

डॉ. बनवारी लाल यादव *

प्रस्तावना – भारतीय साहित्य में चौंसठ कलाओं का उल्लेख मिलता है। कामशास्त्र में इनका उल्लेख किया गया है। शुक्रनीति में भी इन चौंसठ कलाओं का उल्लेख है। प्रबन्ध कोश में 72 कलाओं का उल्लेख है जबकि बौद्ध धर्म ग्रन्थ ललित विस्तार में 85 कलाओं के नाम गिनाये गये हैं, परन्तु आधुनिक काल में कलाओं का वर्गीकरण दो आधार बिन्दुओं पर किया जाता है–
1. उपयोगी कला व 2. ललित कला। उपयोगी कला मानव समाज के लिए उपयोगी होती है जबकि ललित कला केवल सौन्दर्य प्रधान होती है। प्रथम श्रेणी में हम कृषि, वस्त्र बुनने व भोजन कला आदि को ले सकते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि इस श्रेणी में वे सब कलाएं सम्मिलित हैं जो मानव जीवन की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं। द्वितीय श्रेणी के अन्तर्गत आने वाली कलाओं से सौन्दर्य की अनुभूति तथा आनन्द की प्राप्ति होती है। ललित कलाओं का उल्लेख प्राचीन भारतीय साहित्य में कहीं भी उपलब्ध नहीं है, अत: द्वितीय श्रेणी की कला का नामकरण पाश्चात्य सम्पर्क की देन है। पाश्चात्य विद्धानों ने ललित कलाओं के अन्तर्गत पांच कलायें मानी हैं और वे क्रमश: ये हैं–स्थापत्य, मूर्ति, चित्र, संगीत तथा काव्य कला।[1]

राजस्थान में जल नामक प्राकृतिक तत्व को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है तथा इसे संरक्षित करने के लिए अलग अलग काल में विशेष प्रकार की जल संरक्षण सम्बन्धित परम्परा का विकास हुआ। छोटी खाटू के पास स्थित एक पहाड़ी पर पृथ्वीराज चौहान द्धारा निर्मित एक प्राचीन दुर्ग स्थित है जिसमें सरोवर तथा कुंआ आदि आज भी दर्शनीय है।[2]

आना सागर झील भारत के सुन्दरतम स्थानों में से एक है। अजमेर नगर की समृद्धि और विस्तार का जितना श्रेय तारागढ़ दुर्ग को जाता है उससे कहीं अधिक इस झील को जाता है। इस झील के सौन्दर्य पर मुग्ध होकर ही मुगलों ने अजमेर को इतना महत्त्व दिया। अंग्रेज तो इस झील के दीवाने ही थे। इस झील का निर्माण, अन्तिम हिन्दू नरेश पृथ्वीराज चौहान (तृतीय) के दादा अर्णोराज ने करवाया था। अर्णोराज, 'चौहान आनाजी' के नाम से भी जाना जाता है। ई. 1133 में वह महाराजाधिराज परमेश्वर अर्णोराजदेव के नाम से अजमेर की गद्दी पर बैठा। उसके शासनकाल में तूरूष्कों (तुर्को) ने अजमेर तथा पुष्कर पर बड़ा भारी आक्रमण किया। वह बार–बार के मुस्लिम आक्रमणों से तंग आ चुका था अत उसने अपनी पूरी ताकत एकत्र करके तारागढ़ से कुछ किलो मीटर दूर के विशाल मैदान में तुर्को का भयानक नरसंहार किया। तुर्को की विशाल सेना का इतना खून बहा कि पूरा मैदान रक्त से लथपथ हो गया। मांस के लोथड़ों से वहां सड़ांध फैल गई। इस दृश्य को देखकर अर्णोराज का दिल दहल गया। उसने पुष्कर की पहाडियों से निकलने वाली चन्द्रा नदी के जल से इस मैदान को साफ करने की योजना बनाई और एक नहर बनाकर चन्द्रा नदी का पानी इस तरफ मोड़ा। कुछ इतिहासकार नदी को लूनी तथा कुछ बान्डी नदी के रूप में चिह्नित करते हैं जो अजमेर के पास की नाग पहाड़ियों से निकलती हैं। जब यह मैदान साफ हो गया तब अर्णोराज ने इस मैदान के चारों तरफ विशाल पक्की दीवार का निर्माण करवाया। इस कार्य में उसने जनता की मदद ली। जब यह झील बनकर तैयार हो गई तब उसने पुष्कर की पहाड़ियों से निकलने वाले निर्मल जल से भर दिया। इस झील से अजमेर के लोगों तथा पशुओं के लिए पीने का जल उपलब्ध हो गया। इतना ही नहीं अब एक विशाल सेना को इस क्षेत्र में लम्बे समय तक बनाये रखना संभव हो गया। इस झील के कारण अजमेर नगर का विकास तेजी से हुआ।[3]

राजस्थान का अजमेर मेरवाड़ा क्षेत्र मुख्यत: पहाडी इलाका है, सिचाई के लिए वर्षा के अतिरिक्त अन्य साधनों का भारी अभाव था। सारा क्षेत्र विरान रेगिस्तान में परिवर्तित हो गया था। लेकिन अग्रेंज अधिकारी कर्नल डिक्षन की उदारता, तत्परता, कार्यकुशलता, लगन व जन सामान्य के हितैषी होने के कारण इस समस्या का गहराई से निदान सम्भव हुआ।[4]

राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली व राजस्थान राज्य अभिलेखागार बीकानेर की अंग्रेजी राज्य में प्रयोग में ली गई सरकारी रिर्पोटो में ब्रिटिश सरकार द्धारा करवाये गये सरकारी निर्माणों का वर्णन किया गया है। इन आर्काइव्स रिपोर्ट के आधार पर जलाशयों के निर्माण की जानकारी निम्नानुसार प्राप्त की। इसमें कुछ जलाशय एवं बावड़िया हैं जो कि चूने, पत्थर तथा सीमेन्ट द्धारा निर्मित हैं। इनकी लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई आदि प्राप्त है। कुछ जलाशयों में पानी का माप भी प्राप्त है। उस जलाशय की गहराई के हिसाब से कितनी मात्रा में पानी एकत्रित किया जा सकता है, इसका विस्तृत विवरण आर्काइव्स रिपोर्टो में प्राप्त है। कुछ स्थानों पर सरकार द्धारा जो व्यय हुआ उसका हिसाब भी प्राप्त होता है।

सन् 1839 में प्रस्तावित देवतन जलाशय जो ब्यावर परगने के देवतन गांव की पहाडी नाले पर बनाया गया, सन् 1840 में स्वीकृति प्रदान की गई। इसकी पानी की तरफ वाली दीवार को पूर्णत: चूने से बनाया गया। इसका मेटेरियल आकलन अभिलेखागार रिपोर्ट के अनुसार पक्का मेसनरी पत्थर व पत्थरमय चूना सीमेन्ट कुल लम्बाई 1388 फीट जलाशय दीवार भूमि आधार 7 से 4 फीट जलाशय उपरी आधार 3 से 2 फीट जलाशय विस्तार 20 से 2 फीट।5 चादर पक्की मेसनरी लम्बाई 102 फीट विस्तार 6 फीट ऊंचाई 13 फीट। कला पक्का मेसनरी पत्थर मय कला सीमेन्ट लम्बाई 775 फीट आधार विस्तार 4 से 3 फीट ऊपरी सतह 3 से 2 फीट ऊंचाई विस्तार 10 से 8 फीट। रियर रिटेनिंग दीवार सूखी मेसनरी 170 फीट लम्बाई 3 फीट चौड़ी 6 फीट ऊंचाई। भूमिगत मुख्य बीम लम्बाई 132 फीट निचला आधार विस्तार 60 से 30 फीट ऊपरी सतह विस्तार 15 से 9 फीट ऊंचाई

* राज. उ. मा. वि., कराडी, जि. पाली (राजस्थान) भारत

विस्तार 10 से 6 फीट। भूमिगत अछतभाग निर्माण 300 फीट लम्बा, 6 फीट चौड़ा, 6 फीट ऊंचा आकलित खर्च पक्का मेसनरी पत्थर पत्थरमय चूना सीमेंट। 50-120 क्यूबिक फीट 4 रूपये आठ आना। 100 क्यूबिक दर 22 रुपये 6 आना। कला पक्का मेसनरी, पत्थर मय कला सीमेन्ट 17.500 क्यूबिक, 2 रूपये आठ आना 2.50 पैसा। 100 क्यूबिक फीट दर 550 रुपये 2 आना ड्राप मेसनरी – पत्थर (बिना सीमेंट के) 3060 क्यूबिक फीट 1 रूपया 12 आना 4 पैसा प्रति 100, कीमत 5/रुपये भूमिगत बीम 2.95, 2.6 क्यूबिक फीट 4 आना 65 पैसे पर (746 रूपये 2 आना 6 पैसे) कुल लागत 3596 रुपये 100 आना।[6]

सूरजपुरा जलाशय का निर्माण सन् 1839-40 में ब्यावर परगने की चोवरा निमड़ी ढाणी की छोटी पहाड़ियों के बीच किया गया। यह सूरजपुरा जलाशय के निकट ही स्थित था। जलाशय में जल दबाव सहन करने हेतु भूमिगत भाटा बनाया गया। जलाशय की दीवार 100 फीट लम्बी 18 फीट चौड़ी व 15 फीट ऊंची बनायी गयी।

आकलित मेटेरियल : पक्का मेसन्री पत्थर चूना पिलर सीमेन्ट लम्बाई – 160 फीट, निचली आधार 4 फीट, ऊपरी आधार 3 फीट ऊंचाई – 150 से 8 फीट। ड्राय मेसन्री – पलर (सीमेन्ट विहीन) – लम्बाई 160 फीट निचला आधार 14 फीट, ऊंचाई – 15 से 8 फीट, ऊपरी आधार – 5 फीट। भूमिगत भाग निर्माण : लम्बाई 110 फीट निचला आधार 12 फीट, ऊपरी सतह – 8 फीट ऊंचाई – 7 फीट। आकलित खर्च- पक्का मेसन्री – पत्थर व लाइमस्टोन सीमेन्ट 6.525 क्यूबिक फीट – 3 रूपये 8 आना 5 पैसे प्रति 100 क्यूबिक फीट – 230 रूपये 5 आना।[7] ड्राय मेसन्री – पत्थर (सीमेन्ट विहीन)। 15.275 क्यूबिक फीट 1 रूपये 9 आना 2 पैसे प्रति 100 क्यूबिक फीट) 240 रूपये 6 आना 9 पैसे।

भूमिगत आधार बीम- 8104 क्यूबिक फीट 2 आना/क्यू. फीट) 10 रुपये 2 आना जलाशय की कुल लागत – 480 रूपये 12 आना 9 पैसे। जलाशय का कुल खर्च 8356/-रूपये।

अंग्रेजी सरकार से पूर्व ए.जी.जी. स्पीयर्स द्वारा सन् 1833 में 100 रूपये प्रतिमाह किराये पर जो प्रांतीय सरकार द्वारा वहन किया जाना था, निजी रेजीडेंसी की स्थापना की। इस अस्थायी आवास पर एस्कार्ट करने के हेतु गार्डरूम, बंगला, बरंडा, गार्डन मरम्मत कार्य हेतु (1640 रूपये 15 आना 3 पैसे), बंगला पास परिसर (264 रूपये 9 आना 4 पैसे) में नया कुँआ हेतु 323 रूपया 7 आना व छोटे बाथरूम निर्माण हेतु 18 रूपये, 7 आने 3 पैसे खर्च किए गए। इस प्रकार कुल 1250 रूपये 6 आना, दस पैसे खर्च हुए।[8]

ए.जी.जी. व कमिश्नर हेतु स्थायी इमारत निर्माण हेतु ब्रिटिश सरकार द्वारा 1400 रूपये में दौलतबाग के पास मिस्टर फैगन से भवन खरीदा गया।

दौलत बाग के ऊपरी किनारे के बांध वाले हिस्से पर एजुकेटिव इंजीनियर लेफ्टिनेनट रिले द्वारा ए.जी.जी हाउस प्लान व 1930 रूपये 5 आना व 3 पैसा का खर्च आकलन तैयार किया गया।[9]

सन् 1842 में ब्रिटिश सरकार द्वारा किसान दशा सुधारने हेतु सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया गया। पुराने तालाबों के सुधार व निर्माण को गति प्रदान की गयी। 4 नए तालाब जिनमें राजगढ़ के कल, रामसर के परगना के बामोल जोहरवाड़ा व अजमेर परगना के नोटेरी हेतु क्रमश: 2010 रूपये, 5915 रूपये, 3850 व 4727 रुपये की सिंचाई परियोजना मंजूर की गयी। कुल 16502 रुपये इन जलाशयों हेतु स्वीकृत हुए। सन् 1842 में ही 3 पुराने तालाबों की मरम्मत हुए 3609 रूपये स्वीकृत किए गए। इनमें रामसर परगना के भगवानपुरा, राजगढ़ के रगेल व बोलायादास हेतु क्रमश: 479 रूपये, व 1855 रुपये स्वीकृत किए गए। 4 नये तालाबों व 3 पुराने तालाबों की मरम्मत कार्य हेतु ब्रिटिश सरकार द्वारा कुल 20111 रूपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी।[10]

डिप्टी कमिश्नर अजमेर प्रान्त के सत्यापित रिपोर्ट के अनुसार सन् 1873 में अमरगढ़ गाव के मांगलियावास किला जसवतसिंह इस्तमररदार के कब्जे में था। यह किला एक ऊँची पहाड़ी पर स्थित था। इस पर कब्जा करना इतना आसान नहीं था। यह पत्थर का बिना किला भी तथा यह आज भी अच्छी दशा में है।[11]

सन् 1842 अजमेर में जनसुविधा विस्तार हेतु टोंक नवाब अब्दुल करीम खान से एक भूमि टुकडा ब्रिटिश सरकार द्वारा स्थान्तरित किया गया।[12] नये कृषि सुधार लाने से पूर्व विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों की इस संबंध में राय जानी गयी। मिस्टर सुंदर के अनुसार नया कुँआ निर्माण करने पर 20 वर्ष तक उस पर कोई सिंचाई कर नहीं लिया जाना चाहिए। केप्टन रेप्सन् ने इस हेतु 12 वर्ष ही पर्याप्त माने थे। कर्नल ब्रुक के अनुसार एक पूर्ण सेटलेमन्ट समय तक सरकारी आदेश के द्वारा सिंचाई कर से मुक्त किया जाना चाहिए अन्त में गवर्नर जनरल द्वारा इसे ही स्वीकृति प्रदान की गयी।[13]

एक पुरानी प्रशासनिक परंपरा के अनुसार जिस व्यक्ति के पास जलाशय आगोर में हुआ हो उसे जलाशय पानी के उपयोग पर रोक लगा दी जाती थी, इसी बात का ब्रिटिश अधिकारियों ने पालना की। कुँआ सिंचित भूमि से भूराजस्व दूर भी उत्पादन का 116 रखी गयी जो काफी उदार भी। इस प्रकार के प्रयासों द्वारा ब्रिटिश सरकार द्वारा कुंआ खुदवाने व निर्माण को प्रोत्साहन दिया गया।

सेटलमेन्ट आफिसर लाटूस ने सन् 1872 में किसानों के कुँए खुदवाने हेतु तकाबी ऋण दिया जाने की अनुशंसा की।[14]

मेरवाड़ा प्रदेश के ब्यावर कस्बे से 6 मील दूर स्थित जालिया गांव में जलाशय बनाने हेतु यह प्लान तैयार किया गया। मेरवाड़ा प्रदेश पिछले 45 वर्षो से सूखा व अकाल से पीड़ित रहा जिसका यहां की अबादी पर दुष्प्रभाव पड़ा। यहाँ सूखा की मुख्य वजह पेड़ों के कम होने से हवा में नमी नहीं रहना है। इस हेतु प्रदेश में वन संरक्षण व नये वनों की स्थापना की जानी चाहिए। हाँलांकि संरक्षण वन स्थापना हेतु ब्रिटिश सरकार द्वारा सन् 1869 में डिप्टी वन संरक्षण अधिकारी सुंदर की नियुक्ति की गयी।[15]

मेरवाड़ा प्रदेश की टाडगढ व दिवेर जलाशयों के बीज इस जलाशय की विशेष आवश्यकता महसूस की गयी। यह जलाशय 600 एकड़ खरीफ फसल व 3250 एकड़ दोहरी फसल हेतु तैयार किया गया।[16]

चीफ कमिश्नर को पत्र जालिया टैंक की कुल सिंचाई क्षमता 454000000 क्यूबीक फीट ओपन की गयी जिसमें कृषि सिंचाई हेतु 400,000,000 क्यूबिक फीट जल उपलब्ध हो सकता है जल वितरण।

600 एकड खरीफ फसल 4500 क्यूबिक फीट प्रतिएकड- 27000,000 2800 एकड़ खरीफ व रबी फसल 135, 030 – 378,000,000 कुल 405000000 क्यूबिक फीट।[17]

उपरोक्त पत्र में आयोधिया प्रसाद, सावर तहसीलदार द्वारा सन् 1871 में खरीफ व ठरबी फसलों हेतु पानी उपलब्धता व जलाशय के आयोग क्षेत्र में कब्जे व पक्के कुओं की गांवों के हिसाब से संख्या दर्ज की गयी थी। इसके अलावा तहसीलदार द्वारा जालिया टेंक के हाई व लोनेवल नहरों द्वारा सिंचाई क्षमता दर्शायी गयी थी।[18]

ब्रिटिश सरकार द्धारा सन् 1864 में वास्तविक जमदर ज्ञात करने, वास्तविक मृत्युदर जाबेन, विवाहों की संख्या व विवाह पंजीकरण को बढ़ावा देने हेतु, जन्म मृत्यु व विवाह नियमावली निर्धारित की गयी। ऐसा करने से ब्रिटिश सरकार को बढ़ती जनसंख्या के अनुसार पेयजल अन्न उत्पादन बढ़ाने व स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सहुलियत रहती थी।[19]

सितम्बर 1871 में ब्रिटिश सरकार द्धारा 22 नये निर्माणकार्यों को स्वीकृती प्रदान की गई जो सिंचाई से संबन्धित थे पिछले दश वर्षो में जो तालाब निर्माण वित्तीय स्वीकृतिया दी गई वो इस प्रकार थे।[20]

आंकड़ों से ज्ञात होता है कि अजमेर मेरवाड़ा, मेवाड़ व मारवाड क्षेत्रों से पिछले दस वर्षो के दौरान सर्वाधिक धनराशि अजमेर मेरवाड़ा सरकार द्धारा सिंचाई निर्माण कार्यो हेतु जारी की गई। यह राशि 203185.6.11 3/4 रूपया, आना पैसा थी। इतनी वित्तीय राशि खर्च बाद प्रथम वाई राजस्व प्राप्ति 327820 9 1/4 आना रही इसमें प्रारभिंक रूप में प्राप्त लाभांश 324635 रूपये 9 1/2 पैसा रहा।[21]

इस प्रकार हम देखते है कि यहां के चौहान शासकों ने अजमेर की उबड खाबड पहाडियों के बीच तटबंध बनाकर जलाषयों का निर्माण किया इसी विधा को अपनाकर अंग्रेजो ने यहां की विकट परिस्थितियों को सुलझाने का प्रयास किया, जो आज हेरिटेज की श्रेणी में आता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गुप्ता आर. के., मध्यकालीन समाज, धर्म, कला एव वास्तुकला पोइन्टर पब्लिषर्स, जयपुर, 2004, पृ. 279
2. क्षीरसागर डी.बी., नागौर का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक वैभव, महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाष, जयपुर, 2000, पृ. 27
3. क्षीरसागर डी.बी., पूर्वोक्त, पृ. 27
4. राजस्थान डिस्ट्रीक्ट गजेटियर, अजमेर, पृ. 708
5. क्षीरसागर डी.बी., पूर्वोक्त, पृ. 151-154
6. फॉरेन डिपार्ट. 21 जून 1843, क्रम सं. 75, राष्ट्रीय अभिलेखागार नई दिल्ली, (एन.ए. आई) नई दिल्ली
7. फॉरेन डिपार्ट. पालिटिकल 27 फरवरी 1834, क्रम स. 2, (रा.अभि.) नई दिल्ली
8. फॉरेन डिपार्ट. पालिटिकल 19 अप्रेल 1835, क्रम सं. 15, (रा.अभि.) नई दिल्ली सन् 1835
9. फॉरेन डिपार्ट. पालिटिकल क्र. स. 342 की रिपोर्ट, (रा.अभि.) नई दिल्ली
10 फॉरेन डिपार्ट. क्रम सं. 15, मार्च 1841 ए.जी.जी. सदरलैण्ड का भारत सरकार सचिव मेडार्क अरग्यून को पत्र, रा.अभि., नई दिल्ली, मेजर डिक्सन् की 1841 की रिपोर्ट,
11. फाईल न. 3 (1) 62, सन् 1870, रा.रा.अ., बीकानेर
12. फाईल न. 2 (3) 34, सन् 1869, रा.रा.अ. बीकानेर
13. फारेन डिपार्ट., अक्टूबर 1872, क्रम स. 3/15, रा.अभि., नई दिल्ली
14. पत्र क्रमांक 106, दिनांक 24 अप्रेल 1872, सेटलमेन्ट, आफिसर अजमेर लाटूस का कमिश्नर रा.अभि., नई दिल्ली
15. पत्र क्रमांक 2421, अजमेर, 1872, रेप्सन् डिप्टी कमिश्नर अजमेर का कमिश्नर को पत्र, रा.अभि. नई दिल्ली
16. फॉरेन डिपार्ट, अक्टूबर 1872, क्रम सं. 3/15, रा.अभि., नई दिल्ली
17. पत्र क्रमांक 977 अजमेर, 27 जून 1971, रा. अभि., नई दिल्ली
18. पत्र क्रंमाक 350, 2 दिसम्बर 1871, सहायक कमिश्नर अजमेर मेरवाड़ा डिप्टी कमिश्नर को पत्र, रा.अभि., नई दिल्ली
19. फाईल स. टी 43, वोल्यूम आई 1864, रा.रा.अ., बीकानेर
20. 7 जून, 1871, क्रम स. 277, पोलिटिकल, रा.अभि., नई दिल्ली
21 फॉरेन डिपार्ट, 13 मार्च 1874, क्रम स. 34, रा.अभि., नई दिल्ली

****

Study on adsorption of Methylene blue by Activated Carbon derived from Ipomoea Carnea

Dr. Geeta Paryani * Shikha Shrivas **

Abstract - Activated carbon has been prepared from stem of Ipomoea Carnea by acid treatment Surface structure investigation is carried out by scanning electron microscopy (SEM). Ipomoea Carnea stem waste has been evaluated as raw material for the preparation of activated carbon using HCL with the temperature ranging from 500^0C to 800^0C. The activated carbon prepared was characterized, by iodine value, moisture contain, ash content, pore volume and porosity. The BET surface areas between 864.653 m^2/g and 1159.06 m^2/g and micropores and mesopores with volumes between 0.004 and 0.358041 cc/g. Characterization studies such as SEM, BET, bulk density, moisture content, ash content, fixed carbon content, and surface area have been carried out to assess the suitability of derived carbons as adsorbents in the water and wastewater. The effects of fac-tors such as contact time, adsorbent dose, pH and initial concentration were investigated. The kinetics and equi-librium data were confronted to several models. A study on adsorption of Methylene blue by activated carbon derived from Ipomoea Carnea was done.
Key words - Activated Carbon, Ipomoea Carnea, Carbonization, Activation, Methylene Blue.

Introduction - Solid waste disposal has become a major problem in India, either it has to be disposed safely or used for the recovery of valuable materials as agricultural wastes like turmeric waste, ferronia shell waste, jatropha curcus seed shell waste, delonix shell waste and Ipomea Carnia stem. Therefore these wastes have been explored for the preparation of activated carbon by various techniques. In order to serious water pollution, we must understand the problems and become part of the solution [1].

Activated carbon has since then been used in many industries. In particular, it has been commonly used for the removal of heavy metal and organic dyes from textile waste water. Many agricultural by products and waste materials used for the preparation of activated carbons. The plant Ipomoea Carnea belongs to family Convolvulaceae. Ipomoea Carnea, is a species of morning glory. Activated carbon is widely used for the purpose due to the large surface area available for adsorption or chemical reactions.[2] Dyes are used in chemical, textile, paper, printing, leather, plastics and various food industries. Waste water passed out from the industry. So in this work Activated carbon used as an adsorbent for Methylene Blue dye.

Material And Method

Collection of sample - The Ipomoea Carnea (morning glory), a low-cost and abundantly available plant, was used for removal of heavy metal from aqueous solutions. Ipomoea Carnea stems were collected in and around Neel bad Bhopal M.P., India. The Ipomoea Carnea (morning glory) was certified by Dr. Jiya ul hussan assistant professor department of botney, Safiya College Bhopal M.P. The stem of Ipomoea Carnea was dried at room temperature for a few days and then oven dried at 110^0C over night.

Activation with HCL - *Ipomoea Carnea* stem waste material was treated with HCL for a period of 24 hours. Then the material was placed in the muffle furnace and carbonized at 400-800^0C, for a period of 60 minutes. After activation, the carbon obtained was washed sufficiently with plenty of water, dried and sieved then to desired particle size. [3]

Characterization

Moisture Content Determination - A 1.0 g of the activated carbon sample was weighted and dried in an oven for four hours at 150^oC, until the weight of the sample became constant. [4]

$$Xo = \frac{W_1 - W_2}{W_1}$$

Where:

Xo = Moisture content on wet basis

W_1 = Initial weight of sample, in gm

W_2 = Final weight of sample after drying in gm

Particle Size - For the particle size determination, lots of samples were weighed and placed on top of a set of sieves ranging from 75 to 1.4 × 103 µm. The sieves were shaken manually for two minutes, after which the weight percent of the active carbon retained on the sieves and bottom pan was determined. [5]

pH - 1 gm of the sample was weighed and dissolved in 3

*Department Of Chemistry, Govt. Motilal Vigyan Mahavidhlaya, Bhopal (M.P.) INDIA
** Department Of Chemistry, Govt. Motilal Vigyan Mahavidhlaya, Bhopal (M.P.) INDIA

ml of de-ionized water. The mixture was heated and stirred for 3 minutes to ensure proper dilution of the sample. The solution was filtered out and its pH was determined using a digital pH meter. [6]

Iodine Adsorption Number (IAN) - 1 g sample and 25 ml of standard iodine solution (0.023 M) added. 20 ml of this filtrate solution was titrated with the standard (0.1095 M) thiosulphate solution to the persistent of a pale yellow colour. 5 ml of starch indicator was added and titration resumed slowly until a colorless solution appeared, the procedure was carried out two more times. The titrations were also repeated with 20 ml portions of the standard iodine solution not treated with the sample to serve as the blank titration[6]. The iodine number(IAN) was calculated from the relationship.

IAN = $\frac{12.69\ N\ (V_2 - V_1)}{W}$ mole iodine/g sample

Where:

N is the normality of thiosulphate solution

V_1 is the volume of the thiosulphate (ml) used for the titration of the sample –treated aliquot.

V_2 is the volume of the thiosulphate (ml) used for the blank titration,

W is the mass of the sample used (gm).

Ash content - 2.0 grams of sample was placed into a crucible and reweighed with its content heated in a furnace at 900^{0}C for 3 hours. The sample was cooled to room temperature and reweighed. Ash content was calculated between the differences in weight.

Volatile matter content - A 2 gm of sample was taken in cylindrical crucible closed with a lid. It was then heated to 925Úc for exactly 7minutes in a muffle furnace. Then the crucible was cooled in desiccators and weighted volatile matter on dry basis.

VM = $\frac{100[100(B-F)-M(B-G)]}{[(B-G)(100-M)]}$

B=Mass of crucible, lid and sample before heating

F=Mass of crucible, lid and contents after heating

G=Mass of empty crucible & lid

M=% of moistures determined above

Fixed carbon content - Fixed carbon FC = 100 – (% moisture content+ % volatile matter + % ash content)

BET Test (Brunauer, Emmett and Teller) - The results of BET surface area, macropore, mesopore and micropore volumes of the produced activated carbon. The surface areas were higher for HCL activated carbons and this is expected because chemical activation normally develops more porosity and it gives high surface area. [7]

1. प्रशासन एवं नगर-निगम द्वारा स्वच्छ भारत अभियान हेतु किये गये विकास कार्य प्रभावशाली एवं सार्थक रहे है।
2. नगर-निगम द्वारा सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों को दिये गये संसाधनों का योगदान प्रभावशाली एवं सार्थक रहे है।
3. स्वच्छ भारत अभियान में समाचार पत्रों की भूमिका प्रभावशाली एवं सार्थक रही है।
4. स्वच्छ भारत अभियान में सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों का योगदान प्रभावशाली एवं सार्थक रहा है।
5. स्वच्छ भारत अभियान में नागरिकों का योगदान प्रभावशाली एवं सार्थक रहा है।

स्वच्छ भारत अभियान में इन्दौर म.प्र. में किये गये प्रयासों का मूल्यांकन – 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ। आजादी के बाद भारत में अनेक समस्याएँ थी जैसे बेरोजगारी, गरीबी, जनसंख्या वृध्दि, गंदगी एवं महामारी, चोरी तथा आतंकवाद,इन समस्याओं में गंदगी एवं महामारी, एक जटिल समस्या थी।

आजादी के बाद अनेक प्रधानमंत्रियों ने अनेक योजनाएँ बनायी लेकिन गंदगी एवं महामारियों के निवारण हेतु परम आदरणीय मोदीजी ने 2 अक्टुम्बर गाँधीजी जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान प्रारंभ किया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराजजी चौहान ने दिन-रात मेहनत कर उचित योजना बनायी एवं पूरे मध्यप्रदेश को स्वच्छ रखने हेतु सफाई अभियान

* प्राध्यापक, श्री जैन दिवाकर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

छेड़ा तथा म.प्र के सभी जिलाधिशों, निगम आयुक्तों, महापौरों के माध्यम से अल्प समय में जगह- जगह शौचालयों का निमार्ण कर खुलें में शौच करने पर रोक लगा दी गई।

स्वच्छ भारत अभियान में 1. प्रशासन एवं नगर-निगम 2. नगर-निगम द्वारा सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों को दिये गये संसाधनों 3. समाचार पत्रों 4. सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों 5. नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

1. प्रशासन एवं नगर-निगम द्वारा स्वच्छ भारत अभियान हेतु किये गये विकास कार्य – मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजजी चौहान ने पूरे मध्यप्रदेश में आवष्यकतानुसार जगह-जगह शौचालयों का निमार्ण करवाकर खुलें में शौच करने पर पाबंदी लगा दी इस अभियान में प्रशासन एवं नगर-निगम की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। घर-घर से कचरा एकत्रित कर कचरे से खाद एवं बिजली का उत्पादन कर षहरों को स्वच्छ बना दिया तथा जगह- जगह रखी कचरे की पेटियों को हटवा दी। 14 मई 2017 को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के सर्वाधिक स्वच्छ 100 शहरों में मध्यप्रदेश के 22 शहर सम्मानित हुए। निगम आयुक्त, महापौर की उचित योजना एवं मेहनत रंग लाई और **स्वच्छता सर्वेक्षण में इन्दौर पूरे भारत में प्रथम स्थान पर**, भोपाल द्वितीय स्थान पर रहा है इस प्रकार भारत देश की समस्त राजधानियों में से भोपाल को स्वच्छतम राजधानी का गौरव हासिल हुआ। मध्यप्रदेश के शेष 20 स्वच्छ शहर उज्जैन, खरगोन, जबलपुर, सागर, कटनी, ग्वालियर, ओंकारेश्वर, रीवा, रतलाम, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, सीहोर, देवास, होशंगावाद, पिथमपुर, खण्डवा, मंदसौर, सतना, बैतूल एवं छतरपुर स्वच्छता के लिए सम्मानित हुए। इस प्रकार भारत स्वच्छ भारत अभियान में म.प्र. का सर्वश्रेष्ठ योगदान रहा।

2. स्वच्छ भारत अभियान में नगर-निगम द्वारा सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों को दिये गये संसाधनों का योगदान – निगम आयुक्त, महापौरजी की उचित योजना एवं मेहनत सफल रही। उन्होनें सफाई मित्रों को घर-घर से कचरा एकत्रित करने हेतु वाहन एवं बकेट उपलब्ध जिससे सड़के (कचरा मुक्त) हो गई अब खाली प्लाट भी स्वच्छ हो गये है जिससे मक्खी एवं मच्छरों की संख्या कम हो गयी है एवं अनेक महामारियों पर रोक लग गई है। नगर-निगम ने जागीरदार प्रथा पर रोक लगाा दी, अतिकम्रण पर रोक लगा दी है। यहाँ तक की पशु पालकों के आवारा पशुओं को पकड़कर शहर से बाहर किया तथा पशुओं के बाड़ों को तोड़ दिया जिससे शहर एकदम गंदगी एवं कचरा मुक्त हो गये है। पशु पालकों की गुंड़ागर्दी से निपटने हेतु प्रशासन ने नगर-निगम की मदद की है। इस प्रकार सीमित संसाधन होते हुए भी नगर-निगम ने इन्दौर को स्वच्छता में पूरे भारत में प्रथम स्थान दिलवाया है।

3. स्वच्छ भारत अभियान में समाचार पत्रों की भूमिका – स्वच्छ भारत अभियान में समाचार पत्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समाचार पत्रों ने नागरिकों, दुकानदारों, व्यापारियों, ठेलेवालों, सब्जीवालों एवं चाटवालों को स्वच्छ भारत अभियान के महत्व एवं उनके कर्तव्य के प्रति जागरूक किया। गंदगी फैलाने वालों एवं खुले में शौच करने वालों को दण्ड़ित करने का भय दिखाकर उन्हें अच्छे नागरिक कर्तव्यों का बोध कराया। 7 मई 2017 को पत्रिका पेपर में 'सफाई में शहर पिछडे तो योगी ने उठाई झाडू' प्रकाशित कर लखनऊ प्रशासन एवं नगर-निगम को स्वच्छ भारत अभियान हेतु जागरूक किया। 7 मई 2017 को पत्रिका पेपर ने 'अमृत बचाने के लिए किया श्रमदान' तहत सिरपुर तालाब एवं अन्य पेयजल के महत्व को समझाया। इस दिन महापौर, कलेक्टर एवं पार्षद के साथ नगर सुरक्षा समिति सदस्यों ने श्रमदान कर सिरपुर तालाब की सफाई की। तथा 9 मई 2017 को नगर-निगम ने सिरपुर तालाब के आस-पास अवैध अतिक्रमण हटाकर 1 पोकलेन एवं 2 जेसीबी एवं 8 डंपरों की मदद से 80 डंपर मिट्टी निकालकर इसे गहरा किया तथा मिट्टी बगीचें में पँहुचायी। 9 मई 2017 को पत्रिका पेपर ने 'विधायक पटवारी के शादी समारोह में शहर को गंदगी का तोहफा' प्रकाशित कर आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस प्रकार गंदगी फैलाने वाले को नगर-निगम दण्ड़ित कर नागरिकों को स्वच्छ भारत अभियान के महत्व को स्मरण दिला रहा है।

4. स्वच्छ भारत अभियान में सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों का योगदान – स्वच्छ भारत अभियान में सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं लगन के कारण आज इन्दौर जो पहले कचरों एवं गंदगी में नम्बर 1 था आज पूरे भारत में स्वच्छ शहरों में प्रथम स्थान पर है। इन सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों ने ईमानदारी से कार्य किया एवं घर-घर से सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग स्थानों पर वाहन में भरकर पूरे शहर को स्वच्छ एवं गंदगी मुक्त किया।

5. स्वच्छ भारत अभियान में नागरिकों का योगदान – स्वच्छ भारत अभियान में नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान है क्योंकि नागरिकों ने ईमानदारी से घर एवं आस पास का कचरा एकत्रित कर उसे कचरा वाहन में ही ड़ाला तथा मोहल्ले में किसी भी असामाजिक व्यक्ति को गंदगी नहीं करने दी सभी ने गंदगी एवं कचरा फैलाने वाले का विरोध किया। इस स्वच्छ भारत अभियान में प्रत्येक नागरिक ने सफाई मित्रों एवं कर्मचारियों की तन-मन एवं धन से मदद कर स्वच्छता सर्वेक्षण 2017 में इन्दौर को भारत का सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहर में प्रथम स्थान दिलाया।

सुझाव – 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ। आजादी के बाद अनेक प्रधानमंत्रियों ने अपने कार्यकाल में अनेक योजनाएँ बनायी किन्तु इन योजनाओं में परमआदरनीय 'मोदीजी' के स्वच्छ भारत अभियान योजना सर्वश्रेष्ठ है। मोदीजी भारत को विश्व में सबसे अधिक शक्तिशाली एवं सम्पन्न बनाना चाहते है। वे जानते है कि सबसे अधिक शक्तिशाली एवं सम्पन्न बनने के लिए भारत के नागरिकों का स्वस्थ रहना जरूरी है एवं स्वस्थ रहने के लिए भारत को स्वच्छ होना जरूरी है। अतः स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने हेतु निम्नलिखित सुझाव है

1. शहरों को आवारा पशुओं से मुक्त करना – नगर-निगम ने शहरों को गाय माता, सुअर, बकरा-बकरी एवं अवैध माँस विक्रेताओं से मुक्त कर दिया है लेकिन आवारा कुत्तों से मुक्त नही कराया। ये आवारा कुत्तो जगह-जगह गंदगी करते है जिससे महामारी फैलने का भय रहता है ये आवारा कुत्तो बिना किसी चेतावनी दिये लोगों को काटते है जिससे अनेक लोगों की मूत्यु भी हो जाती है। पालतु कुत्तो भी घरों को एवं पड़ोस के घरों को गंदा कर देते है। यदि नगरनिगम इन आवारा कुत्तों को पकड़कर शेर की तरह चिड़ियॉघर में रख ले तो शहर पूर्णतया स्वच्छ एवं बिमारी मुक्त हो जायेगा।

2. नागरिकों की सहभागिता – प्रशासन एवं नगरनिगम को स्वच्छ भारत अभियान को पूर्णतया सफल बनाने के लिए नागरिकों की सहभागिता बढ़ाना चाहिये स्वच्छ शहर के साथ-साथ स्वच्छ मोहल्ले को भी सम्मानित करना चाहिये।

3. अवैध वसुली पर रोक – प्रशासन एवं नगरनिगम को अवैध वसुली (100 रू प्रतिमाह प्रत्येक नागरिक से) पर रोक लगाना चाहिये। इसके बदले गंदगी एवं कचरा फैलाने वालों को कठोर दण्ड से दण्ड़ित कर प्राप्त

राशि का उपयोग स्वच्छ भारत अभियान में करना चाहिये।

4. जल स्त्रोत प्रदुषित होने से बचाना – जल स्त्रोत को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर उनकें आस–पास पौधा रोपण करना चाहिये। ड्रेनेज एवं उद्योगों के पानी को नदी एवं अन्य जल स्त्रोतों में नहीं बहाकर उसे उपचारित कर इसका उपयोग सिंचाई, सफाई एवं मरम्मत कार्य हेतु करना चाहिये।

5. कामचोर एवं लापरवाह कर्मचारियों को सेवामुक्त करना – कामचोर, चापलुस एवं लापरवाह कर्मचारियों को सेवामुक्त कर देना चाहिये ताकि शेष कर्मचारी ईमानदारी से कार्य कर स्वच्छ भारत अभियान का सपना साकार कर सके।

निष्कर्ष – इस प्रकार हम कह सकते है कि 2019 तक भारत को स्वच्छ और हरा–भरा बनाने के लिये स्वच्छ भारत अभियान एक सराहनीय एवं स्वागत योग्य कदम है। जैसा कि हम जानते है कि 'स्वच्छता स्वर्ग की ओर अगला कदम है'। यदि हम सब प्रभावी रूप से इस अभियान का अनुसरण करे तो आने वाले कुछ वर्षो में हमारा देश स्वर्ग बन जाएगा। यदि देश स्वच्छ रहेगा तो देश के नागरिक स्वस्थ रहेगें एवं देश तेजी से विकास करेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पत्रिका
2. दैनिक भास्कर
3. नई दुनिया

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

माल एवं सेवाकर (जी.एस.टी.) एक व्यावहारिक अध्ययन

डॉ. दीपक जैन *

शोध सारांश – देश के अब तक के सबसे बड़े 'कर सुधार' की जिम्मेदारी पूजनीय एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने अपने ऊपर लेकर इसका शुभांरभ 1 जुलाई 2017 शुक्रवार को आधी रात 12 बजते ही राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी एवं प्रधानमंत्री मोदीजी ने एक साथ बटन दबाकर पूरे देश में उक सरल कर व्यवस्था प्रारम्भ की। जिसे माल एवं सेवाकर (जी.एस.टी.)कहते है।

जी एस टी के पहले भारत में माल के उत्पादन,बिक्री,वितरण एवं सेवाओं की पूर्ति पर 17 प्रकार के अप्रत्यक्ष कर एवं 23 प्रकार उपकर लगते थे जो काफी जटिल थे। इन करों को भरने में करदाता एवं कर वसूली में अधिकारियों को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पडता था। इसमें कर चोरी से भी सरकार को राजस्व की हानि होती थी इन सभी समस्याओं के निवारण हेतु पूजनीय प्रधानमंत्री मोदीजी ने वास्तव में सहासिक कदम उठाकर इतिहास रचा। कुछ राजनैतिक दलों ने इसका विरोध कर जनता एवं व्यापारियों को जी.एस.टी. के बारे में गलत जानकारी देकर उकसाया जिसमें पूरे देश में जी.एस.टी. विरोध का महौल बनने लगा। इसी जिज्ञासावश मैने इस विषय का चयन किया।

प्रस्तावना – 1 जुलाई 2017 को जी.एस.टी. भारत में लागू हो जाने पर भारत विश्व में जी.एस.टी. कर व्यवस्था में 161वाँ देश बन गया। माल एवं सेवाकर लागू होने हेतु पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कदम उठाया था। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार' का सपना देखा था। उन्होंने जी.एस.टी.हेतु केलकर समिति का गठन किया था। लेकिन सन् 2004 में सरकार बदल गई। इसके बाद जी एस टी लगाना टलता गया क्योंकि कोई भी सरकार जी एस टी लागु कर खतरा मोल नहीं लेना चाहती थी। किन्तु जिसप्रकार समुद्र मंथन में विष शिवजी ने पीकर देवताओं की रक्षा की ठीक उसी प्रकार पूजनीय प्रधानमंत्री मोदीजी ने माल एवं सेवाकर(जी.एस.टी.) कर लागूकर विपक्षी दलों एवं जनता का विरोध सहन कर देश एवं देशवासियों के हित में साहसिक कार्य किया।

जी एस टी क्या है–जी.एस.टी. एक व्यापक बहुस्तरीय गंतव्य आधारित कर है जो प्रत्येक मूल्य में जोड़ पर लगाया जाता है। कोई भी वस्तु निर्माण से लेकर अंतिम उपभोग तक कई चरणों के माध्यम से गुजरता है पहला चरण कच्चे माल को खरीदना, दुसरा चरण उत्पादन या निर्माण होता है, फिर सामाग्रियों के भंड़ारण या गोडाउन में डालने की व्यवस्था होती है इसके बाद, उत्पाद रीटैलर या फुटकर विक्रेता के पास आता है और अंतिम चरण में, रिटेलर अंतिम उपभोक्ता को माल बेचता है।



वस्तु एवं सेवा कर इतना महत्वपूर्ण क्यों है – जी.एस.टी. ने वर्तमान टैक्स संरचना को और अर्थव्यवस्था को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है वर्तमान में भारतीय कर संरचना दो में विभाजित है– प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर।

प्रत्यक्ष कर वह है जिसमें देनदारी किसी और को नहीं दी जा सकती। इसका एक उदाहरण आयकर है जहां आप आय अर्जित करते हैं और आप उस पर कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी हैं।

अप्रत्यक्ष कर वह है जिसमें देनदारी किसी अन्य व्यक्तिको को दी जा सकती है।इसका अर्थ यह है कि जब दुकानदार अपने बिक्री पर वैट देता है तो वह अपने ग्राहक को देयता दे सकता है। इसलिए ग्राहक वस्तु की कीमत और वैट भुगतान करता है ताकि दुकानदार सरकार को वैट जमा कर सके। अर्थात ग्राहक न केवल उत्पाद की कीमत का भुगतान करता है, बल्कि उसे कर दायित्व भी देना पड़ता है, और इसलिए, ज बवह किसी वस्तु को खरीदता है तो उसे अधिक खर्च होता है।

जब से जीएसटी लागू हुआ है तो 3 जरह के कर होंगे:

सीजीएसटी:जहां केन्द्र सरकार द्वारा राजस्व एकत्र किया जाएगा

एसजीएसटी:राज्य में बिक्री के लिए राज्यसरकारों द्वारा राजस्व एकत्र किया जाएगा

आईजीएसटी:जहां अंतरराज्यीयबिक्री के लिए केन्द्रसरकारों द्वारा राजस्व एकत्र किया जाएगा

नए शासन के तहत कर संरचना निम्नानुसार होगी :

लेनदेन	नई प्रणाली	पुरानी व्यवस्था	व्याख्या
राज्य के भीतर ब्रिकी	सीजीएसटी+ एसजीएसटी	वैट+क्रेन्दीय उत्पाद शुल्क/ सेवा कर	राजस्व अब केन्द्र एवं राज्य के बीच बांटा जायेगा
दुसरे राज्य को ब्रिकी	आईजीएसटी	क्रेन्दीय ब्रिकी कर +उत्पाद शुल्क/ सेवा कर	अंतरराज्यीय बिक्री के मामले में अब केवल एक कर होगा

अध्ययन का औचित्य एवं उद्देश्य – माल एवं सेवाकर(जी.एस.टी.) से

* प्राध्यापक, श्री जैन दिवाकर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

पहले भारत में माल के उत्पादन, बिक्री, वितरण एवं सेवाओं की पूर्ति पर 17 प्रकार के अप्रत्यक्ष कर एवं 23 प्रकार उपकर लगते थे। इसमें दोहरे कर की समस्या थी। यह एक जटिल प्रणाली थी। इससे करदाता को करभरने एवं हिसाब रखने में कठिनाई होती थी। इसमें कर चोरी की संभावना अधिक रहती थी एवं सरकार को राजस्व की हानि होती है माल एवं सेवाकर(जी.एस.टी.) पूरे भारत में चर्चित मुद्दा होने के कारण मैने इस विषय का चयन किया है।

इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु निम्न सहायक उद्देश्य निर्धारित किये है-

1. जी एस टी का उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव का अध्ययन
2. जी एस टी का आम उपभोक्ता पर प्रतिकूल प्रभाव का अध्ययन
3. जी एस टी का राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव का अध्ययन

परिकल्पना – उपरोक्त उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निम्नलिखित परिकल्पनाएँ रही जिनका परीक्षण एवं अध्ययन किया गया।

1. जी एस टी का उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव का अध्ययन
2. जी एस टी का आम उपभोक्ता पर प्रतिकूल प्रभाव का अध्ययन
3. जी एस टी का राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव का अध्ययन

जी एस टी. की दरे

जी एस टी. की दरे इस प्रकार है :-

1.	आवष्यक वस्तुएँ	6%
2.	सामान्य उपयोग के माल/सेवाएँ	5%
3.	मूल आवश्यकता वाली सेवाए/उत्पाद	12%
4.	मानक वस्तुएँ राजस्व तटस्थ दरे	18%
5.	विलासिता/हानिकारक वस्तुएँ	28%

सुझााव – सरकार को हानिकारक एवं विलासिता वस्तुओं पर जी एस टी. की दरों को बढ़ाकर अधिक कर देना चाहिए तथा गरीब लोगों के हित में कुछ और आवश्यक वस्तुओं को जी एस टी.से मुक्त कर देना चाहिए। जी एस टी. की दरों में कमी कर देना चाहिए। कर वसुली के लिए ईमानदार एवं मेहनती अधिकारी की नियुक्ति करना चाहिए। राजस्व शक्ति से वसुलना चाहिए। जी एस टी. की दर इतनी होना चाहिए ताकि उत्पादन पर प्रतिकुल प्रभाव नहीं पड़े। जी एस टी. के लिए उन्नत सॉफटवेयर उपलब्ध कराना चाहिए। सरकार को पेट्रोलियम पदार्थों को शीघ्र जी एस टी. के अंमर्गत लाना चाहिए इससे वैट की दरों की विसंगति दूर होगी और राज्यों द्वारा की गई करों में बढ़ोत्तरी से मुक्ति मिलेगी। सरकार को गरीब एवं मध्यम परिवार के उपभोक्ता द्वारा उपभोग की वस्तुओं एवं सेवाओं पर जी एस टी. की दर कम से कम करना चाहिए। उदाहरण केबल एवं डिश टी.वी पर जी एस टी. कम करना चाहिए ताकि गरीबों का मनोरंजन हो सके इसके बदले सिनेमा, क्रिकेट मैच की टिकटों पर अधिक से अधिक दर से जी एस टी.लगाना चाहिए क्योंकि इससे अमीर लोग मनोरंजन करते है। इसके अलावा बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, गुटका, शराब एवं अन्य नशीली वस्तुओं पर ऊँची दर से जी एस टी. लगाना चाहिए ताकि इन पर रोक लग सके।

निष्कर्ष – जी एस टी व्यवस्था अभी सुधार समस्या से गुजर रही है इससे सरकार, व्यापारी एवं उपभोक्ता को पीड़ा सहन करना पड़ रही है। यह हर्ष का विषय है कि भारत सरकार ने जी एस टी. के प्रभावों की समीक्षा की है एवं जी एस टी कौंसिल (7.10.17) की मीटिंग में कई सुधारों एवं राहतों की घोषणा की। 28 वस्तुओंपर कर की दरे कम की गई है छोटे सेवा प्रदाता जिनकी करयोग्य सेवाएँ 20 लाख रूपये से कम है उन्हें अंतर्राजकीय सेवा प्रदान करने के लिए पंजीयन से मुक्ति दी गई है जी एस़ टी कौंसिल के अनुसार 200 वस्तुओं की दरे 28% से घटाकर 18% और 18%से घटाकर 12% की गयी है पेनल्टी में भी राहत दी गई और कम्पोजिशन को 1.5 करोड़ रू तक बढ़ाने की अनुशंसा की गई है ये कदम सहरानीय है ताकि जी एस टी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान सिद्ध हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रतियोगिता दर्पण, प्रकाशन विभाग, पटियाला हाउस, नई दिल्ली
2. दैनिक भास्कर, इन्दौर
3. जी एस टी. , प्रथम वर्ष,श्रीपाल सकलेचा, सतीश पब्लिकेशन, 2017-18
4. अप्रत्यक्ष कर, श्रीपाल सकलेचा, सतीश पब्लिकेशन, 2016-17

****

NSS Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में स्टेट बैंक समूह और भारतीय महिला बैंक के विलय का अध्ययन

कामरान अहमद खान *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पांच सहयोगी बैंक स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर, स्टेट बैक ऑफ हैदराबाद, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, स्टेट बैक ऑफ त्रावणकोर और भारतीय महिला बैंक का भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुए विलय का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पर और भारत की बैंकिंग इंण्डस्ट्री पर पड़ने वाले प्रभाव पर है। इस शोध पत्र में यह जानने का प्रयास किया गया है, कि जब नॉन परफारमिंग असेट्स (एन.पी.ए.) में डूबे 6 बड़े बैंकों का देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के साथ विलय किया गया तो बैंक की वित्तीय स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ा। प्रस्तुत शोध पत्र में भारत की आज़ादी से पहले अंग्रेजो द्धारा स्थापित बैंक आज जो देश का सबसे बड़ा और अग्रणी बैंक बना हुआ था, उस बैंक के विलय के बाद वित्तीय स्थिति जानने का प्रयास किया गया है। साथ ही इस शोध पत्र में विलय के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की अंतराष्ट्रीय बैंकिंग बाजार में स्थिति जानने का भी प्रयास किया गया है।

प्रस्तावना

अ) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया – 2 जून 1806 को कलकत्ता में बैंक ऑफ कलकत्ता की स्थापना हुई थी। तीन वर्षो के पश्चात इसको चार्टर मिला तथा इसका पुनर्गठन बैंक ऑफ बंगाल के रूप में 2 जनवरी 1809 को हुआ। यह बैंक ब्रिटिश इंडिया तथा बंगाल सरकार द्धारा चलाया जाता था। बैंक ऑफ बॉम्बे तथा बैंक ऑफ मद्रास की शुरुआत बाद में हुई। बाद में 28 जनवरी 1921 को इन तीनो बैंकों का विलय करके एक नए बैंक इंपिरियल बैंक ऑफ इंडिया की शुरुआत की गई। वर्ष 1951 में जब प्रथम पंचवर्षीय योजना लागू हुई तो इसमें ग्रामीण क्षेत्र के विकास को इसमें सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। उस समय तक इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया सहित देश के वाणिज्यिक बैंको का कार्य–क्षेत्र शहरी क्षेत्र तक ही सीमित था तथा वे ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक पुन:निर्माण की भावी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं थे। 1 जनवरी 1935 को रिजर्व बैंक के राष्ट्रीयकरण के साथ ही 'बैंकिंग नियमन अधिनियम' पारित किया गया, जिसके द्धारा भारतीय रिजर्व बैंक को वाणिज्यिक बैंकों पर नियंत्रण रखने का विस्तृत अधिकार प्राप्त हो गया। यद्यपि ग्रामीण बैंकिंग जांच समिति इम्पीरियल बैंक के राष्ट्रीयकरण के पक्ष में नहीं थी, पर अखिल भारतीय साख समिति ने इम्पीरियल बैंक के साथ कुछ राज्य–सम्बद्ध बैंकों को मिलाकर 'स्टेट बैंक ऑफ इंडिया' की स्थापना की संस्तुति की। फलस्वरूप 1 जुलाई, 1955 से इम्पीरियल बैंक की सभी सम्पत्तियों तथा देनदारियों को अधिग्रहण करके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपना कार्य करना प्रारंभ किया।

ब) स्टेट बैंक समूह – स्टेट बैंक के राष्ट्रीयकरण के बाद 1959ई. में, इसके साथ अन्य 7 बैंकों को स्टेट बैंक के सहायक बैंकों के रूप में बदल दिया गया था और इसे 'स्टेट बैंक समूह' का नाम दिया गया। स्टेट बैंक समूह के वह 7 बैंक इस प्रकार हैं:–

1. स्टेट बैंक ऑफ पटियाला,
2. स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर,
3. स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद,
4. स्टेट बैंक ऑफ मैसूर,
5. स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर,
6. स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र,
7. स्टेट बैंक ऑफ इंदौर.

स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र 13 अगस्त, 2008 को और स्टेट बैंक ऑफ इंढौर 26 अगस्त, 2010 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में विलय कर दिए गए।

स) भारतीय महिला बैंक – भारतीय महिला बैंक (बीएमबी) एक वित्तीय सेवा प्रदाता बैंकिंग कंपनी थी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 96वीं जयंती के उपलक्ष्य में 19 नवम्बर, 2013 को 1000 करोड़ की पूंजी के साथ देश में पूर्ण रूप से महिलाओं को समर्पित देश के पहले महिला बैंक की स्थापना की। इसमें 100 प्रतिशत अंश पूंजी भारत सरकार की थी। पहले इसको केवल महिलाओं के लिए बनाया गया था, परन्तु बाद में इसमें अन्य लोगों से भी जमा स्वीकारा जाने लगा, लेकिन मुख्य रूप से इसमें महिलाओं के लिए ऋण देने का प्रावधान था। पाकिस्तान और तंजानिया के बाद भारत विशेष रूप से महिलाओं के लिए बैंक खोलने वाला दुनिया का तीसरा देश था।

कार्यप्रणाली – अध्ययनदेश के सबसे महत्वपूर्ण बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया समूह के 5 बैंक और भारतीय महिला बैंक के विलय के संदर्भ में है। अध्ययनमें विलय से पहले और विलय के बाद सभी महत्वपूर्ण वित्तीय कार्यप्रणालीयों और उनकी स्थितियों पर प्रकाश डाला गया है। अध्ययनके दौरान सूचना का संकलन द्वितीयक समंकों के द्धारा किया गया है।

उद्देश्य

1. स्टेट बैंक समूह का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में विलय के बाद भारतीय स्टेट बैक पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययनकरना।
2. विलय के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की वित्तीय स्थिति में होने वाले बदलाव का अध्ययनकरना।
3. विलय के बाद देश व विदेश में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थिति में

* शोधार्थी (वाणिज्य) शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

होने वाले सुधार का अध्ययन करना।

सीमाएं – संबंधित अध्ययनका क्षेत्र और सीमा सीमित है। अध्ययनके लिए चयनित अवधि सीमित है।

सामान्य परिदृश्य – विभिन्न बैंकों के आपसी विलय तथा गैर बैंकिंग कम्पनियों (एनबीएफसी) के बैंकों में विलय के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भारतीय रिजर्व बैंक ने 2005 को जारी किए थे। यह दिशा-निर्देश निजी क्षेत्र के बैंकों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय के मामलों में भी प्रभावी हैं। इनके तहत बैंकों के स्वैच्छिक विलय के लिए अब दोनों बैंको के प्रबंधक मण्डलों की दो-तिहाई बहुमत की सहमति आवश्यक होगी। दो-तिहाई बहुमत केवल उपस्थित सदस्यों का ही नहीं बल्कि सभी सदस्यों का आवश्यक किया गया है। प्रबंधक मण्डलों की दो-तिहाई बहुमत से सहमति के पश्चात् शेयरधारकों की दो-तिहाई बहुमत से सहमति और रिजर्व बैंक की भी अनुमति विलय हेतु इन ईकाइयों को लेनी होगी।

विलय के लिए पहली बार जारी किए गए इन दिशा निर्देशों में यह कहा गया है कि विलय प्रस्ताव पर विचार करते समय बैंक के प्रबंधक मण्डल को विलय किए जाने वाले बैंक की परिसम्पत्तियों, दायित्वों एवं आरक्षित कोषों आदि की स्थिति पर भी विचार करना होगा। साथ ही यह भी देखना होगा कि विलय के लिए प्रस्तावित स्वैप रेश्यो किसी स्वतंत्र मूल्यांकन एजेंसी द्धारा निर्धारित किया गया हो तथा यह उचित हो। प्रबंधकों को इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि विलय के पश्चात् 'विलयित इकाई' में किसी व्यक्ति समूह अथवा संस्था की बैंक में शेयरधारिता सम्लणधी भारतीय रिजर्व बैंक के प्रावधानों का उल्लंघन न करें। विलय के उपरांत 'विलय इकाई' की लाभप्रदत्ता तथा उसके पूंजी पर्याप्तता अनुपात पर पड़ने वाले प्रभावों का मूल्यांकन भी सम्बन्धित प्रबंध मण्डल को देखना चाहिए।

विलय का कारण – स्टेट बैंक के 5 सहायक बैंकों और भारतीय महिला बैंक का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में विलय होने के पीछे निम्न कारण देखे गए हैं :-

1) भारत सरकार राष्ट्रीयकृत बैंकों को उनके डूबत ऋण (एन.पी.ए.) से निपटने के लिए अनुदान (सब्सिडी) देती है, अब भारत सरकार को 6 अलग-अलग बैंको को अनुदान (सब्सिडी) की बजाए एक ही बैंक मर्जर बैंक को देना आसान होगा।
2) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का पिछले कुछ सालों से लाभ गिरता जा रहा था। अब विलय के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का लाभ उसकी लाभ हानि खातों में कुछ सुधार होता हुआ नजर आएगा। पूरे एसबीआई समूह का लाभ वित्तीय वर्ष 2016 में 12,225 करोड़ रूपये से गिरकर वित्तीय वर्ष 2017 में सीधे 241 करोड़ रूपये आ गया था। यह लाभ विशेषकर स्टेट बैंक समूह के हानि के कारण घटा था।
3) जिन स्टेट बैंक समूह के ऋण एन.पी.ए में बदल गए हैं विलय के बाद उन्हें नए सिरे से वसूली करने में बल मिलेगा।
4) ब्रांच बैंकिंग की लागत में विलय के बाद भारी कमी आयगी जिससे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कि वित्तीय स्थिति सुधरने में सहायक सिद्ध होगी।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पर विलय का प्रभाव – स्टेट बैंक समूह और भारतीय महिला बैंक का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में विलय के परिणामस्वरूप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आज विश्व के 50 बड़े बैंकों की श्रेणी में 45वें स्थान पर आ गया है। यह भारत का इकलौता बैंक है जो विश्व के 50 बड़े बैंकों की श्रेणी में है। अब विलय के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की संपत्ति 37 लाख करोड़ के भी पार पहुंच गई है, जो भारत में किसी बैंक के पास सबसे ज्यादा है। विलय के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की संपत्ति में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया समूह 50 करोड़ के विशाल ग्राहक समूह के साथ खड़ा जो 22,500 शाखाओं और 58,000 एटीएम से सीधे बैंकिंग सुविधा का लाभ ले सकते हैं। स्टेट बैंक समूह और भारतीय महिला बैंक के शेयर धारको को अब स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयर दिये जायेगें जो कि उनके लिए लाभदायक होंगे।

चित्र :-1 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

चित्र:-2



जैसा कि हम **चित्र:-1** में देख सकते हैं कि विलय के पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में भारत सरकार कि हिस्सेदारी 61.30प्रतिशत थी जो **चित्र:-2** में विलय के बाद घटकर 59.70प्रतिशत हो गई वहीं सार्वजनिक शेयरधारकों कि हिस्सेदारी 31.70प्रतिशत से बढ़कर 40.30प्रतिशत हो गई है।

पहली बार कोई भारतीय बैंक दुनिया के शीर्ष 50 बैंकों में आ गया है। एसबीआई, जिसे पहले 52 पर रेट किया गया था, अब एक संयुक्त इकाई के रूप में 45 अंक पर स्थान दिया गया है। विलय के बाद एसबीआई की परिसंपत्ति का आकार अपनी प्रतिद्वंदी आईसीआईसीआई बैंक, जो इस समय संपत्ति आकार के हिसाब से देश में दूसरे स्थान पर है से लगभग 4 गुना ज़्यादा हो गया है।

एसबीआई और स्टेट बैंक समूह के शेयरों का अनुपात – स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और स्टेट बैंक समूह कि विलय की शर्तो के अनुसार स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर के प्रत्येक 10 शेयरों के बदले एसबीआई के 28 इक्विटी शेयर दिए जाएंगें। वहीं स्टेट बैंक ऑफ मैसूर के प्रत्येक 10 शेयरों के बदले एसबीआई के 22 शेयर दिए जाएंगें। और स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर के प्रत्येक 10 शेयरों के बदले एसबीआई के 22 शेयर दिए जाएंगें। वहीं स्टेट बैंक ऑफ पटियाला और स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद पूरी तरह से एसबीआई का 100 प्रतिशत अंश धारक बैंक था जो शेयर बाजार में सूची बद्ध नहीं थे।

शाखाओं की अतिव्यापकता – स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आज देश के सबसे बड़े शाखाओं के नेटवर्क के जाल के साथ देश का अग्रणी बैंक है। अब विलय के बाद जो स्टेट बैंक समूह की शाखाएं है वह भी एसबीआई के नाम से जानी जाने लगी हैं इस कारण बहुत सी जगह जहां एक ही शाखा की जरूरत है वहां दो-दो या तीन-तीन शाखाएं हो गई हैं। जिस कारण परिचालन व्यय का अतिरिक्त-भार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के लाभ पर पड़ सकता है।

प्रबंधन की चुनौती – विलय के साथ ही एसबीआई भारत का सबसे बड़ा बैंक बन गया है। विलय के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कि शाखाओं की संख्या 24000 से ज़्यादा हो गई हैं, और 58,000 ए.टी.एम और 2.7 लाख कर्मचारियों के साथ देश का अग्रणी बैंक बन गया है। इन शाखओं और

एटीएमों का प्रबंधन और रख-रखाव करने का ज़िम्मा अब सिर्फ एसबीआई मैंनेजमेंट टीम पर ही निर्भर है। इन सब के परिचालन की चुनौती एसबीआई के सामने बनी हुई है। वहीं वित्तीय स्थिति के अनुसार विलय के बाद एसबीआई अपनी तरलता का प्रबंधन करने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे। इस प्रकार उन्हें तरलता समायोजन सुविधा (एलएएफ) और सीमांत स्थायी सुविधा (एमएसएफ) के तहत आरबीआई से उधार लेने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। एक और लाभ यह है कि लेन-देन की देरी और अनावश्यक लागत में कटौती, जिसके परिणामस्वरूप ग्राहक अनुकूल सेवा और बेहतर प्रशासन होगा।

विशाल डूबत ऋण - स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का पहले से ही बहुत ज्यादा ऋण समूह था जो एनपीए की तरफ बढ़ता जा रहा है। विलय के बाद स्टेट बैंक समूह का डूबत ऋण भी एसबीआई के तुलन पत्र में दिखाई देगा। वित्तीय वर्ष 2015-16 में अकेले एसबीआई का स्ट्रैस्ड लोन 66,117 करोड़ रूपये और स्टेट बैंक समूह का स्ट्रैस्ड लोन 35,396 करोड़ रूपये था, जो कि एसबीआई के मुकाबले आधे के बराबर है। इसी के साथ एसबीआई बही खाते में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) का हिस्सा बढ़कर करीब 8.7 हो जाएगा। अब एसबीआई को इस पूरे स्ट्रैस्ड लोन को जल्द से जल्द निपटाने की बहुत बड़ी चुनौती है। वर्तमान में सहयोगी बैंको का एनपीए 7-9 प्रतिशत है जबकि एसबीआई का 6.8 प्रतिशत है। विलय के बाद संयुक्त इकाई का कुल एनपीए आधार प्रभाव के कारण नीचे आने के आसार हैं।

निष्कर्ष - भारतीय रिजर्व बैंक के 2005 के दिशा निर्देशों के अनुसार 1 अप्रैल, 2017 को देश सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में स्टेट बैंक समूह और भारतीय महिला बैंक का विलय कर दिया गया है। विलय के बाद भारती स्टेट बैंक 37 लाख करोड़ की विशाल संपत्ति और 22,500 शाखाओं और 58,000 एटीएम के साथ विश्व में 50 अग्रणी बैंको की सूची में 45वें स्थान पर आ गया है। विलय के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का ग्राहक समूह 50 करोड़ के भी पार पहुंच गया है। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने इतने बड़े विशाल ग्राहक समूह को बेहतर ग्राहक सेवा देने की भी चुनौती बनी हुई है। साथ ही साथ विलय के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एनपीए आधार भाव से नीचे आते दिखा है, परन्तु एसबीआई के सामने विलय स्टेट बैंक समूह का एनपीए निपटाने की भी चुनौती होगी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में स्टेट बैंक समूह और भारतीय महिला बैंक समूह का विलय एक विजय के रूप में भी देखा जा सकता है, क्योंकि विलय के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कि वित्तीय स्थिति और ख्याति में काफी सुधार आया है। वहीं विलय के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पहले से और भी ज्यादा विशाल शाखाओं और ग्राहक समूह के साथ विश्व के अग्रणी बैंकों की सूची में आ गया है जो की भारत का इकलौता बैंक है। हालांकि, विलय के बाद नई चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं, परन्तु उन चुनौतियों का सामना सही ढंग से किया जाए तो यह फैसला बैंकिंग इतिहास का सबसे सफल फैसलों में से एक होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एसबीआई और उसकी सहयोगी बैंको का विशाल विलयः- डी. सत्यानारायन, डॉ. जी. वी सुब्बा राजू, डॉ. एस. कृष्णमूर्ती
2. Associate Banks Merger – Birds Eye View (By Stakeholder Empowerment Services)
3. https://en.wikipedia.org
4. https://economictimes.indiatimes.com › Industry › Banking/Finance › Banking
5. www.livemint.com › Industry › Financial Services
6. https://www.sbi.co.in
7. https://www.rbi.org.in/
8. www.google.com
9. http://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/merger-of-associate-banks-with-sbi-may-not-be-seamless-for-customers/article9604979.ece

चित्र :- 1


विलय के पहले
भारत सरकार
61.30%
31.70%
सार्वजनिक
10.00%
100%
भारतीय स्टेट बैंक
90.00%
भारतीय महिला बैंक
स्टेट बैंक ऑफ मैसूर
79.9%
स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर
20.01%
100%
75.07%
24.93%
स्टेट बैंक ऑफ पटियाला
स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर और जयपुर
100%
स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

Urban Cooperative banks in India : Challenges and probable solutions

Dr. Smriti Singh*

Abstract - The movement of urban cooperative banking came into existence with the objectives of meeting the credit needs of weaker sections in urban areas of the country and to promote their economic position through self-reliance on the principle of equity. The services of urban cooperative banks in deploying credit and rendering other services are indispensable and important for qualitative improvement in the economic conditions of poor people in urban areas. This paper is focused to find out the answer whether the urban cooperative banks are able to achieve their objectives with which they were established and to evaluate the issues and challenges being faced by UCBs. The paper also suggests measures to improve the performance of urban cooperative banks. For the research, data is collected with the help of primary sources i.e questionnaire from selected UCBs in Gwalior region and from secondary sources such as Business-line newspaper, website of sample banks, research reports of Reserve bank of India, and journals.
Keywords - Equity, Cooperative banks, urban areas, Self-reliance,
'Suppose I have come by a fair amount of wealth – either by way of legacy, or by means of trade and industry – I must know that all that wealth does not belong to me; what belongs to me is the right to an honorable livelihood, no better than that enjoyed by millions of others. The rest of my wealth belongs to the community and must be used for the welfare of the community'. ***- Mahatma Gandhi.***

Introduction - The co-operative movement in India is more than a century old. The organization of co-operative institutions in India dates back to the 19th century when the first mutual aid society 'AnyonyaSahakariMandali' was formed in Gujarat at Baroda on February 05, 1889. The first major impetus was provided to these institutions by the passage of the Cooperative Society Act in 1904 and the Kancheepuram Co-operative Credit Society in Tamil Nadu became the first credit society to get registered under this Act. Later in 1919, the subject of co-operation was transferred from Central Government to provincial States.

Conceptual framework: Cooperative credit institutions are an important segment of the banking system and play a vital role in mobilizing deposits and provide credit to people of small means. Rural Cooperatives are primarily mandated to ensure flow of credit to agricultural sector under the provisions of either the State Co-operative Societies Act of the State concerned or the Multi State Co-operative Societies Act, 2002 if the area of operation of the bank extends beyond the boundaries of one State. These banks are licensed by RBI to carry on banking business and hence they are under the dual control of RBI and the Registrar of Co-operative Societies.

Table: GROWTH OF URBAN COOPERATIVES IN INDIA (AMOUNT IN CRORES)

YEAR	NO.OF UCB$_S$	DEPOSITES	LOANS AND ADVANCES
2013	1606	276900	181000
2014	1589	315503	199651
2015	1579	355134	224302
2016	1574	392179	245013
2017	1562	443500	261200

Source: Reserve Bank of India 2012 to 2016, Report on Progress of Banking in India

GRAPH: TOTAL NUMBER AND GROWTH IN ASSETS OF UCB$_S$



Note: Data for 2015-16 are provisional.
Source: RBI Supervisory Returns and staff calculations

Review of Literature :

Report on Trend and Progress of Banking in India for the year ended (June 30, 2017) summed up in its report that the ongoing improvement efforts were reflected in various performance indicators of urban co-operative banks during the year. Growing deposits and higher investment rate led to a substantial increase in the balance sheet size of UCBs. Their performance improved in terms of profitability, partly due to the diversification strategies facilitated by improving capital positions. But the quality of

* Professor, SJHS Gujarati Innovative College of Commerce and Science, Indore (M.P.) INDIA

their assets somewhat deteriorated partly due to temporary problems.

Rao and Biradarin their study on Belgaum District Co-operative Bank reveals that though UCBs have computerised branches, Phone-in-link services, tele banking services and online bank services but majority of respondents were unaware about these services. The study revealed that high cost of technology, limited geographical area and limited business operations, Convenience banking was the prime reasons for non-adoption of ICT by banks.

Babu and Selkhar(2012) concluded that the UCBs strengthen their uniqueness and growth in the banking industry by taking measures like Professionalization of its management, inculcating good corporate governance, technology absorption and scrupulous adherence to regulatory framework. Further the urban cooperative banking sector should learn from its past experiences and adjust to new realities since banking is risky and challenging business.

JadhavRajani (2010) carried out her research work and analyse that the present co-operative banking scenario is far from modern banking practices. The main cause of this is unavailability of high level of technological tools and the infrastructural facilities like communication system, networking. The researcher also noted that there is lack of awareness amongst the customers about their rights to various banking facilities; lack of knowledge and skills of the employees of the banks and also comments that resistance against change in the system by all levels of the employees and management including top executives of the banks.

Gupta and Jain (2012)observed in their research that though the branch network of cooperatives are widespread across the country but concentrated in certain regions and are less in north-eastern region of the country. Further, efforts are needed to improve banking penetration in the north-eastern part of the country along with improving the financial health of the ground level cooperative institutions.

Objectives of the Study:

1. To diagnose the macro analysis of urban cooperative banks.
2. To study the growth and performance Urban Cooperative Banks in India.
3. To evaluate the issues and challenges being faced by UCBs.
4. To suggest measures to improve the performance of urban cooperative banks.

Research Methodology: For the research, primary sources i.e questionnaire was prepared and circulated to the top and middle level management of sample banks of Gwalior region also personal interviews of Directors, CEOs and senior officers of the selected banks were conducted. Secondary data such asBusiness-line newspaper, website of sample banks, research reports of Reserve bank of India, and journals are used.

Challenges faced by Urban Cooperative Banks:

Neck to neck Competition with Commercial Banks - Cooperative banks are facing stiff competitions with other commercial Banks as commercial banks are at advantageous position:

1. **Considered safer by the customers:** Although the Interest Rates offered by Commercial Banks are less than the rates offered by the UCBs, still the customers feel safer in depositing money with them. During the last few years many UCBs were liquidated, some merged with other stronger banks, and a few are in poor Financial condition. Hence the customers hesitate to make deposits with UCBs.
2. **Huge branch networks of commercial banks:** Commercial banks havehuge network throughout the country whereas due to low Net worth position, most of the UCBs are conducting banking business within one town or city and in few adjacent districts only. UCBs are dependent on other commercial banks for effecting transfer of funds and other important works. This hampers their progress.
3. **Technological setup:** UCBs have limited resources and technological support like Internet banking, Mobile Banking, SMS Banking, Core Banking Systems etc. It is a big hurdle in their development.
4. **Multi-faceted product services:** UCBs do not provide additional services such as Debit Cards, Credit Cards, RTGS, NEFT, Forex Business etc, at par with commercial Private or Foreign Banks. This reduces their Non-Banking business income.
5. **Low cost of lending:** UCBs do not have liberty to consider borrower-wise interest rate. They have to follow their loan policy strictly. But in case of other banks, concessional or reduced rates are applied on loans and advances given to trustworthy customers by the commercial and private banks.
6. **Organized management:** Commercial and private banks offer attractive salaries and facilities to their staff thereby recruiting qualified and experienced personnels. In UCBs things are quite different. There is a dearth of highly qualifiedand trained banking personnel who areunable to attract more business. Also, the customers do not get quick and desired service.
7. **High cost of operation:** Commercial and private banks are managed by professionals and experts hence every precaution is taken to control operating cost while UCBs are not run by professionals. Faulty recruitment system, excess staff, unwanted expenses made by the bank, high interest paid, heavy legal charges paid due to large quantum of litigation etc. ensures that the profit of the bank ultimately reduces.
8. **Lower acceptance by government and other institutions:** There are restrictions on Central, State Govt. Departments, Local Authorities and even Charitable Trusts etc. on having deposit accounts with urban cooperative banks. All low-cost deposits or no interest deposits of these offices go straight to nationalized banks. Even Demand Drafts and Bank Guarantees given by co-operative banks are not accepted by Govt. Departments, Local bodies &

even schools & colleges.

Dual control system - Co-operative banks are jointly controlled by Reserve Bank of India and State Co-operative Department.The multicity of command centers and absence of clear-cut demarcation between the two authorities have been the most complicated problem of urban co-operative banking movement.

Some of the Problems due to Dual Control are as given below:

1. **Dual inspection authorities:** The accounts of the Banks are inspected by RBI & DDR. The Bank has to spare more time for inspections and Audits. They have to submit compliance to both the authorities. This hampers their developmental programs as much time is spent by them for audit and inspection of the bank.
2. **Delay in obtaining Approval:** The Bank has to obtain approval from RCS and RBI for many important decisions. It requires additional time and staff for the purpose.
3. **Non-professional approach of Govt. Department:** State Govt. bodies are not very professional to control the complex system of cooperative banks because of this, often delay takes place in taking major decisions. This automatically results in reduced efficiency of the banks.
4. **Different approach:** The Audit Grade given by RCS is mostly different from the gradation given by RBI. Not only this, many ratios calculated by both the authorities are different.
5. **Issue of Circulars:** RBI is regular in issuing circulars to Banks as and when required and these circulars are available immediately on the web site of the RBI. But this is not so in the case of circulars issued by the RCS.

Other problems - There are some other problemsother than above two types of problems being faced by UCBs.These are:

1. **Lacking in Professional attitude:**The UCB framework is lacking in professional attitude and approach not only at management level but also at operational level. RBI has taken several measures to infuse professionalism in these banks but they are not effective enough in spirit or in implementation.
2. **Poor Salary & Wage Structure:**Highly professional staff is not eager to work in the UCBs due to their poor Wage Structure. This blocks the development of professional attitude and approach among them.
3. **No scope for self-development:**Since many UCBs happen to be small in size, there is no scope for the staff for further promotion to higher positions. Many employees retire in the same grade as they were appointed in. This becomes monotonous and kills their aspirations to make progress in the banking field.
4. **Concentration of Powers:** In some UCBs the powers are centralized in the hands of a few Directors.These powerful directors works as per personal interest and not in the interest of the bank. Also majority of the directors hold the office for years and sometimes office bearers' post passes from father to son or to members of the same family.
5. **Interference of Board Members in the working of the Bank:** Though RBI has issued guidelines to Board not to interfere in the day-to-day working of the Bank, many directors are not inspired by these guidelines and think that it is their right to get the work from the staff as they desire. This obstructs personality development of the staff.
6. **Political Interference:** Many UCBs are under the control of political leaders. The decisions taken by such persons are not in the interests of the bank but always guided by some political motives or goals.

Measures expected to be taken by the Government

1. **Assistance to sick UCBs:** Government should take up rehabilitation of weak and sick UCBs. It should provide those Loans & Advances to be repaid on long term basis as and when required.
2. **Income Tax rebate:** It should exempt UCBs from paying Income Tax. If this is not feasible, then they should be given at least a few more years' tax holiday. Even if tax is to be imposed, it should be at a far lesser rate than that for other banks.
3. **Deputation of Government officers on Board:** It should depute Government Officers with good knowledge and experience of co-operative banking, on Boards to improve the overall health of the bank.
4. **Exclusive Laws for UCBs:** The Government should frame specific laws for UCBs which will help them to recover loans and advances from the borrowers without any scope for wilful defaulters.
5. **Pay Fixation:** The Government should fix Salary & Wages of Urban Bank staff at par with State Government salaries which will definitely boost the morale and efficiency of the working staff and they will give better service to the banks' customers.
6. **Eligibility criteria for Directors:** The Government fix eligibility criteria for the minimum qualifications and experience for appointment as directors of UCBs. At least 50% of the total Directors should have banking experience.

Measures expected to be taken by RBI

1. **Regular inspections by RBI:** Regular inspection of banks should be done by RBI to improve overall health of all Banks. They should do detailed scrutiny so as to make the banking operations defect free.
2. **Qualification & Experience of Directors and Staff:** RBI should fix minimum qualification of chairman and vice –chairman having professional experience of bank. Likewise, some regulatory framework, as regards educational qualifications and experience should be fixed for appointment of clerical staff and officers.
3. **Training Centers at RBI Regional Offices:** RBI should arrange training programs round the year, for the staff of Urban Banks at affordable fees so that these employees will be better equipped to cope with the changing trends in banking.
4. **Single Regulator:** cooperative banks are managed by co-operative department and RBI both. It will be preferable to place them under the single control of RBI

which will bring qualitative improvement in the working of UCBs.

5. Knowledge Support to UCBs: RBI should appoint a full time officer at every regional office, possessing good knowledge of all rules and regulations applicable to UCBs and local language, to solve the problems of UCBs.

6. Exchange of Information & Experience: There is need for an exchange of information and experience between the various UCBs working in the area, and the promotion and creation of co-operative.

7. Social Obligations: Being a part of society every bank has to meet its social obligations. Bank can use their surplus funds for the upliftment of the people living in nearby areas. This will help to maintain good relations with the people in the area and ultimately benefit the bank

Conclusion : UCBs plays an important role in the Indian Financial system. In view of growing networking of UCBs and their utility in financial uplift and financial inclusion there is a need of separate umbrella organization which work exclusively for UCBs also there is a need to take measures like efficient organization system, trained and qualified staff, revised salary structure to staff, training of employees, computerization of its branches, issue of financial package to the banks by RBI, lessening burden of dual control, Professionalization in management, inculcating good corporate governance culture, technology absorption and scrupulous adherence to regulatory framework. For the sustainable development urban cooperative banking sector will learn from its past experiences and adapt them according to competitive and changing environment.

References :-

1. An Information Booklet on Urban Cooperative Banks, their Problems, Expectations and Remedies :An Information Booklet on Urban Cooperative Banks, Edition : January, 2013,ISBN : 978-81-8441
2. Biradar and Rao, "Ict Practices Of Banks: A Study Of Cooperative Banks In Belgaum, Karnataka"IOSR Journal of Economics and Finance (IOSR-JEF) e-ISSN: 2321-5933, p-ISSN: 2321-5925 PP 08-11 www.iosrjournals.org
3. Raveendran P.V. (PuthiaVeettil), 2006"History of urban cooperative Banks" A study on the management of funds in urban co-operative banks in Kerala, Thesis. Department of Commerce and Management Studies, University of Calicut
4. Babu and Selkhar,(2012), The Emerging Urban Co-Operative Banks (Ucbs) In IndiaIOSR Journal of Business and Management (IOSRJBM) ISSN: 2278-487X Volume 2, Issue 5 (July-Aug. 2012), PP 01-05, www.iosrjournals.org
5. Bahulal and Dhanna, (2017) **"**A Study on Co-operative Banks with special reference to Himachal Pradesh Co-operative Bank"IOSR Journal Of Humanities And Social Science (IOSR-JHSS) Volume 22, Issue 12, Ver. 7 (December. 2017) PP 67-73 e-ISSN: 2279-0837, p-ISSN: 2279-0845,www.iosrjournals.org
6. Report on Trend and Progress of Banking in India,(2003-04 **),**Developments in Co-operative Banking
7. Gupta and Jain,(2012), " A study on Cooperative Banks in India with special reference to Lending Practices", International Journal of Scientific and Research Publications, Volume 2, Issue 10, October 2012, ISSN 2250-3153
8. Ramu N,(2011),Financial performance of urban cooperative banks(A study with reference to Tamil Nadu),Research Line, Volume IV, No.1, January-June 2011
9. RBI Report on Trend and Progress of Banking in India 2016-17, "Development in cooperative Banking"
10. SoyeliyaUsha L, (2013), "A study on Co-operative Banks in India", International Journal of Research in Humanities and Social Sciences Vol. 1, Issue: 7, September 2013,ISSN :(P) 2347-5404 ISSN:(O)2320-771X
11. Bhaskaran R and Praful Josh P (2000), "Non-Performing Assets (NPAs) in Co-operative Rural Financial System: A major challenge to rural development", Birds s Eye View Dec.2000.
12. DuttaUttam and BasakAmit (2008), "Appraisal of financial performance of urban cooperative banks- a case study." The Management Accountant, case study, March 2008, 170-174.
13. Annual Report 2016- 17- Reserve Bank of India.
14. Annual Report 2015- 16 Reserve Bank of India.

****

साहित्य में भाषा शिक्षण की उपादेयता

डॉ. धीरेन्द्र सिंह *

प्रस्तावना – समाज यदि भाषा की निर्मित में सहायक है तो भाषा भी अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटती, बल्कि एक स्वस्थ एवं सभ्य नागरिक का निर्माण करती है, जो किसी भी राष्ट्र के निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता है। भाषा व्यक्ति के व्यक्तित्व का ही निर्धारण नहीं करती अपितु उसे संस्कारवान भी बनाती है जो उसकी प्रगति का अहम हिस्सा साबित होती है। भाषा के संबंध में आमधारणा है कि वह सम्प्रेषण का माध्यम मात्र है किन्तु इसे वैचारिकता के धरातल पर सोचने, परखने की आवष्यकता है। इसके लिए हमें भाषा की भूमिका को ठीक प्रकार से समझने और समझाने की ज़रूरत है। भाषा के बहुआयामी पक्षों यथा (साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, मनोवैज्ञानिक, संरचनागत, सौन्दर्यशास्त्रीय) के पड़ताल की आवश्यकता है जिससे भाषा के मर्म को समझा जा सके।

बच्चे में जन्मजात भाषिक क्षमता होती है जिसके कारण बच्चा नई भाषा को आसानी से सीख सकता है किन्तु भाषा शिक्षण के समय फोकस विषयवस्तु पर होना चाहिए न कि शब्द संरचना (व्याकरण) पर। वैश्वीकरण के इस युग में सर्वाधिक संकट भाषा पर ही मंडरा रहा है। कई बड़ी-बड़ी अन्तर्राष्ट्रीय शक्तियाँ भाषा को भ्रष्ट करने में लगी हुई हैं। इनकी नज़र विश्व बाज़ार पर है। इन महाषक्तियों द्वारा एक भ्रम फैलाया जा रहा है कि वे ऐसी अन्तर्राष्ट्रीय भाषा का निर्माण कर रही हैं जिससे मनुष्य-मनुष्य के बीच दूरियाँ कम होंगी। वह एक सोची समझी चाल है ताकि वे अपने विश्व बाज़ार के उद्देश्य को सुनिश्चित कर सकें। इसके भुलावे में आने वाले लोग अतिउत्साहित होकर भाषा के इस शंकर रूप में ही दुनिया की सच्ची मुक्ति व उसे प्रगति के लिए अनिवार्य मानते हैं किन्तु सत्य कुछ और ही है।

उत्तर – आधुनिक समय में हुए भाषिक व सांस्कृतिक अमूल्यन को भी देखना होगा। भूमण्डलीकरण ने बाज़ारवादी मूल्यों और संस्कृति के साथ भाषा को अपना पहला हथियार बनाया है। भाषा मनुष्य की सांस्कृतिक अस्मिता की पहली सशक्त अभिव्यक्ति होती है, जिसकी जड़े बहुत गहरी होती हैं। भूमण्डलीकरण ने जहाँ एक ओर सभ्य और शिक्षित समझी जाने वाली जनता को आकर्षित कर लिया है, वहीं दूसरी ओर ठीक इसके विपरीत कृषक, मज़दूर तथा स्त्रियाँ इस आकर्षण के बाहर अपनी संस्कृति और भाषिक अस्मिता को बनाए हुए हैं। किसी भी समाज के सांस्कृतिक पहचान को बनाने और बचाए रखने में लोक की अहम भूमिका है। लोक में भी विशेष रूप से स्त्रियाँ पारंपरिक गीतों, श्रमाधारित गीतों, ऋतु गीतों आदि के माध्यम से भाषा के निर्माण व विकास तथा उन्हें संरक्षित, संवर्धित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। प्रत्येक प्रकार के प्रतिरोध की जीवंत प्रक्रिया लोक में देखी जा सकती है।

साहित्य को समझने में भाषा शिक्षण की अहम भूमिका है। भाषा शिक्षण द्वारा साहित्य को रूचिकर एवं बोधगम्य बनाया जा सकता है। एक तरफ भाषा हमारी विचार प्रक्रिया को सुव्यवस्थिति एवं समृद्ध करती है, तो दूसरी तरफ हमें मुक्त भी करती है। हमें ज्ञान व कल्पना की अनखोजी दुनिया में ले जाती है, जहाँ व्यक्ति स्वतंत्र भाव से अपनी रचनात्मकता को आकार देता है। साहित्य भाषा की जटिलता को दूर कर आमजन के लिए ग्राहय बनाता है। साहित्य की भूमिका को रेखांकित करते हुए प्रेमचंद लिखते हैं – 'साहित्य का उद्देश्य जीवन के आदर्श को उपस्थित करना है जिसे पढ़कर हम जीवन में कदम-कदम पर आने वाली कठिनाईयों का सामना कर सकें। अगर साहित्य से जीवन का सही रास्ता न मिले, तो ऐसे साहित्य से लाभ ही क्या? जीवन की आलोचना कीजिए – चाहे चित्र खींचिए, आर्ट के लिए लिखिए चाहे ईश्वर के लिए, मनोरहस्य दिखाइए, चाहे विश्वव्यापी सत्य की तलाश कीजिए – अगर उससे हमें जीवन का सच्चा मार्ग नहीं मिलता, तो उस रचना से हमारा कोई फायदा नहीं। साहित्य न चित्रण का नाम है, न अच्छे शब्दों को चुनकर सजा देने का, न अलंकारों से वाणी को शोभायमान बना देने का। ऊँचे और पवित्र विचार ही साहित्य नाम की जान हैं।' [1]

भारत जैसे भाषाई बहुलतावादी राष्ट्र में अनेक भाषाएँ मिलकर ही एक समृद्ध राष्ट्रीय अस्मिता का निर्माण कर सकती हैं भाषा के मूल्यवान तत्वों द्वारा ही एक ऐसी राष्ट्रीय चेतना निर्मित की जा सकती है, जिसके बलबूते साम्राज्यवादी, औपनिवेशिक ताकतों से मुकाबला किया जा सके। बहुभाषिकता अपने समय का एक अन्वेषण है और परिवर्तन भी। एक आदर्श शिक्षक के लिए बहुभाषिकता का होना अनिवार्य है अन्यथा वह अपने विद्यार्थियों को समयानुकूल शिक्षण नहीं दे सकता। शिक्षक का कार्य मात्र ज्ञान देना नहीं है बल्कि उसे अपने शिक्षार्थियों के मानस में एक ऐसी चेतना शक्ति का विकास करना है जिससे वह चीज़ों को देखने का एक खास नज़रिया विकसित कर सके। आज का समय प्रतिस्पर्धा का है प्रत्येक क्षेत्र में अपनी सषक्त उपस्थिति दर्ज करनी होगी। विश्व संस्कृति और उसके विविध स्वरूपों की जानकारी हेतु बहुभाषिकता का ज्ञान आवश्यक है जिससे तथ्यों को आसानी से ग्रहण किया जा सके। बहुभाषिकता के अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए रमाकांत अग्निहोत्री जी लिखते हैं – 'बहुभाषिकता इंसान होने की पहचान है। जो लोग कहते हैं कि वे एक ही भाषा जानते हैं, वे भी वास्तव में बहुभाषी होते हैं। बहुभाषी होने का एक अर्थ यह भी है कि मैं अंग्रेज़ी, फ्रेंच और जर्मन बोलने वालों से इन्हीं भाषाओं में बात करता हूँ। लेकिन बहुभाषी होने का अर्थ यह भी एक ही मैं अपनी एक ही भाषा में ऐसी 'फाइन ट्यूनिंग' करना जानता हूँ कि उसी भाषा में अपने पिता से एक तरह से बात करता हूँ, अपनी माँ से दूसरी तरह से बात करता हूँ, अपने बच्चे से तीसरी तरह से बात करता हूँ, और अपनी कक्षा के छात्रों से चौथी तरह से बात करता हूँ और जब लिखता हूँ या विद्वानों की सभा में बोलता हूँ, तो पांचवीं तरह से बात करता हूँ। यह भी बहुभाषिकता है।' (रमेश उपाध्याय- भाषा और भूमंडलीकरण)

*असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी) क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल (म.प्र.) भारत

साहित्य और भाषा में अन्योन्याथित संबंध है। एक ओर जहाँ भाषा साहित्य का अवलम्ब है वहीं दूसरी ओर साहित्य भाषा की समृद्धि का द्योतक है। भाषा के अभाव में साहित्य की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। साहित्य मात्र विचारों, भावों व जीवन की यथार्थ स्थिति का चित्रांकन नहीं है बल्कि अनुभूति एवं अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी है। मार्क्सवादी समीक्षक डॉ. नामवर सिंह साहित्य और साहित्यकार के कर्मनिष्ठ सौन्दर्य की पक्षधरता करते हुए उसकी महत्ता को रेखांकित करते हैं। उनका मानना है कि – 'साहित्यकार की गहराई इस बात में है कि वह सतह को तोड़ता है और इस तरह वह भ्रमों को हटाकर वास्तविकता का सही रूप उद्घाटित करता है। उद्घाटन कार्य ही साहित्यकार का रचना कार्य है – वास्तविकता का निर्माण वह उद्घाटन से ही करता है।' [2]

साहित्य मनुष्य में संस्कारवान बनने, सामाजिक विवेक पैदा करने तथा उसके हृदय को पूर्वाग्रह मुक्त बनाने की प्रेरणा देता है, जिससे मनुष्य में जीवन के प्रति सौन्दर्यबोध एवं भविष्य के बेहतरी की संकल्पना निहित होती है। वह जीवन एवं प्रकृति के गूढ़तम रहस्यों को खोलने और संस्कृति से भटके समाज की स्मृति को चेतनाशील बनाने का काम भी करता है। प्रत्येक युग का साहित्य अपने समय, समाज व भाषा का परिचायक होता है। श्रेष्ठ साहित्य वही हो सकता है जिसमें अपने समय और समाज की यथार्थ स्थिति का परिघटन किया गया हो, अन्यथा वह आनन्द का माध्यम मात्र बनकर रह जाता है। साहित्य में बौद्धिकता के बजाय भावप्रवणता को मूल गुणधर्म मानने वाले समकालीन चिंतक डॉ. विजय बहादुर सिंह साहित्य और उसके अध्येता की ओर जनमानस का ध्यान आकष्ट कराते हुए लिखते हैं – 'हमारे साहित्य के अध्यापक भी न जाने क्यों यह मानने लग गए हैं कि अन्य ज्ञान–विज्ञान शास्त्रों की तरह साहित्य भी एक ज्ञान प्रकार और ज्ञानधारा है। वे यह भूल गए हैं कि साहित्य अपनी आधारभूत प्रकृति में बुद्धि जनित व्यापार नहीं है। विपरीत इसके वह भाव प्रेरित मानसिक व्यापार है।' [3]

साहित्य और भाषा के शिक्षक के लिए शब्दों की पूरी परम्परा का ज्ञान होना नितांत आवश्यक है। चूँकि साहित्य के पठन–पाठन से ही हम भाषा की अभिव्यंजनात्मक शक्ति से परिचित हो पाते हैं। साहित्य से मनुष्य का हृदय विकार मुक्त होता है साथ ही सामाजिक सरोकार से नज़दीकी बढ़ती है। साहित्य, समाज और संस्कृति के मूल्यांकनकर्ता आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की मान्यता है कि – 'मैं साहित्य को मनुष्य की दृष्टि से देखने का पक्षपाती हूँ। जो वाग्जाल मनुष्य को दुर्गति, हीनता और परमुखापेक्षिता से बचा न सके, जो उसकी आत्मा को तेजोद्दीप्त न बना सके, जो उसके हृदय को परदु:खकातर और संवेदनशील न बना सके, उसे साहित्य कहने में मुझे संकोच होता है।'[4]

भाषा के बेहतर ज्ञान की परख के लिए साहित्य की शिक्षा ज़रूरी है। मुख्य भाषा के साथ–साथ क्षेत्रीय या लोक भाषाओं की जानकारी होना भी आवश्यक है। किसी भी भाषा की मजबूती का आधार उसकी क्षेत्रीय बोलियाँ होती हैं जिसमें अपार ज्ञान राशि संचालित रहती है। विद्यार्थियों को क्षेत्रीय भाषाओं के ज्ञान से जोड़ना व लाभान्वित करना ज़रूरी है जिससे उनका समन्वित विकास हो सके।

साहित्य मनुष्य को सामाजिक एवं संवेदनशील बनाता है। साहित्य की इसी विशेषता को परखते हुए आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी कहते हैं – 'जो साहित्य मनुष्य समाज को रोग–शोक, दारिद्र्य, अज्ञान, तथा परमुखापेक्षिता से बचाकर उसमें आत्मबल का संचार करता है, वह निश्चय ही अक्षय निधि है। उसी महत्वपूर्ण साहित्य को हम अपनी भाषा में ले आना चाहते हैं।' [5]

साहित्य पर भाषा का और भाषा पर साहित्य का बहुत ज़बरदस्त प्रभाव पड़ता है। भाषा द्वारा ही मनुष्य अपने जीवनानुभवों को वयक्त करता है जो कालान्तर में श्रेष्ठ साहित्य के प्रतिमान सिद्ध होते हैं।

दरअसल भारत जैसे भाषाई दृष्टि से बहुलतावादी राष्ट्र में विविध भाषाएँ मिलकर ही एक राष्ट्रीय अस्मिता का निर्माण कर सकती हैं। भाषाई मेल–जोल, आदान–प्रदान द्वारा ही एक राष्ट्रीय चेतना निर्मित की जा सकती है, जिसके आधार पर साम्राज्यवादी, दमनकारी ताकतों से मुकाबला किया जा सके। यह कार्य केवल एक भाषा द्वारा संभव नहीं हो सकता बल्कि समस्त भाषाएँ समन्वित रूप से संगठित होकर उस चेतना का निर्माण कर सकती हैं जिससे सम्पूर्ण राष्ट्र का गौरव और अस्मिता प्रतिबिम्बित हो सके।

साहित्य मनुष्य को सामाजिक एवं मानवीय बनाता है। सामाजिक संदर्भ के बगैर रचना की परिकल्पना नहीं की जा सकती। सामाजिक वास्तविकताएं कल्पना के साँचे में ढलकर साहित्य का रूप ग्रहण करती हैं इसलिए सामाजिक वास्तविकताओं के बदलने से साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता जाता है। इसीलिए भाषा और साहित्य के शिक्षक का यह दायित्व है कि वह साहित्य समाज और भाषा के अटूट संबंध को ध्यान में रखते हुए नवीन प्रवृत्तियों व विचार धाराओं से खुद परिचित हों और अपने छात्रों से भी परिचित कराए। भाषाई प्रश्न को हमें राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़कर तार्किक रूप से समझना चाहिए। भाषा को सिर्फ साहित्य तक ही जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए अपितु अन्य अनुशासनों से मिलाकर देखा जाना चाहिए। अन्य अनुशासनों से मिलकर ही सामाजिक संकट से मुकाबला किया जा सकता है। भाषाई स्तर पर अभी भी हमारी मानसिकता गुलामी की है। जब हम अपनी भाषा के बारे में स्वतंत्र मानसिकता से ही विचार करेंगे तब तक हम पिछड़े ही रहेंगे। भाषा और समाज के आपसी रिश्ते से परिचित कराते हुए अजय तिवारी लिखते हैं – 'भाषा शब्द और वाक्य दोनों से बनती है। जैसे व्यक्ति और समाज दोनों से मनुष्यता बनती है। जैसे शब्द कभी अकेला अर्थवान नहीं होता। व्यक्ति कभी भी अकेला मनुष्य नहीं होता। समाज मनुष्य की व्यवस्था है। वाक्य भाषा की व्यवस्था है। व्यक्ति समाज की इकाई है, शब्द भाषा की इकाई है। इसलिए सामाजिक संबंध व्यवस्था के विकास के साथ भाषा की अर्थपरकता भी विकसित होती है।' [6]

शिक्षण के समय अध्यापक को निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना चाहिए –

1. अध्यापक केवल विषय वस्तु तक ही सीमित न रहे बल्कि अपने ज्ञान को अपडेट कर सूचनाओं का नवीनीकरण करे।
2. शिक्षण से पूर्व छात्रों की अभिवृत्ति को सकारात्मक बनाने का प्रयास करे।
3. कक्षा शिक्षण को जीवन के व्यवहारिक अनुभवों से जोड़कर देखे।
4. शिक्षण व्यापक एवं सतत मूल्यांकन परक हो।
5. साहित्य विचार और सूचना मात्र नहीं है अपितु व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास का सर्वोत्तम साधन है। कबीर का व्यवहारिक अनुभव, तुलसी की समन्व्य वादी चेतना, प्रेमचंद का गोदान केवल विषय की जानकारी ही नहीं देते अपितु उनके पात्रों का चरित्र जनमानस को परिभाषित भी करता है।
6. कक्षा का शिक्षण केवल पंक्तियों की व्याख्या कर देना मात्र नहीं है बल्कि उस अर्थ की प्रतीति कराना है जिसे साहित्यकार जनमानस में संप्रेषित करना चाहता था।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि हमें साहित्य और भाषिक शिक्षण इन पर पृथकश:

नहीं बल्कि समवेत चिंतन करना होगा। इनके समन्वित अध्ययन अनुशीलन से हमारी चेतना परिष्कृत होगी और परिष्कृत चिंतन ही सच्चे साहित्य की निष्पत्ति का निमित्ता हो सकता है तथा सच्चा साहित्य ही समाज और राष्ट्र की सांस्कृतिक अस्मिता को संरक्षित और संवर्द्धित कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्यामसिंह शशि – साहित्य और समाज, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास भारत, पृष्ठ सं. 07
2. डॉ. नामवर सिंह – इतिहास और आलोचना, राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पृष्ठ सं. 15
3. डॉ. विजह बहादुर सिंह – स्कूल दूसरा घर, श्रेया प्रकाशन, इलाहाबाद, पृष्ठ सं. 36
4. हजारी प्रसाद द्विवेदी – अशोक के फूल, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, पृष्ठ सं. 143
5. वही, पृष्ठ सं. 144
6. हिन्दी शिक्षण नए भविष्य की तलाश – (सं.) शंभुनाथ, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा, पृष्ठ सं. 234

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

मध्यप्रदेश के धार जिले में स्वरोजगार की सम्भावनाएँ और वित्त प्रबन्ध हेतु सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाएँ - एक अध्ययन

डॉ. सुरेन्द्र कुशवाह *

प्रस्तावना - मध्यप्रदेश के धार जिले की अर्थव्यस्था कृषि के साथ-साथ जिले में चल रही औद्योगीकरण से भी जुड़ी हुई है बढ़ती हुई जनसंख्या का दबाव एवं परिवर्तित होती संस्कृति तथा जीवनशैली के कारण लोगों के लिए सीमित आय में जीवन निर्वाह करना असम्भव प्रतीत होने लगा है। वर्तमान अर्थव्यवस्था सेवा प्रधान बन गई है और स्वरोजगार अर्थव्यस्था का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। जैसे-जैसे सरकारी क्षेत्र में नौकरियां कम होती जा रही है वैसे-वैसे स्वरोजगार एवं लघु उद्योगों का महत्व बढ़ रहा है। स्वरोजगर शुरू करने में अधिक धन की आवश्यकता जैसे कठिन प्रश्न सरल हो गये है।स्थानीय संसाधनों के आधार पर छोटे-छोटे उद्योग शुरू किए जा सकते है।उद्यमिता विकास केन्द्र और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों पर विशेष रूप से बनाई गई ऐसे छोटे और कुटीर उद्योगों की सूचियां मौजूद है,जो उस क्षेत्र में सफलता पूर्वक संचालित हो सकते है। न केवल उद्योगों के नामों की जानकारी उपलब्ध है,वरन कच्चे माल, पूँजी, श्रमशक्ति, मशीनों,बाजारों की सम्भावना आदि की भी विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। विभिन्न योजनाओं के तहत स्वरोजगार हेतु लघु/कुटीर उद्योग शुरू किए जा सकते है।

जिले में कुल कार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत 46.73 है जिसमें मुख्यत:73.70 कृषक+खेतिहर मजदुर शामिल है। जिससे यह स्पष्ट है कि जिले में अन्य उद्योगों में जनसंख्या का प्रभाव काफी कम है। जिले में छुपी बेरोजगारी भी एक समस्या है जिसका पता लगाना तथा उसे कम करना भी एक अहम दायित्व है इसी दृष्टिकोण से जिले में उपलब्ध औद्योगिक वातावरण, प्राकृतिक एवं मानवीय संसाधन अंधोसरचना तथा शासन की विकास नीतियों के आधार पर कृषि, वनोपज, पशुधन पर आधारित उद्योगों के साथ-साथ मांग तथा कौशल पर आधारित उद्योगों की सम्भावनाओं को सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

अध्ययन का उद्देश्य - मध्यप्रदेश में बडती बेरोजगारी को दूर करने के मददेनजर सरकार द्वारा युवाओं के लिए उपलब्ध अवसर एवं वित्त प्रबंन्ध हेतु क्रियान्वित योजनाओं-स्वरोजगार पर प्रकाश डालना है।

अध्ययन का विधि - प्रस्तुत शोध पत्र द्वितीयक समंक पर आधारित है इसके लिए उद्योग निती तथा स्वरोजगार हेतु उन विभिन्न क्षैत्रो को सम्मिलित किया गया है जिसके अंतर्गत प्रदेश का युवा रोजगार-स्वरोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकता है। स्वरोजगार - उद्योग/सेवा/व्यवसाय क्षेत्र से संबंधित इकाई की स्थापना हेतु उद्यमियों को आवश्यक पूंजी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा क्रियान्वित करवाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना तथा मुख्यमंत्री उद्यमी योजना आदि पर भी प्रकाश डाला है ताकि युवा उद्यमी इन योजनाओं का लाभ उठा सके।

अध्ययन का क्षेत्र व सिमाऐं - मध्यप्रदेश में स्वरोजगार की सम्भावनाएॅ और वित्त प्रबंध हेतु सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाएॅ विषय पर अध्ययन हेतु म.प्र. के पिछडे धार जिले को आधार बनाया है। प्रस्तुत अध्ययन में वित्त प्रबंन्ध हेतु क्रियान्वित उन्हीं योजनाओं को सम्मिलित किया है जो जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित कि जा रही है।

प्रदेश में रोजगार/स्वरोजगार के सम्भावित क्षेत्र - स्वरोजगार के तीन स्वरूप है उद्योग,सेवा तथा व्यवसाय इन्ही के आधार पर जिले में व्याप्त विकास की प्रबल सम्भावना को वर्गीकृत किया जा सकता है।

औद्योगिक विकास के क्षेत्र में रोजगार/स्वरोजगार की संभावनाएँ - मध्यप्रदेश के धार जिले में युवा उद्यमी स्वयं का लघु/मध्यम उद्योग जिले में उपलब्ध अधोसंरचना को दृष्टिगत रखते हुए स्थापित कर न केवल स्वयं रोजगार प्राप्त कर सकते हैं बल्की अन्य बेरोजगार युवाओं ही रोजगार उपलब्ध करवा सकते है। जिले में सम्भावित उद्योगों की पहचान के लिए निम्नलिखित मापदण्डो को ध्यान में रखना चाहिए।

1. जिले में उपलब्ध कच्चा माल एवं प्राकृतिक संसाधन
2. वर्तमान औद्योगिकीकरण
3. उपलब्ध मानव संसाधन एवं कुशलता
4. तकनीकी उपलब्धता
5. विपणन व्यवस्था
6. परिवहन एवं संसार साधन
7. स्थानीय मांग पूर्ति

जिले में उपलब्ध पहलू को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित उद्योगों की अच्छी सम्भावनाएं मालूम पड़ती है।

(क) कृषि पर आधारित उद्योग - धार जिलें की लगभग 73.70 प्रतिशत आबादी कृषि एवं खेतिहर मजदुरी से सम्बन्धित है। इस क्षेत्र में युवा उद्यमी अदरक का तेल व अदरक का पावडर, टोमेटो उत्पाद व टोमेटो पेस्ट/पल्प ,मक्का से लिक्विड ग्लूकोज तथा मक्का का तेल, केले की प्रोसेसिंग, दाल मिल, आटा चक्की, पापड़ बड़ी, फुड प्रोसेसिंग, पशु आहार, बेसन मिल, मक्के का पोहा, मुर्गी का चारा, आचार उद्योग, सोया एक्सट्रेक्शन प्लांट, सोया बड़ी निर्माण, सोया मीट, मसाला उद्योग, जेम,जैली,साँस निर्माण, तेल निर्माण ,शक्कर उद्योग, कॉटन मील आदी की ईकाइ स्थापित कर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते है।

(ख) मांग पर आधारित उद्योग - इन्हें पॉच भागों में विभक्त कर स्पष्ट

* (वाणिज्य विभाग) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.) भारत

किया जा सकता है।

(अ) रसायन पर आधारित उद्योग – इन उद्योगों में प्लास्टिक थैली बनाना, डिटर्जेन्ट साबुन, प्लास्टिक बनाना, वाशिंग पाउडर, सुगंधित हैयर आईल, ग्रीस उत्पाद, प्लास्टिक ग्रान्युअल्स, एडेसिव्ह टेप उत्पाद, टायर रिट्रेडिंग, प्लास्टिक खिलोने, फिनाईल बनाना, रिचार्जेबल टार्च, कॉडबोर्ड बावसेस, कापी नोटस/रजिस्टर बनाना, प्रिंटिंग प्रेस, हवाई चप्पल बनाना, एयर फ्रेशनर उत्पाद, पेपर सोफे बनाना, केबल वायर निर्माण, रिफाईण्ड लुब्रिकेटिंग आइल बनाना, इंक बनाना, पेन निर्माण उद्योग, स्टेशनरी आयटमस, बीअर इण्डस्ट्रीज, सर्जिकल कॉटन एवं बेण्डेज निर्माण, सोडियम सिलिकेट आदी की ईकाइ स्थापित की जा सकती है।

(ब) इलेक्ट्रीकल/इलेक्ट्रानिक उद्योग – इसके अन्तर्गत युवा उद्यमी म्यूजिकल इन्स्ट्रमेंट, इलेक्ट्रिक मीटर, रेडियो/टी.वी.असेम्बलिंग, इलेक्ट्रानिक खिलोने, म्युजिकल वाचेस बनाना, विद्युत मोटर निर्माण, इमरजेन्सी लाइट का निर्माण, पंखे, मिक्सर, ग्राईंडर आदि निर्माण, छोटे/बड़े बल्ब तथा सीरिज का निर्माण की ईकाइ स्थापित कर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते है।

(स) वनोपज पर आधारित उद्योग – वनोपज पर आधारित अगरबत्ती उद्योग, आइस्क्रीम स्ट्रीक्स, मधुमक्खी/पालन शहर संग्रहण, आंवले की लुगदी, लाख निर्माण, गोंद निर्माण, बांस की टोकरियां बनाना, खेलकूद के सामानों का उत्पाद, झाडू निर्माण, बीड़ी उद्योग, आयुर्वेदिक औषधी निर्माण, जडी बूटी का संग्रहण, कोकून फिडिंग, लकड़ी के फर्नीचर का निर्माण करना, ट्रक/बास की बॉडी तैयार करना आदि क्षेत्रों में स्वरोजगार की प्रबल सम्भावना विद्यमान है।

(द) मेकनिकल आधारित उद्योग – इसके अन्तर्गत हार्डवेअर, मेकनिकल वायर, छोटी लेथ मशीन, थ्रेसींग मशीन, स्टील मशीन, वासर ब्रश, अनाज भण्डार केठिया, बारबेड बायर निर्माण, कृषि उपकरण निर्माण, सर्वे उपकरण आदि तथा कुछ **अन्य निर्माणी ईकाइ** जैसे – बेग निर्माण, सीट कव्हर निर्माण, भवन निर्माण सामग्री, सीमेंट जॉली, हयूम पाईप्स, पैकेजिंग कार्य, चश्मे बनाना, पी.वी.सी.पाइप बनाना, ट्रेक्टर ट्राली बनाना, ऑटो पार्टस निर्माण, सीमेण्ट निर्माण/सीमेण्ट का अन्य सामान निर्माण, आटा चक्की व पाट मय कलपुर्जे निर्माण आदि के क्षेत्र में भी उद्यमीयों के लिए पर्याप्त सम्भावनाएं है।

व्यवसाय एवं सेवा क्षेत्र में विकास की सम्भावना – इसके अन्तर्गत निम्नलिखित व्यवसाय/सेवा इकाई स्थापित कर स्वरोजगार प्राप्त किया जा सकता है– स्क्रनी प्रिंटिंग की इकाई, ब्यूटी पार्लर इकाइ, फोटो कॉपी की इकाई/लेमीनेशन, दुपहिया वाहनों की सर्विसिंग, रीपेयरिंग, फास्ट फूड रेस्टोरेंट, व्यवसायिक कार्य हेतु फैक्समशीन, ऑटोमोबाइल बैटरी की रिपयेरिंग तथा रिचार्जिंग, टेलिविजन सैटस की रिपयेरिंग तथा सर्विसिंग, घरेलू विद्युतीय उपकरणों की मरम्मत तथा इलेक्ट्रीकल गुडस् स्टोर, बुक बाईडिंग की इकाई, मिनी ऑफसेट की इकाई, बैंड बाजा इकाई, प्रिंटिंग प्रेस की इकाई, डीजल फ्यूल पम्प/नोजल परीक्षण तथा सैटिंग इकाई, रेफ्रीजरेशन एवं एयर कण्डीशनिंग वर्कशाप, वीडीयों शूटिंग तथा वीडियों कैसेट निर्माण, बिजली की मोटरों,डायनुमा की मरम्मत तथा सर्विसिंग, विज्ञापन एजेन्सी, ट्रेक्टर ट्राली की सर्विसिंग/रिपयेरिंग हेतु इकाइयां, टेन्ट हाऊस की इकाई, चांदी के आभूषणों पर सोने की प्लेटिंग, हार्ड वेयर व पेंटर्स स्टोर की इकाई, छोटे–छोटे पुर्जो पर निकिल प्लेटिंग, सिलेण्डर/ब्लाक बोरिंग मशीन(लूना तथा मोटर साइकिलों आदि के सिलेण्डर्स की बोरिंग के लिये), मारूती सर्विस स्टेशन की इकाई, कम्प्यूटर साफ्टवेयर डेवलपमेंट एण्ड डाटा प्रोसेसिंग, ऑटो मोबाइल पार्टस तथा अन्य वस्तुओं पर जिंक प्लेटिंग, स्टोन पॉलिशिंग की इकाई, ईट निर्माण की इकाई, वेल्डिंग कार्य, छाता मरम्मत, जुता/चप्पल मरम्मत, एस.टी.डी/पी.सी.ओ., विभिन्न वस्तुओं को क्रय–विक्रय करने के स्टोर्स जैस–कपड़ा,स्टेशनरी, कटलरी, चुड़ी,किराना,नमकीन,दुग्ध/सामान,इलेक्ट्रानिक्स सामान,ऑटो पार्टस दुकान व्यवसाय क्षेत्र से सम्बधित है।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि धार जिले में साथ ही प्रदेश में अन्य जिलों में बेरोजगार युवक/युवतियां उपरोक्त उद्योग,सेवा या व्यवसाय से सम्बन्धित इकाइयाँ स्थापित कर स्वरोजगार प्राप्त कर सकते है तथा स्थापित इकाई में आवश्यकतानुरूप अन्य बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करा सकते है।

स्वरोजगार के चयन हेतु सम्बन्धिन व्यक्ति द्वारा परिवार की पृष्ठभूमि,शैक्षणिक योग्यता,प्रशिक्षण तथा आर्थिक स्थिती पर ध्यान देते हुए परियोजना क्षेत्र अर्थात लघु उद्योग,व्यवसाय या सेवा का चयन करना चाहिए परियोजना के चयन हेतु सुक्ष्म बाजार सर्वेक्षण अति आवश्यक है। इस हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र,उद्यमिता विकास केन्द्र,राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास केन्द्र,जिले का अग्रणी बैंक तथा लघु संगठन के अधिकारी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करते है।

परियोजना चयन के पश्चात हितग्राही को प्रशिक्षण लेना होता है साथ ही स्थान चयन करना तथा प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाना होती है। अंत में उद्यमी को नियोजित प्रयास करना होते है इस हेतु उद्यमी को–

1. चयनित इकाई का जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अस्थाई पंजीयन कराना।
2. नगर निगम/पंचायत से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करना।
3. म.प्र.विद्युत मण्डल से सहमति पत्र प्राप्त करना।
4. यदि परियोजनाओं की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित विभाग (उदाहरण,ड्रग,फूड,माइनिंग प्रदूषण निवारण मण्डल आदि) से लायसेंस प्राप्त करना।
5. मशीनों एवं कच्चे माल के कोटेशन बनवाना
6. आवश्यक मार्जिनमनी (स्वयं के अंशदान) एवं बैंक ऋण हेतु जमानतदार तैयार करना एवं
7. वित्तीय योजना का चयन एवं बैंक से सम्पर्क करना।

वित्त प्रबन्ध हेतु सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनायें :

(अ) केन्द्र सरकार द्वार क्रियान्वित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम – स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित करने के लिए नया प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम केन्द्र सरकार ने 15 अगस्त, 2008 से शुरू किया है, पूर्व में संचालित दो रोजगार कार्यक्रमों– प्रधानमंत्री की रोजगार योजना व ग्रामीण रोजगार सृजन कार्यक्रम का विलय इस नए कार्यक्रम में कर दिया गया है, इस नए कार्यक्रम को आर्थिक मामलों की मन्त्रिमण्डलीय समिति ने मंजूरी 14 अगस्त, 2008 को प्रदान की थी, सब्सिडी युक्त साख वाले इस कार्यक्रम के तहत् ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 'माइक्रो एंटरप्राइजेज' की स्थापना के जरिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

इस कार्यक्रम के तहत् माइक्रो एंटरप्राइज स्थापित करने के लिए ऋण लाभार्थी को उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसमें कुछ अंश सब्सिडी का होगा, विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख रू. तक व सेवा/व्यापार के क्षेत्र में 10 लाख रू. तक की परियोजनाएं इसके तहत् स्थापित की जा सकेगी. इसके लिए आय सीमा का कोई बन्धन नहीं होगा, किन्तु विनिर्माण क्षेत्र में 10 लाख रूपए

एवं व्यापार/सेवा क्षेत्र में 5 लाख रूपए एवं अधिक की परियोजनाओं के लिए लाभार्थी को कक्षा 8 वीं उर्त्तीण होना चाहिए, सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वंय वहन करना होगा, जबकि विषेष वर्गो (अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, शारीरिक विकलांग, एक्स–सर्विसमैन, पूर्वोत्तर–पर्वतीय एवं सीमावर्ती क्षेत्र के अभ्यर्थी) को 5 प्रतिशत स्वयं वहन करना होगा, शहरी क्षेत्रों में दिए गए ऋण में सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के मामले में 15 प्रतिशत तथा विशेष वर्गो के लाभार्थियों के मामले में 25 प्रतिशित भाग सब्सिड़ी के रूप में होगा, ग्रामीण क्षेत्रों में सब्सिडी का अंश इस मामले में क्रमश: 25 व 35 प्रतिशत होगा, PMEGP के अन्तर्गत वित्तीय (सब्सिडी) सहायता हेतु स्तर इस प्रकार है –

PMEGP के अन्तर्गत लाभार्थियों के वर्ग	**(परियोजना लागत का प्रतिशत)**		
	स्वंय योगदान	**सहायता दर**	
		शहरी क्षेत्र	**ग्रामीण क्षेत्र**
सामान्य	10 प्रतिशत	15 प्रतिशत	25 प्रतिशत
विशंष (अनु. जाति/अनु. जनजाति/अ.पि. व./ अल्पसंख्यक/महिला/पूर्व सैनिक/शारीरिक विकलांग ,उत्तर पूर्व क्षेत्र, पहाड़ी एवं सीमावर्ती क्षेत्र	05 प्रतिशत	25 प्रतिशत	35 प्रतिशत

इस योजना का कार्यान्वयन केवीआईसी एक्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में खादी एवं ग्रामोद्योग द्धारा तथा शहरी क्षेत्रों में डिस्ट्रिक्ट इण्डस्ट्रीज सेंटर (DIC) द्धारा किया जाएगा, राष्ट्रीय स्तर पर योजना के कार्यान्वयन हेतु सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मन्त्रालय के अधीन वैधानिक निकाय–खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग एकमात्र नोडल एजेंसी निर्धारित की गई है। जहॉ से उद्यमी आवश्यकतानुसार समस्त ओपचारिकताओं को पुरा करे किसी भी बैंक से स्वरोजगार हेतु ऋण प्राप्त कर सकता है।

ब. मध्यप्रदेश सरकार द्धारा क्रियान्वित योजना – म.प्र. राज्य शासन द्धारा केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं को छोडकर वर्तमान में प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, दीनदयाल रोजगार योजना, रानी दुर्गावती अजाध्अजजा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री आर्थिक विकास योजना, अंत्योदय स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री कारीगर स्वरोजगार योजना, माटी कला योजना, टंटया भील स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री साईकिल रिक्शा चालक कल्याण योजना, मुख्यमंत्री हाथठेला चालक योजना, मुख्यमंत्री स्टीट वेण्डर कल्याण योजना एवं मुख्यमंत्री केश शिल्पी योजना सहित स्वरोजगार की सभी योजनाए निम्नानुसार 3 योजनाओं में समाहित कर दिया गया जो इस प्रकार है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना – 1 अगस्त 2014 से क्रियान्वित इस योजना अंतर्गत उद्यमी के प्रशिक्षण का भी प्रावधान होगा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की अर्हता एवं वित्तीय सहायता संबंधी प्रावधान निम्नानुसार होगे।

- **परियोजना लागत –** रूपये 10 लाख से रूपये 01 करोड तक
- **पात्रता :–**

आयु – 18–40 वर्ष
शैक्षणिक योग्यता – न्यूनतम दसवी कक्षा उतीर्ण
आय सीमा – कोई बंधन नही

- **वित्तीय सहायता :–**

मार्जिन मनी सहायता – परियोजना के पूंजीगत लागत का 15 प्रतिशत अधिकतक रू 12 लाख
ब्याज अनुदान – पूंजीगत लागत पर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से अधिकतक 7 वर्षो तक
गारंटी फीस (सीजीटी)– प्रचलित दर से अधिकतम 7 वर्षो तक इस योजनांतर्गत
व्यापारिक गतिविधियॉ पात्र नही होगी।

उद्यमियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था के संबंध में सम्पूर्ण योजना बनाकर वित्त विभाग की अनुमति से संबंधित विभागो द्धारा आवश्यक कार्यवाही की जावेगी।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना – 1 अगस्त 2014 से क्रियान्वित इस योजना का मुख्य उद्देश्य योजना का लाभ केवल नवीन उद्यमों की स्थापना हेतु देय होगा। इस योजना के प्रावधान विभिन्न विभागों के लिए समान रहेगे। योजना की अर्हता एवं वित्तीय सहायता संबंधी प्रावधान निम्नानुसार होगे।

- **परियोजना लागत (वित्तीय सहायता) –** रूपये 20 हजार से रूपये 10 लाख
- **पात्रता :–**

आयु – 18–45 वर्ष
शैक्षणिक योग्यता – न्यूनतम पांचवी कक्षा उर्तीण स्व प्रमाणिकरण के आधार पर कोई बंधन नही

- **वित्तीय सहायता**

मार्जिन मनी सहायता – सामान्य वर्ग हेतु परियोजना लागत का 15 प्रतिशत अधिकतम रूपये 1 लाख बीपीएल/अजा/अजजा/अन्य पिछडा वर्ग (क्रिमीलेयर को छोडकर)/महिला/अल्प संख्यक/ निशक्तजन हेतु परियोजना लागत का 30 प्रतिशत अधिकतम रूपये 2 लाख
ब्याज अनुदान – प्रचलित दर से अधिकतम 7 वर्षो तक
गारंटी फीस (सीजीटी) – प्रचलित दर से अधिकतम 7 वर्षो तक

मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना – इस योजना के अंतर्गत समाज के सबसे गरीब वर्ग को कम लागत उपकरण तथाध्या कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जावेगी। योजना का लाभ केवल नवीन उद्यमों की स्थापना हेतु देय होगा। योजना की अर्हता एवं वित्तीय सहायता के प्रावधान निम्नानुसार होगे।

- **परियोजना लागत** – अधिकतम रूपये 20000
- **पात्रता :–**

आयु – 18–55 वर्ष
शैक्षणिक योग्यता – कोई बंधन नही
आय श्रैणी – बीपीएल (केश शिल्पी, स्टीट वेण्डर, हाथठेला चालक, साइकिल रिक्शा चालक, कुम्हार आदि)

- **वित्तीय सहायता**

मार्जिन मनी – परियोजना लागत का 50 प्रतिशत
सहायता – अधिकतम रूपये 10000

इस प्रकार उक्त योजनाओं का लाभ उठाकर युवा उद्यमी उद्योग विनिर्माण/सेवा/व्यवसाय की इकाई स्थापित करके स्वयं का रोजगार प्राप्त कर सकते है।

निष्कर्ष – उक्त अध्ययन से निष्कर्ष निकलता है कि उद्यमियों को किसी भी उद्योग की स्थापना एवं स्वरोजगार प्रारंभ करने हेतु किये जाने वाले नियोजित प्रयासों में निष्चित सफलता प्राप्त होती है किन्तु इसकी प्रक्रियों के विभिन्न चरणों में समय लगता है। अत: उद्यमी को धैर्य के साथ उत्साहवर्धक कार्य करना चाहिए।स्वरोजगार स्थापित करने हेतु उद्यमी शासन द्वारा प्रारंभ की गई विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना, अन्त्योदय स्वरोजगार आदि में से योग्यता व स्व-अर्हतानुसार योजना का लाभ ले सकता है। और लघु तथा अतिलघु उद्योगों की स्थापना कर स्वयं रोजगार प्राप्त कर दुसरे युवाओं को रोजगार प्रदान कर सकता है।

इस प्रकार उक्त अध्ययन से स्पष्ट होता है कि मध्यप्रदेश के पिछड़े जिलों में उपलब्ध प्राकृतिक एवं मानविय संसाधनों के आधार पर उद्योगिक विकास एवं स्वरोगार की प्रबल सम्भावनाएं विद्यमान है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मध्यप्रदेश शासन वाणिज्य, उद्योग एवं स्वरोजगार विभाग भोपाल प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (मार्गदर्शिका) मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना
2. लघु उद्योग सेवा संस्थान (लाल श्री एस. / लाड़े श्री डी.जी.) औद्योगिक सम्भावना सर्वेक्षण प्रतिवेदन
3. उद्यमीता विकास केन्द्र म.प्र. उद्यमी, उद्योग स्वरोजगार
4. विकास आयुक्त (लघु उद्योग) लघु उद्योग मंत्रालय भारत लघु उद्योग का जर्नल लघु उद्योग समाचार सरकार प्रकाशन
5. ई. इन्फो (डाटा ई) www.mp.industries.in, www. Mp.govt.in

****

अग्रणी बैंकों का आर्थिक विकास में योगदान

डॉ. मोनिका बापट *

प्रस्तावना – 'आर्थिक विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें दीर्घकाल में अर्थव्यवस्था की वास्तविक राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है।'
प्रस्तुत अध्याय में अग्रणी बैंकों का प्रदेश के विकास में योगदान का वर्णन निम्न बिन्दुओं के माध्यम से किया गया है –

1. कृषि के क्षेत्र में विकास
2. लघु उद्योगों के क्षेत्र में विकास
3. सेवा व स्वरोजगार के क्षेत्र में विकास

1. कृषि के क्षेत्र में विकास – क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश भारत का दूसरा एवं जनसंख्या की दृष्टि से सातवाँ बड़ा प्रदेश है। इसकी 74.73: जनसंख्या गाँवों में रहती है। उसकी आजीविका का मुख्य साधन कृषि है, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। भारत के अन्य राज्यों की तरह ही म.प्र. के कृषकों को सतत् कई वर्षो तक कृषि उत्पादों के व्यापार एवं मूल्य निर्धारण की जटिल समस्या से जूझना पड़ा। उन्हें उत्पाद की लागत और लाभ का समुचित मूल्य प्राप्त नहीं हो पाता था। किसानों के सतत् प्रयासों के निष्कर्ष स्वरूप सरकार द्वारा कृषि उपज मंडियों की स्थापना प्रत्येक जिले में की गयी जिनका नियमन राज्य सरकार द्वारा ही किया जाता है, इसी तारतम्य में प्रदेश सरकार द्वारा कृषि विश्वविद्यालयों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका नित नए अनुसंधान एवं कृषकों को प्रशिक्षण प्रदान कर निभाई है। प्रत्येक राज्य की भांति म.प्र. का कृषि वि.वि. जवाहरलाल नेहरू कृषि वि.वि. जबलपुर में स्थित है। किसान क्रेडिट कार्ड एवं किसान समस्या निराकरण केन्द्र अत्याधुनिक सुविधाऐं भी अब सरकार द्वारा कृषकों को प्रदान की जा रही है। जिसके द्वारा किसान को उत्तम क्वालिटी के बीज, सिंचाई के साधन व फसल को उन्नत बनाने हेतु ऋण प्रदान किया जाता है व किसान क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए वैयक्तिक दुर्घटना बीमे की भी सुविधा प्रदान की जाती है। यही इस योजना का महत्वपूर्ण पहलू है क्योंकि अच्छी फसल के अभाव में कर के बोझ के कारण किसानों द्वारा आत्महत्या करना एक विचारणीय प्रश्न बन गया है। जिसने सरकारी तंत्र को हिला कर रख दिया है। इस समस्या का समाधान बैंकिंग संस्थाओं के सहयोग द्वारा ही संभव हुआ है। मध्यप्रदेश में भी विभिन्न जिलों में स्थापित अग्रणी बैंक व उनके सहयोगी बैंकों के माध्यम से लक्ष्यों के अनुरूप ऋण प्रदान कर भारतीय अर्थव्यवस्था के आधार को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है।

2. लघु उद्योगों के क्षेत्र में विकास – आर्थिक व सामाजिक उन्नति के लिए औद्योगिकरण अत्यंत आवश्यक है। मध्यप्रदेश का औद्योगीकरण की दृष्टि से देश में 7 वाँ स्थान है। राज्य में उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी जिलों में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र स्थापना की गई है। प्रदेश में बड़े उपक्रमों में मुख्य रूप से भारत है – वी–इलेक्ट्रिकल लिमिटेड भोपाल, मलाजखण्ड ताँबा संयंत्र, बालाघाटा, नेशनल पेपर मिल्स नेपानगर आदि उल्लेखनीय है। राज्य के औद्योगिक विकास में मध्यप्रदेश राज्य उद्योग निगम, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम, मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम और मध्यप्रदेश वित्त निगम का सक्रीय योगदान रहा है। प्रदेश में उद्योगों के विकास हेतु अनेक नैसर्गिक संसाधन उपलब्ध है जिनमें है। सीमेंट उत्पादन में वर्तमान में मध्यप्रदेश का अग्रणी स्थान है। मध्यप्रदेश में भारी तथा मध्यमदर्जे के उद्योगों की संख्या लगभग 518 है और लघु उद्योगों की संख्या 2,64,000 है। मार्च तक राज्य में 826 कुटीर उद्योग है। नये मध्यप्रदेश गठन के पश्चात् वित्तीय साधनों व वैज्ञानिक कुशलता के अभाव के कारण प्राकृतिक संसाधनों का पूर्णरूप से विदोहन नहीं हुआ है, जिसके कारण उद्योग धंधे काफी हद तक प्रभावित हुए है। वर्तमान में म.प्र. लघु उद्योगों के क्षेत्र में चतुर्थ स्थान है। 1990 में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की स्थापना से लघु उद्योगों के संस्थागत वित्त को नयी शक्ति प्राप्त हुई। कृषि के पश्चात् लघु उद्योग एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें सर्वाधिक कार्यरत जनसंख्या है। अत: समय–समय पर औद्योगिक नीतियों में परिवर्तन कर व नई नीतियों का निर्माण कर सरकार द्वारा इनमें नई जान डालने का प्रयास किया जाता है। रूग्ण पड़ी इकाईयों को फिर से चलाने हेतु सरकार व बैंकिंग संस्थाऐं अपने–अपने प्रयास करती रहती है। इस प्रयास हेतु प्रत्येक हेतु प्रत्येक जिले में स्थानिय अग्रणी बैंक अपने अन्य सहयोगी बैंकों के माध्यम से जिले का विकास करते हैं व राज्य व केन्द्र के विकास में अपना सहयोग प्रदान करने का प्रयास करते हैं। जिसमें मध्यप्रदेश के विकास में काफी हद तक सफलता प्राप्त की जा चुकी है।

3. सेवा व स्वरोजगार के क्षेत्र में विकास – भारतीय अर्थव्यवस्था श्रम बहुल अर्थव्यवस्था है। जहाँ रोजगार के साधन भले ही सीमित हों, किंतु कुशल तथा अकुशल दोनों ही प्रकार के श्रम यहाँ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। यहाँ मानसिक तथा शारीरिक विकास के अनुरूप सर्वोत्तम जलवायु तो है ही, साथ ही जीजिविषा तथा श्रेष्ठतम के लिए उत्तरजीविता के निमित्त कई तरह की चुनौतियाँ भी मौजूद है। इससे भारत का नागरिक विश्व के किसी भी कोने में किसी भी प्रकार चुनौतियों को स्वीकार कर सकता है।

सेवा क्षेत्र में किसी देश के सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए जीवन रेखा है। कृषि के उपरांत यह एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जिसमें अपार संभावनाऐं है व यह कुशल श्रम को रोजगार प्रदान करने के लिए कटिबद्ध भी है। वास्तव में प्रत्येक उत्पाद सेवा क्षेत्र का ही भाग है। इसमें व्यक्ति अपने ज्ञान व कुशल श्रम का प्रदर्शन करते हुए उत्पादकता बढ़ाने में बहूमूल्य सहयोग प्रदान करता है। वर्तमान में शहरीकरण व नीजिकरण ने सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देकर ग्लोबल मार्केट में पहचान दिलाई है।

सेवा क्षेत्र के अंतर्गत परिवहन, वितरण, मनोरंजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, होटल व्यवसाय, सफाई सर्विसेज, पर्यटन आदि उद्योग धंधे शामिल किये जाते हैं। इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी भी सेवा क्षेत्र में अग्रणी क्षेत्र है। जिसने गत

* सहायक प्राध्यापक, एम. के. एच. एस. गुजराती गर्ल्स कॉलेज, इंदौर (म.प्र.) भारत

वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद में 33 प्रतिशत योगदान दिया है। पर्यटन उद्योग भी तेजी से उभरकर सामने आया है जिसने 15 प्रतिशत योगदान दिया। वर्ष 2007-08 के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का योगदान 55 प्रतिशत रहा जिसमें सॉफ्टवेयर सर्विसेज का 33 प्रतिशत, होटल व रेस्टोरेंट व्यवसाय का 13 प्रतिशत, बाह्य संसाधनों से व्यवसाय द्वारा 9 प्रतिशत योगदान रहा है। सकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का आधे से अधिक योगदान विश्व बाजार में चुनौती के संकेत देता है। इस क्षेत्र में विकास से देश की अर्थव्यवस्था विकसित अर्थव्यवस्था ही राह पर चलती दिखाई दे रही है।

भारत के विशेष संदर्भ में सेवा क्षेत्र का भविष्य स्वर्णिम है। युवा वर्ग की स्वरोजगार की कामना को सेवा व्यवसाय ने साकार रूप प्रदान किया है। मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ में सेवा व स्वरोजगार क्षेत्र में सन् 2007-08 के आंकड़ों के अनुसार 44,000 पर्यटकों ने देश का दौरा किया।

अग्रणी बैंक व उनके सहयोगी बैंकों ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आसान शर्तों पर सुलभ ऋण प्रदान कर स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एलेन. लेविस एमैनेजमेंट एण्ड ऑर्गेनाइजेशन मैक ग्रो हिल. 1983
2. देसाई वसंतु,मनी एण्ड सेन्ट्रल बैंकिग, हिमालया पब्लिशिंग हाउस बाम्बे 1982
3. डॉ. सत्यदेव, सामाजिक विज्ञानों की शोध पद्धतियाँ, हरियाणा साहित्य अकादमी, चंड़ीगढ़
4. डॉ. विष्णुदत्त नागर, भारतीय अर्थव्यसथा, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी
5. डॉ. आर.एन. त्रिवेदी,रिसर्च मैथडॉलॉली,कॉलेज बुक डिपो जयपुर
6. जे.एल. भारद्वाज, सांख्यिकी के सिद्धांत,रामप्रकाश एण्ड सन्स
7. वी. के.शर्मा.,औद्योगिक प्रबंध एव उद्यामिता, साईटिफिक पब्लिशर्स जयपुर
8. जी.एस सुधा, व्यावसायिक उद्यामिता का विकास,रमेश बुक डिपो जयपुर
9. भरत झुनझुनवाला, भारत में आर्थिक व्यवस्था,रामप्रकाश एण्ड सन्स
10. डी.सी. अग्रवाल, भारतीय अर्थव्यवस्था, साहित्य भवन पब्लिकेशन आगरा
11. डॉ. वी.एस. राव एवं एन. एस. कोण्डावार,म.प्र. का आर्थिक विकास, म.प्र. ग्रंथ अकादमी भोपाल
12. शोध प्रपत्र-भटनागर जे.एस.,भविष्य की चुनौतियों निजी क्षेत्र के बैंको का दृष्टिकोण, आई. बी. बुलेटिन, जनवरी, 1993
13. कस्टमर सर्विस इन बैकर्स पर वर्किग ग्रुप ऑन कस्टमर की फायनल रिपोट से उद्धृत बम्बई आई. बी. ए. बुलेटिन 1997

****

नगरीय मध्यम परिवारों में बालक-बालिकाओं में भेदभाव

डॉ. संगीता बगवैया *

प्रस्तावना - देश के विभिन्न भागों से आंकड़ों से प्रमाणित होता है कि बालिकाओं के विरूद्ध बचपन से ही भेदभाव किया जाता है, कभी जानबूझकर तो कभी अनजाने में उनके पालन-पोषण को अनदेखा करके उनको उपेक्षित किया जाता है। इसके दो कारण हैं : एक-यह कि घरेलू कार्यो का बंटवारा करके बालिकाओं पर बोझ डाला जाता है, जबकि बालकों से घरेलू कार्य नहीं करवाया जाता है, यह भेदभाव घरेलू क्षेत्र में होने के कारण इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। दूसरा-लड़कियों की परीक्षा तो शादी के बाद होती है इसलिए उसकी पढ़ाई-लिखाई की अपेक्षा उसके गृहकार्य के प्रशिक्षण को अधिक महत्व दिया जाता है।

संविधान में समान अधिकार प्राप्त होते हुए भी भारतीय परिवार में बालक और बालिकाओं में भेदभाव एवं पक्षपात पूर्ण व्यवहार की समस्या आज भी अपनी जड़ जमाये हुए है। कभी जानबूझकर तो कभी अनजाने में उनके पालन-पोषण को अनदेखा करके उनको उपेक्षित किया जाता है। बेटा पैदा होने पर खुशियाँ मनाई जाती है। बेटे को कुल का दीपक और वंश का नाम रोशन करने वाला माना जाता है। बेटी के पैदा होने पर उदासी का वातावरण छा जाता है। क्योंकि उसके जन्म के साथ ही माता-पिता को उसके विवाह और दहेज की चिंता शुरू हो जाती है। लिंगभेद भी जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है, बालिकाओं को भ्रूणावस्था में ही मार दिया जाता है।

कई सामाजिक शोध के परिणामों से ज्ञात होता है, कि मध्यमवर्गीय परिवारों में आज भी बालिकाओं की मानसिक योग्यता की उपेक्षा की जाती है, इसलिये उच्च शिक्षित होने के बावजूद भी वे मात्र एक गृहणी बनकर रह जाती है। सांस्कृतिक रीति-रिवाज और गलत मान्यताओं के कारण उसकी तकलीफें और भी बढ़ जाती हैं। समाज में महिलाओं की स्थिति का अंदाजा बालिकाओं की स्थिति से लगाया जा सकता है। बालिकाओं को कम देखभाल और ध्यान का हकदार माना जाता है। परिवार के सदस्य यह समझते हैं, कि बालिका की देखभाल यानि एक ऐसे पौधे को पानी देने के समान है, जो किसी और के बगीचे में लगा हुआ है। अपनी मुख्य जरूरतों को पूरा करने के लिए उसे बहुत कम प्राथमिकता होती है। माता-पिता भी पुत्र को पुत्री से अधिक महत्व समाज के चलन के कारण देते हैं। भारत में बालिका के साथ भेदभाव का स्तर विभिन्न राज्यों से भिन्न-भिन्न है।

भारत की लगभग आधी जनसंख्या (49%) स्त्रियाँ हैं। भारत के सबसे विशाल क्षेत्रफल वाले राज्य 'मध्यप्रदेश' जैसे राज्य की राजधानी 'भोपाल' भारत के उन महानगरों में से एक है जो भूदृष्यीय सौन्दर्य, स्वास्थ्यकर जलवायु, सुनहरे इतिहास और प्राचीन परम्पराओं को अपने में धारण किये हुए है।

समाज में बालिकाओं का स्थान पारिवारिक, आर्थिक व सामाजिक तीनों की दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। लिंगभेद हमारे समाज का एक अभिषाप है। संवैधानिक समानता के बावजूद बालिकाओं को समाज में बराबर का दर्जा नहीं दिया जाता है। लिंगभेद का, बालक-बालिकाओं में आत्मविश्वास शैक्षिक उन्नति, संबंधों इत्यादि पर जो प्रभाव पड़ता है। उससे असमानता बढ़ती है, जब तक महिलाओं को सामाजिक जीवन में उचित स्थान नहीं मिलेगा तब तक पुरूषों के समान नहीं समझा जायेगा।

सामाजिक दृष्टिकोण भी इस उम्र की बालिकाओं को लेकर बदल जाता है, अब वे बच्ची नहीं रहती, लिहाजा रोक-टोक शुरू होने वाली है। इसी उम्र में महावारी भी शुरू हो जाती है। इसे लेकर कई घरों में आज भी परहेज जारी है। जैसे रसोईघर में नहीं जाना, पीने का पानी नहीं छूना, खटाई न खाना और बिस्तर पर नहीं बैठना। कुल मिलाकर बढ़ती उम्र के नए परिवर्तनों के साथ हर किसी का बदला हुआ नजरिया बच्ची के मन में घबराहट पैदा करता है, और उसका व्यवहार संतुलित हो जाता है। इस स्थिति में बौखलाकर या तो वह विद्रोही बन जाती है या बेहद दब्बू। यदि माता-पिता का सहायोग न मिले, तो बच्चे के व्यक्तित्व पर इस स्थिति में गलत प्रभाव पड़ सकता है।

परिवार की स्थिति यह रहती है कि 11 से 19 की उम्र के बच्चों में अचनाक आ रहा ये बदलाव माता-पिता को सशंकित कर देता है। बच्चों में बढ़ता विपरीत सेक्स के प्रति आकर्षण, गोपनीय बातों के प्रति दिलचस्पी, स्वभाव में अजीबोगरीब परिवर्तन और समाज को उनके प्रति बदलता नजरिया माता-पिता के दिल को सशंकित कर देता है। वे समझते हैं, कि अगर इस वक्त पाबंदियाँ नहीं लगाई गई तो बच्चा निष्चित तौर पर बिगड़ जायेगा। मुसीबत यह है, कि भारत में यौन विषयों को गोपनीय मानकर उनकी जानकारी बच्चे के लिए निशिद्ध मानी जाती है। इस निशेध के चलते माता-पिता झिझक में बच्चे को खुलकर कुछ बता नहीं पाते, उल्टे डॉटकर अपनी बात मानने के लिए दबाव बनाने लगते हैं। इस रवैये से बच्चे और माता-पिता के बीच असंवाद की स्थिति बनने लगती है।

मध्यमवर्गीय परिवार उच्च एवं निम्न परिवारों से बिल्कुल भिन्न है। एक ओर जहाँ उच्चवर्गीय परिवारों में धन साधन होने के कारण उन्हें दहेज तथा पढ़ाई लिखाई पर खर्च करने में सोचने समझने की जरूरत नहीं होती है। बालिकाओं को शिक्षा एवं पार्टी, क्लब आदि में भी आसानी से भेज देते हैं, मनोरंजन के साधन सरलता से प्राप्त होते हैं, पर दूसरी ओर निम्नवर्गीय परिवारों में खुलापन, छूट अधिक होती है, कम उम्र में लड़की की शादी कर दी जाती है, लड़कियां छोटी उम्र से ही माँ के साथ काम करने जाने लगती है, ये लोग आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण घर के काम और बाहर के काम करने पर पर ज्यादा महत्व देते हैं। इन परिवारों में किशोरावस्था में प्रवेश करते ही बालिकाओं की शादी कर दी जाती है। बालिकाओं को पढ़ाना जरूरी नहीं समझते हैं।

मध्ममवर्गीय परिवारों में पैसा सीमित होता है और माता-पिता अगर

* अतिथि विद्वान (गृहविज्ञान) शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय, दमोह (म.प्र.) भारत

लड़की को अच्छे स्कूल में डाल भी देते हैं तो उसकी जरूरतें पूरी नहीं कर पाते हैं। और अगर पैसे की कमी होती है, लड़की तो पराया धन है, बालिका का विवाह भी करना है और दहेज भी देना है। मध्यमवर्गीय परिवार में बालिका बोझ समझी जाती है। आज जब प्रसार कार्यक्रमों का अधिकतर प्रभाव नगरीय क्षेत्रों में देखा जाता है। ऐसी स्थिति में शहरी बालिका की स्थिति में क्या अंतर आया है? यह जानना अत्यंत आवश्यक है। सामाजिक परिवर्तन किस दिशा में जा रहा है? क्या स्त्रियों/बालिकाओं की स्थिति बेहतर हुई है?

1. नगरीय मध्यमवर्गीय परिवारों में बालिका के प्रति दृष्टिकोण में परिवर्तन आया है या नही?
2. माता-पिता की बालिका के प्रति कैसी अभिवृत्तियां हैं?
3. बालिका को अपने परिवार में किन-किन बातों की स्वतंत्रता दी जाती है?
4. बालिका के साथ किन-किन बातों में भेदभाव किया जाता है?
5. क्या बालिकाओं की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति बालक के समकक्ष हो रही है?
6. इस अध्ययन में भोपाल के मध्यमवर्गीय परिवारों में बदलती परिस्थितियों में बालिका के संबंध में विचार जानने का प्रयास किया गया है?

परिकल्पना - किसी भी वैज्ञानिक अध्ययन कार्य में उपकल्पना को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। यह शोधकार्य के लिए गाइड या मार्गदर्शक का काम करती है। उसे उद्देश्यहीन रूप में इधर-उधर भटकने से रोकती है।

रविन्द्रनाथ मुखर्जी लुण्डबर्ग के अनुसार, यह प्रारम्भिक स्तर पर एक अनुमान या काल्पनिक विचार हो सकती है। जिसके आधार पर हम आगे क्रियात्मक कार्य उपकल्पना अध्ययन कार्य को निश्चितता प्रदान करती है तथा अनुसंधान क्षेत्र को सीमित करती है। उपकल्पना अनुसंधान की दिशा निर्धारित करने के साथ-साथ सम्बद्ध तथ्यों में संकलन में सहायक होती है।

प्रस्तुत शोध हेतु उपकल्पनायें निम्नानुसार हैं :-

1. परिवार का आकार जितना छोटा होगा, बालिका की स्थिति उतनी अच्छी होगी।
2. जिस परिवार का प्रकार एकल होगा उस परिवार में बालिका की स्थिति अच्छी होगी।
3. जैसे-जैसे माता की आयु बढ़ती जायेगी, बालिका की स्थिति अच्छी होगी।
4. उच्च शिक्षित माता की बालिका का स्तर अच्छा होगा।

न्यादर्श का चयन -भोपाल शहर में भौगोलिक सांस्कृतिक रूप से दो क्षेत्र हैं - पुराना भोपाल, जो नबाबकाल की संस्कृति को प्रदर्शित करता है, तथा नया भोपाल अधिकतम शासकीय कर्मचारियों का निवास है। अत: मिश्रित संस्कृति प्रदर्शित करता है। प्रस्तुत अध्ययन भोपाल शहर के मध्यमवर्गीय परिवारों में किया गया है। इस हेतु पूरे भोपाल शहर को सम्मिलित करने के लिए पॉच भागों में विभाजित किया गया है। उत्तर, दक्षिण पूर्व, पश्चिम तथा मध्य भोपाल। इन्हीं पॉच क्षेत्रों को अध्ययन के लिए उपवर्ग माना गया है, जिससे सम्पूर्ण शहर का प्रतिनिधित्व हो सके।

उपकरण - अनुसंधानकर्ता के समक्ष हमेशा यह समस्या बनी रहती है, कि वह अपनी परिकल्पना के परीक्षण हेतु आँकड़ों का संग्रहण किस प्रकार करें। इस हेतु उसे अनुसंधान के उपकरणों, विधियों एवं यंत्रों का व्यापक ज्ञान होना आवश्यक है। उपकरण की वैद्यता, विश्वसनीयता एवं वस्तुनिष्ठता द्वारा ही किसी समस्या के वैज्ञानिक विश्लेषण का कार्य किया जा सकता है।

प्रस्तुत अनुसंधान में समस्या से संबंधित उद्देश्यों तथा परिकल्पनाओं के परीक्षण हेतु आंकड़ों के संकलन हेतु एक स्थिति मापनी का निर्माण किया गया है, जिसमें अनुसंधान समस्या से संबंधित तर्कसंगत प्रश्नों की सूची तैयार की गई। शोध में तथ्यों के संग्रहण हेतु निम्नलिखित उपकरण प्रयुक्त हुए हैं :

1. **आर्थिक स्तर मापनी (आयवर्ग मापनी)** - इसके द्वारा मध्यम आय वर्ग की बालिकाओं को चिन्हित किया गया।

2. **स्थिति मापनी** - बालिका की पारिवारिक एवं सामाजिक स्थिति ज्ञात करने हेतु विशेष रूप से निर्मित मापनी को स्थिति मापनी नाम दिया गया। आगे अध्ययन में बालिका की स्थिति मापनी को इसी नाम से जाना जायेगा। इसका प्रयोग बालिका और उसके माता-पिता के व्यवहार एवं दृष्टिकोण को ज्ञात करने के लिए किया गया।

बालिका की पारिवारिक और सामाजिक स्थिति को ज्ञात करना है। एक ओर परिवार के सदस्य विशेषकर माता और पिता की सोच, व्यवहार एवं दृष्टिकोण बालिका के सामाजिक स्थिति की परिचायक है, तो दूसरी ओर बालिका स्वयं अपनी स्थिति का आकलन किस प्रकार से करती है, यह भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए स्थिति मापनी का निर्माण किया गया। जिसको सूत्र रूप में इस तरह से समझा जा सकता है -

परिवार में — बालिका की दृष्टि में
बालिका की स्थिति
समाज में — अभिभावक की दृष्टि में

स्थिति मापनी का बिन्दुवार विवरण - स्थिति मापनी के निर्माण में निर्मित प्रमुख बिन्दु तथा उनका विस्तार क्षेत्र इस प्रकार से है -

1. मूलभूत आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति प्राथमिकताओं में लिंगभेद :भोजन, वस्त्र, आवास, स्वास्थ्य
2. विकासात्मक आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति प्राथमिकताओं में लिंगभेद : शिक्षा, मनोरंजन, अभिरूचि, आत्मनिर्भरता
3. सामाजिक आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति प्राथमिकताओं में लिंगभेद : धर्म, संस्कृति, सामाजिक पारिवारिक आयोजन, पारिवारिक सामाजिक दायित्व
4. वैधानिक आवश्यकतओं की प्रतिपूर्ति प्राथमिकताओं में लिंगभेद : सम्पत्ति अधिकार, विवाह, गोद लेना, तलका

स्थिति मापनी में प्राप्तांकों के आधार पर बालिकाओं की स्थिति स्तर - स्थिति मापनी के प्राप्तांकों के आधार पर बालिकाओं की स्थिति के तीन स्तर है। जिसकी गणना के लिए 98 बालिकाओं के कुल प्राप्तांक 8281 के द्वारा मध्यमान एवं मानक विचलन ज्ञात किया गया जो कि तालिका क्रमांक 3.5 में दर्शाये गये हैं -

तालिका क्रमांक - 1 : बालिका की स्थिति के स्तर

क्र.	बालिका की स्थिति के स्तर	कुल प्राप्तांक सीमा
1.	उच्च स्तर	Mean + SD = Upper limit 84.50 + 12.72 = 97.22 (97 या उससे अधिक प्राप्तांक)
2.	सामान्य स्तर	Between upper & lower limit (96 73 के मध्य प्राप्तांक)
3.	निम्न स्तर	Mean – SD = Lower limit 84.50-12.72 तक = 71.78(72 एवं उससे कम प्राप्तांक)

मध्यमान + मानक विचलन से ऊपर प्राप्तांक होने पर बालिका की समाज में उच्च स्थिति मानी गई। मध्यमान–मानक विचलन से कम प्राप्तांक पर बालिका की स्थिति निम्न मानी गई है, और इसके बीच में प्राप्तांक में स्थिति सामान्य मानी गई है।

मूलभूत आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति में भेदभाव के आंकलन हेतु उपकल्पना परीक्षण :

उपकल्पना : बालिकाओं की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति बालक के समकक्ष हो रही है, दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर होगा।

नगण्य उपकल्पना : बालिकाओं की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति बालक के समकक्ष हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर नहीं होगा।

तालिका क्रमांक – 2 : उपकल्पना आवश्यकतायें

क्र.	मूलभूत आवश्यकतायें				
	Score	Mean	Standard Deviation	T Test	
				Calculated Value	Table Value
1.	Girl (98)	1893	16.88	3.03	
2.	Mother (98)	1889	16.88	2.87	.89 < 1.99

टी परीक्षिका मूल्य (.89) था।

टी तालिका मूल्य (1.99) था।

सार्थकता स्तर .05 था, t परीक्षिका मूल्य, तालिका मूल्य से कम है। इसलिए नगण्य उपकल्पना स्वीकार की गयी।

निष्कर्ष : इससे यह सिद्ध होता है कि बालिकाओं की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति बालक के समकक्ष हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर नहीं है।

विकासात्मक आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति में भेदभाव के आंकलन हेतु उपकल्पना परीक्षण :

उपकल्पना : बालिकाओं की विकासात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति बालक के समकक्ष हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर होगा।

नगण्य उपकल्पना : (Null Hypothesis)

बालिकाओं की विकासात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति बालक के समकक्ष हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर नहीं होगा।

तालिका क्रमांक – 3 : उपकल्पना परीक्षण

क्र.	विकासात्मक आवश्यकतायें				
	Score	Mean	Standard Deviation	T Test	
				Calculated Value	Table Value
1.	Girl (98)	1667	17.01	6.65	
2.	Mother (98)	1666	17.00	4.04	.98 < 1.99

टी परीक्षिका मूल्य (.98) था।

टी तालिका मूल्य (1.99) था।

सार्थकता स्तर .05 था, t परीक्षिका मूल्य, तालिका मूल्य से कम है। इसलिए नगण्य उपकल्पना स्वीकार की गयी।

निष्कर्ष : बालिकाओं की विकासात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति बालकों के समकक्ष हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर नहीं है।

सामाजिक आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति में भेदभाव के आंकलन हेतु उपकल्पना परीक्षण :

उपकल्पना : बालिकाओं की सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति बालक के समकक्ष हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर होगा।

नगण्य उपकल्पना : (Null Hypothesis)

बालिकाओं की सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति बालक के समकक्ष हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर नहीं होगा।

तालिका क्रमांक – 4 : उपकल्पना परीक्षण

क्र.	सामाजिक आवश्यकतायें				
	Score	Mean	Standard Deviation	T Test	
				Calculated Value	Table Value
1.	Girl (98)	3834	39.12	7.04	
2.	Mother (98)	3872	39.51	6.51	.54 < 1.99

टी परीक्षिका मूल्य (.54) था।

टी तालिका मूल्य (1.99) था।

सार्थकता स्तर .05 था, t परीक्षिका मूल्य, तालिका मूल्य से कम है। इसलिए नगण्य उपकल्पना स्वीकार की गयी।

निष्कर्ष : बालिकाओं की सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति बालकों के समकक्ष ही हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर नहीं है।

वैधानिक आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति में भेदभाव के आंकलन हेतु उपकल्पना परीक्षण :

उपकल्पना : बालिकाओं की वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति बालक के समकक्ष हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर होगा।

नगण्य उपकल्पना : (Null Hypothesis)

बालिकाओं की वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति बालक के समकक्ष हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर नहीं होगा।

तालिका क्रमांक – 5 : उपकल्पना परीक्षण

क्र.	सामाजिक आवश्यकतायें				
	Score	Mean	Standard Deviation	T Test	
				Calculated Value	Table Value
1.	Girl (98)	773	7-88	5-32	
2.	Mother (98)	979	9.98	4.87 8.24	< 1.99

टी परीक्षिका मूल्य (8.24) था।

टी तालिका मूल्य (1.99) था।

सार्थकता स्तर .05 था, t परीक्षिका मूल्य, तालिका मूल्य से कम है। इसलिए नगण्य उपकल्पना स्वीकार की गयी।

निष्कर्ष : बालिकाओं की वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति बालकों के समकक्ष ही हो रही है, ऐसे दृष्टिकोण में बालिका और माता के विचार में अन्तर है। अर्थात् बालक और बालिकाओं की वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति में एक जैसा व्यवहार नहीं है। बालिका और माता के विचार में अन्तर है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

म.प्र. के आर्थिक विकास में अग्रणी बैंकों की भूमिका

डॉ. मोनिका बापट *

प्रस्तावना – बैंकों का राष्ट्रीयकरण देश के संपूर्ण बैंकिग इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना रही है। देश के व्यापारिक बैंकों का राष्ट्रीकरण कुछ विशिष्ट उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये किया गया था। इस संबंध में सत्ता के विकेन्द्रीकरण बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार के संबंध में संतुलित नीति बचत के अनुपात में आर्थिक संसाधनों के जमा के रूप में अधिकाधिक मात्रा में संग्रहित करना, अर्थव्यवस्था के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को पर्याप्त वित्तीय सहायता आदि प्रमुख है। प्रो. गाडगिल अध्ययन दल की सिफारिश के अनुरूप आर्थिक विकास हेतु 'क्षेत्र उन्मुखता' की अवधारण को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से दिसंबर 1969 में 'अग्रणी बैंक योजना' लागू की गई। जिसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में बैकिंग विकास की संभावनाओं का सर्वेक्षण करने संस्थागत साख की कमियों का पता लगाने, साथ ही उन्हें दूर करने का दायित्व बैंकों को सौंपा गया।

'प्रदेश में आर्थिक असंतुलन को दूर करने व उपलब्ध संसाधनों के आधार पर विकास की संभावनाओं को मूर्त रूप प्रदान करने के उद्देश्य से निम्न बैंकों को अग्रणी बैंक के रूप में कार्यभार सौंपा गया व उनको यह दायित्व प्रदान किया गया कि वह प्रदेश में विकास संबंधी योजनाओं व कार्यक्रमों का क्रियान्वयन प्रदेश में कार्यरत अन्य सहयोगी बैंकों के साथ मिलकर संपन्न करेंगे।'

म.प्र. में निम्नलिखित आठ बैंकों को यह दायित्व सौंपा गया –

1. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
2. बैंक ऑफ इंडिया
3. स्टेट बैंक ऑफ इंदौर
4. स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
5. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
6. इलाहाबाद बैंक
7. पंजाब नेशनल बैंक
8. बैंक ऑफ बड़ौदा

प्रस्तुत शोध प्रबंध के माध्यम से म.प्र. आर्थिक विकास में तीव्रता लाने हेतु विगत 10 वर्षों में अग्रणी बैंकों द्वारा जो भी प्रयास किये हैं उनको रेखांकित करना है।

शोध का उद्देश्य – भारत एक विशाल देश है, जिसमें कई भौगोलिक व आर्थिक विषमताऐं विद्यमान है। इसलिये प्रत्येक भाग का एक साथ समुचित विकास करना अत्यंत कठिन कार्य है। इसका मुख्य कारण यह है कि देश में अलग-अलग क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति में बहुत अधिक अंतर है। जिसके परिणामस्वरूप संपूर्ण देश का विकास किसी एक पद्धति के अंतर्गत किया जाना संभव नहीं है। अत: देश के प्रत्येक जिले में विकास के लिये रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अग्रणी योजना का शुभारंभ किया। म.प्र. में 8 लीड बैंक अपने अन्य सहयोगी बैंकों के साथ भूमिका निभा रहे हैं।

शोधार्थी का म.प्र. से संबंध होने के साथ-साथ वाणिज्य की छात्रा होने के कारण निश्चित ही रूचि यह जानने में है कि जिन उद्देश्यों का ध्यान में रखकर संस्था की स्थापना की गई थी वह सफल रही है यह शोध का मुख्य उद्देश्य है।

प्रदेश के सुनहरे भविष्य हेतु रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अग्रणी बैंकों को जो कार्य सौंपे गये थे वह उनमें कहाँ तक सफल हो पायी है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन में अग्रणी बैंकों के मूल्यांकन के संबंध में परिकल्पना इस प्रकार है-

1. संस्थागत साख के वितरण में बैंकिंग क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
2. अग्रणी बैंकों ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रदान किये जाने वाले ऋण संबंधी अपने लक्ष्य अर्जित किये हैं।
3. अग्रणी बैंक योजना के संबंध में हितग्राही वित्तीय संस्थाऐं संतुष्ट है।
4. विगत 10 वर्षो में प्रदेश के विकास में अग्रेणी बैंकों ने अपनी भूमिका का निर्वाह सफलतापूर्वक किया है।

अग्रणी बैंकों का परिचय –

1. अर्थव्यवस्था में बैंकिंग क्षेत्र का महत्व – किसी देश के आर्थिक विकास के लिए पूंजी अत्यंत आवश्यक है। बैंक छोटी-छोटी धनराशि एकत्रित करके बचत को बढ़ावा देते हैं। इस एकत्रित धनराशि को उन क्षेत्रों में विनियोजित किया जाता है, जहाँ उनकी आवश्यकता होती है। इस प्रकार बैंक देश में पूँजी की आवश्यकताओं की बड़ी मात्रा में पूर्ति करके देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहण करते हैं।

3. विनोद कुमार मिश्रा, ***विकलांग स्वस्थ व आत्मनिर्भर कैसे बनें,*** कल्याणी शिक्षा परिषद्, 2011, पृष्ठ 89
4. **शैलेन्द्र कुमार मिश्र,** *विकलांगता अभिशप्त या अग्रणी,* भारत बुक सेन्टर, लखनऊ, 2012, पृष्ठ 8
5. **शैलेन्द्र कुमार मिश्र,** *विकलांगता अभिशप्त या अग्रणी,* भारत बुक सेन्टर, लखनऊ, 2012 पृष्ठ 25
6. डॉ. नरेश कुमार, विकलांग बालकों की शिक्षा, पंकज पुस्तक मन्दिर, दिल्ली, 2010, पृष्ठ 30

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

भारतीय स्टेट बैंक का कृषि विकास में योगदान : उज्जैन जिले के विशेष सन्दर्भ में

आशाराम चौहान * डॉ. मनोहर जैन **

शोध सारांश – भारतीय रिजर्व बैंक की कुछ शर्तें जो अधिनियम, 1934 की धारा 40 के आधार पर बैकों को निर्धारित नगदी की निधि में ही निवेश करने का प्रावधान है। जिसमें कृषि कार्यो हेतु भी बैंक को कर्ज और उसके साथ उद्योगों को भी प्रोत्साहन करने का उत्तरदायित्व माना जाता है। जिसकी निवेश की निधि में 3 सें 14 प्रतिशत तक के बराबर किया जा सकता है। इस समय 9 प्रतिशत है। यहाँ तक की बैंक अगर 15 से 3 प्रतिशत तक का निवेश करता है। उस पर कोई ब्याज नहीं प्राप्त होती है। इससे कृषि हेतु बेहतर सुधार की सम्भावनाऐं दिखाई देती हैं। जब कृषक को सस्ते ब्याज दरों में पैसे प्राप्त होते है। वहाँ से मूल्य साख भी प्राप्त होती है। जिसका मूल कारण यह माना जाता है कि किसान उन्नत किस्म की फसले की बोवाई कर सकता है। जिसरो उसकी अच्छे उत्पादन की शाख प्राप्त होती है। उससे किसान को आमदनी और बैंक के कर्ज वापस करने में कोई कठिनाई नहीं होती है। कृषि का सबसे बड़ा हिस्सा पूँजी पर निर्भर करता है। जिसका फायदा बड़े किसानों को होता हैं। 'विभिन्न अभिकरणों के माध्यम से जो कृषि साख वर्तमान समय में प्रदान की जाती है, वह अपर्याप्त है, उचित प्रकार की नहीं है तथा आवश्यकता की कसौटी को ध्यान में रखते हुए प्राय: सभी व्यक्तियों तक पहुँचाने में असफल रहती है।'[1] छोटे किसानों को न समय पर पूँजी मिल पाती है। न ही उन्हें समय पर बैंक कर्ज देती है। इस स्थिति में उन्हें आर्थिक मंद के दौर से गुजरना पड़ता है। जिनकों कृषि पर कोई आमदनी नहीं होने से उन पर होने वाली गरीबी का बोझ बढ़ जाता है। बैंकों के द्वारा प्रदान करने वाले कर्ज में बीच में खाने वाले दलालों का भी जमबाड़ा होने से छोटे किसान को पर्याप्त धन नहीं मिल पाता है। ऐसी स्थिति में पैसों के कारण उनकी कृषि अच्छी नहीं होने की दशा में बैंक का कर्ज वापस नहीं कर पाते हैं। जिस कारण बैकों को भी बहुत बड़ी हानि का सामना करना पड़ता है। उसकी सबसे बड़ी बजह बीच में खाने वाले दलालों के खत्म होने से कर्ज किसान आसानी से भर सकता है। जी.डी. एच. कौल –'श्रम–संघ से आशय श्रमिकों द्वारा एक अथवा अनेक व्यवसायों में बनाए गये संघ से हैं जो विशेषत: सदस्य–श्रमिकों के प्रतिदिन के कार्य से सम्बन्धित आर्थिक–हितों की सुरक्षा और उनमें वृद्धि के उद्देश्य से बनाये जाते हैं।'[2]

शोध प्रविधि – शोध पत्र भारतीय स्टैंट बैंक का कृषि विकास में योगदान (उज्जैन जिले के विशेष सन्दर्भ में) एक प्रकार का द्वितीयक सामग्री संकलन के द्वारा इस शोध पत्र का निर्माण किया गया हैं। इसमें विश्लेषणात्मक पद्धति के आधार पर अध्ययन की पद्धति को अपनाया गया है।[3] शोध प्रविधि में विद्वानों के मार्गदर्शन, शोध पत्रिकाओं, बैंकों के द्वारा मार्ग दर्शन प्राप्त किया है। जिसके आधार की पुष्टि करने के लिए किसानों का भी मार्गदर्शन लिया गया है। जिससे शोध के द्वारा बैंको द्वारा प्राप्त होने वाले ऋण की जानकारी प्राप्त हो सके। कि यह वास्तविक है। या कागजी ही कार्यवाहीं है। यहाँ तक कि किस प्रकार के कृषकों को ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस प्रकार के अनेक पहलुओं की जानकारी एकत्रित करने के लिए सन्दर्भ ग्रन्थों के लिए पुस्तकालयों और इन्टरनेट का भी उपयोग किया गया है।

शोध पत्र का उद्देश्य – भारतीय स्टैट बैंक कृषि विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिसके द्वारा कृषि विकास को आर्थिक मदद प्रदान करने हेतु स्टैट बैंक ऋण प्रदान करता हैं।

इस शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार है।

1. बैंकों द्वारा प्रदान ऋण के द्वारा कृषि विस्तार को बढ़ावा देना।
2. बैंकों द्वारा कृषि हेतु बोरवेल सिचाई हेतु अनुदान, कूप निर्माण अनुदान प्रदान का विस्तारित किया जाता है।
3. कृषि को धन्धा बनाने हेतु बैंकों द्वारा व्यक्तियों को अनुदान दिया जाता है।
4. ऋण लेकर उन्नत किस्म के बीजों के उपचार या खरीदी की सहायता से कृषि विकास का विस्तार करना।
5. जोताई हेतु टेक्ट्र के लिए ऋण प्रदान करना। जिससे खेतों की जुताई रोपाई और गहाई आसानी से किया जा सके। जिससे खेतों की उर्वरा शक्ति बनी रहे।
6. बैंकों द्वारा पौधों के रोपण हेतु भी अनुदान का प्रावधान है।
7. उद्योगों की स्थापना हेतु मशीनीकरण को प्रोत्सहन देना।
8. कृषकों द्वारा धान से चावल निकालने के लिए चक्की की स्थापना हेतु प्रोत्साहन।
9. बैकों द्वारा ऋण प्रदान कर उद्योग को स्थापित कर उनसे अच्छी खासी आर्थिक साख प्रदान करना।

समस्या – कृषि विकास हेतु भारतीय स्टेट बैंक अग्रणी हैं। किन्तु ऋण की ब्याज दर अधिक होने के कारण छोटे किसानों को ऋण नहीं मिल पाता है। उसके बीच आने वाले दलालों का जमाबड़ा होने के कारण भी ऐसी समस्या उत्पन्न हो रही है। यहाँ तक उज्जैन में कृषि का विकास में बड़े लोग होने के कारण उन्हें आसानी से ऋण बैंक प्रबंधक दे देता है। मजदूर, गरीब किसान हैं उसके लिए न जाने कितने लोगों की खातेदारी करनी पड़ती है।[4] उससे बैंक प्रबंधक ऋण देने में भी कतराते हैं। क्योंकि बैंक प्रबंधक ऐसी आशा करता है कि वह हमें पैसा वापस नहीं करेगा। चाहे पूँजीपति न वापस करे उसे

*शोधार्थी (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, सैलाना, जिला - रतलाम (म.प्र.) भारत

तुरन्त ऋण बैंक प्रदान करती है। धन हीन का वह भरोसा भी नहीं करता है। जिससे गरीबों को अपनी गरीबी का शिकार होना पड़ता है। ऐसी अनेक कठिनाईयाँ छोटे किसानों के साथ आती हैं। जिस हेतु उज्जैन में गरीबी का मुख्य कारण सही और समय पर ऋण न मिल पाना।

उपयोगिता – इसी कारण बैंकों द्वारा प्रोत्साहन देकर लघु उद्योग क्षेत्र में आर्थिक विकास से बैंक को प्राप्त होने वाले ब्याज लाभ महत्व रखता है। इस हेतु बैंक की नीतियों ने पूँजी को बढ़ाने हेतु भी कृषकों को ऋण प्रदान करते है। भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम के अनुसार बैंक की कुल इक्विटी में भारतीय रिज़र्व बैंक का अंशदान 55 प्रतिशत से कम नहीं हो सकता है। इसी बैंककारी विनियमन अधिनियम तथा बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार राष्ट्रीयकृत बैंकों की इक्विटी में भारत सरकार का अंशदान 51 प्रतिशत से कम नहीं हो सकता है।[5] जिस कारण भारतीय स्टेट बैंक की अपनी शाखा को बनाये रखने के लिए ऋण आवंटन की व्यवस्था करता है। जो कृषि पर लगाई जानी वाली पूँजी में कोई दिक्कत नहीं होती है। जिससे वह आसानी से ऋण प्रदान कर देते है। इससे उद्योगों की भी स्थापना होती है। जिससे नये-नये टैक्नोलाँजी को उन्नत किस्म के बीजों का उपचार करना भी आसान हो जाता है। इसी के कारण पूँजी तथा टैक्नोलाँजी का प्रवाह वहाँ तक आसानी से पहुँच पा रहा है। क्योंकि बैंकों द्वारा अनुदान आसानी से प्राप्त हो जाते हैं जिसके कारण लघु उद्योग प्रतियोगिता कर रहे हैं। इसी तरह निवेश की सीमा बढ़ाने का सवाल उत्पन्न होता है। इसी के साथ विभिन्न उपक्रमों की पहचान करने तथा अलग-अलग उपक्षेत्रों के लिए विशेष नीतियाँ बनाने में भारतीय स्टेंट बैंक जुड़ा हुआ है।

- रोजगार के अवसर देखते हुए औद्योगीकरण की वृद्धि को विविधतापूर्ण कुशल बनाने के लिए लघु उद्योग के क्षेत्र में लगातार समर्थन और सहायता देने की जरूरत को स्टेट बैंक पूरा कर रहा है।
- टैक्नोलॉजी में बढ़ोत्तरी के लिए अधिकतम धन राशि प्रदान कर पूँजी का निवेश कर रहा है। जिससे प्रतियोगिता के योग्य कुशल क्षमता की मशीनी विकसित करने तथा दक्षता पूर्ण लघु उद्योगों को सुविधाऐं प्रदान करना।
- कृषक और उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु सहज आर्थिक सहायता प्रदान होने से दोनों के सम्बन्धों में आर्थिक मजबूती आती है।

बैंक द्वारा कृषक के दस्तकारी संबंधी कुटीर उद्योगों का प्रोत्साहन – बैंकों द्वारा इन उद्योग धन्धों को प्रोत्साहन देते हैं, जिसमें कृषक अपने खाली समय में जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कार्य करता है उदाहरण के रूप में- चटाई निर्माण, जूट द्वारा कुर्सी बिनना, रस्सी बनाना, टोकरी निर्माण, मधुमक्खी पालन, बीड़ी निर्माण इत्यादि।

कृषि को बढ़ावा देने वाले दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाले उद्योग – कृषि कार्यो में प्रयोग होने वाले अनेक उद्योग धन्धों में गाँवों की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम्‌ भूमिका निभा रहे हैं। जिनके द्वारा बनाये गये हल, फहसुल, खरपें, कटाई हेतु हँसिया आदि का निर्माण ग्रामीण आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बनाये जाते हैं। 'कृषि वित्त की आवश्यक दशाओं को सन्तुष्ट करने वाली संस्था केवल सहकारी संस्था ही है और इस तथ्य को सभी कृषि प्रधान देशों ने स्वीकार किया है।'[6] इन उद्योगों के लिए अनेक उद्योगों को आर्थिक उपयोगिता हेतु कुशल कारीगर की भी आवश्यकता होती है। कपास उद्योग द्वारा कपड़े का निर्माण करना। जिसकी जरूरत प्रत्येक इन्सान को होती है। इस प्रकार कुशल कारीगर जिनके द्वारा अच्छा कपड़ा बुनने में सक्षम होते हैं। इसी प्रकार मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य भी किया जाता है। इन सभी में एक बैंक और कृषि उत्पादन पर निर्भर करता है।

समाधान – उज्जैन नगर के कृषक और कारीगरों द्वारा उद्योग धन्धों के अन्तर्गत कुशल कारीगर आसनी से प्राप्त हो जाते है। जिनके द्वारा साबून फैक्ट्री को निर्मित करना। इसके साथ कृषक द्वारा गेहूँ उत्पादन भी महत्वपूर्ण है। जो मालवा का गेहूँ और सोयाबीन महत्वपूर्ण फसल के रूप में मानी जाती है। जिसके लिए बैंक से आर्थिक मदद मिल रही है। यहाँ तक की सब्जी की फसल को भी अच्छे किस्मे प्रदान करते है। क्योंकि यहाँ उज्जैन के शहरी क्षेत्र होने के कारण यहाँ पर कुशल श्रमिक आसानी से मिल जाते है। जिसके कारण यहाँ की खेती में अच्छे श्रमिकों के कारण उन सब्जी और फलों को ध्यान देते समय पानी, उपयोगी खाद देने पर अच्छी फसल की पैदावार होती है।[7]

निष्कर्ष – प्रत्येक कृषक के मन और मस्तिष्क में यह विचार उठ रहा है कि राष्ट्रीय उन्नति का मापदण्ड कृषि की आर्थिक बचत के स्तर पर किया जा सकता हैं। अगर लोगों को कृषि में उन्नति होती है। तब बैंकों को भी शाख का हिस्सा प्राप्त होगा। पहली बात तो बैंक ऋण चुकता हो जायेगा। उसे ब्याज की खासी रकम मिल जायेगी। बैंकों को कृषि कार्यो के उत्पादन और बढ़ोत्तर पर ऋण देने में आगे बढ़ेगा। इससे कल्याणकारी राज्य का निर्माण होगा। और बेरोजगार को कम किया जा सकता है। कृषि से अधिक आर्थिक लाभ होने से मीलों जैसे उद्योगों का निर्माण होगा। उससे बेरोजगारों को भी रोजगार मिलेगा। इससे देश में गरीबी और भुखमरी की स्थिति नहीं होगी। आर्थिक तंगी से निजात सरकार को भी मिलेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. के.एस. सक्सेना एवं डॉ. के.एल. गुप्ता, भारतीय अर्थव्यवस्था, नवयुग साहित्य सदन, आगरा, 1999, पृष्ठ 60
2. के.बी. सक्सेना एवं जी.एन. वर्मा, औद्योगिक सन्नियम, रमेश बुक डिपो, जयपुर, 1975-76, पृष्ठ 210
3. डॉ. बी.एम. जैन, शोध प्रविधि एवं क्षेत्रीय तकनीक, रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर, 1990, पृष्ठ 20
4. पी. पद्यावती, ग्रामीण अर्थशास्त्र, प्रिंटवैल पब्लिशर्स, जयपुर, 1989, पृष्ठ 75
5. राम किशन गुप्त, बैंकों में निधि प्रबन्धन, शारदा प्रकाशन, नई दिल्ली, 2001, पृष्ठ 26
6. डॉ. बी.एस. माथुर, सहकारिता, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा, 1990, पृष्ठ 132-133
7. डॉ. डी.सी. पन्त, भारत में ग्रामीण विकास, कॉलेज बुक डिपो, जयपुर, 2011, पृष्ठ 1-2

****

डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक और राजनीतिक चिन्तन

डॉ. बैद्यनाथ चर्मकार *

प्रस्तावना – राष्ट्रप्रेमी, दलित मुक्तिदाता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर का मानना था कि, भारत में सामाजिक अन्याय और उत्पीड़न पुराने समय का है, यह उत्पीड़न उसी समय प्रारम्भ हो गया था जब पश्चिमोत्तर भारत पर मध्य एशिया में रहनें वाले आर्यों का आक्रमण हुआ था। यह आक्रमण भारत में दलित सभ्यता और संस्कृति पर हुआ था। सिन्धु घाटी की सभ्यता के लोगों और आर्यो के बीच हुए संघर्ष के ठोस प्रमाण नहीं मिलते क्यों कि सिन्धु सभ्यता में हुई पुरातात्विक खुदाई से प्राप्त लेखों को अभी तक पढ़ा नहीं जा सका और उसे चित्राक्षर लिपि बताया गया है, परन्तु आर्यो द्धारा रचित साहित्य ऋग्वेद के आधार पर सामाजिक अन्याय और विषमता का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। उक्त वेद में रक्षा, दस्यु, दास, पणि, शम्बर, किरात लोगों को ऋग्वैदिक आर्य हेय और घृणा की दृष्टि से देखते थे। मूल भारतीय जिन्हें आर्यो ने अनार्य कहा है वे आर्यो के देवताओं में श्रद्धा और विश्वास नहीं रखते थे इसलिए आर्यो ने उन्हें **'अदेवयु'** कहते थे। ऋग्वेद से यह भी ज्ञात होता है कि आर्यों नें युद्ध बल से नहीं बल्कि छल और प्रपंच से **'पणियों'** (मूल भारतीयों) के पशुओं का रहण कर लिया था।[1] उस समय मूल भारत वासियों को आर्यों नें अपने साथ नहीं मिलाया था तथापि ऋग्वैदिक युग के अंतिम चरण में आर्यो नें उन्हें अपनें साथ मिलाया था और उन्हें चतुर्थ वर्ण शूद्र कहा। उत्तरवैदिक काल तक यह वर्णव्यवस्था पुष्ट हो गई थी।

इसी क्रम में आगे चलकर वर्णीय विषमता उभरकर सामने आ गई थी। कर्मकाण्डों का प्रभाव इतना प्रबल हो गया था कि यज्ञ ही स्वर्ग का द्धार मानें जाने लगे और यज्ञों के सम्पादन के लिए ब्राह्मण पुरोहितों की अनिवार्यता हो गई। ऋग्वेद काल के बाद उपनिषद् युगीन वैचारिक क्रांति वस्तुत: सामाजिक अन्याय और असमानता के विरूद्ध आन्दोलन ही था जिसका मूल सूत्र था **'ऋते ज्ञानात न मुक्ति:'** अर्थात् ज्ञान के बिना मोक्ष नहीं मिल सकता। इसके सामने कर्मकाण्ड निरर्थक थे। इस ज्ञान आन्दोलन को मुखर स्वरुप दो क्षत्रिय राजकुमारों बुद्ध और महावीर नें दिया। बुद्ध नें इसे लोगों के जीवन में यथार्थ रुप में उतार दिया। इसका व्यापक सामाजिक प्रभाव इसी से जाना जा सकता है कि चातुर्थ वर्ण व्यवस्था का वर्ण क्रम ही बदल गया। ब्राह्मण, क्षत्रिय क्रम के स्थान पर क्षत्रिय ब्राह्मण क्रम हो गया।

गौतम बुद्ध एवं मुक्ति आन्दोलन – सामाजिक अन्याय अैर असमानता को मिटाकर महामानव बुद्ध ने समानता, स्वतंत्रता, करुणा और मैत्री के आधार पर मानवीय एकता और उसकी गरिमा की प्रतिष्ठा बताई उनका मानना था कि मनुष्य वर्ण एक है उसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है। जातियाँ पशु–पक्षियों, कीड़ों–मकोड़ों और वृक्षों में होती है, जिन्हें देखकर ही पहचान लिया जाता है कि यह अमुक जाति का पशु–पक्षी या वृक्ष है। ठीक इसी तरह मनुष्य में आकार–प्रकार या ऐसा कोई भेद प्रतीत नहीं होता जिसे देखकर यह जाना जा सके कि यह व्यक्ति अमुक वर्ण या जाति का है। बुद्ध का मानना था कि मनुष्य की गति, प्रगति और अधोगति में ईश्वर का कोई हाथ नहीं होता है क्योंकि ईश्वर का अस्तित्व ही नहीं है। मनुष्य अपनीं दशा दुर्दशा के लिए स्वयं जिम्मेदार है उन्होंने अपने सिद्धान्त में बताया कि **'मनुष्य अपना स्वामी स्वयं है उसका दूसरा कोई स्वामी नहीं है'** गौतम बुद्ध नें कहा था कि किसी बात को इसलिए मत मानों कि उनका कहना था कि पहले बात को सुनो समझों और विचार करो। जब तुम स्वयं जान लो कि वह बात कल्याणकारी है, क्रोध उत्पन्न करनें वाली नहीं है और इसकों ग्रहण करना हितकर और सुखकर है तभी उसे स्वीकार करो, तभी उसे मानो। यह उपदेश वास्तव में मानव मात्र के लिए चिन्तन की स्वतंत्रता का घोषणा पत्र था।

सम्राट अशोक तथा मुक्ति आन्दोलन – राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक इतिहास में सम्राट अशोक का युग स्वर्ण युग माना जाता है यह पहला अवसर था जब मिश्र, यूनान, सीरिया और एपिरस आदि देशों में भारतीय संस्कृति को स्वीकार किया था। मानवीय समता, एकता और बंधुता के लिए जितना कार्य सम्राट अशोक ने किया था उतना कोई दूसरा शासक नहीं कर सका उसका आधारभूत तत्व ज्ञान, नैतिक आचरण और कर्तव्य पर आधारित थे। अशोक का प्रयत्न रहा था कि सभी सम्प्रदायों के लोग एक साथ हिल–मिलकर रहें और अपनें सम्प्रदायों के सार तत्वों की वृद्धि करें। अपनें धर्म की झूठी प्रशंसा और दूसरे सम्प्रदाय की निन्दा न करें। सम्राट अशोक का मानना था कि जो अपने धर्म की झूठी प्रशंसा और दूसरे के सम्प्रदाय की निन्दा करता है वह दूसरे सम्प्रदाय की हानि तो करता ही है साथ ही वह अपनें धर्म की भी हानि करता है। सम्राट अशोक मानवीय एकता के लिए यह आवश्यक मानते थे कि आवश्यकता से अधिक धन संग्रह न किया जाय। भारत के राजनीतिक इतिहास में यदि किसी ने यह घोषणा की कि वर्ण और जाति के विचार से ऊपर उठकर सभी मनुष्यों के साथ न्याय और दण्ड में समानता बरती जायेगी तो वह अशोक ही था। सम्राट अशोक ने निरीह पशुओं की बलि पर भी प्रतिबंध लगा दिया था।[5]

सम्राट अशोक का मानना था कि शरण बल से शरीर पर विजय प्राप्त की जा सकती है परन्तु उसके मन पर नहीं। कलिंग के भयंकर युद्ध से अशोक ने यही निष्कर्ष निकाला था तभी उसने कहा था कि इस विजय को भी मैं अपनी पराजय मानता हूँ। क्योंकि इसमें एक लाख लोग मारे गये, डेढ़ लाख बंदी बनाये गये, इससे कई गुना लोग स्त्री–पुरूष और बच्चें जो इनके आश्रित होगें असहाय हो गये। इसलिये अब यदि थोड़ी संख्या में भी लोग मारे जाते हैं तो राजा अशोक को महान कष्ट होगा। सम्राट अशोक का यह राज प्रयास भी **मुक्ति आन्दोलन ही था।** नि:संदेह बुद्ध की शिक्षाओं से प्रभावित अशोक

* अतिथि विद्वान (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.) भारत

स्वयं बौद्ध धर्मानुयायी था, लेकिन यह अन्य धर्मों तथा उनके अनुयायियों का सम्मान करता था। इस प्रकार मानवीय समानता और न्याय पर आधारित इस संस्कृति को भी ब्राह्मणी विचार सेनापति पुष्यमित्र शुंग नें मौर्य शासक वृहद्रथ की हत्या करके मौर्य साम्राज्य को हथिया लिया यही नहीं उसने यह भी घोषणा की कि **'जो व्यक्ति मुझे एक बौद्ध भिक्षु का सिर काटकर देगा उसे मैं सौ दीनार (स्वर्ण सिक्के) दूँगा।'**[6]

अशोक के मुक्ति आन्दोलन के विरुद्ध प्रतिक्रिया ने इतना उग्ररूप धारण कर लिया कि उसे ब्राह्मण धर्म के पुनरूत्थान की संज्ञा दे दी गई। अशोक की संस्कृति को ब्राह्मण धर्मी लोग भारतीय संस्कृति भी नहीं मानते थे। मौर्य युग के बाद शुंग शासक ने ब्राह्मण धर्म के पुनरस्थापक ग्रंथ **'मनुस्मृति'** की रचना करवायी। यह विचारणीय बात है कि अशोक द्वारा समता, न्याय, करुणा और बंधुता पर आधारित संस्कृति के संस्थापक और प्रचार-प्रसार के कारण ही कदाचित ब्राह्मण साहित्य के किसी ग्रंथ में सम्राट अशोक का वर्णन नही किया गया। जब कि सत्य यह है कि वह भारत माँ का गौरव पुत्र था। यह धार्मिक भेदभाव अथवा आधुनिक शब्दावली में साम्प्रदायिकता की चरमसीमा थी। यदि उसके द्वारा पत्थर की चट्टानों पर पहाड़ों की गुफाओं में और स्तम्भों पर लिखवाये गये अभिलेख खुदाइयों में प्राप्त न होते तो शायद भारतीय इतिहास में सम्राट अशोक का नाम और काम नदारत होता।

मनु के इतने प्रतिबंधों के बावजूद शूद्रों का मुक्ति आन्दोलन यत्र-तंत्र चलता ही रहा। शूद्र अपनें राज्य स्थापित करनें की लालसा में थे और कठिन परिश्रम करके धन भी इकट्ठा कर लिया था इसी कारण मनु को लिखना पड़ा कि आर्यो को शूद्र राजा के राज्य में कभी भी निवास नहीं करना चाहिये शूद्र द्वारा अर्जित धन-सम्पति को राजा छीन ले नहीं तो वह शूद्र राजा को ही कष्ट पहुँचायेगा। एक लंबे अंतराल के बाद शूद्र मुक्ति आन्दोलन उन्नीसवीं शताब्दी में पुन: उभरकर सामने आया, जब माली जाति में उत्पन्न ज्योतिबा फुले ने शूद्रों में शिक्षा का प्रचार किया। ज्योतिबा फुले द्वारा चलाया गया यह शिक्षा आन्दोलन महाराष्ट्र तक ही सीमित रह गया परन्तु ज्योतिबा फूले का आन्दोलन प्रकाश का आन्दोलन था जिसे रोंक पाना ब्राह्मणी व्यवस्था के बूते की बात नहीं थी।[7]

निष्कर्ष - डॉ. भीमराव अम्बेडकर तथा आधुनिक काल - समय बीतता गया कुछ अंतराल के बाद भारत के महान सपूत डॉ. भीमराव अम्बेडकर नें इसे इतना आगे बढ़ाया कि सम्पूर्ण भारत ही आन्दोलित हो उठा उनके इस मुक्ति आन्दोलन में मानव के सम्मानपूर्ण जीवन के लिए आवश्यक सभी तत्व निहित थे उनके इस मुक्ति आन्दोलन का विकास क्रम उनके द्वारा और उनकी प्रेरणा से प्रकाशित पत्रिकाओं के नामकरण से ही हो जाता है। पहली पत्रिका **'बहिष्कृत भारत'** थी जो भारत के बहिष्कृत अछूत लोगों की बात करने वाली पत्रिका थी। दूसरा पत्र **'मूकनायक'** था जो बेजुबानों की बात करता था। तीसरा पत्र **'जनता'** चौथा **'समता'** और अंतिम **'प्रबुद्ध भारत'** था। डॉ. भीमराव अम्बेडकर का आन्दोलन मानवीय गरिमा, स्वावलम्बन और स्वाभिमान तथा भ्रातृत्व भाव की स्थापना के लिए थे। ब्राह्मणी विधि विधानों द्वारा शूद्रों की शिक्षा के लिए बंद द्वारों को डॉ. अम्बेडकर ने सिद्धार्थ कॉलेज, मिलिन्द कॉलेज आदि की स्थापना और संचालन करके खोल दिया साथ आन्दोलन को शैक्षणिक दिशा भी दे दी। भारत में नारी विमुक्ति और दास विमुक्ति के लिए डॉ. अम्बेडकर को सदैव स्मरण किया जायेगा। जिस भारत में इस युग में भी तालाब में पानी निकालने के लिए अछूतों की बलियाँ दी जाती हो, शूद्र के हाथों से जल चढ़ाने पर भगवान छू जाते हों, विवाह-शादी के मंगलकारी संस्कारों के अवसर पर भी दूल्हे को घोड़े पर बैठनें से रोंका ही नहीं बल्कि कत्ल कर दिया जाता हो, स्त्रियों को बैलों के साथ हल में जोत दिया जाता हो, जहाँ लक्ष्मी की पूजा करनें पर भी देश कर्जे में डूबता जा रहा हो, सरस्वती के वरदान होते हुए जहाँ के लगभग 2/3 लोगों के स्कूल, खड़िया व पुस्तक नशीब न होती हो, जहाँ धन दौलत पा जाने पर शूद्र को भी क्षत्रिय बना दिया जाता हो, ऐसे अज्ञान और अंधविश्वासों के अंधकार में फंसे हुये लोगों को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने नई राह दिखाई, मुक्ति का रास्ता बताया।[8]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लाल, डॉ. अँगने, बाबा साहब अम्बेडकर की सांस्कृतिक देन, 2009, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.-183
2. लाल, डॉ. अँगने, बाबा साहब अम्बेडकर की सांस्कृतिक देन, 2009, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.-185
3. लाल, डॉ. अँगने, बाबा साहब अम्बेडकर की सांस्कृतिक देन, 2009, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.-187
4. लाल, डॉ. अँगने, बाबा साहब अम्बेडकर की सांस्कृतिक देन, 2009, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.-188
5. लाल, डॉ. अँगने, बाबा साहब अम्बेडकर की सांस्कृतिक देन, 2009, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.-189
6. लाल, डॉ. अँगने, बाबा साहब अम्बेडकर की सांस्कृतिक देन, 2009, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.-190
7. लाल, डॉ. अँगने, बाबा साहब अम्बेडकर की सांस्कृतिक देन, 2009, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.-191
8. लाल, डॉ. अँगने, बाबा साहब अम्बेडकर की सांस्कृतिक देन, 2009, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ.-192

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

स्वामी विवेकानन्द के विचारों में 'शिक्षा' के सामाजिक परिवर्तन

ममता चौहान *

शोध सारांश – 'उठो, जागों और तब तक मत रूको, जब तक अपने उद्देश्य को प्राप्त न कर लो।'

स्वामी विवेकानन्द ने भारत के जन-समुदाय की सामाजिक धार्मिक एवं आर्थिक परिस्थितियों को निकट से देखा तथा समझा था। इसी की पृष्ठभूमि में उनके दार्शनिक चिन्तन का उद्‌भव हुआ। सामाजिक सुधार तथा आध्यात्मिक चिन्तन की सरिता तभी से सतत् प्रवाहमान है। विवेकानन्द जी के अनुसार सामाजिक कुरीतियों, अन्धविश्वास एवं अबौद्धिक रूढ़िवाद के कारण ही उत्पन्न हुए। जिसके कारण लोगों में आध्यात्मिक मूल्यों की समझ कम हो गई थी। समय की माँग के अनुरूप आध्यात्मिक जागरण अनिवार्य है। स्वामी विवेकानन्द पर प्राचीन भारतीय दर्शन-विशेष रूप से 'वेदान्त-दर्शन' का गहरा प्रभाव हुआ। स्वामीजी ने सत्य के सर्ववादी रूप को स्वीकार किया है। उनके दर्शन में 'माया' पर वृहद् विचार-मंथन हुआ है, जो वेदान्त पर आधारित है। वेदान्त के अलावा विवेकानन्द के विचारों पर बौद्ध-दर्शन का प्रभाव भी दिखाई देता है।

शिक्षा दर्शन का क्रियात्मक रूप जीवन आदर्शो को यथार्थ के धरातल पर खड़ा करना है। मनोवृत्तियों और मूल्यों तथा ज्ञान और कौशल दोनों ही क्षमताओं के विकास के माध्यम से शिक्षा लोगों की बदलती हुई परिस्थितियों के अनुरूप बनने के लिए उन्हें शक्ति का लचीलापन प्रदान करती है, सामाजिक विकास के लिए प्रेरित करती है तथा समाज को योगदान देने योग्य बनाती है।

प्रविधि – इस शोध पत्र में **स्वामी विवेकानन्द के विचारों में 'शिक्षा' के सामाजिक परिवर्तन** में द्वितीयक शोध सामाग्री के द्वारा अध्ययन किया गया है। इसके साथ-साथ धार्मिक साहित्यों, पत्र-पत्रिकाओं और विद्वानों का मार्गदर्शन के आधार पर निर्माण किया गया है।

समस्या – भारतीय शिक्षा की वास्तविक समस्या यह है कि हमारे शैक्षिक प्रबन्धक, प्रशासक एवं शिक्षक सुदृढ़ विचारों को सत्यनिष्ठा से व्यवहारिक रूप नहीं दे पाते हैं। वास्तविक रूप से पाश्चात्य शिक्षा, भारतीय आत्मा की चिन्तन धारा को अवरूद्ध कर रही है। हमारी शिक्षा प्रणाली की दिशा सही नहीं है फिर भी दौड़ रही है, जिसका मुख्य कारण यह है कि हमारे शिक्षा शास्त्री, राजनीतिज्ञ, प्रशासक और शिक्षक स्वार्थी हो गये हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में गरिमामय वातावरण, आदर्शवादिता, संस्कार एवं चरित्र विलुप्ल होते दिखाई दे रहे हैं।

उद्देश्य :

- शिक्षा के मूल तत्वों का अध्ययन करना।
- मानवीय मूल्यों का अध्यायन करना।
- स्वामी विवेकानन्द के साहित्य में मूल्यों का अध्ययन।

स्वामी विवेकानन्द वर्तमान परिस्थितियों में अत्यन्त प्रासंगिक लगते हैं। मानव भौतिकवादिता के प्रभाव में मानवता को भूल रहा है।

सुझाव – आज शिक्षा को हम सामाजिक परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम मानते हैं, अत: हमें विवेकान्द का शैक्षिक दर्शन अत्यन्त महत्वपूर्ण लगता है। स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू के अनुसार -'स्वामी विवेकानन्द के जीवन का उद्देश्य समाज सेवा, जन-शिक्षा, धार्मिक पुनरूत्थान और शिक्षा द्वारा जागृत करके मानव जाति की सेवा करना था।'

राष्ट्रकवि रविन्द्रनाथ टैगोर के अनुसार- 'भारत की आत्मा को समझना हो तो स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन का अध्ययन करो।' वास्तव में आज पुन: उनके दर्शन की आवश्यकता प्रतीत होती है, क्योंकि उस समय भौतिकवादिता की चकाचौंध नहीं थी, लेकिन आध्यात्मिकता की सम्पन्नता थी। आज भौतिक सम्पन्नता तो है, परन्तु आध्यात्मिक विपन्नता दिखाई दे रही है। स्वामी विवेकानन्द की शिक्षा का सम्बन्ध आध्यात्मिक और भौतिक अनुभवों से है, जिसका अधिक जोर शुद्धता और शक्ति को आत्मसात करने पर है। स्वामी विवेकानन्द के अनुसार सम्पूर्ण शिक्षा एवं प्रशिक्षण का एकमात्र उद्देश्य 'मनुष्य का निर्माण' होना चाहिए।

वर्तमान परिवेश में विद्यार्थी ज्ञान का बहिरंग प्राप्त कर रहा है और भौतिक सम्पन्नता से सुखी होने का अहसास तो कर रहा है, परन्तु आत्मिक सुख से वंचित होता जा रहा है। अमेरिका जैसी महाशक्ति, भारतीय युवाओं के ज्ञान से स्तब्ध है, लेकिन मानवता का गुण भारतीय संस्कृति को स्तब्ध नहीं कर पा रहा है।

समाधान – स्वामी विवेकानन्द के अनुसार शिक्षा अनेक उद्देश्यों की पूर्ति करती है। वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति आवश्यक प्रतीत होती है।

यदि शिक्षा देशप्रेम की प्रेरणा नहीं देती है, तो उसे राष्ट्रीय शिक्षा नहीं कहा जा सकता है।

वर्तमान परिदृश्य में यह प्रासंगिक लगता है, क्योंकि देशप्रेम के पहले आज भौतिक सम्पन्नता एवं प्रेमयुक्त युवा अधिक हैं। युवाओं के पलायन का कारण चाहे राजनैतिक हो, प्रशासनिक नियम हो या सामाजिक प्रतिष्ठा हो, लेकिन देशप्रेम की प्रेरणा हमारी शिक्षा नहीं दे पा रही है। अत: वर्तमान शिक्षा को राष्ट्रीय शिक्षा नहीं कहा जा सकता है।

शिक्षा द्वारा मनुष्य में मानव-प्रेम, समाजसेवा, विश्वचेतना और विश्वबन्धुत्व के गुणों का विकास करना चाहिये।

शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य का धार्मिक, नैतिक, मानसिक, भावात्मक, शारीरिक, सामाजिक, व्यावसायिक और चारित्रिक विकास करना है।

यदि मनुष्य का शारीरिक विकास हो, तो स्वमेव मानसिक, भावात्मक, धार्मिक, नैतिक, चारित्रिक, सामाजिक व व्यावसायिक योग्यता के हेतु वह

* शोधार्थी (दर्शनशास्त्र) शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रयास करेगा। आज की शिक्षा प्रणाली भी स्वामी विवेकानन्द की उस तत्कालीन प्रणाली के विचारों से मेल खाती दिखाई देती है। स्वामी जी युवाओं को परामर्श देते हुए कहते थे कि- 'तुमकों कार्य के सब क्षेत्रों में व्यवहारिक बनना होगा। सिद्धान्तों के ढेरों ने सम्पूर्ण देश का विनाश कर दिया।'

सर्वप्रथम मानव बनो और अन्तिम लक्ष्य अर्थात् मोक्ष जिसे आज की परिस्थितियों में एक त्व के रूप में परिभाषित कर सकते हैं कि स्थिति में जाना ही मनुष्य का ध्येय हो। यह ध्येय शिक्षा से ही प्राप्त किया जा सकता है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की प्रणाली आज का वैश्वीकरण है, जिससे हम हजारों वर्ष पूर्व श्रीमद्‌भागवद्गीता में दे चुके हैं।

धर्म और शिक्षा का समन्वय आज आवश्यक प्रतीत होता है। इसे स्वामीजी की सोंच के साथ चलना आवश्यक है। धर्म शिक्षा का सारतत्व रहा है। धर्म-अनादि सत्यों का संचित कोष है, जिसकी अनुभूमि भारत के प्राचीन ऋषियों ने की है। भारत में युग-युगान्तरों से धर्म शिक्षा का आधार रहा है। जब तक मनुष्य का शरीर है, मन है, मस्तिष्क है, जीवन है, तब तक उसमें धर्म है। जब तक मनुष्य में सोचने की शक्ति रहेगी तब तक किसी न किसी रूप में धर्म रहेगा ही। यदि धर्म और शिक्षा का समन्वय कर दिया जाये तो प्रत्येक मनुष्य के साथ शिक्षा स्वमेव जुड़ जोयेगी। वर्तमान में शिक्षा ज्ञान का विराट रूप हो गया है।

स्वामी विवेकानन्द आदर्श मानव व्यक्तित्व का विकास शिक्षा के माध्यम से करना चाहते थे।

स्त्री शिक्षा का वर्तमान में कार्य हो रहा है। नारी के उत्थान पर स्वामीजी के विचार महत्वपूर्ण प्रतीत होते हैं। पहले अपनी स्त्रियों को शिक्षित करों, तब वे आपकों बतायेंगी कि स्वामी विवेकानन्द जनशिक्षा पर अत्यधिक बल देते थें। जनशिक्षा द्धारा सारी जनसंख्या को राष्ट्र निर्माण के क्रियाकलापों में संलग्न करना अत्यन्त आवश्यक है। देश के पुनरूत्थान के लिए जन-साधारण की शिक्षा को अनिवार्य रूप देने पर स्वामी विवेकानन्द ने हमेशा जोर दिया है। उनके विचारों में जनसाधारण की शिक्षा के क्षेत्र में अवहेलना हमारे पतन का कारण रहा है। अत: वे कहते थे - 'जब तक भारत की सामान्य जनता को एक बार फिर अच्छी शिक्षा, अच्छा भोजन और अच्छी सुरक्षा प्रदान नहीं की जायेगी, तब तक अधिकाधिक राजनीति भी व्यर्थ होगी।'

स्वामीजी अपने भाषणों में कहते थे कि भारतीय पिछड़ी जनता को शिक्षा की आवश्यकता है, जिससे उसका खोया हुआ आत्म सम्मान लौट आए।

जनशिक्षा के प्रसार के लिए स्वामी विवेकानन्द का सुझाव था अपेन पत्र में 1894 में उन्होंने लिखा था। 'मेरा दिल भर आया है और तुम जानते हो- क्यों? जब तक लाखों करोड़ो लोग भूख और अज्ञान के अधंकार में रहते हैं, मैं उस व्यक्ति को देशद्रोही समझता हूँ, जिसे उसके खर्च पर शिक्षा मिली है और फिर उनकी ओर तनिक ध्यान नहीं देता। शिक्षा का मूल कार्य जन-शिक्षा का प्रसार है। स्वामीजी चाहते थे कि घर-घर जाकर जन-शिक्षा का प्रसार होना चाहिये। 'यदि भारत के हजारों साधु-सन्यासियों में से कुछ को धर्म के अलावा अन्य विषयों की शिक्षा प्रदान करने के लिए संगठिन कर लिया जाये तो बड़ी सरलता से घर-घर जाकर वे अध्यापन और धार्मिक शिक्षा दोनों दे सकते हैं।' शिक्षा केवल कुछ चुने हुए लोगों के लिए नहीं, सबके लिए आवश्यक समझी जाती है। स्वामीजी के अनुसार-भारत के जनमानस को शिक्षित करने के लिए सभी उपाय किये जायें ताकि वह इच्छित आदर्श को प्राप्त कर सके। स्वामीजी चाहते थे, भारत के कोने-कोने में ऐसे शिक्षा केन्द्र स्थापित किये जायें, जहाँ से चारों ओर शिक्षा का प्रकाश फैले। स्वामीजी बार-बार यह कहते थे कि सर्वसाधारण को शिक्षित बनाईये और उन्नत कीजिये। तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सकता है। वर्तमान में समाज जैसा दिखाई दे रहा है। इसके मूल में कहीं न कहीं शिक्षा आवश्य है। शिक्षा चाहे औपचारिक हो या अनौपचारिक। बालक का समाज में पदार्पण प्राप्त शिक्षा के साथ ही होता है। जब हम 'शिक्षा का सार' भाग 2 परिच्छेद 4 को पढ़ते हैं कि शिक्षा बालक के अन्तर्मन में छिपी शक्तियाँ हैं, जिसे हम उभारते हैं, सँवारते हैं, सजाते हैं, व उसे समाज में रहने के योग्य बनाते हैं।

निष्कर्ष - स्वामी विवेकानन्द के शिक्षा दर्शन को ध्यान में रखकर हम वर्तमान राष्ट्रीय शिक्षा नीति को देखें तो वे सारे महत्वपूर्ण बिन्दु जो स्वामी जी के शिक्षा दर्शन में है, वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बिन्दु भी है। स्वामी जी के अनुसार समाज के शोषित, पीड़ित और पिछड़े वर्ग को शिक्षा देने का पक्ष मजबूत होना चाहिये। शिक्षा, द्धारा सत्य, चिन्तन, सत्य भावना, सद्‌व्यवहार विकसित होना चाहिये। स्वामी विवेकानन्द के विचारों के अनुसार शिक्षा को व्यवहारिक रूप देना चाहिये। तभी शिक्षा समाज में क्रांतिकारी सामाजिक परिवर्तन का आधार बन सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रो. हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा : भारतीय दर्शन की रूपरेखा, प्रकाशक, मोतीलाल बनारसीदास नई दिल्ली, संस्करण, 2002 पृष्ठ 4
2. डॉ. नरेन्द्र सिंह महला : भारतीय दर्शन शब्द कोश, प्रकाशक, जैन प्रकाशन मन्दिर जयपुर, संस्करण 2004 पृष्ठ 117
3. जगदीश सहाय श्रीवास्तव : अद्धैतवेदान्त की तार्किक भूमिका, प्रकाशक किताब महल इलाहाबाद, संस्करण 1999 पृष्ठ 5
4. डॉ. पवित्र कुमार शर्मा : व्यक्तित्व-विकास, प्रकाशक विदुषी नई दिल्ली, संस्करण, 2010 पृष्ठ 18
5. बसन्त कुमार लाल, समकालीन भारतीय दर्शन, मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली, पृष्ठ 20
6. जदुनाथ सिन्हा, भारतीय दर्शन, मोतीलाल बनारसीदास पब्लिकेशन्स, प्राइवेट लि. नई दिल्ली, पृष्ठ 1
7. हरिम जसटा, आधुनिक भारत में शैक्षिक चिन्तन, परमेश्वरी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ 5

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

जनजातीय समुदाय की प्रकृति और समस्याओं का भौगोलिक अध्ययन

डॉ. राजेन्द्र कुमार साकेत *

शोध सारांश – सम्पूर्ण देश में लगभग 450 अनुसूचित जनजातियाँ पायी जाती हैं, जो भारतीय संविधान द्वारा अधिसूचित की गई है। मध्य प्रदेश के लिए 46 अनुसूचित जनजातियाँ घोषित हैं। इनमें से मध्य प्रदेश में लगभग 25 अनुसूचित जनजातियाद्द पायी जाती हैं, शेष 21 जनजातियाँ छत्तीसगढ़ राज्य में पायी जाती है। ये 46 जनजातियाँ भाषा-बोली, आर्थिक स्थिति, सामाजिक स्थिति तथा जाति समूहों के आधार पर लगभग 161 उपजातियों में बंटी हुई है। एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र और एक जाति समूह से दूसरी जाति समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी भिन्नतायें हैं। ये आदिम जातियाँ गैर आदिम जातियों की तुलना में आर्थिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से कमजोर तो हैं ही, एक आदिम जाति की तुलना में दूसरी आदिम जाति भी आर्थिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से कमजोर है, विकास के अन्य संकेतकों में भी भारी भिन्नतायें है। मध्यप्रदेश में गोड़ और भील जनजाति समूह सबसे बड़ी जनजाति समूह है। अध्ययन क्षेत्र गोहपारू विकासखण्ड में गोड़, बैगा एवं कोल जनजातियों की संख्या सबसे अधिक है। इन जनजातियों में बैगा जनजाति विशेष पिछड़ी जनजाति के रूप में चिन्हित की गई है। इसके अलावा खोकर, धोबा इत्यादि जनजाति के रूप में चिन्हित की गई है। इसके अलावा खोकर, धोबा इत्यादि जनजातियाँ भी काफी पिछड़ी अवस्था में पायी जाती हैं। ये सभी जनजातियाँ मानव शास्त्र के अनुसार प्रोटो-आस्ट्रोलायड प्रजाति की जनजातियाँ है। अपनी उत्पत्ति के संबंध में प्रत्येक जनजाति की 'मिथ' कथायें हैं। इन जातियों का धार्मिक आधार पशुओं अथवा वृक्षों के नाम पर आधारित है, प्राय: सभी जनजातियों के नाम, वंश, उपनाम, टोटम किसी न किसी पशु या वृक्ष के नाम पर है। ये जनजातियाँ हिन्दू और ईसाई धर्म से प्रभावित है और इन्हीं धर्मो का अनुसरण करती है। इन जनजातियों में अन्ध विश्वास की प्रधानता पायी जाती है। भूत-प्रेतों एवं पूर्वजों की आत्माओं पर अत्यधिक विश्वास करते हैं और उनकी पूजा बलि देकर करते हैं।

शोध प्रविधि – प्रस्तावित शोध-पत्र **जनजातीय समुदाय की प्रकृति और समस्याओं का भौगोलिक अध्ययन** इस शोध पत्र में प्राथमिक और द्वितीय शोध सामाग्री से आधार पर अध्ययन किया गया है। जिसके भौगोलिक अध्ययन हेतु अनुसूचित जनजाति विकास के अनेक पुस्तकों का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है।

समस्या – विधायी, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका से संबंधित प्रावधान भारत के संविधान में पर्याप्त रूप से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को पर्याप्त शक्तियाँ एवं विशेष जिम्मेदारियाँ अनुसूचित जनताति के उत्थान के लिए दिये गये हैं। राज्य और केन्द्र सरकारें सवैंधानिक उत्तरदायित्व की भावना से दलित शोषित समाज की समस्याओं और उनकी परेशानियों तथा कठिनाईयों से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से उपर्युक्त प्रावधान किये गये हैं। गैर अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के मध्य शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक विषमता को पाटने के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों को सार्थक पहल करने की जिम्मेदारी संविधान में सौंपी गई हैं। अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों के विकास की आवधारण निम्नानुसार तीन मापदण्डों के आधार पर सुनिश्चित किये जाने हेतु संविधान में राज्य सरकारों के लिए विशेष उत्तारदायित्व सौंपा है :-

उद्देश्य :

- अधिसूचनाओं द्वारा विधायी प्रावधान
- नियमों और निर्देशों के माध्यम से विधायी प्रावधान।
- संसद और विधान सभाओं द्वारा कानून बनाकर विधायी प्रावधान।

संविधान में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत इन तीन सामान्य प्रक्रियाओं के माध्यम से सतत् रूप से विगत 68 वर्षों में अनुसूचित जनजाति क्षेत्र तथा इन क्षेत्रों में निवासरत अनुसूचित जनजाति समूह के लिए इनकी आवश्यकता के अनुरूप विशेष नियम और कानून बनाया गया है ताकि संवैधानिक उत्तारदायित्वों का निर्वाह हो सके। इन विशेष प्रावधानों को संवैधानिक सुरक्षा कवच भी कहते हैं।

सुझाव – इस अवधारणा की पूर्ति हेतु निम्नानुसार मापदण्ड़ों के आधार पर किये जाने के सतत् प्रयास हो रहे हैं :-

- अनुसूचित जनजाति समूहों में व्याप्त विभिन्न परम्परागत निर्योग्यताओं को समाप्त करना।
- अनुसूचित जनजाति समूहों को भूमि अपवंचन से रोकना तथा शोषण से मुक्ति दिलाना।
- भूमि पर आजीविका के संसाधन उपलब्ध कराना तथा सामंतवादी बंधनों से मुक्त करना एवं मध्यस्थ व्यापारियों के चंगुल से मुक्त करना।
- भू-स्वामित्व प्रदान करना तथा उत्पादन की विषमता को पाटना।

संचालन, उत्कृष्ठ शिक्षण संस्थाओं का संचालन, अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में प्राथमिक शालायें, माध्यमिक शालायें, उच्चत्तर माध्यमिक शालायें, हाई स्कूल इत्यादि का संचालन शासन द्वारा किया जा रहा है ताकि संविधान के अनुच्छेद 46 के अन्तर्गत संविधान द्वारा सौंपे गये उत्तारदायित्व का निष्पादन पूरी निष्ठा और मनोयोग से हो सके। वर्ष 1989 में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु लागू किया गया है।

समाधान – भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अन्तर्गत संसद के द्वारा पारित अधिनियम के पालन में अनुसूचित जनजातियों की सूची भारत के राष्ट्रपति के द्वारा जारी किये जाने का प्रावधान है। इस अनुच्छेद के पालन में भारत के राष्ट्रपति के द्वारा वर्ष 1950 तथा वर्ष 1956 एवं वर्ष 1976 में यथा संशोधित सूचियाँ जारी की गई हैं। इन सूचियों में जिन-जिन

* भूगोल, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

जातियों का उल्लेख हुआ हैं उन जातियों के लोगों को भारत के संविधान के अन्य अनुच्छेद जैसे 244, 320, 334, 335 और 339 में किये गये उपबंधों के अनुसार संवैधानिक सुरक्षा प्राप्त है। संवैधानिक सुरक्षा से तात्पर्य यह है कि उन्हें इन प्रावधानों के अन्तर्गत बनाये गये विधान के अनुरूप लाभ प्राप्त करने का अधिकार है, जो उनके जीवन की सर्वांगीण उन्नति से सम्बन्ध रखता है। उदाहरण के लिए प्रथम पंचवर्षीय योजना से पाँचवी पंचवर्षीय योजना तक अनुसूचित जनजातियों के उन्नति के लिए पारिवार मूलक योजनाऐं संचालित की गई परन्तु समीक्षा करने पर सरकार के ध्यान में यह बात लाई गई कि अनुसूचित जनजातियों के लोग अत्यन्त दूरस्थ और पहुँच विहीन क्षेत्रों में रहते हैं इसलिए जबतक क्षेत्र का विकास नहीं किया जाएगा तब तक अनुसूचित जनजातियों का विकास कर पाना चुनौतीपूर्ण रहेगा अत: पाँचवी पंचवर्षीय योजना में आदिवासी विकास के लिए आदिवासी क्षेत्र उपयोजना के नाम से बजट में पृथक से धनराशि का प्रावधान अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या के अनुपात में किया जाना प्रारम्भ किया गया। मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ विभाजन के बाद 31 आदिवासी विकास की वृहद परियोजनाऐं, 30 नोटीफाइड एरिया डव्हलपमेंट ऐजेन्सी और 6 क्लस्टर बने हैं। इन 31 आदिवासी विकास की वृहद परियोजनाओं में से एक सोहागपुर है जिसके अन्तर्गत गोहपारू विकासखण्ड सम्मिलित है।

आदिवासियों का विकास, आदिवासी क्षेत्र के विकास से जुड़ा है इसलिए विकास की अवधारणा मूल रूप से उनकी आवश्यकताओं तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। फलस्वरूप अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए योजना बनाने का सुझाव, अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा, अनुसूचित जनजाति के लोगों की समस्याओं का निराकरण मौके पर जाकर करने का प्रयत्न करना तथा उनके हितों के संरक्षण के लिए हितप्रहरी का कार्य करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 335 के अन्तर्गत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग तथा मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया गया है।

निष्कर्ष – इसके अलावा अनुसूचित जनजाति के क्षेत्र के विकास के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति क्षेत्रीय आयोग का गठन संविधान के अनुच्छेद 338 के अनुसार समय-समय पर की जाती रही है। वर्ष 1961 में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति क्षेत्रीय आयोग का गठन किया गया था जिसे लोकप्रिय रूप में डेव्हर कमीशन के नाम से जाना जाता है। क्योंकि श्री डेव्हर उक्त आयोग के अध्यक्ष थे इसके अलावा श्री दिलीप सिंह भूरिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति क्षेत्रीय आयोग का गठन भी किया गया था जिसे लोकप्रिय रूप से भूरिया आयोग कहते हैं। इन दोनों आयोगों ने भारत सरकार को उपयोगी सुझाव एवं अनुशंसाऐं प्रस्तुत की थीं जिसके फलस्वरूप आदिवासी क्षेत्रों में संचालित योजनाओं के लिए भारत सरकार ने विशेष केन्द्रीय सहायता, केन्द्रीय क्षेत्र योजना, केन्द्र प्रवर्तित योजना एवं संविधान के अनुच्छेद 275 के अन्तर्गत न केवल परिवारमूलक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है बल्कि क्षेत्रीय विकास के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य किये गये हैं। साथ ही साथ आदिवासी क्षेत्र उपयोजना के रूप में बजट में आदिवासियों की जनसंख्या के अनुपात में धनराशि का प्रावधान इनकी चहुँमुखी विकास के लिए किया जा रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सी.पी. तिवारी, **जनजातीय पर्यावरण,** आशा पब्लिशिंग, आगरा, 2003, पृष्ठ 193
2. शिवकुमार तिवारी, **म.प्र. की जनजातियाँ,** हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, म.प्र. भोपाल, 1987, पृष्ठ 203
3. चतुर्भुज मानोरिया, **मानव भूगोल,** रस्तोगी प्रकाशन, आगरा, 1977 पृष्ठ 68
4. कृपाशंकर माथुर, **आदिवासी समस्या : एक मानव वैज्ञानिक विश्लेषण,** मानव, पृष्ठ 19
5. बी.डी. चौधरी, **ट्राइबल डेव्हलपमेंट इन इंडिया,** इंटर इंडिया पब्लिकेशन्स नई दिल्ली, 1982

****

आवर्ती विपरण केन्द्रों का स्थानिक वितरण प्रतिरूप (डिण्डौरी जिले के सन्दर्भ में)

किशोर श्याम *

शोध सारांश – किसी स्थान विशेष पर जब कोई समूह प्रति सप्ताह, सप्ताह में दो बार, एक निश्चित समय के पश्चात् मिलता है तो उन स्थानों को आवर्ती विपणन केन्द्र कहते हैं। या जिन स्थलों पर प्रतिदिन क्रेता विक्रेता उपस्थित रहकर विपणन क्रियाएं सम्पन्न करता है व केन्द्र दैनिक बाजार केन्द्र या दैनिक आपूर्ति केन्द्र कहलाते हैं।

अत: आवर्ती विपणन केन्द्र के स्थान होते हैं जहाँ नियमित एवं सप्ताहिक रूप से विभिन्न वस्तुओं के विक्रेता एवं ग्राहक एक निश्चित सम्यांतराल पर मिलते है।

प्रस्तावना – हाडर महोदय के अनुसार 'बाजार किसी केन्द्र स्थल पर वस्तुओं, क्रेताओं और विक्रताओं का नियमित सम्यांतराल पर एक अधिकृत जन समूह होता है।' तथा कथित भूगोल विद के अनुसार 'बाजार केन्द्र सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य क्रियाकलापों का सम्पादन करने वाले केन्द्र स्थल होते हैं यहाँ पर क्रेता विक्रेताओं का समूह होता है तथा किसी वस्तु का मूल्य एवं भुगतान क्रेताओं तथा विक्रेताओं में सामूहिक निर्णय द्वारा निर्धारित होता है।'

अत: कहा जा सकता है कि वे स्थान आवर्ती विपणन केन्द्र कहलाते हैं। जहाँ क्रेता और विक्रेता एक निश्चित सम्यांतराल के बाद मिलते हैं तथा जहाँ आर्थिक क्रियाकलापों के अलावा सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, प्रशासनिक तथा राजनैतिक कार्य संपादित होता है।

जिन दूरवर्ती क्षेत्रो में जीवन निर्वाह कृषि, सीमित क्रय शक्ति तथा न्यून विकसित परिवहन तंत्र के कारण सीमित गतिशीलता पाई जाती है। ऐसे क्षेत्रों में दैनिक विपणन केन्द्र विकसित नहीं हो पाते है। ऐसे क्षेत्रों के आवश्यकता की पूर्ति आवर्ती विपणन केन्द्र करती है। इन्हें क्षेत्रीय भाषा में बाजार हाट बाजार, उठाई बाजार या पेक भी कहते हैं। चूँकि यहाँ के क्षेत्रीय लोगों की आवश्यकता सीमित होती है। इसलिए वे इन बाजारों से सप्ताह में एक या दो बार ही वस्तुओं का क्रय करते हैं ऐसे क्षेत्रों में आवर्ती विपणन केन्द्रों का महत्व बढ़ जाता है ये क्षेत्र ग्रामीण या नगरीय दोनों हो सकते हैं। विशेषकर आदिवासी या ग्रामीण क्षेत्रों में इन केन्द्रों का महत्व कई–कई कारणों से भी होता है। ये क्षेत्र केवल आदिवासियों के लिए क्रय–विक्रय का केन्द्र ही नहीं अपितु आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक व मनोरंजक के केन्द्र भी होते हैं। यहाँ उनके विचारों, अभिव्यक्तियों का समाधान होता है। चूँकि ये केन्द्र अत्यधिक दूरी पर स्थित होने के कारण यहाँ परिवहन के साधनों का अभाव होता है। अत: इन केन्द्रों का अध्ययन महत्वपूर्ण हो जाता है।

जिले की भौगोलिक स्थिति एवं विस्तार इत्यादि प्रस्तुत करने के पूर्व यह ज्ञात करना आवश्यक है कि संबंधित क्षेत्र एवं विवेचित विषय का चयन क्यों किया गया है। अध्ययन क्षेत्र एक एकांकी तथा ग्रामीण प्रदेश है। यहाँ की जनसंख्या तथा अर्थतंत्र संक्रमण की अवस्था से गुजर रहा है। ऐसी स्थिति में अर्थतंत्र के निर्धारण में विपणन केन्द्रों एवं केन्द्र स्थलों की स्थानिक एवं आर्थिक व्यवस्था का अध्ययन जो अब तक अछूता है न केवल एक अभिनय प्रयास होगा। वरन् अर्थतंत्र के नियोजन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा। जिला कृषि एवं उद्योग की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है फिर भी आवर्ती विपणन केन्द्र एवं केन्द्र स्थल क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे हैं। जिले का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक क्रियाकलापों पर पड़ा है। साथ ही यह क्षेत्र बड़ी तेजी से विकसित हो रहा है। जिले के विपणसन केन्द्र एवं केन्द्र स्थल न केवल बदल रहे हैं। वरन् नये केन्द्र स्थलों का जन्म हो रहा है। इन्हीं उपर्युक्त बातों का ध्यान में रखकर अपने अध्ययन का क्षेत्र जिला डिण्डोरी चुना जो स्थानिक एवं आर्थिक आयामों के अध्ययन हेतु आवश्यक है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र का अध्ययन अनेक विभागों के क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्रों से किया गया है। इसका अध्ययन विपणन केन्द्रों के आधार पर भूगोल संबंधी आँकड़ों का संकलन कर प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोंत प्रयोग किया गया है। जिसकी जानकारी जिला सांख्यकीय कार्यालय, पुस्तकालयों, भारतीय सर्वेक्षण विभाग की पुस्तिका पत्रकों से भी जानकारी एकत्रित की गई हैं।

उद्देश्य :

1. आवर्ती विपणन केन्द्रों का स्थानिक वितरण क्षेत्र, जनसंख्या तथा आबाद ग्रामों के आधार पर ज्ञात करना।
2. इन केन्द्रों का स्थानिक वितरण प्रतिरूप समरूपता तथा पूँजीकृत प्रतिरूपों से कितना विचलित होता है यह ज्ञात करना।
3. आवर्ती विपणन केन्द्र एवं केन्द्र स्थलों का वितरण प्रतिरूप ज्ञात करना।

विधि तंत्र – सर्वेक्षण के पश्चात् प्राप्त किये आँकड़ों को तालिका बंध कर उनका विश्लेषण किया गया। विपणन केन्द्रों एवं स्थलों की प्रचलित विधियों का उपयोग किया गया है। जिनमें मुख्यत: निकटतम पड़ोसी बिन्दु विश्लेषण विधि, जो ग्रामीण अधिवासों तथा आवर्ती विपण केन्द्रों एवं केन्द्र स्थलों का स्थानिक वितरण प्रतिरूप ज्ञात करने हेतु उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त जनसंख्या वृद्धि एवं घनत्व ज्ञात करने हेतु स्थानित लबधान विधि का प्रयोग किया गया है। बाजार प्रभाव क्षेत्र गुरूत्व मॉडल तथा अनुभवात्मक एवं गुणात्मक विधियों से ज्ञात किया गया है। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार भूगोल ने प्रचलित विभिन्न तकनीकि विधियों का प्रयोग किया गया है।

* शोधार्थी (भूगोल) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

परिकल्पना – अध्ययन क्षेत्र की परिकल्पना में आवर्ती विपणन केन्द्रों का वितरण याद्दच्छिक है।

विश्लेषण – आवर्ती विपणन केन्द्रों का क्षेत्रफल जनसंख्या तथा आबाद ग्राम के अनुसार स्थानिक वितरण।

क्षेत्रफल –आवर्ती बाजार अनुपात – अध्ययन के अनुसार क्षेत्र में प्रति 100 वर्ग कि.मी. में आवर्ती विपणन केन्द्रों की संख्या मात्र 0.63 है जो अत्यन्त कम है। डॉ. वी.के. श्रीवास्तव ने तराई प्रदेशों में यह संख्या प्रति 46 वर्ग कि.मी. में 1 दर्शाई है जो इससे कुई गुना अधिक है।

क्षेत्रफल की दृष्टि से सर्वाधिक क्षेत्र 0.99 समनापुर तहसील में तथा न्यूनतम 0.46 बजाग तहसील में है। चिंत्रानुसार निम्नवर्ती क्षेत्र वर्ग में बजाग तथा मेहंदवानी तहसीले सम्मिलित है इसी तरह मध्यमवर्ती क्षेत्र वर्ग में क्रमश: शहपुरा, केरजिया तथा डिण्डौरी सम्मिलित है तथा उच्चवर्ती क्षेत्र वर्ग में अमरपुर तथा बजाग तहसीले सम्मिलित है।

जिला डिण्डौरी आवर्ती विपणन केन्द्र अनुपात प्रति 100 वर्ग कि.मी. क्षेत्रफल पर

तहसील/ विकासखण्ड	भौगोलिक क्षेत्रफल वर्ग कि.मी.	साप्ताहिक हाट बाजार की संख्या	प्रति 100 वर्ग कि.मी. क्षेत्रफल पर आवर्ती विपणन केन्द्रों का अनुपात
बजाग	865	04	0.46
मेहदवानी	764	04	0.52
शाहपुरा	1137	06	0.52
करंजिया	674	04	0.59
डिण्डौरी	1259	08	0.63
अमरपुर	623	05	0.80
समनापुर	806	08	0.99
कुल	6128	39	0.63

जनसंख्या –आवर्ती बाजार अनुपात :–

अध्ययनगत क्षेत्र में प्रति 10,000 जनसंख्या पर आवर्ती विपणन केन्द्रों की संख्या तीनों कारणों में सबसे कम अर्थात् औसतन 0.67 है, जबकि तराई प्रदेश में एक बाजार केन्द्र 12,000 व्यक्तियों की सेवा करता है यह अनुपात समनापुर तहसील में 1.14 सर्वाधिक तथा करंजिया तहसील 0.53 में न्यूनतम है।

चित्रांनुसार प्रकीर्णन विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि निम्नवर्ती क्षेत्र वर्ग में 1 विकासखण्ड करंजिया तथा शहपुरा सम्मिलित है। इसी प्रकार मध्यवर्ती क्षेत्र वर्ग में बजाग मेंहदवानी तथा डिण्डौरी तहसीलें एवं उच्चवर्ती क्षेत्र वर्ग में अमरपुर तथा समनापुर तहसीलें सम्मिलित है।

जिला डिण्डौरी आवर्ती विपणन केन्द्र अनुपात प्रति 10,000 जनसंख्या पर

तहसील/ विकासखण्ड	कुल जनसंख्या	साप्ताहिक हाट बाजार की संख्या	प्रति 100 वर्ग कि.मी. क्षेत्रफल पर आवर्ती विपणन केन्द्रों का अनुपात
बजाग	71611	04	0.53
मेहदवानी	66796	04	0.59
शाहपुरा	112297	06	0.53
करंजिया	75001	04	0.53
डिण्डौरी	124430	08	0.64
अमरपुर	60704	05	0.82
समनापुर	69891	08	0.14
कुल	580730	39	0.67

आबाद ग्राम – आवर्ती बाजार अनुपात :–

प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र में प्रति 100 आबाद ग्राम पर आवर्ती विपणन केन्द्रों की संख्या 4.32 है जो अन्य कारक क्षेत्रफल एवं जनसंख्या की तुलना में अधिक है। इस आधार पर प्रथम स्थान पर समनापुर 6.95 का है तथा शहपुरा तहसील में 3.14 न्यूनतम आवर्ती बाजार केन्द्र है।

आबादग्राम आवर्ती बाजार अनुपात के आधार पर निम्नवर्ती क्षेत्र वर्ग में शहपुरा तथा मेंहदवानी सम्मिलित है। इसी प्रकार मध्यवर्ती क्षेत्र वर्ग में बजाग तथा डिण्डौरी तहसीलें सम्मिलित है एवं उच्चवर्ती क्षेत्र वर्ग अमरपुर तथा समनापुर तहसीले सम्मिलित हैं।

जिला डिण्डौरी आवर्ती विपणन केन्द्र अनुपात प्रति 100 वर्ग कि.मी. पर आबाद ग्राम

तहसील/ विकासखण्ड	आबाद ग्राम	साप्ताहिक हाट बाजार की संख्या	प्रति 100 वर्ग कि.मी. क्षेत्रफल पर आवर्ती विपणन केन्द्रों का अनुपात
शाहपुरा	191	06	3.14
मेहदवानी	11	04	3.60
करंजिया	104	04	3.84
डिण्डौरी	188	08	4.25
बजाग	92	04	4.34
अमरपुर	101	05	4.95
समनापुर	115	08	6.95
कुल	902	39	4.32

निष्कर्ष – उक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि, क्षेत्र जनसंख्या तथा आबाद ग्राम के आधार पर आवर्ती विपणन केन्द्रों का अनुपात अत्यन्त कम है। अत: जिला डिण्डौरी के विकास हेतु नवीन आवर्ती विपणन केन्द्रों की स्थापना आवश्यक है। अध्ययन में प्रतिपादित प्रथम परिकल्पना सिद्ध होती हैं कि आवर्ती विपणन केन्द्रों का विपणन प्रतिरूप याद्दच्छिक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. त्रिवेणी, रेणु, विपणन भूगोल, यूनिवर्सिटी बुक हाऊस, 1991, पृष्ठ 48–60
2. Bromle , R.J. : The spatila pattern and temporal synchronization of Periodic Markets, Swansea Geographer II, 1973, PP 15-25 (III)
3. Shirvastava, V.K., Geography of Marketing & Rural Development in Tarai Region of U.P. Inter India Publication, New Delhi, 1987, PP, 82-111
4. D.S. Sarote, सांख्यिकीय आधिकारी जिला योजना कार्यालय, डिण्डौरी
5. श्री आर.एस. वरकडेत्र, सहायक ग्रेट खखख जिला अधिक्षक भू अभिलेख कार्यालय, डिण्डौरी।
6. श्री डी.के. गुप्ता, उपयंत्री जिला नगर पालिका कार्यालय, डिण्डौरी

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

महाकवि भवभूति के दर्शन में मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता

डॉ. तुलसीराम साकेत *

शोध सारांश – भारतीय दार्शनिकों में एक महाकवि भवभूति शब्दब्रह्मविद परिणतप्रज्ञ है। अत: उनके भावो को समझने के लिए सूक्ष्म अध्यन तथा निरीक्षण परीक्षण कि आवश्यकता पड़ती है किन्तु उनकी उस दुरूह और क्लिष्ट भाषा शैली मे विकास लक्षित होता है। 'ईश्वर को वेद में अनेक स्थानों पर शतक्रतु नाम से सम्बोधित किया है जो कि ईश्वर के अनन्त कर्मों का द्योतक है।'[1] उनके अन्तिम नाटक उतररामचरित मे प्रथमिक दो नाटको कि आपेक्षा शैली अधिक सरल स्पष्ट तथा बोधगम्य हो जाती है। इस प्रकार उनकी शैली मे क्रमिक विकास लक्षित होता है। इस विकास ने मानवीय मूल्यों को विकसित किया है। ऐसी विचारधारा मानव को मूल्यों से जोड़ती हैं। जहाँ भारतीय वाङ्मय में निरूपित है।

भावो का वर्णन–व्यंजन में भवभूति की शक्ति अद्वितीय हैं। ऐसे भावो को अत्यंत गम्भीरता से प्रविष्ट होते हैं। अनुभूति के साथ उसका वर्णन करते हैं। यह भवभूति की बहुत बड़ी विशेषता है। भावों की अनुभूति तथा वर्णना में संस्कृत का कदाचित् ही कोई कवि इतनी ऊचाई पर पहुँचा हो। भवभूति के नाटक नाट्य काव्य है। काव्य उनका अभीष्ट विषय है और कालिदास के अन्तर इस कोटि का कोई नहीं हुआ। उनका काव्य–गुण नाटक से ऊपर है और उनकी सभी कृतियों में यह प्रदर्शित हुआ है। मानव के मूल स्त्रोतों तक भवभूति की पहूँच है और वहाँ से प्रवाहित होने वाले नाना भावों, मनोविकारों अथ च संवेगों का उन्हें दर्शन होता है। कलाकार की रंगीन और पच्ची कारी भले ही भवभूति में न मिले और प्रकृति के पावन पुजारी तथा मानव के भावुक पालकी के लिए यह अपेक्षित भी नहीं है। पर वर्णन में तल्लीनता और व्यापकता का यहाँ हमें उन्मुक्त रूप से दर्शन होता है।[2]

प्रविधि – इस शोध पत्र में **महाकवि भवभूति के दर्शन में मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता** में द्वितीयक शोध प्रणाली के आधार पर विश्लेषणात्मक पद्धति से अध्ययन किया गया है। इसके हेतु मूल धर्म ग्रन्थों को भी सन्दर्भित किया गया है।

समस्या :

- मानवीय मूल्यों की समस्या।
- सामाजिक विसंगतियों में मानवीय मूल्यों का क्षरण हो रहा है।
- राष्ट्र में उत्पन्न वैचारिक संघर्ष की समस्या।

भवभूति की शैली में गौडी रीति का प्रधान्य है जिसमें गद्य भाग में समास बहुल भाषा एवं सानुप्राष पद विन्यास की प्रमुखता होती है। यहाँ कालिदास की कमनीय शैली में मधुरिमा है वहाँ भवभूति की शैली में औद्यात्य। यह गुण एक प्रकार से अवगुण का रूप भी धारण कर लेता है क्योंकि इन नाटकों से पूर्ण परिचय जिन दर्शकों या पाठकों ने नहीं प्राप्त किया है। उनके लिए यह गुरू दिखाई पड़ती है। पर भवभूति के पद्यों में यह बात नहीं है। अंतिम नाटक उत्तार रामचरित की भाषा स्पष्ट है। यहाँ यह भी स्मरण कर लेना चाहिए कि यद्यपि भवभूति माधुर्य गुण में कालिदास से अवर कोटि में आते हैं। इन्हीं भावों की गहराई तथा परिस्थितियों के बहुरूपी चित्रण में निश्चित रूप से आगे निकल गये हैं।

उद्देश्य :

- मानवीय मूल्यों का अध्ययन करना।
- दार्शनिक चिन्तन की मूल्य मीमांसीय अध्ययन करना।
- धार्मिक मूल्यों का अध्ययन करना।

समाधान – प्रकृति के बहुरंगी चित्रण में भवभूति की शैली अद्वितीय है। भवभूति को प्रकृति का केवल कोमल पक्ष ही अभीष्ट नहीं है। केवल कोमल एवं मनोहर का चित्रण वास्तविक कवि कर्म नहीं है यह तो मात्र विलास प्रियता और तमासवोनी है। सच्चा कवि तो वह है जो प्रकृति के समस्त रूप का सहृदयता से अवलोकन करे और समान अभिनिवेश तथा तल्लीनता से यथा तथ्य उनका उपन्यास करे।[3] जब हम भवभूति को इस दृष्टिकोण के परिवेश में देखते हैं तो यह स्पष्ट पता चल जाता है कि भवभूति प्रकृति के सच्चे पारखी हैं। कोमल एवं उग्र सुहावनें एवं भयंकर सभी प्रकार के प्राकृतिक दृष्यों को उन्होंने अवलोकन किया है और उनको पूरी तल्लीनता से व्यंजित किया है। भवभूति की शैली उससे बडी चमत्कारणी तथा हृदय हारिणी बन गयी है।

भवभूति की शैली का एक दोश है लंबे–लंबे ससान्त पदों का योग। यह स्थिति उनके गद्य तथा पद्य दोनों में पाई जाती है। लंबे–लंबे गद्य मय संवादों का प्रयोग भी भवभूति में बहुलता में मिलता है। यह अवस्था महावीर चरित्र में है और मालती माधव में अत्यन्त प्रचुरता के साथ पाई जाती है। हो सकता है ऐसा करते समय भवभूति के सामने साहित्य शास्त्रियों का ओज: समासभूयस्त्वमिति गद्यस्य जीवितम् का आदर्श रहा हो। यह अवश्था गद्य काव्यों और निबंधो के लिए प्रशस्त भले ही हो पर नाटक में तो यह अवस्था बैरस्य की उत्पादिका तथा रस प्रतीति में व्यवधान डालने वाली है। महावीर चरित तथा मालती माधव में वे गौरी रीति का प्रयोग करते हैं जिसका लक्षण काव्यानुशासन में इस प्रकार दिया गया है।[4]

गौड़ी रीति के प्रयोग से इन दोनों नाटकों कि स्थिति उत्तर रामचरित से सुतरां भिन्न है। उत्तर रामचरित मानस में करूण रस की व्यंजना है तथा तद्नूकूल कोमल पदों की संघटना है एवं लम्बे समासों एवं कटु वर्णा का अभाव है। इस नाटक में वैर्धभी रीति का कवि ने आशय लिया है जिसका लक्षण इस प्रकार है –

शब्दों तथा वाक्यों के बंधो में कहीं–कहीं सैथिल्य प्रदर्शन होता है। ऐसे भी कुछ वाक्य हैं जो किसी न किसी प्रकार से दोष पूर्ण हैं। पर इसके विपरीत भवभूति की शैली भावनाओं की गहराई तथा उन्हें उतने ही उपयुक्त शब्दों में व्यंजित करने के कारण अपनी प्रभाववुकता में बेजोड़ है।[5] वे गंभीर से गंभीर

* संस्कृत विभाग, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

भावों को उतनी समर्थ भाषा में व्यंजित करते हैं जो उस भावना को यथा तथ्य रूप से चित्रित कर देती है। उनकी भाव व्यंजना के विषय में यही कहा जा सकता है।

नवीन उपमाओं की संघटना में भवभूति की शैली कहीं-कहीं कालिदास से भी आगे बढ़ जाती है। संस्कृत के कवियों के नायिका भी आँखों की उपमा मृगी की आँखों से देना बहुत प्रिय था। उनके काव्यों में मृगनयनियों का प्राचुर्य मिलता है।[6] कालिदास की यक्ष वधु की ऑखे समान्य मृगी की ऑखे नहीं अपितु चकित हरणी की ऑखो के समान हैं वह चकित हरिणी प्रेक्षणा (मेघदूत) है एक तो मृगी की ऑखों में स्वाभाविक लौल्य फिर चकित अवस्था में पूछना ही क्या? कभी इधर कभी उधर घमूती रहती है।[7] पर भवभूति को इतने से ही संतोष नहीं हुआ। सीता की आंखे समान हरिणी की आंखों के समान नहीं। उनकी आंखें उस प्रकार चंचल हैं जिसप्रकार एक वर्ष के डरे हुये मृग शावक की आंखे चपल होती हैं। एक तो एक वर्ष का छोटा बच्चा दूसरे त्रस्त! आंखें कभी इस दिशा को कभी उस दिशा को देखेंगी। कालिदास के चकित शब्द में उस स्तब्धता भी हो सकती है पर इस त्रस्त और एकहायन की तो स्थिति ही दूसरी है। यहाँ स्थिरता कहाँ?[8]

कवि के उत्तर रामचरित में वैथर्भी रीति का प्रसार भी दर्शनीय है। भवभूति के ग्रन्थों में सूक्तियों की बहुलता दिखाई पड़ती है भवभूति के मुख से एक बार यदि सुंदर निकल गई तो अवसर आने पर वे उसे पुन: पुन: दोहराते हैं। यही कारण है कि एक ही श्लोक दूसरे ग्रन्थों में भी दुहराया गया मिलता है। ऐसे श्लोक बहुलता से मिलते हैं।[9]

भाषा ही भाव-व्यंजित करने का साधन है। दूसरे शब्दों में वह भावों की वाहिका है। जिस प्रकार शरीर के बिना प्राण की सत्ता नहीं उसी प्रकार भाषा के बिना भी भाव की सत्ता नहीं। समर्थ कवियों में भाषा भाव का अनुगनन करती है।[10] जिस प्रकार के भाव की वर्णना करनी है उसी प्रकार की भाषा ढल जायेगी। समर्थ कवियों की भाषा एक अत्यन्त तरल पदार्थ होती है जो किसी भी ढाल पर ढल जाया करती है।[11] यदि श्रृंगार-रस की वर्णना में कटुवर्ण बहुल भाषा होगी तो यह नितान्त अनुचित तथा अरोचकी बात होगी। इसी प्रकार वीर तथा रौद्र रसों की वर्णना में कोमलकान्तपदावली वाली भाषा दिखाई पडे तो यह अनस्थान बात होगी।[12]

निष्कर्ष - भवभूति की भाषा में भावों की अभिव्यक्ति की अपूर्व शक्ति है। किसी दृश्य को उपस्थित करते समय भाषा उसे मूर्तिमान रूप में उपस्थित कर देती है। भाषा की ध्वनि ऐसी होती है पूरा दृश्य ही ध्वनित हो उठता है। भाषा की शक्ति का ऐसा उदाहरण अन्यत्र दुलर्भ है। 'एते ते कुहरेशु गद्गदद् गोदावरीवारयों' (उत्तर 2/30) इत्यादि उदाहरण इस बात के स्पष्ट द्योतक है। भाषा की शब्दावली ही इस प्रकार ध्वनित हो रही है कि नदी का गद्गदनाद ध्वनित हो उठता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रो. महावीर, वेदों में आर्थिक चिंतन, प्रगतिशील प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014, पृष्ठ 24
2. संस्कृत साहित्य का इतिहास आचार्य बलदेव उपाध्याय, शारदा भवन, वाराणसी, 1968, पृष्ठ 576
3. पूर्ववत, 321
5. सं सा का इति. आचार्य बलदेव उपाध्याय शारदा भवन वाराणसी, पृष्ठ 322
6. पूर्ववत्
7. सं सा. का इति. आचार्य बलदेव उपाध्याय शारदा भवन वाराणसी, पृष्ठ 323
8. सं. सा. का इतिहास वाचस्पति गैरोला चौ. वि. वाराणासी 1967, पृष्ठ 538
9. सं सा. का इतिहास आचार्य वाचस्पति गैरोला, पृष्ठ 540
10. डॉ. सुरेशचन्द्र श्रीवास्तव, पातंजलियोगदर्शनम्, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 2011, पृष्ठ 357
11. डॉ. एस.एन. दासगुप्त, भारतीय दर्शन का इतिहास (भाग-2), राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 1989, पृष्ठ 318
12. डॉ. सच्चिदानन्द मिश्रा, न्यायदर्शन, भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली, 1999, पृष्ठ 360

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

प्राचीन धार्मिक परम्पराओं में प्रतिपादित पर्यावरण संरक्षण

डॉ. दीपक सिंह *

प्रस्तावना – वेदों और उपनिषदों में पंच तत्त्वों, वनस्पति तथा पर्यावरण संरक्षण पर विशेष चर्चा की गई है। प्राचीन मनीषी ऋषि–मुनियों ने शरीर को पंच भौतिक तत्वों से निर्मित माना है और मृत्यु के उपरान्त भी देह वापिस पंच भौतिक तत्वों में विलीन हो जाती है। आत्मां अर्थात् चेतना अविनाशी होने के कारण किसी न किसी रूप में रह जाती है। आत्मा एवम् मन सृष्टि के दो ऐसे मूलभूत तत्व है, जिनका विचार पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में आधुनिक वैज्ञानिकों द्धारा शायद ही किया गया हो। आत्म एवं मन का सीधा सम्बन्ध धर्म से है, धर्म सृष्टि को धारण करने वाला तत्व है। प्रारम्भिक काल में भौतिक प्रगति का आधार था आवश्यकता। धीरे–धीरे आवश्यकता का स्थान सुविधा एवं उपभोग ने ले लिया। वर्तमान में उपभोगवाद की पराकाष्ठा यह है कि मनुष्य ने स्वयं के जीवन एवं स्वास्थ्य को भी सुविधा, सम्पन्नता एवं उपभोग के समक्ष गौण कर दिया है और वह स्वास्थ्य की परवाह न करके वस्तुओं के उपभोग के लिए सतत् प्रयत्नशील है। विडम्बना की बात है कि मात्र सुविधा एवं स्वाथ्य के मूलभूत आवश्यक तत्वों को विकृत किया जा रहा है। महात्मा गाँधी ने कहा था कि 'प्रकृति ने मूल आवश्यकता की पूर्ति के लिए सब कुछ दिया है परन्तु लालच और धान पिपासा को पूरा करने के लिए कुछ भी नहीं।' पूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने कहा था कि 'पर्यावरण संरक्षण' में रूचि लेना एक भावुकता नहीं है बल्कि मनीषियों ने जिस सत्य की खोज की थी उसका पुन: आविष्कार करना है। भारत की प्रचीनतम संस्कृति अरण्य संस्कृति तो मात्र प्रकृति की उपासना ही है। विश्व की प्राचीनतम मानव सभ्यता के युग से आधुनिक सभ्यता, संस्कृति एवं वैज्ञानिक आविष्कारों का मुख्य आधार भू मण्डल में स्थित प्रमुख चार अवयव जल, अग्नि, वायु और मृदा है। इन चारों वस्तुओं के विषय से सम्बन्धित ज्ञान को वेद कहते है। वेद चार हैं–ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद। इनकी चार अलग–अलग संहिताएं है। भूमण्डल में स्थित चार वस्तुओं में से जल के सम्बन्ध में सामवेद में वर्णन किया गया है। सामवेद में जल के रूपान्तर कार्य तथा गुणों को ज्ञान आदि विश्लेषणात्मक एवं वैज्ञानिक ढंग से सविस्तार उपलब्धा है। ऋग्वेद में अग्नि के बारे में ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। यजुर्वेद में वायु के विभिन्न प्रकार एवं उनके कार्यो के बारे में ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। इसी प्रकार अथर्ववेद में मृदा के विभिन्न गुणों के सम्बन्धा में ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। ऋग्वेद में पृथ्वी जल, आकाश तथा वायु को माँ, पिता और पुत्री की तरह स्वीकार किया गया है। शतपथ ब्राह्मण ग्रन्थ में कहा गया है कि सम्पूर्ण जगत जल में व्याप्त है। सम्पूर्ण प्राणियों वनस्पतियों तथा औषधियों में सार तत्व के रूप में जल विद्यमान है, अत: इसे परम रस कहा गया है। यह सब प्राणियों में प्राण का संचार करने के कारण प्राण कहलाता है। श्रृति कहती है कि सूर्य आप (जल) में ही उदय होता है और आप में ही अस्त होता है, यह स्वयं पवित्र है व सभी को पवित्र करने वाला तत्व है। यह अन्न का उत्पादक होने से अन्न भी कहलाता है ऋग्वेद के एक मंत्र में कहा गया है कि वह कौन सा वृक्ष है जिससे ब्रह्म ने सृष्टि की रचना की है इसके उत्तर में कहा गया है कि ब्रह्म रूप वृक्ष से सृष्टि की रचना हुई। विश्व में जो वृक्ष–लताएं, जीव–जन्तु, स्त्री–पुरुष सभी चैतन्य हैं इनका संरक्षण विष्णु ही करते है। महाभारत के रचयिता वेद व्यास ने लिखा है कि फूलों से परिपूर्ण वृक्ष मानव को इस लोक में तृप्त करते हैं जो व्यक्ति वृक्ष का दान करता है, उसे ये वृक्ष पुत्र की ही भांति परलोक में तार देते है। विष्णुपुराण में हरे वृक्षों की कटाई को पाप माना जाता है यथा–

असिपत्रवनं याति वनच्छेदी वृथेव य:।

दुर्गा सप्तशती के एक श्लोक में कहा गया है–

यावद् भूमंडलं धात्ते सशैलंवन काननम्।
तावत् तिष्ठति मेंदिन्यां संन्ती: पुत्रपोत्रिकी।।

अर्थात् जब तक पृथ्वी वृक्षों और पहाड़ों से युक्त रहेगी, तब तक मनुष्यों का पालन–पोषण करती रहेगी। भारतीय संस्कृति में बहुत से ऐसे वृक्ष हैं जो पूजनीय माने जाते है उनकी पूजा बड़ी श्रद्धा से की जाती है प्राचीन काल में जब लोग वृक्षों के नीचे रहते थे तब वे वृक्षों का बड़ा सम्मान करते थे और शान्ति की प्राप्ति के लिए जैसे इन्द्र वरूण आदि देवताओं से प्रार्थना करते है वैसे ही वृक्षों की भी प्रार्थना करते थे।

'वनिनो भवन्तु श्शं नो।' अर्थात् वृक्ष हमारे लिये शान्ति कारक हों। ब्राह्मण ग्रन्थ एवं उपनिषदों में तो पवित्र वृक्षों के नाम तक गिनाये गये है। यज्ञ का जीवन वृक्षों की लकड़ी को माना गया है। यज्ञों में समिधा के निमित्त बरगद, गूलर पीपल और पाकड़ इन्हीं वृक्षों की लकड़ियों को विहित माना गया है और कहा गया है कि यह चारों वृक्ष सूर्य रश्मियों के घर है।

'एते वै गन्धार्वाप्रसरसां गृहम्' बौद्ध गन्थों में तो स्पष्ट वर्णन है कि कुछ देवता वृक्षों पर ही रहते है इसलिये भिक्षुओं के लिए वृक्ष को काटना मना किया गया है, पर जो भिक्षु किसी वृक्ष को काटता है उसे 'पाचितिय' (प्रायश्चित) करना पड़ता है। पीपल, आम, बरगद, आँवला, सिरसा, गूलर, नीम, बेल, बांस, देवदारू, चन्दन, तुलसी आदि के वृक्ष भी पवित्र माने जाते है। बौद्ध धर्म एवं हिन्दु धर्म दोनों में पीपल को विशेष महत्व दिया गया है। बौद्ध जनता इसे बोधिावृक्ष कहकर पूजती है व हिन्दू इसे वासुदेव कहते है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने 'अश्वत्थ: सर्ववृक्षाणाम्' कह कर पीपल को अपना स्वरूप बतलाया है। हमारे मनीषियों ने पर्यावरण शुद्धिकरण के लिये शान्ति मन्त्रों से स्तवन किया है–

द्यौ: शान्तिरनरिक्षं शान्ति: पृथिवी शान्तिराप:
शान्तिरोपधाय: शान्ति:।
वनस्पतय: शान्तिर्विश्वे देवा: शान्तिर्ब्रह्म शान्तिरू
सर्व शान्ति: शान्तिरेव शान्तिरेधि।।

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर (इतिहास) स्वामी शुकदेवानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शाहजहाँपुर (उत्तर प्रदेश) भारत

भाव यह है कि हमारे लिये आकाश, अन्तरिक्ष, पृथ्वी, जल औषधियाँ, वनस्पतियाँ, विश्वदेव तथा ब्रह्मा सभी शान्ति प्रदान करने वाले हों, चारों ओर शान्ति हो।

इस शान्ति पाठ में पर्यावरण सन्तुलन को बनाये रखने हेतु ऋषियों द्वारा प्रार्थना की गयी है, जिससे स्पष्ट होता है कि वैदिक ऋषि पर्यावरण के प्रत्येक रूप की रक्षा एवं सन्तुलन के प्रति कितने सजग थे। उन्होंने जनसामान्य में श्रद्धाभाव जाग्रत कर प्रकृति के सभी रूपों को अशान्त अर्थात आज के परिप्रेक्ष्य में प्रदूषित न करने की प्रेरणा दी। साथ ही जीवन के प्रति संकट बन रहे प्रदूषण से सजग रहने की प्रेरणा भी दी।

यजुर्वेद में पेड़-पौधों और पशुओं की रक्षा करने की शिक्षा दी गयी है तथा उनको हानि न पहुँचाने का भी उल्लेख प्राप्त होता है। यजुर्वेद में ऋषियों ने पर्यावरण के सभी घटकों की रक्षा के साथ ही यज्ञ की महता को भी पतिपादित किया है तथा प्राकृतिक सन्तुलन बनाये रखने के लिये मानव को प्रेरित किया है। वे चाहते थे कि पर्यावरण के किसी घटक में असन्तुलन न रहें। पारिस्थितिकीय सन्तुलन बना रहे, प्रकृति पूर्ण सौम्यावस्था में रहे।

हमारे ऋषियों ने अपनी प्रखर एवं पैनी दृष्टि से पर्यावरण-परिष्करण के लिये यज्ञ जैसी उत्तम प्रक्रिया का अन्वेषण किया था। शुक्लयजुर्वेद के प्रथम अधयाय में बताया गया है कि अग्नि को आहुतियाँ अर्पित करने का नाम यज्ञ नहीं है अपितु यज्ञ एक भावना है जो समस्त पर्यावरण को सुवासित करती है। वर्तमान में वैज्ञानिकों ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि यज्ञ से उत्पन्न धूप से नाइट्रोजन व अमोनिया उत्पन्न होकर वातावरण को कार्बन-डाई-आक्साइड को नष्ट करके वातावरण को शुद्ध बनाती है। शुक्लयजुर्वेद में यज्ञ द्वारा वायु एवं जल को शुद्धि करने के मंत्र दिये गये हैं तथा बताया गया है कि जिस वेद वाणी का यज्ञ में उच्चारण किया जाता है वह भी यज्ञ का ही रूप है क्योंकि इनसे धवनि प्रदूषण नहीं होता है। धवनि प्रदूषण के दुष्परिणाम का मंत्र तथा संगीत के माधयम से भी कम किया जा सकता है। ज्यूरि के डॉ0 हंस जेनी ने धवनि तरंगे किस प्रकार पदार्थ को परिवर्तित करते हैं, का अध्ययन किया है। उन्होंने इस बात की भी खोज की है ओम जैसे मन्त्रों को बार-बार जप करने से तनाव शिथिल हो जाता है तथा व्यक्ति विश्रान्ति एवं आनन्द की अनुभूति करता है। शान्ति कुंज हरिद्वार में गायत्री मंत्र की शक्ति के अनेक परीक्षण किये गये हैं और पाया गया है कि संगीत एवं मंत्र धवनि के घातक प्रभाव को मिटाते है। संगीत की धवनि में लय और तालमेल होता है जिससे हमें आनन्द की प्राप्ति होती है। सुखी एवं स्वस्थ जीवन के लिए पर्यावरण के महत्व को आयुर्वेद ने महत्वपूर्ण स्थान दिया है। आयुर्वेद ने अधर्म को पर्यावरण-प्रदूषण का मूल कारण माना है। अधर्म पर्यावरण को दो प्रकार से प्रभावित करता है, प्रत्यक्ष रूप में ओर परोक्ष रूप में प्रत्येक व्यक्ति का धार्मिक आचरण तीन प्रकार से विभाजित किया जा सकता है- स्वयं के प्रति धर्म समाज के प्रति धर्म एवं प्रकृति के प्रति धर्म।

धर्म के तीनों घटकों के पालन में विसंगति को अधर्म कहा जा सकता है। प्रकृति के प्रति अधर्म प्रत्यक्ष रूप से पर्यावरणय को प्रभावित करता है यह किस रूप में होता है, इसके स्पष्टीकरण के लिये नीचे एक तालिका प्रस्तुत है-

महाभूत	**पर्यावरण प्रदूषण**	**प्रभाव**
1. पृथ्वी	भूमि प्रदूषण	औषधियों एवं खाद्यान्न का हीन गुणयुक्त उत्पन्न होना, भूकम्प, भूमिस्खलन आदि आपदाएं।
2. जल	जल-प्रदूषण	वनस्पति एवं प्राणी स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव, जल के प्रवाह सम्बन्धी उपद्रव-बाढ़, अकाल आदि।
3. तेज	प्रकाश/प्रदूषण	सूर्य प्रकाश की अस्वाभाविकता (अग्नि) प्रदूषण कारण वनस्पति-संरक्षण में बाधा एवं विकारजनक भावों की उत्पत्ति एवं प्राणियों में ऊर्जा (उत्साह) की कमी
4. वायु	वायु-प्रदूषण	वनस्पति एवं प्राणि-स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव।
5. आकाश	धवनि प्रदूषण	वनस्पति एवं प्राणि स्वास्थ्य पर शारीरिक एवं मानसिक प्रभाव।

वर्तमान में प्रकृति के नियमों की अवमानना हर प्रकार से की जा रही है। काल की अवमानना का एक उदाहरण इस प्रकार है ऋतु के अनुसार प्रकृति द्वारा उत्पन्न खाद्य पदार्थ स्वाथ्य के लिये हितकर होता है। इसकी अनदेखी करके विपरीत ऋतु में उसका उत्पादन एवं उपयोग किया जा रहा है। इसी प्रकार दिनचर्या में काल की अवमानना के कई उदाहरण दैनिक जीवन में हमें देखने को मिलते है। प्रचीन काल में रोगोत्पत्ति एवं पर्यावरण प्रदूषण का अधर्म के अतिरिक्त कोई कारण न था, क्योंकि उस समय प्रकृति को दूषित करने वाले अन्य भौतिक साधान उपलब्ध नहीं थे एवं लोगों में प्रकृति के नियमों के प्रति आदर था। वर्तमान में दोनों ही कारणों में विकृति आ गयी है, यही कारण है कि वायु, जल, देश एवं काल का जनपदोधवंसनीय स्वरूप उपस्थित होता जा रहा है। काल के अनुसार धर्म में गुणात्मक परिवर्तन आता है एवं यह सृष्टि का आधाारभूत तत्व होने के कारण पर्यावरण में गुणात्मक कमी का कारण बनती है। सूत्र रूप में यह कहा जा सकता है कि आयुर्वेदीय मत से सुखाय (सुखपूर्वक जीवन यापन) एवं हितायु (प्राणियों के हित में जीवन यापन) श्रेष्ठ काल का निर्माण करती है जबकि दु:खायु (कष्टपूर्वक जीवन यापन) एवं अहितायु (अन्य प्राणियों को दु:ख एवं कष्ट देते हुए जीवन यापन) अवर काल का निर्माण करती है। अत: वर्तमान में सुखायु एवं हितायु की मात्रात्मक एवं गुणात्मक वृद्धि का प्रयास किया जाना चाहिए, जो परिणाम के परिप्रेक्ष्य में यह आयुर्वेदीय सूत्र परम आदरणीय एवं पालनीय है-

सुखार्था: सर्वभूतानां मता: सर्वा: प्रवृत्तय:।
सुखं च न बिना धर्मस्तस्मान्धर्मपरो भवेत्।।

इस तरह धार्मिक ग्रन्थों में कई उल्लेख मिलते हैं जिनसे ये स्पष्ट होता है कि प्राचीन ऋषि मुनियों की दूरदृष्टि तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने न केवल पर्यावरण रक्षा की शिक्षा दी अपितु सम्पूर्ण पर्यावरण को संतुलित रखा। आज यज्ञ विषयक वैज्ञानिक अनुसंन्धानों से स्पष्ट हो गया है कि यज्ञ केवल आस्था नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण का सरल एवं श्रेष्ठ उपाय है। यह वायु प्रदूषण, धवनि प्रदूषण का नियंत्रक होने के साथ-साथ विभिन्न रोगों के निदान में भी महत्वपूर्ण साधान है। इस प्रकार हम देखते है कि वेदों के वर्णन आज के परिप्रेक्ष्य में विशेष उपयोगी है। आज जबकि प्रदूषण सम्पूर्ण प्रकृति में व्याप्त हो रहा है, तब वेद की शिक्षाओं को अपनाना परम आवश्यक है ताकि इस धारा का पुन: उज्जवल बनाया जा सके एवं पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त रखा जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तलवार, एस.सी., पर्यावरण संरक्षण, पोइन्टर पब्लिशर्स जयपुर-2001
2. ऋग्वेद खण्ड दो सूत्र-55

3. आवैभिवां इदं सर्वमाप्त 4-5-77 शब्रा
4. आपो हेवा औषधीशं रस, 3, 1,2,10 शब्रा,
5. आपो वै, प्राण-3,8,2,4 श,ब्रा,
6. पवित्रा व आप : 3,1,2,10 श.ब्रा,
7. अना वा आप, 2,1,1,3, श.ब्रा,
8. ऋग्वेद 10-129-7,
9. ऋग्वेद 7-35-5,
10. शत. ब्रा 1,15,14,11,
11. यजुर्वेद 36/17,
12. यजुर्वेद 36/18,
13. यजुर्वेद 36/10,
14. यजुर्वेद 13/18,
15. यजुर्वेद 36/12,
16. यजुर्वेद 4/1,
17. यजुर्वेद 13/27,
18. यजुर्वेद 36/22,
19. यजुर्वेद 14/18,
20. अष्टागहृदय 2/20

****

A study of satisfaction level of Hunar Se Rozgar Tak Trainees after Training with special reference to Udaipur

Prof. Ashok Singh * Om Prakash Meena**

Abstract - Hunar se rozgar tak is a central government funded programme which provides short term courses of six to eight weeks without charging anything. For hospitality sector ministry of tourism introduced capacity building for service providers scheme for increasing skilled manpower**.** The initiative targeted persons with not much means and in need to acquire skills facilitative of employment. It is open for any 8th pass person of age between 18-28. Many candidates have completed HSRT course from affiliated institute, hotels of Udaipur. This paper shows the satisfaction level of HSRT trainees in Hotel. Percentage and mean was applied to find out the result.
Key Words: Hotel industry, Skill development.

Introduction - Hunar se rozgar tak is a central government funded programme which provides short term courses of six to eight weeks without charging anything. For hospitality sector ministry of tourism introduced capacity building for service providers scheme for increasing skilled manpower**.** The initiative targeted persons with not much means and in need to acquire skills facilitative of employment. It is open for any 8th pass person of age between 18-28.

Conduction of HSTR Training Programmes

Food Craft Institute, Udaipur – Overview - Food Craft Institute, Udaipur was established in 1989 by the Govt. of India and Govt. of Rajasthan, Institute is affiliated to National Council for Hotel Management and Catering Technology, Noida. In 2017, institute has been upgraded in State Institute of Hotel Management. The institute is running various types of hospitality courses. Institute has running one and half year trade diplomas in various trades like Food Production, Food & Beverage Service, Front office Operation and House Keeping. Institute has also running various types of Government Skills Development programmes under Capacity Building of Service Providers like **Skill Certification programmes, Hunar Se Rozgar Tak** for hotel industry. Udaipur is a famous tourist destination in Rajasthan and here a number of five star hotels, small hotels have arrived in this area to facilitate the domestic and international tourist. So keeping in view of requirement of trained skilled manpower for guest satisfaction, , better interaction. During 29 years of Hospitality Education, Institute achieved academic excellence and Institute has a best placement record in hotel industry in Udaipur.

Ministry of tourism, Government of India was started skill development programmes in 2009. First certificate course for waiters under Hunar se Rozgar Tak was started in 2010 at Food Craft Institute with 22 students. Since 2017, approx. 997 trainees trained under Hunar se Rozgar tak in various trades by the training institute and Approx. 265 trainees trained by the different hotels in Udaipur,

Training conducted by the State Government/ Union Territory Administration - The State/Union Territory Governments have been given the mandate to select suitable Institutes both government and private for implementation of the HSRT initiative. However, financial assistance are paid to the State / Union Territory Government and Government disburses the same to the Institutes selected as Implementing Agencies. The objective of this extension is to reach out to the young eligible persons in much greater numbers.

Training conducted by Star Category Hotels - To give boost to the HSRT, the Ministry of Tourism has established partnership with Hotel Association of India and Federation of Hotel Restaurants Association of India for training in classified hotels. Besides, developing skilled labour has been made mandatory for hotels from the date of classification and the guidelines for classification / re-classification of hotels have been amended. The main goal of this strategy is to synergize the efforts of Ministry of Tourism and the hotel industry to skill persons in trades specific to hospitality trades.

Review of literature - Ministry of tourism market research (2016) from this study it was found that not all trainees are interested to take placement or work in hotel industry. When researcher tried to find out reasons for it, they found that some of were not interested to work, some of them said that the job offer by hotel was not encouraging. Further study shows that majority of trainees of HSRT working in industry mentioned that they got job by their own

*Professor (Director) (Tourism and Hotel Management) Mohanlal Sukhadia University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Research Scholar (Tourism & Hotel Management) Mohanlal Sukhadia University, Udaipur (Raj.) INDIA

efforts however, only few mentioned that they got job through institution.

Also mentioned in study about proposed programme of HSRT "Earn while you learn" and "campaign clean India. Programme started in Delhi first on pilot basis.

Study on "evaluating effectiveness of hunar se rozgar tak (HSRT) scheme"-2016.

S.	States/UT	No of trainees trained under Hunar Se Rozgar Tak			
		2012-13	2013-14	2014-15	Total
1.	Andaman and Nicobar islands	0	0	0	0
2.	Andhra Pradesh	0	300	0	300
3.	Arunachal Pradesh	0	400	0	400
4.	Assam	0	0	0	0
5.	Bihar	0	166	315	481
6.	Chandigarh	0	0	0	0
7.	Chhattisgarh	0	0	0	0
8.	Dadra and Nagar Haveli	0	0	0	0
9.	Daman and Diu	0	0	0	0
10.	Delhi	0	0	0	0
11.	Goa	0	0	0	0
12.	Gujarat	0	0	0	0
13.	Haryana	0	810	1401	2211
14.	Himachal Pradesh	0	0	233	233
15.	Jammu & Kashmir	0	0	0	0
16.	Jharkhand	0	0	0	0
17.	Karnataka	1529	6700	6900	15129
18.	Kerala	298	0	258	556
19.	Lakshadweep	0	0	0	0
20.	Madhya Pradesh	1339	2257	916	4512
21.	Maharashtra	25	0	285	310
22.	Manipur	0	150	350	500
23.	Meghalaya	0	0	0	0
24.	Mizoram	0	0	0	0
25.	Nagaland	0	0	0	0
26.	Odisha	1000	1500	750	3250
27.	Puducherry	0	0	0	0
28.	Punjab	0	3308	1906	5214
29.	Rajasthan	499	2546	0	3045
30.	Sikkim	0	150	0	150
31.	Tamil Nadu	0	0	0	0
32.	Telangana	0	0	0	0
33.	Tripura	62	0	0	62
34.	Uttar Pradesh	1350	155	20	1525
35.	Uttarakhand	1408	4085	5853	11346
36.	West Bengal	0	2321	0	2321
	Total	7,510	24,848	19,187	51,545

Source: STUDY ON "EVALUATING EFFECTIVENESS OF HUNAR SE ROZGAR TAK (HSRT) SCHEME"-2016.

The study show that a total number of 51545 trainees have been trained by the State Governments under Hunar se Rozgar Tak scheme during 2012-13, 2013-14, 2014-15. While 7,510 trainees were trained by the state governments under Hunar se Rozgar Tak scheme during 2012-13. During 2013-14, 24,848 trainees were trained, and 19,187 trainees were trained during 2014-15.

Out of 36 states/Union Territories, 18 states governments have taken initiatives in providing trainings to the target group under HSRT scheme during 2012-13, 2013-14, 2014-15. It was observed that there is variation in performances across states in implementing Hunar Se Rozgar Tak Scheme during 2012-13, 2013-14, 2014-15.

As per the table it can be observed that Karnataka and Uttarakhand State Governments has given very good performance providing training to more than 10000 beneficiaries under the scheme during the reference period; while Punjab, Madhya Pradesh, Odisha and Rajasthan State Governments have given good performance by providing training to more than 4000 beneficiaries under the scheme. Further, West Bengal, Haryana and Uttar Pradesh State Government gave average performance by providing training to more than 1000beneficiaries under the scheme. The performance of Kerala, Manipur, Bihar, Maharashtra, Andhra Pradesh, Himachal Pradesh, Sikkim and Tripura State Governments can be rated as poor since less than 1000 beneficiaries have been trained under HSRT Scheme by the concerned State Governments during 2012-13, 2013-14and 2014-15.

Research Methodology - Sampling and sample size: convenience sampling was adopted with sample size of 218.

Statistical tools: mean were used to find out the satisfaction level of trained staff by HSRT.

Table 1.: Job Satisfaction after HSRT Training

Factors	Mean Score	Result
Job security	3.48	**Satisfied**
Job profile	3.50	**Satisfied**
Employment leaves	3.50	**Satisfied**
Working hours	3.71	**Satisfied**
Management policies like insurance & PF	3.21	**Neutral**

Chart 4.6.2: Job Satisfaction after HSRT Training



Job Satisfaction after HSRT Training - After the completion of HSRT training program the respondents were asked to indicate their job satisfaction. It has been observed

that after HSRT training respondents are satisfied with Job security (Mean Score=3.48), Job profile (Mean Score=3.50), Employment leaves (Mean Score=3.50), and Working hours (Mean Score=3.71). The respondents have indicated neither satisfaction nor dissatisfaction with Management policies (Mean Score=2.17).

Conclusion - From the above study it can be concluded that person who is joining hotel industry after HSRT training are satisfied with working hours, Job profile, Employment leaves, however, they feels that management policies like PF, Insurance are not as per their expectation. Therefore, hotels needs to improve their policies like Provided Fund , insurance etc.

References :-

1. Paper, T. (2013, January). Engaging Diaspora: The Indian Growth Story. *Eleventh Pravasi Bharatiya Divas* , p. 36.
2. SECRETARIAT (2013, August). Tourism Sector in India. *REFERENCE NOTE .* , pp. 2-4.
3. Department of Tourism, G. o. (2012-13). *Annual Activities Report.* Bhubaneswar: Department of Tourism.
4. Shiksha. (2012, Oct 17). Retrieved November 20, 2017, from https://www.shiksha.com/: https://www.shiksha.com/hospitality-travel/hotel-hospitality-management/articles/irctc-offers-skill-training-in-hospitality-blogId-5061
5. Raju, K. S. (2012, July). SIHRA initiatives. p. 18.
6. Sharma, R. (2012, November). Imparting skills and giving jobs too. *HARYANA REVIEW , 26* (11), pp. 48-49.
7. Gupta, A. (2012, July). Hunar Se Rojgar Programme. *GREAT MANGLA TIMES , 1* (12), p. 2
8. Chakraborty, A. (2012). *Hunar Se Rozgar Yojana.* New Delhi: DDP Publications.
9. Hiremath, S. (2012, November). Hunar Sr Rozgar Tak. *GCCI Bulletin* , p. 36.
10. http://shodhganga.inflibnet.ac.in/bitstream/10603/110039/8/08_chapter%203.pdf

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

छत्तीसगढ़ की साहित्य परम्परा में पं.श्यामलाल चतुर्वेदी जी का अवदान

डॉ. श्रद्धा मेश्राम * त्रिलोकी सिंह क्षत्री **

प्रस्तावना - भारत विश्व का ऐसा देश है जो अन्य देशों के लिए सदैव आकर्षण का केन्द्र रहा है। भारत के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश और उससे निकलकर 1 नवम्बर सन् 2000 में स्वतंत्र एवं पूर्ण राज्य के रूप में अस्तित्व में आया राज्य छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य को प्रकृति ने भी मानों बड़े ही उदारता से अपने दोनों हाथ खोल कर सजाया और संवारा है। यहॉं का वन आच्छादित क्षेत्र व रत्नगर्भा भूमि, इतना ही नहीं अपनी ऐतिहासिकता के लिए भी यह क्षेत्र हर युग में अलग-अलग नामों से विख्यात रहा है। अपनी सांस्कृति विविधता लोक जीवन, रीति-नीति, लोक - परम्परा, लोक गीत, लोक नृत्य आदि विभिन्न विशेषताओं से इस राज्य का इतिहास सदैव ही समृद्ध रहा है। इस पावन धरा ने अपनी गोद में ऐसे-ऐसे सपूत देश को दिया जो अपने व्यक्तित्व और कृतित्व के कारण इतिहास में अमर हो गये। छत्तीसगढ़ के इसी पावन भूमि में एक ऐसे ही महान् साहित्यकार व पत्रकार का जन्म हुआ जिसने अपनी मातृभूमी का नाम रौशन किया। एक ऐसा साहित्य का पुरोधा जिसने न केवल छत्तीसगढ़ी भाषा में साहित्य सृजन का कार्य किया बल्कि उसे नया मुकाम दिलाया। जिसकी लेखनी हिन्दी व छत्तीसगढ़ी दोनों भाषाओं में समान भाव से चली। एक ऐसा व्यक्तित्व जो संरक्षक है अपनी लोक परम्पराओं का, जिसने जिया अपनी परम्पराओं को, जिसके कथनी और करनी में कोई विशेष अंतर नहीं मिलता।

छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र, जिसने अपने शुभ कर्मो के द्वारा अपनी मातृभूमि, छत्तीसगढ़ राज्य को गौरवान्वित किया। छत्तीसगढ़ी साहित्य को समृद्धि प्रदान किया। वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन ने जिसे **'पद्म श्री'** के सम्मान से सम्मानित किया है। जो**'छत्तीसगढ़ के रखवार'** के नाम से प्रसिद्ध है। छत्तीसगढ़ के इस महान साहित्यकार का नाम है **पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी।** चतुर्वेदी जी को **'छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग'** के प्रथम अध्यक्ष पद पर रहने का गौरव प्राप्त है। पं.श्यामलाल चतुर्वेदी जी किसी परिचय के मोहताज नहीं है। इनका कर्म ही ऐसा पावन और पुनित है, कि ये लोगों के दिलों में राज करते है। चतुर्वेदी जी की रचनाओं में सबसे बडी विशेषता यह है कि इन्होंने साहित्य साधना के लिए अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी को चुना। एक तरफ अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में साहित्य सृजन कर मातृभाषा छत्तीसगढ़ी का मान बढ़ाया वहीं छत्तीसगढ़ी भाषा में भावनाओं को व्यक्त करने की पूर्ण क्षमता है इससे सबको अवगत कराया। चतुर्वेदी जी की रचनाओं में सबसे बडी विशेषता यह है कि इन्होंने साहित्य साधना नाम कमाने के उद्देश्य से नहीं वरन् इनकी रचनाऍ इनके हृदय के उद्गार हैं। चतुर्वेदी जी की रचनाऍ अनुभूति परक है इसीलिए वास्तविकता के धरातल पर खड़े प्रतीत होते है। जिसमें कल्पनाओं का कोई विशेष स्थान नहीं है। चतुर्वेदी जी की रचनाओं में छत्तीसगढ़ की मेहनतकश, भोली-भाली, और ग्रामांचल में अभावों के बाद भी जीवन के हर रंग को जिंदादिली से जी रहे ग्रामीण जीवन का जीवंत चित्रण मिलता है। बिना किसी अतिश्योक्ति के जीवन के वास्तविक धरातल पर आपकी रचनाऍ सीधे हृदय में प्रवेश कर जाती है। 'बेटी के बिदा में' जहॉं चतुर्वेदी जी ने बिदाई के करूण और हृदय विदारक बेला का जीवंत चित्रण किया है। वधु पक्ष में किस तरह से वधु के पाणिग्रहण होने पर माता-पिता को परम संतोष होता है, वहीं अपनी लाडली बिटिया को अपनों से दूर जाते देखना। एक-दूसरे के गले से लिपटकर आंखों से गंगा-जमुना की अविरल धारा का प्रवाहित होना। सुख और दु:ख का ऐसा संगम जो दोनों एक ही साथ एक ही समय पर चित्रित करना कोई सरल कार्य नहीं है। दृष्टव्य है कुछ पंक्तियॉं-

जिवराखन हर चल देही, तव जीव रहे म का हे,? 23
बेटी जनमा के जानेंव, का गुरतुर का कस्सा हे?
एक तो बेटी झन होतिस, होतिस त बिदा झन करतिस।
पर जातिस बिदा करे बर, ॲधरी भैरी कर देतिस।।

ऐसे ही 'कर्म प्रधान विश्व रचि राखा य' की मूल भावना को सार्थक करते हुए 'ये धरती करमइता के हय य'नामक शीर्षक से दृष्टव्य है कुछ पंक्तियॉं-

हमर बनौर बनौकी हमर हाथ म,भल अनभल मन चाही। 88
लंगटा कस चाहे दिन काटी, चाहे राजा साही।।
सिरजोइया संसार बनोइया, सब के चेत रखइया।
दुनिया म सब जिनिस बनादिस पाही काम करइया।
कर्ता के ये पिथ्वी हर ये,करम करव लौ लाहो ।
मीठ्ठ फरे हे आमा, खहौ तव सेवाद ल पाहौ।।
मेहनत कर उजोग म रइही, तउने तो सूख पाही।
ठलहा हांथ पांव बिन सरकाये,लुआठ ल खही।।

चतुर्वेदी जी ने छत्तीसगढ़ी गद्य और पद्य दोनों में समान लेखनी चलाई है। इन सबसे बढ़कर इन्होनें पत्रकारिता में भी बड़ी उत्साह के साथ काम किया है। चतुर्वेदी जी की गद्य रचनाऍ 'भोलवा भोलाराम बनिस' में संग्रहित हैं। जिसमें नौ अनमोल कहानियों का संग्रह है। कहानियां जहां सरल, सहज और ग्रामीण परिवेष का चित्रण करती हैं, वहीं उसमें रोचकता और कौतूहल (उत्सुकता) भी बनी रहती है। ग्रामीण जीवन पर प्रत्येक रचना अनमोल मोती हैं, जिसे ठेठ छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखा गया है। कहानी को पढ़ते समय पाठक गण कभी दु:ख से द्रवित हो जाते है, तो कभी कहानी को पढ़ते-पढ़ते अकेले ही ठहाके मारकर हॅसने से अपने आप को रोक नहीं पाते क्यों कि कहानियों का वर्णन इतना सजीव व मार्मिक है, जो कहानी में डूब न जाये शायद ही ऐसा कोई पाषाण हृदयी होगा। चतुर्वेदी जी की कहानियों में ग्रामांचल जैसे सजीव हो उठता है। गांवो के रीति-रिवाज, तीज-त्यौहार, गांव का चौपाल, खेत-

*सहायक प्राध्यपक (हिन्दी) डॉ.सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत
**शोधार्थी , एम. फिल.- सेमेस्टर द्वितीय (हिन्दी) डॉ.सी.वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगीरोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग) भारत

खलिहान उस पर असली ठेठ छत्तीसगढ़ी भाषा का चयन जैसे सोने पे सुहागा। कहानियों में मुहावरों और कहावतों का प्रयोग दृश्टव्य है– 'मिरगिन बरोबर मेछरावत हे'। 'मसर मोटी माते हे, बांड़ी मनला'। 'बिनानाथ के बइला कस ढ़िल्ला'। 'मया हर लेवना कस टपके लागिस'। 'आन ल सिखौना दय, अपन बइठ रनिया लय'। 'गोड़ के पथरा ल गुड़ में कचार दिस'। 'दही के भोरहा म कपास ल नइ खान'। 'थूंके–थूंक मा लड़ुवा बांधथे'।34 'हंडिया के मंह म पराई देहा, फेर आदमी के मुंह मा का देहा' । 41 'जियत भर आदमी कतका उधामत करथे, फेर मरे के बेर सब जुच्छा के जुच्छा' । 42 बिन लइका बच्चा के खाए अन्न चाउर होवत हे । 70 ऐसे अनेक उदाहरण भरे पड़े है इनकी कहानियों में। जैसा की विख्यात कहानीकार व उपन्यास सम्राट प्रेमचंद जी ने कहानी के विषय में कहा है, कि 'कहानी का मजा कहने में है और कहने का तरीका हर आदमी का अलग–अलग होता है'। वास्तव में मुंशी प्रेमचंद जी के बाद कहानियों में ग्रामीण जीवन का चित्रण किसी की रचनाओं में मिलता है, तो वह पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी। चतुर्वेदी जी की रचनाओं के बगैर मानों छत्तीसगढ़ी साहित्य अधूरा सा जान पड़ता है। छत्तीसगढ़ी साहित्यकारों की लम्बी सूची है जिन्होंने अपनी–अपनी लेखनी के माध्यम से अपने भावों को साहित्य में उकेरा किन्तु चतुर्वेदी जी की कृतियों की सबसे बड़ी विशेषता यह है, कि ये ठेठ देहाती छत्तीसगढ़ी का प्रयोग करते हैं। चतुर्वेदी जी का छत्तीसगढ़ी भाषा का शब्द भण्डार समृद्ध तो है ही साथ ही सुरूचि पूर्ण भी हैं। चतुर्वेदी जी की भाषा ठेठ होने पर भी जटिल नहीं लगती ठेठ होने के साथ ही सरल, सहज और मुहावरेदार भी है। मुहावरे बड़े कीमती होते हैं, क्योंकि इनके प्रयोग से भाषा निखरती है, खिल उठती है। चतुर्वेदी जी के जीवन परिचय से पता चलता है, कि इनका शैक्षणिक कार्य रूकावटों के दौर से गुजरा है किन्तु इन्होंने अपनी रचनाओं से सिद्ध कर दिया हैं कि अनुभव मायने रखतें हैं न कि डिग्रियॉ। चतुर्वेदी जी की रचनाओं को पढ़ते समय पाठकों का चित्ता ग्रामीण जन –जीवन में रम जाता है। गांवो का ऐसा सजीव चित्रण छत्तीसगढ़ी साहित्य में अन्यत्र दुर्लभ है जो चतुर्वेदी जी की रचनाओं में हमें देखने को मिलता हैं। चतुर्वेदी जी की कृतियॉ स्वयमेव ही अपने आप में शोध है। फिर भी उनकी रचनाओं में शोधकार्य हुए हैं और हो भी रहे हैं। चतुर्वेदी जी पटु पत्रकार होने के साथ ही हिन्दी कवि, व्यंगकार, निबंधकार के साथ जनपदीय भाषा छत्तीसगढ़ी के प्रतिनिधि, कवि, लोक – साहित्य के अध्येता, कुशल कथाकार के रूप में उल्लेखनीय स्थान रखते हैं क्यों कि चतुर्वेदी जी न सिर्फ लिखते है अपितु उसे जीते भी हैं। शायद यही कारण है, कि चतुर्वेदी जी की रचनाएॅ सीधे हृदय में उतरती है। चतुर्वेदी जी एक कवि, लेखक, पत्रकार और निबंधकार के रूप में आज भी 85 वर्ष के उम्र में निरंतर अपनी लेखनी से कर्म किये जा रहे है।

समाज की परम्परा खासकर ग्रामीण जीवन से जुड़ी परम्पराओं के रखवार के रूप में चतुर्वेदी जी का योगदान समाज के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। चतुर्वेदी जी की कृतियों में सन् 1987 में एम.ए. में श्री श्यामसुदर ने पं. श्यामलाल चतुर्वेदी व्यक्तित्व–कृतित्व शीर्षक से डॉ. विनय कुमार पाठक के निर्देशन में लघुशोध प्रबंध प्रस्तुत किया। इससे पूर्व सन् 1987 में ही डॉ. आशा दीवान ने 'पर्रा भर लाई' एक विश्लेषण विषय पर अधिशोध प्रबंध प्रस्तुत किया। इसके बाद डॉ. महेश कुमार जोशी ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में पं. द्वारिका प्रसाद तिवारी, विप्र एवं उनके समसामयिक छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों का तुलनात्मक अनुशीलन (1987) विषय पर शोध प्रबंध प्रस्तुत करके समसामयिक साहित्यकार के रूप में चतुर्वेदी जी को समावेशित किया। इस प्रकार डॉ. राजेश कुमार दुबे ने समकालीन छत्तीसगढ़ी साहित्य के संदर्भ में पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी के काव्य का अनुशीलन विषय पर शोध–प्रबंध करके सन् 1999 में पी.एच.डी. की उपाधि अर्जित की। पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी की रचनाएॅ जहॉ एक ओर हमें ग्रामीण जीवन के अभावों से अवगत कराती है, वहीं वहॉ पर रहे रहे लोगों के जीवन–शैली का भी दर्शन कराती है। चतुर्वेदी जी की निबंध संग्रह 'मेरे निबंध' में संग्रहित अन्नदान का महायज्ञ 'छेर–छेरा' में जिस प्रकार छेर–छेरा पर्व पर गरीब–अमीर, कमिया–मालिक, ऊँच –नीच हर वर्ग के बच्चे एक साथ अधिकार से घर–घर जा कर सुबह से ही आवाज लगाते हैं 'छेर–छेरा माई कोठी के धान ल हेरते हेरा' में जो समान, समरसता का भाव है, वह कहीं न कहीं एक–दूसरे को आपस में जोड़ने का, एकता व भाईचारा का संदेश देता हुआ जीवन निर्वाह की प्रेणता देती है। वास्तव में आज जहॉ लोग अपनी निजी स्वार्थो में लिप्त होकर नैतिक और मानवीय गुणों को भूलते जा रहें वहीं चतुर्वेदी जी की कृतियॉ हमें मानवता का पाठ पढ़ाता है। आनेवाली पीढ़ी को इसकी विशेष आवश्यकता है। अत: पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी की रचनाएॅ न सिर्फ विद्यार्थियों शोधार्थियों के लिए वरन् पूरे मावन समाज के लिए महत्वपूर्ण है। साहित्य जगत में एक से बढ़कर एक साहित्यकार हुए। जिन्होनें अपने साहित्य साधना के कार्य काल में बहुत सी रचनाएॅ भेंटकर साहित्य जगत को समृद्ध किया।

पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी ने न सिर्फ पत्रकारिता जगत को अपितु हिन्दी साहित्य के साथ छत्तीसगढ़ी साहित्य को समृद्ध बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। अनेक पत्र पत्रिकाओं के प्रतिनिधि, संपादन, रचनाएॅ प्रकाशित साथ ही पद्य रचनाएं, गद्य रचनाएॅ इसके अन्तर्गत पर्राभर लाई (पद्य) में 20 एक से बढ़कर एक रचनाएॅ वहीं रामबनवास शीर्षक में छत्तीसगढ़ी पद्य खण्ड काव्य, 'भोलवा भोला राम बनिस' निबंध संग्रह में 9 श्रेणी कहानियॉ संकलित है इसके अलावा मेरे निबंध में 20 निबंध है। आज भी बिना रूके, बिना थके चतुर्वेदी जी का साहित्य साधना निर्बाध गति से चल रही है। विद्यार्थी व समाज के प्रबुद्ध जन अधिक से अधिक अपनी रीति–नीति, लोक–परम्परा, लोक– साहित्य को जान सकें यही इस लघु शोध का महत्व होगा। इस लघु शोध के माध्यम से यह प्रयास होगा की छत्तीसगढ़ी भाषा में भी भावाभिव्यक्यित पूर्ण क्षमता है इस बात को बताना। चतुर्वेदी जी ने अपनी मातृ भाषा को अपनी साधना का माध्यम बनाकर तथा छत्तीसगढ़ी भाषा में साहित्य सृजन कर सिद्ध कर दिया कि अगर मन में चाह है तो सब कुछ संभव है। चतुर्वेदी जी की रचनाएॅ मूलत: ग्रामीण जीवन पर आधारित है वास्तव में चतुर्वेदी जी जनपदीय रचनाकार के रूप में स्थापित है। समय–समय पे विभिन्न आकाशवाणी केन्द्रों से उनकी रचनाओं का प्रसारण भी होता रहा है। जिंदगी के इस भागती–दौड़ती सफर में जहॉ अनेक ऊतार–चढ़ाव के बीच अपनी साहित्य साधना को निर्बाध गति से आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण जीवन के प्रति लगाव और यथार्थ चित्रण कर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे है। गांव में जन्में ग्राम के प्रति अपार प्रेम ग्रामीण जीवन के प्रति अटूट श्रद्धा भाव और अपनी जन्म भूमि की निरंतर सेवा कर रहे चतुर्वेदी जी की इस साहित्य साधना को अधिक से अधिक लोगों तक पहुचाना ही इस शोधपत्र का महत्व होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जनपदीय रचनाकार श्यामलाल चतुर्वेदी की साहित्य साधना–डॉ. आशा दीवान– मित्त एण्ड संस, दिल्ली।
2. मेरे निबंध –श्यामलाल चतुर्वेदी –श्री लब्धि सूरि फाउंडेशन दुर्ग।
3. पं.श्यामलाल चतुर्वेदी और उनकी साहित्य साधना–डॉ. सुषमा शर्मा–

जैमसशन प्रकाशन बिलासपुर।

4. पर्रा भर लाई(छत्तीसगढ़ी कविता संग्रह) - पं.श्यामलाल चतुर्वेदी- भारतेन्दु साहित्य समिति बिलासपुर।

- बेटी के बिदा। 23
- ये धरती करमइता के हय। 88

5. भोलवा भोलाराम बनिस(छत्तीसगढ़ी कहानी संग्रह)- पं.श्यामलाल चतुर्वेदी- भारतेन्दु साहित्य समिति बिलासपुर।

- बटोन नहीं बहोरन चाही।24
- पतिबरता के पानी। 41
- सतवंतिन सुकवारा।42
- मयारू मनमतिया।70

****

Impact of NPA on performance of M.P. State Co-operative Bank Bhopal

Dr. G.C. Gupta * Dr. R.B. Gupta ** Sadabati Thakur ***

Introduction - Co-operative banks have played an important role in the Indian financial system and the credit co-operative system of India, especially at the rural level. In rural finance, the co-operative credit society has no alternative except the traditional system called money lenders act as a means of reaching the last man in need. Still in these, new flourishing socio economic environment, several commercial banks are extending their branches in rural areas but they have not fulfilled to achieve the desired goal because of security conscious habits and urban orientations of manpower. Until now, co-operatives are the most efficient and successful institution a source to serve rural areas of India.

Profile of the Bank - The **Madhya Pradesh State Cooperative Bank Ltd.** had been registered on 02/04/1912 (Under Cooperative Act 1912, dhara 2) at Jabalpur naming "Provisional Cooperative Bank Ltd. Central Provinces brar", later on its Head Office has been transferred to Nagpur. Bank has started its operations with the initial capital of Rs.5.00 lakhs aiming to provide finance in the field of Agriculture.

It is a premier organization providing long term, medium term and short term Agriculture finance in the state with help of NABARD through District Central Co-operative Banks and Primary Agriculture Credit Cooperatives Societies (PACCs) to farmers & different strata of the society in order to fulfil their financial requirements. Apex Bank is operating with their 24 Branches in the State serving through the attractive Loan and deposit schemes. Apex Bank is playing a pivotal in the field of providing rural finance in the M.P. State providing Agriculture/Non-Agriculture Loans and Advances with the help of NABARD under various schemes also offering commercial loans to customer under the Loan portfolio such as Consumer Loans, Housing Loan, Higher Education Loan, Project Loan, Vehicle Loan etc.

Non-Performing Assets (NPA) - Non-Performing Assets are also called as Non-Performing Loans. These are loans on which interest payments or repayments are not being made as per the schedule. Banks treat their assets as non-performing when they are not serviced for some period of time. When the payments are late for short duration of time the loan is called as Past Due. But after payments are late for longer term (normally 90 days), the loan then is classified as being Non-Performing.

Classification Of NPAs

a. **Standard Assets -** Standard assets are those assets which does not disclose any problem and which does not carry more than normal risk attached to business. Thus in general, all the current loans, agricultural and non-agricultural loans, which have not become NPA, may be treated as Standard Assets.

b. **Sub-Standard Assets -**

A. An asset which has remained overdue for a period not exceeding 3 years in respect of both agricultural and non-agricultural loans, should be treated as sub-standard asset.

B. In case of all the types of term loans, where instalments are overdue for a period not exceeding 3 years, the entire outstanding in term loans should be treated as sub-standard assets.

C. An asset where the terms and conditions of the loans regarding the payment of interest and/or payment of principal have been renegotiated or rescheduled, after commencement of production, should be classified as sub-standard asset and should remain so in such category for at least two years of satisfactory performance under renegotiated or rescheduled terms.

c. **Doubtful Assets -** These are the assets the recovery of which is highly questionable and impossible. It is usually a non-performing asset for a period exceeding 3 years in respect of both agricultural and non-agricultural loans. In the case of all types of term loans, where instalments are overdue for more than 3 years, the entire outstanding term loans should be treated as doubtful asset. As in the case of sub-standard assets, rescheduling does not entitle a bank to upgrade the quality of advance automatically.

d. **Loss Assets -** Loss assets are those credit facilities where loss is identified by the bank/auditor/RBI/ NABARD inspectors but the amount has not been written off wholly or partly. In other words, a loan asset which is considered unrealizable and/or of such little value that its continuance

***Swami Vivekanand Govt. College, Susner, Distt. Agar-Malwa (M.P.) INDIA**
**** Shri AtalBihari Vajpayee Govt. Arts & Commerce College, Indore (M.P.) INDIA**
***** Research Scholar, Shri AtalBihari Vajpayee Govt. Arts & Commerce College,Indore (M.P.) INDIA**

as a doubtful asset is not worthwhile, should be treated as a loss asset. Such loss assets will include overdue loans where (a) decrees or execution petitions have become time barred or documents are lost or no other legal proof is available to claim the debt., (b) the members or their sureties are declared insolvent, or have died leaving no tangible realizable assets, (c) the members have left the area of operation of the bank (refers to the borrower in whose name the respective Loan Account with SCB/DCCB) leaving no property and their sureties, have also no means to pay the dues, (d) the loan is fictitious or when gross mis-utilisation is noticed, (e) the amount, which cannot be recovered from the liquidated societies.

Objectives of the study :

1. To study the concept and nature of Non-Performing Assets of the M.P State Co-operative bank Ltd., Bhopal.
2. To study the impact of Non-Performing Assets of the M.P State Co-operative bank Ltd., Bhopal.

Limitations of the study :

i. The study covered a period of five years, i.e., 2010-11 to 2014-15.
ii. As the findings and conclusions of this study are based on data collected from the Madhya Pradesh State Co-operative bank and it deals in co-operative banks, it cannot be generalised for the other non-co-operative banks.

Methodology of the study :

a. Collection of Data - The present study is based on primary as well as secondary data. Primary data were collected through holding personal interviews and detailed discussion with the bank executives/officials as well as the customers of the bank.

Secondary data were collected from the various publications like (Government of India and M.P), journals, reports of M.P. State Co-operative Bank Ltd., Bhopal, and published as well as unpublished works of the scholars associated with the field.

b. Analysis of Data - The researcher had applied various ratio analysis for the purpose of data analysis

c. Period of Study - M.P. State Co-operative Bank Ltd. Bhopal has been selected as sample unit for this study and a period of five years commencing from 2010-11 to 2014-15 are chosen for the same.

Data analysis and Interpretation - Today, NPA is one of the major problems evolving in almost all the banks in the country. High level of NPA has negative impact on the financial performance and profitability of the bank. Thus, NPAs reflect the overall performance of the bank.

The analysing factors for causing NPA, nature and categories for classification of assets etc, are discussed in the present study. Ratio analysis have been used for the study.

Some of the ratios used in this study are gross and net NPA ratio, standard assets ratio, doubtful ratio and loss assets ratio.

1) **Gross NPA Ratio**

$$\text{Gross NPA Ratio} = \frac{\text{Gross NPA}}{\text{Gross Advances}} \times 100$$

Table 1 : Gross NPA Ratio of the M.P.S.C Bank Ltd., Bhopal

(Rs.in lakhs)

Year	Gross NPA	Gross Advances	Gross NPA RatioRatio
2010-11	10501.20	327146.89	3.21
2011-12	6687.67	452906.26	1.48
2012-13	10989.46	643064.70	1.71
2013-14	6783.14	853205.47	0.80
2014-15	14375.52	1001952.89	1.43
Average	9867.40	6556.556	1.726

Source: Audit and Annual Reports of the M.P.S.C. Bank Ltd., Bhopal.

The above table shows it very significantly that the average Gross NPA of the Bank under study is very satisfactory. It also depicts that the Gross NPA which was 3.21% in 2010-11 reduced gradually every year and achieved the lowest 0.80% in the year 2013-14 and with a slight increase reached to 1.43% in the year 2014-15 but much lower than the average Gross NPA (1.726%). Hence, it is depicted that the bank is following the norms of granting loans, so as to maintain good recovery leading to lower Gross NPA, which is quite satisfactory that the Gross NPA ratio in the last four years is much lower than the average 1.726%.

2) **Net NPA Ratio**

$$\text{Net NPA Ratio} = \frac{\text{Gross NPAs-Provisions}}{\text{Gross Advances-Provisions}} \times 100$$

Table 2 : Net NPA Ratio of the M.P.S.C Bank Ltd., Bhopal

(Rs.in lakhs)

Year	Net NPA	Net Advances	Net NPA Ratio
2010-11	2719.78	319365.47	0.85
2011-12	2849.58	449068.17	0.63
2012-13	6706.77	638782.01	1.04
2013-14	2563.90	848981.28	0.30
2014-15	750.73	988328.10	0.07
Average	3118.152	648905.006	0.578

Source: Audit and Annual Reports of the M.P.S.C. Bank Ltd., Bhopal.

The table given above reveals that the Net NPA Ratio of the bank has reduced during the study period except the year 2012-13, (1.04%) as the bank has failed to make sufficient provisions against NPA in this year. However, the bank had succeeded in making provisions and thus they brought down the Net NPA to 0.07%. It is evident that the bank have strictly followed the RBI guidelines by making provisions against NPAs which is very good and satisfactory.

3) **Sub-standard Assets Ratio**

$$\text{Sub-standard Assets Ratio} = \frac{\text{Total Sub-Standard Assets}}{\text{Gross NPAs}} \times 100$$

Table 3 : Sub-standard Assets Ratio of the M.P.S.C Bank Ltd., Bhopal

(Rs.in lakhs)

Year	Sub-standard Assets	Gross NPA	Sub-standard Assets Ratio
2010-11	127.80	10501.20	1.22
2011-12	119.64	6687.67	1.79
2012-13	371.31	10989.46	3.38
2013-14	428.50	6788.14	6.31
2014-15	7420.35	14332.52	51.77
Average	1693.52	9859.79	23.05

Source: Audit and Annual reports of the M.P.S.C. Bank Ltd., Bhopal.

The Sub-standard Assets Ratio of the M.P.S.C Bank Ltd., Bhopal indicates the scope for improvement of NPA accounts. From the table given above, it shows that the Sub-standard assets Ratio of the bank had higher percentage of Sub-standard Assets in the year 2014-15 because of more slippage of good assets to the Sub-standard assets category.

4) **Doubtful Assets Ratio**

Doubtful Assets Ratio= Total Doubtful Assets X 100 / Gross NPAs

Table 4 :Doubtful Assets Ratio of the M.P.S.C Bank Ltd., Bhopal

(Rs.in lakhs)

Year	Doubtful Assets	Gross NPAs	Doubtful Assets Ratio
2010-11	6976.25	10501.20	66.43
2011-12	3003.50	6687.67	44.91
2012-13	3185.76	10989.46	28.99
2013-14	3046.87	6788.14	44.89
2014-15	5414.65	14332.52	37.78
Average	4325.406	9859.79	44.6

Source: Audit and Annual reports of the M.P.S.C. Bank Ltd., Bhopal.

The Doubtful Assets Ratio shows the proportion of total doubtful assets to Gross NPA of the M.P.S.C. Bank Ltd., Bhopal. The above table presents the ratio had been good with slight ups and downs during the study period. The bank should recover as much doubtful advances as possible in order to reduce the Gross NPAs.

5) **Loss Assets Ratio**

Loss Assets Ratio= Total Loss Assets X 100 / Gross NPAs

Table 5 : Loss Assets Ratio of the M.P.S.C Bank Ltd., Bhopal

(Rs.in lakhs)

Year	Loss Assets	Gross NPA	Loss Assets Ratio
2010-11	677.37	10501.20	6.45
2011-12	714.95	6687.67	10.69
2012-13	725.62	10989.46	6.60
2013-14	743.82	6788.14s	10.96
2014-15	789.79	14332.52	5.51
Average	3019.718	9859.79	8.042

Source: Audit and Annual reports of the M.P.S.C. Bank Ltd., Bhopal.

The Loss Assets Ratio shows the proportion of total loss assets to Gross NPA of the M.P.S.C. Bank Ltd., Bhopal. The above table presents the ratio had been good and very low with slight fluctuating during the study period except the year 2011-12 and 2013-14. The bank has to create a provision of 100% which definitely affects the financial health of the bank.

Conclusion - Non-performing Assets affects the performance of the bank. But, the bank is functioning very well by managing its recovery position and NPA position is at low. The bank should take more efforts to check the slippage of standard/good assets into sub-standard assets category. Overall, the Madhya Pradesh State co-operative Bank Ltd., Bhopal is well flourishing with proper management of assets and time to time recovery.

References :-

1. Annual reports of the M.P. State Co-operative Bank Ltd., Bhopal.
2. Pandey I.M. (2003). Financial Management, Vikas Publication House, New Delhi.
3. Kothari C.R. (2010) Business research methods, Vikas Publications, New Delhi.
4. Non-performing Assets in Co-operative Banks, K.Ravichandran,R.Mayilsamy,(2008),Abhijeet Publications, new delhi

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

मध्यप्रदेश में प्रारम्भिक शिक्षा 'शाला सिद्धि' योजना के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का अध्ययन

प्रकाशचन्द्र शर्मा * डॉ. भंवरलाल नागदा **

उद्देश्य :

(1) विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों की पर्याप्तता एवं उपयोगिता से सम्बन्धित समस्याएँ।
(2) सीखना-सिखाना एवं उसका आंकलन से सम्बन्धित समस्याएँ।
(3) विद्यार्थियों की प्रगति, उपलब्धि एवं विकास से सम्बन्धित समस्याएँ।
(4) शिक्षकों का कार्य प्रदर्शन एवं उनके व्यावसायिक उन्नयन से सम्बन्धित समस्याएँ।
(5) शाला नेतृत्व एवं प्रबन्धन से सम्बन्धित समस्याएँ।
(6) समावेशी वातावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से सम्बन्धित समस्याएँ।
(7) विद्यालय विकास में समुदाय की सहभागिता से सम्बन्धित समस्याएँ।

शोध परिकल्पनाएँ - सामान्य एवं जनजाति क्षेत्र के विद्यालयों में 'शाला सिद्धि' योजना के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

शोध उपकरण :

(1) शाला सिद्धि योजना क्रियान्वयन प्रमापनी (संस्था प्रधानों के लिये)
(2) शाला सिद्धि योजना क्रियान्वयन प्रमापनी (शिक्षक के लिये)
(3) साक्षात्कार अनुसूची (विद्यार्थियों के लिये)
(4) रेकर्ड्स अवलोकन प्रपत्र

शोध निष्कर्ष :

(क) संस्था प्रधानों के अनुसार - शाला सिद्धि योजना के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का सामान्य क्षेत्र तथा जनजाति क्षेत्र के विद्यालयों का मध्यमान क्रमशः 172.56 व 158.96 आया। मानक विचलन क्रमशः 10.774 व 8.655 आया। 'टी' का मान 9.840 प्राप्त हुआ जो कि 'टी' के सारणी मूल्य से अधिक है। अतः अन्तर सार्थक कहा जा सकता है। अर्थात् परिकल्पना सं. 1 को अस्वीकृत किया जाता है।

(ख) शिक्षकों के अनुसार - शाला सिद्धि योजना के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का सामान्य क्षेत्र तथा जनजाति क्षेत्र के विद्यालयों का मध्यमान क्रमशः 168.64 व158.44 आया। मानक विचलन क्रमशः 8.934 व 9.529 आया। 'टी' का मान 7.808 प्राप्त हुआ जो कि 'टी' के सारणी मूल्य से अधिक है। अतः अन्तर सार्थक कहा जा सकता है। अर्थात् परिकल्पना सं. 2 को अस्वीकृत किया जाता है।

(ग) विद्यार्थियों के अनुसार - शाला सिद्धि योजना के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का सामान्य क्षेत्र तथा जनजाति क्षेत्र के विद्यालयों का मध्यमान क्रमशः 184.60 व 176.40 आया। मानक विचलन क्रमशः 9.173 व 8.309 आया। 'टी' का मान 6.624 प्राप्त हुआ जो कि 'टी' के सारणी मूल्य से अधिक है। अतः अन्तर सार्थक कहा जा सकता है। अर्थात् परिकल्पना सं. 3 को अस्वीकृत किया जाता है।

शोध समस्याएँ

(क) संस्था प्रधानों के अनुसार

वरीयता क्रम में इस प्रकार है :-

• **सामान्य क्षेत्र**	• **जनजाति क्षेत्र**
• अतिरिक्त राशि का प्रावधान नहीं होने से	• समुदाय के सदस्यों का सहयोग हेतु सक्षम न होना।
• आर्थिक बोझ का बढ़ना	• शिक्षकों का अभाव
• शिक्षकों का अभाव में भेजने में रूचि नहीं लेते है	• पालक विद्यार्थियों को विद्यालय अर्थात् पालकों की निष्क्रियता
• पानी-बिजली की समस्या	• शिक्षण के अलावा अन्य कार्यो का करवाया जाना (प्रतिनियुक्ति पर)
• विद्यार्थियों का नियमित रूप नहीं होने से	• कृषि मजदूरी में पालकों के साथ विद्यार्थियों का पलायन होना।
• पर्याप्त संसाधनों व शिक्षण सामग्री का अभाव।	• विद्यार्थियों की उपस्थिति कम होना।
• SMC सदस्य शिक्षण सुधार हेतु पालकों को प्रोत्साहित नहीं करते।	• कक्षा 6 में आने वाले विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर अत्यन्त कमजोर होना।
• मानक द्वारा कार्य करवाने में समस्या	• पर्यटन महोत्सव शाला में न हो।
• कागजी कार्यवाही का अधिक होना।	• समन्वय तथा प्रशासनिक मानीटरिंग का अभाव।
• विद्यालय परिसर की चार दीवारी का अभाव।	
• विद्युत उपकरणों का अभाव।	
• डिजिटल सामग्री का न होना।	
• सोशल मीडिया का सहयोग न मिलना।	
• समेटिक आकलन के कार्यक्रम न करवाना।	
• शाला स्टाफ एवं अभिभावकों में समन्वय का अभाव।	

* शोधार्थी, पेसिफिक एकडेमी ऑफ हायर एज्यूकेशन एण्ड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर (राज.) भारत
** पर्यवेक्षक, पेसिफिक एकडेमी ऑफ हायर एज्यूकेशन एण्ड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर (राज.) भारत

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

(ख) शिक्षकों के अनुसार :

वरीयता क्रम में इस प्रकार है :-

• **सामान्य क्षेत्र**	• **जनजाति क्षेत्र**
• विषयवार शिक्षकों का नहीं होना।	• जन भागीदारी का अभाव
• अतिरिक्त बजट का प्रावधान न होना।	• विद्यार्थियों का स्तर निम्न होना
• पानी, बिजली, कम्प्यूटर का अभाव	• विद्यार्थियों की अनियमितता होना
• विद्यार्थियों की उपस्थिति नियमित नहीं होना।	• शिक्षकों की कमी
• विद्यालय पर आर्थिक बोझ	• भौगोलिक परिस्थितियों के कारण
• विद्युत एवं उपकरणों का अभाव	• प्रशासनिक समन्वय का अभाव
• डिजिटल सामग्री का अभाव	• बजट की कमी
• स्थानीय बोली में बात कर जुड़ाव स्थापित न कर पाना।	• अभिलेखों का संधारण होने से मूल उद्देश्यों से भटकना है।
• भवन सुविधाएँ एवं संसाधनों का अभाव	• जनता का शराब पीकर शिक्षकों से झगड़ा करना तथा मारने को तैयार होना।
• शाला में सुरक्षा के समुचित उपायों एवं उपकरण। उपलब्ध न होना	• SMC सदस्यों का सहयोग न मिलना।
• शाला में जागरूकता कार्यक्रम का अभाव।	
• समुदाय के सदस्यों की निष्क्रिय होना।	
• शाला प्रबन्धन समिति बच्चों के पढ़ाई के नुकसान को गंभीरता से न लेना।	

शोध सुझाव

(क)संस्था प्रधानों के अनुसार

वरीयता क्रम में इस प्रकार है :-

• **सामान्य क्षेत्र**	• **जनजाति क्षेत्र**
• विद्यालयों को क्रियान्वयन हेतु पर्याप्त राशि उपलब्ध करवाई जाये।	• दक्षता सुधार हेतु पांचवी कक्षा का बोर्ड होना।
• शिक्षकों की कमी को पूरा किया जाये तथा शिक्षण के अलावा अन्य कार्यो में शिक्षकों को नहीं लगाया जाये।	• कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा हो।
• पुन: बोर्ड पेटर्न लागू किया जाये।	• विभिन्न शिक्षण विधियों का समावेश।
• विद्यार्थियों से सम्पर्क करने हेतु शिक्षकों को समय दिया जाये।	• पर्याप्त राशि/बजट का प्रावधान।
• पानी, बिजली की समस्या का समाधान किया जाये।	• शिक्षकों की कमी को पूरा किया जाये।
• कागजी कार्यवाही की पूर्ति न कर के प्रक्रिया को सरल बनाया जाये।	• विषयवार शिक्षकों की नियुक्ति हो।
• डिजिटल सामग्री एवं उपकरण उपलब्ध करवाये जाये।	• शैक्षणिक स्तर सुधार के प्रयास हो।
	• पानी बिजली का समस्या का समधान किया जाये।
	• समेटिव आकलन के कार्यक्रम करवाने पर जोर दिया जाये।
	• डिजिटल सामग्री एवं उपकरण उपलब्ध करवाये जाये।

(ख) शिक्षकों के अनुसार :

वरीयता क्रम में इस प्रकार है :-

• **सामान्य क्षेत्र**	• **जनजाति क्षेत्र**
• क्रियान्वयन प्रक्रिया को सरल बनाया जाये।	• शिक्षकों की कमी को दूर किया जावे।
• विषयवार शिक्षकों की व्यवस्था की जाये।	• भवन पर्याप्त उपलब्ध करवाया जाये
• वित्तीय सहयोग की अपेक्षा	• वित्त पोषित किया जावे।
• पानी, बिजली व कम्प्यूटर की व्यवस्था कराये।	• बच्चों को कोचिंग की व्यवस्था (बेरोजगार युवकों से)
• पर्याप्त संसाधन उपलब्ध करवाये।	• सरकार छात्रों को सभी सुविधा उपलबध करवाये।
• शाला प्रबन्धन समितति के सदस्यों में जागरूकता पैदा कर सक्रिय बनाया जाये।	• अतिथि शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जावे।
• डिजिटल सामग्री की व्यवस्था की जाये।	• बालश्रमिकों पर रोक लगाई जावे।
• शाला में जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाये।	• जनजाग्रति अभियान चलाया।
	• शराब पीकर आने वाला व्यक्तियों को पाबन्द किया जाये।
	• विद्यार्थियों को नियमित आने के लिये पाबन्द करें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. NCERT, (1988-93) : Fifth Survey of Research in Education" New Delhi (NCERT)
2. गेरिट, हेनरी, ई. (1996) 'शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग' कल्याणजी पब्लिशर्स लुधियाना
3. कपिल, एच.के. (1981) : 'अनुसंधान विधियाँ' हर प्रसाद भार्गव, पुस्तक प्रकाशन आगरा
4. 'शाला सिद्धि हमारी शाला ऐसी हो' मूल्यांकन से शाला उन्नयन कार्यक्रम, राज्य शिक्षा केन्द्र, मध्य प्रदेश, भोपाल (2015)

सिंहस्थ कुम्भ के आध्यात्मिक मूल्यों की प्रासंगिकता

रीता टेटवाल *

प्रस्तावना – उज्जयिनी का इतिहास प्राचीन काल से इस देश में सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विद्यमान है। जिसका धार्मिक महत्व अत्यधिक है। यहाँ महाकाल की नगरी के नाम से प्रसिद्ध है। जिनकी दार्शनिक व्याख्या मानवीय जीवन के मूल्यों को प्रभावित करती हैं। ऐसी मान्यताऐं भारतीय संस्कृति और समाज के लिए मूल्य प्रदान करती है। यह उज्जैन प्राचीन काल से काल गणना का केन्द्र बिन्दु के रूप में पहचाना जाता है। इस काल के आराध्य देवता भगवान महाकाल है। जबकि महाकाल बारह ज्योतिर्लिगों में से एक है। इनकी पूजा में भस्म का भी प्रयोग किया जाता है। ऐसी मान्यताऐं विद्यमान है। उज्जयिनी दार्शनिक रूपों में मानवीय मूल्यों को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण माना जाता है।

'कामदेव को विविध नामों एवं वरों की प्राप्ति, काम के प्रभाव से ब्रह्मा तथा ऋषिगणों का मुग्ध होना, धर्म द्धारा स्तुति करने पर भगवान् शिवका प्राकट्य और ब्रह्मा तथा ऋषियों को समझाना, ब्रह्मा तथा ऋषियोंसे अग्निष्वात्ता आदि पितृगणों की उत्पत्ति, ब्रह्माद्धारा काम को शाप की प्राप्ति तथा निवारण का उपाय'।[1]

इसी में सृष्टिकारी दक्ष आदि के द्धारा उनका मुख देखते ही आनन्द से भर उठे ऐसी विचारधाराओं के समन्वय में मानवीय मूल्यों का चरित्र छुपा हुआ था। ऐसी विचारधारा का निरूपण भगवान ब्रह्माजी ने उत्पन्न होने वाले सभी लोगों के नामों को छुपा डाला जिसकी प्रशंसा का मूल कारण सभी लोगों की मानवीय संवेदना ही है। तुम सभी को मन्दोन्मत्त करने में विख्यात हो। जबकि अहंकार युक्त होने वाले व्यक्तियों का जीवन नर्क के समान भारी लगता है। जिसका मूल मन्तव्य मानवीय मूल्यों का विकास करना है।

इसका मूल कारण धार्मिक और तांत्रिक दृष्टियों की तप का संताप मूल्यों को निर्मित करते है। ये दोनों ही साधनाऐं घोर तपस्या के बाद भी किसी को प्राप्त होती है। अन्यथा नहीं मिलती है। जिनका मूल्य ही मानव का कल्याण है। किसी के अहित भाव की कल्पना से तंत्र विद्या भी नहीं सीखी जाती है। न ही उसका फल ही मिलता है। इनकी तपस्या का मूल स्वरूप ही मानव के जीवन को सुखद बनाना है। विशेषतया मानव की विचारधारा यथार्थ के अनुकूल हो प्रतिकूल अवस्था में होने पर विनाश की स्थिति उत्पन्न होती है। ऐसा तंत्र साधना पद्धति का मानना है। जहाँ भक्ति श्रध्दा पुण्य लाभ की लालसा का परिमाप धार्मिक स्थल सिंहस्थ पर देखने को मिलता है। तंत्र की साधना हो या आध्यात्मिक मूल्यों की साधना पद्धति हो दोनों में मानव का कल्याण ही निहित है।

शोध प्रविधि – इस शोध प्रविधि में विषय **सिंहस्थ कुम्भ की आध्यात्मिक मूल्यों की प्रासंगिकता** सिंहस्थ कुम्भ की धार्मिक और तांत्रिक परम्पराओं में मानवीय मूल्यों की पहचान हेतु द्धितीयक शोध सामाग्री और साक्षातकार का अध्ययन समाहित है। जिनकी परम्पराओं और मूल्यों को समझने का प्रयास उज्जैन सिंहस्थ 2016 के वर्णन में निरूपित होता है। ऐसे अनेक धार्मिक ग्रन्थों और विद्धानों का मार्गदर्शन भी समाहित किया गया है। इस हेतु शोध सन्दर्भ को किया पत्र–पत्रिकाओं और धार्मिक स्थलों के दृश्य वर्णन के आधार पर यह शोध पत्र तैयार किया जा रहा है।

उद्देश्य :

1. सिंहस्थ कुम्भ के आध्यात्मिक मूल्यों का अध्ययन।
2. सिंहस्थ कुम्भ में दार्शनिक परिचर्चाओं का अध्ययन।
3. मानवीय मूल्यों का अध्ययन।
4. सिंहस्थ कुम्भ में धार्मिक मूल्यों का अध्ययन।
5. सिंहस्थ कुम्भ में तांत्रिक मूल्यों का अध्ययन।
6. सिंहस्थ कुम्भ में श्रद्धालुओं के वैदिक चिन्तन की परम्पराओं का अध्ययन।
7. सिंहस्थ कुम्भ में संतों की आध्यात्मिक प्रणाली का अध्ययन।

समस्या :

1. मूल्यों की समस्या।
2. आध्यात्मिक चिन्तन हवन सामाग्री की समस्या।
3. सिंहस्थ कुम्भ में प्रबन्धन की समस्या।
4. सिंहस्थ कुम्भ में तात्विक चितन्त की समस्या।

सिंहस्थ कुम्भ में मानवीय मूल्यों की समस्या विकठ रही है। जहाँ भारतीय आध्यात्मिक परम्पराऐं विद्यमान है। वहाँ मानव का एक विवेचक तत्व यदि चोरी, झूठ, के तत्वों को समाहित करता है। वहाँ आध्यात्मिक मूल्यों का क्षरण प्रारम्भ हो जाता है। ऐसी विचारधाराओं को ध्यान में रखकर मानवीय मूल्यों का चिन्तन भारतीय दार्शनिक और सिंहस्थ की मूल्य परम्पराओं में देखने को मिलता है। मानव के मूल्यों की धरोहर उसकी संस्कृति और आचरण है। जिसकी शुद्धता प्रमाणित करती है। मानव का जीवन अच्छा है या बुरा है। ऐसी मान्यताओं का परिणाम सिंहस्थ में देखने को मिलता है। यथार्थ और पुण्य आत्मा का रमण ही आध्यात्मिक परम्पराओं पर निर्भर करता है। जहाँ दैवीय शक्ति के निरूपण में मानव हित का कल्याण देव गुरू बृहस्पति के चिन्तन में भी मिलता है।

सिंहस्थ महाकुम्भ भारतीयता की आत्मा है। जहाँ मानव में सत्य, सद्गुण स्वच्छ सदविचार, सात्विक आहार विहार का संस्मरण आदि परम्पराऐं विद्यमान है। उसी का परिणाम है कि आज भी संस्कृति और धर्म की पहचान भारतीयता की अमर पहचान बनती जा रही है। क्योंकि मूल्य है। पश्चिम सभ्यता ने मानव को मूल्य विहीन बना दिया है। किन्तु मानव को भारतीय संस्कृति हमेशा मूल्यवान रहीं है। जिसका परिणाम भारतीय परम्परा के सिंहस्थ

* शोधार्थी (दर्शनशास्त्र) शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

महापर्व में दिखाई देता है।

उज्जैन के इस नगरी में सिंहस्थ कुम्भ में भारतीय संस्कृति की झलक स्पष्ट रूपों में दिखाई देती है। जिसका मूल प्राचीन रूपों में आध्यात्मिक और वैचारिक दोनों रूपों में विराजमान है। भगवान कृष्ण की शिक्षा स्थली, महाकवि कालिदास जैसे संस्कृत के विद्धान, राजा भर्तृहरि जैसे सत्यवादी राजा, राज्य संचालक विक्रमादित्य की नगरी जहाँ बत्तीस पुतलियों के कहानी का उल्लेख प्राचीन इतिहास बताता हैं। जिनकी प्रजा की खुशहाली का वर्णन उज्जैन के दार्शनिक इतिहास में मिलता है। इसकी परम्पराऐं अविरल रूप से अध्यात्म की आर बढ़ती जा रही है। ऐसी नगरी में पुण्य का लाभ प्राप्त होता ही है।

सत्यानृता च परूषा प्रियवादिनी च हिंस्त्रा दयालुरपि चार्थपरा वदान्या।
नित्यव्यया प्रचुरनित्यधनागमा च वेश्याग्ङ.नेव नृपनीतिरनेरूपा।।[2]

राजा भर्तृहरि के नीतिशत्क यथार्थ सत्य रूपों को राजनीति के विद्धानों ने भी वर्णन किया है। जिसका परिणाम सुखद होता है। राजा भर्तृहरि ने कहा है कि असत्यवादिता, चोरी, लोभ, चपलता अनीति का माध्यम है। जहाँ व्यक्ति लोभी होता वहाँ उसका विनाश होना स्वभाविक हो जाता है। आध्यात्मिक मूल्यों का वर्णन मानवीय जीवन की चरम सीमा का परिणाम है। जहाँ वैचारिक संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसी विंसगतियों में मानव का विकास नहीं होता है। भारतीय परम्पराऐं सिंहस्थ में मूल्यों के पहलू ने मानवीय जीवन की जीवन रेखा का वर्णन तर्क पर औचित्य पूर्ण धार्मिक तथ्यों का वर्णन यथार्थ और सत्य को लेकर किया है।

इन्द्रस्य नु वीर्यणि प्र वीचं यानि चकार प्रथमानि वज्री।
अहन्नहिमन्वपस्ततर्द प्र वक्षणा अभिनत् पर्वतानाम्।।[3]

इस प्रकार के प्रकष्ट पूर्ण कर्मो को वर्णन इन्द्र करता है। ईश्वर स्वयं वर्णन करते हैं कि शिला, जल, पर्वत भी गतिरोधक पदार्थों को नष्ट नहीं कर देता है। अन्यत्र दूरस्थ स्थानों में जल को बहा देता है। ऐसी मान्यताऐं विद्यमान है। जिसका मूल कारण मानवीय मूल्यों से जोड़ा जा सकता है। क्योंकि सिंहस्थ कुम्भ में जल की पूर्ति हेतु क्षिप्रा का जल सूखने की स्थिति में माता नर्मदा का जल सिंहस्थ में लाया गया था। इसकी यथार्थता का वर्ण मानवीय जीवन के लिए सुलभ और सुखद् महसूस होते हैं। ऐसी विचारधारा का परिणाम मानव को जीवन और जगत् के मूल्यों में परिवर्तित करता है। जहाँ नदियों को जोड़ा और बड़े-बड़े पर्वतों को काटकर जल प्रवाहित कर रही हैं। ऐसी जीवनदायनी भारतीय नदियों ने मानव को जल से सिंचित कर रही है।

निष्कर्षत: उज्जैन महाकाल की नगरी में होने वाले सिंहस्थ में भारतीय संस्कृति और मानव मूल्यों को जगा दिया है। जिसका वर्णन सिंहस्थ के दर्शन से प्राप्त होता है। जहाँ अन्यत्र जगहों से आने वाले श्रृद्धालुओं के लिए पानी पिलाने और भोजन प्रसादी तक की व्यवस्था मानव को कृतार्थ कर पुण्य लाभ प्रदान करती है। ऐसी महाकाल की महिमा का वर्णन उज्जैन में मिलता है। इसकी विवेचाना के सम्बन्ध में मानवीय मूल्यों को देखा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. **महापुराण श्रीशिवमहापुराणाङ्कब** कल्याण, गीताप्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ 221
2. डॉ. ददन उपाध्याय, **भर्तृहरिशतकत्रयम् नीति-श्रृंगार-वैराग्य,** चौखम्बा सुरभारती, वाराणसी, 2013, पृष्ठ 30
3. प्रो. महावीर, **वेदों में आर्थिक चिंतन,** प्रगतिशील प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014, पृष्ठ 69

****

Phytochemical screening and effect of pH on antimicrobial activity of Tinospora Cardifolia leave extract with reference to some specific bacteria

Nahid Usmani * R.S. Nigam ** O.P. Rai ***

Abstract - The present study revealed phytochemical extraction and screening of antimicrobial activity of Tinospora Cardifolia. The crude drug (leave part) was successively extracted by Soxlet assembly using various solvents like hexane, chloroform, ethanol, and methanol. Antimicrobial activity of Bacillus, Rhizobium, Pseudomonas and lactobacillus species of bacteria estimated by using the agar disc diffusion method. Zone of inhibition of micro organism was measured in (mm).Hexane extract of T. Cardifolia leave exhibited better antibacterial potential. On treating the extract of T. Cardifolia plant leave with different **pH**, it was seen that antimicrobial activity was decreasing on increasing **pH**, but the antimicrobial property was never lost. Preliminary phytochemical screening of T. Cardifolia showed the presence of carbohydrates, glycosides, flavonoids, phenols, tannins and amino acids in the crude drug. Hexane extract was found to be more potent against both the group of bacteria.
Keyword- Tinospora Cardifolia; phytochemical; antibacterial, alkaloids.

Introduction - Herbal medicine is still the mainstay of about 80% of the whole population mainly in developing countries for primary healthcare because of better cultural acceptability, better compatibility with the human body and fewer side effects. However this plant is commonly referred to as amrita or guduchi. It requires fair moisture level and can be grown in a wide range of soil from acid to alkaline [2]. In ayurveda the drug is known for building up the immune system of medicine, it has a special place as a effective adaptogen and aphrodisiac.

Phytochemistry of T. Cordifolia belongs to different classes such as alkaloids, steroids, terpenoid, lactones, glycosides, steroids, diterpenoids phenolic compounds and polysaccharides. Three major groups of compounds, protoberberine alkaloids, terpenoid and polysaccharides of these plants. T. Cordifolia is widely used in folkloric veterinary medicine and traditional ayurveda medicine in India for it's, anti-inflammatory, anti diabetic, anti allergic and anti arthritic activities and various other medicinal properties.

The plant Tinospora cordifolia comes under the class Magnolipsida, orders Ranunculales and belongs to the Menispermaceae family. Guduchi [Tinospora cordifolia (Willd) Hook. F. Thom's] is a large, glabrous deciduous climbing shrub belonging to the family Menispermaceae (Nadkarni, 1992).

The species is widely distributed in India extending from the Himalayas down to the southern part of peninsular India. It is also found in neighboring countries like Bangladesh, Pakistan and srilanka. The Part is also reposted from South East Asian Countries such as Malaysia Indonesia and Thailand etc. The leaves of this plant are rich in protein (11.2%) and are fairly rich in calcium and phosphorus

The aim of this work to find out the optimum condition of **pH** at which Tinospora Cardifolia extract is more effective against Bacillus, Rhizobium, Pseudomonas and lactobacillus species of bacteria.

EXPERIMENTAL SECTION

Material and methods-The Tinospora Cardifolia leaves are collected from the herbal garden of Maihar satna [M.P.] and authenticated in department of biotechnology of AKS university satna.

Selected bacterial species – Bacillus, Rhizobium, Pseudomonas and lactobacillus species of bacteria Obtained from the department of biotechnology of AKS university satna [M.P.].

Preparation of extract- The fresh leaves were washed with distilled water and air dried to constant weight. Extract was prepared by Soxlet extraction method. About 100 gm of powdered material was uniformly packed into a thimble and run in Soxlet extractor. It was exhaustible extracted with hexane, ethyl acetate, chloroform and methanol for the period till the solvent in the siphon tube of extractor become colorless. After that extracts were filtered and filtrate were concentrated by evaporation to make the final volume one – fourth of the original volume and stored at air tight

*Asst. Prof., A.K.S. University, Satna (M.P.) INDIA
** Dean, A.K.S. University, Satna (M.P.) INDIA
*** Prof., Govt. P.G. College, Satna (M.P.) INDIA

bottles.

Test for phytochemical constituents – Freshly prepared extracts were subjected to standard phytochemical analysis for different constituents such as tannins, alkaloids, flavonoids, quinines, glycosides Saponins etc.

Effect of pH on antibacterial activity of extracts of Tinospora Cardifolia - To find out the effect of pH each extracts [hexane, ethyl acetate, chloroform and methanol] having concentration 300µg/ml were taken in three set of test tubes and 1N HCl added drop wise drop with some time interval, until the pH of extract is 2 - 5 [pH is determined by digital pH meter].Now for making the medium alkaline 8-9 pH by increment in pH in every extract is done by using 1N NaOH in three separate test tubes and extracts were then allowed to soaks for some time interval after that period of acid base treatment the extracts were again neutralized with using 1N HCl and 1N NaOH and then every extracts were tested for antibacterial activity by using agar disc diffusion method.

Test procedure:-.Antimicrobial Assay Disc diffusion method Kirby-Bauer method was followed for disc diffusion assay. In vitro antimicrobial activity was screened by the NAM plates, were prepared by pouring 15 ml of molten media into sterile Petri plates. The plates were allowed to solidify for 5 min and 0.1 % inoculums suspension was swabbed uniformly and the inoculums were allowed to dry for 5 min. The 300µl doses of extracts were loaded on 5 mm sterile individual discs at acidic medium and alkaline medium respectively. The loaded discs were placed on the surface of medium and the compound was allowed to diffuse for 5 min and the plates were kept for incubation at 37°C for 24 hr, 48hr and72 hr. Negative control was prepared using respective solvent. At the end of incubation, inhibition zones formed around the disc were measured with transparent ruler in millimeter.

Results and Discussion: - The present study revealed that hexane was the better extractive solvent for antibacterial activity of leave extracts of Tinospora Cardifolia against the selected strain of bacteria and the maximum zone of inhibition 23mm was recorded from 300µl of hexane extract for Pseudomonas at the alkaline medium (9pH) after 72hr and minimum zone of inhibition was recorded as 2.7 mm for 300µlof methanol extract for lactobacillus after same time period at acidic medium (2.5 pH).As the pH of the medium get vary from acidic(2.5) to alkaline(9.0) the antibacterial activity of solvent extract of t. cordifolia also increases.

Table 1,2,3 & 4 (See in next page)

Chart 1,2,3 & 4 (See in next page)

Conclusion- The antimicrobial activity of different spices was calculated that all the spices showed inhibitory effect. Tinospora Cardifolia extracts showed antibacterial study in different condition of pH [acidic and basic]. On treating the extract of T. Cardifolia plant leave with different pH it was seen that antimicrobial activity was decreasing on increasing pH, but the antimicrobial property was never lost. The finding of our studies elaborates the antibacterial properties of different species and effective antimicrobial activity of under various conditions T. Cardifolia plant leave.

References :-

1. Jasbir Singh, Akash Bagla and Vikash Pahal, Hepatoprotective Activity ofHerbal Extracts in Carbon Tetrachloride intoxicated Albino Rats byMeasuring Anti-oxidant Enzymes, International journal of Pharm Tech Research 2010, 2,2112-2115
2. Akash Bagla and Vikas Pahal Hepatoprotective Activity of Herbal Extracts in Carbon Tetrachloride Intoxicated International Journal of Pharm Tech 2010,2 (3) 2018-2025.
3. M. Fatima Rose, K.M. Noorulla, M.Asma, R.Kalaichelvi, K. Vadivel, B.Thangabalan B.N. Sinha invitro antibacterial activity of methanolic root extract of Tinospora cordifolia (Willd) International journal of Pharma.Research 2010: 2(5) 0974-9446.
4. Sivakumar, m.s. Dhana rajan m.s. Riyazullah, preliminary phytochemical screening and evaluation of free radical scavenging activity of Tinospora cordifolia International Journal of Pharmacy and Pharmaceutical Sciences 2010; 2(4) 0975-1491
5. Singh, S. Srivastava, R. Choudhary, S. Antifungal and HPLC analysis of the crude extracts of Acorus calamus, Tinospora cordifolia Journal of Agricultural Technology 2010; 6(1) 149-158
6. Ramya Premanath and N. Lakshmidevi, Studies on Anti-oxidant activity ofTinospora cordifolia (Miers.),Journal of American Science 2010,2, 2112-2115.
7. P. Azadi musliarakathbacker jahfar, Glycosyl composition of polysaccharide from Tinospora cordifolia. II Glycosyl linkages2009;12;34-43
8. Dada Patil, Manish Gautam, Sanjay Mishra, Prajakta Kulkarni, Karupothula Suresh, Sunil Gairola, Suresh Jadhav, Bhushan Patwardhan Quantitative Determination of Protoberberine Alkaloids in Tinospora cordifolia by RP-LC DAD 2009; 142(1) 3-5.
9. Vijay R Salunkhe and Satish B. Bhise Formulation development and real time stability studies of herbal oral liquids containing natural sweetener journal of Pharmacy Research 2009, 2(6) 1055-1061.
10. Nagaraja Puranik K k.F. Kammar Sheela Devi. R Efficacy of Tinospora cordifolia(Willd.) extracts on blood lipid profile in streptozotocin diabetic rats. Is it beneficial to the heart; Biomedical Reseacrh 2008; 19(2): 92-96.
11. Pranav K. Prabhakar Mukesh Doble A Target Based Therapeutic Approach Towards Diabetes Mellitus Using Medicinal Plants, Current Diabetes Reviews, 2008, 4, 291-308.
12. Nagaraja Puranik. K. K.F. Kammar, Sheela Devi Modulation of Morphology and some gluconeogenic enzymes activity by Tinospora cordifolia (Willd) in diabetic rat kidney, Biomedical Research 2007; 18(3):179-183.

Table no. 1- Zone of inhibition Bacterial strains for hexane extract in different time interval and pH range:-

Extract of hexane solvent

Species of Bacterial strain	Dose of extract	Effect of pH			Zone of inhibition in (mm) after 24hr	Zone of inhibition in (mm) after 48hr	Zone of inhibition in (mm) after 72hr
		Original pH	Acidic medium	Basic medium			
Bacillus	300µl.	7.60	2.5	9	11mm.	11.8 mm.	12.4mm.
Rhizobium		7.95	2.5	9	9mm.	10.1 mm.	11.0 mm.
Pseudomonas		7.85	2.5	9	21mm	22.5 mm.	23.8mm.
lactobacillus		7.65	2.5	9	6 mm	6.8 mm.	7.1 mm.

Chart no.1- Graphical representation of antibacterial activity of hexane extract of Tinospora Cardifolia after different time interval with different bacterial species.



Table no. 2- Zone of inhibition Bacterial strains for methanol extract in different time interval and pH range:

Extract of methanol solvent

Species of Bacterial strain	Dose of extract	Effect of pH			Zone of inhibition in (mm) after 24hr	Zone of inhibition in (mm) after 48hr	Zone of inhibition in (mm) after 72hr
		Original pH	Acidic medium	Basic medium			
Bacillus	300µl..	7.60	2.5	9	8.1mm.	9.2 mm.	9.8mm.
Rhizobium		7.95	2.5	9	5.8mm.	6.5 mm.	7.1mm.
Pseudomonas		7.85	2.5	9	9.0mm	10.3 mm.	10.8mm.
lactobacillus		7.65	2.5	9	1.5mm	1.8mm.	2.1 mm.

Chart no.2- Graphical representation of antibacterial activity of methanol extract of Tinospora Cardifolia after different time interval with different bacterial species.



Table no.3 - Zone of inhibition Bacterial strains for chloroform extract in different time interval and pH range:

Extract of chloroform solvent

Species of Bacterial strain	Dose of extract	Effect of pH			Zone of inhibition in (mm) after 24hr	Zone of inhibition in (mm) after 48hr	Zone of inhibition in (mm) after 72hr
		Original pH	Acidic medium	Basic medium			
Bacillus	300µl..	7.60	2.5	9	6.0mm.	6.6mm.	7.2mm.
Rhizobium		7.95	2.5	9	2.1mm.	2.8mm.	3.2mm.
Pseudomonas		7.85	2.5	9	9.2mm	9.8mm.	10.4mm.
lactobacillus		7.65	2.5	9	1.8mm	2.2mm.	2.7.mm.

Chart no.3- Graphical representation of antibacterial activity of chloroform extract of Tinospora Cardifolia after different time interval with different bacterial species.



Table no.4 - Zone of inhibition Bacterial strains for ethyl acetate extract in different time interval and pH range

Extract of ethyl acetate solvent

Species of Bacterial strain	Dose of extract	Effect of pH			Zone of inhibition in (mm) after 24hr	Zone of inhibition in (mm) after 48hr	Zone of inhibition in (mm) after 72hr
		Original pH	Acidic medium	Basic medium			
Bacillus	300µl..	7.60	2.5	9	5.2mm.	5.9 mm.	6.5mm.
Rhizobium		7.95	2.5	9	7.0mm.	7.6 mm.	8.0mm.
Pseudomonas		7.85	2.5	9	6.0mm	6.8 mm.	7.4mm.
lactobacillus		7.65	2.5	9	1.1mm	1.4mm.	1.9 mm.

Chart no.4- Graphical representation of antibacterial activity of ethyl acetate extract of Tinospora Cardifolia after different time interval with different bacterial species



Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

वैश्वीकरण का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव

क्रितिका सिंह * रूपेश द्विवेदी **

प्रस्तावना - दुनिया के सभी देशों का सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आदि के आधार पर एक दूसरे से जुड़ने की प्रक्रिया वैश्वीकरण कहलाती है। आज विश्व में वैश्वीकरण के प्रति कई दृष्टिकोण है, जो इसके स्वरूप, परिणाम और प्रभाव की विवेचना करते हैं। सन् 1991 में सुधार किए गए और बाधाओं को हटाकर अर्थव्यवस्था को विश्व के लिए खोला गया। यह सुधार अपने में तीन अवयवों में समेटा हुआ है। वैश्वीकरण उदारीकरण और निजीकरण अर्थव्यवस्था के विकास के दर को बढ़ाना अतीत में प्राप्त लाभों का समायोजन करना, उत्पादन इकाइयों कि प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाना, मुख्य उद्देश्य रहे है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के किए कई प्रमुख परिवर्तन किए गए, जैसे कि लाइसेंस व्यवस्था की समाप्ति, निजी निवेश के लिए एमएनसी को प्रोत्साहन, विदेशी विनिमय पर लगी रूकावटों को समाप्त करना, कीमत तथा वितरण संबंधी सारे रूकावटों को हटाना और एमआरपी अधिनियम को समाप्त करना आदि। वैश्वीकरण के तहत देशों में व्याप्त आर्थिक दूरियाँ धीरे-धीरे कम हो जाती है। और आवागवन की सभी तरह की रूकावटें हटा ली जाती हैं।

परिकल्पना :

1. वैश्वीकरण एक जटिल अवधारणा है।
2. वैश्वीकरण के दृष्टिकोण में भिन्नता।
3. आर्थिक विकास के लिए वैश्वीकरण ही पर्याप्त नही
4. छोटे व्यवसायों पर दुस्प्रभाव।

शोध प्रविधि-प्रस्तुत शोध में प्राथमिक एवं द्वितीयक समंको का संकलन किया जाएगा। समंकों का वर्गीकरण, सारणीयन एवं विश्लेषण कर वास्तविक परिणाम प्राप्त किया जाएगा। यदि परिणाम वास्तविकता से मेल नही खाते तो पुन: सर्वेक्षण करके शोध कार्या को दोहराया जाएगा।

उद्देश्य-

1. वैश्वीकरण प्रक्रिया द्वारा विकास के अवसर बढ़ाव देना।
2. अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. अधिकाधिक बेरोजगारी की समस्या को समाप्त करना।
4. प्रोद्योगिकी विकास को बढ़ावा देना।

शोध विश्लेषण- औद्योगीकरण के लिए योजना बनाने के चार दशकों के बाद अब हम नई आर्थिक नीतियों के साथ विदेशी, निवेश, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, पूँजी प्रौद्योगिकी और बाजार के लिए नयी दिशायें बनाएंगे आर्थिक विकास के साथ द्वितीय स्थिति में भी सुधार होगा। वैश्वीकरण का सबसे अच्छा समय-भारत के सकल घरेलू उप्पाद की विकास की दर 1990 के दशक के बाद लागू हुई जो 6 प्रतिशत 1980-90 के दौरान, 1993-2001 की अवधि में 5-6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत की वृद्धि व 2015-16 में देश में प्रति व्यक्ति आय शुद्ध आय में 7.4 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई व 2016-17 में देश में प्रति व्यक्ति आय 9.7 फीसदी बढ़कर 1,03,219 पर पहुंच गई।

वैश्वीकरण दुनियाभर में खेलने के लिए एक विस्तृत भूमिका है। भूमंडलीकरण शब्द ही आत्म व्याख्यामक है। यह पूरी दुनिया में लोगों के रहने वाले मोड Evenness में को बनाए रहने के लिए एक अंतराष्ट्रीय मंच है।

साल 2003-08 कमे दौरान हमारे देश ने अब तक की सबसे शानदार विकास दर्ज की है। इस दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर औसतन 8-9 प्रतिशत सालाना रही है। परन्तु 2007-08 में पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं से शुरू हुयी महामन्दी का इस उछाल पर भी सीधा असर पड़ा है। 2008-12 के दौरान भारत की विकास दर (जीडीपी) दर 6.7-8.4 प्रतिशत के बीच झूलती रही है। 2012 के यूरो जोन संकट के कारण तथा आंशिक रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था के भीतर मैन्यूफेक्चरिंग एवं खेतों मे आए ठहराव की वजह से विकास दर और भी नीचे चली गयी। 1991 से अब तक औद्योगिक उत्पादन तिगुना हो गया। जबकि बिजली उत्पादन दुगुने से भी ऊपर चला गया है। 2009 में हमारे यहाँ 2700 से ज्यादा बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ काम कर रही थी।

आर्थिक सुधार के 20 सालों बाद आज भी हम कई चुनौतियों से जूझ रहे है। जैसे-गरीबी, किसानों की मजबूर दशा, बेरोजगारी, मानव-पूंजी निर्माण और ग्रामीण विकास आदि। इस सभी के स्तर पर उस लक्ष्य को नही पाया जा सका है। जिसकी कल्पना हुई थी। इस कारण जरूरत है समावेशी विकास की ताकि अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र का बराबर विकास हो सके, समाज के हर हिस्से को लाभ का समुचित बंटवारा हो सके। इसके लिए हमें सरकार पर इस बात का दबाव बनाना चाहिए कि वे ऐसी नीतियों को मंजूरी दें जिससे हर उस शख्स का विकास हो सके, जिसकी पहुँच सीमित है। ऐसा संभव है अगर हम सभी मिलकर एक सचेत और तार्किक जनमत की तरह विकास मुद्दे को लेकर आंदोलन करें और दबाव समूह के माध्यम से सरकार को बाध्य करें।

समस्याएँ :

1. वैश्वीकरण के सकारात्मक एवं दोनों नकारात्मक प्रभाव है।
2. बहिमुर्खी होती जा रही अर्थव्यवस्था से विदेशी कर्ज में वृद्धि।
3. विदेशी मुद्रा भण्डारण में गिरावट।
4. बजट का अधिकांश हिस्सा कर्जो को चुकाने में जा रहा।
5. भारत का व्यापार घटा।

सुझाव :

1. सुझाव विकास की अर्थव्यवस्था को अपनाना।
2. स्वदेशी व्यापार को प्रोत्साहन।

* अतिथि विद्वान, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

3. अधिक से अधिक निर्यात को बढ़ाना।
4. कम से कम आयात करना।
5. स्वदेशी विकास को बढ़ावा देना।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. इंडियाज इकोलॉजिकल फुटप्रिंट : बिजनेस पर्सपिक्टिव जीएफएन एवं सीआईआई, नई दिल्ली 2008।
2. विश्व बैंक के डाटा
3. इकोनॉमिक सर्वे 2008-09 आर्थिक मामले विभाग, वित मंत्रालय भारत सरकार दिल्ली।
4. शोध प्रविधि
5. न्यूजपेपर
6. www.google.com.

****

मानव एकता के लिए धर्म

देवदास साकेत *

प्रस्तावना – मानव एकता के लिए ही सभी धर्म बने हैं। किन्तु प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि इन सब सिद्धान्तों और मूल्यों को व्यक्ति भूलता क्यों जा रहा है? नैतिक मूल्य हमेशा सार्वनिक हितों के संरक्षण रहे हैं। यदि धर्म की परम्पराओं को पाप-पुण्य की विचारधारा से जोड़ दिया जाये। उससे धर्म के सारे सिद्धान्त निरर्थक हो जायेगे, जबकि नैतिक नियमों के सिद्धान्तों को नियमों की संहिताओं से जकड़ दिया गया है। जो कानून की दृष्टि में अपराध कहलाता है। जबकि धर्म एक स्वतंत्र सत्ता है। जहाँ यथार्थ का निर्माण किया जाता है। 'भारत में धर्म व जाति के संस्कार का इतना महत्व है कि इनको शब्दों में वर्णन करना सम्भव नहीं है आज जो घूस, भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, अपराध का ताण्डव हो रहा है व संस्कारों व धर्म के अभाव के कारण ही है।'[1]

धर्म और सदाचार मानव जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है। भारतीय धर्म दर्शन की परम्पराओं वैदिक दर्शन में पश्चिमी मूल्यों को देखने का प्रयास यदि किया गया। वहाँ अर्थ का अनर्थ हो जायेगा। जबकि भारतीय दर्शन में पुरूषार्थ चतुष्ठय मूलत: सदाचार की शिक्षा प्रदान करता है। चार पुरूषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के माध्यम से आश्रम व्यवस्था ने मानव एकता के मूल्यों का मार्ग दिखाया है। सांख्य दर्शन में प्रकृति और पुरूष के समन्वय को तीन तत्व उत्पन्न होते हैं। मानव एकता का सम्बन्ध इन तीन गुणों में मानव की एकता दिखाई देती है। सत्वगुणों वाले व्यक्तियों का एक समूह है। जहाँ पर सद्‌आचरण और नैतिकता के गुणों को आदर्श के रूप में स्वीकार किया गया हैं। क्योंकि भारतीय मनीषियों की यह भारत भूमि में संन्तत जीवन के मार्ग में वर्तमान समय की एकता विखण्डित दिखाई देती है। इसके बाद भी सात्विक गुणों वाले व्यक्तियों का समूह धर्म और एकता के मार्ग की पुष्टि करता है।

दूसरा प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि 'व्यक्तित्व की अवधारणा मानवी व्यक्तित्व से उधार ली हुई है। जब ईश्वर के बारे में यह कहा जाता है। कि वह स्वर्ग में रहने वाला पिता है। मानवी आचरण का न्यायधीश है। दण्ड और पुरस्कार का दाता है, वह अपने धर्म-संस्थापकों से बात करता है, भक्तों की मदद के लिए वह आता है।'[2]

इन सिद्धान्तों के लिए मानव एकता के लिए धर्म स्वत: प्रमाण है। इसे सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि धर्म अपना परिचय स्वयं देता है। धार्मिक दृष्टिकोण से मानव एकता के आत्मिक विश्वास को प्रमाणित करने की आवश्यकता है। धर्म सभी कालों में विचारयुग की धारा को बौद्धिक रूप से सन्तुष्ट किया है। यदि मानव एकता के लिए बौद्धिक समर्थन नहीं होगा उस स्थिति में मानव का अनुभव केवल विश्वास तक सीमित रहेगा। इन्हीं तथ्यों के आधार पर धर्म विश्वास परक है। धर्म ने मानव एकता को सुगठित कर रखा है। यहाँ तक कोई भी धर्म सम्प्रदाय चोरी, झूठ, हत्या, बलात्कार, ठगी का समर्थन नहीं करता है। जबकि धार्मिक अन्तर्दृष्टियों की उपलब्धियाँ तर्क पर आधारित है। इसीलिए वेसले कहते हैं कि 'मान्यता या मान्याताओं का समूह चाहे वह जितने भी सत्य क्यों न हों विश्वास नहीं है। विश्वास आत्मा की अन्तर्दृष्टि है- वह यह प्राणशक्ति है जिसके द्धारा आध्यात्मिक भावों का ग्रहण उसी प्रकार होता है जिस तरह शारीरिक इन्द्रियों से भौतिक पदार्थो का।'[3]

धर्म इष्टं धनं नृणां यज्ञोऽहं भगवत्तम:।
दक्षिणा ज्ञानसन्देश: प्राणायाम: परं बलम्।।[4]

धर्म ही व्यक्ति का मूल धन है। इस हेतु भगवान कहते हैं कि मैं परमेश्वर ही यज्ञ रूप हूँ। ज्ञान रूपी प्रकाश का मार्ग किसी व्यक्ति को देना सबसे बड़ी दक्षिणा है। प्राणायाम ही मानव का श्रेष्ठ बल है। जिससे मानव एकता की दिशा दिखाई देती है। धर्म रूपी ज्ञान का प्रकाश प्राप्त करने के लिए अच्छे लक्ष्यों की प्राप्ति से दूसरों को संदेश प्राप्त होता है। वर्तमान आधुनिकता ने दूसरो की सहायता करना बेहद कठिन कार्य महसूस होने लगा है। जिसकी विवेचना का परिणाम ही मानवीय जीवन की अविरल धारा को प्रवाहित होने से रोकती है। मनुष्य की चेतना समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सम्बर्धन का कार्य करती है। जिसे मानवीय जीवन की अनेक घटनाओं से विखंडित नहीं किया जा सकता है। किसी विशेष हितों के लिए धर्म अन्याय का मार्ग प्रसस्त नहीं करता है। यहाँ तक धर्म ने मानव को नैतिक बनने का संदेश गीता देती है। आज के वैज्ञानिक जीवन में दूसरे के प्रति होने वाली कटुता के अनेकों उदाहरण दिखाई देते हैं।

जकात – प्रत्येक मुसलमान का कर्तव्य बनता है। अपनी कमाई का 10 प्रतिशत गरीबों में और धर्म कार्यो के लिए देना चाहिए। प्रार्थना के बाद अमूल्य काम धर्म के कार्यों में सहयोग प्रदान करना। कनिष्क आवश्यकताओं की भरपाई से ज्यादा कमाने वाले सभी मुस्लिम पुरूषों को जकात देना अनिवार्य है। आम तौर पर रमजान के शुभ अवसर पर जकात के रूप में आवश्यकता मन्द लोगों को वस्तुओं के रूप में भी जकात दिया जाता है। इसीलिए जकात को ईस्लाम दर्शन के पाँच आधार स्तम्भ में एक माना जाता है। इसी प्रकार प्रो. अब्दुल हकीम, वाणिज्य के प्राध्यापक ने स्वयं के जीवन में जकात का अनुभव करते हैं। उस अनुभव को स्वयं के वेतन द्धारा 10 प्रतिशत शिक्षा, समाज और मानव कल्याण हेतु दान करते हैं। यहाँ तक शिक्षा से वंचित छात्रों को उनकों शिक्षा की दिशा में अग्रसर होने में स्मरणीय योगदान देते हैं। 'इस्लाम के धार्मिक जीवन में इस अनुभूति का विकास हल्लाज के सुप्रसिद्ध शब्दों मैं सृजनात्मक सत्य हूँ, में अपनी पराकाष्ठा पर पहुँचा।'[5]

क्रिश्चयन – संत मदर टेरसा, क्रिश्चन समुदाय में पहली बार महिला को संत कहा गया। संत कहने के पीछे उनके जीवन के मनोभावों की दिशा में बीमार व्यक्तियों, दीन-दुखियों की सेवा करके मानव एकता को एक अच्छा

* शोधार्थी (दर्शनशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

संदेश दिया। शिक्षण व्यवस्था प्रदान किये। चिकित्सा सेवाऐं प्रदान किये। जहाँ मानवीय जीवन का अमूल्य आधार रहा है। मदर टेरसा प्रत्येक बच्चे की सेवा जिस प्रकार से एक माँ अपने बच्चे की सेवा करती है। उसी प्रकार मदर टेरसा उन बच्चों को प्यार दिया। जिन बच्चों का इस दुनियाँ में कोई नहीं था। उन असहायों की सेवा की जिसके लिए मानवीय एकता के लिए वास्तविक धर्म यही है। धर्म का अर्थ है मानव सेवा करना।

बौद्ध धर्म – 'हीनयान में साधक निर्वाण–प्राप्ति से ही सन्तुष्ट हो जाता है, जबकि महायान में बुद्ध–ज्ञान, सर्वज्ञता, अनुत्तरज्ञान या 'सम्बोधि' जिसे तथता भी कहा गया है।'[6] प्रज्ञा, शील, करूणा के अनुभव को गौतम बुद्ध ने चिन्तन का आधार बनाया। इसीकारण बौद्ध धर्म कोई भी बात ऐसी नहीं है जो तर्क से सिद्ध न की जा सके। क्योंकि तर्क और अनुभव को प्रमाणित किया जा सकता है। उसी प्रकार भगवान गौतम बुद्ध ने इस जगत् की अनेक समस्याओं का उत्तर तर्क से प्रमाणित करके देते हैं। 'बुद्ध' का मतलब 'ज्ञान' का प्रतीक है। इसी तथता पर भगवान बुद्ध कहते हैं कि 'दु:ख' ही संसार में जीव जगत् की सच्चाई है। इस सत्य को गौतम बुद्ध ने मनोवैज्ञानिक तथ्यों से प्रमाणित करने का प्रयास किया है। इसी कारण इन्हें मानव इतिहास का सबसे बड़ा मनोवैज्ञानिक कहा जाता है। मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त मनुष्य के मानवीय संवेदना को महसूस करती है। उसी प्रकार गौतम बुद्ध ने अपने जीवन के अनुभव मानव समाज के सामने सृजन करके दिखाया है। यथार्थ क्या है? और अयथार्थ क्या है। दोनों के बीच की कड़ी को बताने का प्रयास किया है। क्योंकि इस दुनियाँ का प्रत्येक जीव नाशवान है। इसी कारण भगवान बुद्ध ने प्रत्यक्ष के माध्यम से चार्य आर्य सत्य के सिद्धान्त की बात कहते हैं।

जैन धर्म –

'विणयमूले धम्मे'[7]

जैन धर्म में विनय को ही मूल धर्म के रूप में माना जाता है। विनयशील मानव में के जीवन में प्रत्येक समय में सुख और आनन्द की प्राप्ति करना चाहता है। विनयशीलता ही व्यक्ति को नैतिक प्रधान बनाती है। इन्हीं तथ्यों के आधार पर स्वामी महावीर ने विनय को ही जीवन का उद्देश्य ही परम् अंग कहते हैं।

'दुर्ग तौ प्रपतत्तामात्मानं धारयतीति धर्मा:'[8]

दु:ख से घिरे समय में भी दुशप्रभावों के चंगुल से निकलने के लिए जो भी आचरण व्यक्ति आत्मा से धारण करता है। वही धर्म है। सद्गुणों से भरा हुआ जीवन ही मानव में नैतिक मूल्यों कितने भी असत्य तथ्य आने पर भी वह सत्य के मार्ग से नहीं भटकता वही वास्तव में नैतिक धर्म कहा जाता है। इसी में मानव एकता के लिए धर्म आवश्यक तथ्य के रूप में सिद्ध होता है।

मानव एकता के लिए विश्व, राष्ट्र और सामाजिक प्राणियों के दु:ख से मुक्ति की भावना के अनुशीलन ही पुण्य प्राप्त होने की विधि को बन्ध कहा जाता है। इसके अतिरिक्त सद्गुणों से युक्त से धर्म का रूप ग्रहण करता है। वहीं निर्जरा के कारण भी बनता है। असत्य भाषण, चौर्यकर्म, हिंसा, मैथुन–काम–विकार, परिग्रह–ममत्व, लैगिंक प्रवृत्ति, मूर्छा, तृष्णा, क्रोध–गुस्सा, संचय, अभिमान, अहंकार, छल, लोभ संचय के संरक्षण, माया–कपट षणयन्त्र, कूटनीति, आशक्ति, द्वेषु–घृणा, ईर्ष्या, तिरस्कार, क्लेश–संघर्ष एवं कलह आदि। बन्ध और बन्ध के कारणों व्यक्ति के अभाव होने वाले परिपूर्ण आत्मिक अनुभव को मोक्ष कहा जाता है। अर्थात् ज्ञानतत्व और वीतराग की चरम दृष्टि ही मोक्ष का कारण बनती है। इसी कारण इस प्रकृति में जीव विचरण करते हैं, जबकि कुछ मनुष्य अधिक सुख की प्राप्त करना चाहते है। फिर भी सभी सुखों की कल्पना करना महत्वपूण है।

पुरूषार्थ से तात्पर्य है कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। जैन दर्शन में पुरूषार्थो के सन्दर्भ में अर्थ और धर्म के लिए साध्य के रूप में नहीं स्वीकार किया गया है। बल्कि काम और मोक्ष को साधन माना गया है। अर्थ–काम के रूप में और मोक्ष धर्म के रूप में साधन रहा है जबकि इस मानव एकता के विषय में शास्त्र मोक्ष है।

सम्यग्दर्शनज्ञान चारत्राणि मोक्षमार्ग: ।[9]

सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान, और सम्यक् चरित्र के आधार पर मोक्ष प्राप्ति के साधन बताये गये है। सम्यक् दर्शन के द्वारा जैन दर्शन में तीर्थकारों में पूर्ण श्रद्धा आवश्यक है। धर्म रूपी तत्वज्ञान ही मोक्ष है। चरित्र के सम्बन्ध में आचरण ही मानव का सबसे बड़ा मूल्य है। औपशमिक का तात्पर्य आत्म की शुद्धता से माना जाता है। जब सत्तागत कर्मो के विकास कि दिशा अवरूद्ध हो जाती है। तब परिणाम सामने आता है। इसी प्रकार सम्यक् चरित्र के लिए कहा जाता है कि ज्ञान की पराकाष्ठा मुक्ति की ओर ले जाती है। उद्देश्यों की सिद्ध को को प्राप्त करने के लिए ज्ञान मार्ग की तीव्रगामी गति से चलना आवश्यक है। किन्तु सभी ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं। चरित्र निर्माण हेतु पच्चीस रूप बताये गये है। सोलह कुशाय है इसके साथ नौ कुशाय भी बताये गये। जहाँ हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्री–वेद, पुरूष–वेद, नपुंसक–वेद, अतंतानुबंधी जिसको औपशमिक के रूप में सम्यक दर्शन माना जाता है।[10] नैतिकता से ही मुक्ति सम्बभव है। अनैतिकता से मुक्ति प्राप्त करना असंम्भव है। नैतिक मूल्यों के साथ में ही आत्मिक चरित्र का निर्माण होता हैं। जिसमें स्वतंत्र शक्ति का निर्माण होता है। जिसकी औपचारिकता का परिणाम ही स्वच्छता से ही मुक्ति की प्राप्ति सम्भव है। जिस हेतु त्रिवर्ग ही मोक्ष गामी साधन है। जिसको सम्यक् दर्शन का पुण्य फल तीर्थकारों के प्रति श्रद्धा के प्रति समर्पण से होता है।

लिंगायत :– भय ही धर्म का मूल मानने के काल खण्ड में गुरू वसवर्णा ने दया ही धर्म का मूल इस ध्येय से लिंगायत धर्म की स्थापना 12 वीं शताब्दी में किया। उनके वचना साहित्य में 'दया बिल दा धर्मा या ऊ दया' कर्नाटका भाषा है। इस वचन में गुरू वसवर्णा यह कहते हैं कि जिस धर्म में दया नहीं उसको धर्म नहीं माना जायेगा। दया सर्व प्राणियों के प्रति धर्म का होना अनिवार्य है। इसलिए सभी धर्म को दया अनिवार्य है।

निष्कर्षत: यह सिद्ध होता है कि मानव एकता के लिए धर्म परम आवश्यक है। धर्म ही मानव जीवन बीच एक प्रेम सम्बन्ध को कायम रखा है। धर्म ने मानव को सत्य बोलने के लिए आज भी प्रेरित करता है। क्योंकि धर्म स्वयं में सत्य है। इसी कसौटी के साथ मानवीय एकता धर्म के साथ जुड़ी हुई है। जहाँ मानव का सम्बन्ध एक दूसरे व्यक्ति से भाईचारे की भावना के होने में धर्म की भूमिका है। धर्म के बिना मानव जीवन की एक कोरी कल्पना है। वह पशुत: जीवन बचता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. **पी.डी. शर्मा**, ***एथिक्स, सत्यनिष्ठा एवं अभिवृत्ति,*** रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2015, पृष्ठ 182
2. **सत्यवान पी. कनल अनु. डी.डी. बंदिष्टे,** ***देवात्मा का नीतिशास्त्र,*** देवसमाज प्रकाशन, नयी दिल्ली, 1991, पृष्ठ 32
3. **डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन,** ***धर्म और समाज,*** चेतक पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 2011, पृष्ठ 12
4. ***श्रीमद्भागवतान्तर्गत*** (एकादश स्कन्ध, गीताप्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ 205

5. **डॉ. मुहम्मद इकबाल, *इस्लाम में धार्मिक चिन्तन का पुनर्रचना,*** राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, 1996, पृष्ठ 133
6. **डॉ. नन्दकिशोर देवराज, *भारतीय दर्शन,*** उत्तार प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, 2002, पृष्ठ 190
7. **आचार्य देवेन्द्र मुनि, *नीति शास्त्र (जैन धर्म के सन्दर्भ में)*** यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली, संस्करण 2000, पृष्ठ 53
8. **आचार्य देवेन्द्र मुनिजी, *धर्म और जीवन,*** यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली, संस्करण 1997 पृष्ठ 7
9. ***तत्वार्थ सूत्र* अ.1सू.1 पृष्ठ 128**
10. **छगनलाल जैन, *तत्वार्थसूत्र,*** अ.भा. श्री राजेन्द्र जैन श्वे.तीर्थ पेढ़ी (ट्रस्ट) श्री मोहन खेड़ा तीर्थ, राजगढ़ जिला, धार (म.प्र.) जुलाई 2006 पृष्ठ 7

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

पर्यटन केन्द्रों के धार्मिक महत्व का ऐतिहासिक अध्ययन

डॉ. मनोरमा सिंह *

शोध सारांश – पर्यटन केन्द्रों के धार्मिक महत्व इतिहास के रूप में प्रसिद्ध रहा हैं। यह पर्यटन केन्द्र इतिहास को बार-बार दोहराता है। इस रूप में पर्यटन स्थल के विकसित होने में आधुनिक युगीन व्यक्ति व्यवसाय को लेकर भ्रमण करना प्रारम्भ कर दिया है। भ्रमण के द्धारा आर्थिक लाभ अर्जित करना है। वह भ्रमण के लिए वह व्यवसायिक दृष्टि से सोचने लगता है। इस दौरान पर्यटन स्थालों का दौरा करता है कि कौन सा व्यवसाय स्थापित किया जा सकता है। उन स्थलों का अन्वेषण करता है, जो व्यवसायिक दृष्टि से उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। बघेलखण्ड के भ्रमण से पर्यटक अनेक क्षेत्रों में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकता है। इस क्षेत्र में खनिज और वन सम्पदा उपलब्ध है जिनसे पर्यटक अनेक प्रकार के उद्योग स्थापित कर लाभ प्राप्त करते हैं।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में **पर्यटन केन्द्रों के धार्मिक महत्व का ऐतिहासिक अध्ययन** एक प्रकार से द्धितीयक समंकों के आधार पर शोध पत्र का निर्माण किया गया है। इसके साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं का भी संदर्भित किया गया है।

उद्देश्य :

1. पर्यटन में शरीर के स्वस्थ हेतु आरामदायक यात्रा करना।
2. देशाटन विदेशी मुद्रा का आर्थिक लाभ प्राप्त करना।
3. धार्मिक पुण्य फल हेतु पर्यटन यात्रा करना।
4. पर्यटन केन्द्रों में कुशल प्रबंधक के व्यवहार का अध्ययन करना।
5. पर्यटन केन्द्रों में कुशल कर्मचारियों की दक्षता अध्ययन करना।
6. पर्यटन केन्द्रों होने वाली आवास व्यवस्था का अध्ययन करना।
7. पर्यटन केन्द्रों में स्वच्छ जल की समस्या।

समस्या :

1. पर्यटन केन्द्रों में व्यवस्थित उद्योगों के आवागमन की समस्या।
2. पर्यटन केन्द्रों में कुशल कर्मचारियों की समस्या।
3. पर्यटन केन्द्रों में स्थापित उद्योगों में मुख्य प्रबंधक के व्यवहार की समस्या।
4. पर्यटन केन्द्रों में व्यवस्थित आवास की समस्या।
5. पर्यटन केन्द्रों में स्वच्छ जल की समस्या।

पर्यटन केन्द्र को आर्थिक केन्द्र ही बढ़ावा देते है। जहाँ बाक्साइड ऐलुमिनियम जैसी कीमती धातु पाई जाती है। वहाँ की अर्थव्यवस्था का एक बहुत बड़ा केन्द्र माना जाता है। जिस बात को इतिहास साक्ष्य प्रस्तुत करता है। ऐसे में दक्कन ट्रेप के आधार पर पर्यटक को आने-जाने में सहायता प्राप्त होती है। ऐसी विचारधाराऐं मानव के लिए आर्थिक विकास में अधिक उपयोगी समझी जाती है। मेकल के पठारी स्थलों पर भी बाक्साइट की उच्च कोटि पाई जाती है। यह बाक्साइट रीवा, सतना, शहड़ोल आदि जगहों में पाई जाती है। इसके उत्तरी छोर पर भी चित्रकूट और नागौद आदि क्षेत्रों में भी उच्च कोटि की बाक्साइट प्राप्त होती है। मध्य प्रदेश में आकर इस प्रकार की खनिज सम्पदा को देखने का मौका विदेशी पर्यटकों को मिलता है।

उच्च कोटि का बाक्साइट मेकल पर्वत के पठारी भाग में उपलब्ध है। जहाँ बाक्साइड संरक्षित रखने का महत्वपूर्ण स्थान है। इन स्थिति नगरों में स्थित पहाडों में संचित है। जिस कारण पर्यटक इन स्थानों के लिए पर्यटन के रूप में भ्रमण करने आते है। इससे इन पर्यटकों को प्राप्त होने वाली बाक्साइट के प्रयोग और महत्व का पता चला है। इन्हीं कारणों से इन क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित होता है। वहीं धार्मिक पर्यटन बाद में औद्योगिक फिर व्यवसायिक पर्यटन के रूप में एक व्यापारिक केन्द्र के रूप में विख्यात हो जाता है।

पर्यटन का वास्तव में ऐतिहासिक रूपों में विशेष महत्व है। जहाँ सामाजिक और आर्थिक विचार चिन्तन के लिए उचित सुविधाओं की सफलता हेतु विदेशों से लोग पर्यटन के भ्रमण हेतु आते हैं। यह गन्तव्य स्थानों के आने-जाने में परिवहन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिस हेतु यातायात सुविधाओं के प्रचलन से मानवीय व्यवस्था का परिणाम जीवन को आनन्द की प्राप्ति है। इसी कारण पर्यटन के क्षेत्र में कृत कीड़ा का रूप लेती जा रही है। मनोरंजक रूपों में उद्योगों का भी विकास पर्यटन केन्द्रों में होता जा रहा है। यहाँ पर विसंगतियों का परिणाम सिर्फ आर्थिक लाभ कमाना है। जिस हेतु यात्रा का भ्रमण केन्द्र मूल दस्तकारी रूपों में कामयावी हासिल करते हैं। इसके लिए उद्योगों से निर्मित खिलौने की दुकानों से आर्थिक लाभ प्राप्त होता है।

समाधान – प्राय: 'अर्थशास्त्री पर्यटन पर आधारित संरचना पर अधिक जोर देते हैं क्योंकि वह आर्थिक विकास की गति को तीव्र करने में एक अग्रिम शर्त है, इसीलिए यह देखा गया कि पर्यटन आधारित संरचनाओं के निर्माण में उच्च कोटि के पूँजी नियोजन का होना विकासशील देशों की एक विशेषता रही है।'[1]

किसी भी राज्य में पर्यटन केन्द्र होने से एक अर्थव्यवस्था का मूल साधन भी जुटाया गया है। इससे बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध होता है। मानव की कृपाशीलता में पर्यटन केन्द्रों की अह्म भूमिका दिखाई देती है। विदेशी व्यापारिक केन्द्रों की भी स्थापना होती है। जिससे विदेशी मुद्रा भी इस राज्य को प्राप्त होती है।

भूर्भुव: स्वरिति सा त्रयी।।[2]

ऋग्वेद, यजुर्वेद, और सामवेद इन तीन विद्याओं को ही त्रयी विद्या कहा जाता है। इस विद्या का अर्थ वैदिक काल से सृष्टि का मूल सर्वथा सत्य की ओर रहा है। जहाँ यथार्थ होता वहाँ धार्मिक क्रिया-कलापों का समन्वय होता है। इस स्थिति में परम् सत्य के बल पर पृथ्वी स्थित है। इसका कारण रहा कि आर्य हमेशा से प्रकृति पूजा को महत्व देते हैं। यह प्रकृति ने प्राचीन

* इतिहास विभाग, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

काल में प्राकृतिक दृश्य और सौन्दर्य का भ्रमण करने लोग जाते थे। उनका मूल उद्देश्य शिक्षा, ज्ञान और विद्या का केन्द्र बिन्दु यह प्राकृतिक परिदृश्य था। जबकि आज वही प्राकृतिक परिदृश्य मानव के लिए पर्यटन का केन्द्र बिन्दु बन गया है। जहाँ आधुनिकता ने ज्ञान विज्ञान को छोड़कर मौज-मस्ती का एक आलम पर्यटन केन्द्र बन गये हैं। जबकि धार्मिक दृष्टि से पर्यटन के परिदृश्य को देखकर प्राकृतिक सौन्दर्य को बढ़ाने देने की ओर व्यक्ति को कदम उठाना चाहिए। जिससे हमारी संस्कृति, धर्म और मानव मूल्य सुरक्षित रह सकें।

इन व्यवस्थाओं से ग्रामीण बेरोजगारों को भी रोजगार उपलब्ध होता है। इससे क्षेत्रीय विकास मतें काफी महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यदि रोजगार व्यक्तियों को किसी भी पर्यटन केन्द्रों को रोजगार मिलता है।[3] वहाँ व्यवसायिक महत्व और अधिक बढ़ जाता है। क्योंकि ग्रामीण जीवन जीने वाले व्यक्ति कार्य को बहुत ही मजबूती से करते हैं। जहाँ पर्यटन विकास से सम्बन्धित क्रियाओं का सार्वजनिक नियोजनों के परिणामों को कोई नुकशान नहीं होता है। इससे पर्यटन केन्द्रों का विकास भी सम्भव है। जिस हेतु इन योजनाओं का परिणाम सावधानी पूर्वक निकाला जा सकता है। यह आर्थिक नियोजनों का परिणाम विस्तृत और अति दुर्गम लगता है। जबकि पर्यटन केन्द्र के लिए अलग दृष्टिकोण का प्रयोग करके जीवन की वास्तविक आर्थिक स्त्रोतों का परिणाम भी सामने आने लगता है। जहाँ उपभोग की आवश्यक वस्तुओं का कार्य प्रशिक्षित कामगारों की पूर्ति पर निर्भर करता है। जिससे पर्यटन की सौन्दर्यता का वर्णन महत्वपूर्ण रूपों में करता है।[4]

परिभ्रमण मनोरंजन का साधन बनता जा रहा है। जहाँ मानव विकास की सम्भावनाओं की ओर इंगित करता है।

पर्यटन एक ऐसी गतिविधि को अंजाम देती है जो किसी राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक भौगोलिक और आर्थिक तीनों अवस्थाओं को प्रभावित करती हैं।

प्रथम स्थिर और दूसरा अस्थिर स्थिर क्षेत्रों में पर्यटन के तहत समान्त आर्थिक नियोजनों और क्रियाकलापों का वास्तविक समुदाय है। जहाँ पर्यटन के निर्माण केन्द्रों की माँ को आकर्षित करते है। परिवहन और पर्यटन-यात्रियों की माँग पर नियंत्रित समुदाय की परम्पराओं का परिणाम मानव समुदाय पर निर्भर करता है।

दिक्षु यत्खुरचतुष्टयमुद्रामभ्यवैमि चतुरोऽपि समुद्रान्,
तस्य पोत्रिवपुषस्तव दंष्ट्रा तुष्टयेऽस्तु मम वास्तु जगत्या:।
उद्भवाजतनुजादज! कामं विश्वभूषण! न दूषणमात्र,
दूषणपशमनाय समर्थं येन देव ! तव वैभवमेव।[5]

प्राचीन काल से ही चारों दिशाओं में वराह स्वरूप धारी भगवान में इस पृथ्वी का संरक्षण कर रखा है। जिनकी मुद्राएँ चरण-चिन्ह, के रूप में प्रकृति लहलहा रही है। जबकि मानव में मानवीय मूल्यों की अनेक विशालता का परिणाम ही विशाल वराह की देहवाले आपकी इस पृथ्वी का सौन्दर्य मनमोहक की तरह दिखाई दे रहा है। जिसकी कल्पना आधुनिक युगीम मानव पर्यटन के रूप में कर रहा है।

अस्थिर वह व्यवस्थाओं पर अल्प कालीन होती है। जिसकी माँग भोजन व्यवस्था प्रवासियों को आवास सुविधा मुहैया करना और खाँन-पान की मूल-भूत सुविधाएँ शामिल है।[6]

1. Common Indian market will be created.The descending effect of tax on the goods and services will be reduced. It will impact on various aspects likes tax structure, tax incidence, tax computation which further lead to a complete fixation or modernizing the current indirect tax system.
2. Pricing of product, supply chain management, accounting and tax compliances information technology and other business aspects will have a far-reaching after the implementation of GST.

Implementation of GST structure into the system will be benefitted only when difference in the value of GST and indirect cost being marginal. In this case only the new reform of this taxation will be enjoyable.

Conclusion - Goods & Service Tax, will bring buoyancy to government revenue with the help of IT tax enabling mechan -ism. It is also expected that the ill natured activity of tax thefts will be vanished away under Goods and Service Tax regime in order to give benefits to both government as well as the customer. But in reality the extra revenue that the government is expecting to generate is not coming from the consumers' pocket but it is from the reducing the tax theft.

References :-

1. Goods and Service Tax (GST) India – A summary, 2015 September 23, http://www.gstindia.com/goods-and-service-tax-gst-india-a-summary/
2. Suman S, August 2017, Study on New GST Era and its Impact on Small Businesses, Entrepreneurs, Journal of Accounting, Finance & Marketing Technology, Vol. 1, Issue, 02. 24-36p.
3. GST Implementation in India, 2017, http://www.ey.com/in/en/services/ey-goods-and-services-tax-gst
4. GST in India – An Overview, April 2017, https://www.researchgate.net/publication/316505697_GST_IN_INDIA_-_AN_OVER_VIEW
5. How self-employed professionals, entrepreneurs, SMEs can get ready, June 2017, https://economictimes.indiatimes.com/wealth/tax/how-self-employed-professionals-entrepreneurs-smes-can-get-ready-for-gst/articleshow/58972525.cms
6. Impact of GST on small business, October 2017, https://www.entrepreneurshiplife.com/impact-gst-small-business/
7. Tip of the Month: Small Business and GST, June,2010, http://canadianentrepreneurtraining.com/tip-of-the-month-small-business-and-gst.
8. Vasanthagopal D. (2011),GST in India: A Big Leap in the Indirect Taxation System. International Journal of Trade, Economics and Finance, Vol 2(No. 2) http://www.ijtef.org/papers/93-F506.pdf
9. GST India (2015) Economy and Policy.
10. Mehra P (2015),The Hindu, September,7,2015 Modi Govt.'s model for GST may not result in significant growth push. The Hindu

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

The Study Of Determinants Of Ad Performance W.R.T. Online Advertisements

Swati Jain* Dr. Anshu Bhati**

Abstract - Advertisements on internet are being in trend since recent times. Due to the increased usage and easy availability of internet, people are exposed to internet ads more frequently. Marketers look at it as an opportunity to get the visibility of their ads. This affects the audience perception for the brand and hence their purchase decision. The study is an attempt to investigate the performance of online advertisements. The effectiveness of the online ads is examined so that the prevailing ad avoidance can be controlled. The predictors of ad performance are generated that have the maximum loading on the ad performance. For this study, college students are surveyed using questionnaire through judgemental method, targeting those who have exposure to online advertisements. The factors driving the ad performance are identified using statistical graphs and are examined and assessed to improve the ad performance on online media. The literature from the past studies guides the research for the variables affecting the ad performance. Factors have been generated from such studies and their effect has been analyzed through user responses.
Key Words - Ad performance, ad avoidance, online media, determinants of ad performance.

Introduction - Marketers nowadays are spending more and more in advertising. Advertising expenditure of the organizations has increased at a greater pace over the time. With the growing competition it has become vital to promote one's brand in full fledged mode. It is of utmost important to make the products and services noticeable and appealing to customers.

Even customer of this century has undergone development of their buying perceptions. Customer has become more aware, knowledgeable and never sets back to question the companies for their benefit. To deal with the situation of customer being the king, marketers need to design their marketing strategies wisely and implement them appropriately. Also, proper feedback and timely monitoring of the activities is necessary to ensure the effectiveness of their campaigns.

Effectiveness of the advertisements is the soul of the advertising strategy. Ads might be noticeable to the audience but they should appeal their sentiments. The ad performance is the effectiveness of the advertisement or in other words it is the ability of ads to effectively achieve the set target of influencing the customer perception towards the product/service.

Advertisements may be noticeable but not all of them. Some modes of communication are passively consumed by the customer. Also, the ones that are actively consumed may not necessarily be entertained by audience every time. The receptivity of ads is not uniform for all products and age groups. The receptivity is affected by several factors like type of ad, consumer personality etc. (Jain, S. and Bhati, A. 2018). People have the tendency to avoid advertisements through various modes and methods. Thus, their ignorance does not allow the advertisement to influence their perception. This calls for her need to analyze the ad performance and take actions accordingly to sustain and grow in the competitive market.

Internet though proves to be a highly used media amongst audiences but the usage rate does not guarantee the acceptance of ad by the audience. More are the advantages of advertising ads on internet; more are the methods to avoid ads on this medium. Internet ads are different than that of ads on other medium. There are certain elements that affect the ad performance of the internet ads that includes ad colour, ad copy, ad placement, ad quality and the like. This study identifies the most affecting ones among such factors so that it becomes easier for marketers to improve the ad performance on internet.

Review of Literature - Bhargava.A, (2017) focuses specifically on the performance of advertisements on Facebook. It highlights the factors that are responsible in affecting the ad performance. Through a blog article, it was revealed that understanding who the audience is, relevance score, quality of ads, timing of ad placement, designing of ad copy, the landing page where the ad is placed, imagery and social proof of the product are the factors that affect the performance of ads online specifically the Facebook ads. Optimizing the ad campaign (which increases the conversions) and the ad placement are also very important drivers of ad performance.

Ansari.A, and Riasi.A,(2016) investigated 252

***Research Scholar, IIPS, DAVV, Indore (M.P.) INDIA**
****Sr. Asst. Professor, IIPS, DAVV, Indore (M.P.) INDIA**

customers and identified the seven factors affecting the success of brand advertising and its effectiveness (i.e. uniqueness, market research, market share, selection of advertising media, customer relationships, competitiveness, advertising message and creativity). Using path analysis and SEM, it was found that advertising media selection creates maximum impact on the effectiveness of ads followed by advertising message and creativity.

7-point likert scale was used to survey the customer opinions where 52% respondents were male and 50% were below 30yrs. Competitiveness though creates impact on ad performance but the degree of impact is the least among all other factors.

Hey.J,(2016) discusses the importance of ad colour in affecting the ad performance. The colour of ad is very vital element that decides the effectiveness of online advertisements. It helps in improving the perception of audience towards the ad and hence the favourable ad performance.

It studied that one must be objective in choosing the ad colour rather than sticking to ones' personal colour preferences.Similarly, it is suggested that the use of ad colour should be as per the target audience according to the significance for each colour. It advised four rules that affect the online ad performance are eye catching high contrast theme, using combination of two extremely opposite colours, sometimes using analogous colours i.e. colours placed next to each other on the colour scale, and the shade and tint.

Anonymous (2015) explore the technical means of improving the ad performance. It surveyed the major search engines like Google, Bing and Yahoo to identify the mechanisms available to increase an ad performance. Among several methods available including ad ranking, ad sense, ad extensions and sponsored searches; the sponsored search accounts were found to be most effective medium to increase the ad performance online. It was found as an effective way of attracting customers towards one's advertisement on internet.

Gupta.A, and Mateen.A, (2014) conceptualizes the model for the sponsored search advertisements in internet. Using experiences of professional and available literature, it generated factors affecting the ad performance including ad extensions, branding and ad rank. It helps marketers in effectively designing the online ad strategy to enhance the ad performance. Besides, it also investigated the sensitivity of these factors as per the device used for operating internet.

Chaubey.D, Sharma.L, and Pant.M, (2013) conducted an empirical study to understand the effectiveness of online advertisements. Using quantitative method it brings out the variables that catch the customer attention on online advertisements. It revealed that the animated ads and the plain banner text ads are highly successful in grabbing the attention of customers by enhancing their ad recall.

Floating ads, popup ads and embedded videos are comparatively less influential to motivate customers for the successful ad recall. The study can be said to male dominated result oriented as 348 respondents were male. Using ANOVA, the analysis of the study was undertaken.

Ode.A, found several methods that help marketers in generating effective ad ranking which further improves the online ad performance. These include enabling sitelink extensions, enabling callout extensions, and consistent ad copy. All these together increase the ad quality which maximises the bid score and then the ad performance.

These studies provide with the gist of effectiveness of online advertisements and the factors that affect the ad performance of online ads which would reduce ad avoidance and influence ad recall to drive the customers' perception towards favourable purchase decision.

Research methodology -

Research design - The research study is descriptive in nature since it is based on primary data collection to generate the original responses of the people. It answers who, what, why and when questions related to the study.

Sample respondents - The users of internet contributed in the study with their opinions regarding ad performance of internet ads. Specifically includes the students who have exposure to internet advertisements. They are considered fit for generating appropriate responses due to their intellectual level and interest in internet media.

Sampling Technique - The sampling technique used is the non probabilistic judgemental sampling. The respondents are being selected considering their exposure to internet advertisements.

Sample size - The study consists of judgemental responses from 100 students of colleges and universities. Sample size is selected as per the convenience and the limitation of timings.

Data collection tool - Data is collected through structured questionnaire designed in two sections. Section A includes the demographic details of the respondents in terms of age, gender, qualification. Also the timings and usage of internet media is also assessed. In the section B, the variables are defined and measured to understand their impact on ad performance. The variables are identified from the previous researches and studies accomplished by the experts.

Data analysis tools - Data has been analysed through frequency distributions, charts and graphs to identify the factors affecting ad performance in internet media and thereon understand the area of improvement of such ad performance.

Results & Findings - Results reveal the important factors that are held responsible for and affect the ad performance of online ads. **(Graph See in the last page)**

The respondents majorly included the age group of 20-25 yrs, 25.65 from 15-20 yrs agge group whereas only 35 accounted to 25-30 yrs age category. 53% were male and 47% were female respondents. The study mostly included students from graduation background and a majority of people shown their awareness for online ads

and their usage of internet.

The avoidance of online ads has also been identified among the respondents in the study. Only 3% students report that they never avoid ads, 31.3% always avoid ads and 65.7% avoid the online ads sometimes. The presence of ad avoidance can be clearly noticed from the results.

Out of the factors analysed, following were seemed to have comparatively more effect on online ad performance. **(Graph see in the last page)**

A majority of people strongly agreed to the influence of ad timing of online ads in its ad performance. Similarly the placement of advertisements online has also been agreed over by the students to affect the ad performance.**(Graph see in the last page)**

The brand of the ad being advertised online and the user involvement in the task on internet affects the performance. Very few respondents have shown disagreement for the same.**(Graph see in the last page)**

The ad colour received almost equal rating for students being strongly agreeing, agreeing and neutral. Marketers must take care of this feature in ads online.**(Graph see in the last page)**

Out of all the factors, advertising media selection and the ad message resulted in highest agreeing factor that affects ad performance of online ads with almost negligible disagreement.

Marketers must consider the factors highly rated in agreement and design online ads accordingly to reduce ad avoidance by increasing the ad performance.

References :-

1. Ansari.A, and Riasi.A,(2016). An Investigation of Factors Affecting Brand Advertising Success and Effectiveness. International Business Research; Vol. 9, No. 4; 2016
2. ISSN 1913-9004 E-ISSN 1913-9012. www.ccsenet.org/journal/index.php/ibr/article/viewFile/57282/30976
3. Bhargava.A, (2017).Influential Factors That Affect Facebook Ads Performance. Adstriangle.
4. https://adstriangle.com/blog/9-influential-factors-that-affect-facebook-ads-performance
5. Chaubey.D, Sharma.L, and Pant.M, (2013). Measuring the Effectiveness of Online Advertisement in Recalling a Product: An Empirical Study. Management Convergence. Vol. - 4 No. - 2, June-2013
6. ***Danaher.P, and Mullarkey.G, (2002). Factors Affecting Online Advertising Recall. Journal of Advertising Research.***
7. Gupta.A, and Mateen.A, (2014) “Exploring the factors affecting sponsored search ad performance”, Marketing Intelligence & Planning, Vol. 32 Issue: 5, pp.586-599, https://doi.org/10.1108/MIP-05-2013-0083
8. Hey.J,(2016). The Effect of Ad Color on Ad Performance. How ad color affects ad performance. Ezoic Blog. https://blog.ezoic.com/the-affect-of-ad-color-on-ad-performance/
9. Ode.A, The Most Important Factors Affecting Your Ads’ Ranking on Google. Blog Dealer.com. https://www.dealer.com/insights/articles/the-most-important-factors-affecting-your-ads-ranking-on-google/
10. Jain, S. and Bhati, A. (2018). Reviewing the literature to study the viewer ad receptivity w.r.t. electronic media. Swadeshi Research Foundation Vol.-5, No.-6 April 2018. ISSN: 2394-3580
11. (2015) “Making sponsored search ads work better: Factors that improve effectiveness”, Strategic Direction, Vol. 31 Issue: 1, pp.12-14, https://doi.org/10.1108/SD-10-2014-0155





Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI








ad color
25
20
15
10
5
0
strongly ...
agree
neutral
disagree
strongly ...
ad color


advertising media selection like facebook, youtube, blogs, etc.
35
30
25
20
15
10
5
0
strongly agree
agree
neutral
disagree
strongly disagree
advertising media selection like facebook, youtube, blogs, etc.


Advertising creativity/ad message
40
35
30
25
20
15
10
5
0
strongly agree
agree
neutral
disagree
strongly disagree
Advertising creativity/ad message

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

भारतीय स्वतंत्रता का उत्तर युग- मुद्राओं की नई चित्रभाषा - एक उपलब्धि

डॉ. सुनील कुमार * डॉ. सचिन सैनी **

प्रस्तावना – वास्तव में स्वतंत्रता के बाद भारतीय चित्रकला त्रिविध धारा में प्रवाहित हुई। कुछ कलाकार परम्परा से ही चिपके रहे और उन्होंने पारम्पारिक चित्रों में नवीनता और आधुनिकता पैदा करने की कोशिश की, किन्तु उस कला को आधुनिक कला के मानदण्डों पर खरा नहीं कहा जा सकता। दूसरी धारा के कलाकारों ने पारम्परिक मूर्त स्वरूपों को डिस्टोर्ट कर सामाजिक संदर्भो से जोड़ कर चित्रांकन किया जिन्होंने व्यक्ति की मनोभावनाओं को अभिव्यक्ति देकर जीवन की गहरी पर्तो को अजागर किया। शहरी जीवन की घुटन, संत्रास, भागमभाग अन्तर्मन की मार्मिक व्यथा को व्यष्टि रूप में अंकित कर उन्होंने भारतीय चित्रकला को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जोड़ दिया। उनका गुणगान अलग विषय है, पर निश्चय ही दूसरी धारा अर्थात समष्टि को जोड़ने वाली चित्रकला का सामाजिक संदर्भ अधिक उभर कर आया है।[1]

चित्र- के. एच. आरा, शीर्षक विहीन

प्रगतिशील कलाकार समूह तथा अन्य कलाकारो का नवीन प्रयोग यह दर्शाता है कि कलाकारों ने आधुनिकता का परिचय आजादी के पश्चात विरासत में मिलि कला शैली को त्यागते हुए समाजिक सरोकारो को ध्यान मे रखकर मनुष्य के अंत:भावों को अपने चित्रों में 'शारीरिक भाषा' का समावेश किया तथा आधुनिक परिभाषा गढ़नी आरम्भ की इस विष्य में वेदप्रकाश भारद्धाज का मत है कि- 'आजादी के बाद के वर्षो में जब भारत में आज की तरह का कला माहौल और सुविधाएँ नहीं थीं, तब मुम्बई में सैयद हैदर रजा, फ्रान्सिस न्यूटन सूजा, मकबूल फिदा हुसैन, आरा, जहाँगीर सबावाला आदि ने भारतीय कला की आधुनिक परिभाषा गढ़नी शुरू की।'[2] इसी क्रम में प्रकाश परिमल ने अंतराष्ट्रीय क्षेत्र में भारतीय चित्रकारों के योगदान इस प्रकार माना है की- 'आजादी के बाद भारत के जिन चित्रकारों ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विकास पा रही चित्रकला के क्षेत्र में अपना योगदान दिया है, उनमें, बेन्द्रे, आरा, सूजा, हुसेन, सतीश गुजराल, जहाँगीर सबावाला, कृष्ण खन्ना, के. के. हेब्बार, तैयब मेहता, अविनाशचन्द्र, परमजीत सिंह, मनजीत बावा, रामचन्द्रन, भूपेन खक्कर, स्वामीनाथन, ज्योतिस्वरूप, मोहन शर्मा और विद्यासागर उपाध्याय आदि प्रमुख है।'[3] स्थापित और ख्यात विश्लेषकों का यह भी मानना है कि आधुनिकीकरण की इस प्रक्रिया में भारतीय चित्रकला की रेखांकन पद्धति, रंगों का अभिव्यंजना से सम्बन्ध आदि ने पूरी दुनिया भर की कला को प्रभावित भी किया है।

चित्र- मकबूल फिदा हुसैन, तुम्हारे और मेरे बीच में शरीर का अभिप्राय (अर्थ) 1971.

भारतीय स्वतंत्रता के उत्तर युग और साठोत्तरी समयावधि में अभिव्यक्ति के कुछ नये स्तरों का निर्माण और विकास होता है। मुद्राओं की नई चित्रभाषा एक उपलब्धि के रूप में हमारे सामने आती है। इस विषय में कला के इतिहासवेत्ता मानते हैं कि- 'सत्तर के दशक के प्रारम्भ में के. जी. सुब्रमण्यन् ने टेराकोटा रिलीफ माध्यम को अपनी अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम बना दिया था। इन कलाकृतियों में चेहरों, हाथों, उंगलियों आदि का बहुत प्रभावशाली इस्तेमाल है। मुद्राओं को एक नई चित्रभाषा दी गई है। 1971 का एक काम प्रिसिद्ध है ही जिसमें बहादुरी के तमगों से लदे जनरलों के चेहरे प्रसिद्ध है, जिसमें बहादुरी के तमगों से लदे जनरलों के चेहरे हैं। नीचे एक

* पूर्व निदेशक (प्रदर्शन एवं दृश्य कला विद्यापीठ) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (नई दिल्ली) भारत
** स्कॉलर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (नई दिल्ली) भारत

तमगा उल्टे लटके मृत परिवार का भी है। उसी दौर में सोमनाथ होर सरीखे कलाकार अपनी कला में समकालीन समय के जख्मों को एक मार्मिक चित्रभाषा में अभिव्यक्ति दे रहे थे और के. जी. टेराकोटा रिलीफ में समय-समाज और राजनीति की मुद्राओं को मार्मिक अभिव्यक्ति दे रहे थे।'[4]

चित्र- एफ एन पूजा सूजा, क्राइस्ट 1958

वास्तव में यह समझोता वैश्विक भी था। इस काल में कला को मात्र सौन्दर्य से विस्तृत कर अनुभूति और अभिव्यक्ति के विराट पटल से जोड़ा गया। इस स्थिति में मुद्राओं, भाव-भंगिमाओं, और शारीरिक भाषा के जरिये कलाकार ने बहुत कुछ कहने की जो कोशिश की उससे दुनिया भर की कला को नये आयाम मिले - 'हरबर्ट रीड ने लिखा है कि आधुनिक कला बिना किसी अपवाद के सौन्दर्य की उपेक्षा करती हे और कुरूपता में उसके दर्शन करती है। प्राचीन कला रूप की उपासक थी। आधुनिक कला कुरूपता की उपासक है। यह प्राचीन और नवीन दृष्टिकोणों का मौलिक अंतर है। आज कला के प्राचीनतम् मूल्य बदल चुके हैं। इसी कारण कला के नए परिवेश दिखाई देते हैं। रीड ने स्पष्टतम् शब्दों में कहा है 'आधुनिक' (मार्डन) कलाकार ने सौन्दर्य के सिद्धान्त को बार-बार ठुकराया है। कला किसी सौन्दर्य सिद्धान्त का मूर्त रूप नहीं है, बल्कि आत्मबोध है। वह मस्तिष्क की उपज नहीं। आधुनिक कला किसी भी सिद्धान्त से परे है। रीड के अनुसार 'सौन्दर्य की अभिव्यक्ति' और 'अभिव्यक्ति' के मध्य, उद्देश्यों का अंतर है। प्रथम का लक्ष्य इन्द्रियों को आनन्द प्रदान कराना होता है और दूसरे का आध्यात्मिक नव, चेतना। दूसरे को उन्होंने अधिक गहन माना है जो सत्य भी है। उसे इन्द्रियों से अधिक गहरी अनुभूति माना है।'[6]

इस सम्पूर्ण प्रक्रिया में भारतीय आधुनिक कला अपने यथार्थ को भी नहीं भूलती है। यही कारण है कि उसका भाव-सम्प्रेषण सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ा रहता है। इस बारे में मूल्यांकनकर्ता बड़ा ही सटीक लिखते हैं कि - 'भारतीय कला में यथार्थ चित्रण का एक पहलू यही है कि वो समाज के निम्न स्तर के विचारों से सदैव स्वयं को बचाता रहा है। भारतीय कला में वस्तु परक यथार्थ चित्रण शैली ब्रिटिश कम्पनी के पश्चात पनपी। जिसमें राजा रवी वर्मा प्रमुख थे।'[6]

समकालीन कला के समबन्ध में भी भारतीय चित्रकला की भाव-भंगिमा सम्बन्धी प्रतिबद्धताओं का पता चलता है। कहीं कहीं यह भी कह दिया गया है कि- 'भारत में बहुत अधिक कलाकार अमूर्त चित्रण के क्षेत्र में नहीं हैं।'[7] यह पूर्ण सत्य भले ही न हो परन्तु यह तो कहा ही जा सकता है कि भारतीय कलाकार की प्रमुख प्रतिबद्धता मूर्त या शरीरी ही रही है।

साररूप में विचार करें तो वैश्विक दृष्टि और भारतीय कला-दृष्टि - दोनों की ही कलागत व्याख्या हमें आधुनिक और समकालीन कला की हमारे समीक्ष्य विषय के लिहाज से मार्ग आलोकित करती है। - 'प्रो. हरबर्ट रीड के अनुसार यसौन्दर्य के निमय कला के वैविध्य में नहीं रहते।' एक कलाकृति किन्हीं अर्थों में एक प्रतीकात्मक सुझाव होता है जो हमारी कल्पनाओं और भावनाओं को उद्विग्न कर देता है। उसके अनुसार आधुनिक काल में कला सूक्ष्म हो गई है; उसमें रूप व रंग की अपेक्षा भावाभिव्यक्ति या भावाभिव्यंजना की प्रधानता है। कलाकार प्रतीकों के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति करने लगा है। जैसे दो प्रेमियों के मिलन को दो पूरक रंगों की रेखाओं से अभिव्यक्त किया जाता है जो एक दूसरे से लिपटी हुई होती हैं। एकाकी सितारे को बनाकर आशा का संकेत किया जाता है, मानव आत्मा की उत्सुकता को सूर्यास्त की तेजी व लालिमा से। आधुनिक काल में इस प्रकार काल की सूक्ष्म अभिव्यक्ति हो गई है। उनके अनुसार बीसवीं शती में कला के तीन प्रमुख रूप रहे हैं- 1.यथार्थवादी(रियलिस्टिक) 2. प्रतीकात्मक(सिम्बॉलिक) 3. अभिव्यंजनावादी (एक्सप्रेशनिस्टिक)'[8]

चित्र- रामकुमार, खानाबदोश, 1956

दूसरी ओर भारतीय चिंतन इसे वैचारिक धरातल देता रहा अत: उसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती - 'भारत में कला परमान्द की शरणागत है, आधुनिक कला की तथाकथित सफलता उसकी कलात्मक असफलता का ही दूसरा नाम है। ऐसी दुर्गति का कारण है वह व्यावसायिक व्यवस्था जिसे स्वतंत्र संसार की संज्ञा दी जाती है। आधुनिक एवं उत्तर आधुनिक कला उत्तार औपनिवेशिक कला की त्रासदी को मूर्तिमान करती है, जो अपने प्रारम्भ मे ही कुछ संकेतों के अतिरिक्त मरुस्थल में खो गई थी। सतही धरातलों से संतुष्ट आधुनिक कला करीब-करीब अपने उस मूल उद्देश्य से विरत हो चुकी है, जिसकी प्रतिबद्धता संस्कृति के गहनतम रूपों के प्रति रही है।'[9]

भारतीय परंपरा ने ऐसे प्रतिमानों को गढ़ा है जिसमें परम्परा से नवकलाबोधक की टकराहट में अवांगार्द सृजनात्मक विस्फोट की पूरी सम्भावनाएँ छुपी रहती हैं। यूरोप में आधुनिक कला का इतिहास ऐसे

विस्फोटक प्रयोगों की दास्तान है। इसीलिए परम्परागत कला कर्म और उसके सोच का समयायिक महत्व नजरअन्दाज नहीं किया जा सकता। समृद्ध भारतीय परम्परा में बहुत कुछ है, जिसमें ऐसी प्रयोग प्रधान सम्भावनाएँ छुपी है। उपरोक्त चर्चित विलक्षण पारम्परिक भारतीय मेधा में ऐसी ही विस्फोटक सृजन सम्भावनाएँ दृष्टिगोचर हो रही है।[10]

अब जो अतिशेष प्रश्न खड़े रह जाते हैं वह इस समकालीन कला की सामाजिक भूमिका को लेकर पाये जाते हैं। यह कला तकनीकी, शैलीगत, प्रभाववादी आदि दृष्टियों से तो विवेच्य हो ही जाती है परन्तु अपनी चरम सामाजिकता भी छोड़ती नहीं है-'निरापद चरित्र के साथ स्वच्छ कला ही केवल वह शांत-मौन स्वर है जिसके क्रोध में तूफान छुपा बैठा है, वे विचार जो कपोत के पाँव के साथ आते हैं और संसार का मार्ग दर्शन करते हैं। आदमी को इतिहास की संकीर्ण गलियों से मुक्ति पानी होगी ताकि वह महाकाल के अस्तित्व का बोध कर सके। इतिहास मनुष्य को तथा उसकी महत्वाकांक्षाओं को बौना बनाता है। अनन्त कालिकता का बोध ही निरापद चरित्र के साथ स्वच्छ कला को जन्म दे सकता है। समकालीन कला की चरम सामाजिकता यहीं जन्म लेती है।'[11]

इसी वजह से समकालीन चित्रकार चित्र के माध्यम से ऐसी भाषा का सृजन करने में सक्षम हुआ है जो केवल मौजूद दृश्य-विधान में अपनी उपस्थिति नहीं देती बल्कि जो भावी संभावनायें मुखरित हो सकती हैं उनका संभाव्य दिग्दर्शन भी कराने में सक्षम होती है। यहां तक कहा गया है कि चित्रकला की यह स्थिति मौखिक भाषा के परे जाकर चित्रों से अभिव्यक्त शारीरिक भाषा को व्यंजित कर देती है। इस विषय में कहा गया है कि- 'चित्रकला उत्पादन की एक ऐसी प्रक्रिया बन गयी है, जो किसी लक्षण अथवा अर्थ को व्यक्त नहीं करती। वह महज सम्भावना जिसका प्रारम्भ अभिव्यक्ति की प्रक्रिया को स्पष्ट करने की सीमित कूट भाषा (एकाध रूपों एवं रंग-विधानों, जो रूप-विशेष को रंग-विशेष से जोड़ते हैं जो अभिव्यक्ति के आधार के रूप में उपलब्ध अवयवों को विश्लेषित करती है) से होता है। इस प्रकार चित्रकला मौखिक भाषा को चुप करा देती है।.........यह प्रवृत्ति कतिपय आधुनिक भारतीय चित्रकारों में भी परिलक्षित होती है। परन्तु वाणी अथवा भाषा को किस प्रकार चुप कराया जा सकता है? चुप्पी की भी अपनी एक भाषा होती है।'[12]

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि भारतीय आधुनिक चित्रकला का विकास विभिन्न सोपानों से गुजरते हुए समकालीन कला तक आता है। वह चाहे ब्रिटिश स्कूल हो या राजा रविवर्मा की चित्रकला। पश्चात शांतिनिकेतन द्वारा स्थापित पद्धतियों का विकास हो या फिर सामाजिक आंदोलनों के परिणामस्वरूप प्रचलित कला-चेतना का स्वतंत्रता एवं स्वातंत्र्योत्तर काल। अथवा इसी क्रम में समकालीन चित्रकारों का विविधतापूर्ण एवं अपनी-अपनी स्वंय की विशिष्टतायें लिए हुए चित्रकला का एक व्यापक संसार। किन्तु इस सम्पूर्ण प्रक्रिया में चित्रकला के सामाजिक सरोकार, परिवेश, मुखाकृतियां, रूप-विधान, रंग-विधान, दृश्यात्मकता, भाव-भंगिमायें, मुद्रायें, भावाभिव्यक्ति के लिए प्रयुक्त प्रणालियां, चित्रकार का स्वयं की मानस स्थिति द्वारा स्थितियों और परिस्थितियों को प्रकट करने की क्षमता आदि के पीछे भारतीय कला में विकसित शारीरिक भाषा प्रयोगों का विकास निश्चित रूप से अभिभूत करने वाला है। यह विकास हमें समकालीन कला के ऐसे मुहाने पर लाकर छोड़ता है जहां अनेक धारायें अपने समुन्नत रूप में दिखाई देती हैं यह पूर्वपीठिका वर्तमान शारीरिक भाषा प्रयोगों को समझने में भी हमारी बौद्धिकता, भावप्रवणता और कलाकार की सिद्धहस्तता के पीछे चली आ रही एक प्रवाहमयी परम्परा को भी सामने रखने में सहायक होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नीरज, जयसिंह, समकालीन भारतीय चित्रकला के सामाजिक सन्दर्भ, पृष्ठ-58, अंक 18, डॉ. ज्योतिष जोशी-सम्पादक, समकालीन कला, ललित कला अकादमी,नवम्बर -2000
2. सबावाला, जहांगीर से वेदप्रकाश भरद्धाज की बातचीत, पृष्ठ-25, अंक-24, डा. ज्योतिष जोशी-सम्पादक समकालीन कला, दिल्ली, ललित कला अकादमी, फरवरी-मई 2003
3. परिमल, प्रकाश, समकालीन कला और यउत्तार-आधुनिकता, पृष्ठ-25, अंक 20, डा. ज्योतिष जोशी-सम्पादक समकालीन कला, ललित कला अकादमी, अक्टूबर 2001
4. भारद्धाज, विनोद, शान्तिनिकेतन से शान्तिनिकेतन तक, पृष्ठ-10, अंक-23, डॉ. ज्योतिष जोशी-सम्पादक समकालीन कला, दिल्ली, ललित कला अकादमी, अक्टूबर-जनवरी 2002-03
5. गुप्ता, डॉ. श्यामला, सौन्दर्य तत्त्वमीमाँसा, पृष्ठ-126,127, प्रथम संस्करण, दिल्ली-51 सीमा साहिव्य भवन प्रकाशक एवं वितरक, 1992.
6. राठौड, डॉ.मदन सिंह, आधुनिक भारतीय चित्रकला मे अतियथार्थवाद, पृष्ठ-15, जयपुर, शर्मा पब्लिशिंग हाउस, 2001
7. पटेल, अमृत से वेद प्रकाश भारद्धाज की बातचीत, स्वर्ण रेखा प्रदर्शनी, पृष्ठ-12,13, अंक-26, विनोद भारद्धाज-सम्पादक, समकालीन कला, दिल्ली, ललित कला अकादमी, मार्च-जून 2005
8. गुप्ता, डॉ. श्यामला, सौन्दर्य तत्त्वमीमाँसा, पृष्ठ-128, प्रथम संस्करण, दिल्ली-51 सीमा साहिव्य भवन प्रकाशक एवं वितरक, 1992.
9. तिवारी, उदय नारायण, स्वच्छ कला निरापद चरित्र, पृष्ठ क्र-8 अंक 18, डॉ. ज्योतिष जोशी-सम्पादक,समकालीन कला, ललित कला अकादमी,नवम्बर -2000
10. प्रो. राजाराम, उपमेय और उपमान के मध्य आविष्कृत एक रूप, पृष्ठ-17, अंक 32, डॉ. ज्योतिष जोशी- सम्पादक समकालीन कला, ललित कला अकादमी, मार्च-जून 2007
11. तिवारी, उदय नारायण, स्वच्छ कला निरापद चरित्र, पृष्ठ क्र-8 अंक 18, डॉ. ज्योतिष जोशी-सम्पादक, समकालीन कला, ललित कला अकादमी,नवम्बर-2000
12. सेन, अंजन, मिथक निर्माण : गणेश पाइन की कला, पृष्ठ-10, अंक 35, डॉ. ज्योतिष जोशी, समकालीन कलाब ललित कला अकादमी, 2008.

****

चित्रकला की मौलिक 'शारीरिक भाषा' का कला-विज्ञान रूप-बोध का ही उत्कर्ष

डॉ. सुनील कुमार * डॉ. सचिन सैनी **

प्रस्तावना - कला-विज्ञान कला के शिल्प के भीतर भी कलाकृति के सृजन के उत्स टटोलता है। यह कला के प्रतीकों के निर्माण को सामने रखता है तो दूसरी ओर कलाकृति में अंतर्निहित इच्छा, प्रतिभा और प्रेरणा को सामने रखने का कार्य करता है। कला-विज्ञान की दृष्टि से चिंतन करने पर भी यह दृष्टिगत होता है कि कलाकृतियों में रूपाकार और हाव-भाव का आना कलाकार के मानवीय संकल्पों की मनो-निर्मितियों की ही एक अभिव्यक्ति है- 'आज का चिंतन है कि प्रतीक-निर्माण की भांति, मानव-मन बिम्ब निर्माण, भी करता रहता है, अर्थात बाहर से प्रत्यक्ष और स्मृति-अवशेषों को लेकर वह इस सामग्री से अपनी इच्छा-प्रतिभा-प्रेरणा-संकल्प के अनुरूप मनो-निर्मितियां करता है।'[1]

चित्र- राजेंद्र कापसे, की कलाकृति शीर्षक विहीन

यह भी माना गया है कि- 'कला ज्ञानात्मक एवं विचारात्मक तत्वों के श्रेष्ठ संगठन के माध्यम से दुनिया के बारे में हमारी बोध को ऊंचाई प्रदान करती है। कलात्मक सृजन पूरी तरह मानवी मस्तिष्क का कोई भिन्न संकाय नहीं है बल्कि यह अनेक माध्यमों में संकेतन के जरिए चेतना हासिल करने का अपेक्षाकृत अधिक भावप्रण रूप है।[2] कला-विज्ञान के कुछ पारम्परिक प्रतीक और चित्रण विधियां हैं। मिथक हैं। अनेक प्रकार के बिम्ब हैं वास्तव में ये युगों की समष्टि चेतना के अभिव्यक्त रूपाकार ही तो हैं - 'हमारे चिर-परिचित बिम्ब हैं, जैसे - हाथी, कमल, ज्यामितिक आकृतियां - वृत्त, वर्ग, आयत -, वक्र रेखा से बनी आकृतियां, कुछ पशु जैसे-हिरन, पक्षी, यक्ष - मिथुन, सुंदरियां, आदि अनेक मोतिफ हैं जिनका सफल प्रयोग कलाकार अपनी कलाकृतियों में करते हैं। .....वास्तव में, इनकी सर्जना और स्वीकृति के लिए युगों तक समष्टि चेतना सक्रिय होती है।'[3]

कला-विज्ञान ने शारीरिक संरचना के साथ भारतीय दृष्टि चेतना को बृहत् बनाया है। यह प्रकाशित करती है कि शारीरिक चित्रों के अलावा मनोभावों को भी किस प्रकार रंगों में समेटा जा सकता है। मानव शरीरों के अलावा मानवेतर शरीर भी मानवमन के दृष्टिकोंण का परिचायक बन जाते हैं- 'दृष्टि-चेतना से सम्बद्ध होने के कारण रंगों का प्रभाव बहुत व्यापक होता है। चित्रकला-विशारदों का कहना है कि वे सुगन्ध और दुर्गन्ध को भी रंगों के द्वारा व्यक्त कर सकते हैं । इसी प्रकार भाव-व्यंजना की दृष्टि से पीला रंग प्रकाश और प्रसन्नता का द्योतक है। इतना ही नहीं, श्वेत रंग से सात्विक भावनाओं का, नीले रंग से प्रतिष्ठा तथा कुलीनता का और लाल रंग से युयुत्सा, मन्यु (युद्ध प्रिय एवं घाती) तथा खतरे का व्यंजन होता है। रंगों के द्वारा व्यक्त होनेवाली....... भाव-व्यंजना प्रधानत: हमारी वर्ण-संवेदना पर निर्भर करती है। दृष्टि-चेतना से मिलनेवाले वर्ण-संवेदन को हम शरीर-विज्ञान की मान्यताओं के आलोक में भी समझ सकते है। शरीर-विज्ञान के अनुसार पुतलियों के द्वारा प्रकाश आँखों में प्रवेश करता है और अक्षिगोलक की पश्चाद्वर्त्ती झिल्ली पर, जिसे 'रेटिना' कहते हैं, जाकर केंद्रित होता है। अक्षिगोलक की इस पश्चाद्वर्त्ती झिल्ली में दो प्रकार के बहुत छोटे-छोटे कोष होते हैं, जिन्हें शलाका और शंकु कहते हैं। इन कोषों का सम्बन्ध दृष्टि-चेतना के स्नायुओं से होता है। अक्षिगोलक की पश्चाद्वर्त्ती झिल्ली के परिवृत्ता में शलाका नामक कोष पर्याप्त मात्रा में रहते हैं और उन पर केवल प्रकाश तथा छाया का ही प्रभाव पड़ता है। दूसरे प्रकार में शंकु नामक कोष अक्षि-कोटर में अधिक रहते हैं, अक्षि-परिवृत्त में कम। इन शंकुओं को उनके गुणों के अनुसार तीन प्रकारों में विभाजित किया गया है- 1. वे जो लाल और हरे रंग से प्रभावित होते है। 2. वे जिन नीले और पीले रंग का प्रभाव पड़ता है, और 3. वे जो काले तथा सफेद रंग की चेतना को ग्रहण करते हैं। किसी वस्तु के द्वारा विकीर्ण होकर जब प्रकाश अक्षिगोलक की पश्चाद्वर्त्ती झिल्ली पर केन्द्रित होता है, तब शलाका और शंकु नामक दोनो प्रकार के कोष चेतन हो उठते हैं और प्रकाश समेत उस वस्तु की छवि 'रेटिना' पर उतर आती है। तदनन्तर, दृष्टि-चेतना के स्नायुओं के द्वारा उस छवि की सूचना मस्तिष्क तक पहुँच जाती है। ललितकलाओं के तात्त्विक अन्त:सम्बन्ध की विवेचना के प्रसंग में वर्ण-संवेदन के स्वरूप और क्रिया-पद्धति को समझने के लिए इतनी शरीर-वैज्ञानिक व्याख्या है।[4]

कला-विज्ञान रूप-बोध का ही उत्कर्ष है और मन के व्यापार का निर्वचनीय रूपांतरण भी - 'रूप-बोध और रस-चर्वणा की बात कही है। वास्तव में ये मन के व्यापार अथवा घटनायें हैं, किसी वस्तु विशेष की प्राप्ति

* पूर्व निदेशक (प्रदर्शन एवं दृश्य कला विद्यापीठ) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (नई दिल्ली) भारत
** स्कॉलर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (नई दिल्ली) भारत

नहीं। किसी भी कला-कृति में उसका एक मूल, स्थिर धरातल होता है जिसमें आंखें टिकती हैं। यह स्थूल और स्थिर है, जिसका प्रत्यक्ष होता है। वह प्रस्तुत है, जैसे दुर्गा की सिंहवाहिनी प्रतिमा। इसे हम अभिधेय भी कह सकते हैं क्योंकि इसे नापा-तौला जा सकता है, वर्णन और निवर्चन भी संभव है।'[5]

चित्र- अनुपम सूद की कलाकृति

कला-विज्ञान भावकत्व जैसे जटिल व्यापार को वस्तुगत रूप में प्रकट करने पर इस प्रकार विचार करता है - 'भावकत्व मन का जटिल व्यापार है। आधुनिक मनोविज्ञान इस व्यापार का विश्लेषण किया है। इसमें अनेक संवेदनों का एकत्रीकरण (integration) ; स्मृति कल्पना, अनुभूति, विचार-तर्क, तुलना, अभिज्ञान (Identification), सामान्यीकरण, ऊहापोह आदि अनेक सूक्ष्म मनोव्यापार सम्मिलित रहते हैं। इन सबकी मिली-जुली क्रिया से हम एक वस्तु को गुलाब के फूल के रूप में देखते हैं।'[6]

कला को आकृति में ढालने की प्रेरणा के लिए कला पर वैज्ञानिक विचार किया गया है- 'मनोवैज्ञानिक द्वारा किये गये शोध से पता चलता है कि मनुष्य में आकृति विषयक समझ की नैसर्गिक क्षमता है। मनुष्य की इसी क्षमता से पता चलता है कि अमुक चीज सुन्दर है और अमुक आकृति आनंददायक है। वास्तव में आकृति के प्रति यह प्रेरणा मनुष्य में इतनी बलवती होती है कि पूरे मानव इतिहास में मनुष्य अपने उपयोग की वस्तुओं को अपनी कलाकृति में बदलते रहता है। वह जो वस्त्र पहनता है, वह जिस घर में रहता है तथा वह जिस बर्तन और औजार का उपयोग करता है ये सभी आकृति में ढालने की उसकी प्रेरणा का ही प्रभाव लिए हुए रहते हैं।[7]

निष्कर्षत: हम कह सकते हैं कि कला क्षेत्र में शारीरिक भाषा का किसी न किसी रूप में आदिम युग से ही कलाकृतियों में उपयोग कलाकार ने किया है। इन प्रयोगों को समझने के लिए शारीरिक भाषा के मूल तत्व को न केवल समझने और कला-समीक्षा के क्षेत्र में समालोचना का उपजीव्य बनाने की आवश्यकता है, बल्कि चित्रकला में होने वाले चाक्षुष अनुप्रयोगों के विकासमूलक स्वरूप को समकालीन संदर्भों में भी उल्लिखित करना जरूरी जान पड़ता है। इस स्तर तक चित्रकला की विकासजन्य स्थितियां प्राप्त करवाने में चित्रकार की तूलिका ने सामाजिक अनुष्ठानों के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक प्रकारांतरों का भी भली-भांति अनुपान किया है। चूंकि भावों का सम्बन्ध चिंतन, हृदय, बोध और मन के विज्ञान से है अत: हम कह सकते हैं कि चित्रकला में 'शारीरिक भाषा' की अभिव्यक्ति के पीछे भी ये तत्व उपस्थित रहे हैं। अत: शारीरिक भाषा के प्रयोगों की विशद् यात्रा को समझते हुए इनका वैज्ञानिक विधिसम्मत समालोचकीय अध्ययन हमारे परिप्रेक्ष्य में कई नये तथ्यों को उद्घाटित भी करता है जो संभवत: चित्रकला के भावी स्वरूप को समझने में भी हमारी सहायता कर सकता है कि आखिरकार क्यों एक बड़ा और सक्षम चित्रकार - स्थापित और प्रचलित भाषाओं के परे जाकर - चित्रकला की मौलिक 'शारीरिक भाषा' का सृजनकार बन बैठता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. शर्मा, डॉ. हरद्वारी लाल कला मनोविज्ञान, पृष्ठ-39, प्रथम संस्करण, मेरठ, मानसी प्रकाशन,1992
2. सिन्हा, सच्चिदानंद, अरूप और आकार, पृष्ठ-37, प्रथम संस्करण, दिल्ली, ललित कला अकादमी, 2012.
3. शर्मा, डॉ. हरद्वारी लाल कला मनोविज्ञान, पृष्ठ-40, प्रथम संस्करण, मेरठ, मानसी प्रकाशन,1992
4. विमल, डॉ. कुमार, सौन्दर्यशास्त्र के तत्व, पृष्ठ-51,52, पाँचवाँ संस्करण, नई दिल्ली, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि. 1989.
5. शर्मा, डॉ. हरद्वारी लाल कला मनोविज्ञान, पृष्ठ-40, प्रथम संस्करण, मेरठ, मानसी प्रकाशन,1992
6. शर्मा, डॉ. हरद्वारी लाल कला मनोविज्ञान, पृष्ठ-57, प्रथम संस्करण, मेरठ, मानसी प्रकाशन,1992
7. सिन्हा, सच्चिदानंद, अरूप और आकार, पृष्ठ-39, प्रथम संस्करण, दिल्ली, ललित कला अकादमी, 2012.

****

भारत में न्यायिक सक्रियता : एक अवलोकन

डॉ. सुनील कुमार श्रीवास्तव * शिल्पी शर्मा **

प्रस्तावना - भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकत्रांतिक देश है साथ ही संविधान में लोकतंत्र की रक्षा एवं उसके सफल क्रियान्वयन का भी लक्ष्य पूरा किया जाता है। लोकतंत्र की सफलता का सबसे सुदृढ़ माध्यम न्यायपालिका है इसलिये सभी लोकतांत्रिक देशों में स्वतंत्रत न्यायपालिका का विशेष महत्व होता है। जनता को न्याय दिलाने एवं उसके मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिये न्यायपालिका सदैव प्रतिबद्ध होती है। जो संविधान के संरक्षक के रूप में कार्य करती है। भारत में चूंकि न्यायपालिका को स्वतंत्र रखा गया है। अत: न्यायपालिका निष्पक्ष एवं पारदर्शी न्याय की अवधारणा पर कार्य करती है। जो सामाजिक न्याय एवं समानता के अनुमूल है क्योंकि किसी भी लोकतंत्र की सफल बुनियाद न्याय पर टिकी होती है।

देश में व्यवस्था को विधायिका, न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के रूप में बांटा गया। इन तीनों अंगों का अपना-अपना कार्यक्षेत्र भी निर्धारित किया गया और यह तय किया गया कि कोई भी अंग किसी दूसरे के कार्यक्षेत्र और अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं करेगा। विश्व के सबसे मजबूत लोकतंत्र का दावा भारत का इसी आधार पर है कि हमारे यहां तीनो अंगों ने अपनी-अपनी भूमिका का सक्रिय व उचित निर्वहन किया है परंतु कभी-कभी यह देखने को मिलता है कि देश में संवैधानिक संकट की स्थिति हो जाती है। जब एक अंग किसी दूसरे अंग के कार्यक्षेत्र व अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप करता है। कभी-कभी न्यायपालिका का बढ़ता वर्चस्व और न्यायपालिका की सक्रियता भी इन सबके बीच चर्चा का विषय रहती है। न्यायिक सक्रियता भी सकारात्मक और नकारात्मक परिणाम देती है। कभी न्यायालयों की सक्रियता लोकतंत्र में नागरिक अधिकारों को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। तो कभी यह किसी दूसरे अंग में हस्तक्षेप प्रतीत होते हुए संवैधानिक संकट की स्थिति भी पैदा करती है।

न्यायिक सक्रियता का अर्थ न्यायपालिका द्वारा निभायी जाने वाली वह सक्रिय भूमिका है। जिसमें राज्य के अन्य अंगों को उनके संवैधानिक कृत्य करने को बाध्य करे। यदि वे अंग अपने कृत्य संपादित करने में सफल रहें तो जनतंत्र तथा विधि शासन के लिये न्यायपालिका उनकी शक्तियों एवं भूमिका का निर्वाह सीमित समय के लिये करेगी। यह सक्रियता जनतंत्र की शक्ति तथा जन विश्वास को पुर्नस्थापित करती है। न्यायिक सक्रियता 20वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध की एक महत्वपूर्ण अवधारणा है। जॉन मॉर्शल को न्यायिक सक्रियता के विचार का जनक माना जाता है। 1803 में मारवरी बनाम मेडिसन के मामले में ऐतिहासिक निर्णय के बाद इसका विकास हुआ।[1] इसका जन्म अमेरिकी संघीय अदालतों से हुआ। भारत में न्यायिक सक्रियता का तात्पर्य न्यायपालिका द्वारा मौलिक अधिकार व नीति निर्देशक तत्व के बीच सौहार्द्रपूर्ण संबंध स्थापित करने की वजह से त्वरित निर्णय देने से है। इसी संदर्भ में न्यायिक सक्रियता के उद्‌भव का प्रमुख उद्देश्य शासन, प्रशासन एवं सरकार में पारदर्शिता लाना रहा है। न्यायालय की सक्रियता का सोपान जनहितवाद रहा है।

वर्तमान में न्यायिक सक्रियता का प्रयोग किये जाने का कारण न्यायालय के समक्ष लाये गये विवादों का अत्यधिक प्रभावी ढ़ग से निस्तारण है। न्यायिक सक्रियता के ही संदर्भ में कई ऐसे पहलू है जिन पर विमर्श की आवश्यकता है। पूर्व न्यायमूर्ति बालकृष्णन ने न्यायिक सक्रियता को और अधिक सक्रिय करने की आवष्यकता पर बल दिया ताकि प्रशासन और अधिक जिम्मेदार बने। इधर कुछ वर्षों में सिविल सोसाइटी बगैर सरकारी संगठनों की लगातार बढ़ती भूमिका प्रशासन को जनोन्मुख उत्तरदायी बनने पर विवश तो किया ही न्यायपालिका के माध्यम से प्रशासन को उत्तरदायी और जवाबदेही भी बनाया है। न्यायपालिका द्वारा अपनी परम्परागत शक्तियों के क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर कार्यपालिका एवं विधायिका के कार्य क्षेत्र में जनहित की दृष्टि से हस्तक्षेप किया जाना न्यायिक सक्रियता कहलाता है। वस्तुत: यह एक ऐसी प्रवृत्ति है, जिसके अंर्तगत देश की न्यायपालिका, सामाजिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को नियमित करने में शासन के अन्य अंगों, विधानमंडल तथा कार्यपालिका से बढ़-चढ़कर भूमिका निभाने लगती है। यह लोकहित, विधि के शासन एवं संविधान की मूल भावना के संरक्षण का एक असामान्य, अपराम्परागत किंतु प्रभावी यंत्र है। न्यायिक सक्रियता से एक ओर जहां कार्यपालिका की त्रुटियों का बोध होता है। संवैधानिक दृष्टिकोण से भारत एक लोकतांत्रिक, समाजवादी, कल्याणकारी देश हैं। जिसमें न्यायपालिका की भूमिका एक सजग पहरी की है।[2] भारत के संविधान द्वारा यद्यपि व्यवस्थापिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के कार्यो का स्पष्ट उल्लेख किया गया है तथापि भारत में लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के परिपेक्ष्य में न्यायपालिका की सक्रिय, सजग एवं कर्त्तव्य परायण स्थिति व्यावहारिक रूप से पूर्णत: उचित ही है। भारत में न्यायिक सक्रियता के उदय के रूप में गोलक नाथ बनाम पंजाब राज्य के विवाद को देखा जा सकता है। इस विवाद में यह निर्णय दिया गया कि संसद को मानवाधिकार में संशोधन करने की कोई शक्ति प्राप्त नहीं है। न्यायिक सक्रियता के विकास में जनहित से संबंधित आश्वासनों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है। 1979 में न्यायमूर्ति वाई.वी. चंद्रचूढ़ द्वारा I.32 के अंतर्गत जनहित याचिका से संबंधित व्यवस्था की गई। बाद में न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती ने मुख्य न्यायाधीश को भेजे पत्रों को ही जनहित याचिका के रूप में स्वीकार करके न्यायिक सक्रियता को एक नई दिशा प्रदान की।[3]

विगत कुछ वर्षो में न्यायपालिका द्वारा देश की राजनीति, प्रशासन एवं सामाजिक-आर्थिक जीवन में व्याप्त सुस्ती, भ्रष्टाचार एवं अन्याय के निवारण ऐसे अनेक निर्णय प्रेशित किए जो कि न्यायिक सक्रियता का ज्वलंत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। जो कि न्यायिक सक्रियता के दृष्टिकोण से

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, शासकीय महाविद्यालय, बरेला (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

न्यायपालिका द्वारा प्रेशित प्रमुख निर्णय जैसे ताज संरक्षण हेतु आगरा एवं मथुरा की औद्योगिक इकाईयों को नोटिस, शहर की स्वच्छता हेतु दिल्ली महानगरपालिका को सफाई हेतु निर्देश, दिल्ली में ही प्रदूषण की व्याप्त मात्रा को न्यूनतम करने हेतु वाहनों को संपीड़ित प्राकृतिक गैस से चलाने हेतु निर्देश, दिल्ली में यमुना किनारे अवस्थित आवासीय क्षेत्रों में चल रही फैक्टरियों एवं औद्योगिक इकाइयों को स्थानांतरित करने संबंधी निर्देश, चुनाव सुधारों पर सरकार को कारण बताओं नोटिस, राजनीतिक अपराधीकरण को रोकने की दिशा में निर्वाचन आयोग को आवश्यक दिशा-निर्देश आदि।[4] गठबंधन सरकारों के वर्तमान दौर ने विधायिका को जहां कमजोर किया हैं। यही इसने न्यायपालिका और कार्यपालिका को शक्तिशाली बनाया है। न्यायिक सक्रियता इस तथ्य का पक्का सबूत है कि किन परिस्थितियों में संवैधानिक संस्थाऐं निरंकुश बन जाती है तथा अपने अधिकार क्षेत्र की नए सिरे से परिभाषा करके अपने कर्तव्य निर्वहन से अधिक अपनी गरिमा और पवित्रता को कायम रखने पर ध्यान केंद्रित करने लगती है।

न्यायपालिका एक गरिमामय एवं सम्माननीय संस्था है। लोकतंत्र के तीन प्रमुख स्तंभों में एक होने के कारण यदि न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका को उसके उत्तरदायित्वों का आभास कराती है तो इसमें लोकतंत्र लड़खड़ाने के स्थान पर और अधिक दृढ़ होता है। न्यायिक सक्रियता से ही विधि के शासन की स्थापना होती है। न्यायपालिका ने देश में न केवल सामाजिक, आर्थिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है बल्कि भ्रष्टाचार मुक्त समाज के निर्माण की आशा की जा सकती है। समाज के अंतिम व्यक्ति की दशा सुधारने व उसे मानवीय अधिकार दिलाने में भी उसने महत्वपूर्ण एवं सक्रिय भागीदारी दी है। खनन घोटाले, 2 जी घोटाले, कोलगेट खदानों के आवंटन के घपले, महाराष्ट्र से आई.पी.एल मैच का निर्णय हो या मजदूरों के हितों की रक्षा अथवा जनहित के मुद्दे। न्यायिक सक्रियता से देश के नागरिकों की उम्मीद लगातार बढ़ती जा रही है। मार्च 2003 में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के अपराधीकरण और चुनाव में बाहुबल और धन बल की बढ़ती समस्या से मुक्ति पाने के लिये जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा '33-B' को असंवैधानिक करार दिया जो न्यायालय सक्रियता का ज्वलंत उदाहरण है।[5] इसके अलावा 1980 से लेकर 2014 के काल में न्यायिक सक्रियता में निरंतर वृद्धि हुई।

चुनौतियॉ – चूँकि न्यायिक सक्रियता का अर्थ इस रूप में लिया जाता है कि जब राज्य के अंग अपने संवैधानिक कृत्यों को करने में सही भूमिका नहीं निभाते है या विधि के अनुसार न होकर राजनैतिक और व्यक्तिगत हो जाते है तब न्यायपालिका न्यायिक सक्रियता के माध्यम से उन्हें नियंत्रित करने संविधान के संरक्षक एवं जनहित संरक्षक की भूमिका निभाती है लेकिन वर्तमान में भ्रष्टाचार की चरम राजनीतिक स्वेच्छाचारिता एवं जनता के प्रति बढ़ता अन्याय एवं शोषण ने न्यायिक सक्रियता के एक नवीन विकास क्रम को महत्व दिया है इसलिये कार्यपालिका, विधायिका के द्वारा न्यायपालिका के इस कार्य को अधिकारों का अतिक्रमण नाम देकर आलोचना की जा रही है। न्यायिक अतिवादिता के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी न्यायिक सक्रियता को संयम के साथ कार्य का आदेश दिया जाता है। इन सब गतिरोध एवं न्यायिक चुनौतियों के पीछे मजबूत राजनैतिक इच्छाशक्ति का अभाव जान पड़ता है। एक ओर न्यायिक सक्रियता के माध्यम से न्यायपालिका जनता को न्याय प्रदान करती पाई जाती है वही दूसरी ओर उसके कार्यो को अतिवादिता का नाम देकर न्यायपालिका की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाया जाता है जो अशोभनीय है। ऐसे में न्यायिक सक्रियता कई बार टकराव की स्थिति में जान पड़ती हैं।

सुझाव – न्यायिक सक्रियता एवं न्यायिक स्वतंत्रता के संदर्भ में यह स्पष्ट होता है कि जब शक्तियों के विभाजन के बाद भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिये विधायिका एवं कार्यपालिका निष्क्रिय लगने लगी। तब विविश होकर न्यायपालिका को सक्रिय होना पड़ता है तथा दोनों अंगों के कार्यो में हस्तक्षेप करना पड़ता है। जो उचित एवं विधि सम्मत भी है।

1. सरकार के अंगों के द्वारा क्षेत्राधिकारों का उचित पालन किया जाना चाहिये।
2. न्यायिक सक्रियता को जनहित याचिका के माध्यम से समाज में त्वरित न्याय की व्यवस्था करना चाहिये।
3. राज्य शासन प्रशासन के कार्यो में स्पष्ट पारदर्शिता लाने का प्रयास करना चाहिये।
4. न्यायिक सक्रियता द्वारा न्यायपालिका को अपनी शक्तियों का प्रयोग राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिये।
5. संवैधानिक लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु ठोस कारगर कदम उठाने चाहिये।

निष्कर्ष – न्यायिक सक्रियता सरकार के तीनों अंगों द्वारा अपने कार्यो को सही ढंग से कराने पर जोर देता है। संविधान के द्वारा कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका के कार्यो एवं क्षेत्राधिकारों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है किंतु जब कार्यपालिका और विधायिका द्वारा अपने उत्तरदायित्वों का वहन उचित प्रकार से नहीं किया जाता जिसके परिणामस्वरूप समाज में अन्याय और अशांति की स्थापना होने लगे। तब न्यायिक सक्रियता सुधार संभव हो सकता है। ऐसी स्थिति में लोकतंत्र के प्रति जनसाधारण के विश्वास को न्यायिक सक्रियता से बल मिलता है। आज न्यायिक सक्रियता जनहित याचिका के माध्यम से त्वरित न्याय की व्यवस्था कर लोक कल्याणकारी राज्य के उद्देश्य एवं न्यायिक सर्वोच्चता को बनाये रखने का निरंतर प्रयास कर रही है। न्यायिक सक्रियता में जनहित याचिका का एक ज्वलंत मामला भागलपुर (बिहार) जेल में विचाराधीन बंदी कैदियों का भी है। न्यायिक सक्रियता आज प्रांसगिक इसलिये बन गया है क्योंकि शायद कही न कही कमी शासन व्यवस्था के कार्यपालिकीय एवं विधायी अंग में है। लगातार भ्रष्ट्राचार, राजनीतिक स्वेच्छाचारिता, निरंकुशतावाद की बढ़ती प्रवृत्ति ने न्यायिक सक्रियता को अधिक सक्रिय किया है ताकि तीनों अंगों में सामंजस्य बन सके। हालांकि कभी-कभी न्यायपालिका की न्यायिक सक्रियता केंद्रित हो जाती है। जिससे कार्यपालिका एवं विधायिका को आभास होता है कि यह स्वेच्छाचारिता है। हाल ही में कॉलेजियम के मामले पर स्वंय न्यायपालिका कटघरे में खड़ी है।[6] इसके अलावा भी कई मुद्दे कार्यपालिका एवं विधायिका से जुड़े है। जहां न्यायपालिका की अति सक्रियता दिखाई पड़ती है। वास्तव में दोनों कार्यकारी अंगों के बीच जब शून्य सिध्दांत उभरता है। उसे भरने का कार्य न्यायिक सक्रियता द्वारा किया जाना अपरिहार्य है।

न्याय न केवल हो, बल्कि वह होता हुआ नजर भी आए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. www.pravakta.com
2. बाबेल, डॉ. बसंतीलाल, संवैधानिक विधि नई चुनौतियॉ, सेंट्रल लॉ पब्लिकेशन, इलाहाबाद, 2013, पृ.क्र. 171
3. वहीं पृ. क्र. 172
4. सरकार, एम.के., जनहित याचिका ओरिएंट पब्लिशिंग कंपनी, 2010, पृ. 11
5. वही पृ. क्र. 25
6. www.hindizdictionary.coms

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

अपराध पीड़ितों के मानव अधिकारों के संरक्षण में न्यायपालिका का योगदान

मधु सिंह *

शोध सारांश – अपराध शास्त्र की शाखा के रूप में अपराध-पीड़ितों के अध्ययन से संबंधित शास्त्र अर्थात् प्रपीड़नशास्त्र का प्रारम्भ बीसवी सदी के चौथे दशक 1940 के लगभग से माना जाता है। जब मेन्डोल्सोन (Mendolsohn) वोन हेन्टिग (Von Henting) तथा वूल्फगेंग (Wolfgang) जैसे विख्यात अपराधशास्त्रियों ने अपराध-पीड़ितों को ऐसे नि:सहाय ठगे गए व्यक्ति निरूपित किया जिन्होने अपने बलिकरण (Victimization) को स्वयं न्योता दिया था।

1980 के दशक में 'अपराध पीड़ित' एक ऐसा व्यक्ति माना गया जो किसी प्रतिकूल परिस्थिति या संबंधों में फंस जाने के कारण किसी अपराध का शिकार हुआ है। उल्लेखनीय है कि 'पीड़ित' शब्द का प्रयोग अनेक सन्दर्भों में किया जा सकता है जैसे दुर्घटना या अपघात पीड़ित, अकाल पीड़ित, बाढ़ पीड़ित, सुनामी पीड़ित, गैस त्रासदी पीड़ित, दंगा पीड़ित, युद्ध पीड़ित आदि।

इन सभी में किसी न किसी रूप में वेदना, कष्ट, दर्द, क्षति या नुकसानी आवश्यक रूप से विद्यमान रहती है, जो पीड़ित या पीड़िता के नियन्त्रण के बाहर होती है।

प्रपीड़नशास्त्र तथा अपराधिक विधि के अन्तर्गत 'अपराध पीड़ित' ऐसा व्यक्ति है जिसकी पहचान की जाना सम्भव होता है और जो अपराधी के अपराधकृत्य से वैयक्तिक रूप से प्रत्यक्षत: क्षतिग्रस्त हुआ है तथापि कतिपय अपराधों के संदर्भ में अपराध-पीड़ित को न तो आसानी से चिहिन्त किया जा सकता है और न वह अपराध से सीधें तौर पर जुड़ा रहता है। अपराध पीड़ित व्यक्तियों के संरक्षण में न्यायपालिका का विशेष योगदान है। प्रस्तुत शोध पत्र में भारतीय उच्चतम न्यायालय के योगदान का अध्ययन प्रस्तुत है-

कुंजी शब्द –अपराध पीड़ित, प्रपीड़नशास्त्र, अपराध, न्यायालय।

अध्ययन का उद्देश्य – इस शोध पत्र का मूख्य उद्देश्य भारतीय उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों के द्वारा अपराध पीड़ितों के अधिकार संरक्षण में दिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों का अध्ययन कर मूल्यांकन करना है।

शोध प्रविधि – यह शोध पत्र पूर्णत: सैद्धांतिक विधि पर आधारित है जिसमें विषय से संबंधित सर्वमान्य ग्रन्थ एवं प्रशासकीय दस्तावेजों से प्राप्त सूचनाओं को आधार मानकर अध्ययन किया गया है।

विवेचना – अपराधिक न्याय व्यवस्था में अपराध-पीड़ितों की उपेक्षा के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और न्यायिक सक्रियता के लिए विख्यात **न्यायमूर्ति बी.आ.कृष्ण अइयर** ने लिखा कि –

'भारत में दण्ड विधि पीड़ित व्यक्ति-मूलक नहीं है जिसके कारण अपराध पीड़ितों की अनगिनत व्यथाओं, वेदनाओं तथा पीडाओं की इस कारण पूर्णत: अनदेखी हो जाती है क्योंकि न्याय-व्यवस्था में अपराधी के प्रति अपनिहित सहानुभूति दर्शाई गई है।' न्यायपालिका ने समय-समय पर अपने निर्णयों द्वारा अपराध-पीडितों के संरक्षण की बात कही है।

खत्री बनाम बिहार राज्य के वाद में विनिश्चित करते हुए राज्य को आदेशित किया गया है कि पीडितों को तत्काल रिहा किया जाए तथा प्रत्येक के नेत्र परीक्षण तथा चिकित्सीय उपचार की समुचित व्यवस्था राज्य स्वयं अपने खर्चे पर करें और उन्हें क्षतिपूर्ति के रूप में प्रतिकर का भुगतान करें और इस अमानवीय अपराध के लिए दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध राज्य सरकार कठोर कार्यवाही कर उन्हें दण्डित करें।

रूदलशाह बनाम बिहार राज्य के वाद में अनुच्छेद 21 के अंतर्गत व्यक्ति को प्राप्त प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन होने पर पीड़ित व्यक्ति को हानिपूर्ति के रूप में प्रतिकर दिलाकर लोकहित वाद के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक निर्णय दिया। इस वाद में रूदलशाह को लापरवाही के कारण दोषमुक्ति के बाद भी चौदह वर्ष की दीर्घ अवधि तक प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के मूल अधिकार से वंचित रहना पड़ा। इस प्रकरण में न्यायालय ने बिहार राज्य सरकार को आदेशित किया कि वह अभ्यर्थी रूदलशाह को क्षतिपूर्ति के रूप में 30000/- रूपये का भुगतान करें।

भीम सिंह बनाम जम्मू-कश्मीर राज्य के वाद में उच्चतम न्यायालय ने राज्य द्वारा याचिकाकर्ता की दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन किये जाने पर उसे पचास हजार रूपये की राशि प्रतिकर के रूप में दिलाई। इस वाद में याचिकाकर्ता एक विधायक था जिसे विधानसभा के सत्र में भाग न लेने देने की नीयत से पुलिस ने जानबूझकर गिरफ्तार कर अभिरक्षा में रखा जो अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है न्यायालय ने विनिश्चित किया कि केवल रिहा करना पर्याप्त नहीं होता अपितु पीडित को हुई हानि का प्रतिकर दिलाया जाना चाहिए।

आर. डी. उपाध्याय बनाम आन्ध्र प्रदेश राज्य के मामले में देश के विभिन्न जेलों में परिवीक्षाधीन बन्दी माँ के साथ रहने वाले बच्चों की दयनीय दशा के विषय में उच्चतम न्यायालय ने गम्भीर चिन्ता दिखाई और अभिनिर्धारित किया कि उन्हें अनुच्छेद 21, 23, 39 (e), 39 (f) और 21-क के अंतर्गत भोजन, चिकित्सा सहायता, कपडे और मनोरंजन सुविधायें पाने का अधिकार है।

पीपुल्स यूनियन फार डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम पुलिस कमिश्नर दिल्ली

* एम. फिल. छात्रा (विधि) डॉ. सी. वी. रामन् विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर (छ.ग.) भारत

पुलिस हेडक्वार्टर के वाद में एक मजदूर कुछ काम करने पुलिस स्टेशन गया मजदूरी मांगने पर उसे मारा पीटा गया और वह मर गया। यह अभिनिर्धारित किया गया कि राज्य प्रतिकर देने के लिए दायी था। मृतक के परिवार को 75000 रू. प्रतिकर देने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार **सहेली बनाम पुलिस कमिश्नर** के मामले में उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली प्रशासन को यह निर्देश दिया कि मृतक (9 वर्ष का बालक) की मॉ को 75000 रू. प्रतिकर प्रदान करे जिसकी मृत्यु पुलिस अधिकारी के मारने के कारण हो गयी थी। **नीलबती वेहरा बनाम उडीसा राज्य** के मामले में उच्च्तम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि पुलिस अभिरक्षा में गिरफ्तार व्यक्ति तथा जेल में कैदियों की रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है और यदि पुलिस तथा जेल में कैदियों की रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है और यदि पुलिस अभिरक्षा या जेल में उसके मूल अधिकारों का राज्य या उसके सेवकों द्वारा उल्लंघन होता है तो राज्य के ऐसे नागरिक को प्रतिकर देना होगा।

बोधिसत्व गौतम बनाम शुभ्रा चक्रवर्ती के वाद में न्यायालय ने विनिश्चित किया कि बालात्कार केवल किसी महिला के शरीर के विरूद्ध अपराध नहीं है अपितु समस्त समाज के विरूद्ध अपराध है। इससे पीड़ित महिला की मनोवैज्ञानिक सोच-समझ नष्ट हो जाती है जिसके कारण वह घोर संवेगात्मक संकट में फंस जाती है और उसके लिए इससे उभरना मुश्किल होता है अत: बलात्कार को एक गंभीरतम अपराध माना जाना चाहिए। इससे पीड़ता का सबसे मूल्यवान प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन होता है जिसमें गरिमामय जीवन जीने का अधिकार समाविष्ट है, जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 21 में वर्णित है।

भारत सरकार ने आपराधिक न्याय प्रशासन तथा पुलिस कार्य प्रणाली में सुधार के लिए उपाय सुलझाने के लिए **कर्नाटक एवं केरल उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीस डॉ. वी.एस. मलीमथ** की अध्यक्षता में एक समीति का गठन किया था जिसने वर्ष 2004 में अपनी रिपोर्ट में आपराधिक न्याय प्रशासन तथा पुलिस - व्यवस्था संबंधी अनेक महत्वपुर्ण अनुशंसाएँ की थी।

अपराध पीड़ितो कि व्यवस्था के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए समिति ने सुझाव दिया कि इन पीड़ितो द्वारा की जाने वाली विचारण न्यायालय के निर्माण के विरूद्ध अपील का दायरा अधिक विस्तृत किया जाना चाहिए तथा पीड़ित पर अपराधी को दोषमुक्ति के निर्णय के विरूद्ध उसे अपील फाईल करने का अवसर दिया जाना चाहिए चाहे इसके लिए अभियोजन (राज्य) सहमत हो या न हो। समिति ने दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के इस प्रावधान के प्रति भी आश्चर्य प्रकट किया कि अभियुक्ति के दोषमुक्ति या उसे कम सजा दी जाने के विरूद्ध की अपिल केवल उच्च न्यायलय में ही क्यो होनी चाहिए तथा यह किसी अन्य निचली अदालत में क्यों नही ले सकती समिति का सुझाव था कि अभियुक्ति की दोश मुक्ति के विरूद्ध अपील का अधिकार अपराध पीड़ित को भी विस्तृत किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि समिति के इस सुझाव को स्वीकार करते हुए दण्ड प्रक्रिया संहित (संसोधित) अधिनियम, 2008 द्वारा धारा 372 में संशोधन कर प्रावधान रखा गया कि पीड़ित को अपराधी कि दोष मुक्ति या उसे कम सजा दिये जाने के विरूद्ध अपील फाईल करने के लिए अभियोजन की अनुमति लेना आवश्यक नहीं है।

अपराधियों को दण्डाविष्ट करते समय यदि न्यायालय अपराध से प्रभावित पीड़ित पक्षकार की पीड़ा व्यथा या समिति आदि का भी आकलन कर उन्हें संरक्षण एवं सुरक्षा प्रदान करें तो पीड़ितो के पुन: स्थापना में उनका सक्रिय योगदान होगा। व्यावहारिक रूप से यह अनुभव किया गया कि आपराधिक प्रकरण में निर्णय देते समय न्यायाधीश का ध्यान केवल अपराध की गंभीरता तथा अभियुक्ति की सजा पर ही केन्द्रित रहता है और इस प्रक्रिया में पीड़ित पक्षकार पर इसका क्या असर पड़ेगा इस और वे विशेष ध्यान नही देते हैं। अनेक प्रकरण में अभियुक्ति को दण्ड विधि के अन्तर्गत देय दण्ड से बहुत कम या न्यूनतम दण्ड देने की प्रवृत्ति न्यायाधीशों में प्राय: देखी जाती है। लेकिन वे इस ओर विशेष ध्यान नही देते कि अभियुक्त के प्रति इस अंवांछित उदारता का पीड़ित पर क्या विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नि:सन्देह ही न्यायालयों कि यह प्रविती सामाजिक हित के विपरीत होगी जिसका परिणाम पीड़ित को भोगना पड़ता है।

उपसंहार - अपराध पीड़ितो के अधिकार संरक्षण में न्यायपालिका महत्वपूर्ण योगदान रहा है, 'विभिन्न वाद विधियों के माध्यम से न्यायपालिका के द्वारा कार्यपालिका को यह विवश किया गया कि, अपराध पीड़ितों को उचित प्रतिकर एवं सुरक्षा प्राप्त हो सके।' न्यायपालिका के द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्णय से प्रतित होता है कि न्यायपालिका मानव अधिकारों का सजग प्रहरी है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. अपराध शास्त्र डॉ. वी. एन. पराजंपेय सेन्ट्रल लॉ. पब्लि., इलाहाबाद
2. पाण्डेय, डॉ. जयनारायण, भारत का संविधान सेन्ट्रल लॉ. पब्लि., इलाहाबाद
3. ए.आई.आर. और एस.सी.सी
4. विभिन्न वेबसाइट

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

Wind Energy Production : A study in India scenario

Dr. Rashmi Arnold * Ramdeo Saket **

Abstract - Wind energy is a best renewable source of non-polluting energy and is emerging as one of the most potential source of alternate energy, which will be helpful to great extent in bridging the gap between the energy demand and supply.

wind energy was used first in ancient Egyptians in wind mills. Ships were sailed by wind energy and for pumping water from wells for irrigation fields.

Now this energy valued as non- polluting and reviewable energy source, because wind motion moves mills and produce kynetie energy, our country is in fourth position in wind energy production, It's production should be increased for several energy requirements.

Introduction - Wind energy is a renewable source of non-polluting energy and is emerging as one of the most potential source of alternate energy which will be helpful to a great extent in bridging the gap between the energy demand and supply compared to solar energy, the wind is a very complex resource, possessing a three dimensional values compared to solar's two dimensional qualities. The wind resource is more intermittent and is strongly in fluened by terrain or geography factors. Also due to fluid mechanics considerations, there is a non liner (cubic) relationship between wind speed and the power production from a mind turbine (a wind energy cancers on device)

Wind power is as old as the first sailing ship and wind mills for pumping water from wells or for grinding agricultural produce dates back to the earliest times of recorded history. Evidence shows that the ancient Egyptians used in windmill as early as 3600 B.C. to pump water for irrigating their arid fields and to grind grain.

wind, which is essentially air in motion, has kinetic energy by in true of the movement of large masses of air caused by differential heating of the atmosphere by the sum. At any given time, the amount of energy contained in the wind is proportional to the wind speed at that instant in the context of wind based energy production system. This energy can be utilized for performing mechanical and electrical works. Wind twine Can be used to generate electricity, for lifting water from wells; for direct water pumping and many more.

Research Methodology - To complete the research work; a suitable data are essential, so the data collection done by secondary source. Related books articles published in magazines, Journal providing and new papers were helpful . T.V. news and talks and debates are also important for collecting data. After classifying data, tabulation work done and then analysis for finding result.

Hypothesis :

1. wind energy production is depend on moving air.
2. The wind energy can not be generated all time. because sometimes winds movement be comes silent.
3. Heavy machine can not be use to general wind energy.
4. wind energy generating machines can not be established every where.
5. wind energy can not be generated in a large amount of power to consume several work at a same time.

Objectives :

1. To know the wind energy and it's uses
2. To find out the posstion of our country about wind energy production.
3. To compare, our country wind energy production with other countries.
4. To find out shortcoming, effecting negativity to low wind energy production in our country.
5. To suggest to adopt best measures for sufficient wind energy production.

Subject Analysis - Wind energy production is very important electricity producing method. It is renewable and non-polluting system of powder production. This energy producing method may be helpful to save other natural resource as coal, gas, wood, cooking oils and other energy producing matters.

Asia's first wind farms project is at Mandri in kutch district of Gujarat. While a wind form cluster of 150 mw at Muppandal in Tamilnadu is Asia's largest wind farm cluster kayather, muppandal, Ayukudi and tuticorin in tamilnadu ; and mandri, Okha, Tunalamba and Veradale in Gujarat are

* Asst. Professor, Govt. G.D.C. College, Rewa (M.P.) INDIA
** Research Scholar (Biotechnology) A.P.S. University, Rewa (M.P.) INDIA

the famous wind farms in India.

Wind energy generation has been given a strong thrust by ministry of Non- conventional energy sources, Govt. of India. The Gouty has allowed a number of incentives for setting up wind power plants. such as hundred percant depreciation exemption from paying of excise duty and sales tax. Tax holidays, concessional finance and buy back of power. in the exploitation of wind energy is being carried out at the same institutes;

1. National Aeronautical Laboratory (NAL) Bangalore.
2. Marine Chemical research institutes (MCRI) Bhavnagar.
3. Central arid zone research institutes (CAZRI) Jodhpur.
4. Madurai wind mill, Madurai.

Our India was in fourth rank in wind energy production in the world at last years, while the entire wind energy production in the world was 14% less in 2017 in comparison of wind energy production of 2015. New plants having capacity of 3617 Megawatt were established in 2016 and the contribution of India touched up 6.6% while in china having capacity of 23.228 Megawlt established in 2016. The new energy production in world was of 54600 Megawalt in 2016. the courtryuise wind energy production is given in below table.

Table No. : 01 : Statement of country use New production of wind energy in (2016 in %)

S.	Name of country	Wind energy production job	Total production of world in wind energy
1	China	42.7%	
2	America	15%	54600 Megawatt
3	Germany	10%	
4	India	6.6%	
5	Brazil	3.7%	
6	Franch	2.9%	
7	Turki	2.5%	
8	Niderland	1.6%	
9	Britain	1.3%	
10	Canada	1.3%	

Source : World wind energy Council

As per above table China was the largest wind energy producer country it was 42.7%, America(U.S.A) was in second position 15%, Germany 10%, India 6.6%, Brazil 3.7% Franch 2.8 % Turki 2.5%, Nedarland 1.6% and Britain and Canada 1.3 %. India production was 7 times less than China.

Table No. : 02 : Statement of whole wind energy production of world up to 2016 (in%)

S.	Name of country	Wind energy production	Total wind energy production
1	China	34.7%	486479 Megawalt
2	America	16.9%	
3	Germany	10.3%	
4	India	5.9%	
5	Spain	4.7%	
6	Britain	3.0%	

source : World wind energy council

According to the above table China has top position in wind energy production it is 34.7%, America is in second position producing 16.9%, Germany 10.3%, India 5.9%, Spain 4.7%, Britain 3.0%. India is not in satisfactory conduction it is fourth place in the world.

Limitation of wind energy :

1. It has low energy density.
2. It is generally favorable in geographic locations which are away from cties.
3. It is variable, unsteady, irregular intermittent, erratic and sometimes dangerous.
4. wind turbine design, manufacture and institution have proved to be complex due to widely varying atmospheric conditions in which they have to operate.
5. wind farms can be located only in vast open area in locations of favourable wind. generally, such locations are away from load centers.
6. Wind energy is not economic for large scale generation.
7. the energy storage batteries, indirectly and substantially contribute pollution.
8. In case of non availability of winds, alternate source of energy it fall back on.

Suggestion :

1. The sufficient energy cannot be produced by wind farms, which may be used when required.
2. The location of wind farms should not be on migratory routes. Otherwise, It could play have with the birds and night lead to a disaster for some avian populations.
3. The appearance of wind mills on the landscape and their continual writing and whistling can be irritated.
4. The new wind energy Generating machines should be established in open field, produced energy may be use in village needs.
5. Indian Govt. should make suitable policy for more wind power generation.

Sum up - Wind energy is oldest energy source. It was used for sailing ships, wind mills for pumping water from wells or for grinding agricultural purpose. the value of wind energy considered in present as non-polluting energy and renewable. There is no any use of natural resources, only flowing wind is used which has no wastage. Though heavy machines cannot be driven, but domestic. energy requirement and light machines can be satisfied, our country is in fourth position in case of wind energy producer. It should be increased. wind energy must be used in place of other energy sources.

References :-

1. Energy, Environment, Ecology & society. Dhanpat rai & Co.(P) Ltd., New Delhi- 2011, page 1.32-1.36
2. INDIA-2017.
3. Economic survey – 2016-17.
4. Internet, T.V., New papers.

म.प्र. सरकार के बजट घाटों का अध्ययन व विश्लेषण

डॉ. चन्द्रप्रकाश पँवार *

प्रस्तावना – बजट सरकार की राजकोषीय एवं आर्थिक नीति का मुख्य आधार होता है। नियोजित आर्थिक विकास तथा अधिकतम सामाजिक कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए सरकारे प्राय: संतुलित अथवा घाटे का बजट बनाती है। सामान्यत: सरकार की समग्र प्राप्तियों की तुलना में समग्र व्यय अधिक होता है तो यह बजट घाटा कहलाता है। इसे घाटे की वित्त व्यवस्था (Deficit Financing) भी कहा जाता है। केंद्रीय सरकार द्वारा सदैव घाटे का बजट ही प्रस्तुत किया जबकि म.प्र. सरकार वर्ष 2004-05 से निरंतर राजस्व आधिक्य की स्थिति में रही। बजट के आधार पर ही सरकारों की आर्थिक स्थिति का अनुमान लगाया जाता है तथा आर्थिक स्थिरता के उपाय किये जाते है। प्राय: बजट घाटे का अध्ययन राजस्व घाटा, प्राथमिक घाटा, तथा राजकोषीय घाटा के रुप में किया जाता है। सरकारें विभिन्न राजकोषीय उपाय अपनाकर इन बजट घाटों को नियंत्रित करने का प्रयास करती है। प्रस्तुत शोध अध्ययन में म.प्र. सरकार के विभिन्न बजट घाटों का अध्ययन व विश्लेषण कर महत्वपूर्ण निष्कर्ष एवं सुझाव प्रस्तुत किये गये है।

अध्ययन के उद्देश्य – प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य रहे।

1. म.प्र. सरकार के राजस्व घाटे/राजस्व आधिक्य की प्रवृत्ति का अध्ययन करना।
2. म.प्र. सरकार के प्राथमिक घाटे की प्रवृत्ति का अध्ययन करना।
3. म.प्र. सरकार के राजकोषीय घाटे की प्रवृत्ति का अध्ययन करना।
4. म.प्र. सरकार के राजकोषीय घाटे का सकल घरेलु उत्पाद से मापन करना।

अध्ययन अवधि – शोध पत्र की अध्ययन अवधि वर्ष 2006-07 से 2015-16 तक 10 वर्ष की रही।

प्रयुक्त चल – राजस्व प्राप्तियां, पूंजी प्राप्तियां, लोक ऋण, ब्याज का भुगतान, सकल घरेलु उत्पाद आदि।

समंक संग्रहण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में म.प्र. शासन के संबंधित वर्षो के बजट प्रतिवेदन मे उपलब्ध द्वितीयक समंकों का प्रयोग किया गया है।

म.प्र. सरकार के बजट घाटे/ आधिक्य का अध्ययन व विश्लेषण – सरकार के बजट घाटो में राजस्व घाटा (Revenue Deficit), राजकोषीय घाटा (Fiscal Deficit) तथा प्राथमिक घाटा (Primary Deficit) सम्मिलित होते है जो कि सरकारों की वित्तीय कार्यकुशलता के मापक है। म.प्र. सरकार के बजट घाटों की तुलनात्मक स्थिति को विश्लेषण तालिका 1 व 2 द्वारा प्रदर्शित किया गया है तथा ग्राफ 1 व 2 द्वारा प्रदर्शित किया गया है। तालिका 1 में बजट घाटो की वास्तविक स्थिति को दर्शाया गया है जबकि तालिका 2 में बजट घाटों के प्रवृत्ति प्रतिशत को प्रदर्शित किया गया है।

1) राजस्व घाटा/आधिक्य – राजस्व घाटा राजस्व व्ययों का राजस्व प्राप्तियों पर अधिशेष है, परंतु बजट में राजस्व आधिक्य की स्थिति रही है। विगत 2004-05 से निरंतर मध्यप्रदेश सरकार के बजट में राजस्व घाटे के स्थान पर राजस्व आधिक्य (Revenue Surplus) की स्थिति रही है। अध्ययन काल के वर्ष 2006-07 से प्रथम छ: वर्षो तक पर्याप्त राजस्व वृद्धि रही जबकि अंतिम चार वर्षो में निरंतर गिरावट की प्रवृत्ति पाई गई तथा वर्ष 2015-16 में राजस्व आधिक्य में तेजी से गिरावट होकर यह मात्र 437.27 करोड़ रुपये तक सीमित रहा, जैसा कि तालिका 1, व तालिका 2 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है। इसका प्रमुख कारण राजस्व व्ययों मुख्यत: आयोजना व्ययो में भी अपेक्षाकृत ऊचीं दरों से वृद्धि हुई जबकि अंतिम वर्ष के राजस्व आधिक्य में न्यून वृद्धि प्रदर्शित हुई। राजस्व आधिक्य में गिरावट की प्रवृत्ति चिंता का विषय है तथा यह प्रदर्शित करती है कि मध्यप्रदेश सरकार राजकोषीय उत्तरदायित्व के के पालन में पिछड़ रही है, फलस्वरुप राजस्व आधिक्य की स्थिति राजस्व घाटे की ओर उन्मुख हो रही हैं।

2) प्राथमिक घाटा – प्राथमिक घाटा राजकोषीय घाटे में से ऋणों का ब्याज भुगतान घटाने पर प्राप्त होता है। सरकार का असली वित्त प्रबंधन तो उसका प्राथमिक घाटा ही प्रदर्शित करता है क्योंकि ब्याज भुगतान तो पुराने ऋणों का भार है। तालिका 1 प्रदर्शित करती है कि अध्ययनकाल के अंतिम चार वर्षो में प्राथमिक घाटे की तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति रही। वर्ष 2006-07 में प्राथमिक घाटा 1214.72 करोड़ रुपये था जो वर्ष 2015-16 में लगभग 10 गुना बढ़कर 12574.94 करोड़ रुपये हो गया। प्राथमिक घाटे का नियंत्रण में न रहना यह प्रदर्शित करता है कि सरकार अपने बढ़े हुए व्ययों का भुगतान नये ऋण लेकर कर रही है। प्राथमिक घाटे में तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति सरकार की वित्तीय अक्षमता को प्रदर्शित करती है। म.प्र. सरकार के राजस्व आधिक्य, राजकोषीय घाटे एवं प्राथमिक घाटे की तुलनात्मक स्थिति ग्राफ 1 द्वारा प्रदर्शित की गई है जिसमें राजस्व आधिक्य की रेखा में निरन्तर गिरावट की प्रवृत्ति प्रदर्शित हो रही है। इसी प्रकार प्राथमिक घाटे एवं राजस्व घाटे में भी निरन्तर ऋणात्मक वृद्धि दर्ज हो रही है।

3) राजकोषीय घाटा – राजकोषीय घाटा प्रदर्शित करता है कि सरकार की कुल प्राप्तियां कुल व्ययों से कम है जिसकी पूर्ति सरकार ऋण लेकर करती है। वर्ष 2006-07 में प्रदेश सरकार का राजकोषीय घाटा 2814.23 करोड़ रुपये था जो वर्ष 2015-16 में 3.42 गुना बढ़कर 21166.89 करोड़ रुपये हो गया। राजकोषीय घाटे में कुल 3.42 गुना वृद्धि हुई जो अध्ययन काल के अंतिम चार वर्षो में ऊंची दर से रही।

तालिका : 1 व 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

ग्राफ 1 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

1. **राजकोषीय घाटा/सकल घरेलु उत्पाद** - राजकोषीय घाटे का मापन राज्य के सकल घरेलु उत्पाद से एक निश्चित प्रतिशत से किया जाता है। म.प्र. सरकार के राजकोषीय घाटे/सकल घरेलु उत्पाद अनुपात में अध्ययन के वर्षो में उच्चावचन की प्रवृत्ति रही। अध्ययन काल में अंतिम वर्ष को छोड़कर राजकोषीय घाटा म.प्र. राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम 2005 द्वारा निर्धारित राज्य सकल घरेलु उत्पाद की 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर रहा जो सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन को प्रदर्शित करता है। वर्ष 2015-16 के लिये उक्त अधिनियम में राजकोषीय घाटे की सीमा राज्य सकल घरेलु उत्पाद के 3.5 प्रतिशत तक निर्धारित की है। अंतिम वर्ष का राजकोषीय घाटा राज्य सकल घरेलु उत्पाद का 3.49 प्रतिशत है जो कि राजकोषीय लक्ष्यों के भीतर तो है किंतु इसकी बढ़ती हुई प्रवृत्ति वित्तीय संकट की ओर संकेत करती है। ग्राफ 2 राज्य सकल घरेलु उत्पाद से राजकोषीय घाटे की बढ़ती हुई प्रवृत्ति तथा राजस्व आधिक्य की गिरती हुई प्रवृत्ति को प्रदर्शित करता है।

ग्राफ 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

निष्कर्ष - सरकार के राजस्व आधिक्य में अध्ययन के वर्षो में 87 प्रतिशत की गिरावट रही, प्राथमिक घाटे में 10 गुना वृद्धि हुई जबकि राजकोषीय घाटे में 7.5 गुना वृद्धि दर्ज हुई। उक्त तीनों स्थितियाँ वित्तीय संकट का संकेत देती है। सरकार का राजस्व आधिक्य वर्ष 2006-07 में 3331.68 करोड़ था जो वर्ष 2015-16 में मात्र 437.27 करोड़ रह गया। इसी प्रकार राजस्व आधिक्य का राज्य सकल घरेलु उत्पाद से अनुपात वर्ष 2006-07 में 2.6 प्रतिशत से कम होकर वर्ष 2015-16 में नाममात्र का होकर 0.07 प्रतिशत रहा। राजस्व आधिक्य में निरन्तर गिरावट का होना यह प्रदर्शित करता है कि सरकार की राजकोषीय स्थिति में राजस्व आधिक्य के स्थान पर राजस्व घाटे की ओर प्रवृत्ता हो रही है। प्राथमिक घाटा वर्ष 2006-07 में 1214.72 करोड़ था जो वर्ष 2015-16 में 12574.94 करोड़ हुआ। प्राथमिक घाटे में अध्ययन अवधि के दौरान 10 गुना वृद्धि प्रदर्शित हुई जो यह प्रकट करती है कि सरकार बड़े हुए व्ययों की पूर्ति नये ऋण लेकर कर रही है। सरकार का राजकोषीय घाटा वर्ष 2006-07 में 2814.23 करोड़ था जिसमें निरन्तर वृद्धि होकर यह 21166.89 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व घाटे का राज्य सकल घरेलु उत्पाद से अनुपात वर्ष 2006-07 में 2.2 प्रतिशत के मुकाबले 2015-16 में 3.49 प्रतिशत तक वृद्धि लिये रहा। इस प्रकार राजकोषीय घाटे में निरन्तर वृद्धि प्रदर्शित कर रही है कि सरकार बढ़े हुये व्ययों की पूर्ति नये ऋण लेकर कर रही है तथा सरकार का ऋण भार निरन्तर बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2015-16 में राजकोषीय घाटा सरकार द्वारा निर्धारित राजकोषीय संवहनीयता की सीमा 3.5 प्रतिशत के बराबर रहा। यह स्थिति सरकार के लिये वित्तीय संकट की ओर संकेत करती है। जिसे सरकार व्ययों में मितव्ययता लाकर नियंत्रित कर सकती है। सरकार को वित्तीय घाटा पूरा करने के लिये अब ओर नये ऋण लेना नये वित्तीय संकट को जन्म देना है।

सुझाव :

1. अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिये वित्तीय समेकन आवश्यक है। अत: राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों का युक्तियुक्तकरण किये जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में यह सुझाव है कि राजकोषीय घाटे की एक निश्चित लक्ष्य अथवा सीमा तय न करके एक श्रेणी अथवा दायरा तय किया जाना चाहिए, जिसके भीतर ऋण संसाधन जुटाये जाये अथवा संभव ना होने पर खर्चो में कटौति की जाए। क्योकि तेजी से बदलते परिवेश में सरकार के पास नीतिगत फैसले लेने के लिय पर्याप्त आर्थिक गुंजाइश होनी चाहिये।
2. वर्तमान समय में ऋणों पर ब्याज दरें कम हुई है, पूँजी लागत घटी है। अत: इस वातावरण में राजकोषीय घाटे के निर्धारित लक्ष्यों से विचलन कम करने के लिए एक राजकोषीय समानीकरण कोष (Fiscal Equalisation Fund) के निर्माण का सुझाव दिया जाता है जिसमे सरकार राजस्व आय का एक निश्चित प्रतिशत इस कोष में जमा करे तथा कोष की राशि को पुन: तरल प्रतिभूतियों में निवेशित किया जाये ताकि संकट के समय इस राशि का प्रयोग किया जा सके।
3. सरकार को विकासात्मक कार्यो के वित्तीयन के लिये पृथक से पूंजी - बजट निर्मित करना चाहिये जिसमें प्राथमिकता के आधार पर वित्तीय संसाधनो का आबंटन सुनिश्चित हो साथ ही ऋण साधनों से वित्त पोषण का अनुपात भी पूर्व निर्धारित हो।
4. राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करने के साथ -साथ राजकोषीय घाटे की गुणवत्ता को भी सुधारना आवश्यक है।
5. अनिश्चित वैश्विक माहौल में विकास की गति बनाये रखने हेतु साख बनाये रखना और ऋण पर नियत्रंण रखना आवश्यक है अत: सरकार को अपने बजट संसाधनो की कार्य कुशलता में सुधार करके अथवा गैर कर राजस्व के नये स्त्रोतो की खोज करके अपनी राजकोषीय गुंजाइश को बढ़ाना चाहिए।
6. अर्थव्यवस्था की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए आयोजना व्ययो के वित्तीयन में सार्वजनिक - निजी भागीदारी (Public-Private Partnership) संबंधी दिशा-निर्देशों पर विचार करना चाहिए। आयोजित विकास के लिये पर्याप्त संसाधन बजटीय स्त्रोतों से उपलब्ध होना संभव नहीं है। अत: औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास के लिये निजी क्षेत्र को आमंत्रित किया जाना चाहिये।
7. आर्थिक वृद्धि को बल देने के लिये सरकार आवश्यकतानुसार उँचे राजकोषीय घाटे पर भी विचार कर सकती है। इस प्रकार का निर्णय सरकार देश/प्रदेश की स्थिति को ध्यान में रखकर कर सकती है। वर्तमान समय में ऋणों पर ब्याज दरें कम हुई है, पूँजी लागत घटी है। अत: इस वातावरण में सरकार राजकोषीय लक्ष्यों का विकास के लिए विवेकपूर्ण विस्तार करे तो कोई नुकसान नहीं है।
8. चौदहवें वित्त आयोग की अनुशंसानुसार राज्यों को बजट घाटा अनुदान तथा राज्य आपदा राहत कोष के लिये सहायता अनुदान का प्रावधान है। अत: इस संबंध में यह सुझाव दिया जाता है कि जिन राज्यों में राजस्व आधिक्य की स्थिति है उन्हें राजस्व आधिक्य का अनुदान देकर प्रोत्साहित किया जाना चाहिये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. म.प्र. सरकार के बजट प्रतिवेदन वर्ष 2006-07 से 2015-16
2. भारतीय लोक वित्त सांख्यिकी, 2014-15, 2015-16
3. आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2014-15, 2015-16
4. तेरहवे वित्त आयोग की रिपोर्ट, वित्त मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली
5. चौदहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट, वित्त मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली
6. वित्तीय क्षेत्र विधायी सुधार आयोग (2013) की रिपोर्ट, वित्त मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली
7. वार्ष्णेय, जे.सी., राजस्व, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा, 2005
8. पंत, जे.सी., लोक अर्थशास्त्र, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, आगरा, 2014

तालिका : 1 – म.प्र. सरकार की बजट घाटों की स्थिति (करोड़ में)

प्रवर्ग/वर्ष	2006 –07	2007 –08	2008 –09	2009 –10	2010 –11	2011 –12	2012 –13	2013 –14	2014 –15	2015 –16
राजस्व आधिक्य	3331.68	5087.62	4063.33	5497.8	6842.6	9910.37	7458.75	5879.48	6267.97	437.27
प्राथमिक घाटा	1214.72	1406.85	241.61	1744.62	223.07	561.41	3846.55	3489.97	4580.34	12574.94
राजकोषीय (वित्तीय) घाटा	2814.23	2783.92	4433.6	6198.92	5272.02	5861.18	9420.29	9881.29	11651.59	21166.89
राज्य सकल घरेलु उत्पाद (वर्तमान मूल्यों पर)	128202	142500	162525	216958	271681	315387	361874	450900	508006	607269
राजस्व आधिक्य का प्रतिशत जीएसडीपी से	2.6	3.57	2.5	2.53	2.52	3.14	2.06	1.3	1.23	0.07
राजकोषीय घाटे का प्रतिशत जीएसडीपी से	2.2	1.95	2.73	2.86	1.94	1.86	2.6	2.19	2.29	3.49

स्त्रोत: मध्यप्रदेश सरकार के बजट प्रतिवेदन सत्र 2006–07 से 2015–16

तालिका : 2 – म.प्र. सरकार की बजट घाटों का प्रवृति (प्रतिशत में)

प्रवर्ग/वर्ष	2006 –07	2007 –08	2008 –09	2009 –10	2010 –11	2011 –12	2012 –13	2013 –14	2014 –15	2015 –16
राजस्व आधिक्य	100.00	153	122	165	205	297	224	176	188	13
प्राथमिक घाटा	100.00	116	20	144	18	46	317	287	377	1035
राजकोषीय (वित्तीय) घाटा	100.00	99	158	220	187	208	335	351	414	752
राज्य सकल घरेलु उत्पाद (वर्तमान मूल्यों पर)	100.00	111	127	169	212	246	282	352	396	474



ग्राफ 1 ; म.प्र. सरकार के राजस्व आधिक्य, राजकोषीय घाटे एवं प्राथमिक घाटे की तुलनात्मक स्थिति (राज्य सकल घरेलु उत्पाद से प्रतिशत)





ग्राफ 2 : म.प्र. सरकार के राजकोषीय घाटे व सकल घरेलु उत्पाद की तुलनात्मक प्रवृत्ति

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

भारतीय इतिहास में मृण्मूर्तिकला का धार्मिक विवेचना

ईश्वर लाल चौहान *

शोध सारांश – भारतीय इतिहास का मुख्य आधार सभ्यता रही है। इसका मुख्य कारण गुप्त शासन काल में भी कई उदाहरण मिलते हैं। इसके मध्य उज्जयिनी से लेकर पाटलीपुत्र तक का विस्तृत यह देश बहुतायत में गाँवों का एक नगर जाल था। इसके सबसे पहले छोटे-छोटे ग्रामों से एक बड़े नगर का निर्माण होता है। दूसरी तरफ इन्हीं नगरों के समूहों से एक महानगर निर्मित होता है। जबकि भारतीय इतिहास में मिट्टी की मूर्तियों का धार्मिक महत्व भी एक सामाजिक औचित्य के रूप में उभर कर सामने आते हैं। इसकी सम्पन्नता का सबसे बड़ा स्वर भी गुप्त वंश में ही दिखाई देता है।

प्रस्तावना – मृण्मूर्तियाँ लोक कला का भी आधार मानी जाती है। इन मूर्तियों में धार्मिक मूल्य छिपे हुए है। यह परम्पराऐं हड़प्पा कालीन समय से विद्यमान है। जहाँ धार्मिक क्रिया-कलापों के माध्यम से रीति-रिवाज आदि की जानकारी पुरातत्वों के आधार पर की जा सकती है। 'दुर्ग और नगर दोनों क्षेत्रों में कुछ इमारतें मिली हैं जिन्हें कतिपय विद्वान मंदिर मानते हैं।'[1]

मध्यप्रदेश में मौर्य शासन काल में भी कला की समृद्ध का प्रमाण मिलता है। इसके साथ-साथ भारत भूमि मृण्डमूर्तियों का धार्मिक महत्व अत्यधिक विस्तृत हो जाता है। देश के अनेक भागों से मौर्य काल की अद्वितीय मूर्ति कला के अवशेष प्राप्त होते हैं। इसके सम्बन्ध में कला को दो भागों में विभक्त किया है। जिनकी मान्यताओं ने धार्मिक स्वरूप पा लिया। पहली तो राजकीय कला दूसरी लोक कला, राजकीय कला का उल्लेख विदिशा के निकट साँची से सम्राट अशोक के शासन काल में एक पाषाणस्तम्भ के रूप में मिलती हैं। जिस पर चार सिंह पीठ सटाए बैठे हैं। एक बाराबर पर्वत के पाषाण से निर्मित यह स्तम्भ-मूर्ति की अनोखी छठा दिखाई दे रही है।

प्रविधि – इस शोध पत्र में प्राथमिक एवं द्वितीयक शोध सामाग्री के आधार पर शोध पत्र विषय **भारतीय इतिहास में मृण्मूर्तिकला का धार्मिक विवेचना** के रूप में अध्ययन किया गया है। सन्दर्भित करने के लिए विदेशी यत्रियों के यात्रा वृतांतों का भी सहारा लिया गया है। जिस प्रकार से मेगस्थनीज, फाह्यान, हेनसांग, अलबरूनी आदि के साथ-साथ पत्र-पत्रिकाओं के यथा उचित स्थान पर सन्दिर्भित किया गया है।

समस्या :

1. उच्च गुणवत्ता युक्त मिट्टी की समस्या।
2. मृण्मूर्तियों को निर्मित करने में कुशल कारीगर की समस्या।
3. मृण्मूर्तियों में देवताओं के स्पष्ट चित्रकांन की समस्या।
4. इन्हें विक्रय हेतु उचित मूल्य के बाजारों की समस्या।
5. इन कार्यों को निर्मित करने वाले दक्ष कर्मचारियों की समस्या।
6. मृण्मूर्तियों में धार्मिक मूल्यों के क्षरण की समस्या।

उद्देश्य :

1. मृण्मूर्तियों के निर्मित करने वाले कुशल कारीगर के मनोवैज्ञानिक विश्लेषण।
2. मृण्मूर्तियों से उत्पन्न होने वाले सौन्दर्य का अध्ययन।
3. मृदा की उच्च गुणवत्ताओं से निर्मित मूर्तियों का अध्ययन।
4. मृण्मूर्तियों में आस्था के केन्द्र के रूप में धार्मिक मूल्यों का अध्ययन करना।

वैदिक काल के पश्चात् भी भारतीय संस्कृति और इतिहास की जानकारी को एकत्रित करने के लिए महाभारत, रामायण, पुराणों और जनश्रुतियों के माध्यम से होने वाले साधन से मृण्मूर्तियों का साधन वन गई है। जिसका मूल मृण्मूर्तिकला के माध्यम से धार्मिक मूल्यों को संजोया जा सकता है। जबकि कुछ विद्वानों का मानना है कि वैदिक साहित्य में मृण्मूर्तियों को लेकर कुछ भ्रांतियाँ विद्यमान है। जबकि मूर्तकला का पक्ष धार्मिक क्रियाकलानों की ओर प्रेरित करता है।

समाधान – मध्यप्रदेश का छठीं शताब्दी ई.पू. के आसपास महत्व और अधिक बढ़ गया। इसके अन्तर्गत अवन्ति, वत्स, चेदि के महाजनपदों का साम्राज्य स्थापित था। इस उल्लेख का प्रमाण पुराणों, अनुश्रुतियों एवं अनेक धर्म ग्रन्थों में भी उपलब्ध होता है। जिस प्रकार से बौद्ध धर्म का अहिंसा सिद्धान्त भी मृण्मूर्ति के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी कारण बौद्ध धर्म को अहिंस प्रधान सिद्धान्त के रूप में माना जा सकता है। धार्मिक तथ्यों के आधार पर बौद्ध धर्म में युद्ध और सैनिक शक्ति की ओर प्रोत्साहित नहीं करता है। इसका प्रमाण परवर्ती बौद्धों ने गुप्त सम्राट को अहिंसा सिद्धान्त को अपनाया है। जबकि गुप्त वंश के बराबर कोई भी साहस वीरता का परिणाम में संजोने का प्रयास किया है।

'बौद्ध धर्म की अहिंसा और दया के आधार पर गुप्त नरेश बालादित्य ने नृशंस हूण आक्रांता मिहिरकुल को बंधन मुक्त कर जीवनदान दे दिया।'[2] इन मृण्मूर्तियों को धार्मिक इमारतों के न होने का कारण भौतिकवादी दृष्टिकोण कहा जा सकता है। प्राचीन विश्व की संस्कृति ने अन्य संस्कृतियों का परिणाम इन लोक गाथाओं को न समझने के कारण है। क्योंकि आज भी कुल देवताओं की मिट्टी की मूर्तियों को ग्रामीण व्यक्तियों द्वारा घर के एक निश्चित स्थान में रखते हैं। मिट्टी का धूरसा के रूप में स्थापित करते हैं। मानवीय जीवन में उन्हें ही जीवन रक्षक और देवता के रूप में स्वीकार करते हैं। उनकी मान्यताओं आदि को रूपित करते हैं। ऐसा प्रमाण आज भी ग्रामीण व्यक्तियों में पाया जाता है। जबकि उनकी जगह में चाहे तो पत्थर की भी मूर्तियाँ रखी जा सकती है। किन्तु मिट्टी की मूर्तियाँ आज भी विद्यमान है। इसका प्रमाण

* शोधार्थी, प्रा.भा.इ.सं एवं पुरातत्व अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

इतिहासकार देते हैं।

'इतिहासकारों ने इन मूर्तियों को मातृदेवी की मूर्ति माना है।'[3] इनके मानने का मूल कारण मूर्तियों का अलंकृत होना है। इसी कारण इतिहासकारों ने इन मूर्तियों को मातृदेवी की मूर्ति माना है। इन मातृदेवी की पूजा-पद्धति का प्रारम्भ हड़प्पा काल से प्राप्त होती है। कुछ ऐसे भी जगह हैं जहाँ मातृदेवी की एक भी मूर्तियाँ नहीं मिलती है। इनमें से कुछ को मूर्तियों के माध्यम से इंगित किया गया है कि गर्भिणी, आटा गुड़ते हुए, कुछ बच्चे को लिये हुए। कुछ स्त्रियों की मूर्तियों के चित्रांकन से पता चलता है कि स्तनपान करा रही है। ऐसे अनेकों उदाहरण मूर्तियों में प्राप्त होते हैं। जिस प्रकार से शुंग युग में भरहुत और साँची के स्तूपों की वेदिकाएँ बनीं हुई प्रदर्शित होती है। इनके तोरण द्वार बने हैं और उन पर कलात्मक सौन्दर्य बिखर गया। जनभावना में यक्ष-नाग इत्यादि जो लोकदेवता के रूप में आसीन माना जाता है। उसी प्रकार मिट्टी के भी मूल स्वरूप जैसा ही चित्रांकन किया गया है। इसका आकार उस मूल देवता की आकृतियों के अनुरूप बनाया गया है। मध्यप्रदेश के विदिशा के समीप उदयगिरी नामक पहाड़ी पर कनिंघम को कई मौर्य-शुंगयुगीन अवशेष प्राप्त होते हैं। जिनका संरक्षण ग्वालियर संग्रहालय में सुरक्षित किया गया है।

'पीला चित्रित मृद्भाण्ड न तो रगड़ कर चमकाया गया है और न काँच की तरह चमकाया गया है। बर्तनों पर पकाने के बाद चित्रण किया या था। चित्रण गेरू,जिस में भूरे एवं बैगनी रंग का मिश्रण है।'[4]

कुषाणों एवं गुप्तों का प्रमाण अभिलेख के रूप में दो ही स्थानों पर मिलता है। पहला तो साँची व दूसरा जबलपुर भेड़ाघाट से मिले हैं। लेकिन मृण्मूर्तियाँ की संख्या बहुत कम मिलती है। इसका मूल कारण है कि मिट्टी की मूर्तियाँ बारिस के दिनों में खत्म हो जाती हैं (पिघल जाती है) इन मूर्तियों का मूल केन्द्र मथुरा में मिलता है। गुप्तों में मृण्मूर्ति कला को संरक्षण प्रदान किया। मध्यप्रदेश के अधिकांश जिलो में उसके साक्ष्य प्राप्त होते हैं। जिस प्रकार से उदयगिरी पहाड़ी पर अनेक मृण्मूर्तियाँ प्राप्त हुई है। उदयगिरी, विदिशा, साँची, भरहुत, देउर कोठार आदि में मिट्टी के मूर्तियाँ, ईटों में चित्रांकन और बर्तन आदि प्राप्त हुए है। इसके साथ ही बाघ, होशंगाबाद, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर आदि भी इसके केन्द्र रहे हैं। किन्तु इनका सृजन उस प्रकार से नहीं हो सका। जहाँ पर मूलता स्वरूपों में पाये जाते हैं।

एक मूर्तिकार के मानसिक चेतना किसी भी मूर्ति को बनाने के लिए कल्पित होती है। उसी प्रकार उस स्वभाव की मूर्तियों का निर्माण करता है। जिसकी आकृति उसके दिमाग में बनी हुई है। इस प्रकार के मूर्तिकला का निर्माण करने में निपुण थे। वह मूर्ति चाहे देवता की हो या पशुओं, जीव-जन्तुओं आदि के आधार पर बनाते हैं। मानव, पशु, देवता या खिलौने की मूर्तियों का निर्माण करते ही। उस शिल्पकार के मन में अनेकों मूर्तितयों का भण्डारण होता है। उसको जिस रूप में चाहता है उसे डाल देता है। जिस प्रकार से धार्मिक आस्था से जुड़ी दसहरा के अवसर पर दुर्गा की मूर्ति एक मूर्तिकार सौन्दर्य परक आकर्षण की मृण्मूर्तियों को निर्मित करता है। वहीं मूर्ति की विशिष्ट जन और धार्मिक प्रयोजन के कारण आभूषणों से सज्जित करके आर्थिक लाभ भी कमाते हैं।[5]

आज भी यह धार्मिक परम्पराओं और मान्यताओं के रूप में दुर्गा की मूर्तियों की स्थापना रामनवमी के अवसर पर किया जाता है। अनेक आभूषणों से सजी-धजी अनेक रंगों से चित्रित अनेक सौन्दर्य परक आकृतियाँ भी मानव निर्मित बनाई गई है। इसके साथ-साथ प्राचीनतम परम्पराओं को इन मूर्तियों के कलात्मक पक्ष से इतिहास को याद दिलाता है। इन मूर्तियों के ऐसे प्रमाण भी मिलते है।[6] जिनका निर्माण स्थाई और आस्थाई तौर भी निर्मित की गई है। इसके निर्माण में बालू, गोबर, पिस्ट, चावल के चूर्ण, खड़ी, पीली मिट्टी, घोड़े की लीद आदि से बनायी जाती थी। लेकिन वर्तमान समय में इसका परिदृश्य ही बदल गया है। जिसका मूल स्वरूप ग्रामीण ईलाकों में ही आज भी स्थापित और निर्मित दिखाई देती है।

निष्कर्ष - इतिहास मृण्मूर्ति कला के प्राचीन परम्पराओं के रूप में धार्मिक स्वरूप को याद दिलाता है। इन्हीं कारणों से जितने भी राजाओं ने इस राष्ट्र का संचालन किया। उन्होंने उतने ही प्रकार के परिवर्तन की दिशा दिया। कुछ तो इन धार्मिक रूढ़ियों और परम्पराओं को नष्ट करने का प्रयास किया और कुछ ने इन धार्मिक परम्पराओं को पल्लवित करने का प्रयास किया है। ऐसा उदाहरण ऐतिहासिक काल से प्राप्त होते है। मृण्मूर्तिकला का राजकीय संरक्षण के द्वारा निर्मित कला का निर्माण शिल्पकारों ने किया है। उसका प्रमाण स्थानीय शैलियों के विकासित मृण्मूर्ति कला में दिखाई पड़ता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अंशुमान द्विवेदी, ***हड़प्पा सभ्यता एवं संस्कृति,*** ज्ञान भारती पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, इलाहाबाद, 2001, पृष्ठ 47
2. बी.एन. लुणिया, ***गुप्त साम्राज्य का राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास,*** कमल प्रकाशन, इन्दौर, 1974, पृष्ठ 429
3. अंशुमान द्विवेदी, ***हड़प्पा सभ्यता एवं संस्कृति,*** ज्ञान भारती पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, इलाहाबाद, 2001, पृष्ठ 46
4. अभिनय सत्यदेव, ***भारतीय पुरातत्व के मूल तत्व,*** भवदीय प्रकाशन, श्रृंगारहाट, अयोध्या, फैजाबाद, उ.प्र. 2002, पृष्ठ 70
5. डॉ. राय गोविन्दचन्द, ***प्राचीन भारतीय मिट्टी के बर्तन,*** पुरातत्त्व, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1960, पृष्ठ 80
6. डॉ. श्रीभगवान सिंह, ***गुप्तकालीन हिन्दू देव-प्रतिमाएँ,*** प्रथम खण्ड, रामानन्द विद्या भवन, दिल्ली, 1982, पृष्ठ 65

****

म.प्र. सरकार की लोक आय का अध्ययन व विश्लेषण

डॉ. चन्द्रप्रकाश पँवार *

प्रस्तावना – लोक आय लोक वित्त अथवा राजस्व (Public Finance) का दूसरा महत्वपूर्ण अंग है। वर्तमान समय में लोक व्ययों में हो रही वृद्धि को देखते हुए लोक आय के परिमाण एवं महत्व में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, सफलता तथा लोकप्रियता लोक आय पर ही निर्भर होती है। सरकारों की कुशल राजकोषीय नीति सार्वजनिक व्ययों के विरुद्ध सार्वजनिक आय तथा सार्वजनिक ऋणों में संतुलन करके वित्तीय घाटों पर नियंत्रण रखती है तथा अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करती है।

लोक आय अथवा सार्वजनिक आय (Public Revenue) से आशय किसी वित्तीय वर्ष में सरकार को विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त होने वाली कुल प्राप्तियों से है जो राजस्व प्राप्तियाँ (Revenue Receipt) एवं पूंजीगत प्राप्तियाँ (Capital Receipts) में विभाजित की जाती है। प्रस्तुत शोध पत्र में म.प्र. सरकार की लोक आय की विभिन्न मदों का तुलनात्मक अध्ययन व विश्लेषण किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य – प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित तीन उद्देश्य रहे।

1. म.प्र. सरकार की लोक आय के विभिन्न स्त्रोतों का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. लोक आय की प्रवृत्ति का अध्ययन करना।
3. राजस्व प्राप्तियों व पूंजी प्राप्तियों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

अध्ययन अवधि – शोध पत्र की अध्ययन अवधि वर्ष 2006-07 से 2015-16 तक 10 वर्ष की रही।

प्रयुक्त चल – राजस्व प्राप्तियां, पूंजी प्राप्तियां, कर राजस्व, कर भिन्न राजस्व, लोक ऋण, लोक लेखों से प्राप्तियां।

समंक संग्रहण – प्रस्तुत शोध अध्ययन में म.प्र. शासन के संबंधित वर्षो के बजट प्रतिवेदन मे उपलब्ध द्वितीयक समंकों का प्रयोग किया गया है।

म.प्र. सरकार की लोक आय का अध्ययन व विश्लेषण – लोक आय के अंतर्गत सरकार की कुल बजट प्राप्तियाँ अर्थात राजस्व प्राप्तियाँ एवं पूँजीगत प्राप्तियाँ सम्मिलित होती है। म.प्र. सरकार की वर्ष 2006-07 से वर्ष 2015-16 तक की राजस्व प्राप्तियों एवं पूँजी प्राप्तियों को विश्लेषण तालिका 1, 2, 3 के द्वारा तथा ग्राफ 1 से 6 के द्वारा प्रदर्शित किया गया है। तालिका 1 म.प्र. सरकार की बजट प्राप्तियों यथा राजस्व प्राप्तियों एवं पूंजीगत प्राप्तियों की तुलनात्मक स्थिति को प्रदर्शित करती है। तालिका 2 में बजट प्राप्तियों को प्रवृत्ति प्रतिशत के रुप में प्रदर्शित किया गया है। तालिका 3 में बजट प्राप्तियों की मदो को प्रतिशत के रुप में प्रदर्शित किया गया है। उक्त तालिकाओं में सम्मिलित राजस्व प्राप्तियों तथा पूँजीगत प्राप्तियों का विवेचन इस प्रकार किया गया है।

A. राजस्व प्राप्तियाँ – राजस्व प्राप्तियों के अंतर्गत वे आय सम्मिलित होती है जिनका संबंध चालू वर्ष से होता है तथा इनके बदले में सरकार को कोई भुगतान नहीं करना होता है। तालिका 1 के अनुसार राजस्व प्राप्तियों के तीन स्त्रोत है यथा -कर राजस्व (राज्य कर व केंद्रीय करों में हिस्सा), कर भिन्न राजस्व, केंद्र से सहायता अनुदान।

कर राजस्व : कर राजस्व के रुप में प्रदेश सरकार को राज्य द्वारा लगाये गये करों से तथा केंद्रीय सरकार द्वारा करों में प्राप्त हिस्से से आय होती है। वर्ष 2006-07 में कर राजस्व के रुप में राज्य की आय रुपये 18561.67 करोड़ रुपये थी जिसमें अध्ययन अवधि में निरंतर वृद्धि होकर यह वर्ष 2015-16 में रुपये 80615.78 करोड़ रुपये रही। इसमें अध्ययन अवधि के दौरान 4.34 गुना वृद्धि प्रदर्शित हुई जो कि तालिका 5.2 द्वारा प्रदर्शित है। तालिका 5.3 के अनुसार कुल राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व का हिस्सा वर्ष 2006-07 में 72.24 प्रतिशत था जो अध्ययन अवधि के अंतिम वर्ष में अल्प उच्चावन के साथ 72.54 प्रतिशत रहा अर्थात कर राजस्व एवं राजस्व प्राप्तियों में समानानुपात में वृद्धि हुई।

राज्य कर :- वर्ष 2006-07 में कर राजस्व के रुप में राज्य कर से 10472.2 करोड़ रुपये तथा केंद्रीय करों में हिस्से के रुप में 8089.47 करोड़ रुपये की प्राप्तियाँ थी जो वर्ष 2015-16 में बढ़कर 40910 करोड़ रुपये तथा 39705.78 करोड़ रुपये रही जिसमें अध्ययन अवधि के दौरान क्रमश: 391 प्रतिशत तथा 491 प्रतिशत की वृद्धि प्रवृत्ति प्रतिशत की तालिका 5.2 से प्रदर्शित होती है। वर्ष 2006-07 में राज्य कर एवं केंद्रीय करों का अनुपात कर राजस्व (72.27 प्रतिशत) का क्रमश:40.76 प्रतिशत तथा 31.48 प्रतिशत था जो वर्ष 2015-16 में समान अनुपात की ओर प्रवृत्त होकर क्रमश: 36.81 प्रतिशत तथा 35.73 प्रतिशत रहा जैसा कि तालिका 3 द्वारा प्रदर्शित होता है। यह प्रवृत्ति ग्राफ 1 द्वारा भी प्रदर्शित की गई है जिसमें राज्य कर की रेखा केन्द्रीय करों के हिस्सों की तरफ प्रवृत्त होकर अध्ययन के अंतिम वर्ष में साम्य स्थापित कर रही है।

ग्राफ 1 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 1 व 2 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

कर भिन्न राजस्व – तालिका 1 के अनुसार वर्ष 2006-07 में रुपये 2658.46 करोड़ की प्राप्तियाँ थी जो वर्ष 2015-16 में 9707.31 करोड़ रुपये हो गई। प्रवृत्ति प्रतिशत की तालिका 2 के अनुसार इसमें 365 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जो आय के अनय स्त्रोतों की तुलना में सर्वाधिक न्यून रही। वर्ष 2006-07 में कर भिन्न राजस्व कुल राजस्व का 10.35 प्रतिशत था जो वर्ष 2015-16 में कम होकर 8.74 प्रतिशत रह गया अर्थात कर राजस्व

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

की तुलना में कर भिन्न राजस्व की वृद्धि दर कम रही, जैसा कि तालिका 3 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है।

केंद्र से सहायता अनुदान – राज्यों को केन्द्रीय कर के हिस्से के अतिरिक्त विभिन्न केंद्र व राज्य की योजनाओं के लिये केंद्र से सहायता अनुदान प्राप्त होता है। तालिका 1 के अनुसार वर्ष 2006–07 में रुपये 4474.15 करोड़ रुपये का केंद्रीय सहायता अनुदान प्राप्त हुआ था जो वर्ष 2015–16 में 20807.57 करोड़ रुपये हो गया। इस मद में वर्ष 2006–07 के आधार वर्ष की तुलना में वर्ष 2015–16 की तुलना में 465 प्रतिशत वृद्धि प्रवृत्ति प्रतिशत की तालिका 2 द्वारा प्रदर्शित की गई है। तालिका 3 के अनुसार वर्ष 2006–07 में यह अनुदान अध्ययन के वर्षो में कुल राजस्व प्राप्तियों का औसत 17.41 प्रतिशत रहा। जबकि न्यूनतम वर्ष 2014–15 में 15.55 तथा अधिकतम 19.85 प्रतिशत वर्ष 2014–15 में रहा।

कुल राजस्व प्राप्तियाँ – अध्ययन काल में उक्त स्त्रोतों से कुल राजस्व प्राप्तियाँ 25694.28 करोड़ रुपये से बढ़कर 111130.7 करोड़ रुपये हो गई। तालिका 2 के अनुसार इनमें निंरतर वृद्धि की प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई जो वर्ष 2015–16 तक 433 प्रतिशत तक रही। तुलनात्मक रुप से यह वृद्धि सर्वाधिक केन्द्रीय करों से प्राप्त हिस्से व केन्द्रीय सहायता व अनुदान की रही जो क्रमश: 491 तथा 465 प्रतिशत थी। तीसरे व चौथे स्थान पर राज्य करों व कर भिन्न राजस्व से रही जो 391 प्रतिशत तथा 365 प्रतिशत थी। इस प्रकार राजस्व स्त्रोतों की तुलना में केंद्रीय स्त्रोतों की वृद्धि दर अधिक रही। राजस्व प्राप्तियों के चारों स्त्रोतों की तुलनात्मक स्थिति को ग्राफ 2 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है जिसमें वर्ष 2015–16 में राज्य के कर स्त्रोतों में वृद्धि केन्द्रीय कर स्त्रोतों के बराबर प्रदर्शित हो रही है किंतु राज्य के गैर कर राजस्व में यह वृद्धि अनुपातिक रुप से कम प्रदर्शित हुई है। आय के चारों स्त्रोतों की औसत वृद्धि की स्थिति को ग्राफ 3 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है।

ग्राफ 2 व 3 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

B. पूंजीगत प्राप्तियाँ : – पूंजीगत प्राप्तियाँ वे दीर्घकालीन प्राप्तियाँ होती है जिनका भुगतान आगामी वर्षो में करना होता है। तालिका 1 के अनुसार पूंजीगत प्राप्तियों के अंतर्गत विविध पूंजीगत प्राप्तियाँ तथा ऋण व अग्रिम की वसूली , शुद्ध लोक–ऋण, लोक लेखों से शुद्ध प्राप्तियाँ सम्मिलित है।

विविध प्राप्तियाँ/ऋण एवं अग्रिम की वसूली – तालिका 1 के अनुसार इस मद में अध्ययन के वर्षो में उच्चावचन की स्थिति रही। अध्ययन के दो वर्षो यथा 2011–12 एवं 2014–15 को छोड़कर शेष वर्षो में कुल पूंजी प्राप्तियों के 1 से 8 प्रतिशत तक रही। जैसा कि तालिका 3 द्वारा भी प्रदर्शित होता हैं वर्ष 2011–12 व वर्ष 2014–15 में इस मद में क्रमश: 9147.86 करोड़ रुपये व 6793.7 करोड़ रुपये की प्राप्तियाँ रही जो कि म.प्र. विद्युत वितरण कम्पनियो को राज्य सरकार द्वारा दिये गये ऋण के समायोजन क्रमश: 9085 करोड़ रुपये व 6693.68 करोड़ रुपये के कारण रही।

शुद्ध लोक–ऋण – कुल प्राप्त लोक–ऋणों में से भुगतान किये गये लोक–ऋणों को घटाने पर शुद्ध लोक–ऋण प्राप्त होता है। वर्ष 2006–07 में लोक–ऋणों की कुल प्राप्तियाँ 4602.97 करोड़ रुपये थी जो वर्ष 2015–16 में 23005.71 करोड़ रुपये हो गई। लोक–ऋणों में यह वृद्धि वर्ष 2010–11 में 2011–12 को छोड़कर निरन्तर परिलक्षित हुई जो तालिका 2 के अनुसार 500 प्रतिशत तक रही। इसी प्रकार लोक–ऋणों के भुगतान में भी निरन्तर वृद्धि की प्रवृत्ति रही जो वर्ष 2015–16 तक 311 प्रतिशत तक रही। भुगतान की यह प्रवृत्ति प्राप्तियों की तुलना में कम रही। लोक–ऋणों की प्राप्तियों एवं भुगतान की स्थिति को ग्राफ 4 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है। शुद्ध लोक–ऋण वर्ष 2006–07 में 2871.44 करोड़ रुपये थी जिसमें वर्ष 2015–16 तक 614 प्रतिशत वृद्धि (तालिका 2) होकर यह 17622.54 करोड़ रुपये हो गये। तालिका 2 के अनुसार लोक–ऋणों की प्रवृत्ति अध्ययन के प्रथम छ: वर्षो तक उच्चावचन की रही तथा अंतिम के चार वर्षो में निंरतर वृद्धि की रही। तालिका 3 पूंजीगत प्राप्तियों से लोक–ऋणों का प्रतिशत प्रदर्शित करती है। पूंजीगत प्राप्तियों में लोक–ऋणो का औसत 89 प्रतिशत रहा। सर्वाधिक कम 19.66 प्रतिशत (3600.46 करोड़ रुपये) वर्ष 2011–12 में रहा जो कि वास्तव में विविध पूंजीगत प्राप्तियों एवं ऋण एवं अग्रिम की वसूली मद में ऊंचा प्रतिशत होने के कारण रहा। तालिका 3 के अनुसार वर्ष 2006–07 व 2009–10 में लोक–ऋण कुल पूंजी प्राप्तियों के क्रमश: 119.21 प्रतिशत व 123.09 प्रतिशत रहे अर्थात लोक–ऋणों की मात्रा कुल पूंजी प्राप्तियों से अधिक रही अथवा इन वर्षो में लोक ऋण मद से लोक लेखा दायित्वों का भुगतान होना रहा। तालिका 1 व 2 वर्ष 2006–07 व वर्ष 2009–10 व वर्ष 2010–11 में लोक लेखों से दायित्व की राशियां ऋणात्मक होना प्रदर्शित कर रही है।

ग्राफ 4 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका 3 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

लोक लेखों से प्राप्तियां : इस मद के अंतर्गत राज्य भविष्य निधि, लघु बचत और आरक्षित निधियों से प्राप्तियाँ सम्मिलित होती है। तालिका 1 के अनुसार अध्ययन के वर्षो में लोक लेखों से शुद्ध प्राप्तियों की कोई निष्चित प्रवृत्ति प्रदर्शित नही हुई। वर्ष 2006–07, 2009–10, तथा वर्ष 2010–11 में लोक लेखा प्राप्तियाँ ऋणात्मक थी अर्थात सरकार ने इस मद से प्राप्तियों से अधिक राशि भुगतान की जिसका स्त्रोत लोक–ऋणों से प्राप्तियाँ रहा। वर्ष 2011–12, 2012–13 तथा 2013–14 में लोक लेखा से प्राप्तियाँ कुल पूंजी प्राप्तियाँ का लगभग एक तिहाई से अधिक रही। औसत रुप में लोक लेखा प्राप्तियाँ कुल पूंजी प्राप्तियों के 9.73 प्रतिशत रही।

कुल मिलाकर पूंजी प्राप्तियाँ जो वर्ष 2006–07 में 2408.66 करोड़ रुपये थी, बढ़कर वर्ष 2015–16 में 21282.74 करोड़ रुपये हो गई। तालिका 2 के अनुसार यह वृद्धि 8.4 गुना रही। पूंजीगत प्राप्तियों के तीन स्त्रोतों में सर्वाधिक हिस्सा 89 प्रतिशत (औसत) लोक–ऋणों का रहा जबकि लोक लेखा प्राप्तियाँ 9.73 प्रतिशत औसत रही। शेष प्राप्तियाँ विविध पूंजीगत प्राप्तियाँ, ऋण एवं अग्रिम की वसूली के अंतर्गत रही। पूंजीगत प्राप्तियों की स्त्रोतवार तुलनात्मक स्थिति ग्राफ 5 द्वारा भी प्रदर्शित की गई है। जिसमें वर्ष 2011–12 तथा 2014–15 में विविध पूँजीगत प्राप्तियों में असामान्य वृद्धि विद्युत वितरण कम्पनियों के ऋणों के समायोजन के कारण रही जबकि लोक लेखे की प्राप्तियाँ वर्ष 2006–07, 2009–10 तथा 2010–11 में ऋणात्मक रही तथा लोक ऋणों में सर्वाधिक वृद्धि अंतिम दो वर्षो में प्रदर्शित हुई।

ग्राफ 5 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

C. कुल प्राप्तियाँ – तालिका 1 के अनुसार वर्ष 2006–07 में कुल प्राप्तियाँ 28102.94 करोड़ रुपये थी जो वर्ष 2015–16 में 132413.4 करोड़ रुपये हो गई। तालिका 2 के अनुसार इन प्राप्तियों में निंरतर वृद्धि परिलक्षित हुई जो 471 प्रतिशत तक रही। तालिका 3 कुल प्राप्तियों में राजस्व प्राप्तियों तथा पूंजीगत प्राप्तियों के अनुपात को प्रदर्शित करती है जिसके अनुसार राजस्व प्राप्तियाँ व पूंजीगत प्राप्तियाँ क्रमश: 91.43 तथा 8.57 प्रतिशत थी जो वर्ष 2015–16 में 83.93 प्रतिशत तथा 16.7 प्रतिशत हो गई अर्थात कुल प्राप्तियों में शनै: शनै: पूंजीगत प्राप्तियों के अनुपात मे वृद्धि दर्ज हुई। इस प्रवृति को ग्राफ 6 द्वारा भी प्रदर्शित किया गया है।

ग्राफ 6 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

निष्कर्ष – शोध अध्ययन के निम्नलिखित निष्कर्ष रहे :

1. राजस्व प्राप्तियों के चार स्त्रोत है यथा राज्य कर, केन्द्रीय करों में हिस्सा, कर भिन्न राजस्व तथा केन्द्रीय सहायता अनुदान। राजस्व के उक्त चारों स्त्रोतो में सर्वाधिक वृद्धि की प्रवृत्ति 491 प्रतिशत केन्द्रीय करों से रही जबकि दूसरे क्रम पर केन्द्रीय सहायता अनुदान रहे जिनमें अध्ययन अवधि में 465 प्रतिशत की वृद्धि हुई। तीसरे तथा चौथे क्रम पर राज्य कर व कर भिन्न राजस्व रहे जिनमें क्रमश: 391 प्रतिशत तथा 365 प्रतिशत की वृद्धि रही। इस प्रकार वृद्धि की यह प्रवृत्ति राज्य के राजस्व स्त्रोतों के तुलना में केन्द्रीय स्त्रोतों में अधिक रही।
2. स्त्रोतवार कुल राजस्व प्राप्तियों से तुलना करने पर पाया कि वर्ष 2015-16 में सर्वाधिक योगदान कर राजस्व का था जिसमें राज्य करों से 36.81 प्रतिशत तथा केंद्रीय करों से 35.73 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हुआ था। तीसरे व चौथे क्रम पर क्रमश:केंद्रीय सहायता अनुदान तथा कर भिन्न राजस्व रहे जिनसे 18.72 तथा 8.74 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हुआ। कर राजस्व के दोनों स्त्रोतों की तुलना करने पर पाया कि अध्ययन अवधि में सर्वाधिक योगदान राज्य करों का रहा किंतु अध्ययन के अंतिम वर्ष में केंद्रीय करों से प्राप्तियों में वृद्धि होकर वह राज्य करों के समकक्ष रही।
3. राजस्व प्राप्तियाँ कुल प्राप्तियों से औसतन 87.43 प्रतिशत थी। प्रथम वर्ष में राजस्व प्राप्तियों का प्रतिशत 91.43 था जो अध्ययन के अंतिम वर्ष में कम होकर 83.93 प्रतिशत रहा। यह स्थिति प्रदर्शित करती है कि सरकार की पूंजी प्राप्तियों अर्थात ऋणों पर निर्भरता में वृद्धि हुई।
4. पूंजीगत प्राप्तियों में शुद्ध लोक-ऋणों की मात्रा 89 प्रतिशत जबकि लोक-लेखा दायित्व 9.73 प्रतिशत थे शेष राशि विविध पूंजीगत प्राप्तियाँ एवं अग्रिम से वसूली की रही।
5. लोक ऋणों की प्राप्तियों एवं भुगतान की प्रवृत्ति की तुलना करने पर पाया कि प्राप्तियों में अध्ययनकाल में पांच गुना वृद्धि की प्रवृत्ति रही जबकि भुगतान की प्रवृत्ति कम होकर लगभग तीन गुना थी।

सुझाव :

1. अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिये वित्तीय समेकन आवश्यकता है। विकास के नाम पर एफ आर बी.एम. के अधिनियम के प्रावधानों का युक्ति युक्तकरण किये जाने की आवश्यकता है इस संबंध में यह सुझाव है कि राजकोषीय घाटे को एक निश्चित लक्ष्य अथवा सीमा तय न करके एक श्रेणी अथवा दायरा तय किया जाना चाहिए। जिसके भीतर ऋण संसाधन जुटाये जाये अथवा संभव ना होने पर खर्चो में कटौति की जाए। क्योकि तेजी से बदलते परिवेश में सरकार के पास नीतिगत फैसले लेने के लिय पर्याप्त आर्थिक गुंजाइश होनी चाहिये।
2. राजकोषीय घाटे के निर्धारित लक्ष्यो से विचलन कम करने के लिए एक राजकोषीय समानीकरण कोष (Fiscal Equalisation Fund) के निर्माण का सुझाव दिया जाता है जिसमे सरकार राजस्व आय का एक निश्चित प्रतिशत इस कोष में जमा कर तथा कोष की राशि को पुन: तरल प्रतिभूतियों में निवेशित किया जाये ताकि संकट के समय इस राशि का प्रयोग किया जा सके।
3. सरकार को विकासात्मक कार्यो के वित्तीयन के लिये पृथक से पूंजी - बजट निर्मित करना चाहिये जिसमें प्राथमिकता के आधार पर वित्तीय संसाधनो का आबंटन सुनिश्चित हो साथ ही ऋण साधनों से वित्त पोषण का अनुपात भी पूर्व निर्धारित हो।
4. अनिष्चित वैश्विक माहौल में विकास की गति बनाये रखने हेतु साख बनाये रखना और ऋण पर नियत्रंण रखना आवश्यक है अत: सरकार को अपने बजट संसाधनो की कार्य कुषलता में सुधार करके तथा गैर कर राजस्व के नये स्त्रोतो की खोज करके अपनी राजकोशीय गुंजाइश को बढ़ाना चाहिए।
5. अर्थव्यवस्था की पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए आयोजना व्ययो के वित्तीयन में सार्वजनिक - निजी भागीदारी (Public-Private Partnership) संबंधी दिशा-निर्देशों पर विचार करना चाहिए।
प्रस्तावना – ऋण देने की परम्परागत बैंकिंग प्रक्रिया के दोषों को दूर करने के लिये भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 1998-99 में कृषकों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिये एक नवीन योजना प्रांरभ की गई। इस योजना का नाम किसान क्रेडिट कार्ड योजना है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना, कृषकों की अल्पकालीन वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने के उद्देश्य से तैयार की गई। यह साख निर्गमन की एक विशिष्ट योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि कार्यो में प्रयुक्त किये जाने वाले विभिन्न आदानों जैसे बीज, उर्वरक, दवाईयाँ, चालू कार्य हेतु नकदी तथा उत्पादन से संबंधित अन्य व्ययों की आपूर्ति हेतु आवश्वयक वित्त की व्यवस्था करना है।

किसान क्रेडिट कार्ड योजना की मुख्य विशेषताएँ :

1. सार्वजनिक क्षेत्र की 27 वाणिज्यिक बैंकों द्वारा यह योजना ज्यों की त्यों अगस्त 1998 में अपना ली गई थी।। शेष बैंकों द्वारा इस योजना में कुछ परिवर्तन कर अपनाया गया। दिसंबर 98 तक किसान क्रेडिट कार्ड योजना संपूर्ण देश में लागू हो गई है।
2. **किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त करने के लिये पात्र कृषक :–** ऐसे किसान जिनका बैंक के साथ पिछले 2-3 वर्षो का ट्रेक रिकार्ड अच्छा था, केवल उन्हीं कृषकों को ये कार्ड जारी किये गये थे लेकिन उसके पश्चात् बैंकों द्वारा अपनी नीति में परिवर्तन किया और योजना को गतिप्रदान करने के लिये सभी कृषकों को ये कार्ड इश्यु किये गये। इस उद्देश्य से विभिन्न बैंकों द्वारा प्रथम नीति अपनाई गई। बैंक ऑफ बडौदा द्वारा नये पुराने सभी ग्राहकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने की नीति अपनाई गई। सिन्डिकेट बैंक द्वारा सभी प्रकार के ग्राहकों को कवर करने के लिये अपनी सभी शाखाओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने सभी किसान ग्राहकों को अनिवार्यत: 5000 रुपये की क्रेडिट कार्ड जारी करें। इसी प्रकार इलाहाबाद बैंक, पंजाब तथा सिंध बैंक, पंजाब नेशनल बैंक ने क्रेडिट कार्ड जारी करने के न्यूनतम अनिवार्यता एक एकड़ सिंचित भूमि की रखी गई। किसान क्रेडिट कार्ड की संख्या में तेजी से वृद्धि करने के लिये कुछ बैंकों द्वारा ट्रेक्टर ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों को अनिवार्यत: किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये गये।
3. **न्यूनतम साख सीमा :–** भारतीय रिजर्व बैंक तथा नाबार्ड द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना का प्रारुप तैयार करते समय उन कृषकों के आवश्यकता 5000 रुपये या इससे अधिक थी। यद्यपि न्यूनतम ऋण सीमा की इस सीमा को जारी कर बाद में परिवर्तित कर दिया गया। अधिकांश बैंकों द्वारा यह भी निश्चित किया गया कि वे स्वयं कृषकों को स्थिति एवं उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर उन्हें स्वीकृत किये जाने वाले ऋण की सीमा का निर्धारण करेंगे। सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध स्वीकृत राशि का अवलोकन करने से यह भी स्पष्ट हुआ कि बैंकों द्वारा न्यूनतम ऋण सीमा राशि को 5000 से घटाकर 3000 रुपये कर दिया गया है और कुछ बैंकों द्वारा कृषकों में भूस्वामित्व की स्थिति, सिंचित भूमि क्षेत्रफल आदि बातों को ध्यान में रखकार कृषकों को स्वीकृत की जाने वाली ऋण सीमा का निर्धारण किया गया है।
4. **साख सीमा निश्चित करने के आधार :–** भारतीय रिजर्व बैंक तथा नाबार्ड द्वारा अनुशासित किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत कृषकों को साख सीमा स्वीकृत करने में मुख्यत: तीन आधार सुझाये गये थे –

(अ) कृषकों द्वारा धारित कृषि योग्य भूमि

(ब) फसल चक्र से जिला स्तरीय तकनीकी समिति अथवा राज्य स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा अनुशासित वित्तीय सीमा।

उन मामलों में जहां पर जिला स्तरीय अथवा राज्य स्तरीय तकनीकी समिति द्वारा कोई अनुशंसा नहीं की गई वहां पर संबंधित बैंकों को ऋण सीमा निश्चित करने हेतु अधिकृत किया गया है।

देश की अधिकांश बैंकों ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित प्रारुप के अनुसार ही ऋण स्वीकृत किये गये किंतु कुछ बैंकों द्वारा उपर्युक्त निर्धारित मॉडल में आवश्यक फेरबदल किये। इलाहाबाद बैंक और पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कृषि को समस्त साधनों से प्राप्त कुल आय के 50 प्रतिशत तक कार्ड सीमा निर्धारित की गई।

5. **मौसमी साख सीमा का निर्धारण :–** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड योजना का प्रारुप तैयार करते समय यह अनुशंसा भी की थी कि किसान क्रेडिट कार्ड सीमा का निर्धारण करते समय बैंक कृषक की संपूर्ण वर्ष की कृषि एवं गैर कृषिगत गतिविधियों को सम्मिलित किया जाता है, रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों को यह भी परामर्श दिया गया था कि उनके द्वारा कुल साख सीमा का निर्धारण करते समय मौसमी साख आवश्यकता का निर्धारण भी किया जाना चाहिये। इस प्रकार रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित योजना को अनुपालना एवं क्रियान्वयन हेतु देश की सभी बैंकों को जारी किया गया।
6. **वित्तीय सीमा एवं प्रतिभूमि मापदण्ड :–** किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के संबंध में सभी बैंकों द्वारा अपनी अपनी शाखाओं को प्रतिभूमि एवं मार्जिन के संबंध में प्रथम निर्देश जारी किये। बैंकों द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये कृषि अग्रिम के संबंध में पूर्व में जारी मापदण्डों के अनुसार ही किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये जावे।

किसान क्रेडिट कार्ड का पुनर्भुगतान तथा नॉन पर्फोमिंग असेट – किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत इस प्रकार साख प्रदान की जाती है कि 12

*प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

माह में प्रत्येक खाते का पुनर्भुतान हो सके अधिकांश: फसल कटाई अथवा विपणन सीजन को ध्यान में ड्यूडेट ज्ञात की जाती है। इसी कारण प्रत्येक बैंक अपनी शाखा को स्पष्ट निर्देश देती है कि किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत साख स्वीकृत करने से पूर्व उसके पुनर्भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए, जिला सहकारी बैंक केन्द्रीय बैंक के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड पुनर्भुगतान की अवधि 12 माह है जबकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा वाणिज्यिक बैंक की स्थिति में रबी की फसल के लिये 30 सिंतबर तक साख प्रदान की जाती है। इसी प्रकार खरीफ की फसल की दशा में पुनर्भुगतान 31 मार्च तक हो जाना चाहिये। इस प्रकार स्पष्ट है कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा वाणिज्यिक बैंक केवल 6 माह की अवधि का समय देते है। इस दौरान कृषक को पुनर्भुगतान की व्यवस्था करनी होती है। यदि किसी परिस्थिति में ऋण ओवरड्यू हो जाता है तो ब्याज अनुदान का लाभ आगे नहीं बढ़ाया जाता है और जिला सहकारी बैंक ऋण प्रदान करने की तिथि से 11 प्रतिशत की दर से ब्याज लगाती है और पेनल ब्याज उस दिनांक से लगता है जिस दिनांक से यह ऋण ओवरड्यू हुआ है। अध्ययन से ज्ञात होता है कि नॉन परफोर्मिंग असेट के नियम जिला सहकारी केन्द्रीय, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा वाणिज्यिक बैंक द्वारा उन्हीं निर्देशों पर होते है तो RBI ने इस संबंध में निश्चित किये है।

नये कृषकों को सम्मिलित करना – अध्ययन से ज्ञात होता है कि किसान क्रेडिट कार्ड धारकों में अधिकांश बहुमत 9 वर्षो से किसान क्रेडिट कार्ड सुविधाओं का लाभ उठा रहा है। इस वर्ग में लगभग 31 प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड धारक है लगभग 20 प्रतिशत धारक विगत सात वर्षो से किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधाओं का लाभ उठा रहे है। शेष सभी पांच वर्ष या कम वर्ष से किसान क्रेडिट कार्ड सुविधाओं का लाभ उठा रहे है। इससे यह बात प्रकट होती है कि प्रतिवर्ष एक निश्चित प्रतिशत कृषक संख्या किसान क्रेडिट कार्ड धारक बन रही है। अत: किसान क्रेडिट कार्ड आयोग ने किसान क्रेडिट कार्ड के लक्ष्य के प्रति सजग कदम उठाया तब से यह सुविधा कृषकों में अधिक लोकप्रिय हुई है और प्रतिवर्ष नये कृषक किसान क्रेडिट कार्ड योजना में प्रवेश ले रहे है।

साख पर्याप्तता – दिशा–निर्देशों के अनुसार किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत कृषक की समस्त साख आवश्यकताओं की पूर्ति होना चाहिए। अध्ययन से यह तथ्य सामने आया कि 48 प्रतिशत कृषक यह महसूस करते है कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत उन्हें जो साख स्वीकृत की गई थी वह पर्याप्त नहीं है। बैंकवार पर्याप्तता की बात करें तो जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के 60 प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड धारक यह मानते है कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में साख सुविधा उपलब्ध नहीं हुई। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के 44 प्रतिशत तथा वाणिज्यिक बैंकों के 34 प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड धारकों का मत है कि उन्हें उपलब्ध साख अपर्याप्त है। जोत के आधार पर अध्ययन यह बताता है कि लगभग 60 प्रतिशत से 65 प्रतिशत छोटे और सीमांत कृषक मानते है कि उनकी साख सीमा अपर्याप्त है जबकि 40 से 454 प्रतिशत मध्यम और बड़े कृषक मानते है कि उनकी साख सीमा आवश्यकता से कम है।

किसान क्रेडिट कार्ड की प्रभावशीलता तथा लाभ – कृषकों की मान्यता है कि किसान क्रेडिट कार्ड एक से अधिक कारणों से उनके लिये लाभदायक है। किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को इन तरीको से लाभ प्राप्त होता है।

1. पूर्व वर्ष के लिये फसल उत्पादन हेतु ऋण सुविधा का लाभ।
2. जब साख की आवश्यकता हो तब साख उपलब्ध हो जाती है।
3. रोकड़ के आहरण में लोच तथा किसी भी विक्रेता से क्रय करने की छूट।
4. पुनर्भुगतान सुविधा के साथ साचा की ब्याज दर कम होना।
5. बैंक ऋण प्राप्त करने के लिये लागत की कमी।
6. NASI/PAI में बीमा बहुत ही निम्न प्रीमियम पर।
7. पेपर कार्य कम होना।

इतना सब कुछ होने के बावजूद मैदानी अध्ययन के निष्कर्ष ऋणात्मक अधिक है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना यद्यपि साख आवश्यकताओं की पूर्ति करती है तथापि बड़ी सीमा तक यह पर्याप्त नहीं है। इसकी अवधि तीन वर्ष है किंतु प्रतिवर्ष पुनर्भुगतान करना आसान काम नहीं है। अध्ययन में यह भी निष्कर्ष आया कि बैंक किसान क्रेडिट कार्ड धारक को चेक बुक नहीं देती है अर्थात कृषक एक बार जाकर ही आहरण कर रहा है और योजना के उद्देश्यानुसार साख चक्र का लाभ नहीं उठा पा रहा है।

बैंकों को लाभ :

1. किसान क्रेडिट कार्ड के कारण बैंकों के कार्यभार में कमी हुई है क्योंकि ब्रांच स्टाफ को बार बार मूल्यांकन करने ऋण प्रक्रिया करने तथा पेपर कार्य में कमी आई है।
2. कोषों का सीसाईकिलिंग सुधरा है तथा ऋण वापसी अच्छी हुई है।
3. बैंकों की व्यवहार लागत कम हुई है।
4. बैंक ग्राहक संबंधो में सुधार हुआ है।

सुझाव – ग्रामीण विकास के लिये किसान क्रेडिट कार्ड एक आदर्श उपकरण है परंतु इसकी कुछ कमियां है।इन कमियों को दूर करने के लिये निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत है –

1. जागरुकता का निर्माण – ग्रामीण जनता कृषकों और यहां तक कि बैंक अधिकारियों में किसान क्रेडिट कार्ड के संदर्भ में जागरुकता कार्यक्रम योजना चलाये जाने चाहिए।

2. मध्यस्थों को हटाना – हितग्राहियों का कथन है कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत बिना मध्यस्थों के ऋण प्राप्त करना अत्यधिक कठिन है इतना ही नहीं ये मध्यस्थ अपनी सेवाओं केबदले बड़ी रकम कृषकों को चुकानी होती है यह व्यवस्था बदली जानी चाहिए इसके लिये बैंक की शाखाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर अथवा व्यक्तिगत रुप से संपर्क करके आवेदक को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किये जाने चाहिए।

3. फर्जी भूस्वामियों की पहचान – फर्जी भूस्वामियों की पहचान के लिये कड़े कदम उठाए जाने चाहिए इसके लिये किसान का संबंधित क्षेत्र में उचित डाटाबेस तैयार किया जाना चाहिए।

4. शेष रहे कृषकों का सर्वे – विभिन्न सीमान्त कृषकों जैसे बटाईदार, किरायेदार, मौखिक पट्टेदार आदि को ग्रामीण समाज में सर्वे करके पहचान करनी चाहिए।

5. स्टॉम्प ड्यूटी में कमी – वर्तमान समय में ऋण की स्टॉम्प ड्यूटी अत्यधिक है। यही कारण है कि बड़े ऋण बड़े कृषकों द्वारा ही लिये जाते है। जिनकी संख्या कम है अत: सरकार और बैंक को किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में न्यूनतम ड्यूटी निर्धारित करना चाहिए।

6. ब्याज दर में कमी – यदि ब्याज दर में कमी की जाती है तो सीमान्त और छोटे किसानों का इस योजना में प्रवेश आसान हो जायेगा।

उपसंहार – किसान क्रेडिट कार्ड योजना अनोखी और अद्वितीय है। इसने वित्तीय समावेशन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इससे किसानों और बैंकों दोनों को लाभ हुआ है परंतु कुछ ठोस कदम उठाना अभी भी शेष है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को वह महत्वपूर्ण भाग जो अभी भी इस योजना के लाभ

से वंचित है। उसे वित्तीय समावेशन में शामिल करने के प्रयास किये जाये और वित्तीय समावेशन के विकास के लाभ समाज, राष्ट्र और अर्थव्यवस्था को मिल सकें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नाबार्ड की प्रकाशित रिपोर्ट
2. कृषि की उच्चस्तरीय रिपोर्ट
3. विभिन्न बैंकों की रिपोर्ट
4. विभिन्न शोध अध्ययन
5. एस.एल.बी.सी. डॉक्यूमेंट (राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति)
6. अग्रणी बैंक द्धारा जारी रिपोर्ट
7. कृषि मंत्रालय के साख विभाग की रिपोर्ट
8. रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया ऑफ मुम्बई 2002–03 सर्वे
9. किसान क्रेडिट कार्ड नाबार्ड 1999
10. वार्षिक साख योजना – स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, जिला नीमच
11. व्यावसायिक अर्थशास्त्र – पी.सी. अग्रवाल, एम.डी. अग्रवाल, रमेश बुक डिपो, जयपुर
12. मुद्रा एवं वित्तीय प्रणालियाँ – जे.पी. मिल, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा
13. भारतीय अर्थव्यवस्था – डॉ. अनुपमगोयल – शिवलाल अग्रवाल एंड कम्पनी, इन्दौर

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

खाद्य संसाधन एंव विश्व आहार समस्या

डॉ. पी.डी. ज्ञानानी *

प्रस्तावना - खाद्य संसाधन - प्रकृति द्वारा प्रदत्त भूमि एवं जल संसाधनो का मनुष्य द्वारा उपयोग कर, उत्पन्न किये जाने वाले खाद्य पदार्थ या भोज्य पदार्थ खाद्य संसाधन कहलाते है। जीवन के लिए सभी जीवधारियों को भोज्य पदार्थो की आवश्यकता होती है। इस कारण संसाधन के रुप में खाद्यान्न मनुष्य एवं सभी सजीवों के लिये हमेशा महत्वपूर्ण रहे है या रहेंगे। मनुष्य के शरीर के लिए भोजन की आवश्यकता इस कारण होती है क्योंकि भोजन तत्व शरीर की वृद्धि करता है, उसको बनाए रखता है, शरीर के उत्तकों की मरम्मत करता है, शरीर की प्रक्रिया को नियमित करता है और ऊर्जा/शक्ति की पूर्ति करता है। शरीर को सुचारु रुप से संचालित करने हेतु जीवन तत्वों की आवश्यकता होती है। वह रासायनिक मिश्रण एवं तत्व जो मनुष्य के भोजन का निर्माण करते हैं, 6 प्रकार के होते हैं - प्रोटीन्स, कार्बोहाइड्रेट्स, वसा, खनिज, विटामिन्स एवं जल।

प्रारंभिक मानव अपने अधिकांश भोजन की पूर्ति प्रकृति प्रदत्त वस्तुओं, शिकार एवं जंगली वस्तुओं को एकत्रित कर दिया करता था, इस कारण खाद्यान्न उत्पादन कार्य गौण था, किंतु ईसा से लगभग 9000 वर्ष पूर्व कुछ आदिम मनुष्यों ने कुछ चारागाहों को साफ कर खाद्यान्न उत्पन्न करना प्रारंभ किया। लगभग 6000 ई. पूर्व खाद्यान्न उत्पादक ने नदियों के जल का सिंचाई हेतु उपयोग करना प्रारंभ कर दिया। मानव सभ्यता के विकास के साथ कृषि का विकास हुआ। 1500वीं शताब्दी के पश्चात कृषि कार्य का विश्व में सर्वत्र तीव्रता से विकास हुआ। इस समय मनुष्य ने अपने उपयोग हेतु पर्याप्त अन्न एवं अन्य खाद्य सामग्री का उत्पादन करना प्रारंभ किया। खाद्यान्न के रुप में सर्वप्रथम जौ और गेहूँ को उगाया, फिर धीरे-धीरे चावल, अन्य मोटे अनाज, दलहन एवं तिलहन, फल-सब्जी को पैदा करना प्रारंभ किया गया, उपरोक्त खाद्यान्न के अतिरिक्त माँस-मछली एवं दुग्ध उत्पादों का भी उपयोग किया जाने लगा।

मानव जाति को खाद्य संसाधन प्रकृति में तीन स्त्रोतों से प्राप्त होते है - (अ) पेड़, पौधों, वनस्पतियों से। इसके अन्तर्गत सभी प्रकार के अनाज, दलहन एवं तिलहन, साक-सब्जी, फल एवं बीज आदि प्राप्त होते है। (ब) प्राणियों से - सामान्यत: दूध, अण्डे, शहद, दुग्ध उत्पाद, माँस तथा मछली आदि खाद्य पदार्थ के रुप में प्राप्त होते है। (स) खनिज लवण - यह खाद्य संसाधन चट्टानों एवं जन के द्वारा प्राप्त किये जाते हैं। इसके अतिरिक्त जल भी मानव शरीर के लिये विभिन्न प्राकृति स्त्रोंतो से प्राप्त किया जाता है, जो कि उसके जीवन के लिये अति आवश्यक है। अत: प्रकृति मानव को खाद्य के भिन्न-भिन्न स्त्रोत प्रदान करती है। अर्थात फसल, पशुधन एवं जलीय स्त्रोतों के रुप में खाद्य सम्पदा प्राप्त होती है।

हरित क्रान्ति - हरित क्रान्ति का आशय कृषि के विभिन्न साधनों को उपयोग में लाकर कृषि उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि करता है। **जार्ज हारर (George Harrer)** के अनुसार — 'हरित क्रान्ति शब्द युग्म का सामान्यतया प्रयोग वर्ष 1966 में विभिन्न देशों भारत, फिलीपिन्स, श्रीलंका, पाकिस्तान, थाईलैण्ड आदि देशों में खाद्यान्नों के उत्पादन में होने वाली आश्चर्यजनक वृद्धि के लिये किया जाता है।' हरित क्रान्ति का मुख्य आधार नवीन उच्च उत्पादन वाले बीजों का प्रयोग है जिससे कृषक उसे 3 से 4 गुना तक अधिक उत्पादन कर सकता है। अर्थात हरित क्रान्ति का आशय कृषि उत्पादन में उस भारी वृद्धि से है जो कि थोड़े से समय में ऊँची उपज वाले बीजों एवं रासायनिक खाद की नई तकनीक के फलस्वरुप प्राप्त हो। ऊँची उपज वाले बीजों एवं रासायनिक खाद्य को सुमेल बनाने हेतु आधुनिक उत्पादन उपकरण सिंचाई सुविधाओं और कीटनाशक, रसायन/औषधियों का भी इसके अंतर्गत समावेश किया गया। कृषि उत्पादन वृद्धि हेतु एक मुस्त कार्यक्रमों **(Package Programmes)** को मूर्तरुप दिया गया।

सातवीं योजना के अंत तक भारतवर्ष खाद्यान्न के उत्पादन में लगभग आत्मनिर्भर हो गया था तथा बढ़ती हुई जनसंख्या **(Population)** के दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान योतना के अंत तक अधिक भोजन की व्यवस्था करने संबंधी कार्यक्रम योजनाबद्ध रुप से अपनाये जा रहे है।

खाद्य समस्या - वर्तमान समय में विश्व की जनसंख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। इस दशक के अंत तक लगभग 6-7 अरब से अधिक हो जाएगी, जबकि खाद्यान्न का उत्पादन इतना अधिक नहीं बढ़ाया जा सकेगा, जितनी की आवश्कताएँ है, इस कारण खाद्य समस्या विकराल रुप धारण कर सकती है। यद्यपि विकसित यातायात के साधनों एवं संरक्षण एवं भण्डारण **(Storage)** की आधुनिक विधियों ने विश्व में खाद्य आपूर्ति को सरल बना दिया है, तथापि इस सब प्रगति के बावजूद भी वर्तमान समय में अधिकांश देशों के लोग भूखमरी का शिकार हो रहे है। संसार के अनेक देशों के द्वारा अपने यहाँ के देशवासियों के लिये पर्याप्त भोजन प्राप्त करना संभव नहीं हो पा रहा है। इसके कई कारण है- प्राकृति आपदाएँ - भूकम्प, बाढ़, सूखा, वर्षा की कमी, सिंचाई के कम स्त्रोत एवं साधन, युद्ध, आन्तरिक उत्पातों के कारण खाद्यान्न की आपूर्ति संभव नहीं हो पाती है, जिससे अभाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और देशों को अकाल या भूखमरी का सामना करना पड़ जाता है।

विश्व खाद्य समस्याएँ - वर्तमान जनगणना **(Census)** 2011 के अनुसार विश्व की जनसंख्या 7 अरब है। विश्व की जनसंख्या तीव्र गति से निरन्तर वृद्धि कर रही है, विगत 40 वर्षो में विश्व की जनसंख्या दो गुनी से अधिक हो गई है। जनसंख्या की वृद्धि के कारण मनुष्य के पास कृषि योग्य भूमि की उपलब्धता बहुत कम हो गई और इस उपलब्ध कृषि भूमि पर जो

*प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

भी उत्पादन होता है, वह 50 प्रतिशत से 55 प्रतिशत जनसंख्या के लिये पर्याप्त होता है, शेष प्रति जनसंख्या भूखमरी और कुपोषण का शिकार होती है। सम्पूर्ण संसार की 50 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी, कुपोषण एवं विषमताओं की मार से प्रभावित हो रही है। पिछले दो दशकों में संसार के अनेक भागों – दक्षिण एशिया, लेटिन अमेरिका एवं अफ्रीका का सहारा के आसपास का अधिकांश भाग गरीबी और कुपोषण की मार झेल रहे है। विश्व के अनेक देशों में विकसित यातायात के साधनों यन्त्रीकृत, वैज्ञानिक **(Mechanised Scientific)** विस्तृत कृषि, संरक्षण एवं भण्डारण के आधुनिक तरीकों ने विश्व में खाद्य आपूर्ति को सरल बना दिया है, तथापि इस सब प्रगति के बावजूद भी आज दुनिया के अधिकांश देशों के मनुष्य/भूखमरी एवं कुपोषण का शिकार हैं। वर्तमान में यह कहना असत्य होगा कि जनसंख्या वृद्धि ही संसार/विश्व की खाद्य समस्या का प्रमुख कारण है, बल्कि इसके अनेक कारण है जिनका वर्णन निम्नानुसार है–

1. जनसंख्या वृद्धि – जनसंख्या में वृद्धि खाद्य समस्या का प्रमुख कारण है, क्योंकि (i) विश्व के अनेक देश अपने यहाँ की जनसंख्या के अनुरुप खाद्यान्न उत्पादन नहीं करते, वरन् आदतन खाद्यान्न का आयात **(Import)** कर पूर्ति करते रहते है। पूर्णत: आयात पर निर्भर रहने वाले देशों आयातित खाद्यान्नों की आपूर्ति संभव नहीं होने के कारण खाद्यान्न अभाव की समस्या उठ खड़ी होती है। कुछ देश या विश्व के लगभग सभी देश कुछ न कुछ खाद्यान्न आयात करते है, किंतु उसके बदले अपने यहाँ से भी वे कोई न कोई खाद्यान्न या खाद्य सामग्री किसी अन्य देश को निर्यात **(Export)** करते हैं ऐसे देश अभाव की स्थिति में बहुत कम आते है।

(ii) कुछ देश कुछ खाद्यान्नों के उत्पादन में विशिष्टता प्राप्त कर लेते हैं और वे देश ऐसे अनाजों का उत्पादन करते है, जो दूसरे देशों में उत्पादित नहीं किये जा सकते। सुंयक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा विश्व के ऐसे दो प्रमुख देश है जिन्होंने खाद्यान्न उत्पादन में विशिष्टता प्राप्त कर ली है और ये देश अपना अधिकांश अतिरिक्त उत्पादन विश्व के अनेक देशों को निर्यात करते हैं, लेकिन वे चीनी मसाले, चाय एवं अन्य वस्तुओं का उन देशों से आयात करते हैं, जो कि उसके बदले में उनके परिवर्तित खाद्यान्न लेने हेतु तत्पर रहते है।

(iii) विश्व में कुछ ऐसे देश है जो कि पूर्णरुपेण एक ही प्रमुख फसल/खाद्यान्न पर निर्भर करते हैं। यदि किन्हीं कारणों से यह फसल असफल या नष्ट हो जाती है, तब ऐसे देश को अकाल या भूखमरी का सामना करना पड़ सकता है।

2. भौगोलिक दशाएँ – विश्व में सभी खाद्य पदार्थो का उत्पादन या खाद्यान्न कृषि की जा सकती है। विश्व के सभी देशों में भागौलिक दशाओं – वर्षा, तापमान, मिट्टी, आर्द्रता, भूमि आदि में भिन्नता पाई जाती है, अनुकुल दशाएँ सभी देशों में नही पाई जाती है। इस कारण खाद्य पदार्थो/खाद्यान्न का उत्पादन भी भिन्न–भिन्न होता है और विभिन्न देशों में खाद्यान्न उत्पादन अनुकुल दशाओं पर निर्भर करता है।

3. प्राकृतिक आपदाएँ – संसार में निरन्तर बढ़ती खाद्यान्न असुरक्षा का प्रमुख कारण प्राकृतिक आपदाएँ – भूकम्प, बाढ़, अतिवर्षा, ज्वालामुखी विस्फोट, सूखा, अकाल, ओले, टिड्डी दल का आक्रमण आदि है, जिनके कारण फसल असफल या नष्ट हो जाती है। इस कारण देश को भूखमरी का सामना करना पड़ता है।

4. युद्ध – कभी कभी युद्ध या आंतरिक उत्पातों के कारण खाद्यान्न की आपूर्ति संभव नहीं हो पाती है, जिससे अभाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उदाहरण : द्वितीय विश्व युद्धकाल में यूरोप में खाद्यान्न की आपूर्ति चौपट हो गई थी, इस कारण सर्वत्र अभाव की समस्या , स्थिति उत्पन्न हो गई थी। भारत–चीन युद्ध, भारत–पाक दोनों युद्ध के समय और उसके पश्चात भारत को खाद्यान्न की समस्या का सामना करना पड़ा।

5. पोषक तत्वों का अभाव – खाद्यान्न समस्या का एक कारण गरीब एवं अविकसित देशों में पोषक तत्वों की कमी है। इन देशों में भोजन के दूसरे अवयव प्रोटिन्स, कार्बोहाइड्रेट्स, वसा, खनिज लवण खाद्यान्नों से ही प्राप्त होते है। यह पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा मे होने चाहिए। अविकसित या विकासशील देशों में अधिकांश मनुष्य असंतुलित भोजन के कारण कुपोषण के शिकार है। नगरीय **(Urban)** क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण **(Rural)** क्षेत्रों के मनुष्यों में कुपोषण अधिक देखा गया है। विकसित एवं विकासशील देशों में प्रोटीन एवं कैलोरी की प्रति व्यक्ति उपलब्धता को निम्न तालिका में दर्शाया गया है :–

	प्रतिदिन प्रति व्यक्ति की आवश्यकता	विकसित देशों में	अविकसित देशों में
कैलोरी	2800–2900	2970	2037
प्रोटीन	80–85 ग्राम	83 ग्राम	54 ग्राम
प्राणियों से प्राप्त प्रोटीन	–	37–39 ग्राम	6–8 ग्राम

विश्व में 22–28% मृत्यु कुपोषण या भूखमरी से होती है। शारीरिक एवं मानसिक श्रम करने वाले मनुष्यों की भोजन की कैलोरीज में अन्तर होता हैं। औसत पुरूष के लिए 2400 कैलोरीज एवं औसत महिलाओं के लिए 1800 कैलोरीज की मात्रा पर्याप्त रहती है। ऐसी स्थिति में मनुष्य के लिए अधिकाधिक भोजन एवं भोजन तत्वों को उपलब्ध कराने के साधनों को प्राप्त करना आवश्यक है।

6. असन्तुलित आहार – विश्व के अनेक देशों में मनुष्यों का आहार असन्तुलित है। इन देशों के मनुष्यों के भोजन में दूध,माँस,अण्डे,फल एवं सब्जियों आदि का प्राय: अधिक अभाव पाया जाता है। भारत देश में अधिकांश मनुष्य शाकाहारी है, इस कारण खाद्यान्नों पर उनकी निर्भरता अधिक है। इस कारण खाद्यान्न उत्पादन वृद्धि की दिशा में तो व्यापक कदम उठाये गए है, किन्तु सन्तुलित आहार के अन्तर्गत आने वाली अन्य भोजन सामग्री एवं भोजन तत्व–अण्डे,दूध,माँस,मछली,फल एवं सब्जी आदि की अभिवृद्धि के उस स्तर पर प्रयास नहीं किए गए हैं। विश्व में केवल 2 भोजन की आपूर्ति मछलियों से होती है। खाद्यान्नों पर मनुष्यों की निर्भरता को कम करनेके लिए अण्डा उत्पादन, मछली उत्पादन आदि में वृद्धि करना आवश्यक हो गया है।

7. निर्धनता – खाद्यान्न समस्या का एक अन्य कारण निर्धनता भी है। निर्धन होने के कारण विकासशील **(Developing)** देशों के अधिकांश मनुष्य आवश्यक मात्रा में सन्तुलित,पौष्टिक एवं कैलोरीयुक्त भोजन को नहीं खा पाते है। इस कारण अनेक विकासशील देशों में मनुष्य कुपोषण के शिकार हो रहे है। इन देशों में विकसित देशों कीअपेक्षा दैनिक आय में कमी,स्त्रोतों की कमी के कारण निर्धनता में वृद्धि हो रही है।

8. क्रय शक्ति – खाद्यान्न समस्या का एक प्रमुख कारण मनुष्यों की क्रय शक्ति है। विकासशील देशों के मनुष्यों की आय का अधिकांश भाग ऋण या कर्ज एवं उसके ब्याज को अदा करने में समाप्त हो जाता है। इस कारण इन देशों के मनुष्य अपनी आवश्यकताओं, खाद्यान्नों की पूर्ति को अच्छी प्रकार से पूरा नहीं कर पाते है। खाद्यान्न या खाद्य पदार्थो की पूर्ति करने के लिये क्रय

क्षमता आवश्यक होती है। अनेक धनी एवं अविकसित देश के मनुष्य आवश्यक एवं अनके खाद्यान्न पदार्थो को क्रय करने में सक्षम नहीं हो पाते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण तेल उत्पादक एवं निर्यातक अरब देश हैं जहाँ खाद्यान्न उत्पादन कम या बिल्कुल नहीं कर पाते है, लेकिन खाद्यान्न पदार्थो को विश्व के किसी भी देश से किसी भी मूल्य पर खरीद सकते हैं।

9. भूमि का विभाजन – खाद्यान्न समस्या का एक अन्य कारण भूमि का विभाजन एवं प्रति विभाजन है। इस कारण कृषि उत्पादन क्षेत्र छोटे से छोटा होता जा रहा है। कृषि उत्पाद के छोटे एवं अनार्थिक (Uneconomic) क्षेत्रों के कारण खाद्यान्न उत्पादन में कमी आ रही है और विश्व के अनेक देशों में खाद्य समस्या उत्पन्न हो गई हैं।

10. अपर्याप्त सिंचाई सुविधाएँ – विश्व के अधिकांश विकसित एवं विकासशील देशों में कृषि उत्पादन वर्षा एवं सिचांई सुविधाओं पर निर्भर करती है। वर्तमान समय में वर्षा की मात्रा में कमी, सिंचाई सुविधाओं का उपलब्ध नहीं होने के कारण फसलें एवं कृषि उत्पादन में कमी हो जाती है या नष्ट हो जाती है। इस कारण खाद्यान्न समस्या उत्पन्न हो जाती है।

11. पुरानी कृषि उत्पादन विधि – विश्व के अनेक विकासयशील देशों में खाद्य समस्या दिखाई देती है। इन अविकसित देशों में पुरानी कृषि विधि के कारण प्रति हैक्टेयर उत्पादन में कमी होती है, इस कारण खाद्यान्न की कमी होती है और खाद्य समस्या विकराल रुप ले लेती है। इसके विपरीत देशों में आधुनिक, वैज्ञानिक, तकनीकी विधि उपयोग करने के कारण खाद्यान्न उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि होती है।

12. जल की कमी – वर्तमान समय में विश्व स्तर में जल की पूर्ति की कमी खाद्यान्न उत्पादन को अधिक प्रभावित करती है। विभिन्न देशों में जल के वितरण एवं मौसम के अलुसार जल की उपलब्धता में अधिक भिन्नता के कारण अनेक देशों में जल के अभाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। जल का अभाव भी खाद्यान्न समस्या का एक कारण है यह जलाभाव कृषि उत्पादन में कमी करता है।

उपरोक्त सभी कारणों से विश्व के अधिकांश देशों में खाद्य समस्या उत्पन्न हो गई है। यह खाद्य समस्या वाले देश दूसरे सम्पन्न देशों से खाद्यान्न का आयात कर अपने देशों की खाद्य समस्या की आपूर्ति कर रहे है।

विश्व की खाद्य समस्या को हल करने के उपाय – खाद्यान्न अभाव की समस्या को हल करने के लिये संसार के सभी देशों में प्रयास चल रहे है। खाद्यान्न अभाव की समस्या विश्वव्यापी समस्या है, इस कारण मानवीय दृष्टि से इस पर गंभीरतापूर्वक विचार द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात अनेक देशों ने किया, क्योंकि द्वितीय विश्वयुद्ध के समय यूरोप एवं अन्य देशों में खाद्यान्न अभाव और आपूर्ति की समस्या का कटु अनुभव किया गया था, इस कारण द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात संयुक्त राष्ट्र सहायता एवं पुर्नवास प्रशासन (United Nation Relief and Rehabilitation Administration - UNRAA) ने खाद्यान्न की आवश्यकता जिन क्षेत्रों में बहुत अधिक थी और जो अभावग्रस्त थे, आपूर्ति का कार्य अपने हाथों में लेकर इस कार्य को पूरा किया।

खाद्यान्न अभाव की समस्या को स्थायी रुप से हल करने का कार्य संयुक्त राष्ट्र संघ ने उठाया। 1945 में इसके लिये एक स्थायी अंतर्राष्ट्रीय इकाई के रुप में विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन (The Food and Agricultural organisation - FAO) की स्थापना की गई। खाद्य एवं कृषि संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़े एवं विकासशील देशों के लिये ऐसी अनेक योजनाएँ संचालित कर रहा है, जिनसे वहाँ के लोगों को प्रतिदिन भोजन अवश्य उपलब्ध हो सके।

विश्व की खाद्य समस्या को सुचारु रुप से हल करने के लिये निम्नलिखित उपाय प्रयोग में लाना आवश्यक है –

1. जनसंख्या नियंत्रण – वर्तमान समय में खाद्यान्न अभाव की समस्या को हल करने के लिए जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करना आवश्यक है, जिसमें कि कृषि उत्पादन एवं भण्डारण में वृद्धि हो सके।

जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के साथ साथ कृषि उत्पादन की ओर ध्यान देना आवश्यक है, इस हेतु

1. **यंत्रीकृत कृषि** – वर्तमान समय में अनेक देश यंत्रों की सहायता से – ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, विद्युत पम्प आदि से कृषि करने के कारण उत्पादन में वृद्धि प्राप्त कर रहे है। इस विधि के द्वारा कृषि करने से उत्पादन में 10–12 गुना वृद्धि देखी गई है। यान्त्रिक दृष्टि से भारत वर्ष में पंजाब और हरियराणा समृद्ध कृषि प्रधान राज्य है।

2. **मिश्रित कृषि को प्रोत्साहन** – सामान्य कृषि उत्पादन के साथ साथ प्रत्येक देश को कृषि सहायक उद्योगों–पशुपालन, रेशम उत्पादन, मुर्गी पालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, सूअर पालन आदि को भी प्रोत्साहित करना होगा। कृषि उपज, वन्य उपज के साथ साथ समुद्री संसाधनों के द्वारा भोजन के विभिन्न तत्वों – कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटिन्स, वसा, खजिन लवण आदि को प्राप्त कर भोजन का पर्याप्य विकसित किया जा सकता है और खाद्यान्न अभाव की समस्या को हल किया जा सकता है।

3. व्यापारिक कृषि – खाद्यान्न समस्या को हल करने के लिये व्यापारिक दृष्टिकोण के द्वारा कृषि करने की ओर ध्यान देना आवश्यक है। व्यापारिक दृष्टिकोण से कृषि करने पर अधिक एवं अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है, जैसे कि अनेक पश्चिमी देशों ने व्यापारिक दृष्टिकोण को अपनाकर चाय की कृषि में लाभ प्राप्त किया है।

4. भण्डारण में सुधार एवं वृद्धि – यदि कृषि उत्पादन को उचित एवं अधिक प्रकार से भण्डारण में वृद्धि करने से कृषकों को लाभ मिल सकेगा और कृषक उत्पादन में वृद्धि करने के लिये निरन्तर अधिक प्रयास करेंगे।

वर्तमान समय में कृषि उपज एवं खाद्यान्नों में वृद्धि, मुख्य रुप से मानव जाति की सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यकता है, क्योंकि खाद्यान्न जीवन का आधार एवं मानव ऊर्जा का स्त्रोत है। यदि वर्तमान में संसार के मनुष्यों को कुपोषण एवं भूखमरी से बचाना है तो खाद्यान्न उत्पादन में अपार वृद्धि ही नहीं करनी होगी, बल्कि वृद्धि के क्रम को बनाए रखना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नाबार्ड की प्रकाशित रिपोर्ट
2. कृषि विभाग दिल्ली की रिपोर्ट
3. विश्व खाद्य संगठन की रिपोर्ट
4. कृषि की उच्चस्तरीय रिपोर्ट
5. अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च एवं रिव्यूह
6. भारतीय अर्थव्यवस्था, डॉ. अनुपम गोयल– शिवलाल अग्रवाल एंड कम्पनी, इंदौर
7. व्यावसायिक अर्थशास्त्र, पी सी अग्रवाल एंड कम्पनी, एम डी अग्रवाल– रमेश बुक डिपो, जयपुर
8. भारत का आर्थिक विकास, डॉ. मामोरिया, डॉ. जैन – साहित्य भवन, आगरा

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

संत रविदास के चिन्तन में साहित्यक परिदृश्य

प्रदीप कुमार साकेत *

प्रस्तावना – समाज में इन मूल्यों को खोजने के लिए संत रविदास ने अपने जीवन को ही समर्पित कर दिये जीवन की अनेक दिशाओं में मानव का मूल्य ही सर्वोपरि है। संत रविदास ने सामाजिक व्यवस्था को परिवर्तन कर एक नया समाज स्थापित किये। जिनकी विचारधारा में मानवीय मूल्यों और साहित्य की चिन्तन धारा निकलती है। दलित चेतना को जागृत करने के लिए अथक प्रयास किये। संत रविदास की चेतना समाज में एक नया दृष्टिकोण स्थापित करना चाहती है। इस हेतु इन्होंने समाज और शिक्षा के साथ परिवर्तन की दिशा को तय किये है। यह समाज मानव की तृष्णा पर आधारित विद्धता का परिणाम जन मानस की एकता पर पड़ा। संत रविदास सामाजिक समरसता मानव के मूल्यों पर सृजन तत्वों के रूपों में अर्थ से दबा यह समाज क्या नैतिक मूल्यों से भी दबा है। नहीं नैतिक मूल्य हमेशा से स्वतंत्र रहे हैं। जिसके स्थायित्व और स्वाभिमान की परम्पराओं ने सामाजिक उन्नति की ओर एक लहर पैदा कर देती है। इस लहर की प्रवाहित होने वाली धारा मूल्यों को जीवित करने में सहायक सिद्ध होती है। यह समाज की परिवर्तित धरातल के परिणाम स्वरूप अमीरों और गरीबों के बीच में एक खाई बढ़ती गई। जिसका मूल उदाहरण कार्लमार्क्स और लेनिन द्वारा प्रस्तुत करते हैं।

कार्ल मार्क्स कहता है कि शोषक और शोषितों के बीच बढ़ने वाली इस विसंगतियों के अधिकारों से ही मिटाया जा सकता है। इन मूल्यों का मन्तव्य समाज में जनक्रान्ति का उमड़ता सैलाव है। इन्हीं विशेषताओं के परिणामस्वरूप यह दलित समाज अधिक पिछड़ता जा रहा है। अनेक घटनाओं के परिणाम स्वरूप विघटन की स्थिति पर परिवर्तन की विचारधारा पर सामाजिक विसंगतियों ने करारा झटका दिया है। इस समय का परिवर्तन समाज स्वयं के रौद्र रूप में खड़ा है। हमें मालूम है। जहाँ परिवर्तन होता है वहाँ दिशाओं का मार्ग स्वयं में परिवर्तित नहीं होने की विसंगतियों का परिणाम है।

संत रविदास समाज के महान चिन्तकों में से एक है। जिन्होंने गरीबों, पीड़ितों, धुतकारने वालों के अधिकारों को दिलाने का अथक प्रयास किया। ऐसी अनेक विसंगतियों ने मानवीय विचारधाराओं के परिणामस्वरूप जीवन और जगत् की अनेक कठिनाईयों का डट कर सामाना करते हैं। इससे यह साबित होता है कि 'गुरू रविदास जी अपने युग के महान क्रान्तिकारी समाज सुधारक एवं दलित चेतना के सफल एवं अन्यतम अगुआ थे।'[1]

रविदास जन्म के करनै होन न कोउ नीच।
नर कूँ नीच करि डारि है, ओछे करम कौ कीच।।[2]

संत रविदास कहते हैं कि मैं मानमा हूँ कि प्रस्तर की मूर्तियों में भगवान का वास है। इन्हीं कारणों से प्रस्तर की मूर्ति पानी में तैरती रहती है। क्योंकि उसमें ईश्वर का अंश हैं। ईश्वरी शक्ति उसमें कार्य कर रही है। ऐसे मूल्यों को मानवीय मूल्यों की खोज में सामिल है। अनेक दु:खों से निवृत्ति का एक मार्ग है। भगवान की भक्ति है। जिनके नाम पर ही ईश्वर शक्ति काम करने लगती है। इससे मानव में मानवीय संवेदना का सागर ही इसी प्रभु भक्ति में जीवन कट सकता है। अन्यथा सब कुछ मिथ्या है। जो व्यक्ति प्रभु का नाम जपता है। वह भव सागर से पार हो जाता है।[3]

संत रविदास की सामाजिक समरसता में मानवीय मूल्यों की पराकाष्ठा दिखाई देती है। मानव विकास के पहरेदार निर्गुण भक्ति मार्गी संत रविदास का जीवन मानवीय मूल्यों से आस्था के रूप में भरा है। जिनकी मानवीय संवेदना मूल्यों को विकसित करने में अह्य योगदान देती है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र **संत रविदास के चिन्तन में साहित्यक परिदृश्य** एक प्रकार से द्वितीयक शोध सामाग्री के समिलित संकलन के द्वारा शोध पत्र का निर्माण किया गया है। इस हेतु जर्नल, पत्र-पत्रिकाओं और विद्वानों का मार्गदर्शन प्राप्त कर शोध सामाग्री को सामिल किया गया है।

उद्देश्य :

1. मानवीय मूल्यों का साहित्यक अध्ययन करना।
2. संत रविदास सामाजिक चिन्तन का साहित्यक अध्ययन करना।
3. संत रविदास और भारतीय संस्कृति के मूल्यों का अध्ययन।

समस्याएँ :

1. व्यक्ति में हो रहे मूल्यों के क्षरण की समस्या।
2. धार्मिक और सम्प्रदायवाद की समस्या।
3. जातिवादी विसंगतियों में समाज में व्याप्त कुरीतियों की समस्या।
4. भारतीय संस्कृति के क्षरण की समस्या।

समाधान – संत रविदास के जीवन में निर्गुण मार्गी भक्ति का सौन्दर्य दिखाई देता है। इन्हीं परम्पराओं के रूप में मानव की विचारधारा का परिणाम मानव समाज के सामने आ रहा है। ऐसी सामाजिक दशाओं के कारण इस प्रकार की विचारधारा के प्रेणाता संत रविदास का साहित्य के सृजन में असीम योगदान है। इनकरी परम्पराओं ने मानव के सामने एक विचारधारा को ही जन्म दे दिया है। ऐसे महामानव जिनकी कर्म प्रधानता ने ईश्वर की आस्था को जीत लेती है। संत रविदास का जीवन मूल्या मानव की आधार सिला के रूप में सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और मूल्यों के सन्दर्भ में दलित चेतना के मसीहा संत रविदास के जीवन का प्रण ही मानव की जिज्ञासा को बढ़ा सकती है।[4]

संत रविदास का जीवन मूल्यों के रूप में ही दिखाई देता है। इनके मूल्यों से सम्पूर्ण संसार परिचित है। इस जीवन की गाथा को मूल्यों में परिणित करने की प्रवृत्ति समाज में उत्कृष्ट रूपों में दिखाई देती है। इन्हीं प्रवृत्तियों के

* शोधार्थी (हिन्दी साहित्य) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

फलस्वरूप मानव जीवन की विसंगतियों को देखना मानव हित के लिए संरक्षण का कार्य करती है। आज भी समाज वैचारिक क्रान्ति से जूझ रहा है। इसके लिए धर्म के ठेकेदार ही जिम्मेदार है।[5] इन विसंगतियों को निरूपित करने में मानव की विचारधारा का परिणाम सामाजिक संघर्ष है। इन्हीं संघर्षो के द्धारा मानव जीतता और हारता है। यहाँ अनेक विसंगतियों के स्तर पर मानव की अनेक वैचारिक स्थितियों का जबावदार स्वयं होता जा रहा है।

सामाजिक और आर्थिक स्वरूपों की यदि चिन्ता किया जाय तो आज भी दलित समाज बहुत ही पिछड़ा है। भारतीय सामाजिक परम्पराओं में मानव को सोचने के लिए मजबूर कर रहा हैं एक प्रकृति और हवा, जल, अग्नि एक तरह की है। मानव भोजन, स्नान, पूजा-पाठ अध्ययन-अध्यापन रहन-सहन एक तरह होने के बावजूद भी भेदभाव पूर्ण जीवन जीने के लिए मजबूर क्यों है। इसका कोई-न-कोई कारण अवश्य है। जिसका निदान मानव के मूल्यों में छिपा हुआ है। इस तरह की विसंगतियों के समाधान हेतु संत रविदास ने मानव मूल्यों का प्रमाण दिखाई देते हैं। ऐसी स्थिति का जाबवदार मानव स्वयं है। हमारी प्रवृत्तियाँ एक समाज की कार्यप्रणाली पर निर्भर करती है। जिसका सृजन साहित्य स्वयं करता है। क्या सही है और क्या गलत है इन्हीं विचार धाराओं के द्धारा मानवीय मूल्यों की ओर प्रेरित करती है।[6]

यह बात सत्य है कि मध्यकालीन समाज से लेकर आधुनिक काल के संतों ने भी समाज में दलितोंद्धार का अथक प्रयास किया है। ऐसे सामाजिक आर्थिक, राजनीतिक विसंगतियों के परिणाम स्वरूप मानवीय मूल्यों का सृजन आवश्यक प्रतीत होता है।[7]

समाज को निम्नस्तर से ऊपर उठाने का कार्य संत रविदास ने किया है। यह परोपकार मानवीय मूल्यों के लिए सामाजिक विसंगतियों के निर्माण में मानवीय जीवन की दिशा दिखाई देती है। अनियंत्रित रूपों में व्याप्त कुरितीयों को जड़ से मिटाने का प्रयास संत रविदास और अन्य समकालीन संतों ने किया है। इसीकारण मानवीय मूल्यों साहित्यों के सृजन में उत्कृष्ठ रहा हैं। सामाजिक विसंगतियों और मानवीय मूल्यों का परिणाम ही जीवन की दिशाओं में देखने का प्रयास किया है।

निष्कर्ष – संत रविदास ने मानवीय मूल्यों के अनेक विसंगतियों का विवेचन औपचारिक रूपों में करते रहे हैं। यहाँ तक समाज इनके योगदान को प्रेरणास्त्रोत के रूप में माने जाते हैं। जिन्होंने ईश्वर की आस्था का मूल्य बीज ही प्रकट कर दिया है। इन्हीं कारणों के दौरान मानवीय संवेदना का संकट ही नहीं जीवन की अनेक विसंगतियों का परिणाम ही मानव पर निर्भर करती है। जिन्होंने मानव के प्रेम और सौहर्द्र का परिणाम जीवन मूल्य है। समाज उन्हें ही अग्रसर करता है। जिनमें समाज के प्रति कार्य करने की क्षमता होती है। इन्हीं के परिणाम स्वरूप वैचारिक श्रेष्ठता की स्थान दिया गया है।[8] यहाँ कहते हैं कि जो ईश्वर के मार्ग में सत्य और धर्म का अनुशरण करता है। उसे ही ईश्वर फल भी प्रदान करते है। इन्होंने प्रत्येक मानव को उपेक्षित होने से सही मार्ग बताते हैं। कि समाज में सद्कर्म जाति से उच्च श्रेणी का समझा जाता है। जहाँ मानव और समाज की सामाजिक विसंगतियों का परिणाम ही मानव को इन रूढ़ियों और प्रथाओं एवं झूठे आडंबरों छुटकारा दिलाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. धर्मपाल सिंहल एवं डॉ. बलदेव सिंह 'बाछन', ब्रह्मर्षि रविदास, मानसी पब्लिबकेशन्स, दिल्ली, 2014 पृष्ठ 61
2. भगवती प्रसाद निदारिया, संत कवि रैदास, इन्द्रप्रथ इटरनेशनल, दिल्ली, 2007, पृष्ठ 21
3. ममता झा, संत रविदास रत्नावली, एस.के. ईटरप्राईजेज, 2016, पृष्ठ 98
4. डॉ. धर्मवीर सन्त रैदास का निर्वर्ण सम्प्रदाय, संगीता प्रकाशन, दिल्ली, 2011, पृष्ठ 15
5. कन्हैयालाल चंचरीक, संत रविदास : जीवन और दर्शन, यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2008, पृष्ठ 1
6. डॉ. अरूण कुमार भगत, संत रविदास की रामकहानी दृष्टि और मूल्यांकन, संदर्भ प्रकाशन, दिल्ली, 2016, पृष्ठ 26-27
7. आचार्य पृथ्वीसिंह आजाद, गुरू रविदास, नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया, 1999, पृष्ठ 22

****

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय सम-विकास योजना की उपयोगिता एवं प्रभाव

डॉ. अजय वाघे *

प्रस्तावना - राष्ट्रीय समविकास योजना केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से देश के 27 राज्यों के लगभग 147 पिछड़े जिलों में वर्ष 2003-04 में लागू की थी, म.प्र. में यह योजना वर्ष 2004 के अप्रैल माह में प्रारंभ की गयी तथा इस योजना की अवधि तीन वर्षीय थी। म.प्र. में समविकास योजना 10 पिछड़े हुए जिलों क्रमशः खरगोन, बड़वानी, सीधी, सिवनी, मण्डला, बालाघाट, उमरिया, सतना, डिण्डोरी और शहडोल में लागू की गयी थी, योजना हेतु म.प्र. में 10 जिलों में प्रत्येक जिले को 15 करोड़ रूपये प्रतिवर्ष की दर से 3 वर्षो में 45 करोड़ रूपयें उपलब्ध कराये गयें।

शोध-अध्ययन का उद्देश्य :

1. गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन कर रहे परिवारों की आर्थिक स्थिति का पता लगाना।
2. भूमिहिन या सीमांत कृषक परिवारों का अध्ययन करना।
3. योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों को मिला है, इसका अध्ययन करना।
4. योजना हेतु पात्र हितग्राहियों का वास्तविक पिछड़ेपन के आधार पर चयन हुआ है, अध्ययन करना तथा जिले के वास्तविक पिछड़े क्षेत्रों का चयन हुआ है अथवा नहीं?
5. मध्यप्रदेश के सम्पूर्ण हितग्राही क्षेत्रों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है, इसका अध्ययन करना।
6. चयनित क्षेत्रों पर बजट अनुसार व्यय हुआ हैं, इसका अध्ययन करना।
7. योजना के कार्य स्तरीय हैं, इसका अध्ययन करना।
8. ग्रामीणों की जीवन शैली में वृद्धि हुई है, इसका अध्ययन करना।
9. ग्रामों में कृषि कार्यो में विकास हुआ है, इसका अध्ययन करना।
10. ग्रामीणों का आर्थिक उत्थान योजनानुसार हुआ है, इसका अध्ययन करना।

शोध की परिकल्पनाएँ :

1. योजना का लाभ ग्रामीण व पिछड़े हुए क्षेत्रों को प्राप्त हुआ है?
2. शासन द्वारा स्वीकृत राशि इस योजना पर पूर्ण रूप से व्यय की गई है?
3. इस योजना से स्वरोजगार को बढ़ावा मिला है?
4. ग्रामीणों के जीवनस्तर में वृद्धि हुई है?
5. म.प्र. के पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का लाभ दिया गया है?
6. सिंचाई के साधनों में योजना अनुसार वृद्धि हुई है?
7. कृषि कार्यो को बढ़ावा मिला है।

योजना में संचालित गतिविधियां :

1. कृषि आधारित गतिविधियाँ।
2. वन आधारित गतिविधियाँ।
3. मूलभूत सामाजिक अधोसंरचना का विकास गतिविधियाँ।
4. आर्थिक अधोसंरचना के विकास की गतिविधियाँ।

योजना में संचालित गतिविधियों से प्राप्त लाभ की गुणवत्ता तथा औचित्य - राष्ट्रीय समविकास योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले को समान राशि का प्रस्ताव रहा है, जिससे निम्न कृषि उत्पादकता बेरोजगारी की समस्याओं का समाधान करने तथा अवस्थापन में कमी करने का प्रयास किया गया है। प्रत्येक जिले के लिये 3 वर्षीय कार्य योजना तैयार की गई है, जिससे उस क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं से निधियों के प्रवाह का मूल्यांकन किया जा सके। विभिन्न पदों पर किये गये व्ययों का वर्णन निम्न है-

1. स्वास्थ्य एवं पोषण
2. कृषि संबंधी कार्य योजना
3. शिक्षा एवं दक्षता विकास
4. सड़क विकास
5. विद्युत सुविधा
6. सिंचाई सुविधा

राष्ट्रीय समविकास योजना की उपयोगिता - राष्ट्रीय समविकास योजना विकास कार्यों में सहायता प्रदान करना तथा अन्य कार्यक्रमों के महत्व को बढ़ाना है। वि-निर्धारित जिलों में विद्यमान विकास अप्रवाहों को पूरक बनाने के लिए निम्नलिखित वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए गये ताकि -

1. स्थानीय अवस्थापना व अन्य विकास जरूरतों में क्रान्तिक अन्तरों को पाटना जिनकी विद्यमान अप्रवाहों के माध्यम से पर्याप्त रूप से पूर्ति नहीं हो रही है।
2. इस उद्देश्य हेतु पंचायत और नगरपालिका स्तर अधिषासन को और अधिक उपयुक्त क्षमता निर्माण के साथ सुदृढ़ करना ताकि भागीदारी आयोजना, निर्णय निर्माण, कार्यानवयन और मानीटरिंग सुगम हो सके।
3. सभी केन्द्रीय क्षेत्र केन्द्र प्रायोजित और उप-जिला स्तर पर चल रही राज्य योजनाओं का अभिसरण।
4. सामाजिक विकास, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, पेयजल आदि के लिए पर्याप्त निवेषों के साथ जिला स्थानीय सरकारी संस्थानों का सषक्तीकरण।
5. पिछड़े क्षेत्रों और असुविध ग्रसित लोगों पर बल देते हुए ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों के विभिन्न स्तरों के अवस्थापना पर ध्यान केन्द्रित करना।

* प्रभारी प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) विद्योदय महाविद्यालय, मनावर, जिला - धार (म.प्र.) भारत

6. आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों की आजीविका और परिसम्पत्तियों के विकास पर बल देना।

राष्ट्रीय समविकास योजना का प्रभाव :

1. योजना का पिछड़े हुए क्षेत्रों पर प्रभाव।
2. योजना का गरीब परिवारों व सीमांत कृषक पर प्रभाव।
3. ग्रामीणों के जीवन स्तर पर प्रभाव।
4. ग्रामीण स्वरोजगार पर प्रभाव।
5. कृषि पर प्रभाव।

योजना का पिछड़े हुए क्षेत्रों पर प्रभाव :

1. राष्ट्रीय समविकास योजना लागू होने के बाद मानव विकास के संकेतक जैसे साक्षरता एवं शिक्षा और मातृ व शिशु मृत्यु दर में सतत् सुधार को देखे गए है।
2. योजना में संचालित गतिविधियों से चयनित पिछड़े जिलों में साक्षरता प्रतिशत 2001 वर्ष के 45 प्रतिशत से वर्ष 2010 के अंत तक बढ़कर 68.8 प्रतिशत हो गया।
3. योजना से वर्ष 2004-10 के मध्य चयनित जिलों के दूरस्थ ग्रामों में स्वास्थ्य संबंधी कार्यों द्वारा शिशु व मातृ मृत्यु दर को 10 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत लाया गया।
4. गरीब व्यक्तियों के लिए आधारभूत सेवाएँ सुनिश्चित हुई जिसमें वहनीय दरों पर सुरक्षा अवधि शामिल है।
5. शहरी गरीबी अन्मूलन तथा गन्दी बस्ती का विकास, समविकास योजना का एक महत्वपूर्ण घटक बना है।

योजना का गरीब परिवारों व सीमांत कृषक पर प्रभाव :

1. राष्ट्रीय समविकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2004-10 के मध्य चयनित 10 जिलों में हस्थकला व बागवानी कार्यों के माध्यम से 9665 गरीब परिवारों को स्वरोजगार प्राप्त हुआ जो उनकी गरीबी दूर करने में सहायक हुआ।
2. योजना के द्वारा कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजित किये गये।
3. योजना द्वारा गरीब महिलाओं को आंगनवाड़ी कार्यक्रम से जोड़ा गया।
4. योजना के कृषि कार्यक्रम के माध्यम से भू-उत्पादकता बढ़ाते हुए ऐसे प्रयास भी किये गये जिससे कृषिरत लोगों की आय के अवसर बढ़ सके।

कृषिगत आय और कृषि कामगारों के वास्तविक पारिश्रमिक में वृद्धि हुई है, और उनके द्वारा मज़दूरी निर्धारण की क्षमता में सुधार कर आधिक्य श्रमबल बढ़ाया जा सका है।

ग्रामीण स्वरोजगार एवं कृषि पर प्रभाव :

1. **ग्रामीण स्वरोजगार पर प्रभाव -** राष्ट्रीय समविकास योजना के अंतर्गत ग्रामीण स्वरोजगार को बढ़ावा दिया गया है। योजना के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न प्रशिक्षण प्रदान करके उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराये गये जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। ग्रामीण महिलाओं को सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, आदि के प्रशिक्षण द्वारा उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराये गये।
2. **कृषि पर प्रभाव -** राष्ट्रीय समविकास योजना से नई किस्मों से प्रति हैक्टेयर उच्च पैदावार में कुछ उल्लेखनीय वृद्धि रही है। खेती के तरीकों में सुधार हुआ हैं, जिससे पैदावार में 60 से 100 प्रतिशत का अंतर पाया गया।
3. योजना के कृषि कार्यक्रमों के अंतर्गत बागवानी कार्यो को बढ़ावा मिला।

समविकास योजना के क्रियान्वयन में होने वाली समस्याएँ :

1. लक्षित समुदायों के चयन की समस्या।
2. पाँच प्रतिशत से कम जनसंख्या वाले गाँवों के चयन की समस्या।
3. योजना की राशि के आबंटन व वितरण की समस्या।
4. वास्तविक उद्देश्य प्राप्त न होने की समस्या।
5. हितग्राही परिवारों व क्षेत्रों के व्यापाक प्रचार-प्रसार की समस्या।

योजना की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रभावी सुझाव :

1. योजना की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रभावी सुझाव।
2. लक्षित समुदायों के चयन संबंधी सुझाव।
3. जिलों के उचित ग्रामों के चयन हेतु सुझाव।
4. लाभ के अधिकारीक क्षेत्रों को पूर्ण लाभ दिलाने हेतु सुझाव।
5. राशि के उचित वितरण व आबंटन हेतु सुझाव।
6. योजना के राष्ट्रीय विकास हेतु सुझाव।

अध्ययन का निष्कर्ष :

1. मध्यप्रदेश में यह योजना 10 जिलों क्रमश: खरगोन, बड़वानी, सीधी, सिवनी, मण्डला, बालाघाट, उमरिया, सतना, डिण्डोरी और शहडोल में लागू किया गया है।
2. यह योजना केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से मध्यप्रदेश के पिछड़े हुए जिलों के विकास हेतु लागू की गई है।
3. योजना के सफल संचालन हेतु सरकार द्वारा जिलों की संबन्धित जिला पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।
4. योजना से बेहतर आर्थिक अवसर एवं विकास के लिए ग्रामीण अवसंरचना सृजित की गई।
5. प्रधानमंत्री सड़क योजना के जरिए सड़कों से न जुड़ी बसाहटों को इस योजना के माध्यम से जोड़ा गया।
6. योजना से प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान तथा स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार हुए।
7. राष्ट्रीय समविकास योजना के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में अवसंरचना और बुनियादी सुविधाएँ जैसे ग्रामीण आवास, सिंचाई क्षमता, पेयजल, ग्रामीण सड़के, विद्युतीकरण और ग्रामीण टेलीफोन व्यवस्था आदि कार्य वर्ष 2005-06 के मध्य शुरू किये गये वर्ष 2010 के अंत तक 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण किये गये।
8. राष्ट्रीय समविकास योजना में भूमि के संसाधन के लिए निवेष की आवष्यकता पर बल दिया गया।
9. योजना को भारत निर्माण कार्यक्रम से जोड़ कर वर्ष 2005-09 तक 1.69 लाख मकानों व सरकारी भवनों की मरम्मत में योगदान किया गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

भारत के आर्थिक विकास में वित्त आयोगों का योगदान

डॉ. पीताम्बर सिंह चौहान *

प्रस्तावना - भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 (1) के अनुसार, राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक पांचवें वर्ष या उससे पहले भी वित्त आयोग का गठन किया जा सकता है।

वित्त आयोग निम्नलिखित आर्थिक विषयों पर राष्ट्रपति को परामर्श देता है

1. केन्द्रीय एवं राज्यों के बीच विभाजन योग्य करों में राज्यों का हिस्सा।
2. भारतीय को संचित निधि से राज्यों को दिए जाने वाले अनुदान।
3. अन्य वित्तीय परामर्श

भारत में प्रथम वित्त आयोग का गठन वर्ष 1951 में के. सी. नियोगी की अध्यक्षता में किया गया। वर्तमान में चौदहवें वित्त आयोग का गठन जनवरी, 2013 में किया गया। वाई वी रेड्डी की अध्यक्षता में गठित यह आयोग अपनी रिपोर्ट 31 दिसम्बर, 2014 में देगा तथा इसका क्रियान्वयन वर्ष 2015-20 में होगा।

वित्त आयोगों कमी सिफारिशों पर केन्द्र से राज्यों को अंतरण

			कर अंतरण	अनुदान	कुल
1	पहला वित्त आयोग	1952-57	371.30	50.00	421.30
2	दूसरा वित्त आयोग	1957-62	822.40	197.20	1019.60
3	तीसरा वित्त आयोग	1962-66	1067.50	250.40	1317.90
4	चौथा वित्त आयोग	1966-69	1328.00	421.80	1749.90
5	पांचवां वित्त आयोग	1969-74	4643.00	710.70	5353.80
6	छठा वित्त आयोग	1974-79	8250.60	2509.60	10760.20
7	सातवां वित्त आयोग	1979-84	19297.10	1609.90	20907.00
8	आठवां वित्त आयोग	1984-89	35683.00	3769.00	39452.00
9	नौवां वित्त आयोग	1989-90 1990-95	11785.64 87882.00	1876.78 18154.43	13662.42 106036.43
10	दसवां वित्त आयोग	1995-00	206343.00	20300.30	226643.30
11	ग्यारहवां वित्त आयोग	2000-05	376318.01	58587.39	434905.40
12	बारहवां वित्त आयोग	2005-10	643112.02	112639.60	755751.62

तेहरवें वित्त आयोग का दृष्टिकोण - तेरहवें वित्त आयोग का गठन राष्ट्रपति द्वारा अनुच्छेद 280 के अन्तर्गत 13 नवम्बर 2007 को वर्ष 2010 से 2015 के कालखंड के लिए अपनी सिफारिशें देने के संदर्भ में किया गया। डॉ. विजय केलकर तेरहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किये गये।

तेरहवें वित्त आयोग निम्नलिखित विषयों पर अपनी सिफारिशें देने हेतु कहा गया:

1. संघ और राज्यों के बीच करों के शुद्ध आगमों, जो संविधा के भाग 12 के अध्याय 1 के अधीन उनमें विभाजित किए जाने हैं या किए जाएं, का वितरण और राज्यों के बीच ऐसे आगमों के तत्संबंधी भाग का आवंटन।
2. भारत की संचित निधि में से राज्यों के राजस्व में सहायता अनुदान को शासित करने वाले सिद्धान्त और उन राज्यों को, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 275 के अधीन उनके राजस्वों में सहायता अनुदान के रूप में उस अनुच्छेद के खंड (1) के परंतुक में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजनों के लिए सहायता की आवश्यकता है, संदत्ता की जाने वाली धनराशियां और
3. राज्य के वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य में पंचायतों और नगरपालिकाओं के संसाधनों की अनुपूर्ति के लिए किसी राज्य की संचित निधि के संबंध आवश्यक अध्युपा।

आयोग, विशेष रूप से, केन्द्रीय सरकार द्वारा बारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर आरंभ की गई राज्य ऋण समेकन औरराहत सुविधा 2005-10 के प्रवर्त्तन को ध्यान में रखते हुए, संघ और राज्यों की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करेगा और समान वृद्धि से संगत स्थिर और पोषणीय राजवित्तीय वातावरण को बनाए रखने के लिए उपायों का सुझाव देगा।

राष्ट्रपति द्वारा तेरहवें वित्त आयोग के लिए विचाराधीन विषयों के साथ उसके गठन का आदेश मिलनें के बाद वित्त आयोग ने 30 दिसम्बर 2009 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।

तेरहवें वित्त आयोग का सामान्य दृष्टिकोण इस प्रकार से था:

1. अधिक हरित और अधिक समावेशी विकास प्राप्त करने की आवश्यक राजकोषीय दृष्टि से मजबूत केन्द्र, राजकोषीय दृष्टि से मजबूत राज्य और राजकोषीय दृष्टि से मजबूत स्थानीय निकाय बनाये जाये।
2. राजकोषीय सुदृढीकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए मध्यावधिक में ऋण सकल आयोग यह समझता है कि बारहवे वित्त आयोग द्वारा ऋण अनुपात को 75 प्रतिशत के स्तर का लक्ष्य रखा गया था, जबकि बारहवें वित्त आयोग के अंतिम वर्ष में संयुक्त ऋण- सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात 65 प्रतिशत और केन्द्र सरकार के ऋण सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात 45 प्रतिशत तक लाया जाएगा।

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र विभाग) लाजपत राय कालिज, साहिबाबाद, जिला - गाजियाबाद (उ.प्र.) भारत

3. आयोग ने सिफारिश दी कि राजकोषीय समेकन हेतु केन्द्र और राज्यों दोनों का राजस्व घाटा दीर्घकाल में समाप्त किया जाए। हाल ही के वित्त आयोगों डिजाइन के अनुसार तेरहवें वित्त आयोग ने केन्द्र और राज्यों दोनों के लिए समान अनुशासन को रेखांकित किया। जिसमें किसी भी स्तरपर सरकार को प्राथमिकता न देते हुए समान व्यवहार पर ध्यान केन्द्रित किया जाए। इसका अभिप्राय यह है कि राज्य और स्थानीय निकायों के पास राजकोषीय संभावनाएं उपलब्ध है, जिससे तुलनात्मक रूप से समान सार्वजनिक सेवाएं मोटे तौर पर तुलनात्मक रूप से समान कराधन द्वारा उपलब्ध कराई जा सकती है। यह सिद्धांत पुरे देश में सार्वजनिक सेवाओं की समान उपलब्धता की गारंटी नहीं लेता, लेकिन इस हेतु समानता प्राप्त करने के लिए आवश्यक राकोषीय व्यवस्था को रेखांकित अवश्य करता है।

तालिका 2 (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका- 3 : ग्यारहवें, बारहवें और तेरहवें वित्त आयोग द्वारा प्रदत्तों राज्यों का हिस्सा

राज्य	ग्यारहवां वित्त आयोग	बारहवां वित्त आयोग	तेरहवां वित्त आयोग
आंध्र प्रदेश	7.701	7.356	6.948
अरूणाचल प्रदेश	0.244	0.288	0.328
असम	3.285	3.235	3.634
बिहार	14.598	11.028	10.934
छत्तीसगढ	0.000	2.654	2.474
गोवा	0.206	0.259	0.266
गुजरात	2.821	3.569	3.046
हरियाणा	0.944	1.075	1.050
हिमाचल प्रदेश	0.688	0.522	0.782
जम्मू और कश्मीर	1.290	1.297	1.394
झारखंड	0.000	3.361	2.806
कर्नाटक	4.930	4.459	4.335
केरल	3.057	2.665	2.345
मध्य प्रदेश	8.838	6.711	7.131
महाराष्ट्र	4.632	4.997	5.207
मणिपुर	0.366	0.361	0.452
मेघालय	0.342	0.371	0.409
मिजोरम	0.198	0.239	0.269
नागालैंड	0.220	0.263	0.314
उडीसा	5.056	5.161	4.787
पंजाब	1.147	1.299	1.391
राजस्थान	5.473	5.609	5.862
सिक्किम	0.184	0.227	0.239
तमिलनाडू	5.385	5.305	4.977
त्रिपुरा	0.487	0.428	0.512
उत्तर प्रदेश	0.000	19.264	19.708
उत्तराखंड	19.798	0.939	1.122
पश्चिम बंगाल	8.115	7.057	7.276
सभी राज्य	100.00	100.00	100.00

स्रोत: ग्यारहवें, बारहवें एवं तेरहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट

14वां वित्त आयोग :

1. संविधान के अनुच्छेद 280 में प्रदत्त शक्तियों के तहत सरकार ने 2 जनवरी, 2013 को 14वें वित्त आयोग का गठन किया है।
2. आयोग की अध्यक्षता रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ0 वाई0वी0 रेड्डी को सौपी गई है और इसमें चार अन्य सदस्यों के साथ प्रो0 अभिजीत सेन अंशकालिक सदस्य है।
3. योजना आयोग के अन्य सदस्यों में सुषमानाथ (पूर्व केन्द्रीय वित्त सचिव), डॉ0 एम गोविन्द राव (निदेशक राष्ट्रीय लोक वित्त और नीति संस्थान) तथा डॉ0 सुदिप्ति मुण्डले (पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग) शामिल है।
4. आयोग केन्द्रीय करों के बँटवारे, राज्यों को दी जाने वाली नीतिगत सहायता और स्थानीय निकायों को संसाधनों के हस्तान्तरण सम्बन्धी अनुशंसा।
5. आयोग विशेष रूप से केन्द्र सरकार द्वारा 13वें वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर संघ और राज्यों की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करेगा और समान वृद्धि से संगत स्थिति और पोषणीय राज वित्तीय वातावरण को बनाए रखने के लिए उपायों का सुझाव देगा।
6. आयोग विभिन्न विषयों पर अपनी सिफारिशें करते समय, उन सभी मामलों में जहां करो और शुल्कों तथा सहायता अनुदानों के अन्तरण को अवधारित करने के लिए जनसंख्या एक कारक है, वर्ष 1971 की जनसंख्या के आंकडों को आधार के रूप में लेगा। हालांकि वर्ष 1971 के बाद हुए जनसंख्या परिवर्तनों की नीति को आयोग ध्यान में रख सकता है।

14वें वित्त आयोग की रिपोर्ट - 14वें वित्त आयोग ने 24 फरवरी 2015 को अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय वित्त मन्त्रालय को सौपी। इस रिपोर्ट में केन्द्र तथा राज्यों के मध्य वित्तीय प्रबन्धन की प्रक्रिया तथा प्रवृत्तियों को स्पष्ट करते हुए विभिन्न सिफारिशें की गई है। 14वें वित्त आयोग की रिपोर्ट में कर हस्तान्तरण सम्बन्धी सिफारिश लागू होने पर राज्यों को वित्त वर्ष 2015-16 में रुपये 5.26 लाख करोड प्राप्त होंगे। इस वित्त आयोग ने अपनी सिफारिश में राज्यों की कर-राजस्व से होने वाली शुद्ध आय में 42 प्रतिशत हिस्सेदारी तय की है। 13वें वित्त आयोग द्वारा 32 प्रतिशत हिस्सेदारी की सिफारिश की गई थी। 14वें वित्त आयोग द्वारा राज्यों को कर हस्तान्तरण में होने वाला यह अब तक का सबसे बडा बदलाव है।

कर मे बडी हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 में राज्यों को किए गए कुल हस्तान्तरण की तुलना में वर्ष 2015-16 के लिए करीब 45 प्रतिशत अधिक हस्तान्तरण की सिफारिश की गई है।

भुगतान राज्यों तथा स्थानीय निकायों को भुगतान वर्ष 2011 के जनसंख्या आंकडों के आधार पर करने की बात की गई है। ये भुगतान शहरी तथा ग्रामीण जनसंख्या के आधार पर दो श्रेणियों में विभाजित होंगे। इसमें नगर निकाय तथा ग्राम पंचायत शामिल है।

अनुदान के प्रकार: अनुदानों को दो भागों में रखा गया है- साधारण अनुदान तथा प्रदर्शन अनुदान। साधारण और प्रदर्शन अनुदानों का अनुपात पंचायतों के लिए 90.10 रखा गया है, वही निकायों के लिए यह अनुपात 80.20 है।

योजनाओं को हटाना: 14वें वित्त आयोग ने आठ केन्द्र प्रायोजित योजनाओं से केन्द्रीय सहयोग समाप्त करने को कहा है। साथ ही अन्य केन्द्र

प्रायोजित योजनाओं के पैटर्न में हिस्सेदारी में बदलाव तथा जवाबदेही तय करने की सिफारिश की गई है।

वित्त सम्बन्धित महत्वपूर्ण समितियां – सरकार के व्यय एवं वित्तीय अनुशासन से सम्बन्धित निम्नलिखित समितियों का गठन किया गया है।

रंगराजन समिति – योजना आयोग ने डॉ0 सी0 रंगराजन की अध्यक्षता में सरकारी व्यय के दक्ष प्रबन्धन के सम्बन्ध में सुझाव देने के लिए एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित की थी, जिसने अपनी रिपोर्ट सितम्बर 2011 में सौप दी है।

इसकी महत्वपूर्ण संस्तुतियां इस प्रकार है :

1. सार्वजनिक व्यय के सम्बन्ध में आयोजन तथा आयोजन भिन्न अन्तर को समाप्त करना तथा बजट व्यवस्था को उत्पादन एवं परिणामों के साथ जोडकर सरकारी व्यय प्रबन्धन के दृष्टिकोण में मूल भूत परिवर्तन लाना।
2. राज्यों में क्रियान्वित हो रहे केन्द्रीय कार्यक्रमों, उप कार्यक्रमों तथा योजनाओं के लिए एक समान करों के साथ एक नवीन बहुआयामी बजट तथा लेखाकरण की शुरूआत करना।
3. सभी नई योजनाओं के लिए 12वीं योजना से सम्पूर्ण राजकोषीय मोड में रूपान्तरण।
4. क्रय शक्ति समानता सम्बन्धी परियोजनावार, क्षेत्रवार तथा मन्त्रालयवार सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।
5. राजस्व पूंजी वर्गीकरण को बनाए रखना पर समायोजित राजस्व घाटा।

केलकर समिति

1. सरकार ने वित्तीय अनुशासन को लाने के लिए विजय केलकर की अध्यक्षता में लेखा समिति का गठन किया, जिसने एक माह से भी कम समय में अपनी रिपोर्ट तैयार कर दी।
2. इस रिपोर्ट में वित्तीय स्थिति को चिन्ताजनक बताया गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि जल्दी ही वित्तीय अनुशासन लाने के लिए पूर्वत: कदम नही उठाए गए तो स्थिति वर्ष 1991 की तरह चिन्ताजनक हो जाएगी।

निष्कर्ष – भारत के आर्थिक विकास में वित्त आयोग का महत्वपूर्ण योगदान है। वित्त आयोग लागू होने से केन्द्र एवं राज्यों के मध्य वित्तीय प्रबन्धन से मधुर सम्बन्ध बनने है। 14वें वित्त आयोग द्वारा राज्यों को कर हस्तान्तरण वाला सबसे बडा बदलाव है।

तेरहवें वित्त आयोग ने सिफारिश की कि विभाजीय केन्द्रीय करों में राज्यों का हिस्सा वर्ष 2010 से 2015 के कालखंड में प्रतिवर्ष 32 प्रतिशत रहेगा। वित्त आयोग ने पहले से अधिक अनुदान सहायता की भी सिफारिश की। कुल मिलाकर सभी राज्यों को बारहवें वित्त आयोग की तुलना में 136 प्रतिशत अधिक राशि मिलेगी। ऐसा केन्द्र के अपेक्षित राजस्व में वृद्धि और तेरहवें वित्त आयोग द्वारा अधिक बडे हिस्सें को राज्यों को अंतरित करने की सिफारिश के कारण हुआ। बारहवें वित्त आयोग द्वारा कुल केन्द्रीय राजस्व का अधिकतम 38 प्रतिशत राज्यों को दिये जाने की सीमा का संकेत था, जबकि तेरहवें वित्त आयोग द्वारा यह सीमा बढाकर 39.5 प्रतिशत कर दी गई।

इस प्रकार से हम यह निष्कर्ष निकाल सकते है कि ऊर्ध्व अंतरण की दृष्टि से तेरहवें वित्त आयोग द्वारा राज्यों को अधिक राजस्व अंतरण निर्देशित किया गया है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. रोशन कुमार रोशन अरिहन्त पब्लि0 इण्डिया लि0 मेरठ 'भारतीय अर्थव्यवस्था'
2. वेबसाइट
3. केन्द्र सरकार की वित्त आयोग रिपोर्ट
4. 'लोक वित्त' साहित्य पब्लि0 आगरा।
5. साहित्य पब्लि0 इण्डिया प्रा0लि0 आगरा 'भारतीय अर्थव्यवस्था'
6. गौरव दत्त एवं सुन्दरम 'भारतीय अर्थव्यवस्था' प्रकाशन: एस. चन्द्र एण्ड कम्पनी लि0 नई दिल्ली।
7. एस0के0 मिश्र, वी0के0 पुरी हिमालया पब्लि0 हाउस दिल्ली 'भारतीय अर्थव्यवस्था'।

तालिका 2 – दसवें से तेरहवें वित्त आयोगों द्वारा प्रदत्त विभिन्न अंतरणों का कुल में हिस्सा

	दसवां वित्त आयोग		ग्यारहवां वित्त आयोग		बारहवां वित्त आयोग		तेरहवां वित्त आयोग	
	राशि (करोड रु0)	कुल का प्रतिशत	राशि (करोड रु0)	कुल का प्रतिशत	राशि (करोड रु0)	कुल का प्रतिशत	राशि (करोड रु0)	कुल का प्रतिशत
1. केन्द्रीय करों एवं शुल्कों में हिस्सा	206343	91	376318	86.5	613112	81.1	1448096	84.8
2. सहायता एवं अनुदान जिसमें स्थानीय निकाय (क) पंचायते (ख) नगरपालिकायें	20300 5381	9 2.4	58587 10000 8000 2000	13.5 2.3 1.8 0.5	1426400 25000	18.9 3.3	258571 87519	15.2 5.1
कुल (1+2)	226643	100	434905	100	755752	100	1706676	100

स्रोत: दसवें, ग्यारहवें, बारहवें एवं तेरहवें वित्त आयोग की रिपोर्ट

****

धर्म - सम्प्रदायों में मम, सम और सद्भाव

डॉ. मनीषा दुबे *

प्रस्तावना - जब में मानव का सृष्टि में आवरण हुआ तब से ही उसका धर्म से सम्पर्क रहा। यूँ तो सृष्टि रचना से पूर्व ही चतुर्मुख से ज्ञान या विद्या रूप में वेदों का उच्चारण हुआ, ऐसा माना जाता है। इस मान्यता के चलते धर्म को अनादि मानना पड़ता है। आदिमानव के विकास के साथ-साथ, मानव जीवन के प्रत्येक पहलू पर धर्म का आधिपत्य स्थापित होता गया। धर्म द्वारा ही मानव-मानव के बीच सम्बन्धों में समानता, सौहार्द्र एवं सद्भाव बना रहे, इसके लिये कुछ नियम और सिद्धांत अस्तित्व में आए। मानव अपने नाम को सार्थक बनाकर बहुत उँचा उठ जाये, इसलिये उन नियमों के अन्तर्गत जीवन जीने का आदेश भी दिया गया। किन्तु यह सारे सिद्धांत-सिद्धांत ही बने रहे। विभिन्न धर्मावलम्बियों ने धर्म का उपयोग स्वार्थ सिद्ध करने के लिये ही किया। परिणामस्वरूप धर्म के नाम पर ही समाज में वैर, विग्रह जैसी विकृत बुराईयों ने अपना स्थान बना लिया।

संसार में धर्म का ज्ञान अनेक स्थानों पर प्रकट हुआ। उसे देश, काल और परिस्थिति के अनुसार आंशिक रूप दिया गया। उसी अंश ज्ञान को लेकर 'मेरा धर्म महान' की भावना पैदा हुई। उसका अतिरेक हुआ। स्वधर्म के प्रति मम भाव-मोह और अहंकार का भाव जगा। यह धर्म का संकुचित और विकृत विकास था जिससे अन्य सभी मानवों को स्वधर्म में धर्मांतरित करने की दूषित स्पर्धा चली। परधर्म के देवल को तो तोड़कर स्वधर्म का पूजागृह बनाने का दौर चला। धर्मान्तरण कराने में पुण्य समझकर लोग निंदनीय कर्मो में प्रवृत्त हुए: फलस्वरूप मानव द्वारा मानव पर अत्याचार, शोषण एवं हिंसा से यमानव नाम ही तिरस्कृत हुआ। धम्र की आवश्यकता पर भी प्रश्नचिन्ह लगा। इतिहास साक्षी है कि जेरूसलम पर अधिकार करने के लिये यहूदियों, ईसाइओं और मुस्लिमों में इतना रक्तचाप हुआ कि धरती काँप गयी। धर्म के नाम पर संकुचित ममभाव और ममत्व के असंख्य अमानवीय परिणाम बड़े भयानक हुए।

अपने धर्म या ग्रंथ के विषय में ममत्व का भाव बुरा नहीं परन्तु इस भाव के अतिरेक से मानव का दानव बन जाना धर्म का लक्ष्य कदापि नहीं था। ममभाव से अहंभाव पैदा होता है। उत्तार मीमांसा के अनुसार अहंभावी पैदा होता है। उत्तार मीमांसा के अनुसार अहंभावी व्यक्ति के मानस पर अविद्या या अज्ञान का आवरण छा जाता है। परिणामस्वरूप अहंभावी लोग, प्रमाद, दंभ, अभिमान, क्रोध जैसे अवगुणों से ग्रस्त होकर समाज के लिये अभिशाप बन जाते हैं। महामति प्राणनाथ कहते है कि मिथ्या गुमान, अभिमान मानव को गढ़ढे में गिरा देता है। इसे त्यागकर समभावी और समाजसेवी बनना चाहिए-
अब छोड़ो रे मान गुमान ज्ञान को,

एही खाड बड़ी है भाई।
एक डारी त्यों दूजी भी डारों,
जलाए देओ चतुराई।।

मानव देहधारियों को सताने वाली समस्या का समाधान केवल युगपुरूष संतों की वाणियों में मिलता है। संतों की वाणी ही विभिन्न धर्मो के प्रति समभाव पैदा कर सकती हैं। इसलिये महामति कहते है कि सभी धर्म परब्रह्म परमात्मा की ओर सेमानव मात्र को प्रेम का संदेश देने वाले हैं। इसलिये धर्म के नाम पर विकृत, मिथ्या, ममभाव नहीं रखना चाहिये। धर्म गंथों के अध्ययन से पता चलता है कि उनमें साम्य है परन्तु अज्ञानीजन मनमाने अर्थ लगाकर मनुष्यों को एक दूसरे से अलग कर देते हैं-

सब सयानो की एकमत पाई।
पर अजान देखे रे जुदाई।।

समस्त धर्मो के अन्दर जो खूबियाँ, सुन्दर सार शब्द हैं, उन्हें मिला देने से एक मानव धर्म बनता है। सभी धर्मो के प्रति समभाव से ही यह विचार आते हैं।

धर्मशास्त्रों में धर्म का बहुत बड़ा महत्व है। धर्महीन मनुष्य को शास्त्रकारों ने पशु तुल्य बताया है। धर्म शब्द 'धृ' धातु से निकला है जिसका अर्थ है, धारण करना अथवा पालन करना होता है, जो समस्त भूखण्ड में कल्याण का कारण है वही धर्म कहलाता है। महाभारत में कहा गया - 'धर्म सनताहित: पुंसां धर्मश्चैवाश्रय: सताम् धर्माल्लोरुत्रयस्तात् प्रर्वता: सचराचरा:।'

अर्थात् धर्म ही सत्पुरूषों का हित है धर्म ही सत्पुरूषों का आश्रय है और सचराचर तीन लोकों में धम्र से चला जाता है। धर्म शब्द से मजहब या सम्प्रदाय जैसे हिन्दू, मुसलमान, इसाई, यहूदी, बौद्ध आदि समझे जाते हैं। परन्तु मानव धम्र से सभी धर्मो धार्मिक मतों का समावेश हो जाता है। न देश से बधा, न काल से, न जाति से न गोत्र से। चाहे हम भारत में जन्मे हो या अन्य किसी देश में, चाहे किसी का जन्म किसी भी शताब्दी में हुआ हो, कोई अन्तर नहीं पड़ता। मानव धर्म सबके लिए एक समान है।

मानव धर्म का मुख्य सूत्र है कि हमारी जो दिनचर्या सवेरे से शाम तक हम ऐसे कार्य करें जिससे किसी को कोई कष्ट न हो। दूसरा सूत्र है, हमारा कर्म हमें भी आगे चलकर सुखी बनाने वाला हो। भगवान मनु ने धर्म को दस लक्षण बताये है -
धृति: क्षमा दमोडस्तेयं शौचमिन्द्रिय निग्रह: । धी: विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।।

धैर्य, क्षमा, इन्द्रियों का दमन, चोरी न करना, स्वच्छता, इन्द्रियों का विवेकपूर्वक शमन, शुद्ध बुद्धि, विद्या, सत्य और क्रोध न करना ये धर्म के दस लक्षण भगवन् मनु ने बताये हैं। सत्य बात यह है कि मनुष्य जाति के स्वाभाविक धर्म है। इससे किसी जाति, धर्म सम्प्रदाय को आपत्ति नहीं हो सकती है। मनुष्य में मनुष्यत्व का विकास इन्हीं धर्मो के आचरण से सम्भव है । जब मनुष्य इन धर्मो का पलन करना छोड़ देता है, उस समय उसकी अधोगति हो जाती है, जब जब मनुष्य जाति में इन धर्मो की प्रधानता थी तब

* दीनदयाल धाम कॉलोनी, रीवा (म.प्र.) भारत

विश्व में सुख चैन या शान्ति का साम्राज्य था। जब मनुष्यों में इन धर्मो से अलगाव होने लगा, हनन होने लगा तो मनुष्य अपने क्षुद्र स्वार्थ साधन के लिए परस्पर वैर-भाव प्रसव देते हुए हिंसक पशुओं की भांति खुंखार बनकर एक दूसरे को ग्रास करने के लिए तैयार है। इसलिए कहीं भी सुख शान्ति नहीं है। जिधर देखिए उधर ही देश के देश दु:ख के दावानल से दग्ध होते जा रहे हैं।

गरीब तो गरीब, अमीर भी अशान्त प्रतीत हो रहे है। ऊँचे-ऊँचे महलों में रहने वाले मील फैक्टिरियों के मालिक, बडे-बडे पदाधिकारी मन्त्री, सन्तरी, विज्ञान के नए नए अविष्कारक, युद्ध सामग्री का प्रचुर मात्रा में संग्रह करने वाले, दूसरे देशों को भयभीत करने वाले, कवि धर्मोपदेशक, सिर हिलाकर आंख मूंदकर सुनने वाले बड़ी बडी सभाओं में शब्दों के माणिक बना-बनाकर चिल्लाने वाले अन्याय से धन कमाकर व्यापारी बनने वाले आदि। इन सबकी हृदय गुहा में घुसकर देखें तो इन सबके अन्दर अशान्ति की धधकती ज्वाला से ये सब दग्ध मिलेंगे।

इसका मुख्य कारण है कि हम सबने उस परमशक्ति परमात्मा को भूलाकर अपनी प्रतिष्ठा मान-मर्यादा को धारण कर लिया है। मानव मात्र का तिरस्कार किया है। आज अगर हम उँचे पद या व्यापारी है तो यहां तक आने में हमें हमारे माता-पिता (गुरू) अध्यापकगण तथा हमारे हितैषी जन, हमारा समाज (आम आदमी) मानव मात्र का हमको सहयोग प्राप्त हुआ है, इसलिए हमको अहसानमन्द अति अनिवार्य है। मानव धर्म की एक और दृष्टि है। संसार में जितने मजहब है उन सबमें कुछ न कुछ ज्ञानपरक शिक्षा हो सकती है। इसलिए मानव धर्म उन गुप्तचरों की भांति खोजी दृष्टि रखते हुए जिनमें जो तथ्य अनिवार्य और ज्ञानवर्धक है निकालना चाहिए और उनका सत्य से सम्बंध जोडना चाहिए यही लक्ष्य अनिवार्य और उपयोगिताओं से न कि पागलपन या छिछोरी बातों से।

गगर चूंकि हर धर्म का आदमी दूसरे धर्मालवम्बी से चिढ़ता है और अपने से तुच्छ समझता है। ऐसा करने से हम अपना अपने स्वास्थ्य, अपने परिवार समाज, संस्था तथा अपने देश में भी शान्ति कायम रखने में असमर्थ हो जाएंगें। अभी हाल मे पश्चिम उत्तार प्रदेश के साम्प्रादायिक दंगे जीता जागता उदाहरण है।

इस मानव धर्म अर्थात् सम्पूर्ण (पृथ्वी) विश्व में विश्व बन्धुत्व की भावना को जागृत करने वाला एक ही अद्धैत धारण करने वाला मानव धर्म की मिशाल कायम करने रखने वाला निजानन्द सम्प्रदाय है। जिसमें चार सौ वर्ष पूर्व गुजरात मेकं अवतरित हुए महामति श्री प्राणनाथ जी ने इस तरह के मानव धर्म की कायमी करके सम्पूर्ण मानवों को एक सूत्र में बांधकर उस परब्रह्म परमात्मा की एक अद्धैत राह दिखाई है। जिसमें न किसी धर्म का बन्धन है न किसी समाज का एक ऐसी अनोखी राह बताई जिसमें सम्पूर्ण धर्मो सम्प्रदाओं पन्थ पैडों को एक सूत्र में बांध दिया है। आज के इस बिडम्बना पूर्ण संसार को श्री प्राणनाथ जी की इस राह की परम आवश्यकता है। श्री प्राणनाथ जी ने सभी धर्मो का एकीकरण किया है। जम्बूर, तोरेत, इंजीत (फुरकान), कुरान, वेदान्त, गीता भागवत आदि का ज्ञान आपस में मिलता है इनकी उन्होनें अपने अद्धैत खोजी वुत्ति से किया क्योंकि श्री प्राणनाथ जी के अन्दर स्वयं परमात्मा अपनी पांचों शक्तियों से विराजमान थे। उन्होनें अपनी ब्रह्मवाणी में सभी को समझाया।

विस्नु अजाजील फरिस्ता, ब्रह्मा मैकाइल। जबराईल जोश धनी का, रूद्र
तामस अजराईल। खु. 12/45

जिस समय ईसा सत्य की बात कर हरे थे उनके सामने यहूदी थे न की हिन्दू व चीनी। जिस अरब जाति को मोहम्मद अपनी सत्य अनुभूति समझा रहे थे, उसमें यूरोपीयन निवासी नहीं थें। जिस वर्ग को बुद्ध ने उपदेश दिया उसमें अरब और यहूदी शामिल नहीं थे, अर्थात जब इन सत्य ज्ञान की अनुभूति दी गयी वह एकदेशीय वर्ग की थी परन्तु आज सामने हिन्दू है, मुसलमान है, जैन, बौद्ध, सिक्ख, ईसाई सभी है आज हम और हमारे सुन्दरसाथ समस्त वर्गो को श्री प्राणनाथ जी की उस ब्रह्म वाणी की अनुभूति करा सकते है जिस गैव की वाणी को भी प्राणनाथ जी ने छठा दिन मोमिनों का कहकर हमें बख्शा है। सभी धर्मो तथा धर्मग्रन्थों का एकीकरण करके हमें स्वरूप साहिब अर्थात श्री कुलजम स्वरूप की वाणी को दिया है। जिससें मानव धर्म की अनुभूति समस्त भारत वर्ष समस्त विश्व को कराकर इस जागनी की बेला को अमृत बेला बना सकते है। इसलिए श्री महामति जी ने फरमाया है कि-

बोली जुदी सबन की, ओर सबका जुदा चलन।
सब उरझे नाम जुदे धर, पर मेरे तो कहना सबन।। सनंध 1/14

धर्मप्रेमियों, धार्मिक इतिहास जब हम देखते है तो धार्मिक ज्ञान बडी-बडी सकीर्णताओं से भरा पडा है। इतिहास साक्षी है कि मानव जाति ने संसार में धर्म के नाम पर सम्प्रदाय, पन्थ पैडों के नाम पर कितने वीभत्स, हृदय विदारक अतयाचार, अनाचार और पापाचार किए हैं। परन्तु समस्त धर्मो के प्रर्वतकों महापुरूषों ने यही माना है कि पूरे विश्व, समस्त ब्रह्माण्डों संचालन करने वाला सिर्फ एक ही सत्य-परमात्मा है किसी ने उसकों साकार किसी ने निराकार माना ओर इस सत्य को समझाने के लिए उन्होने अनेक उपदेश दिए। धर्मो के आधार पर तलवारों का सहारा लेकर धर्म परिवर्तन कराया जो मानव जाति पर कलंक है। उनक पर अत्याचार करना उनके मान्य बिन्दुओं को नष्ट करके उन्हें मौत के घाट उतार देना उनके तत्कालीन एक सहज वृत्ति हो गयी थी। भारत का मध्यकाल इस धर्मान्धता के कारण सामाजिक राजनैतिक एवं अध्यात्मिक झगडों की घटनाओं से कलंकित ही शोचनीय है

मध्यकाल की इस विभीषिका की अंधेरी गुफा में एक-एक सत्य को परम ज्योतिर्मय मशाल श्री प्राणनाथ जी स्वयं बुद्ध निष्कलंक अवतार ने जलाई। हिंसा चीत्कार में करूणा की ज्योति प्रज्वलित हुई। उन्हीं निष्कलंक बुद्ध जी ने इस पापाचार, दुराचार के कलंक को मिटाया और समझाया यखसम सबन का एक है, नाहि न दूसरा कोय। कलश हि. 14/34

बोली सबों जुदी कर दिया, ताथें समझ न परी किन।।
नाम सारे जुदे धरे, लई सबों जुदी रसम।

विश्व के सभी धर्मो में परस्पर एक-दूसरे धर्म की तुलना में अनेक समानताएँ है। परमात्मा, आत्मा और सुष्टि-फादर, सन एण्ड होली घोस्ट। लगभग एक जैसी शक्ति के नाम हैं। इसी प्रकार गीता के क्षर-अक्षर-उत्तम पुरूष वाणी के क्षर अक्षर अक्षरातीत शक्ति है। जो आत्माओं को लीला दिखाने के लिये अपने सत् या सत्तारूप अक्षर से जगत की रचना करवाती है और फिर ईश्वर अंश रूप से सृष्टि में प्रकट होकर उसका संचालन करती है। क्षर पुरूष-यह जगत हमेशा बनता और मिटता है, अविनाशी अक्षर कुटस्थ भाव से स्थिति है। उत्तम पुरूष इन दोनों से अलग है - उसकी प्रेरणा से ही अक्षर और क्षर लीला करते है। वहीं अंश रूप से ईश्वर पुरूष के रूप में लीला करता है और जगत के देवी देवताओं द्धारा सारे कार्य करवा रहा है।

द्धाविमौ पुरूषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च।
धर्मो उत्तम: पुरूषस्त्वन्य: परमात्मेत्युदढाहत:।
यो लोक त्रयमाविस्य विभर्त्यव्यय ईश्वरा।

कुरान शरीफ का कलिमा भी तीन भिन्न शक्तियों की बात करता है ला-

नहीं, इलाह–है–इल्लूलाह– इनसे परे परम सत्ता जिसका पैगाम का विवेचन है–

क्षर के परे, अक्षर के पारा।
तहि पुरूष का करो विचारा।
ननक एको सिमरये, जन्म मरण दुख जाये।
दूजा काहे सिमरिये, जन्मिये और मर जाये।।
परम पुरूष का मैं हूं दासा।
देखन आयो जगत तमासा ।।

अर्थात परम पुरूष परमात्मा एक ही है। उसी का ध्यान, चिन्तन, मनन और पूजन करा चाहिये। वही लीला के लिये, अपनी सत्ता से क्षर जगत बनाता है और अपनी आत्माओं के देखने के बाद मिटा देता है। गुरू नानक कहते है उसी पार पुरूष के ध्यान से मुक्ति मिलती है और आवागमन का चक्कर छूट जाता है। क्षर पुरूष के अंशरूप देवी–देवता सुख दिला सकते है मोक्ष नहीं।

महामति श्री प्राणनाथ तीन पुरूष का वर्णन इस प्रकार करते है:–

हद पार बेहद है, बेहद पार अक्षर।
अक्षर पार वतन हैं, जागिये इन घर।।

इस प्रकार अनेक धर्म ग्रंथो मे तीन पुरूषों की शक्तियों की चेतना के भिन्न स्तरों का वर्णन करते हुए, परम सत्ता को ही माने और पूजने के विधान है। उस परब्रह्म के स्वरूप ओर धाम का वर्णन महामति ने बडे स्पष्ट शब्द में किया है।

एक कह्या वेद कतेब ने, जो खुदा रहया सबन।
तनको सारों ढूँढियां, सो एक न पाया किन।।
एक बका सब कोई कहे, पर कोई न कहे बका ठौर।
सब कहें हमों न पाइया, कर कर थके दौर।।

महामति ने कहा कि वेद ओर कतेब यह तो बताते है कि परमात्मा का ठिकाना अखंड परमधाम है किन्तु यह स्पष्ट नहीं कर पाते किवह कहा है ? सबने यही कहा कि हम ढूंढ ढूंढ कर थक गये। वह अखंड धाम बका हमें मिला नहीं। महामति ने उसे स्पष्ट रूप से प्रकट किया। सांसारिक शब्दों मे परमधाम का बडा ही हृदयग्राही और मार्मिक वर्णन कुलजम स्वरूप के परिक्रमा ग्रंथ में हैं ध्यान और चितवन के लिये यह वर्णन मन को इधर उधर भटकने से रोक कर एकाग्र करता है। इस वर्णन से गौरवान्वित होकर आत्मा परमधाम की ओर उन्सुख हो जाती है। महामति ने खुलासा ग्रंथ में यह भी बताया कि इस नश्वर संसार के पार अविनाशी सत्ता अक्षर ब्रह्म की है और उसके पार पूर्ण सत्ता अक्षरातीत परब्रह्म का धाम अर्थात परमधाम है।

परब्रह्म के जगत में प्रकट होने के संकेत भी अनेक धर्मग्रंथो में हैं उनमे ंभी समय, उनके अवतरण के कारण एवं कार्य या लीली के विषय मे जो वर्णन है, उसमें भी साम्य देखा जा सकता है।

हिन्दू धर्म ग्रंथ मे भविष्य पुराण में उल्लेख है कि निष्कलंक बुधावतार होगा। उस समय ग्यारहा मास का वर्ष होगा और धूमकेतु पुच्छल तारा दिखायी देगा। हरिवंश पुराण में भी परम सत्ता के प्रकटीकरण के विषय में कहा गया है

अभाविनो भविष्यन्ति मुनयाग ब्रह्मरूपिणा:।
उत्पन्ना ये कृतयुगे प्रधान पुरूषाश्रया:।
कथा योगेन तान्सर्वाण पूज्यष्यन्ति मानवा:
यस्य पूजा प्रभावेन जीवसृष्टि समुद्धर:।।

अर्थात कलियुग में ब्रह्म स्वरूप मुनिजन उत्पन्न होंगें। वे परब्रह्म स्वरूप से आश्रित होगें। उनकी कथाओं को सुनकर संसार के जीव उनकी पूजा करेगें। फलस्वरूप वे आवागमन के चक्कर से मुक्त हो जायेंगे।

मुसलमानों के धर्मग्रंथ –कुरान और हदीसों मे कहा गया है कि ओर असकी साक्षी जबूर, तौरेत और इंजील भी देते है कि अन्तिम दिन या दौर मे मसीहा इमाम मेंहदी का आगमन होगा। इसका समय सूरा अल फज्र में मुहम्मद साहब के बाद दसवीं, ग्यारवीं, और बांरहवीं सदी में बताया गया। बादशाह औरंगजेब के युग मे वही समय था। महामति ने वेद कतेब ग्रंथो में साम्य दिखाकर, एक विश्वधर्म की नींव रखी और स्वयं में इमाम मेंहदी के प्रकटीकरण की घोषणा की।

सिख धर्म प्रवर्तक गुरू नानक जी की वाणी में भी कहा गया है–

बीतेगा उत्तलीसा दगेगा चालीसा,
तब होरी मर्द मर्द का चेला।
नानक गुरू दिखावे साई, सच सच दी बेला।

उस समय प्रकट होने वाले ब्रह्ममुनियों के लिये उन्होनें कहा–

नानक ब्रह्मजानी कउ सदा नमक सकाऊ
ब्रह्मगिआनी की शोभा ब्रह्मगिआनी बनी
नानक ब्रह्मगिआनी सरब दा धनी।

विक्रम सम्वत् 1735 में ग्यारह मास का वर्ष था और धूमकेतु भी दिखायी दिया था। हरिद्वार कुम्भ मेले में हुए धार्मिक वार्तालाप शास्त्रार्थ का सही वर्णन महामति के जीवन वृत्तों बीतकों मे स्पष्ट रूप से मिलाता है। उस समय सर्वधर्म आचार्यो ने महामति प्राणनाथ जी को निष्कलंक बुद्ध की पदवी से विभूषित किया। भविष्य पुराण की भविष्य वाणी को सार्थक किया तथा गुरूनानक जी की वाणी कि उन्तालीस का साल बीतने और चालीसवां लगने पर महान गुरू शिष्य का मिलन होगा उन्होनें प्रभु से उस समय के दर्शन कराने का भाव प्रकट किया था।

संत गुरू गोविन्द सिंह जी ने भी कुछ ऐसा ही संकेत दिया। उन्हीं के युग में महामति श्री प्राणनाथ जी के संरक्षण में महाराजा छत्रसाल ने मध्यप्रदेश में बुंदेलखण्ड राज्य की स्थापना की। दक्षिण में शिवाजी द्वारा स्थापित मराठा साम्राज्य की डाली गयी नींव को कुद समय तक मराठों ने अपने रक्त से सींचा तभी शायद गुरू गोविंद सिंह ने कहा होगा ।

उठ गई मलेच्छां दी, कर कूड़ पसारा।

असत्य परिस्थापित मल्छ राज्य का अंत हुआ। संसार में सभी प्रकार के झगडे मिटोन वाली सत्ता महामती श्री प्राणनाथ के रूपमें प्रकट हुई। साहेब आए इन जिमी, कारज करने तीन।

सबका झगडा मेट के, या दुनिया या दीन।।

धर्म, जाति, स्वार्थ के झगडों में संतप्त मानवता को त्राण मिला इस तरह संसार के अनेक धर्म ग्रथों में पूणभ्रम परमात्मा के संकेत प्राप्त होते है इस सभ्यता को ज्ञान चक्षुक पुन: से देखा व समझा जा सकता है अनेक धर्म चार्यो एवं महान विभूतियों ने देशकाल वातावरण के अनुसार मानव को सही राह दिखाने के लिए जो कुछ कहां उन मे भी बडा साम्य दिखाई देता है इसा मसीह ने कहां तू अपने प्रति जिस प्रकार के व्यवहार के अपेक्षा रखता है। वेसा ही वर्ताव अन्य लोगों से कर। कन्फ्यूशियस के शब्द भी वैसे ही है। अपने प्रति जिस व्यवहार की तुझे अपेक्षा न हो वैसा व्यवहार किसी के प्रति नहीं करना चाहिए। महात्मा गांधी के शब्दों मेंअकूत प्रेम से ही विश्व में राज्य स्थापित हो सकता हैं सभी धर्म ग्रंथों में कुछ कुछ बातें भिन्न दिखाई देती है इन सद भावना और सही ज्ञान से यह बात समझ मे आती है कि विभिन्न धर्म प्रवर्तकों ने जो कुछ भी कहा वो पूरी मानवता के भले के लिए ही है विभिन्न

धर्मचार्य के युग में परिस्तिथियां भिन्न थी। किन्तु सही ढंग से उनकी वाणियों के सम्यक अध्ययन से पता चलता है कि सब में धर्मभाव एक ही है कि मानव बुराईयों को छोडकर प्रेमभाव से रहे तो उसे परब्रह्म की निकटता प्राप्त होती है प्रेम में ही परमात्मा हैं जो प्रेम भरे आचारण से मिलते हैं।

एकं सद् विप्रा: बहुधा वदन्ति

अर्थात सत्य स्वरूप पूणब्रह्म परमात्मा तो एक ही है किन्तु विद्धान अलग अलग ढंग से उसका वर्णन करते हैं। संत कबीर ने कहा

न्यारे न्यारे बरतन भये, पानी सब में एका।।

इस दृष्टि से देखें तो धर्म ग्रंथों में समता के कई सूत्र पकड में आ जाते है सभी धर्म गंन्थों का उद्देश्य आध्यात्मिक और नैतिक दृष्टि से मानव जीवन को उन्नत बनाना है। सबने परम तत्त्व के प्रति उन्नत भाव, ईश्वरीय शक्तियों एवं अवतारों के प्रति सम्मान धर्म ग्रंथ ईश्वर प्रेरित है ये विश्वास तथा नैतिक आचरण के लिये आग्रह पाया जाता है भौतिक सम्पत्ति से निर्मोही को ही आध्यात्मिक सम्पत्ति प्राप्त होती है प्रार्थना पूजा के प्रति आस्था प्रारबब्ध को अपने कर्मो का फल मानना, सत्य की जय औ असत्य की पराजय का हढ विश्वास इत्यादि असंख्य बातें उनमें एकता दर्शाने वाली हैं। कोई भी धर्म किसी देश जाति या वर्ग के लिये नहीं है वह सम्पूर्ण मानवता का मार्गदर्शन करता है। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि भिन्न भिन्न धर्मो के बाह्य स्वरूप भले ही भिन्न प्रतीत हो उनमें गहरी अन्तर की भाषा में एकता देखी जा सकती है।

जर्मन विद्धान मैक्समूलर ने वेदों का अनुवाद करने के लिये संस्कृत भाषा का अध्ययन किया था। मुगल कुमार दाराशिकोह ने वेंदो तथा उपनिषदों का अरबी भाषा मे अनुवाद किया। भिन्न भिन्न धर्म ग्रंथो के अध्ययन से विद्धानों को पता चला कि सभी धर्मो का उद्देश्य मानव उत्थान ही हैं महामति ने विभिन्न धर्म ग्रंथो के सरतत्व का समन्वय करके विश्व धर्म की बुनियाद रखी। शहंशाह अकबर की दीने इलाही भी कुछ ऐसा ही प्रयास था। सभी धर्म ग्रंथों मे मानव के लिये एक ही पूर्णब्रह्म परमात्मा के पवि? संदेश है जिन्हें पारखी नजर से ही देखा जा सकता है। धर्म के नाम पर संघर्ष युद्ध करने वाले बर्बर शैतान के दास है। महामति ने कहा

जो कुछ कह्मा कतेब ने, सोई कह्मा वेद।
सब बंदे एक साहेब के, पर लडत बिना पाए भेद।।

तातपर्य यह कि निष्पक्ष भाव से दीर्घ दृष्अि से किया गया विभिन्न धर्मो का अध्ययन समभाव पेदा करता है ममभाव को भी उसी में एकाकार कर देता है। सर्वधर्म समभाव ही सद्भाव उत्पन्न करता है जिससे मानव मे परस्पर प्रेम और आदर उत्पन्न होता है वसुवैध कुटुम्बकम का नारा भारत की इसी मन स्थिति और परस्पर सहिष्णुता को प्रकट करता हैं। महामति वाणी इस ओर यथार्थ भूमिका निभा रही है। समग्र संसार को प्रेम भाव में स्थित करके संसार में ईश्वरीय राजय लाने का यही तो एक मात्र उपाय है। महामति कहते है।

छोड गुमान सब मिलती,
ए जो सकल जहान।
जत पात न भांत कोई,
एक खान पान एक गान।।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

उदयपुर जिले के आदिवासी एवं गैरआदिवासी किशोर विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति अभिवृति का तुलनात्मक अध्ययन

श्रीमती श्वेता वैष्णव * डॉ. प्रेमलता गाँधी **

प्रस्तावना – पर्यावरण का मानव के साथ अनन्त काल से घनिष्ठ संबंध रहा है और अपने ही अस्तित्व के लिए भविष्य में भी यही संबंध रहेगा क्योंकि मानव का जन्म और मृत्यु पर्यावरण से ही जुड़ा हुआ है। उसके जीवन का प्रत्येक कार्य पर्यावरणीय संसाधनों पर आधारित है चाहे वह भौतिक हो या आध्यात्मिक, इसलिए भविष्य में अपने अस्तित्व को बनाये रखने के लिए पर्यावरण के उचित प्रबंधन की शैक्षिक व सह शैक्षिक योजना का अनुकूल क्रियान्वयन महत्तवपूर्ण है।

आज पर्यावरण की समस्या से कोई भी अपरिचित नहीं है। विश्व स्तर पर इस समस्या के लिए किए जानेवाले प्रयासों में सब से बड़ा योगदान क्षेत्र शिक्षा को चुना गया है। अत: इस दिशा में मनुष्य की जीवन शैली की पुनर्सरचना की आवश्यकता अनुभव की जाती है और यह कार्य बचपन से ही आरंभ कर दिया जाना चाहिए। इसलिए प्राथमिक स्तर पर से ही पर्यावरण शिक्षा को महत्त्वपूर्ण माना गया है। यह शिक्षा भारत देश में भी सर्वत्र अनिवार्य रूप से प्रचलित है। किन्तु प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर दी जाने वाली पर्यावरण शिक्षा पर्यावरण सुधार के उद्देश्यों में कहाँ तक सफल हो रही है, इसका अवलोकन करना भी आवश्यक है। साथ ही यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि पर्यावरण शिक्षा प्रदान करने के लिए किस तरह की योजनाएँ बनाई जाती हैं, उनका क्रियान्वयन कैसे होता है, उनका प्रभाव क्या होता है आदि का पुनरीक्षण करना भी महत्त्वपूर्ण है, ताकि उनकी सार्थकता ज्ञात की जा सके।

इसीलिए आधुनिक विकास की दौड़ में मानव को प्रकृति के साथ और जीवन के साथ एक अटूट संबंध स्थापित करने के लिए अपनी अभिवृत्ति को बदलना पड़ेगा, तभी वह जीवित रह सकता है। इसीलिए आवश्यक है कि प्रकृति द्वारा प्रदत्त निधि का सदुपयोग मानव अपने विवेकपूर्ण तरीके से करें; जिससे आने वाली पीढ़ियों को उसे सुरक्षित रूप में सौंपा जा सके। इसी क्रम को बनाये रखने की चेतना जागृत की जाये और यह चेतना बनाये रखने के लिए आवश्यक है कि छात्रों को पर्यावरण के बारे में शिक्षा दी जाए, जिससे मानव जाति के भविष्य को नई दिशा प्रदान की जा सके।

शर्मा जे. बी. (2011) ने 'ए डवलपमेन्ट ऑफ साईन्स एजुकशन फॉर अपर प्राइमरी क्लासेज वीथ बेस्ट ऑन द एन्वायीमेन्टल एप्रोच' शीर्षक से शोध अध्ययन किया। जिसमें मुख्य निष्कर्ष के रूप में यह पाया कि उच्च प्राथमिक स्तर पर न केवल छात्रों की पर्यावरण अभिवृति पर प्रभाव डालने के लिए बल्कि छात्रों में पर्यावरण अध्ययन के महत्व के लिए अन्तर्दृष्टि व कौशल का विकास करने के लिए पर्यावरण शिक्षा जरूरी है। विद्यालय के बाहर का पर्यावरण शिक्षा के क्रियात्मक पक्ष को पूरा करने के उद्देश्य से बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही यह भी पाया कि उच्च प्राथमिक स्तर के विषय का पर्यावरण से कोई सार्थक सम्बन्ध नहीं है।

देवपुरीया आर. पी. (2004) के शोध विषय 'मध्यप्रदेश के विद्यालयों में पर्यावरणीय एवं परम्परागत विधि द्वारा विज्ञान शिक्षण का तुलनात्मक अध्ययन' का उद्देश्य कक्षा पाँचवी, आठवीं, नवीं तथा दसवीं के विद्यार्थियों का विज्ञान के प्रति पर्यावरणीय एवं परम्परागत विधि द्वारा अध्ययन से प्राप्त संज्ञानात्मक निष्पति की तुलना करना तथा उक्त दोनों विधि के शिक्षण द्वारा विद्यार्थियों में पर्यावरणीय जागरूकता तथा अभिवृत्ति की तुलना करना था। निष्कर्ष के रूप में उन्होने पाया कि प्रयोगात्मक समूह के कक्षा पाँचवीं, आठवीं, नवीं तथा दसवीं के विद्यार्थियों का पर्यावरणीय विधि से शिक्षण के कारण उच्च उपलब्धि अंक प्राप्त होते है तथा प्रयोगात्मक समूह के प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थी पर्यावरणीय जागरूकता के प्रति अत्यधिक सुधार प्रदर्शित करते है। साथ ही "t" के प्राप्तांकों से स्पष्ट होता है कि प्रयोगात्मक समूह के अध्यापकों की पर्यावरणीय विधि से विज्ञान शिक्षण के प्रति अत्यधिक उच्च सकारात्मक अभिवृत्ति पायी गयी।

राव बी. एन. (2002) ने अपनी पुस्तक 'फण्डामेन्टल ऑफ पापुलेशन ज्योग्राफी' में शहरों में प्रदूषण बढ़ने का कारण अधिक जनसंख्या को माना है। उनके अध्ययन का निष्कर्ष यह कि जनसंख्या का घनत्व अधिक होने से पेयजल खाद्यान्न व अन्य समस्याएँ आती है। यह घनत्व शहर के मध्य भाग में अधिक होने से वहाँ पर ध्वनि प्रदूषण भी चरम सीमा पर होते है।

प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य उदयपुर जिले के आदिवासी एवं गैरआदिवासी किशोर विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति अभिवृति को ज्ञात करना हैं।

इस हेतु राजस्थान के उदयपुर संभाग की कुल सात पंचायतों (झाड़ोल, सलूम्बर, कोटड़ा, धरियावद, खेरवाड़ा, गिर्वा और सराड़ा) से कुल 700 (प्रत्येक पंचायत से 100-100) किशोर (माध्यमिक स्तर के) विद्यार्थियों (350 छात्र एवं 350 छात्राओं) का चयन इस प्रकार से किया गया कि प्रत्येक संभाग से 50 विद्यार्थी आदिवासी एवं 50 विद्यार्थी गैर आदिवासी थे। पंचायतों के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से इन विद्यार्थियों को चयनित किया गया। इस प्रकार 175 छात्र एवं 175 छात्राएँ आदिवासी तथा 175 छात्र एवं 175 छात्राएँ गैर आदिवासी विद्यार्थियों का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया।

उपकरण के रूप में एक स्वनिर्मित प्रश्नावली का निर्माण कर चयनित

*शोधकर्त्री, शिक्षा संकाय, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टु-बी विश्वविद्यालय) प्रतापनगर, उदयपुर (राज.) भारत
** शोध निर्देशिका, वरिष्ठ सहायक आचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (सी.टी.ई.), डबोक, उदयपुर (राज.) भारत

न्यादर्शो पर प्रशासित किया गया। तत्पश्चात् प्राप्त आँकड़ों का सारणियन एवं सांख्यिकीय विश्लेषण किया गया।

शोध में निम्नलिखित परिकल्पना को शोध के दौरान काम में लेने का प्रयास किया हैं –

1. आदिवासी एवं गैर आदिवासी किशोर विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति अभिवृति में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
2. अध्ययन क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं में पर्यावरण के प्रति अभिवृति में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

सारणी 1 : आदिवासी किशोर विद्यार्थियों एवं गैर आदिवासी किशोर विद्यार्थियों के मध्य पर्यावरण के प्रति अभिवृत्ति संबंधी तुलनात्मक विश्लेषण

	आदिवासी विद्यार्थीगैर	आदिवासी विद्यार्थी
मध्यमान	54.32	40.66
मानक विचलन	4.562	6.741
N	350	350
मध्यमान अन्तर	13.657	
df	348	
टी मूल्य	31.391	
सार्थकता	0.01 स्तर पर सार्थक	

सारणी 1 से स्पष्ट होता है कि आदिवासी किशोर विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति अभिवृत्ति तुलनात्मक रूप से अधिक पाई गई। सारणी का विश्लेषण करने पर मध्यमान अन्तर 13.657 तथा 'टी' का मान 31.391 प्राप्त हुआ हैं जो कि 0.01 स्तर पर सार्थक हैं एवं यह प्रदर्शित करता हैं कि आदिवासी किशोर विद्यार्थियों एवं गैर आदिवासी किशोर विद्यार्थियों के मध्य पर्यावरण के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक रूप से अन्तर होता हैं।

सारणी 2 : कुल किशोर छात्रों एवं कुल छात्राओं के मध्य पर्यावरण के प्रति अभिवृत्ति संबंधी तुलनात्मक विश्लेषण

	कुल छात्र	कुल छात्राएँ
मध्यमान	47.73	47.25
मानक विचलन	8.387	9.451
N	350	350
मध्यमान अन्तर	0.486	
df	348	
टी मूल्य	0.719	
सार्थकता	असार्थक	

सारणी 2 से स्पष्ट होता है कि कुल छात्रों में पर्यावरण के प्रति अभिवृत्ति तुलनात्मक रूप से अधिक पाई गई। सारणी का विश्लेषण करने पर मध्यमान अन्तर 0.486 तथा 'टी' का मान 0.719 प्राप्त हुआ हैं जो कि असार्थक हैं एवं यह प्रदर्शित करता हैं कि कुल छात्रों एवं छात्राओं के मध्य पर्यावरण के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक रूप से कोई अन्तर नही होता हैं।

सारणी संख्या 3 से स्पष्ट होता है कि विभिन्न समूह (आदिवासी तथा गैर आदिवासी) के विद्यार्थियों के पर्यावरण चर हेतु ऋमान 988.614 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर सार्थक हैं एवं यह प्रदर्शित करता है कि पर्यावरण के प्रति अभिवृति में विद्यार्थियों के विभिन्न समूह एक दूसरे से सार्थक रूप से भिन्न हैं।

सारणी के अवलोकन से यह भी स्पष्ट होता हैं कि छात्र एवं छात्राओं के पर्यावरण चर हेतु ऋमान 1.250 प्राप्त हुआ जो कि असार्थक हैं एवं यह प्रदर्शित करता है कि पर्यावरण के प्रति अभिवृति में छात्र एवं छात्रा एक दूसरे से सार्थक रूप से भिन्न नहीं हैं। समूह एवं लिंग की अर्न्तक्रिया में प्रतिबल चर हेतु ऋमान 3.016 प्राप्त हुआ जो कि असार्थक हैं।

निष्कर्ष के रूप में यह प्राप्त हुआ कि आदिवासी किशोर विद्यार्थियों एवं गैर आदिवासी किशोर विद्यार्थियों के मध्य पर्यावरण के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक रूप से अन्तर होता हैं। जो यह प्रदर्शित करता है कि चयनित प्रथम परिकल्पना असत्य सिद्ध हुई।

इसके अतिरिक्त यह भी निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि छात्रों एवं छात्राओं के मध्य पर्यावरण के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक रूप से कोई अन्तर नही होता हैं। जो यह प्रदर्शित करता है कि चयनित द्वितीय परिकल्पना सत्य सिद्ध हुई। आदिवासी एवं गैर आदिवासी छात्र–छात्राओं में पर्यावरण के प्रति अभिवृति का प्रसरण विश्लेषण भी प्राप्त निष्कर्षों की पुष्टि करता हैं।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. देवपुरिया आर.पी. (2004) 'मध्यप्रदेश के विद्यालयों में पर्यावरणीय एवं परम्परागत विधि द्वारा विज्ञान शिक्षण का तुलनात्मक अध्ययन', पी.एच.डी. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,(म.प्र.)
2. गर्ग, बी. एल. : पर्यावरण प्रकृति और मानव, अभिनव प्रकाशन, अजमेर
3. नायाब, सोलेह मोहम्मद : 'पर्यावरण प्रदूषण एक चुनौती' सन्मार्ग प्रकाशन, 16 पू. बी. बैंगलोर रोड, जवाहर नगर, दिल्ली
4. पुरोहित एस.एस व कुमारी अर्चना : 'पर्यावरण', अजन्ता बुक, सेक्टर–4, जय नारायण व्यास कॉलोनी, बीकानेर – 1992
5. राव बी. एन. (2002), 'फन्डामेन्टल ऑफ पोपुलेशन ज्योग्राफी', देव प्रकाशन, मन्दसोर, (म.प्र.)।
6. Sharma J. B. (2011), A Developmet of Science Education For Upper Primary classes with Best of the environmental approach, Report of SIERT, Govt. of Rajasthan
7. शर्मा मधुसूदन (1986) : 'पर्यावरण शिक्षा क्या ? क्यों ? कैसे ?', चौधरी प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स, उदयपुर
8. उपाध्याय डॉ. राधावल्लभ : 'पर्यावरण शिक्षा', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा

सारणी 3 : आदिवासी एवं गैर आदिवासी छात्र–छात्राओं में पर्यावरण के प्रति अभिवृति का प्रसरण विश्लेषण

प्रसरण स्त्रोत	योग का वर्ग	df	माध्य वर्ग	F	सार्थकता
समूह(आदिवासी/गैरआदिवासी)	32640.571	1	32640.571	988.614	0.01 स्तर पर सार्थक
लिंग(छात्र/छात्रा)	41.286	1	41.286	1.250	असार्थक
अन्तर्क्रिया	99.566	1	99.566	3.016	असार्थक
त्रुटि	22979.486	696	33.017		
योग	55760.909	699			

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति के प्रति शिक्षक एवं अभिभावक का अभिमत

चेतना भारद्वाज * डॉ. अनीता कोठारी **

शोध सारांश – प्रस्तुत अनुसंधान कार्य का मुख्य लक्ष्य अनुसंधित्सु ने राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति के प्रति शिक्षक एवं अभिभावक के अभिमत का अध्ययन करना था। शोधकार्य के निर्धारित समय सीमा को देखते हुए अपने शोधकार्य के लिए कुल 200 शिक्षक एवं 100 अभिभावक का चयन उदयपुर एवं राजसमन्द जिले से किया गया। दत्त संकलन हेतु मानकीकृत उपकरण की अनुलबधता में स्वनिर्मितअभिमतावली का प्रयोग किया गया था। प्रमापनी से प्राप्त दत्तों को विश्लेषण हेतु सारणीयन करते हुए आँकड़ो का विश्लेषण सांख्यिकी प्रविधियाँमध्यमान एवंप्रतिशत मध्यमान सांख्यिकी का प्रयोग किया गया था। निष्कर्ष स्वरूप पाया गया किराजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति एवं क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के प्रति शिक्षक एवं अभिभावक के सकारात्मक अभिमत पाया गया है।

शब्द कुंजी – नामांकन, ठहराव, वस्तु स्थिति।

प्रस्तावना – राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव के लिए समय –समय पर राज्य सरकार द्वारा कई योजनाएँ चलाई गई जिन्होने प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित किया है उनमें से प्रमुख योजनाएँ इस प्रकार से है:–

1. मीना मंच
2. अध्यापिका मंच
3. मिड डे मिल्क
4. साक्षर भारत मिशन
5. राजीव गाँधी डिजिटल विद्यार्थी योजना
6. राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान
7. देव नारायण छात्रा स्कूटी वितरण एंव प्रोत्साहन योजना
8. चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम
9. सम्बलन कार्यक्रम
10. लर्निंग गारन्टी स्कूल कार्यक्रम
11. पढो राजस्थान कार्यक्रम
12. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन
13. शिक्षाकर्मी परियोजना
14. जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम
15. सर्व शिक्षा अभियान द्वारा संचालित योजनाएँ

अ. कम्प्यूटर एडेड लर्निंग प्रोगाम
ब. राजस्थान एज्यूकेशन इनिशिएटिव
स. स्कूल चले हम

16. बाल गणेश चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना
17. ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना
18. महिला शिक्षण विहार
19. शिक्षा आपके द्वार योजना
20. मिड डे मील योजना
21. भामाशाह सम्मान योजना
22. नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण योजना
23. लोक जुम्बिश परियोजना
24. प्रवेशोत्सव कार्यक्रम
25. शाला जल स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम
26.. शिक्षक का अपना विद्यालय योजना
27. चल विद्यालय योजना

इस तरह प्रारम्भिक शिक्षा के विकास हेतु सरकार द्वारा निरन्तर प्रयास किए जा रहे है फिर भी आँकड़ो से यह कहा जा सकता है कि आज भी राजकीय विद्यालय में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन व ठहराव की स्थिति दयनीय है। उक्त परिस्थितियों से प्रभावित होकर शोधार्थी ने अपना शोध आलेख उक्त विषय पर प्रस्तुत करने का विचार बनाया है।

उद्देश्य – शोधार्थी द्वारा निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये गये थे जो इस प्रकार से है:–

शोधकर्त्री ने अपने अनुसंधान कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निम्नलिखित उद्देश्यों को निर्धारित किये जो इस प्रकार से है :–

1. राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं का पता लगाना।
2. राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति के प्रति शिक्षकों के अभिमत का अध्ययन करना।

* रिसर्च स्कोलर, जर्नादनराय नागर राजस्थान विद्यपीठ (डीम्ड- टू-बी विश्वविद्यालय) उदयपुर (राज.) भारत
** पी.एच.डी गाईड, जर्नादनराय नागर राजस्थान विद्यपीठ (डीम्ड- टू-बी विश्वविद्यालय) उदयपुर (राज.) भारत

3. राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति के प्रति अभिभावकों के अभिमत का अध्ययन करना।
4. राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का पता लगाना।
5. राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के प्रति शिक्षकों के अभिमत का अध्ययन करना।
6. राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के प्रति अभिभावकों के अभिमत का अध्ययन करना।
7. राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को बढ़ाने हेतु आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करना।

अनुसंधान का विधिशास्त्र :

1. प्रस्तुत शोध में शोधार्थी को *'राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति एवं क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं के प्रति शिक्षक एवं अभिभावक का अभिमत का अध्ययन करना था।'* जो कि सर्वे विधि द्वारा ही संभव है इसकी प्रकृति को देखते हुए शोधार्थी ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया था।
2. दत्त संकलन हेतु मानकीकृत उपकरण की अनुलब्धता में स्वनिर्मित अभिमतावली का प्रयोग किया गया था।
3. संकलित दत्तों की सारणीयन का विश्लेषण सांख्यिकी प्रविधि मध्यमान एवं प्रतिशत मध्यमान के द्वारा विश्लेषण किया गया।
4. शोधकार्य के लिए कुल 200 शिक्षक एवं 100 अभिभावक का चयन उदयपुर एवं राजसमन्द जिले से किया गया।

सारणीयन एवं विश्लेषण :

सारणी संख्या -1 : राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति के प्रति शिक्षकों के अभिमत का प्रतिशत मध्यमान के आधार पर विश्लेषण

क्र.	आयाम	प्रतिशत मध्यमान	वरीयता क्रम
1.	प्रवेशोत्सव कार्यक्रम	24.70	प्रथम
2.	सम्बलन कार्यक्रम	16.68	चतुर्थ
3.	नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक योजना	22.19	द्वितीय
4.	मिड-डे-मील	19.91	तृतीय
5.	सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन	16.52	पंचम

विश्लेषण एवं व्याख्या - राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति के प्रति शिक्षकों का अभिमत सकारात्मक सबसे अधिक प्रवेशोत्सव कार्यक्रम तथा सबसे कम सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के प्रति पाया गया।

सारणी संख्या -2 : राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति के प्रति अभिभावकों के अभिमत का प्रतिशत मध्यमान के आधार पर विश्लेषण

क्र.	आयाम	प्रतिशत मध्यमान	वरीयता क्रम
1.	प्रवेशोत्सव कार्यक्रम	21.03	तृतीय
2.	सम्बलन कार्यक्रम	18.13	चतुर्थ
3.	नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक योजना	21.25	द्वितीय
4.	मिड-डे-मील	22.02	प्रथम
5.	सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन	17.56	पंचम

विश्लेषण एवं व्याख्या - राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति के प्रति **अभिभावकों** का अभिमत सकारात्मक सबसे अधिक मिड डे मील तथा सबसे कम सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के प्रति पाया गया।

वर्तमान में प्रासंगिकता - प्रस्तुत शोध आलेख से राजकीय विद्यालयों में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ठहराव को प्रभावित करने वाली सरकारी योजनाओं की वस्तु स्थिति को जानकर विद्यालय में शिक्षक एवं अभिभावक नामांकन एवं ठहराव को बढ़ाने में अपना योगदान कर सकते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल जे.सी. (1995) भारत में माध्यमिक शिक्षा नई दिल्ली विद्याविहार।
2. अग्निहोत्री, आर. (1989) भारतीय शिक्षा की वर्तमान समस्याएं मेरठ : सूर्या पब्लिकेशन।
3. ढ़ोढीयाल, एस.एन., फाटक, ए.बी. (2003) शैक्षिक अनुसंधान का विधिशास्त्र जयपुर: राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
4. गुप्ता, एस.पी., गुप्ता अल्का (2007) : उच्चतर शिक्षा मनोविज्ञान इलाहाबाद: शारदा पुस्तक भवन।
5. कौल, लोकेश (1998) शैक्षिक अनुसंधान की कार्यप्रणाली, दिल्ली विकास पब्लिशिंग हाउस।


प्रतिशत मध्यमान
30
25
20
15
10
5
0
24.7
16.68
22.19
19.91
16.52
प्रवेशोत्सव कार्यक्रम
सम्बलन कार्यक्रम
निःशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना
मिड–डे–मील
सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन


प्रतिशत मध्यमान
25
20
15
10
5
0
21.03
18.13
21.25
22.02
17.56
प्रवेशोत्सव कार्यक्रम
सम्बलन कार्यक्रम
निःशुल्क पाठ्य पुस्तक योजना
मिड–डे–मील
सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन

****

सिम्बोपोगोन सिट्रेटस ट्राईगोनेला फीनमग्रीकम एवं ओसिमम सेंकटम के प्राथमिक पादपरासायनिक और कुल फीनालिक मात्रा का तुलनात्मक अध्ययन

दीपाली साहू * रश्मि व्यास **

शोध सारांश – इस अध्ययन मे औषधीय रूप से महत्वपूर्ण वनस्पति, *सिम्बोपोगोन सिट्रेटस ट्राईगोनेला फीनमग्रीकम* एवं *ओसिमम सेंकटम* के पेट्रोलियम ईथर और मेथनॉल अर्क का तुलनात्मक पादपरासायनिक परीक्षण मानक पद्धति द्वारा एवं कुल फीनॉलिक तत्व का आंकलन फोलिन-किओकल्टेयू अभिकर्मक से किया गया है। गुणात्मक रूप से *ओसिमम सेंकटम* मे सबसे अधिक रसायन पाये गये। फिनाल की सर्वाधिक मात्रा *ओसिमम सेंकटम* के अर्क मे देखी गयी।

शब्द कुंजी – *सिम्बोपोगोन सिट्रेटस* (लेमन ग्रास), *ट्राईगोनेला फीनमग्रीकम* (मेथी), *ओसिमम सेंकटम* (तुलसी), फिनॉल

प्रस्तावना – *सिम्बोपोगोन सिट्रेटस* का लेमन ग्रास नाम बहुप्रचलित है जो कि पोएेसी कुल का पौधा है। *ओसिमम सेंकटम*, तुलसी लेमिऐसी कुल का ऐरोमेटिक वनस्पति है। *ट्राईगोनेला फीनमग्रीकम* (मेथी) सामान्यत: घरो में उपयोग मे लाया जाता है, यह फेबिएसी कुल की वनस्पति है। इनके औषधीय गुण इनमे विद्यमान प्राथमिक तथा द्वितीयक चयापचय तत्व के कारण है जो अनेक रोगों के उपचार हेतु उपयोग किया जाता है।

सामग्री एवं विधि:-

पौधों का संग्रहण, चयन एवं प्रमाणीकरण: भोपाल शहर के विभिन्न क्षेत्रों से *सिम्बोपोगोन सिट्रेटस ट्राईगोनेला फीनमग्रीकम* तथा *ओसिमम सेंकटम* के पौधों का संग्रहण किया गया। इनका वनस्पतिज्ञ द्वारा वर्गीकरणात्मक प्रमाणीकरण कराया गया। अध्ययन के लिये औषधीय पौधों की पत्तियों को चुना गया। इन्हें स्वच्छ एवं सूखे स्थल मे सुखाकर, पीसकर साफ पात्र में अध्ययन हेतु रखा गया।

पौधों से निस्सारण: निस्सारण प्रक्रिया के लिए सम्मर्दन विधि का उपयोग किया गया। सर्वप्रथम पेट्रोलियम ईथर से निर्वसीकृत किया गया। निस्सारण के लिए मेथनॉल (मेथनॉल: आसुत जल, 8:2) विलायक लिया गया।

गुणात्मक पादप रासायनिक परीक्षण: सी. के कोकाटे(1) के मानक पद्धति द्वारा विभिन्न पादप रासायनिक तत्व की उपस्थिति का परीक्षण किया गया।

प्रोटीन एवं एमिनो अम्ल परीक्षण:-

बाईयुरेट परीक्षण: अर्क को 10 प्रतिशत सोडियम हाईड्रोक्साईड से अभिक्रियित एवं गर्म कर 0.7 प्रतिशत कॉपर सल्फेट की एक बूँद इस मिश्रण में मिलाया जाता है। बैंगनी या गुलाबी रंग का निर्माण प्रोटीन की उपस्थिति को दर्शाता है।

निनहाईड्रिन परीक्षण: 3 मि.ली. प्रतिदर्श को 10 मिनट जल उष्मक मे रखा जाता है। एमिनो अम्ल उपस्थित होने पर नीले रंग का निर्माण होता है।

कार्बोहाइड्रेट परीक्षण:-

मोलिष संपरीक्षण: परीक्षण नली में 2 मि.ली. जलीय अर्क लेकर उसमे 2 बूँद अल्फा नेप्थाल विलयन डालकर1 मि.ली. सांद्रित सल्फ्यूरिक अम्ल किनारे से धीरे धीरे डाला जाता है। विलायक की संधि मे बैंगनी रंग के वलय का निर्माण कार्बोहाइड्रेट की उपस्थिति को दर्शाता है।

एल्केलाइड परीक्षण: अम्लीय अर्क में तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल डाला जाता है, इसे अच्छे से हल्लन विधि द्वारा मिलाकर विलयन का निस्यंदन कर प्राप्त निस्यंद से निम्नलिखित परीक्षण किया गया।

मेयर्स परीक्षण: 2-3 मि.ली. निस्यंद में मेयर्स अभिकर्मक को परखनली के किनारे से डाला जाता है। एल्केलाइड उपस्थित होने पर सफेद रंग का अवक्षेप प्राप्त होता है।

हेगर्स परीक्षण: 1-2 मि.ली. निस्यंद मे हेगर्स अभिकर्मक की कुछ बूँदे परखनली मे डाली जाती है, लाल रंग के अवक्षेप एल्केलाइड की उपस्थिति दर्शाते है।

फ्लेवोनॉइड परीक्षण:

लेड एसिटेट परीक्षण: अर्क को लेड एसिटेट की कुछ बूँदे के साथ अभिकृत कराया जाता है, पीले रंग अवक्षेप फ्लेवोनॉइड की उपस्थिति को बतलाता है।

क्षारीय अभिकर्मक परीक्षण: परीक्षण नली में अर्क को सोडियम हाईड्रोक्साईड की कुछ बूँदों के साथ अभिक्रिया कराई जाती है। पीले रंग का निर्माण होना तथा तनु अम्ल की कुछ मात्रा मिलाने पर रंग का गायब हो जाना, फ्लेवोनॉइड की उपस्थिति का सूचक है।

ट्राईटर्पीनॉइड एवं स्टीरॉयड परीक्षण:-

सल्वोसकी परीक्षण: अर्क मे क्लोरोफॉर्म मिलाकर घोल तैयार कर उसका निस्यंदन किया जाता है। निस्यंद से सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल की कुछ बूँद डालकर हिलाया जाता है। इसके पश्चात उसे 10 मिनट के लिए स्टैंड में रख कर छोड़ देने पर अगर कुछ समय बाद निम्न परत लाल रंग की दिखाई दे तो स्टीराल उपस्थित है और अगर स्वर्ण पीले रंग का हो तो ट्राईटर्पीन उपस्थित है।

लीबरमन-बर्कार्ड परीक्षण: अर्क को क्लोरोफॉर्म से अभिकृत किया जाता

* शोधार्थी, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

है। इसमे ऐसिटिक एनहाईड्राईट की कुछ बूँदे डाली जाती है। इस विलयन को जल उष्मक की सहायता से गर्म करके कुछ समय ठंडा हो जाने के लिए रख दिया गया। ठंडा हो जाने पर परखनली के किनारे से सांद्रित सल्फ्यूरिक अम्ल डाला जाता है। दो परत की संधि मे अगर भूरे रंग के वलय का निर्माण होता है तथा ऊपर की परत हरे रंग की हो जाए तो यह स्टीरायड की उपस्थिति दर्शाता है। परन्तु अगर यह गहरे लाल रंग का बनता है तो ट्राईटर्पीनॉइड की उपस्थिति बताता है।

टैनिनि एवं फीनालिक यौगिक परीक्षण:

फैरिक क्लोराइड परीक्षण: आसुत जल मे अर्क की कुछ मात्रा मिलाकर घोल तैयार किया जाता है, इस विलयन में 5 प्रतिशत फैरिक क्लोराइड की 2 मि.ली. मात्रा मिलाया जाता है। नीला, हरा या बैंगनी रंग फीनालिक यौगिक उपस्थित होने पर बनता है।

लेड एसिटेट परीक्षण: अर्क की थोड़ी सी मात्रा लेकर उसका आसुत जल मे घोल बनाया जाता है और उसमे लेड एसिटेट की कुछ बूँदे डालने पर सफेद रंग के अवक्षेप फीनालिक यौगिक की उपस्थिति का प्रमाण देते है।

ग्लाइकोसाइड परीक्षण:

बोर्नट्रेगर परीक्षण: 3 मि.ली. प्रतिदर्श विलयन में तनु सल्फ्यूरिक अम्ल मिलाकर 5 मिनट उबालकर छान कर प्राप्त निस्यंद को ठंडा कर उसमे सामान मात्रा मे क्लोरोफॉर्म मिलाया जाता है। प्राप्त आर्गेनिक स्तर को पृथक कर उसमे अमोनिया मिलाया जाता है। गुलाबी से लाल रंग की परत एन्थ्राक्विनोन ग्लाइकोसाइड की उपस्थिति दर्शाता है।

लीग्ल्स परीक्षण: 1 मि.ली. प्रतिदर्श को पाईरिडिन मे घोला जाता है। उसमे 1 मि.ली. सोडियम नाईट्रोप्रुसाइड मिलाकर क्षारीय किया जाता है, झाग की परत सैपोनिन की उपस्थिति का सूचक है।

मात्रात्मक फीनालिक तत्व परीक्षण: मानक पद्धति (2) द्वारा कुल फीनालिक तत्व का परीक्षण किया गया। इस विधि मे स्पेक्ट्रमी प्रकाशमापी से गणना की जाती है इस पद्धति में गैलिक अम्ल के मानक सांद्रता के विभिन्न विलयन बनाये जाते है। इस अध्ययन में 10,20,30,40,50 मि.ग्राम./मि.ली. मेथनॉल में गैलिक अम्ल के विभिन्न विलयन बनाये गये।

परिणाम: पौधों के पाद्पराासायनिक लक्षण तालिका 1 मे संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है

तालिका 1 : पादपरासायनिक जाँच:

औषधीय पादप	*सिम्बोपोगोन सिट्रेटस*		*ओसिमस सेंकटम*		*ट्राईगोनेला फीनमग्रीकम*	
	पे.ई	मेथ.	पे.ई	मेथ.	पे.ई	मेथ.
प्रोटीन	–	–	–	–	–	–
ऐमिनो अम्ल	–	–	–	–	–	–
कार्बोहाइड्रेट	–	+	–	+	–	+
एल्केलाईड	–	–	–	–	–	–
फ्लेवोनॉइड	–	+	–	+	–	+
ट्राईटर्पीनॉइड	+	–	+	–	+	–
स्टीरॉयड	+	+	+	+	+	–
टैनिन एवं फीना-लिकयौगिक	–	–	–	+	–	–
ग्लाइकोसाइड	–	–	–	+	–	–
सैपोनिन	–	+	–	+	–	+

= उपस्थित, — = अनुपस्थित, पे.ई = पेट्रोलियम ईथर अर्क, मेथ. = मेथनॉलिक अर्क

मात्रात्मक फीनालिक तत्व परीक्षण (टी.एफ.सी.)

तालिका 2. गैलिक अम्ल के विभिन्न सांद्रता के अवषोषणान्क

क्र.	संद्रता (µ ग्राम. /मि.ली.)	अवशोषणान्क			मध्य मान
1	10	0.1098	0.1096	0.1102	0.1099
2	20	0.1767	0.1764	0.1764	0.1765
3	30	0.2472	0.2468	0.2466	0.2468
4	40	0.2979	0.2983	0.2983	0.2981
5	50	0.3259	0.3255	0.3260	0.3258

लेखाचित्र 1: मानक गैलिक अम्ल का लेखाचित्र



गैलिक अम्ल के मानक लेखाचित्र से निम्नलिखित समाश्रयण रेखा प्राप्त हुई:-

$y = 0.005x+0.065$ and $R^2 =0.976$

समाश्रयण रेखा का उपयोग फिनॉल तत्व की मात्रा का आकलन करने के लिए किया गया। प्राप्त समीकरण में 'y' के स्थान में आंकलित अवषोषणान्क द्वारा प्रतिदर्श की मात्रा का पता लगाया गया।

तालिका 3: *सिम्बोपोगोन सिट्रेटस*

सिम्बोपोगोन सिट्रेटस			
क्र.	अवशोषणान्क	सांद्रता	टी.पी.सी. (मि.ग्राम/ग्राम)
1	0.071	1 मि.ली. ग्राम./मि.ली.	1.2
2	0.072	1 मि.ली. ग्राम./मि.ली.	1.4
3	0.071	1 मि.ली. ग्राम./मि.ली.	1.2
		मध्य मान	**1.266**
		मानक विचलन	**±0.094**

तालिका 4: *ट्राईगोनेला फीनमग्रीकम*

ट्राईगोनेला फीनमग्रीकम			
क्र.	**अवशोषणान्क**	**सांद्रता**	**टी.पी.सी. (मि.ग्राम/ग्राम)**
1	0.162	1 मि.ली. ग्राम./मि.ली.	19.4
2	0.162	1 मि.ली. ग्राम./मि.ली.	19.4
3	0.163	1 मि.ली. ग्राम./मि.ली.	19.6
		मध्य मान	**19.466**
		मानक विचलन	**±0.115**

तालिका 5: *ओसिमम सेंकटम*

ओसिमम सेंकटम			
क्र.	**अवशोषणान्क**	**सांद्रता**	**टी.पी.सी. (मि.ग्राम/ग्राम)**
1	0.226	1 मि.ली. ग्राम./मि.ली.	32.2
2	0.226	1 मि.ली. ग्राम./मि.ली.	32.2
3	0.227	1 मि.ली. ग्राम./मि.ली.	32.4
		मध्य मान	32.266
		मानक विचलन	**±0.115**

अनुमानित कुल **फीनालिक तत्व** की मात्रा मि.ग्राम./ग्राम गैलिक एसिड एक्वीवेलेंट गैलिक अम्ल तुल्यांक, (जी.ए.ई.) में दर्शायी गयी है।

तालिका 6: कुल फीनालिक तत्व

क्र.	**औषधीय पादप**	**संद्रता (मि.ग्राम.जी.ए.ई. ग्राम)**
1	***सिम्बोपोगोन सिट्रेटस***	**1.266 ± 0.094**
2	***ट्राईगोनेला फीनमग्रीकस***	**19.466±0.115**
3	***ओसिमम सेंकटम***	**32.266±0.115**

चर्चा एवं निष्कर्ष – अध्ययन किये गए तीनों औषधीय पौधों के पाद्परासायनिक घटकों को तालिका क्रमांक 1 में संक्षेप में प्रस्तुत किया गया है। सभी के पेट्रोलियम ईथर निस्सारित अर्क में ट्राईटर्पीनॉइड और स्टीरॉयड की उपस्थिति पाई गयी तथा मेथनाल मे विभिन्न तत्व पाये गए। एक अध्ययन मे यह बात कही गयी है कि तुलसी की दूसरी प्रजातियों में भी बायोएक्टिव यौगिक पाया जाता है, अत: औषधीय रूप उनका भी महत्व है (3)। *ओसिमम सेंकटम* के गैस वर्णलेखिकी – द्रव्यमान स्पेक्ट्रममिति अध्ययन से पत्तियों मे युजिनाल तथा कैरियोफिलीन नामक तत्व के उपस्थित होने का प्रमाण प्राप्त हुआ है (4)। जलीय अर्क की तुलना मे तुलसी के मेथनाल अर्क से ज्यादा मात्रा में पादप रासायनिक तत्व होते है (5)। कुछ अध्ययन से ये भी ज्ञात हुआ है कि तुलसी के तने और पत्तियों मे लगभग समान प्रकार के तत्व मौजूद होते है (6)। दैनिक जीवन में तुलसी का उपयोग रोगों के बचाव कर प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है (7)। *सिम्बोपोगोन सिट्रेटस* की पत्तियों मे कार्डियक ग्लाइकोसाइड, टैनिन, फ्लेबोटैनिन और फ्लेवोनोइड मौजूद होते है, जिसके कारण यह रागों के उपचार मे उपयोग होता है (8)। इसमे मौजूद सुगंधित तेल मानव सेवन के लिए सुरक्षित होते है (9)। मानवजातीय भेषजगुणविज्ञानिय के साक्ष्य दर्शाते है कि इनका उपयोग पीड़कनाषी, सौंदर्य-प्रसाधन सामग्री और प्रति-षोथ मे किया जाता है (10)। एक अध्ययन से यह ज्ञात हुआ है कि लेमन ग्रास के रसायन कम मात्रा मे भी विकर्षण का कार्य करते है (11)। *ट्राईगोनेला फीनमग्रीकम* के अध्ययन से इनमें प्रति ऑक्सीकारक की अधिकता का प्रमाण प्राप्त होते है (12)। इनके प्रति रोगाणुता, प्रति ऑक्सीकारक और प्रति-आबुर्द होने के भी अनेक प्रमाण मिलते है (13)। इस तुलनात्मक अध्ययन में विभिन्न परीक्षण करके यह पाया गया कि गुणात्मक रूप से *ओसिमम सेंकटम* के अर्क मे सबसे अधिक पादप रसायनिक यौगिक मौजूद है तथा कुल फिनालिक तत्व भी ओसिमम सेंकटम में सबसे अधिक मात्रा मे देखा गया। अत: तीनो अध्ययन किये गए पौधों में तुलसी को सबसे ज्यादा गुणों वाला पाया गया।

आभार: लेखक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा अध्ययन हेतु प्रदान की गयी वित्तीय सहायता के लिए आभारी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सी.के.कोकाटे, ए.पी.पुरोहित, एस.बी.गोखले (2006). फर्मेकोग्नोसी,संस्करण-34.
2. एंसवर्थ ई.ए., गिलेप्सी के.एम. (2007), एस्टीमेशन ऑफ टोटल फीनालिक कंटेंट एंड अदर ऑक्सीडिशन सब्स्ट्रेट्स इन प्लांट टिशु युसिंग - फोलिन किओकल्ट्यू रियेजेंट, नेचर प्रोटोकॉल, खण्ड 2, अंक 4, मु पृ 875 - 877.
3. तिवारी डी., शाह ए.एन., पाण्डेय एच.के., मीना एच.एस. (2012) अ रिव्यु ऑन फाईटोकांस्तीतुएंट्स ऑफ ओसिमम सेंकटम (तुलसी) इंटरनेषनल जर्नल ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन्स खण्ड 3
4. देवेन्द्रन जी., बाल सुब्रमण्यम यु. (2011) कवानटीटेटिव फायटोकेमिकल स्क्रीनिंग एवं जी.सी.-एम.एस. एनालिसिस ऑफ ओसिमम सेंकटम इन लीव्स, पेल्गिया रिसर्च लाइब्रेरी,खण्ड 1, अंक 4, मु.पृ. 44-48.
5. सादुल आर.आर., गीडे एम.आर. एवं विपिनराज एन.के. (2015) कम्पेरेटिव एवं फाईटोकेमिकल स्क्रीनिंग ऑफ एक्र्स एवं एल्कोहोलिक लीफ एक्सट्रेक्ट ऑफ ओसिमम सेंकटम आन ई.कोली. (फिकल इंडिकेटर ऑफ वाटर पोल्यूशन), ज. ऑफ एनवायरमेंटल रिसर्च एंड डेवलपमेंट, खण्ड 7, अंक 1, मु.पु. 312-320.
6. शाफ्तुल्लाह, मोहम्मद के., असादुल्लाह, कलिक्युरेह्मान एवं खान एफ.ऐ. (2013) कम्पेरेटिव एनालिसिस ऑफ ओसिमम सेंकटम स्टेम एंड लीव्स फॉर फाईटोकेमिकल एंड इन आर्गेनिक कांसीटूएंट्स, मिडल ईस्ट ज.ऑफ. साइंटिफिक रिसर्च खण्ड 13, अंक 2, मु.पु. 236-240.
7. जम्शिदी एन. एवं कोहेम एम.एम. (2017) द क्लिनिकल एफिकेसी एंड सेफ्टी ऑफ तुलसी इन हुमंस, ए सिस्टमेटिक रिव्यु ऑफ द लिटरेचर. एविडेंस बेस्ड कॉमप्लीमेन्ट्री एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन अंक 2
8. जोशुआ ऐ.ऐ., युसुनोमेना यु., लाव्रे ऐ.बि. एमेंजे ओं. एवं गेब्रिअल ओ.ऐ.(2012) कम्पेरेटिव स्टडीज आन केमिकल कम्पोजीषन एंड एंटी माइक्रोबियल एक्टिविटीज ऑफ द एथनालिक एक्सट्रेक्ट ऑफ लेमन ग्रास लीव्स एंड स्टेम्स, एशियन ज. ऑफ मेडिकल साइंस, खण्ड 4, अंक 4, मु.पु. 145-148
9. क्रिस्टोफर ई.ई., अर्नेस्ट ई., एकपन, न्येबक ई., डेनिअल (2014), फाईटोकेमिकल कांसीटूएंट्शन, थेरापयूटिक एप्लीकेशन एंड टोक्सीकोलॉजिकल प्रोफाइल ऑफ सिम्बोपोगोन सिट्रेटस स्ताप्फ (डी.सी.) लीफ एक्सट्रेक्ट, ज. ऑफ फारमेक्ग्नोनोसी एंड फायतोकेमिस्ट्री, खण्ड 3, अंक 1, मु.पु.133-141.

10. एवोसेह ओपेयेमि, ओयेदिजी ओपेलुवा, रून्ग्क्यु रमेला, क्नेह चुन्धा, बेनेदिक्टा एवं ओयेदिजी एदेबेला (2015) सिम्बोपोगोन स्पीशीज, एथनो फार्माकोलॉजी, फायटोकेमिस्ट्री एंड द फर्मकोलोजिकल इम्पोर्टेंस, मोलेकुल्स खण्ड 20 मु.पु. 7438-7453.
11. किमुते अए., न्गेइय्वम एम., मुला.एम., न्जगी पी.जी.एन., इन्गोंगा जे., न्याम्वामं एल.बी., ओमबती क्यिप्रयन,. न्गुम्बी प., (2017) रीपेलेंट इफेक्ट्स ऑफ द एसेंशियल आयल ऑफ सिम्बोपोगोन सिट्रेटस एंड तागेतेस माएनुता ऑन द सैंडफ्लाई, फ्लेबोतोमस डुबोस्की, बी.एम.सी. रिसर्च नोट्स 10:98
12. सोनी ऐ. एवं सोसा एस. (2013) फायटोकेमिकल एनालिसिस एंड फ्री रेडिकल स्केवेंजिंग पोटेंशियल ऑफ हर्बल एंड मेडिसिनल प्लांट एक्सट्रेक्ट, ज.आफ फार्ममिक्गोनोसी एंड फायटोकेमिस्ट्री, खण्ड 2, अंक 4, मु.पु. 22-29
13. अल्लूरी एल. एवं मजुमदार एम. (2012) फायटोकेमिकल एनालिसिस एंड इन विट्रो एंटी माइक्रोबियल एक्टिविटी ऑफ केलोट्रोपिस जिजेनतियन, लाव्सोनिया इनेर्मिस एंड ट्राईगोनेला फीनमग्रीकस, इंटरनेशनल ज. ऑफ फार्मेसी एंड फर्माक्यूटिकल्स साइंसेस, खण्ड 6, अंक 4 मु.पु. 524-527

****

उच्च तथा निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. गुरमीत सिंह कचूरा * मिथुन भट्ट**

शोध सारांश – प्रस्तुत अनुसंधान कार्य का मुख्य लक्ष्य कार्यरत उच्च एवं निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों का तुलनात्मक अध्ययन करना था। शोधार्थी ने शोधकार्य हेतु शोध में न्यादर्श के रूप में शोधार्थी ने कुल 600 विद्यार्थियों का चयन किया जिसमें से 300 विद्यार्थी उच्च उपलब्धि वाले व 300 निम्न उपलब्धि वाले चयन किये गये है। शोधार्थी ने दत्त संकलन के लिए डॉ. आर मुखोपध्याय द्वारा निर्मित मानकीकृत अध्ययन आदतों की प्रमापनी का प्रयोग किया। दत्त संकलन के पश्चात् उनको सारणीयन करते हुए आँकड़ो का विश्लेषण टी परीक्षण एवं आरेख प्रदर्शन के आधार पर किया गया। निष्कर्ष स्वरूप पाया गया कि उच्च एवं निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों में सार्थक अन्तर पाया गया।
शब्द कुंजी – उच्च उपलब्धि , निम्न उपलब्धि एवं अध्ययन आदत।

उपलब्धि – उपलब्धि से तात्पर्य किसी भी क्षेत्र में अर्जित ज्ञान से है। सामान्यत: हम उपलब्धि को शैक्षिक क्षेत्र में ही देखते हे। लेकिन उपलब्धि जीवन के सभी क्षेत्रों में होती है। मानव के स्नायु एवं मासपेशियों की परिपक्वता भी गति कौशल को सिखने में सहायक होती है गत्यात्मक कौशल में जब भी परिवर्तन आता है तो ऐसा लगता है कि बालक ने कोई नई क्रिया सिखी है। और हम नई उपलब्धियों के रूप में देखते है। यह उपलब्धियाँ अलग अलग आयु के अनुसार अलग अलग होती है उपलब्धि परीक्षा से तात्पर्य कक्षा में विभिन्न विषयों में प्राप्त अंकों से है उपलब्धि परीक्षा विषयों में अर्जित ज्ञान से है।

उच्च उपलब्धि – 60 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक वाले विद्यार्थी

निम्न उपलब्धि – 40 –50 प्रतिशत प्राप्तांक वाले विद्यार्थी

अध्ययन आदतें – आदत से तात्पर्य उन क्रियाओं से है जिन्हें व्यक्ति अत्यन्त सरलता से एवं पूर्ण कुशलता से पुन: पुन: संपन्न करता है। जिनकों परिस्थितियाँ प्रभावित नहीं करती है। आदत सकारात्मक व नकारात्मक दोनों प्रकार की होती है। आदत का आधार अर्जित क्रिया है जो वातावरण में विकसित होती है।

डॉ. आर मुखोपाध्याय के अनुसार अध्ययन आदते एकाग्रता , समझने की योग्यता , कार्य अभिविन्यास, नोटस तैयार करना , भाषा एवं अभ्यास करना आदि है।

समस्या की सम्प्रत्यात्मक पृष्ठभूमि – वर्तमान समय की यह प्रमुख आवश्यकता है कि देश का प्रत्येक बालक व युवा अपनी संपूर्ण शिक्षा ऊर्जा व चेतना का उपयोग सकारात्मक कार्यो में लगाए।

विद्यालय में एक ही शिक्षक व एक ही वातावरण में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि असमान होती है इसके पीछे कई कारण हो सकते है जैसे :– विद्यार्थियों का स्वास्थ्य , अभिभावक सहभागिता , अधिगम क्षमता एवं अध्ययन आदते आदि। इनमें से अध्ययनआदते महत्वपूर्ण है जो विद्यार्थी की उपलब्धि को निर्धारित करती है। इन्हीं परिस्थितियों को देखकर शोधार्थी ने यह आलेख प्रस्तुत किया है।

उद्देश्य :

1. उच्च एवं निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थियों का पता लगाना।
2. उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों का पता लगाना।
3. निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों का पता लगाना।
4. उच्च एवं निम्न वाले विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. उच्च एवं निम्न वाले विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

अनुसंधान का विधिशास्त्र :

1. प्रस्तुत शोध में शोध की प्रकृति को देखते हुए शोधार्थी ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया।
2. दत्त संकलन हेतु मानकीकृत अध्ययन आदत प्रमापनी का प्रयोग किया गया।
3. अनुसंधान कार्य के लिए न्यादर्श स्वरूप कुल 600 विद्यार्थियों का चयन याद्दच्छिक विधि से किया गया है जिसमें 300 विद्यार्थी उच्च उपलब्धि एवं 300 विद्यार्थी निम्न उपलब्धि के चयन किए गए है।

सारणीयन एवं विश्लेषण :

सारणी संख्या –1 **(देखे अगले पृष्ठ पर)**

व्याख्या – टी मान के आधार पर प्राप्त आँकड़ो से यह कहा जा सकता है किउच्च एवं निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों में सार्थक अन्तर पाया गया अर्थात् उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थियों की अध्ययन करने की आदतों में एकाग्रता, अभ्यास एवं भाषा शैली निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक उच्च पाई गई है।

वर्तमान में प्रासंगिकता – प्रस्तुत आलेख के द्वारा विद्यार्थी अपनी अध्ययन आदतों के बारे में जानकर अपनी शैक्षिक उपलब्धि में वृद्धि करते हुए अपने समाज व राष्ट्र के विकास में अपना योगदान प्रदान कर सकते है।

*मार्गदर्शक (शिक्षा) ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी, चुरू (राजस्थान) भारत
** शोधार्थी (शिक्षा) ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी, चुरू (राजस्थान) भारत

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भटनागर, सुरेश (2005) अधिगम एवं विकास के मनोसामाजिक आधार, इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस मेरठ।
2. डॉ. सिंह, अरूण कुमार मनोविज्ञान समाज शास्त्र तथा शिक्षा में साख्यिकी।
3. माथुर डॉ. एस. एस. शिक्षा मनोविज्ञान, श्री विनाद पुस्तक मन्दिर आगरा -2, 2010
4. मिश्रा, डॉ. महेन्द्र कुमार, अधिगम का मनो-सामाजिक आधार एवं शिक्षण्सा नीलकंठ पुस्तक मन्दिर खातीपुरा जयपुर - 12, 2008
5. ओबराय डॉ. एस. पी. (1993-1997-1994) शिक्षण अधिगम के मूल तत्व सुखपाल गुप्ता आर्य बुक डीपों 30 नाईवाला करौल बाग नई दिल्ली।
6. त्रिपाठी मधुसुदन (2007) शिक्षा अनुसंधान और साख्यिकी अमेगा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली

सारणी संख्या -1 : उच्च तथा निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों मध्यमानवार तुलनात्मक विश्लेषण

क्र.	क्षेत्र	छात्र	मध्यमान	मानक	विचलन टी-मान	सार्थकता -05/.01
1.	समझने की योग्यता	उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थी	38.63	2.52	17.79	.01 पर सार्थकअन्तर है।
		निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी	30	2.79		
2.	एकाग्रता	निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी	26.53	2.74	8.68	.01 पर सार्थकअन्तर है।
		निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी	19.93	5.27		
3.	कार्य अभिविन्यास	उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थी	24.91	3.61	6.74	.01 पर सार्थकअन्तर है।
		निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी	20.73	3.22		
4.	अध्ययन सैट्स	उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थी	18.91	1.81	0.67	.05 पर सार्थकअन्तर नहीं है।
		निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी	18.7	1.61		
5.	अन्तक्रिया	उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थी	7.8	1.13	1.88	.05 पर सार्थकअन्तर नहीं है।
		निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी	7.31	1.25		
6.	अभ्यास	उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थी	8.73	1.50	8.86	.01 पर सार्थकअन्तर है।
		निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी	6.16	1.72		
7.	सहारा देना	उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थी	10.95	1.61	10.48	.01 पर सार्थकअन्तर है।
		निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी	8.33	1.20		
8.	अभिलेखन करना	उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थी	6.35	1.10	2.13	.01 पर सार्थकअन्तर नहीं है।
		निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी	5.86	1.41		
9.	भाषा	उच्च उपलब्धि वाले विद्यार्थी	2.85	0.73	6.66	.01 पर सार्थकअन्तर है।
		निम्न उपलब्धि वाले विद्यार्थी	2.25	0.08		

वर्ष = 598 के सारणीमान

0.05 स्तर पर सारणीमान - 1.98

0.01 स्तर पर सारणीमान - 2.62

****

विद्यार्थियों के गृह वातावरण का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन

डॉ. गुरमीत सिंह कचूरा * मिथुन भट्ट**

शोध सारांश – प्रस्तुत अनुसंधान कार्य का मुख्य लक्ष्य विद्यार्थियों के गृह वातावरण का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना था। शोधार्थी ने शोधकार्य हेतु शोध में न्यादर्श के रूप में शोधार्थी ने कुल 400 विद्यार्थियों का चयन किया जिसमें से 200 विद्यार्थी राजकीय विद्यालय वाले व 200 विद्यार्थी निजी विद्यालय वाले चयन किये गये है। शोधार्थी ने दत्त संकलन के लिए डॉ. के.एस.मिश्रा द्वारा निर्मित मानकीकृत गृह वातावरण प्रमापनी तथा शैक्षिक उपलब्धि से संबंधित दत्तों के संकलन हेतु विद्यार्थियों के पिछली कक्षाओं के वार्षिक परिणाम का प्रयोग किया। दत्त संकलन के पश्चात् उनको सारणीयन करते हुए आँकड़ो का विश्लेषण । निष्कर्ष स्वरूप पाया गया कि विद्यार्थियों के गृह वातावरण का शैक्षिक उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव होता है।
शब्द कुंजी – गृह वातावरण एवं शैक्षिक उपलब्धि ।

वातावरण – 'वातावरण वह शब्द है जो समस्त बाह्य शक्तियों और प्रभावों का सामूहिक रूप से वर्णन करता है जो जीवधारी के जीवन, स्वभाव, व्यवहार, अभिवृत्ति, विकास तथा प्रौढ़ता पर प्रभाव डालता है।'

– डगलस एवं हालैण्ड

गृह वातावरण – 'परिवार के सदस्यों के सर्वागीण विकास हेतु परिवार के सदस्यों द्वारा दिया गया वातावरण ही गृह वातावरण कहा जाता है।'

– डगलस एवं हौण्ड

शैक्षिक उपलब्धि – 'उपलब्धि परीक्षा में किसी एक विषय या विषयों में व्यक्ति के द्वारा अर्जित ज्ञान, सूझ–बूझ, तथा कौशल का मापन करते है।'

– फ्रीमैन

प्रस्तावना – शिक्षा अनादि काल में चली आ रही मानव व्यवहार को परिमार्जित करने वाली प्रक्रिया है। शिक्षा व्यक्ति को उसकी मान्यताओं के अनुसार विकसित करने पर केन्द्रित है। चुंकि मानव व्यवहार का परिमार्जन मानव की मन: स्थिति एवं शारीरिक स्थिति को ध्यान में रखकर ही होना चाहिए। शिक्षा का अभिप्राय: बालकों की जन्मजात शक्तियों की स्वाभाविकता एवं सामन्जस्यपूर्ण उन्नति तथा व्यैक्तिकता के पूर्ण विकास से है। ताकि वे अपने वातावरण में सामजन्स्य स्थापित करके अपने विचारों व दृष्टिकोणों में इस प्रकार से परिवर्तन कर सके कि समाज, राष्ट्र व विश्व का हित हो सके।

प्रो. श्रीवास्तव के अनुसार मनुष्य परिस्थितियों का दास है। बालक में भले ही सभी प्रकार की शक्तियां विद्यमाान हो परन्तु बिना उचित वातावरण के उसकी उन शक्तियों का पूर्ण रूपेण विकास नहीं किया जा सकता। गर्भावस्था से ही बालक पर वातावरणका प्रभाव पड़ने लगता है।

बालक जन्म से ही कुछ सहज योग्यताएं लेकर जन्म से ही कुछ सहज योग्यताएं लेकर जन्म लेता है। यदि उसे अनुकूल वातावरण द्वारा कोई उपयुक्त उद्दीपन नहीं प्रदान किया जाता है तो वे योग्यताएं अपने प्राकृत स्वरूप में विकसित होती है। साधारण बोलचाल की भाषा में हम वातावरण का अर्थ अपने चारों तरफ की परिस्थितियों से लगाते है। घर एक ऐसी संस्था है जिसका बालक पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। **कालमेन** ने यह बिल्कुल सही कहा है कि 'परिवार की अपने सदस्यों की जिम्मेदारी पालने से लेकर मृत्युशय्या तक रहती है।' परिवार बालक के व्यक्तित्व के विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान करता है। **शेरक** के अनुसार, 'घर एवं स्कूल ये दो ऐसी संस्थाएं है। जिनका हमारे जीवन पर बहुत दूरगामी प्रभाव पड़ता है।' ये सभी तथ्य इस ओर संकेत करते है कि पारिवारिक वातावरण एक ऐसा घटक है जिसका विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि पर प्रभाव पड़ता है।

उद्देश्य :

1. समग्र न्यादर्श विद्यार्थियों के गृह वातावरण का अध्ययन करना।
2. राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के गृह वातावरण का अध्ययन करना।
3. निजी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के गृह वातावरण का अध्ययन करना।
4. राजकीय व निजी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के गृह वातावरण का तुलनात्मक अध्ययन करना।
5. समग्र न्यादर्श विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।
6. राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।
7. निजी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करना।
8. राजकीय व निजी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन करना।
9. विद्यार्थियों के गृह वातावरण का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना ।

परिकल्पना :

1. विद्यार्थियों के गृह वातावरण का शैक्षिक उपलब्धि पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं होता है।
2. राजकीय व निजी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के गृह वातावरण

*मार्गदर्शक (शिक्षा) ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी, चुरू (राजस्थान) भारत
** शोधार्थी (शिक्षा) ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी, चुरू (राजस्थान) भारत

में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

3. राजकीय व निजी विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

अनुसंधान में प्रयुक्त विधि – प्रस्तुत शोधकार्य मे शोधार्थी को विद्यार्थियों के गृह वातावरण का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना जिसके लिए सर्वे आवश्यक है तथा यह वर्तमान परिस्थितियों से संबंधित है अत: सर्वेक्षण का चयन किया गया है।

अनुसंधान हेतु उपकरण – शोधार्थी द्वारा दत्त संकलन हेतु स्वनिर्मित एवं मानकीकृत उपकरण का प्रयोग किया गया है। गृहवातावरण के दत्त संकलन हेतु के.एस. मिश्रा द्वारा निर्मित मानकीकृत उपकरण एवं शैक्षिक उपलब्धि हेतु पिछली कक्षा के वार्षिक परिणामों को लिया गया।

अनुसंधान हेतु न्यादर्श – अनुसंधान कार्य के लिए न्यादर्श स्वरूप कुल 600 विद्यार्थियों का चयन यादृच्छिक विधि से किया गया है जिसमें 300 विद्यार्थी राजकीय विद्यालय एवं 300 निजी विद्यालय के चयन किए जायेगे।

सारणीयन एवं विश्लेषण :

सारणी संख्या – 1 (देखे अगले पृष्ठ पर)

व्याख्या – टी मान के आधार पर प्राप्त आँकड़ो से यह कहा जा सकता है राजकीय व निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के गृह वातावरण में सार्थक अन्तर पाया गया है।

सारणी संख्या – 2 : न्यादर्श विद्यार्थियों के घर के वातावरण व शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सह सम्बन्ध का अध्ययन

समूह	चर	सह संबंध गुणांक का मान	.01/.05 पर सार्थकता
विद्यार्थी	घर का वातावरण (X चर)	0.498	सार्थक अन्तरं पाया गया
	शैक्षिक उपलब्धि (Y चर)		

स्वतन्त्रता के अंश (df=598)पर

0.05 स्तर पर मान – 0.361

0.01 स्तर पर मान – 0.463

व्याख्या – गृह वातावरण तथा शैक्षिक उपलब्धि दोनो चरो पर विद्यार्थियों के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक मान r=0.498 प्राप्त हुआ जो कि उच्च धनात्मक है अर्थात् विद्यार्थियों के गृह वातावरण एवं शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक सहसंबंध पाया गया है।

वर्तमान में प्रासंगिकता – प्रस्तुत आलेख के द्वारा विद्यार्थी अपनी अध्ययन आदतों के बारे में जानकर अपनी शैक्षिक उपलब्धि में वृद्धि करते हुए अपने समाज व राष्ट्र के विकास में अपना योगदान प्रदान कर सकते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Travers John W. (1974) :"A Introducation research" MacMillan Company, New York.
2. हेनरी ई. गेरिट (1979) : 'शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग' (अनुवादित संस्करण) कल्याणी पब्लिशर्स, नई दिल्ली।
3. ढ़ोढ़ियाल, एस.एन. एवं फाटक, ए.बी.(1982) : 'शैक्षिक अनुसंधान का विधि शास्त्र' राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर।
4. सुखिया, एस.पी. मेहरोत्रा, पी.बी. (1984) : 'शैक्षिक अनुसंधान के मूल तत्व' विनोद पुस्तक मन्दिर ,आगरा।
5. भार्गव, महेश चन्द्र (1984) : 'आधुनिक मनोविज्ञान परीक्षण एवं मापन' हर प्रसाद भार्गव, आगरा।
6. राय, पार्श्वनाथ (1985) : 'अनुसंधान परिचय' लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, आगरा।
7. शर्मा, आर, ए.(2006) : 'शिक्षा अनुसंधान' आर लाल बुक डिपो, मेरठ।
8. सरीन एवं सरीन (2008) : 'शैक्षिक अनुसंधान विधियाँ' विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।

सारणी संख्या – 1 : राजकीय व निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के गृह वातावरण का मध्यमान के आधार पर क्षेत्रवार तुलनात्मक विश्लेषण

क्र.	क्षेत्र	मध्यमान		मानक विचलन		टी–मान	0.01 व 0.05 स्तर पर सार्थकता
		राजकीय विद्यार्थी	निजी विद्यार्थी	राजकीय विद्यार्थी	निजी विद्यार्थी		
1.	नियंत्रण	19.92	23.86	1.456	1.922	2.225	0.05 स्तर पर सार्थक अन्तरपाया गया
2.	सुरक्षित	30.15	32.02	2.180	2.211	1.875	0.05 स्तर पर सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
3.	दण्ड	21.54	24.36	1.093	2.158	1.771	0.05 स्तर पर सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
4.	अभिभावकों की आकांक्षा	28.86	23.20	2.699	2.123	1.566	0.05 स्तर पर सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
5.	सामाजिक अलगाव	15.58	20.04	1.069	1.32	3.125	0.01 स्तर पर सार्थक अन्तरपाया गया
6.	पुरस्कार	28.02	28.34	2.457	1.015	1.333	0.05 स्तर पर सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
7.	पृथक्करण संबंधी अधिकार	18.02	19.20	0.987	1.014	1.584	0.05 स्तर पर सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
8	बच्चो के प्रति अभिभावकों का विशेष लगाव	24.40	24.10	2.221	1.641	1.014	0.05 स्तर पर सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
9	निरस्तीकरण	21.04	24.20	0.811	1.112	2.351	0.05 स्तर पर सार्थक अन्तरपाया गया
10	आज्ञाकारिता	19.42	24.88	1.161	1.191	3.145	0.01 स्तर पर सार्थक अन्तरपाया गया

स्वतन्त्रता के अंश (df)=598 के सारणीमान

0.05 स्तर पर सारणीमान – 1.96

0.01 स्तर पर सारणीमान – 2.53

पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मानव मूल्यों का भौगोलिक अध्ययन

डॉ. हीरालाल चौधरी * डॉ. के.पी. आजाद**

प्रस्तावना – मानव मूल्यों के क्षरण को इस आधुनिक समय में पर्यावरण ही रोक सकता है। ऐसी अनेक विसंगतियों के परिणाम स्वरूप यदि हम प्राचीन काल के सैन्धव सभ्यता का आकलन करते हैं। उस मानव स्वयं पर्यावरण के सरंक्षण और वातावरण को स्वच्छ रखता था। विकासकाल की आधुनिक धारा ने मानव को इन मूल्यों से वंचित कर दिया है। जिसके प्रति आज सजगता की आवश्यकता महत्वपूर्ण लगती है। जब हम सैन्धव सभ्यता काल की बात करते हैं वहाँ कुएं, तालाब, पक्की नालियाँ कचरा को निकालने के लिए रहती थी। कूड़ेदानों का प्रयोग प्रत्येक व्यक्ति करता था। इन वृक्षों की पूजा की जाती थी। क्योंकि इन पौधों ने हमें साँस प्रदान किया है। इससे यह बात स्पष्ट हो जाती है कि वृक्षों में देवता का वास होने से कोई व्यक्ति उन पौधों को नुकसान नहीं पहुँचाता था। इसलिए उस समय का वातावरण स्वच्छ था।

वृक्षों में अनेक प्रकार के देवताओं को मानने की प्रथा विद्यमान थी। उसके बाद इन सभ्यताओं में पर्यावरण की सुद्धता को देखकर ऋषि-मुनि साधना के केन्द्र बनाया। वहाँ पठन-पाठन की प्रक्रिया शुरू हुई जिससें भौगोलिक वातावरण अधिक स्वच्छ और मानव के अनुकूल था। ऐसे में पर्यावरण की शुद्धता का परिणाम ही मानव की सभ्यताओं के लिए अधिक उपयुक्त सिद्ध होता है।

पर्यावरण की शुद्धता के लिए आचार्य ऋषिगण आदि ने मानव संरक्षण का कार्य किया है। जीवन के अनेक पहलूओं में मूल्यों को संरक्षित करने के साथ मानव के जीवन और दिशाओं का परिणाम बनाये जा रहे हैं। ऐसी अनेक विसंगतियों का परिणाम ही मानव के लिए उपयुक्त होता जा रहा है। इन्हीं तथ्यों के साथ मानव की विचारधारा का परिणाम ही समाज और राष्ट्र के लिए अधिक औचित्य पूर्ण होने लगता है। जिसकी हम कल्पना नहीं कर सकते है। मानव का मूल्य ही पर्यावरण की स्वच्छता का सारर्थी है। जिसके कारण मानव की अनेक विसंगतियों का परिणाम ही मानव पर निर्भर करता है। जहाँ विचार और विहार दोनों की जिज्ञासा का परिणाम मानव की विचार धारा पर निर्भर करता है।

शोध प्रविधि – इस शोध पत्र में **पर्यावरण संरक्षण पर आधारित मानव मूल्यों का भौगोलिक अध्ययन** प्राथमिक और द्वितीयक शोध सामाग्री के आधार पर शोध पत्र का निर्माण किया गया है। इसके साथ-साथ विद्वानों का मार्गदर्शन लिया गया है। शोध पुष्टि के लिए यथा उचित स्थान पर सन्दर्भित किया गया है। सन्दर्भ हेतु पत्र-पत्रिकाओं और जर्नल का भी प्रयोग किया गया है।

समस्या :

1. पर्यावरण संरक्षण ही मानवीय मूल्यों ही पौधों और मानव जीवन को बचा सकता है।
2. पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कार्य करना चाहिए।
3. पौधों के सुरक्षित होने से ही मानव का जीवन सुरक्षित है।
4. हानिकारक गैसों के बनने का सबसे बड़ा कारण पर्यावरण का संतुलन विगड़ना है।
5. व्यक्ति भौतिक वादी होने के कारण वह अर्थ को प्राप्त करना चाहता है। उससे यह कोई मतलब नहीं की कितना नुकशान राष्ट्र और समाज का होगा। ऐसी अनेक विसंगतियाँ है।

उद्देश्य :

1. पर्यावरण संरक्षण की अधिक अवश्यकता है। जिससे मानव जीवन का मूल्य अधिक अपेक्षित है।
2. पर्यावरण के संरक्षण के लिए सभी व्यक्तियों को कार्य करना चाहिए।
3. पर्यावरण की जागरूकता से मानवीय मूल्यों में वृद्धि होती है। यहाँ तक मानव का जीवन भी पर्यावरण के संतुलन पर ही निर्भर करता है।
4. पौधों की अनियंत्रित कटाई पर रोक लगाना।
5. पौधों की अच्छी किस्मों को विकसित करने का अध्ययन करना।
6. पर्यावरण संरक्षण ही मानव जीवन की सबसे बड़ी सुरक्षा है।

पर्यावरण के मूल्यों को ऋग्वेद में देवताओं के रूपों में किया गया है। इससे अनेक पेड़ पौधों को भी संरक्षण मिला है। जिन पौधों को देवता माना जाता है। उन पौधों को लोग कम नुकसान पहुँचाते है। ऐसी अनेक विसंगतियों के परिणाम स्वरूप मानव का एक औचित्यपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करता है। जबकि इन देवनाओं की स्तुति तीन रूपों में की जाती है। वायु, जल, भूमि एवं अन्तरिक्ष देवता। इन सभी देवताओं का अत्यधिक महत्व है। जिनकी परम्परा और संवर्धन की शैली ने मानव जीवन का उपकार किया है। इन मूल्यों को संरक्षण और सवंर्धन हेतु मानव को पर्यावरण संरक्षण करना चाहिए। इसके अतिरिक्त अन्य देवताओं की स्तुति की जाती है – अग्नि, इन्द्र मरुत, वायु, सूर्य, सोम और वृहस्पति को।1

मानव पर्यावरण के इतिहास ने भौगोलिक वातावरण को औचित्यपूर्ण बनाया है। जहाँ जीवन और जगत् की अनेक समस्याओं का उत्पन्न होना भी स्वभाविक होता है। जिनके परिणामस्वरूप मानव और पर्यावरण का घनिष्ठ सम्बन्ध है। जबकि वर्तमान में व्यक्ति पूर्णत: रूपों में भौतिकवादी है। इन्हीं तथ्यों के परिणाम स्वरूप मानव और समाज की अनेक विसंगतियों को मानव समाज के लिए कार्य करना चाहिए। वहाँ पर्यावरण ही मानव को जीवन

* (भूगोल) ग्राम सुआ पोस्ट मढ़ी, तहसील अमरपाटन, जिला सतना (म.प्र.) भारत
**सह प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, रामपुर नैकिन, जिला सीधी (म.प्र.) भारत

की अनेक औचित्य पूर्ण तथ्यों को विचार दिया जाना चाहता है। वहाँ अनेक प्रकार की विसंगतियों का परिणाम ही समाज के सामने आते है।

इस प्रकार इन देवी और देवताओं से स्तुति की जाती थी। इसमें वर्षा के लिए भी देवताओं की पूजा-प्रार्थना करना पड़ता था। जिससे इस जगत् में वर्षा अधिक होने से अच्छी फसल होगी। जहाँ मानव का जीवन और जीव-जन्तुओं का भी जीवन सुखमय होगा। वातावरण को सुखद् रखने के लिए भी देवतों की स्तुति की जाती थी। यहाँ मानव मूल्यों को कृषि के उत्पादन पर निर्भर माना गया है। यहाँ तक जीवन की अनेक समस्याओं का योग कृषि कार्य व्यवस्था रही है। जहाँ मानव सुरक्षा और अन्यमय कोष तक की व्यवस्था पर निर्भर रहता है।[3] यहाँ मानव समाज का एक औचित्यपूर्ण योगदान भी मानव के सुखी जीवन की राह में कार्य करता हैं। यहाँ समय और समाज की कठिनाईयों का परिणाम ही समाज के सामने ही परीक्षण योग्य बना दिया है। वृक्षों की हरी-भरी शाखाऐं भी मानव जीवन के लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है। इन वृक्षों में फल के भी स्वाद् पंक्षी और मानव दोनों को मिलता है। वैदिक काल से ही यह अवधारणा बनी रही है। जहाँ प्राकृतिक के अनेक स्रोतों का अधिक उपयोग करता रहा। जिसके कारण आज मिट्टी का क्षरण हो रहा है। खाद्यान्न और अन्य सामग्री भी प्रदूषित होती जा रही है। क्या यही मूल्य हैं। मानव का जिसके जीवन में सिर्फ नुकसान ही लिखा है। अनके विसंगतियों के परिणाम स्वरूप मानव की संवेदन शीलता का औचित्य भी भरा हुआ है।[4]

प्रकृति से हम उतना ही लेना चाहिए। जितनें में हमारा कार्य हो सके। प्रकृति असंतुलित न हो। यहाँ मानव जीवन का मूल स्वयं के जीवन से भरा पड़ा हुआ है। ऐसी अनेक विसंगतियों के परिणाम स्वरूप मानव का जीवन ही आज के विश्व जगत् का कारण बन गया है। ऐसी अनेक विसंगतियों के परिणाम स्वरूप उन्हें ही जीवन और जगत् के परिणाम का आनन्द मानव जीवन में ही मिलता है। जिसका उपयोग मानव ने जीवन जीने के लिए भी किया है।[5] वहाँ सम्पूर्ण समाज के औचित्य पर ही सबाल खड़े होते हैं। जहाँ समाज और विसंगतियों के लिए पृथ्वी ने मानव को बहुत कुछ दिया। किन्तु मानव ने क्या दिया यह अधिक विचारणीय विषय है। वहाँ समाज और संशय का विषय बन गया है। वहाँ विचारों और ऐतिहासिक परिदृश्य का परिणाम ही मानव की जिज्ञासा का परिणाम ही आरोपित करती है। जिसे हम पृथ्वी को माँ कहते है और मनुष्य उसके पुत्र हैं।[2] पर्यावरण का सम्बन्ध पेड़ पौधों और मनुष्य से है। वैदिक काल से ही अरण्य संस्कृति को ही स्वर्ण युग कहा जाता है। उन दिनों पर्यावरण की स्वच्छता का प्रमाण माना जाता था। इन्हीं वन देवी अर्थात् अरण्यानी भी कहा जाता था। इन देवियों की पूजा अर्चना भी की जाती थी। जिन्हें वन देवी के नाम से भी विभूषित किया जाता है। वन देवी प्रकृति के परिणाम को बताती है। जहाँ मानव की विसंगतियों के परिणाम स्वरूप मानव ने अध्यात्मिक जीवन जीना अधिक औचित्यपूर्ण मानने लगता है। सभ्यताओं के विकास ने नदियों के किनारे पौधों का निर्माण करते रहे हैं। वहाँ वृक्षों की छाया में मानव और पंक्षी को छाव के साथ पर्यावरण शुद्धता के प्रमाण मिलते है। अरण्य, तपोवन तथा कुंज क्रमशः ज्ञानास्थली, तपोस्थली के साथ कर्मस्थली के रूप में माना जाता है। भारतीय परम्पराओं में पीपल के वृक्ष की पूजा होती है। क्योंकि सबसे अधिक आक्सीजन पाई जाती है। जिसकी पूजा किया जाना मानव मूल्य के लिए अकिक मूल्यवान साबित हो रहा है। पीपल के वृक्षों के जडों मे ब्रह्म, तने में विष्णु और टहनियों के स्वरूप में शिव का वास होता है।[6]

निष्कर्ष – भारतीय परम्पराओं में वृक्ष को श्रेष्ठ पुत्र के रूप में माना गया है। जिसका मानना है कि यह सदैव कल्याणकारी होता है। महाभारत के अनुशासन पर्व में वृक्षों को मानव जीवन के सद्‌कर्मों के रूप में तारने वाला माना गया है। जिसका मूल रूप ही मानव की विचार शीलता का प्रमाण दिखाई देता है। ऐसी अनेक विसंगतियों के लिए यश प्राप्त होता है।[7] वैदिक काल और पौराणिक काल दोनों मे लोग प्रकृति पूजा पर विश्वास करते थे। क्योंकि सभी वस्तुओं का स्त्रोत प्रकृति ही है। यही प्रकृति की पूजा का परिणाम ही मानव जीवन के लिए अधिक श्रेष्ठ समझा जाता था। जहाँ पर्यावरण अधिक संरक्षित और प्रदूषण मुक्त था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ताज रावत, *प्राकृतिक पर्यटन विकास एवं बदलाव,* आकाशदीप पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ 37
2. के.एस. दोरियाल, *पर्यटन विकास एवं प्रभाव*, आशा बुक्स, सोनिया विहार, दिल्ली, 2010, पृष्ठ 65
3. मनुस्मृति 1/3/22
4. आर. ए. शर्मा, पर्यावरण शिक्षा, आर. लाल बुक डिपो, मेरठ, 2007, पृष्ठ 47-48
5. एस.एस. माथुर, शिक्षा मनोविज्ञान, विनोद पुस्तक मंदिर आगरा 1991, पृष्ठ 48
6. डॉ. अरूण रघुवंशी एवं डॉ. चन्द्रलेखा रघुवंशी, पर्यावरण प्रदूषण, म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 1993, पृष्ठ 20
7. पर्यावरण शिक्षा-डॉ. उषा मिश्रा, पृ. 77

****

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का योगदान (मण्डला जिले के संदर्भ में)

डॉ. श्रीमति शुभांगी धगट* श्रीमति अनामिका तिवारी **

प्रस्तावना – राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत देश में ग्रामीण स्वास्थव सुधार के लिए चलाया जा रहा एक स्वास्थ्य योजना है यह योजना 12 अप्रैल 2005 से शुरू की गई है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य मंत्रायल द्वारा एक मिशन के रूप में देश के लगभग सभी राज्यों में चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्व सुरक्षा हेतू केन्द्र सरकार की यह प्रमुख योजना है। इस योजना का उद्देश्य ऐसी प्रणाली विकसित करना है। जो सामूहिक स्वास्थ्य की होकर स्वास्थ्य लाभों का विकेन्द्रीकरण कर सकें। यह ग्रामीण क्षेत्रों में सुगमतासे वांछनीय और जवाबदेही वाली गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया करवाने से संबंधित है। मध्यप्रदेश राज्य में यह योजना सन् 2005 से निरंतर कार्यशील है एवं जनता को स्वास्थ्य सुविधाऐं पहुंचाने के प्रति निरंतर व गतिशील भी है। इस योजना के अंतर्गत जननी सुरक्षा कार्यक्रम, जननी एक्सप्रेस योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिशन इंद्रधनुष, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना, आयुषमान भारत योजना आदि चलाई जा रही है। जिनका उद्देश्य मातृ मृत्युदर, शिशु मृत्यु दर, प्रजनन दर, में कमी लाना है। इस हेतु मिशन के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम स्तर पर 1000 की जनसंख्या में एक आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति की गई है एवं प्रत्येक ग्रामों में ग्राम आरोग्य केन्द्रों की स्थापना की गई है। जिसमें आशा कार्यकर्ता के माध्यम से ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य सुविधायें सुनिश्चित की जाती है एवं 4 या 5 ग्रामों को मिलाकर उपस्वास्थ्य केन्द्र गठित किये गये हैं एवं विकासखण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये गये हैं। प्रस्तुत अध्ययन हेतु मण्डला जिला जो कि एक आदिवासी (ग्रामीण) बाहुल्य जिला है को अध्ययन हेतु चुना गया है।

अध्ययन का क्षेत्र – प्रस्तुत अध्ययन हेतु मध्यप्रदेश के मंडला जिले को चुना गया है। इसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सन् 2005 से शुरू हुआ है। यहां जिले की कुल जनसंख्या में 57 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति निवास करती है। ग्रामीण बाहुल्य जिले में स्वास्थ्य सुविधायें कितनी फलीभूत हो रही है इसलिये इस क्षेत्र में यह अध्ययन बहुत महत्वपूर्ण है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा मण्डला जिले में चलाई जा रही योजनाओं का अध्ययन करना।
2. स्वास्थ्य सुविधाओं को अपनाने हेतु ग्रामीणों की जागरूकता ज्ञात करना।
3. स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

समंक संकलन एवं शोध विधि :

1. प्रस्तुत अध्ययन में प्राथमिक समंकों के अंतर्गत व्यक्तिगत मौखिक, सक्षातकार जो कि विभिन्न चयनित ग्रामों में ग्रामीण एवं आदिवासी महिलाओं एवं परिवारों से लिया गया है। द्वितीय समंकों हेतु विभागीय बेवसाईड पत्रिका, समाचार पत्र, विभागीय आंकडे प्राप्त कर विश्लेषण कार्य किया गया है।
2. शोध विधि हेतु साक्षात्कार एवं प्रश्नावली का उपयोग किया गया है एवं इसमें ही विश्लेषण कार्य किया गया है।

निष्कर्ष

तालिका – 1

क्र.	वर्ष	योजना का नाम	कुल प्रसव प्रसव	संस्थागत	प्रतिशत
1	2011-2012	जननी सुरक्षा योजना	17643	12758	72
2	2012-2013		18624	16140	87
3	2013-2014		17768	14982	84
4	2014-2015		16364	13541	82
5	2015-2016		12157	10044	83

तालिका 2,3,4 (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका से स्पष्ट होता है कि, मंडला जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत विगत 5 वर्षो में नसबंदी, लूप, निवेशन, ओरलपिल्स यूजर्स की संख्या मे वृद्धि हुई है। समग्र रूप से इस कार्यक्रम मे प्रगती हुई है। परिवार नियोजन की दिशा मे लोगो के नजरिये में बदलाव आया है। सर्वेक्षण के दौरान 66 प्रतिशत आदिवासी परिवारो इसे उचित ठहराया है।

तालिका में स्वास्थ्य सुविधाऐं उपलब्ध कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ग्राम स्तर पर ग्राम आरोग्य केन्द्र स्थापित किये गये हैं एवं उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि पिछले पांच वर्षो में मण्डला जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति में अपेक्षाकृत बहुत सुधार आया है। नये उपस्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण हुआ है

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (वाणिज्य) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

पोषण पुनर्वास केन्द्रों का निर्माण हुआ है एवं संस्थागत प्रसवों की संख्या में बढोत्तरी हुई है। जिससे गृह प्रसव कम हुआ है। इस कारण जननी एक्सप्रेस योजना जो ग्राम स्तर पर पहुंच कर गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के समय जांच एवं प्रसव हेतु शासकीय अस्पताल में आशा कार्यकर्ता के माध्यम से ले जाती है। टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के टीकाकरण हेतु प्रत्येक ग्राम एवं के मजरे टोले में आरोग्य केन्द्र के माध्यम से मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें निरंतर चलित टीकाकरण कार्यक्रम मे छुटे हुये बच्चो को एक अभियान के तहत टीके लगाये जाते है। इससे जिले का टीकाकरण का स्तर 89 प्रतिशत पहुंच गया है। राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर एवं किशोरियों के साथ-साथ सभी प्रजनन आयु की महिलाओं का पोषण संबधी सलाह दी जाती है। जिससे आगे चलकर एनीमिया एवं बड़ी बिमारियो का सामना न करना पड़ें। जिले में पिछले 05 वर्षो परिवार नियोजन कार्यक्रम में सुधार आया है। इसमें सभी प्रकार के परिवार नियोजन साधनों को अपनाया है। इसी तरह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे राष्ट्रीय छय नियंत्रण कार्यक्रम ,राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम, मलेरिया उन्नमूलन कार्यक्रम, आदि कार्यक्रमो की उपलब्धियो में सुधार हुया हैं।राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन एवं यूनिसेफ के द्वारा WASH IN HEALTH कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके द्वारा सभी 9 विकासखण्डो में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्या केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साफ - सफाई, पेयजल, भवनो की स्थितियों में सुधार हुया है। यूनिसेफ से सहयोग प्राप्त कायाकल्प योजना के अंतर्गत भी नये भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्य एवं स्वास्थ्य सुविधायो को बेहतर स्थिति प्रदान की जा रही है।

निष्कर्ष

तालिका - 5

क्रं.	विकासखंड का नाम	सर्वेक्षित परिवारो की संख्या	स्वास्थ्य सुविधायो को अपनाने हेतु जागरूकता का प्रतिशत
1	मंडला	174	75
2	मोहगांव	194	50
3	बिछिया	165	67
4	मवई	151	45
5	घुघरी	130	48
6	बीजाडांडी	165	71
7	नैनपुर	103	69
8	नारायणगंज	167	65
9	निवास	153	70

उपरोक्त तालिका से ज्ञात होता है कि, परिवारो में स्वास्थ्य सुविधाये अपनाने हेतु जागरूकता में कमी आई है। स्वास्थ्य सुविधायों को अपनाने हेतु जागरूकता का अध्ययन करने के लिये प्रश्नावली एवं व्यक्तिगत साक्षत्कार विधि का प्रयोग किया गया है। जिसमें सभी 9 विकासखंडो के चयनित ग्रामो मे सें कुछ परिवारों का अध्ययन किया गया है। जिसमें सभी वर्ग के परिवार आते है। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अभी-भी स्वास्थ्य सुविधायो को अपनाने हेतु जागरूकता मे कमी है। ग्रामीणो मे व्याप्त अंधविश्वासो एवं कुरीतियो के कारण वे अच्छे स्वास्थ्य को बेहतर तरीके से प्राप्त नही कर पा रहे है। एवं जिले कुछ विकासखंडो में ज्यादातर बैगा जनजाती भी निवास करती है। जो किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य या अन्य शासकीय सुविधायो को अपनाने हेतु तैयार नही रहती है। ये जनजाति घर पर प्रसव करवाना ही सुरक्षित मानती है। ग्रामीण क्षेत्रो की आवासीय दशा निम्न स्तर पर होने के साफ-सफाई आदि की पर्याप्त व्यवस्था नही होती। ग्रामीण परिवार में भोजन संबधि अंधविश्वास देखा गया है। अध्ययन के दौरान यह देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रो मे रहने वाले गर्भवती महिला अपने चारो और के सामाजिक वातावरण के प्रति जागरूक नही है तथा शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित है। अनुसुचित जाती व जनजाति दोनो वर्गो का खानपान रहन-सहन सोचविचार लगभग समान देखा गया परन्तु स्वास्थ्य सुरक्षा के नजरिये से अनुसुचित जनजाति वर्ग ज्यादा पिछड़ा हुआ है। इस वर्ग को स्वास्थ्य के प्रति परामर्श की आवश्यकता है।

सुझाव - स्वास्थ्य एक ऐसा पहलु है जो देश एवं व्यक्ति के आर्थिक विकास में भागीदार होता है । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतंर्गत चलाई जाने वाली योजनाये बेहतर तरीके से प्रदान की जानी चाहिऐ। समुदाय में व्याप्त कुरीतियो को दुर करने के लिए एवं और बेहतर तरीको ं से सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए लोगो को शिक्षित करने की आवश्कता है। साथ ही उनके दैनिक क्रियाकलापो के बारे में स्वास्थ्यवर्धक जानकारी दी जानी चाहियें। इस अध्ययन के संदर्भ में सुझाव प्रेशित किये जा रहे है ।

1. प्रत्येक ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा का सक्रिय ढंग से प्रचार प्रसार किया जाना चाहिये जैसे नारे लेखन माईकिंग आदि।
2. परिवार में वृद्धि होने पर होने वाले दुष्प्रभावों को बताये एवं परिवार नियोजन के बारे समझाना चाहियें।
3. आशा कार्यकर्ता का सक्रिय होना एवं उसे नविन योजनाओं के बारे में लगातार प्रशिक्षण प्राप्त हों।
4. किसी भी कार्यक्रम को एक अभियान की तरह लागू करें एवं प्रत्येक वर्ग को इसमें संलग्न करें।
5. हितग्राही मूलक योजनाओं का प्रचार प्रसार कर उसकी उपादेयता सुनिश्चित करना चाहिये।
6. कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की निरंतर समीक्षा एवं सुधार करते रहना चाहियें।
7. विभाग के उच्च अधिकारियों एवं जिला स्तर पर सतह सक्रिय निरीक्षण करना चाहियें।

इसके साथ-साथ ग्रामीण जनता को साफ-सफाई,पूरक पोषण आहार एवं नशामुक्ति हेतु प्रेरित करने की आवश्यकता है तभी संपूर्ण स्वास्थ्य का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय जिला मंडला द्वारा प्राप्त रिर्पोट।
2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की विभागीय बेबसाईट।
3. भारतीय जनांकिकी।
4. एनएफएचएस सर्वे से प्राप्त आंकड़े।

तालिका - 2

क्र.	वर्ष	योजना का नाम	कुल जीवित जन्म	बी.सी.जी.	हेपे.0डोज	प्रतिशत
1	2011-2012	नवजात शिशु का टीकाकरण कार्यक्रम	17866	17269	17269	96
2	2012-2013		18760	18264	18264	97
3	2013-2014		17424	17326	17326	99
4	2014-2015		16030	15579	15579	97
5	2015-2016		11988	11896	11896	98

तालिका - 3

क्र.	वर्ष	योजना का नाम	कुल जीवितजन्म	पूर्ण टीकाकरण	प्रतिशत
1	2011-2012	पूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम	18663	13556	72
2	2012-2013		17813	14343	80
3	2013-2014		16423	12140	73
4	2014-2015		18311	14315	78
5	2015-2016		19083	17121	89

तालिका - 4

क्र.	वर्ष	योजना का नाम	लक्ष्य	उपलब्धि	प्रतिशत
1	2011-2012	परिवार नियोजन कार्यक्रम	4100	2299	56
2	2012-2013		5000	3889	78
3	2013-2014		5200	3994	76
4	2014-2015		5700	4631	81
5	2015-2016		6500	5347	83

****

A Study on Relationship between Psychological Stress and Infertility in Female Population undergoing Infertility Treatments

Sumita Mathur * Prof. Usha Kothari **

Abstract - Infertility leads to significant levels of psychological distress. The study highlights the relationship between psychological stress and infertility in female population undergoing infertility treatment at various fertility centres. Data from 300 females was collected by using the questionnaire including general information and the Perceived Stress Scale (PSS). The results showed that stress was seen in all female who were undergoing infertility treatments. It can be concluded that stress not only plays major role in causing infertility but also with the rise in level of stress in an individual the complexity in the infertility treatment required also increases.
Key Words - Infertility, Stress, In Vitro Fertilisation (IVF), Intrauterine insemination (IUI).

Introduction - According to World Health Organisation (WHO), "Infertility is a disease of the reproductive system defined by the failure to achieve a clinical pregnancy after 12 months or more of regular unprotected sexual intercourse. A WHO evaluation of Demographic and Health Surveys (DHS) data (2004), estimated that more than 186 million ever-married women of reproductive age in developing countries were maintaining a "child wish", translating into one in every four couples. As per Segen's Medical Dictionary Lifestyle is defined as "the constellation of habitual activities unique to a person, which lend consistency to activities, behaviour, manners of coping, motivation and thought process, and define the way in which person lives; lifestyle activities include diet, level of physical activity, substance abuse, social and personal interactions" In a medical or biological context stress is a physical, mental, or emotional factor that causes bodily or mental tension. There are several other factors such as psychological stress, caffeine consumption, alcohol consumption and exposure to environmental pollutants that have been implicated but the evidence is equivocal (1). Studies indicate that female ovulation and sperm production may be affected by mental stress. If at least one partner is stressed it is possible that the frequency of sexual intercourse is less, resulting in a lower chance of conception. Infertility can have deeply underlying psychological causes, which are associated with motivation of parenthood and the success of medical treatment (2). It is said that certain lifestyle conditions such as diet imbalance, addiction to smoking or alcoholism, sedentary existence, or mental and emotional stress, all contribute to poor sperm count. Studies have shown lot of relation of infertility with the stress levels of females. Women who have experienced infertility report higher psychological distress. Infertility combined with involuntary childlessness (including biological and social) is associated with significantly greater distress. For women in this category, the risk of distress is substantial (3).

Methodology - A descriptive research was conducted on a total of 300 married women undergoing infertility treatments at the selected infertility centres. The study was conducted in the selected infertility centres and hospitals lying within the municipal limits of city of Jodhpur, Rajasthan. Permission was sought from the Directors of selected infertility centres of Jodhpur. Consent for the conducting the study was granted by three infertility centres. The patients were explained the purpose of the study and consent for the participation in the study was obtained from the subjects. Subjects were assured that anonymity and confidentiality would be maintained and that they can refuse to participate or withdraw from the study at any time. An Informed consent form was signed by the investigator and the subjects willing for participation in the study individually. The subjects were interviewed and information was filled by researcher in the form. The Perceived Stress Scale (PSS, Cohen, Kamarack & Mermelstein, 1983) is a classic stress assessment instrument with total of 10 questions. In each question, it's asked how often one felt or thought a certain way. Although some of the questions are similar, there are small differences between them and all treated each one as a separate question. For each statement, the answers were on 5 point scale as never, almost never, sometimes, fairly often, or very often. For scoring, each item was rated on a 5-point scale ranging from never (0) to

* Research Scholar, Jai Narain Vyas University, Jodhpur (Raj.) INDIA
** Head of Department (Home Science) Jai Narain Vyas University, Jodhpur (Raj.) INDIA

almost always (4). Positively worded items were reverse scored, and the rating was summed, with higher scores indicating more perceived stress. Individual scores on the PSS can range from 0 to 40 with higher scores indicating higher perceived stress. Scores ranging from 0-13 were considered low stress, from 14-26 would as moderate stress and scores ranging from 27-40 were considered high perceived stress. To analyze the data, the collected information was scored; coded, categorized and statistical analyses were performed with the statistical package for Social Science (SPSS, 19.0).

Result - The study covered information of 300 female undergoing infertility treatments. Regarding their age it was seen that 51% of female where lying in the age group of 25-30 years of age, 17% were in the age between 31 years and 35 years. It was also seen that infertility was also seen in female below 25 years and above 26 years of age as 25% and 7% respectively. On the contrary seeing the age of subject's husband it was noticed that 14% were above 36 years and only 4% were below 25 years. Maximum husbands (50%) were of age group 25-30 years. Looking at the number of years the couple has been married, 30% were married from less than 5 years and 25% were married from more than 10 years and were experiencing infertility. It was also seen that around half of the subjects (54%) got married even before they turned 20 years of age. The results also focus that around 60% of couples were trying for baby from more than last 3 years. Out of 300 subjects, 210 female were having primary infertility and rest had been pregnant before also. 73% of the subjects were non working home maker and the rest were in job having fixed (14%) and flexible (13%) working hours.

Table 1: Distribution of the sample according to demographic characteristics and fertility

		Frequency	Percentage (%)
Age of Subject	below 25 years	74	24.7
	25-30	154	51.3
	31-35	51	17.0
	36 and above	21	7.0
Age of Subject's Husband	below 25 years	12	4.0
	25-30	151	50.3
	31-35	94	31.3
	36 and above	43	14.3
Number of Years The Couple Has Been Married	Less than 5 years	89	29.7
	5-10 years	136	45.3
	More than10 years	75	25.0
Number of years since trying for baby	Last 2 yrs	74	24.7
	3-5 yrs	104	34.7
	More than 5 yrs	122	40.7
Type of Infertility	Primary	211	70.3
	Secondary	89	29.7
Work Status	Fixed Working Hours	41	13.7
	Flexible Working Hours	40	13.3
	Non Working (Home Maker)	219	73.0

The results of the present study showed that stress was seen in all female covered in the present study who were undergoing infertility treatments. The perceived stress scale categories stress in three levels: low, moderate and high. From the total population of 300 females undergoing treatment, 259 (86%) had moderate to high stress level and only 41 (14%) had no or low stress levels. Broadly it was observed that 102 (34%) of the sample had high stress levels.

Figure 1.1: Percentage of Level of Stress in Female Undergoing Infertility Treatments



The samples were further categorized as per the treatments they were undergoing: Medication, Intrauterine insemination (IUI), Intra vitro fertilisation (IVF) and the level of stress were calculated for each treatment.

The study concluded that none of the samples undergoing medication had high levels of stress and moreover 42% had low levels of stress. Moderate stress level was observed in 61% of the samples with IUI treatment and 38% of these had high stress levels. Samples with IVF treatment had the highest level of stress, with 76% of samples having high stress levels and none of them had low stress levels. As per The Perceived Stress Scale (PSS) it was observed that females undergoing IVF treatment were having highest level of stress.

Figure1.2: Percentage of Stress Level as per the Type of Treatment



Discussion - The purpose of this study was to study the relationship between psychological stress and infertility in females undergoing infertility treatment. The present study attempted to examine psychological stress in females with infertility as a whole and also the level of stress depending on the type of treatment undertaken by them for infertility. The level of stress in the present study was examined using the Perceived Stress Scale (PSS). The levels were categorized as low stress, moderate stress and high stress depending on the answers of the questions.

The present study finding concludes that psychological stress and infertility has a positive relationship. One of the key findings of this study was that with the increase in stress levels the subjects had to undergo further levels of infertility treatments. Specifically it can be said that those with higher stress levels were undergoing more complex and advanced treatments like intrauterine insemination (IUI) and in vitro fertilisation (IVF). Females taking only medication were having least stress. Although many studies (4–6) over the past decades have focused on stress and infertility, the present study helps shed light on the effect of infertility on the level of stress experienced by females undergoing infertility treatments. A couple that is trying to conceive will certainly experience feelings of frustration, stress and disappointment if a pregnancy is not easily achieved. However, if the difficulties progress and the man and or woman are labelled as having fertility problems, then this may result in a severe insult to self-esteem, body image, and self-assessed masculinity or femininity (7) and this as a result causes stress in both. Similarly (8) studied that there is modest evidence for an association between distress during treatment and the outcome of the treatment itself. A study on psychological research within the context of in vitro fertilization (IVF) resulted that psychosocial factors, like stress, ineffective coping strategies, anxiety and/or depression are associated with a lower pregnancy rate following IVF-procedures (9)

The results from the present study were also in line with various past studies stating that psychological stress is one of the major factors causing infertility in female population.

Conclusion - Based on the study results it can be deduced that stress not only plays major role in causing infertility but also with the rise in level of stress in an individual the complexity in the infertility treatment required also increases. The present findings do not capture the whole population with infertility, and the conclusions of the study cannot be assumed to apply to all individuals dealing with infertility. Even though, it can be concluded that there is a positive relationship between psychological stress and infertility in female population undergoing infertility treatments.

References :-

1. Homan GF, Davies M, Norman R. The impact of lifestyle factors on reproductive performance in the general population and those undergoing infertility treatment: a review. Hum Reprod Update [Internet]. 2007 Jan 5 [cited 2015 Mar 10];13(3):209–23. Available from: http://humupd.oxfordjournals.org/cgi/content/long/13/3/209
2. Yakupova VA, Zakharova EI. Psychological Conditions of Parenthood Formation in IVF. Procedia - Soc Behav Sci [Internet]. 2014 Aug [cited 2015 Apr 16];146:112–7. Available from: http://www.sciencedirect.com/science/article/pii/S1877042814047508
3. McQuillan J, Greil AL, White L, Jacob MC. Frustrated Fertility: Infertility and Psychological Distress among Women. J Marriage Fam. 2003;65(4):1007–18.
4. Cooper BC, Gerber JR, McGettrick AL, Johnson J V. Perceived infertility-related stress correlates with in vitro fertilization outcome. Fertil Steril [Internet]. Elsevier; 2007 Sep 9 [cited 2015 Apr 11];88(3):714–7. Available from:http://www.fertstert.org/article/S001502820604708X/fulltext
5. Peterson BD, Newton CR, Feingold T. Anxiety and sexual stress in men and women undergoing infertility treatment. Fertil Steril. 2007;88(4):911–4.
6. Wasser SK, Sewall G, Soules MR. Psychosocial stress as a cause of infertility. Fertil Steril. 1993;59(3):685–9.
7. Cwikel J, Gidron Y, Sheiner E. Psychological interactions with infertility among women. European Journal of Obstetrics Gynecology and Reproductive Biology. 2004.
8. Wilson JF, Kopitzke EJ. Stress and infertility. Curr Womens Health Rep. 2002;2(3):194–9.
9. Eugster A, Vingerhoets AJJM. Psychological aspects of in vitro fertilization: A review. Social Science and Medicine. 1999.

****

बांसवाड़ा शहर के एक विकास खण्ड गढ़ी का चयन कर उसमें चल रही आनन्ददायी शिक्षा के अन्तर्गत पाठ्य सहगामी क्रियाओं का एवं इससे सम्बन्धित समस्याओं का अध्ययन करना

डॉ. दीपा त्रिवेदी *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध में अध्ययन बांसवाड़ा शहर के एक विकास खण्ड गढ़ी का चयन कर उसमें चल रही आनन्ददायी शिक्षा के अन्तर्गत पाठ्य सहगामी क्रियाओं का एवं इससे सम्बन्धित समस्याओं के संदर्भ में अध्ययन किया गया है। शोध के लिये प्रस्तुत शोध अध्ययन में उपकरण के रूप में स्व-निर्मित प्रश्नावली का प्रयोग किया गया है तथा न्यादर्श के रूप में बाँसवाड़ा जिले के आठ विकास खण्डों में से 5 विद्यालयों का चयन किया गया। प्रत्येक विद्यालय में से एक महिला एवं एक पुरूष शिक्षकों (कुल 10 शिक्षक) का चयन किया गया तथा 5 संस्थाप्रधानों का चयन किया गया। शोध परिणामों से प्राप्त हुआ कि आनन्ददायी शिक्षा प्रत्येक कक्षा के लिये अति महत्वपूर्ण एवं उपयोगी है। इस शिक्षा के द्वारा विद्यार्थियों में शैक्षिक प्रगति हो सकती है।

प्रस्तावना – शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बालक का अधिकार है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् शिक्षा के सार्वजनीकरण हेतु अनेक प्रयास किये गये, जिसमें आधिकारिक एवं अनौपचारिक शिक्षा देने के विभिन्न आयाम यथा- प्रौढ़ शिक्षा, रात्रि पाठशालाएं, प्रहरी पाठशालाएँ, सर्व शिक्षा अभियान, सरस्वती बहन योजना, गुरू-मित्र योजना, लोक-जुम्बिश, बालश्रमिक योजना, शिक्षाकर्मी योजना, शिक्षा लहर योजना, डी.पी.ई. पी. योजना, नन्हीं कली योजना, आनन्ददायी शिक्षा योजना आदि हैं।[2]

भारतीय संविधान के 45वें अनुच्छेद में प्रारंभिक स्तर की शिक्षा नि:शुल्क और अनिवार्य रूप से देने का प्रावधान है। इसकी अनुपालना करने के सन्दर्भ में केन्द्र द्वारा राज्य सरकारों को निर्देश प्रदान किये गये कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 (संशोधित स्वरूप 1992) के अनुसार सभी शिक्षक पढ़ाये एवं विद्यार्थी पढ़े। 28 नवम्बर 2002 को 86वां संविधान संशोधक विधेयक पारित कर 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा को उनके मौलिक अधिकार के रूप में धारा 21 ए के तहत् घोषित कर दिया गया। यह सब सामाजिक जागरूकता का परिचय माना जा सकता है और वर्तमान में शिक्षा का अधिकार कानून भी लागू कर दिया गया।

सीखना मानव का प्रकृति प्रदत्त अधिकार है। संसार की किसी वस्तु या परिस्थिति के सम्पर्क संसर्ग में आते ही वह स्वत: सीखता है। जन्म लेने वाले शिशु की स्तन चूसने की प्रक्रिया हमें यह बतलाती है कि सीखना व्यक्ति की जैविक आवश्यकता है। शिशु को प्रकृति ने इन्द्रियों का अद्‌भुत वरदान दिया है, जिससे वह स्वत: सीखता है।

पूर्व शोध का अध्ययन

श्रीवास्तव, प्रतिभा, मुंशी रघुनन्दन प्रसाद (2007): *'प्राथमिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार'*, एक समीक्षा, सरदार पटेल महिला पी.जी. कॉलेज, बाराबंकी। प्राथमिक शिक्षा संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला है। जिसका प्रभाव शिक्षा के सभी स्तरों पर परिलक्षित होता है। यह जीवन की बुनियाद है। जिस पर प्रगति की ईमारत खड़ी की जा सकती है। सारांशत: प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में जो निष्कर्ष उभरकर सामने आए वे इस प्रकार है- **1** प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि विद्यालयी वातावरण के विभिन्न घटकों पर निर्भर करती है। **2** प्राथमिक शिक्षा के विद्यार्थी अध्यापकों पर निर्भर रहते हैं। 3 वर्तमान पाठ्यक्रम 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए बोझ है। **4** इस उम्र के बच्चे परीक्षा रूपी भूत से डरते है। **5** प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक नवाचारों की जरूरत है। **6** पोषाहार, सहायक सामग्री की उपलब्धता, ढञ्च, बजट आदि प्राथमिक शिक्षा की लक्ष्य प्राप्ति के गुणात्मक मार्ग है। **7** 6 से 14 वर्ष के बच्चों को आनंददायी शिक्षा के अवसर प्रदान करके विकास संभव हो सकता है।

3. Reardon, Betty. (1997). 'Human Rights as Education for Peace'. In: G.J. Andrepoulos and R.P. Claude (eds.) *Human Rights Education for the Twenty-First Century.* (255-261). Philadelphia: University of Pennsylvania Press.
4. Roche, Douglas. (1993). *The Human Right to Peace*. Toronto: Novalis.
5. United Nations General Assembly. (1993) *Vienna Declaration and Programme of Action (World Conference on Human Rights).* New York: United Nations. (A/CONF. 157/23 on June 25, 1993). Part 2, Paragraphs 78-82.
6. Harris, Ian and Synott, John. (2002) 'Peace Education for a New Century' *Social Alternatives* 21(1):3-6

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

नारी सशक्तिकरण एवं आधुनिक समाज

डॉ. प्रेमलता गाँधी *

प्रस्तावना – भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में निरूपित करके उसके सम्मान, श्रेष्ठता एवं महत्ता को प्रतिपादित किया गया है। पाँच हजार वर्ष पूर्व ऋग्वेदकालीन सभ्य सुसंस्कृत समाज में स्त्री एवं पुरूष को समानता का दर्जा प्राप्त था। उस समाज में स्त्री को पुरूषों की तरह ही समानता का अधिकार था, इसलिए वह स्वत्रंत थी। उस समाज में पति–पत्नी को प्रथम बार 'दम्पति' कहा गया है। दंपती शब्द एकत्व की अवधारणा से युक्त है।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आठ मार्च महिला दिवस के रूप में वायदों और भाषणों के बीच गुजर गया। कहीं मार्च हो कहीं जनसभाओं में लम्बें श्लोगन से महफिल गूंजती रहीं। नहीं गूंज सकी तो मूक बधिर महिलाओं के हक की लड़ाई की आवाज, क्योंकि उनके पास शब्द नहीं हैं। सभी तरह के हकों की लड़ाई लड़ने और शासन सत्ता तंत्र में कुछ वर्ग की प्रतिनिधि नियुक्त कर देने की पहल की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण विधेयक बिल पारित करने की बात की और सहमति–असहमति के बीच बिल राज्यसभा में पारित भी हो गया है। उम्मीद की जाती है कि लोकसभा में भी पारित हो ही जाएगा। बहुत अच्छी पहल है महिला सशक्तिकरण की दिशा में।

एक सवाल जो बार–बार उठता है कि क्या मौजूदा महिला आरक्षण बिल में सभी वर्ग की महिलाओं के प्रतिनिधित्व की नियुक्ति की बात निश्चित है। वर्त्तमान कानून मंत्री के अनुसार पिछड़ों की संख्या के बारे में वर्ष 1935 के बाद से कोई नई जानकारी नहीं होने से उनके लिए कोटा रखे जाने पर विचार नहीं किया जा सका। इस स्थिति में क्या दलित बहुजन वर्ग की महिलाओं की भागीदारी हो पाऐगी।

महिला सशक्तिकरण महिलाओं की अस्मिता, अस्तित्व और अधिकार का आंदोलन है। यह किसी भी समाज, देश की उन्नति और विकास का आधार है। मातृत्व के आंगण में ही सभी का विकास होता है। किसी भी परिवार, समाज, देश की तरक्की का अंदाजा लगाना हो तो पहचान की जा सकती है कि उस परिवार, समाज और देश की स्त्रियां कितनी स्वाधीन हे और आत्मनिर्णायक की भूमिका में है। उसकी पहचान कितनी है क्या वह अस्तित्व के संकट से तो नहीं गुजर रही है?

देश की आजादी की पूर्व स्थिति पर न भी जाए तो स्वाधीनता के लगभग छः दशक का समय क्यों लगा इस बिल को लाने में यह विचारणीय प्रश्न है। जबकि देश की आजादी के बाद संविधान निर्माण के साथ ही उसके समानान्तर एक ऐसा बिल तैयार किया जा रहा था जो कि आज की मौजूदा आरक्षण बिल और 33 प्रतिशत की पुष्टिकरण की नीति से कहीं सशक्त और मजबूत आधार स्तंभ बिल था 'हिन्दू कोड बिल'।

'हिन्दू कोड बिल' महिला सशक्तिकरण का ब्लू प्रिंट था। जिन व्यवस्था तंत्र और मानसिकता के कारण महिलाओं को कमाजोर किया जाता रहा है। उसे अधिकारविहिन और पंगु बनाया गया। संपत्ति के अधिकार से वंचित किया गया। उन्हें शिक्षा से दूर रख कर चाहरडिवारी के भीतर छुट–छुट कर जिंदगी पर मजबूर किया गया। उन सभी मानसिकताओं, धार्मिक कुरीतियों और उनके तंत्र के साथ–साथ उस व्यवस्था को बनाये रखने वाली मानसिकता और उस मानसिकता की संस्कृतिकरण उससे उपजा 'माइंड सेट' आदि का विरोध हिन्दू कोड बिल में था।

'हिन्दू कोड बिल' एक सामाजिक विधि विधान है। इस विधान से स्त्रियों की अस्मिता, उसके अस्तित्व और उनके अधिकारों को संरक्षण प्रदान करता है। यह कोड बिल जिन अधिकारों की महत्ता को रेखांकित करता है उसे विस्तार से यहां प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है लेकिन संक्षेप में यह बिल हिन्दू विवाह अधिनियम, विशेष विवाह अधिनियम, गोद लेना, अल्पआयु संरक्षता अधिनियम, हिन्दू उत्तराधिारी अधिनियम, निर्बल तथा साधनहीन परिवार के सदस्यों का भरण पोषण अधिनियम, अप्राप्तवयी संरक्षण संबाी अधिनियम, हिन्दू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम, सम्पत्ति का अधिकार अधिनियम, बाल विवाह निरोध अधिनियम आदि सभी अधिनियमों सविस्तार तर्कसंगत और वैज्ञानिक विश्लेषण करता है। लेकिन मनु महाराज के वंशजों ने इस बिल को संविधान में पारित नहीं होने दिया, क्योंकि इस बिल के पारित हो जाने से मनुवादी व्यवस्था, पितृसत्तात्मक व्यवस्था का अंत होना तय था। पितृसत्तात्मक व्यवस्था और मानसिकता महिलाओं को न केवल मानवाधिकार से वंचित करती बल्कि उसे सम्पत्ति के अधिकार से बेदखल कर गुलाम बनाने की कोशिश करती है। यही वजह थी कि गुलामी की प्रथा और प्रक्रिया का अंत करने वाले विधान यहिन्दू कोड बिल को मनुवादी पितृसत्तात्मक मानसिकताओं ने पारित नहीं होने दिया।

आज समाज में समानता और हक की लड़ाई के साथ–साथ सभी वर्ग की पहचान का आंदोलन जारी है। इस आंदोलन को और तेज करने की जरूरत है। तीसरी दुनिया में शुमार भारत के विकास की राह में तरक्की करने के लिए देश की सत्तर फीसदी आबदी दलित बहुजन के साथ–साथ कुल आबादी की पचास फीसदी महिलाओं की अस्मिता, अस्तित्व, अधिकार और सम्मान के चौतरफा विकास के लिए जारी आंदोलन पर, उनकी बातों पर ध्यान देने की जरूरत महसूस की जानी चाहिए न कि देश में चंद वर्ग समुदाय के लोगों की तरक्की और चंद महिलाओं को सभी क्षेत्रों में तरक्की कर लेने की भूल भूलैया पर। यह समय 33 फीसदी महिला आरक्षण की तुष्टिकराण की नीति से संतुष्ट हो जाने का नहीं है। महिलाओं के पूरे हक और सम्मान की बात होनी चाहिए। उस में सभी वग्र की महिलाओं को समान अधिकार की बात को सुनिश्चित करना चाहिए। वरन् वह दिन दूर नहीं कि जिस ब्राह्मणवादी पुरूषवादी मानसिकता और व्यवस्था की शिकार महिलाएं आज असम्मान

* वरिष्ठ सहायक आचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (सी.टी.ई.), डबोक, उदयपुर (राज.) भारत

और असुरक्षा का जीवन जी रही है एवं देश में जिस रफ्तार से लिंगानुपात बढ़ रहा है। वह एक भारी अराजकता, भयानक त्रासदी और बहुत बड़े संकट की ओर संकेत है।

महिला सशक्तिकरण को ऊर्जा प्रदान करने वाले मान और उसके सहयोगी की भूमिका निभा रहे मानव दोनों को महिला सशक्तिकरण के तमाम पहलुओं पर विचार करते हुए 'हिन्दू कोड बिल' को पहल में लाने की बात करनी चाहिए। आखिर क्या चीज 'हिन्दू कोड बिल' में थी जिसके कारण तत्कालीन समान सुधारक, शंकराचार्य, तथाकथित धार्मिक पुरोहितों और उनके सांसदों के साथ-साथ देश के प्रथम राष्ट्रपति माननीय डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को 'हिन्दू कोड बिल' के विरोध में त्यागपत्र देने की धमकी देनी पड़ी और तत्कालीन प्रधानमंत्री को मजबूर हो कर बिल को ठंडे बस्ते में डालना पड़ा।

दुर्गा शक्ति का रूप हैं। इतनी शक्तिमान कि भगवान राम ने भी लंका पर आक्रमण के समय दुर्गा की आराधना की। उनकी कथा कुछ ऐसी है कि जब देवता महिषासुर से संग्राम में हार गये ओर उनका ऐश्वर्य श्री और स्वर्ग सब छिन गया तब वे दीन-हीन दशा में वे भगवान के पास पहुँचे। भगवान के सुझाव पर सबने अपनी सभी शक्तियाँ शस्त्र एक स्थान पर रखीं। शक्ति के सामूहिक एकीकरण से दुर्गा उत्पन्न हुई। पुराणों में उसका वर्णन है। उसके अपने सिर है। अनेक हाथ है। प्रत्येक हाथ में वह अस्त्र-शस्त्र धारण किए है। सिंह जो साहस का प्रतीक है, उसका वाहन हैं। ऐसी शक्ति की देवी ने महिषासुर का वध किया। वे महिषासुर मर्दनी कहलायीं।

मेरे विचार से यह कथा संघटन की एकता का महत्व बताने के लिये बतायी गयी है। शक्ति संघटन की एकता में ही है। हमारी कथाओं में देवी दुर्गा का वर्णन है कि उनके सहस्त्र सिर और असंख्य हाथ है। यह वास्तव में संघटक के सहस्त्रों सिर और असंख्य हाथ है। साथ चलोगे तो हमेशा जीत का सेहरा बंधेगा। देवताओं को जीत कभी मिली जब उन्होंने अपनी ताकत एकजुट की।

दुर्गा शक्तिमयी है उनका सशक्तिकरण हो चुका है। लेकिन आज की महिला क्या शक्तिमयी है क्या उसका सशक्तिकरण हो चुका है क्या वह आज दुर्गा बन चुकी है शायद नहीं पर उसके पास कुछ अधिकार तो हैं वह कुछ तो शक्तिमान हुई। यह अधिकार यह शक्तियां उसे किसी ने दिये नहीं है। यह उसने खुद लड़ कर प्राप्त किये हैं।

इस संदर्भ में एक और बात ध्यान रखने की है कि महिला सशक्तिकरण में सिर्फ मीरा की मुक्ति की आकांक्षा की पहल भी होनी चाहिए क्योंकि संस्कृतिकरण की प्रक्रिया में पुरूषवादी मानसिकता का भी संस्कृतिकरण हो गया है। जिससे घर, समाज में मीरा अपनी सास-ननद से उतनी ही प्रताड़ित हो रही है, जितनी की पुरूषों से। हमें इस संस्कृतिकरण की प्रक्रिया से बचना चाहिए।

सन् 1987 से जबसे सामुदायिक कार्य से जुड़ी हूँ तब से रैली, नुक्कड़, नाटक, मानव श्रृखलाओं में भाषण एवं घर-घर जाकर जागरूकता में महिला सशक्तिकरण का सघन अभियान द्वारा कार्य भी मैंने विशेष रूप से किया है। लोकमान्य तिलक शिक्षक महाविद्यालय के 15 किमी. की परिधि से प्रायोगिक कार्य हेतु जाते रहे है तथा सामुदायिक शिविर क्षेत्रीय भ्रमण एवं शिक्षण में बावनवाडजी पिण्डवाड़ा सिरोही सावरियाजी, केशरियाजी, फतहनगर, कपासन, भीण्डर, सलुम्बर, राजसमन्द, चारभुजा, झाड़ोल, नाई, पई, साक्रोदा, बेदला के लोगों का मत है कि आपके आने से एवं जागरूकता के कार्य करने से गांव में विशेष जागरूकता आयी है।

अब इन कस्बों एवं गांवों में महिलाएं एवं महिला संरपक्ष गांव के आर्थिक सामाजिक राजनैतिक एवं भौतिक क्षेत्रों को सुदृढ़ करने में जुड़ी हुई है जैसे – अचार, पापड़, खाखरे, ढाले (5 से 10 क्वि.) मात्रा में एक साथे ही सामुदायिक केन्द्र पर तैयार किर विपणन की जा रही है जिससे महिलाओं आर्थिक स्वावलम्बन भी प्राप्त हो रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं के स्वास्थ्य स्तर पर आहारीय परामर्श के प्रभाव का अध्ययन

डॉ. प्रगति देसाई * श्रीमती मेघा परमार **

शोध सारांश – आहारीय परामर्श का लक्ष्य खाद्य व्यवहार में उपयुक्त परिवर्तन करके व्यक्ति या रोगी को लाभ पहुँचाना है। यह प्रक्रिया आहारीय सिद्धांत एवं पोषण विज्ञान पर आधारित है। प्रत्येक व्यक्ति या रोगी के अनुसार आहारीय परामर्श भी अलग अलग होते है। विभिन्न बीमारियों जैसे- मधुमेह, मोटापा, एनीमिया, उच्चरक्तचाप आदि के उपचार में भी आहारीय परामर्श की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अध्ययन के द्वारा मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं में मोटापे के स्तर एवं मानवमीति परीक्षण पर आहारीय परामर्श के प्रभाव को जानने हेतु सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के आधार पर आहारीय परामर्श का प्रत्यक्ष प्रभाव मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं के वजन के स्तर एवं मानवमीति परीक्षण पर देखा गया।

शब्द कुंजी – मोटापा, आहारीय परामर्श, मोटापे के स्तर, मानवमीति परीक्षण।

प्रस्तावना – वर्तमान में विज्ञान ने जीवन को सरल, सुरुचिपूर्ण और सम्पन्न बनाने के लिए नये नये साधन ईजाद किये। इसी तेजी से बढ़ते मशीनीकरण, आधुनिक भौतिक सुख सुविधा, एवं साधनों की भरमार से समाज में जीवन शैली, आहार विहार व्यवहार आदि में भी काफी तेजी से परिवर्तन हो रहा है। इन्हीं परिवर्तनों का परिणाम या इसकी एक बीमारी मोटापा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की ग्लोबल सेट की रिपोर्ट के अनुसार 2016 में पूरे विश्व में 650 मिलियन वयस्क मोटापे से ग्रसित थे, जिन में 39 प्रतिशत पुरुष एवं 40 प्रतिशत महिलाएँ मोटापे से पीड़ित थे।

जून 2014 की इण्डिया टूडे में नीतूचन्द शर्मा क लेख में प्रकाशित हुआ की Lancent रिसर्च जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार 2013 में मोटापे से ग्रसित मुख्य 10 देशों में भारत का तीसरा स्थान है एवं सन् 2013 में भारत में 46 मिलियन लोग मोटापे से पीड़ित थे।

घर से बाहर घण्टों कार्य में व्यस्त रहने की वजह से कार्यशील महिलाओं में मोटापे अधिक देखा जाता है क्योंकि इस दौरान वह अपने खान पान का ध्यान नहीं रख पाती। जिससे वह मोटापे का शिकार हो जाती है।

मोटापे चयापचय सम्बन्धित रोगों का एक समूह है, जिसे विशेष रुप से शरीर में संग्रहित उच्च वसा के रुप में देखा जाता है।

'सामान्यता शरीर में जमा होने वाली अतिरिक्त वसा मोटापा है।' – मोटापा वह स्थिति है जिसमें वसामय ऊतकों में वसा एकत्र हो जाने के कारण, व्यक्ति का भार अधिक हो जाता है। जब आवश्यकता से अधिक पचा लिया जाता है परन्तु शरीरिक क्रियाशील के द्वारा खर्च नहीं किया जाता, वह वसा में परिवर्तित होकर वसामय ऊतकों में संग्रहित कर लिया जाता है, यही स्थिति धीरे धीरे मोटापे को जन्म देता है।

बी.एम.आई. एवं वेस्ट टू हिप अनुपात के अनुसार मोटापे का वर्गीकरण निम्न प्रकार से है–

वर्गीकरण	नाप (Kg/M2)
सामान्य से कम वजन	< 18.50
सामान्य वजन	18.50 – 24.90
अधिक वजन	>25.00
मोटापा	>30.00
ग्रेड-1	30 – 34.99
ग्रेड-2	35 – 39.99
ग्रेड-3	>40

वेस्ट-टू-हिप अनुपात चार्ट –

स्वास्थ्य स्तर	महिलाएँ	पुरूष
सामान्य से कम	< .80	< .95
सामान्य	0.81 – 0.85	0.95 – 1.00
सामान्य से अधिक	>0.86	>1.00

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO), 2000 के अनुसार

आहारीय परामर्श – आहारीय परामर्श एक ऐसी प्रक्रिया है, जिससे व्यक्ति अपने भोजन एवं पोषण से सम्बन्धित समस्या के उपचार के लिए आहार विशेषज्ञ की सलाह लेता है।

अनियमित भोजन सम्बन्धी आदतों, आवश्यकता से अधिक भोजन, आहार ज्ञान में कभी आदि कारणों की वजह से मोटापे की स्थिति उत्पन्न होती है, अत: इस स्थिति को सामान्य करने के लिए आहारीय परामर्श की आवष्यकता पड़ती है। आहार विशेषज्ञ के द्वार रोग व्यक्ति ये सारी जानकारी लेने के बाद व्यक्ति की खान पान की आदतों, आवश्यकता व उसकी बीमारी को ध्यान में रखते हुए उसके आहार का आयोजन तालिका तैयार करता है ताकि रोगी व्यक्ति के रोग कर स्थिति को सामान्य करने में मदद कर सकें। अत: वर्तमान समय में मोटापा नहीं, कई अन्य रोगों के उपचार के लिए भी आहारीय परामर्श का प्रयोग किया जा सकता है। आहारीय परामर्श द्वारा व्यक्ति स्वस्थ्य होकर रोग मुक्त जीवन जी सकता है।

उद्देश्य – मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं में मोटापे के स्तर एवं मानवमीति परीक्षण पर आहारीय परामर्श के प्रभाव का अध्ययन करना।

उपकल्पना H_1 - मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं में मोटापे के स्तर एवं मानवमीति परीक्षण पर आहारीय परामर्श का सार्थक प्रभाव पाया जाएगा।

* सह प्राध्यापक (गृहविज्ञान) शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय किला भवन, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय किला भवन, इन्दौर (म.प्र.) भारत

विधि – शोध कार्य हेतु इन्दौर के विभिन्न क्षेत्रों से आजीविका के लिए कार्यरत 40–60 वर्ष की मोटापे से ग्रसित 80 कार्यशील महिलाओं का चयन उद्देश्यपूर्ण दैव निदर्शन विधि द्धारा किया गया। जिनको 40–40 महिलाओं के नियन्त्रित एवं प्रयोगात्मक दो समूहों में विभाजित किया। संमको के संकलन हेतु अनुसूची, साक्षात्कार, अवलोकन एवं प्रयोगात्मक विधि का प्रयोग कर सर्वेक्षण किया गया। तथ्यों के सांख्यिकीय विश्लेषण एवं परिणाम हेतु प्रतिशत विधि, काई वर्ग विधि एवं 'टी टेस्ट' परीक्षण विधि का प्रयोग किया गया।

1. नियन्त्रित समूह की मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं को कोई आहारीय परामर्श नहीं दिया गया।
2. प्रयोगात्मक समूहों की मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं को आहारीय परामर्श दिया गया तथा प्रत्येक 15 दिनों के अन्तराल में उनके फोलोअप भी लिए गए।
3. सभी निदर्श के विभिन्न नाप जैसे वजन, बी.एम.आई., वेस्ट टू हिप अनुपात आदि को अध्ययन प्रारम्भ करने में पूर्व तथा अध्ययन समाप्त होने पर लिया।
4. प्रयोगात्मक समूह के सभी निदर्श को 120 दिनों तक आहारीय परामर्श दिया गया।

परिणाम एवं विश्लेषण

1.1 आहारीय परामर्श का मोटापे के स्तर एवं मानवमीति परीक्षण पर प्रभाव – आहारीय परामर्श एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें व्यक्ति के भोजन एवं पोषण से सम्बन्धित समस्याओं के उपचार के लिए आहार विशेषज्ञों की सहायता से उपयुक्त परिवर्तन करके व्यक्ति को लाभ पहुँचाया जाता है। अनियमित भोजन सम्बन्धित आदतों, आवश्यकता से अधिक भोजन, आहार ज्ञान की कमी आदि कारणों की वजह से मोटापे की स्थिति उत्पन्न होती है। इस स्थिति को सामान्य करने के लिए आहारीय परामर्श की सहायता ली जाती है। प्रस्तुत अध्ययन के द्धारा मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं में मोटापे के स्तर एवं मानवमीति परीक्षण पर आहारीय परामर्श प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। जिसकी विवेचना तालिका क्रमांक 1.1 (अ) से 1.1 (स) में की गई है –

तालिका क्रमांक 1.1 (अ) (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक 1.1 (अ) से स्पष्ट है कि मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं के प्रयोगात्मक समूह को 120 दिनों तक आहारीय परामर्श देने तथा प्रत्येक 15 दिनों में फोलोअप लेने के पश्चात् .05 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर स्वतंत्रयाश 3 तथा 4 के सार्थ सार्थक पाया गया। प्रयोगात्मक समूह को आहारीय परामर्श देने के पश्चात् हरी पत्तेदार सब्जी प्रतिदिन एक बार लेने वाली महिलाओं का प्रतिशत 10 था, जो पयोग के पश्चात् बढ़कर 35 प्रतिशत हो गया। फल प्रतिदिन एक बार लेने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत भी 10 था, जो प्रयोग के पश्चात् 35 प्रतिशत हो गया। सलाद प्रतिदिन दो बार लेने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत 5 था, जो प्रयोग के पश्चात् बढ़कर 30 प्रतिशत हो गया। फास्ड फूड प्रतिदिन एक बार लेने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत 30 था, जो प्रयोग के पश्चात् घटकर 30 हो गया। तले हुए भोज्य पदार्थ प्रतिदिन एक बार लेने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत 45 था, जो प्रयोग के पश्चात् घटकर 25 प्रतिशत हो गया। मिठाई प्रतिदिन एक बार लेने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत 40 था, जो प्रयोग के पश्चात् 10 प्रतिशत हो गया। सूखे मेवे नहीं लेने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत 30 था, जो प्रयोग के पश्चात् घटकर 5 हो गया। दूध नहीं लेने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत 55 था, जो प्रयोग के पश्चात् घटकर 30 हो गया। चाय 4 कप प्रतिदिन एवं 2 कप प्रतिदिन पीने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत क्रमश: 10 एवं 45 था, जो प्रयोग के पश्चात् घटकर क्रमश: 5 एवं 20 प्रतिशत रह गया। शक्कर 4 चम्मच प्रतिदिन एवं 2 चम्मच प्रतिदिन लेने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत क्रमश: 15 एवं 35 था, जो प्रयोग के पश्चात् घटकर क्रमश: 5 एवं 25 प्रतिशत हो गया। मूंगफली के तेल का उपयोग करने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत 35 था, जो प्रयोग के पश्चात् घटकर 20 प्रतिशत हो गया। वहीं सरसों एवं सनफ्लावर के तेल का उपयोग करने वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत क्रमश: 10 एवं 15 था, जो प्रयोग के पश्चात् घटकर क्रमश: 25 एवं 25 प्रतिशत हो गया। जबकि नियन्त्रित समूह की महिलाओं में कोई सकारात्मक परिवर्तन नहीं देखे गए। अत: हमारी उपकल्पना .05 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर स्वीकृत हुई। इसलिए यह कहा जा सकता है कि मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं में आहारीय परामर्श के द्धारा उनकी भोजन सम्बन्धित आदतों में सुधार करके उनके अधिक वनज एवं अधिक वेस्ट टू हिप अनुपात को सामान्य किया जा सकता है।

तालिका क्रमांक – 1.1 (ब) (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक 1.1 (ब) से स्पष्ट है कि प्रयोगात्मक समूह की 40 महिलाओं को 120 दिनों मक आहारीय परामर्श की सहायता से परिवर्तित एवं सन्तुलित आहार देने के पश्चात् अधिक वजन, ग्रेड–ख एवं ग्रेड–खख मोटापे से ग्रसित महिलाओं का प्रतिशत पूर्व क्रमश: 65, 25 एवं 10 था, जो प्रयोग के पश्चात् घटकर क्रमश: 50, 20 एवं 5 प्रतिशत हो गया। पूर्व में सामान्य वजन की महिलाओं का प्रतिशत शून्य था, प्रयोग के पश्चात् 20 प्रतिशत महिलाएँ सामान्य वजन की श्रेणी गई। प्रयोगात्मक समूह की सामान्य वेस्ट टू हिप अनुपात वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत 5 था, जो प्रयोग के पश्चात् बढ़कर 25 प्रतिशत हो गया। इसी प्रकार सामान्य से अधिक वेस्ट टू हिप अनुपात वाली महिलाओं का पूर्व प्रतिशत 95 था, जो प्रयोग के पश्चात् घटकर 75 हो गया। जबकि नियन्त्रित समूह की महिलाओं में कोई सकारात्मक परिवर्तन नहीं देखे गए। अत: यह कहा जा सकता है कि अधिक वजन एवं उसके स्तरो को तथा मानवनीति परीक्षण के विभिन्न नापों को कम करने में आहारीय परामर्श मददगार एवं उपयोगी है।

तालिका क्रमांक – 1.1 (स) (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक 1.1 (स) के अनुसार प्रयोगात्मक समूह की महिलाओं को 120 दिनों मक आहारीय परामर्श द्धारा सन्तुलित एवं व्यक्ति विशेष की आवष्यतानुसार भोजन देने के पश्चात् उनके वजन एवं वेस्ट टू हिप अनुपात में सार्थक कमी देखी गई। प्रयोगात्मक समूह में वजन का पूर्व माध्य 84.55 कि.ग्रा. पश्चात् माध्य 80.5 कि.ग्रा. एवं वेस्ट टू हिप अनुपात का पूर्व माध्य .92 से.मी., पश्चात् .90 से.मी. पाया गया। अर्थात् वजन के माध्य में 4.05 कि.ग्रा. एवं वेस्ट टू हिप अनुपात के माध्य में .02 से.मी. की कमी देखी गई। जबकि नियन्त्रित समूह में वजन का पूर्व माध्य 83.7 कि.ग्रा., पश्चात् माध्य 84.9 कि.ग्रा. एवं वेस्ट टू हिप अनुपात का पूर्व माध्य .95 से.मी., पश्चात् माध्य .97 से.मी. पाया गया। अर्थात् वजन माध्य में 102 कि.ग्रा. एवं वेस्ट टू हिप अनुपात के माध्य में .02 से.मी. की अधिकता देखी गई। इसी प्रकार प्रयोगात्मक समूह में वजन का 'टीमान' 2.28 एवं वेस्ट टू हिप अनुपात का 'टीमान' 2.93 पाया गया। वही नियन्त्रित समूह में वजन का 'टीमान' .64 एवं वेस्ट टू हिप अनुपात का 'टीमान' .72 पाया गया। अत: हमारी उपकल्पना H_1 .05 प्रतिशत सार्थकता स्तर पर स्वीकृत हुई। प्रयोगात्मक समूह को 120 दिनों तक आहारीय परामर्श दिया गया, जिससे उनके मोटापे के स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आये। इस विषय पर सम्बन्धित साहित्य का

पुनरावलोकन पूर्व में किए जा चुके है।

पी.एम.बालाजी तथा उनके साथियों ने (2011) भारत के बैंगलोर शहर की 50 - 60 वर्ष की 40 मोटी महिलाओं को 2 समूह में लिया तथा उन पर 'मोटापे पर आहारीय परामर्श के प्रभाव का अध्ययन' किया। पहले समूह की सभी महिलाओं को 3 माह तक कम वसा युक्त भोजन एवं निश्चित अन्तराल पर आहारीय परामर्श दिया। जबकि दूसरे समूह को ऐसे ही रहने दिया। 3 माह बाद प्राप्त परिणामों के अनुसार पहले समूह की महिलाओं में, जिन्हें कम वसा युक्त भोजन तथा आहारीय परामर्श दिया गया था के वजन में सार्थक कमी ($P < 0.001$) देखी गई। साथ ही उनके वेस्ट टू हिप अनुपात, बी.एम.आई. उच्चरक्तचाप आदि में भी कमी देखी गई। जबकि नियन्त्रित समूह की महिलाओं में कोई परिवर्तन नहीं देखे गए। अतः पी.एम.बालाजी तथा उनके साथियों ने यह निष्कर्ष निकाला कि आहारीय परामर्श अधिक वजन को कम करने का लाभकारी एवं उपयोगी तरीका है।

निष्कर्ष – उपरोक्त अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि आजीविका के लिए कार्यरत् महिलाएँ आहारीय परामर्श द्वारा स्वयं की भोजन सम्बन्धित आदतों में उचित परिवर्तन एवं उचित आहार ज्ञान में वृद्धि के माध्यम से मोटापे को नियन्त्रित रखते हुए मोटापे से सम्बन्धित अन्य बीमारियों को दूर कर स्वस्थ्य जीवन जी सकती है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. डॉ. शुक्ल एस. एम. तथा डॉ. सहाय एस. पी., 'सांख्यिकीय विश्लेषण' साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा (2002)
2.. डॉ. जैन कामिनी, 'डायटेटिक्स', प्रथम संस्करण, शिवा प्रकाशन, इन्दौर (2008)
3. स्वामीनाथन एम. 'आहार एवं पोषण', एन. आर. प्रकाशन, इन्दौर (2008)
4. डॉ. कुलकर्णी ज्योति 'आहार एवं उपचारत्मक पोषण', शिवा प्रकाशन, इन्दौर (2008)
5. Joshi Sabhangini A., "Nutrition and Dietetics". Third Edition, Tata Mc. Grow Hill Education, Private Limited, New Delhi (2010)
6. Manay S.N. and Shadaksharaswamy M., "Foods Facts and Principles". Second Edition, new age International (P) Limited Publishers. (2005)
7. Srilakshmi B., "Food Science", Third Edition. New Age International Publishers. (2005)
8. Dr. Balaji P.A., Dr. Smitha R. Verne, Dr. Syed Sadat Ali, "Effect of Dietary Counseling on On=verweight and Obesity", International Multidisciplinary Research Journal (2011) 1 (10) : 01-04.

तालिका क्रमांक - 1.1 (ब) : मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं में मोटापे के स्तर एवं मानवमीति परीक्षण पर आहारीय परामर्श के प्रभाव का तुलनात्मक परिणाम

चर	अवस्थाएँ	समूह							
		नियन्त्रित (N – 40)				प्रयोगात्मक (N = 40)			
		पूर्व	प्रति. %	बाद	प्रति. %	पूर्व	प्रति. %	बाद	प्रति. %
मोटापे के स्तर	सामान्य	-	-	-	-	-	-	8	20
	अधिक वजन	28	70	20	50	26	65	22	55
	ग्रेड-1	8	20	12	30	10	25	8	20
	ग्रेड-2	2	5	6	15	4	10	2	5
	ग्रेड-3	2	5	2	5	-	-	-	-
वेस्ट-टू-हिप अनुपात	सामान्य	8	20	2	5	2	5	10	25
	सामान्य से अधिक	32	80	38	95	38	95	30	75

तालिका क्रमांक - 1.1 (स) : मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं में मोटापे पर वजन एवं वेस्ट टू हिप अनुपात के अनुसार आहारीय परामर्श के प्रभाव का अध्ययन

चर	नियन्त्रित समूह (N=40)	माध्य	प्रमाप विचलन	टी वेल्यू	प्रयोगात्मक समूह (N=40)	माध्य	प्रमाप विचलन	टी वेल्यू
वजन	पूर्व	83.7	8.28	.64	पूर्व	84.55	7.94	2.28
	पश्चात्	84.9	8.41		पश्चात्	80.5	7.82	
वेस्ट-टू-हिप अनुपात	पूर्व	.95	.048	.72	पूर्व	.92	.040	2.92
	पश्चात्	.97	.050		पश्चात्	.90	.037	

तालिका क्रमांक – 1.1 (अ) : मोटापे से ग्रसित कार्यशील महिलाओं में भोज्य पदार्थों की उपयोगिता के तरीकों के आधार पर आहारीय परामर्श के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन

चर	अवस्थाएँ	समूह									
		नियन्त्रित (N – 40)					प्रयोगात्मक (N = 40)				
		पूर्व	प्रति. %	बाद	प्रति. %	काई	पूर्व	प्रति. % काई	बाद	प्रति. %	काई वर्ग
हरी पत्तेदार सब्जी	नहीं	18	45	22	55	2.44	18	45	8	20	12.72
	1 बार/ प्रतिदिन	2	5	2	5	4	10	14	35		
	2 बार/ प्रतिदिन	2	5	2	5	2	5	4	10		
	2 दिन में	2	5	4	10	6	15	8	20		
	कभी-कभी	16	40	10	25		10	25	4	10	
फल	नहीं	18	45	20	50	3.48	16	40	6	15	12.02
	1 बार/ प्रतिदिन	2	5	20	5		4	10	14	35	
	2 बार/ प्रतिदिन	2	5	2	5		4	10	18	20	
	2 दिन में	2	5	6	15		6	15	4	10	
	कभी-कभी	16	40	10	25		10	25	8	20	
सलाद	नहीं	16	40	18	45	1.2	14	35	6	15	14.6
	1 बार/प्रतिदिन	2	5	4	10		4	10	10	25	
	2 बार/प्रतिदिन	2	5	2	5		2	5	12	30	
	कभी-कभी	20	50	16	40		20	50	12	30	
फास्ट फूड	नहीं	4	10	2	5	1.14	18	45	28	70	10.1
	1 बार/प्रतिदिन	10	25	12	30		12	30	2	5	
	1 बार/ प्रतिसप्ताह	16	40	14	35		6	15	8	20	
	1 बार/15 दिन	10	25	12	30		4	10	2	5	
तले हुए भोज्य पदार्थ	नहीं	16	15	2	5	2.96	12	30	24	60	10.54
	1 बार/प्रतिदिन	12	30	16	40		18	45	10	25	
	1 बार/प्रति सप्ताह	16	40	14	35		8	20	2	5	
	1 बार/ 15 दिन	6	15	8	20		2	5	4	10	
मिठाई	नहीं	4	10	2	5	2.42	8	20	18	45	12.54
	1 बार/ प्रतिदिन	16	40	18	45		16	40	4	10	
	1 बार/प्रति सप्ताह	14	35	10	25		12	30	10	25	
	1 बार/15 दिन	6	15	10	25		4	10	8	20	
सूखे मेवे	नहीं	2	5	6	15	5.04	12	30	2	5	12.12
	1 बार/ प्रतिदिन	2	5	4	10		10	25	20	50	
	4 दिन में	18	45	10	25		8	20	12	30	
	7 दिन में	18	45	20	50		10	25	6	15	
दूध	नहीं	20	50	22	55	1.14	22	55	12	30	8.44
	50-150 मिली	14	35	10	25		8	20	6	15	
	150-250मिली	4	10	6	15		8	20	14	35	
	250 मिली	2	5	2	5		2	5	8	20	
चाय	नहीं	2	5	4	10	1.3	4	10	10	25	8.1
	1 कप/ प्रतिदिन	2	5	2	5		14	35	20	50	
	2 कप/ प्रतिदिन	16	40	12	30		18	45	8	20	
	4 कप/ प्रतिदिन	20	50	22	55		4	10	2	5	

शक्कर	नहीं	4	10	2	5	0.74	4	10	16	40	10.42
	1 चम्मच/ प्रतिदिन	2	5	2	5		16	40	12	30	
	2 चम्मच / प्रतिदिन	10	25	10	25		14	35	10	25	
	4 चम्मच / प्रतिदिन	24	60	26	65		6	15	2	5	
तेल	सोयाबीन	6	15	10	25	3.74	10	25	4	10	13.38
	मूंगफली	22	55	20	50		14	35	8	20	
	सरसों	4	10	4	10		4	10	10	25	
	सफोला	6	15	2	5		6	15	8	20	
	सनफ्लावर	2	5	4	10		6	15	10	25	

****

Study of Component Based Software Development Protyping Models

Priyanka Bhatewara Jain * Dr. Akhil Khare ** Sonia Bhargava***

Abstract - With the need to produce ever larger and more complex software systems, the use of reusable components has become increasingly imperative. Attempts to rationalize component-based development must recognize that the construction of a software system is a multifaceted, complex activity involving domain engineering, framework work, assembly, archiving, and the design of software components. Traditional cascade models and the iterative life cycle are not enough for CBS. Many researchers proposed several life-cycle models of component-based software development for years. These activities, among others, are encompassed in a software life cycle, called model Y, model V, model X, model CBSD of dual life cycle and model W, knot model, presented in this study. These models provide a guide for the main phases to follow under their umbrella.

Key words - Software Life Cycle Model, Software Process, Software Reusability, Component Based Software Development.

Introduction - As the other software process of engineering activities also goes through the series of development phases. The series of phases (progresses) through which software passes from the exploration of requirements to maintenance is called the software life cycle. During the development of the software, the software goes through a series of phases, that is, requirements, specification design, selection, recovery, testing and maintenance, etc. You can choose a software life cycle model according to the nature of the application and the environment. Sequential models define a sequence of activities in which an activity occurs after an end of the previous one. The evolutionary models allow the realization of several activities in parallel without requirements on the rigorous completion of one activity so that they cannot start with another.

Motivation - A software life cycle is generally defined as a vague concept. The phase of the life cycle of each software is different. Some processes will spend a lot of time and cost compared to other phases. The software development process is a costly activity. The development process or life cycles usually begin with the collection of requirements from system users. All traditional software life cycle models are sequential, which means that each phase must be completed before the next phase begins. The well-known example of sequential models is the cascade model, or model V, and evolutionary models, iterative and incremental development, or spiral model. Component-based software engineering is an integration-focused approach, which emphasizes the selection, acquisition and integration of components from external or internal sources. There is a lot of difference between the life cycle of component-based software compared to the traditional software development lifecycle. Most component-based applications are developed by a third-party component. Its means is that the life cycle of component-based software begins with recovery, not from construction. In component-based systems, only binary object component provided by a third party without source code. Therefore, the need arises for a verified specification given by a third party.

Related work:

Waterfall model - The waterfall model was first introduced by Royce in 1970. Its linear model where various phase is interconnected so that output of one phase become subsequently input for next phase. The Waterfall model has been long used by software engineers and has become the most prevalent software life cycle model. This model initially attempts to identify phases within software development as a linear series of actions, each of which must be completed before the next is commenced.

Challenges :

1. Major drawback of Waterfall Model is inflexible division of phase.Today requirement is changing very fast all phase are overlap.
2. In the waterfall model output are verified in last stage. Therefore, waterfall model is good for such situation where requirement is well defined.

Incremental Model - To overcome drawback of waterfall model a cycle model known as incremental models. In the incremental model we combine the property of sequential model and iterative charterstic of prototype life cycle model. In the incremental model

*Research Scholar, Jayoti Vidhyapeeth Women's University, Jaipur (Raj.) INDIA
**HOD, MVSREC, Hydrabad (Telangana) INDIA
***M.Tech. (S.E.) Suresh Gyan Vihar University, Jaipur (Raj.) INDIA

partial implementation of systems is construct after refinement this implementation require functionality and challenges. It is time consuming process and user of the system involved whole process.

Evolutionary Model - Evolutionary prototypes provide incremental software development, so that software systems may be gradually developed and tested, allowing major errors to be exposed and corrected early, which means that they are often cheaper to fix, but without effective management to control iterations, this process can degenerate into uncontrollable hacking.

Prototyping Model - Generally, customer of the software system initially defines broader requirement of the systems. In this case a quick prototype can be construct. Prototyping provides constructive feedback to designers and potential users so that the system requirements can be clarified and refined early during software development. The prototype is evaluated by the customer and refine his requirement.

Spiral Model - The spiral model was first developed by Boehm, is an evolutionary software life cycle model. In the spiral life cycle model different phase are represented as a spiral rather than sequence of activates. The Spiral model makes software development more flexible and has been proposed mainly to speed up software development through prototyping. In the spiral model, software is developed in a series of incremental release. The spiral model is divided into a number of regions, typically these are between three to six.

Component Based Software Development Life Cycle Models - As mentioned earlier, CBSE is a method of developing complex software applications that combine reusable components from a variety of sources in a well-defined architecture. For CBS, the traditional waterfall model and iterative life cycle are not enough. Many researchers have proposed several lifecycle models for component-based software development over the years. This section briefly summarizes some of these models.

The Y Model - It was proposed by Luiz Fernando Capretz in 2005 [10]. Considering the concept of model reuse, Model Y separates the development of components. This model allows for iterative and overlapping phases. The model is similar to the English letter Y, and the Y-type name appears in the letter. The model has three branches that show the main stages of development. Several stages are shown in the figure. The intersection at the three branches is the assembly phase. Assembly of reusable components can be completed after domain engineering

The framework works in which reusable components and their interrelationships are identified according to the application's vocabulary. Parallel to the domain engineering, perform the analysis and design phase of the system. The results of the system analysis and design phase are useful for adapting selected components to the design requirements of the system. The next step is to assemble and implement a system consisting of several reusable components that are stuck in the frame. Component testing and system testing are also important steps to ensure the quality of the final product.



Figure: 1 V development process for CBD

The X Model - The figure shows the model X [12] [13] proposed in 2008. The model contains four arms arranged in alphabets of letter X, each representing a different perspective. At the intersection of these four arms is the repository (TCR) of the Testa table component. The upper left arm specifies the stage in which the component is developed for reuse. The components here are developed from scratch and stored in the component library. The left lower arm and the lower arm respectively specify the development phase after modification and development, and no modification is required. The two arms select components from the component library and finally assemble them for component-based software development, which is represented by the upper right arm of the X model. The X model provides a range of system development by modifying the components, and without modifying the components, it is shown in the left and lower right arms of the X-shape in the figure.



Figure 2: X Model

In this technological era, the complexity of software is increasing. Fast and sensitive systems depend on their underlying software, which in turn depends on the strength of the development phase. Then, SDLC is the backbone of system performance and efficiency. With the development of component-based software development paradigms, several SDLC models have been proposed over time. This paper summarizes some important CBS development models, such as V model, Y model, X model, dual model, knot model and W model. Discussed their main areas of concern. A common aspect derived from this study is that each model separates the development of system development components. In addition, selecting the right component from all components remains an open issue in all models.

CBSD Dual Life Cycle Model - Jason et al. Alabama. He proposed the dual life cycle model of CBD in [14]. The model divides the whole process into two parts, namely component development and system development. The various stages of each section are shown in the figure. They also provide design science principles to follow in subsequent development stages. The development of components is typically performed by third-party commercial developers and is developed in such a way that their architecture is well defined in terms of the inputs and outputs required for proper functionality of other components. The manufacture of components involves testing the components in an external environment to verify their reuse. The development of the system is divided into sub-phases, namely: requirements analysis, system architecture and subsystems, component selection, cataloging and recovery, and finally implementation of component assembly in the defined architecture. The component selection phase of system development is directly related to the component development component. The model promises to separate the two types of development, but it lacks the focus on component modifications and system validation and general validation.



Fique 3: CBSD Dual Life Cycle Model

The Knot Model - In 2011, the Knot model [15] was born with a focus on reuse, modularity and risk analysis. The figure shows the main stages and sub-phases of the node model. The main phases are: development of new components, modification of existing components, and development of component-based software. Outside of these phases, the modification of an existing component is an iterative phase that attempts to select the components of the component group, tweak it, and test and receive comments based on the system's architecture. This phase is repeated unless the selected component is suitable for assembly in a defined component frame. The efficiency of this model depends on the powerful implementation of the reusable component set, which is the backbone of all phases. The model is easy to understand, but choosing the right components in the reusable component group is the most important task on which the overall quality of the final product depends.



Figure 4: Knot Model

W Model - The W model is a combination of two V models, as shown in Figure [16]. The left side represents the life cycle of the component and the right side represents the life cycle of the system. It was proposed in 2011 with a primary focus on verification and verification (V&V). The author follows the standard CBD process and separates the lifecycle from the development of system development components. The selection and adjustment phase of the component is the link between the two models in V. In this model, V and V consider three levels, component level, composition level, and final system level, respectively.

Summary of Various CBD Models - This section summarizes all proposed models of the CBD based on the focus areas given in the table. The table clearly shows that reuse is critical, as shown by the Y and knot models. The second aspect that requires more attention is to separate the development process from the components of the final system development. The choice of components is also concentrated on many development models.



Figure 5: W Model

Table: Various CBS Development Models and Their Focus Area

CBD Model	Year	Focus Area
Y Model [10]	2005	Reusability and Parallel Development
V Model [11]	2005	Component Development and Component Selection
X Model [12]	2008	Component Development, System Development with And Without Component Modification
CBSD Dual Life Cycle Model [14]	2009	Separation Between Component Development and System Development
Knot Model [15]	2011	Reusability, Modularity, Risk Analysis
W Model [16]	2011	Verification and Validation, Separate Component and System Development

Conclusion - In this technological era, the complexity of software is increasing. Fast and sensitive systems depend on their underlying software, which in turn depends on the strength of the development phase. Then, SDLC is the backbone of system performance and efficiency. With the development of component-based software development paradigms, several SDLC models have been proposed over time. This paper summarizes some important CBS development models, such as V model, Y model, X model, dual model, knot model and W model. Discussed their main areas of concern. A common aspect derived from this study is that each model separates the development of system development components. In addition, selecting the right component from all components remains an open issue in all models.

References :-

1. Boehm, B.W., 1988. A spiral model of software development and enhancement. IEEE Computer, 21: 61-72.
2. Luiz Fernando Capretz , Y: A New Component-Based Software Life Cycle Model , Journal of Computer Science 1 (1): 76-82, 2005
3. Csaba Szabó, LadislavSamuelis , The A-Shaped Model of Software Life Cycle , 5th Slovakian-Hungarian Joint Symposium on Applied Machine Intelligence and Informatics January 25-26, 2007 pp129-135
4. D'Souza D and A.C. Wills, Objects, Components, and Frameworks with UML: The Catalysis Approach, Addison Wesley Longman, Reading, Mass., 1998.
5. Szyperski C, Component Software: Beyond Object-Oriented Programming, Addison Wesley Longman, Reading, Mass., 1998. [6] G.T. Heineman and W.T. Councill, Component-Based Software Engineering, Addison-Wesley, Boston, 2001.
6. Crnkovic Ivica, and Magnus Larsson. “Component-Based Software Engineering-New Paradigm of Software Development.” Invited talk and report, MIPRO, pp- 523-524, 2001.
7. Prasenjit Banerjee, Anirban Sarkar, “Quality Evaluation Framework for Component Based Software” In *Proceedings of the Second International Conference on Information and Communication Technology for Competitive Strategies* (ICTCS '16). ACM, New York, NY, USA, Article 17, 6 pages. 2016. DOI: http://dx.doi.org/10.1145/2905055.2905223 CrossRef
8. Gaurav Kumar and Pradeep Kumar Bhatia, “Neuro-Fuzzy Model to Estimate & Optimize Quality and Performance of Component Based Software Engineering” SIGSOFT Software Eng. Notes 40, 2 (April 2015), pp. 1-6.CrossRef
9. Tassio Vale, Ivica Crnkovic, Eduardo Santanade Almeida, Paulo Anselmo da Mota Silveira Neto, YguaratãCerqueiraCavalcantic, Silvio Romero de LemosMeira, “Twenty-Eight Years of Component Based Software Engineering”, The Journal of Systems and Software, 111, pp. 128–148, 2016.CrossRef
10. Ivica Crnkovic, “Component-Based Software Engineering — New Challenges in Software Development”, Journal of Computing and Information Technology – CIT 11, 3, pp. 151–161, 2003.
11. Deepti Negi, Yashwant Singh Chauhan, PritiDimri, Aditya Harbola. “An Analytical Study of Component-Based Life Cycle Models: A Survey”, In Proceedings of International Conference on Computational Intelligence and Communication Networks (CICN), 2015.CrossRef
12. Vinay, M. K., Johri, P., “W-Shaped Framework for Component Selection and Product Development Process”, World Applied Sciences Journal, 31(4), pp. 606-614, 2014.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

भीमल रेशों द्वारा धागों का निर्माण कर उत्तराखण्ड के घरेलू उद्योगों के लिए एक योगदान

गुँजा सोनी *

शोध सारांश – भारत देश प्राकृतिक सुंदरता एवं प्रकृति से प्राप्त संसाधनों वस्तुओं के लिए प्राचीनकाल से ही ख्याति प्राप्त है इसकी जानकारी हमें वेदों और ग्रंथों से प्राप्त होती है। वस्त्र अवलोकन के क्षेत्र में भी प्राचीनकाल से लेकर आधुनीक काल तक भारत प्राकृतिक रेशों के लिए विश्व में अपना एक स्थान प्राप्त कर चुका है जैसे – कपास ओर जूट।

हमारे देश में उत्तराखण्ड प्रकृति संपदाओं से धनी राज्य माना जाता है चाहे वो जीव जन्तु हो या वनस्पति यहां वनस्पतियों की कई प्रजातियां पाई जाती है जिन से हमें प्राकृतिक रेशे प्राप्त होते है इन में एक वृक्ष भीमल का भी है। जो कि यहां के लोगों के परिवार का वृक्ष कहलाता है। यह वृक्ष यहां के हर परिवार के पास होते है इस वृक्ष से प्राप्त रेशों का प्रयोग काफी समय से किया जाता रहा है। रेशों के अलावा इस वृक्ष का महत्व आयुर्वेद में भी होता रहा है। पर बदलते समय के साथ लोग इन सब लाभों को भूल गए है। मेरे शोध का मुख्य उद्देश्य यह है कि यहां के निवासी फिर से प्रकृति के तरफ आकर्षित होकर प्रकृति से प्राप्त वस्तुओं का उपयोग करे एवं अपनी जीविका के लिए पारंपरिक रुप से चले आ रहे कुटीर उद्योगों के तरफ अग्रसर होए।

प्रस्तावना – आज के समय में मानवनिर्मित रेशों ओर धागों का प्रयोग अधिकाधिक होने के बाद भी प्रकृति रेशों का अपना एक अलग ही महत्व है। भारत से प्रकृति रेशों का निर्यात दूसरे देशों में किया जा रहा है जिसमें मुख्य जूट है। इसी प्रकार कई प्रकृति रेशों का उत्पादन हमारे देश में होता रहा है। पर कुछ रेशें ऐसे भी है जिनका उपयोग समय के साथ कम होता जा रहा है और कुछ तो समाप्त हो गया है जिसका स्थान मानवनिर्मित रेशों ने ले लिया है इनमें भीमल वृक्ष से प्राप्त रेशे भी है समय के साथ बहुउपयोगी होने के पश्चात् भी विलुप्त होने के कगार पर है। इन्हीं में एक है भीमल। जो कि बहुउपयोगी होने के बाद भी आज इसकी उपयोगिता नहीं रह गई है। जबकि इस वृक्ष से प्राप्त रेशों से जूट के व अन्य रेशें के समान ही उपयोग किया जा सकता है। उत्तराखण्ड में भीमल के रेशों का उपयोग अपनी घरेलू कार्य के लिए किया जाता रहा है। यह हिमालय में 800 मीटर से 2000 मीटर की ऊँचाई तक में पाये जाते है। इस वृक्ष का सबसे अच्छा विकास 1000 मीटर से 1500 मीटर तक की ऊँचाई तक माना जाता है। ये उत्तराखण्ड में घास के मैदानों में पाए जाते है कृषि क्षेत्र के चारों तरफ पाए जाते है।

उत्तराखण्ड का ये बहुउद्देशीय वृक्ष है और ये अच्छे गुण वाला चारा और ईधन प्रदान करता है और अच्छी गुणवत्ता वाले फाईबर भी प्रदान करता है। और इस वृक्ष आयुर्वेदिक औषधियां एवं प्राकृतिक रंग भी प्राप्त होते है।

भीमल रेशे प्राप्त करने की प्रक्रिया – भीमल के टहनियों की शीत रितु के अंतर्गत काटा जाता है दिसम्बर से फरवरी के महीने में और पेड के पत्तियों को दुधारु जानवरों को चारों के रुप में प्रयोग किया जाता हइसके बाद शाखाओं को एकत्रित करके उन्हें मध्य अप्रैल तक छाया में सुखाया जाता है। इस समय तक तापमान में बढोतरी हो जाती है जिससे ये अच्छे से सूख जाते है और ये तन्तुवेचन प्रक्रिया के लिए अनुकूल होते है। इसके बाद टहनियों को एक साथ समूह में बांधकर बहते हुए पानी में डूबा दिया जाता है और उस पर भारी पत्थर रख दिया जाता है बहते हुए पानी में रेशों का रंग साफ दिखाई देता है ठहरे हुए पानी की अपेक्षा।



तन्तुवेचन – इस प्रणाली के अंतर्गत भीमल के टहनियों को पानी फैला कर डुबाया जाता है इन्हें 30–45 दिनों (मध्य अप्रैल से मई महीने के अंत तक) जल टहनियों के मध्य में प्रवेश करते है। और आंतरिक कोशिकाओं को पृथक–2 करते हुए बाहरी सतह के कोशिकाओं को अलग करते हुए बढते है। इससे नमी और क्षय पैदा करने वाले जीवाणुओं के अवशोषण में वृद्धि होती है। इस प्रक्रिया में समय का ध्यान सावधानीपूर्वक रखना चाहिकम समय में इस प्रक्रिया को करने पर रेशों को पृथक करने में कठिनाई होती है और अधिक समय होने पर रेशों को कमजोर करती है। डबल रेटिंग से, उत्कृषक रेशे प्राप्त होते है इसमें समय से पहले ही रेशों कापानी से निकाल देते है फिर महिनों तक सुखा कर और फिर पानी में डूबा दिया जाता है। चाहे वो तालाब या नदी में, भाडी पत्थर या मोटी लकडी से दबा दिया जाता है। 8 से 14 दिनों में हो जाता है पर ये पानी के तापमान और उसमें पाए जाने वाले मिनरल के ऊपर आधारित होता है।



बहते हुए पानी में डूबोये हुए भीमल रेशे

* पी.एच.डी. शोधार्थी, वनस्थली विश्वविद्यालय, टोंक (राजस्थान) भारत

डेगमर्मिंग (फाइबर के अलग करने और मुलायम करने के लिए)

1. यह सबसे अधिक श्रम गहन प्रक्रिया है और इसके लिए रेटिंग किये हुए टहनियों को कुचलने और पटकने की प्रक्रिया करते है। रेशे टहनियों से पटकने के बाद अलग होते है कठोर सतह या पत्थर पर अच्छी तरह से रेशों को धोया जाता है ताकि उसमें कोई भी छाल न रह सके। फिर रेशों (फाईबर) की छाया में सूखा दिया जाता है पर इस प्रक्रिया से रेशे पूरी तरह से छाल से मुक्त नहीं हो पाते है।

रेशों को पृथक करना

2. **दूसरी प्रणाली–** टहनियों को पानी से निकाल कर उन से रेशों को निकाल कर एक बडे बर्तन में पानी गर्म करते है। 1 किलों रेशों के लिए 15 से 16 लीटर पानी उबालते है। फिर इसमें राख डाल कर इसे मिलाया जाता है। राख के अच्छे से मिलने पर इसमें रेशों की डाल देते है और 2 घण्टे तक पकाते है दो घण्टे के बाद इसे राख वाले पानी से निकाल कर पटक–पटक कर धोया जाता है दुबारा से उसी अनुपात में पानी गर्म कर के साबुन डाल देते है। 1 किग्रा.रेशे के लिए 200 ग्राम साबुन का प्रयोग किया जाता है और जब साबुन अच्छे से गर्म पानी के साथ धुल जाता है तब इसमें रेशों को डाल देते है जिससे रेशे साफ हो जाते है और मुलायम भी हो जाते है।

सामग्री का अनुपात – 1 किलो रेशा, पानी 15–1श लीटर

राख – 500 ग्राम 1 किलो

रेशों को उबालना

सोफ्टनर का प्रयोग (रेशों को मुलायम करना) – इसके लिए 1 किलो रेशों के लिए 80 से 90 ग्राम सोफ्टनर का प्रयोग किया जाता है और पानी अनुमानित तौर पर लिया जाता है इतना पानी हो कि रेशे उसमें बस अच्छे से डूब जाये और थोडा पानी ही शेष बचे। 30 मिनट तक सोफ्टनर में रखने के बाद रेशों को निकाल कर सुखा देते है। 50प्रतिशत से 60 प्रतिशत रेशों के सूखने के बाद उनके मुलायम होने का पता चलने लगता है।

रेशों को खोलना एवं पृथक करना – इस प्रक्रिया के अंतर्गत रेशों को छाल से अलग–2 किया जाता है जिससे कतई आसानी से हो सके।

सोफ्टिनिंग का प्रयोग

कार्डिंग प्रक्रिया – यह प्रक्रिया हाथ के द्वारा किया जाता है इसमें समय ज्यादा लगता है इसमें रेशों का 5 इंच में काटा जाता है फिर हेन्ड कार्डिंग का प्रयोग करते है पर हाथ के द्वारा कार्डिंग में भीमल के रेशों से कार्डिंग करके चरखे एवं तकली के द्वारा कताई करना संभव नहीं हो पाया सिर्फ बढ कर रस्सीयों का निर्माण किया जा सका इस कारण दूसरी प्रणाली का प्रयोग किया गया।

हाथ द्वारा कार्डिंग की प्रक्रिया

अटोली द्वारा भीमल रेशों से रस्सी का निर्माण

इस पारंपरिक प्रक्रिया के द्वारा सिर्फ रस्सीयों का निर्माण किया जाता रहा है भीमल के अन्य अध्ययन में इससे सिर्फ रस्सी के बनने का ही वर्णन किया गया है। पर भीमल के रेशों से धागों का निर्माण करने के लिए इसे उस

प्रक्रिया का प्रयोग करना पडता है जो कि जूट पर की जाती है इसके लिए जूट के रेशों के लिए प्रयोग में लेने वाले मशीनों का प्रयोग किया जाता है जिससे इनकी चरखे के द्वारा एवं मशीन के द्वारा आसानी से धागों कनिर्माण किया जा सकता है क्योकिं दोनों जूट और भीमल के रासायनिक संयोजन में काफी समानता है।

जूट और भीमल की रासायनिक संरचना –

	जूट	भीमल
सेल्युलोज	65.2 प्रतिशत	48.06
हेमि सेल्यूलोज	22.2 प्रतिशत	19.02
लिग्निन	12.3 प्रतिशत	16.63
फेट एण्ड वेक्स	0.3–1.0 प्रतिशत	1.04
ऐस कॉटेन्ट	0.6–0.8 प्रतिशत	1.07

इनकी रासायनिक संरचना में लगभग समानता होने के कारण इसे जूट कार्डिंग मशीन का प्रयोग भीमल के रेशों पर किया गया।

एक बैंच के लिए भिमल का चयन

↓

टुकड़ा करना

↓

नरम या स्नेहन

↓

कंडीशनिंग या पिलिंग

↓

ब्रेकर कार्ड

↓

फिनिशर कार्ड

↓

पहला ड्राइंग फ्रेम

↓

दूसरा ड्राइंग फ्रेम

↓

तीसरा या फिनिशर ड्राइंग फ्रेम

↓

भिमल कताई

कताई की प्रक्रिया – कताई की प्रक्रिया हाथ के द्वारा की गई है इस प्रक्रिया के अंतर्गत दो प्रकार से किया गया है।

तकली द्वारा – इस प्रक्रिया में तकली का प्रयोग करते है। यह एक धातु से निर्मित 7 इंच लम्बी छडी के नीचे के सिरे पर एक गोलाकार प्लेट लगी रहती है। छड के उपरी भाग में एक हुक रहता है। यही हुक रेशों को पकडता है। इसी हुक के द्वारा रेशों को थोडी लम्बाई तक खींचा जाता है। जब कुछ रेशें आपस में सटते हुए कुछ लम्बाई तक खिंच जाते है तब तकली को हाथ से ही घुमा दिया जाता है। पूर्णरुप से बट जाने के बाद प्लेट के पास ही बटे हुए धागे को लपेट दिया जाता है तथा पुन: इसी क्रिया को दुहराया जाता है। इस प्रकार धागे की लम्बाई बढती जाती है। उत्तराखण्ड में अभी भी भोटिया जनजातियों में कुछ लोग तकली का प्रयोग करते है ।

बागेश्वरी चरखे के द्वारा कताई

चरखे द्वारा कताई – उत्तराखण्ड में कताई के लिए बागेश्वरी चरखे का प्रयोग किया जाता है ये चरखा टेबल के समान बना हुआ है इसे नीचे पैरों द्वारा चलाया जाता है इसकी बनावट एक टेबल के समान है नीचे एक बडा चक्का होता है वो रस्सी के द्वारा उपर एक छोटे चक्के से गोलाई में जुडा होता है। छोटे चक्के के बीच से एक छडी बीचों–बीच एक तरफ से दूसरे तरफ निकलते हुए दो स्टेन्ट के सहारे स्थापित होती है। नीचे वाले चक्के पैरों से चलाये जाने वाले पैडिल से जुडे होते है जब पैडल को चलाते है पैरों से तो बडा चक्का घुमता है ओर फिर छोटा चक्का और बाकि के हिस्से अपना–अपना काम प्रारंभ करते है।उत्तराखण्ड के रोम्पा भाषा में इन भागों को अलग–अलग नामों से बोला जाता है जो कि चित्र के माध्यम से दर्शाया गया है।

निष्कर्ष – भीमल के पेडों का प्रयोग चारे, आयुर्वेद ओर जलाने के अलावा इससे रेशे अधिक से अधिक मात्रा में प्राप्त करके उस से धागों का निर्माण किया जा सकता है जो कि कारपेट और अन्य होमफनिशिंग उत्पादों को घरेलू उपयोग में लाये जा सकते है। हैण्डीक्राफ्ट में भी प्रयोग में लिया जा सकता है ये उत्तराखण्ड के लघु उद्योग और घरेलू उद्योगों को भी आगे बढा सकती है अगर भीमल के रेशो पर और अध्ययन हो तो जूके समान ही इसको और भी कई प्रयोगों में लाया जा सकता है जिस प्रकार आज जूट कई क्षेत्रों में प्रयोग में आ रहा है उसी प्रकार भीमल का भी प्रयोग हो सकता है क्योंकि भीमल भी एक बहुउपयोगी पेड है और इससे प्राप्त रेशे बहुउपयोगी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Murphy, W.S., Volume -2, Practical Guide to Spinning, Abhishek Publications, Chandigard -17, First Indian Edition – 2004
2. Pangtey, Dr. S.S., Munsyari A Gem in the India Himalaya, Munsyari A Gem in the India Himalaya, Tribal Heritage Museum Mansyari, Pithoragarh, uttranchal
3. Rastogi, Meenakshi, Fibres And Yarn, Sonali Publications, New Delhi – 110002 First Published – 2009
जनसंख्या कम और प्रकृति सम्पन्न थी। जनसंख्या बढ़ने पर मनुष्य में क्षेत्रिय प्रसार के प्रति संवेदना उत्पन्न हुई। जिससे मानव में विकास के साथ-साथ बाजार की आवश्यकता पड़ने लगी। जनसंख्या का कुछ प्रतिशत भाग ही कृकार्यो में लिप्त रहकर अपने जीवन को काट रहा है। कुछ मजदूरी कुछ नौकरी आदि के द्वारा जीवन निर्वहन कर रहे हैं। यहीं मानवीय जीवन का सबसे बड़ा उदाहरण आज सामने आ पाया है। वहीं पर उल्लेखित समस्याओं का परिणाम भी सामाजिकता पर आधारित है। यही कारण है कि विपणन केन्द्रों के विकास की दिशा में अग्रसर है। इससे लाभ भी हो रहे हैं। मानव समाज का एक दायरा भी इससे विकसित होता जा रहा है। यहीं मानवीय विकास का महत्वपूर्ण योगदान है।

निष्कर्ष – समाज या कबीला अपने ही क्षेत्र की परिधी में ही आज छोटी-छोटी दुकानों को डालकर आम जनता की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है। यही मारवीय जीवन का सारभूत तत्व है। वह प्राकृतिक संसाधनों का अधिक उपयोग करहा है। इसी कारण उनमें अनेक समस्याऐं उत्पन्न हो रही है। जहाँ मानव विकास का दायरा तय होने में लगा हुआ है। यही मानवीय विकास एक सफल उदाहरण हमारे सामाने हैं कि विपणन केन्द्रों के द्वारा छोटी-छोटी वस्तुऐं नजदीकी केन्द्रों में प्राप्त होने लगी है। इससे व्यक्ति अवश्यकताऐं पूर्ण हो रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्रीवास्तव, डॉ.वीरेन्द्र कुमार एवं रामस्वरूप दीक्षित, विपणन भूगोल : पृष्ठ 11
2. करन एमपी, नगरीय भूगोल, किताब घर आचार्य नगर कानपुर, चतुर्थ संस्करण 1987, पृष्ठ 25-45
3. दुबे, वेचन एवं सिंह मंगला, समन्वित ग्रामीण विकास, जीवन धारा प्रका8ान दिल्ली, 1985, पृष्ठ 55
4. द्विवेदी, इन्द्रेश कुमार, औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण, आशा पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ 25
5. दुबे, राजेश्वरी, नगरीय वातावरण की झुग्गी बस्ती में रहने वाली महिलाओं का स्तर, भोपाल नगर की भीमनगर बस्ती का प्रतीक अध्ययन, उत्तर भारत भूगोल पत्रिका अंक 34, 1998, पृ.109-111
6. बंशल, सुरेशचन्द्र : नगरीय भूगोल, मीनाक्षी प्रकाशन, वेगम ब्रिज मेरठ एवं आंसारी रोड़ दरियागंज, नई दिल्ली, पाँचवा संस्करण, 1987, पृष्ठ 360
7. राजपूत, डॉ.वी.एस.एवं तिवारी, डॉ आर.पी, संसाधन मूल्यांकन एवं, ग्रामीण विकास, ए.पी.एच.पब्लि8ांग नई दिल्ली, 2011-12, पृष्ठ 11

****

जैव विविधता संरक्षण एवं उपाय

डॉ. कल्पना कोठारी *

प्रस्तावना – 'जब रखोगे जीवो का ध्यान तभी बनेगा शरत महान,
जीवो का न करो संहार, धरती माँ की यही पुकार'

धरती माँ की गोद में विभिन्न प्रकार की विशिष्ट प्रजातियाँ पलती है, खेलती है। इन्ही विभिन्न प्रजातियों को जैव विविधता कहते है। जैव मंडल में प्रकृति के समस्त जिवित और निर्जीव, भौतिक और अभौतिक वस्तुओं के मध्य जो संतुलन है उसका कारण ही जैव विविधता है। जैव विविधता संरक्षण का आशय जैविक संसाधनों के प्रबंधन से है, जिससे उनके विस्तृत इस्तेमाल के साथ–साथ गुणवत्ता भी बनी रहे यह जरुरी है। संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है किन्तु हम अभी उतने जागरुक नही हुए जितने जैव संरक्षण के प्रति होना चाहिए। शासन और समाज दोनों को संगठित रुप से इस दिशा में कदम उठाने होगें। जो प्रजातियां विलुप्त की कगार पर है उनका संरक्षण सर्वप्रथम करना होगा। अगर जैव प्रजातियां संकट में है तो उसका निराकरण शीघ्र करवाने का प्रयास करना चाहिए। जैसे–जैसे जनसंख्या का घनत्व बढ रहा है वैसे–वैसे जीव जगत और पेड़–पौधों की प्रजातियाँ विलुप्त एवं संकटग्रस्त होती नजर आ रही है। वैज्ञानिको के अनुसार जीव जगत एवं पेड़–पौधों की प्रजातियों के सामुहिक विलुप्तीकरण के लिए उष्णकटीबंध बहुत कुछ जिम्मेदार है।

'जीव जन्तु पेड़ पौधों के लिए प्यार जगाओं,
जंगलों में न आग लगाओ।'

प्राय: देखा जाता है कि जंगलों को आग लगाकर या कटवा कर सपाट मैदान बनाया जाता है वहां बड़े–बड़े कारखानों का निर्माण किया जाता है जिससे जैव संरक्षण नही हो पाता वह खतरे से उभर ही नही पाता। जैव विलुप्तीकरण के दो कारण दिखते है पहला प्राकृतिक और दूसरा मानव द्वारा निर्मित। विश्व में जैव विविधता का निरन्तर ह्रास हो रहा है। अनेक प्रजातियाँ विलुप्त हो चुकी है और अनेक संकटग्रस्त है। जैव विविधता का बने रहना पारिस्थितिक तंत्रो की क्रियाशीलता एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवष्यक है। आज सम्पूर्ण विश्व जैव विविधता के प्रति सचेत है तथा अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इसे संरक्षित करने का प्रयत्न हो रहा है।

जैव विविधता को संरक्षित करने की दो पद्धतियां है–
(अ) स्वस्थाने या स्व आवासीय संरक्षण,
(ब) बहिस्थाने संरक्षण,

(अ) स्वस्थाने या स्व आवासीय संरक्ष

स्वस्थाने के अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम में स्वस्थाने संरक्षण को परिभाषित करते हुए स्पष्ट किया है कि परिस्थिति तंत्र एवं प्राकृतिक आवासीय स्थलों का इस संरक्षण करना है, जिससे विभिन्न प्रजातियां प्राकृतिक पर्यावरण में विकसित हो सके। यह संरक्षण का उचित माध्यम है क्योंकि इसमे चारो ओर के प्राकृतिक वातावरण को संरक्षित किया जाता है जो जीवो को विकसित होने तथा उनके आस्तित्व को बनाए रखने में सहायक होता है। यह संरक्षण जैव विविधता प्रधान स्थलों में ही किया जाता है।

सर्वप्रथम इस प्रकार के विशिष्ट स्थलों का चयन किया जाता है तथा उसमें विशिष्ट प्रजातियों का संरक्षण प्राकृतिक रुप से किया जाता है। इसके लिए जीव मंडल रिजर्व अभ्यारण राष्ट्रीय पार्क आदि की स्थापना की जाती है। जीव मंडल रिजर्व की स्थापना का कार्यक्रम यूनस्को द्वारा (1971) मानव एवं जीव मंडल कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारंभ किया गया। शरत में नीलगिरी, नंदादेवी, नोकरेक(मेघालय), मानस सुंदर वन(पं.बगाल), डिब्रु साईखोवा(असम), देहंग देवांग(अरुणाचल प्रदेश), पचमढी(मध्यप्रदेश), कंचन जंघा(सिक्कम) में स्थापित किए गए। राष्ट्रीय उद्यान एवं अभ्यारण्यों की स्थापना देश के विभिन्न क्षेत्रों में की गई है। बाघ परियोजना, सिंह परियोजना, हाथी परियोजना, पक्षी विहार, सैतखी संरक्षण गृह भी स्वस्थानिक जैव विविधता संरक्षण के अंतर्गत किया जा रहा है।

(ब) बहिस्थाने संरक्षण – जैव विविधता को उनके प्राकृतिक आवास स्थलों से बाहर संरक्षण करना भी आवश्यक है जो बहिस्थाने संरक्षण द्वारा किया जाता है। यह जीव विज्ञान पार्क, पादपीय उद्यान, वन संस्थान एवं कृषि शोध केन्द्रों द्वारा किया जाता है। इसमें अनुवांशिक संसाधन केन्द्रों की स्थापना कर जैव तकनीक से जीवों की संख्या को बनाये रखा जाता है। प्राकृतिक आवास स्थलों के नष्ट होने से कृत्रिम आवासीय क्षेत्रों को विकसित कर जैव विविधता को संरक्षित किया जाता हैं।

जैव विविधता संरक्षण हेतू चार प्रमुख सिद्धांत स्वीकार किए गए–

1 अक्रामक प्रजातियों के विरुद्ध युद्धस्तर पर कार्यवाही करना,
2. अंतर्राष्ट्रीय कम्पनियों को एक निर्देशिका देना जिससे वे जैव विविधता को बनाए रखे और इस दिशा में वित्तीय सहायता दें।
3. वनोन्मुलन को रोकने के उपाय करना तथा वन प्रबंधन को सतत विकासोन्मुख बनाना और
4. जैव विविधता संरक्षण की योजना तैयार करना और 2010 से उसे पूर्ण प्रभावशाली बनाना – शारत में जैव विविधता के संरक्षण पर पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। यहां जीव मंडल, रिजर्व राष्ट्रीय उद्यान एवं अभ्यारण्यों की पूर्ण श्रृंखला विकसित की गई है, जिससे विभिन्न परिस्थितिक तंत्रो में जैव विविधता संरक्षण सरकारी स्तर पर किया जा रहा है। राज्य स्तर पर भी इसके लिए विभागीय स्तर पर कार्य किया जाता है। अनेक स्वयंसेवी संगठन भी इस दिशा में कार्यशील है। इनके लिए अनेक कानून भी बनाए गए है, जिन्हे समय–समय पर जैव संरक्षण के हित में संशोधित किया जाता है।

दैनिक जीवन की आवश्यकता भोजन, ईंधन, औषधि, चारा और वस्त्र

* प्राध्यापक विभागाध्यक्ष (समाजशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेंधवा (म.प्र.) भारत

आदि के कारण भी जैव संरक्षण सुरक्षित नही है। अत्यधिक दोहन के कारण भी वनस्पतियों के विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। धरती पर जैव विविधता के संरक्षण की कमी के लिए काफी हद तक सम्पूर्ण मानव जाति ही जिम्मेदार दिखती है, क्योंकि जो जिम्मेदारी उसने जैव संरक्षण संबंधी ईमानदारी से निभाना चाहिए वह अपने स्वार्थ, लापरवाही एवं गैर जिम्मेदारी युक्त व्यवहार के कारण नहीं निभा पाती।

जैव विविधता के संरक्षण से संबंधित सरकार ने भी विभिन्न क्षेत्रों में कानून लागू किए एवं जनता कानून का निर्वाह कर जैव विविधता संरक्षण का महत्व समझ उसका पालन करे यही कानून की जनता से अपेक्षा है।

'वन्य प्राणियों को बचाओ,
धरती को स्वर्ग बनाओ।'

मात्र ऐसे नारो का प्रचार करने दिवारो या पुस्तकों में लिखिने मात्र से ही जैव संरक्षण संभव नही। इन नारो की भावनाओं को महसूस कर व्यवहारिक तरीके से समस्त जनता ने आगे आकर जैव संरक्षण जैसे पुनित कार्य में योगदान देकर अन्य को भी प्रेरित करना चाहिए। तभी जैव संरक्षण के प्रति न्याय संगत माने जायेंगे।

'हर दिल में प्यार जगाओ,
जीवो को मरने से बचाओ,
धरती पर स्वर्ग लाओ,
वन्य प्राणियों को बचाओं।'

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नेट के माध्यम से
2. मौलिक

****

बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बौद्ध धर्म की दीक्षा: ग्रहण सामाजिक परिवर्तन का सार्थक प्रयास

डॉ. हितेन्द्र यादव *

शोध सारांश – डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बौद्ध धर्म की दीक्षा ग्रहण करना सिर्फ हिन्दू धर्म की कुरीतियों के खिलाफ एक क्रांति मात्र नहीं थी बल्कि यह समाज में फैली कुप्रथाओं के खिलाफ भी एक आन्दोलन था। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने यह दीक्षा लेकर ना केवल अन्ध विश्वास और रूढिवादिता के खिलाफ आवाज उठाई बल्कि दीक्षा के दौरान ली जाने वाली 22 प्रतिज्ञाओं के जरिये उस समय समाज में फैली अन्य बुराईयों को भी दूर करने का प्रयास किया।

शब्द कुंजी –दीक्षा:, कुरीतियाँ, पाखण्डवाद, प्रतिज्ञा, धर्मान्तरण, आडम्बर, सामाजिक न्याय, छुआछूत।

प्रस्तावना – बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म ही क्यों अपनाया? दरअसल बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जहां एक और दलित पिछडे समाज को राजनीतिक अधिकार दिलाने के लिए और उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने का लिए चिंतित थे वही हिन्दू धर्म के अंधविश्वासों और कलिष्ट कर्मकाण्डों में फसें हुए पिछडे समाज को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए ऐसे धर्म की तलाश में भी थे जहां छुआछूत, जाति पाति जैसे घृणा पर आधारित भेदभाव ना हो। बाबा साहब का मन धार्मिक क्षेत्र में सुधार करने की सोच रहा था। उन्होने ईसाई, इस्लाम और सिक्ख धर्मो का गहन अध्ययन किया और महसूस किया कि जाति-पाति, छुआछूत कि बदबू बौद्ध धर्म में नही है। हालाकि उन्होने 1935 में हिन्दू धर्म की संकीर्णताओं से ऊबकर उसे त्यागने की घोषणा कर दी थी परन्तु 1956 में बौद्ध धर्म को अपनाने से पहले उन्होने 21 साल तक विभिन्न धर्मो को अध्ययन किया था। 1950 ई0 तक डॉ. भीमराव अम्बेडकर बौद्ध धर्म अपनाने का निश्चय कर चुके थे।

धर्म के नाम पर पाखण्डवाद के बाबा साहब अम्बेडकर विरोधी थे, किन्तु वे नास्तिक नहीं थे और धर्म को समाज के लिए आवश्यक मानते थे। उनका कहना था कि धर्म व्यक्ति के लिए होता है न की व्यक्ति धर्म के लिए। धर्म वह है जो लोगों को एकता के सुत्र में बांधे। बाबा साहिब ने उस दौर में धर्म और विज्ञान दोनों का एक साथ चिंतन किया और अन्धविश्वास और आडम्बरों से हटकर धर्म को समाज के विकास के लिए जोडा 13 अक्टूबर 1935 को बेबला में उन्होने घोषणा की मै हिन्दू धर्म में पैदा हुआ यह मेरे वश की बात नही थी, लेकिन मै हिन्दू धर्म में रहकर मरूंगा नही यह मेरे वश की बात है। उनके अनुसार मजहब वैयक्तिक होता है और धर्म सामाजिक होता है। 'सभी धर्म, धर्म नहीं है। केवल वही धर्म वास्तविक धर्म है जो तर्क एवं विवेकसंगत हो, सामाजिक नैतिकता पर आधारित हो, सार्वकालिक एवं सार्वभौमिक हो और सभी काल में सभी मानव जाति की सेवा कर सकता हो।' वर्ण, वर्ग और जाति विहीन तथा उंच-नीच और छुआछूत की अमानवीय भावनाओं से मुक्त तथा आत्मा परमात्मा के दर्शन से दूर बौद्ध धर्म की और यद्यपि उनकी अभिरूचि पहले से थी परन्तु वे धर्म जैसी चीज को आंख बन्द करके त्यागना या अपनाना नहीं चाहते थे।

बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म ही क्यों अपनाया? दरअसल डॉ. अम्बेडकर जहां एक और दलित पिछडे समाज को राजनीतिक अधिकार दिलाने के लिए और उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने का लिए चिंतित थे वही हिन्दू धर्म के अंधविश्वासों और कलिष्ट कर्मकाण्डों में फसें हुए पिछडे समाज को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए ऐसे धर्म की तलाश में भी थे जहां छुआछूत, जाति पाति जैसे घृणा पर आधारित भेदभाव ना हो। डॉ. अम्बेडकर का मन धार्मिक क्षेत्र में सुधार करने की सोच रहा था। उन्होने ईसाई, इस्लाम और सिक्ख धर्मो का गहन अध्ययन किया और महसूस किया कि जाति-पाति, छुआछूत कि बदबू बौद्ध धर्म में नही है। हालाकि उन्होने 1935 में हिन्दू धर्म की संकीर्णताओं से ऊबकर उसे त्यागने की घोषणा कर दी थी परन्तु 1956 में बौद्ध धर्म को अपनाने से पहले उन्होने 21 साल तक विभिन्न धर्मो को अध्ययन किया था। 1950 ई0 तक डॉ. भीमराव अम्बेडकर बौद्ध धर्म अपनाने का निश्चय कर चुके थे। वे इस निश्चय पर पहुंच चुके थे कि 'अछुतो का शूद्र जातियों के पिछडेपन, गरीबी, अज्ञानता, निरक्षरता और गुलामी का मूल कारण हिन्दू धर्म ही है। हिन्दू धर्म जाति व्यवस्था के सहारे जीवित है और जाति व्यवस्था मानवीय संगठन की दुश्मन है। भारत में सब कुछ होने पर भी जाति व्यवस्था के कारण देष अपनी स्वतंत्रता कायम नही रख सका।' डॉ. अम्बेडकर द्वारा बौद्ध धर्म अपनाने के कुछ और कारण निम्न प्रकार से है-

1. बौद्ध धर्म की उत्पत्ति भारत में ही हुई और यह कोई विदेशी धर्म नही है।
2. बौद्ध धर्म सामाजिक समानता, वैचारिक स्वतंत्रता, करूणा, मैत्री, त्याग और दया की शिक्षा देता है।
3. बौद्ध धर्म की जाति-पाति, छुआछुत, अन्धविश्वास और रूढिवाद के लिए कोई स्थान नही है।
4. बौद्ध धर्म अन्य धर्मो की तरह ईश्वर, आत्मा, परमात्मा, चमत्कार, आत्मा के पुन: जन्म पर विश्वास नहीं करता है वह मनुष्य को स्वावलम्बी बनाता है, सामाजिक जिम्मेदारी सिखाता है और सम्मान के साथ जीवन जीने की शिक्षा देता है।
5. बौद्ध धर्म विज्ञान सम्मत है।
6. बौद्ध धर्म अपनाने से व्यक्ति उच्च संस्कृति और स्वस्थ परम्पराओं का उत्तराधिकारी बन जाता है।

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर (इतिहास) लाजपतराय महाविद्यालय, साहिबाबाद (उ.प्र.) भारत

7. हिन्दू धर्म अन्धविश्वासों, अन्धपरम्पराओं और कर्मकाण्डों से जकडा हुआ पराभाव की और जा रहा है और इस अवस्था में बौद्ध धर्म ही सर्वोत्तम विकल्प है।

डॉ. अम्बेडकर ने तमाम हिन्दू धर्म ग्रन्थों का बारीकी से अध्ययन किया था शयद ही उनके जमाने में किसी भी हिन्दू ने उनके जितना हिन्दू धर्मग्रन्थों का अध्ययन किया हो। उन्हे हिन्दू धर्म का पूर्ण रूप से ज्ञान हो चुका था। इस धर्म का अध्ययन करने के बाद वे इस निष्कर्ष पर पहुचें थे कि हिन्दू धर्म केवल ब्राहमण वर्ग की ही हिमायत करता है। बाकि के सभी वर्णो का किसी न किसी तरह से धर्म के नाम पर ब्राहमण लोग शोषण करते है। डॉ. अम्बेडकर का मानना था कि धर्म ऐसा हो जिसमें सभी लोगों को समानता का व्यवहार मिले।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बौद्ध धर्म अपनाने के कारण तार्किक और व्यवहारिक है और वे बौद्ध है और वे बौद्ध धर्म को जनमानस के जीवन यापन का पथ प्रदर्शक बनाना चाहते थे इसलिए वे अनेक देशों में प्रचलित बौद्ध संस्कारों को देखने और समझने के लिए स्वयं गये। उन्होंने अनेक बौद्ध केन्द्रों की भी यात्रा की जिनमें लुम्बिनी, बौद्ध गया, सारनाथ, कुशीनगर, सांची, नालंदा, अंजन्ता, एलौरा इत्यादि स्थान उल्लेखनीय है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बौद्ध धर्म को अपनाने के पीछे जो महत्वपूर्ण कारण नजर आता है वो है बौद्ध धर्म का समय अनुसार प्रासंगिक और व्यावहारिक होना। बौद्ध धर्म ही उस दौर में एक ऐसा धर्म नजर आ रहा था जो हिन्दू धर्म की कुरीतियो और अन्धविश्वासों से दूर उस दौर के आम आदमी के लिए कलिष्ट नही था। राहुल सांकृत्यायन ने कहा था कि भारत में डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म का एक ऐसा खम्बा गाड दिया है जो कभी हिलने वाला नही है। 28 अक्टूबर 1954 को बम्बई के पुरंदर स्टेडियम में बाबा साहिब ने अपने जीवन का स्वचिंतन प्रस्तुत किया और अपने तीन गुरूओं के बारे में विस्तार से बताया। मई 1955 में उन्होने बम्बई में बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इण्डिया नामक संस्था का गठन किया। 25 दिसम्बर 1955 को उनके कर कमलों से भारत के प्रथम बुद्ध विहार का उद्घाटन तथा बुद्ध प्रतिमा की प्रतिस्थापना की गई। वो 1951 से ही बौद्ध धर्म पर एक ग्रंथ लिखने का भी काम कर रहे थे।

1950 के बाद से ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर यह तय कर चुके थे कि बौद्ध धर्म ही वह धर्म है जो आधुनिक समाज की जरूरतों ज्ञान, दया औरसामाजिक न्याय को पूरा करस कता है। बुद्ध से पहली सामाजिक समानता, स्वतंत्रता, न्याय जैसी बातों का किसी भी समर्थन नही किया था। बुद्ध एक ऐसे क्रांतिकारी दार्शनिक थे, जिन्होंने स्थापित समाज व्यवस्था के विरूद्ध समता के धर्म का प्रतिपादन किया था। इसलिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने यह स्वीकार किया था कि समानता स्वतंत्रता तथा बंधुता आदि तत्वों को मैने बुद्ध से लिया हैं।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर हिन्दू धर्म के आडम्बरों और अंधविश्वासों से दुखी थे और उन्होने कई सालों तक दुनिया के अलग-अलग धर्मो का अध्ययन किया। उन्होने ईश्वर और आत्मा को मिथ्या बताया और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि बौद्ध धर्म एक सामाजिक सिद्धांत है और इसे ग्रहण कर लेना चाहिए। डॉ. अम्बेडकर भगवान बुद्ध के विचारों से सहमत थे। भगवान बुद्ध के विचार समानता के प्रतीक है। 23 सितम्बर 1956 को एक पत्रक निकालकर उन्होने घोषित किया कि वे नागपुर में विजयदशमी के अवसर पर 14 अक्टूबर 1956 को महास्थीवर चन्द्रमणि ने उन्हे बौद्ध धर्म की दीक्षा दी। इस अवसर पर बाबा साहिब के लाखों अनुयायीयों ने भी बौद्ध धर्म ग्रहण किया डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने लोगों से इस मौके पर 22 प्रतिज्ञाएं भी करवाई जिनमें एक से आठ तक अन्धविश्वास और आडम्बर दूर करने के लिए नौ से बाईस तक परिवारजनों के पालन पोषण की निष्ठा, मानवीय एकता तथा विश्वबन्धुत्व की भावना और वृद्धि के लिए थी जिनमें से कुछ प्रतिज्ञाएं निम्न प्रकार थी-

1. मै ब्रम्हा, विष्णु और महेश को कभी ईश्वर मानूंगा और ना ही उनकी पूजा कंरूगा।
2. मै श्राद्ध कभी नहीं करूंगा और ना ही कभी पिण्डदान करवाउंगा।
3. मै कोई भी क्रिया कर्म ब्राहमणों के हाथों नहीं करवाउंगा।
4. मै प्राणी मात्र पर दया रखूंगा और उनका लालन पालन करूंगा।

मै झूठ नहीं बोलूगा।
मै व्याभिचार नहीं करूंगा।
मै शराब नहीं पिउंगा।

निष्कर्ष – इस प्रकार ये सभी प्रतिज्ञाएं इन्सान को अन्धविश्वास, झूठे कर्मकाण्ड से दूर करके एक अच्छे नागरिक के रूप में बदलने का डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बौद्ध धर्म के माध्यम से किया गया प्रयास प्राणी मात्र के भलाई के लिए सराहनीय है। उन्होने पिछडे वर्ग को तर्क पर चलने की राह दिखाई। कई अर्थो में 1956 में आम धर्मान्तरण डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा ऐतिहासिक सामाजिक विश्लेषण का परिणाम था। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रयासों से बौद्ध धर्म को गति मिली और उन्होने भारत से अन्धविश्वास को दूर करने का जो प्रयास किया उसमें उन्हें काफी हद तक सफलता भी मिली।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. ओमवेट गेल, अनु, नरेश भार्गव, दलित और प्रजातान्त्रिक क्रांति, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, 2009, पृष्ठ-240
2. शहारे डॉ. म0ला0 और अनिल डॉ. नलिनी, बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की संघर्ष यात्रा एवं संदेश, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009 पृष्ठ-429
3. भारती रामविलास, बीसवीं सदी में दलित समाज, अनामिका पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ-96
4. कुरील भीम राव, डॉ. अम्बेडकर का शिक्षा में योगदान, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ-67
5. भारती रामविलास, बीसवीं सदी में दलित समाज, अनामिका पब्लिशर्ष नई दिल्ली, 2011, पृष्ठ-95
6. आगलावें डॉ. प्रदीप अनु मीना काम्बले, महान समाजशास्त्री बाब साहेब डॉ. अम्बेडकर सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2005, पृष्ठ-48
7. शहारे डॉ. म.ला. और नलिनी डॉ. नलिनी, बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की संघर्ष यात्रा एवं संदेश, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृष्ठ-406
8. शहारे डॉ. म.ला. और नलिनी डॉ. नलिनी, बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की संघर्ष यात्रा एवं संदेश, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृष्ठ-409
9. शहारे डॉ. म.ला. और नलिनी डॉ. नलिनी, बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की संघर्ष यात्रा एवं संदेश, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृष्ठ-400
10. लाल डॉ. ॲगने, बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर की सांस्कृतिक देन, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ-61
11. गजभिए डॉ. संजय, अन्य पिछडा वर्ग और डॉ. भीमराव अम्बेडकर,

सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2010, पृष्ठ-126

12. लाल डॉ. संजय, अन्य पिछडा वर्ग और डॉ. अम्बेडकर, की सांस्कृतिक देन, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृष्ठ-65-66

13. लाल डॉ. संजय, अन्य पिछडा वर्ग और डॉ. अम्बेडकर, की सांस्कृतिक देन, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृष्ठ-64-65

14. लाल डॉ. संजय, अन्य पिछडा वर्ग और डॉ. अम्बेडकर, की सांस्कृतिक देन, सम्यक प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृष्ठ-64

****

Environmental Awareness Among Students Of Undergraduate Level

Dr. Bhavna Singh*

Introduction - Man is an integral part of the environment. He is an inseparable component of environment and ecosystem (Reddy 1998). Today the conservation of environment and prevention of environment degradation are the crucial challenges before the humankind. To control the acts of human beings performed knowingly and unknowingly that are leading to environmental deterioration and ecological imbalances. There is an urgent need to develop sensibility and eco-environmental awareness among people.

Environment is a global concept today and the first in environmental education is environmental awareness. Environmental awareness means help social group and individuals to acquire an awareness and sensitivity to the total environment and its allied problems. The importance of environmental awareness cannot be over emphasized. We must understand that to improve the environment is to improve the quality of life. It is not only a question of air and water pollution. It Includes elimination of disease, hunger, malnutrition, and poverty, destruction of forests, extermination of wildlife, erosion of soil and accumulation of waste, Hence there is an urgent need for proper management of the environment. The need to spread environmental awareness is enormous in the context of successfully addressing environmental problems. It is linked to environmental education.

The principle of environmental education is that it makes the pupil's education problem related to understanding the environment and hazards of its pollution. The environmental education is socially relevant as it help us how unchecked and unplanned development pollutes air, water and soil and thereby threatening our subsistence and existence. Therefore environmental education means the educational process dealing with's relationship with his natural and man-made surroundings and includes the relations of population, pollution resources allocation and depletion, conservation, transportation technology energy urban and rural planning to the total biosphere.

Rajput and Gupta (1988) conducted a study of the environmental awareness among children of rural and urban schools and non-formal education centres. The study revealed that the difference between non-formal rural and formal rural students on environmental awareness was not significant.

P.N. Mishra & Gunjan Ayaran (1991) prepared a model to create environmental awareness among students in which they emphasised on inclusion of some important Indian values in environmental education curriculum. According to them, the environmental education should be imported by means of prayer, religion, folk songs and stories.

Vipinder Nagra(2010) The study identifies the environmental education awareness among school teachers in relation to level of school, residential background, gender and subject specialization The study revealed that the no significant variation was observed in relation to the gender of school teachers.

Fernande manzand et. al. (2007) in his study found that female students have higher scores than male student on the attitude scale.

Kalpana Thakur (2012) conducted a study on environment awareness among senior secondary school students of Chandîgarh. The major findings of her study were that student of both government and private schools showed comparable environment awareness, science students exhibited very high degree of environment awareness to compare with the students of arts. Moreover, male science students exhibited very high degree of environment awareness than female science students but overall no significant difference was found between male and female students in this context.

Kalimuthhu (1991) found that the higher secondary student taught through the video programme learnt more of the concept on environmental pollution than those who were taught by the lecture method. The higher secondary student improved their achievement on environmental pollution after viewing the video programme.

Patel (1995) conducted a study to investigate the environmental awareness of secondary students in the context of intelligence quotient and sex. They found that the students with high intelligence quotient had increased environmental awareness and girl student were more sensitive to environmental awareness than boys. This study has been conducted to compare environmental awareness among various group of collage level students.

Gupta (1997) carried out a study on Adolescent's Environmental awareness in connection with religious and

*Assistant Professor (B.Ed) S.M.P. Govt. G.P.G. College, Meerut (U.P.) INDIA

scientific attitude and scholastic achievement over the environmental awareness as a whole. The study observed that while religious and scientific attitudes, gender, habitation and scholastic achievement of adolescents possesses significant effect over the environmental awareness, religious attitude and managerial background does not pose any significant impact over such awareness.

Tensor et. al. (2005) found girls being more aware of environmental problems and individual responsibility as well as having more positive attitudes than boys.

Kumud Ghosh (2014) conducted a study on environment awareness among secondary school students of Golaghat district of Assam and their attitude towards environmental education. He found that environmental awareness and attitude towards environmental education among the secondary school students (both male and female) was not significant, but in case of rural and urban student the attitude towards environmental education was found significant. The in depth and positive relationship between environmental awareness and attitude towards environmental education found among

M. Sivamoorthy, R. Nalini and C. Satheesh Kumar conducted a study on Environmental Awareness and practices among college students and found that the level of awareness is high among the students irrespective of gender differences but in practice level there is difference between genders i.e. made practicing more than females.

In a study entitled "The role of attitude in Environmental Awareness of undergraduate student" **Mukesh Kumar Panth, Preetam Verma and Mansi Gupta (2015)** summed up saying that undergraduate student had positive attitudes towards the environment as regard to their gender and faculty types. The study laid emphasis on the fact that female students were more sensitive toward environment than male students

Rastogi (1999) made an attempt to investigate the effectiveness of audiotape and transparencies on the environmental awareness of undergraduate student. The research revealed that the use of audiotape and transparencies was highly effective in raising the level of awareness of students.

Das (2002) studies the development of environmental awareness through the study of life science in the secondary schools of West Bengal, with the help of three sets of questionnaires (especially meant for student, teacher and parent) Apart from survey, curriculum analysis was also made. The study finds heterogeneity among, the group in terms of their perception of environmental awareness; it was also observed that several approaches related to life science helps in enhancing environmental awareness among the student.

A number of environmental problems have just a local dimension both in rural and urban areas, people should be made aware of these, they relate to the use of water, electricity detergents, chemicals, plastic, steel, wood etc. Above this level come the localities village and their common properties and small towns, people should be encouraged in tree plantation and maintenance, social forestry, environment education extension programs etc. In Industrial towns the problems of industrial wastes and effluents on the one hand and growth of slums and related urbanization problems on the other assume importance.

Objective of the study:

1. To compare environment awareness among urban and rural students of undergraduate level.
2. To compare environmental awareness among urban male and urban female of undergraduate level students.
3. To compare environmental awareness among rural male and rural female of undergraduate level students.

Hypotheses:

1. There is no significant difference between urban and rural students of undergraduate level.
2. There is no significant difference between urban male and urban female of undergraduate level student.
3. There is no significant difference between rural male and rural female of undergraduate level students.

Methods - In the present study survey method has been used.

Sample - The sample of the study comprised of 200 undergraduate students purposive sampling technique has been used for selecting students (50 urban male, 50 rural male, 50 urban female and 50 rural female) in the age group of 18-20 years. The sample has been drawn from the degree college affiliated to Allahabad University and Sardar Patel Degree College, Karchana Allahabad affiliated to Kanpur University.

Tools and Techniques - Environmental awareness questionnaire prepared by Praveen Kumar Jha has been used for the collection of data and administered on student. For statistical analysis of the data't' test has been used.

Analysis and Interpretation of Data - The obtained data were statistically analyzed by using t-ratio. And the results over in table 1 to 3.

Table- 1 - Mean standard deviation and t-ratio showing difference in environmental awareness of urban and rural undergraduate level students.

Group	N	Mean	S.D	Mean difference	t-ratio
Rural	100	37.05	5.75	4.01	5.207**
Urban	100	41.06	5.11		

*/**Significant at .05 level/.01 level.

Observation of table 1 reveals that the t-ration is 5.207 is significant at 0.01 level. It means students of Rural areas exhibit more environmental awareness than the students of Urban areas of undergraduate level.

Table- 2 - Means, standard deviations and t-ratio showing difference in environmental awareness among urban male and urban female of undergraduate level students.

Group	N	Mean	S.D.	Mean difference	t-ratio
Urban male	50	42.42	4.63	2.72	2.74
Urban female	50	39.70	5.25		

Observation of table 2 reveals that the t-ration is 2.74. Which is not significant at 0.05 level. It means that urban male and urban female of undergraduate level do not differ from one another in their environmental awareness.

Table- 3 - Means, standard deviations and t-ration showing the difference in environmental awareness of rural male and rural female of undergraduate level student.

Group	N	Mean	S.D.	Mean difference	t-ratio
Rural male	50	38.26	4.73	2.42	2.14
Rural female	50	35.84	6.44		

Table- 3 shows that the value of t-ratio (2.14) is not significant at .05 level. It means that rural male and rural female student of undergraduate level do not differ from one another in their environmental awareness.

From these studies it can be concluded that a separate course of environmental education is essential for general awareness among rural students. Schools and universities play an enormously significant role in generating environmental awareness among children and the youth. Textbooks reveal an increasing concern with environmental problems and solutions and numerous courses are available at the postgraduate level that provide environmental education relating to management and conservation of environment, environmental health, social ecology and so on.

References:-

1. Rajput and Gupta (1988), “Environmental awareness among children of non-formal education, centres of Madhya Pradesh and Maharastra”, Indian Educational Review. P.119-125.
2. Patel, D. Nanubhai (1995), “An Investigation into the environmental awareness of science student and effect of environmental studies multimedia package on environmental awareness”, Progress in Education, 72 (2), 26-29.
3. Rao, V.K. (1997), “Environmental Education”, Common wealth Publisher, New Delhi.
4. Sinha, Sarika (2006), “A study of environmental awareness among undergraduate student of Allahabad University”, Unpublished Research Work, Allahabad University, Allahabad.
5. Kumari, Chandra, Kumar, Sujeet, Gauraha, Manu and Tripathi Babita, (2006), “Environmental Awareness, Environmental Attitude and International Ecological Behaviour among Adolescents”, University News, 44 (12) March, 20-26.
6. Bhosle, Smriti, (2006), “Environmental Educational in school”, University News, 44 (12), March 20-26.
7. Nagra Vipinder(2010) Environmental education awareness among school teachers The Environment-alist, 2010, Volume 30, Number 2, Page 153

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

शिक्षण प्रभावशीलता एवं परीक्षण

खुशबू कुमावत *

प्रस्तावना - ग्रीनवुड शिक्षा शब्दकोष के अनुसार, 'किसी विषयवस्तु का प्रशिक्षण, शिक्षण शिक्षित करने में प्रस्तुतीकरण, प्रसार तथा मूल्यांकन करना या ज्ञान का प्रसार करना ही शिक्षण प्रभावशीलता है।'

शिक्षण वह प्रक्रिया है, जिसके अन्तर्गत एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह से कुछ ना कुछ सीखता रहता है, शिक्षा कार्यों की सफलता निर्धारित किये गये शैक्षिक लक्ष्यों एवं उचित निर्धारण पर निर्भर करता है। शिक्षा का केन्द्र बालक है तथापि शैक्षिक प्रक्रिया के समस्त बिन्दु शिक्षक पर अवलंबित होते है शिक्षा की गुणवत्ता शिक्षक की गुणवत्ता से प्रत्यक्ष जुड़ी हुई है। वर्ष 1950 तक शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर कोई गम्भीर प्रयास एवं वाद-विवाद नहीं हुए थे, किन्तु वर्तमान में यह विश्वास किया जा रहा है कि शिक्षक अपने व्यवसाय को महत्व देते है और शिक्षण व्यवसाय में समर्पण की भावना निहित होती है। यह भी एक अनुभव है कि एक सीमित कार्यवाही के द्वारा एक व्यक्ति के दूसरे व्यक्ति समूहों अथवा संगठन से भावात्मक एवं बौद्धिक रूप से सीमित सम्बन्ध का निर्माण किया जाए। शिक्षक एक मूर्तिकार है जो विद्यार्थियों को वैयक्तिक रूप से सामर्थ्यवान एवं विलक्षण अभिलक्षणों युक्त आकार में ढालता है।

शैक्षणिक प्रक्रिया में एक कुशल व प्रभावी शिक्षक को अद्दभूत महत्व का स्थान प्राप्त होता है। वर्तमान समय उच्च विशेषता एवं विशिष्टीकरण का युग है, जिसके अन्तर्गत प्रभावी शिक्षण हेतु कुशल शिक्षकों की अभूतपूर्व मांग है।

शिक्षण के अंतर्गत वर्तमान में शिक्षक के कार्य को अत्यधिक चुनौतीपूर्ण और दु:साध्य बना दिया है। आधुनिक शिक्षक के उत्तारदायित्वों में प्रमुख है - उसे विषयवस्तु का प्रभावी प्रदर्शन कक्षा-कक्ष में करना चाहिए, साथ ही उसे यह भी देखना चाहिए कि कक्षा-कक्ष में घटित हो रही प्रत्येक घटना इस तरह की हो जिससे बालक का सम्पूर्ण विकास हो। वर्तमान में सार्वत्रिक रूप से शिक्षक की राष्ट्र निर्माता की भूमिका को स्वीकृत किया गया है।

शिक्षण प्रक्रिया की सफलता का आधार शिक्षण एवं शिक्षार्थी की है। इन दोनों की सम्मिलित योग्यताओं तथा क्षमताओं आदि का प्रभाव इस प्रक्रिया की सफलता निर्धारित करने पर पड़ता है। बालक जो कुछ सीखता है उसका प्रभाव जहां एक ओर उसकी अमूर्त शक्तियों पर पड़ता है वहीं उसका व्यवहार भी परिवर्तित होने लगता है। शैक्षिक प्रक्रिया में शिक्षक द्वारा शिक्षार्थी में पाठ्यवस्तु ही स्थानान्तरित नहीं की जाती है, अपितु शिक्षक अपने व्यक्तित्व की छाप भी छोड़ता है एक अच्छा शिक्षक छात्रों का प्रभावी मार्गदर्शन कर उन्हें अच्छा मानव बनाने का प्रयास करता है। उसमें अच्छे गुण अधिरोपित करने का यथाशक्ति प्रयास करता है और वहीं शिक्षक प्रभावी शिक्षक कहलाने योग्य है जो शिक्षण प्रक्रिया के दौरान निर्धारित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये विषय वस्तु का शिक्षार्थी को अधिगम कराकर वांछित उद्देश्यों की प्राप्ति के साथ उनमें अपेक्षित व्यवहारगत परिवर्तन करने की क्षमता रखें। विगत कुछ वर्षो में शिक्षक की मदद हेतु परम्परागत कर्तव्यों के स्थान पर नवीन कर्तव्यों के विकास हेतु अनगिनत कदम उठाये गये है, जैसे - वे स्वयं को विकसित करे, तीव्रता से परिवर्तित हो रहे पर्यावरण से सीखें और नवीन शिक्षा में नवीन शिक्षण प्रभावशीलता का अनुकरण करना आदि। **चांग (1995,ए.) तथा मेडले (1982)** के अनुसार, 'कक्षा-कक्ष में शिक्षण प्रभावशीलता की संरचना एक विस्तृत संरचना है; जिसके अंतर्गत शिक्षक के विशिष्ट दृष्टिकोण, शिक्षक के व्यवहार दृष्टिकोण, शिक्षण दृष्टिकोण की उत्पाद प्रक्रिया की व्याख्या शिक्षक सामर्थ्य के सम्बन्ध में शिक्षक उपलब्धि विद्यार्थी के अधिगम अनुभव, शिक्षकों के विकास तथा शैक्षिक शिक्षण प्रभावशीलता समाहित होती है।'

कक्षा-कक्ष में शिक्षण प्रभावशीलता की संरचना (देखे अन्तिम पृष्ठ पर)

शिक्षण प्रभावशीलता का सम्बन्ध कक्षा-कक्ष में शिक्षक के वैयक्तिक अभिलक्षण मात्र से ही न होकर, शिक्षक के द्वारा विभिन्न परिस्थितियों में प्रदर्शित कुछ अभिलक्षणों तथ अन्य कारकों के मध्य अंत:क्रिया का परिणाम होती है। हमारे देश के सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक विकास के लिये शिक्षा एक शक्तिशाली साधन है। शिक्षा की गुणात्मकता अध्यापकों की गुणात्मकता पर निर्भर करती है इसलिए विद्यालयों में प्रभावशाली अध्यापकों की नियुक्ति ही की जानी चाहिए एवं शिक्षण कार्य की वस्तुनिष्ठता का मूल्यांकन किया जाना चाहिये तथा उन कारकों का अध्ययन किया जाना चाहिये जो शिक्षण प्रभावशीलता को प्रभावित करते हैं। इसी संदर्भ में शोध करने की आवश्यकता महसूस की गई। जिसमें शिक्षक प्रभावशीलता के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं भौतिक कारकों जैसे :- व्यक्तित्व लक्षणों को आधार बनाया गया।

गुड एवं ब्रोफी (1973) पृ.168 के अनुसार, 'अध्यापक के कक्षागत संज्ञानात्मक व्यवहार जो अनुदेश से सम्बन्धित है, जिसके कारण अध्यापक के अध्यापन में निखार आता है तथा छात्रों की निष्पत्ति पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जैसे - विषय का ज्ञाता, ज्ञान का व्यवहारिक उपयोग करने योग्य होना, अध्यापन विधि अच्छी होना, विषयवस्तु के स्तर के चयन की योग्यता होना, कक्षा में पढ़ाने से पहले सावधानी से योजना बनाना, विषयवस्तु को बिंदुवार बनाना, छात्रों की सक्रिय तथा रूचिशील बनाये रखना, ठीक से प्रदर्शन करना, आदि संज्ञानात्मक व्यवहारों को ही शिक्षण प्रभावशीलता माना गया है।'

डी.जी. रयेन्स (1960) पृ.1 के अनुसार :- 'शिक्षण प्रभावशीलता के

* व्याख्याता, स्कोलर्स एरीना टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, उदयपुर (राज.) भारत

अन्तर्गत शिक्षक की योग्यताएँ, कौशल, अभिवृत्तियाँ, व्यवहार, अन्तर्दृष्टि तथा मूल्य आदि का समावेश होता है जो सीखने की प्रक्रिया को प्रभावित करता है।'

एक शिक्षक द्वारा शिक्षण क्षमता आधारित प्रभावी शिक्षण हेतु निम्न बिन्दुओ पर ध्यान रखना आवश्यक है :-

1. प्रत्येक विद्यार्थी को क्रियाशील रहने हेतु प्रोत्साहित करना।
2. करके सीखने हेतु प्रोत्साहित करना।
3. विद्यार्थियों की अनुभूतियों का सम्मान करना।
4. विद्यार्थियों में समायोजन के गुणों का विकास करना।

स्पष्ट है कि शिक्षक की शिक्षण-प्रभावशीलता का प्रभाव स्वयं शिक्षक एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व पर निश्चित रूप से पड़ता है। शिक्षा के क्षेत्र में मनोवैज्ञानिक सम्प्रत्यय 'व्यक्तित्व लक्षण' का जितना महत्व है, उतना अन्य किसी सम्प्रत्यय का नहीं है। शिक्षा का लक्ष्य ही बालक के व्यक्तित्व का विकास करना होता है। फिर भी व्यक्तित्व के सम्प्रत्यय को पूर्णत: स्पष्ट कर पाना अभी तक सम्भव नहीं हो पाया है। यद्यपि व्यक्तित्व शब्द बहुत व्यापक है और व्यक्तित्व शब्द का प्रयोग हम विभिन्न अर्थो में किया करते हैं।

अत: भारत के भाग्य के निर्माण के क्रम में यह अध्ययन करना अत्यन्त आवश्यक हो जाता है कि शिक्षक की शिक्षण प्रभावशीलता और व्यक्तित्व लक्षण की स्थिति कैसी है। अत: बालक के उचित व्यवहार परिवर्तन व परिवर्धन का आधार अध्यापक है। अध्यापक का प्राथमिक कर्तव्य छात्रों में स्वस्थ संवेग रूचियों, आदर्शों एवं उच्च नैतिक एवं उत्तारदायित्वों को तभी पूरा किया जा सकता है जबकि अध्यापक स्वयं अपने कार्य में दक्ष हो तथा उसकी रूचि अध्यापन व्यवसाय के प्रति हो। अच्छा अध्यापक उसी को माना जा सकता है जो मनोविज्ञान का ज्ञाता हो, आत्मविश्वासी हो, संदर्भित शिक्षण में प्रभावशील हो, जिसकी अध्यापन कार्य केप्रति सोच अच्छी तथा अध्यापन कार्य के प्रति सुझाव रखते हो। शिक्षक अपने उद्देश्यों को तभी सफलतापूर्वक प्राप्त कर सकता है जब वह अपने संवेगों को नियंत्रण में रख सके उसमें अपने कार्य के प्रति संतुष्ट हो और शिक्षण कार्य प्रभावशीलता अथवा प्रभावी ढंग से करता है।

2. शिक्षण प्रभावशीलता का परीक्षण - शिक्षकों की शिक्षण प्रभावशीलता जानने हेतु **डॉ. प्रमोद कुमार एवं डॉ. डी.एन. मुथा** द्वारा निर्मित 'शिक्षण प्रभावशीलता प्रमापनी' का प्रयोग किया है।

अध्यापक प्रभावशीलता मापनी (टी. ई. एस.) का विवरण :- यह परीक्षण **डॉ. प्रमोद कुमार एवं डॉ. डी. एन. मूथा द्वारा** निर्मित है। यह माध्यमिक स्तर के अध्यापकों की प्रभावशीलता ज्ञात करने के लिए उपयोगी है। इस लिंकर्ट टाइप मापनी का विकास करने के लिए सर्वप्रथम 93 पदों का निर्माण किया गया है जिनकों 25 विषय विशेषज्ञों को दिया गया है, जिनमें 30 माध्यमिक स्तर के अध्यापक, 23 माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा 15 शिक्षक प्रशिक्षक व समाज शास्त्र के प्राध्यापक थे। 22 पदों को निरस्त करते हुए 71 पदों का चयन किया गया है। चयनित 71 पदों का अंकन 5,4,3,2एवं 1 किया गया है। कुल मान 71 से 355 तक प्राप्त किया गया है। प्राप्तांको में से 27 प्रतिशत उच्च मान में से तथा 27 प्रतिशत निम्न मान में लेकर सभी पद के लिए सी आर मान निकाला गया है। दो कथनों का मान सार्थक नहीं आया है इस प्रकार अंतिम रूप से कुल 69 कथनों का चयन किया गया है।

पदों का क्षेत्रवार विवरण

क्र.	क्षेत्र का नाम	पदों की संख्या	कुल पदों की संख्या
1.	अकादमिक	2,3,24,5741,42,43,44,45,47, 50,51,57,68	4
2.	व्यावसायिक	1,5,6,16,29से 34,40,52 से 55	24
3.	सामाजिक	7,911,12,15,21,22,23,25,26,28	11
4.	भावनात्मक	4,8,19,27,46,48,49,56	08
5.	नैतिक	10,13,17,20,60,61,62,64,65,69	10
6.	व्यक्तित्व	14,18,35से 39,53,59,63,66,67	12
		योग	**69**

(अ) प्रशासन -इस अध्यापक प्रभावशीलता मापनी को भरवाने से पूर्व शिक्षकों से संबंधित पूर्ण जानकारी जैसे नाम, आयु, जाति, कक्षा, विद्यालय का नाम, शैक्षणिक योग्यता, शिक्षण अनुभव आदि को भरना होता है। इस प्रमापनी में कुल 69 कथन है। अध्यापक के हर कथन पर पूर्ण सहमत, समहत, अनिश्चित, असमहत और पूर्णतया असहमत में से एक पर निर्धारित करना होता है। कथन शिक्षण विषय ज्ञाता के रूप में, अपने साथी के संबंध, शिक्षण कौशल, सह-शैक्षिक क्रियाओं में रूचि, शिक्षण व्यवसाय का ज्ञान कक्षा प्रबन्धन तथा व्यक्तित्व की विभिन्न विशेषताओं से संबंधित है। परीक्षण के लिए कोई समय सीमा का निर्धारण नहीं है। इस प्रमापनी में अपनी पसन्द की वरीयता के आधार पर विकल्प चुनकर लिखने को कहा गया।

(ब) अंकन -अंकन के लिए फलांकन कुंजी की सहायता ली गई। सभी कथन सकारात्मक है इन कथनों का फलांकन इस प्रकार है - पूर्ण सहमत के लिए 5 अंक, सहमत के लिए 4 अंक, अनिश्चित के लिए 3 अंक, असमहत के लिए 2 अंक, तथा पूर्णतया असहमत के लिए 1 अंक प्रदान किया गया।

(स) विश्वसनीयता -अर्द्ध विच्छेद विधि द्वारा यह अभिसूची प्रशासित करने पर इसकी विश्वसनीयता .67 आयी। पुन: परीक्षण विधि द्वारा 2 माह पश्चात् यह .75 पायी गई, दोनों ही विश्वसनीयता .01 पर सार्थक पायी गई।

(द) परीक्षण की वैधता - मापनी की वैधता में उच्च विभेद कार्यता वाले पदों को शामिल किया। प्रिंसीपल रेटिंग द्वारा इस मापनी की वैधता .77 पाई गई।

(य) अध्यापक प्रभावशीलता **(देखे अगले पृष्ठ पर)**

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Anastasi, A., Psychological Testing, New York : McMillan Co. 1976.
2. Beallack, Arno (Ed.), Theory and Research in Teaching, New York : Teachers College Press, 1963.
3. Best, J.W. Research in Education, New Delhi: Prentice Hall of India Pvt. Ltd., 1977.
4 Best, J.W. Research in Education, U.S.A. : Prentice Hall of Inc. Engle Wood Cliff, 1959.
5. Biddle, B.J. & Ellena, W.J. (Eds.), Contemporary Research on Teacher Effectiveness, New York : Halt, Rinehart & Winston, 1964.
6. Brog, W.R. Educational Research – An Introduction, New York : Longman's Green & Co. Ltd., 1963.
7. Boring, E.C. & Others, Foundation of Psychology, New York : The McMillan Co. 1963.
8. Coacher, W.G., Sampling Technique, Bombay : Publishing House Asian Students Edition, 1959, P.213.
9. Fox, D.J. The Research Process in Education, Holt,

Rinehart & Co., P.576.

10. Gage, N.L. Teacher Effectiveness and Teacher Eduction, The Search for a Scientific Basis, Palto Alto (Cal.), Pacific Books Publishers, 1972.
11. Garett, Honery E. & Woodworth, R.S., Statistic, in Psychology and Education, Bombay : Vikas Feffer & Simens Ltd., 1959.
12. Good. Carter V.An Introduction to Educational Research, New York : Applied Century Craft No.1., 1959.
13. Good, W.J. & Hatt, P.K., Methods in Social Research, New York : McGraw Hill Book & co., 1941.
14. Goods, Bar and Scates, Methodology of Education Research, New York, 1947.
15. Gupta, S.C. & Kapoor, V.K. Fundamentals of Applied Statistics, Delhi : Sultan Chand & Sons, 1997.
16. Hillway, T.H., Introduction to Researh Boston, Houghton Riffin Co., 1966.
17. Jangira, N.K., Teacher Training and Teacher Effectiveness : An Experiment in Teacher Behavior, New Delhi : National Publishing House, 1979.
18. Ryans, D.G., Characteristics of Teachers, Washington : American Council of Education, D.C., 1960.
19. Sukhla, S.P., Elements of Educational Research, Bombay : Allied Publication Pvt. Ltd., 1972



कक्षा–कक्ष में शिक्षण प्रभावशीलता की संरचना

अध्यापक प्रभावशीलता

क्र.	प्राप्तांक की परास	जेड– प्राप्तांक	श्रेणी	अध्यापक प्रभावशीलता का स्तर
1	275या इससे अधिक	+2.01 या इससे अधिक	ए	अत्यधिक उच्च स्तर की प्रभावशीलता
2	254–274	+1.26 से +2.00	बी	उच्च स्तर की प्रभावशीलता
3	238–253	+0.5 से +1.25	सी	औसत से ऊपर की प्रभावशीलता
4	212–237	–0.50 से 0.50 तक	डी	औसत स्तर की प्रभावशीलता
5	194–211	–1.25 से –0.51	ई	औसत स्तर से कम की प्रभावशीलता
6	175–193	–2.00 से –1.26	एफ	निम्न स्तर से कम की प्रभावशीलता
7	174 या इससे कम	–2.01 या इससे कम	जी	सबसे कम स्तर की प्रभावशीलता

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

अध्ययन आदतें एवं मापन

रंजीता माटा *

प्रस्तावना – दीवर्ल्ड बुक ऑफ एन साइक्लोपिडिया में अध्ययन के बारे में कहा गया है कि *'अध्ययन सीखने का ही भाग है, विद्यार्थी अध्ययन से कुछ तथ्य तथा कौशल प्राप्त करते हैं जिससे वह अपने विचारों एवं प्रतिभा को संगठित कर सकता है कमजोर छात्रों में साधारणतया यह योग्यता नहीं होती है।'*

'आदत कार्य का वह रूप है जो आरम्भ में स्वेच्छा से और जानबुझकर किया जाता है, पर बार बार किये जाने के कारण स्वत: हो जाता है।'

– लैडले

आज मानव प्रगति में शिक्षा का योगदान जितना महत्वपूर्ण है उतना कदाचित इतिहास के किसी युग में नहीं था। वर्तमान शिक्षा प्रक्रिया में बालक को अपने अधिकतम विकास करने के अवसर दिये जाते हैं, क्योंकि वह समाज का एक अंग है एवं समाज की प्रत्येक बालक से कुछ अपेक्षाएँ है। केवल वैयक्तिक विकास ही शिक्षा का लक्ष्य नहीं, वरन् सामाजिक विकास करना भी इसका लक्ष्य है।

भारत जैसे प्रजातांत्रिक देश में जहाँ सभी को समानता एवं स्वतंत्रता का अधिकार हैं वहाँ ऐसी स्थिति में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी रूचियों, आवश्यकताओं और आदतों के अनुरूप जीवन व्यतीत करने, शिक्षा ग्रहण करने एवं उनके अनुरूप व्यवसाय चयन करने की स्वतन्त्रता है। विशेषकर माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को जो अपने भविष्य के सुनहरे सपने संजो रहे हैं तथा अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं। वर्तमान में शिक्षक यह जानने का प्रयास करे कि बालक अपनी अध्ययन आदतों के अनुरूप शिक्षा ग्रहण कर रहा है या नहीं? शिक्षक की आदतें बालकों के अनुकूल है या नहीं? वह सही लक्ष्य की ओर बालक को अग्रसर कर रहा है या नहीं? उसकी अध्ययन आदतें उन्मुखी है या नहीं? इन प्रश्नों का उतर प्राप्त कर बालक की अध्ययन आदतों के अनुरूप शिक्षा प्रदान की जानी चाहिए तथा शिक्षकों में बालकों की उत्तम आदतें विकसित करने के लिये प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए ताकि बालकों के जीवन को सफल व सुन्दर बनाया जा सके।

अध्ययन ज्ञान प्राप्ति की ही एक प्रक्रिया है। इसके द्वारा विद्यार्थी तथ्यों एवं कौशल की प्राप्ति एकाग्रचित होकर करता है। अध्ययन आदतें सभी व्यक्तियों में बहुत ही महत्वपूर्ण विशेषकर उनमें जो शिक्षित है, जो शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अध्ययन आदतें व्यक्ति की अकादमिक उपलब्धि के लिए जितनी महत्वपूर्ण है उतनी ही खाली समय का लाभ उठाने के लिए है। अध्ययन आदतें उसके व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव डालती है तथा उसके व्यक्तित्व को समाज या विद्यालय समुदाय में हटकर बताते हैं और सामुदायिकता की भावना जागृत करती है। एक व्यक्ति साधारण अपने व्यक्तिगत जीवन में अध्ययन आदतों को अपना कर पारदर्शी व्यक्तित्व को धारण कर सकता है।

अध्ययनआदतों को प्रभावित करने वाले कारक :

1. **समझने की योग्यता :**–समझने की योग्यता से अभिप्राय विद्यार्थी के पढ़ने से पूर्व मानसिक रूप से स्वयं को तैयार करना है। विद्यार्थी पाठ पढ़ने से उत्सुकतावश यह जानने का प्रयत्न करता है कि पाठ किस सम्बन्ध में है, इस प्रकार वह वास्तविक रूप से अध्ययन हेतु एक मानसिक स्थापना करता है। साथ ही पूर्व ज्ञान को नवीन ज्ञान से जोड़ने का प्रयास करता है। ताकि वह पूरी विषय सामग्री को सही ढंग से कंठस्थ कर सके।

2. **एकाग्रता :**–एकाग्रता प्रभावी अध्ययन आदतों की एक महत्वपूर्ण विधेय है। अध्ययन में सफलता हेतु एकाग्रता बहुत आवश्यक है। प्रत्येक छात्र को एकाग्रता स्थापित करने में भिन्न–भिन्न समय लगता है। कुछ विद्यार्थी एक बार एकाग्र हो जाने पर लम्बे समय तक बने रहते है। पर कुछ के साथ ऐसा नहीं है। उन्हें एकाग्रता स्थापित करने में अधिक समय लगता है। कुछ विद्यार्थी केवल तब पढ़ते हैं जब ऐसा करने की उनकी मस्तिष्क दशा होती है। अन्य को एकाग्रता के लिए उद्दीपकों की आवश्यकता होती है।

3. **कार्य प्रतिस्थापन :**–कार्य प्रतिस्थापन अध्ययन आदतों का एक महत्वपूर्ण आयाम है। छात्रों को अध्ययन के विभिन्न स्तरों पर ज्ञान बनाने की आवश्यकता होती है, अर्थात् प्रत्येक छात्र का पूर्व निर्धारित कार्य प्रतिस्थापन होता है। जिसके द्वारा वह अध्ययन करता है। प्रत्येक छात्र अपने हिसाब से अपने विषयों के लिए समय विभाजन करके और उसमें तादात्म्य स्थापित करके अध्ययन करता है।

4. **सैट्स :**–यहाँ सैट्स से तात्पर्य अध्ययन आदतों सम्बन्धी उन भौतिक एवं परिस्थिति जन्म विशेषताओं से है, जो एक छात्र अपने अध्ययन हेतु विकसित करता है जैसे कुछ विद्यार्थी केवल रात्री में ही अध्ययन करते हैं, किसी विद्यार्थी का पढ़ने में मन तब लगता है जब वह कुर्सी मेज पर बैठकर पढ़ता है और कोई बिस्तर पर लेटकर भली–भांति पढ़ाई कर सकता है। सभी का अपना एक पृथक् ढंग होता है।

5. **अन्त:क्रिया :**–किसी विषय के उत्ताम अध्ययन हेतु विद्यार्थी व्यक्तिगत रूप से अध्यापकों, अभिभावकों, मित्रों इत्यादि के साथ अन्त:क्रिया करता है। इस प्रकार अन्त:क्रिया अध्ययन आदतों का महत्वपूर्ण घटक है। उदाहरणार्थ – जब विद्यार्थी किसी प्रकरण को समुचित रूप से नहीं समझ पाता तो वह अपने मित्रों के साथ परस्पर चर्चा करके उस प्रकरण पर सफलतापूर्वक स्वामित्व स्थापित कर लेता है।

6. **अभ्यास :**–अभ्यास से तात्पर्य पुन: पुन: विषय के अध्ययन करने से है। अभ्यास करने से विषय–वस्तु कण्ठस्थ हो जाती है। हिन्दी में कहावत है

* व्याख्याता, प्रेम शान्ति निकेतन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, उदयपुर (राज.) भारत

– 'करत–करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान'

7. सहारा देना :–एक छात्र विभिन्न लेखकों की पुस्तकों से अध्ययन करता है। कुछ छात्र पाठ्यपुस्तक, मैग्जीन, अखबार इत्यादि का सहारा लेते हैं, जो कि विषय को समझने में सहायक होते हैं। जब छात्र अपनी पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त अन्य पुस्तकों इत्यादि से सहायता लेता है तो इसे 'सहारा देना' कहते हैं। विभिन्न पुस्तकों से अध्ययन करने से विद्यार्थी विषय का सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त कर सकता है।

8. नोट करना :–अध्यापक उच्च स्तर पर एक पुस्तक के आधार पर कठिनतापूर्वक ही पढ़ा सकता है। विद्यार्थियों की उत्तम प्रगति हेतु यह अत्यन्त आवश्यक है कि विद्यार्थी कक्षा में पढ़ाये गए व्याख्यान के आधार पर अपने नोट्स तैयार करें, इसमें उनके स्वयं के स्वतन्त्र नोट्स भी समावेशित होने चाहिए।

9. भाषा :–भाषा ऐसा पक्ष है जो कि प्रभावी अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण कारक है। यह विद्यार्थी की अध्ययन के अन्तर्गत एकाग्रता और समझने की योग्यता को प्रभावित करता है। यदि भाषा प्रभावशाली होगी तो छात्र अपने विचारों को सशक्त ढंग से शिक्षकों के समक्ष प्रस्तुत कर पायेगा। भाषा पर अधिकार छात्र को अध्ययन में सरलता व सुगमता प्रदान करता है। इस प्रकार उसके लेखन व सम्प्रेषण का स्वरूप भी सुदृढ़ बनता है।

अध्ययन आदतों का मापन – अध्ययन आदतों के मापन हेतु **डॉ एम मुखोपध्याय, डॉ. एन. सनसनवाल** द्वारा निर्मित मानकीकृत उपकरण का प्रयोग किया जाता है।

परीक्षण का निर्माण – प्रस्तुत सूची में अध्ययन आदतों का निम्न नौ प्रकार के अध्ययन व्यवहारों में निर्मित माना गया है :–

1. समझने की योग्यता
2. एकाग्रता
3. कार्य प्रतिस्थापन
4. सैट्स
5. अन्त:क्रिया
6. अभ्यास
7. सहारा देना
8. नोट करना
9. भाषा

भारांकन और पदों की संख्या – अध्ययन आदतों के इन नौ उपकारकों की वैधता को विभिन्न विशेषज्ञों ने निकाला। विशेषज्ञों के द्वारा प्रदान किये गये भारांकन को प्रत्येक उपकारक में पदों की संख्या के द्वारा सूचित किया गया है और प्रत्येक पद के बराबर नम्बर है, जो निम्न है:–

अध्ययन आदतों के उपकरणों के भारांकन तथा पदों की संख्या

उपकारक	भारांकन (प्रतिशत)	पदों की संख्या
समझने की योग्यता	28	12
एकाग्रता	23	10
कार्य प्रतिस्थापन	18	8
अन्त:क्रिया	7	3
अभ्यास	7	3
सहारा देना	7	3
नोट करना	5	2
भाषा	5	2

नोट – सैट्स का वांछनीयता एवं अवांछनीयता के रूप में वर्गीकरण नहीं किया जा सकता है। अत: भारांकन में इन्हें सम्मिलित नहीं किया जाता है।

विश्वसनीयता – अर्द्ध विच्छेदन विधि द्वारा सम्पूर्ण तालिका की विश्वसनीयता ज्ञात की गई। विश्वसनीयता गुणांक 0.91 है जो कि उच्च है तथा बताता है कि तालिका विश्वसनीय है।

अंकन विधि – इस परीक्षण में सकारात्मक तथा नकारात्मक प्रकार के प्रश्न दिये जा रहे हैं। सकारात्मक तथा नकारात्मक प्रश्नों के सामने पाँच खाने, जो कि क्रमश: सदैव, बहुधा, कभी–कभी तथा कभी नहीं वाले प्रत्युत्तरों को इंगित करते है। इनमें से किसी एक खाने में सही का चिन्ह लगाना पड़ता है।

धनात्मक पदों के लिये 4, 3, 2, 1, 0 अंक
ऋणात्मक पदों के लिये 0, 1, 2, 3, 4अंक

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Gray, B.S. (1950) : "Groth in Understanding of Reading& Its Development in Youth", Chicago University.
2. Courter V. Good (1959) : "An Introduction to Education Research",New York, Century No.1, P.-45
3. Chari, A.G. (1966) : "Teaching, Reading, A Challenge",New Delhi, NCERT, P.-3.
4. Deboar Jahan (1960) : "Children Learn to Read", New York, Ginn & Co., P.-106.

****

कार्य सन्तुष्टि की अवधारणा एवं परीक्षण

डॉ. अनुपा शर्मा *

प्रस्तावना – किसी व्यवसाय की सफलता के लिए कार्य की अनुरूपता और संतुष्टि एक मनोवैज्ञानिक आयाम है। जो व्यवसाय में कार्यरत व्यक्ति को उसके कार्य संतुष्टि प्रदान करता हैं किसी भी व्यवसाय में कार्यरत व्यक्ति को सीमातक अच्छा कार्य करेगा। जिस सीमातक वह अपने व्यवसाय से संतुष्ट होगा। अगर कोई भी व्यक्ति अपने व्यवसाय या कार्य से पूर्ण रूपेण संतुष्ट है तो उसके कार्य करने की क्षमता और रूचियाँ भी बढ़ेगी। **सुपरडोनाल्ड (1990)** ने कार्य की संतुष्टि की महता को स्वीकारते हुए अपने विचार इस प्रकार व्यक्त किये। 'मनुष्य अपने जीवन का अधिकतम भाग व्यवसाय में ही व्यतीत करता है एवं व्यवसाय की प्रगति की तैयारी में रहता है।'

कार्य सन्तुष्टि एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है जो प्रत्येक व्यवसाय के लिए स्वीकार्य है इसका श्रेय होपेक महोदय को जाता है। कार्य सन्तुष्टि हेतु विभिन्न शिक्षा विदों ने अपने अपने सिद्धान्त बताये जिनसे कार्य सन्तुष्टि को देखा जा सकता है उसमें से महत्वपूर्ण इस प्रकार से है:–

1. **मेस्लो आवश्यकता सिद्धान्त (1954) –** इस सिद्धान्त के अनुसार एक व्यक्ति के कार्य सन्तुष्टि के लिए मूलभूत आवश्यकता, सुरक्षा, सामाजिक, जीवन–शैली एवं आत्म– वास्तवीकरण की आवश्यकता की पूर्ति होना आवश्यक है।

2. **व्रूमर्स संयोजक–साधन उम्मीद सिद्धान्त (1964) –** इस सिद्धान्त के अनुसार एक व्यक्ति के कार्य सन्तुष्टि के लिए उसकों संगठन के पर्यावरण के अनुसार अपनी योग्यता को बढाना एवं साधनों का प्रयोग करना चाहिए।

3. **अदम् की समानता सिद्धान्त (1964) –** इस सिद्धान्त के अनुसार सन्तुष्टि का आधार स्वयं की उपलब्धियों की दूसरे के साथ सामाजिक संदर्भ में तुलना करने से है। इसमें दूसरे से तात्पर्य, व्यक्ति, समूह एवं संगठन हो सकता है। साथ ही कभी कभी संबंधों में अलगाव होने से भी व्यक्ति असन्तुष्ट होकर ऐसे कार्यो में उलझ जाता है जो कि उसके लिए उचित नहीं होते है।

4. **प्रदर्शन सिद्धान्त (1964) –** इस सिद्धान्त के अनुसार कार्य सन्तुष्टि का सीधा संबंध कार्य प्रदर्शन है। इसका तात्पर्य है कि यदि कार्य प्रदर्शन अच्छा है तो व्यक्ति अपने कार्य से सन्तुष्ट है तथा इसके विपरीत यदि कार्य का प्रदर्शन अच्छा नहीं है तो वह कर्मचारी अपने कार्य से सन्तुष्ट नहीं है।

5. **आपूर्ति सिद्धान्त (1970) –** स्केफर के इस सिद्धान्त के अनुसार कार्य सन्तुष्टि का सीधा संबंध व्यक्ति की आवश्यकताओं से जुड़ा है। इसमें व्यक्ति की आवश्यकताओं की आपूर्ति करके ही उसको सन्तुष्ट किया जा सकता है।

6. **विसंगति सिद्धान्त (1969) –** केटजेल एवं लोके के इस सिद्धान्त के अनुसार सोच में विसंगति होना , कार्य में विसंगति होना आदि के द्वारा कार्य सन्तुष्टि को माना जाता है।

7. **एक्स और वाई का सिद्धान्त (1957) –** इस सिद्धान्त का प्रतिपादन एम सी ग्रेगोर ने किया है। इसके अनुसार प्रत्येक व्यक्ति का व्यवहार अलग अलग होता है। अत: कार्य सन्तुष्टि के लिए व्यक्ति के व्यवहार को समझना जरूरी है।

8. **कर्मचारी केन्द्रित सिद्धान्त (1967) –** इस सिद्धान्त का प्रतिपादन लिंकर्ट महोदय ने किया है। इसके अनुसार प्रत्येक कार्य सन्तुष्टि का मापन कर्मचारी व बोस के बीच संबंध से किया जाता है इसमें यदि बोस व कर्मचारी के मध्य संबंध अच्छा है तो उत्पाद में वृद्धि होती है अर्थात् कर्मचारी अपने कार्य से सन्तुष्ट है। इसके विपरीत यदि बोस व कर्मचारी के मध्य संबंध अच्छा नहीं है तो उत्पाद में वृद्धि नहीं होती है अर्थात् कर्मचारी अपने कार्य से सन्तुष्ट नहीं है।

कार्य सन्तुष्टि को प्रभावित करने वाले कारक :–

1. कार्य की प्रकृति
2. कार्य की सुरक्षा
3. कार्य की उर्ध्वाधर एवं क्षैतिजगति
4. किराया एवं धनप्राप्ति
5. प्रोत्साहनराशि
6. व्यावसायिक एवं सामजिक स्थिति
7. जिम्मेदारी
8. पहचान
9. रचनात्मक सुझाव के लिए भागीदारी एवं
10. सुरक्षा व मेडिकल परवाह
11. वार्तालाप का नेटवर्क
12. कार्य के लिए प्रशिक्षण एवंअनुभव
13. सहकर्मी व बॉस का व्यवहार
14. निर्देशन, सलाह
15. संगठन का वातावरण और संरचना
16. संगठन की आकृति
17. कार्य करने की शर्ते
18. कार्य के प्रति अभिवृत्ति एवंमूल्य
19. व्यक्तिगत कारक :– आकांक्षा स्तर, लिंग, आयु, बुद्धि, शैक्षिक स्तर
20. आधुनिकीकरण
21. सांस्कृतिक लिंक

* सहायक आचार्य, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

22. समुदाय व राष्ट्रीय विकास
23. जीवन सन्तुष्टि
24. मूल्य

कार्य सन्तुष्टि के परीक्षण हेतु मानकीकृत उपकरण

1. डॉ. मीरा दीक्षित द्वारा निर्मित मान की कृत उपकरण – कार्य संतुष्टि की इस प्रश्नावली को भीभरनेसेपूर्व अध्यापकों को अपने से सम्बन्धित पूर्ण विवरण जैसे–नाम, आयु, अनुभव, संस्था का नाम, वैवाहिक स्तर, माध्यम, आय, शैक्षिक योग्यता आदि को भरना होता है। इस प्रश्नावली में कुल 52 प्रश्न है। प्रत्येक कथन के पाँच विकल्प है :– पूर्णतः **सहमत, सहमत, अनिश्चित, असहमत, पूर्णतः असहमत।**

2. डॉ. अमर सिंह एंड डॉ. टी. आर. शर्मा द्वारा निर्मित मानकीकृत उपकरण – यह उपकरण इंजीनियर, डॉक्टर, एडवोकेट एवं कॉलेज शिक्षक के लिए उपयोगी है। इस मापनी में अंतिम रूप से कुल 30 कथन रखे गये है। प्रमापनी में सकारात्मक व नकारात्मक कथन है। कथन संख्या 4, 13, 20, 21 ,27, और 28 के अलावा सारे कथन नकारात्मक है। अंकन इस प्रकार से है। प्रमापनी में पाँच विकल्प कथनानुसार है –जैसे अत्युत्तम, उत्तम, सामान्य, हीन, अतिहीन। इन पांच में से जिस विकल्प पर सर्वाधिक संतुष्ट हो, उस विकल्प के सामने सही (✓) का निशान लगाना है।

मापक या सन्तुष्टि की श्रेणी की तालिका

स्कोर	सन्तुष्टि की श्रेणी
74 या इससे अधिक	सबसे अधिक सन्तुष्ट
63–73	अधिक सन्तुष्ट
56–62	औसत सन्तुष्ट
48–55	असन्तुष्ट
47 या इससे कम	सबसे कम सन्तुष्ट

References :-

1. Anastasi, Anne (1976) : Psychological Testing, New York, Mac Millan Publishing Co. Inc.
2. A. E. Wool Folk :“Educational Psychology ; Ally and Baco”, Vith E.d Bost on London.
3. Best, J.W. :“Research in Education”, New Delhi, Prentice Hall of India (Pvt.) Ltd.
4. Borg W.R. :“Education Researches on Introduction”, New York, Longman Green & Co. Ltd.
5. Chopra, Deepak (2004) : Seven spiritual laws of success, thurmson Press, Delhi
6. Crow and Crow (1968) : Child development and adjustment, New York, The Mc Million Co.
7. Cocher, W.G. : “Sampling Technique”, Bobay, Publishing House.
8. C. V. Good : “The Methodology of Education Research A Appleton centaury crofts”, Inc. New york.
9. Carter V. Good, Bar and Douglas E. Scats : “Method of Research : Educational psychological Sociological”, New York: Appleton Century. Inc.
10. Garett, Hanery E. & Woodworth, R.S : “Statistics in Psychology & Education” Bombay, Vikas Feffer & Simons Ltd.
11. Good, Carter V., Bar and Scates Douglas E.: “Method of Research : Educational Psychological Sociological”, New York : Appleton Century, Inc.
12. Good, W. J. &Hatt, P.K. : “Methods in social Research”, McGraw Hill Book & Co., New York

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता एवं परीक्षण

डॉ. मोनिका बाबेल *

प्रस्तावना – व्यावसायिक प्रतिबद्धता से तात्पर्य अध्यापन व्यवसाय के प्रति समर्पित रहना, अध्यापन व्यवसाय के प्रति अपने दायित्वों को समझना और उनको निभाने के लिए प्रयत्न शील रहना। जिन छात्रों को शिक्षित करने का दायित्व सौंपा गया है उनको शिक्षा के उद्देश्यों से अवगत करवाने तथा शैक्षिक स्तर ऊँचा उठाने के प्रति कटिबद्ध रहना ही अध्यापन व्यवसाय के प्रति प्रतिबद्धता है।

प्रो. एम. रेड के अनुसार – जिस प्रकार एक बगीचे में माली का महत्व होता हैं उसी प्रकार का महत्व विद्यालय में शिक्षक का होता है। जिस प्रकार माली वृक्षों को अंत तक फल देने वाला बना देता है, उसी प्रकार एक शिक्षक बच्चो को जीने की कला सीखा देता है। वह उन बच्चों को पौधों की भांति सींचकर भविष्य के ऐसे नागरिक तैयार कर सकता है जो उस विद्यालय, परिवार, एवं राष्ट्र का नाम रोशन कर सकते हैं। आज कई संस्थान तुलनात्मक रूप से बेहतर परिणाम देते हैं। उसका कारण वहां के शिक्षकों की शिक्षण कार्य के प्रति प्रतिबद्धता हैं। **डॉं. राधाकृष्णन** जैसे शिक्षक भारत में हुए हैं जिनका नाम आज भी आदर के साथ लिया जाता हैं। उनके जन्मदिन पर शिक्षक दिवस मनाया जाता हैं क्योंकि वे अपने अध्यापन कार्य के प्रति प्रतिबद्ध थे। शिक्षक का स्मरण होते ही हमारी कल्पना में एक ऐसे साधारण सच्चरित्र व्यक्ति का चित्र सजीव हो उठता है जो अपने आदर्श चरित्र एवं प्रभावी व्यक्तित्व के कारण न केवल बालकों के लिए ही नही बल्कि संरक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनता है। फैशन, शान–शौकत, तड़क–भड़क और दिखावे से दूर साधारण स्वच्छ लिबास, आदर्श चरित्र, दूर्व्यसनों से दूर, जलता हुआ एक ऐसा दीप जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देता है, ज्ञान रूपी प्रकाश, जिससे मानवता का पथ अवलोकित होता है, अज्ञान का अंधकार मिटता है।

शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक शोधों से भी यह स्पष्ट हो चुका है कि शिक्षक का शाला में प्रमुख स्थान है क्योकि वह बालक के मानसिक विकास के अलावा शारीरिक, नैतिक, सांवेगिक, आध्यात्मिक एवं रागात्मक विकास में भी योगदान देता है। शिक्षण प्रतिबद्धता कोशिक्षक की शिक्षण और विद्यालय के प्रति वचनबद्धता के रूप में माना गया हैं। वह अपने कार्य के प्रति तो जागरूक है ही साथ ही विद्यालय के संगठन और प्रशासन में भी अपेक्षित सहयोग प्रदान करता हैं। यह शिक्षक की अन्तरात्मा का मामला है इससे शिक्षक में आत्मविश्वास बढ़ता है एवं अपने कार्यो से उसे समाज में सम्मान एवं स्वयं को आत्म–संतोष मिलता हैं।

शिक्षक को अपने शिक्षण कार्य के प्रति पूर्णवचनबद्धता या प्रतिबद्धता दिखानी होती हैं एक शिक्षक को अपने विद्यालय के प्रति सुधारात्मक उपाय अपनाने एवं सकारात्मक सोच रखने की आवश्यकता रहती है। वह शिक्षक उस विद्यालय में न केवल शिक्षण के प्रति पूर्ण समर्पित होता हैं अपितु विद्यालय के प्रशासन एवं संगठन को सुदृढ़ बनाए रखने में अपनापूर्ण योगदान समर्पणभाव से करता है। विद्यालय में सम्पूर्ण वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने एवं विद्यालय में सुधार लाने के लिए शिक्षक की प्रतिबद्धता जरूरी हैं जो कि विशेष रूप से विद्यार्थियों के महत्व की हैं। शिक्षण गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में वृद्धि करने के लिए शिक्षक प्रतिबद्धता जरूरी हैं।

विद्यालय के सम्पूर्ण शैक्षणिक वातावरण को अनुशासित एवं व्यवस्थित रूप प्रदान करने तथा विद्यार्थियों में अनुशासन, व्यक्तित्व विकास एवं श्रेष्ठ जीवन–कौशल का निर्माण करने के लिए उस विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को स्वच्छ एवं अनुशासित बनाए रखने की आवश्यकता हैं। अत: छात्रों में अध्न के प्रति रूचि विकसित करने, उनके भविष्य की सुदृढ़ नीवं रखने, समाज में शिक्षकों की छवि को स्वच्छ रखने एवं परिवार, राष्ट्र एवं समाज को विकसित करने के लिए शिक्षक प्रतिबद्धता की आवश्यकत हैं।

व्यावसायिक प्रतिबद्धता को निम्नलिखित आयाम द्वारा मापा जाता है:–

1. सीखनेवाले (विद्यार्थी) के प्रति प्रतिबद्धता
2. समाज के प्रति प्रतिबद्धता
3. व्यवसाय के प्रति प्रतिबद्धता
4. उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्धता
5. मूलभूत मानवीय मूल्यों के प्रतिप्रतिबद्धता

व्यावसायिक प्रतिबद्धता के मापन हेतु परीक्षण – प्रस्तुत शोध में शोधार्थी द्वारा व्यावसायिक प्रतिबद्धता के लिए **डॉ. रवीन्द्रकौर** द्वारा निर्मित मापनी का प्रयोग किया गया है। जिसका विवरण इस प्रकार से है:–

इस मापनी का निर्माण शिक्षकों की व्यावसायिक प्रतिबद्धता मापने के लिए किया गया है इसके लिए शिक्षक की प्रतिबद्धता को उसके सीखने वालों, समाज, व्यवसाय, उच्च लक्ष्य एवं मूलभूत मानवीय मूल्यों के संदर्भ में मापी गई है।

सर्वप्रथम 82 कथनों का निर्माण इस मापनी के लिए किया गया है। बाद में विशेषज्ञों की राय के आधार पर 65 कथन रखे गये हैं। इस मापनी में अंकन व्यवस्था इस प्रकार से रखी गई है:–

क्र.	कथन	पूर्ण सहमत	सहमत	अनिश्चित	असहमत	पूर्ण असहमत
1	सकारात्मक	5	4	3	2	1
2	नकारात्मक	1	2	3	4	5

पद विश्लेषण – पद विश्लेषण प्रक्रिया के लिए स्केल मान व क्यू मान निकाला गया है जिस कथन का मान 0.5 से कम तथा 2.0 से अधिक पाया

* सहायक आचार्य, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

गया उसको निरस्त किया गया है। इस तरह से 20 कथन को निरस्त करते हुए अंतिम रूप से 45 कथनों का चयन किया गया जो तालिका में प्रस्तुत है:-

क्र.	प्रतिबद्धता के आयाम	पदों के क्रम	कुल पदों की संख्या
1.	सीखने वाले (विद्यार्थी) के प्रति	1-9	9
2.	समाज के प्रति	10-18	9
3.	व्यवसाय के प्रति	19-27	9
4.	उत्कृष्टता प्राप्त करने के प्रति	28-36	9
5.	मूलभूत मानवीय मूल्यों के प्रति	37-45	9
		योग	**45**

विश्वसनीयता – इस मापनी की विश्वसनीयता परीक्षण पुन: परीक्षण के माध्यम से मापी गई जो कि 0.76 प्राप्त हुई है।

वैधता – अकित वैधता के लिए इस मापनी को अध्यापक शिक्षा एवं विद्यालयी शिक्षा के विशेषज्ञों से जाँच करायी गई उनके अनुसार यह एक वैध उपकरणहै जिससे व्यावसायिक प्रतिबद्धता मापी जा सकती है।

व्यावसायिक प्रतिबद्धता को व्यक्त करने हेतु मानक इस प्रकार से है:-

क्र.	प्राप्तांको की परास	जेड स्कोर की परास	व्यावसायिक प्रतिबद्धता का स्तर
1.	202 या इससे अधिक	+2.01 और इससे अधिक	अधिकतम स्तर
2.	189-201	+1.26 से 2.00	उच्च स्तर
3.	175-188	+.51 से +1.25	औसत से ऊपर
4.	158-174	-0.50 से 0.50	औसत
5.	144-157	-.51 से -1.25	ओसत से नीचे
6.	131-143	-1.26 से - 2.00	निम्न
7.	130 या इससे कम	-2.01 और इससे कम	निम्नतम

References :-

1. Anastasi, Anne, : Psychological Testing", New York : MacMailan Publishing Co., Inc., 1976.
2. Best J.W. (1983). "Research in Education", New Delhi : Prentice Hall of India.
3. Chauhan, S.S. (2003). "Methodology of Educational Research", Second Edition, New York : Appleton Century Crafts Ins.
4. Divan, Rashimi (2002). "Educational Research", New Delhi : Atlantic Publishers and Distributors.
5. Good, C.V. Inc (1959). "Intrduction of Education Research", Appleton Century Crafts, New York.
6. Goods, Bar and Scates (1947) : "Methodology of Education Research", New York.
7. Gupta S.C. (1981) : "Fundamentals of Statistics", Bombay Himalaya Publishing Home.
8. James, M. Lee : "Principles and Method of Secondary Education".
9. Koul, Lokesh (1984) : "Methodology of Educational Research" Vikas Publishing House Pvt. Ltd.

****

द्वि वर्षीय बी. एड. प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंकलन संबंधी चुनौतियां

मधु वसीटा *

प्रस्तावना – 'निर्धारण या आकलन का आशय उन सभी नितियों, सिद्धांतों एवं विधियों की समीक्षा करने से है जो कि छात्रों के शैक्षिक एवं सामाजिक आवश्यकताओं के ज्ञान एवं उनकी पूर्ति के लिये प्रयुक्त होती है।'

– प्रो. एस.के. दुबे

मानव जीवन में शिक्षा की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा एक साधन के रूप में पशुवत व्यवहार से मानवीय व्यवहार की ओर व्यक्तियों को अग्रसर करती है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके अध्यापकों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।

शिक्षक शिक्षा शिक्षा शास्त्रीय प्रक्रम में उन युवाओं हेतु व्यावसायिक तैयारी है जो शिक्षण व्यवसाय में प्रवेश करना चाहते हैं। भावी अध्यापकों को व्यावसायिक ज्ञान प्राप्त करने, व्यावसायिक कौशल का विकास करने, व्यवसाय के प्रति अभिवृति उत्पन्न करने और शिक्षण व्यवसाय के लिये उनमें अभिरूचि उत्पन्न करने, उन्हें शिक्षा की नवीन विधियों का ज्ञान कराने के लिये शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था की जाती है।

शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित समय-समय पर अनेक आयोगों ने अपने सुझाव एवं रिपोर्ट प्रस्तुत की है। वर्तमान में भी राष्ट्रीय पाठ्यक्रम संरचना 2005 एवं राष्ट्रीय पाठ्यक्रम संरचना शिक्षक शिक्षा 2009 के प्रस्तुतीकरण का मुख्य उद्देश्य शिक्षक शिक्षा के विषय को नवीन परिस्थिति अनुसार बदलना तथा उसमें नवीन विचारों का समावेश वर्तमान आवश्यकता को ध्यान में रखकर करना है। सत्र 2014-15 तक माध्यमिक स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण का एक वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाया जाता था परन्तु छउढए एवं छउएठढ ने 2015-16 में पिछले कई वर्षो से चले आ रहे शिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों के विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र को व्यापक बनाने के शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि दो वर्ष कर दी है।

दो वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षण कार्य में प्रशिक्षणार्थियों की रूचि बढाना, पाठ्यक्रम का ज्ञान कराना कि पाठ्यक्रम क्या है? विद्यालय स्तर पर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उसका नवीनीकरण कैसे किया जाये, उन्हें पुस्तकालय का महत्व, शान्ति के लिये शिक्षा, मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों से अवगत कराना, खउढ का शिक्षण कार्य में उपयोग बताना, एक अच्छे शिक्षक के रूप में बच्चों के सहायक, मार्गदर्शक, निर्देशक के रूप में प्रशिक्षणार्थियों को तैयार कर उनमें सृजनात्मक, समीक्षात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करना ही इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्धेश्य है।

शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राध्यापकों के मूल्यांकन, आकलन के कार्यो का भी समावेश किया गया है। आकलन शब्द अंग्रेजी के Assessment का हिन्दी अनुवाद है। जिसका अर्थ निर्धारण करना, राय बनाना आदि से लिया जाता है। 'निर्धारण' शब्द में मूल्यांकन एवं परामर्श शब्द का भी समावेश होता है। जब तक मूल्यांकन प्रक्रिया सम्पन्न नहीं होगी तब तक राय नहीं दी जा सकती है। अत: निर्धारण या आकलन की प्रक्रिया मूल्यांकन के बाद ही सम्भव होती है। शैक्षणिक प्रक्रियाओं में आकलन का अर्थ- ज्ञान, समझ, क्षमता, प्रदर्शन को किसी विधी से आँकना है।

श्रीमती आर. के. शर्मा :- 'आकलन का आशय उन सभी नितियों, सिद्धान्तों एवं विधियों की समीक्षा से है जो सभी प्रकार के छात्रों की शैक्षिक एवं अशैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर छात्रों का सम्यक मार्गदर्शन करती है।'

द्विवर्षीय बी.एड. कार्यक्रम में भी आकलन का उद्येश्य प्रशिक्षणार्थियों के समग्र विकास जिसमें वर्तमान शैक्षिक आवश्कताओं का ज्ञान, अधिगम के स्त्रोंतो, सूचनाओं का ज्ञान, समावेश को प्रोत्साहन, बहिष्करण को हतोत्साहन, व्यक्तिगत शिक्षण प्रक्रिया का विकास अधिगम प्रक्रिया का विकास आदि से है। द्वि वर्षीय B.ED.के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को निम्नलिखित खण्डों में विभक्त है:-

शिक्षा के सैद्धान्तिक आधार 1. बालकों का अध्ययन 2. समकालीन समाज का अध्ययन 3. शिक्षा सम्बन्धी अध्ययन	पाठ्यक्रम एवं शिक्षा शास्त्रीय सिद्धान्त 1. पाठ्यक्रम का अध्ययन 2. शिक्षा शास्त्र का अध्ययन	प्रायोगिक कार्य एवं शिक्षण अभ्यास

उपरोक्त पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थी महाविद्यालय की अनेक पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी भाग लेते है। इन सभी के आधार पर उनके मूल्यांकन एवं आंकलन का कार्य किया जाता है। शिक्षक प्रशिक्षकों वर्षीय पाठयक्रम में प्रशिक्षणार्थियों का आंकलन करते समय अनेक समस्याओं एवं चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सामान्यत: निम्नलिखित चुनौतियां, प्रशिक्षक व मार्गदर्शक के सामने आती हैं :-

- **पाठ्यक्रम का आंकलन –** द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम राष्ट्रीय पाठ्यक्रम सरंचना शिक्षक शिक्षा 2009 के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए एवं वर्तमान शैक्षिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है चूंकि इस पाठ्यक्रम में नवीन तथ्यों का समावेश किया गया है और इसे अभी कुछ समय पूर्व है। लागू किया गया है। इसे लागू करने में भी अनेक चुनौतियां प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों 1दोनों के समक्ष है। यह पाठ्यक्रम

* शोधार्थी, मोहनलाल सुखाड्या विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत

छात्राध्यापकों के जीवन को ध्यान में रखकर बनाया गया है परन्तु यह उनके शैक्षिक उन्नयन में कितना सफल होना, इसे किस स्तर तक लागू किया जा रहा है। इसका आंकलन भी एक चुनौतिपूर्ण कार्य है।

- **शिक्षा शास्त्रीय सिद्धान्तों का आंकलन –** प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों को शिक्षण के विभिन्न विधियों एवं स्वरूपों का ज्ञान कराया जा सकता है जिससे वे अपनी शिक्षण कला में उसका उपयोग कर अपने शिक्षण कार्य को प्रभावी बना सकें। परन्तु वर्तमान में भी अनेक प्रशिक्षकों के द्वारा पुरानी शिक्षण विधियों का ही प्रयोग किया जाता है। साथ ही सभी प्रशिक्षणर्थी भी शिक्षण कला में पूर्ण रूप से निपूर्ण नहीं हो पाते है। छात्राध्यापकों के शिक्षण के तीन चरों (शिक्षक, छात्र, पाठ्यक्रम) के आत्मसात करने, विभिन्न शैक्षिक कौशलों, अधिगम सामग्री, विभिन्न शिक्षण तकनीक, शिक्षण कलाओं के ज्ञान, व्यावहारिक जीवन में ज्ञान का उपयोग, विभिन्न दार्शनिक विचारधाराओं जैसे–आदर्शवाद, प्रवृत्तिवाद, प्रयोजनवाद, बाल केन्द्रिय शिक्षा, मनोविज्ञान के सिद्धान्तों, शैक्षणिक ढांचे को समझने सम्बन्धी आकलंन कैसे करें और आंकलन की कौन्सी विधियों का उपयोग करें जिससे स्पष्ट एवं निष्पक्ष निर्धारण किया जा सकें यह भी एक विचारणीय विषय है।
- **पाठ्य सहगामी क्रियाओं का संकलन –** बी.एड़ प्रशिक्षणार्थी महाविद्यालय एवं विद्यालय की जिन पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भाग लेते है उनके माध्यम से उनमें आये बदलाव का आंकलन, द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में इन्टर्नशिप, आंकलन तथा स्तरानुकूल एवं सामाजिक आकांक्षाओं की पूर्ति उनके माध्यम से पूरी हो रही है या नहीं। इसका आंकलन करना भी एक चुनौतिपूर्ण कार्य है।
- **प्रायोगिक कार्य एवं शिक्षण अभ्यास सम्बन्धी आंकलन –** क्षेत्रीय अध्ययन, जिसमें सर्वे, प्रथम वर्ष में दैनिक पाठ योजना अभ्यास कार्यक्रम के दौरान एक पर्यवेक्षक के निर्देशन मात्र एवं द्वितीय वर्ष में इन्टर्नशिप में बिना किसी निर्देशक के छात्राध्यापकों को भेजना। वहां वह किस तरह का कार्य कर रहा है। कैसे अपनी शिक्षण कला का प्रदर्शन कर रहा। महाविद्यालय की ओर से कोई निर्देशक का कार्य नहीं होता है। ऐसे में उसकी क्षमताओं, उसके द्वारा दिये गये कार्यों का आंकलन असंभव सा प्रतीत होता है।
- **आंकलन में नवाचारों के प्रयोग की चुनौति –** प्रशिक्षकों द्वारा आंकलन में नवाचार के प्रयोग, कम्प्यूटर, इन्टरनेट, मानकीकृत, उपकरणों के प्रयोग, वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग, सजृनात्मक गतिविधियों, का निर्माण, आई.सी.टी. आदि नवीन तकनीकों के माध्यम से एवं प्रशिक्षणर्थियों का आंकलन करना चुनौतिपूर्ण कार्य है क्योंकि अभी भी कई प्रशिक्षक ऐसे है जिन्हें नवीन टेक्नोलॉजी का पूर्णत: ज्ञान प्राप्त नहीं है यदि ज्ञान है भी तो उनका उपयोग अनेक कारणों के कारण वह नहीं कर पाते है।
- **आंकलन सम्बन्धी अन्य चुनौतियां**

1. संस्थागत उद्देश्यों की पूर्ति का आंकलन,
2. आंकलन समिति के निर्माण की चुनौती,
3. आंकलन में अभिभावकों की सहभागिता का अभाव,
4. मंद बुद्धि, प्रतिभाशाली, सामान्य बालकों का पहचान कर उनका सर्वांगीण विकास के लिए दायित्व निर्वाह करने सम्बन्धी आंकलन,
5. प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण सम्बन्धी कार्यो का आंकलन संबंधी चुनौतियाँ,
6. सामाजिक परम्पराओं को समझकर समाज की आकांक्षाओं के अनुरुप अपने उत्तरदायित्वों के निर्वाह सम्बन्धी प्रशिक्षणार्थियों के कार्यो के मूल्यांकन, उनमें एवं उनके माध्यम से विद्यार्थी में होने वाले व्यवहारग परिवर्तन, उनके द्वारा सामुदायिक सहयोग प्राप्त करने की कला, अधिगम सामग्री के उपयोग व नवाचारों का प्रयोग, अपने विषय पर पकड़ एवं नवीन शिक्षण विधियों का उचित प्रयोग सम्बन्धी आंकलन करना आदि अनेक समस्या शिक्षकों के सामने आती है।

उपसंहार – बी.एड़ के द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के अन्तर्गत प्रशिक्षणर्थियों के प्रशिक्षण कार्यो के आंकलन सम्बन्धी अनेक चुनौतियां हमारे समक्ष उत्पन्न होती है इनका समाधान भी हमें ही ढुंढना होगा। मूल्यांकन कार्यों में नवीन तकनीकों का प्रयोग करके आंकलन सम्बन्धी चुनौतियों को दूर किया जा सकता है। यद्यपि आन्तरिक एवं बाह्य मूल्यांकन, पृष्ठ पोषण के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन कार्य किया जाता है परन्तु फिर भी उनके समग्र विकास को ध्यान में रखकर उनका आंकलन करना एक चुनौतिपूर्ण कार्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

पुस्तक :

1. प्रो. शर्मा बैजनाथ, श्री मती आर. के. शर्मा, प्रो. एस. के. दुबे, श्री मती अनिता बरौलिया, राधा प्रकाशन मंदिर, आगरा (अधिगम हेतु आंकलन निर्धारण/मूल्यांकन)

दस्तावेज :

2. राष्ट्रीय पाठ्यक्रम संरचना 2005
3. राष्ट्रीय पाठ्यक्रम संरचना शिक्षक शिक्षा 2009
4. द्वि वर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम 2017–18 MLSU, Udaipur

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

कृषि विकास संरचना एवं उन्मूलन - समस्या निदान एवं सुझाव

निशा विश्वकर्मा *

शोध सारांश – अक्सर कृषि लेखो की शुरूआत भारत एक कृषि प्रधान देश है से होती है ग्रंथो मे कहा गया है, अन्नम वे प्राणिनां प्राण: (अन्न प्राणीयो का जीवन है अर्थात प्राण है) प्राण ही जीवन है एवं जीवन ही प्राण है प्राण नही तो जीवन नही अन्न उगाने की कला का नाम कृषि है कृषि एक विज्ञान है जिसमे फसल को उगाने से लेकर उसके बाजारीकरण तक का सूक्ष्म ज्ञान निहित है। यूँ कहें की हमारे जीवन की प्राण वायु शक्ति को चलायमान रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक को निष्ठापूर्वक पालन करने वाले ये किसान है ।

शब्द कुंजी – कृषि अर्थव्यवस्था, पहल, तकनीक, बहुफसलीय योजना, प्राकृतिक संसाधन, उधोग, सामाजिक परिवर्तन, गरीबी, पिछड़ा क्षेत्र, उत्पादन ।

प्रस्तावना – कृषि से सम्बन्धित सरकारी केन्द्रों की निष्क्रियता – भारत मे सरकार का काफी पैसा कृषि से सम्बंधित सरकारी केन्द्रो के संचालन मे लगाती है इन केन्द्रो के अफसर किसानो की समस्या का कोई समाधान नही देते है ऐसे अफसर उल्टे उन किसानो से फर्जी तरीके से धन प्राप्त करने की कोशिश करते है ये सरकारी अफसर हम और आप में से ही होते है। हमे इतना सोचना चाहिए की कोई किसान हमारे एक गलत निर्णय से आत्महत्या कर सकता है इसके लिए सरकार को जागरूक करने के साथ-साथ हमे खुद को भी जागरूक होना पड़ेगा।

भूमिका – मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। और आज भी हैं। वास्तव में कृषि हमारे देश में केवल जीविकापार्जन का साधन या उद्योग धंधा ही नही है बल्कि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है देश में उद्योग धन्धे विदेशी व्यापर, विदेशी मुद्रा अर्जन विभिन्न योजनाओं की सफलता एवं राजनीतिक, स्थायित्व भी कृषि पर ही निर्भर हैं। कृषि को सर्वाधिक प्राथमिकता देने की आवष्यकता हैं यदि कृषि असफल रहती है तो सरकार एवं राष्ट्र दोनों असफल रहते है। कृषि के महत्व को जानना इसलिए भी आवष्यक है कि वास्तव में कृषि विकास का एक जरिया है।

वास्तव में अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि है – इसकें विकास में अर्थव्यवस्था में दृढ़ता आती है। राष्ट्रीय आय में इसका योगदान 18 प्रतिशत कें आसपास है। गत वर्षो में खाधान्न तथा व्यावसायिक, फसलो में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कृषि उत्पाद को प्रभावित करने वाले तत्वों में प्रावधिक और आर्थिक दोनों महत्वपूर्ण है बारहवीं योजना की उपलब्धियों में 4.5 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। इसरें कृषि 48.9 प्रतिशत जनसख्यां को रोजगार प्रत्यक्ष रूप सें प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त कृषि व्यवसाय में करोड़ों लोग लगे है जों कृषि सबंधी क्रियाओं में योगदान देते है। कृषि का राष्ट्रीय आय में भी बहुत अधिक महत्व है। इसकें साथ ही शोध पत्र का विषय म.प्र. में कृषि जो मध्यप्रदेश का मुख्य व्यवसाय कृषि है। विकास कार्यक्रम में कृषि कों प्राथमिकता दी गई हैं। कृषि का योगदान घरेलू उत्पाद में 23.44 प्रतिशत है। हरित क्रान्ति कें फलस्वरूप कृषि उत्पाद में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। विपणन तथा वित्त सुसंगठित है। किन्तु सिंचाई अभी अपर्याप्त है। कृषि अभी भी पिछड़ी हुई है। इसमें सुधार की पुरी गुजांइश है। इसके कृषि प्रधान होने के साथ-साथ इसकी प्राकृतिक स्थिति सम शितोष्ण – कटिबंध हैं विन्ध्याचल और सतपुड़ा का वरदान है। गरीबी की रेखा के नीचें 27 प्रतिशत लोग है। मध्यप्रदेश कृषि कें साथ खजिन ससांधनों, वन ससांधनों, उपजाउ भूमि, पर्याप्त जल ससांधन सें परिपूरित है। इन सब के कारण इसका आर्थिक भविष्य उन्नत है। किन्तु इसे हत- भाग्य कहा जाएगा, कि मध्यप्रदेश की गिनती देश के उन्नत प्रदेशों के साथ नही की जाती है। प्रयास किये जा रहे है। कि ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को देखते हुए आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन प्रदेश कों अग्रिम श्रेणी में ला सकते है।

उद्देश्य :

1. कृषि विकास का पता लगाना
2. कृषि क्षेत्र की समस्या को जानना
3. विकास का सम्बन्ध कृषि सें पहचानना
4. संसाधनों के उपयोग के बारे में जानना
5. तकनीकि का पता लगाना
6. कृषि के महत्व को जानना

शोध -पत्र – वस्तुत: शोध पत्र जानने की एक विधि है। लेकिन इसकें माध्यम सें हम केवल उन्ही लक्ष्यों को जान सकतें है। जों इन्द्रि गम्य और अनुगम्य है अर्थात शोध कें माध्यम सें हम केवल वही जानकारी प्राप्त कर सकते है जों इन्द्रियों कें माध्यम सें जानी जा सकती है। अधिक स्पष्ट शब्दों में हम कह सकतें हैं

(1) शोध एक प्रयास है
1. नए ज्ञान की प्राप्ति
2. पुराने लक्ष्यों का सत्यापन
3. पद्धतियों का विकास

(2) शोध लक्ष्यो की प्राप्ति के लिये किया गया हर प्रयास नही अपितु केवल व्यवस्थित प्रयास है।

(3) यह एक निरन्तर प्रयास है।

प्रविधि – शोधार्थी द्वारा शोंध पत्र प्रस्तुत करतें समय प्रविधि में प्राथमिक एवं द्वितीयक समंकों का प्रयोग किया गया है।

* शोधार्थी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

तालिका 1 – कृषि सम्बन्धी प्रमुख संगठन एवं योजनाऍं :-

संगठन/योजनाऍं	स्थापना वर्ष
मध्य प्रदेश बीज तथा फार्म विकास निगम	1980
मध्य प्रदेश कृषि उद्योग विकास निगम	1969-70
मध्य प्रदेश राज्य भण्डार गृह निगम	1958
लघु कृषक विकास प्राधिकरण	1971
भूमि विकास निगम	1977-78
राज्य पशुपालन एवं कुक्कुट विकास निगम	1982
सहकारी डेयरी विकास निगम	1975
मध्य प्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था	1980
मध्य प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड	1972
बलराम ताल योजना	2007
थ्रस्ट परियोजना	1989
राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना	1999-2000
उद्यानिकी मिशन	2006-07
अन्नपूर्णा-सूरजधारा योजना	2000-01

स्त्रोत मध्य प्रदेश सामान्य ज्ञान

वर्ष 2010 के अनुसार, मध्य प्रदेश की 71.6 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्य में लगी है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का अंष वर्ष 2010-11 के त्वरित अनुमानों के अनुसार 20.53 प्रतिशत हैं। वर्ष 2010-11 के अनुसार, राज्य में खाद्यान्न का उत्पादन 165,496 हजार मीट्रिक टन है।

भूमि सुधार एवं उपयोग – कृषि विकास और भूमि सुधार का सीधा, सम्बन्ध हैं । इससें भु-स्वामित्व का सवाल तय होता है। भूमि सें किसान का लगाव होता है। भू-सुधार के माध्यम सें कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है। भारत में 1950 सें जमीदारी तथा जागीरदारी प्रथा कें उन्मूलन कें साथ भू-सुधार - कार्यक्रम आरंभ हुए। फिर भी अनेंक, स्थानों पर बड़े किसानों कें माध्यम सें कुछ जमीदारी देखी जा सकती है। भूमि-सुधार एक अत्यन्त व्यापक शब्द है। इसकें अन्तर्गत वें समस्त परिवर्तन आतें है। जों भू धारण - प्रणाली में भूमि का अधिकतम उपयोग करने हेतू किये जाते है।

भूमि सुधारों का आशय व्यक्ति और भूमि कें सम्बन्ध और संस्थागत पुर्नसंगठन सें हैं। – **प्रो. गुन्नार मिर्डल**

वैज्ञानिक कृषि या सहकारिता कों हम कितना ही अपना लें किन्तु इसमें पूर्ण सफलता तब तक प्राप्त नही होगी जब तक कि हम भूमि व्यवस्था का सुधार नही करलें । – **डॉ. राधाकमल मुखर्जी**

तालिका 2

मध्य प्रदेश : भूमि उपयोगभूमि उपयोग	क्षेत्रफल (हजार हेक्टेयर में)
ग्रामीण पत्रकों में प्रतिवेदित क्षेत्रफल	23,135
काश्त उपयोगी पड़ती भूमि	1,160
कुल पड़ती भूमि	1,202
शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल	14,790
कुल बोया गया क्षेत्रफल	20,519
द्वि-फसली क्षेत्रफल	5,716
शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल	6,506
कुल सिंचित क्षेत्रफल	6,704
कृषि गहनता	139%
शुद्ध सिंचित क्षेत्र का शुद्ध बोये गए क्षेत्र से प्रतिशत	43.4%

मध्यप्रदेश में कृषि – मध्यप्रदेश कें सकल राज्य घरेलू उत्पाद में (GSDP) कृषि का योगदान 2005-06 में था जों 2013-14 में बढकर - 33.22 प्रतिशत हो गया। प्रदेश में अभी भी कृषि परम्परागत है तथा कृषि की मानसून पर निर्भरता है प्रदेश में जिन जिलों में सिचाई की सुविधाएं उपलब्ध है। वे कृषि की दृष्टि सें विकसित जिले रहे - वैसे तों कृषि की विभिन्न योजनाओं के द्वारा कृषि की उत्पादकता बढानें के प्रयास किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में कृषि की स्थिती कों निम्न लक्ष्यों की सहायता सें समझा जा सकता हैं ।

कृषि वृद्धि दर – कृषि प्रधान राज्य होने के कारण हमेषा सें ही मध्यप्रदेश में कृषि की वृद्धि दर सर्वाधिक रही है कुछ अपवादों कों छोड़कर कृषि सदैव सें बढ़नें वाला क्षेत्र बना रहा।

तालिका 3- (देखे अगले पृष्ठ पर)

मध्यप्रदेश में कृषि वृद्धि दर 2004-05 की समीक्षा कें आधार पर 2000-01 को छोड़कर (26.27) लगातार बढ़ती रही है। 2010-11 में यह 0.24 कें निम्न स्तर पर रही अधिक 2011-12 में पुन: बढ़ना प्रारंभ होकर 2013-14 में 23.28 प्रतिशत पहुच गई जों भारत में सर्वाधिक रही।

मध्यप्रदेश खाधान्न उत्पादन क्षेत्र – मध्यप्रदेश में खाधान्न उत्पादन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। परंतु मक्का का उत्पादन क्षेत्र घटा है। 2009-10 में चावल 1603.23 हजार हेक्टेयर में बढ़कर 2013-14 में 1.891.75 हजार हेक्टेयर हो गया -

तालिका 4- (देखे अगले पृष्ठ पर)

मध्यप्रदेश में जमीदारी उन्मूलन – मध्यप्रदेश जमीदारी उन्मूलन अधिनियम 1951 में लागू किया गया था। जिसके अनुसार जमीदारों कों उनकी शुद्ध आय का 8 सें 20 गुना तक क्षतिपूर्ति के रूप में दिया गया लेकिन छोटे जमीदारों कों क्षतिपूर्ति पुनर्वास अनुदान भी दिया गया तथा जिसकें लागू होने सें जमीदारी मालगुजार जागीरदार सभी के अधिकार समाप्त कर दिए गए लेकिन खुद काश्तकार को छोड़ दिया गया। 1956 में मध्यप्रदेश का पुनर्गठन होने पर राज्य में समान भूमि व्यवस्था स्थापित कर दी गयी है। जमीदारी उन्मूलन कृषकों एवं ग्रामीण क्षेत्रों कें लिए निम्न प्रकार सें लाभकारी रही।

1. कृषकों का शोषण समाप्त हुआ
2. मन लगार काम करने सें उत्पादन में वृद्धि हुई
3. सरकारी सहायता मिलनें लगी
4. आय में वृद्धि होने लगी
5. भूमि सुधार कार्यक्रमों का क्रियान्वयन आसान हो गया
6. पैदावार बढ़ाकर उन्नति के लिए स्वतंत्र हैं ।

भारतीय कृषि की समस्या एवं निदान – हम यही कर सकते है की कृषि विकास एवं ग्राम मे समस्याओं को क्षणिक मानवीय लिप्सा की भट्टी में झोकने वाले हाथो को मजबूती से रोका जाए अन्यथा भारत मॉ ग्राम्यवासिनी का भावना का तो नाम मिटेगा ही साथ-साथ मानव अस्तित्व भी धूएं मे उड़ जाएगा इसमे हम सभी की परोक्ष एवं प्रत्यक्ष भूमिका अपेक्षित है बहुराष्ट्रीय संगठनों की सम्बध्दता से जहा हम अनायास विदेशी पूजी के हाथो गिरफ्तार होते जा रहे है वही कृषि की उपेक्षा कर पुन: उन्ही देशो का मुह ताकना पड़ रहा है अपने खेतो का श्रम व पूंजी दोनो का हस्तातरण सम्भवत: कृषि की उपेक्षा का ही दुष्परिणाम है इसके निम्न कारण हो सकते है।

1. असन्तुलित समाज व्यवस्था 2. निरक्षरता 3. औधोगिकरण 4. शहरी संस्कृति का प्रभाव

1. कृषि की वर्षा पर निर्भरता 2. जोतो का आकार छोटा 3. उत्पादन कम 4. मिट्टी में कम उत्पादन 5. जनसंख्या का अधिक दबाव 6. रूढ़िवादी किसान 7. सिचाई सुविधाओं का आभाव 8. उन्नत बीज एवं उर्वरको का अभाव 8. सड़क, बिजली, पानी, आदि का अभाव।

निदान :- 1. जमीदारी प्रथा का उन्मूलन 2. भूमि की अधिकतम सीमा का निर्धारण 3. चकबंदी कार्यक्रम को लागू करना 4. किसानो का प्रशिक्षण 5. ग्रामीण क्षेत्रो मे कृषि शिक्षा का प्रचार प्रसार 6. कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराना 7. मानसून की अनिष्चिता 8. कृषि अनुसंधान केन्द्रो की स्थापना।

निष्कर्ष एवं सुझाव - कृषि मानव सभ्यता की सबसे प्राचीन उद्योगों में से एक है। म.प्र. में कृषि प्राचीन समय सें की जा रही है जों अपनी परिवक्व अवस्था में पहुंच चुकी है। अठारवी शताब्दी में कृषि उन्नत अवस्था में थी। औपनिवेशक व्यवस्था नें कृषि यंत्र में विभिन्न परिवर्तन कियें ताकि वे अपनी औघोगिक क्रान्ति के लिए कच्चा माल उत्पादित कर सकें। यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में कृषि विकास निरन्तर हो रहा है। जिसके कारण किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ उनका आर्थिक विकास भी हो रहा है। वर्तमान में अधिकांश किसान आधुनिक खेती के माध्यम सें कृषि उत्पादन कर रहें है। तथा बहूफसलीय खेती के माध्यम सें उत्पादन कों बढ़ावा दिया जा रहा है।

सुझाव :

1. कृषि विकास कार्यक्रम का आयोजन
2. तकनीकि का प्रयोग
3. उन्नत किस्म के बीजों का उपयोग
4. उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि
5. संसाधनों का उपयोग आदि

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय अर्थव्यवस्था ऋतु तिवारी 2018 म.प्र. हिन्दी ग्रन्थावली, भोपाल
2. सामाझिक अनुसंधान की विधिया डॉ रामगोपाल सिंह 2018 म.प्र. हिन्दी ग्रन्थावली, भोपाल
3. भारतीय अर्थव्यवस्था, डॉ. विष्णु दल नागर, वल्लभदास मेहता 2010 म.प्र. हिन्दी ग्रन्थावली, भोपाल
4. मध्यप्रदेश अलील और आम शिव अनुराग परेरिया - 2017 म.प्र. हिन्दी ग्रन्थावली, भोपाल
5. ग्रामीण एवं नगरीय समाज, डॉ. अशोक डी. पाटिल 2016 म.प्र. हिन्दी ग्रन्थावली भोपाल
6. स्वयं के विचार
7. पत्र एवं पत्रिकाएं

तालिका 3 : मध्यप्रदेश की वृद्धि दर (1996-97-2013-14) प्रतिशत में

1996-97	2001-01	2005-06	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
5.63	26.37	7.04	0.24	18.17	18.63	23.28

स्त्रोत:- आर्थिक समीक्षा मध्यप्रदेश आर्थिक एक साख्यिकी सचांनालय

तालिका 4 : प्रमुख खाधान्न फसलों का क्षेत्र (हजार हेक्टेयर में)

फसले	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	पिछलें वर्ष में वृद्धि की कमी
चावल	1603.28	1583.74	1703.44	1801.36	1891.75	5.02
मक्का	823.36	848.77	859.80	865.43	862.55	-0.33
गेंहू	4471.08	4645.21	5266.57	5013.11	6135.13	9.30
धान	12723.45	13274.87	13511.80	137.8600	14367.55	4.22

स्त्रोत:- आर्थिक समीक्षा मध्यप्रदेश आर्थिक एक साख्यिकी सचांनालय

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जाने वाली त्रुटियों का अध्ययन

पूनम रावल *

शोध सारांश – प्रस्तुत अनुसंधान कार्य का मुख्य लक्ष्य छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जाने वाली त्रुटियों का अध्ययन करना था। शोधार्थी द्वारा न्यादर्श चयन हेतु शोधार्थी ने यादच्छिक विधि द्वारा मेवाड़, मारवाड़ व हाड़ौती क्षेत्र के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों का चयन किया गया है। सोद्देश्य विधि द्वारा इन महाविद्यालयों से 120 छात्राध्यापकों का चयन किया गया है जिसमें 40 मेवाड़, 40 मारवाड़ व 40 हाड़ौती क्षेत्र से लिये गये है। शोधार्थी ने दत्त संकलन के लिए स्वनिर्मित प्रमापनी का प्रयोग किया। दत्त संकलन के पश्चात् उनको सारणीयन करते हुए आँकड़ो का विश्लेषण टी परीक्षण एवं आरेख प्रदर्शन के आधार पर किया गया। निष्कर्ष स्वरूप पाया गया कि मेवाड़, मारवाड़ एवं हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जाने वाली त्रुटियों अलग अलग होती है।
शब्द कुंजी – ध्वनि, उच्चारण, त्रुटियाँ ।

प्रस्तावना – महाभाष्यकार विष्णुमित्र ने भाषा के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए लिखा है – 'प्रयुक्तांवत्ति वर्णा मेघां ते इमव्यक्त वाच:।

अर्थात् भाषा के अभाव में इस संसार की कल्पना नहीं की जा सकती है, भाषा विचारों और भावों की संवाहक तो है ही साथ ही अभिव्यंजना शक्ति का विकास भी करती है। महर्षि पंतजलि के अनुसार, 'भाषा वह व्यापार है जिससे हम वर्णनात्मक या व्यक्त शब्दों द्वारा अपने विचारों को प्रकट करते है।'

'एक: शब्द: सम्यक् ज्ञान: प्रयुक्त: स स्वर्ग लोके काधुन भवति।'

ऋग्वेद में एक शब्द को ठीक तरह से जान लेना उसका उपयुक्त अभिष्ट फल देने वाला होता है।

भाषा के दो रूप होते है – 1. मौखिक 2. लिखित ।

हिन्दी भाषा उन्नति के पथ पर अग्रसर हो रही है। इसके राष्ट्रभाषा पद पर आसीन होने के पश्चात् इसका महत्व और भी बढ़ गया है, इस कारण इसे शुद्ध, समृद्ध, सर्वप्रिय तथा सर्वग्रह्य परमावश्यक है क्योंकि आज छात्र व अध्यापक स्वयं भी शुद्ध बोलने व लिखने में निपुण नहीं है, इससे शिक्षा स्तर निरन्तर गिर रहा है।

हमारी सरकार निरन्तर हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सम्मेलन, समारोह, कार्यशाला आदि आयोजित करती है ताकि उसका प्रयोग हम शुद्ध रूप में शैक्षिक, प्रशासनिक व कार्यालयी क्षेत्र में अधिकाअधिक कर सके। हिन्दी भाषा में छात्र से लेकर उच्च पद पर आसीन अधिकारी उच्चारण में त्रुटियाँ करते हैं और इस पर बहुत ही कम शोधकार्य हुए है। इन्ही परिस्थितियों को देखते हुए शोधार्थी ने उक्त शोध आलेख प्रस्तुत किया है।

उद्देश्य –

- समग्र छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों का पता लगाना।
- मेवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों का पता लगाना।
- मारवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों का पता लगाना।
- हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों का पता लगाना।
- मेवाड़ एवं मारवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों का तुलनात्मक अध्ययन करना।
- मारवाड़ एवं हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों का तुलनात्मक अध्ययन करना।
- हाड़ौती एवं मेवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों का तुलनात्मक अध्ययन करना।

परिकल्पना –

- मेवाड़ एवं मारवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
- मारवाड़ एवं हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
- हाड़ौती एवं मेवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

अनुसंधान का विधिशास्त्र –

- प्रस्तुत शोध में शोध की प्रकृति को देखते हुए शोधार्थी ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया।
- दत्त संकलन के लिए स्वनिर्मित प्रमापनी का प्रयोग किया ।
- अनुसंधान कार्य के चयनित न्यादर्श का स्वरूप इस प्रकार से है:–

अध्ययन में प्रयुक्त न्यादर्श

120

40 मेवाड़ | 40 हाड़ौती | 40 मारवाड़

* शोधार्थी, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

सारणीयन एवं विश्लेषण –

सारणी संख्या – 1(देखे)

विश्लेषण एवं व्याख्या – मेवाड़ एवं मारवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जाने वाली त्रुटियों के तुलनात्मक अध्ययन हेतु व्यंजन प्रश्नावली के सभी क्षेत्रों पर दोनों समूहों के मध्यमानों के बीच अन्तर की सार्थकता के लिए टी–परीक्षण का प्रयोग किया गया। क्षेत्र दन्तोष्ठ, तालू, मूर्द्धा अनुनासिक एवं कण्ठ के लिए सार्थक अन्तर पाया गया तथा क्षेत्र ओष्ठ एवं दन्त्य के लिए सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

सारणी संख्या – 2 (देखे आगे पृष्ठ पर)

विश्लेषण एवं व्याख्या – मारवाड़ एवं हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जाने वाली त्रुटियों के तुलनात्मक अध्ययन हेतु व्यंजन प्रश्नावली के सभी क्षेत्रों पर दोनों समूहों के मध्यमानों के बीच अन्तर की सार्थकता के लिए टी–परीक्षण का प्रयोग किया गया। क्षेत्र दन्तोष्ठ, तालू, मूर्द्धा एवं अनुनासिक के लिए सार्थक अन्तर पाया गया तथा क्षेत्र कण्ठ एवं दन्त्य के लिए सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

सारणी संख्या – 3 (देखे आगे पृष्ठ पर)

विश्लेषण एवं व्याख्या – हाड़ौती एवं मेवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जाने वाली त्रुटियों के तुलनात्मक अध्ययन हेतु व्यंजन प्रश्नावली के सभी क्षेत्रों पर दोनों समूहों के मध्यमानों के बीच अन्तर की सार्थकता के लिए टी–परीक्षण का प्रयोग किया गया। क्षेत्र दन्तोष्ठ,कण्ठ, दन्त्य एवं अनुनासिक के लिए सार्थक अन्तर पाया गया तथा क्षेत्र ओष्ठ , मूर्द्धा एवं तालू के लिए सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

वर्तमान में प्रासंगिकता – प्रस्तुत आलेख द्वारा मेवाड़ ,मारवाड़ एवं हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण. में की जाने वाली त्रुटियों का पता लगाते हुए शिक्षण कार्य करते समय त्रुटियों में कमी की जा सकेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. आचार्य रामचन्द्र वर्मा :'पदम्श्री' मानक हिन्दी व्याकरण'।
2. जैन पी.सी. –'भाषा की त्रुटियों की प्रकृति का निर्धारण एवं संस्कृत अध्यापन कार्यक्रम'
3. भारद्वाज, दिनेश चन्द्र –'हिन्दी भाषा शिक्षण', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा
4. शुक्ल रमापति (1975) –'हिन्दी शिक्षण की प्रविधि' दिल्ली दोआबा हाउस।
5. जोशी श्रीमती ओड़ – 'हिन्दी शिक्षण', राजस्थान शिक्षा संस्थान उदयपुर, (1971)
6. सिंह श्री निरंजन कुमार (1982)–'माध्यमिक विद्यालयों में हिन्दी शिक्षण' राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ।
7. खन्ना, इन्द्रजीत –'राजस्थान में शिक्षा अनुसंधान' शिक्षा विभाग राजस्थान, बीकानेर (1976)
8. रमन बिहारी लाल –'हिन्दी शिक्षण' रस्तोगी पब्लिकेशन्स।
9. कपूर, श्यामचन्द्र –'व्यावहारिक हिन्दी व्याकरण' प्रभात प्रकाशन, दिल्ली (1976)
10. सावित्री सिंह (1983) –'हिन्दी शिक्षण' लायल बुक डिपो, मेरठ।
11. लावटिया, स्वर्णलता – 'हिन्दी भाषा और देवनागरी लिपि', किताब महल, इलाहाबाद (1959)

सारणी संख्या – 1

मेवाड़ एवं मारवाड़ क्षेत्र के छात्राध्याक्षकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों का मध्यमानवार तुलनात्मक विश्लेषण

क्र. सं.	क्षेत्र	मध्यमान		मानक विचलन		टी–मान	0.01 व 0.05 स्तर पर सार्थकता
		मेवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापक	मारवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापक	मेवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापक	मारवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापक		
1.	कण्ठ	14.35	14.15	1.23	1.04	2.11	सार्थक अन्तर पाया गया
2.	तालू	17.37	16.30	2.13	1.93	1.99	सार्थक अन्तर पाया गया
3.	मूर्द्धा	17.25	17.0	2.04	1.98	2.33	सार्थक अन्तर पाया गया
4.	दन्त्य	17.96	17.58	2.64	2.21	1.86	सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
5.	ओष्ठ	11.28	11.7	0.53	0.61	1.90	सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
6.	अनुनासिक	14.08	14.4	0.99	1.09	2.04	सार्थक अन्तर पाया गया
7.	दन्तोष्ठ	11.68	11.48	33.24	32.68	2.71	सार्थक अन्तर पाया गया
	योग	103.97	102.61	42.8	41.54	14.94	सार्थक अन्तर पाया गया

स्वतन्त्रता के अंश (df) =118 के सारणीमान

0.05 स्तर पर सारणीमान – 1.98

0.01स्तर पर सारणीमान – 2.64

सारणी संख्या – 2

मारवाड़ एवं हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों का मध्यमानवार तुलनात्मक विश्लेषण

क्र. सं.	क्षेत्र	मध्यमान		मानक विचलन		टी–मान	0.01 व 0.05 स्तर पर सार्थकता
		मारवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापक	हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापक	मारवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापक	हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापक		
1.	कण्ठ	14.15	15.05	1.04	1.35	2.88	सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
2.	तालू	16.30	18.33	1.93	2.39	2.55	सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
3.	मूर्द्धा	17.0	17.45	1.98	2.05	2.17	सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
4.	दन्त्य	17.58	18.23	2.10	2.21	1.75	सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
5.	ओष्ठ	11.7	12.05	0.61	1.02	2.25	सार्थक अन्तर पाया गया
6.	अनुनासिक	14.4	14.28	1.09	1.14	2.00	सार्थक अन्तर पाया गया
7.	दन्तोष्ठ	11.48	11.98	0.38	0.89	2.71	सार्थक अन्तर पाया गया
	योग	102.61	107.37	9.13	11.05	15.31	सार्थक अन्तर पाया गया

स्वतन्त्रता के अंश (df) = 118 के सारणीमान

0.05 स्तर पर सारणीमान – 1.98

0.01स्तर पर सारणीमान – 2.64

सारणी संख्या – 3

हाड़ौती एवं मेवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा की ध्वनियों के उच्चारण में की जानी वाली त्रुटियों का मध्यमानवार तुलनात्मक विश्लेषण

क्र. सं.	क्षेत्र	मध्यमान		मानक विचलन		टी–मान	0.01 व 0.05 स्तर पर सार्थकता
		हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापक	मेवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापक	हाड़ौती क्षेत्र के छात्राध्यापक	मेवाड़ क्षेत्र के छात्राध्यापक		
1.	कण्ठ	15.05	14.35	1.35	1.23	2.11	सार्थक अन्तर पाया गया
2.	तालू	18.33	17.37	2.39	2.13	1.55	सार्थक अन्त पाया गया
3.	मूर्द्धा	17.45	17.25	2.05	2.04	1.66	सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
4.	दन्त्य	18.23	17.96	2.64	2.21	2.63	सार्थक अन्तर पाया गया
5.	ओष्ठ	12.05	11.28	1.02	0.53	1.25	सार्थक अन्तर नहीं पाया गया
6.	अनुनासिक	14.28	14.08	1.14	0.99	2.00	सार्थक अन्तर पाया गया
7.	दन्तोष्ठ	11.98	11.68	0.93	0.54	2.41	सार्थक अन्तर पाया गया
	योग	107.37	103.97	11.52	9.67	13.61	सार्थक अन्तर पाया गया

स्वतन्त्रता के अंश (df) = 118 के सारणीमान

0.05 स्तर पर सारणीमान – 1.98

0.01 स्तर पर सारणीमान – 2.64

****

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लाभालाभ स्थिति -एक दृष्टिकोण

डॉ. कपिल व्यास *

प्रस्तावना - मानव समाज की आवश्यकता, जनसंख्या में भयावहवृद्धि, बाजार का विश्वव्यापी होना, श्रम की गतिशीलता, शहरीकरण की भावना का उदय इन सभी घटकों ने मिलकर परिवहन सेवाओं का तेजी से विस्तार किया। जल, थल व नभ परिवहन का तेजी से विकास हुआ और इन सब में एक होड़ सी लग गयी। पथ परिवहन में रेल परिवहन व मोटर परिवहन का जाल बिछ गया। रेल परिवहन का विस्तार केंद्र सरकार से संबंधित हैं, वहीं मोटर परिवहन राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। प्रत्येक राज्य सरकार ने सुगम, सुलभ मितव्ययी और द्रुतगामी परिवहन सेवा जनसाधारण को मिले इसके लिये अपने-अपने राज्यों में राज्य पथ परिवहन निगम स्थापित किये। परविहन सेवा चाहे थल, जन व नभ कोई भी हो आगम व लागत में साम्य बहुत आवश्यक है। इसके अभाव में परिवहन सेवाओं को प्रदान करने वाली संस्थाऐं अपना अस्तित्व खो देतीं हैं। गत वर्षों में हवाई यातायात से जुड़ी कंपनी (किंगफिशर एयरलाईस) घाटे के कारण बंद हो गयी और कई बैंकों का हजारों करोड़ का ऋण बकाया रख उसका मालिक विदेश पलायन कर गया। यही स्थिति राज्य पथ परिवहन निगमों की भी बनी हुई है। मध्यप्रदेश सरकार ने ऋण के बोझ तले दबे परिवहन निगम को बंद कर दिया, वहीं देश के कई निगम बंद होने के कगार पर हैं और राज्य सरकारों की ऑक्सीजन (वित्तीय सहायता) से अस्तित्व बनाये हुए हैं। कुछ ऐसी ही स्थिति राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की भी हैं।

4672.64 करोड़ रुपये के घाटे से जूझ रही रोडवेज़ की किसी को फिक्र नहीं है। वर्ष 1997-98 से वर्ष 2016-17 तक लगातार इतने बड़े घाटे का कारण निगम अपनी संचालन लागत पर लगाम नहीं लगा पा रहा है। वहीं दुसरी ओर आगम का विदोहन भी पूर्णता के साथ नहीं कर रहे हैं।

पथ परिवहन निगम में लागत के घटक - परिवहन सेवाओं के संचालन हेतु निगम को अनेकों लागतें लगाना पड़ती हैं। परिवर्तनशीलता के आधार पर इन्हें स्थायी व परिवर्तनशील लागतों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

1. स्थायी लागतें - ये लागतें प्राय: समय आधारित होतीं हैं। परिवहन सेवा की गतिशीलता में वृद्धि, कमी या स्थिरता से ये लागतें प्रभावित नहीं होती हैं। इनका भुगतान सुनिश्चित होता है इन लागतों में निगम में कार्यरत् समस्त कर्मचारियों की श्रम लागत जैसे वेतन एवं भत्तो, बोनस व कर्मचारी भविष्यनिधि में अंशदान प्रमुख होतीं हैं साथ ही स्थायी उपरिव्यय जैसे ब्याज, बीमा प्रीमियम, मोटर वाहन कर व मूल्यह्रास को भी इसके अंतर्गत सम्मिलित किया जाता है।

2. परिवर्तनशील लागतें- इन लागतों में वे लागतें सम्मिलित हैं जो परिवहन सेवा के विस्तार अथवा कमी से प्रभावित होतीं हैं। इन लागतों में मुख्य रुप से सामग्री लागत आती है। सामग्री लागत घटकों में ईंधन, लुब्रीकेंट, ऑटोस्पेयर पार्ट्स, टायर-ट्यूब, बैट्री, पुर्ननिर्माण सामग्री एवं अन्य स्टोर्स सामग्री की लागतों को शामिल किया जाता है साथ ही परिवर्तनशील श्रम लागतें एवं परिवर्तनशील उपरिव्यय जैसे यात्री कर, अंर्तराज्यीय कर व अन्य विविध करों का भुगतान आदि इसके अंतर्गत सम्मिलित होते हैं।

3. पथ परिवहन निगम में आगम के स्त्रोत - सभी वाणिज्यिक एवं सेवा सृजन संस्थाऐं अपने उद्देश्यों और लक्ष्यों की पूर्ति बिना पर्याप्त आगम के नहीं कर सकती हैं। राजस्थान पथ परिवहन निगम एक यात्री जन सेवा निगम है। निगम को अपनी सेवाओं के माध्यम से आगम प्राप्त होती है। निगम की आगम को मुख्यत: दो भागों- यातायात आगम व गैर -यातायात आगम में विभक्त किया जा सकता है।

यातायात आगम - इसके अंतर्गत निम्नलिखित आगमों को सम्मिलित किया जाता है:

1. यात्री टिकिट बिक्री से प्राप्त आगम
2. माल ढुलाई एवं लगेज़ से आय
3. उड़नदस्तों द्वारा बिना टिकिट यात्रियों से प्राप्त आय
4. जनप्रतिनिधियों की यात्रा के बदले सरकार से प्राप्त अनुदान राशि
5. पुलिस व कैदियों की यात्रा के प्रतिफल में पुलिस विभाग से प्राप्तराशि
6. डाक ढुलाई के बदले डाक विभाग से प्राप्त प्रतिफल
7. सरकार को समय-समय पर उपलब्ध करवायी गयी सेवा के बदले प्राप्त भाड़ा
8. मेलों, धार्मिक आयोजनों के अवसर पर विशेष वाहन संचालन से आय
9. आरक्षण प्रभार से आय
10. अनुबंधित वाहनों से प्राप्त आगम

गैर-यातायात आगम:- इसके अंतर्गत निम्नलिखित आगमों को सम्मिलित किया जाता है:

1. बस स्टेंड, वाहन व यात्री टिकिट पर विज्ञापन से आय
2. बस स्टेंड पर बनीं दुकानों, यात्रीगृहों व सुलभ कॉम्प्लेक्स से आय
3. निगम की पुरानी स्क्रेप व संपत्तियों के विक्रय से आय
4. कर्मचारियों को आवंटित आवास से प्राप्त किराया

सार्वजनिक उपक्रमों में लाभ की अवधारणा - सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा लाभार्जन करना एक विवाद का विषय रहा है। एक पक्ष इनके द्वारा अर्जित लाभ को राष्ट्रीय और आर्थिक दृष्टि से सही मानता है तो दुसरा पक्ष इनका लक्ष्य लोक कल्याण मानता है जो प्रजातांत्रिक व्यवस्था का मूल उद्देश्य है। अर्थशास्त्रियों की इस अंतहीन बहस के बाद यह स्वीकार किया जाने लगा है कि सार्वजनिक उपक्रमों के लिए न्यायोचित लाभ अर्जित करना आवश्क है। सार्वजनिक उपक्रमों के अस्तित्व को बनाये रखने और आर्थिक विकास के लिये इनका लाभार्जन करना आवश्यक है अन्यथा इन उपक्रमों का अस्तित्व लंबे समय तक नहीं रह पावेगा।

* सहायक प्राध्यापक, आर.डी.आर.के. जटिया महाविद्यालय, रामगंजमंडी (कोटा) भारत

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लागत-आगम एवं लाभालाभ विश्लेषण – निगम की लाभालाभ स्थिति का मंथन करने पर हम पाते हैं कि निगम अपने स्थापना वर्ष 1964-65 से वर्ष 1996-97 तक घाटे में नहीं रहा। वर्ष 1997-98 से इसके घाटे में जाने की शुरुआत हुई और लगभग 24 करोड़ का घाटा रोडवेज़ को इस वर्ष में हुआ। 20 वर्षों बाद अब रोडवेज़ 4672.64 करोड़ रुपये के घाटे में है। विशेष बात यह है कि रोडवेज़ ने वर्ष 1997-98 से वर्ष 2012-13 तक 16 वर्षों में 1683.93 करोड़ रुपये, वहीं पिछले 4 वर्षो (2013-14 से 2016-17 तक) में 2988.71 करोड़ रुपये का घाटा उठाया है, अर्थात् 16 वर्षों में जितने डुबे, 4 वर्षों में उससे अधिक का फटका रोडवेज़ को लगा है। 1169.76 करोड़ रुपये का सर्वाधिक घाटा वर्ष 2016-17 में हुआ। कहीं से कहीं तक निगम के लाभ में आने की संभावनाऐं दिखाई नहीं दे रही है। केवल एक दुसरे पर आरोपों की झड़ी ही लगी दिखाई देती है। रोडवेज़ प्रबंधन व सरकार इस दुर्दशा के लिये पूर्णरुपेण कर्मचारियों पर दोष मढ़ रही है वहीं कर्मचारी संगठन प्रबंधन व सरकार पर दोष लगाते हैं जबकि सत्य यह है कि दोनों समान रुप से दोषी हैं। सरकार के द्वारा जहाँ लोक परिवहन सेवा शुरु करने, राष्ट्रीयकृत मार्गो पर निजी बसों को परमिट देने से रोडवेज़ का यात्री भार गिरा है। नई बसों की खरीदी नहीं होने से पुरानी बसों के चलते उनका रख-रखाव व डीज़ल खर्च बढ़ा, वहीं दुसरी ओर कर्मचारियों की लापरवाही, विगत वर्षों में बार-बार कर्मचारी हड़तालें रोडवेज़ के ताबूत में अपनी कीलें ठोंक रहीं हैं।

निम्नलिखित तालिका निगम के साल दर साल घाटे के कलंक को उजागर करती है:-

Table 1 (See in below)

निष्कर्ष एवं सुझाव– उपर्युक्त विवेचन में निगम की लाभालाभ स्थिति का दर्दनाक चित्र सामने आया जो निगम के कार्यकलाप पर एक काला धब्बा है। निगम का वर्तमान अस्तित्व सरकार की उदारता पर ही टिका हुआ है। रोडवेज प्रबंधन, सरकार एवं कार्मिकों को एक समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर भीमकाय प्रयत्न करने की आवश्यकता है। निम्न सुझाव इस हेतु प्रभावकारी हो सकते हैं।

1. समग्री के क्रय भंडारण, निर्गमन एवं उपयोग की प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता अपनायी जाये। सामग्री क्रय पर निर्माता की गारंटी स्कीम का पूरा-पूरा लाभ निगम उठावे अर्थात् खराब होने पर इनका कम्पनी से प्रतिस्थापन हो जावे।
2. कार्मिकों की कार्यक्षमता, निष्ठा एवं श्रम उत्पादकता को बढाने के लिए समय-समय पर आवश्यक प्रशिक्षण दिया जावे। कार्मिकों के संघों के सम्मेलन में इनके कर्त्तव्यों की ओर भी ध्यान दिलाया जाये। यूनियन आए दिन की जाने वाली हड़तालों को शपथपूर्वक छोडें और ऐसे अवसरों पर निगम की चिन्ताजनक वित्तीय स्थिति पर भी खुलकर चर्चा निगम के अधिकारियों को करनी चाहिए।
3. उच्च प्रौद्योगिकी के यंत्रों जैसे Android online Ticket Machine] High Resolution Digital कैमरे का प्रयोग वाहनों में किया जाये जिससे परिचालकों पर नैतिक दबाव रह सकेगा।
4. उडनदस्तें निगम तथा वाहनों के बीच की कड़ी होते हैं किन्तु उडनदस्तों की कार्य उपलब्धि देखने पर काफी निराशा हाथ लगती हैं। इस दृष्टि से यह सुझाव है कि उडनदस्तों को मासिक लक्ष्य दिये जायें। निगम के उडनदस्ते में केवल रोडवेज कार्मिक ही नहीं बल्कि परिवहन विभाग व पुलिस सेवा का कार्मिक भी साथ होना चाहिए।
5. निगमको एक विशेष कार्यक्रम चलाकर आगारों एवं कार्यशालाओं में जो अपार अवशिष्ट सामग्री, वाहनों के पुराने टूटे ढांचे, पुराने टायर, पार्टस्, बैट्रियाँ, लोहे की भंगार आदि पड़े हुए हैं, उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।
6. विशेष रूप से नगरों व महानगरो में निगम स्वामित्व की काफी भूमि अनुपयोगी स्थितिमें हैं। प्रत्येक आगार का भौतिक निरीक्षण कर रिक्त भूमि के वैकल्पिक उपयोग पर विचार की आवश्यकता है।

विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता व सक्षमता का उच्च स्तर सुनिश्चित करने के लिए 'शिक्षक शिक्षा' एक अनिवार्य आवश्यकता है, क्योंकि शिक्षक, विद्यार्थियों के जीवन में सुधार करने वाले महत्वपूर्ण काकर होते हैं और विकासोन्मुख शिक्षा की प्रक्रिया में उल्लेखनीय भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षक यदि अपने काम में दक्ष व प्रतिबद्ध हैं और यदि वे कक्षा, विद्यालय व समुदाय में अपने सही भूमिका के निर्वाह में पेशेवर ढंग से सक्षम है, तो वे सकारात्मक प्रभाव की एक श्रृंखला–प्रतिक्रिया की शुरूआत कर सकते हैं। शिक्षक की गुणवत्ता का सीधा प्रभाव शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ता है। इसलिए विश्व के सभी देश अपने अध्यापकों को उचित महत्व तथा सम्मान देने के साथ ही गुणवान अध्यापकों को तैयार करने के लिए अध्यापक शिक्षा की व्यवस्था का उचित प्रबन्ध कर रहे हैं। अध्यापक शिक्षा में गुणात्मक परिवर्तन लाना एक चुनौती भरा कार्य है। विकास के लिए गुणात्मक शिक्षा सभी विद्यालयों में उपलब्ध कराना आवश्यक है। गुणवान शिक्षक तैयार करने के लिए अध्यापक शिक्षा व्यवस्था में, इसके पाठ्यक्रम में तथा व्यावसायिक शिक्षा में एक आमूलचूल परिवर्तन आवश्यक है। शिक्षकों में दक्षता विकास के साथ–साथ उनमें प्रतिबद्धता व काम करने का उत्साह होना अत्यावश्यक है। एक युवा शिक्षक न केवल शिष्यों के लिये वरन् पूरे समाज, देश व राष्ट्र के लिए एक प्रतिबद्ध व समर्पित व्यक्ति के रूप में कार्य करते हुए, जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करते हुए, विकास की ओर अग्रेषित होता है।

शिक्षक एक व्यावसायिक कार्य करने वाला व्यक्ति होता है, उसे गहन एवं प्रभावी प्रशिक्षण प्राप्त होता है जिसके आधार पर उसका प्रदर्शन निर्धारित होता है। शिक्षक के लिए व्यावसायिक दक्षताओं को अर्जित करना अति आवश्यक है। ये व्यावसायिक दक्षताएँ व सेवापूर्व प्रशिक्षण के समय प्राप्त करता है तथा उसका उपयोग सेवाकाल में करता है। प्राय: यह देखा गया है कि सिर्फ दक्षताओं से ही उनके प्रदर्शन में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाता। सिर्फ व्यावसायिक दक्षता और व्यावहारिक कार्य कौशल से ही यह सुनिश्चित नहीं हो जाता है कि शिक्षक का प्रदर्शन प्रभावी होगा। प्रशिक्षित अध्यापकों का कक्षा या विद्यालय में प्रदर्शन उनकी प्रतिबद्धता पर भी उतना ही निर्भर करता है जितना उनकी योग्यता पर। परिणामस्वरूप बेहतर ढंग से प्रशिक्षित व प्रभावशील शिक्षक उन्हें ही माना जा सकता है। जो दक्ष होने के साथ ही प्रतिबद्ध हों तथा उनका प्रदर्शन व्यावसायिक हो। संक्षेप में कहें, तो अध्यापक की दक्षता प्रतिबद्धता तथा प्रदर्शन ऐसे पहलू हैं जो आपस में संबंधित होते हैं तथा एक दूसरे पर प्रभाव डालते हैं।

यदि उक्त उद्देश्यों की पूर्ति पूर्णत: होती है तो निसंदेह इसकी परिणति उच्च कोटि की व्यवसायिकता में होगी और यदि उसकी मूल भावना के अनुरूप क्रियान्वयन होता है तो इससे वांछित कौशल, प्रकृति और मूल्यों का विकास होगा।

अभिक्षमता से तात्पर्य व्यक्ति के उस रूझान, रूचि योग्यता से है जो किसी विशिष्ट कार्य पाठ्यक्रम या व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक व महत्वपूर्ण होती है। यहाँ अभिक्षमता तथा कुशलता (दक्षता) के बीच में अन्तर समझ लेना जरूरी है। कुशलता से तात्पर्य किसी दिये कार्य को सुगमता तथा परिशुद्धता से करने की योग्यता से होता है। दक्षता शब्द का अर्थ भी बहुत कुछ यह है, परन्तु यह कुशलता से अधिक व्यापक है। दक्षता में न केवल कुछ गायक व हस्त क्रियाओं में कुशलता सम्मिलित रहती है, वरन अन्य क्रियाओं में कुशलता, जैसे–भाषा, इतिहास, अर्थशास्त्र, गणित, विज्ञान आदि में व्यक्ति की योग्यताएँ सन्निहित रहती है। अभिक्षमता से अभिप्राय उपयुक्त परिस्थितियाँ में किसी क्षेत्र विशेष में दक्षता अर्जित

* शोधार्थी, मेवाड विश्वविद्यालय, गंगरार, चित्तौड्गढ (राज.) भारत
** एसोसिएट प्राध्यापक (शिक्षा) मेवाड विश्वविद्यालय, गंगरार, चित्तौड्गढ (राज.) भारत
*** प्राचार्य, मेवाड महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, चित्तौड्गढ(राज.) भारत

करने की क्षमता से होता है। दूसरे शब्दों में अभिक्षमता किसी क्षेत्र विशेष में सफलता प्राप्त करने का पूर्व कथन करने वाली मूलभूत योग्यता को इंगित करती है। सामान्यत: इसका उपयोग दो तरह से होता है-

1. जब हम यह कहें कि अमुक व्यक्ति के अन्दर कला के प्रति महान क्षमता है, तो इसका अर्थ यह होता है, कि उस व्यक्ति के अन्दर कई मायनों में ज्यादा योग्यता है जो उसे कलात्मक क्रिया कलापों में सफल बना सकती है।

2. जब हम यह कहें कि एक व्यक्ति में अभिक्षमता की कमी है, तो इसका तात्पर्य यह है कि उसमें इस विशिष्ट योग्यता की कमी है, जो कि विभिन्न पेशों के लिए महत्वपूर्ण है। पहले के सन्दर्भ में अभिक्षमता शब्द का प्रयोग इकाई सम्बन्धी विशेष लक्षण की ओर निर्दिष्ट नहीं करता है, न ही किसी प्रकार के अस्तित्व का, लेकिन वस्तुत: यह लक्षण और योग्यता/क्षमता का संसर्ग है, जिसका परिणाम बतलाता है, कि व्यक्ति कुछ विशिष्ट प्राकर के पेशा और क्रिया-कलापों हेतु योग्य है। बाद में प्रकरण में शब्द अभिक्षमता का अभिप्राय पृथक विशेष लक्षण के विचारों को प्रेषित करना, जो कि विभिन्न प्रकार के पेशा, क्रिया-कलापों में महत्वपूर्ण हैं। अभिक्षमता की दोनों धारणाओं का व्यवसाय में महत्व है। यद्यपि अर्थ स्पष्ट होना चाहिए। सामान्य रूप से उपदेशक व्यक्गित पेशा और व्यवसाय में महत्व है। यद्यपि अर्थ स्पष्ट होना चाहिए। सामान्य रूप से उपदेशक व्यक्तिगत पेश और व्यवसाय के सम्बन्ध में विचार करते हैं इसीलिए इस शब्द का प्रयोग संकीर्ण वैज्ञानिक अर्थों में उपयोग करते हैं।

यहाँ अभिक्षमता का प्रयोग संकीर्ण अर्थों में किया गया है। यहाँ अभिक्षमता को योग्यता सम्बन्धों के रूप में विचार किया गया है न कि योग्यता, क्षमता, पेशा सम्बन्धी विद्धता आदि धारणाओं के रूप में।

कोई भी व्यक्ति जो शिक्षक बनना चाहता है, उसे अपने विषय एवं उसकी पाठ्यक्रम में स्थिति के अलावा शिक्षा के उद्देश्य एवं शिक्षा की प्रक्रिया की जानकारी होना आवश्यक है। मान लिया जाये कि कोई व्यक्ति, जो अध्ययन करता है तो उसे पढ़ता है और ग्रहण करता है, लेकिन प्रश्न यह उठता है कि क्या वह अन्य कोई अच्छी तरीके से पढ़ा भी सकता है? यह अभिक्षमता तब प्रदर्शित होती है जब उसका सहपाठी मदद के लिए आता है तब यदिवह उन कठिन बिन्दुओं को स्पष्ट करने में आनन्द महसूस करता है और अपने सहपाठी को अच्छे तरीके से समझता है और साथी को अच्छी तरह समझ में आ भी जाता है तब ही यह कहा जा सकता है कि उसमें सम्भवत शिक्षण अभिक्षमता है।

'अभिक्षमता' शब्द का विभिन्न क्षेत्रों एवं विषयों में उपयोग किया जाता है। शिक्षा जगत में शिक्षकों की अभिक्षमता का अनुमान शिक्षक-प्रशिक्षण प्राप्त करने से पूर्व एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् शिक्षकों की क्षमता में आए परिवर्तन से लगाया जाता है।

भारत देश के साथ-साथ विश्व के अन्य देशों के शिक्षाविदों ने यह माना है और प्रयोगों द्वारा यह सिद्ध हुआ है कि प्रशिक्षण द्वारा शिक्षकों की अभिक्षमता में वृद्धि होती है।

अध्यापक शिक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं प्रशिक्षणों के द्वारा शिक्षकों की व्यावसायिक तैयारी का स्तर इस तथ्य से माजा जा सकता है कि प्रशिक्षित अध्यापक कितने योग्य व्यावसायिक व्यक्ति हैं तथा वे शिक्षण कार्य को कितनी दक्षता एवं संतुष्टि के साथ करते हैं।

समस्या कथन - 'माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षण अभिक्षमता का अध्ययन'

शोध उद्देश्य - प्रस्तुत शोध विषय के निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये हैं :

- राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के शिक्षण अभिक्षमता का अध्ययन करना।

परिकल्पना :

- राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के शिक्षण अभिक्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

अध्ययन विधि - प्रस्तुत अध्ययन में शोधार्थी द्वारा 'सर्वेक्षण विधि' का प्रयोग किया हैं।

प्रतिदर्श - प्रस्तुत शोध अध्ययन में न्यादर्श हेतु राजस्थान राज्य के प्रातापगढ़ जिले से राजकीय माध्यमिक स्तर पर कार्यरत शिक्षक तथा शिक्षिकाओं को सम्मिलित किया गया है। इस हेतु सम्पूर्ण जनसंख्या मेंसे स्तरीकृत याद्दछिक न्यादर्श विधि से 100-100 शिक्षक-शिक्षकाओं का चयन किया गया है।

उपकरण - प्रस्तुतशोध अध्ययन में शोधकर्ताद्धारा स्वनिर्मित उपकरण प्रयुक्त किया गया है।

- अध्यापन अभिक्षमता - डॉ. आर.पी. सिंह एवं डॉ. एस.एन शर्मा

शोध की परिसीमन - प्रस्तुत शोध में निम्न प्रकार से शोध का परिसीमन किया गया है-

1. शोध को केवल राजस्थान राज्य के प्रातापगढ़ जिले तक ही सीमित किया गया है।
2. प्रस्तुत शोध केवल माध्यमिक विद्यालयों तक ही सीमित किया गया है।

विश्लेषण एवं व्याख्या :

- राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के शिक्षण अभिक्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

तलिका 1 : राजकीय विद्यालयों के शिक्षिकाएँ तथा शिक्षकों की मानसिक योग्यता अध्यापन अभिक्षमता सम्बन्धी प्रदत्तों के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-मूल्य

लिंग	संख्या (N)	मध्यमान	मानक विचलन	टी-मूल्य df=198
शिक्षिका	100	27.82	2.13	0.23^{NS}

NS = सार्थक नहीं है

उपर्युक्त तालिका 1 के अवलोकन से स्पष्ट है कि शिक्षिकाएँ एवं शिक्षकों के अध्यापन अभिक्षमता के प्रथम खण्ड की मानसिक योग्यता से सम्बन्धित प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमश: 27.82 एवं 27.75 प्राप्त हुआ है एवं प्राप्त सम्बन्धित मानक विचलन क्रमश: 2.13 एवं 2.15 है। मध्यमानों से यह विदित होता है कि शिक्षिकाओं की तुलना में शिक्षकों की मानसिक योग्यता अभिक्षमता अधिक है। स्वतंत्रता स्तर 198 पर 'टी' मूल्य का द्वि पक्षीय (two tailed) गणितीय मान 0.23 है जो 'टी' तालिका के 0.05 सार्थकता स्तर के मान 1.97 से कम है, अत: शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों की मानसिक योग्यता से सम्बन्धित अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

तालिका 2 : राजकीय विद्यालयों के शिक्षिकाएँ तथा शिक्षकों की बच्चों के प्रति अभिवृत्ति अध्यापन अभिक्षमता सम्बन्धी प्रदत्तों के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-मूल्य

लिंग	संख्या (N)	मध्यमान	मानक विचलन	टी-मूल्य df=198
शिक्षिका	100	85.59	2.97	0.36^{NS}
शिक्षक	100	85.74	2.91	

NS= सार्थक नहीं है

उपर्युक्त तालिका 2 के अवलोकन से स्पष्ट है कि शिक्षिकाएँ एवं शिक्षकों के अध्यापन अभिक्षमता के द्वितीय खण्ड की बच्चों के प्रति अभिवृत्ति से सम्बन्धित प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमश: 85.59 एवं 85.74 प्राप्त हुआ है एवं प्राप्त सम्बन्धित मानक विचलन क्रमश: 2.97 एवं 2.91 है। मध्यमानों से यह विदित होता है कि शिक्षिकाओं की तुलना में शिक्षकों की बच्चों के प्रति अभिवृत्ति अभिक्षमता अधिक है। स्वतंत्रता स्तर 198 पर 'टी' मूल्य का द्वि पक्षीय (two tailed) गणितीय मान 0.36 है जो 'टी' तालिका के 0.05 सार्थकता स्तर के मान 1.97 से कम है, अत: शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों की बच्चों के प्रति अभिवृत्ति से सम्बन्धित अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

तालिका 3 : राजकीय विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की अनुकूलता अध्यापन अभिक्षमता सम्बन्धी प्रदत्तों के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-मूल्य

लिंग	संख्या (N)	मध्यमान	मानक विचलन	टी-मूल्य df=198
शिक्षिका	100	23.81	2.12	1.13^{NS}
शिक्षक	100	24.15	2.11	

NS = सार्थक नहीं है

उपर्युक्त तालिका 3 के अवलोकन से स्पष्ट है कि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अध्यापन अभिक्षमता के तृतीय खण्ड की बच्चों के प्रति अभिवृत्ति से सम्बन्धित प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमश: 24.15 एवं 23.81 प्राप्त हुआ है एवं प्राप्त सम्बन्धित मानक विचलन क्रमश: 2.11 एवं 2.12 है। मध्यमानों से यह विदित होता है कि शिक्षिकाओं की तुलना में शिक्षकों की अनुकूलता अभिक्षमता अधिक है। स्वतंत्रता स्तर 198 पर 'टी' मूल्य का द्वि पक्षीय (two tailed) गणितीय मान 1.13 है जो 'टी' तालिका के 0.05 सार्थकता स्तर के मान 1.97 से कम है, अत: शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की अनुकूलता से सम्बन्धित अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

तालिका 4 : राजकीय विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की व्यावसायिक सूचनाओं के अध्यापन अभिक्षमता सम्बन्धी प्रदत्तों के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-मूल्य

लिंग	संख्या (N)	मध्यमान	मानक विचलन	टी-मूल्य df=198
शिक्षिका	100	24.19	1.84	0.61^{NS}
शिक्षक	100	24.02	2.08	

NS= सार्थक नहीं है

उपर्युक्त तालिका 4 के अवलोकन से स्पष्ट है कि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अध्यापन अभिक्षमता के चतुर्थ खण्ड की व्यावसायिक सूचनाओं से सम्बन्धित प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमश: 24.02 एवं 24.19 प्राप्त हुआ है एवं प्राप्त सम्बन्धित मानक विचलन क्रमश: 2.06 एवं 2.06 है। मध्यमानों से यह विदित होता है कि शिक्षकों की तुलना में शिक्षिकाओं की व्यावसायिक सूचना अभिक्षमता अधिक है। स्वतंत्रता स्तर 198 पर 'टी' मूल्य का द्वि पक्षीय (two tailed) गणितीय मान 0.61 है जो 'टी' तालिका के 0.05 सार्थकता स्तर के मान 1.97 से कम है, अत: शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की व्यावसायिक सूचनाओं से सम्बन्धित अभिक्षमता में सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

तालिका 5 : राजकीय विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की व्यावसायिक रूचियोंके अध्यापन अभिक्षमता सम्बन्धी प्रदत्तों के मध्यमान, मानक विचलन एवं टी-मूल्य

लिंग	संख्या (N)	मध्यमान	मानक विचलन	टी-मूल्य df=198
शिक्षिका	100	9.81	1.19	3.76**
शिक्षक	100	9.18	1.16	

0.01 = सार्थक है

उपर्युक्त तालिका 5 के अवलोकन से स्पष्ट है कि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अध्यापन अभिक्षमता के पंचम खण्ड की व्यावसायिक रूचियों से सम्बन्धित प्राप्तांकों का मध्यमान क्रमश: 9.18 एवं 9.81 प्राप्त हुआ है एवं प्राप्त सम्बन्धित मानक विचलन क्रमश: 1.16 एवं 1.19 है। मध्यमानों से यह विदित होता है कि शिक्षकों की तुलना में शिक्षिकाओं की व्यावसायिक रूचियों अभिक्षमता अधिक है। स्वतंत्रता स्तर 198 पर 'टी' मूल्य का द्वि पक्षीय (two tailed) गणितीय मान 3.76 है जो 'टी' तालिका के 0.01 सार्थकता स्तर के मान 2.60 से अधिक है, अत: शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की व्यावसायिक रूचियों से सम्बन्धित अभिक्षमता में सार्थक अन्तर पाया गया है।

अत: आंकडों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि शिक्षकों तथा शिक्षिकाओं की अध्यापन अभिक्षमता में अन्तर आंशिक रूप से पाया जाता है।

निष्कर्ष

1. राजकीय विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की अध्यापन अभिक्षमता के क्षेत्र मानसिक योग्यता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
2. राजकीय विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की अध्यापन अभिक्षमता के क्षेत्र बच्चों के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
3. राजकीय विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की अध्यापन अभिक्षमता के क्षेत्र अनुकूलता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
4. राजकीय विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की अध्यापन अभिक्षमता के क्षेत्र व्यावसायिक सूचनाओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
5. राजकीय विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं की अध्यापन अभिक्षमता के क्षेत्र व्यावसायिक रूचियों में राजकीय विद्यालयों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं में सार्थक अन्तर है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. अगालिटिस, प. औ. (2008), शिक्षकों की अध्यापन अभिक्षमता व कार्यस्थल पर तनाव का अध्ययन
2. एसएस, ट. औ. (2011), अध्यापकों के सेवाकाल के अन्तरगत व सेवा के उपरांत अनुभवों का अध्ययन
3. कुमारी, उ. (2002), उच्च शिक्षण अभिक्षमता के भावी अध्यापकों की पहचान तथा व्यवहार प्रतिमानों का अध्ययन, वनस्थली विद्यापीठ, डीम्ड विश्वविद्यालय (1)
4. कोराकेंट, ह. औ. (2011), विद्यार्थी व अध्यापक के शिक्षण क्षमता और पढ़ाने लिखने के संबंधों का अध्ययन
5. पाई, प. (1995), छात्राध्यापकों की आकांक्षा, अभिक्षमता एवं अभिवृत्ति पर सूक्ष्म शिक्षण एवं परंपरागत अध्यापक प्रशिक्षण प्रविधि के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन, बेंगलौर

6. पाटिल, ज. ज. (1996), शिक्षक प्रशिक्षण प्रशिक्षणार्थियों की शिक्षण अभियोग्यता एवं शिक्षण अभिक्षमता के संबंधों का महाराष्ट्र स्नातक कौंसिल शिक्षक अनुसन्धान और प्रशिक्षण,इंडियन एजुकेशन रिसर्च, 1996 जुलाई 1. 23, 182
7. माथुर, इ. (1997), शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में अध्ययनरत सामान्य व अनुसूचित जाती के छात्राध्यापकों की अध्ययन व्यसाय के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन, जयपुर: राजस्थान युनिवर्सिटी, जयपुर
8. मीरा, ए. (1988), अध्यापन अभिक्षमता व अध्यापन व्यवहार के बीच संबंधों का अध्ययन, बेंगलौर: अविनाश सिंग्हम संस्थान एच एस उच्च शिक्षण
9. विट रूमयेत व अन्य, (2010). शिक्षकों की स्वाकार्य कुशलता व शिक्षण अभिक्षमता का अध्ययन
10. लिविन्ग्या, (19994), विद्यालयी अध्यापकों पर कार्यक्षमता व कार्य संतुष्टि का अध्ययन
11. विक्टोरिया, न. अ. (2002), सामान्य शैक्षिक विकास प्रमाण पत्र का सामाजिक मूल्य शिक्षक व शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों की अभिक्षमतओं के विकास का अध्ययन

****

नवीकरणीयसंसाधन और धारणीत विकास

डॉ. मनीष जैन *

शोध सारांश – प्रस्तुत अध्ययन ऊर्जा के नवीकरणीय संसाधनों के अधिकतम विवेकशील उपयोग और जल संरक्षणके महत्व पर प्रकाश डालता हैं। इस शोध पत्र में तुलनात्मक रूप से नवीकरणीय संसाधनों और गैर नवीकरणीय संसाधनों का अध्ययन किया गया हैं। तथा नवीकरणीय संसाधनों के लाभों को जानने का प्रयास किया गया हैं। अध्ययन में बारह ऐसे भवनों को शामिल किया गया हैं जहाँ जल पुनर्भरण और सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल भविष्य की आवश्यकाता की पूर्ति के लिए किया जा रहा हैं वरन् पर्यावरण संरक्षण पर भी ध्यान दिया जा रहा हैं। वहीं बारह और ऐसे भवनों को शामिल किया गया हैं जहाँ न तो नवीकरणीय संसाधनों और ना ही जल संरक्षण के लिए कोई प्रयास किये गये हैं। दोनों तरह के भवनों अध्ययन में यह पाया गया कि गर्मी के दिनों में गैर जल संरक्षण करने वाले भवनों में जल संकट होता हैं तथा गैर सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाले भवनों में विघुत बिल अधिक आता हैं जबकि सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाले भवनों में विघुत बिल कम आता हैं। साथ ही साथ नवीकरणीय संसाधनों और जल संरक्षण को अपना कर पर्यावरण को भी संरक्षित किया जा रहा हैं।

कुंजी शब्द – नवीकरणीय, संसाधन, जल पुनर्भरण, सौर ऊर्जा धारणीत विकास, पर्यावरण।

प्रस्तावना – प्रकृति जीवन स्त्रोत है, जो अनादिकाल से पृथ्वी पर मानव एवं सम्पूर्ण जीवजगत को न केवल प्रश्रय देती रही है अपितु उसके विकास के प्रारम्भिक काल से वर्तमान तक अस्तित्व में बनाए रखने का आधार रही है। भविष्य का जीवन भी इसी पर निर्भर करता है।

मानव अपनी विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रकृति पर निर्भर रहा है। जब तक प्रकृति के सहयोग से मानव अपनी आवश्यकताओं की आपूर्ति करता रहा, तब तक पर्यावरण और पारिस्थितिकी सन्तुलित रहे, किन्तु मानव एवं पारिस्थितिकीय अन्तर्सम्बन्धों की असंगत प्रक्रिया ने पर्यावरण असन्तुलन को जन्म दिया है। वर्तमान तथा गत शताब्दियों में आर्थिक विकास का एक ऐसा चित्र उभरकर सामने आया है, जिसने मानव समाज के सम्मुख भोजन, शुद्ध जल एवं वायु तथा समुतिच आवास आदि अनेक समस्याएँ उत्पन्न कर दी है। गत वर्षो में प्राकृतिक संसाधनों का ह्रास ही चरम सीमा पर नहीं पहुँचा, बल्कि अनेक प्राकृतिक संसाधन एवं जैव सम्पदा समाप्ति की अन्तिम सीमा पर पहुँच गई है। आज विकास का अन्तिम उम्पाद प्रकृति के विनाश के रूप में प्रकट हो रहा है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र प्राथमिक समंक एवं द्वितीय समंक पर आधारीत हैं तथा समंकों का संकलन प्रश्नावली भरवाकर किया गया हैं। शोध में प्रतिशत विधि, विश्लेषण एवं निष्कर्ष निकाने हेतू प्रयोग की गई हैं।

उद्देश्य :

1. धारणित विकास की अवधारणा से समाज को परिचित कराना।
2. जल पुनर्भरण के लाभों को अध्ययन करना।
3. सौर उर्जा के लाभों का अध्ययन करना।
4. जनसाधारण को नवीकरणीय स्त्रोंतों के लाभों से अवगत कराना।

शोध परिकल्पना :

H_0 : जल पुनर्भरण एवं सौर ऊर्जा की उपयोगीता के प्रति जनसाधारण जागरूक नहीं हैं।

साहित्य समीक्षा – 1960 ई. के दशक के अन्त तक सामान्यत: यह माना जाता था कि वातावरणीय संरक्षण तथा विकास एक–दूसरे के विलोम है। दूसरे शब्दों में, वातावरण को क्षति पहुँचाए बिना विकास असम्भव है। यदि विकास करना है तो वातावरण की गुणवत्ता के रूप में उसकी कीमत चुकानी होगी, परन्तु अब यह अनुभव किया जाने लगा है, दोनों एक दूसरे के विलोम या विरोधी नहीं, वरन् अनुगामी है।

संयुक्त राष्ट्र संघीय पर्यावरण कार्यक्रम (U.N.E.P) पूर्व महासचिव मुस्तफा कमाल तोल्वा का मत है कि 'वातावरण संरक्षण के बिना विकास नहीं हो सकता और विकास के बिना वातावरण संरक्षण नहीं हो सकता।'

अस्थिर से असन्तुलित या असंपोषित विकास के बजाय सुस्थिर विकास के बारे में पर्यावरण तथा विकास के विश्व आयोग ने अपने विचारक निम्न प्रकार स्पष्ट किए है–

'स्थायी विकास वह विकास है जो वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति हेतू भविष्य की पीढी. की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ समझौता नहीं करता है।'

डब्ल्यू.सी.ई.डी प्रतिवेदन के अनुसार, 'स्थायी विकास से आषय ऐसे विकास से है जिसमें वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति भविष्य की पीढ़ीयों की आवश्यकताओं की पूर्ति की क्षमताओं के साथ समझौता किए बिना की जाती है।'

विस्तृत व्याख्या : विश्लेषण

जल संकट कारण / पुनर्भरण	गर्मीयों में	कम वर्षा वाले वर्ष में	अन्य	नहीं	योग
हां	0	0	1	11	12
नहीं	9	3	0	0	12
योग	**9**	**3**	**1**	**11**	**24**

* उप-प्राचार्य, एक्रोपॉलिस इंस्टीट्युट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एण्ड रिसर्च, इन्दौर (म.प्र.) भारत

24 में से 13 भवनों में जल संकट की समस्या है और 11 में नहीं। कारण की जहाँ जल पुनर्भरण की व्यवस्था की गई थी ऐसे 12 भवनों में से केवल एक भवन में अन्य कारणों से जल संकट उत्पन्न होता हैं बाकी 11 भवनों में जल संकट उत्पन्न नहीं होता हैं। अत: यह कहा जा सकता हैं की जल पुनर्भरण अपनाने सेजल संकट से लगभग 92 प्रतिशत तक जल संकट उत्पन्न नहीं होता हैं।

गर्मीयों में जिन 12 भवनों में जल पुनर्भरण की व्यवस्था नहीं है, उनमें से 75 प्रतिशत भवनों में जल समस्या उत्पन्न होती है तथा कम वर्षा वाले वर्ष में 25 प्रतिशत भवनों में जल समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे 12 भवन जिनमें जल पुनर्भरण की व्यवस्था है उनमें से केवल 8 प्रतिशत भवनों में अन्य कारणों से जल संकट उत्पन्न होता है। कारण जानने पर ज्ञात हुआ कि जल समस्या तब उत्पन्न होती है जब परिवार में मेहमानों के आगमन से सदस्य संख्या अधिक हो जाती है।

निवास अवधि वर्ष / पुनर्भरण	0-5	5-10	10-15	15 से अधिक	योग
हां	5	4	2	1	12
नहीं	0	0	2	10	12
योग	**5**	**4**	**4**	**11**	**24**

उपरोक्त तालिका के अध्ययन से यह स्पष्ट होता हैं कि पिछले दस वर्षो में तैयार हुए भवनों में जल पुनर्भरण की दिशा में विशेष जोर दिया गया है तथा जल संग्रहण के महत्व को समझा जा रहा हैं। जल पुनर्भरण अपनाने वाले 12 भवनों में 42 प्रतिशत भवन पाँच वर्ष से अधिक पुराने नहीं हैं, वहीं 75 प्रतिषत भवन दस वर्ष से अधिक पुराने नहीं हैं तथा 92 प्रतिशत भवन पंद्रह वर्ष से पुराने नहीं हैं। केवल 8 प्रतिशत भवन ही 15 वर्ष से अधिक पुराने है। यहाँ ध्यान देने योग्य बात यह है कि जिन 12 भवनों में जल पुनर्भरण की व्यवस्था नहीं हैं, उनमें से 83 प्रतिशत भवन 15 वर्ष से अधिक पुराने है तथा 13 प्रतिशत भवनों को भी बने हुए दस से पंद्रह वर्ष हो चुके हैं। उपरोक्त विशलेषण से हम यह कह सकते हैं कि जल पुनर्भरण का महत्व पिछले दस वर्षों में अधिक बड़ गया हैं तथा लोगों ने इस अपना हैं।

सौर ऊर्जा से लाभ / सौर ऊर्जा	गर्म पानी	विघुत सुविधा	नहीं	योग
हां	8	3	1	12
नहीं	0	0	12	12
योग	**8**	**3**	**13**	**24**

24 भवनों में से लगभग 46 प्रतिशत भवनों में सौर उर्जा का प्रयोग किया जाता है।

इन46 प्रतिशत भवनों में 33 प्रतिशत भवनों में गर्म पानी की सुविधा का लाभ लिया जाता है तथा13 प्रतिशत भवनों में विधुत उर्जा का लाभ भी लिया जाता है।

इन 11 भवनों में सौर उर्जा के उपयोग से न केवल धन और कर की बचत होती है अपितू पर्यावरण भी सुरक्षित होता है।

केवल एक समस्या इन 11 भवनों में होती है कि वर्षा ऋतु में सूर्य का पर्याप्त प्रकाश उपलब्ध न होने के कारण गर्म पानी नहीं मिल पाता है।

निवास अवधि एवं जल पुनर्भरण व्यवस्था

निवास अवधि वर्ष / पुनर्भरण	0-5	5-10	10-15	15 से अधिक	योग
हां	5	4	2	1	12
नहीं	0	0	2	10	12
योग	**5**	**4**	**4**	**11**	**24**

उपरोक्त तालिका के अध्ययन से यह स्पष्ट होता हैं कि पिछले दस वर्षो में तैयार हुए भवनों में जल पुनर्भरण की दिशा में विशेष जोर दिया गया है तथा जल संग्रहण के महत्व को समझा जा रहा हैं। जल पुनर्भरण अपनाने वाले 12 भवनों में 42 प्रतिशत भवन पाँच वर्ष से अधिक पुराने नहीं हैं, वहीं 75 प्रतिषत भवन दस वर्ष से अधिक पुराने नहीं हैं तथा 92 प्रतिशत भवन पंद्रह वर्ष से पुराने नहीं हैं। केवल 8 प्रतिशत भवन ही 15 वर्ष से अधिक पुराने है। यहाँ ध्यान देने योग्य बात यह है कि जिन 12 भवनों में जल पुनर्भरण की व्यवस्था नहीं हैं, उनमें से 83 प्रतिशत भवन 15 वर्ष से अधिक पुराने है तथा 13 प्रतिशत भवनों को भी बने हुए दस से पंद्रह वर्ष हो चुके हैं। उपरोक्त विशलेषण से हम यह कह सकते हैं कि जल पुनर्भरण का महत्व पिछले दस वर्षों में अधिक बड़ गया हैं तथा लोगों ने इस अपना हैं।

समस्या :

- जल पुनर्भरण तथा सौर ऊर्जा हेतू प्रारंभ में अधिक पूंजी निवेश करना होता हैं, इस कारण नया मकान बनवाते समय लोग इस से बचते हैं।
- लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता की कमी हैं।
- इस दिशा में सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयास विफल होना भी एक समस्या है।

सुझाव :

- लोग को पर्यावरण के प्रति जागरूकता किया जाना चाहिए।
- जल पुनर्भरण तथा सौर ऊर्जा के लाभों एवं महत्व को जन साधारण तकसरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों के माध्यम से शीध्रता से पहुँचाना चाहिए।
- ठोस कानून बनाने की आवश्यकता है, ताकि नये भवनों के निर्माण के वक्त ही जल पुनर्भरण व्यवस्था तथा सौर ऊर्जा व्यवस्था अनिवार्य रूप से अपनाई जा सके।
- पर्यावरण संरक्षण सम्बन्धी कानूनों को सख्ती के साथ अमल में लाना चाहिए।
- जल पुनर्भरण एवं सौर ऊर्जा की उपयोगीता सरकार द्वारा कर में भी रियायत दी जाती हैं, इस का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए।

निष्कर्ष - उपरोक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट हो जाता है कि पिछले दस वर्षों में लोगों में जल पुनर्भरण एवं सौर ऊर्जा की उपयोगीता के प्रति जागरूक बड़ी हैं। कुल अध्ययन की 24 इकाईयों में से 37.5 प्रतिशत भवनों में जल पुनर्भरण को अपनाया हैं और 46 प्रतिशत इकाईयों में सौर ऊर्जा के उपकरण लगवाकर गैर नवीकरणीय ऊर्जा की बचत की हैं साथ ही धन एवं कर में भी बचत की हैं। अतएव हमारी शून्य परिकल्पना 'जल पुनर्भरण एवं सौर ऊर्जा की उपयोगीता के प्रति जनसाधारण जागरूक नहीं हैं।' स्वत: ही अस्वीकार हो जाती है। जनसाधारण में जल पुनर्भरण एवं सौर ऊर्जा की उपयोगीता के

प्रति जागरूक बड़ी हैं। धारणीत विकास के लिये यह आवश्यक हैं कि वर्तमान पीढ़ी भविष्य की पीढ़ी के लिए आज स्वयं जागरूक हो। तभी पर्यावरण को नुकसान पहुँचाये बिना विकास के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. मिलिन्द कोठारी, पर्यावरण अध्ययन,2016, आर.बी.डी. पब्लिशिंग हाऊस (यूनिट ऑफ रमेश बुक डिपो) जयपुर, नई दिल्ली।
2. डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. अनीस सिद्दकी एवं पंकज शर्मा, पर्यावरण अध्ययन, देवी अहिल्या प्रकाशन, इन्दौर।
3. डॉ. वसीम अहमद खान, पर्यावरण प्रदूषण और संरक्षण।
4. डॉ. दीनानाथ शुक्ल, डॉ. वंदना श्रीवास्तव, डॉ. नारायण, पर्यावरण अध्ययन समस्यायें एवं निदान।
5. दामोदर शर्मा, हरिश्चंद्र व्यास, आधुनिक जीवन और पर्यावरण।
6. के.एल. तिवारी, एस.के.जाधव, पर्यावरण विज्ञान।

****

आकाशवाणी राँची से प्रसारित नागपुरी नाटक का संक्षिप्त परिचय

कोरनेलियुस मिंज *

प्रस्तावना – झारखंड में नाटक खेलने और देखने की एक सुदीर्घ परम्परा रही है, परंतु पोशक तत्वों के अभाव में यह परम्परा मरणासन्न तक चली गई थी। आकाशवाणी राँची केन्द्र की स्थापना से इस क्षेत्र की नाट्य प्रतिभाओं को दुर्लभ अवसर प्राप्त हो सका। रेडियो नाटक के क्षेत्र में यहाँ के कलाकारों को अपनी लेखकीय तथा अभिनय क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ। आकाशवाणी के द्धारा सभी कार्यक्रमों के लिए पारिश्रमिक का भुगतान किया जाता है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई। आकाशवाणी राँची की स्थापना 27 जुलाई 1957 ई. को हुई। आकाशवाणी केंद्र की स्थापना से छोटानागपुर के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा-साहित्य के विकास को गति मिली। नागपुरी साहित्य की बात करें तो इसके योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। साहित्य के नाटक विधा को आगे बढ़ाने में आकाशवाणी राँची की बड़ी भूमिका रही है। इसके पहले नागपुरी साहित्य जगत में नाटक लेखन और मंचन का बहुत ही सीमित दायरा था। नागपुरी का पहला गीति नाट्य नारद मोह लीला 1956 ई. में प्रकाशित हुई। जिसे सहनी उपेंद्र पाल नहन ने लिखा है। इसके पूर्व तीन कौड़ी साहू ने 1950 ई. से नागपुरी नाटकों को मंचित कराना प्रारंभ किया था, इसके बावजूद छिटपुट नागपुरी नाटक ही लिखे गये थे। वहीं मंचित नाटकों की संख्या भी कम ही रही। आकाशवाणी राँची से 'तेतइर कर छांहेय धारावाहिक नाटक को छोटानागपुर में प्रसारण के क्षेत्र में सीरियल के रूप में प्रथम प्रसारण माना जाता है। जब सीरियल नाम की परिकल्पना टेलीविजन में नहीं थी, उसी समय आकाशवाणी राँची ने धारावाहिक को प्रारंभ किया।'[1]

शोध प्रविधि – शोध पत्र विषय आकाशवाणी राँची से प्रसारित नागपुरी नाटक का संक्षिप्त परिचय, में प्राथमिक एवं द्वितीयक तथ्यों के द्धारा शोध पत्र तैयार किया गया है। इस हेतु विद्धानों, पत्र-पत्रिकाओं को भी समाहित किया गया है।

उद्देश्य – आकाशवाणी राँची केंद्र की स्थापना नागपुरी के लिए एक वरदान है। आकाशवाणी राँची ने नागपुरी में कई नई साहित्यिक विधाओं को जन्म दिया है। इस केंद्र की स्थापना होते ही नागपुरी साहित्य का अवरूद्ध विकास पुन: प्रारंभ हो गया। नागपुरी साहित्य की सीमाएं विस्तृत होने लगी। नयी साहित्यिक विधाओं के साथ साहित्यकारों का जन्म होने लगा। आकाशवाणी के प्रांगण में पद्य के साथ गद्य कूकने लगी। आकाशवाणी राँची के खुलने से कई रेडियो नाटक भी लिखे जाने लगे। नागपुरी नाटकों के अभाव को कुछ हद तक दूर करने का सार्थक पहल किया। कठिन शिल्प-विधान होते हुए भी नागपुरी में अत्याधिक सफल रेडियो नाटक लिखे गए हैं।

समस्या – आकाशवाणी नहीं होने झारखण्ड के ग्रामीण जनता को यह दूरदर्शन, मनोरंजन का साधन नहीं उपलब्ध होता। इससे समाज में होने वाली विसंगतियों को पता नहीं चल पता और साथ-साथ विकास के प्रेणात्मक मार्ग अवरूद्ध हो जाता है।

समाधान – इन सभी नाटकों को नागपुरी भाषियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। जिनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार इस प्रकार है:- आकाशवाणी राँची केंद्र से सबसे पहले सुशील कुमार की लिखित नाटक 'चोका बोका कोका' प्रसारित हुई थी। इसके बाद नागपुरी धारावाहिक नाटक की शुरुआत विष्णु दत्त की कलम से हुई बाद में श्रवण कुमार गोस्वामी ने इसे आगे बढ़ाया। जनवरी 1958 ई. से जून 1958 ई. तक 'तेतर कर छांहे' नागपुरी धारावाहिक नाटक का प्रसारण हुआ। हमारी दुनिया यानि पहले देहाती दुनिया कार्यक्रम का नागपुरी नाटक सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम साबित हुआ। आकाशवाणी राँची से प्रसारित सत्य हरीषचंद्र नागपुरी नाटक को हरीश कुमार अखौरी ने लिखा है। वे नागपुरी और हिंदी में नाटक लिखते थे। उन्हें रामू काका कहा जाता था। इस नाटक में उन्होंने राजा हरिशचंद्र का रोल किया है। नाटक को आधा घंटा का नागपुरी में उल्था किया गया था। कमल आउर केतकी नाटक का लेखन भी किया है। दसमी ग्रामीण कार्यक्रम की आकस्मिक कंपीयर थीं। उन्होंने कमल आउर केतकी में काम किया था। लीटा, इचा चेंगड़े फूल नाटक को आदित्य मित्र संताली ने लिखा है। श्रीकांत राय रातू के रहने वाले थे। उन्होंने भी नागपुरी नाटक लेखन किया है। सुगिया बहिन वीवर्त, सुल्तान बहादुर शाह जफर नाटक हिंदी में भी भाग लिया है। नागपुरी नाटक का प्रसारण ने समाज को जागरुक तो किया ही, नागपुरी नाटक विधा में रचना समृद्ध करने की भूमिका निभायी।

'वर्ष 1958 ई. में नागपुरी में 'तेतर कर छांहे' धारावाहिक नाटक प्रसारित की गयी। जिसमें बात चीत करने के लिए जगदीश नारायण सिंह पवन, राधाकृष्ण, सुशील कुमार, महेश्वर दास गुप्ता, श्रीकांत राय, तीन कौड़ी साहू, भरत साहू , जगतमणि महतो, प्रफुल्ल कुमार राय आदि आते थे।'[2]

आकाशवाणी राँची से प्रसारित नागपुरी नाटक

तेतर केर छांहें – तेतर कर छांहें धारावाहिक नाटक का लेखन प्रारंभ में विष्णु दत्त ने किया, बाद में श्रवण कुमार गोस्वामी ने लेखन की कमान संभाली। जनवरी 1958 से जून 1958 तक विष्णु दत साहू के 'तेतर केर छांहें' नामक धारावाहिक रेडियो नाटक का प्रसारण आकाशवाणी राँची से किया गया। बाद के भागों का लेखन श्रवण कुमार गोस्वामी ने किया। इसके अंतर्गत 16 नाटकों का प्रसारण किया गया। 'तेतर केर छांहें' यानी इमली वृक्ष के नीचे मंदरा नामक गाँव के लोग की बैठक हुआ करती है। इसमें सुखराम भगत घिस्सू भगताइन, टूटल सिंह, हरखू भगत, मास्टर साहब और तिवारी इन सालों पात्रों के बीच विशेष विषयों को लेकर चर्चा होती है। विष्णु

* सहायक प्राध्यापक (जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग) राँची महिला महाविद्यालय, राँची (झारखण्ड) भारत

दत्त के द्वारा लिखे गये नाटकों को पुस्तक का रूप दिया गया है, जिसका नाम तेतर केर छांहें रखा गया है। जिसमें कुल आठ नाटक हैं । धारावाहिक नाटक में पहले भाग में सहयोग समिति, दूसरे भाग में अधिक अन्न उपजाने, तीसरे भाग में पंचवर्षीय समिति, चौथे भाग में 1ली पंचवर्षीय योजना, फिर कृषि विकास, सामुदायिक विकास योजना, द्वितीय पंचवर्षीय योजना और वन रक्षा पर प्रकाश डाला गया है।

चोका-बोका, कोका – आकाशवाणी राँची से सुशील कुमार के द्वारा लिखित धारावाहिक रेडियो नाटक ' चोका-बोका, कोका' सन 1957 ई. के दिसंबर के अंत तक 13 कड़ियों में प्रसारित किया गया। इस नाटक में तीन पात्र हैं जिनके माध्यम से देश में चल रही पंचवर्षीय योजनाओं का परिचय लोगों को कराता गया। इसके बाद 'लोधो सिंह' छह कड़ियों में प्रयसारित किया गया। सुशील कुमार मूलत: नाटककार हैं। इसलिए नाट्य विधा की बारीकियों को खूब अच्छी तरह समझते हैं। इन्हें नागपुरी भाषा की भी पकड़ रही है। सुशील कुमार की 'आम, कोईल आउर राजकुमारी' नाटक काफी लोकप्रिय हुआ। यह नाटक लोककथा पर आधारित है। सुगिया बहिन इस नाटक से नागपुरी जगत में छा गयीं। पहले नाटक जीवंत प्रसारण होता था। 1965 ई. के बाद से नाटकों की रिकॉर्डिंग होने लगा। कलाकार इतने आत्मविश्वास से भरे होते थे कि नाटक सफलतापूर्वक प्रसारित होता था।

आम, कोयल और राजकुमारी – आकाशवाणी राँची से प्रसारित नागपुरी रेडियो नाटकों में आम, कोयल आउर राजकुमारी ने बहुत लोकप्रियता हासिल की। रेडियो द्वारा प्रसारित नाटकों में यह मील का पत्थर साबित हुआ। इसकी प्रसिद्धि आज भी बरकरार है। रोजलिन लकड़ा (सुगिया बहिन) इस नाटक के जरिये आवाज की दुनिया में छा गयी। फिर तो सुगिया बहिन हमारी दुनिया-खेती-बारी कार्यक्रम की मल्लिका बन गयीं। इस नाटक के रचयिता सुशील कुमार हैं। रामेश्वर नाथ मांझी ने इससे प्रस्तुत किया एवं शिवशंकर राम का ध्वनि संयोजन है। इसके द्वारा ध्वनि संयोजन बहुत ही अच्छा है। इस नाटक का प्रथम प्रसारण 22 नवंबर 1968 ई. का हुआ। इस नाटक के श्रोताओं को रेडियो नाटक सुनने का आदी बना दिया। 28 मिनट के नाटक में मुख्य भूमिका में हैं रोजलिन लकड़ा। इसमें पतिव्रता को दर्शया गया है। वचन पर अडिग रहने का संदेश समाज को देता है। इस नाटक में महेश्वर दास गुप्ता, शिवशंकर राम, प्रमोद कुमार राय,रामेश्वर नाथ मांझी, पांडेय दुर्गानाथ राम, तिनका तिग्गा, जवाना मिंज,रोजलिन लकड़ा में भाग लिया था। इन कलाकारों ने जीवंत संवाद अपनापन लिए आवाज श्रोताओं को बरबस ही अपनी ओर आकर्शित कर लेता है। इस नाटक से रोजलिन लकड़ा इतनी लोकप्रिय हुईं, कि श्रोताओं की पहली पसंद बन गयीं। उनकी आवाज को लोग दीवाने हो गये थे। उनकी शादी की खबर पाकर श्रोता उन्हें देखने और आशीर्वाद देने आकाशवाणी राँची पहुंचे थे। नाटककार तीन कौड़ी साहू तो उन्हें सुगा तइर सुंदर उकर नाक कहकर संबोधित करते थे।

समय कर फेर – इस नाटक का ध्वन्यंकन 27 मई 1972 ई. को किया गया। रेडियो से 27 मई 1972 ई. को ही पहली बार प्रसारित किया गया। नाटक को अरूण कुमार पांडेय ने लिखा तथा इससे शिवशंकर राम ने प्रस्तुत किया। इस नाटक में भाग लेने वाले कलाकार महेश्वर दास गुप्ता, श्रीकांत राय, प्रमोद कुमार राय, शीला तिर्की और रोजलिन लकड़ा शामिल हैं। इस नाटक में खेत के लिए भाई-भाई के बीच होने वाले झगड़े को दिखाने का प्रयास किया गया है। यह नाटक खेत बंटवारे पर आधारित है। नाटक में तेजु और महेश दो भाई हैं। तेजु अपनी बीबी के साथ गांव में रहता है। महेश पढ़ा-लिखा है, शहर में नौकरी करता है। महेश अपनी बीवी बच्चों के साथ शहर में रहता है। उसकी बीवी हमेशा महेश को ताना मारती है कि तुम्हारा भाई अकेले पूरे का मालिक बन बैठा है। कुछ भी नहीं देता है। एक दिन महेश शहर से परिवार को लेकर गांव लौट गया। उसका भाई-भाभी भी खुश हो गए। कुछ दिनों के बाद लोगों के बहकावे में आकर महेश खेत बंटवारे की जिद्द करता है। इस तरह दोनों भाईयों के बीच खटास पैदा हो गयी। तेजु समझदार है। वह जानता है खेत के बंटवारे से परिवार टूट जाएगा। इसलिए छोटे भाई महेश से बातचीत करता है लेकिन महेश नहीं मानता है। इस नाटक के मार्थक कहा गया है कि खेत के बंटवारे से रिस्ते में दरार आ जाती है। अपसी फूट-कलह से परिवार बिखर जाता है। शांति भंग हो जाती है। खेत का टुकड़ा दो भाईयों को लड़ने-झगड़ने के लिए मजबूर कर देता है। इसमें गांव वालों का भी सहयोग रहता है। अच्छे घर को तोड़ने की कोशिश में लगे रहते हैं, बहकाते हैं। नाटक से यही सीख दी गयी है कि खेत का टुकड़ा भाई-भाई में दुश्मनी पैदा करता है। इसलिए अपने विवेक का प्रयोग करना चाहिए। समय के हिसाब से काम करना चाहिए। समय को पहचान कर काम करने की जरूरत है ताकि कोई अनहोनी न हो।

गाँव कर हाकिम – इस नाटक के रचयिता हैं- जगदीश नारायण सिंह 'पवन'। इसके प्रस्तुतकर्ता शिवशंकर राम हैं। इस नाटक में ध्वनि संयोजन का काम भी शिवशंकर राम ने किया है। इसका प्रथम प्रसारण 27 जनवरी 1973 को हुआ। यह नाटक 'परिवार नियोजन' पर आधारित है। इस नाटक में कंदरू सरपंच हैं। महंगू बात को बढ़ा -चढ़ाकर बताने का किरदार निभाया है। रतिया किरदार महंगू की पत्नी है। नाटक में बताया गया है कि सरपंच के आठ बच्चे हैं। सुबह शाम बच्चों की उन्हें गिनती करनी पड़ती है। सरपंच पूरे परिवार के साथ पेरबाघांघ पिकनिक मनाने गया। जाने के क्रम में ही उनका बेटा चेंठा रास्ते में गाड़ी से गिर गया। सरपंच को पता ही नहीं चला। पिकनिक मना कर लौटने के बाद भी उन्हें मालूम नहीं कि उनके सभी बच्चे हैं या नहीं। फिर थाना से पुलिस वाला आकर खबर करता है कि चेंठा नाम का लड़का रास्ता भटक गया था। उसे पुलिस थाना में रखा गया है क्या वह आपका लड़का है। तब बच्चों की गिनती की गयी तो चेंठा गायब पाया गया। इस नाटक से कम संतान रखने का संदेश दिया गया। इसमें इन कलाकारों ने काम किया, जिनमें तीन कौड़ी साहू, जनक कुमार, शिवशंकर राम, प्रमोद कुमार राम, इभा लकड़ा शामिल थे। 'गांव कर हाकिम' नाटक बताता है कि अधिक बच्चे रहने से अपने ख्वाबों को पूरा करने में बहुत परेशानी होती है। यह रेडियो नाटक लोककथा पर आधारित है। इसे सुशील कुमार ने लिखा है तथा इससे अरूण कुमार पांडेय ने प्रस्तुत किया। इसका प्रथम प्रसारण 26 फरवरी 1974 को किया गया।

इस नाटक में भाग लेने वाले कलाकार इस प्रकार हैं- शिवशंकर राम, अरूण कुमार पांडेय, प्रमोद कुमार राम, शीला तिर्की, सुरेखा तिग्गा, करूणा वात्स्यायन, रोजलिन लकड़ा। यह नाटक गरीबी पर आधारित है।

श्रीकृष्ण जनम – इस नाटक में श्रीकृष्ण भगवान के जन्म को बताया गया है। जगदीश नारायण सिंह 'पवन' द्वारा लिखित इस नाटक की प्रस्तुति रोजलिन लकड़ा एवं अरूण कुमार पांडेय ने की। छह सितंबर 1977 ई. को प्रथम प्रसारण हुआ। 22 अगस्त 1981 ई. 12 अगस्त 1982 ई. और 21 अगस्त 2003 ई. को पुन: प्रसारण किया गया। इस नाटक में कई कलाकारों ने भाग लिया। जिनमें महेश्वर दास गुप्ता ,अशोक कुमार पागल, प्रमोद कुमार राय, अरूण कुमार पांडे, रामेश्वर पाठक, रोजलिन लकड़ा, शीला तिर्की शामिल हैं। इन नाटकों के अलावे इंजोत डहर, पीपर गच्छक चूरिन, मीत, जतरा, फिर मुड़मा बेल तेरे, फौजी, कउवा कर सीख, तेयाग, गांव कर चौराहा,

जीवक जंजाल, जुगुत, सपना आउर शर्त, काइल आउर आइज, करम – बिहान, सहिया आयो, ठाकुर कर ठकुरई, जब जागू तबे सबेरा, बवंडर, करजा कर अदायगी, चट मंगनी पट बियाह, आइठ कर भाइग, जीत कर हार, अकडू ओहदार, शांति, धाँगर, बहना, शहनाई, कुटुंब, बदरी छंटत हे, पायल, रितनी, नावां डहर, बलिदान आदि नाटकों का प्रसारण किया गया है।

निष्कर्ष – आकाशवाणी राँची ने नागपुरी नाटक लिखने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। बेशक यह छोटी नाटक होती है लेकिन नाटक विधा को जीवित रखा और साहित्य की नाटक विधा को समृद्ध करने का काम किया है। 1957 ई. से लेकर अब तक सैंकड़ों नाटकों का प्रसारण रेडियो से हो चुका है,लेकिन नाटक की पूर्ण विधाओं में अभी बहुत कम नाटक लिखे गये हैं। नागपुरी नाटकों का अभी पूर्णतया अभाव पाया जाता है, जबकि आकाशवाणी राँची से 250 से अधिक नाटकों का प्रसारण किया जा चुका है। आकाशवाणी राँची के पूर्व कार्यक्रम अधिशासी अरूण कुमार पांडेय अब तक 50 से अधिक रेडियो नाटक लिखे और उसे प्रसारित किया गया। आकाशवाणी राँची से नागपुरी नाटकों के प्रसारण से नये–नये रेडियो नाटक लेखक पैदा हुए। वहीं नाटक अभिनय क्षमता भी उभर कर सामने आयी। 50 नागपुरी रेडियो नाटककार और 110 कलाकारों की सूची आकाशवाणी से प्राप्त होती है। कुल मिलाकर आकाशवाणी राँची ने नागपुरी रेडियो नाटक लेखन को बढ़ावा दिया और लोगों में लिखने के लिए प्रेरित किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–साक्षात्कार एवं सहायक ग्रंथ :–

1. साहित्यकार डॉ श्रवण कुमार गोस्वामी से मिली जानकारी के अनुसार
2. आकाशवाणी राँची की पहली महिला कंपीयर एसेंसिया खेस्स से प्राप्त सूचना के आधार पर।
3. आकाशवाणी राँची की पूर्व निदेशक और नागपुरी नाटक कलाकार रोजलिन लकड़ा से प्राप्त सूचना के आधार पर।
4. आकाशवाणी राँची के पूर्व कार्यक्रम अधिशासी अरूण कुमार पांडेय से मिली जानकारी के अनुसार।
5. आकाशवाणी राँची के पूर्व कंपीयर प्रमोद कुमार राय से प्राप्त सूचना के अनुसार।
6. आकाशवाणी राँची के पूर्व कार्यक्रम अधिशासी जॉन खाखा से मिली जानकारी प्राप्त जानकारी के अनुसार।
7. आकाशवाणी राँची की नागपुरी कंपीयर शकुंतला मिश्र से मिली जानकारी के अनुसार।
8. अंधविश्वास नाटक, लेखक –तीन कौड़ी साहू, प्रकाशक –वर्माज प्रेस रातू चट्टी, 1999,
9. तेतर केर छांहें, नागपुरी नाटक संग्रह, लेखक – विष्णु दत्त साहू, प्रकाश जनसंपर्क विभाग बिहार, पटना, 1958,
10. स्वर्ण तरंग, आकाशवाणी पत्रिका, 2007, पृ–32

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

A Study of Various Factors Affecting the Science Subject to School Students Studying in Nagpur Region

Sarika Manthanwar*

Abstract - Science is universal and has boundless approach. At schools, its enormity in practical sphere demands its learners to comprehend its complexities and subsequently its realistic implementation. Undoubtedly, science teaching has always been a challenging task to seed young scientists of tomorrow.Regional, linguistic diversity and other significant factors upshots their score deviation inspite of same input resource.The present paper is based on a study which aims to appraise assorted factors ensuing in score deviation in Science subject at elementary and middle level of Nagpur Region school students.Instigated by analysing the education system of India, the research focused on the influence of Science subject in students' life by analyzing the role of pied persuading aspects adapting two dimensional analyses.Conclusion derived after application of t-test, z-test and correlation analysis after verifying formulated hypotheses. The research also provided top influencing factors and factors which need due attention of teachers and parents to improve performance of the student in science subject at school level.
Keywords - Science, variation, student-teacher-parent, influencing factors, questionnaire.

Introduction - Education is one of the thrust areas to cultivate human society. Amongst its various levels, one cannot refute the significance of school education, which feeds vital inputs in the mind of young generations in respective areas. Subject knowledge in all the spheres cannot be disregarded, though subjects like mathematics and science have astonishing vigour to turn them into great scientists and mathematicians. However, teaching such subjects has always been a challenging task for the teachers. School teaching can directly be connoted with classroom teaching, which has certain constraints as well. It encompasses students from various educational backgrounds, grasping power, intellect capacities, regions and languages etc. Thus, science teaching has always been a dynamic and challenging profession for teachers. These disparities should incontestably affect the academic scores and if not, the same may be controlled and improved by innovative teachings.

The present paper concentrates on various factors influencing the academic performance of the elementary and middle level school students in science subject. The research was undertaken in schools of various boards and mediums located at Nagpur Region. Attempt has been made to cover all the elements involved in ensuing deviations. It also analyzed the role of all the dimensions concerned i.e. Student-Teacher-Parent. A teacher has always been a respectful dignity since primeval teaching system to its contemporary form undesirably conferred by Lord T.B. Macaulay. On the other side, parents do contribute to provide backup support alongwith psychological comforts. Student obviously needs the core attention to perform with the support of teachers and parents.

Analysis of Influencing Factors - The research has undertaken a comprehensive study of various factors resulting in variation in their academic performance on the subject. It has utilized Survey method and constructed separate questionnaires for 1000 students and 200 teachers. The main aim was to capture both the cognitive and non-cognitive factors. Cognitive are the extent to which a person's individual capabilities can influence their academic or learning performance. Non-cognitive factors or skills are a set of attitudes, behaviours, and strategies that promotes academic and professional success, such as academic self-efficacy, self-control, motivation, expectancy and goal setting theories, emotional intelligence, and determination. Categories were congregated into five groups to perform scientific study.

Family related factors comprises parent's education, family atmosphere, separate study room, attitude, responsiveness to queries, regular check on homework and assignments, interaction with science teacher, providing inputs, family income etc.Teaching related factors comprises play & learn method, organizing science quizzes, talks, motivation, correlation with practical exposure, regular work, teaching methodologies, strategies, styles periodical tests, classroom discipline etc.School related factors include school environment, teacher's level of education, library resources, laboratory resources, conduct of competitive examinations, science fairs, parent-teacher meet etc. Students related factors include evaluation of study material,

*Assistant Professor, Umrer Shikshan Mahavidyalaya, Umrer, Distt. Nagpur (Maharashtra) INDIA

friend circle, participations in Science fairs & exhibitions, competitive examinations, homework and assignment completion rate, preparation of Science models etc. Developmental factors include subject interest, confidence to attempt exams, past school experiences, home experiences, physical and mental health, regular Yoga & meditation, Intelligence level etc.

Research Methodology - Research was undertaken with the basic aim to examine the assorted aspects resulting in variation in academic performance in science subject at Elementary and Middle Level. It also aimed to analyze various barriers being faced by science teachers and students. It also intended to analyze the views and opinions of science teachers. Consequently, it was intended to find out the differences in quality of student's achievement in relation to their gender. It has been carried out for the school management in order to create their interest on the specific subject and perhaps to analyze various factors associated with family, parents and school environment also. Formulated hypotheses facilitated the research to move ahead to verify the following:

1. There is no significant role of considered factors in variations in marks in science subject of school students of Nagpur region at elementary and middle level.
2. There is no significant difference in quality of students' achievement in relation to their gender.

Identical sample units of both the genders were taken from various boards & mediums to appraise about parents' education, attitude and responsiveness, sensitivity & role of subject, affable ambience at home, separate study room, interaction with teacher, supplementary inputs, family income, social class, participation in science quizzes and science, motivation, regular homework, assignment and periodical tests, teaching resources, course contents etc.

Application of Statistical Tests - To analyze whether the academic performance is influenced by factors influencing, the research analyzed the factors evaluated through responses and academic performance of reference period by using t-test deriving the following mean scores in various categories:

S.	Category Group	Total
1	Family related factors	3.79
2	Teaching related factors	3.81
3	School related factors	3.45
4	Student related factors	3.63
5	Developmental factors	3.77

It was well confirmed by year-wise analysis, which yielded the mean score of 3.71. Application of test inferred that the mean academic performance of students influenced through considered factors may be taken as mean academic scores achieved by them during the reference period. The research confirmed through teachers' responses by applying Z test on relevant factors taking Ho : p = ½. Observed sample proportion of success provided p = 0.871 and test statistic of 33.14. The study utilized correlation analysis to correlate the responses of boys and girls. It helped to associate between the various attributes and can reliably infer dominance of one set of replies on another and yielded value for coefficient of correlation (r) = 0.99. Factor analysis provided value of r as 0.942 enabling the research to consider it true that there is no significant difference in quality of students' achievement in relation to their gender.

The research depicted the most influencing factors affecting the variation in score of Science subject for students of elementary and middle level schools based on present study. The top twenty five influencing factors may be analysed as follows:

S.	Particulars
1	Intelligence Level
2	Friendly family atmosphere
3	Parent education
4	Mental health
5	Content sufficiency and resource
6	Importance of studies
7	Correlation with practical exposure
8	Motivation and individual attention
9	Subject interest in Science
10	Play and Learn Method
11	Teacher attitude
12	Language of Science Content Books
13	Science Quizzes and talks
14	Interaction with science teacher
15	Periodical class tests
16	Regular yoga and exercise
17	Regular assignment and homework
18	Providing science journals, magazines etc.
19	Parent attitude towards Science
20	Psychological fear about Science subject
21	Teaching Methodologies and Strategies
22	Positive responsiveness to queries
23	Classroom Discipline
24	Separate study room / space for study
25	Curiosity to know science

Conclusion And Suggestions - All the framed hypotheses lead to the conclusion that the factors contributes in academic performance of Science subject and surely affect the variations in score in Science subject of elementary and middle level schools of Nagpur Region. Most of these factors can be controlled in order to improve the performance of students in Science subjects. The research inferred that the academic performance of the science students at elementary and middle level schooling can be improved by controlling the affecting factors. However, all the factors cannot be controlled as some like family income, parent's education are beyond reach to improve easily to accelerate score in academic subject.

On the basis of analysis and interpretation, the research recommended forming an association comprising of science teachers, parents, school management to give valuable suggestions and advice to improve the performance of students in Science subject. Operating such

associations at respective school levels, it may also contribute through creative and innovative ideas to create interest in learning scientific experiments and science for daily life. Extra coaching or guidance to meritorious and poor students may be provided beyond school hours. Science teachers may act as Guardian - Parent to solve their hurdles to improve their performance by controlling and improving associated factors. School management may update their library resource by including good books on Science subject to improve their academic knowledge as well as in order to enable them to learn 'Science for everyday life'. Library should kept open and rather invite students from classes to read such books. Forum of students who have keen interest in Science may be formed in various schools. School management may organize Science quizzes, fairs, exhibitions and science circus to motivate the students to learn this subject well. Financial support /aid may be provided by school management for innovative work. Social support may be encouraged from teachers, parents, friends for spiritual encouragement, emotional comforts, and spiritual aspects.

References :-

1. allindiaeducationblog.blogspot.in
2. *American Journal of Educational Research*, 2013 1 (8), pp 283-289. DOI: 10.12691/education-1-8-3
3. Annie Ward; Howard W. Stoker; Mildred Murray-Ward (1996), "Achievement and Ability Tests - Definition of the Domain", *Educational Measurement*, 2, University Press of America, pp. 2–5, ISBN 978-0-7618-0385-0
4. Bossaert, G; S. Doumen; E. Buyse; K. Verschueren (2011). "Predicting Students' Academic Achievement After the Transition to First Grade: A Two-Year Longitudinal Study". Journal of Applied Developmental Psychology. 32: 47–57
5. brijchaudhary.blogspot.in/2016/11/education-system-in-india.html
6. Eccles, Jacquelynne S.; Templeton, Janice (2002). "Extracurricular and Other After-School Activities for Youth". Review of Research in Education. 26
7. en.wikipedia.org/
8. Garrett Henery, Statistics in Psychology and Education, New Delhi, Paragon International Publishers, 2011, Page 324
9. Gutman, Leslie; Schoon, Ingrid (2013). "The Impact of non-cognitive skills on outcomes for young people" (PDF). Education Endowment Foundation: 59.
10. http://www.recentscientific.com/sites/default/files/2746. pdf
11. http://www.sciencemadesimple.com/science-definition.html
12. http://www.vbtutor.net/research/research_chp7.htm
13. https://es.scribd.com/document/88284190/What-is-Research-Methodology
14. https://explorable.com/definition-of-science
15. Journal of Quality and Technology Management Volume VII, Issue II, December, 2011
16. Kothari CR & Garg Gaurav, Research Methodology – Methods & Techniques, New Delhi, New Age International Publishers, 2014
17. Matt Ridley, 1999, *Genome: the autobiography of a species in 23 chapters*, p. 271.
18. P Saravanavel, Research Methodology
19. Research Methodology in Commerce, S. Mohan & R. Elangovan, Deep & Deep Publications
20. Presentation on Descriptive Research Methodologies By Connie McNabb
21. Research Methodology, Dr. C. Rajesh Kumar, APH Publishing Corporation, New Delhi
22. Sawlikar, R.K., Statistics and Quantitative Techniques, Nagpur, Rajani Publishers, 2010, Page 21
23. Sinha S & Dhiman AK, Research Methodology Vol I & II
24. Trivedi Kishor, Probability and Statistics with Reliability, Queuing and Computer Science Applications, New Delhi, Prentice Hall of India Private Limited, 1997.

****

An Analytical Study of Various Mutual Fund Schemes

Dr. Hitesh A. Kalyani *

The Problem is worded as given below –

1. Effect of Food Habits, Gender and their interaction on Academic Performance of College going students of Indore division of Madhya Pradesh

Objective

1. The objective of the present study was as follows-
2. To study the effect of Food Habits, Gender and their interaction on Academic Performance of College going students.

Hypothesis - The hypothesis of the present study was as follows-

1. There will be no significant influence of Food Habits, Gender and their interaction on Academic Performance of College going students.

Type of Research - The present study was Survey type of research, in which 370 college going students of Indore division will be surveyed for the Food Habits and Academic Performance in respect to gender. In the present study there was two types of variable, which are classified as below-

1. Criterion Variable- In this study Criterion Variables was Academic Performance of college going students.

2. Prediction Variable (Independent Variables)- In the present study the Prediction Variables were Food Habits and Gender.

Tools - In the present study data were collected in respect Food Habits andAcademic Performance.

For the data collection of Food Habits,a mixed (Open and Close) type questionnaire was useddeveloped by the researcher.. In this questionnaire there were 48 questions. Each questions carried 1 mark. These questions are related to different types of food habits. Thus, the Maximum Marks were 48; students were given 1 hour to solve the criterion test. For the data collection of Academic Performance of college going students, their annual academic record was taken into account. On the basis of their performance a Median was calculated and on the basis of this median all the students were divided into two groups, namely, High and Low performance group students.

Procedure of Data Collection - Permission for data collection was taken from the principals of the concerned institutions. After that rapport was established with all the students of sample and they were made aware about objectives of the study. Then study habits questionnaire developed by the investigator was administered on the students. After that for the data collection of Academic Performance of college going students, their annual academic record was taken into account. On the basis of their performance a Median was calculated and on the basis of this median all the students were divided into two groups, namely, High and Low performance group students. In this manner the data related to these entire variables were collected. After that each test was scored. The procedure for scoring was adopted as decided by the investigator for food habits variable. The collected data were analyzed with the help of appropriate statistical techniques.

Data Analysis - Two way Analysis of Variance (ANOVA) was used for studying the effect of Food Habits, Gender and their interaction on Academic Performance of College going students.

Result and Interpretation - The objective was to study the influence of Food Habits, Gender and their interaction on Academic Performance of College going students. Hypothesis for this objective was to there will be no significant influence of Food Habits, Gender and their interaction on Academic Performance of College going

students. In this objective the criterion variable was Academic Performance. The prediction variables were Food Habits and Basic Educational Discipline. There were two levels of food habits, namely, High & Low food habits. The students were categorized into two levels with respect to their Gender, namely, Male and Female. Criterion variable was on Interval Scale of measurement & the prediction variables were on Nominal Scale of Measurement. Therefore, the data were analyzed with the help of 2 x 2 Factorial Design Analysis of Variance. The results are given in Table 1.

Table 1: Summary of 2x2 Factorial Design of Analysis of Variance (ANOVA) of Academic Performance of College going students

Source of Variance	df	SS	MSS	F	Level of Significance
Food Habits	1	1489.55	1489.55	39.20	0.00 **
Gender	1	3611.58	3611.58	95.06	0.00 **
Food Habits xGender	1	1029.41	1029.41	27.09	0.00 **
Error	366	13905.99	37.99		
Total	369				

****- Significant at 0.01 Level of Significance**

From the Table 1 it is evident that the 'F' value for Food Habits is 39.20, whose level of significance is 0.000 with df = 1,366; which is less than 0.01 level of significance, hence the value of 'F' for Food Habits is significant at 0.01 level of significance with df = 1,366. It means there is a significant difference between mean scores of Academic Performance of College going students of High Food Habits and Low Food Habits group. In the light of this the null hypothesis that "There will be no significant influence of Food Habits on Academic Performance of College going students" is rejected. Further, the mean score of Academic Performance of High Food Habits group students is 68.94, which is significantly higher than that of Low Food Habits group students, whose mean score of Academic Performance is 63.63. It reflects that the High Food Habits was found to be significantly superior to the Low Food Habits group students in terms of Academic Performance.

From the Table 1 it is evident that the 'F' value for Gender is 95.06, whose level of significance is 0.000 with df = 2,366; which is less than 0.01 level of significance, hence the value of 'F' for Gender is significant at 0.01 level of significance with df = 2,366. It means there is a significant difference between mean scores of Academic Performance of College going students of Male and Female groups. In the light of this the null hypothesis that "There will be no significant influence of Gender on Academic Performance of College going students" is rejected. Further, it is clear that the mean score of Academic Performance of Female students is 70.41, which is significantly higher than that of Male students whose mean score of Academic Performance in is 62.15. It may therefore be concluded that the Female students were found to be significantly superior to the Male students in terms of Academic Performance.

From the Table 1 it is evident that the 'F' value for interaction of Food Habits and Gender is 27.09, whose level of significance is 0.000 with df = 2,366; which is less than 0.01 level of significance, hence the value of 'F' is significant at 0.01 level of significance with df = 2,366. It means there is a significant influence of resultant of interaction of Food Habits and Gender on Academic Performance. In the light of this the null hypothesis that "There will be no significant influence of interaction of Food Habits and Gender on Academic Performance" is rejected. It may therefore be concluded thata significant influence of resultant of interaction of Food Habits and Genderwas found to beon Academic Performance. Further it can also be concluded that, Female gender and High Food Habits group students found to be significantly higher in terms of Academic Performance that of their other counterparts i.e. Male and Low Food Habits group students.

Conclusions - Following were the finding of the present study-

1. High Food Habits was found to be significantly superior to the Low Food Habits group students in terms of Academic Performance.
2. Female students were found to be significantly superior to the Male students in terms of Academic Performance.
3. A significant influence of resultant of interaction of Food Habits and Gender was found to be on Academic Performance. Further it can also be concluded that, Female gender and High Food Habits group students found to be significantly higher in terms of Academic Performance that of their other counterparts i.e. Male and Low Food Habits group students.

Delimitations - The following were the delimitations of the present study-

1. The study was conducted in the Indore division only.
2. The population comprised of college going students only.
3. The sample comprised of only 370 students.
4. The data related to the Academic Performance were collected in terms of Gender only.
5. Among the different biological variables only Food Habits of college going students was taken into the research.

References :-

1. M. Swaminathan (1974), "food and Nutrition," Vol.1.The Bangalore Printing and Publishing Co. Mysore Road, Banglore. Pg. 557.
2. Carol Jean, West Suitor, Merry Forbs and Crowley, "Nutrition, Principles and Application in Health Promotion", 1984, II edition, J. B. Lippincot Co. Philadelphia, London, Maxico City, 146.
3. Ezell, J.M., Skinner and M.P. penfield, "Appalachina adolescent's snack patterns: Morning, afternoon, and evening snacks", Journal of American Dietetic Asso-

ciation 85:1450-54, 1985.

4. Burton,B.T., “Human Nutrition”, 1986, Tata MC Garw-Hill publishing Co.Ltd.,New Delhi. PP206-217
5. Bull N.L., “Dietary habits, food consumption and nutrient intake during adolescence” J. Adolesc.,1992,Health 13:384-388.
6. Zwiauer K.F. (1992), “Effect of day time on resting energy expenditure and thermic effect of food in obese adolescents. 5 Am Call. Nutr. Sun, 119(3), Pg.267-71,
7. Wolf-S Wendy (1993), Food Pattern, diet quality and related characteristics of school children in New York State. J.Am Diet. Associa. Vol – 93, N-11, Pg 1280-84.
8. Mehta Pallavi and Pandya Gargi (1996),”Eating behaviour and its impact on nutrient intake of privileged and under privileged school children (10-15 Years) of Baroda City with special reference to foods” Ind.J. Nutr. Dietet, 29 Pg. 108-14.
9. Bulletin of the Nutrition Foundation of India, “Nutritional Status of Children and Women in India: Recent Trends”, 1997, Vol.18, No.3
10. Haley, AuCoin, and J Rae, “A comparative study of food habits: Influence of age, sex, and selected family characteristics-II, Canadian Journal of Public Health 68:301-1977.
11. Bull N.L., “Dietary habits, food consumption and nutrient intake during adolescence and young adults”1988, Wld. Rev. Butr. Diet., 524-74.
12. D Hog Lund, G Sameulson and A Mark, “Food habits in Swedish adolescents in relation to socio economic conditions”, Eur.J. Clin. Nutr., 1998,52,784-789.
13. Deborah Christie and Dasha Nicholls. “Adolescent eating habits: do they impact on later eating habits? Quoted by sue Southon, International Journal of Foods Science and Nutrition, 1999, 50, 149-153.
14. Bharti Vandana and Minira M Husain “A Comparative study of food habits and food preferences of the blind boys and girls”, J. Disabilities and Impairments, 2001,16 (2),35-40
15. George R S and Krondl M., “perceptions and food use in adolescent’s boys and girls”, Nutrition and Behavior, 1,115-125.
16. Sumati R. Mudambi, MV Rajgopal, “Fundamentals of food and nutrition”, III Edition, Pub. New Age International Pvt. Lmt.Formerly Wiley Eastern Lmt.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

समसामयिक भारत में दलित उत्पीड़न एवं सामाजिक न्याय प्रस्थिति

महेश कुमार रचियता * डॉ. सुनील महावर **

प्रस्तावना - समकालीन चिंतन में सामाजिक न्याय बहुत प्रचलित अवधारणा है। लोकतंत्र के आधारभूत सिद्धान्तों (समानता, स्वतंत्रता एवं न्याय) में एक सिद्धान्त के रूप में विवेचित होने वाली 'न्याय' की अवधारण एक विस्तृत अवधारणा बन गई है, जिसमें मानवाधिकार, महिला अधिकार, बाल अधिकार, वृद्ध अधिकार और दलित अधिकार इत्यादि समस्त महत्वपूर्ण सामाजिक-राजनीतिक मुद्दे सम्मिलित है। मामला चाहे मानव अधिकारों के हनन का हो या महिला उत्पीड़न का या बाल-शोषण या वृद्धजन पर अत्याचार या दलित वर्ग के दमन को हो, यदि इन्हें एक संदर्भ में देखने का प्रयास किया जाये तो वह संदर्भ सामाजिक न्याय ही होगा। इस प्रकार 'सामाजिक न्याय' एक व्यापक अवधारणा है, यदि इसे बहुआयामी अवधारणा कहा जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि अन्याय, उत्पीड़न शोषण और दमन का कोई भी रूप तथा कोई भी मामला एक स्वर में सामाजिक न्याय की ही मांग करता है। जिस प्रकार घाव हाथ पर हो या पैर पर या सिर पर लगा हो, उसका उपचार मरहम लगाने पर ही होता है। वैसे ही समाज में घटित होने वाला प्रत्येक अन्यायपूर्ण व्यवहार अथवा घटना का निदान सामाजिक न्याय है।

यद्यपि सामाजिक न्याय एक विस्तृत अवधारणा है, लेकिन इसका अध्ययन हम मुख्यत: सामाजिक संरचना के भीतर घटित होने वाली ऐसी घटनाओं अथवा व्यवहार के संदर्भ अधिक करते हैं, जिनका उत्तरदायी प्रमुख कारण असामनता होता है। पश्चिमी देशों मे रंग भेद के मामले हो या भारत में जातीय कटुता की घटनाएं, सामाजिक अन्याय के ही मामले हैं, इनका प्रमुख कारण 'असमानता' ही है, जो वर्ग, जाति, नस्ल, समुदाय अथवा लिंग श्रेष्ठता-हीनता के भाव के कारण उत्पन्न होती है। जातीय श्रेष्ठता के मिथ्या भाव के कारण समाज का तथाकथित उच्च वर्ग अन्य वर्ग पर अत्याचार करने में अपने आपको गौरवान्वित महसूस करता है।

समाज की रचना यदि असमानता पर आधारित है तो स्वतंत्रता के अधिकार का कोई महत्व नहीं रहता है। न्यायपूर्ण व्यवस्था वही होती है, जिसमें सभी समान हों तथा समाज के संसाधनों का वितरण समानता पर आधारित हो। पूरणमल के अनुसार, 'किसी भी सामाजिक व्यवस्था में जितनी अधिक असमानता और विषमता होगी उस समाज में अन्याय तथा शोषण की उतनी ही अधिकर सम्भावना होती है।'[1] इस दृष्टि से भारतीय समाज की स्थिति अत्यन्त शोचनीय है। भारतीय समाज में विभेद का अधार जाति व्यवस्था है। चातुर्वर्ण्य सिद्धान्त पर आधारित जाति व्यवस्था का वर्गीकरण श्रेष्ठता-निकृष्टता के आधार पर चार वर्गों/वर्णों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) में किया गया है। समाज के इस वर्गीकरण में ही असमानता-विषमता के बीज निहित है, जिसके कारण वर्गों में परस्पर सहयोग के स्थान पर विरोध, वैमनस्य एवं कटुता स्थापित हो गई है। जातीय वैमनस्यता एवं कटुता की भावना के कारण समाज का तथाकथित उच्च वर्ग निम्न वर्ग को हीनता की दृष्टि से देखता है। उच्च वर्ग के लोगों द्वारा निम्न वर्ग के लोगों के साथ पशुवत व्यवहार किया जाता है।

सामाजिक असमानता समाज द्वारा उत्पन्न होती है। यह सामान्यतया लोगों की सहमति पर आधारित होती है और बहुत कुछ परम्परागत होती है। इसे व्यक्तियों एवं समूहों की सुविधाओं अथवा परिस्थितियों में भिन्नता के रूप में देखा जा सकता है। जिसमें कुछ लोग दूसरों की तुलना में धनी, सम्माननीय एवं शक्ति सम्पन्न होते हैं, जिसकी वजह से वे अपनी बातों को दूसरों से यहाँ तक कि उनके न चाहने पर भी मनवा लेते हैं। सामाजिक न्याय का सम्बन्ध असमानता के इसी रूप से होता है।[2]

जातीय विभेद के कारण समाज के पिछड़े एवं कमजोर वर्ग के साथ अन्याय, अत्याचार एवं अनाचार किया जाता है। अनेक अवसरों पर उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है। जातीय/नस्लीय विभेद के आधार पर मानवाधिकारों के हनन की घटनाएं सार्वभौमिक है। भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में सामाजिक अन्याय एवं सामाजिक विषमता की घटनाएं दृष्टिगत होती हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका तथा दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद आज भी एक सामाजिक यथार्थ है। एक श्वेत व्यक्ति अपने समकक्ष एक अश्वेत व्यक्ति को वह सम्मान नहीं देता जिसका वह जायज रूप से हकदार है। भारत में स्वतंत्रता एवं समानता सम्बन्धी विविध प्रावधानों के बावजूद एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति को समाज में एक सवर्ण के समकक्ष स्थान प्राप्त नहीं है, भले ही वह सवर्ण व्यक्ति के समान शिक्षित एवं समपन्न हो।[3]

सदियों से दलितों को समाज का एक उपेक्षित भाग माना गया है। समाज की इस मानसिकता के पीछे हिन्दू धर्मग्रन्थों में प्रतिपादित यह मान्यता उत्तरदायी है कि समाज के प्रमुख चार वर्णो, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र की रचना ईश्वर के चार अंगों मुख, भुजा, पेट और पैर से हुई। तदनुरूप समाज में उनके कर्म और स्थान सुनिश्चित हुए हैं, जो अपरिवर्तनीय है।[4] सामाजिक संरचना में ब्राह्मण को श्रेष्ठ तथा शूद्र को निम्नतम स्थान दिया गया। ब्राह्मण का कार्य अध्ययन-अध्यापन, क्षत्रिय का कार्य शासन-सुरक्षा, वैश्य का कार्य व्यापार-वाणिज्य तथा शूद्र का कार्य उक्त तीनों वर्णो की सेवा माना गया। सेवा कार्यो का कमतर आंकलन करने के कारण शूद्र वर्ग को हेय माना गया। जाति की रचना श्रेणी-कृत असमानता के सिद्धान्त पर आधारित होने के कारण ब्राह्मण को श्रेष्ठ तथा शूद्र को निकृष्ट माना गया। सामाजिक ढाँचे में जाति की एक निर्दिष्ट एवं बहुत कुछ अपरिवर्तनीय स्थिति

* शोधार्थी (राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग) वनस्थली विद्यापीठ, निवाई, टौंक (राज.) भारत
** शोध निदेशक, एसोसिएट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन विभाग) वनस्थली विद्यापीठ, निवाई, टौंक (राज.) भारत

थी। व्यक्ति जिस जाति में जन्म लेता था आजीवन उसका सदस्य होता था और उसके अरनुरूप समाज में उसकी स्थिति होती थी। परम्परागत समाज में भौतिक समृद्धि बहुत कुछ जातियों की सामाजिक स्थिति के अनुरूप थी। जो जाति सामाजिक रचनाक्रम में ऊपर थी, उसके पास सामान्यतया शक्ति भी अधिक थी और भौतिक संसाधन भी अधिक थे। शिक्षक, पुरोहित, विधान-निर्माता तथा राजा के सलाकार के रूप में ब्राह्मणों के पास धन वैभव की स्थिति थी। क्षत्रियों के पास राजनैतिक शक्ति तो थी ही साथ ही भूमि, वन-सम्पदा व सम्पत्ति के अन्य स्त्रोतों पर भी उनका स्वामित्व था। कृषक एवं व्यापारी के रूप में वैश्य भी सम्पन्न थे। शूद्रों एवं अन्त्यज्यों को सम्पत्ति पर स्वामित्व का अधिकार नहीं होने के कारण जीविकोपार्जन के लिये शारीरिक श्रम या सवर्ण वर्गो की सेवा कार्य पर ही निर्भर रहना पड़ता था।[5]

समाज में शूद्रों की स्थिति के बारे में विश्व प्रकाश गुप्ता एवं मोहिनी गुप्ता ने अपनी पुस्तक 'भीमराव अम्बेडकर: व्यक्ति और विचार' में लिखा है कि भारत में अछूतों की स्थिति दयनीय रही है। उनकी मुख्य रूप से तीन श्रेणियां रही हैं, पहली श्रेणी अस्पृश्यों की है अर्थात जिन्हें छुआ नहीं न जा सके, दूसरी श्रेणी में वे लोग हैं जिनके नजदीक भी न जाया जाए और तीसरी श्रेणी में वे लोग हैं जिन्हें देखा भी न जाए। भारत में विभिन्न भागों में उन्हें अलग-अलग नामों से पुकारा जाता था। उन्हें अंत्यज, पेरिया, अतिशूद्र, अवर्ण, नामशूद्र आदि कहा जाता था। उनके ऊपर कड़े सामाजिक प्रतिबंध थे। उनके स्पर्श, उनकी छाया, उनकी बोली तक से पहरेज था। वे कुछ घरेलू पशुओं को नहीं पाल सकते थे। आभूषण बनाने के लिए कुछ विशेष प्रकार की धातुओं का प्रयोग उनके लिए वर्जित था। उन्हें विशेष प्रकार की पोशाक पहननी पड़ती थी और बस्ती के बाहर गन्दे स्थानों पर रहना पड़ता था।[6]

अम्बेडकर गाँव को अन्धविश्वास, पिछड़ापन, अशिक्षा, सामाजिक संकीर्णता, जातिवाद तथा अस्पृश्यता का दुर्ग मानते थे। उनका कहना था कि गाँव का सामाजिक ढाँचा जाति पर आधारित है जिसमें ऊँची जाति के लोग अपनी उच्च सामाजिक स्थिति का लाभ उठाकर निम्न माने जाने वाली जाति के लोगों का अनेक प्रकार से शोषण करते हैं। उनके अपने अतिरिक्त सामाजिक विधान है, जो अस्पृश्य जातियों पर अनेक निर्योग्यतायें थोपते हैं। कानून एवं प्रशासन की पकड़ ढीली होने के कारण गाँवों में ऊँची जाति के लोगों को दलितों पर मनमानी करने की पूरी छूट मिल जाती है। गरीबी के कारण निम्न जाति के लोगों को बेगार व बंधुआ मजदूरी करने के लिये बाध्य होना पड़ता है।[7] भारतीय संविधान में अनेक प्रावधान करने के बावजूद आज भी आदिवासी और दलितों की सामाजिक स्थिति खराब बनी हुई है। आज भी उनमें इतनी ताकत नहीं है कि वे अपने पर हो रहे शोषण का विरोध कर सकें। भारत में सदियों से इन अस्पृश्य दलित जातियों पर अनेक सामाजिक-धार्मिक निर्योग्यताएं थोपी गईं तथा उन्हें पशुओं से भी बद्तर जीवन जीने को मजबूर किया गया। इन निर्योग्यताओं के परिणामस्वरूप ही इन जातियों को शिक्षा, धन, सम्पत्ति, मान-सम्मान, राजनीतिक वर्चस्व से दूर रखा गया।[8]

21वीं शताब्दी जिसे संचार, प्रौद्योगिकी एवं विकास की सदी कहा जाता है, में भी दलितों की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं आया है। भारत में दलित कुल आबादी का 16.48 प्रतिशत है, जो देश की कुल आबादी के छठे भाग से भी ज्यादा है, परन्तु बिडम्बना यह है कि वे भारत के कुल भू-भाग के छठे भाग के भी मालिक नहीं है। जो जमीन उनके पास है वह भी सिंचाई एवं उपजाऊ भूमि के आधार पर निम्न स्तर की है। भूमि पर अधिकार नहीं होने के कारण अधिकांश दलित मजदूरी एवं सफाई से जुड़े निम्न स्तर के कार्यों यथा झाडू लगाना, मैला ढ़ोना, मरे जानवरों को उठाना एवं उनका चमड़ा उतारना, उसे साफ कर तैयार करना आदि में संलग्न है। आज भी देश के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में दलितों को सार्वजनिक कुओं से पानी नहीं भरने दिया जाता है और ना ही मंदिरों में प्रवेश करने दिया जाता है। कई गाँवों में आज भी नाई दलितों के बाल नहीं काटते तथा दलित दूल्हों को घोड़ी पर नहीं बैठने दिया जाता है, यहाँ तक कि शिक्षा के मंदिर विद्यालयों में भी दलित छात्र-छात्राओं के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। उनके बैठने के लिए अंतिम पंक्ति निर्धारित होती है तथा बैठने के लिए उन्हें दरी या टाट्-पट्टी नहीं दी जाती है।[9]

परम्परावादी समाज की रूढ़िवादिता एवं मिथ्या अहम् भाव के कारण समाज के एक वर्ग को सदियों से अमानुशिक जीवन जीने को मजबूर होना पड़ा। समाज के कमजोर पिछड़े वर्ग पर अत्याचार/अनाचार करना तथाकथित उच्च वर्ग ने अपना गौरव समझा तथा समाज की समस्त सुविधाओं और साधनों से दलितों को वंचित कर इन सब पर अपना एकाधिकार माना। खेत-खलिहान, धन-सम्पदा, शक्ति-सत्ता पर अपने एकाधिकार के कारण तथाकथित उच्चवर्ग सदैव समर्थ एवं शक्ति सम्पन्न रहा और इस शक्ति के बल पर इस वर्ग ने सदैव कमजोर-पिछड़े वर्गों पर अत्याचार किया।

राजतंत्र अथवा सामंती व्यवस्था के दौरान जब शासन शक्ति विशिष्ट व्यक्तियों तक ही सीमित थी, तब कमजोर-पिछड़े लोगों के साथ अन्याय/अत्याचार होना स्वाभाविक था, लेकिन जब स्वतंत्रता के बाद भारत में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की स्थापना हुई, जिसका आधार लोक अथवा जन है तो इस अत्याचारपूर्ण व्यवस्था को समाप्त हो जाना चाहिए था। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वो शिक्षित हो अथवा अशिक्षित, चाहे वो शहरी हो अथवा ग्रामीण, चाहे वो धनवान हो या निर्धन, चाहे वो सवर्ण हो अथवा दलित, चाहे वो महिला हो या पुरूष, को शासन में सहभागिता का अधिकार प्राप्त है। संविधान एवं विधि के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति समान है, कोई उच्च अथवा निम्न नहीं है। संविधान प्रदत्त समान स्थिति के बावजूद समाज में जातीय विभेद एवं असमानता के आधार पर दलित वर्ग के साथ अमानुषिक व्यवहार किया जाता है। उनके साथ अनाचार एवं दुर्व्यवहार किया जाता है जिसका आभास भारत की नेशनल क्राइम रिकोर्ड ब्यूरो द्वारा प्रदत्त आंकड़ों से होता है।

भारतीय समाज की संरचना में निहित वर्ग वैमनस्य एवं कटुता की भावना के कारण जातीय/सम्प्रदाय आधारित हिंसा आम है, लेकिन समाज के कमजोर एवं हाशिये पर स्थित वर्गों अर्थात दलित वर्ग के विरूद्ध अपराध/अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। सम्पूर्ण संवैधानिक एवं कानूनी व्यवस्था के बावजूद दलित वर्ग के विरूद्ध अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है, जो समाज की विकृत मानसिकता की ओर संकेत करता है। नेशनल क्राइम रिकोर्ड ब्यूरो के आंकड़े इस विकृत मानसिकता जनित अपराधों की सत्यता को उजागर करते हैं।

राष्ट्रीय क्राइम रिकोर्ड ब्यूरो के आंकडों पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है कि दलित वर्ग के विरूद्ध मामलों की संख्या में यद्यपि बहुत अधिक वृद्धि नहीं हुई है तथापि कमी भी नहीं आई है। वर्ष दर वर्ष निरन्तर अत्याचार बढ़ रहे हैं यद्यपि गति धीमी है किन्तु वर्ष 2007 से 2016 के मध्य देखा जाये इन मामलों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इन मामलों की संख्या 2007 में 35,563 थी जो वर्ष 2016 में बढ़कर 47,369 हो गई। देखा जाये 10 वर्षों में कुल मामलों में 11,806 की वृद्धि हुई है जो कि अत्यन्त

निराशाजनक है। इसी प्रकार यदि अनुसूचित जाति के मामलों को देखा जाए तो वर्ष 2007 में इन मामलों की संख्या 30,031 थी जो वर्ष 2016 में बढ़कर 40,801 हो गयी, अनुसूचति जाति के विरूद्ध मामलों की संख्या में 10,770 की वृद्धि दर्ज की गई। यदि अनुसूचित जनजाति के विरूद्ध इन मामलों को देखा जाए तो वर्ष 2007 में इनकी संख्या 5,532 थी जो वर्ष 2016 में बढ़कर 6,568 हो गई, इनके विरूद्ध कुल 1036 की वृद्धि दर्ज की गई। यह तथ्य दृष्टव्य है कि ये वे मामले हैं जो कि पुलिस के समक्ष दर्ज किये गये किन्तु ऐसे असंख्य मामले होते हैं जो वास्तव में दर्ज ही नहीं किये जाते या जिनका कोई रिकॉर्ड ही नहीं होता। वस्तुतः भारत में ये सामाजिक न्याय की एक विपरीत स्थिति को प्रस्तुत करते हैं। यहाँ एक बात ओर ध्यान देने योग्य है कि नेशनल क्राइम रिकोर्ड ब्यूरो द्वारा 2016 के बाद से अपराधों के आंकड़े जारी नहीं किये गये है जबकि तीन वर्षों का समय व्यतीत हो गया है।

इस प्रकार भारतीय समाज में अनुसूचित जाति-जनजाति के विरूद्ध अपराधों की संख्या में निरन्तर वृद्धि इस बात को इंगित करती है कि समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा आज भी उपेक्षा का शिकार हो रहा है। उपेक्षा एवं वैमनस्य की भावना अपराध के रूप में घटित हो रही है दलितों के प्रति बढ़ते अपराध इस बात को भी इंगित करते हैं कि भारतीय समाज में जातीय सद्भावना एवं सहयोग के स्थान पर घृणा एवं वैमनस्य का जहर निरन्तर बढ़ता जा रहा है। शिक्षित एवं सभ्य कहे जाने वाले समाज में इस प्रकार की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण है। जब तक समाज में सहयोग, सद्भावना एवं भ्रातृत्व की भावना का विकास नहीं होता, सामाजिक न्याय की स्थापना कोरी कल्पना है। अम्बेडकर ने सामाजिक न्याय की स्थापना के लिये त्रयी सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था। यह त्रयी सिद्धान्त है: स्वतंत्रता, समानता एवं भ्रातृत्व भाव। सहयोग एवं भ्रातृत्व के भाव के आधार पर ही समाज में समानता आएगी तथा समतावादी समाज में ही सभी व्यक्ति स्वतंत्रता का वास्तविक भोग कर पाएंगे।

उपर्युक्त घटनाए एवं आंकडे भारत में दलित वर्ग पर हो रहे अत्याचार के कुछ उदाहरण मात्र हैं जो भारत में सामाजिक न्याय की वास्तविक स्थिति को समझने में सहायता कर सकते हैं। सामान्यतः वर्तमान में एक आम धारणा यह विकसित हो गई है अब भारत में सामाजिक न्याय कायम हो चुका है और जाति पर आधारित अत्याचार समाप्ती की ओर है, वास्तविक स्थिति इसके विपरीत ही नजर आती है। यद्यपि यह कहना गलत होगा कि स्थिति में कुछ भी सुधार ही नहीं हुआ है, संवैधानिक एवं वैधानिक प्रावधानों के कारण स्थिति में सुधार अवश्य हुआ है। दलितों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हुई है और कुछ सवर्ण वर्ग के लोग भी उनके साथ हैं जो जातिगत भेदभाव को उचित न मानकर इन वर्गों के साथ समान व्यवहार भी करते हैं। इसके बावजूद स्थिति में अभी आशाजनक परिवर्तन आना शेष है, वस्तुतः भारतीय समाज की स्तरीकृत जाति व्यवस्था में परिवर्तन, निम्न वर्गों के प्रति समान व्यवहार एवं उनकी संसाधनों तक पहुँच से ही भारत में सामाजिक न्याय की स्थापना संभव है। किन्तु भारत में दलित वर्ग की उपर्युक्त स्थिति इसके विपरीत प्रस्थापना प्रदान करती है और यही बात दलितों के विरूद्ध होने वाले अपराधों से भी सिद्ध होती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पूरणमल, मानवाधिकार, सामाजिक न्याय और भारत का संविधान पोइन्टर पब्लिशर्स, जयपुर, 2003, पृ. 107
2. रामगोपाल सिंह, सामाजिक न्याय एवं दलित संघर्ष, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2010, पृ.9
3. रामागोपाल सिंह, वही, पृ. 12
4. आर.जी. सिंह, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जाति व्यवस्था, रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर, पृ. 178
5. रामगोपाल सिंह, वही, पृ. 35-36
6. विश्व प्रकाश गुप्ता एवं मोहिनी गुप्ता, भीमराव अम्बेडकरः व्यक्ति और विचार, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, पृ. 120
7. रामगोपाल सिंह, वही, पृ. 112
8. धर्मवीर चंदेल, मानवाधिकार में अम्बेडकर का योगदान, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 2019, पृ. 34
9. सुनील महावर, भारत में दलित मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय, राज्यशास्त्र समीक्षा, राजनीति विज्ञान विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, अंक-33, नं. 1-2, जनवरी-दिसम्बर-2003 (जुलाई 2012 में प्रकाशित), पृ. 176

****

सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवाओं का शैक्षणिक प्रदर्शन

डॉ. बी. के. गुप्ता*

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध लेख सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन से जुड़ा हैं। शिक्षा प्रदाता दो प्रकार के होते हैं, सरकारी और निजी। निजी महाविद्यालय सरकार के आंशिक वित्त पोषण से चलाए जा सकते हैं (जिन्हें एडेड कहा जाता है) और पूर्ण रूप से स्व वित्त पोषित भी हो सकते हैं (जिन्हें अन-एडेड कहा जाता है)। सरकारी महाविद्यालयों की स्थापना और प्रबंधन सरकार करती है। वही इन महाविद्यालयों को अनुदान भी देती है। जब सरकार के पास शिक्षा की सार्वभौमिक सुविधा प्रदान करने के लिए संसाधन सीमित होते हैं तो निजी क्षेत्र की मदद ली जाती है। अधिकतर अर्थव्यवस्थाओं में निजी क्षेत्र लाभ के उद्देश्य से काम करता है। लेकिन जब शिक्षा की बात आती है, तो निजी क्षेत्र से यह अपेक्षा की जाती है कि वह गैर लाभकारी उद्देश्य से कार्य करेगा। भारत का उच्च शिक्षा तंत्र अमेरिका, चीन के बाद विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उच्च शिक्षा तंत्र है। विगत 50 वर्षों में देश के विश्वविद्यालयों की संख्या में 11.6 गुना, महाविद्यालयों में 12.5 गुना, विद्यार्थियों की संख्या में 60 गुना और शिक्षकों की संख्या में 25 गुना वृद्धि हुई है। सभी को उच्च शिक्षा के समान अवसर सुलभ कराने की नीति के अन्तर्गत सम्पूर्ण देश में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और साथ ही उच्च शिक्षा की अवस्थापना सुविधाओं पर विनियोग भी तदनुरुप बढा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) उच्च शिक्षा के मुख्य विनियामक हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को विनियमित करने के लिए 15 व्यावसायिक परिषदें हैं। संसद के अधिनियमों द्वारा स्थापित सांविधिक निकायों में भारतीय मेडिकल परिषद, भारतीय बार परिषद, वास्तुकला परिषद इत्यादि शामिल हैं।

भारत में युवा और शिक्षा – भारतवर्ष में 13 से 35 वर्ष की आयु वाले लगभग 42 करोड़ यूवाओं की मानवीय पूँजी है जो कि दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में बहुत अधिक है अर्थात हमारा देश इन दिनो सर्वाधिक युवा देश है जिसमें से 70 प्रतिशत (लगभग 29 करोड़) ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं। गॉव में रहने वाले युवाओं तथा शहरों में निवास करने वाले लगभग 13 करोड़ युवा दोनो के रहन-सहन, क्षमता, रूचि, परिवेश, शिक्षा आदि एकदम अलग है। गॉवो की शिक्षा व्यवस्था और शहरों की सुविधाए, दोनो में जमीन-आसमान का फर्क है। इसलिए ग्रामीण युवाओं को आज शिक्षा एवं रोजगार के पर्याप्त अवसर प्राप्त नही हो पा रहे हैं और वे विकास की दौड़ में पीछे छूट रहे हैं। जबकि किसी भी राष्ट्र की युवा शक्ति उसके रचनात्मक कार्यो का आधार होती है परन्तु जब युवाओं को अपनी योग्यता व शक्ति का सदुपयोग करने का अवसर नही मिलता तो वह अपने वास्तविक मार्ग से भटक जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में युवा शक्ति रचनात्मक कार्यो में व्यस्त न रहकर विध्वंसक कार्यो की ओर अग्रसर होती है।

भारत में उच्च शिक्षा का परिदृश्य – वर्तमान में देश में 47 केन्द्रीय विश्वविद्यालय, 123 डीम्ड विश्वविद्यालय, 288 निजी विश्वविद्यालय एवं 370 राज्य विश्वविद्यालय कार्य कर रहे हैं। राज्य विश्वविद्यालयों को छोड़कर अन्य विश्वविद्यालय महाविद्यालयों की सम्बद्धता के कार्य से मुक्त हैं। केन्द्रीय, डीम्ड एवं निजी विश्वविद्यालयों का स्वरूप लगभग एक जैसा ही है। इन विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को सिर्फ शिक्षण एवं शोध कार्य करना होता है, जिसके कारण इनके कार्यो में राज्य विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में गुणवत्ता बहाल होने की अधिक संभावना रहती है। यूजीसी द्वारा शिक्षकों की नियुक्तियों एवं प्रमोशन के लिये जो अर्हतायें रखी गई हैं वे सभी विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिये एक जैसी हैं, जबकि राज्य विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को सम्बद्ध महाविद्यालयों का निरीक्षण, नियुक्तियां, परीक्षा, उड़नदस्ता एवं परीक्षा परिणाम सहित लगभग सभी दायित्वों का निर्वहन करना पड़ता है। सम्बद्धता के इस अतिरिक्त कार्य का खामियाजा राज्य विश्वविद्यालयों के शिक्षण विभागों को भुगतना पड़ रहा है तथा ये विश्वविद्यालय अपने शिक्षण एवं शोध में वह गुणवत्ता नहीं रख पा रहे हैं, जिनके लिये इनकी स्थापना की गई है। केन्द्रीय विश्वविद्यालयों एवं केन्द्रीय संस्थानों की तुलना में राज्य विश्वविद्यालयों को बहुत कम अनुदान मिलता है। अनुदान कम मिलने के कारण पैसे की जरूरत पूरा करने के लिए राज्य विश्वविद्यालय कई तरह के स्ववित्तीय पाठ्यक्रम प्रारंभ करते जा रहे हैं। चूंकि सालों से इन स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्तियां नहीं हुई हैं इसलिए सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिना स्थायी शिक्षकों के ये विश्वविद्यालय इन पाठ्यक्रमों में कितनी गुणवत्ता रख पा रहे होंगे।



Sources: AISHE 2014; PRS.

आंकड़े प्रदर्शित करते हैं कि वर्तमान में निजी क्षेत्र उच्च शिक्षा की

* एसोसिएट प्रोफेसर (शिक्षा) जे. एन. एम. पी. जी. कॉलेज, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

उपलब्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्ष 2014 तक देश में कुल 36,812 कॉलेज थे। इनमें से 20,390 निजी और 6,768 सरकारी कॉलेज थे।11उल्लेखनीय है कि इन आंकड़ों से यह प्रदर्शित नहीं होता कि सरकारी या निजी संस्थानों में कितनी सीटें उपलब्ध थीं और उनमें से कितनी सीटें भरी गईं या खाली रहीं। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों में विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़ी विनियामक शर्तें भिन्न-भिन्न हो सकती हैं। यह भी एक कारण हो सकता है कि कुछ राज्यों में अन्य राज्यों की तुलना में सरकारी/ निजी संस्थानों में दाखिले की दर अधिक है।

भारत की शिक्षा प्रणाली – भारत की शिक्षा प्रणाली खासकर स्कूली शिक्षा पर बातें करते समय हमें बहुत ही कठिन सवालों से गुजरना होगा। मुश्किल यह है कि शिक्षा के कठिन सवालों पर देश में हमने लंबे समय से व्यापक स्तर पर कोई बहस ही नहीं चलायी है, समय-समय पर जब कोई नीति घोषित होती है तो उत्सवधर्मी भाव से कुछ सेमीनार,कन्वेंशन,संगोष्ठियां हो जाती हैं, कुछ प्रस्ताव संसद या विधानसभा में पास हो जाते हैं लेकिन गंभीर विस्तृत चर्चा नहीं होती,जनांदोलन नहीं होता।

हमने आजादी के बाद शिक्षा का जो ढांचा चुना और नीतिगत रास्ता चुना उस समय भी निचले स्तर पर कोई बड़ी बहस नहीं हुई। बाद में 1990-91 में भूमंडलीकरण की प्रक्रिया के साथ नत्थी होकर हमारे शासकों ने जो शिक्षा का मार्ग चुना उस समय भी जनबहस नहीं हुई,इस बात को कहने का मकसद यह है कि हमारा समाज जानता ही नहीं है कि हमारे यहां शिक्षा का क्या हाल है और उसके सामने किस तरह की चुनौतियाँ हैं।

लोकतांत्रिक शिक्षा – लोकतांत्रिक शिक्षा का लक्ष्य है आलोचनात्मक विवेक पैदा करना। जबकि उपभोक्ता केन्द्रित मौजूदा शिक्षा का लक्ष्य है सर्वसत्तावादी विवेक पैदा करना। इसलिए मौजूदा मॉडल को अंदर और बाहर हर स्तर पर आलोचना के केन्द्र में रखने की जरुरत है। लोकतांत्रिक शिक्षा का परिवेश सामाजिक बहस के नए मुद्दों को जन्म दे सकता है,लोकतंत्र में पॉजिटिव भूमिका निभाने का माहौल बना सकता है। शिक्षकों की पॉजिटिव इमेज बना सकता है और छात्र को नागरिक बना सकता है।

उच्च शिक्षा से जुड़े अध्ययन – भारत में बेरोजगारी की दर लगातार बढ़ रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, कई सालों तक बेरोजगारी दर दो या तीन प्रतिशत के आसपास रहने के बाद साल 2015 में पांच प्रतिशत पर पहुंच गई। इतना ही नहीं युवाओं में बेरोजगारी की दर 16 प्रतिशत है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के सतत रोजगार केंद्र से इस अध्ययन से जुड़ी रिपार्ट जारी की गई है। इस अध्ययन का नाम स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया, 2018 (एसडब्ल्यूआई) है।

हफिंग्टन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि 2015 में पांच प्रतिशत की बेरोजगारी दर थी, जो पिछले 20 वर्षों में सबसे ज्यादा देखी गई है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि नौकरियों की कमी निराशाजनक वेतनमान से बढ़ी है। 82 प्रतिशत पुरुष और 92 प्रतिशत महिलाएं प्रति माह 10,000 रुपये से भी कम कमा पा रहे हैं।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के परिणामस्वरूप रोजगार में वृद्धि नहीं हुई है। अध्ययन में कहा गया है कि जीडीपी में 10 प्रतिशत की वृद्धि के परिणामस्वरूप रोजगार में 1 प्रतिशत से भी कम वृद्धि हुई है।

शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं, पत्रकारों और नागरिक समाज कार्यकर्ताओं के एक समूह द्वारा लिखी गई यह रिपोर्ट, मुख्य रूप से राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) और श्रम विभाग के रोजगार-बेरोजगारी सर्वेक्षण (ईयूएस) से डेटा पर तैयार किया है। ये सर्वे आखिरी बार 2015-16 में हुआ था।

स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया की रिपोर्ट में बताया गया है, पारंपरिक रूप से भारत में बेरोजगारी नहीं बल्कि अंडर एंप्लॉयमेंट और कम मजदूरी समस्या थी। उच्च शिक्षा प्राप्त और युवाओं में बेरोजगारी 16 प्रतिशत तक पहुंच गई है। बेरोजगारी पूरे देश में हैं, लेकिन ज्यादा प्रभावित उत्तरी राज्य हैं।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. युवाओं के शैक्षणिक विकल्प के तौर पर निजी और सरकारी महाविद्यालयों के चयन के मापदण्डों को जानना।
2. निजी और सरकारी महाविद्यालयों के युवाओं के शैक्षणिक प्रदर्शन को जानना।

प्राक्कल्पनाएँ :

1. युवा, शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन और अंक पाने हेतु निजी महाविद्यालयों का चयन करते हैं।
2. निजी महाविद्यालयों के युवाओं का सरकारी महाविद्यालयों के युवाओं के तुलना में शैक्षणिक प्रदर्शन का स्तर बेहतर रहता है।

न्यादर्श – न्यादर्श हेतु उद्धेश्यपूर्ण निदर्शन की विधि को प्रयोग में लाया गया हैं जिसमें उत्तार प्रदेश के लखनऊ जिले के 2 निजी और 2 सरकारी महाविद्यालयों का चयन किया गया है जिसमें 2018 से 19 शैक्षणिक सत्र के प्रथम वर्ष के एक ही विषय वर्ग के 25 युवा और 25 युवतियों का निजी महाविद्यालय से चयन किया गया इसी प्रकार 2018 से 19 शैक्षणिक सत्र के प्रथम वर्ष के 25 युवा और 25 युवतियों का सरकारी महाविद्यालयों से चयन कर कुल 100 युवाओं के शैक्षणिक प्रदर्शन का अध्ययन किया गया है।

तथ्य संकलन – प्राथमिक तथ्य संकलन हेतु 5 बिन्दू थ्रस्टर्न स्केल का प्रयोग कर प्रश्नावली-प्रदर्शन मापनी का प्रयोग करते हुए महाविद्यालयों की घर से दूरी,कक्षा-कक्ष की स्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति, अध्यापकों की उपलब्ध्ता, सत्र लेने का तरीका, आंतरिक मूल्यांकन जैसे बिन्दूओं को सम्मिलित कर वार्षिक परिणाम की श्रेणी के स्तर को आधार बनाया गया है। थ्रस्टर्न स्केल में अंकों को दस प्रकार भार दिया गया है। अंक 1 बहुत अच्छा नहीं, अंक 2 अच्छा नहीं, 3 अंक सामान्य, 4 अंक अच्छा, 5 उत्कृष्ट प्रदर्शन का स्तर है।

सारणी 01 – सरकारी एवं निजी महाविद्यालय आधारभूत तुलना

आधारभूत तुलना	प्रदर्शन	
	सरकारी महाविद्यालय अंक	निजी महाविद्यालय अंक
महाविद्यालयों की घर से दूरी	2	4
कक्षा-कक्ष की स्थिति	3	3
विद्यार्थियों की उपस्थिति	2	4
अध्यापकों की उपलब्ध्ता	1	5
सत्र संचालन	2	4
कुल	10	20

आधारभूत तुलना – सारणी संख्या 01 के अनुसार अवलोकन के आधार पर सरकारी एवं निजी महाविद्यालयों की आधारभूत सेवाओं की तुलना की गई जिसके अनुसार यह पाया गया कि सरकारी महाविद्यालयों की दूरी निजी महाविद्यालयों से अधिक पायी गई। कक्षा-कक्ष की स्थिति, निजी और

सरकारी महाविद्यालयों में समान पाई गई। अध्यापकों की तुलना में निजी महाविद्यालयों का प्रदर्शन बहुत अच्छे स्तर का रहा जबकि सरकारी महाविद्यालयों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। सरकारी महाविद्यालयों में सत्र संचालन का स्तर अच्छा नहीं पाया गया और निजी महाविद्यालयों का प्रदर्शन अच्छे स्तर का पाया गया। अत: सारणी 01 से यह प्रदर्शित होता है कि आधारभूत सेवाओं में निजी महाविद्यालय सरकारी महाविद्यालयों से आगे हैं।

शैक्षणिक प्रदर्शन – सारणी संख्या 02 में जिन महाविद्यालयों की आधारभूत सेवाओं की तुलना की गई उन्हीं सरकारी और निजी महाविद्यालयों के युवक-युवतियों के वार्षिक परीक्षा के परिणाम के शैक्षणिक प्रदर्शन की तुलना की गई हैं।

सारणी 02 – प्रथम वर्ष वर्षिक परिक्षा के आधार पर शैक्षणिक प्रदर्शन

शैक्षणिक प्रदर्शन	सरकारी महाविद्यालय		निजी महाविद्यालय	
	युवक 25	युवतियाँ 25	युवक 25	युवतियाँ 25
प्रथम श्रेणी	5	6	13	16
द्वितीय श्रेणी	10	7	8	7
तृतीय श्रेणी	5	9	2	2
कम्पारमेंट	3	2	2	0
अनुत्तीर्ण	2	1	0	0
कुल	25	25	25	25

सारणी संख्या 02 के अनुसार सरकारी महाविद्यालय से 25 युवकों में से 5 युवक और 25 युवतियों में से 6 युवतियाँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है जबकि निजी महाविद्यालय से 25 युवकों में से 13 युवक और 25 युवतियों में से 16 युवतियाँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। सरकारी महाविद्यालय से 25 युवकों में से 10 युवक और 25 युवतियों में से 7 युवतियाँ द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है जबकि निजी महाविद्यालय से 25 युवकों में से 8 युवक और 25 युवतियों में से 7 युवतियाँ द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। सरकारी महाविद्यालय से 25 युवकों में से 5 युवक और 25 युवतियों में से 9 युवतियाँ तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है जबकि निजी महाविद्यालय से 25 युवकों में से 2 युवक और 25 युवतियों में से 2 युवतियाँ तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। सरकारी महाविद्यालय से 25 युवकों में से 3 युवक और 25 युवतियों में से 2 युवतियों को कम्पारमेंट मिला है जबकि निजी महाविद्यालय से 25 युवकों में से 2 युवकों को कम्पारमेंट मिला है। सरकारी महाविद्यालय से 25 युवकों में से 2 युवक और 25 युवतियों में से 1 युवतियाँ अनुत्तीर्ण घोषित किया गया हैं। अत: उक्त सारणी से यह ज्ञात होता है कि निजी महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवाओं का शैक्षणिक प्रदर्शन सरकारी महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवाओं से बेहतर है।

निष्कर्ष :

1. विद्यार्थियों के लिए सरकारी महाविद्यालयों की दूरी निजी महाविद्यालयों से अधिक पायी गई।
2. कक्षा-कक्ष की स्थिति, निजी और सरकारी महाविद्यालयों में समान पाई गई। निजी महाविद्यालयों के अध्यापकों का प्रदर्शन बहुत अच्छे स्तर का रहा।
3. आधारभूत सेवाओं में निजी महाविद्यालय सरकारी महाविद्यालयों से आगे हैं।
4. अत: उपरोक्त कारणों से निजी महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवाओं का शैक्षणिक प्रदर्शन सरकारी महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवाओं से बेहतर है।

सुझाव :

1. विद्यार्थियों के लिए सरकारी महाविद्यालयों की उपलब्धता उच्च माद्यमिक विद्यालयों के पास की जा सकती है।
2. सरकारी महाविद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति समय-समय पर हो।
3. आधारभूत सेवाओं में सरकारी महाविद्यालयों को सक्षम करना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Single year age data, Population Enumeration Data (Final Population), 2011 Census of India.
2. "265th Report: Demands for Grants 2015-16 (Demand No. 60) of the Department of Higher Education", Standing Committee on Human Resource Development, April 23, 2015, http://164.100.47.5/ newcommittee/reports/EnglishCommittees/Committee%20on%20HRD/265.pdf.
3. Demands for Grants of Department of Higher Education, Expenditure Budget, http://indiabudget.nic.in/index.asp.
4. "Education at a Glance 2010", Organisation for Economic Cooperation and Development Indicators, 2010http:// www.oecd.org/ education/skills-beyond-school/ 45926093.pdf.
5. "All India Survey on Higher Education 2012-13 (Provisional)", Ministry of Human Resource Development, 2015

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

सरदार पटेल की बारदोली सत्याग्रह आन्दोलन में भूमिका

डॉ. मनोज दाधीच* जयश्रीबेन डी. मेवाड़ा **

प्रस्तावना – सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रसिद्ध भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री थे। इनका जन्म 31 अक्टूबर, 1875 को गुजरात के एक छोटे से गांव नाड़ियाद में हुआ था। उनके पिता झावेर भाई एक किसान और माँ लाड़ बाई एक साधरण महिला थी। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा करमसद में सम्पन्न हुई। 1896 में आपने हाई स्कुल की परीक्षा उत्तीर्ण की। आपके द्वारा वकालत की शिक्षा भी प्राप्त की गई। सन् 1917 में सरदार पटेल मोहनदास करमचन्द गाँधी से अत्यधिक प्रभावित हुए, जिससे उनके जीवन की दिशा परिवर्तित हो गई और उन्होंने सार्वजनिक जीवन में प्रवेश करते हुए कई महत्वपूर्ण जन एवं किसान आन्दोलनों को नेतृत्व प्रदान किया। राष्ट्रीय आन्दोलन के इतिहास में बारदोली सत्याग्रह का विशिष्ट स्थान है जिसके कुशल सचालन एव सफलता के लिए वल्लबभाई पटेल को सरदार की उपाधि से सुशोभित किया गया। बारदोली के किसान आदोलन के उपरान्त पटेल एक राष्ट्रीय नेता के रूप में उभर कर सामने आये। विनोबा भावे के अनुसार, 'पटेल के दो महत्वपूर्ण कार्यो ने उन्हे भारतीय इतिहास में अमर बन दिया। प्रथम था बारदोली की आदोलन और द्वितीय देशी रियासतो का एकीकरण।'[1] पट्टाभिसीतारमैया ने इसकी तुलना 'इजराइलियो का मिस्त्र से कैनान को बर्हिगमन तथा तार्तारो का जार की निरकुशता के विरुद्ध विद्रोह से किया।'[2]

बारदोली की जनता के स्वभाव एवं चरित्र के कारण 1921 ई. के असहयोग आन्दोलन के समय ही उसे मुख्य केन्द्र बनाने का निर्णय लिया था। लेकिन चौरी-चौरा के हिंसक कांड के कारण उन्होने अपना निर्णय स्थगित कर दिया। तभी से बारदोली ताल्लुका सरकार की नाराजगी का शिकार बन गया। 19 जुलाई, 1927 को बारदोली ताल्लुके का रिवीजनल सेटेलमेण्ट करके भूतकाल का बदला लेने के लिए लगान में 21-97 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गयी।[2] लगान में की गयी इस भारी वृद्धि से ताल्लुके में खलबली मच गयी। इस अन्याय के विरुद्ध जनता ने सरकार से शिकायत की परन्तु सरकार ने कोई धयान नहीं दिया। 'गवर्नर जनरल ने कहा कि माल विभाग के निर्णयो में कोई हस्तक्षेप नही कर सकता उसका निर्णय अतिम है।'[3]

सरकार की नीतियो और नीयत से लोग तंग आ गये थे अंत उन्होने लगान वृद्धि के विरोध के लिए एक बार फिर वल्लभभाई के सहयोग की माँग की। वल्लभ भाई यद्यपि अभी बाढ सकट निवारण के कार्यों में लगे हुए थे, किन्तु किसानो की कठिनाइयों में निष्क्रिय बने रहना अथवा उन पर विपत्ति के समय कोई सहायता न देना, न केवल उनके स्वभाव के विपरीत था, अपितु वे इसे उपेक्षा का पाप समझते थे। एक स्थान पर अपनी अत:वेदना व्यक्त करते हुए अपने भाषण में जो शब्द कहे, उनको उनकी कृषक हित परायण प्रवृति का पूरा परिचय मिल जाता है। उनका कथन था कि, 'किसान डरकर दुख उठाए और जालिमो की लात खाये, उससे मुझे शर्म आती है। मेंरे जी में आता है कि किसानो को कगाल न रहने देकर खडा कर दू और स्वाभिमान से सिर ऊँचा करके चलने वाला बना दूं। इतना करके मरू तो अपना जीवन सफल समझूगा।'[4] सरदार पटेल ने किसानो का नेतृत्व ग्रहण करने के पूर्व कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ-कल्याण जी मेहता, कुनबेर जी मेहता तथा खुशहाल भाई मेहता से स्पष्ट कहा कि पहले वे बारदोली जाकर यह जाँच करे कि किसान सत्याग्रह करने के लिए तथा कष्ट उठाने के लिए तैयार है या नहीं। बारदोली कांग्रेस के जाँच रिपोर्ट मिलने पर वल्लभ भाई स्वयं बारदोली गये। वहाँ उन्होने एक सार्वजनिक सभा में जनता से सीधा प्रश्न किया कि वे प्रतिरोध के लिए कहाँ तक तैयार है। उन्होने इस सभा में सत्याग्रह की सफलता का आश्वासन न देकर किसानो के चरित्र, उनकी निष्ठा और लगन को चुनौती देते हुए स्पष्ट शब्दो में कहा कि, 'मेंरे साथ खेल न किया जाय। मैं ऐसे काम में हाथ नही डालता जिसमें जोखिम न हो। जो लोग जोखिम उठाने के लिए तैयार हो, मेंरे साथ आये मैं उनका साथ दूंगा।।[5]

इस प्रकार बहुत स्पष्ट शब्दो में अपनी बात कहकर तथा उन्हे सात दिनो की मोहलत देकर वल्लभभाई अहमदाबाद लौट आये। इसके बाद उन्होने गर्वनर जनरल को एक विस्तृत, विनम्र एवं मार्मिक पत्र लिखकर लगान वसूली स्थगित करने की मांग की पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख कर दिया कि सम्भव है यह लडाई तीव्र रूप धारण कर ले जिसे रोकना आपके हाथ में है। इस पत्र के जवाब में गवर्नर के सेक्रेटरी ने कहा कि आपका पत्र निर्णय के लिए माल विभाग के पास भेज दिया गया है? किसानो की दी हुई सात दिन की अवधि पूरी होने के पश्चात् पटेल पुन: बारदोली पहुचे। वहाँ उन्होने लोगो से अलग-अलग बात कर, काफी राय मालूम कर, लोगो से घुमा-फिरा कर, तर्क-वितर्क ,कर उनके चेहरो, आँखो और दिलो में गहराई रो झॉककर देखा तो उन्हे विश्वास और निश्चय दिखाई दिया।।। लोगो के संयम, उत्साह, निश्चय और दृढता से प्रभावित हुए। फिर भी उन्होने लोगो को एक बार फिर सत्याग्रह में आने वाले संकटो के प्रति आगाह करते हुए कहा कि-'यह लडाई जबरदस्त खतरो से भरी पड़ी है। जोखिम भरा कार्य किया जाना तो अच्छा है किन्तु किया जाय तो किसी भी कीमत पर उसे पूरा करना चाहिये। हारोगे तो देश की लाज जायेगी और जीतोगे तो आपका भविष्य बनेगा। देश की इज्जत बढेगी। इसलिए सोच विचार कर जो करना चाहो सो करो।'[6]

इस प्रकार भली भॉति जॉच परखकर जब उन्हे लगा कि किसान आन्दोलन के लिए तैयार है तब सरदार साहब गाँधी जी का आर्शीवाद लेने

* सहायक आचार्य (इतिहास) पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (इतिहास) पेसिफिक सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, पेसिफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

के लिए अहमदाबाद गये। गाँधी जी परिस्थितियो और वल्लभ भाई के निश्चय दोनो से परिचित थे अत: उन्होने तत्काल कहा 'अब तो मेरे लिए सिर्फ इतनी इच्छा करना बाकी रह गया है कि विजयी गुजरात की जय हो।'[7]

गाँधी जी का आशीर्वाद मिलने के बाद आन्दोलन का समस्त भार सरदार पटेल के कन्धो पर था। अत व्यक्तिगत जानकारी हेतु 4 फरवरी, 1928 ई. को बारदोली ताल्लुके के समस्त किसानो की एक सभा बुलायी गयी। 'सभा में 80 गॉवो के प्रतिनिधि उपस्थित थे।'[8] इसके अतिरिक्त सभा में बम्बई धारा सभा के तीन सदस्य भीमभाई नाईक, दादूभाई देसाई तथा डॉ. दीक्षित भी थे। सभा की अधयक्षता करते हुए सरदार पटेल ने किसानो को सत्याग्रह का अर्थ, उसकी गम्भीरता तथा होने वाले कष्टो से अवगत कराया।

सरदार पटेल ने सत्याग्रह की शुरूआत 12 फरवरी, 1928 ई. को बारदोली ताल्लुके के समस्त प्रतिनिधियो की सभा के साथ की। सभा को सम्बोधित करते हुए पटेल ने प्रतिनिधियो को लगान न देने की सलाह दी। पटेल ने कहा 'याद रखिये इस लडाई को छोडकर आप कही हार गये तो सारे देश की नाक नीची हो जायेगी और यदि जीत गये तो सारे ससार में तुम्हारे देश का मस्तक ऊँचा होगा।'[9] सरकार के विरुद्ध एक होकर मुकाबला करने की सलाह देते हुए पटेल ने कहा कि 'सरकार के पास तो तोपे है, बन्दूके है, और हुकुमत है पर आपके पास सत्य का बल है, दुख सहने की शक्ति है। अब इन दो शक्तियो का सामना है। यदि आपको यह निश्चय हो कि आपके साथ अन्याय हो रहा है तो उसका सामना करना हमारा धर्म है। जालिम से जालिम सत्ता भी उस प्रजा के सामने नहीं टिक सकती जिसमें एकता है।'[10] सरदार सहिप ने प्रतिनिधियों को स्वयं के बल पर विश्वास करने की सलाह दी। सभा में सर्वसम्मतिको लगान न देने का प्रस्ताव पास किया गया।

प्रस्ताव पास होने के उपरान्त आन्दोलन की सफलता या असफलता का समस्त भार सरदार पटेल के ऊपर था। किसानो को जाग्रत करने के लिए सरदार पटेल ने बाकानेर, बराड, बडे कुऑ, बालोड आदि अनेक स्थानो का भ्रमण किया तथा जोशपूर्ण भाषण दिये। अपने भाषणो में पटेल ने विशेष रूप से दो बातो पर बल दिया। प्रथम सरकार जनता में मतभेद करके उन्हे विभाजित करने का प्रयास करेगी जिससे जनता को सतर्क रहना होगा। और द्वितीय सरकार नेताओ को गिरफ्तार करेगी तथा भूमि कुर्क करेगी। सरदार साहब ने कहा, हमारा अनुशासन ही जीत की कुजी है। सरकार के हर गाँव में केवल दो ही आदमी एक पटेल और दूसरा तलाही होते है जबकि हमारे पक्ष में सम्पूर्ण गाँव है।'

सरदार पटेल ने आन्दोलन की सफलता के लिए एक सुदृढ सगठन का निर्माण किया। जिसके तहत सम्पूर्ण ताल्लुके को पॉच मुख्य भागो में बॉटा गया और उन पर एक-एक मुख्य विभागापति रखा गया। इसके अतिरिक्त सत्याग्रह छावनियो की स्थापना की गयी। प्रत्येक छावनी एक या दो मुख्य कार्यकर्ताओ के अधीन रखी गयी।

नोट- कुछ प्रमुख छावनियो तथा उनके प्रमुखो का विवरण इस प्रकार है।

बराड गोहन लाल पाडया 2 बालदा-अम्बा लाल देसाई 3 बाकानेर-लाल भाई अमीन, शाह व अब्बास तैयब जी 4 स्यादला—फूलचन्द बाबू जी 5 बारदोली-डॉ. घिया व चीनाई 6 मोटा-बलवन्त राय 7 बाजीपुरा—नर्मदा शकर पाडया 8 सीकर-कल्याण जी बाल जी 9 आफबा-रतन जी भगाभाई पटेल 10 बुहारी-नारायण भाई पटेल 11 सरभण-रविशकर व्यास व डॉ. समन मेंहता 12 बापजी-दरबार गोपाल दास भाई 13 बालोत-चन्दुलाल देसाई।

सरदार द्वारा निर्मित यह संगठन कठोर अनुशासन में बंधा था। प्रत्येक स्वयं सेवक अपने नायक या विभागापति के आदेशो का पालन करता था। जो स्वयं सेवक आचरण में शिथिल पाया जाता था उसे तत्काल हटा दिया जाता था। अनुशासन की यह कठोरता मात्र स्वय सेवको तक ही सीमित न होकर वल्लभ भाई तथा विभागापति को भी अपने अधीन रखती थी।

सत्याग्रह की घोषणा के साथ ही बारदोली में एक प्रकाशन विभाग की स्थापना के साथ सत्याग्रह कार्यालय की भी स्थापना की गयी। सत्याग्रह कार्यालय द्वारा अधीन गाँवो के समाचार विभागापति द्वारा जाने लगे। प्रधान कार्यालय से प्रतिदिन साधनाये भेजी जाती जिसे विभागाधयक्ष के कार्यालयो द्वारा प्रतिदिन गॉव-गॉव में पहुँचा दी जाती। प्रकाशन विभाग प्रतिदिन 'सत्याग्रह खबर तथा सत्याग्रह पत्रिका' प्रकाशित करता था जो नि:शुल्क वितरित की जाती थी। प्रकाशन विभाग आन्दोलन को तीव्र गति देने का महत्वपूर्ण साधन था। सरदार पटेल तथा विभागापति गॉव-गॉव जाकर स्फूर्तिजनक भाषणो द्वारा जनता को उत्साहित करते थे।

वल्लभभाई की इस व्यूह रचना को तोड़ने के लिए सरकार ने किसानो को झुकाने हेतु कुर्की की नीतियॉ जारी किये और सर्वप्रथम यह नोटिस बनियो को दिये गये। यह चुनाव शायद इसलिए किया गया कि बनिया कमजोर और डरपोक होते है। जब्ती की नोटिस पाते ही वे घुटने टेक देंगे। परन्तु उन्होने भी अन्य जातियो की भॉति साहस का परिचय देते हुए घुटने टेकने से साफ इन्कार कर दिया। मात्र तीन व्यक्तियो ने लगान जमा किया जो बाद में पछताये भी। 17 फरवरी 1928 को रेवन्यू विभाग के सेक्रेटरी जे.डब्लू. स्मिथ ने सरदार पटेल को पत्र लिखा। उसने सरदार के सुझावो को अस्वीकार करते हुए कहा कि सरकार अब बढे हुए लगान को स्थगित नहीं कर सकती और न ही वह नये बन्दोबस्त पर किसी तरह की रियासत देने के लिए तैयार है। पत्र में पटेल तथा अन्य सत्याग्रहियो पर बाहरी व्यक्ति होने का आरोप भी लगाया गया। गाँधी जी ने इस आरोप को अपमान की सज्ञा दी। सरदार साहब ने सरकार को उनके गलत होने को सिद्ध करने की चुनौती दी।

जब सरकार द्वारा जारी कुर्की के आदेश की तामील नहीं हुई तो उसने सगठित रूप से भैसे या चल सम्पत्ति जब्त करना प्रारम्भ किया। जनता को आतंकित करने के लिए पठानो को बाहर से बुलाया गया। बारदोली जैसे हिन्दू बाहुल इलाके में मुसलमान अफसरो तथा पठानो को बुलाकर जनता में फूट डालने का कुचक्र रचा गया। लोगो को झूठे मुकदमें में फसाये गये तथा सजाये दी गयी। इस प्रकार सरकार का दमनचक्र कठोर होता जा रहा था तो जनता में दिन प्रतिदिन नवीन उत्साह पैदा हो रहा था। सरदार पटेल के भाषण ही मुर्दो में भी जान डाल देते थे। पुरुष और स्त्रिया उन्हे अपना इष्ट देव समझने लगे थे। महादेव जोशी ने अपनी 'बारदोली की कहानी' में इन अविस्मरणीय सभाओ तथा भाषणो का वर्णन किया है। उस समय पटेल के भाषणो में सिह जैसी गर्जना थी। एक भाषण में उन्होने कहा कि 'आज सरकार तो जगल में घूमने वाली हाथी जैसे मदमस्त हो गयी है जो अपनी चपेट में आने वाले हर किसी को कुचल देना चाहती है। पागल हाथी मद में यह मानता है कि उसने शेर-चीते को मार डाला है तो उसके सामने मच्छर की क्या गिनती। परन्तु शक्तिशाली हाथी भी मच्छर के कान में घुस जाने पर तडप-तडप कर सूढ पछाड़ते हुए जमीन पर लोटने लगता है।' मैं आपकी प्रकृति का नियम बताता हूँ आप सब किसान होने के कारण जानते है कि जब थोडे से बिनौले जमीन में गडकर व सडकर नष्ट हो जाते है तब खेत में कपास पैदा होती है। बालोड में एक सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि 'सरकार

यदि 15 रुपये के वेतन पर भाडे के सिपाही भरती करके फौज खडी करती है और वे ही सिपाही किसी समय और स्वार्थ के बिना लडाई के मैदान में जाकर टपाटप मरते है तो आप लोग तो हजारो रुपयो के खातेदार है और आपको अपने वतन के खातिर, अपने बाल बच्चो की रोटी की खातिर लडना है। कौन अभागा होगा, जो यह लडाई नहीं लडेगा? मैं तो चाहता हूँ कि यह लडाई लम्बी चले। यहाँ बैठे-बैठे हम सारे गुजरात को सत्याग्रह का पाठ पढाये।' इस प्रकार वल्लभ भाई बारदोली की जनता को सत्याग्रह की भट्ठी में तपाया।

प्रारम्भ में वल्लभ भाई नहीं चाहते थे कि बारदोली सत्याग्रह को अखिल भारतीय स्वरूप प्रदान किया जाय। इसलिए उन्होने किसी भी राष्ट्रीय नेता को बारदोली आने का निमन्त्रण नही दिया। 8 मई 1928 ई. को उन्होने देशवासियो से धन के लिए अपील की। महात्मा गाँधी ने सरदार की अपील का समर्थन किया। परिणामस्वरूप देश, विदेश से चन्दा आने लगा। 12 जून 1928 ई. को पूरे देश में बारदोली दिवस मनाने का निर्णय किया गया। महात्मा गाधी ने लोगो से आग्रह किया कि '12 जून को आत्मशुद्धि यज्ञ करे। स्वेच्छा से अपना सामान्य काम-काज और धन्धा बन्द रखे और बारदोली की लडाई में सहायता देने के लिए धन का सग्रह करे।' कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. एम.ए. अन्सारी ने समस्त प्रान्तीय कांग्रेस समितियो को अपने-अपने क्षेत्र में सार्वजनिक सभाये करने तथा चन्दा जमा करके बारदोली दिवस मनाने का परामर्श दिया।' 12 जून को पूरे देश में बारदोली दिवस मनाया गया। बम्बई के समस्त बाजार बन्द रहे। सरदार पटेल के साहसिक कदम की सर्वत्र प्रशसा की गयी और धन एकत्रित करके भेजा गया। वल्लभ भाई पटेल के आग्रह पर 11 जून तक 60 पटेलो तथा 8 तलाटियो ने अपने त्याग पत्र देकर सरकार को गम्भीर स्थिति का आभास कराया।

बम्बई धारा सभा के सदस्य के.एम. मुशी ने गवर्नर से बारदोली समस्या पर पत्र व्यवहार किया। गवर्नर के उत्तर से निराश होकर उन्होने 17 जून को धारा सभा की सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया तथा वास्तविक स्थिति की जांच के लिए बारदोली का भ्रमण किया। बम्बई इडियन चैम्बर्स ऑफ कामर्स का एक शिष्ट मंडल एच.पी. मोदी की अधयक्षता में गवर्नर जनरल से मिलकर समस्या के समाधान हेतु गोलमेज सम्मेलन बुलाने का प्रस्ताव रखा। साथ में यह भी कहा ऐसे सम्मेलन में गाँधी और पटेल को अवश्य बुलाया जाय। गवर्नर ने सम्मेलन बुलाने के लिए शर्त के रूप में कहा कि पहले बढी हुई लगान किसी तीसरे पक्ष के पास जमा कर दिया जाय तो सम्मेलन बुलाया जा सकता है। पटेल ने गवर्नर की शर्त को अस्वीकार कर दिया। 'पटेल ने बाम्बे क्रानिकल के सम्वाददाता को बताया कि निकट भविष्य में समझौते की कोई आशा नहीं है। वह बारदोली की जनता के लिए न्याय चाहते है और जब तक सरकार जनता के आन्दोलन को कठोरता से दबाती रहेगी कोई समझौता सम्भव नहीं हो सकता।'[11]

बारदोली में जैसे-जैसे लोकमत शक्तिशाली होता गया वैसे-वैसे सरकार की स्थिति नाजुक होती गयी। सरकार यदि आन्दोलन का दमन करे तो उसकी बदनामी होती क्योकि आन्दोलनकारी अहिसक थे। यदि वह मॉग को स्वीकार कर लेती तो उसकी सार्वभौमिकता पर प्रश्न चिन्ह लग जाता। तथा उसका सारा आतंक, प्रभाव एव प्रतिष्ठा खत्म हो जाती जाता दि टॉइम्स ऑफ इडिया के सम्वाददाता कुछ समय के लिए बारदोली में रहे। उन्होने सधना भेजी की बारदोली के बोलशेलिज्म का प्रयोग प्रारम्भ हो गया है। पटेल वहाँ के लेनिन है।' सत्याग्रहियो के सरकारी प्रशासन को पूर्णतया पंगु बना दिया है। जुलाई के मधय तक स्थिति अत्यन्त विस्फोटक हो गयी।

18 जुलाई, 1928 ई. में सूरत को गवर्नर जनरल तथा उनके सलाहकारो और पटेल व उनके सहयोगियो के मध्य वार्ता हुई। वार्ता में सरकार की ओर से गवर्नर लेस्ली विल्सन कमिश्नर डब्लू डब्लू स्मार्ट तथा सूरत जिले के कलेक्टर हार्ट शोन उपस्थित थे। सत्याग्रहियो की ओर से सरदार पटेल के अलावा, अब्बास तैयब, शारदा बेन मेहता, भक्ति लक्ष्मी, गोपाल दास देसाई, मीठू बेन पेटिट और कल्याण जी मेहता थे।सरकार की ओर से शर्त रखी गयी कि 'पुराना लगान जमा कर दिया जाय और बढा हुआ लगान तीसरे पक्ष द्वारा सरकारी खजाने में जमा करवा दिया जाय और वर्तमान आन्दोलन बन्द कर दिया जाय तो सरकार जॉच समिति नियुक्त करने का आश्वासन देगी।'[12] 'जबकि वल्लभ भाई की ओर से शर्त रखी गयी कि बन्दी सत्याग्रहियो को बिना शर्त छोड दिया जाय, जिन लोगो के मवेशी बेचे गये है उन्हे मुआवजा दिया जाय, जो जमीने कुर्क की गयी है उन्हे मालिको को वापस दी जाये, जो पटेल व तलाटी नौकरी से निकाले गये है उन्हे नौकरी में रखा जाय तथा सरकार लगान वृद्धि के सबध में एक निष्पक्ष जॉच समिति नियुक्त करे।।[13] सरदार द्वारा प्रस्तुत शर्ते गवर्नर ने अस्वीकार कर दी अत: वार्ता असफल हो गयी। सरदार पटेल अपनी ओर से वार्ता तोडने के पक्ष में नहीं थे अत उन्होने विनम्र भाषा का पत्र लिखकर अपनी शर्ते को दोहराया साथ ही आग्रह किया। जब उन्हे उनसे मिलने से कुछ लाभ प्रतीत हो तो मुझे सूचित करे। परन्तु पटेल को कोई सफलता नहीं मिली।

सूरत वार्ता की असफलता के लिए समाचार पत्रो ने सरकारी नीति की आलोचना की। पायनियर ने लिखा कि 'किसानो द्वारा बढा हुआ लगान जमा करना तथा पुन वापस मॉगना अन्यायपूर्ण है।'[14] स्वराज्य के अनुसार 'गवर्नर समझौते की मनोदशा में नही है।' हिन्दू के शब्दो में,'गवर्नर ने समझौते का एक अवसर खो दिया।'[15]

इसी बीच 23 जुलाई, 1928 ई. को गवर्नर जनरल ने धारा सभा में भाषण करते हुए अपनी पुरानी शर्तो को पुन: दोहराया और जनता को 14 दिनो का समय देते हुए स्पष्ट किया कि यदि ये शर्ते न मानी गयी और समझौता न हो सका तो अपने कानून का पालन करवाने के लिए सरकार को जो उचित प्रतीत होगा। वह कदम उठाने से नहीं हिचकिचायेगी। अपने अधिकारो की रक्षा के लिए वह समस्त शक्ति का प्रयोग करेगी।'[16] गवर्नर के भाषण का जनता तथा प्रेस में तीव्र प्रतिक्रिया हुई। दूसरी ओर इग्लैण्ड में सहायक सचिव भारत मत्री अर्थ विटरटन ने कामन सभा में कहा कि 'लेस्ली ने जो शर्तो रखी है यदि वे पूरी न हुई तो बम्बई सरकार को पूर्ण अधिकार होगा कि वह आन्दोलन को कुचल दे और जनता को कानून का पालन करने के लिए बाधय करे।'[17]

गवर्नर की धमकी का सत्याग्रहियो पर कोई प्रभाव नहीं पडा बल्कि सम्पूर्ण देश की सहानुभूति सत्याग्रहियो के प्रति बढ रही थी। गाँधी जी के शब्दो में 'गवर्नर की धमकी और विटरटन द्वारा उसका पूर्ण अनुमोदन भी बारदोली के लोगो पर कोई असर नहीं छोड सकेगा। इतना ही नही, सुनता तो यह हूँ, कि धमकी से लोग और दृढ हो गये है।' इसी बीच बम्बई के एक व्यापारी राम चन्द्र भट्ट ने बढी हुई लगान की सारी रकम अपने खजाने से जमा करने की इच्छा प्रकट की जिस पर गाँधी जी ने कहा कि यदि ऐसी भेट से सरकार के मन का समाधान हो जाय तो हमें कोई शिकायत नही है। देश में गरम दल के लोगो ने गवर्नर के इस धमकी भरे भाषण का हर्षपूर्वक स्वागत किया। गरम पंथी लोगो में इस बात का हर्ष और उत्साह था कि अब उन्हे स्वराज्य की बडी लडाई लडने का अवसर मिलेगा। 'सरदार शार्दूल सिंह कवीश्वर ने पत्र लिखकर गाँधी जी से आग्रह किया कि वल्लभ भाई ने बारदोली सत्याग्रह को मर्यादित रखा है जो अव्यावहारिक जान पडता है अत: अब

सारे देश में सविनय अवज्ञा आन्दोलन शुरू कर देना चाहिये।'[18] गाँधी जी ने इस आग्रह को ठुकरा दिया। इसके बाद वे 2 अगस्त 1928 ई. को बारदोली गये जहाँ उन्होने अफवाहो एव आशंकाओ के बावजूद बारदोली निवासियो द्वारा वल्लभ भाई के आदेश का पालन करने को उत्सुक देखकर उनके मन में आत्मसन्तोष हुआ।

सरकार ने सारे प्रयत्न कर लिये, सभी प्रकार के हथकंडो का सहारा लिया लेकिन सत्याग्रही झुकने को तैयार नहीं हुए तो ऐसी स्थिति में सरकार को सदबुद्धि आयी। गवर्नर जनरल ने बातचीत के लिए सरदार साहब को आमन्त्रित किया। इस बातचीत में गवर्नर ने इस आश्वासन के साथ, कि सरकार योग्य मामलो की जॉच करके बढे हुए लगान को माफ कर देगी, यह मॉग की कि सत्याग्रह बन्द कर दिया जाय और लोग पहले के समान कर देना आरम्भ कर दे। वल्लभ भाई ने गवर्नर की इस मांग को स्वीकार कर लिया किन्तु साथ ही उन्होने आन्दोलन के दौरान बन्दी बनाये गये लोगो को रिहा करने, सरकारी कर्मचारियो को पुन: काम पर लेने, कुर्क किये गये माल और जमीन वापस करने की मांग की। सरकार ने वल्लभ भाई की सारी बाते मान ली। इस प्रकार सरकार और वल्लभ भाई के मध्य समझौता हो गया। समझौते का स्वागत करते हुए सरदार पटेल ने 11 अगस्त, को बारदोली की जनता के लिए एक वक्तव्य प्रकाशित किया जिसमें उन्होने कहा कि, 'ईश्वर की कृपा से हमने जो प्रतिज्ञा की थी उसका पूर्ण रूप से पालन हो चुका है। हम लोगो पर बढाये गये लगान के संबंध में हम जैसी जॉच चाहते थे, सरकार ने उसी प्रकार की जॉच समिति नियुक्त करना स्वीकार कर लिया है। जब्त की हुई जमीने किसानो को वापस मिलेगी। जेल में बन्द सत्याग्रही छोड दिये जायेगे। पटेल और तलातियो को पुन नौकरी पर रखा जायेगा और जो छोटी-मोटी मॉगे हमने रखी थी, उनकी भी स्वीकृति हो गयी है।[19] इस प्रकार वल्लभभाई ने बारदोली आन्दोलन में सफलता प्राप्त की।

देश के राष्ट्रीय नेताओ ने इसे अभूतपूर्व सफलता माना। गाँधी जी ने सफलता का श्रेय वल्लभभाई, गर्वनर, सरकारी अधिकारियो तथा विधानसभा के सदस्यो को दिया। उन्होने कहा कि 'जिन्होने शुद्ध मन से चाहा कि समझौता हो जाय वे सब इस विजय में हिस्सेदार है।' गाँधी के अनुसार वल्लभ भाई जैसे नेता के अथक प्रयत्नो से यह विजय मिली है। सरदार पटेल को मान पत्र देते हुए गाँधी जी ने कहा 'ऐसा स्वार्थ त्यागी सरदार तुम्हे दूसरा नही मिलेगा। वे मेंरे सगे भाई जैसे है किन्तु उन्हे यह प्रमाण पत्र देते हुए मुझे सकोच नही राष्ट्रीय नेताओ में लाला लाजपतराय, मोतीलाल नेहरू, सुभाष चन्द्र बोस, सरोजनी नायडू, एम. बी कोठारी, मौलाना शौकत अली, विश्वनाथन, राजाराम पाडया, सत्यमूर्ति आदि ने पटेल को अभिनन्दन पत्र भेजे ! के.एम. मुशी ने बारदोली की घटना को भारतीय सार्वजनिक जीवन के इतिहास में महत्वपूर्ण विजय बतलाया।' बारदोली, सूरत एव गुजरात के अन्य हिस्सो में विजयोत्सव मनाया गया।

सरदार पटेल ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि 'बारदोली के लिए आप लोग मुझे श्रेय देते है लेकिन मैं उसका पात्र नही हूँ। कोई असाधय रोग से पीडित बीमार पलंग पर पडा हो, और उसे कोई सन्यासी मिल जाये, जडी-बूटी दे दे और उसकी मात्रा घिसकर पिलाने से रोगी स्वस्थ हो जाये ऐसी दशा हिन्दुस्तान के किसान की है। मैं तो सिर्फ जडी-बूटी घिसकर पिलाने वाला हूँ जो एक सन्यासी ने मुझे दी। श्रेय अगर किसी को है तो उस जडी-बूटी देने वाले को है। दूसरे अगर कोई सम्मान के पात्र है तो वे मेंरे साथी है। जिन्होने चकित करने वाले अनुशासन का परिचय दिया।[20]

समझौते के तहत 18 अक्टूबर 1928 ई. को जॉच समिति की नियुक्ति सरकार ने कर दी। समिति ने 12 अप्रैल, 1929 ई. को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति ने किसानो की शिकायतो को सही माना और लगान वृद्धि की स्तुति के आधारो को दोषपूर्ण माना। समिति ने पुराने लगान पर 6.03 प्रतिशत वृद्धि की सिफारिश की।

इस प्रकार सरदार पटेल के कुशल सगठन, दृढ निश्चय और जबदस्त प्रशासकीय क्षमता के सामने शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार बौनी साबित हुई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नन्दूरकर, जी.एम., दिस बाज सरदार-दि-कमोमेंरेटिव वाल्यूम, अहमदाबाद, 1974, पृ. 104
2. पूर्वोक्त, पृ. 131
3. बन्दोबस्त अधिकारी की टिप्पणी, होमफाइल, 178-1928 एन.ए.आई.
4. पटेल, राजीव भाई, हिन्द के सरदार, अहमदाबाद, 1994, पृ. 68
5. दास, सेठ गोविन्द, सरदार पटेल, दिल्ली, 1969, पृ. 72
6. पूर्वोक्त, पृ. 72
7. पूर्वोक्त, पृ0 73
8. पूर्वोक्त, पृ. 74
9. पटेल, राजीव भाई, पूर्वो, पृ. 70
10. मेंहरोत्रा, एन.सी., कपूर, रजना, सरदार भाई पटेल व्यक्ति एक विचार, दिल्ली, 1997, पृ0 41
11. पूर्वोक्त, पृ. 41
12. पारीख, नरहरि सरदार पटेल के भाषण, अहमदाबाद, 1950, पृ. 145
13. पूर्वोक्त, पृ. 145
14. पटेल, राजीव भाई, पूर्वोक्त, पृ. 76
15. बाम्बे क्रानिकल, 29 मई, 1928
16. शिष्ट मंडल की गर्वनर से वार्ता, 22 जून 1928 विस्तृत जानकारी हेतु बाम्बे क्रॉनिकल 23 जून, 1928
17. टाइम्स ऑफ इण्डिया, 3 जुलाई, 1928
18. बाम्बे क्रानिकल, 20 जुलाई, 1928
19. पूर्वोक्त, 21 जुलाई, 1928
20. पूर्वोक्त, 25 जुलाई, 1928
21. पूर्वोक्त, 25 जुलाई, 1928
22. पूर्वोक्त, 25 जुलाई, 1928
23. पारीख, नरहरि, सरदार पटेल के भाषण, अहमदाबाद, 1950, पृ. 160
24. मेहरोत्रा, एन.सी., कपूर, रंजना, पूर्वो, पृ. 74

****

योग - समुत्कर्ष एवं नि:श्रेयस का अद्भुत रहस्य

डॉ. दिनेश कुमार कौशल *

प्रस्तावना - अलौकिक घटनाओं की व्याख्या प्रकृति को नियंत्रित कर उससे परे जाने की कला, आनन्दमय कोष तक पहुँचने की विकास यात्रा, आत्म-साक्षात्कार, आत्मा की अमरता की अनुभूति, अन्तर्दृष्टि, अन्तर्ज्ञान, हृदय की पवित्रता की पराकाष्ठा, मस्तिष्क का संपूर्ण विकास, मानव से महामानव बनने का उद्यम, समुत्कर्ष एवं नि:श्रेयस की प्राप्ति तथा आत्मा की तुरीयावस्था को प्राप्त करने का हल यदि किसी के पास है, तो वह है, योगी। योगी जिस क्रिया द्वारा उपरोक्त क्षमतायें प्राप्त करता है, वह है योग।

प्रकृति में दो प्रकार की अभिव्यक्तियाँ हैं:- 1. स्थूल 2. सूक्ष्म। सूक्ष्म कारण है और स्थूल कार्य। योग के अभ्यास से सूक्ष्मतम अनुभूति प्राप्त होती है। दर्शनशास्त्र का लक्ष्य है, पूर्णता प्राप्त करके आत्मा को मुक्त कर लेना। इसका उपाय है योग। योग बहुभावव्यापी शब्द है। संसार में जितने भी महापुरूष हुये हैं, वे किसी न किसी दृष्टि से योगी थे, क्योंकि योग के द्वारा ही सामान्य सीमा को पार किया जा सकता है। प्रत्येक आत्मा अत्यक्त ब्रम्हा है। बाह्य एवं अन्त:प्रकृति को वशीभूत करके आत्मा को इस ब्रम्हभाव में व्यक्त करना ही जीवन का चरम लक्ष्य है, किन्तु यह लक्ष्य बिना योग के संभव नहीं है, क्योंकि हम जहाँ से रास्ता तय करना प्रारंभ करेंगे, वह योग की परिधि में ही आयेगा। समस्त ज्ञान स्वयं की अनुभूति पर टिकें हैं। जिस ज्ञान को हम अनुमान से प्राप्त करते हैं और जिसमें हम सामान्य से विशेष तक पहुँचते हैं। उसकी जड़ स्वानुभूति है।

शोध प्रविधि - इस शोध पत्र में योग:- समुत्कर्ष एवं नि:श्रेयस का अद्भुत रहस्य नामक शोध पत्र में द्वितीयक शोध सामाग्री के आधार पर आचार मीमांसीय अध्ययन किया गया है। जहाँ तक मानव के आचरण को समुन्नत करने का साधन योग की क्रिया विधि है। इसी के आधार पर द्वितीय स्त्रोंतों को खोजने का प्रयास किया गया है।

उद्देश्य - विज्ञान पर सरलता से सत्यता में विश्वास किया जाता है, क्योंकि यह प्रयोग पर आधारित है। वैज्ञानिकों ने स्वयं कुछ प्रयोगाधारित तथ्य एकत्र किये हैं। ये तथ्य प्रत्यक्ष अनुभूति पर निर्भर हैं। जब वैज्ञानिक अपने उन सिद्धांतों पर विश्वास करने के लिए कहते हैं, तब वे जन सामान्य की अनुभूति पर उनकी सत्यासत्य के निर्णय का दायितव छोड़ देते हैं। प्रत्येक विज्ञान का एक आधार है और उससे जो सिद्धांत निकलते हैं, उनकी सच्चाई कोई भी इच्छानुसार जान सकता है। किन्तु प्रश्न उठता है कि बाह्य क्षेत्रों से परे अन्तर्क्षेत्रों (यथा- मन, बुद्धि, चित्त, आत्मा, धर्म, आध्यात्म, अन्तर्दृष्टि आदि) में भी कोई उभय निष्ठ तत्व हैं या नहीं। यदि धर्म के संबंध में विचार करें तो संसार के समस्त धर्मो के बारे में हमें यह शिक्षा मिलती है कि धर्म केवल श्रद्धा और विश्वास पर स्थापित है और अधिकांश स्थलों में तो वह भिन्न-भिन्न मतों की समष्टि मात्र है। यही कारण है कि धर्मो के बीच सकारात्मक तत्वों के साथ नकारात्मक तत्व भी आ जाते हैं। कुछ का कथन है कि बादलों के उपर एक महान पुरूष है, वही सारे संसार पर शासन करता है। व्यक्तिगत रूप से मेरे भी ऐसे अनेक भाव हो सकते हैं, जिन पर विश्वास करने के लिए मैं दूसरों से कहता हूँ। किन्तु कोई इस विश्वास का कारण पूछे तो मैं उसे युक्ति देने में असमर्थ हो जाता हूँ। इसीलिए धर्म और दर्शनशास्त्र की निन्दा सुनी जाती है। किन्तु वास्तव में धर्म विश्वास की एक सार्वभौमिक भित्ति है वही विभिन्न देशों के विभिन्न सम्प्रदायों के भिन्न-भिन्न मतवादों और सब प्रकार की विभिन्न धारणाओं को नियमित करती है। उन सबके मूल में जाने पर हम पाते हैं कि वे भी स्वानुभूति पर प्रतिष्ठित हैं। यह अनुभूति केवल योग द्वारा ही अर्जित की जा सकती है।

समस्या - यदि संसार में किसी प्रकार के विज्ञान के किसी विषय की किसी ने कभी प्रत्यक्ष उपलब्धि की है तो इससे इस सार्वभौमिक सिद्धांत पर पहुँचा जा सकता है कि पहले भी कोटि-कोटि बार उसकी उपलब्धि की संभावना थी और भविष्य में भी अनन्त काल तक उसकी उपलब्धि की संभावना बनी रहेंगी। एकरूपता ही प्रकृति का बड़ा नियम है। एक बार जो घटित हुआ, वह पुन: घटित हो सकता है। इसलिए योग विद्या के आचार्यगण कहते हैं कि धर्म पूर्वकालीन अनुभवों पर केवल स्थापित ही नहीं, वरन् इन अनुभवों से स्वयं संपन्न हुये बिना कोई भी धार्मिक नहीं हो सकता। जिस विद्या के द्वारा ये अनुभव प्राप्त होते हैं, उसका नाम है- 'योग'।

समाधान - मनुष्य चाहता है कि सत्य, वह सत्य का स्वयं अनुभव करना चाहता है और जब वह सत्य की धारणा कर लेता है। हृदय के अंतरतम प्रदेश में उसका अनुभव कर लेता है, वेद कहते है, तभी उसके सारे संदेह दूर हो जाते हैं, सारा तमोजाल छिन्न-भिन्न हो जाता है और सारी वक्रता सीधी हो जाती है।

'भिद्यते हृदय ग्रन्थि छिद्यन्ते सर्वसंशया:।
क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे परावरे।।'

- मुण्डकोपनिषद-।।2/2/8।।

'हे अमृत के पुत्रों, हे दिव्यधाम निवासियों, सुनो-मैंने अज्ञानान्धकार से आलोक में जाने का रास्ता पा लिया है, जो समस्त तम के पार हैं, उसको जानने पर ही वहाँ जाया जा सकता है- मुक्ति का और कोई दूसरा उपाय नहीं।'

'शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा आ ये धामानि दिव्यानि तस्थ:।
वेदाध्यते पुरूषं महान्तमादिव्य वर्ण तमस: पुरस्तात्।
तमेव विदित्वाति मृत्युमेति नान्य: पन्था विद्यतेऽयनाय।।'

- ।। श्वेताश्वतर-2/53/8।।

निष्कर्ष - इस सत्य को प्राप्त करने के लिए योग विद्या मानव के समक्ष

* शिवाजी नगर,बी. डी. ए. कॉलोनी, भोपाल (म.प्र.) भारत

यथार्थ, व्यावहारिक और साधनोपयोगी वैज्ञानिक प्रणाली रखने का प्रस्ताव करती है। योग विद्या मनुष्य को उसकी अपनी आन्तरिक अवस्थाओं के पर्यवेक्षण का इस प्रकार उपाय दिखा देती है। मन ही उस पर्यविक्षण का यंत्र है। मनोयोग की शक्ति का सही–सही नियमन कर जब उसे अन्तर्जगत की ओर परिचालित किया जाता है, तभी वह मन का विश्लेषण कर सकती है और तब उसके प्रकाश से हम समझ सकते हैं कि हमारे भीतर क्या घट रहा है और हम मन के परे जाकर उस खजाने का पता लगा सकते हैं जिसे भारतीय चिन्तन परम्परा में उद्घोष किया गया है– 'आमात्नं विद्धि।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. विवेकानंद साहित्य, भाग प्रथम, अद्वैत आश्रम, मायावती अल्मोरा।
2. मुण्डकोपनिषद्।
3. श्वेताश्वतरोपनिषद्।
4. वर्मा, प्रो. सवालिया बिहारी: पतंजलि योग तर्क नहीं विज्ञान है, युनिवर्सिटी पब्लिकेशन, दिल्ली, संस्करण (1999)

****

वाल्मीकि रामायण में पत्नी का स्वरुप

डॉ. पंकज कुमार सिंह *

प्रस्तावना – नारी पितृकुल में जन्म लेती है तथा अपने गुणो से परिवार के समस्त जनों के प्रेम पात्र बन जाती है। परंतु उसके जीवन की पूर्ण सार्थकता तब सिद्ध होती है, जब वस्त्राभूषणों से अलंकृत एवं सुसज्जित कर उसे वर के हाथों में सौंप दिया जाता है। नारी का यह पत्नी रुप ही नारी जीपन का द्वितीय चरण है। इसे ही नारी का प्रेयसी रुप भी कहा जा सकता है। क्योंकि भारतीय संस्कृति के अनुसार नारी विवाह के पूर्व किसी पुरुष के साथ प्रेम नहीं कर सकती। विवाहोपरांत वह अपना संपूर्ण प्रेम पति को प्रदान कर देती है और उसकी प्रेयसी बन जाती है। नारी के पत्नी जीवन का शुभारम्भ विवाह के उपरांत ही होता है। कन्या अपने माता पिता को छोड़कर एक अपरिचित पुरुष के साथ हो जाती है। साथ ही उसके कन्या जीवन का सीमित दायित्व अब बहुत विस्तृत हो जाता है। वह एक प्रेयसी के साथ साथ वधू, गृहस्वामिनी और क्रमश: जननी भी बन जाती है। नारी जीवन का पूर्ण विकास इसी अवस्था में होता है। नारी जीवन के पत्नी रुप पर विचार करने के लिये हमें कई तथ्यों पर ध्यान देना आवष्यक होगा यथा तत्कालीन युग में पत्नी का महत्व, दाम्पत्य प्रेम, पत्नी के रुप में नारी का योगदान, कुलवधू के रुप में सास–ससुर के साथ उसका संबंध, सपत्नियों के साथ संबंध, गृहस्वामिनी के रुप में उसके अधिकार और कर्त्तव्य, अनुजीवियों के साथ उसका व्यवहार, धार्मिक अधिकार इत्यादि।

पत्नी का महत्व – भारतीय समाज में प्राचीनकाल से ही पत्नी का विषिष्ट स्थान रहा है। मनु ने मानव जीवन में पत्नी को विशेष महत्व दिया है। उन्होंने कहा है कि स्त्रियाँ सन्तानोत्पति के द्वारा महान् उपकार करने वाली, पूजनीया और गृह की शोभा हैं क्योंकि स्त्री और लक्ष्मी में कोई अंतर नहीं है। प्रसव, शिशुपाल और दैनिक गृहकार्य इन सबका प्रत्यक्ष कारण नारी ही है। अपत्य, धर्मकार्य, सेवा, श्रेष्ठरति पितरो की और अपनी स्वर्ग साधना यह सभी भार्या के ही अधीन है। महाभारत में भी इस भाव को व्यक्त करते हुए कहा गया है कि यदि घर पुत्र पुत्रियों से भरा हुआ है, लेकिन पत्नी नहीं है तो पुरुष के लिये वह जंगल से भी अधिक भयावाह होता है क्योकि पत्नी पुरुष के लिये वह परम मित्र है जो घोर विपत्ति में भी साथ नहीं छोड़ती। कालिदास ने भी पत्नी को गृहिणी, सचिव, एकांतसखी तथा ललितकलाओं में षिष्या कहा है। आदिकवि वाल्मिकी ने भी पत्नी को इन्ही रुपों में निरुपित किया है। रामायण में चित्रित सीता श्रीराम की धर्मपत्नी, भक्त, पतिव्रता तथा दुख–सुख में उनके साथ रहने वाली है।

दाम्पत्य-प्रेम – प्राचीन काल से ही हिन्दु समाज में पति–पत्नी का संबंध अत्यंत सुखद, पावन और पवित्र माना जाता रहा है। उनका दाम्पत्य जीवन अत्यधिक प्रगाढ़ और सम्मान युक्त था। उनमें एक–दूसरे के प्रति अगाध प्रेम और उत्कृष्ट आकर्षण था। भारतीय इतिहास में ऐसी पत्नियों के अनके दृष्टांत है जो पति के प्रति एक निष्ठता और सात्विकता का भाव रखती है। प्राचीन युग में ऐसी में ऐसी अनेक भार्यायें हुई जो यावज्जीवन अपने पति में ही मनोनिवेशपूर्वक अनुरक्तथी। सुवर्चला सूर्य में, शची इंद्र में, अरुन्धती वषिष्ठ में, लोपामुद्रा अगस्त्य में, सावित्री सत्यवान में, दमयन्ती सोदास में, कोषिनी सगर में और दमयंती नल में। सुकन्या अपने पति च्यवन के लिये कहती है मेरे पिता ने मुझे अर्पित करदिया है, उसका जीवनपर्यन्त त्याग नहीं करुँगी। पति भी पत्नी को तदवत् स्नेह देते थे। द्रोपदी के विषय में युधिष्ठिर की उक्ति है कि हमारी प्रिय पत्नी प्राणों से बढ़कर है। यह माता तथा बड़ी बहिन की भांति परिपालनीय एवं पूज्य है। पत्नी के लिये पति सर्वस्व तथा शरणदाता था। पत्नी – 'सहधर्मचरी' कही जाती थी।

चारो भाईयों ने अपनी नवविवाहिता पत्नियों के साथ मोदपूर्वक रमण किया। इससे प्रतीत होता है कि नवविवाहिता पति:पत्नी परस्पर मिलकर अत्यधिक आनंद का अनुभव करते थे। जो अत्यन्त आवश्यक एवं स्वाभाविक ही था। प्रेमाधिक्य के कारण पति पत्नी के हृदय रुपी मंदिर में सदैव विराजमान रहता था तथा मनस्वी पति का मन भी हमेशा पत्नी में ही लगा रहता था। इस प्रकार परस्पर अनुरक्त वे अत्यन्त प्रसन्नतापूर्वक दीर्घकाल तक विहार करते थे। पत्नी के पातिव्रत्य एवं उसके सौंदर्य से भी पति का प्रेम दिनोंदिन बढ़ता ही जाता था तथा पत्नी का प्रेम भी पति के प्रति उसी प्रकार द्विगुणित होता जाता था।

स्त्री को अपने पति पर अखण्ड विश्वास होता था। उसका एकमात्र बल सौभाग्य (सुहाग) ही होता था। पत्नी अपने सौभाग्य में सदा गर्वित रहती थी। आदिकवि ने कैकैयी को सौभाग्यमदगर्विता कहा है। यदि पति वृद्ध और उसकी पत्नी तरुणी होती थी तो पति उसे सामान्य से अधिक प्यार करता था। दशरथ तरुणी कैकेयर से कौशल्या और सुमित्रा की अपेक्षा अधिक प्रेम करते थे। रुठी हुई पत्नी को खुश करने के लिये पति हर संभव प्रयास करता था। इसके लिये वह एक उसे सुवर्णादि लाकर देता था। परंतु स्त्री यदि दुष्ट स्वभाव वाली एवं हठी होती थी तो अपने पति से मणि, मोती, सुवर्णादि बहुमूल्य द्रव्यों का लेकर भी प्रसन्न नही होती थी। पत्नी को प्रसन्न करने के लिये पति अपने प्राणों तक का भी न्यौछावर करने को उद्यत हो जाते थे परंतु हठी एवं दुष्ट प्रकृतिवाली स्त्री उतने से भी प्रसन्न नहीं होती थी। उसके जिद कोई महान अनिष्ट करके ही समाप्त होती थी।

पत्नी अपने पति के लिये स्वाभाविक प्रसन्नता का कारण नहीं, अपितु साक्षात् प्रसन्नता की मूर्ति मानी जाती थी। वन जाने की स्वीकृति देते हुए श्रीराम सीता से कहते है कि जिस तरह आत्मज्ञानी पुरुष स्वाभाविक प्रसन्नता नहीं छोडते उसी तरह मैं तुझे नही छोडूंगा। सीता को आत्मप्रीति के तुल्य कहना उसके अत्यधिक दाम्पत्य प्रेम का परिचायक है। पत्नी प्रेमवश भी

* पीएच.डी. (संस्कृत विभाग) जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) भारत

पति पर क्रुद्ध हो जाती थी। उसका वह क्रोध मात्र बाह्य एवं क्षणिक होता था। इसे ही 'प्रणयकोप' की संज्ञा दी गयी है। पति का पत्नी के साथ अपार प्रेम होता था। वे परस्पर मिलते हुए अत्यन्त मुदित होते थे। उनका सामान्य मिलन भी एकांत में ही होता था। अन्य स्त्रियों के बीच बैठी पत्नी के साथ मिलने में पति संकोच का अनुभव करता था। प्रसन्नचित मनुष्यों से भरे हुए अंम:पुर में सीता से मिलने में श्रीराम संकोच का अनुभव करते है। पत्नी के साथ पन में रहकर त्रिकाल स्नानकर, फल-मूल खाकर सन्यासीवत् जीवन व्यतीत करता हुआ भी पति अधिक सुख एवं आनन्द का अनुभव करता था, जिसकी तुलना में राजप्रसादों का सुख भी उसे तुच्छ प्रतीत होता था। चित्रकूट में मन्दाकिनी की शोभा का दर्शन करते हुए श्रीराम ने सीता से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यह चित्रकूट नित्य निरंतर तुम्हारे मुख मण्डन का दर्शन होते रहने से अयोध्या से भी अधिक सुखद प्रतीत होता है। यह दाम्पत्य प्रेम का सुन्दरतम उदाहरण है। अकम्पन राक्षसराज रावण को सीताहरण की सलाह देते हुए कहता है कि सीमा का अपहरण कर लेने से श्रीराम कदापि जीवित नहीं रह सकेंगे। इससे अनुमान होता है कि आदर्श पति-पत्नी में प्रगाढ़ प्रेम स्वाभाविक था। दोनो एक दूसरे के बिना जीवित नहीं रह सकते थे। पति सुदर पत्नी को अधिक प्यार करते थे। आदिकवि ने एक उपमा के माध्यम से इस भाव को अभिव्यक्त किया है। पत्नी से वियुक्त पुरुष मात्र पुनर्मिलन की आशा से जीवित रहता था। यदि प्रिया का कोई पता नही चले तो वह प्राणों को धारण करने में भी असमर्थ हो जाता था। रावण के राजप्रसाद में सीता को न पाकर हनुमान दु:खी होते है। वे सोचते हैं कि यदि श्रीराम को सीता का पता नही मिला तो वे अपने प्राणों का परित्याग कर देंगे। श्रीराम से सीता उसी प्रकार अभिन्न है जैसे सूर्य से उनकी प्रभा। राम-सीता का यह दाम्पत्य प्रेम तत्कालीन जन सामान्य के दाम्पत्य प्रेम का सुन्दर उदाहरण है।

श्री राम के विलाप में आलिंगन के ढंग से संकेत प्राप्त होता है। प्रसन्नचित पति-पत्नी आपसे मिलते हुए परम पुलिकत हो उठते थे। आलिड्.गन में अधिकाधिक अंगो का स्पर्श ही सुखद माना जाता था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रजनार्थ महाभागा: पूजार्हा गृहदीप्तय:।
   स्त्रिय: श्रियश्च गेहेशु न विशेषोऽस्ति कश्चत।।
   उत्पादनमपत्यस्य जातस्य परिपालपम्।
   प्रत्यहं लोकयात्राया: प्रत्यक्षं स्त्रीनिबंधनम्।।
   अपत्यं धर्मकार्याणि शुश्रुषा रतिरुत्तमा।
   दाराधीनस्तथा स्वर्ग: पितृणामात्मनष्च हि।। मनु. 9/26-28
2. महा. 12/4/4, 12/144/16, विराट.।
3. गृहिणी सचिव: सखी मिथ: प्रियशिष्या ललिते कलाविधौ। रघु द 1/8/67
4. भक्तां पतिव्रतां दीनां मां समां सुखदु:खयो। नेतुमर्हसि काकुत्स्थ समानसुखदु:खिनीम्।। वा.रा. 2/29/20
5. दीर्घायुरथवाल्पायु: सगुणो निर्गुणोऽपि वा। सकृद्दतो मया भर्ता न द्वितीयं वृणोम्यहम्।। महा. विराट. 294/27
6. इयं तु न : प्रिया भायां प्राणेभ्योऽपि गरीयसी। मातेव परिपाल्या च पूज्या ज्येष्ठेव च स्वसा।। वही, 3/12
7. कुमार. 4/29
8. रामस्य दयिता भायां नित्यप्राणासमाहिता। जनकस्य कुल जाता देवमायेव निर्मिता। सर्वलक्षणसम्पन्ना नारीणामुत्तमा वधू :। वा.रा. 1/1/26-27
9. रेमिरे मुदिता: सर्वाभर्तभिर्मुदितारह:। वही, 1/77/14
10. रामश्च सीतया सार्थ विजहार बहुनृतून।। मनस्वी तद्गतमनास्तस्या हृदि समर्पित:। प्रिया तु सीता रामस्य दारा: पितृवृता इति।। गुणाद्रूपगुणाच्चापि प्रीतिभूयोऽभिवर्धते। तस्याष्च भर्ता द्विगुणं हृदये पविर्तते।। वही, 1/77/25-27
11. मन्दस्वभावे बुध्यस्व सौभाग्यबलमात्मन:।। वही, 2/9/26
12. वही, 2/9/55
13. स वृद्धस्तरुणी भार्या प्राणोभ्योऽपि गरीयसीम्।। वही, 2/10/23
14. मणिमुक्ता सुवर्णानि रत्नानि विविधानि च। दद्याद् दशरथो राजा मा स्म तेशुमन: कृथा:।। वही, 2/9/27
15. न त्वां क्रोधयितुं शक्तो न क्रुद्धं प्रत्युदिक्षतुं। तव प्रियार्थ राजा तु प्राणानपि परित्यजेत्।। वही, 2/9/25
16. यत् सृष्टासि मया सार्थ वनवासाय मैथिलि। न विहातुं मया शक्या प्रीतिरात्मवता यथा।। वही, 2/30/29
17. एवमुक्ता तु वैदैही प्रियार्हा प्रियवादिनह। प्रणयादेव संक्रुद्धा भतारिमिदमब्रवीत्।। वही, 2/27/1
18. प्रविवेशाथ रामस्तु स्ववेश्म सुविभूशितम्। प्रहृष्टजनसम्पूर्ण ह्रिया किंचिद्वाड.मुख:।। वही, 2/26/5
19. उपस्पृषस्त्रिशवणं मधुमूलफलाशन:।। नायोध्याये न राज्याय स्पृहते च त्वया सह।। वही, 2/95/17
20. दर्शनं चित्रकूटस्य मन्दाकिन्यास्य शोभने। अधिकं पुरवासच्च मन्ये तव च दर्शनात्।। वही, 2/95/12
21. तस्यापहर भायर्ङ्ग त्वं तं प्रमथ्य महावने। सीतया रहितो रामो च चैव हि भविष्यति।। वही, 3/31/31
22. रावणस्य महाकान्तां मान्तामिव वरस्त्रियम्। वही, 5/9/22
23. गत्वा तु यदि काकुत्स्थं वक्ष्यामि पुरुषं वच:। न दृष्येति मया सीता ततस्त्यक्ष्यति जीवितम्।। पुरुष दारुणं तीक्ष्णं क्रूरमिन्द्रियतापनम्। सीतानिमित्तां दुर्वाचं श्रुत्वा स न भविष्यति।। वही, 5/13/23-24
24. अनन्या हिमया सीता भास्करस्य प्रभा यथा। वही, 6/118/19
25. तौ तस्या: सहितो पीनौ स्तनौ तरल फलोपमौ। कदा नु खलु सोत्कम्पौ शिलष्यन्त्या मां भजिष्यत:।। वही, 6/5/14

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

आदिकवि वाल्मीकि द्वारा नारी वर्णन

डॉ. पंकज कुमार सिंह *

प्रस्तावना – आदिकवि वाल्मीकि प्रणीत रामायण आदिकाव्य ही नहीं भारतीय संस्कृति का महान् पोशक भी है। एक और तो यह भाषा की दृष्टि से वैदिक एवं लौकिक संस्कृत के बीच कड़ी का कार्य करता है तो दूसरी ओर वैदिक एवं वैदिकोत्तर सभ्यता संस्कृति में भी सामंजस्य स्थापित करता है। रामायण के अध्ययन से अतीतकालीन सभ्यता का ज्ञान और वर्तमान सभ्यता का प्रत्यक्ष दर्शन होता है। रामायण में भारतीय सभ्यता संस्कृति के समस्त अंग परिपुष्ट रुप में दिखलायी देते है। रामायण की मूलकथा के अन्तस् में नारी ही सन्निविष्ट है अर्थात् रामायण की समस्त घटनाओं के मूल में नारी ही कारण रुप में दृष्टिगोचर होती है। राम के वनवास में कारण है कैकेयी, राम-रावण युद्ध में कारण है सीता एवं शर्पणखा । यही नहीं प्रासंगिक इतिवृत्त, यथा वाली-सुग्रीव वृत्तान्त में भी नारी-सुग्रीव की पत्नी ही कारण है। इस कारण रामकथा को गतिशीलता प्रदान करने वाली नारी है। इसीलिये रामायण में नारी जीवन के विविध आरोह अवरोहों का सजीव चित्र दिखलायी देता है।

रामायण कथा के आलोक में वाल्मीकि की नारी विषयक धारणाओं का निर्धारण करना यद्यपि अत्यन्त दुरुह व्यापार है, तथापि इस शोध प्रबंध में इस विषय पर यथासाध्य विचार करने का प्रयास किया गया है वाल्मीकि के नारी संबंधी विचारों को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम सतीसाध्वी पतिव्रता के संबंध में तथा दूसरा असती एवं दुष्टा नारियों के संदर्भ में। आदिकवि सती नारियों के प्रशंसक है। इन्होंने आदर्श चरित्रावली पतिव्रता नारियों की काफी प्रशंसा की है तथा उनके लिये एक भी निन्दापरक शब्द का व्यवहार नहीं किया है। वे नारी को आदर्श भारतीय मर्यादाओकं से मण्डित देखना चाहते है। अनके स्थलों पर इन्होंने पति को देवता रुप में माने का उपदेश स्त्रियों को दिया है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि आदिकवि की दृष्टि में नारी का पतिव्रता होना अत्यावश्यक है। पतिव्रता नारी ही तेजस्विनी हो सकती है तथा संसार में सम्मान प्राप्त कर सकती है।

आदिकवि की दृष्टि में पति के विपरीत आचरण करने वाली नारी कभी भी सामाजिक गौरव को प्राप्त नहीं कर सकती। असती एवं दुष्टा नारी निन्द्य होती है। इसीलिये इन्होने क्रूरकर्म कैकेयी की निन्दा की है। इतना ही नहीं कामभावना से उन्मत्त हुई दुष्टा शूर्पणखा को विरुप बनवाना इस बात का प्रतीक है कि आदिकवि दुष्टा नारी को दण्डनीय मानते हैं। इनके विचार में नारी अबला होने से अवध्या है। परंतु वैसी नारी जो ताटका जैसी अत्याचारिणी हो, प्रथमत:अ अंग-भंगादि दण्डों से नियंत्रित की जाये और यदि उससे भी वह न माने तो अंत में उसका वध कर दिया जाये।

इस प्रकार आदिकवि की नारी विषयश्क भावना निंदा प्रशंसापरक अर्थात द्वन्द्वात्मक है। रामायण में उपलब्ध नारी निन्दा को देखकर यह नहीं समझा जा सकता है कि कवि नारी के घोर विरोधी और निन्दक है। नारी के आदर्श चारित्रिक गुणों के कारण इन्होने पतिव्रता, सती साध्वी नारी को पूज्या माना है। इसके विपरीत नारी के अवगुणों के कारण दुष्टा नारी को निन्द्य माना है। इस प्रकार कवि की दृष्टि में सती नारी पूज्य तथा असती निन्द्य है। कवि ने नारी के आदर्श रुप को प्रश्रय दिया है। इन्होंने नारी हृदय को प्रेम, दया, सहिष्णुता, सेवा, सदाचार, वात्सल्य, ममत्व आदि गुणों का पुंजीभूत रुप माना है। आदिकवि के अनुसार मनुष्य के दाम्पत्य जीवन की सफलता नारी पर ही आधारित होती है। नारी त्याग एवं तपस्या की प्रतिमूर्ति होती है। नारी की अवध्यता विषयक वाल्मीकि की धारणा परम्परा से अनुमोदित है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि वाल्मीकि की नारी भावना उदार एवं व्यापक है।

रामायण के अध्ययन से प्रतीत होता है कि तत्कालीन कन्यी जीपन सुखमय था। कन्या के संबंध में जनसामान्य की धारणा परम्परा से अनुप्राणित थी। जिस प्रकार वैदिक काल में कन्या की न तो निन्दा की गयी है और न पुत्र की तरह उसे अधिक सम्मान ही दिया गया है, उसी प्रकार रामायणकाल में भी कन्या की स्थिति थी। रामायण में कहीं भी कन्या की निंदा नही की गयी है। परम्परागत मनोवृत्ति के कारण जनसामान्य पुत्र को अधिक स्नेह करता था, परंतु पुत्रहीन जन पुत्री को पुत्र से भी बढ़कर मानता था। पुत्र के अभाव में पुत्री ही माता के समस्त वात्सल्य का केंद्र थी। लोग उसे अत्यन्त प्रेमपूर्वक 'वत्से' – जैसे शब्द से सम्बोधित करते थे। रामायण में जहाँ कही भी कन्या जीवन के संबंघ में उल्लेख है, वहाँ चरित्रमयी एवं आदर्श गुणों से मण्डित रुप से ही चित्रित किया गया है। इससे अनुमान होता है कि कन्या के संबंध में जनसाधारण की भावना उदार एवं व्यापक थी। ऐसी बात नही थी कि लोग कन्या को मात्र आपत्तियों की केंद्रस्थली मानते थे । पुत्र की अपेक्षा कन्या को कम स्नेह पाने के मुख्यत: दो ही कारण था उसमें एक था विवाह के समय होने वाली कठिनाइयों तथा दूसरा कारण था वर के पिता द्वारा कन्या के पिता का होने वाला संभावित अपमान । वर का पिता स्वयं को बड़ा समझता था और वह कन्या के पिता को निम्न दृष्टि से देखता था। फलस्वरुप कन्या के पिता को हार्दिक कष्ट होता था। इसीलिये लोग कन्या के जन्म से थोड़ा दु:खी हो जाते थे।

कन्या की पारिवारिक अवस्था भी अच्छी थी। कन्या का माता पिता, भाई इत्यादि से मधुर संबंध होता था। सभी आपस में मिलजुलकर स्नेहपूर्वक रहते थे। भाई बहन परस्पर काफी स्नेह करते थे। माता-पिता भी उन्हें बहुत प्यार करते थे।

घर से बाहर भी कन्या की काफी प्रतिष्ठा थी। उसे घर से बाहर भी घूमने फिरने की पूर्ण स्वतंत्रता एवं अधिकार प्राप्त था। प्रशंसा की ओर से कल्या की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था थी। जिस राष्ट्र का राजा कमजोर या

* पीएच.डी. (संस्कृत विभाग) जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा (बिहार) भारत

आलसी होता था, वहाँ कुछ दुष्टजन, कन्या के अपहरण की चेष्टा करते थे। परंजु पकड़े जाने पर उन्हें कठोर दण्ड भोगना पड़ता था। कन्या या तो स्वयं अपहर्ता को अपने तपोबल से नष्ट कर देती थी अथवा प्रशासन की आरे से उसे दण्डित किया जाता था।

तत्कालीन समाज में कन्या की शिक्षा–दीक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं थी। आज की तरह उस समय शिक्षण संस्थानो की अस्तित्व नहीं था। लड़के गुरुकुल में जाकर पढते थे, परंतु कन्या के गुरुकुल में जाकर अध्ययन करने के प्रमाण प्राप्त नही होते। तथापि पिता के घर में गुरुजनों द्वारा कन्या को शिष्टाचार एवं लोक व्यवहार की शिक्षा दी जाती थी। विवाह के समय में कन्या के पिता उसे जीवनोपयोगी शिक्षा देकर विदा करते थे। राजघराने में कन्या के अध्ययन हेंतु अध्यापक रखे जाते थे। सामान्य परिवार की कन्याओं की अपेक्षा राजदरबार की कन्याओं को विशेष रुप से राजनीति और युद्धकला, वेदादि शास्त्रों एवं तपस्या के विविध विधानों के संबंध में भी शिक्षा दी जाती थी। यह कहा जा सकता है कि प्रषासन की ओर कन्या–शिक्षण की विधिवत् व्यवस्था नही होने पर भी तत्कालीन परिवार में उनकी आवश्यक शिक्षा की व्यवस्था की जाती थी। रामायण में पैतृक सम्पत्ति में कन्या के अधिकार के अधिकार का कोई संकेत प्राप्त नहीं होता। इससे सम्पत्ति संबंधी उसके अधिकार के विषय में निश्चित रुप से कुछ कहा नहीं जा सकता। रामायणकला में भी विवाह को संस्कार रुप में महतव प्राप्त था। नारी जीवन में तो इसकी महत्ता और अधिक थी, क्योंकि यहीं से उसके जीवन में परिवर्तन आरम्भ होता है। विवाह की अनेक पद्धतियों में ब्राहस विवाह पद्धति ही विशेष मान्य थी। राक्षस संस्कृति में कन्या अपहरण करके विवाह करने का भी प्रचलन था, परंतु सुसंस्कृत समाज में ऐसा नही था। कन्या के यौवप को प्राप्त कर लेने पर अर्थात् प्रायः सोलह वर्ष की आयु हो जाने पर ही कन्या का विवाह किया जाता था। कन्या के विवाह योग्य हो जाने पर भी जो पिता उसका विवाह नहीं करता था, शास्त्र की दृष्टि से उसे ब्रहम हत्या के दोष का भागी माना जाता था। राजकन्याओं का विवाह प्रायः स्वयंवर विधि से होता था। लेकिन उसमें भी कन्या एवं वरपक्ष के अभिभावकों की सहमति आवश्यक थी। कन्या का विवाह वैदिक कर्मकाण्डों पूर्वक विधिवत् सम्पन्न किया जाता था। विवाह के अवसर पर कन्या के पिता दहेज के रुप में उसे यथाशक्ति धन देते थे जिसे स्त्रीधन कहा जाता था। सुसराल जाने पर उसके पतिकुल के सदस्यों द्वारा भी उपहार रुप से उसे धन दिया जाता था। उसकी गणना भी स्त्रीधन के हरी अंतर्गत की जाती थी। उस धन पर कन्या (नवोढ़ा) का पूर्ण अधिकार होता था। आजकल की तरह उस समय दहेज प्रथा प्रचलित नहीं थी। वर के पिता की ओर से शर्तपूर्वक दहेज की मांग नहीं की जाती थी। तत्कालीन समाज में सवर्ण विवाह का ही विशेष प्रचलन था, परंतु कोई कोई अंतर्जातीय विवाह भी कर लेता था। एक पत्नी विवाह का ही विशेष प्रचलन था, परंतु कोई पुरुष चाहे तो एकाधिक स्त्रियों से विवाह कर सकता था, उस पर कोई सामाजिक या प्रशासनिक बन्धन नहीं था। रामायणकाल में विधवा विवाह की प्रथा नही थ। विधवा–विवाह घृणित माना जाता था, जैसा मनुस्मृति काल में। इस प्रकार हम देखते हैं कि रामायणकाल की विवाह पद्धति भी प्राचीन परम्परा से ही प्रभावित है।

विवाह के साथ ही नारी का पत्नी जीवन आरंभ होता है। रामायण काल में नारी का पत्नी–जीवन सुखमय दिखलायी देता है। दाम्पत्य जीवन में पत्नी का विशेष महत्व था। यह गृहशोभा एवं गृहलक्ष्मी के रुप में मानी जाती थी। पति–पत्नी में प्रगाढ़ प्रेम था। पति अपनी पत्नी को प्राणों के समान प्रिय मानता था। पत्नी को भी अपने पति के प्रति अखण्ड विश्वास होता था। पति ही पत्नी का सर्वस्व एवं उसके स्वाभिमान का एकमात्र कारण होता था। रामायणकाल की पत्नी का विशेष महत्व उनके पातिव्रत्य के कारण था। अधिकांशतः स्त्रियाँ सती–साध्वी एवं पतिव्रता होती थी। वे पति को देवतातुल्य मानती थी। पति की सेवा में ही पत्नी अपना सर्वस्व समर्पित कर देती थी। पति–पत्नी का संबंध इतना प्रगाढ़ होता था कि दोनो अभिन्न माने जाते थे। इसीलिये यह धारणा प्रचलित थी कि पत्नी पति के भाग्य का अनुसरण करती है। उस युग में पातिव्रत्य का निर्वाह नहीं करने वाली अथवा पति का परित्याग करने वाली स्त्री अपराधिनी समझी जाती थी।

श्वसुर कुल में पत्नी की काफी प्रतिष्ठा थी। परिवार के सभी सदस्यों से पत्नी को प्रेम और आदर प्राप्त था। उनमें पारिवारिक संबंध बड़ा ही मधुर था। सास वधू को बहुत प्यार करती थी। वधू अपनी सौतेलरी सास को भी अपनी ही सास के समान आदर देती थी। पत्नी अपने देवर को अपने भाई समान और विशेष परिस्थितियों में पुत्र से भी बढ़कर मानती थी। फलस्वरुप परिवार के सभी सदस्य पत्नी रुप में नारी को काफी स्नेह करते थं। हाँ, सपत्नी का जीवन कष्टमय था। जिस पत्नी को पति विशेष मानता था वह अपनी सपत्नियों का सामान्यतः तिरस्कार करती थी। अतः स्वयं सौभाग्यमद में चूर रहती थी। सपत्नी का जीवन कलहपूर्ण कहा जा सकता हैं।

यद्यपि पत्नी का कार्यक्षेत्र घर पर ही होतरी था, परंतु घर के बाहर आनें जाने का पूर्ण अधिकार उसे प्राप्त था। रामायाणकाल में स्त्री घर से बाहर जाकर अपने पति के कार्यो में सहायता करती पाई गई है। वीरयोद्धा या राजा की पत्नी पति के साथ युद्धभूमि में भी जाकर उसे सहयोग करती थी। लेकिन घर से बाहर जाकर काय करने में उसे अपने पति की आज्ञा की अपेक्षा होती थी। रामायण में पर्दा प्रथा का कोई संकेत नहीं मिलता। धार्मिक दृष्टि से पत्नी को विशेष महत्व प्राप्त था। कोई भी याज्ञिक कर्म पत्नी के बिना सम्पादित नहीं किया जा सकता था। यदि कोइ अकेले याज्ञिक अनुष्ठान करता भी था तो उसे अपूर्ण माना जाता था। धार्मिक दृष्टि से पत्नी को पति का पूरक माना जाता था। पत्नी को सम्पत्ति संबंधी अधिकार भी प्राप्त था। पति के धन में पत्नी का भी अधिकार होता था। पति के मर जाने पर या तो उसका पुत्र या पत्नी ही उसका अधिकारी होती थी।

तत्कालीन समाज में ताता को विशेष गौरव प्राप्त थां। वह सम्मान की दृष्टि से देखी जाती थी। मातृचरण मंगलकारक एवं वंदनीय माना जाता था। माता की आदरणीयता का कारण उसका पुत्र वात्सल्य था। माता अपने पुत्रो से बहुत स्नेह करती थी। पुत्र भी माता का सम्मान एवं उसकी सेवा करता था। पुत्र ने केवल अपनी जननी का अपितु विमाता का भी काफी आदर करता था चाहे माता सपत्नी पुत्र का अनिष्ट ही क्यों न करे। माता पुत्र के लिये हमेषा मंगलकामना करती थी। वह कभी भी अपने पुत्र का अनिष्ट नहीं देखना चाहती थी। पति के बाद पुत्र ही माता का जीवनाधार था। माता की जो मनोकामना अपने पति से पूरी नहीं होती थी उसे पुत्र पूरा करता था।

माता को आर्थिक अधिकार भी प्राप्त था, अपने माता पिता एवं भाईयों द्वारा प्राप्त धन पर तो उसका अधिकार था ही, पति के धन पर भी उसका समान अधिकार था। माता के धन को उसका पति या पुत्र भी नहीं ले सकता था किंतु माता स्वेच्छापूर्वक अपना धन किसी को भी दे सकता थी।

परिवार एवं समाज में माता का बहुत आदर था। वह गृहस्वामिनी होती थी। पिता के तुल्य ही माता को अधिकार प्राप्त था। यदि पिता की कोई आज्ञा लोक विरुद्ध होती थी तो माता उसकी उस आज्ञा को रद्द कर अपनी ओर से यथोचित आज्ञा दे सकती थी। पिता की मृत्यु के बाद माता ही पुत्र की संरक्षिका होती थी। इस प्रकार तत्कालीन समाज में माता का स्थान बहुत ही सम्मानपूर्ण

तथा जीवन सुखमय था।

तत्कालीन विधवा जीवन न तो सुखमय था और न बहुत दुखमय था। अर्थात उसका जीवन सामान्य स्तर का था। उसके प्रति सामाजिक दृष्टिकोण परम्परा से प्रभावित था। उसे मांगलिक कृत्य करने का आधिकार नही था। उस समय सती प्रथा का प्रचलन था। परंतु सामाजिको के द्वारा विधवा को सती होने के लिये बाध्य नहीं किया जाता था। सती होने के लिये उद्यत विधवा को पुत्र पालन के नाम पर रोक लिया जाता था। पुत्र की उसका सरंक्षक होता था। सपत्नी से विधवा को विशेष कष्ट था। रामायणकाल में विधवा विवाह या नियोग का प्रचलन नहीं था। विधवा को पति की सम्पत्ति पर पूर्ण अधिकार होता था। उसके प्रति परिवार सा समाज की कुदृष्टि या कुत्सित भावना नहीं थी। हाँ, पति के अभाव में नारी असहाय तो स्वभावत: हो जाती थी।

रामायणकाल में वियोगिनी का जीवन अत्यन्त कष्टपूर्ण था। विरहकाल में स्त्री का कोई सहारा नही होने से वह दु:खी रहती थी। उसका प्रत्येक क्षण पति के चिंतन और उसकी प्रतीक्षा में ही व्यतीत होता था। सती-साध्वी स्त्री के लिये विरहकाल मरण से भी दु:खदायी था। यद्यपि समाज की आरे से उसप पर किसी प्रकार का अत्याचार नहीं किया जाता था फिर भी अन्तव्यर्थथा उसके लिये असहनीय हो जाती थी। वियोगिनी की दु:खद अवस्था में सुधार लाना भी संभव नहीं था क्योंकि उसके दु:ख का कारण बाहय नहीं, आन्तरिक था।

तत्कालीन समाज में एक ओर सती साध्वी स्त्रियाँ था,तो दूसरी ओर पुश्चली और वेश्याओं का भी अभाव नहीं था। तत्कालीन आदर्श समाज में इनके निवास का मूल कारण मानव मन की चंचलता एवं कुछ सामाजिक परिस्थितियाँ ही थी। कुछ स्त्रियाँ अपनी प्रकृतिगत चंचलता के कारण परपुरुष गमन या वेष्यावृति की ओर प्रवृत्त थीं तो कुछ निर्धनता आदि विशेष परिस्थितियों के कारण वेश्यावृति को अपनाई हुयी है। कुलटा को अनैतिक कर्म के परिणामस्वरुप कठोर शाप रुपी दण्ड भी भोगना पड़ता था। तत्कालीन वेष्या का मुख्य कर्म नृत्य-गीत के द्वारा धनार्जन करना था। अपनी कलात्मकता एवं रुप सौंदर्य के द्वारा परपुरुष को वशीभूत करने में वह पूर्ण सक्षम होती थी। इनका जीवन सुखमय था। समाज में उसे अनादर की दृष्टि से नहीं देखा जाता था क्योकि वह मनोरंजन का साधन होती थी। आगे चलकरि तो वेश्या को राजकीय सेवाकार्य में भी नियुक्त किया जाने लगा था।

रामायणकाल में मानव सभ्यता के साथ साथ कुठ अन्य सभ्यतासयें भी विकसित हो गयी थी। वानर, राक्षस, किन्नर, विधाधर आदि की पृथक पृथक अपनी सभ्यता एवं संस्कृति थी। इन जातियों की नारी की अवस्था बड़ी ही सुखमय थी। किन्नरी एव विद्याघरी संगीता विद्या में निपुण होती थी। सर्वत्र इन्हें आदरपूर्ण दृष्टि से देखा जाता था। वानरकुल की स्त्रियाँ भी बहुत सम्पन्न एवं सुखी थी। वानरराज कुल की स्त्रियों का जीवन तो ओर आनंदपूर्ण था। वानरराज की पत्नी को राजनीतिक अधिकार भी प्राप्त थे। पुत्र के प्रति इनका विशेष प्रेम होता था। अप्सरा जाति की स्त्रियाँ अपने सौन्दर्य के लिये लोकविभुत थी। धरती पर किसी तपस्वी का तपभंग करने के लिये देवगण उनका विशेष साधन के रुप में प्रयोग करते थे। राक्षस जाति की स्त्रियाँ स्वरुपत: विरुप होती थी। उनका आचरण भी बड़ा अभद्र होता था। उपद्रवकारिणी तथा अधार्मिक प्रवृत्तिवाली होती थी। लेकिन कुछ स्त्रियाँ आदर्श गुणोवाली भी होती थी। त्रिजटा जैसी राक्षसी राक्षसी प्रवृत्ति का विरोध करती देखी गयी है। राक्षसियों का जीवन भी सुखमय ही कहा जा सकता है।

नारी सौंदर्य की केंद्रस्थली मानी जाती थी। नारी का प्राकृतिक सौंदर्य ही विशेष प्रशंसनीय था। तत्कालीन नारी अपने बाहय सौंदर्य में वृद्धि के लिये कृत्रिम साधनों यथा सुंदर वस्त्र, लाक्षारस, आभरण, शीतलपेयपादि का प्रयोग करती थी। रुपवती भार्या पुरुष के हृदय को सद्य: वशीभूत कर लेती थी। समाज में उन नारियों की विशेष प्रतिष्ठा थी, जो बाहय रुप सौंदर्य के साथ साथ आदर्श गुणों से मण्डित होती थी। दया, प्रेम, सौहार्द्र वात्सल्यादि गुणों के कारण नारी समाज में गौरवपूर्ण एंवं उच्च स्थान प्राप्त कर लेती थी।

अंत में यह कहा जा सकता है कि रामायणकालीन नारी जीवन तत्कालीन समाज के लिये आदर्श तथा भविष्य में नारी जीवन का मार्गदर्शक था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अथर्ववेद संहिता, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
2. अष्टाध्यायी (पाणिनी) चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
3. आपस्तम्ब गृह्यसूत्र, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
4. आपस्तम्ब धर्मसूत्र, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
5. आष्वलायन गृह्यसूत्र, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
6. इनसाइक्लोपीडिया ऑफ रिलिजन एंड एथिक्स, मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशित
7. ऋग्वेद संहिता, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
8. ऐतरेय ब्राहमण, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
9. ओसेन ऑफ स्टोरीज, मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशित
10. कथासरित्सागर (सोमदेव), मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशित
11. कथासरित्सागर: एक सांस्कृतिक अध्ययन, डॉ. वाचस्पति द्विवेदी
12. कवि कालिदास के गंथों पर आधारित तत्कालीन भारतीय संस्कृति, डॉ. गायत्री वर्मा
13. कालिदासकालीन भारत, डॉ. भगवतशरण उपाध्याय
14. कालिदास ग्रंथावली, संपादक : सीताराम चतुर्वेदी
15. क्राइम एण्ड पनिशमेण्ट इन मनु , डॉ. चमनलाल गौतम
16. दी पोजिशन ऑफ वीमेन इन हिन्दू सिविलाइजेशन , डॉ. ए.एस. अल्तेकर
17. धर्मशास्त्र का इतिहास: अुर्जन चौबे काश्यप
18. नीतिशतकम् (भृर्तहरि), मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशित
19. नैशधीसचरितम् (श्रीहर्ष), मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशित
20. गौतम धर्मसूत्र
21. चाणक्य नीतिदर्पणम्, संपाक, डॉ. चमनलाल गौतम
22. पाणिनीकालीन भारतवर्ष, डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल
23. पोजीशन ऑफ वीमेन इन मनु एण्ड हिज सेवेन कमेंटैटर्स, डॉ. आर.एम.दास
24. प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, डॉ. जयशंकर मिश्र
25. प्राचीन भारत के प्रसाधन, अत्रिदेव विद्यालंकार
26. प्राचीन भारतीय वेशभूषा, डॉ. मोतीचंद्र
27. प्राचनी भारतीय शिक्षण पद्धति, डॉ. ए.एस. अल्तेकर
28. भक्तिकालीन काव्यों में नारी, डॉ. गजानन शर्मा
29. भारत की संस्कृति साधना, डॉ. रामजी उपाध्याय
30. भारतीय वाड्.मय में सीता का स्वरुप, डॉ. कृष्णदत्त अवस्थी
31. भारतीय संस्कृति, डॉ. रामजी उपाध्याय
32. भारद्धाज गृह्यसूत्र, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित

33. मत्स्य पुराण, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
34. मध्ययुगीन हिन्दी साहित्य में नारी भावना, डॉ. उषा पाण्डेय
35. मनुस्मृति, संपा. चमनलाल गौतम
36. महाभारत, गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित
37. महाभारत में धर्म, डॉ. शकुंतला तिवारी
38. महाभारत में नारी, वनमाला भवालकर
39. महाभाष्य (पंतजलि), गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित
40. मृच्छकटिक, शास्त्रीय, सामाजिक एवं राजनीतिक अध्ययन, डॉ. शालिग्राम द्विवेदी
41. मेघदूतम् (कालिदास), मोतीलाल बनारसीदास द्वारा प्रकाशित
42. यजुर्वेद संहिता, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
43. याज्ञवल्क्य स्मृति, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
44. रामकाव्यों में नारी, डॉ. विद्या
45. रामचरित मानस (तुलसीदास), गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित
46. रामायणकालीन संस्कृति, डॉ0 शांतिकुमार नानुराम व्यास
47. वसिष्ठ धर्मसूत्र, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
48. वायुपुराण, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
49. वाल्मीकिय रामयण (महर्षि वाल्मीकि), गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित
50. विष्णुपुराण, गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित
51. वीमन इन दी वैदिक एज, डॉ. एस. राव शास्त्री
52. वीमेन इन संस्कृत ड्रामाज, रत्नमयी दीक्षित
53. वेदान्तसार (सदानन्द), गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा प्रकाशित
54. वेदों में नारी (अप्रकाशित शोध प्रबंध), विद्या वियाहुत
55. वैदिक साहित्य एवं संस्कृति, आचार्य बलदेव चट्टोपाध्याय
56. शतपथ ब्राहमण, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
57. सोशल एंड रिलिजस लाइफ इन दी गृह्यसूत्राज, डॉ. वी.एम. आप्टे
58. सोशल लाइफ इन एंशिएण्ट इण्डिया, सुधाकर चट्टोपाध्याय
59. सौन्दरनन्द में नारी (अप्रकाशित शोध प्रबंध), अरुणा
60. सौन्दर्य का तात्पर्य, डॉ. रामकीर्ति शुक्ल
61. सौन्दर्य तत्व, डॉ. सुरेंद्र नाथ दास गुप्ता
62. सौन्दर्य शास्त्र, डॉ. रामाश्रय शुक्ल 'करुणेन्द्र'
63. संस्कृत कविदर्शन, डॉ. भोलाशंकर व्यास
64. संस्कृत नाटकों में सामाजिक चित्रण, चित्रा शर्मा
65. संस्कृत नाट्य साहित्य एवं गोस्वामी तुलसीदास, डॉ. कृष्णदेव प्रसाद
66. संस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, डॉ. रामजी उपाध्याय
67. संस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, डॉ. सूर्यकांत
68. संस्कृत साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास, बाबूराम त्रिपाठी
69. संस्कृत साहित्य का इतिहास, बलदेव उपाध्याय
70. संस्कृत का नवीन इतिहास, डॉ. विनय कुमार राय
71. स्मृति चन्द्रिका, चौखम्बा विद्या भवन द्वारा प्रकाशित
72. हिन्दू परिवार मीमांसा, डॉ. हरदत्त शास्त्री
73. हिन्दू संस्कार, डॉ. राजबली पाण्डेय
74. हिस्ट्री ऑफ धर्मशास्त्र, डॉ. पी.वी. काणे

****

Effects Of Various Teaching Methodology On Schools Students

Lokesh Jain*

Abstract - The purpose of the present research work is to determine the effect of selected teaching methodology on academic achievement of students therefore the scope of present study is limited to three types of teaching methodology namely lecture method, simulationbmethod and brain storming.

Introduction - Learning is a complex concept. There is no law of learning. The classroom is a dynamic environment, bringing together students from different backgrounds with various abilities and personalities. Being an effective teacher therefore requires the implementation of creative and innovative teaching strategies in order to meet students' individual needs. There was probably a time when academic staff simply followed the teaching methods that they had experienced as students. Nowadays there is increasing discussion about teaching methods. The search for any universally best teaching method is bound to be fruitless and should give way to the search for better ways of achieving particular learning outcomes. The widening of the repertoire of teaching methods available to academic staff as a means of diminishing the severity of the trade-off between teaching effectiveness and teaching efficiency as the unit of teaching resource continues to fall become more compelling and so too will the issue of teaching methods. No discussion of teaching methods makes much sense without prior consideration of what we are trying to achieve with the teaching methods. "Teaching methods" are not an end in themselves; they are a means to an end. They are the vehicle(s) we use to lead our students towards particular learning outcomes. The principle that I want to establish as practice is that we evaluate our teaching methods against the learning outcomes that we are seeking for our students.

I suspect that there is unlikely to be much dissent from this principle in theory. However, the principle has limited value unless it can be operationalized. The first stage in operationalizing it is to clarify the learning outcomes at which we are aiming. The second stage involves developing a contingency approach to the choice of teaching methods whereby "fitness for purpose" replaces naïve judgments of "better" and "worse". Our fear is that the falling unit of resource in higher education is causing us to become less ambitious in terms of the range of learning aims that we seek toachieve, with the educational experience of our students consequently and institutionally, is the range of learning outcomes that we can achieve with our students. Our greatest fear is that we will be driven back towards one learning outcomes: 'information dissemination' and then IT renders universities unnecessary in archiving that outcome. Our task is to find a set of teaching methods that will be more successful than the 'doomsday vision' in terms of achievement and that is the target for the present research work.

Objectives Of The Study - Without a clear formulation of the aims of research the investigator is likely to wonder aimlessly in his field and achieve nothing worthwhile. The following objectives are undertaken for the present research work:

1. To study the impact of lecture method on academic achievement of class X students.
2. To study the impact of simulation method on academic achievement of class X students.
3. To study the impact of Brain storming method on academic achievement of class X students.
4. To compare the impact of teaching methodologies (Lecture, simulation and brain storming) on academic achievement of class X students.
5. To suggest some training module for adopting teaching methodologies in private schools.

Hypothesis Of The Study - The following hypothesis are framed and will be tested.

1. There is no significant impact of lecture method on academic achievement of class X students.
2. There is no significant impact of simulation method on academic achievement of class X students.
3. There is no significant impact of brain storming method on academic achievement of class X students.
4. There is no significant difference between impact of teaching methodologies (Lecture, simulation and brain storming) on academic achievement of class X students.

Methodology - Considering the nature of the study the researcher has selected Experimental Method which is more appropriate method for the type of the study.

Analysis & Discussions- The educational and pedagogical

*Research Scholar (Education) Pacific University, Udaipur (Raj.) INDIA

implications of the present study are as follows:

1. The findings reveal that there could be a shared experience between students and the teacher.
2. The study indicated that these teaching methodologies may help in imparting information and critical thinking skills to others.
3. Facilitation of the learning process – The findings reveal that these teaching methodologies are effective in enhancing learning among students in terms of their academic achievement. Hence, the teachers may include these teaching methodologies as a part of the teaching learning process in order to improve academic achievement level of students.
4. The study reveals that these teaching methodologies could guide students to be critical thinkers and enable them to evaluate their world.
5. The findings implied that these teaching methodologies could motivate students to use their full potential.
6. All agencies in the field of curriculum development such as National Council of Educational Research and training (NCERT), State Institute of Educational Research and Training (SIERT) and National Council for Teacher Education (NCTE) may prepare curriculum according to the teaching methodologies.

Main Findings Of The Study – The main finding of this investigation are summarized under
heading as follow -

Objective - To study the impact of lecture method on academic achievement of class X students.

Conclusion - on the basis of analysis we found that academic achievement of class X students is effected by the lecture method.

Objective - To study the impact of simulation method on academic achievement of class X students.

Conclusion - on the basis of analysis we found that academic achievement of class X students is effected by the simulation method.

Objective - To study the impact of Brain storming method on academic achievement of class X students.

Conclusion - On the basis of analysis we found that academic achievement of class X students is effected by the Brain storming
method.

Objective - To compare the impact of teaching methodologies (Lecture, and simulation) on academic achievement of class Xth students.

Conclusion :

1. On the basis of analysis we found that academic achievement of class X students is effected by both the Lecture and simulation method.
2. Academic achievement of class X students is more effected by simulation than Lecture method.

Objective - To compare the impact of teaching methodologies (simulation and brain storming) on academic achievement of class Xth students.

Conclusion :

1. on the basis of analysis we found that academic achievement of class X students is effected by both the simulation & brain storming method.
2. Academic achievement of class X students is more effected by & brain storming than simulation method.

Objective - To compare the impact of teaching methodologies (Lecturer and brain storming) on academic achievement of class Xth students.

Conclusion :

1. On the basis of analysis we found that academic achievement of class X students is effected by both the lecturer & brain storming method

References :-

1. Anderson, L.W. and Krathwohl, D. (2001).A taxonomy for learning, teaching, and assessing: A revision of Bloom's taxonomy of educational objectives. New York: Longman.
2. Angelo, T.A., and Cross, K.P. (1993). Classroom assessment techniques: A handbook for college teachers (2nd ed.). San Francisco: Jossey-Bass.
3. Alclrich, C. (2004). Simulation and the future of learning. An innovative (and perhaps revolutionary) approach to e-learning San Francisco, CA: Pfeiffer publishing.
4. Ali, A (2001). Science, technology and mathematics education as tools for poverty alleviation. Keynote address presented at the 2nd National conference of school of sciences, Federal College of Education EhaAmufu.
5. Busari (2004).Traditional lecture method and chemistry teachers. (Online) Available http://www.ehow.co.Uk/into-8607068-effectiveness-traditonalmethod-teaching March16, 2013. Chen, C. and Howard, B. (2010). Effect of live simulation on middle school students attitudes and learning toward science. Journal of Educational Technology and society 13(1) 133-139
6. Al gorashi,I (2008). The Effect of Brainstorming Strategy in Teaching History in The Development of Creative Thinking and Achievement and Retention of Second grade Secondary School Female Students in AL-MadinahALMunawarah.Master Thesis, Taibah University.
7. Alsalamat, M (2010). he Effectiveness of Using Brainstorming on the Seventh Grade Students' Achievement in Geography and Developing Their Attitudes towards it.Educational Journal ,Egypt ,27 (3)

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

Preferred Payment Options after Demonetization in India

Dr. Yadu Rao*

Abstract - Introduction of coins and then paper currency after the elimination of barter system was the revolutionary and deemed to be the giant leap. However, with the advent of internet and smart phones the whole system of payment and settlement has now been changed completely. All the payment systems discussed used by many people in the country, however, after the demonetization of notes of Rs. 500 and Rs.1000 the whole economy felt the supply side pressure of new currency which last for months. During that time from the end of 2016 to the first half of the year of 2017 people faced cash out situation. In post demonetization era Paytm brought a paradigm shift in the day to day payment and settlement system.
Key words - Digital Payment Options, Paytm, UPI, Google Pay.

Introduction - Technological advancement in the medium of exchange has influenced the perception of people significantly. Now you need not to have wallet in your pocket if you have it in your mobile. By and large payment options can be categorized in the three parts

1. Paper currency (cash)
2. Online payment system (NEFT, RTGS, IMPS etc.)
3. Plastic currency (debit, credit or cash cards)
4. Electronic currency (e-wallets, mobile apps)

Introduction of coins and then paper currency after the elimination of barter system was the revolutionary and deemed to be the giant leap. However, with the advent of internet and smart phones the whole system of payment and settlement has now been changed completely. In case of countries like India shifting towards the system of electronic modes of payments from conventional physical or paper mode of currency is a bit difficult task. Acknowledging the fact the Government of India in the year 2015 launched an ambitious campaign of Digital India Mission to promote electronic payment system for governmental products and services.

In order to make electronic payment system user friendly numerous modes of payment were introduced during the past decade viz. Cards like debit/ credit/ cash, USSD and SMS banking, AADHAAR Enabled Payment System, Immediate Payment Service, Mobile or E-Wallets, Banks Cash or Pre-Paid Cards, Point of Sale Machines, Internet Banking, Unified Payments Interface (UPI), Mobile Banking with Android Applications and so on. On the basis of the data from the RBI, importance of digital payment can be realized by looking at fact in the year 2014 only 2.38 digital payments per capita in India were there while the count has increased to 13.15 in the March 2018.

All the payment systems discussed used by many people in the country, however, after the demonetization of notes of Rs. 500 and Rs.1000 the whole economy felt the supply side pressure of new currency which last for months. During that time from the end of 2016 to the first half of the year of 2017 people faced cash out situation. In post demonetization era Paytm brought a paradigm shift in the day to day payment and settlement system. Although several alternatives were already introduced and used by the people, which are already discussed in paragraph above but the Paytm hits the bull's eye and provided a free of cost platform to transfer money from one to another person's wallet in seconds. People were struggling with the cash crisis and paytm gave them an better option in the form of Paytm wallet and that is with attractive cash back offers and this is how people started to shifting from ATM to PAYTM.

Review of Literature - (NC, 2016) the author emphasized that the India is a cash based economy. An effort of demonetization has been made by the government to curb the corruption but at the same time online transactions and credit card transactions are seemed to be expensive for small merchants. The author also talks about the mobile wallets and e-wallets.

(Suri, 2016) the author here established an association between black money, counterfeit currencies, crime and terrorism. The author considered demonetization as a significant and the first step towards cashless economy.

(Singh, Ajit;, 2017) the author in this article talks about various mode of payments available and emphasized that mobile may play a significant role in case of transition towards cashless economy. However, the author pin points the challenges for mobile cashless transaction regarding security and other related issues.

(Bhattacharyya & Noria, 2017) In this article an effort has been made by the authors to discuss how Indian economy is becoming digital and cashless. In the article e-

*Assistant Professor, Government Meera (Girls) College, Udaipur (Raj.) INDIA

wallets are also discussed and are deemed to be the alternatives to ATMs.

(CH. B. V. L. Sudheer & Ashrefunnisa, 2017) talks about how electronic payment system affects cashless economy of India. Electronic payment system is the key in the regime of Cashless India.

Singh, S., & Rana, R. (2017) in the study an effort has been made to analyze the perception of users towards the digital payment system. Author further infer that other factors other than education do not have a significant effect on preferring the digital payment modes.

Mohanta, G., Debasish, S. S., & Nanda, S. K. (2017) the present study was based on secondary data. Authors discussed various efforts taken by the government under Digital India Campaign and provide WiFi , high speed internet and more employments seem to be created.

Shah, Z. A. (2017) in the present study assesses the availability of infrastructure for digital payments, analyses the different modes of digital payments. In addition problems and prospects of cashless economy are investigated. The study is based on secondary data collated from various sources viz. Reserve Bank of India, National Payment Corporation of India.

Objective - To study which payment option after demonetization users prefer over other options and why.

Hypotheses :

H_0: There is no significant difference in the opinions of male and female users regarding modes of digital payments and thus they do not have any preferred payment option

H_0: There is no significant difference in the opinions of users (male & female) of most preferred mode of digital payments.

Research Methodology - Study is based on the primary data collected from the group of salaried people in Udaipur city. Questionnaire submitted to respondents who belong to salaried group. Hundred people respond and on the basis of that analysis has been done. Kruskal Wallis test is applied to identify the significant difference in the preferences of user on the basis of services offered by various payment options available.

Significance of study - On the basis of the data from the RBI, importance of digital payment can be realized by looking at fact in the year 2014 only 2.38 digital payments per capita in India were there while the count has increased to 13.58 in the year 2018 where as the digital payments as a percentage of GDP were 561 in 2014-15 and increased to 579%, 644% during the years year 2015,-16, 2016-17 respectively. Further based on RBI and NCPI data, Unified Payment Interface (UPI) which was introduced on April 11, 2016 is an mobile based application facilitates transfer of money from bank to bank, showed tremendous growth from Rs.69.5 billion in 2016-17 to Rs.1095 billion (growth of 1481%) in the year 2017-18 while during the same period volume of UPI showed increase of 5024.5% from 17.9 million to 915.2million. There is an undoubted growth of digital payment system in India; however, for the sake of retail payments how the users belong to salaried group respond would be an important area to be touched because there we find the people who pay the taxes, belong mostly to the middle class, use the services available, encounter the ground realities and can give the unbiased feedback.

Limitation of study - Respondents do not represent the whole user group of digital payment users as (i) they are salaried (ii) Study is based on the primary data received from the respondents of Udaipur city. (iii) Digital payment options in questionnaire selected randomly and there are number of other options available.

Analysis and Interpretation- Kruskal-Wallis Test was conducted to examine the difference in opinion on preferred payment options. Kruskal-Wallis H test showed CV<H-Value as 7.815 < 32.814 that there was a statistically significant difference in the options available on the basis of services they offer. In other words users do have their preferred payment options. In the present study questionnaire was prepared to gauge the information regarding the preferred mode of payment by the user and for what purposes they choose specific channel or mobile app for the payment. 60% of respondents are active paytm users, whereas 9% choose UPI as their preferred mode of payment.

To test the second hypothesis that there is no significant difference in the opinions of male and female users of most preferred mode of digital payments t test is used. In the present case the most preferred mode of digital payment came out as Paytm. In order to infer if there are any differences in male and female users of Paytm the t-test was performed and no significant difference in the score was found.

Table 1 (see in next page)

Thus, Paytm users reckon the application on the same scale and do not differ in opinion for opting it as a preferred payment option.

Findings - After preparing the ranking table based on the responses it was observed that the majority of people use Paytm because of its circulation and operability in market. Respondents also revealed that they find paytm registration process quite easy. Another reason of using Paytm is the variety of options available on the bill payment page of the application. Mostly, people are using it for buying and selling of commodities of daily use, also the cash back motivates people to use it as their default payment application. Surprisingly, respondents appreciate the transaction details maintain by the Paytm which accordingly facilitate developing budget discipline.

Graph 1 (see in last page)

Few respondents find Paytm useful as the Paytm wallet accepts credit card and then can be used at any retails store as heavy charges are levied by the credit card companies for providing ATM withdrawal facility on credit card.

In case of Google Pay respondents mostly used for the purpose of money transfer and utility bill payments. Users are not rating it cash back offers but various payment

options facilitates easy payment platform.

Graph 2,3,4 & 5 (see in last page)

Unified Payment Interface has gained huge popularity in such a short span of time and is expected to be the biggest competitor of Paytm and other Mobile payment services. With the easy registration process, convenient options of money transfer, on the move availability, cash back offers, wallet limit and user friendly interface forcing people now to shift towards it.

Online banking and NEFT are not the FMCG and Retail segment players under the regime of digital payment system and thus mostly if is used for money transfer and still taken as one of the safest methods of money transfer.

Conclusion - Diversified digital payment options are available in India. Due to this diversity and interoperability users find many payment choices. In the present article people seem to be opting Paytm as a digital payment option but it is long way to go and the most important competition the Paytm has to face with UPI. The present study incorporates opinions of salaried respondents and thus there is a sufficient scope for future research by incorporating more categories of respondents and payment options as well.

References :-

1. Bhattacharyya, A., & Noria, Y. (2017, July 14). India paves its way to a cashless economy. *PwC India*, pp. 1-4.
2. Mohanta, G., Debasish, S. S., & Nanda, S. K. (2017). A study on growth and prospects of Digital India Campaign. *Journal of Internet Banking and Commerce*, *2*(7), 727–731.
3. NC. (2016, November 16). *'Cashless Indian economy' – Money demonetization to mobile digitization*. Retrieved from www.rctom.hbs.org:https://rctom.hbs.org/submission/cashless-indian-economy-money-demonetization-to-mobile-digitization/
4. Singh, A. (2017). *Cashless India: Leveraging Possibilities and Facing Security Challenges in the Mobile Space.* Retrieved from www.globallogic.com: https://www.globallogic.com/gl_news/cashless-india-leveraging-possibilities-and-facing-security-challenges-in-the-mobile-space/
5. Singh, S., & Rana, R. (2017). Study of consumer perception of digital payment mode. *Journal of Internet Banking and Commerce*, *22*(3), 1–14.
6. Sudheer, C. B., & Ashrefunnisa, M. (2017, February). Electronic Payment in Cashless Economy of India: Problems and Prospect. International Journal of Scientific Engineering and Technology Research, 6(7), 1398-1402.
7. Suri, Y. (2016). *Demonetization – An Opportunity to Curtail Black Money.* Retrieved July 18, 2017, from niti.gov.in: http://niti.gov.in/content/demonetization-%E2%80%93-opportunity-curtail-black-money-and-promote-digital-payments
8. Shah, Z. A. (2017). Digital payment system: problems and prospects. *EPRA International Journal of Economic and Business Review*, *5*(8), 194–201.
9. "STATISTICS." *NPCI*, www.npci.org.in/statistics
10. *Reserve Bank of India - RBI Bulletin*, 17 Mar. 2017, www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewBulletin.aspx?Id=16820.

Table 1

	Female	Male	Conditions
Registration process	(M=8.51, SD=0.43)	(M=8.64, SD=0..57)	t(47)=2.01, p= .50
Convenience as varied options are available	(M=8.25, SD=0.49)	(M=8.52, SD=0.59)	t(49)=2.00, p=.18
Money transfer	(M=8.4, SD=0.54)	(M=8.28, SD=0.62)	t(49)=2.00, p=.55
Availability: On the move payment	(M=8.6, SD=0.30)	(M=8.68, SD=0.39)	t(48)=2.01, p=.61
Cash back offers	(M=8.08, SD=0.96)	(M=8.28, SD=0.79)	t(55)=2.00, p=.42
Weekly and Monthly offers	(M=7.8, SD=0.81)	M=8.08, SD=0.66)	t(55)=2.00, p=.21
Utility and Bill Payment	(M=8.11, SD=0.39)	(M=8.32, SD=0.56)	t(46)=2.01, p=.26
Wallet Limit	(M=7.88, SD=0.69)	(M=7.72, SD=0.71)	t(51)=2.00, p=.45
Track what you spend to develop budget discipline	(M=8.54, SD=0.54)	(M=8.16, SD=0.2.47)	t(32)=2.03, p=.26
Money to wallet can be added via Credit Card	(M=7.62, SD=6.82)	(M=8.16, SD=0.4.64)	t(57)=2.00, p=.39

Graph 1



Graph 2



Graph 3



Graph 4



Graph 5



****

पर्यावरण संरक्षण एवं हमारा दायित्व

डॉ. शुभ्रा तिवारी *

शोध सारांश – विज्ञान के क्षेत्र में असीमित प्रगति और नये आविष्कारों की स्पर्धा के कारण आज का मानव प्रकृति पर पूर्णतया विजय प्राप्त करना चाहता है। आज मानव ने अपनी जिज्ञासा और नई नई खोज की अभिलाषा में पर्यावरण के सहज कार्यो में हस्तक्षेप करना प्रारम्भ कर दिया है जिसके कारण हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। हम इन दिनों पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति लापरवाह होते जा रहे है जिसके परिणाम भविष्य में घातक हो सकते है। वृक्ष – वनस्पति मनुष्य के लिए अत्यन्त उपयोगी है, परन्तु मानव इनके महत्व व उपयोग को न समझते हुए इनकी उपेक्षा कर रहा है। वनस्पति ही प्राणियों को पोषण प्रदान करती है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण अत्यन्त–आवश्यक है।
शब्द कुंजी – पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति, वनस्पति, सहचर्य, समन्वय।

प्रस्तावना – मानव जीवन प्रकृति पर आश्रित हैं। जीव जंतु, वृक्ष–वनस्पति, नदी पहाड़ आदि इनके अंग प्रत्यंग हैं। इनके परस्पर सहयोग से ही प्रकृति संतुलित है।

पर्यावरण शब्द परि + आवरण के संयोग से बना है। 'परि' का आशय चारों तथा आवरण का आशय परिवेश हैं। पर्यावरण अर्थात् वनस्पतियों, प्राणियों और मानव जाति सहित सभी सजीवों और उनके साथ सम्बन्धित भौतिक परिसर को पर्यावरण कहते है वास्तव में वायु, जल, भूमि पेड़–पौधे, जीव–जन्तु, मानव और उसकी विविध गतिविधियों के परिणाम आदि सभी का समावेश होता है।

भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के संरक्षण को बहुत महत्व दिया गया हैं। यहाँ मानव जीवन को हमेशा मूर्त्ता या अमूर्त्त रूप में पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, सूर्य, नदी, वृक्ष या पशु–पक्षी आदि के साहचर्य में ही देखा गया है।

पर्यावरण का अर्थ है चारों तरफ का वातावरण तथा पर्यावरण संरक्षण का तात्पर्य है कि हम अपने चारों ओर के वातावरण का संरक्षित करे तथा उसे जीवन के अनुकूल बनाए रखें। पर्यावरण और प्राणी एक दूसरे पर आश्रित है। यही कारण है कि भारतीय चिन्तन में पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा उतनी ही प्राचीन है, जितना यहाँ मानव जाति का ज्ञात इतिहास हैं।

भारतीय संस्कृति का अवलोकन करने से ज्ञात होता है यहाँ पर्यावरण संरक्षण का भाव अति पुरातनकाल में भी मौजूद था पर उसका स्वरूप भिन्न था, पर्यावरण का संरक्षण हमारे नियमित क्रियाकलापों से ही जुड़ा हुआ था। प्राचीनकाल से ही सूर्य, पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, वनस्पतियों, नदियों आदि को पूजनीय मानने की परम्परा रही है, जिसके मूल में पर्यावरण संरक्षण का ही भाव निहित है। पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ जैव–विविधता के संरक्षण का भी प्राचीनकाल में गौरवमयी इतिहास रहा है। पर्यावरण एवं परिस्थितिकी संकट मौजूदा दौर के ऐसे विषय है जिन पर दुनिया भर में सर्वाधिक बहस हो रही है क्योंकि मानव का प्राकृतिक परिवेश अर्थात् पर्यावरण खतरे में है।

पर्यावरण संरक्षण की परिभाषा – हमारे देश में संविधान 1950 में लागू हुआ था परन्तु वह पर्यावरण संरक्षण से नहीं जुड़ा था। सरकार ने 1976 में संविधान में संशोधन कर नये अनुच्छेद जोडे 48 अतथा 51 A (G) अनुच्छेद 48 सरकार को निर्देश देता है कि वह पर्यावरण की सुरक्षा करे और अनुच्छेद 51 A (G) नागरिकों के लिए है कि वह हमारे पर्यावरण की रक्षा करें।

सन् 1992 में ब्राजील में विश्व के 174 देशों का पृथ्वी सम्मेलन आयोजित किया गया तथा उसके पश्चात् सन् 2002 में जोहान्सबर्ग में पृथ्वी सम्मेलन आयोजित कर विश्व के सभी देशों को पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देने के अनेक उपाय सुझाव गये।

पर्यावरण संरक्षण की विधियाँ – पर्यावरण प्रदूषण के कुछ दूरगामी दुष्प्रभाव है, जो अतिघातक है जैसे आणविक विस्फोटों से रेडियोधर्मिता का आनुवांशिक प्रभाव, वायुमंडल का तापमान बढना, ओजोन परत की हानि, भूक्षरण ऐसे घातक दुष्प्रभाव है। प्रत्यक्ष दुष्प्रभाव के रूप में जल, वायु तथा वातावरण का दूषित होना तथा वनस्पतियों का विनष्ट होना। बड़े कारखानों से विषैला अपशिष्ट बाहर निकलने से तथा प्लास्टिक आदि के कचरे से प्रदूषण की मात्रा उत्तरोत्तर बढ रही है।

बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण न केवल महानगरों में ही बल्कि छोटे–छोटे कस्बों और गांवों में भी शुद्ध प्राणवायु मिलना दूभर हो गया है क्योकि धरती पर वन समाप्त होते जा रहे है। वृक्षों के अभाव में प्राणवायु की शुद्धता और गुणवत्ता दोनों ही घटती जा रही है।

वायु प्रदूषण के लिये वाहन भी कम उत्तरदायी नहीं है। बसों, कारों, ट्रकों, मोटर–साइकिलों, स्कूटर, रेलों आदि में प्रयुक्त ईंधन से निकलने वाला धुआँ, वायु को प्रदूषित करता है।

अपने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए हमें जल को भी प्रदूषण से बचाना चाहिए। कारखानों का गंदा पानी, घरेलु गंदा पानी आदि को समीपस्थ नदियों और समुद्र में गिरने से रोकना चाहिये। कारखानों के पानी में हानिकारक रासायनिक तत्व घुले रहते है, जो नदियों के जल को विषाक्त कर देते है, परिणामस्वरूप जलचरों के जीवन को संकट का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ उसी प्रदूषित पानी को सिंचाई के काम में लेते है, जिसमें उपजाऊ भूमि भी विशैली हो जाती है। उसमें उगने वाली फसल व सब्जियाँ भी पौष्टिक तत्वों से रहित हो जाती है जिसके सेवन से अवशिष्ट रसायन मानव शरीर में पहुँचकर उसको भी नुकसान पहुंचाते है।

पर्यावरण पर ही हमारा भविष्य आधारित है, जिसकी बेहतरी के लिए ध्वनि प्रदूषण की तरफ भी ध्यान देना चाहिये। आज महानगरों में ही नहीं

* सहायक आचार्य (भौतिक शास्त्र) सेठ मथुरादास बिनानी राजकीय महाविद्यालय, नाथद्वारा (राज.) भारत

बल्कि गांवों में भी ध्वनि विस्तारकों का प्रयोग होने लगा हैं। औद्योगिक संस्थानों की मशीनों के कोलाहल तथा वाहनों की चिल्ल-पों ने ध्वनि प्रदूषण को जन्म दिया है। इससे मानव की श्रवण शक्ति का ह्रास होता है। ध्वनि प्रदूषण का मस्तिष्क पर भी घातक प्रभाव पडता है।

अगर पर्यावरण इसी तरह प्रदूषित होता रहा तो पूरी पृथ्वी, प्राणी और वनस्पति इस प्रदूषण में विलीन हो जाएगी इसलिए समय रहते हमें इन प्रदूषण से हमारी पृथ्वी को बचाना है इसलिए इसके संरक्षण का उपाय हर व्यक्ति को करना आवश्यक है।

निष्कर्ष - पर्यावरण सुरक्षा और उनमें संतुलन हमेशा बना रहे इसके लिए हमें जागरूक और सचेत रहना होगा। प्रत्येक प्रकार के हानिकारक प्रदूषण जैसे जल, वायु, ध्वनि, इन सब प्रदूषण से बचने के लिए अगर हम उपाय करें तो हमारी पृथ्वी की सुंदरता जो कि पर्यावरण है, उसे बचा सकते है और अपने जीवन को स्वस्थ बना सकते है। विकास चाहे जितनी ऊंचाई प्राप्त कर ले मानव जीवन का विकल्प नहीं हो सकता है। अत: समावेशी और सतत् विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारा दायित्व अपरिहार्य है। पर्यावरण संरक्षण विश्व में प्रत्येक मनुष्य के लिए अनिवार्य रूप से घोषित करना चाहिए, क्योंकि पर्यावरण है तो जीवन है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रसाद गायत्री - (2011) 'पर्यावरण भूगोल' कैलाश पुस्तक सदन- भोपाल
2. तोमर शैलेन्द्र सिंह - (2012 एवं 2013) 'जल संरक्षण एवं प्रबंधन' राधा पब्लिकेशन्स् नई दिल्ली।
3. डॉ. अर्चना मिश्रा (2001) - 'वाटरशेड मैनेजमेन्ट' ऑयर प्रेस, दिल्ली
4. रमेश चन्द्रप्पा और रवि. डी. आर, (2009) - 'पर्यावरणीय समस्याएं, विधि और प्रौद्योगिकी- एक भारतीय परिप्रेक्ष्य', रिसर्च इंडिया प्रकाशन, दिल्ली।
5. मिलिन्द कान्दलिकर, गुरुमूर्ति रामाचन्द्रन (2000) - '2000 : इंडिया : द कॉजेज एंड कन्सिक्वेन्सेस् ऑफ पर्टिकुलेट एयर पॉल्युशन इन अरबन इंडिया: अ सिन्थेसिस ऑफ द सांइस' इन्युअल रिव्यु ऑफ सांइस एंड द एन्वायरनमेन्ट 25 : 629-684

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

भवन निर्माण में कार्यरत श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का मूल्यांकन

उषा राजे * डॉ. महेश गुप्ता **

प्रस्तावना - निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिक असंगठित क्षेत्र में आते हैं व इसमें अधिकतर अशिक्षित व कम पढ़े-लिखे व्यक्ति कार्य करते हैं। इस क्षेत्र में रोजगार निरंतर प्राप्त नहीं होता है इस कारण निर्माण श्रमिकों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण श्रमिक अपने बच्चों की शिक्षा प्रति भी जागरूक नहीं होते हैं और उनके परिवार का भविष्य असुरक्षित रहता है।

देश का भविष्य बच्चों की वर्तमान स्थिति पर निर्भर करता है। यदि बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार प्राप्त होगें तो परिवार के साथ-साथ देश भी विकास करेगा व देश का भविष्य सुधरेगा। प्रदेश सरकार ने उपरोक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के बच्चों के लिए कई सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ प्रारंभ की हैं जिससे बच्चों को उचित शिक्षा प्राप्त हो सके, उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता के साथ-साथ उचित मार्गदर्शन प्राप्त हो सके और निर्माण श्रमिक व परिवार का भविष्य सुरक्षित हो सके व परिवार आर्थिक व सामाजिक तरक्की कर सके।

श्रमिकों के बच्चों के लिये संचालित योजनाएँ

1. शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि योजना - श्रमिक अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण बच्चों की शिक्षा पर उचित ध्यान नहीं दे पाते हैं तथा पिढ़ि दर पिढ़ि इसी हाल में रहते हैं। श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के स्तर को सुधारने व शिक्षा के प्रति उत्साह को बढ़ाने हेतु शिक्षा प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है। उक्त योजना दिनांक 13.12.2004 से प्रभावशील है। दिनांक 10.07.2008 की अधिसूचना द्वारा इसका नाम 'शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि योजना' कर दिया गया है। योजना के प्रावधानानुसार छात्र/छात्राएँ जो कि कक्षा 1 से 5वी तक, कक्षा 6 से 8वीं, कक्षा 9 से 12वीं तक, स्नातक स्तर बी.ए., बी.काम, बी.एस.सी, बी.ई, एम.बी.बी.एस तथा अन्य सभी स्नातक स्तर की व्यवसायिक पाठ्यक्रम तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं मे जैसे एम.ए, एम.काम, एम.एस.सी, एम.सी.ए., एम.ई, एम.डी, एम.एस. स्नातकोत्तर स्तर व्यवसायिक परीक्षा उच्च अध्ययन तथा अन्य डिप्लोमा जैसे आई.टी.आई, पॉलीटेक्निक, डी.सी.ए. आदि की शिक्षा शासकीय अथवा केन्द्र/राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था मे प्राप्त कर रहे हों को शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। प्रोत्साहन राशि का कक्षावार विवरण निम्नानुसार है :-

तालिका क्र. 1 - प्रोत्साहन राशि का विवरण

क्र.	प्रोत्साहन हेतु कक्षावार पात्रता	वार्षिक प्रोत्साहन राशि	
		छात्र	छात्रा
1	कक्षा 1, से 5 तक	500	800
2	कक्षा 6वीं, से 8वीं	1000	1,200
3	9वीं एवं 12वीं	1,200	1,700
4	स्नातक कक्षा जैसे बी.ए./बी.एस.सी./ बी.कॉम./डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम आदि	3,000	4,000
5	स्नातकोत्तर कक्षा जैसे एम.ए./एम.एस.सी. /एम.कॉम/ स्नातकोत्तर डिप्लोमा आदि	5,000	6,000
6	स्नातक स्तर की व्यावसायिक पाठ्यक्रम मे अध्ययनरत होने पर	6,000	8,000
7	स्नातकोत्तर स्तर की व्यावसायिक परीक्षा में अध्ययन, पीएच.डी. या शोध कार्य करनें पर	8,000	10,000

शिक्षा प्रोत्साहन हेतु उपरोक्त योजना बहुत महत्वपूर्ण योजना है। योजना से निर्माण श्रमिकों के बच्चों का शिक्षा के स्तर बढेगा एवं उनका भविष्य सुधरेगा।

तालिका क्र. 2

क्र.	वर्ष	हितग्राही संख्या	वितरित राशि
1.	प्रारंभ से 2011 तक	937	752300
2.	2011-2012	8234	6447850
3.	2012-13	21910	18321393
4.	2013-14	589	515750
5.	2014-15	13462	11670970
	कुल	**45132**	**37708263**

स्त्रोत :- श्रमायुक्त कार्यालय, जिला इन्दौर से प्राप्त आंकड़े।



तालिका के अनुसार ज्ञात होता है कि वर्ष 2012-13 में सर्वाधिक 3130 श्रमिकों के बच्चों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। इस वर्ष कुल

* शोधार्थी (वाणिज्य) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्याल, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्याल, इन्दौर (म.प्र.) भारत

राशि रू. 18321393/- शिक्षा सहायता के रूप में श्रमिकों के बच्चों को प्रदान की गई है। सबसे कम शिक्षा सहायता राशि वर्ष 2013-14 में रू. 515750/- कुल 589 श्रमिकों के बच्चों को प्रदान की गई है एवं वर्ष 2014-15 में 13462 श्रमिकों के बच्चों को रू. 11670970/- शिक्षा के सहायता हेतु प्रदान की गई है। शिक्षा से श्रमिक परिवार के भविष्य को सुधार कर, आर्थिक व सामाजिक स्तर में वृद्धि की जा सकती है। इस हेतु शिक्षा के प्रति श्रमिकों एवं बच्चों में जागरूकता को बढ़ाये जाने की आवश्यकता है।

शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि योजना में यह प्रावधान है कि अन्य समकक्ष योजनाओं में लाभ प्राप्त होने पर भी इस योजना में अतिरिक्त लाभ हिताधिकारी को प्रदान किया जाता है।

2. मेधावी छात्र/छात्राओं को नगद पुरस्कार योजना - शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े व श्रमिक की कमजोर आर्थिक स्थिति बच्चों की शिक्षा प्राप्ति में बाधक न बने इस हेतु यह योजना प्रारंभ की गई है। उक्त योजना दिनांक 13.12.2004 से प्रभावशील है। मेधावी छात्र/छात्राओं को नगद पुरूस्कार योजना के अंतर्गत परिवार की दो संतानों की सीमा के अध्याधीन रहते हुए पंजीकृत निर्माण कर्मकारों की ऐसी समस्त संतानें जिन्होंने निम्न लिखित परीक्षाओं में से कोई भी परीक्षा **प्रथम श्रेणी** के अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की हों अथवा व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा मे अहर्ता प्राप्त कर सम्बन्धित व्यवसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर लिया हो योजना से लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होते हैं। प्रत्येक कक्षा व पाठ्यक्रम के समक्ष उल्लेखित नगद पुरस्कार राशि एक मुश्त देय होती है।

तालिका क्र. 3 - नगद पुरस्कार राशि का विवरण

क्र.	कक्षा	पुरस्कार राशि	
		छात्र	छात्रा
1	5वीं, 6वीं एवं 7वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर	2,000	3,000
2	8वीं एवं 9 वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर	3,000	4,000
3	10 वीं एवं 11 वीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर	4,000	6,000
4	12 वीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर	6,000	8,000
5	स्नातक कक्षाओं जैसे-बी.ए./बीएससी/ बी.कॉम आदि प्रत्येक वर्ष के लिये प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर	8,000	10,000
6	स्नातकोत्तर कक्षाओं जैसे एम.ए/ एम.एस.सी./एम.कॉम आदि प्रत्येक वर्ष के लिए प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर	10,000	12,000
7	स्नातक स्तर की व्यावसायिक परीक्षा में चयन होने पर	4,000	4,000
8	स्नातकोत्तर स्तर की व्यावसायिक परीक्षा में चयन होने पर	6,000	6,000

तालिका क्र. 4

क्र.	वर्ष	हितग्राही संख्या	वितरित राशि
1.	प्रारंभ से 2011 तक	203	188500
2.	2011-2012	209	238950
3.	2012-13	3130	2734750
4.	2013-14	77	57500
5.	2014-15	2691	2282250
	कुल	**6310**	**5501950**

स्त्रोत :- श्रमायुक्त कार्यालय, जिला इन्दौर से प्राप्त आंकड़े।



तालिका के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि वर्ष 2012-13 में सर्वाधिक 3130 मेधावी बच्चों को राशि रू. 2734750/- शिक्षा प्रोत्साहन हेतु प्रदान की गई है। वर्ष 2013-14 में सबसे कम 77 श्रमिकों के बच्चों को प्रोत्साहन राशि रू. 57500/- प्रदान की गई है एवं वर्ष 2014-15 में 2691 श्रमिकों के बच्चों को कुल राशि रू. 2282250/- प्रदान की गई है। मेधावी पुरस्कार योजना से श्रमिकों के अच्छे पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन बढ़ रहा है एवं आगे पढ़ायी जारी रखने में आर्थिक सहायता प्राप्त हो रही है।

3. राज्य लोक सेवा आयोग, संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पर पुरस्कार - यह योजना दिनांक 16.08.2013 से प्रभावशील है। यह योजना उन भवन और अन्य निर्माण कर्मकारों पर प्रभावशील है, जो अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत महिला अथवा पुरूष हिताधिकारी हो, तथा वैध परिचय पत्रधारी हों।

वैध परिचय पत्र धारी निर्माण श्रमिक के 18 से 45 वर्ष की आयु के पुत्र-पुत्रियों को राज्य लोक सेवा आयोग अथवा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में विभिन्न स्तर पर

चयनित होने पर योजनातंर्गत प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है :-

देय लाभ निम्नानुसार है :-

तालिका क्र. 5

आयोग का नाम	परीक्षा जिसे उत्तीर्ण किया है	देय हितलाभ
मध्यप्रदेश लोक	प्रारंभिक परीक्षा	रूपये 15 हजार
सेवा आयोग	मुख्य परीक्षा	रूपये 25 हजार
संघ लोक सेवा	प्रारंभिक परीक्षा	रूपये 25 हजार
अयोग	मुख्य परीक्षा	रूपये 50 हजार

उपरोक्त लाभ परीक्षा के एक स्तर पर चयनित होने पर जीवनकाल में एक बार प्रदान किया जाता है।

यदि आवेदक द्वारा राज्य लोकसेवा आयोग के विभिन्न स्तरों हेतु योजनांतर्गत लाभ प्राप्त किया गया हो, तथा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में भी चयन हुआ हो तो संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयन हेतु भी लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र होता है।

विभागीय स्वीकृति उपरांत एक मुश्त प्रोत्साहन राशि का एकाऊण्ट पेयी चेक पंजीबद्ध हिताधिकारी के नाम से जारी किया जाता है।

म.प्र.भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा वर्ष 2015-16 में **राज्य लोक सेवा आयोग अथवा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सफलता पर पुरूस्कार योजनांतर्गत** 03 प्रशिक्षणार्थियों को 45,000 रूपये की राशि हितलाभ के रूप में वितरित की गयी।

4. सुपर 5000 (कक्षा-10) एवं सुपर 5000 (कक्षा-12) योजना

यह योजना दिनांक 16.08.2013 से प्रभावशील है। पंजीकृत निर्माण श्रमिक के पुत्र एवं पुत्रियो जो म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में किसी शासकीय विद्यालय में अथवा स्वाध्यायी विधार्थी के रूप में अध्ययन करते हुये कक्षा 10वीं में संपूर्ण राज्य की मेरिट में सर्वोच्च 5000 बच्चों में सम्मिलित हैं, अथवा कक्षा 12वीं में संपूर्ण राज्य के मेरिट में अपने संकाय के सर्वोच्च 5000 बच्चो में सम्मिलित हैं, उन्हे आगे अध्ययन जारी रखने के लिये एकमुश्त सहायता राशि रूपये 25,000/- एक बार प्रदान की जाती है।

म.प्र.भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा प्रत्येक वर्ष म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मण्डल से 5000 छात्र/छात्राओं की मेरिट सूची प्राप्त कर पोर्टल पर अपलोड की जाती है।

हितलाभ स्वीकृति उपरांत हितलाभ की राशि का एकाउंट पेयी चैक पंजीबद्ध हिताधिकारी के नाम से जारी किया जाता है।

तालिका क्र. 6 - कक्षा 10 वी सुपर 5000 पुरस्कार योजना

क्र.	वर्ष	हितग्राही संख्या	वितरित राशि
1.	2013-14	0	0
2.	2014-15	0	0
3.	2015-16	2	60000
4.	2016-17	0	0
	कुल	**2**	**60000**

स्त्रोत :- श्रमायुक्त कार्यालय, जिला इन्दौर से प्राप्त आंकड़े।

तालिका से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2015-16 में श्रमिकों के केवल 2 बच्चे इन्दौर जिले से सुपर 5000 (कक्षा 10 वी) की सूची में आए थे एवं उन्हें प्रोत्साहन राशि कुल रू. 60000/- प्रदान की गई थी। श्रमिकों के बच्चों का शिक्षा का स्तर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

तालिका क्र. 7 - कक्षा 12 वी सुपर 5000 पुरस्कार योजना

क्र.	वर्ष	हितग्राही संख्या	वितरित राशि
1.	2013-14	0	0
2.	2014-15	0	0
3.	2015-16	2	50000
4.	2016-17	3	75000
	कुल	**5**	**125000**

स्त्रोत :- श्रमायुक्त कार्यालय, जिला इन्दौर से प्राप्त आंकड़े।

तालिका से स्पष्ट होता है कि श्रमिकों के कक्षा 12 वी में अध्ययनरत बच्चों में 2015-16 में केवल 2 बच्चें एवं वर्ष 2016-17 में 3 बच्चों को क्रमश: कुल राशि रू. 50000/- एवं 75000/- प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की गई है।

सुपर 5000 (10 वी) एवं सुपर 5000 (12 वी) सूची में इन्दौर जिले से बहुत कम संख्या में बच्चें आ पाए हैं। श्रमिकों के बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं उन्हें उचित शिक्षा मार्गदर्शन व सहयोग मिले इस हेतु प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

5. व्यावसायिक पाठ्यक्रमों हेतु अध्ययन अनुदान योजना - व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में, निर्माण श्रमिक के बच्चों को शिक्षा-प्रशिक्षण में कमजोर आर्थिक स्थिति बाधा न बने इस हेतु यह योजना प्रारंभ की गई है। यह योजना दिनांक 16.08.2013 से प्रभावशील है। यह योजना उन भवन और अन्य निर्माण कर्मकारों पर प्रभावशील है, जो अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत महिला अथवा पुरूष हिताधिकारी हों, तथा वैध परिचय पत्र धारी हों।

वैध परिचय पत्र धारी निर्माण श्रमिक की ऐसी संतानों को जिन्हें मान्यता प्राप्त व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त हुआ हो अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष की परीक्षा उर्त्तीण की हो अध्ययन हेतु अनुदान के रूप निम्नानुसार एकमुश्त अनुदान राशि प्रदान की जाती है :-

निम्नानुसार अनुदान राशि एकमुश्त प्रदान की जाती है :-

1. मेडिकल कॉलेज में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने पर राशि रूपये 20,000/-
2. डेण्टल कॉलेज/फिजियोथेरेपी डिग्री कोर्स में प्रवेश लेने पर राशि रूपये 15,000/-
3. नर्सिंग कॉलेज/पेरामेडिकल कोर्स में प्रवेश लेने पर राशि रूपये 10,000/-
4. इंजीनियरिंग की प्रथम वर्ष की परीक्षा उर्त्तीण करने पर राशि रूपये 15,000/-
5. इंजीनियरिंग डिप्लोमा में प्रथम वर्ष उर्त्तीण करने पर राशि रूपये 10,000/-
6. आय.टी.आय. में प्रथम वर्ष उर्त्तीण करने पर राशि रूपये 5,000/-

म.प्र.भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा वर्ष 2015-16 में **व्यावसायिक पाठ्यक्रमों हेतु अध्ययन अनुदान योजनांतर्गत** 14 विधार्थियों को 1,42,000 रूपये की राशि हितलाभ के रूप में वितरित की गयी है।

6. व्यावसायिक (यूजी/पीजी) पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग हेतु अनुदान योजना 2014 - निर्माण श्रमिक के बच्चों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग लेने में आर्थिक स्थिति बाधा न बने व वे भी उचित मार्गदर्शन कोचिंग संस्थानों से प्राप्त कर अपना भविष्य बना सकें इस हेतु उपरोक्त अनुदान योजना प्रारंभ की गई है। यह योजना दिनांक 05.12.2014 से प्रभावशील है। यह योजना निर्माण श्रमिक के परिवार के आश्रित सदस्यों के लिये व्यावसायिक (यूजी/पीजी) पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग हेतु प्रारंभ की गई है।

परीक्षार्थी द्वारा चयनित देश की किसी भी कोचिंग संस्थान (जो कम से कम 3 वर्ष से कार्यरत हो, संस्थान द्वारा न्यूनतम 300 विधाथियों को कोचिंग प्रदान की गई हो, कम से कम 3 वर्षो से सेवा शुल्क प्रदायकर्ता हो) में कोचिंग लेने पर योजना के अंतर्गत रू. 20,000 अथवा कोचिंग शुल्क का 75 प्रतिशत (दोनो में से जो भी कम हो) अनुदान के रूप में सम्बंधित कोचिंग संस्थान को, उसी स्थान के स्थानीय निकाय (जनपद पंचायत/नगरीय निकाय) द्वारा संस्थान के बैंक खाते में इलेक्ट्रॉनिक कैश ट्रांसफर पद्धति से किया जाता है। यह अनुदान एक स्तर की प्रवेष परीक्षा के लिये अधिकतम दो बार तक प्रदान किया जाता है।

निष्कर्ष - प्रदेश सरकार द्वारा म.प्र.भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के माध्यम से संचालित उपरोक्त योजनाओं से एक ओर तो निर्माण श्रमिकों की निम्न आर्थिक व सामाजिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। वहीं दूसरी तरफ उनमें शिक्षा, अपने कार्य में कुशल होने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने के प्रति जागरूकता भी आयेगी।

प्रदेश सरकार द्वारा निर्माण श्रमिकों के लिये उपरोक्त योजनाओं के माध्यम से किये जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय एवं उनकी निम्न स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिये प्रशंसनिय हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'योजना दर्पण निर्माण श्रमिकों के कल्याण की छह योजनाएँ',

मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा वर्ष 2005 में प्रकाशित।

2. 'निर्माण श्रमिकों के लिये पंजीयन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु मार्गदर्शिका', मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा वर्ष 2008 में प्रकाशित एवं निर्माण श्रमिकों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में 19 अगस्त 2008 को विमोचित।
3. 'प्रदेश के लाखों निर्माण मजदूरों के लिये सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ प्रचार पुस्तिका',मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा प्रकाशित।
4. म.प्र. भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की 2014-15 की वार्षिक रिर्पोर्ट।
5. Website : www.google.com, mp.labour.mp.gov.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

भारत की गरीबी निवारण योजनाओं का मूल्यांकन

डॉ. आराधना शुक्ला* निधी श्री **

शोध सारांश – भारत देश में गरीबी आर्थिक विकास में सबसे बडी बाधा बनती जा रही है अत: विकास संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं संचालन के पूर्व सरकार के द्वारा गरीबी निवारण अनेक योजनायें संचालित की जा रही है। ताकि जनता के पास क्रय शक्ति सृजित हो और उनके द्वारा देश के आर्थिक विकास के आवश्यक पहलू बचत व निवेश पर योगदान दिया जा सके।

शब्द कुंजी – गरीबी, आर्थिक विकास एवं गरीबी निवारण योजनायें।

प्रस्तावना – कोई भी देश आर्थिक गति तभी पाप्त कर सकता है जब उस देश की जनता के पास पर्याप्त आय प्राप्ति के साधन हो कि वह अपनी अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। किन्तु भारत जैसे विकासशील देश के आर्थिक विकास में प्रमुख बाधक तत्व गरीबी अथवा निर्धनता है अत: देश की सरकार का सर्व प्रथम दायित्व जनता की गरीबी हटाना होता है। गरीबी निवारण हेत सरकार अनेक योजनायें संचालित कर रही है जो मुख्य रुप से जनका को न केवल आय क साधन प्रदान कर रही है बल्कि उन्हे स्वरोजगार के अवसर भी दे रही है। जैसे :– मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, इंदिरा आवास योजना, जनश्री बीमा योजना, अंत्योदय अन्य योजना आदि।

गरीबी निवारण संचालित योजनाओं से गरीब जनता को आय एवं रोजगार प्राप्ति के अनेक स्त्रोत प्राप्त होते हैं तथा तथा कौशल विकास योजनाओं से जनता को आय व रोजगार की प्राप्ति होगी परिणाम स्वरुप बचत व निवेश भी प्रोत्साहित होंगे और देश का आर्थिक विकास संभव हो जायेगा।

अध्ययन का उद्देश्य – शोध पत्र अध्ययन के उद्देशय अग्रांकित है–

1. देश में गरीबी का अध्ययन करना।
2. संचालित विभिन्न गरीबी निवारण कार्यक्रमों की उपलब्धि का अध्ययन करना।
3. विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के गरीबी पर प्रभाव का अध्ययन करना।

परिकल्पना :

1. विभिन्न गरीबी निवारण योजनाओं से गरीबी का स्तर कम हो रहा है।
2. गरीबी निवारण योजनायें देश की गरीबी हटाने में प्रभावकारी है।

शोध प्रविधि – भारत देश की सरकार के द्वारा संचालित गरीबी निवारण योजनायें वास्तव में गरीबी निवारण में प्रभावकारी है अपव्यय नहीं इस तथ्य के विश्लेषण हेतु भारतीय आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के द्वारा संचालित द्वितीयक आंकडो का अध्ययन किया गया है।

शोध साहित्य का पुनरावलोकन :

1. बालकृष्ण बी. 1943 इन्होने अनेक शासकीय योजनायें विशेषकर विपणन संबंधी योजनाओं पर अध्ययन कर यह निष्कर्ष प्रकट किया कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की संरचना के आधार पर विपणन संबंधी योजनायें संचालित करती है।
2. ग्रामीण विकास मंत्रालय पोर्टल से प्रकाशन कॉलम के वार्षिक रिपोर्ट एवं पहल व उपलब्धियों के द्वारा हमे वर्तमान में चल रही सरकार की ग्रामीण विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उनकी उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई एवं इन गतिविधियों के ग्रामीण निर्धनो के उपर प्रभाव तथा उनके फायदे के बारे में जाना। यह जानकारी हमें हमारे रिर्सच पेपर हेतु बहुत ही सहयोगी रही है।

शोध अध्ययन – भारत में देश की राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय कम होना ही यहां कि निर्धनता का प्रमुख कारण है। साथ साथ ही यह कहा जा सकता हैकि देश में गरीबी के प्रमुख कारण मुख्यत: रोजगार अवसरो में धीमी वृद्धि, निम्न आय अर्जन, जनसंख्या में भारी वृद्धि, दोषपूर्ण आर्थिक निति आदि रहा है।

तृतीय पंचवर्षीय योजनाओं से ही देश में गरीबी निवारण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है उनका प्रभाव गरीबी निवारण पर प्रभाव दिखाई देने लगा है तथा गरीबी के आंकडों में दिन प्रतिदिन आंशिक सुधार हो रहा है जो अग्रांकित आंकडो से स्पष्ट हो रहा है:–

भारत में निर्धनता अनुपात एवं निर्धनो की संख्या

वर्ष	निर्धनता अनुपात (प्रतिशत में)	निर्धनों की संख्या (करोड में)
2004-05	37.2	40.71
2009-10	29.8	35.47
2011-12	21.9	26.93
2014-15	24.5	36.93

उपरोक्त तालिका के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि भारत देश में निर्धनता की अनुपात 2004-05 में 37.2 प्रतिशत तथा वह घटकर 2011-12 में 26.93 करोड रह गया किंतु 2014-15 में निर्धन अनुपात एवं निर्धनों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण दोषपूर्ण आर्थिक निती, मुद्रा प्रसार एवं मूल्य वृद्धि रही है।

सुझाव एवं निष्कर्ष – शोधकर्ता ने गरीबी निवारण संबंधी योजनाओं के सफल संचालन एवं परिणाम प्राप्त करने के लिए निम्न सुझाव दिया है :–

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) आर. आई. टी. महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) प्रगति महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

1. भारत जैसे कृषि प्रधान देश हेतु बहुफसली कार्यक्रम चलायं जाने चाहिए।
2. ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक निर्माण से संबंधित योजनाओं जैसे सडक निर्माण, कुऑ, नहर, आवास, विद्युत संबंधित संचालित किया जाना चाहिए।
3. कौशल विकास योजनाओं का उचित तरीके से संचालन किया जाना चाहिए।
4. योजनाओं से संबंधित जानकारी जन समान्य तक सुलभ तरीके से पहुंचाने के लिए प्रयास किये जाने चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ जे.पी. मिश्रा, 'व्यावसायिक पर्यावरण', साहित्य पब्लिकेशन, पेज क्रमांक 88-89
2. डॉ वी.सी. सिन्हा, 'व्यावसायिक पर्यावरण', संजय साहित्य पब्लिकेशन, पेज क्रमांक 208
3. 'भारतीय आर्थिक सर्वेक्षण रिर्पोट'
4. सिन्हा वी.सी.,'राजस्व एवं रोजगार के सिद्यांत', पेज क्रमांक 108-110
5. पुरी एवं मिश्रा,'भारतीय अर्थशास्त्र', पेज क्रमांक 69
6. WWW.FING.GOV.IN, INDIA

****

NSS Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728) 730
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

रामायण और आधुनिक काल में दाम्पत्य की अवधारणा व स्वरूप

डॉ. अभयवीर *

शोध सारांश – रामायण और आधुनिक काल में दाम्पत्य सम्बन्धों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिलते हैं रामायण काल हमारी सांस्कृतिक परम्पराओं एवं रीति-रिवाजों का बँधा हुआ काल था लेकिन आधुनिक समय में पुरातन सांस्कृतिक परम्पराओं एवं रीति रिवाजों का रूप बदल चुका है। इसका मूलभूत कारण भारतीय संस्कृति व वैदिक संस्कृति का शिकार होना साथ ही शिक्षा तकनीकी का प्रभाव भी देखने को मिलता है। जिसके कारण आधुनिक दाम्पत्य सम्बन्धों की अवधारणा का स्वरूप, परिवेश पूरी तरह से बदल चुका है। रामायण भारत वर्ष का एक सर्वोत्कृष्ट, धार्मिक, नैतिक एवं ऐतिहासिक गृन्थ रहा है। यह आदि कवि महर्षि वाल्मीकि द्वारा विकसित भारतीय साहित्य का आदिमहाकाव्य है। इसमें हिन्दू धर्म एवं संस्कृति के आदर्श मर्यादा पुरूषोतम भगवान श्रीराम के समग्र जीवन का काव्यमय वर्णन हुआ है, इस गृन्थ में भारतीय संस्कृति का जितना भव्य रूप उपलब्ध होता है उतना अन्यत्र दुर्लभ है। रामायण काल में दाम्पत्य सम्बन्धों का जो आदर्शमय रूप था वो आज लोप होता हुआ जा रहा है। वाल्मीकि रामायण भारत का राष्ट्रीय आदिकाव्य है। धार्मिक एवं नैतिक आदर्शो का भण्डार होने के साथ-साथ रामायण एक महत्वपूर्ण मानव समाजशास्त्री भी है, जो हजारों वर्षो पूर्व के भारतीयों के जीवन-यापन का रोचक वृतान्त उपस्थित करता है। एक पुरातन युग की जीवन परम्पराओं, धारणाओं, भावनाओं का चित्रण करने के कारण वह प्राचीन भरतीय सभ्यता और संस्कृति की एक बहुमूल्य निधि है। उनकी उपमा एक ऐसे पर्वत से दी जा सकती है जिसकी चोटी से हम आर्यो के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक क्रियाकलापों का सम्यक दर्शन कर सकते हैं उत्तर वैदिक भारत के सामाजिक इतिहास के शोध में रामायण का योग और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। क्योंकि करोड़ों भरतीयों के धार्मिक विश्वासों के साथ भावनाओं अविछिन्न रूप से गुंथी हुयी हैं। यह ग्रन्थ सामाजिक दृष्टि से पति-पत्नी के सम्बन्ध, पिता-पुत्र के कर्तव्य, गुरू-शिष्य का पारस्परिक व्यवहार, भाई का भाई के प्रति कर्तव्य व आदर्श ग्रहस्थ जीवन की अभिव्यक्ति कराता है इससे पितृभक्ति, पुत्रप्रेम, मातृस्नेह एवं जनसाधारण में सोहार्द का सुन्दर चित्रण है। बाल्मीकि ने पारिवारिक जीवन के प्राचीन आदर्शो को भावी पीड़ियों के लिए सुरक्षित कर दिया है। रामायण में भी राजा दशरथ के परिवार का प्रमुख उदाहरण हैं उस समय परिवार में मुखिया सर्वोपरि था मुखिया के बाद उसकी पत्नी का अधिकार होता था सभी पुत्र-पुत्रियों एवं अन्य सदस्यों को मुखिया की आज्ञा का पालन करना होता था। यह परिवार की महत्ता का प्रतिपादन करता है।

शब्द कुंजी – रामायण और दाम्पत्य सम्बन्ध, भारतीय पुरातन नारी, आधुनिक दाम्पत्य सम्बन्ध, आधुनिक नारी, पुरातन और आधुनिक नारी का तुलनात्मक अध्ययन।

अध्ययन का उद्देश्य :

1. रामायण काल की नारी एवं दाम्पत्य सम्बन्धों का उल्लेख करना।
2. आधुनिक काल की नारी और दाम्पत्य की बदलती स्थिति से परिचित कराना।
3. नारी के आदर्शमयी चरित्र का उल्लेख करना।
4. वर्तमान अर्थात आधुनिक नारी के गिरते मूल्यों को व्याख्यायित करना।
5. दाम्पत्य सम्बन्धों में नये मूल्यों को स्थापित करके रामायण कालीन आदर्श समाज बनाना।
6. आधुनिक काल की दाम्पत्य सम्बन्धी अवधारणा एवं स्वरूप को स्पष्ट करना।

प्रस्तावना – रामायण कालीन समाज में आठ प्रकार के विवाह प्रचिलित थे। अन्तर्जातीय विवाह का भी प्रचलन था अनुलोम विवाह का भी रामायण में उल्लेख मिलता है जिसमें उच्च जाति का पुरूष निम्न जाति की कन्या से विवाह करता है। मुनि कुमार श्रवण कुमार को राजा दशरथ ने भ्रमवश मार डाला था उसके पिता वैश्य और माता शूद्र थी। इससे पता चलता है कि रामायण काल में दाम्पत्य सम्बन्धों में जातिवाद का रूप हावी न था, सभी को सम्मान दिया जाता था, ऐसे अनेक उदाहरणों से क्षत्रिय जाति और देवयानी का विवाह भी प्रतिलोम विवाह का उदाहरण है। रामायण काल में आज की तरह विवाह सम्बन्धों का प्रचलन न होकर के पुत्र-पुत्रियों का विवाह माता-पिता की इच्छानुसार होता था उस समय स्वयंवर प्रथा भी थी सीता का विवाह इसी स्वयंवर प्रथा का उदाहरण है उस समय बाल-विवाह की प्रथा नहीं थी।

रामायण कालीन समाज के दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रेम का रूप अत्यधिक गहरा था प्रेमी जनों के आकर्षण एवं अनुराग के अनेक मन्जुल चित्र रामायण में उपलब्ध होते हैं, वयोवृद्ध महाराज दशरथ की अपनी सबसे छोटी रानी कैकेयी के वरदानों के अनुसार अपने प्रिय पुत्र को वनवास एवं भरत को राजगद्दी पर आसीन होने का वरदान दिया था रामायण काल में प्रेम अपनी चरम सीमा पर था चन्द्रमा की चमकीली किरणों के सम्पर्क से हर्षितवन तारों को प्रभावित करने वाली और रागवश छोड़ने वाली सन्ध्या रानी उस तरूणा का रूप है प्रिय के प्रथम स्पर्श से रोमांचित होकर जिसकी आँखों की पुतलियां आनन्द की चमक के कारण अपने आप उठती हैं और वह अपने वस्त्र अपने आप खिसकने देती हैं ऐसे ही अनेक उदाहरण रामायण काल में मिलते हैं।

रामायण काल के दाम्पत्य सम्बन्धों में किसी नारी को बंधने से पूर्व स्त्री पात्रों की समीक्षा से यह स्पष्ट होता है, उन्हें समुचित शिक्षा मिल चुकी

* असिस्टेंट प्रोफेसर (हिन्दी) कमला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धौलपुर (राज.) भारत

थी कन्याओं को व्यावहारिक और नैतिक शिक्षा दी जाती थी तथा उन्हें पत्नी विषयक कर्तव्यों का सुचारू रूप से बोध कराया जाता था सीता ने राम के साथ बन जाने के लिए कहा था इससे पता चलता है कि उन्हें पत्नी धर्म की शिक्षा घर पर मिल चुकी थी, देवासुर संग्राम में कैकेयी का अपने पति के साथ जाना यह सिद्ध कर देता है कि उस समय कन्याओं को भी युद्ध की शिक्षा दी जाती थी उस समय नारी पुरूष का घर में समान स्थान था नारी को अर्द्धांगिनी का दर्जा पूर्व प्राप्त वे पति कृत्य धर्म का उच्चतम आदर्श प्रतिष्ठित करती थी, सीता जैसी नारियां अपनी आदर्श नारी के रूप में भारतीय स्त्रियों के लिए उदाहरण स्वरूप है। साथ ही आदर्श पति का उदाहरण श्री राम में देखा जा सकता है।

रामायण कालीन नारी घर के बाहर समाज में सम्मान की पात्र थी उसे धार्मिक क्रियाकलापों तथा सामाजिक उत्सवों में भाग लेने का अवसर प्राप्त था पुरूष वर्ग में भी वह भाग लेती थी सेना दलों में भी वह सम्मिलित होती थी स्त्रियों के अकेले या सखियों के साथ आमोद-प्रमोद करने के साथ और अवसर प्राप्त थे। महिलाओं के प्रति सामाजिक व्यवहार एवं उच्च शिष्टाचार का पालन किया जाता था। उदाहरण के लिए वन को जाते समय सीता ने सर्वप्रथम आसन ग्रहण किया था इससे स्पष्ट होता है कि उस समय की स्त्रियों की स्थिति सामान्य एवं सुखद थी उन्हें अधिक सुविधाऐं एवं अधिकार प्राप्त थे।

रामायण काल के दाम्पत्य सम्बन्धों का मूल रूप सादा जीवन उच्च विचार बाला सिद्धान्त ही दृष्टगोचर होता है, शिक्षा का प्रचार स्त्री-पुरूष दोनों में ही बरकरार रूप से दिखाई देता है।

रामायण कालीन समाज में सभी को सुख-सुविधाऐं प्राप्त थी। आज भी नि:संदेह यह कहा जा सकता है कि रामायण कालीन दाम्पत्य सम्बन्धों में सभी को पूर्ण अधिकार प्राप्त थे किसी पर कोई प्रतिबन्ध न था अत: कह सकते हैं इस काल में समाज की स्थिति सुगठित थी।

भारतीय संस्कृति का जैसा समुज्वल, सुन्दर एवं स्वाभाविक चित्रण इस काल में देखने को मिलता है वैसा रूप अन्यत्र दुर्लभ प्रतीत होता है वास्तविक रूप से रामायणकालीन दाम्पत्य सम्बन्ध भारतीय संस्कृति के ही नहीं विश्व संस्कृति के आदर्शमय रूप को दर्शाता है।

रामायण काल में दाम्पत्य सम्बन्धों का आदर्शमय चित्रण देखने को मिलता है, सीता का चरित्र एक आदर्श स्त्री के रूप में चित्रित हुआ है वह एक पति परायण कर्तव्यनिष्ठ तथा विकट परिस्थितयों में भी अपने पतिवृत धर्म का पालन करने वाली नारी है। लक्ष्मणजी की पत्नी उर्मिला भी पति की के अभाव की पूर्ति पूरी ईमानदारी के साथ कठिन तपस्यामयी जिन्दगी जीकर 14 वर्ष के समय को निकालती है यह एक अनूठे दाम्पत्य का उदाहरण है। सीता के बारे में हम देखते हैं जब राम को वनगमन का आदेश होता है, तव वह राजवैभव और अपने सुख ऐश्वर्य को तिलांजलि देकर अपने पति के साथ वनगमन करती है। तथा वन में असीम कष्टों को सहकर भी अपने पति की सेवा में संलग्न रहती है। वन में अपने पति के भाई अथवा देवर लक्ष्मण को पुत्रवत् मानकर स्नेह देती है, अनुचरों के प्रति उसमें दयालुता झलकती है। जब रावण पंचवटी से सीता का अपहरण कर ले जाता है और वहाँ नाना प्रकार की धमकियाँ देकर और भय दिखाकर उसे अपनी पत्नी बनने को कहता है तब भी वह अपने सतीत्व और अस्तित्व की रक्षा करती है। राम-रावण युद्ध में रावण को मारकर जब राम विजयी होते हैं तब सीता अपने सतीत्व को सिद्ध करने के लिए अग्नि परीक्षा देने को सहर्षतत्पर हो जाती है। एक साधारण धोबी के कहने पर जब राम, सीता का त्याग कर देते हैं तब भी वह अपने पति के प्रति किसी प्रकार का दुर्भाव मन में न लाकर वाल्मिकि के आश्रम में अपना निर्वासित जीवन व्यतीत करती है और अपने पुत्रों लव व कुश का समुचित पालन-पोषण करके मातृत्व के कर्तव्य का निर्वाह करती है, अन्त में अपने पति की मर्यादा की रक्षा करने के लिए ताकि भविष्य में भी उनके पति पर कोई उँगली न उठा सके भूमि में प्रवेश करती है। इस प्रकार सीता की पवित्रता और उसका पतिव्रत धर्म आज भी एक आदर्श तथा उसका चरित्र प्रत्येक युग में प्रत्येक समाज की स्त्रियों के लिए अनुकरणीय बन गया है।

Total Dissolved Solids(TDS): A TDS meter indicates the total dissolved solids (TDS) of a solution (the concentration of dissolved solid particles). Dissolved ionized solids such as salts and minerals increases the electrical conductivity (EC) of asolution. According to world Health Organization, TDS level less then 300 mg/L is considered as excellent, between 300 and 600 mg/L is good, 600to 900 mg/L is fair, 900-1200 mg/Lt is poor and TDS level more than 1200 mg/L is unacceptable.

Conclusion- All the above observation reveals that all these water bodies are polluted but varied in magnitude of pollution. The state of Bithoor appears to be extremely sad since the colour and odor are undesirable and Ph, TDS, hardness and bacterial load for exceed the permissible level. Hence not fit for any purpose and required a through bottom cleaning. In jajmau the bacterial load exceeded the acceptable limits of swimming water (1000 bacteria/100 ml) other parameter were also not withinthe limits of WHO guidelines and indian standards. The study of highlights the need for awareness on the part of local residents and environmental health authorities to curb dangers in heart in poor sanitary and contaminated water.

References :-

1. Kumar, A. and Bahadur Y. Physicochemical studies on the pollution potential of river kosi at Rampur (india) world J. Agric. Sci. 5(1): 01-04.(2009).
2. Singh R.P. and Mathur p. investigation of variations of physico chemical characteristics of freshwater reservoir of Ajmer city,Rajasthan. Ind. J. Env. 9: 57-61 (2005).
3. Beg, K. R. , Ali S. (2008), Chemical Contaminants and Toxicity of Ganga river sediment from UP and Down stream area at Kanpur. American Journal of Environmental Sciences 4(4): 362-366.
4. Sharma H.R. Chettry D., Kaushik A. and Trivedi R.C. Variability of organic Pollution of River Yamuna in Delhi, Jr. of Env. and Pollu. 7(3), 185-188 (2000).
5. Central Pollution Control Board, Biomapping of rivers, Parivesh Newsletter, IISN: 0971-6025, 5(4), March (1999).
6. Chang, H, Water research, 42 (13) : 3285-3304 (2008).
7. Khwaja A. R., Singh, R. and Tondon S.N. Environment Monitoring assessment, 68(1): 19-35 (2001).
8. Mamais, D., Jenkins, D and Prrr, P. Water research, 27(1): 195-197 (1993).
9. APHA, AWWA, WPCF, Standard methods of chemical analysis of water and waste water, 21th ed. Washington DC (2005).
10. Usha N.M., Jayaram, K.C. and Lakhmi Kantha, H., Proceedings of Tall 2007: The 12th world lake Conference: 1737-1741 (2008).

Table 1 : Physiochemical characteristics of polluted Ganga water sample

Physico-chemical properties	Bithoor	Ganga Barraj	Paramath ghat	Rani ghat	Jajmau
pH value	8.00	7.81	8.28	8.66	7.70
Temp. °C	23.6	25.40	27.65	26.78	23.70
D.O (mg/L)	8.8	7.42	6.81	5.69	6.80
B.O.D (mg/L)	13.0	12.92	10.00	11.25	12.23
Chloride (mg/L)	120.1	100.34	117.2	129.25	180.43
T.D.S (mg/L)	640.25	750.28	911.00	930.39	1009.32
COD	130	134.62	147.12	143.2	164.28

****

महिदपुर युद्ध की वीरांगना 'भीमाराजे होलकर'

संध्या गर्ग *

प्रस्तावना - नारी शौर्य की गाथाओं और परम्पराओं में मालवा-होलकर राजवंश की भामा राजे होलकर का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। अंग्रेजों से अपने राज्य की रक्षा के लिए भीमा राजे होलकर ने फिरंगियों से महिदपुर का युद्ध लड़ा था। होलकर राजवंश के प्राप्त अभिलेखों के आधार पर ज्ञात होता है कि भीमा राजे सुप्रसिद्ध योद्धा एवं महाराज-मालव केसरी यशवंतराव होलकर (प्रथम ई.1799-1811) की राजकन्या थी। भीम राजे की माता का लाड़ाबाई होलकर था, जो महाराजा यशवंतराव होलकर की ब्याहता पत्नी थी।[1]

भीमा राजे का सर्वप्रथम उल्लेख उस समय प्राप्त होता है, जब दौलतराव सिन्धिया ने होलकर के अंतपुर की राजप्रमुख महिलाओं को कैद कर लिया था। भीमा राजे भी उन्हीं बन्दी महिलाओं में सम्मिलित थी। जोधपुर से लिखा हुआ अपने पिता महाराज यशवंतराव होलकर के नाम एक पत्र भी भीमा राजे का उपलब्ध होता है।[2]

भीमा राजे का दुर्भाग्य ही था कि राजवंशीय वैभव की गोद में जन्म लेने के बावजूद भी वह माता-पिता के लाड़-प्यार और दुलार से वंचित रही। भीमा राजे की प्रारम्भिक शिक्षा के विषय में भी इतिहास मौन है। माता की असामयिक मृत्यु और पिता के निरन्तर सैन्य अभियानों, सैनिक गतिविधियों में संलग्न रहने के कारण भीमा राजे शिक्षा-दीक्षा से वंचित रही होगी।

होलकर राज्य में व्याप्त उस समय के संक्रमणकाल में तथा साथ ही अन्त:पुर की राजमहिलाओं के निरन्तर चलने वाले जानलेवा षड़यंत्रों और सैन्य वातावरण के युग में नारी शिक्षा की समुचित व्यवस्था की कल्पना करना ही व्यर्थ है।

महाराजा यशवंतराव होलकर अपने जीवन काल में ही अपनी लाड़ली पुत्री भीमा राजे को दाम्पत्य सूत्र में बांध देना चाहते थे। होलकर राज्य के संस्थापक सूबेदार मल्हारराव होलकर (प्रथम ई.1728-1766) के शासन काल से ही होलकर और बुले (बोलिया) परिवार के बड़े मधुर और घनिष्ठ संबंध थे।[3] लगभग 18 वीं शताब्दी के प्रारम्भ में बुले परिवार के मुखिया विठोजी बुले, होलकर राज्य में सूबा बनकर आये थे। पूर्व काल में वे पेशवा बाजीराव (प्रथम) के विश्वासपात्र सैन्य अधिकारी थे और उनकी सेवाओं से अभिभूत होकर पेशवा ने उन्हें 'सरदार' की उपाधि से विभूषित किया था।[4]

12 फरवरी, 1809 ई. के फागुन माह में इसी बोलिया परिवार के सरदार गोविन्दराव बोलिया (द्वितीय) के साथ भीमा राजे का विवाह सम्पन्न हुआ था।[5] महाराजा यशवंतराव होलकर के जीवन का यह प्रथम मांगलिक कार्य था, अत: विवाह के उक्त अवसर पर महाराजा होलकर ने बड़े उमंग और उत्साह के साथ पिता का दायित्व निभाया था। कन्या के विवाह के अवसर पर रियासतों के गणमान्य ठिकानेदारों और अतिथियों को निमंत्रित किया गया था।[6]

महाराजा यशवंतराव होलकर ने अपनी राजपुत्री के विवाह के अवसर पर की जाने वाली आतिसबाजी के लिए 2000/- रूपये के फटाके मंगवाये थे। लगभग 14 हजार रूपये के मेवे, मिष्ठान और मिठाइयां क्रय की गई थी। कन्यादान के अवसर पर पुत्री को दी जाने वाली भेंटों में रत्नों के साथ 200 तोला सोना, 07 सेर चांदी के बहुमूल्य आभूषण भेंट किये गये थे।[7] इसके अतिरिक्त बुन्देलखण्ड स्थित 'कूंच' (कोंच) की दो लाख रूपये की जागीरी भी भीमा राजे को प्रदान की गई थी।[8] वर्तमान में कूंच (कोंच) का यह परगना जिला-जालौन (उत्तरप्रदेश) के अन्तर्गत आता है।[9]

होलकर राजवंश की महिलाओं पर दुर्देव की कु-दृष्टि सदैव ही बनी रही और राजवंश की महिलाएं वैवाहिक जीवन का सुखोपभोग लम्बे समय तक नहीं कर सकीं, फिर भला भीमा राजे का वैवाहिक जीवन नियति को कैसे रास आता? दिसम्बर 14, 1815 ई. को भीमा राजे के पति सरदार गोविन्दराव बोलिया का निधन हो गया और भीमा राजे सौभाग्य अलंकरण से विहीन हो गई।[10] आज भी इन्दौर में श्रीकृष्ण टॉकीज के निकट सरदार बोलिया की अति सुन्दर और प्रभावशाली छत्री उसकी स्मृति को अपने अंक में संजोये हुए खड़ी है।

दुर्भाग्य की मारी भीमा राजे सन्तान सुख से भी वंचित रही थी और कालान्तर में भीमा ने एक पुत्र को गोद लिया था, जो होलकर इतिहास में अप्पा साहेब बोलिया के नाम से विख्यात हुआ।

भीमा राजे के चरित्र का सबसे उज्जवल पक्ष तो यह था कि वैघव्य की स्थिति में रहते हुए भी उसने होलकर राज्य की रक्षा के लिए महिदपुर के युद्ध (21 दिसम्बर, ई.1817) में फिरंगियों के विरूद्ध तलवार उठाई थी।

उस समय सम्पूर्ण होलकर राजवंश संक्रमणकाल से गुजर रहा था। अल्पवय शासक मल्हारराव होलकर (द्वितीय) की 20 वर्षीया बहन भीमा राजे महिदपुर युद्ध के मैदान में एक घोड़े पर आरूढ़ थी और अंग्रेजों का युद्ध के लिए ललकार रही थी। उसकी वाणी में सिंहनी की गर्जना थी। महिदपुर के युद्ध में तलवार हाथ में लिए फिरंगी सेना पर बिजली की तरह कौंध पड़ी। जिधर उसका खड़ग चल जाता, उधर फिरंगी सेना काई की तरह फट जाती थी। महिदपुर के युद्ध में वीर पिता की वीर सन्तान ने असाधारण वीरता का परिचय दिया था।[11]

ई. 1818 मन्दसौर सन्धि के पश्चात् भी वह अपने बन्धक होलकर राजवंश की स्वतंत्रता के लिए शक्ति जुटाती रही और अंग्रेजों से संघर्ष लेने के लिए तत्पर बनी रही। धार के पड़ोसी शासक की मदद से उसने पुन: अंग्रेजों से युद्ध के प्रयास किये किन्तु बाहुबली फिरंगी शक्ति के आगे उसे

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

घुटने टेकने के लिए विवश होना पड़ा। 10 फरवरी, सन् 1818 को अंग्रेज अधिकारी विलियम कैर के सम्मुख भीमा राजे ने अपना आत्म-समर्पण कर दिया।[12]

ई.1857 को स्वाधीनता संग्राम के चलते हुए नवम्बर, ई.1858 में 'महिदपुर युद्ध की इस वीरांगना' की जीवन लीला समाप्त हो गई और भीमा राजे की जागीर कूंच को अंग्रेजी साम्राज्य में मिला लिया।[13]

वीरांगना भीमा राजे सदगुणों का निचोड़ थीं, राजवंशीय राजकुमारियों में उसका अपना पृथक से विशेष स्थान है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. नरहर रघुनाथ फाटक : महाराजा यशवंतराव थोरले, पृ. 147
2. - वही -, पृ. 128
3. एम.डब्ल्यू. बर्वे : हिज हायनेस महाराजा तुकोजीराव (द्वितीय), रूलर ऑफ इन्दौर, पृ. 253
4. - वही -, पृ. 249 - महाराज कुमार डॉ. रघुबीरसिंह के संग्रह में 'बोलियांची बखर' संग्रहित है, जिसमें बोलिया परिवार के इतिहास पर पृथक से प्रकाश डाला गया है।
5. एम.डब्ल्यू. बर्वे, - वही -, पृ. 249
6. बोलजर पेपर्स - पेपर्स फ्राम दि इण्ड़िया ऑफिस रेकाड्‌र्स, जिल्द 4, पृ. 1607-08
7. - वही -
8. सर देसाई : मराठी रियासत, उत्तर विभाग, भाग 3, पृ. 444
9. इम्पीरियल गजेटियर ऑफ इण्ड़िया, जि. 16, पृ. 24 - कूंच का यह परगना भीमा राजे की मृत्यु पर्यन्त बोलिया परिवार के अधिकार में बना रहा, किन्तु ई.1857-58 में परगने को ब्रिटिश सरकार ने हस्तगत कर लिया था और बदले में भीमा राजे के उत्तराधिकारी को 20 हजार रूपये की पेंशन स्वीकृत की गई थी। सी.बी.वरोज : रिप्रेजेन्टेटिव्ह मेन ऑफ सेन्ट्रल इण्ड़िया, पृ. 6
10. एम.डब्ल्यू.बर्वे : - वही -, पृ. 255
11. डॉ. मथुरालाल शर्मा : मराठों का संक्षिप्त इतिहास, पृ. 462
12. इन्दौर स्टेट गजेटियर, पृ. 79
13. पी.जे.व्हाइट : फायनल रिपोर्ट ऑफ सेटलमेंट ऑफ परगना कालपी इन व्हिच इज कॉरपोरेटेड मेमायर ऑफ जालौन - 1874, पृ. 41

****

Financial Analysis History Of Pharmaceutical Industry In India

Dr. Vinay Kumar*

Abstract - With the rapid growth of the trade commerce and industries, the numbers of publicly traded companies are considerably increasing in India. Pharmaceutical is an important adjunct of industrialization in the country but the net profit of this industry has decreased for the last few year. This paper attempted to the review the financial performance of this industry to test its strengths and weakness. This study is based on both primary and secondary data. The collected data have been tabulated, analyzed and interpreted with the help of different financial ratios, multivariate discriminate analysis (MDA as developed by prof. altman and statiscal tools like mean, standard deviation (SD), confficient of variance (CV and tests, etc. It was observed from the study of the financial statement of the pharmaceutical industry that the profit earning capacity, liquidity position, financial position and the performance of the most of the pharmaceuticals are not in sound position and it was also observed that the most of the pharmaceuticals has a lower level position of bankruptcy. The reasons behind this position of the industry are inefficiency of financial management absence of realistic goals, strict government regulation and increased cost of raw-materials, labour and overhead. The financial performance should be improved immediately. Therefore, the appropriate authority should take measures for the removal of the above problems.
Keywords - Financial performance, Ratio analysis, Pharmaceuticals industry, Multivariate Discriminate analysis (HDA) T-test.

Introduction - Pharmaceutical is one of the most intense knowledge driven industries, which is continually in a state of dynamic transition human, animal and environmental health's are priority concerns of society. Diversities in life forms and diseases pose stiff challenge to the design of specific and targeted solutions. The process of "drug discovery" is elaborate requiring on an average 8-10 years at a cost of US $300 million to reach a new drug to the market. There exists a long gestation period between learning knowledge generation and its transformation to "value added knowledge". Nucleation and growth of modern pharmacology can be traced to the knowledge base of ethno medical practices. Empirical relationships between identified plant and animal derived products and their physiological effects formed the basis for treatment of diseases or enhancement of health. Through generations within indigenous cultures such know how has been transmitted as package of practices which formed the major component of their training on the job. This was largely unstructured and most often incomplete in documentation. Drug companies are criticized for giving hospitality and recruiting 'key opinion leaders', but the prescribes must be equally to blame for accepting the hospitality and some 'key opinion leaders' for lending their names to work they did not produce, often for very considerable sums. The Government like the MHRA, has tended to assume that all is far the best. It states that there is no better alternative system. We agree: pharmaceutical companies will inevitably continue to be the dominant influence in deciding what research is undertaken and conducting the research, publishing it and providing information to prescribe. This does not, however, mean that no changes are required. There is a recommendation to cover several areas of concern, in particular the licensing process. The key to improvement is greater transparency so that medical practitioners, experts and the public can make an indendent assessment of the evidence. We welcome the industry's decision to establish a clinical register but it is important that it should be independent. We make recommendation to this effect. Greater transparency is also fundamental to the medicines regulatory system. There has to be better public access to materials considered by the MHRA prior to licensing. The aim of new drugs should be real therapeutic benefit for patients clinical trials should focus on using health and outcomes that are relevant to patients. To achieve this we recommended better communication between the MHRA and companies early in the early stages of the development of a drug. Improvements in the post licensing surveillance of medicines are also badly needed. This will require systematic appraisals of medicines.

Importance of the study - The prevalence of diseases is high in India because of low level of literacy, poor awareness of hygiene and poor sanitation conditions. At the same time, rising income levels have dramatically modified lifestyles.

*MBA, M.Com (ABST), Ph.D.(Commerce) Maharaja Ganga Singh University, Bikaner (Raj.) INDIA

Today more and more Indians are suffering from lifestyle related ailments like cardiovascular problems and diabetes. All this has translated into great growth for the pharmaceutical industry which has been growing healthily over the last few years. This performance is expected to continue with exports as the main driver of growth. As process patients give way to product patents innovative drugs will determine the profitability of pharmaceutical companies.

The different categories or groups interested in the financial information found in the financial statements include, inter-alia, the management, the Government, trade associations, stock exchanges and banks, investors, employees, trade unions and last but the least, the general public including researchers and students.

Objectives of the study - The basic objective of the present study is to evaluate financial performance of some selected pharmaceutical companies on the basis of following criteria:

1. To analyze the profitability, financial position and prospectus of pharmaceutical companies.
2. To find out the factors which are responsible for higher or lower profitability in the context of social responsibility.
3. To find out weather the plans and policies contemplated by the management are properly executed or not.
4. To assess the extent of volatility in profitability of various companies.

Hypothesis of the study - The same hold true when comparison are made between three or four pharmaceutical companies. Difficulties arise as result of it on account of various accounting practices and bases for valuation of assets which by and large are important. The present study entitled "FINANCIAL ANALYSIS HISTORTY OF PHARMACEUTICAL INDUSTRY IN INDIA'' is an attempt to evaluate the accounting and profitability position of pharmaceutical companies.

The study will be based on literature, published financial statements, annual reports and information available with the management of pharmaceutical companies.

Scope of the study - This study includes the financial performance appraisal of some selected pharmaceutical companies. The study deals with the analysis of financial statements and profitability of these companies for the last five years.

For the same purpose of the following pharmaceutical companies have been chosen:

1. Ranbaxy laboratories limited.
2. Glaxosmith kline pharmaceuticals limited.
3. Cipla limited.
4. Dr. Reddys laboratories limited.
5. Aurobindo pharma limited.

Review Literature - After the collection of information data is tabulated, analyzed and interpreted to bring out the meaningful results from the present study finding one parameter to compare the various companies is indeed a difficult task. Therefore, a set of static and dynamic parameters have used to analysis the financial performance. For the purpose of analysis various accounting and statistical techniques are used. The accounting techniques include ratio analysis, trend analysis, cash flow analysis etc. the statistical techniques include tables, graph etc.

Theoretical analysis of ratio - Analysis of relevant ratios is one of the reliable commonly used tools of analysis due to their conciseness, comparability and direct relevance of relationship established to the various responsibilities of companies. A set of various ratios has been employed for assessing the performance of pharmaceutical companies. Some important ratios are as under:

1. Current ratio.
2. Quick ratio.
3. Times interest earned ratio.
4. Debt to equity ratio.
5. Proprietary ratio.
6. Fixed assests turnover ratio.
7. Inventory turnover ratio.
8. Export as a percent of total sales ratio.
9. Gross profit margin (%)
10. Net profit margin (%)
11. Earning per share ratio.
12. Dividend per share ratio.
13. Book value per share ratio.
14. Operating profit ratio.
15. Return of investment ratio.

Current status of pharmaceutical industries in India - India US $ 9.4 billion pharmaceutical industry is growing at the rate of 14 percent per year. It is one of the largest and most advanced among the developing countries. The Indian pharmaceutical industry can reach a market size of us $ 11.6 billion by 2009. A beginning has been made with the signing of General Agreement on Tariffs and Trade in January 2005 with which India began recognizing global patents. Soon after the Indian pharmacy market become a sought after destination for foreign players. Foreign direct investment into the country's pharmacy industry touched US $ 172 million during 2005-06 having grown at a CAGR of 62.6 percent during the period beginning 2002-06. The sector recorded strong growth in the second quarter ended September 2006, driven by launch of new generic drugs with 180 days exclusivily period in the US market. The top ten pharmacy companies reported an impressive 57 percent growth in consolidated net profit at US $ 314.3 million, as against US $ 200.7 million in the some quarter of the previous year, while consolidated net sales were up 51 percent at US $ 1.7 billion.

Findings - No company has maintained the standard current ratio, except Dr. Reddy's Cipla and Torrent while Lupin shows the highest current ratio in 2016, 2015 and 2014. The quick ratio is shown by Lupin in 2016 and 2014. All the company has maintained a standard debt equity, Glennmark, Aurobindo, Cadila, Lupin has shown consistent growth in the last 3 years, while the highest is shown by

Lupin 2016 and 2015 and lowest is of Piramal in 2013. The assets turnover ratio is quite satisfactory by all companies in which Lupin is the highest in 2013 and 2014, followed by GSK and second highest in 2015 and 2016. The lowest is Piramal in 2013. The highest performer in total assets is the Torrent followed by Cadila at second and at third is the Lupin. The poor performers are Cipla in 2014 and Sun Pharma in 2014 and 2016. All the companies show satisfactory ROE in which the highest is Torrent in 2015 and the lowest is Piramal in 2014 and 2013.

The highest DPS in shown by GSK, followed by Piramal and Sun Pharma is highest in all the 3 years. GSK has a higher dividend payent ratio in 2016 and 2015 and the Sun pharma is the lowest performer. According to the Ranking of the companies based on various variables Torrent in on the tap most rank followed by Piramal Health Care having 2nd position. Sun Pharma has the lowest rank among all the ten companies followed by Cipla.

Conclusion - The economic growth of India is growing rapidly and has shown remarkable growth in the pharmaceutical industry. The production of new drugs and various methods and techniques in vaccines are the key strengths of pharma industry in India. Fundamental analysis suggests and insists, which steps should be undertaken in terms of purchasing, and selling of shares, on the basis of market? The fundamental analysis strengthens the investor to make the right decision for the company.

References :-

1. Batty J., Management Accounting (Macdonald & Evans Ltd., London) Second ed.
2. Chambers R.J., financial Management, Sydney: The Law Book Company Ltd.
3. Fisher L and Lorie. J. H., Rates of Return on Investments, Journal of Business.
4. Gupta S.C., Modern Management Accounting, Jaipur. Shree Publisher: 1997.
5. Guptal L.C., Financial Ratios for Monitoring Corporate Sickness, Oxford University Press
6. Kuchhal H.C., Corporation Finance Principal and Problems, Allahabad, Chaitanya Publishing House.
7. L.J. Githman, Principal of Managerial Finance, (New York : Harper and Row).
8. Sprouse, Robert T. and Robert J. Swieringa, Essentials of Financial Statement Analysis Addition, Wesley, Reading.
9. William, Henry r. & Haynes W., Wareen, Managerial Economics, Analysis and Cases (Business Publications, Dalles Texas).
10. Welsch and Anthony, Fundamental of financial accounting Richard D. Irwin Inc., Homewood, Illinois.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

जेंडर बजटिंग : वर्तमान परिदृश्य में महिला सशक्तिकरण का आधार

प्रो. रेणु जटाना* कन्हैया लाल**

प्रस्तावना – सृष्टि के प्रारंभ से लगाकर सभ्यता के निर्माण में नारी की भूमिका अति महत्वपूर्ण रही है। नारी परिवार का केंद्र बिंदु व धूरी होती है। अत: किसी भी राष्ट्र के निर्माण व विकास यात्रा में नारी का योगदान सदैव प्रशंसनीय एवं सर्वोच्च रहा है। महिला द्वारा मां, पत्नी एवं पुत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियां श्रेष्ठ तरीके से निर्वाह की जाती रही है। अत: किसी भी समाज में महिलाओं की स्थिति देखकर उस समाज की प्रगति का आकलन आसानी से किया जा सकता है। इस दृष्टिकोण से वर्तमान परिवेश में महिलाओं की स्थिति अधिक बेहतर नहीं कही जा सकती। महिलाएं आधी आबादी का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद समाज में कई तरह की लैंगिक असमानता का सामना कर रही है। यह शोध पत्र इसी दिशा में किया गया प्रयास है। जेंडर बजट समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस पत्र में जेंडर बजट की मूलभूत अवधारणा तथा महिला सशक्तिकरण के उपकरण के रूप में इसकी भूमिका का अध्ययन किया गया है।

शब्द कुंजी – लैंगिक असमानता, जेंडर बजट, महिला सशक्तिकरण, बजट।

परिचय – 'महिलाओं की स्थिति में सुधार लाए बिना दुनिया का कल्याण संभव नहीं है। एक पंख से चिड़िया उड़ान नहीं भर सकती।'[1] स्वामी विवेकानंद जी का यह कथन महिला सशक्तिकरण को स्वयं रेखांकित कर रहा है। आधी आबादी का प्रतीक महिलाएं किसी भी परिवार या समाज की आधार धूरी होती है। जिन्हें नजर अंदाज कर के विकास की कल्पना संभव नहीं है। 'स्त्रियों की स्थिति ही मूल रूप में किसी मानव समाज के भविष्य की निर्धारक होती है। विश्व उत्पादिका, पोषिका, शक्ति संपन्न महिलाए ही किसी समाज का स्वरूप निर्धारित करती है।'[2] लेकिन इसके बावजूद वर्तमान में महिलाओं को कई तरह की लैंगिक बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिसके समाधान में लैंगिक बजट एक उम्मीद की किरण बनकर उभरा है।

शोध पत्र का उद्देश्य :

1. बजट की आधारभूत अवधारणा से परिचित कराना।
2. जेंडर बजट की अवधारणा से अवगत कराना।
3. जेंडर बजट के विभिन्न पहलुओं यथा: उद्देश्य, क्षेत्र, प्रकृति, उपकरण, विधियॉ आदि को रेखांकित करना।
4. जेंडर बजट व महिला सशक्तिकरण के मध्य संबंध को रेखांकित करना।

अध्ययन प्रविधि – शोध प्रविधियों का चुनाव शोध की प्रकृति एवं प्रकार पर निर्भर करता है। चूंकि प्रस्तुत शोध की प्रकृति वर्णनात्मक है, अत: शोध हेतु द्वितीयक तथ्यों का उपयोग किया गया है। द्वितीयक तथ्यों के संकलन हेतु पुस्तकों, शोध-पत्रिकाओं, सम्पादित ग्रन्थों एवं इन्टरनेट का प्रयोग किया गया है। शोध की पद्धति मूलत: वर्णनात्मक है जिसमें सहायक पद्धतियों के रूप में ऐतिहासिक पद्धति, सामग्री विश्लेषण, पुस्तकालयी अध्ययन पद्धति इत्यादि का उपयोग किया गया है।

बजट की अवधारणा – बजट वह साधन है, जिसके द्वारा सरकार जनता के विकास की योजनाएं बनाती है एवं उन्हें क्रियान्वित करती है। अर्थात यह सरकार के वित्तीय प्रबंध हेतु एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा राज्य में वित्तीय गतिविधियों को संचालित किया जाता है। बजट के माध्यम से सरकार आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आय व्यय का अनुमान तथा गत वित्तीय वर्ष के सरकार को प्राप्त हुई आय एवं किए गए व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करती है।[3] सरकारी बजट एक वार्षिक वित्तीय विवरण है, जिसके द्वारा सरकार प्रत्येक वर्ष निर्धारित तिथि को संसद (केंद्र) अथवा विधानसभा (राज्य) में प्रस्तुत किया जाता है। पेश किए जाने वाले बजट में तीन वर्षो की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाता है अर्थात गत वित्तीय वर्ष की वास्तविक आय-व्यय का लेखा-जोखा चालू वित्त वर्ष के दौरान संशोधित आय-व्यय अनुमान तथा आगामी वित्तीय वर्ष हेतु आय-व्यय के बजट अनुमान।[4] बजट बनाने का प्रमुख उद्देश्य सरकार के पास उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम वितरण व उपयोग करना, संसाधनों का वितरण समाज के सभी वर्गों में समान रूप से सुनिश्चित करना तथा जनता के अधिकतम कल्याण हेतु कार्य करना।[5]

भारतीय संविधान में बजट[6] – बजट को भारतीय संविधान में वार्षिक वित्तीय विवरण के नाम से परिभाषित किया गया है। भारतीय संविधान के भाग 5 में अनुच्छेद 112 में केंद्रीय बजट का उल्लेख है, जबकि राज्य सरकार के बजट का उल्लेख संविधान के भाग 6 में अनुच्छेद 202 के अंतर्गत वार्षिक वित्तीय विवरण के नाम से परिभाषित करते हुए बताया गया है।

जेंडर बजट का प्रस्तावना – भारत का संविधान महिलाओं व पुरुषों दोनों के लिए समानता की गारंटी प्रदान करता है। हालांकि जमीनी स्तर पर वास्तविकता कुछ और ही है। संकेतो की श्रृंखला इस बात की पुष्टि करती है कि, महिलाएं आर्थिक, सामाजिक तथा राजनीतिक रूप से पुरुषों के साथ समानता का आनंद नहीं ले रही है।[7] महिलाओं व लड़कियों को अपने जीवन चक्र में विभिन्न रूपों में भेदयता का सामना करना पड़ता है। उन्हें जन्म से पहले या जन्म के बाद भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है: हिंसा; उत्पीड़न या दुर्व्यवहार; निर्भरता और संसाधनों तक पहुंच की कमी के कारण उपेक्षा; सामाजिक पूर्वाग्रह और शोषण-चाहे आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक या धार्मिक। वे आर्थिक व सामाजिक स्पेक्ट्रम पर होने के बावजूद शोषण व भेदभाव की चपेट में है।[8] जेंडर बजटिंग एक उपकरण है, जिसका प्रयोग

* विभागाध्यक्ष (बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग) यू सी सी एम एस, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग) यू सी सी एम एस, उदयपुर (राज.) भारत

करके इन कमजोरियों को दूर किया जा सकता है।[9] राष्ट्रीय बजट महिलाओं पर कई तरह से प्रभाव डालते हैं। उदाहरण स्वरुप जब महिलाओं को आर्थिक सामाजिक व अन्य नामों से संबोधित करने वाले कार्यक्रमों के लिए धन आवंटित किया जाता है तो वे सीधा महिला विकास को बढ़ावा देते हैं। यह मुख्यधारा के कार्यक्रमों में दोनों तरफ से वित्त पोषण किया जा सकता है यथा जो महिला की स्थिति के प्रति संवेदनशील है और महिलाओं द्वारा लक्षित योजना के वित्त पोषण के माध्यम से। अगर बजट में कटौती होती है तो बजट महिलाओं के सशक्तिकरण के अवसर को भी कम कर सकता है।[10] अत: समाज में महिला पुरुष की भूमिका अलग अलग होने के कारण बजट में उनके प्रावधान भी उनकी आवश्यकता अनुसार अलग-अलग होने चाहिए। जेंडर बजटिंग की प्रासंगिकता को संक्षेप में कहा जा सकता है कि 'यदि समान लोगों के लिए अलग अलग उपचार करना अनुचित है तो अलग-अलग लोगों के लिए एक ही इलाज करना भी अनुचित है।'[11]

जेंडर बजट का अर्थ एवं परिभाषा – जेंडर बजटिंग लैंगिक मुख्यधारा के लिए एक उपकरण है। यह संपूर्ण नीति प्रक्रिया में लैंगिक दृष्टिकोण हेतु बजट को प्रवेश बिंदु के रूप में प्रयोग करता है।[12] सरकार को लैंगिक परिवेश में एकीकृत करने के लिए सरकार के सार्वजनिक व्यय के लिए प्रमुख राष्ट्रीय योजना के रूप में सहायता देने हेतु जेंडर बजट एक पद्धति है।[13] जेंडर बजट का संबंध, लैंगिक संवेदनशील आधारित कानून, नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और योजनाओं का निर्माण; संसाधनों का आवंटन व संग्रहण; कार्यान्वयन व निष्पादन; कार्यक्रमों व योजनाओं की निगरानी; समीक्षा; अंकेक्षण और प्रभाव का आकलन और लैंगिक असमानता को दूर करने के लिए अनुवृत्ति सुधारात्मक कार्रवाई है।[14]

जेंडर बजटिंग[15] :

1. उस प्रक्रिया को संदर्भित करता है जो लैंगिक संवेदनशीलता तरीके से बजट पर विचार करना, योजना बनाना, अनुमोदन करना, क्रियान्वित करना, निगरानी करना, विश्लेषण करना तथा अंकेक्षण करता है।
2. इसमें पुरुषों और लड़कों की तुलना में महिलाओं और लड़कियों पर सरकार के वास्तविक व्यय व राजस्व के प्रभाव का विश्लेषण शामिल है।
3. इससे सरकार को यह तय करने में मदद करता है कि नीतियां कैसे बनाई समायोजित व पुनरावत्ति की जानी चाहिए।
4. यह प्रभावी नीति कार्यान्वयन के लिए एक उपकरण है जिसमें यह जाना जा सके कि आवंटन नीति प्रतिबद्धताओं के अनुरूप है या नहीं तथा वांछित प्रभाव डाल रहा है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि जेंडर बजटिंग केवल बजट के बारे में नहीं है और यह केवल एक बार की गतिविधि नहीं है। यह एक सतत प्रक्रिया है जिसे नीति प्रक्रिया के सभी स्तरों और चरणों पर लागू किया जाना चाहिए। जेंडर बजट एक शक्तिशाली उपकरण है जो महिलाओं की स्थिति में बदलाव कर सकता है।[16] लैंगिक बजट यह भी स्वीकार करता है कि, यदि लैंगिक असमानताओं को संबोधित किया जाना है तो, लैंगिक संवेदनशीलता विधानो, कार्यक्रमों और योजनाओं को बनाना पर्याप्त नहीं है वांछित परिणामों की उपलब्धि के लिए पर्याप्त मोद्रिक आवंटन समान रूप से महत्वपूर्ण है।[17]

लिंग आधारित बजट को कई अन्य नामों से भी जाना जाता है जैसे जेंडर बजट, महिला उन्मुखी बजट, लिंग संवेदनशील बजट, जेंडर संवेदनशील बजट, लिंग उत्तरदायी बजट इत्यादि।

जेंडर बजट की परिभाषा :

1. लैंगिक बजट सरकारी बजट का विच्छेदन है। जो लिंग विभेद प्रभावों और लैंगिक प्रतिबद्धताओं को बजटीय प्रतिबद्धताओं के अनुवादित करने हेतु स्थापित किया जाता है। लैंगिक बजट सरकारी बजट को लैंगिक दृष्टिकोण से देखता है, यह आकलन करने के लिए कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की जरूरतों को कैसे पूरा करता है।[18]
2. लैंगिक बजट लैंगिक मुख्यधारा का बजट की प्रक्रिया में अनुप्रयोग है। इसका तात्पर्य बजटो के लिंग आधारित मूल्यांकन से है। जिसमें बजट प्रक्रिया के सभी स्तरों पर लैंगिक परिपेक्ष्य को शामिल करना और लिंग समानता को बढ़ावा देने के लिए राजस्व और व्यय का पुनर्गठन करना शामिल है।[19]

लिंग बजट में निम्नलिखित शामिल है :[20]

1. यह लैंगिक समानता नीति को व्यापक आर्थिक नीति से जोड़ने का एक तरीका है।
2. यह इस आधार पर है कि बजट लिंक तटस्थ नहीं होते हैं।
3. यह राजस्व जुटाने के साथ-साथ बजट के व्यय पक्ष पर भी लागू होता है।
4. यह महिलाओं और पुरुषों पर बजट के प्रभाव के विश्लेषण से शुरू होता है और बजट योजना में लिंग को एकीकृत करने के लिए आगे बढ़ाता है।
5. इसका मतलब महिलाओं के लिए अलग बजट नहीं है।
6. इसका अर्थ है कि बजट के परिणामों की बारीकी से जांच।
7. इसे विशिष्ट बजट लाइनओं या बजटीय कार्यक्रमों पर लागू किया जा सकता है।
8. इसका अंतिम लक्ष्य यह है कि लिंग संवेदनशील दृष्टिकोण को सभी बजटीय प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं पर लागू किया जाए ताकि लिंग को मुख्यधारा में लाया जा सके।

जेंडर बजट क्या नहीं है :[21]

1. जेंडर बजट महिला और पुरुषों के लिए अलग-अलग बजट नहीं है।
2. जेंडर बजटिंग महिलाओं के लिए 50% और पुरुषों के लिए 50% बजट को विभाजित करने के बारे में नहीं है।
3. जेंडर बजटिंग का मतलब हमेशा महिलाओं के लिए आवंटन में वृद्धि नहीं है यह उन्हें प्राथमिकता देने के बारे में है।
4. जेंडर बजट न केवल सरकारी बल्कि सिविल सोसायटी संगठन गैर-सरकारी संगठन और निजी क्षेत्र की इकाइयों के बजट को भी लिंग के प्रति संवेदनशील बनाया जा सकता है।
5. यह केवल बजट तक सीमित नहीं है इसके अंतर्गत महिलाओं के परिपेक्ष से सरकार की विभिन्न आर्थिक नीतियों का विश्लेषण करना भी शामिल है।

जेंडर बजट के प्रयोजन उद्देश्य – महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अनुसार जेंडर बजटिंग के विभिन्न प्रयोजन निम्न प्रकार हैं :[22]

1. महिलाओं की जरूरतों की पहचान करना और उन जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राथमिकताओं का पुन: निर्धारण और या व्यय में वृद्धि करना।
2. वृहद आर्थिक नीतियों के निर्माण में महिलाओं को मुख्यधारा में लाना।
3. आर्थिक नीतियों के निर्माण में सिविल सोसाइटी की भागीदारी को सुदृढ़ करना।

4. आर्थिक और सामाजिक नीतियों के परिणामों के बीच लिंग को बढ़ावा देना।
5. महिलाओं के लिए किए जाने वाले सार्वजनिक व्यय और विकास संबंधी नीतिगत प्रतिबद्धताओं पर निगरानी रखना।
6. स्त्री पुरुष समानता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए योगदान देना इत्यादि।

जेंडर बजट के क्षेत्र[23] – लिंग बजटन को पूरे राष्ट्रीय बजट या किसी राज्य या स्थानीय बजट पर लागू किया जा सकता है। यह एक चयनित विभाग या सिर्फ एक कार्यक्रम पर लागू किया जा सकता है, जो एक मौजूदा कार्यक्रम हो सकता है या एक नया कार्यक्रम। इसे व्यय पक्ष या राजस्व पक्ष पर लागू किया जा सकता है। यह नए या मौजूदा विधान पर लागू हो सकता है। भारत में शोधकर्ताओं ने जेंडर बजटिंग को इन प्रत्येक पहलुओं लागू किया है। चूंकि जेंडर एक क्रॉस कटिंग मुद्दा है, इसलिए लिंग बजट को 'सामाजिक' क्षेत्रों तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण को किया जाता है।

जेंडर बजट की प्रकृति[24] – जेंडर बजटिंग का संबंध न केवल सार्वजनिक व्यय से है, बल्कि सरकार द्वारा राजस्व जुटाने के लिंग–विभेदित प्रभाव से भी है। वास्तव में, जेंडर बजटिंग, एक दृष्टिकोण के रूप में, केवल सरकारी बजट तक ही सीमित नहीं है, इसमें लैंगिक परिप्रेक्ष्य से विभिन्न सामाजिक–आर्थिक नीतियों का विश्लेषण भी शामिल है

लैगिंक असमानता में कमी लाने हेतु भारत में अपनाये गए वैधानिक उपाय (संवैधानिक व अन्य भारतीय कानून) – महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा कई उपाय किए गए हैं। भारतीय संदर्भ में कुछ लिंग प्रतिबद्धताएं इस प्रकार हैं:[25]

1. संवैधानिक प्रावधान।
2. कानूनी प्रावधान– महिला विशिष्ट कानून और महिलाओं को प्रभावित करने वाले कानून।
3. महिलाओं के समर्थन करने वाली नीतियां।
4. महिला विशिष्ट कार्यक्रम।

अन्य उपाय :

5. महिलाओं के उत्थान के लिए संस्थागत तंत्र और सांविधिक और स्वायत्ता संगठन।
6. पंचवर्षीय योजनाएँ और महिलाओं का विकास।
7. जेंडर बजटिंग।

महिलाओ हेतु नीतिगत प्रतिबद्धताएं[26]

संवैधानिक उपबंध – महिला पुरुष समानता की प्रतिबद्धता नीति निर्माण के सर्वोच्च स्तर पर अर्थात भारत के संविधान में भली–भांति स्थापित है। महिलाओं के लिए बनाए गए कुछ महत्वपूर्ण संवैधानिक उपबंध निम्न प्रकार है :

अनुच्छेद 14 राजनीतिक आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में समान अधिकार एवं अवसर।

अनुच्छेद 15 लिंग के आधार पर भेदभाव निषिद्ध।

अनुच्छेद 15 (3) महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव का अधिकार।

अनुच्छेद 39 आजीविका के समान साधन तथा समान कार्य के लिए समान वेतन।

अनुच्छेद 42 कार्य की न्यायोचित एवं मानवीय दशाएं तथा प्रसूति सुविधाएं।

अनुच्छेद 51 (क) (ड) महिलाओं के प्रति अपमानजनक प्रथाओं के त्याग का मौलिक दायित्व।

राष्ट्रीय महिला शक्ति संपन्नता नीति 2001 में यह परिकल्पित है कि महिला उन्मुख परिपेक्ष को बजट प्रक्रिया में एक प्रचालनात्मक कार्यनीति के रूप में शामिल किया जाएगा।

इन उपबंधो को कानूनी ढांचे के द्वारा लागू एवं पूरित किया जाता है ऐसे कुछ कानून निम्न प्रकार है

महिला विशिष्ट कानून

1. अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956
2. प्रसूति सुविधा अधिनियम 1961
3. दहेज निषेध अधिनियम 1961
4. स्त्री अशिष्ट रूपण (निषेध) अधिनियम 1986
5. सती प्रथा (निवारण) अधिनियम 1987
6. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005

आर्थिक कानून

1. कारखाना अधिनियम 1958
2. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948
3. समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976
4. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948
5. बागन श्रम अधिनियम 1951
6. बंधित श्रम पद्धति (उत्पादन) अधिनियम 1976

संरक्षण कानून

1. दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के संगत उपबंध
2. भारतीय दंड संहिता के विशेष उपबंध
3. विधि व्यवसायी (महिला) अधिनियम 1923
4. प्रसवपूर्व निदान तकनीक (विनियमन एवं दुरुपयोग निवारण) अधिनियम 1994

सामाजिक कानून

1. कुटुंब न्यायालय अधिनियम 1984
2. भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925
3. गर्भ का चिकित्सीय समापन अधिनियम 1971
4. बाल विवाह अवरोध अधिनियम 1929
5. हिंदू विवाह अधिनियम 1955
6. हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 (वर्ष 2005 में यथा संशोधित)
7. भारतीय विवाह विच्छेद अधिनियम 1969

भारत में जेंडर बजट की उत्पति[27] – भारत में लिंग के नजरिए से सार्वजनिक व्यय का विश्लेषण करने पर प्रचलन आमतौर पर 1974 में भारत सरकार द्वारा लाई गई महिलाओं की स्थिति पर समिति की रिपोर्ट ('टुवर्ड्स इक्वलिटी' शीर्षक) से लिया गया है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के विकास प्रक्षेपवक्र ने महिलाओं के एक बड़े हिस्से पर प्रतिकूल प्रभाव डाला और नए असंतुलन और असमानताएं पैदा कीं। इस रिपोर्ट से उत्पन्न चेतना के कारण पाँचवीं पंचवर्षीय योजना में महिलाओं के विकास के प्रति नीतियों में बदलाव आया। हालांकि, यह सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985–90) में केवल उन कार्यक्रमों/ योजनाओं की रूपरेखा पर विशेष ध्यान दिया गया था, जिनसे महिलाओं को सीधे लाभ मिलता था।

दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002–07) ने एक और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाते महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय नीति, 2001 में जेंडर बजटिंग की आवश्यकता को भी मान्यता दी गई थी, इस परिदृश्य में, केंद्र सरकार में महिला और बाल विकास विभाग (DWCD) ने संयुक्त राष्ट्र

विकास कोष फॉर वूमेन (UNIFEM) के सहयोग से केंद्र सरकार के स्तर पर जेंडर बजटिंग के लिए पहल का नेतृत्व किया, जिसका महत्वपूर्ण तत्व नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (NIPFP), नई दिल्ली के लिए एक जेंडर बजटिंग अध्ययन का कमीशन था। 2000-01 के राष्ट्रीय आर्थिक सर्वेक्षण में, पहली बार जेंडर असमानता पर एक अलग खंड सामाजिक क्षेत्र के अध्याय में शामिल किया गया था। इसके बाद, एनआईपीएफपी द्वारा किए गए यूनियन बजट के जेंडर बजट विश्लेषण को डीडब्ल्यूसीडी की वार्षिक रिपोर्ट में शामिल किया गया। बाद में, 2005-06 के केंद्रीय बजट में, पहली बार जेंडर बजटिंग पर एक अलग बयान शामिल किया गया, जिसने अनुदानों की 10 मांगों के तहत बजट आवंटन को कवर किया।

जेंडर बजट के उपकरण - डायने एलसन के सुझाये विभिन्न उपकरण जिनका उपयोग लिंग-संवेदनशील बजट का विश्लेषण के लिए किया जा सकता है:[28]

1. लिंग-जागरूक नीति मूल्यांकन (gender-aware policy appraisal)
2. लिंग-असंतुष्ट लाभार्थी आंकलन (gender-disaggregated beneficiary assessments)
3. लिंग-विच्छेदित सार्वजनिक व्यय घटना विश्लेषण (gender-disaggregated public expenditure incidence analysis)
4. लिंग-असंतुष्ट कर घटना विश्लेषण (gender-disaggregated tax incidence analysis)
5. समय के उपयोग पर बजट के प्रभाव का लिंग-विच्छेदित विश्लेषण (gender-disaggregated analysis of the impact of the budget on time use)
6. लिंग-जागरूक मध्यम अवधि की आर्थिक नीति की रूपरेखा (gender-aware medium term economic policy framework)
7. लिंग-जागरूक बजट विवरण (gender-aware budget statement)

जेंडर बजट की विधियाँ :

लिंग बजट आरंभ करने की विधियाँ निम्नलिखित हैं। ये हैं:

(A) ऑस्ट्रेलियाई दृष्टिकोण या दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं के बजट ने व्यय को तीन श्रेणियों में विभाजित किया है:[29]

1. महिला-विशिष्ट व्यय: उन कार्यक्रमों के लिए आवंटन जो विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों के समूहों को लक्षित करते हैं।
2. सार्वजनिक सेवा में समान अवसर: समान रोजगार के अवसरों का आवंटन, जैसे कार्यक्रम जो प्रबंधन और निर्णय लेने में महिलाओं के समान प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देते हैं, और समान वेतन और सेवा की शर्तें।
3. सामान्य या मुख्य धारा के व्यय: शेष सभी आवंटन जो ऊपर दो श्रेणियों में शामिल नहीं हैं. ।

(B) दक्षिण अफ्रीकी 'पांच कदम दृष्टिकोण': दक्षिण अफ्रीकी दृष्टिकोण के पांच चरण हैं:[30]

1. किसी दिए गए क्षेत्र में महिलाओं, पुरुषों, लड़कियों और लड़कों की स्थिति का विश्लेषण;
2. पहले चरण में वर्णित क्षेत्र नीति (लिंग) को किस हद तक संबोधित करती है इसका आकलन;
3. लिंग-उत्तरदायी नीति को लागू करने के लिए बजट आवंटन पर्याप्त हैं या नहीं, इसका आकलन;
4. इस बात की निगरानी कि क्या योजना के अनुसार पैसा खर्च किया गया था, क्या दिया गया और किसके लिए ;
5. इस बात का आकलन है कि लागू की गई नीति ने पहले चरण में वर्णित स्थिति को अधिक से अधिक लैंगिक समानता की दिशा में बदल दिया।

अन्य विधियॉ [31]

(C) भागीदारी योजना और बजट

(D) स्थानिक मानचित्रण

(E) सभी नए कार्यक्रम और योजनाएँ का लैंगिक मूल्यांकन

(F) सार्वजनिक नीति एवम व्यय के लैंगिक संवेदनशील समीक्षा हेतु मार्गदर्शन

(G) सार्वजनिक व्यय का लैंगिक आधारित रूपरेखा

(H) प्रभाव विश्लेषण

(I) राजस्व घटना विश्लेषण

जेंडर संवेदी बजट विवरण पत्र [32] - केंद्रीय बजट 2005-06 में एक जेंडर बजट विवरण पत्र पेश किया गया था। यह एक रिपोर्टिंग तंत्र है जिसका उपयोग मंत्रालयों / विभागों द्वारा एक लिंग लेंस से अपने कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए किया जा सकता है और यह महिलाओं के लिए आवंटन पर जानकारी प्रस्तुत करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है। लिंग बजटीय आवंटन दो भागों में परिलक्षित होते हैं। स्टेटमेंट के पहले भाग, पार्ट ए में वह स्कीम्स शामिल हैं जिसमे महिलाओं के लिए 100% आवंटन जबकि स्टेटमेंट के भाग ब में वह स्कीम्स शामिल है जिसमे महिलाओं के लिए 30% से 99% आवंटन योजनाएँ / कार्यक्रम शामिल हैं। हालाँकि, अगर जेंडर बजट स्टेटमेंट में रिपोर्टिंग सटीकता की जाँच के बिना और अवास्तविक मान्यताओं पर आधारित की जाती है, तो यह लिंग बजट के लिए अभ्यास को कमजोर हो सकती है।

जेंडर बजट : महिला शक्तिकरण का एक साधन - एक अवधारणा के रूप में सशक्तिकरण उस प्रक्रिया का परिणाम है। जो किसी व्यक्ति को खुद के बारे में जानने के लिए सक्षम बनाता है / वह खुद क्या चाहती है, उसे व्यक्त करें, उसे पाने की कोशिश करें और वह प्राप्त करें जो वह / वह चाहती है, आत्मविश्वास, जागरूकता, गतिशीलता पसंद है, संसाधनों और निर्णय लेने की शक्ति पर नियंत्रण। उपरोक्त गुणों को प्राप्त करने के लिए किसी व्यक्ति को सक्षम करने वाली प्रक्रिया को सशक्तिकरण कहा जाता है।[33] एक व्यक्ति या समूह सशक्तीकरण प्रक्रिया के माध्यम से सापेक्ष शक्तिहीनता से सापेक्ष शक्ति की स्थिति की ओर चलता है।[34] महिला सशक्तिकरण एक बहुआयामी अवधारणा है, जो महिलाओं के जीवन के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और संस्थागत क्षेत्रों तक फैली हुई है। यह इन पहलुओं में से कई में बदलाव का संयोजन है जो घरेलू स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाता है, न कि किसी एक पहलू पर केंद्रित परिवर्तन। महिला सशक्तीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा महिलाएं भौतिक और बौद्धिक संसाधनों पर नियंत्रण प्राप्त करती हैं और सभी संस्थानों और सत्ता की संरचनाओं में महिलाओं के खिलाफ लिंग आधारित भेदभाव के विचारों को चुनौती देती हैं।[35]

लैंगिक समानता का मामला, जिसे अक्सर मानवाधिकार या सामाजिक

न्याय तर्क के रूप में देखा जाता है, अच्छा अर्थशास्त्र भी है। लैंगिक समानता समाजों की समृद्धि और कल्याण को बढ़ावा देने में मदद करती है।[36] यहां एक बढ़ती जागरूकता है कि लैंगिक असमानता न केवल आर्थिक रूप से अक्षम है, बल्कि सामाजिक असहमति भी है, जो एक राष्ट्र की विकास प्रक्रिया के लिए हानिकारक है। इस प्रकार, अर्थव्यवस्था के समग्र विकास के लिए जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उन्नति सुनिश्चित करना आवश्यक है। वादा और प्रदर्शन के अंतर को पाटने से ही लैंगिक समानता हासिल करना संभव है। इसलिए, महिलाओं के सशक्तीकरण को किसी भी राष्ट्रीय नियोजन प्रक्रिया में अत्यधिक प्राथमिकता प्राप्त करने की आवश्यकता है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि सभी क्षेत्रों (सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक) में महिला सशक्तीकरण एक शून्य योग खेल नहीं है।[37] जब एक महिला सशक्त होती है तो इसका मतलब यह नहीं है कि एक और व्यक्ति (पुरुष या महिला हो सकता है), शक्तिहीन या कम शक्तिशाली हो जाता है। इसके विपरीत, अगर किसी महिला को निर्णय लेने के प्रति उसकी क्षमताओं को सशक्त किया जाता है, तो निश्चित रूप से उसके परिवार / पड़ोसी के व्यवहार को प्रभावित करेगा। इन प्लवन प्रभाव(स्पिलओवर इफेक्ट) प्रभावों की उपस्थिति इस प्रकार एक 'सामाजिक गुणक' बनाएगी, जहां कुल शक्ति व्यक्तिगत शक्ति से अधिक होगी। अत: जेंडर बजटिंग, महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे महिलाओं का सर्वागीण विकास संभव है।[38]

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. सम्पादकीय, (अगस्त 2001 वॉल्यूम 45 अंक 5)'आमुख' योजना , पृष्ट 2
2. प्रिया तिवारी, (जनवरी-जून 2017), वैश्विक परिदृश्य पर स्त्री अधिकारों की ऐतिहासिक एवम अवधारणात्मक क्रांति, जर्नल ऑफ आचार्य नरेंद देव रिसर्च इंस्टीट्यूट, पृष्ट 80 .
3. मुकेश कुमार बंसल, (अगस्त 2010), बजट अधय्यन :एक परिचय, जयपुर: बजट अधय्यन राजस्थान केंद्र, पृष्ट 1.
4. पूर्वोक्त, नोट-3, पृ. 2
5. पूर्वोक्त, नोट-3, पृ. 2
6. पूर्वोक्त, नोट-3, पृ. 3
7. महिला एवम बाल विकास मंत्रालय, (2007), जेंडर बजटिंग हैंडबुक, नई दिल्ली : भारत सरकार, पृष्ट 1 .
8. महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, (अक्टूबर 2015), जेंडर बजटिंग हैंडबुक, नई दिल्ली : भारत सरकार , पृष्ट 1.
9. पूर्वोक्त, नोट-8, पृ. 1
10. पूर्वोक्त, नोट-7, पृ. 1
11. सुब्रत दास, देबदुलाल ठाकुर, - सताद्रू सिकदार, (नवम्बर 2006), रिपोर्ट ऑफ द जेंडर बजटिंग स्टडी फॉर वेस्ट बंगाल, नई दिल्ली : सेंटर फॉर बजट एंड गवर्नेस एकाउंटेबिलिटी, पृष्ट 1 .
12. पूर्वोक्त, नोट-8, पृ. 1
13. पूर्वोक्त, नोट-7, पृ. 1
14. पूर्वोक्त, नोट-8, पृ. 2
15. पूर्वोक्त, नोट-7, पृ. 60
16. पूर्वोक्त, नोट-8, पृ. 2
17. पूर्वोक्त, नोट-8, पृ. 2
18. भारत सरकार, महिला एवम बाल कल्याण मंत्रालय, एनुअल रिपोर्ट 2007-08, चैप्टर 6, जेंडर बजटिंग, पृष्ट.103.
19. कुइन्न शेईला, जेंडर बजटिंग: प्रैक्टिकल इम्प्लीमेंटेशन, डायरेक्टरेट ऑफ ह्यूमन राईट एंड लीगल अफेयर्स, कौंसिल ऑफ यूरोप, अप्रैल 2009, पृष्ट.5.
20. पूर्वोक्त, नोट-19, पृ. 4
21. पूर्वोक्त, नोट-7, पृ. 60
22. शोध व सुचना प्रभाग, (मार्च 2016), भारत में जेंडर बजटिंग : महिला सशक्तिकरण का उपाय. सूचना बुलेट लोक सभा सचिवालय , पृष्ट 2.
23. पूर्वोक्त, नोट-8, पृ. 6
24. पूर्वोक्त, नोट-11, पृ. 1
25. अंजली गोयल, (दि.न.), वीमेन एम्पोवेर्मेंट थ्रू जेंडर बजटिंग-द इंडियन कॉन्टेक्स्ट- www.wcd.nic%www.wcd.nic/gb/unifem.ppt से, 23 दिसम्बर 2017 को पुनर्प्राप्त
26. सम्पादकीय टीम, (अक्टूबर 2006 वर्ष 50 अंक 07), स्त्री-पुरुष समानता की ओर उठे कदम, योजना , पृष्ट 19 .
27. पूर्वोक्त, नोट-11, पृ. 1-3
28. एडाप्ट फ्रॉम डायने एलसन(1997ल), टूल्स फॉर जेंडर इंटीग्रेशन इनटू मैक्रो इकोनोमिक पालिसी, इन लिंक इनटू जेंडर एंड डेवलपमेंट, 2, समर, पेज13.
29. डेब्बी बुद्लेंदर, - गुय हेविट. (2003), एनजेंडेरिंग बजट, लन्दन : द कॉमनवेल्थ सेक्रेटेरिएट, पेज11 .
30. पूर्वोक्त, नोट-29, पृ. 12-13
31. पूर्वोक्त, नोट-7, पृ. 62-63
32. पूर्वोक्त, नोट-8, पृ. 9
33. एच एम हेमलता, - रामेश्वरी वर्मा, (2005), एम्पोवेर्मेंट ऑफ रूरल वीमेन इन इंडिया, मैसूर: हेमा प्रकाशन, पृष्ट 59.
34. सुषमा सहाय, (1998), वीमेन एंड एम्पोवेर्मेंट अप्प्रोअचेस एंड स्ट्रेटेजिक. नई दिल्ली : डिस्कवरी पब्लिशिंग हाउस, पृष्ट 24 .
35. सयद अफजल पीरजादे, - परांदे प्रेमा, (2007), इकोनोमिक एम्पोवेर्मेंट प्रोग्राम फॉर वीमेन: अ केस स्टडी इन शाहिदा एंड ललिथा सामी, नई दिल्ली: अनमोल पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पृष्ट 122.
36. यूनाइटेड नेशनस डेवलपमेंट प्रोग्राम, (2010), एशिया पसिफिक ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट 2010, दिल्ली : मैकमिलन पब्लिशर इंडिया लिमिटेड पब्लिश्ड फॉर युनडीपी, पृष्ट 19.
37. अरुंधती चट्टोपाध्याय, (अक्टूबर 2006),एम्पोवेरिंग वीमेन, योजना, पृष्ट 30 .
38. पूर्वोक्त, नोट-37, पृ. 30

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

Chromosomal Abnormalities in Children with Poor Scholastic Performance

Kavita Singh* Shadma Siddiqui CBS Dangi*****

Abstract - This paper presents genetic variations at chromosome level in children with poor scholastic performance,sampled in Bhopal, India. Poor scholastic performancemay be the result of intellectual disability or mental retardation usually manifestedin childhood. This demonstrated significantly higher 44.64% subjects with intellectual disability showing varied chromosomal abnormalities as compared to control group which showed 15.15%. Frequency was 29.49% higher in subjects with mental sub-level. In control group, 84.84% subjects showed normal karyotype being significantly higher as compared to subjects with mental sub-level which showed these to be 55.35% revealing strong genetic component in mental deficiency coupled with scholastic performance of children.

Introduction - Poor scholastic performance is a symptom, where the child scores poor marks which remain below the class average or backwardness in relation to the average attainment for that age and grade. The underlying cause may be intellectual disability due to genetic reasons in many cases showing variability in symptoms and genetic defects (Jayaprakash, 2005).Intellectual disability is characterized by significant limitations in both intellectual functioning and adaptive behavior that begin before the age of 18 years, affects neatly 1.5 to 2% of the population in the world. A diagnosis of intellectual disability is usually made when IQ testing reveals an IQ of less than 70, which means that often the diagnosis is not made until late childhood or early adulthood. However, most persons with intellectual disability (ID) are identified early in childhood on the basis of concern about developmental delays, which may include motor, cognitive, and speech delays (Mefford. 2012).

Many human genetic disorders are caused by missing or duplicated pieces of genetic material or chromosome. Karyotyping still has a role in identifying large scale copy number variant disorders and in identifying balanced translocations.A genetic groundwork of mental deficiency disorders has long been recognized in a subset of cases, with trisomy 21 known as Down's syndrome detectable by chromosomal studies since 1959 (Lejeune, *et al*., 1959). Trisomy 21 remains the most important chromosomal cause of intellectual disability. Single-gene causes have also been identified for a number of intellectual disability syndromes and include both autosomal and X-linked genes.

Academic underachievement of children is a big concern among parents and teachers in present day competitive society. The underlying cause of scholastic backwardness should be identified and the appropriate remedy given soon so that the academic performance of such children can be made better. Furthermore, there is paucity of epidemiological studies in India to determine the exact prevalence of scholastic backwardness. Moreover, studies are required to better understand genetic basis if any, in different cases of poor scholastic performance among children thus present study was an attempt to determine magnitude of chromosomal abnormalities in children with poor scholastic performance.

Material & Methods

Subjects - This cytogenetic study was carried out in Bhopal, India with the selective sampling of a total of 122 subjects of the age group of 6 to 18 years, comprised of 56 persons (34 male and 22 female) who had mental sublevel hence exhibited poor scholastic performance and 52 persons (32 male and 20 females) who were normal, taken as control in the present study. The target group was chosen selectively from two hospitals where hospital population involved school going children as per the selection criteria. The control group was matched by age and sex. IQ assessment was carried out using Stanford-Binet intelligence scale.

Sample Collection - 2 ml of peripheral blood was drawn in a heparinized disposable plastic syringe from each subject after taking informed consent of the subject/parents.

Methods - Chromosomal preparations were obtained from cultured PHA stimulated peripheral blood lymphocytes employing laboratory standardized technique (Moorhead *et al.,* 1960) and were Giemsa banded according to Seabright (1971). The slides were screened under X10 objective. Nearly 50 well spread metaphases were recorded

*Department of Biotechnology, RKDF University,Bhopal (M.P.) INDIA
** Department of Microbiology, Sant Hirdaram Girls College, Bhopal (M.P.) INDIA
*** Department of Biotechnology, RKDF University,Bhopal (M.P.) INDIA

per sample. Each metaphase was viewed again under X100 oil immersion objective. Counting of chromosome number and microscopic analysis of individual chromosome was done. Chromosomal aberrations were recorded in a standard format and classified according to the International Nomenclature (ISCN, 1995). Selective families were studied in order to record history of incidence of poor scholastic performance.

प्रस्तावना – कविता और जीवन का गहरा संबंध है एक के बिना दूसरे की कल्पना नहीं कर सकते। कविता ही जीवन को एक नई सोच देने का प्रयास करती है। आज का मानव जीवन अनेक परिस्थितियों से जूझता हुआ नजर आ रहा जिसमे कई प्रकार के परिवर्तन नजर दे रहे हैं। उन्हीं के कारण ही वह अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करना तो चाहता है लेकिन हो नहीं पाता। जैसे-जैसे हम विकास की ओर आगे होते जाते हैं। वैसे ही हमारे जीवन में कहीं ना कहीं कविता अपना प्रभाव डालती है। एक रचनाकारों ने कई विमर्श को चुनने का प्रयास करता है जो समाज के लिए हितकर होता है, समाज के लिए प्रतिबंध होता है और एक नई राह की ओर प्रेरित करता है। आज के कवियों में दिनेश कुशवाह, मलय, कुंदन, नीलोत्पल आपकी कविताओं को जब हम पढ़ते हैं तो इनकी कविताओं में गांव की, जीवन की मिठास, प्रकृति चित्रण, मानव मूल्यों का क्रियान्वयन और परिस्थितियों का भली-भांति चित्र दिखाई देता है हमें ऐसा लगता है कि यह जीवन ही एक कविता है इसी जीवन को अगर हम सच्चे मन से जिए तो कविता का बोध होता है ओर प्रेरित करता है। मानवता सामाजिकता की एक पकड़ है और उसी पकड़ को लेकर कविता और जीवन का संबंध होता है। जिन आंखों से एक साहित्यकार जिन परिस्थितियों को देखता है, समझता है और अनुकरण करता है उसे ही अपनी लेखनी से जन जन तक ले जाने का प्रयास करता है।

आस्था का सवाल उठाकर अयोध्या के विवाद को एक न्यायालय के कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया हैं।कात्यायनी ने एक कविता में आस्था का प्रश्न इस तरह उठाया है – 'आंखें नहीं होती आस्था की कुछ भी कर सकती है सड़कों पर नाच सकती है। डाइनो सी खप्पर में पीती हुई बच्चों का खून विकट रूप धर बस्तियों को राख करती दिल्ली तक जा सकती है। मच्छर बन मतपेटियों में शमा कहती है, भीम रूप धर संसद में प्रवेश पा सकती है।'[1]

21वीं सदी का भारत आस्था और विश्वास के साथ हमें एक दिशा की पर ले जाने का प्रयास कर रहा है। जिस तरह से आस्थाओं को एक नई सोच के साथ एक नई दिशा मिल रही है। उससे यह कहा जा रहा है कि आस्था के नाम पर कहीं ना कहीं सामाजिक मूल्यों में परिवर्तन हो रहा है और इन मूल्यों के खत्म होने से हमारी सामाजिक स्थितियां परिवर्तित होगी जंगलग और मठों को हजारों साल से जीवित रखा गया था उन्हें इस रूप में दिखाया जाता था। आस्था विश्वास को एक नई दिशा दी गई थी। आज हम उन आस्था विश्वास और उन मठों को गिराकर नई धारा के साथ नए गढ़ और मठ की स्थापना करने के लिए मद होते जा रहे हैं। हमारे समाज के लोग शिक्षित होते चले जा रहे हैं। हमें एक नई मिसाल पैदा हो रही है कारण यह है कि जिन लोगों को सदियों से एक चारदीवारी के भीतर रखा गया था। उनको अपने अधिकारों, कर्तव्यों के प्रति सजग नहीं किया गया था ।आज भी अपने कर्तव्यों को जानने लगे हैं। अपने विचारों को प्रकट करने के करते है और अपने जीविका के लिए जिम्मेदार हैं ऐसे में हम देखते हैं कि जो परंपराएं सदियों से आ रही है परंपराओं को हम जीवित रखे थे। आज उन परंपराओं में कहीं ना कहीं से लगते हुए हम देख रहे हैं। भारत में परिवार के आर्थिक सहयोग अथवा जीवन यापन के लिए स्त्रियों के काम करने की अवधारणा कोई नई बात नहीं है। पहले राजाओं के यहां स्त्रियां दासी सेविका या सखी बनकर जीविका पालन करती थी। इसलिए मंदिरों में देवदासी बनकर अपनी पेट की ज्वाला शांत करने है। दूसरों की वासना का शिकार बनने की मजबूरी झेलती थी खेतों में निराई गुड़ाई फसल कटाई का काम वे पहले भी किया करती थी और आज भी करती हैं। चाहे खेत पिता सिसोदिया जमीदार का हो या किसी अन्य का। हमारा समाज जैसे-जैसे बदलता चला जा रहा है वैसे ही हमारे जीवन में भी परिवर्तन आता चला जा रहा है। बीसवीं शताब्दी में जिन परिस्थितियों में हमारे समाज के लोग जी रहे थे। उनसे कहीं ना कहीं आज के जीवन में एक नई दिशा और दशा मिली है। मध्यम वर्गीय समाज आर्थिक समृद्धि के लिए अपनी औरतों को घर से बाहर जाने और काम करने की इजाजत नहीं देता था। इस समाज में बेटियों और बहुओं की कमाई खाना बहुत बुरा समझा जाता था। बेटियों के घर खाना तो क्या उसके गांव का पानी तक नहीं पीना चाहते थे ऐसा करना उनकी मर्यादा एवं सम्मान के खिलाफ था। आज भी देश के कई भागों में ऐसा ही समझा जाता है जब आज हम 21वीं सदी पर खड़े हैं और यह 21वीं सदी हमारे जीवन के सभी द्धार खोल दिए हैं ऐसे में इन मान्यताओं को हम क्यों मानते हैं और इन मान्यताओं में हम क्यों जीते हैं जिस तरह से हम आगे बढ़ते जाते हैं। आभिजात्यवादी समाज में कतिपय स्त्रियों ने शासन रानी या सामग्री के रूप में काम किया उच्च जाति वर्ग एवं तथाकथित निम्न वर्ग में स्त्रियों ने कला जैसे कशीदाकारी बुनाई चित्रकारी संगीत और नृत्य को अपनाया यह सब कलाएं उच्च जाति वर्ग की औरतों के लिए आनंद प्राप्ति अथवा रीजन एरियाने के साधन मात्र थी तो निम्न वर्ग या निम्न मध्य वर्ग की स्त्रियों के लिए यह धन उपार्जन जीविकोपार्जन अथवा गुजर बसर का साधन था। आज भी अभिशाप या उच्च कुल या पुरुष अपनी स्त्रियों को जीवन संगिनी या अर्धांगिनी से अधिक एक सजावटी गुड़िया यह संपत्ति समझता है। ठीक इसके विपरीत निम्न जाति पुरुष वर्ग अपनी स्त्रियों को काम में जोड़ीदार या सहायक तो जरूर समझता है लेकिन वह भी उसे संपत्ति ही मानता है। संभवत: इसलिए भी किश्ती पाने के लिए उसे उसका दाम चुकाना पड़ता है। आज हमारे सामाजिक मूल्यों का हनन हो रहा है। सामाजिक रूप रे जो परिवर्तन दिखाई देता है। निश्चित तौर पर यह इसलिए दिखाई देता है क्योंकि हम दूसरे दशक में जी रहे हैं और आज हम ऐसे संसाधनों का प्रयोग करते हैं। जो हमारे लिए उपयोगी

* शोधार्थी (हिन्दी) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

भी हैं और विनाशकारी भी। आज सामाजिक मूल्यों में जिस तरह से संकीर्णता के रहते यह लूट और हत्या कभी खत्म नहीं हो सकती कविता यह समझती है। संकीर्णता और नफरत के खिलाफ अपनी तमाम शक्तियों के साथ खड़ी होती है स्मृति कविता कि ऐसे ही एक शक्ति है। इतिहास को तोड़ दे मरोड़ ते हुए सांप्रदायिक शक्तियां इस शक्ति को भी बनाने की साजिशें किया करती हैं। इसके मुकाबले कविताएं शक्ति का और अधिक इस्तेमाल करती है यह शक्ति कुंवर नारायण की एक अजीब सी मुश्किल में इस तरह उजागर होती है– 'एक अजीब सी मुश्किल के दिनों में मेरी भरपूर नफरत कर सकने की ताकत दिनों दिन बढ़ती जा रही अंग्रेजों से नफरत करना चाहता तो शेक्सपियर आड़े आ जाते जिनके मुझ पर न जाने कितने एहसान हैं। मुसलमानों से नफरत करने चलता तो सामने गालिब आकर खड़े हो जाते अब आप ही बताइए किसी की कुछ चलती है उनके सामने? सिखों से नफरत करना चाहता तो गुरु नानक आंखों में छा जाते और सिर अपने आप झुक जाता हर समय पागलों की तरह भटकता रहता कि कहीं कोई ऐसा मिल जाए जिससे भरपूर नफरत करके अपना ही जी हल्का कर लूं पर होता इसका ठीक उलटा कोई ना कोई कहीं ना कहीं कभी ना कभी ऐसा मिल जाता जिससे प्यार किए बिना रह नहीं पाता। दिनों दिन मेरा यह प्रेम रोग बढ़ता ही जा रहा और इस वहां नेटवर्क की जड़ पकड़ ली है कि यह प्रेम किसी दिन मुझे स्वर्ग दिखाकर ही रहेगा।'[2] 21वीं सदी का भारत हमें एक ऐसे दिशा की ओर ले जा रहा है। जहां से हम अपने सपनों को साकार करने के लिए हैं। हमारे जो सपने थे जिन सपनों को हम हजारों साल से सजा कर रखे थे और सपनों को पूरा करते हुए आज हम देख रहे हैं कारण यह है कि हम जिस परिधि की कल्पना कर रहे थे। उस पर इसको आज हमला कर आगे की ओर जा रहे हैं। चांद–सूरज पर आज हमारा कब्जा है। हम चांद को आज मामा नहीं कहते आज हम चांद पर रहने की बात करते हैं जिस चांद को सदियों से कहानियों में सुनते थे चंदा मामा आज उस मामा को हम पृथ्वी का उपग्रह मानते हैं और उस पर जीवन जीने की परिकल्पना करते हैं। इन्हें कारणों से आज का यदि हमें ऐसे मुकाम पर लाकर खड़ा कर दिया है। जहां से विश्व एक परिधि में दिख रहा है और उसी पर ईद में अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उत्तर आधुनिकता में जब हम लोकतंत्र की बात करते हैं। तो निश्चित तौर पर लोकतंत्र एक न्याय के कटघरे पर खड़ा दिखाई देता है। हम लोकतंत्र को जनता का हितैषी मानते हैं और जनता इसका सब कुछ है। आज वैसा नहीं है कारण है कि मीडिया लोग खुद को इतना प्रभावित करती है कि उससे हमारा जीवन स्तर भीतर दिखाई देता है। आज सिसकती हुई आवाज उन्हीं की दिखाई देती है जो गरीब असहाय दलित बेरोजगार है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह गरीब असहाय दलित बेरोजगार क्यों है जब लोकतंत्र हमारा और हम लोकतंत्र के और उसी कल्पना के साथ में अनेक मौलिक अधिकार कर्तव्य दिए गए उन्हीं कर्तव्य और अधिकारों के तहत हमारे जीवन में एक नया आयाम आता है लेकिन ऐसा हो नहीं पाता कारण यह है कि जो गरीब अमीर की खाई बनाई गई उसे समाज में अनेक प्रकार की परिस्थितियां बनती गई और उन्हीं परिस्थितियों के कारण हमारे जीवन में अनेक कठिनाइयां आई जिसके कारण सामाजिक रूपों में देखा जाए तो समाज कितना अंधविश्वास में गिरता हुआ चला जा रहा है। जैसे हीहम सभी की ओर बढ़ते चले जाते हैं नए विचारों का क्रियान्वयन करते हैं कहीं ना कहीं हमारे जीवन में एक ऐसी स्थिति आती है कि हम उसको अपनाना तो चाहते हैं लेकिन अपना नहीं पाते हैं जो चीजें हमें विरासत में मिली है उस विरासत को अपनाकर रहना चाहते हैं परिकल्पना की स्थापना तो करना चाहते हैं लेकिन बताएं उसको अपनाना नहीं चाहते हैं। जिसके कारण समाज में दो तरह के कारण बनते हैं। एक तो यह कि हम अपनी जिंदगी को अच्छे से जी नहीं पाते और एक दूसरा यह कि यदि जीते भी हैं। घुटन के साथ जब हम नई चीजों को अपनाना चाहते हैं। पुराने चीजों को त्यागना चाहते हैं तो कहीं ना कहीं उसमें एक ऐसी विचारधारा उभर कर आती है। उस विचारधारा को हम विचारधारा भी कह सकते हैं कारण यह है कि जब हम सामाजिक क्रियाकलापों को एक नये विचारों के साथ जोड़ते हैं तो समाज में लोगों और काम करने वाले लोगों और वहां की जो आन –बान –शान है उस पर कहीं प्रभाव पड़ता है और वही प्रभाव समाज को एक नई दिशा देने में अवरोध पैदा करता है। खामोशी को कविता ने पहले बेजुबान दी है लेकिन आवाजों के बाजार में खामोशी को पहचानने और उसे जुबान देने का मतलब अलग है पहले से ज्यादा मुश्किल है ज्यादा खतरनाक है ज्यादा निष्ठा और कौशल की मांग करने वाला है ज्यादा चुनौतीपूर्ण ज्यादा जरूरी कविता एक तरफ खामोशी को सुनने लायक बनाती है और दूसरी तरफ चाहती है कि उसके शब्द नगाड़े की तरह बजे 'निर्मला पुतुल' की यह पंक्तियां हैं।

'.. मैं चाहती हूं
मेरे शब्दों की जमीन से
उगे कई कई बिरसा मुंडा ...
मैं चाहती हूं आप रहते अंधे आदमी की
आंखें बने मेरे शब्द
उनकी जुबान बने जो जवान रहते गूंगे बने देख रहे हैं
तमाशा चाहती हूं मैं
नगाड़े के जैसे बजे मेरे शब्द और
निकल पड़े लोग अपने–अपने घरों से सड़क पर ।'[3]

21वीं शताब्दी में हमारे जीवन में नए परिवर्तन लाए हैं। जिसके कारण हम एक नई सदी की कल्पना करते हैं। आज पूरा विश्व मानव की हथेली पर है जैसा चाहता है वैसे जीवन यापन करना चाहता है। भोग विलास से लेकर भौतिकवादी सुख सुविधा जीवन यापन कर रहा है संसार की ऐसी कोई चीज नहीं है जिसे वह अपने पास नहीं पाता है आज हमारे पास वह यंत्र है जिससे हम संपूर्ण को अपने हथेली पर रखकर देखते हैं हमारे देश में समाज में क्या परिवर्तन हो रहा है किसकी कमी है किन चीजों से उसकी पूर्ति की जा सकती है। इन चीजों का पूरा लेखा–जोखा हमें अपनी मुट्ठी पर मिलता है या कि जैसे–जैसे हम समाज और संस्कृत ,सभ्यता और भाईचारे मानवीय मूल्यों को एक नये धागे में समाहित करने का प्रयास करते हैं कहीं ना कहीं वह धागा टूट जाता है। मानवीयता के मूल्यों को उग आए थे। एक बनकर तैयार हो गए थे और मानवीय मूल्यों में दरार आ गई है और इसीलिए आज हमारी शक्ति हुई। आवाज निकलती है हर एक अपनी लेखनी को इतनी प्रकार बनाना चाहता है कि उसमें जो भी विचार भाव डाले जाए वे एक ऐसे भाव हो जो सामाजिक हित में और राष्ट्र हित में हो और जागरण की बात उसमें कहीं गई हो इससे यह स्पष्ट है कि समाज में रहने वाले लोग कहीं न कहीं इस विचारधारा से प्रभावित होंगे और एक परिकल्पना के लिए जागृत होंगे। बीसवीं शताब्दी के अंतिम में जो कविताओं का मानवीकरण हुआ है या कविताओं में मानव जीवन को समाहित करने का प्रयास किया गया है उन कविताओं में मानव के विचारों में को एक नयापन देने का काम किया। जिन मुद्दों को समाज से दूर रखा गया था। यह सामाजिक मुद्दा नहीं बनाया गया था। उन सामाजिक मुद्दों को एक लेखक देखता है और अपने लिखने से उसको पिरोने का सफल प्रयास करता है। जिसके कारण यह एक नई

परिकल्पना होती है और उसी परिकल्पना के साथ ही साथ हमें एक नई आशा और विश्वास के साथ दिशा भी मिलती है दलित आदिवासी स्त्री यह ऐसे विवश हैं। जिनको सदियों से दूर रखा गया था इनके बारे में कोई सोच ही नहीं सका था। दलितों की स्थिति कैसी होती है उनका रहन-सहन, रीति-रिवाजऔर जीवन में जो प्रभाव पड़ता है वह किसी से दूर नहीं है एक स्त्री जो बिस्तर से लेकर रसोई तक सीमित रखी गई थी। भोग विलासिता की वस्तु थी। उसको कहा जाता था। आज वह ऐसे मुकाम पर आकर खड़ी हो गई है कि वह अपने अधिकारों को जानने लगे तो लोग उसे अपनाते नहीं सदियों से जिस स्त्री को लोग पैरों की जूती समझते थे। अपनी भोग विलासिता की वस्तु समझते थे यूज एंड थ्रो मानते थे। आज वह ऐसी नहीं है वह अपनी जिज्ञासाओं को अपने भावनाओं को इतनी बखूबी से प्रकट करती है कि उसे एक नया आयाम मिलता है। उसे और वह जीवन में एक नई रोशनी की आशा के साथ समाज को दिशा देने का काम कर रही है। बीसवीं शताब्दी से जाते हुए। 21वीं शताब्दी में प्रवेश जिस विचारधारा के साथ किया गया है उसे यह स्पष्ट होता है कि उन विचारधाराओं को किस तरह से रूपायित किया जाए। उन विचारधाराओं को किस तरह से हर एक जन जन में पिरोया जाए उन विचारधाराओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाए। मानवीय आधारों मानवीय गुणों को एक धागे में पिरो कर आगे बढ़ते हैं तो सामाजिक मूल्यों में एक नयापन आएगा यदि शताब्दी और 21वीं शताब्दी दोनों को लेकर चलते हैं। कहीं न कहीं हमारे मन में दंडात्मक जीवन आता है। इसका कारण यह है कि जो पुरानी परंपरा है। वह परंपरा नैतिक मूल्य से जुडी हुई है। नैतिक मूल्य से लगी होने का मतलब यह है कि उसमें अपनापन अपने गांव शहर लोगों के प्रति सहानुभूति मिठास लगाव यह सब बरकरार दिखाई देता है। लेकिन जब हम 21वीं शताब्दी में जाते हैं तो मानवीय मूल्यों में कमी देखने को मिलता है करण यह होता है कि इस सदी में जो टेक्नोलोजी है। वह हमारे जीवन को चकाचौंध में रखना चाहती है हम टेलीविजन में अश्लीलता को देखते हैं और देखने के बाद अपने जीवन में उतारते हैं एक छोटा दस साल का लड़का जब टेलीविजन देखता है उस टेलीविजन पर दिखाया अधिकार देखता है। अपने पापा से कहां किपा बेटे एक मानवीय गुणों का विचार चलता था। वह अंतर्द्वंद्व में चलने लगता है कारण यह होता है कि पिता बेटे से बता नहीं पाते। पिता की एक लालसा होती है इसको बेटा ना जाने और बेटा जाने के लिए जिद करता है। भौतिक वादी विचार चलते रहते हैं।

आज 21 वीं सदी का समय चल रहा है उत्तर आधुनिकता इससे जीवन ज्यादा प्रभावित होता है। इन्हीं सबको ध्यान देकर अगर हम बात करें कि जो जन तंत्र की स्वतंत्रता जनतंत्र की स्वतंत्रता में आज भी कहीं ना कहीं रुकावट है और उसी रुकावट के कारण ही हमारे जीवन पर भी अनेक प्रभाव पड़ते हैं। उत्तर आधुनिक समय के इस दौर में हम बहुत आगे बढ़ चुके हैं और आगे बढ़ते ही जा रहे हैं। लेकिन कहीं ना कहीं हम किसी ना किसी चीज को अपने से दूर भी छोड़कर चले जा रहे हैं। इस जनतंत्र में जो आवाज होनी चाहिए वह बुलंद होनी चाहिए लेकिन यह आवाज जो बार-बार हमारे सामने आती है। हमसे अपनी आबरू को बिकते देखते हैं अपनी आवाज को बुलंद नहीं कर पाते हैं। जब एक दलित घोड़े पर सवार होकर बारात में जाना चाहता है। द्वारा उसे गोली मार दी जाती है उसे घोड़े से उतार दिया जाता है एक दलित की बेटी अच्छे कपड़े पहन कर अपने ससुराल जाती है। उसके कपड़े उतार दिए जाते हैं। उसको पहले राजा के यहाँ जाया जाता है और राजा पहले अपनी हवस पूरी करता है उसके बाद वह अपने पति के पास जाती है। जब लोकतंत्र से ऐसी आवाज आती है तो निश्चित रूप से हमारे मन में हमारे जीवन में एक पीड़ा उभर कर आती है और वह पीड़ा होती है शक करने की। जीवन एक ऐसा होता है जिसमें सभी प्रकार के चलते हैं और उन विचारों को हम कहीं ना कहीं अमिट करते हैं तो कहीं उन्हें आत्मसात करते हैं। जब हमारे मन के अंदर जो विचार होते हैं वह विचार जो हम सैकड़ों वर्षो से अपने मन में संजोकर रखे हैं उन विचारों को जब हम पूर्ण नहीं कर पाते हैं। उन विचारों को जब हम पूरा करने का लिए प्रयास करते हैं तो हमें गोली मार दी जाती है। हमारे जीवन में कई प्रकार के यातनाएं आती हैं। तो हम यह समझते हैं कि कहीं ना कहीं इनसे हमको दूर रहना चाहिए। उत्तर आधुनिकता जीवन कोस्वतंत्र किया हम स्वतंत्र हैं अपनी जीव का किसी तरह से चला सकते हैं खाने,रहने,सोने पहनने सभी की हमें स्वतंत्रता है लेकिन उसमें में भी हम जब देखते हैं कि हमें कहीं ना कहीं घुटन महसूस होता है तो निश्चित इससे हमें लगता है कि जो जनतंत्र की आवाज होनी चाहिए वह आवाज भी आज बड़ी जोरों शोरों से नहीं निकल रही है वह भी निकलती है तो आहट पाने के बाद निकलती है और उस आवाज में कहीं ना कहीं सिकन होती है। जब कोई अपनी आवाज को उठाना चाहता है तो उसे देशद्रोही बताया जाता है नक्सलवादी बताया जाता है आतंकवादी बताया जाता है और उसे फासी पर चढ़ाने का प्रयास किया जाता है दिल्ली की सड़कों पर दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्र उतरते हैं अपने अधिकारों को खत्म करने के लिए एवं अपने कर्तव्य को पालन करने के लिए उनके साथ बर्बरता पूर्वक शासन-प्रशासन आता है जिसके कारण उन पर लाठी बरसाई जाती है लेकिन उनकी आवाज नहीं है वह पहुंचती है और सत्ता के रूप में परिवर्तित हो जाती है जिसके कारण या एक मुहिम धीरे-धीरे ऐसा रूप ले लेता है कि उस मुहिम को छोटा नहीं किया जा सकता वह मुहिम आगे बढ़ता ही जाता है और एक ऐसे सामाजिक हिस्सों में संगठित होता है कि गांव से लेकर समाज से लेकर दिल्ली तक लोग एक हो जाते हैं और अपने अधिकार की चाहत में लग जाते हैं। फिर भी शासन-प्रशासन उनकी आवाज नहीं सुनता है कि आवाज बहुत तेजी से आती है और वह आवाज होती है कि मेरे अधिकार मुझे दे दो मेरे अधिकार मुझे लौटा दो हम उस भारत में जीना चाहते हैं। अपने स्वतंत्रता के अधिकारों के साथ अपने क्षमता के अधिकारों के साथ और इन्हीं आशाओं के साथ और शासन से गुहार लगाते हैं प्रशासन आवाजों को नहीं सुनना चाहता उनके विचारों को नहीं अपनाना चाहता क्योंकि वह दलित है आदिवासी है औरतें हैं। जिनको सदियों से गुलाम बनाकर रखा गया था और आज इस 21वीं शताब्दी में भी उन्हें रखने का सफल प्रयास किया जाता है। लेकिन वह इस प्रयास को इस मुहिम को ठुकराना चाहते हैं और एक स्वतंत्रता पूर्व जिंदगी जीना चाहते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. इस पौरुषपूर्ण समय में — कात्यायनी, प्रकाशक, परिकल्पना प्रकाशन , 2008, पृष्ठ 112
2. दस बरस: हिंदी कविताएं अयोध्या के बाद— पहली जिल्द, संपादक – असद जैदी,प्रकाशक, नई दिल्ली, सफदर हाशमी मेमोरियल ट्रस्ट , 2008, पृष्ठ 84
3. नगाड़े की तरह बजते शब्द, निर्मला पुतुल, भारतीय ज्ञानपीठ,18 इंस्टिट्यूशनल एरिया, लोदी रोड नई दिल्ली- 110003, पृष्ठ 29

****

अहिंसा : एक महाशक्ति

डॉ. सन्ध्या श्रीवास्तव*

प्रस्तावना – सत्य शोधक, आध्यात्मिक साधक, युग पुरुष गाँधी जी भारतीय आत्मा का पश्चिमी ढंग से नवीनीकरण न करके स्वराज्य, स्वदेशी, सत्याग्रह, सर्वोदय की सहायता से भारतीय आत्मा का फिर से आविष्कार करना चाहते थे। उनके अनुसार जगत का स्थायी परिवर्तन तभी सम्भव है, जब स्वयं मनुष्य का परिवर्तन किया जाय। 'हिन्द स्वराज' में उन्होंने आध्यात्मिक नैतिकता को मूल में रखकर सैनिक कमजोरी को सत्याग्रह के अस्त्र से पोषित और सुरक्षित अंहिसा की शक्ति में बदल दिया। आत्मा की शक्ति, प्रेम की शक्ति, अहिंसा की शक्ति–आत्म बल–सशक्त दिखने वाली अहिंसा से अधिक प्रचण्ड है, अविनाशी है। अहिंसा कमजोरों का नहीं बलवानों का अस्त्र है। अहिंसा सत्य है और सत्य ही अहिंसा है। अहिंसा सत्य और सत्याग्रह दोनों को अर्थ प्रदान करती है। अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है, परम सत्य है। इस प्रसंग में किशोर मशरूवाला कहते हैं –'अहिंसा कोई निष्क्रिय अभावात्मक मनोवृत्ति नहीं है वरन् वह प्रवाह के विरूद्ध चलने की एक क्रियात्मक प्रवृत्ति है।'

सत्य शोधक[1], आध्यात्मिक साधक, युग पुरुष, विनष्ट–प्राय अतीत के एकमात्र प्रतीक[2] गाँधी जी ने हिंसात्मक–क्रान्ति के पक्षधरों के विरोध में, लंदन से दक्षिणी अफ्रीका लौटते समय नवम्बर 1909 में गुजराती में, संवाद शैली में, बीज रूप में अपने समस्त उपदेशों को, बुनियादी विचारों को झलकाने वाली छोटी सी पुस्तिका 'हिन्द स्वराज' (जहाज पर) लिखी थी। वस्तुत: यह पाश्चात्य आधुनिक सभ्यता की समीक्षा है। (नेहरू के समान) भारतीय आत्मा का पश्चिमी ढंग से नवीनीकरण न करके, गाँधी जी स्वराज्य, स्वदेशी, अहिंसा, सत्याग्रह, सर्वोदय की सहायता से भारतीय आत्मा का फिर से आविष्कार करना चाहते थे। (वे जो बोलते थे, जीवन और आचरण में उसे व्यक्त भी करते थे इसीलिए वे अपने कार्यों और जीवन को सत्य के प्रयोग कहते थे। उनके अनुसार रत्ती भर का आचरण मनों के ज्ञान से बड़ा है।)

आज आधुनिकता की अंधी दौड़ में भौतिक और आर्थिक प्रतिस्पर्धा ने प्रकृति पर अधिकार जमाकर, पर्यावरण को चुनौती देकर हमारे अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। उनकी दूर दृष्टि ने इतने (सौ) वर्षों पूर्व हमारी स्थिति के प्रति सचेत कर दिया था। व्यवस्थायें तो यंत्र मात्र हैं, जगत् का स्थायी परिवर्तन तभी सम्भव है जब मनुष्य का आंतरिक परिवर्तन किया जाय, हृदय परिवर्तन किया जाये।

'हिन्द स्वराज' में उन्होंने आध्यात्मिक नैतिकता को मूल में रखकर सैनिक कमजोरी को सत्याग्रह के अस्त्र से पोषित और सुरक्षित अहिंसा की शक्ति में बदल दिया। सहनशीलता सक्रियता बन गई तो शक्तिहीन को शक्तिशाली बनाकर, पाश्चात्य आधुनिकता का विरोध कर, यथार्थ को पहचानने का मार्ग–दर्शन किया, द्वेष के बदले प्रेम, हिंसा के स्थान पर आत्मबलि और पशु बल के स्थान पर आत्म बल को प्रतिष्ठित किया।

हिन्दुस्तान धर्म के मूल से दूर जाकर, आधुनिक भौतिकवादी सुखप्रधान सभ्यता से बोझिल हो, शक्तिहीन हुआ, आलस्य की दैन्य दशा को प्राप्त हो, अन्दर से खोखला हो रहा था। वस्तुत: सभ्यता आचार की वह रीति है जिससे मनुष्य अपना कर्तव्य–पालन, नीति पालन करे। इसके विपरीत सब कुधार या असभ्यता है।[3]

हिन्द स्वराज में वे कहते हैं कि जब सभ्यता असभ्यता बन जाए तो राष्ट्र की अवनति अवश्यंभावी है। आधुनिक भौतिकवादी सभ्यता का मानव गुलाम बन गया है। शरीर को सुख कैसे मिले, इसी के साधन जुटाने में श्रमशील है। नशे के बल पर झूठी शक्ति और शारीरिक बल प्राप्त करने वाली सभ्यता असाध्य रोग नहीं है। (बुद्धिमान प्राणी को माया जाल में फंसे देखकर तरस आता है।) इसी सम्बन्ध में आइंस्टीन भी कहते हैं कि मैंने केवल सुख भोग को कभी जीवन का साध्य नहीं माना। जीवन के आधार के रूप में ऐसी कल्पना केवल सुअरों के झुंड के लिए ही उपयुक्त हो सकती है। जिन आदर्शों ने मुझे जीवन का सामना करने की शक्ति प्रदान की, वे सत्य, सौन्दर्य और शिवम् रहे हैं।

बापू के अनुसार (आधुनिक सभ्यता के दृढ़ विरोधी हैं) आधुनिक संस्कृति जो यांत्रिक सभ्यता के रूप में मूर्त हुई है, हिंसा पर आधारित है, वे जगत् के सांस्कृतिक आधार को बदलना चाहते हैं। हिन्दु–सभ्यता को वे श्रेष्ठ मानते हैं, जिसका मुकाबला अन्य कोई सभ्यता नहीं कर सकती। हमारे पूर्वजों ने जो बीज संस्कारित किए उनकी जड़ें मजबूत हैं। हम पर असभ्यता, आलस्य और अज्ञानी का आरोपण एक तरह से हमारा गुण प्रकट करता है कि हमारी सभ्यता में कोई हेर–फेर नहीं कराया जा सकता।

एक संस्कारवान् कुटुम्ब में जन्में गाँधी जी बाल्यकाल से ही सत्यनिष्ठ थे। वे परमेश्वर को ही सत्य कहते हैं क्योंकि वही (सत्) है और कुछ नहीं है। सत्य ही ईश्वर है[5] यदि सत्य पर चलना है तो यह बिना अहिंसा के सम्भव नहीं है। शास्त्रों ने हमें दो बहुमूल्य वचन दिए हैं – 'अहिंसा परमोधर्मः' और 'सत्यान्नास्ति परोधर्मः' सत्य के समान कोई धर्म नहीं। अहिंसा सत्य का प्राण है, इस ज्योति द्वारा ही मुझे सत्य का दर्शन होता है। अहिंसा साध्य नहीं, साध्य सत्य है लेकिन सत्य का दर्शन केवल अहिंसा का पालन करते हुए कर सकते हैं।[6]

वे कहते हैं, 'मैं तो ईश्वर का प्रत्यक्ष दर्शन करना चाहता हूँ ....'

ईश्वर को पहचानने का मेरे पास एक ही अचूक साधन अहिंसा है।[7] मनुष्य की पूर्णता विराट से तादाम्य की सिद्धि में है, जब वह विश्व के कण–कण में किसी एक ही वास्तविक सत्ता के प्रतिबिम्ब का दर्शन करने लगता है

* एसोसिएट प्रोफेसर (दर्शन शास्त्र) आर्य कन्या डिग्री कालेज, इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

। वे व्यवहार और परमार्थ में अद्धैत को स्वीकार करते हैं। यथार्थ में द्धैत है और आदर्श में अद्धैत, तो सत्य में विरोध हो जायेगा।

सब में वही ईश्वर है किन्तु मात्रा भेद से। जब सब एक ही के अंश हैं तो द्धेष कैसा? हिंसा कैसी? (विकृति से प्रकृति और प्रकृति से संस्कृति का विकास-अविकसित प्राणियों, हिंसक एवं स्वार्थ लिप्त प्राणियों के प्रति सहज उदारता, करुणा एवं दया ही अहिंसा है) जिस प्रकार पशुओं के लिए शक्ति का विधान है, मानव की प्रतिष्ठा के लिए जरूरी है कि वह किसी ऊँचे विधान आत्मा की शक्ति में अपने को समर्पित कर दें।

गाँधी जी मुख्यत: आध्यात्मिक थे। उनका बड़प्पन उनकी बहादुरी के संग्रामों की अपेक्षा उनके पवित्र जीवन तथा आत्म-शक्ति के प्रदर्शन में अधिक है (विशेषत: उस युग में जबकि उनका मूल्य घट रहा था।[8]) उन्होंने देखा राजाओं और उनकी तलवारों से नीति धर्म अधिक बलवान् है। अच्छा फल प्राप्त करने के लिए अच्छे साधन भी होने चाहिए। साधन बीज है तो साध्य वृक्ष। यह कहना कि मुझे तो भगवान को भजना है, साधन भले ही शैतान का हो, उचित नहीं है। अधिकांश अवस्थाओं में दया और प्रेम का बल शस्त्रबल से अधिक शक्तिशाली होता है। हथियार उठाने में तो हानि होती है पर दया करने में कभी हानि नहीं होती।[9]

आत्मा की शक्ति, प्रेम और दया की शक्ति अहिंसा की शक्ति, सशक्त दिखने वाली हिंसा से अधिक प्रचण्ड, अविनाशी है। मानव की मूल प्रकृति अहिंसा व्यापक है। किसी को न मारना ही नहीं, कुविचार, उतावली, मिथ्या-भाषण, द्धेष, किसी का बुरा चाहना, तिरस्कार करना, जगत् के लिए जो कुछ भी आवश्यक है, उस पर अधिकार जमाना, यंत्र पर आश्रित होकर श्रम की प्रतिष्ठा न करना भी हिंसा है। अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रहमचर्य, अपरिग्रह, शरीरश्रम, अस्वाद, अभय, सर्व धर्म समभाव, स्वदेशी, अस्पृश्यता-निवारण - इन एकादश व्रतों का प्राण अहिंसा ही है, ये सब अहिंसा के ही विविध रूप हैं।

गाँधी जी गीता को अपनी माता कहते थे। गीता में श्रीकृष्ण ने अहिंसा, सत्य, अक्रोध, त्याग, शांति, किसी की निन्दा न करना, प्राणि मात्र के प्रति दया, अलोलुपता लज्जा, स्थिरता, तेजस्विता, क्षमा, धैर्य, बाह्यम्यंतर शुद्धि, अद्रोह, अनावश्यक दंभ का अभाव आदि को दैवी प्रवृत्तियाँ बताया है।[10]

ईसा ने भी कहा था अपने शत्रुओं से भी प्रेम करो, यदि कोई तुम्हारे गाल पर एक थप्पड़ मारे तो दूसरा गाल भी उसके सामने कर दो। अहिंसा सर्वव्यापी प्रेम है।[11] (दया से बढ़कर कोई धर्म नहीं है और अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है, इन दोनों वाक्यों में धर्म शब्द का एक ही अर्थ है अर्थात् दया और अहिंसा पर्यायवाची है।)

प्राचीन ऋषियों ने अहिंसा को व्यक्तिगत मोक्ष का साधन माना था। गाँधी जी ने बड़े पैमाने पर इसका प्रयोग करते हुए इसे व्यक्तिगत नहीं सामाजिक माना। मानव केवल व्यक्ति नहीं, वह पिण्ड भी है ब्रहमाण्ड भी। ....मेरा यह दावा है कि सारा समाज अहिंसा का आचरण कर सकता है।[12] जगत् की समस्या को यदि हल करना है तो उसकी इच्छा और क्रिया को वह दिशा प्रदान करनी होगी जहाँ प्रेम और विधान एक हों।

अहिंसा कोई स्थूलवस्तु नहीं (जो आज हमारे सामने है) यह अनुभव निरपेक्ष न होकर अनुभव सापेक्ष है, इसका सम्बन्ध वस्तु जगत् से है। विभिन्न परिस्थितियों में उन्होंने इसका विभिन्न अर्थ लगाया। यह कोई अहैतुक आदेश नहीं है जिसे बिना परिस्थितियों पर विचार किए स्वीकार कर लिया जाय। व्यावहारिक व्यक्तियों के लिए यह सहैतुक आदेश है। यही कारण है कि कई अवसरों पर उन्होंने हिंसा की स्तुति की थी।

अहिंसा राम बाण है, ब्रहमास्त्र है, अचूक है वह नाकाम नहीं जाती। हिंसा आत्मघातक है वह बिना अहिंसा के नहीं रह सकती। गुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा है, 'यह कहना कि कुछ वर्गो के अधिकार और प्रभाव आरम्भ में हिंसा से प्राप्त किए गए थे और अब भी हिंसा से सुरक्षित किए जा रहे हैं इसलिए वे हिंसा से ही नष्ट किए जा सकते हैं' - एक अनन्त कुचक्र पैदा करता है, अनवस्था दोष पैदा करता है। गाँधी जी चाहते थे इस दूषित चक्र को भंग करने का प्रथम सौभाग्य भारत को मिले।[13]

किशोर लाल मशरूवाला कहते हैं, 'अहिंसा कोई निष्क्रिय अभावात्मक मनोवृत्ति नहीं है, वरन् वह प्रवाह के विरूद्ध चलने की एक क्रियात्मक और भावना प्रधान प्रवृत्ति है।'[14] पूर्ण अहिंसक के सान्निध्य में हिंसा टिक नहीं सकती, यदि हमारे सहयोगियों में हिंसा है तो वह हमारे अंदर पड़ी हिंसा के कारण हैं।[15]

हिन्द स्वराज में वे कहते हैं, 'सभी हिन्दुओं से हथियार बंधवाने का अर्थ ....जो दशा योरोप की है वही हिन्दुस्तान की भी होगी ....हत्याएँ करके हिन्दुस्तान को आजाद करने की बात ....खून तो हमें अपना करना चाहिए। हम नामर्द हो गए हैं ....खून खराबी से प्राप्त स्वराज्य राष्ट्र को सुखी नहीं कर सकता।[16]

यदि हिन्दुस्तान जगत् को अहिंसा का उपदेश न दे सका तो यह तबाही जो आज या कल आने वाली है और कल के बदले आज इसके आने की सम्भावना अधिक है। जगत् युद्ध के शाप से बचना चाहता है परन्तु कैसे बचे? इसका उसे पता नहीं चलता। यह चाबी हिन्दुस्तान के हाथ में है।[17]

मेरा तो धर्म है प्रत्येक दशा में अहिंसा का व्यवहार करना। मेरा तरीका बलात् कोई काम कराना नहीं है यह परिवर्तन कराना है यह स्वयं कष्ट सहना है न कि अत्याचारी को दु:ख देना। मैं जानता हूँ यह शस्त्र अमोघ है - विफल नहीं जाता। सम्पूर्ण देश इसे अपना ध्येय बनाये बिना, इसका रहस्य समझे बिना भी इसे काम में ला सकता है।[18] कार्य सिद्ध हो या न हो हमें अहिंसक ही रहना है अहिंसा का फल शुभ है।[19]

अपने दोषों को स्वीकृति में, पिता द्धारा प्रदर्शित प्रेम में अहिंसा का पाठ वह पहले ही पढ़ चुके थे। दक्षिणी अफ्रीका में प्रथम श्रेणी के डिब्बे से उतार दिए जाने के कारण रंग द्धेष फैलाने वाले कानून का अहिंसात्मक ढंग से विरोध करते हुए सत्याग्रह को जन्म दिया (सक्रिय अहिंसा का आरम्भ यहीं से हुआ)। (हर प्रकार के अन्याय और अत्याचार से लड़ने का अस्त्र था यह।) सत्य के प्रति आग्रह में, सत्य पर डटे रहना। सत्य आत्म से सम्बन्धित है अत: आत्म बल भी कहा जाता है। सत्याग्रह में अहिंसा की प्रधानता है यह आत्म शुद्धि की लड़ाई है। 'होना चाहिए' का भाव है।

हिन्द स्वराज में गाँधी जी कहते हैं कि आत्म बल की सफलता का सबसे बड़ा ऐतिहासिक प्रमाण तो यही है कि इतने युद्ध हंगामों के होते हुए भी दुनिया अब तक कायम है, इस बात से सिद्ध है कि युद्ध बल के बजाए कोई और बल उसका आधार है। (अंग्रेजी में) कहावत है कि तलवार पकड़ने वाले की मौत तलवार से ही होती है।[20]

(सत्याग्रह मानव जीवन का शाश्वत धर्म है और वह हिंसा का, जो पशु धर्म है स्थान लेने वाला है।[21]) सत्याग्रह का व्यावहारिक रूप है, असहयोग और सविनय अवज्ञा। जिसके विरूद्ध सत्याग्रह करते हैं, अनैतिक कार्यों में उसका सहयोग न करना, असहयोग है। इसके मूल में बदलने की भावना नहीं है - यह सामाजिक बहिष्कार, धरना आदि कई रूप ले सकता है। 'अहिंसात्मक असहयोग, स्वतंत्र लोकमत तैयार करने और उसे कार्य रूप में परिणत करने का उपाय है।[22]

सविनय अवज्ञा[23] का अर्थ है, अनैतिक कार्यों का उल्लंघन करना, इसमें घृणा और शत्रुता नहीं होनी चाहिए। (केवल सविनय अवज्ञा ही सच्ची एवं वीरतापूर्ण आज्ञाकारिता को प्रेरित कर सकती है।) गाँधी जी के आन्दोलन को निष्क्रिय प्रतिरोध के रूप में समझना उचित नहीं है। उनके मन में निष्क्रियता के लिए जितनी घृणा थी, संसार के किसी दूसरे व्यक्ति में नहीं होगी। हिन्द स्वराज में वे कहते हैं यदि मैं सरकार पर हमला करके उसका बनाया कानून रद्द करने को मजबूर करूँ और उसे न मानने की जो सजा मिले उसे खुशी से भुगत लूँ तो मैंने सत्याग्रह किया, आत्म-बल से काम लिया। सत्याग्रह में अपनी बलि देनी होती है। आत्म-बलि पर-बलि से श्रेष्ठ है जो कानून अन्याय-कर है उसे मानना नामर्दी है, यह समझ लेना ही स्वराज्य की कुंजी है।[24]

सत्याग्रह का अर्थ है 'शठे प्रत्यपि सत्यम्' - हिंसा के सामने अहिंसा क्रोध के सामने अक्रोध, अप्रेम के सामने प्रेम।[25] (अहिंसा कमजोरों का नहीं बलवानों का अस्त्र है।) सत्याग्रह की राह पर चलना, तलवार की धार पर चलना है। सत्याग्रही को जिस हिम्मत और मर्दानगी की जरूरत होती है, वह तोप बन्दूक का बल रखने वालों के पास हो ही नहीं सकती। सत्याग्रह सत्य का बल है, जो सत्य का पालन नहीं करता, वह सत्य के बल को कैसे प्राप्त करेगा ....चाहे मुझे कितना ही नुकसान हो जाये, सत्य को छोड़ा नहीं जा सकता। सत्य किसी को सताना नहीं है। सत्याग्रही के पास छिपाने योग्य कुछ नहीं है इसलिए सत्याग्रही को गुप्त सेना की आवश्यकता नहीं हो सकती।[24] (हम पूर्ण सत्य को नहीं जानते इसलिए सत्य को जानने का आग्रह करते हैं।) अहिंसा सत्य और सत्याग्रह दोनों को अर्थ प्रदान करती है।

(सत्याग्रह के मूल में सत्ता का त्याग है। सत्ता का अर्थ है, हिंसा)। सत्याग्रह की जड़ मनुष्य स्वभाव पर विश्वास रखने में है, दुष्ट से दुष्ट आदमी को पिघला सकने की श्रद्धा में है।[25] सत्याग्रह मन की अवस्था है, जिसे प्राप्त हो चुकी है वह सब अवस्थाओं में विजयी है चाहे उसका प्रतिपक्षी राजा, प्रजा, परिचित, अपरिचित, पराया या अपना कोई हो। थोरो, मार्टिन लूथर, गैलीलियो, कोलम्बस आदि सभी ने सत्याग्रह करके अपने महान् कार्य किए।[26] (खेल तो बहुत हैं, किसी में हम जीतते हैं, किसी में हारते हैं लेकिन एक खेल ऐसा है जिसमें हमेशा जीत होती है, वह है सत्याग्रह का खेल।[27]) वड्सर्वर्थ ने जो सच्चे योद्धा का रूप बताया है उसके अनुसार सत्याग्रही के सामने एक ही लक्ष्य है कि वह अपने कर्तव्य का पालन करता रहे चाहे इसकी कुछ भी कीमत चुकानी पड़े।[28]

अकेला मनुष्य, देह से दुबला-पतला मनुष्य भी सत्याग्रही हो सकता है। इसके लिए फौज खड़ी करने की जरूरत नहीं है। अभय सहज रूप से सत्यधर्मी होता है जिसका किसी से वैर नहीं उसे तलवार की जरूरत नहीं है। सत्याग्रह ऐसी तलवार है जिसके सभी ओर धार है। उससे काम लेने वाला और जिस पर वह काम लाई जाए दोनों सुखी होते हैं, वह खून नहीं बहाती, पर उसका वार गहरा होता है।[29] (अभय के बिना सत्याग्रही की गाड़ी एक कदम भी आगे नहीं जा सकती। धन-सम्पत्ति, झूठा मान, सगे सम्बन्धियों, राज-दरबार, शारीरिक आघात और मरण सभी विषयों में अभय हो तभी सत्याग्रह का पालन हो सकता है। सत्याग्रही को ब्रहमचर्य का पालन करते हुए, पैसे का लोभ छोड़कर, संतान की कामना से रहित होना चाहिए। सत्याग्रह की भावना को अच्छी तरह से समझ लेने पर ईश्वर के सिवा किसी और से डरने की बात नहीं रह जाती।[30])

वे खादी को मुक्ति दाता और चरखे को स्वराज का हथियार मानते हैं चरखा शरीर श्रम, प्रगति और आध्यात्मिक अनुभव का प्रतीक है। कुमारप्पा का कथन ठीक है कि गाँधी के लिए यह आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कामनाओं को पूर्ण करने वाला है।[31]

हिन्द स्वराज में गाँधी जी लिखते हैं - माँगा नहीं मिलता, जो लेना है उसे लेना होगा। स्वराज्य हर व्यक्ति को अपने लिए खुद प्राप्त कराना है। कोई भी राष्ट्र बिना कष्ट सहे ऊपर नहीं उठ सकता। दूसरे करेंगें तो हम भी करेंगें, यह कहना न करने का बहाना है। विवश होकर करना और कष्ट सहना बेकार है। सच्चा स्वराज्य अपने मन पर राज्य है।[32]

सन् 1921 में गाँधी जी ने हिन्द स्वराज के बारे में लिखा था, ...आज मेरा लक्ष्य वह स्वराज्य नहीं है जिसका स्वरूप इस पुस्तक में बताया गया है। मैं जानता हूँ भारतवर्ष अभी इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं है..........मैं खुद तो उसी स्वराज्य के लिए प्रयत्न कर रहा हूँ पर हमारे सामुदायिक प्रयास का लक्ष्य पार्लमेंटरी स्वराज्य पाना है।[33] यह प्रयोग कठिन है पर असम्भव नहीं। 1921 में यह अशक्य समझ कर छोड़ दिया गया था, 1930 में यह प्रयत्न साध्य हो गया। आत्मशुद्धि, सत्य के लिए दु:ख उठाना, सत्य को पवित्र बनाता है। पश्चिमी विचारक यह भूल जाते हैं कि अहिंसा की शर्त प्रेम है, तन-मन की ऐसी शुद्धि के बिना जिसमें मल का लेश न हो, शुद्ध नि:स्वार्थ प्रेम नहीं हो सकता। इस शब्द का अर्थ और भाव सारी दुनिया के लिए एक हो जाए। इसके लिए लम्बे समय तक अहिंसा पर अमल करना जरूरी है। आज गाँधी जी का सत्य के प्रति आग्रह सिर्फ इतिहास की वस्तु रह गया है उनके एकादश व्रत अपना अर्थ खो बैठे हैं। लोकतंत्र की रक्षा के लिए सचेत होना जरूरी है।

यदि मानव समाज की प्रतिष्ठा अहिंसा के आधार पर करनी है तो विकेन्द्रीकरण के सिवा अन्य कोई उपाय नहीं है। (केन्द्रीकरण और लोकतंत्र एक दूसरे के विरूद्ध हैं।) केन्द्रीकरण से हिंसा और सर्वाधिकारवाद को प्रोत्साहन मिलता है।

पूर्ण हिंसा और पूर्ण अहिंसा दोनों अमूर्त है (मध्यम मार्ग उचित है।) हिंसा और अहिंसा का निर्णय बाहय प्रयत्नों में निहित भावनाओं से निर्धारित होता है। खुद अपने लिए वे कहते हैं - मेरे अन्दर अभी क्रोध है, मुझमें द्वैतभावना है.........सार्वभौम सिद्धान्त के लिए मुझे वासनाओं से पूर्ण मुक्त रहना चाहिए। अप्राप्यता भी आदर्श का सूचक है।

गाँधी जी कहते हैं, 'मैं हिन्दुस्तान को बड़े अभिमान से अपनी जन्मभूमि कहता हूँ, पर मेरा अभिमान पता नहीं कहाँ चला जायेगा। यदि हिन्दुस्तान हिंसा मार्ग को स्वीकार कर लेता है। हिन्दुस्तान का अर्थ है, सदियों से अहिंसा का उच्च घोष और उपदेश करने वाला देश इसलिए अहिंसा के बिना उद्धार की कल्पना मुझे हो ही नहीं सकती।'[34]

गाँधी समानता का राज्य चाहते थे वे कहते हैं,'मैं ईश्वर से प्रार्थना करूँगा कि भारत की दुर्दशा इंग्लैंड जैसी न हो (प्रजा प्रजा के बीच भेद न हो) अद्धैत वाद को उनकी यह महान देन थी।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. यंग इंडिया 6/8/25, यंइं, हि.न.जी. 6/10/27
2. 'आत्म कथा' पृ-5, डा0 राधाकृष्णन्
3. हिन्द स्वराज, पृ-53
4. कमलापति शास्त्री, बापू और मानवता, पृ-224
5. आत्मकथा पृ-622
6. हरिजन सेवक 26.6.46

7. हिन्दी नव जीवन 6.4.24
8. महात्मा गाँधी, सं. राधाकृष्णन् पृ- 13
9. गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है – दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान तुलसी दया न छोड़िये, जब तक घट में प्रान
10. अहिंसा सत्यम क्रोधस्त्याग: शांतिरपैशुनम्
दयामू तेष्वलोलुप्त्वं मार्दवम् हरिचापलम्।
तेजः क्षमाधृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता।
भवन्ति सम्पदम् दैवीमाभिजातस्य भारत ।। 'गीता'
11. धर्म-नीति, पृष्ठ 23, ।। 1न धर्मो दया परः, ।।
।। 2अहिंसा परमो धर्मः तथा हिंसापरन्तपः
अहिंसा परमं सत्यं यतो धर्मः प्रवर्तते।
पंचतंत्र 1/409
12. वर्धा 22/6/90
13. विश्व भारती, क्वाटर्ली पृ. 13
14. गाँधी, समाजवाद, पृष्ठ-1
15. हिन्दी स्वराज, पृ. 62
16. अहिंसा प्रतिष्ठायां तत्सनिधौवैरत्याग: – पातंजल योग दर्शनः साधनपाद, 35।
17. सेवा ग्राम 25/6/40
पृ. सं. 29/6/40
18. इंडिपेंडेंस बनाम स्वाराज लेख से – यंइं. 12/1/1928
19. घनश्यामदास बिड़ला को लिखे गये पत्र से 20/6/24
20. हिन्द स्वराज पृ. 70
21. यंग इण्डिया, हिन्दी नवजीवन 3/12/1931
22. यं. इं. 24/11/1921
23. भगवत्गीता को मैं पहले से जानता था............लेकिन शान्तिपूर्ण प्रतिरोध की नीति का मूल्य कितना हो सकता है यह मैं 'न्यू टैस्टामेंट' पढ़ने के बाद जान सका। यह धारणा और भी सुदृढ़ हो गई जब मैंने फिर गीता पढ़ी। टालस्टॉय की पुस्तक 'ईश्वर का राज्य तुम्हारे भीतर है' पढ़ने के बाद धारणा दृढ़ हो गई।
.................महात्मा गाँधी
रोम्यां रोला : म.गा, जीवन और दर्शन पृ. 23
24. हि. स्व. अध्याय 17
25. म.मा.डा0 खख झ/8/6/9/1932 महादेव भाई की डायरी, नव जीवन प्रकाशन।
26. इण्डियन ओपीनियन 1916
27. अंग्रेजी, स्टार 415/1911
28. ई.ओ. 18/6/10
29. हि. स्व. पृ. 74
30. अंग्रेजी इण्डियन ओपीनियन
31. हि. स्व. पृ. 94
32. विश्वभारती, क्वार्टली, शान्ति निकेतन पृ. 35
33. भूमिका, हि.स्व. महादेव देसाई
34. नवम्बर 1924 के कलकत्ता प्रवास में एवं अंग्रेज से बात करते हुए नव जीवन हि.न. जी. 23/11/24
24[2] हि. स्व. पृ. 76
25[1] बापू के पत्र : कु. प्रेमा बहन कंटक के नाम पृ. 56, न.जी. पृ. अं. 1961 (जनवरी) अन्य सहायक ग्रंथ -अहिंसा और सत्य (गाँधी जी) प्रधान सम्पादक डी रामनाथ सुमन सत्याग्रह प्र. सं. श्री राम नाथ सुमन गाँधी का दर्शन : प्रो. संगम लाल पाण्डे

****

राजस्थान में प्राथमिक विद्यालयी विद्यार्थियों की स्वच्छता आदत एवं सामाजिक आर्थिक स्तर में सहसम्बन्ध का अध्ययन

डॉ. डी.पी. सिंह* डॉ. शालिनी बिस्सू**

प्रस्तावना – व्यक्तिगत स्वास्थ्य और स्वच्छता मोटे तौर पर पेयजल की उपलब्धता तथा समुचित स्वच्छता पर निर्भर करती है। अत: जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य के बीच सीधा सम्बन्ध है। विकासशील देशों में अशुद्ध पेयजल का सेवन, मल-मूल का काम चलाऊ ढंग से निपटान, पर्यावरण की अपर्याप्त स्वच्छता तथा व्यक्तिगत और खाद्य स्वच्छता का अभाव कई रोगों के प्रमुख कारण है। इसमें भारत भी कोई अपवाद नहीं है। स्वच्छता की स्थिति ठीक न होने से मृत्यु दर अधिक है। इसी संदर्भ में 1986 में केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम बुनियादी तौर पर चलाया गया था, जिसका प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण जनता के जीवन स्तर को सुधारना तथा महिलाओं को गोपनीयता और आदर प्रदान करना था।

पहले स्वच्छता से आशय तालाबों, गढ्डों, पोखरों, संडासों और टोकरियों में मल-मूल को विसर्जित कर देने का ही लिया जाता था। आज यह एक व्यापक अवधारणा बन चुकी है, जिसमें तरल और ठोस अपशिष्ट का निपटान निकास, खाद्य सम्बन्धी साफ-सफाई, व्यक्तिगत और अपने घर-बार सहित आसपास के वातावरण की सफाई शामिल है। समुचित स्वच्छता न केवल सेहत के मामले में जरूरी है बल्कि हमारे व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में भी इसका महत्वपूर्ण स्थान है। स्वच्छता अच्छे जीवन स्तर और मानव विकास के आधारों में से एक है। ठीक ढंग से स्वच्छता रखने से जल और मिट्टी आदि का प्रदूषण नही फैलता तथा इनसे रोगों की रोकथाम होती है। इस प्रकार स्वच्छता की अभिकल्पना का साफ-सफाई, घर की साफ-सफाई, साफ पेयजल, कूड़े-करकट का निपटान, मल-मूत्र और गंदे पानी के निकास को शामिल करने के लिए विस्तार किया गया।

1996-97 में भारतीय जन संचार संस्थान के तत्वावधान में ग्रामीण जल आपूर्ति ओर स्वच्छता क्षेत्र में जानकारी, प्रवृति तथा आचरणके मामले में एक व्यापक आधारभूत सर्वेक्षण आयोजित किया गया था जिसमे पता चला कि 55 %लोगो ने स्व-प्रेरणा से निजी शौचालय बना रखे है। केवल 2 % लोगो ने कहा कि ऐसा करने में सब्सिडी एक प्रमुख प्रेरणा स्त्रोत था जबकि 54 % ने कह कि सुविधा और गोपनीयता के कारण उन्होंने स्वच्छ शौचालय बनाए। अध्ययन से यह भी पता चला कि 51 %लोग स्वच्छ शौचालय बनवाने के लिए 1000/- रूपये तक की राशि खर्च करने के लिए तैयार थे।

उक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर, केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम में सुधर किया गया था। नए स्वरूप में इस कार्यक्रम को मांग संचालित दृष्टिकोण के रूप में बनाया गया। 'सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान' नामक कार्यक्रम में संशोधित दृष्टिकोण के अन्तर्गत सूचना, शिक्षा एवं संचार, मानव संसाधन विकास, स्वच्छता सुविधाओं के लिए मांग सृजन और ग्रामीण लोगों के बीच जन-जागरूकता की क्षमता विकास गतिविधियां करने पर अधिक बल दिया गया है। इससे लोगों को अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार वैकल्पिक प्रेषण-प्रणालियों के माध्यम से उपयुक्त विकल्पों को चुनने में क्षमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में समुदाय प्रधान और जनकेन्द्रित गतिविधियों पर अधिक ध्यान दिया गया है। नए विचारों और संकल्पनाओं को समझाने ओर उन्हें जनप्रिय बनाने में बच्चे प्रमुख भूमिका निभाते है।ग्रामीण क्षेत्रों में शुष्क शौचालयों को फलश वाले शौचालयों में बदलना और जहां कहीं हो, मनुष्य द्वारा मैला ढोने की प्रथा समाप्त करना। अत: इस कार्यक्रम का आशय उनके अपने मकानों और स्कूलों में सफाई की अच्छी आदतों के अत्यधिक आकर्षक समर्थन के रूप में उनकी क्षमता का उपयोग करने से है। इसका उद्देश्य देश के ग्रामीण इलाकों के सभी स्कूलों/आंगनबाड़ियों में बालकों और बालिकाओं के लिए अलग-अलग मूत्रालय/शौचालय उपलब्ध कराना भी है।

सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के उद्देश्य :

1. ग्रामीण जनता का जीवन स्तर सुधारना।
2. ग्रामवासियों को स्वच्छता के फायदे व अस्वच्छ रहने से होने वाले नुकसान के बारे में बताना, जिससे वे स्वच्छ आदतों को अपने दैनिक जीवन का एक हिस्सा बना सकें।
3. जागरूकता और स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से स्वच्छतागत सुविधाओं के लिए मांग पैदा करना।

समस्या का कथन – देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान, जिसका क्षेत्रफल देश का 10.4 %है, में देश की 5.50 %आबादी निवास करती है, परन्तु जल की उपलब्धता केवल 1% है। जो जीवन है तथा स्वच्छता जीवन जीने का तरीका। स्वस्थ एवं स्वच्छ जीवन जीने के लिए आधारभूत स्वच्छता सुविधाओं का होना आवश्यक है। विकासशील देशों में लगभग 100 करोड़ बच्चे स्वच्छता सुविधाओं के अभाव से सक्रंमण कुपोषण व मंद मानसिक व शारीरिक विकास से ग्रस्त है, जिनका सीधा प्रभाव उनकी शैक्षिक उपलब्धि व सामाजिक-आर्थिक स्तर पर पड़ता है।

शोध औचित्य

(अ) छात्र वर्ग के लिए – इस अध्ययन के माध्यम से प्राथमिक विद्यालीय विद्यार्थियों के लिए उन तथ्यों का अध्ययन किया जाएगा, जिनसे विद्यार्थियों में व्यक्तिगत तथा सामुदायिक स्वच्छता की आदत व भावना का विकास किया जा सके। इसके अतिरिक्त अध्ययन का उद्देश्य उन तथ्यों की पहचान

* एसोसिएट प्रोफेसर (रीडर) ग्रामोत्थान विद्यापीठ शिक्षा महाविद्यालय, संगारिया, हनुमानगंढ (राज.) भारत
** अध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लधुवाला (राज.) भारत

करना है, जो बच्चों में अच्छी स्वच्छता सम्बधिंत आदतों के निर्माण को बाधित कर रहे हैं ताकि उन्हें दूर किया जा सके। जीवन का उच्च स्तर व अधिक खुशहाल बनाने के क्रम में पूर्ण रूप से आवश्यक है कि बच्चों में प्रारम्भ से ही अच्छी स्वच्छता सम्बंधित आदतों का बीजारोपण किया जाए।

(ब) अध्यापक वर्ग के लिए – इस अध्ययन में अध्यापक वर्ग को बालकों व स्वयं में भी स्वचछता सम्बंधी आदतों के निर्माण की उपयोगिता व आवश्यकता की जानकारी हो सकेगी और स्वच्छता कार्यक्रम के प्रति अध्यापको का दृष्टिकोण व्यापक हो सकेगा। विद्यार्थियों में प्रारम्भ से ही अच्छी आदतों के निर्माण से संकीर्ण विचारधारा का अन्त हो सकेगा और अध्यापकों को यह ज्ञात होगा कि औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ अच्छी स्वच्छता सम्बंधी आदतें भी व्यक्तित्व निर्माण का एक हिस्सा है।

शोध उद्देश्य :

1. अध्ययन क्षेत्र में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की स्वच्छता सम्बन्धी आदतों का अध्ययन करना।
2. प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययन विद्यार्थियों के सामाजिक-आर्थिक स्तर का स्वच्छता आदत से सहसम्बन्ध ज्ञात करना।
3. प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वच्छता स्तर का उपलब्धि स्तर से सहसम्बन्ध ज्ञात करना।
4. ग्रामीण व शहरी प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वच्छता स्तर का उपलब्धि स्तर से सहसम्बन्ध ज्ञात करना।

परिकल्पना :

1. प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सामान्य स्वच्छता जागरूकता स्तर में कोई सार्थक अन्तर नही है।
2. प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालक व वालिकाओं की स्वच्छता सम्बन्धी आदतों मे ग्रामीण एवं शहरी आधार पर कोई सार्थक अन्तर नहीं है।
3. प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनत विद्यार्थियों के सामाजिक व आर्थिक स्तर तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी आदतों में सकारात्मक सहसम्बन्ध है।

शोध विधि – प्रस्तुत शोध कार्य में शोध उद्देश्यों की प्रकृति के अनुरूप सर्वेक्षण विधि द्वारा पूरा किया है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालयी विद्यार्थियों के स्वच्छता आदत, सामाजिक आर्थिक स्तर, पारिवारिक वातावरण, शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन करने के लिए सर्वेक्षण विधि का उपयोग किया गया है।

शोध उपकरण – शोधकर्त्री ने शोधकार्य की विशिष्टता एवं नवीनता को ध्यान में रखते हुए स्वनिर्मित एवं मानकीकृत उपकरण प्रयुक्त किए है। जो इस प्रकार है-

1. सामाजिक-आर्थिक स्तर मापनी (मानकीकृत) – (विद्यार्थी वर्ग के लिए) यह मापनी डॉ. बीना शाह द्वारा निर्मित है, (शिक्षा संकाय गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर, गढ़वाल)।

2. स्वच्छता मापनी विद्यार्थियों के लिए (स्वनिर्मित) – न्यादर्श से दत्त संग्रहित करने के लिए स्वच्छता मापनी को प्रयुक्त किया गया है। इस मापनी को प्राथमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियो द्वारा भरवाया गया है। इस मापनी में छात्र-छात्राओं की स्वच्छता सम्बंधी आदत, सुविधाएं, स्वास्थ्य, पास-पडौस, विद्यालय व खेल मैदान तथा परिवार में स्वच्छता सम्बंधी आदतो आदि मुख्य बिन्दुओं के आधार पर प्रश्नावली का निर्माण किया गया है।

3. स्वच्छता मापनी अभिभवकों के लिए (स्वनिर्मित) – इस मापनी में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का निर्माण किया गया है। यह मापनी विद्यार्थियों के स्वच्छता सम्बंधी आदतों के बारे में अध्ययन करने के लिए उनके माता-पिता, अभिभावकों से भरवाई गई है।

शोध परिसीमन – शोध कार्य को अधिक वैध और विश्वसनीय बनाने के लिए क्षेत्र तथा न्यादर्श सम्बंधी परिसीमतन इस प्रकार किया गया है-

(अ) क्षेत्र सम्बंधी :

1. शोध अध्ययन हेतु राजस्थान के बीकानेर सम्भाग के दो जिले- हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर के विद्यालयों को लिया गया है।
2. अध्ययन हेतु उन्हीं विद्यालयों का चयन किया गया है। जहा से प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के बारे मे दत्त संग्रहित किया जाना सम्भव हो पाया है।
3. शोध अध्ययन हेतु बीकानेर सम्भाग के दो जिले- हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को लिया गया है जिनसे विद्यालयी विद्यार्थियों के बारे मे दत्त संग्रहित किया जाना सम्भव था।

(ब) न्यादर्श सम्बंधी :

1. प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु न्यादर्श का चुनाव 'यादृच्छिक प्रतिचयन विधि' द्धारा किया गया है।
2. न्यादर्श का चुनाव बीकानेर संभाग के दो जिलों- हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्तर के विद्यालयाों से किया गया है।
3. न्यादर्श का चुनाव चार स्तरों पर किया गया है-

(अ) विद्यार्थी वर्ग- सर्वप्रथम सामाजिक- आर्थिक स्थिति मापनी को श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले के प्राथमिक विद्यालयी विद्यार्थियों पर लागू किया गया। प्राप्त दत्तों के विश्लेषण के आधार पर श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले के 300 ग्रामीण व 300 शहरी विद्यार्थियों को चयनित किया गया, जिसमें से 100 विद्यार्थी उच्च सामाजिक-आर्थिक स्थिति, 100 मध्यम सामाजिक-आर्थिक स्थिति व 100 विद्यार्थी निम्न सामाजिक- आर्थिक स्थिति से सम्बन्धित थे। तद्दोपरान्त इस चयनित 600 विद्यार्थियों से स्वच्छता मापनी प्रश्नावली से दत्त संकलित किये गये अर्थात् विद्यार्थी वर्ग से दत्त संकलन का कार्य दो चरणों मे पूरा किया गया।

शोध निष्कर्ष – शोध परिकल्पना के अनुसार, प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालक व बालिकाओं की स्वच्छता सम्बंधी आदतों में ग्रामीण व शहरी आधार पर कोई सार्थक अन्तर नहीं हैं जब कि अध्ययन के दौरान श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की स्वच्छता सम्बंधी आदतों में मध्यमान अंतर सार्थक पाया गया। अध्ययन क्षेत्र के शहरी विद्यालयों मे स्वच्छता सम्बन्धी आदतें, ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों की अपेक्षाकृत अधिक प्राप्त हुई। अतः इस परिकल्पना को निरस्त किया जाता है। इस शोध के निष्कर्ष की पुष्टि शोधकर्त्री के अध्ययन क्षेत्र के भ्रमण के दौरान किए गए अवलोकन से होती है कि शहरी क्षेत्र के विद्याार्थी स्वच्छता आदतों को अपनाने में अग्रणी पाए गए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. B. Kuppuswamy (1999) Advenced Educational Psychology, Ne Delhi: Sterlins Publishers Pvt. Ltd.
2. Best, John W.B. Kahn James V. (1996) Research in

education new Delhi: Prentice Hall of India Private Limited.
3. Dev, Madhu & Grewal (1990) "Relationship between Study Habits and Academic Achievement of Undergraduates Home Science, Fine Arte Students". Ph.D. Thesis.
4. Diener. E and Crandall. R. (1978) Ethics in social and behavioural research, Chicago University of Chicago press.
5. Helmstadter, G.C (1970) Research concepts in Human behavior. New Yourk, Applcton-century Crafts.
6. Johada, M. (1975) research methods in social relations. New Yourk Halt Rinahart & Winston.
7. व्हाइट, के.आर.(1982)- 'सामाजिक आर्थिक स्तर व शौक्षिक उपलब्धि में सम्बन्ध का अध्ययन', पीएचडी शोध कार्य।
8. भट्टाचार्य, एस (1991),'छात्रों की उपलब्धि तथा समुदाय के सदस्यों का पोषण, स्वास्थय तथ वातावरणीय स्वच्छता के प्रति बढ़ती जागरुकत: एक अध्ययन', पीएच.डी. शोधकार्य
9. कैसेट जी (1990) 'स्कूल स्तर पर शारीरिक शिक्षा कार्यक्रम: एक मूल्यांकन', पीएच,डी, शोधकार्य, विदर्भ, महाराष्ट्र।
10. ईशा भट्टाचार्य (1990),'सैकेंडरी स्कूलों में विभिन्न आयु वर्गो तथा सामाजिक-आर्थिक स्तर के मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन', पीएच.डी. शोधकार्य, कल्याणी विश्वविद्यालय।
11. नबी अहमद, मोहम्मद आबिद सिद्की (2006),'सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो का सशक्तिकरण', पीएच.डी. शोधकार्य,अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
12. प्रो.डॉ. मेनीपाइटर वान डीजक, डॉ. मार्को स्कोस्टियन (2003), 'सामाजिक-आर्थिक स्तर का स्वच्छता आदतों के सुधार पर प्रभाव' का अध्ययन, पीएच, डी.शोधकार्य।
13. सत्यनारायण (1969),'माता-पिता के शैक्षिक व आर्थिक स्तर का बच्चों पर प्रभाव: एक अध्ययन', पीएच.डी. शोधकार्य।
14. सुषमा गुप्ता (1990),'विभिन्न सामाजिक-आर्थिक स्तरों की किशोर लड़कियों के सामाजिक समायोजन से सम्बन्धित कारत: एक अध्ययन', पीएच.डी. शोधकर्या, पंजाब विश्वविद्यालय

विभिन्न पत्र-पत्रिकाएँ व प्रकाशित लेख :

1. तकनीकी सेवा श्रृंखला (1997) 'विद्यालय जल आपूर्ति स्वच्छतता एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा', रैना (प.बंगााल)
2. सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ हैल्थ इंटेलिजेन्स (1998-99),'स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय' भरत सरकार।
3. के.एन. पानीकर (2009),'टुवार्ड्स ए पेराडिम इन एज्युकेशन द हिन्दू' 19 मई 2009
4. शिक्षक प्रशिक्षण माड्यूल, हाथ धुलाई दिवस, 2009, राष्ट्रीय स्वच्छता एवं स्वास्थ्य प्रोत्साहन अभियान (यूनीसेफ)
5. Cochran. W.: Sampling Techniques John Wiley, 1963.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

श्रीगंगानगर जिले में सर्व शिक्षा अभियान द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों के नामांकन, ठहराव का अध्ययन

डॉ. राजेन्द्र गोदारा* डॉ. मीनाक्षी मिश्रा **

प्रस्तावना – भारत सरकार की शिक्षा की सर्वजन सुलभता के लिये सक्रियता समय-समय पर चलाये गये तमाम कार्यक्रमों और कई अग्रगामी योजनाओं में स्पष्ट रूप से दिखती है। राजस्थान में भी पंचायती राज अधिनियम 1994 के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा को सशक्त किया गयौ सर्व शिक्षा अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, शिक्षा गारण्टी योजना तथा वैकल्पिक एवम् अनूठी शिक्षा और ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड कुछ ऐसी ही प्रमुख परियोजनाएँ है जो धीमे-धीमे ही सही, शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। शिक्षा के प्रति गंभीरता व्यक्त करते हुए सरकार ने वर्ष 2006-07 के हालिया बजट में डेढ़ लाख नये अध्यापक और 5 लाख नये क्लास रूम बनाने पर जोर दिया है। कई कार्यक्रमो के वर्तमान ढाँचे मं सुधार हेतु इन्हें सर्व शिक्षा अभियान में शामिल करके इन्हे सुव्यवस्थित व प्रभावी बनाने के प्रयास जारी है।

लेकिन यह तमाम कार्यक्रम ही स्थिति का पूर्ण और समग्र चित्र नहीं है। भारत एक तीसरी दुनिया का राष्ट्र है जहाँ पर आबादी अधिक हैं, शिक्षा और साक्षरता का स्तर विकसित राष्ट्रों की तुलना में कम है। योजनाएँ बनाने के बाद यहाँ तात्विक रूप से लागू नहीं की जाती है। न्यूपा (N.E.U.P.A.) ने देश के 29 राज्यों और केन्द्रशासित क्षेत्रों के 581 जिलों में शुरूआती शिक्षा की मौजूदा स्थिति पर एक सर्वेक्षण किया है। इस सरकारी सर्वेक्षण में उपरोक्त बातों के साथ-साथ कई ऐसे तथ्य सामने आए है जो स्पष्ट करते है कि शिक्षा की दिशा में हमें अभी काफी दूरी तय करनी है।

राजस्थान में प्रारम्भिक शिक्षा पृष्ठभूमि – राजस्थान के सर्वांगीण विकास में शिक्षा की महत्ता को सर्वेपरि समझते हुए राजस्थान सरकार ने पिछले वर्षो में कई प्रयास एवम् नवाचार किये ।इन प्रयासों के परिणाम स्वरूप राज्य की साक्षरता दर में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। राजस्थान की जनगणना 2001 में राज्य की साक्षरता 1991 की साक्षरता दर से 22.48 प्रतिशत अधिक है। प्राथमिक शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति के विकास के लिये आवश्यक है। यह मानकर राज्य सरकार ने इस पर काफी व्यय किया है तथा अनेक परियोजनाओ को लागू किया है। इतने प्रयास होते हुए भी 6-14 आयु वर्ग के शिक्षा दर्पण 2002 सर्वे के आधार पर 3.61 लाख बच्चे विद्यालयों मे नही आ रहे है। यह शिक्षा से वंचित बालक-बालिकाएँ सब हार्डकोर है जिनको शिक्षा से जोड़ने में बहुत कठिनाई आ रही है। राज्य सरकार ने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए एक नई महत्वाकांक्षी योजना **'शिक्षा आपके द्वार'** कार्यक्रम का शुभारंभ 19 नवम्बर 2001 को किया।

डी.पी.ई.पी –जिला प्राथमिक कार्यक्रम राज्यों में 6-11 आयु वर्ग के समस्त बालक-बालिकाओं को विद्यालय से जोड़ने, ठहराव सुनिश्चित करने तथा गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने हेतु राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजना।

सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) – भारतवर्ष को शिक्षा के सार्वजनीकरण हेतु नई सहस्त्रावदी के प्रारम्भ में चलाई महत्वाकांक्षी योजना है जो प्रक्रियाओं में चलाई महत्वाकांक्षी योजना है जो प्रक्रियाओं में लचीलापन, विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध व्यवस्था, सामाजिक क्षमता, सामुदायिक सहभागिता पर आधारित है।

सर्व शिक्षा अभियान एक निश्चित समयावधि में प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण का कार्यक्रम है तथा पूरे देश में एक स्तरीय मूल शिक्षा देने का विचार है यह प्राथमिक शिक्षा द्वारा सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करने का अवसर है। यह प्राथमिक शिक्षा के सभी अभिकरणों को जोड़ने का प्रभावी एवं समन्वित प्रयास है। ये केन्द्र, राज्य तथा स्थानीय सरकार की साझेदारी में प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास है।

राजस्थान यह योजना वर्ष 2001-02 में प्राथमिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण व संपूर्ण साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु भारत सरकार व राज्य सरकार की 85:15 की भागीदारी से शुरू की गई है। इसकी नोडल एजेन्सी राजकयी प्राथमिक शिक्षा परिषद् है। इस योजना में बालिकाओं एवं वंचित वर्ग के लिये विशेष सैनिक योजना का प्रावधान भी है। भारत सरकार ने राजीव गांधी स्वर्ण जयंती पाठशालाओं को सर्वशिक्षा अभियान के तहत् शिक्षा गारन्टी केन्द्रो के रूप में संचालित की स्वीकृति भी प्रदान की है।

राजस्थान में सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य:

1. सभी बच्चों के लिये वर्ष 2003 तक स्कूल शिक्षा गारंटी केन्द्र, वैकल्पिक स्कूल, पुन: विद्यालय प्रवेश शिविर उपलब्ध कराना।
2. सभी बालक-बालिकाएं वर्ष 2007 तक पांच वर्ष की प्राथमिक शिक्षा पूरी कर ले।
3. सभी बालक-बालिकाएं वर्ष 2010 तक 8 वर्ष की प्रारम्भिक शिक्षा पूरी कर ले।
4. संतोषजनक गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा पर बल, जिसमें जीवन उपयोगी शिक्षा को विशेष महत्त्व दिया गया हो।
5. वर्ष 2010 तक सभी बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करना।
6. शिक्षा में स्त्री-पुरूष असमानता तथा सामाजिक वर्ग भेद को 2007 तक प्राथमिक स्तर पर तथा 2010 तक प्रारम्भिक स्तर पर समाप्त करना।

* प्राचार्य, श्रीगंगानगर स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत
** प्राचार्य, भारती शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत

प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण कुछ ऐसा ही है कि वह बच्चों को आकर्षित कर सकने में असमर्थ है। इसका एक कारण यह भी रहा है कि देश में आर्थिक संसाधनों के अभाव में विद्यालयों की न्यूनतम अनिवार्य भौतिक सुविधाएँ उपलब्ध नहीं है।

अध्ययन का औचित्य – अध्ययन से पता लगा है कि प्राथमिक स्तर पर 100 विद्यार्थियों के प्रवेश लेने पर 40 विद्यार्थी 5 वीं कक्षा तथा 20 विद्यार्थी 8वीं कक्षा उत्तीर्ण कर पाते हैं और महाविद्यालय में केवल 2 विद्यार्थी ही पहुंच पाते हैं। प्राप्त आंकड़ो के अनुसार भारत में लगभग 90 प्रतिशत बच्चे प्राथमिक शिक्षा स्तर पर नांमाकित हो जाते हैं लेकिन वास्तविक नामांकन 60 प्रतिशत के लगभग रहा है। बरलकरे कर नामांकन 60 प्रतिशत के लगभाग रहा है। बालकों का नामांकन बालिकाओं की अपेक्षा अधिक है। बालकों का नामांकन 98 प्रतिशत से अधिक है जो वास्तविक नामांकन से घटकर 71 प्रतिशत रह जाता है। अर्थात् 27 प्रतिशत विद्यार्थी बीच में विद्यालय छोड़ देते हैं। बालिकाओं की स्थिति बालकों की अपेक्षा खराब है। बालिकाओं का सकल नामोंकन 81 प्रतिशत है जबकि वास्तविक नामांकन 48 प्रतिशत रह जाता है। अर्थात् 33 प्रतिशत बालिकाएँ बीच में ही विद्यालय छोड़ देती है। आजादी के इतने वर्षो बाद शिक्षा की स्थिति यह है कि 60 वर्षो की अवधि में हम 63 प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंच पाये है।

विद्यालयों के अनाकर्षक वातावरण, अरूचिकर पाठ्यक्रम अपर्याप्त भवनों तथा पाठ्य सामग्री, खेल सामग्री आदि की न्यूनता में सुधार लाने की दृष्टि से राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा अनेक प्रयास किये जा रहे है, इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 प्रोग्राम ऑफ एक्शन में 'ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड' अभियान चलाने की संकल्पना की गई है।

प्रदेश में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर बीच में ही स्कूल छोड़कर चले जाने वाले विद्यार्थी 60 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2001 में राज्य की 35 प्रतिशत आबादी निरक्षर थी। नये सर्वे के अनुसार 2011 में यह साक्षरता दर 74.50 प्रतिशत है। देश में साक्षरता की दृष्टि से राजस्थान 21 वें स्थान से 14.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20 वे स्थान पर आ गया है। यह प्रगति विभिन्न शैक्षिक प्रयासों को देखते हुए सन्तोषजनक नहीं की जा सकती।

अब सवाल जनता का है, देश की 35 प्रतिशत निरक्षर आबादी का है। 31.36 प्रतिशत उन बच्चों का है जो प्राथमिक शिक्षा के दौरान ही स्कूल छोड़ देते है। सन् 2001 में सर्व शिक्षा अभियान का प्रारम्भ इस लक्ष्य के साथ हुआ था कि वर्ष 2012 तक 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को न्यूनतम प्राथमिक शिक्षा प्रदान की जायेगी, पर निर्धारित समय अवधि को पूरा होने में मात्र दो वर्ष शेष है और लक्ष्य से हम कोसों दूर खडे है।

लेकिन समस्या नामांकन की नहीं बल्कि इससे भी गंभीर चुनौती है जो शिक्षा व्यवस्था से जुडे प्रत्येक व्यक्ति को विचलित करती है, वह समस्या है बालक के ठहराव की। किसी भी शैक्षिक सत्र का जुलाई व अप्रैल के नामांकन से सह-सम्बन्ध स्थापित करें तो बहुत बड़ा अन्तर पैदा होता है। सत्रारम्भ से सत्रान्त तक पहुंचते-पहुंचते बहुत बड़ी संख्या में बच्चे पलायन कर जाते है। प्रत्येक नामांकित बालक-बालिका का ठहराव हम सुनिश्चित नहीं कर पाये है । परिणामस्वरूप वे बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते है और एक बार फिर हम अभियान में असफल होकर लक्ष्य से दूर रह जाते है।

प्रस्तुत शोध के निम्नांकित उद्देश्य हैं:-

1. सर्व शिक्षा अभियान के द्वारा प्रशिक्षित शिक्षको की शिक्षण दक्षताओं का अध्ययन।
2. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थीयों के नामांकन व ठहराव का अध्ययन।
3. सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तत शहरी उच्च प्राथमिक विद्यालयों मं विद्यार्थियों के नामांकन व ठहराव का अध्ययन।
4. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त ग्रामीण उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन व ठहराव का अध्ययन।
5. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त शहरी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों के नामांकन व ठहराव का अध्ययन।
6. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त शहरी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्राओं के नामांकन व ठहराव का अध्ययन।
7. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त ग्रामीण उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रो के नामांकन व ठहराव का अध्ययन।
8. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत ग्रामीण उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्राओं के नामांकन व ठहराव का अध्ययन।

शोध की परिकल्पनाएँ :-

1. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन पर लिंगभेद का कोई प्रभाव नही है।
2. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों मं विद्यार्थियों के नामांकन पर क्षेत्रीय भिन्नता का कोई प्रभाव नही है।
3. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों का ठहराव औसत स्तर का है।

(अ) सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों का ठहराव और स्तर का है।

(ब) सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्राओं का ठहराव और स्तर का है।

4. सर्व सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के ठहराव पर लिंगभेद का कोई प्रभाव नहीं है।
5. सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के ठहराव पर क्षेत्रीय भिन्नता का कोई प्रभाव नहीं है।

न्यादर्ष – छात्रों के नामांकन, ठहराव व छात्र उपलब्धि के अध्ययन के लिये सर्व शिक्षा अभियान से जुडे श्रीगंगानगर जिले के 9 ब्लाकों (खण्डों) के ग्रामीण व शहरी राजकीय विद्यालयों के छात्रों को चयनित किया गया।

उपकरण – नामांकन एवं ठहराव के आंकडे सर्व शिक्षा अभियान द्वारा संग्रहित DISE(2010-2011) तथा CTS (2010) से प्राप्त किये गए है।

विश्लेषण – 'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन पर लिंगभेद का कोई प्रभाव नहीं है।'

क्रं.	समूह	कुल जंनसंख्या	कुल नामांकन	नामांकन प्रतिशत
1.	6 से 14 आयुवर्ग के बालक	58884	52392	88.97
2.	6 से 14 आयुवर्ग की बालिकाएँ	51397	44500	86.58

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन पर लिंगभेद का प्रभाव पड़ता है अर्थात् बालकों का नामांकन, बालिकाओं की तुलना में अधिक पाया गया। अत: परिकल्पना 'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन पर लिंगभेद का कोई प्रभाव नहीं है।' अस्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना संख्या 2 – 'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन पर क्षेत्रीय भिन्नता का कोई प्रभाव नहीं है।'

क्रं.	ब्लॉक	कुल जंनसख्या (11 से 14 वर्ष)	कुल नामांकन (कक्षा 6 से 8)	नामाकन प्रतिशत
1.	अनूपगढ़	9389	7663	81.62
2.	घड़साना	11386	9763	85.75
3.	श्रीकरणपुर	8925	7649	85.70
4.	पदमपुर	10039	9056	90.21
5.	रायसिंहनगर	11688	10540	90.18
6.	सादुलशहर	10273	8897	86.61
7.	श्रीगंगानगर	20947	18843	89.96
8.	सूरतगढ़	19229	17186	89.38
9.	श्रीविजयनगर	8405	7295	86.79

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामांकन में क्षेत्रीय भिन्नता का प्रभाव पड़ता है। अत: 'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के नामाकंन पर क्षेत्रीय भिन्नता का कोई प्रभाव नही है' अस्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना संख्या 3 – 'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों का ठहराव औसत स्तर का है।'

क्रं.	ठहराव स्तर	ब्लॉक की संख्या
1.	निम्न (85–90 प्रतिशत)	2
2.	औसत (90–95 प्रतिशत)	4
3.	उच्च (95–100 प्रतिशत)	3

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि श्रीगंगानगर जिले में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्राओं का ठहराव औसत स्तर का है। अत: शून्य परिकल्पना 'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्राओं का ठहराव औसत स्तर का है।' स्वीकृत की जाती है।

परिकल्पना संख्या 4 – 'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के ठहराव पर लिंगभेद का कोई प्रभाव नहीं है।'

क्रं.	समूह	कुल नामांकन	कुल ठहराया	ठहराव प्रतिशत
1.	श्रीगंगानगर जिले में कक्षा 6 से 8 के छात्र	52392	49737	94.93
2.	श्रीगंगानगर जिले में कक्षा 6 से 8 के छात्राएँ	44500	41937	94.24

श्रीगंगानगर जिले में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त कक्षा 6 से 8 के छात्राओं का कुल ठहराव 49737 है, जो कि बालकों के कुल नामांकन का 94.93 प्रतिशत है, जबकि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कक्षा 6 से 8 की छात्राओं का कुल ठहराव 41937 है। जो कि बालिकाओं के कुल नामांकन का 94.24 प्रतिशत है, अर्थात् छात्रों का ठहराव, छात्राओं की तुलना में 0.69 प्रतिशत अधिक है।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के ठहराव पर लिंगभेद का प्रभाव पड़ता है अर्थात् छात्रों का ठहराव, छात्राओं की तुलना में अधिक पाया गया। अत: शून्य परिकल्पना **'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के ठहराव पर लिंगभेद का कोई प्रभाव नहीं है'** अस्वीकृत होती हैं

परिकल्पना संख्या 5– 'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तगर्त उच्च प्राथमिक विद्यालयों मं विद्यार्थियों के ठहराव पर क्षेत्रीय भिन्नता का कोई प्रभाव नहीं है।'

क्रं.	ब्लॉक	कुल जंनसख्या (11 से 14 वर्ष)	कुल नामांकन (कक्षा 6 से 8)	नामाकन प्रतिशत
1.	अनूपगढ़	8897	8332	93.64
2.	घड़साना	7295	6550	89.79
3.	श्रीकरणपुर	7649	7159	93.59
4.	पदमपुर	18843	18469	98.02
5.	रायसिंहनगर	17186	16738	97.39
6.	सादुलशहर	7663	7178	93.67
7.	श्रीगंगानगर	9763	9030	92.49
8.	सूरतगढ़	9056	8135	89.83
9.	श्रीविजयनगर	10540	10085	95.68

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि श्रीगंगानगर जिले में कक्षा 6 से 8 (उच्च प्राथमिक विद्यालयों) में विद्यार्थियों का सबसे अधिक ठहराव पदमपुर में 98.02 प्रतिशत, जबकि सबसे कम ठहराव घड़साना में 89.79 प्रतिशत पाया गया। इसके अतिरिक्त अधिक ठहराव से कम की ओर क्रमश: रायसिंहनगर में 97.39 प्रतिशत, विजयनगर में 95.68 प्रतिशत, सादुलशहर में 93.67 प्रतिशत, अनूपगढ़ में 93.64 प्रतिशत, करणपुर मे 93.59 प्रतिशत, श्रीगंगानगर में 92.49 प्रतिशत तथा सूरतगढ़ हमं 89.83 प्रतिशत पाया गया।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के ठहराव में क्षेत्रीय भिन्नता का प्रभाव पड़ता है। अत: परिकल्पना **'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों के ठहराव पर क्षेत्रीय भिन्नता का कोई प्रभाव नहीं है' अस्वीकृत की जाती है।**

परिकल्पना संख्या 6 – 'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि औसत स्तर की है।'

क्रं.	शैक्षिक उपलब्धि का स्तर	विद्यार्थियों की संख्या	विद्यार्थियों का प्रतिशत
1.	निम्न	52392	49737
2.	औसत	44500	41937

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि औसत स्तर की पाई गई है अर्थात् परिकल्पना **'सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि औसत स्तर की है' स्वीकृत की जाती है।**

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. ओड़. एल. के : शिक्षा के दार्शनिक पृष्ठभूमि :(1990) शिक्षा के नूतन आयाम राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी
2. बुच.एम.बी : फिफ्थ सर्वे इन एज्यूकेशन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान

और प्रशिक्षण

3. शिक्षा निदेशालय : राजस्थान में शिक्षा अनुसंधान
4. आबिद हुसैन : प्राइमरी एज्यूकेशन इन इण्डिया एन अनफिसनिश्ड एजेण्डा
5. पारसनाथ राय : अनुसंधान परिचय लक्ष्मीनारायण आगरा रोड़ आगरा पृ.सं 64
6. गर्वनमेंट ऑफ इणडिया : नेशनल पॉलिसी ऑफ एजूकेशन (1986) मिनिस्ट्री ऑफ ह्यूमन रिसोर्स डवलपमैंट, न्यू दिल्ली
7. शिक्षा आयोग की रिपोर्ट : शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, 1964-66

जर्नल्स एवं प्रत्र-पत्रिकाएँ :

1. जर्नल ऑफ एज्यूकेशन : राष्ट्रीय शैक्षिक नियोजन और प्रशासन विश्वविद्यालय (NEUPA) नई दिल्ली, खण्ड-7 अंक-2

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

न्यायाधीशों की नियुक्ति और उनका स्थानान्तरण : एक विश्लेषण

महेन्द्र कुमार पटेल *

शोध सारांश – वर्तमान में भारतीय लोकतंत्र के समक्ष अनेक चुनौतियां विद्यमान है उनमे से एक प्रमुख है, न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति और उनका स्थानान्तरण पर विवाद होना, जिससे न्यायपालिका की गरिमा एवं स्वतंत्रता प्रभावित होती है। प्रस्तुत शोध – पत्र में सैद्धांन्तिक पद्धति को अपनाकर न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति और उनके स्थानान्तरण पर उच्चतम न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण सिद्धान्तो का प्रतिपादन किया है, उनका विश्लेषण किया जाएगा। इस विषय पर शासन के विभिन्न अंगो की भूमिका का अध्ययन किया जाएगा, विशेषकर संसद की। 99वॉ संविधान संशोधन के द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के गठन का प्रावधान था जिसे उच्चतम न्यायालय ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अतिक्रमण के आधार पर असंवैधानिक घोषित कर दिया। 1956 से 2017 तक के नियुक्ति एवं स्थानान्तरण की व्यवस्था एवं कालेजियम व्यवस्था का विभिन्न मार्गदर्शक सिद्धान्तो के आधार पर विश्लेषण किया जाएगा। अमेरिका, इग्लैण्ड एवं अन्य देशो में इस सम्बन्ध में क्या प्रावधान है उसका तुलनात्मक अध्ययन किया जाएगा। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग की आवश्यकता एवं महत्व का मुल्यांकन किया जाएगा। इस संबंध में न्यायिक नियुक्ति आयोग के गठन के पक्ष में विपक्ष में विभिन्न स्तर पर हुई चर्चाओ को शामिल किया जाकर उनका विश्लेषण किया जाकर यह पता लगाया जाएगा कि कौन सी प्रक्रिया द्वारा न्यायपालिका अपनी स्वतंत्रता कायम रख पाएगी। समय – समय पर विधि आयोग द्वारा न्यायिक सुधार के संदर्भ में की गई अनुसंशाओ का भी अध्ययन कर विश्लेषण किया जाएगा। इस शोध – पत्र से यह अपेक्षित परिणाम निकाला जा सकता है कि भारतीय न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति एवं स्थानान्तरण में एक पारदर्शी एवं भेदभाव से मुक्त प्रक्रिया का निर्माण हो। जिससे लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण स्तंभ न्यायपालिका एक पवित्र संस्था बनी रहे एवं सवैधानिक मूल्यो की रक्षा की जाकर न्यायपालिका की स्वतंत्रता बरकरार रहे। ऐसी संवैधानिक परम्परा का विकास किया जाएगा जिससे शासन के अंगो न्यायपालिका, कार्यपालिका एवं विधायिका द्वारा एक दूसरे में टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। भारतीय लोकतंत्र के समक्ष इस संबंध में आई चुनौतियो का हल संवैधानिक आदर्शो के परिपेक्ष्य में खोजा जा सकेगा, जिससे न्यायपालिका अपने न्याय दान के निष्पादन में महती भूमिका निभा सके।

प्रस्तावना – न्यायाधीशों की नियुक्ति एवं स्थानांतरण की प्रक्रिया एक स्वस्थ्य एवं निष्पक्ष होना न्यायपालिका का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, जितने इस श्रेष्ठ प्रक्रिया द्वारा चयनित किये जायेगे या चुने जायेगे उतना ही न्यायपालिका का स्तर बेहतर होगा। संविधान के निर्माण के समक्ष से ही इस विषय पर व्यापक विचार विमर्श हुआ, जो अभी अभी जारी है। न्यायाधीशों की निष्पक्षता न सिर्फ न्यायपालिका पर प्रभाव डालती है बल्कि यह संविधान का निर्वचन कर कार्यपालिका एवं विधायिका पर भी व्यापक असर रखती है क्योकि न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति उसकी संपूर्ण सेवा अवधि के लिये होती है। अत: वह कार्यपालिका एवं विधायिका के सदस्यो से अधिक समय तक सरकार का अंग रहता है।

न्यायाधीश ही न्यायालय में बैठकर न्यायपालिका के हैसियत से व्यक्तियो के मूल अधिकारो का निर्वचन करते है, इस प्रकार न्यायपालिका सामान्य व्यक्ति के अधिकारो की प्रहरी या रक्षक है। यदि न्यायपालिका को हम एक किला माने तो न्यायिक अधिकारी उस द्वारपाल की भाति है जिनका सजग, ईमानदार, और कर्तव्यनिष्ठ होना आवश्यक है ताकि जिले कि सुरक्षा बनी रहे।

नियुक्ति प्रक्रिया की पृष्ठ भूमि – प्रसिद्ध विधिशास्त्री मानटेस्क्यू ने सरकार का विभाजन तीन अंगो में किया है, कार्यपालिका, विधायिका एवं न्यायपालिका। सरकार का तीसरा अंग न्यायपालिका का प्रमुख कार्य विधि की व्याख्या करना तथा उसे लागू करना और राज्यो व उसके नागरिको के मध्य उत्पन्न विवादो का निपटारा करना है। न्यायपालिका का कार्य है कि वह देश में विधि का शासन बनाये रखे तथा सुनिश्चित करे कि शासन संविधान के अनुरूप संचालित हो। एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका ही नागरिको के अधिकारो की सरंक्षिका हो सकती है तथा बिना भय तथा पक्षपात के सबको समान न्याय प्रदान कर सकती है। इसके लिये यह अत्यन्त आवश्यक है कि उच्चतम न्यायालय अपने कर्तव्यो के पालन के लिये पूर्ण रूप से स्वतंत्र और सभी प्रकार के राजनीतिक दबावो से मुक्त हो।

जब भारत का संविधान तैयार किया जा रहा था तो संविधान निर्माताओ के समक्ष दो प्रकार की न्यायपालिका के उदाहरण उपस्थित थे :–

1. ब्रिटेन में न्यायाधीशो की नियुक्ति क्राउन द्वारा होती थी। इसका आशय यह था कि कार्यपालिका पर कोई निर्बन्धन नही था। उच्च न्यायालय में न्यायाधीशो की नियुक्ति लार्ड चान्सलर की सलाह पर की जाती थी इसके अलावा कोर्ट ऑफ अपील, हाउस ऑफ लार्ड और किग्स बेंच में नियुक्तियॉ एटार्नी जनरल की सलाह पर प्रधानमंत्री द्वारा की जाती थी। अत: ब्रिटेन में उच्च न्यायिक पदो पर नियुक्ति करने की शक्ति पूर्णतया कार्यपालिका में निहित थी।
2. अमेरिका में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति सीनेट की सहमति प्राप्त हो जाने पर राष्ट्रपति द्वारा की जाती थी। राष्ट्रपति विशेषत: एटार्नी जनरल द्वारा सुझाए गये व्यक्तियो के न्यायाधीश के पद के लिये नामित करता था। ऐसे व्यक्ति मुख्यत: राजनीतिक, शैक्षणिक या विधिक

*शोधार्थी (विधि) बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

पृष्ठभूमि से संबंधित होते थे तथा सीनेट सहमति देकर उन नामित व्यक्तियो की नियुक्ति की पुष्टि करती थी किन्तु राष्ट्रपति द्वारा नामित कुछ व्यक्ति सीनेट द्वारा पुष्टि प्राप्त करने में असफल रहे। 1930 में न्यायाधीश जॉन पार्कर को सीनेट ने अनुमोदित नही किया। इसके अलावा 1968 में न्यायाधीश फोर्ट जो कि राष्ट्रपति निक्सन के निकट मित्र एवं विधिक सलाहकार थे को भी मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति हेतु अनुमोदन प्राप्त नही हो पाया।

भारतीय संविधान में न्यायाधीशो की नियुक्ति की प्रक्रिया – भारतीय संविधान के निर्माताओ ने ब्रिटेन व अमेरिका की न्यायपालिका के संबंध में अनेक कठिनाईया पायी। अत: उन्होने भारतीय न्यायपालिका हेतु एक बीच का मार्ग अपनाया। ब्रिटेन में न्यायपालिका के संदर्भ में कार्यपालिका को अनन्य शक्ति प्राप्त थी, जबकि अमेरिकी न्यायिक प्रणाली में राजनीतिक हस्तक्षेप था। जब भारतीय संविधान का निर्माण किया जा रहा था तो राष्ट्रमण्डल देशो जैसे कनाड़ा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड व यू.के.मे न्यायाधीशों की नियुक्ति कार्यपालिका द्वारा की जाती थी। अत: उन सभी देशो से अनुभव प्राप्त करने के पश्चात भारतीय संविधान निर्माताओ ने भारतीय न्यायपालिका के संदर्भ इन अनुभव से लेकर एक अलग रास्ता अपनाया उन्होने एक ऐसी रीति अपनाई जो कि न तो कार्यपालिका का पूर्ण शक्ति प्रदान करती थी और न ही संसद को न्यायाधीशों की नियुक्ति को प्रभावित करने की अनुमति देती थी। संविधान सभा में न्यायपालिका के संबंध में विचार विमर्श की प्रक्रिया के दौरान उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चायें हुई।

भारत में न्यायाधीशो की नियुक्ति राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा करता है। राष्ट्रपति को इस मामले में कोई विवेकीय शक्ति प्राप्त नही है। संविधान के अनुच्छेद 124 (2) के अनुसार राष्ट्रपति न्यायाधीशों की नियुक्ति उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के ऐसे न्यायाधीशों से परामर्श करने के पश्चात जिसे वह इस प्रयोजन के लिये आवश्यक समझे, ही करेगा। तथा अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति हमेशा मुख्य न्यायाधीशों के परामर्श से ही करेगा।

न्यायाधीशों को नियुक्त करने की राष्ट्रपति की शक्ति एक औपचारिक शक्ति है क्योकि वह उस मामलो में मंत्रीमण्डल की सलाह से कार्य करता है। राष्ट्रपति उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श करने के लिये बाध्य है। जहॉ तक मुख्य न्यायमूर्ति की नियुक्ति का प्रश्न है ,अनुच्छेद 124 के अंतर्गत राष्ट्रपति को संविधान द्वारा विहित आर्हता रखने वाले किसी भी व्यक्ति को मुख्य न्यायमूर्ति नियुक्त करने की शक्ति प्राप्त है तथा वह इस मामले में किसी से परामर्श हेतु बाध्य नही है। भारत में न्यायाधीशों की नियुक्ति के उदभव को निम्न चरणो में विभाजित किया जा सकता है :-

प्रथम चरण (1950 से 1981) – इस चरण के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम सदस्य को मुख्य न्यायमूर्ति तथा अन्य न्यायाधीशों को मुख्य न्यायाधीश के परामर्श पर नियुक्ति की प्रक्रिया अपनाई जाती रही। धीरे – धीरे यह प्रक्रिया एक परम्परा के रूप में परिवर्तित होती गयी। केवल एक न्यायमूर्ति जो मानसिक एवं शारीरिक अस्वस्थता के कारण वरिष्ठ होने के बावजूद मुख्य न्यायमूर्ति नही चुने गये तथा बाद में उन्होने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया।

1973 में इस मामले में एक महत्वपूर्ण विवाद खडा हुआ। जब 25 अप्रैल 1973 को केशवानंद भारती के मामले में दिये गये निर्णय के कुछ घंटो के पश्चात ही सरकार ने अप्रत्याशित ढंग से 22 वर्षो की उर्पयुक्त परम्परा को तोड दिया सरकार ने वरिष्ठतम की उपेक्षा करके न्यायमूर्ति श्री अजित रे को भारत का मुख्य न्यायमूर्ति नियुक्त किया। सरकार ने न्यायालय के तीन वरिष्ठतम न्यायाधीशों श्री जे.एम.शेलट, श्री. के.एस. हेंगेडे तथा श्री ए.एन. ग्रोवर की वरिष्ठता की उपेक्षा करके श्री ए.एन.रे को मुख्य न्यायमूर्ति नियुक्त किया। इनके शपथ ग्रहण करने के आधे घण्टे पश्चात इन तीनो न्यायाधीशों ने त्याग पत्र दे दिया। सरकार के इस रवैया की बडी तीव्र आलोचना हुई। उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता संघ ने इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि यह नियुक्ति विशुद्ध राजनैतिक आधार पर की गई थी और इसका योग्यता और वरिष्ठता से कोई संबंध नही था।

सरकार की ओर से इस फेसले की पक्ष में निम्नलिखित तर्क दिये कि अनुच्छेद 124 में राष्ट्रपति को मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के संबंध में पूर्ण विवेकीय शक्ति प्रदान की गई है। अत: किसी भी न्यायाधीश को जिसे वह उचित समझता हो, मुख्य न्यायाधीश नियुक्त कर सकता है, चाहे व वरिष्ठ हो या कनिष्ठ। यह तर्क बहुत कमजोर था क्योकि 1973 तक सरकार द्वारा वरिष्ठता क्रम के अनुसार ही वरिष्ठतम न्यायाधीश को मुख्य न्यायमूर्ति चयनित किया जाता रहा था। सरकार ने यह तर्क भी दिया कि सरकार ने प्रधान न्यायाधीश की नियुक्ति में विधि आयोग की सिफारिश को लागू किया था। विधि आयोग 1956 में यह सिफारिश की थी कि मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति केवल वरिष्ठतम के आधार पर ही नही की जानी चाहिए बल्कि उसमें गुण, उपयुक्तता एवं प्रशासनिक, सक्षमता की भी समीक्षा की जानी चाहिये। यह तर्क लचर एवं गोलमोल था क्योकि विधि आयोग की रिपोर्ट 1956 में आयी थी तथा सरकार ने 17 वर्षो तक उस रिपोर्ट को लागू नही किया, इस रिपोर्ट को लागू करने के बहाने उर्पयुक्त तीन न्यायाधीशों की उपेक्षा की गयी, क्योकि इन तीन न्यायाधीशो ने सरकार के खिलाफ निर्णय दिया था।

सरकार की ओर से यह तर्क भी दिया गया कि मुख्य न्यायाधीशों के पद पर जिस व्यक्ति की नियुक्ति की जाये उसका कार्यकाल अधिक दिनो तक होना चाहिये। इससे मुख्य न्यायाधीश न्यायालय को एक निश्चित दिशा देने का अवसर प्राप्त होगा, किन्तु यहा भी सरकार असफल रही। लखनपाल बनाम ए.एन.राय (1975) के मामले में मुख्य न्यायमूर्ति ए.एन.रे की नियुक्ति का दिल्ली उच्च न्यायालय में अनुच्छेद 226 के अधीन 'अधिकार पृच्छा की याचिका' द्वारा निम्नलिखित आधारों पर चुनोती दी गई :-

1. कार्यपालिका यह कृत्य दुर्भावना युक्त है।
2. यह नियुक्ति अनुच्छेद 124 (2) में वर्णित वरिष्ठता के नियम विपरीत या विरूद्ध है।
3. इस नियुक्ति में आवश्यक परामर्श प्रक्रिया का पालन नही किया गया।

उच्च न्यायालय ने याचिका को अस्वीकार करते हुए कहा कि नियुक्त करने वाले अधिकारी का आशय अधिकार पृच्छा रिट याचिका के संदर्भ में विसंगत है।

1976 में सरकार ने पुन: न्यायमूर्ति एम.एन.बेग को न्यायमूर्ति एच.आर.खन्ना पर वरियता देते हुये मुख्य न्यायमूर्ति नियुक्ति किया जिसके परिणाम स्वरूप न्यायमूर्ति खन्ना ने त्याग पत्र दे दिया। न्यायमूर्ति खन्ना द्वारा बन्दी प्रत्यक्षीकरण मामले (ए.डी.एम जबलपुर बनाम शिवकांत शुक्ला) में दिये गये विसम्मति निर्णय के कारण हुआ, जिसमें उन्होने आपातकाल के दौरान जीवन के अधिकार का समर्थन किया था जिसे सरकार ने अपने विरूद्ध माना।

भारत संघ बनाम साकल चन्द सेठ (1977 एस.सी) के मामले में उच्चतम न्यायालय के समक्ष 'परामर्श ' शब्द प्रथम बार विचार हेतु आया यह मामला अनुच्छेद 222 (1) में प्रयुक्त 'परामर्श' शब्द के अर्थ एवं विस्तार से संबंधित था। न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ ने निर्णय देते हुए कहा कि 'परामर्श' शब्द से तात्पर्य दो या अधिक व्यक्तियो के ऐसे सम्मिलन से है जो उन्हे किसी एक विषय पर सही एवं सन्तोषजनक हल प्रदान करने के लिये सक्षम बनाता है, इस निर्णय में उन्होने यह निर्धारित किया कि परामर्श का तात्पर्य सहमति नही बल्कि पूर्ण एवं प्रभावी परामर्श है।

पुन: एस.पी. गुप्ता बनाम भारत संघ (1982 एस.सी) के मामले में मार्च 1981 में भारत सरकार के विधि मंत्री द्वारा राज्यो के मुख्यमंत्रियो और उच्चतम न्यायालय को भेजे गये एक परिपत्र की जिसके द्वारा न्यायाधीशों को एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरण एवं प्रस्तावित नियुक्ति के संबंध में अपनी सहमति देने को कहा गया था, की वैधता को चूनौती दी गई थी। परिपत्र की विधि मान्यता के अलावा इस मामले में न्यायपालिका की स्वतंत्रता एवं न्यायाधीशों की नियुक्तियो में मुख्य न्यायाधीशो के परामर्श की प्राथमिकता भी प्रश्नगत थी।

इस मामले में साकल चन्द्र सेठ वाले मामले के निर्णय को स्पष्ठ करते हुये कहा कि परामर्श हेतु संबंधित न्यायाधीश के समक्ष संपूर्ण तथ्य रखे जाने चाहिये, जिसके आधार पर किसी व्यक्ति को न्यायाधीश नियुक्त करने के लिये वह राष्ट्रपति को अपनी सिफारिश भेजेंगा।

बहुमत के निर्णय के अनुसार न्यायाधीश की नियुक्ति के मामले में कार्यपालिका को पूर्ण शक्ति प्राप्त है, सरकार द्वारा किया गया कृत्य केवल इस आधार पर प्रश्नगत किया जा सकता है कि वह दुर्भाग्य पूर्ण है, इस मामले में विसम्मत निर्णय के अनुसार प्रधान न्यायाधीश के परामर्श को प्राथमिकता दी जानी चाहिये।

द्वितीय चरण (1982से 1998) – न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया के द्वितीय चरण सुभाष शर्मा बनाम भारत संघ 1991 एस.सी के मामले में उच्चतम न्यायालय ने तीन न्यायाधीशों की पीठ में यह मत अभिव्यक्त किया कि संविधान के अनुसार उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में प्रधान न्यायाधीश के पद का अत्याधिक महत्व है। न्यायालय ने नियुक्ति के संबंध में उच्चतर पीठ द्वारा विचार किये जाने का सुझाव दिया।

सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अभिलेख संघ बनाम भारत संघ (1993) एस.सी के मामले में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश ने एक लोकहित वाद के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में रिक्त पदो पर नियुक्ति के संदंर्भ में प्रश्न उठाया था। इसके अलावा यह मामला उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है।

इस याचिका पर 9 न्यायाधीशों की पीठ द्वारा विचार किया गया, तथा बहुमत का निर्णय न्यायमूर्ति जे.एस.वर्मा द्वारा सुनाया गया। इस पीठ में 7:2 के बहुमत से यह अभिनिर्धारित किया कि न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति न्यायाधिपति के मत को सर्वोच्च महत्व देना चाहिये। जो वह अपने सहयोगियो से परामर्श करके व्यक्त करता है, उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय के किसी भी न्यायाधीश की नियुक्ति तब तक नही की जा सकती जब तक कि वह उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के मत के अनुरूप न हो।

न्यायालय ने इस मामले में उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में निम्नलिखित दिशा निर्देश दिये :–

1. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के संबंध में प्रस्ताव का प्रारंभ मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा किया जाना चाहिए।
2. राष्ट्रपति किसी भी व्यक्ति की नियुक्ति उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में तब तक नही करेगा जब तक की प्रधान न्यायाधीश उच्चतम न्यायालय के दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों से परामर्श करके अपनी सिफारिश राष्ट्रपति को न भेजे।
3. मुख्य न्यायाधीश दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों से परामर्श प्रक्रिया लिखित में होनी चाहिये।
4. भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्ति उच्चतम न्यायालय के किसी वरिष्ठ न्यायाधीश की ही होनी चाहिये, जो कि उस पद को ग्रहण करने के लिये उपयुक्त हो।
5. केवल अपवादात्मक परिस्थितियो में ऐसा हो सकता है कि प्रधान न्यायाधीश तथा दो वरिष्ठ न्यायाधीशों द्वारा सिफंारिश किये गये नामो पर विचार ही न किया जाये।

तृतीय चरण (1999 से अब तक) – न्यायाधीशों की नियुक्ति के तृतीय चरण में इन री प्रेसिडेंसियल नं. 1 (1993) के मामले में यह परामर्श दिया गया कि उच्चतम न्यायालय ने न्यायाधीशो की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश की जो अन्य न्यायाधीशो से परामर्श करने के पश्चात दी जाए, सरकार को भेजी जायेगी। इस निर्णय के पश्चात यह आरोप लगाये जाने लगा कि मुख्य न्यायाधीश अपनी सिफारिशो से मनमाने ढंग से अन्य न्यायाधीशो के परामर्श के बिना भेज रहे है।

यह प्रश्न उस समय और गंभीर रूप से आया जब तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एम.एम.पूंछी ने परामर्श प्रक्रिया का पालन किये बिना मनमाने ढंग से नियुक्ति की सिफारिश राष्ट्रपति को भेजी थी। अत: राष्ट्रपति महोदय ने परामर्श प्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिये अनुच्छेद 143 के अधीन सलाह देने हेतु इस मामले को पुन: उच्चतम न्यायालय को सौप दिया। इस मामले में 9 सदस्यीय संविधान पीठ का निर्णय सुनाते हुए न्यायाधीश श्री एस.पी.भरूचा ने परामर्श प्रक्रिया को निम्नलिखित प्रकार से स्पष्ट किया :–

1. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति के मामले में मुख्य न्यायाधीश को उच्चतम न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायमूर्तियो के समूह से परामर्श करके ही राष्ट्रपति को अपनी सिफारिश भेजनी चाहिये। अत: नियुक्ति के लिए सिफारिश हेतु समूह मुख्य न्यायाधीश व उच्चतम न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायमूर्तियो से मिलकर निर्मित होना चाहिये।
2. न्यायाधीशों के समूह को अपना परामर्श आम राय से देना चाहिये तथा परामर्श प्रक्रिया में सम्मिलित प्रत्येक न्यायाधीश की सिफारिश चाहे वह सम्मत हो या विसम्मत, लिखित रूप में होनी चाहिये।
3. यदि परामर्श प्रक्रिया में सम्मिलित न्यायाधीशों के समूह में बहुमत किसी व्यक्ति के विरूद्ध हो तो उस व्यक्ति की न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति नही की जायेगी।
4. उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति केवल इसी आधार पर प्रश्नगत की जा सकेगी कि 1993 में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय का उचित रूप से अनुपालन नही हुआ है।

तीनो चरणो की समीक्षा – उपर्यक्त तीनो चरणो की समीक्षा से यह बात सामने आती है कि 1982 में प्रथम न्यायाधीश नियुक्ति मामले के समय न्यायाधीशो की नियुक्ति की शक्ति कार्यपालिका में निहित थी, जबकि न्यायाधीशों की नियुक्ति संबंधी दूसरे मामले में नियुक्त करने की शक्ति न्यायपालिका के हाथो में चली गयी। इस संबंध में तीसरे मामले में इसके

क्षेत्र और अधिक विस्तार हुआ तथा नियुक्ति मुख्य न्यायाधीश तथा उच्चतम न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों के समूह की सिफारिश पर की जाने लगी। यह प्रक्रिया कॉलेजियम व्यवस्था कहलायी। इस प्रकार वर्तमान में अनुसरण की जाने वाली प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक, पारदर्शी और निष्पक्ष होगी तथा इसके दुरूपयोग की जाने की संभावना कम होगी।

राष्ट्रीय न्यायिक समिति की आवश्यकता – उच्चतम न्यायालय के 9 सदस्यीय पीठ के निर्णय के पश्चात उच्च न्यायालय में न्यायाधीशो की नियुक्ति की प्रक्रिया अधिक लोकतांत्रिक, पारदर्शी एवं निष्पक्ष हो गयी। मुख्य न्यायाधीश के पद हेतु वरिष्ठता का नियम तथा अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रधान न्यायाधीश सहित 4 वरिष्ठ न्यायाधीशों के समूह द्वारा परामर्श प्रक्रिया के अनुसरण होने से इस मामले में कार्य पालिका का हस्तक्षेप अब पूर्णतया समाप्त हो गया है। नियुक्ति की वर्तमान प्रक्रिया पूर्ण दबाव से एवं राजनैतिक हस्तक्षेप से मुक्त हो गयी तथा प्रक्रिया पर न्यायपालिका का प्रभावी नियंत्रण है, किन्तु जैसा कि विधिक सुक्ति में कहा गया है कि 'शक्ति से भ्रष्टाचार आता है और परम शक्ति से परम भ्रष्टाचार आता है' अत: न्यायाधीशोंकी नियुक्ति के संबंध में न्यायपालिका पर कुछ नियंत्रण भी अवश्य होना चाहिये। इसी को ध्यान में रखते हुये 1982 में आस्ट्रेलिया की भाति एक न्यायिक समिति की स्थापना का सुझाव दिया गया, तत्पश्चात 1987 में विधि आयोग ने पुन: राष्ट्रीय न्यायिक समिति की आवश्यकता पर बल दिया। इसी दृष्टि से 1990 में नेशनल फ्रन्ट सरकार ने संसद में न्यायिक समिति की स्थापना हेतु एक विधेयक प्रस्तुत किया किंतु लोकसभा भंग होने के कारण यह विधेयक व्यपगत हो गया।

वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने संविधान (99 वॉ संशोधन) अधिनियम, 2014 के द्वारा भारतीय संविधान में अनुच्छेद 124 (2) एवं 127, 128 का संशोधन कर दिया एवं 124क, 124ख तथा 124ग अन्त: स्थापित किये गये है। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति का आयोग इस अधिनियम में किया गया जिसमें निम्नलिखित प्रावधान किया गया :-

1. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग नाम से एक आयोग होगा जिसमें निम्नलिखित से मिलकर बनेगा :-

क. भारत का मुख्य न्यायमूर्ति पदेन अध्यक्ष,

ख. भारत के मुख्य न्यायमूर्ति से ज्येष्ठता से ठीक नीचे के उच्चतम न्यायालय के दो अन्य ज्येष्ठ न्यायाधीश पदेन सदस्य।

ग. विधि और न्याय का प्रभारी संघ का मंत्री पदेन सदस्य।

घ. प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायमूर्ति और लोकसभा में विरोधी दल के नेता या जहा ऐसा कोई विरोधी दल का नेता नही है वहा लोकसभा में एकल सबसे बडे विरोधी दल के नेता से मिलकर बनने वाली समिति द्वारा नाम निर्दिष्ट किया जाने वालो से विख्यात व्यक्ति सदस्य

परनतु कोई विख्यात व्यक्ति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडे वर्गो, अल्पसंख्यको के व्यक्तियो या महिलाओ में से नाम निर्दिष्ट किया जायेगा और वह पुन: नाम निर्देशन के पात्र नही होगा।

2. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग द्वारा किये गये किसी कार्य या कार्यवाही को मात्र इस आधार पर प्रश्नगत या अविधिमान्य नही किया जावेगा कि आयोग में कोई रिक्ति या उसके गठन में कोई कमी थी।

राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग के कार्य :

1. भारत के मुख्य न्यायमूर्ति और उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों, उच्च न्यायालयो की मुख्य न्यायमूर्तियो और उच्च न्यायालयो के अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये सिफारिश करना।
2. एक उच्च न्यायालय से किसी अन्य उच्च न्यायालय में उच्च न्यायालयो के मुख्य न्यायमूर्तियो तथा अन्य न्यायाधीशो के स्थानांतरण की सिफारिश करना।
3. यह सुनिश्चित करना कि जिसकी सिफारिश की गई है, वह योग्य तथा निष्ठावान व्यक्ति है।

इस प्रकार 1990 में एवं 2014 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग की आवश्यकता जो वर्षो से महसूस की जाती रही है, को संसद ने कानून बनाने का प्रयास किया तथा वर्ष 2014 में कानून बनाकर ऐसा प्रावधान किया था जिसमें एक राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग का प्रावधान एवं उससे जुडे हुये अन्य विषयो का प्रावधान किया गया था जिसे उच्चतम न्यायालय अभिलेख अधिवक्ता संघ बनाम भारत संघ (2015) के मामले में उच्चतम न्यायालय ने संविधान के 99 वा संशोधन अधिनियम 2014 को तथा न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम 2014 को असंवैधानिक और शून्य घोषित किया। इस कारण से न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण में कॉलेजियम पद्धति कार्यप्रणाली पुर्नजीवित हो गयी।

सुझाव एवं निष्कर्ष – न्यायाधीशों की नियुक्ति की वर्तमान प्रक्रिया कोई बेहतर विकल्प नही है, यह केवल मात्र समस्या से भागने की प्रवृत्ति है, वरिष्ठतम न्यायाधीश की नियुक्ति केवल मात्र समस्या हेतु एक प्राथमिक उपचार है, किन्तु पूर्ण उपचार नही है। इस विषय पर कई महत्वपूर्ण सुझाव समय - समय पर दिये गये है।

1956 में तत्कालीन महान्यायवादी एम.सी. शीतलवाड ने ऐसी प्रक्रिया की आलोचना की और यह स्पष्ट किया कि मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति के समय उस व्यक्ति के न्यायाधीश के रूप में अनुभव उसकी प्रशासनिक सक्षमता और गुणो पर भी विचार विमर्श किया जाना चाहिये। केवल वरिष्ठ्ता के आधार पर नियुक्ति करना उचित नही है।

उच्चतम न्यायालय ने न्यायाधीशो के स्थानांतरण के मामले में 1982 में न्यायिक समिति की आवश्यकता का सुझाव दिया था और कहा कि नियुक्ति और स्थानांतरण की शक्ति सरकार के किसी एक अंग में अनन्य रूप से निहित नही होनी चाहिये।

भारत के भूतपूर्व मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा व्यक्त राय जिसे भारत का विधि आयोग रिपोर्ट संख्या 230, 2009 में संदर्भित किया है जो इस प्रकार है 'उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशो की नियुक्ति की प्रक्रिया मूलत: कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच संयुक्त या भागीदार प्रयोग है, जिसमें दोनो की भूमिका रहती है।' व्यापक रूप से दो विभिन्न क्षेत्र है। न्यायपालिका द्वारा उपयुक्तता की परख के लिये उनके विधिक कुशाग्रता का क्षेत्र है और कार्यपालिका न्यायाधीशो के पूर्ववृत जानने में उसकी राय महत्वपूर्ण रहती है। न्यायपालिका और कार्यपालिका दोनो को नियुक्ति के सर्वाधिक उपयुक्त अभ्यर्थियो का पता लगाने के लिये साथ - साथ कार्य करना चाहिये।

उपयुक्त शोध - पत्र से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि न्यायाधीशों के स्थानांतरण और नियुक्ति के संबंध में एक ऐसी पारदर्शी प्रक्रिया की आवश्यकता है जो भेदभाव से दूर हो एवं राजनैतिक दखलअंदाजी से परे हो। कॉलेजियम पद्धति में कुछ सुधार की आवश्यकता है तो उसे सुधारकर दूर किया जाना चाहिये, लोकतंत्र में अनेक चुनोतियॉ विद्यमान होने के कारण संसद की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाना सही नही है। उच्चतम न्यायालय अभिलेख अधिवक्ता संघ बनाम भारत संघ 2015 के मामले में उच्चतम न्यायालय के चार न्यायाधीशो ने 99 वॉ संविधान संशोधन

को असंवैघनिक घोषित किया जिसमें से न्यायमूर्ति मदन बी. लोकुर ने मत दिया कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम संविधि के अधीन विभिन्न प्राधिकारियो पर निरंकुश और अनधिकृत शक्ति प्रदत्त करता है और यह संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है। न्यायमूर्ति कुरियन जोजेफ ने यह मत व्यक्त किया कि यह अधिनियम सरंचनात्मक शक्ति विभाजन की क्षति करता है, इसलिये यह अननुज्ञेय है। विश्वास के आभाव ने कॉलेजियम पद्धति को प्रभावित किया है, वर्तमान कॉलेजियम पद्धति में पारदर्शिता, जवाबदेही और उद्देश्यपरकता का आभाव है। न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल ने मत व्यक्त किया कि इस नयी योजना से न्यायाधीशो की नियुक्ति में न्यायपालिका के पास होने वाली प्राथमिकता के संविधान के आधारित लक्षण को क्षति पहुचाती है। इसलिये यह संशोधन धारित नही किया जा सकता। इस महत्वपूर्ण निर्णय में यह भी व्यक्त किया गया कि यदि कॉलेजियम पद्धति की कार्यप्रणाली में किसी सुधार का आवश्यकता हो तो उसे समुचित उपायो के लाये जाने पर विचार करने के लिये मामले को सूची में लाया जाये। इस निर्णय में पद धारण के लिये उपयुक्तता तथा वरिष्ठता आदि पदो को स्पष्ट किया गया।

वर्तमान में कॉलेजियम पद्धति द्धारा न्यायाधीशो को नियुक्ति और स्थानांतरण किया जाता है, इसमे अनेक दोष है, इन दोषो का दूर किया जाना चाहिये जिससे न्यायाधीश जो कि न्यायमूर्ति है, उनसे न केवल न्याय अपितु संपूर्ण और पारदर्शी न्याय की अपेक्षाये है। न्यायाधीशगण विधि के शासन की नींव है यदि वे अपनी निष्पक्षता, न्याय में पारदर्शिता और कर्तव्य व आचरण में कुछ अलग उदाहरण प्रस्तुत करते है तो निश्चय ही हम भारत के लोग भी उनमे अपनी अटूट निष्ठा, विश्वास एवं समर्थन व्यक्त करेंगे अन्यथा विपरीत धारणा बनाने में कोई संकोच या विलम्ब नही होगा। नियुक्ति एवं स्थानांतरण की प्रक्रिया में योग्य एवं सार्वजनिक जीवन में अच्छे व्यक्ति चुनकर आये तो यह न्यायपालिका के लिये न्यायदान के महत्वपूर्ण कार्य में सफल होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पाण्डेय, जयनारायण भारत का संविधान, पचासवा संस्करण 2017, सेंट्रल ला एजेन्सी इलाहबाद।
2. Dr. Mahesh k.Thakar : Indian Judiciary, In Search of A ``Precise'' Formula to Achieve ``Perfection'' in Selection of Judges. Indian Bar Review Vol. XL III (4) 2016, Bar Council of Indian Trust New Delhi.
3. अग्रवाल बालमुकुंद: हमारी न्यायपालिका (2011) नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली।
4. विधि आयोग की 230 वी रिपोर्ट, 2009।
5. विधि आयोग की 214 वी रिपोर्ट।
6. परीक्षा मंथन मासिक पत्रिका।
7. पालिटिकिल लॉ टाइम्स में प्रकाशित सम्पादकीय।
8. दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान टाईम्स में प्रकाशित संपादकीय।
9. Jain m.p. : Indian Constitutional law 7th edition 2014 Lexis Nexis Gurgaon - Haryana.
10. उच्चतम न्यायालय अभिलेख अधिवक्ता संघ बनाम भारत संघ ए.आई.आर 2016 एस.सी 117.
11. इन री प्रेसीडेन्सियल रिफरेन्स ए.आई.आर 1999 एस.सी 1
12. एस.पी गुप्ता बनाम भारत संघ ए.आई.आर 1982 एस.सी 149।
13. उच्चतम न्यायालय अभिलेख अधिवक्ता संघ (1993) 4 एस.सी.सी 44।
14. केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य ए.आई.आर 1973 एस.सी 1461।
15. द्धितीय न्यायाधीश मामले ए.आई.आर 1994, एस.सी 268।

****

गीता का दिव्य ज्ञान

डॉ. सन्ध्या श्रीवास्तव*

प्रस्तावना - जगत् गतिशील है गति ही जीवन का पर्याय है। जीवन का एकमात्र साध्य संतोष, आनन्द या आत्मिक शान्ति ही है। जीवन आध्यात्मिक पूर्णता की प्राप्ति में अनन्त की ओर प्रस्थान करने की दिशा में एक कदम है। ब्रह्म पूर्णता का प्रतीक है।

ओऽम् पूर्णमद: पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।[1]

ब्रह्म वह तत्व है (तत्) जिससे सारा विश्व उत्पन्न होता है (ज-जायते), उसी में अन्त में विलीन होता है (ल-लीयते) और जिसमें वह जीवित रहता है (अन्)। उस परम के साथ एकता प्राप्त करना ही मानव का आदर्श है।[2] अनन्त आनन्दमय है।[3] आत्मा और परमात्मा के मिलन की आनन्दमय अवस्था मोक्ष या आत्म साक्षात्कार की अवस्था है। आत्मा के तीन पक्ष हैं - ज्ञानात्मक, क्रियात्मक और भावात्मक। मनुष्य बुद्धि, क्रिया और भावना तीनों का मिश्रण है इसलिए यथार्थ सत्ताा का साक्षात्कार भी वह इन तीनों के माध्यम से ही कर सकता है। गीता इन तीनों के अनुरूप कर्म, ज्ञान और भक्ति - तीनों विधानों पर प्रकाश डालती है और इनमें समन्वय स्थापित करती है। संन्यास और कर्मयोग दोनों श्रेयस्कर है परन्तु इन दोनों में कर्म संन्यास की अपेक्षा कर्मयोग ही अधिक श्रेष्ठ है।

संन्यास: कर्मयोगश्च नि:श्रेयसकरावुभौ।
तयोस्तु कर्मसंन्यासातु कर्मयोगो विशिष्यते॥

भगवद् गीता 5/2

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दन:
पार्थो वत्स: सुधी मोक्ता दुग्धगीतामृतं महत्॥[4]

अर्थात् जितने उपनिषद् हैं मानो वे गौए हैं, श्रीकृष्ण स्वयं दुग्ध दुहने वाले हैं और अर्जुन बछड़ा है, दूध मधुर गीतामृत है।

गीता महाभारत के भीष्म पर्व का एक अंश है। सात सौ श्लोकों की गीता में सब उपनिषदों का सार है। इसका पूरा नाम श्रीमद्भगवद्गीता उपनिषद है। कहा जाता है केवल गीता का अध्ययन करना ही पर्याप्त है अन्य शास्त्रों के अध्ययन से क्या लाभ? उनके विस्तार से क्या करना?[5] जब कुरुक्षेत्र में दोनों पक्षों की सेनाएँ युद्ध के लिए खड़ी थी। गुरुजनों की, स्वजनों की हत्या के भय से अर्जुन युद्ध से पराङ्मुख हो रहा था। किंकर्त्ताव्यविमूढ़ हो अर्जुन श्रीकृष्ण की शरण में गया। श्रीकृष्ण ने उसे क्षात्रधर्म में प्रवृत्ता करने के लिए गीता का उपदेश देकर उसके चित्ता को शांत और स्थिर कर दिया।[5.1] अर्जुन अपना कर्त्ताव्य समझ कर अपनी इच्छा से युद्ध के लिए तत्पर हो गया। स्वकर्त्ताव्य सम्बन्धी उसका मोह और संदेह नष्ट हो गया। भगवान् ने अर्जुन से पूछा - हे अर्जुन ! तेरा अज्ञान, मोह अभी तक नष्ट हुआ या नही इस पर अर्जुन ने संतोषजनक उत्तर दिया :

नष्टो मोह: स्मृतिर्लब्ध्वा त्वत्प्रसादान्मयाऽच्युत।
स्थितोऽस्मि गतसंदेह: करिष्ये वचनं तव॥[6]

गीता के समय में सदाचार के सम्बन्ध में अनेकमत प्रचलित थे जैसे कर्मकाण्ड से सम्बन्ध रखने वाली वैदिक कल्पना, सत्यांन्वेषण का उपनिषदों का सिद्धान्त, बौद्ध धर्म की विचार अर्थात् समस्त कर्मो का त्याग और ईश्वर पूजा का आस्तिक विचार - गीता सबको एक संगतिपूर्ण एकत्व प्रदान करती है।

गीता धर्म से आरम्भ करके कर्म करने की प्रेरणा देते हुए परम लक्ष्य तक पहुँचा देती है। कुरुक्षेत्र धर्मक्षेत्र है धर्म का कर्म के साथ गहन सम्बन्ध है शरीर ही कुरुक्षेत्र और धर्मक्षेत्र है। 'इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रामित्यभिधीयते कौन्तेय' शरीर भोग के लिए नहीं, योग के लिए है उत्तम कर्म द्वारा परमात्मा तक पहुँचने के लिए है।

विचित्र है - मानव मन। भला जान लेने पर भी सत्कर्म की ओर प्रवृत्त नहीं होता और बुरा जानने पर भी असत्कर्म से निवृत्ति नहीं होती -

'जानामि धर्मं न च मे प्रवृत्ति: जानामि अधर्मं न च मे निवृत्ति:'[7]

ऐसा कोरा ज्ञान व्यर्थ है। इस ज्ञान की समस्या का हल कर्म का सिद्धान्त और आचरण की समस्या का हल आत्मसंयम है - दोनों विरोधी हैं क्योंकि कर्म करने से सम्पर्क बढ़ता है और आत्म संयम में विषयों से सम्पर्क हटाना पड़ता है। प्रथम प्रवृत्ति मार्ग कर्म मार्ग है भोग मार्ग है तो दूसरा निवृत्ति मार्ग संन्यास मार्ग है, वैराग्यवाद है। प्रवृत्ति और निवृत्ति में संतुलन बनाना ही न्याय है।

प्रकृति से उत्पन्न तीनों गुणों से परवश होकर व्यक्ति कर्म करता ही रहता है। एक क्षण भी कर्म किए बिना नहीं रहा। कर्म सृष्टि का नियम है बिना कर्म किए वह व्यर्थ ही जीता है।[8] बिना कर्म किए स्वातंत्र्य लाभ भी नहीं मिल सकता कर्म संन्यास से संन्यास की सिद्धि भी नहीं मिलती।[9] हर व्यक्ति का मानसिक स्तर अलग है। प्रत्येक व्यक्ति एक ही स्तर के कर्म में प्रवृत्त नहीं हो सकता। गीता व्यक्ति के स्वधर्म की बात कहती है। स्वधर्म वर्णाश्रम धर्म द्वारा नियत वह धर्म है जो व्यक्ति का स्वभाव है। स्वभाव से उत्पन्न कर्म में प्रवृत्त होने की क्षमता स्वधर्म है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुण कर्म विभागश: (4/13) चारो वर्ण गुणकर्म विभाग के आधार बाँटे गये हैं। स्वधर्माचरण में मरना भी परम कल्याण कारक है अपनी क्षमता के प्रतिकूल नकल करके कर्म करना ठीक नहीं है। इससे वह भय को प्राप्त होगा।

स्वधर्मे निधनं श्रेय: परधर्मो भयावह:[10]

स्वधर्म पालन से गीता की मूल शिक्षा निष्काम कर्म को बल मिलता है। प्रवृत्ति और निवृत्ति की कठिनाई को भी निष्काम कर्म दूर करता है। आसक्ति

* एसोसिएट प्रोफेसर (दर्शन शास्त्र) आर्य कन्या डिग्री कालेज, इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

से रहित होकर कर्म करना चाहिए यह कर्म मोक्ष कारक होता है। जबकि आसक्ति भाव से किया गया कर्म बंधनकारी होता है। कर्मों से संन्यास सम्भव नहीं है फलों से संन्यास लेना चाहिए। मानव का अधिकार कर्म करने में है फल पर उसका अधिकार नहीं है। कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।[11] गीता 2/47। कर्मवाद की फल की इच्छा और अकर्मवाद की अकर्मण्यतादूर करने में निष्काम भाव सहायक है।

कर्म बुरा नहीं होता। जड़ सृष्टि के अचेतन कर्म स्वयं दु:ख के मूल कारण नहीं हैं। उनके प्रति हमारी भावनाएँ बुरी होती हैं मनुष्य फल की आशा लगाए रहता है यही वास्तव में दु:ख का कारण है। (फलाशा आसक्ति आदि को मन के निग्रह द्वारा छोड़ देना चाहिए।[12])

बुद्धि को व्यग्र स्थिर और शांत रख कर, 'आसक्ति को छोड़ दें पर कर्मो को छोड़ने के आग्रह में न पड़' योगस्थ होकर कर्मो का आचरण कर[13] सिद्धि और असिद्धि दोनों में समत्व बुद्धि रखने को योग कहते हैं। फल की आशा से काम करने की अपेक्षा समत्व बुद्धि से योग ही श्रेष्ठ है।[14]

बुद्धि की समता हो जाने पर कर्त्ता को कर्म सम्बन्धी पाप-पुण्य की बाधा नहीं होती (संसार में अनेक कर्म ऐसे हैं जिन्हें दु:ख सहकर भी करना पड़ता है।) गीता में स्थित प्रज्ञ का यह लक्षण बताया गया है कि शुभ या अशुभ, सुख या दु:ख में जो सदा स्थिर बुद्धि रहता है, न सुख में अधिक सुखी न दु:ख में अधिक दु:खी वही स्थितप्रज्ञ है।[15]

महाभारत में भी व्यास जी ने युधिष्ठिर को यही उपदेश दिया है कि

सुखं वा यदि दु:खं प्रियं वा यदि वाऽप्रियम्।
प्राप्तं प्राप्तमुपासीत हृदयेनापराजित: ।।

चाहे सुख हो या दु:ख हो प्रिय हो या अप्रिय हो जिस समय जैसे प्राप्त हों वह उस समय वैसे ही मन को निराश न करते हुए सेवन करो।

मनुष्य निष्काम भाव से कर्म सदा करते रहे यही एक मार्ग मानव के अधिकार में है और यही उत्ताम भी है। प्रकृति तो सदैव कार्य करती ही रहती है परन्तु उसमें कर्तव्य के अभिमान की बुद्धि छोड़ देने से मनुष्य मुक्त ही है।[16] मनुष्य व्यर्थ ही अपने आपको महत्व देकर उसमें आसक्त हो जाता है इसलिए वह सुख दु:ख का भागी बनता है। कर्तव्य भाव से मुक्त होकर कर्म करना ही निष्काम भाव है। कर्म का त्याग करने के बदले अपने को कर्ता समझने की भावना का त्याग कर देना चाहिए।

यदि वह अपने व्यवहार इस भावना से करें कि 'गुणा गुणेषुवर्तन्ते'[17] प्रकृति के गुण धर्मानुसार सब कार्य कर रहे हैं तो असंतोषजनक परिणाम, या दु:ख हो ही नहीं सकता। श्रीकृष्ण इसीलिए अर्जुन को योगी बनने की शिक्षा देते हैं तस्माद्योगी भव अर्जुन: (6:46) योगस्थकुरुकर्माणि। तस्माद्योगाय युज्यत्व योग: कर्मसु कौशलम् (2:50)

कर्मो में कुशलता ही योग है। कुशं लाति इति कुशल: (प्राचीनकाल में ऋषि कुमार यज्ञ के लिए कुश बटोरने जाते थे कुश उखाड़ते समय उनका हाथ कट जाता था इस समम से कुछ कुमार दूसरों से माँगकर काम चला लेते थे लेकिन कुछ कुमार कुश उखाड़ते भी थे और उनका हाथ भी नहीं कटता था अर्थात् संसार के सब काम भी करते हैं और उसकी माया से बद्ध भी नहीं होते। इस भाव को ही योग कहते हैं।) जागरुक होकर, एकाग्र होकर, सब ओर से मन को हटा कर कर्म करो। भीड़ में या शोर में एकाग्रता पाना ही उद्देश्य है। अष्टावक्र गीता में भी कहा गया है – The enlightened one neither avoids the crowd nor seeks the forest under all conditions in any place, he remains perfectly balanced. Ch. 18:100

कर्म योग के समर्थन के लिए श्रीकृष्ण अर्जुन को अंतिम और महत्वपूर्ण उपदेश देते हैं कि 'लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन् कर्तुमर्हसि'[18] लोक संग्रह की दृष्टि से भी तुझे कर्म करना ही उचित है। भगवत्गीता के तीसरे अध्याय में तथा महाभारत के नारायणीयोपाख्यान में जिस यज्ञ चित्र का वर्णन है उसमें भी कहा गया है कि देवलोक और मनुष्यलोक दोनों के ही धारण पोषण के लिए ब्रहमदेव ने यज्ञ उत्पन्न किया।[19] इससे स्पष्ट होता है कि गीता में 'लोकसंग्रह' पद से इतना अर्थ विवक्षित है कि अकेले मनुष्य लोक का ही नहीं, देवलोक आदि सब लोकों का भी उचित धारण पोषण होवे और वे परस्पर एक दूसरे का श्रेय सम्पादन करे।[19(1)]

यह संसार चक्र एक विराट यज्ञ है जिसमें सूर्य, चन्द्र, तारे, अग्नि, वरुण, पृथ्वी, औषधियाँ अपनी-अपनी आहुति दे रहे हैं। मनुष्य का भी कर्तव्य है वह इस विराट यज्ञ में अपनी आहुति दे। परमार्थ भावना ही यज्ञ को संसार का केन्द्र बनाती है। यज्ञार्थ कर्म निष्काम कर्म अनासक्त भाव से किया जाता है। यज्ञ भावना के अतिरिक्त यन्य भाव से किया गया कर्म बंधन कारक होता है।

स्वयं भगवान भी धर्म संस्थापन के लिए साधुओं के संरक्षण और दुष्टों के नाश के लिए समय-समय पर अवतार लेते हैं।[20] (गीता 4-8)

गीता में चातुर्वण्य की व्यवस्था थी और यह लोकसंग्रह करने के लिए बनाई गई थी। राजा जनक ने भी संन्यास न लेकर जीवनपर्यन्त राज्य किया। मनु ने भी पहला राजा बनना स्वीकार किया इसलिए स्वधर्ममणि चावेक्ष्य न विकम्पितुमर्हसि[21] (गीता 2.31) स्वधर्म के अनुसार जो कर्म प्राप्त है उनके लिए रोना उचित नहीं। स्वभाव नियतं कर्म कुर्वन्नाप्नोति किल्विषम्[22] (गीता 18.47) स्वभाव और गुण के अनुरूप निश्चित चातुर्वण्यवस्था के अनुसार नियमित कर्म करने से तुझे पाप नहीं लगेगा। इत्यादि प्रकार से अर्जुन को युद्ध करने का बार-बार उपदेश दिया है।

यहाँ शंका होती है कि बिना प्रेरक के कर्म कैसे होगा ? वस्तुत: निष्काम कर्म का प्रेरक ईश्वरार्पण बुद्धि को कहा गया है। समर्पणभाव से आत्म-लाभ की दृष्टि से किया गया कर्म ही कर्म है। ईश्वरार्पण भाव समग्रता का समष्टि का भाव है। आत्मस्थ होकर, अभेद दृष्टि से यहाँ कर्म करने का विधान है। श्री कृष्ण कहते हैं –

मयि सर्वाणि कर्माणि संयस्य अध्यात्मचेतसा।
विरागी निर्ममोभूत्वा युध्यस्व विगतज्वर: ।।[23]

जिस प्रकार कमल-पत्र पानी में रहकर भी पानी से अलिप्त रहता है उसी तरह ज्ञानी पुरूष को अर्थात् ब्रह्मार्पण करके आसक्ति छोड़ के कर्म करने वाले को कर्म का लेप नहीं होता।[24]

गीता के निष्काम कर्म के सिद्धान्त से मानव के सामने कर्म करने का एक नया संकल्प जागृत हुआ है। यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ।।[25]

कृष्ण भगवान् का यह कथन कर्म का संदेश देता है कृष्ण स्वयं आप्तकाम होते हुए सदाचार की स्थापना के लिए कर्म करते हैं। गीता का आशावादी कर्मवाद उत्तरदायित्व और श्रेष्ठता के भाव जगाकर हमारे उज्जवल भविष्य के लिए हमें अनैतिक कर्मो के नितांत स्वार्थी कर्मो के गड्ढे में गिरने से बचाकर मानव जीवन के सार्थक बनाता है। लोक कल्याण की भावना से प्रेरित आसक्तिरहित कर्त्तव्य कर्म ही सत्कर्म है, स्वधर्म है, युगधर्म है।

गीता देवी प्रज्ञा में स्थित एक योगमय जीवन जीना, एक मात्र परम में शरण लेना अन्य सब आकर्षणों को छोड़ देना सिखाती है।

सर्वधर्मान् परित्यज्य मामोकं शरणं व्रज।
अहं त्वां सर्व पापेभ्यो मोक्षमिष्यामिमा शुच: ।।[26]

गीता का दिव्य ज्ञान मनन, चिन्तन का विषय है। कहा गया है – इस दिव्य ज्ञान को लोग आश्चर्य की तरह देखते हैं, जो देख पाता है आश्चर्य की तरह देखता ही रह जाता है और जानने वाला आश्चर्य युक्त होकर व्याख्या ही करता रह जाता है सुनने वाला यदि द्वेषभाव से मुक्त न हो तो वह समझ नहीं पाता।

आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेनमाश्चर्य वद्वदति तथैव चान्य:।
आश्चर्यवच्चैनमन्य:, श्रृणोति श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित्॥

गीता–2/29

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बृहदारण्यक उपनिषद 5:1, 1:1
2. 'तज्जलान', छांदोग्य उपनिषद, 3–14
3. यो वै भूमातद्सुखं नाल्पे सुखमस्ति। भूमैव सुखं भूमात्वेव विजिज्ञासितव्य इति। छांदोग्य उपनिषद 7/13/1।
4. गीताध्यान
5. गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यै शास्त्राविस्तरै:

5[1]. 'तस्माद् युध्यस्व भारत'; इसलिए अर्जुन तू युद्ध कर (गीता 2:18) 'तस्मादुत्तिष्ठं कौन्तेय युद्धाय कृत निश्चय:' इसलिए हे कौन्तेय अर्जुन! तू युद्ध का निश्चय करके उठ (गीता 2:37) 'तस्मादसक्त: सततं कार्यं कर्म समाचर' इसलिए तू मोह छोड़कर अपना कर्तव्य कर्म कर (गीता 3:19) 'कुरुकर्मेव तस्मात् त्वं' इसलिए तू कर्म ही कर (गीता 4:15) 'मामनुस्मर युद्ध च' इसलिए मेरा स्मरण कर और लड़ (गीता 8:7) करने कराने वाला सब कुछ मैं ही हूँ, तू केवल निमित्त है, इसलिए युद्ध करके शत्रुओं को जीत (गीता 11:33)

6. गीता 18:73
7. गीता 3/5–33
8. 3/16
9. 3/4
10. 3/35
11. गीता 2/47
12. गाँधी जी कहते हैं कि फलत्यागी का अर्थ यह नहीं है कि फल त्यागी को फल मिलता नहीं उसे तो हजार गुना फल मिलता है परिणाम का ध्यान करने पर बार–बार मानव कर्तव्य भ्रष्ट हो जाता है, अधीर होकर वह क्रोध के वश में हो सकता है न करने योग्य करने लगता है, इस प्रकार परिणाम की इच्छा लिए वह विषयी की तरह सार–असार का, नीति–अनीति का विवेक छोड़कर हर किसी साधन से काम लेता है और उसे धर्म मानता है। फल तो अवश्य मिलेगा पर प्रेरक फल न होकर कर्तव्य के लिए कर्म का नियम होना चाहिए।
13. गीता 2:48
14. गीता 2:49
15. गीता 2:57
16. गीता 3:27, 13:29, 14:19, 18:16
17. गीता 3:28
18. गीता 3:20
19. गीता 3:10–12

19[1]. तिलक: श्रीमद्भगवतगीता रहस्य अथवा कर्मयोग शास्त्र पृष्ठ 334

20. गीता 4:8
21. गीता 2:31
22. गीता 18:47
23. गीता 3:30
24. छांदोपनिषद 4.1.43 गीता 5:10
25. गीता 4:7
26. गीता 18:66

****

मालती जोशी की कहानियों में नारी संवेदना

अनीता भदौरिया* प्रो. विजयलक्ष्मी राय**

शोध सारांश – युगपुरूष महात्मा गाँधी ने कहा है कि –'स्त्री ही त्याग और प्रेम को जानती है उसी त्याग और प्रेम की प्रतिमूर्ति नारी के ह्दय की पीड़ा, थिरकन, धड़कन और सिहरन ने उसके उल्लास के क्षणों में उसे जीवन विन्यास के विविध पक्षों में गहराई तक उतार दिया है।' शील, लज्जा, करूणा, ममता और सच्चा निर्मल प्रेम की 'सरसता' नारी का श्रृंगार है। गार्गी, इंद्रलेखा, मीराबाई, सहजोबाई, सुभद्रा कुमारी चौहान और महादेवी वर्मा के रूप में नारी की एक विषद् श्रृंखला इतिहास तक मनुष्य के उत्थान या पतन का कारण बन जाती है वह परिवार की ऐसी ईकाई है, जो विविध रूपों में अपनी भूमिका का निर्वाह करते हुए तिल–तिल कर जीवन उत्सर्ग कर देती है। नारी चरित्र अपने जीवन की कठोर अग्निपरीक्षा परिवार की विषमता, ईर्ष्या, द्वेष और प्रतिहिंसा की ज्वाला में ही देती है। मालती जोशी हिन्दी साहित्य की ऐसी महान कहानीकार है जिन्होंने विभिन्न प्रकार के सैकडों परिवारों में जीवन आहत करने वाली नारी पात्र के सुख दुख की व्यथाकथा अपने नारी पात्रों द्वारा अभिव्यक्त की है। नारी पीड़ा, करूणा, संवेदना ओर घुटन को करूण शब्दों में सार्थक स्वरूप किसी ने दिया है तो वह मालती जी ही हैं।

शब्द कुंजी – नारी पीड़ा, करूणा, संवेदना, सार्थक, विषमता, ईर्ष्या, द्वेष और प्रतिहिंसा।

प्रस्तावना – आधुनिक कथा साहित्य में मालती जोशी एक सशक्त हस्ताक्षर है जिनकी कहानियों का दूरदर्शन पर नाट्य रूपान्तरण और कुछ कहानियों पर जया बच्चन के द्वारा तैयार किये गये धारावाहिक नाटक भी प्रदर्शित किये जा चुके हैं, आप पारिवारिक परिस्थितियों की सशक्त चित्रकार रूपी लेखिका है। परिवार इनके लेखन का केन्द्र बिन्दु है आमतौर पर कहानीकार यथार्थ के साथ कल्पना और सामाजिक परिस्थितियों का आंकलन करते हुए कथानक का निर्माण करता है। विगत पचास वर्षो में भारत के समाज में मूल्यगंत संस्कारों राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों का बहुत अधिक प्रभाव भारतीय नारी पर देखने को मिलता है, इन परिवर्तनों के प्रकाश में नारी की गति–प्रगति और उसके उत्थान और पतन की क्रमबद्ध श्रृंखला समय के साथ बढ़ती जाती है, जिसके हर बिन्दु पर हमें मालती जी के एक नारी पात्र का चेहरा दिखने लगता है। उनकी अपनी जो अनुभूतियां समाज की क्रिया प्रक्रिया से निर्मित और हुई उन्हें शब्द देकर मालती जी ने अपनी कहानी का ताना–बाना बुना है। राष्ट्रीय परिवेश में हो रहे परिवर्तन के प्रकाश में पीढ़ीगत मान्यताओं और विचारों का संघर्ष पारिवारिक विघटन व्यक्तिगत ईर्ष्या और द्वेष पति–पत्नी के बीच वैचारिक मतभेद शारीरिक अतृप्ती प्रेम और यौन संबंधों में समरसता के बजाय विरूपता आत्मघुटन अथवा विद्रोह नारी के स्वभाव व जीवन में जो कुछ परिलक्षित होता रहा वह सब इनके कहानी के पात्रों में जीवंत हो उठा है।

मालती जोशी की कहानियों में नारी संवेदना – मालती जी नई कहानियों की स्थापित हस्ताक्षर है उनकी कहानी साठ के दशक के बाद की है यह दौर सामाजिक आर्थिक राजनीतिक परिवर्तन के दौर के रूप में देखा जाता है। सामाजिक आर्थिक परिवर्तन का यह दौर सिर्फ भारत तक ही सीमित नहीं था बल्कि पूरी दुनिया ही परिवर्तन के दौर से गुजर रही थी। पूंजीवाद दम तोड़ता हुआ प्रतीत हो रहा था समाजवाद रूपी नए बीज का प्रस्फुटन होने को तैयार था। उपनिवेशवाद का अंत हो रहा था नए देशों का नवीन नक्शा नित्य नए वर्षो में उभर रहे थे। ऐसे दौर में साहित्य का विकास भी देशकाल के अनुसार ही होना तय था। अत: मालती जी का साहित्य भी इससे अछूता नहीं था।

मालती जी एक भारतीय मध्यम वर्ग की अग्रणी प्रणेता के रूप में जानी जाती हैं। उनकी कहानियों में नारी संवेदना को खोजना अथाह महासागर में डुबकी लगाने जैसा ही है। मालतीजी की अधिकांश कहानी नारी पात्रों के चरित्र चित्रण तथा नारी समस्याओं के मुख्य कथानक के रूप में ही विकसित होती हैं।

उन्होंने अपनी लेखनी का सर्वोत्तम प्रदर्शन नारी संवेदना की अभिव्यक्ति में ही लगाया है। नारी के चरित्र में सर्वाधिक विविधता दिखाई देती है, कहीं मां के रूप अपने अलावा दूसरे के बच्चे पर भी ममता लुटाती नजर आती है तो कहीं बड़ी बहन की भूमिका अदा करते हुए छोटे भाई बहनों के लिए अपनी खुशियों का बलिदान देती हुई दिखाई देती है, कहीं अच्छी पड़ोसन की भूमिका में पड़ोसी के दुख दर्द में साथ खड़ी दिखाई देती है, कहीं अच्छी प्रेमिका के रूप में अपना सर्वस्व न्यौछावर करती है, तो कहीं बेटी बनकर अपनी मां की पीड़ा को हरने का काम करती है। नारी का वह रूप जहां नारी ममता, त्याग, प्रेम की मूर्ति के रूप में दिखाई देती है, तो दूसरी तरफ उस नारी की भावना या संवेदना भी मालती जी से नहीं छुपी जो अपने जीवन की गाड़ी अकेले खींचते हुए भी खुशी का आवरण ओढ़े रहती है। कहानी आनंदी की पात्र आनंदी तथा दुसरी और वह नारी भी है जो सब कुछ होते हुए भी अनजाने दुख से दुखी रहती है।

मालती जी की लेखनी नारी के किसी भी भाव से अछूती नहीं है। अगर मैं यह कहूं कि मालतीजी ने नारी मन के सभी भावों की परतो को अलग–अलग करके शिष्टगत कर लिया है तो बिल्कुल भी अतिश्योक्ति नहीं होगी मेरे द्वारा शोध यात्रा में उनके 100 से ज्यादा कहानी तथा अन्य विधाओं का अध्ययन किया गया जिसमें मुझे नारी संवेदना की परत दर परत अलग–

* शोधार्थी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** प्रोफेसर एवं कन्ट्रोलर ऑटोनोमस, शा.म.ल.ब.क़न्या स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

अलग दिखाई देती हुई प्रतीत हुई। ऐसा नहीं है कि उन्होंने नारी के सिर्फ सकारात्मक भूमिका को ही लेखनी का हिस्सा बनाया है नारी का हर रूप उनकी लेखनी से छुपा नहीं है। कहानी सूत भर का अंतर मे दीपक की भाभी की नकारात्मक भूमिका तथा वही मकान मालकिन चाची सकारात्मक भूमिका में दिखाई देती है।

समाज में नारी की स्थिति पर गहरा मंथन भी मालती जी ने किया है। शादी के लिए लड़की के रूप रंग गुण ज्यादा पिता की औकात मायने रखती है।नारी आधे विश्व का निर्माण करती है। सृष्टि के बनने और उसके संचालन में नारी की भूमिका और योगदान को किसी भी स्तर पर पुरुष से कमतर करके नहीं आंका जा सकता। अनादिकाल से नारी पुरुष के साथ विश्व की लगभगसारी आवश्यक गतिविधियों में न केवल हाथ बंटाती आई है, वरन वह पुरुष के लिए प्रेरणा स्रोत भी बनी है। भारत और इस उपमहाद्वीप की संस्ंति ने नारी के महत्व और उसकी भूमिका को काफी पहले से पहचान लिया था। ऐसे वक्त में जब शेष विश्व में मानवीय सभ्यता के प्रारम्भिक चिन्ह तक दिखलाई नहीं पड़े थे, भारतीय संस्कृति में महिलाओं की भरी–पूरी हिस्सेदारी थी और समाज में उसके लिए बराबरी का स्थान मौजूद था। हमारी सभ्यता ने पिछली कुछ सदियों में जो ऐतिहासिक करवटें लीं, उसके फलस्वरूप आज चाहे नारियां अनेक तरह की सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा के घेरों में जकड़ी जा चुकी हैं, लेकिन इस बात के अनेक प्रमाण हैं कि हमारे यहां शारीरिक गतिविधियों के अलावा धार्मिक अनुष्ठानों में तक उनकी भागीदारी बनी हुई थी। कुछ क्षेत्रों को छोड़ दें, तो हमारे समाज में आज महिलाएं भीतरी–बाहरी चुनौतियों से जुझती हुई अपना स्थान बनाने में प्रयासरत हैं।

निष्कर्ष – मालतीजी ने कम शब्दों में सब कुछ बयां कर दिया पुरुष प्रधान संस्कृति में पात्रों के उच्चता बोध से उत्पन्न पत्नी की दयनीय अवस्था का चित्रण के अलावा सुशिक्षित और हर प्रकार से आत्मनिर्भर नारी आज भी पूर्णतया स्वतंत्र नहीं है। उसकी मानसिकता को मालती ने बड़ी बारीकी से अपनी कहानियों में महत्वपूर्ण ढंग से चित्रित किया है वर्तमान पीढ़ी में रिश्तो की मूल्यहीनता, वैचारिक भिन्नता ,नैतिक मूल्यों का पतन आदि को भी चित्रित किया है। हम कह सकते हैं कि मालती जी ने अपनी कहानियों के माध्यम से नारी संवेदना के समस्त पहलू के अलावा पारंपरिक रूढ़ियां, संस्कृति, नैतिक मूल्य ,अनैतिकता, महानगर की विभिन्न समस्याए, शिक्षित तथा आत्मनिर्भर नारी की मानसिकता आदि को भी चित्रित किया है उन्होंने अपने मनोभावों को शिल्प के माध्यम से कलात्मक रूप प्रदान किया है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि मालतीजी ने नारी संवेदना के सभी पहलू को अपनी लेखनी में स्थान दिया हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. चितले रंजना साक्षात्कार मार्च 2005 पृष्ठ 5
2. जोशी मालती – मन न भये दस बीस 1981 साक्षी प्रकाशन।
3. जोशी मालती – बोल री कठपुतली 1985 किताब घर प्रकाशन।
4. जोशी मालती – बाबुल का घर 1992 साक्षी प्रकाशन।
5. जोशी मालती – मोरी रंग दी चुनरिया 1992 साक्षी प्रकाशन।
६. जोशी मालती – रहिमन धागा प्रेम का2002 परमेश्वरी प्रकाशन।
7. www.hindisamy.com
8. www.prabhatbooks.com
9. gadyakosh.org

****

संगीत और नाद

डॉ. इभा सिरोठिया *

प्रस्तावना – संगीत का आधार नाद है। सम्पूर्ण विश्व को नादात्मक कहा गया है – 'तस्मात् नादात्मकं जगत्।' नाद संस्कृत – व्याकरण के 'नद' धातु से निष्पन्न हुआ है, जिसका मूल रूप से अर्थ है 'अव्यक्त शब्द।' ध्वनि के मूल रूप से तीन प्रकार हैं व्यक्त, अव्यक्त तथा व्यक्तात्यक। व्यक्त ध्वनि, कष्ठ नि:सृत 'अव्यक्त' ध्वनि, वाद्य ध्वनि या अवर्ण परिग्रह तथा 'व्यक्ताव्यक्त' उभय के योग से मिश्रित ध्वनि को माना जा सकता है।[1]

जैन साहित्य के अनतर्गग्त नाद (ध्वनि) पर विशद् चर्चा की गयी है, जिसमें नाद कला को अर्धचन्द्र जैसा माना गया है, नाद सफेद रंग की ओर बिन्दु काले रंग का है। ओंकार को नाद बहम स्वीकार किया गया है। जो परमात्मा वाचक है। 'तस्य वाचक: प्रणव: ओमत्येकाक्षरं ब्रह्म।' अत: ओम् शब्द परमात्मा का द्योतक है जो हमारा रक्षा करता है। नाद स्फोट जन्मा है। स्फोट नादोत्पत्ति का आधार है। समस्त संसार में नाद व्याप्त है, व्याप्त येन चराचरम्। व्यष्टि नाद से ऊपर उठकर समष्टि नाद को सुनने का यत्न करते हैं, उन्हें विराट आत्मसत्ता में गुंजित अपार्थिव अनाहद नाद सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। कबीर ने संसार में नाद व बिन्दु को 'नाव' कहा है। राम नाम है इस नौका का खेवनहार है।

जो नाद स्वयं रंजक हो, वह स्वर है। पद स्वर का अधिकरण है और अर्थ का प्रतिपादक है।

स्वयं यो राजते नाद: स्वर स परिकीर्तित:।
पदं स्वरादिक रणमर्थस्य प्रतिपादकम्।।[2]

नाद परम दायक है, विशुद्ध नाद शुद्धसत्व सज्जनों के पवित्र शरीर से उत्पन्न होता है। जैनाचाय्र पार्श्व देव को संगीत शास्त्र के गूढ़ एवं सूक्ष्म सिद्धान्तों के साथ-साथ उनके प्रयोग का भी गहन ज्ञान था। ठाणांगसुत्त, राथापसेणीय सुत्त, अनुयोगद्धार सुत्त, संगीत समया सार आदि ग्रन्थों में संगीत सम्बन्धी अनेका नेक सामग्री मिलती है। 20वीं शताब्दी मतें ध्वनि की प्रबल शक्ति को वैज्ञानिकों ने भी स्वीकार किया है। सभी गीत नादात्मक अर्थात् नाद पर आधारित है। वाद्य नाद उत्पन्नकर्ता होने से प्रशस्त है। नृत्य गीत तथा वाद्य के आधार पर सम्पादित होता है अत: यह तीनों कलाएँ नादाधीन मानी गयी हैं :-

गीतं नादात्मकं वाद्यं नाद व्यक्ता प्रशस्यते
तद्ध्यानुगतं नृत्तां नादाधीनम तस्त्रयम्।[3]

भारतीय चिन्तन के अनुशर 'शब्द' की महत्ता सदा से ही स्वीकृत है शब्द सदा ही आकाश में विद्यमानरहते हैं, वैज्ञानिकों का यह मानना है कि द्रव्य (मैटर) तथा शक्ति (एनर्जी) दोनों एक ही वस्तु है और द्रव्य को शक्ति में परिवर्तित किया जा सकता है, अर्थात् परम तत्व एक ही है। इस प्रयोग के आधार पर वे किसी वैज्ञानिक उपकरण (Apperatus) की सहायता से वे प्राचीन सांगीतिक ध्वनि को पुन: प्राप्त करने में सफल हो जायेगें ऐसा उनका अनुमान है। अनुसंधान का यह चरण अभी प्राथमिक अवस्था में है।

वस्तुत: संगीत एक ऐसी स्फूर्त कला है जो स्वर के माध्यम से किसी न किसी रूप में हमारे सामने आता है। योगियों-मुनियों ने सम्पूर्ण जगत को नाद (सांगीतिक ध्वनि) के अधीन स्वीकार किया 'तस्मात् नादाधीनं जगत।'

नाट्यशास्त्र के अनुसार नाभि के ऊपर हृदय स्थानप से ब्रह्मरन्ध स्थित प्राणवायु में एक शब्द रहता है उसी को नाद कहते हैं :-

नामरुर्ध्वहृदि स्थानान्मारुत: प्राण संज्ञक:।
नदति ब्रह्मरंरुध्रान्ते तेन नाद: प्रकीर्तित।

तो वही संगीत को चतुर्वर्ग अर्थात् धर्म-अर्थ काम मोख की प्राप्ति का साधन माना गया जो नाद् संगीत की सार्वभौमिकता का प्रिय उदाहरण है।

जीवन एक हर पथ पर संगीत ने अपना प्रभाव छोड़ा है । नादमयी संगीत के रूप में, भारतीय ऋषियों, सन्तों, संगीतज्ञो ने परखा और स्वीकार किया। संगीत के दीवाने बनकर कितनों ने तो समाज का त्याग किया नारायण के श्री मुख से संगीत का एक आध्यात्मिक भावना से परिपूर्ण एक श्लोक प्रस्तुत है।

नाहं बसामि बैकुंठे योगिनां हृदये न च ।
मदभक्ता: यत्र गायन्ति तत्र तिष्ठामि नारद: ।।

अर्थात मैं बैकुंठ में निवास नहीं करता, योगियों के हृदय में भी नहीं, हे नारद, जहाँ मेरे भक्त गाते हैं मैं वहीं स्थित हूँ।

नाद ध्वनि करतल से ये जग, गुजिंत है नित् सप्त स्वर से
वास है जिसमें उस ईश्वर का, रहता भक्त-मन-घर में।

संगीत को विश्व की भाषा Universal Language कहा गया है। नाद के अनेक पर्यावाची है - शुद्ध, स्वर, ध्वनि, आवाज प्राण आदि। नाद का न ही तो आदि है और न ही अन्त।

'शब्दस्य परिणामो यमित्यानस्यविदो विदू:'

अर्थात् वेद के ज्ञाता जानते हैं कि यह जगत शुद्ध या नाद का ही परिणाम है। नाद शब्द की उत्पत्ति 'नद' धातु से हुई है जिसका अर्थ है अव्यक्त ध्वनि। अव्यक्त नाद हमारे अन्तर में ध्वनित होता रहता है जिसे हम अपने कानों से नहीं सुन पाते।

नाद के दो भेद हैं –

1. आहत
2. अनाहत

आहताऽनाहत रचैति द्विध नादोभिगचते
तथा नादस्तु सद्विध: प्रोक्त: पूर्वनास्त्वनाहत:।
आहतस्तु द्वितीयोऽसौ वायेष्वाद्यातकर्म्मण:।[6]

* एसोसिएट प्रोफेसर (गायन) आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, इलाहाबाद (उ.प्र.) भारत

अनाहत नाद – प्राचीन आचार्यो के अनुसार मुनिजन अनाहत नाद की उपासना करते हैं। यह नाद रंजक नहीं –

तत्राऽनाहतनादं तु नुनयः समुपासते।
गुरुपदिष्टमार्गेण मुक्तिदं न तु रंजकम्।।[7]

आहत नाद – आघात, स्पर्श, संघर्ष अथवा दो वस्तुओं की रगड़ एवं टकराने से जो शब्द निर्गत होता है उसे आहत नाद कहते हैं :–

आहस्तु द्वितीयोऽसो वाद्यं एवाद्यकर्म्मणा
तेन गीत स्वरोत्पत्तिः स नादौ जयते मुनि।[8]

हम आँख खुलने के साथ जिन ध्वनियों को सुनते रहते हैं वही ध्वनि हमारे लिए वास्तविक सत्य बन जाती है, क्योंकि उन्हीं से हमारे सांसारिक कार्यो की प्रतिपूर्ति होती है फलतः हम अव्यक्त अर्थात अनाहद नाद से दूर हटते जाते हैं जो हमारे अन्दर की विद्यमान होता है। अनहद नाद हमारे कानों से सुनाई नहीं देता किन्तु हमारे अन्दर चिरत्तय ज्योर्तिमय बना रहता है। आध्यात्मिक जगत में आहत और अनाहत नाद दोनों का महत्व रहा है। आहत नाद के अन्तर्गत भक्ति, मुक्ति समर्पण आदि है जब इन भावों को परिपूर्ण शब्दों में पिरोकर लययुक्त वाणी प्रस्तुत किया जाता है तो भक्ति संगीत के रूप में ये हमारे मन को शान्त करता है। मन से एकाग्रचित मनुष्य आहत से अनहद नाद की ओर ले जाती है जहाँ सांसारिक गति के विपरीत आन्तरिक नाद अर्थात अनहर नाद की परिधि में प्रवेश कर जाता है। मन जैसे जैसे भीतर की ओर जाने लगता है तो आहत नाद सूक्ष्म और अनाहद नाद हमारे अन्तः हृदय में गुंजित होने लगता है। यह अनहद नाद ही मनुष्य को अध्यात्मिकता से जोड़ भक्ति भाव से पोषित कर प्रभु प्राप्ति का मार्ग सुलभ बनाती है जिस पर चलकर जाने कितने भक्त, सन्त, साधु भगवत् प्राप्ति के मार्ग पर चलकर उस असीम परम तत्व की प्राप्ति कर सके।

अतः नाद और उसका प्रभाव हम बाहर से अन्दर की ओर ले जाकर, हृदय को प्रकाशित करना है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. तन तंत्री मन किन्नरी: इन्द्राणी चक्रवर्ती पृ0सं0 3, 4
2. संगीत समय सार – 5/16/17
3. नाट्य शास्त्र – 4 – 262 – 269
4. नाट्यशास्त्र – 1/17
5. संगीत दर्पण – 170–71
6. भारतीय संगीत वाद्य – पृ0सं0 5
7. संगीत रत्नाकर – पृ0सं0 7 श्लोक 29
8. संगीत दर्पण – प्रथम अध्याय – श्लोक सं0 16 पृ0 सं0 9

****

क्रांतिज्योती सावित्रीबाई फुले यांचे शैक्षणिक - स्त्री शिक्षण विषयक विचार व कार्य

डॉ. रविंद्रनाथ महादेवराव केवट*

प्रस्तावना - महाराष्ट्रातील श्रेष्ठ समाजसुधारक आणि दलित - श्रमिक वर्गाच्या दास्याची परखड मीमांसा करणारे थोर क्रांतिकारक म्हणून महात्मा जोतीराव फुले आणि त्यांच्या पत्नी सावित्रीबाई यांचा उल्लेख गौरवाने केला जातो.

'विद्येविना मती गेली............
इतके अनर्थ एका अविद्येने केले!'

महात्मा ज्योतिबा फुल्यांनी शिक्षणाचे महत्तव जाणले. अविद्येमुळे आपले कसे खच्चीकरण होत आहे. तेव्हा इथल्या दलित-अस्पृश्य किंवा शोषितांच्या जगण्याचा नेमकेपणाने वेध घेऊन वेळप्रसंगी इथल्या समाजव्यवस्थेवर अत्यंत कठोर प्रहार करून, इथल्या शूद्रातिशूद्रांना हजारो वर्षे बंद असलेली शिक्षणाची कवाडे म. फुले आणि सावित्रीबाईनी उघडली.

महात्मा जोतीबांसोबत सावित्रीबाईनी केलेले कार्य एखाद्या पर्वतासारखे आहे. जोतीबांना सावित्रीबाईनी समाजकार्यात दिलेली साथ म्हणजे स्त्री मुक्तीच्या संघर्षमय जीवनाचा उदय होतात. सावित्रीबाईंनी समाज जवळून अभ्यास केला. समाजातील समस्यांचा अभ्यास केला, आणि या पाशवीपणातून आपण कसे मुक्त होऊ? या विचारांनी प्रेरित होवून सावित्रीबाईंनी सामाजिक लढ्यात क्रांतिकारी उडी घेवून सामाजिक उत्थानाची पायाभरणी केली. स्वत: शिक्षक बनून तमाम अस्पृशांसाठी त्यांनी शिक्षणाची दारे उघडी करून दिली. स्त्रियांनी सुद्धा शिक्षण घेवून शिक्षित व्हावे या जाणिवेतून सावित्रीबाईनी मुलींसाठी शाळा उघडून अध्यापनाचे कार्य केले.

संशोधन :

संशोधन म्हणजे नवीन ज्ञान प्राप्त करून घेण्यासाठी पद्धतशीर केलेले प्रयत्न होय. ; रेडमन आणि मेरी

क्रांतिज्योती सावित्रीबाई फुले यांच्या शिक्षणविषयक उदात्ता दृष्टिकोन समाजासमोर यावा यासाठी विविध स्तरावर सावित्रीबाईच्या शैक्षणिक व स्त्री शिक्षण विषयक कार्याचे संशोधन सुरू आहे. या शोधनिबंधाच्या माध्यमातून सावित्रीबाईचे व स्त्रीशिक्षण विषयक विचार समाजासमोर यावा यासाठीचा हा शोधक अल्पसा प्रयत्न.

सावित्रीबाईंचे व्यक्तिमत्तव :

सावित्रीबाईचे जन्म 1831 साली 3 जानेवारीला झाला. त्याचे आई-वडिल शेतकरी होते. सावित्रीबाई सुद्धा आई-वडीलासाबेत शेतात काम करायच्या, सावित्रीबाईची बुद्धी तिक्ष्ण होती. सावित्रीबाई 9 वर्षाच्या असतांना महात्मा जोतीबा फुल्यांसोबत त्यांचा विवाह झाला.

सावित्रीबाईंना महात्मा फुल्यांनी घरी शिकविले. बहुजनांविषयी महात्मा फुल्यांच्या मनामध्ये कळवळा होता. त्यांना शिकावं आणि आपण माणूस म्हणून स्वाभिमानानं जगावं ही जोतीरावांची आंतरीक इच्छा होती. तळागाळातील स्त्रिया शिकल्या पाहिजे असे सावित्रीबाईना वाटत होते. या जाणिवेतूनच महात्मा फुल्यांनी 1जानेवारी 1848 मध्ये पुण्यात मुलींची पहिली शाळा सुरू केली. जगाच्या इतिहासात ही फार मोठी शैक्षणिक क्रांती आहे. सावित्रीबाईनी सुद्धा जोतीरावांच्या कार्याचा वसा घेऊन स्त्रियांना शिकविण्यासाठी त्यांनी आपलं संपूर्ण आयुष्य व्यतित केलं. जोतीबांनी सुरू केलेल्या शाळेत सावित्रीबाई शिक्षिका होत्या, सावित्रीबाई पहिली भारतीय शिक्षिका आणि मुख्याध्यापिका बनली.

ज्या काळात सावित्रीबाईनी अध्यापनाचे कार्य सुरू केले होते. त्या वेळच्या सामाजिक व्यवस्थेने, समाजकंटकानी सावित्रीबाईंचा अतिशय छळ केला. अशा स्थितीतहीसावित्रीबाई आपल्या कर्तव्यापासून हटली नाही. ती खंबीर होती. म्हणूनच सावित्रीबाई संपूर्ण देशाची क्रांतीज्योत होऊ शकली. या क्रांतीज्योतीच्या उजेडात आजची स्त्री आपलं शिक्षित स्वाभिमानी जीवन जगत आहे. हाच खरा सावित्रीबाईच्या व्यक्तिमत्तवाचा आणि कार्याचा गौरव आहे.

सावित्रीबाईनी 1849 मध्ये पुण्यातील उस्मानशेख यांच्या वाडयात प्रौढांसाठी शाळा उघडली. 1855 मध्ये शेतकरी व मजूर स्त्री-पुरूषांसाठी रात्रीची शाळा काढली. सावित्रीबाई अन् महात्मा जोतीबा यांच्या शैक्षणिक कार्याचा मेजर कॅंडी यांनी गौरव केला, आदर्श शिक्षिका म्हणून सावित्रीबाईच नांव इतिहासानं आपल्या हृदयावर कोरलं आहे.

सावित्रीबाईंच केवळ शैक्षणिक कार्य केले नाही. तर समाजातल्या प्रत्येक स्तराची सावित्रीबाईना जाणीव होती. त्यानी अनाथ बालकाश्रम उघडला. काशीबाई या ब्राम्हण बालविधवेच्या मुलास दत्ताक घेतले त्याला डॉक्टर बनविले. घरचा हौद अस्पृश्यांसाठी खुला केला. पुणे क्षेत्रात 52 अन्नछत्रे उघडली. व दुष्काळ निवारण कार्याचे नेतृत्व केले. सावित्रीबाईंनी साहित्यलेखन सद्धा केले. महात्मा जोतीबांच्या मृत्यूनंतर सावित्री खचली नाही. तर अधिक खंबीर बनून महात्मा जोतीबांचे कार्य पूर्ण करण्यास ती सतत झटत राहिली.

1897 मध्ये पुण्यात प्लेगची साथ आली. या साथीत प्लेग्रस्तांची ती सेवा करीत होती आपला मुलगा डॉ यशवंत यांच्याकडून ती रूग्णांवर उपचार करवून घेत होती. यातच सावित्रीबाईंना प्लेगची लागण झाली. अन 10 मार्च 1897 रोजी क्रांतीची ज्योत चिरकाल शांत झाली.

सावित्रीबाईच्या शिक्षणाचा आरंभ :

महात्मा जोतीबा फुल्यांसोबत सावित्रीबाईचा विवाह झाला. सावित्री आणि

* महिला महाविद्यालय, बल्लारपूर, जि. चंद्रपूर (महा.) भारत

जोतीबा काळ्या मातीत घाम गाळून अमाप धान्यरूपी सोने पिकवत होते. दुपारच्यावेळी जेवणासाठी सुट्टी करत. आंब्याच्या सावलीत बसून जेवणे झाले की, विश्रांतीच्या वेळी हिरव्यागार आंब्याच्या थंडगार सावलीत काळया आईची पार्टी करून, आंब्याच्या वाळक्या काडीची पेन्सील करून जोतीराव सावित्रीबाईना शिक्षणाचे धडे देत होते.

तळागाळातील माणसाच्या उत्थानासाठी शिक्षण आवश्यक आहे. हया जाणिवेतून सावित्रीबाईंना शिकवून महात्मा जोतीबांनी सावित्रीबाईंना शिक्षित करून शिक्षिका केले.

शिक्षणाचे महत्तव :

विद्येविना मती गेली असे सांगणाऱ्या महात्मा जोतीबा फुलेनी शिक्षणाचे महत्तव जाणले. शिक्षणामुळेच माणसाला माणूस पण प्राप्त होऊ शकते हे फुल्यांनी आपल्या सम्यक दृष्टितून न्याहाळलं अविद्येमुळे शूद्रातीशूद्रांची होणारी पिळवणूक होत असलेले खच्चीकरण हे महात्मा जोतीबांना विचार करायला लावणारे फार मोठ दु:ख होतं.

सावित्रीईनी महात्मा फुल्यांकडून समाजसुधारणेचा घेतलेला वसा त्यांनी अतिशय खंबीरपणे पुर्णत्वास नेला. सावित्रीबाईनी शिक्षणाचे महत्तव जाणले आणि त्यातूनच त्यांनी शैक्षणिक कार्याची पायाभरणी केली, स्त्री शिक्षणात क्रांती केली.

शिक्षणातून निर्माण झालेली सामाजिक शैक्षणिक जाणीव :

सावित्रीबाईंच जीवन सामान्य स्त्रियासारखं निश्चितच ' रात्रदिवस आम्हा युद्धाचा प्रसंग अशा प्रकारच जगणंसावित्रीबाईच्या वाटयाला आलेलं होत, लग्न करून चारचौधीसारखा प्रपंच करावा. एक कुटुंबवत्सल स्त्री म्हणून जगांव असे सावित्रीबाईना कधी वाटलंच नाही. समाजच माझा प्रपंच आहे असे त्यांनी मानले आणि समाज सेवेसाठी आपलं संपूर्ण जीवन अर्पित केलं. अनेक अनाथ आणि अनौरस अर्भकांच मातृत्व स्वीकारलं स्वत: दु:ख, कष्ट, मानहानी सोसून इतरांना सुखी केलं, त्यांना सन्मान आणि मानवी प्रतिष्ठा मिळवून दिली. समाजातील हीन-दीन, गोर-गरीब, अडले-नडले आणि जे उपेक्षित स्त्री-पुरूष आहेत, त्यांचा विकास झाला पाहिजे. या सामाजिक जाणीवेतून सावित्रीबाईनी आपले कार्य केले आहे.

तळहाताने सूर्य कधी झाकता येत नसतो. कोसळणाऱ्या पावसाला थांबविता येत नाही. त्याचप्रमाणे सावित्रीबाईचा आणि जोतीरावांच्या कार्याला झाकता येत नाही. सावित्रीबाई कोकलणाऱ्या कोल्हेकुईला कधीच जुमानल्या नाहीत. धैर्याने तथा अविरतपणे आपले कार्य करीत होत्या. शिक्षणातूनच सावित्रीबाईना सामाजिक उत्कर्षाची जाणीव झालीहोती.

मुलीच्या पहिल्या शाळेची स्थापना :

स्त्रियांचा आणि शूद्राचा विकास करावयाचा असेल तर त्यांना शिक्षण देणे आवश्यक आहे. शिक्षणाशिवाय कोणाचीही प्रगती अशक्य आहे. म्हणून त्यांना शिक्षण दिले पाहिजे. शिक्षण घ्यायचे तर शाळा पाहिजेत. म्हणून जोतीराव फुले यांनी 1 जानेवारी 1848 रोजी पुण्यात बुधवार पेठेतील भिडे वाडयात मुलींची पहिली शाळा काढून स्त्री शिक्षणाची मुहुर्तमेढ रोवली. हा नवा संकल्प तात्या भिडे यांना फारचआवडला. त्यांनी जागा भाडे न घेता शाळेकरीता जागा दिली. शिवाय दरमहा 5 रूपये देण्याची इच्छा प्रकट केली. आणि 501 रूपये देणगी म्हणून सुरूवातीला दिले. सावित्रीबाई समाजाचा विरोध न जुमानता स्त्री उध्दारास सज्ज झाल्या.

सावित्रीबाईच्या शाळेतील पहिल्या विद्यार्थिनी (1) अन्नपूर्णा जोशी (2) सुमती मोकाशी (3) दुर्गा देशमुख (4) माधवी थत्तो (5) सोनू पवार (6) जानी करडिले यामध्ये चार ब्राम्हण एक धनगर आणि एक मराठा अशा एकूण सहा विद्यार्थिनी होत्या.

देशातील पहिली शिक्षिका व हेडमिस्ट्रेस :

महात्मा फुल्यांनी स्थापन केलेल्या मुलीच्या पहिल्या शाळेत स्त्री शिक्षिका हवी होती. त्यासाठी महात्मा फुल्यांनी सावित्रीबाईना शिकविले. सावित्रीबाईंनी पुण्यात मिचेलबाईच्या नार्मल स्कूलमध्ये अध्यापनाचे प्रशिक्षणही घेतले होते. सावित्रीबाई शिकल्या महात्मा फुल्यांनी सावित्रबाईनी होते. त्यांनी या कार्याची इत्यंभूत माहिती मिळवून तत्सबंधी हेडमिस्ट्रेस म्हणून नेमणूक केली. जगाच्या इतिहासातील ही फार मोठी क्रांती होय.

सदर शाळा स्थापन करतांना संस्थापकांना जितके कष्ट पडले त्यापेक्षा अधिक त्रास शाळा चालवितांना सावित्रीबाईना झाला. शाळा चालविण्यासाठी प्रतिकूल परिस्थिती होती. लोकं सावित्रीबाईची टिंगल करीत होते. वर्तमानपत्रातून प्रसिद्ध झालेली आहे. शाळा खात्याच्या प्रसंगी शेण, दगड गोटे, यांचा मारही त्यांना सहन करावा लागला. परंतु सावित्रीबाईंनी त्याकडे यत्किंचितही लक्ष न देता आपले शिक्षणाचे कार्य शांतपणे अविरत सुरूच ठेवले. देशातील आद्य शिक्षिका आणि हेडमिस्ट्रेस हा सन्मान सावित्रीबाईना मिळाला.

आदर्श शिक्षिका म्हणून सन्मान :

सावित्रीबाई सलग 50 वर्षे लोकांसाठी राबल्या होत्या. समाजसेवेचा सम्यक कारूण्यमय आदर्श सावित्रीबाइंनी समाजासमोर निर्माण केला. सावित्रीबाईंना हा वसा समाजातील सर्व स्त्रियांनी अंगिकारवा ही अपेक्षा आहे.

सावित्रीबाईनी दिलेले शिक्षण कार्यातील योगदान हे जगाच्या इतिहासात सुवर्णाक्षरानी नोंदवून ठेवावी. अशी ऐतिहासिक घटना आहे. 1852 मध्ये शाळांच्या तपासीत सावित्रीबाईंचा आदर्श शिक्षिका म्हणून सन्मान करण्यात आला. अस्पृश्यता कलंक धुऊन सामाजिक समता प्रस्थापित करण्याठी महात्मा फुल्यांनी शाळा काढल्या. याबाबत लेखक डॉ. मंगूडकर म. फुले आणि संशोधन चळवळ या पुस्तकात लिहितात की, हिन्दुस्थानच्या संबंध इतिहासात अलिकडच्या काळात हिन्दुनी अस्पृश्यांसाठी प्रयत्न केल्याचे हे पहिलेच उदाहरण आहे. जोतीरांवाच्या या कार्याचा उल्लेख त्या काळाच्या 5 डिसेंबर 1853 च्या ज्ञानप्रकाशच्या अंकात मोठया गौरवाने केला आहे.

यावेळी शिक्षण खात्याचे अध्यक्ष आरस्किम पेरी हे रिपोर्ट केला, मुंबई सरकारने महात्मा जोतीराव फुले यांना प्रोत्साहन देण्याचे ठरविले व त्यासाठी वैभवशाली दरबार भरविला. अध्यक्षस्थानी मेजर कॅडी गर्व्हनर होते. या दरबारात महात्मा फुले यांनी एक भरजरी शाल अर्पण करून त्यांचा गौरव करण्यात आला. ही बातमी त्या वेळच्या इंग्रजी वर्तमानपत्रातून प्रसिद्ध झालेली आहे. षाळा खात्याच्या डायरेक्टरांनी एक सर्क्युलर काढून जोतीरावांच्या कार्याची स्तुती केली. पुन्हा ऑबझर्व्हर च्या 20 नोव्हेंबर 1852 च्या अंकात एक छोटी बातमी प्रसिद्धी झाली. ती अशी पुण्यात मुलाची शाळा व अस्पृश्यांचा शाळा स्थापन केल्या. या कामगीरीचा गौरव करण्यासाठी जोती गोविद फुले यांना बोर्ड ऑफ एज्युकेशन यांनी शाळा नजर केली आहे.

हा समारंभ झाल्यानंतर सावित्रीबाईनी जोतीरावांचे सकौतुक अभिनंदन केले. त्यावेळी जोतीराव सावित्रीबाईस म्हणाले, 'खरे पाहू गेल्यास तुझेच अभिनंदन करावयास पाहिजे. कारण मी निरनिराळ्या शाळा स्थापण्यास कारणमात्र आहे. पण त्या शाळा तू अनेक संकटाशी झुंजून व अनेक प्रकारची

दु:खे सोसून नावारूपास आणल्या याचा मला अभिमान वाटतो.'महात्मा जोतीरावांनी काढलेले हे उद्गार सावित्रीबाईच्या एकूणच कार्याची पावती आहे.

शेतकरी व मजूर स्त्री पुरूषांसाठी रात्रीची शाळा :

समाजाच्या सर्व स्तराच्या विकास व्हावा यासाठी सावित्रीबाईना शेतकरी, मजूर आणि स्त्री–पुरूषांसाठी सुद्धा शिक्षण देण्याचे ठरविले. ज्यांना दिवसभर बसून शिक्षण घेता येत नाही त्यांच्यासाठी सोयीस्कर अशी शिक्षण पद्धती सावित्रीबाईन त्याकाळी अवलंबिली. शेतकरी व मजूर स्त्री– पुरूष दिवसभर कामाच्या तणावाने शिकू शकत नाही. मात्र त्यांनाही शिक्षित केले पाहिजे. यासाठी सावित्रीबाईनी 1855 मध्ये शेतकरी व मजूर स्त्री पुरूषांसाठी रात्रीची शाळा काढली.

सावित्रीबाईंनी रात्रीची शाळा सुरू करून अंधारलेल्या जीवनात उजेडाची बीज रोवली. त्यांनाही स्वाभिमानाने जगता यावे यासाठी सावित्रीबाईंनी रात्रदिवस शिक्षकीपणाचं कार्य केलं.

सारांश:

सावित्रीबाईंनी तळागाळातल्या तमाम समाजासाठी केलेले कार्य अतुलनीय आणि प्रेरणादायी आहे. सावित्रीबाईनी शैक्षणिक कार्यासोबतच समाजातल्या प्रत्येक समस्यांचे निराकरणार्थ कार्य केले आहे.

सावित्रीबाई बालहत्या प्रतिबंधक गृहातील मुलांची अविरत वात्सल्याने सेवा करीत त्याचे पालन करत त्यांना स्वत:ला अपत्य नव्हते. तथापि त्या माय–माऊलीने आपल्या दयाळू व उदार स्वभावाला अनुसरून या मुलांचे अत्यंत प्रेमाने आणि वात्सल्याने संगोपन केले.सावित्रीबाईने काही साहित्यनिर्मिती सुद्धा केली आहे. त्यांच्या काव्यरचना काव्यफुले नावाच्या पुस्तकातून प्रकाषित आहेत.

'सावित्रीबाई समाज कार्याने झपाटलेलं एक तुफान वादळ होतं. विधवा विवाह, बालहत्या प्रतिबंधगृह, स्त्रिया व अभिमान वाटतो.' महात्मा जोतीरावांनी काढलेले हे उद्गार शूद्रासाठी शाळा, रात्र शाळा, अनाथ बालिकाश्रम इत्यादी अनेक चांगले कार्य सावित्रीबाईनी केले आहे.

शिक्षण हे सुधारणचे मूळ असे सावित्रीबाई म्हणत. मानवाच्या जीवनातील अज्ञान–अंधकार नाहीसा करून नवीन जीवनाची दृष्टी देणारी ती एक ज्ञानाची प्रकाशज्योती होती.

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. महात्मा फुले संग्रह – संपादक य. वि. फडके
2. विद्येची स्फुती नायिका सरस्वती की सावित्री ? प्रा. नूतन माळवी
3. सावित्रीबाई फुले संग्रह वाडमय – प्रा. मा. गो. माळी
4. राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले व आजचे स्त्री वास्तव– विजय गवारे
5. सावित्रीबाई फुले – प्रा. रघुनाथ कडवे
6. मी सावित्री– यशवंत मनोहर
7. सावित्रीबाई फुले जीवनकार्य– इंदिरा सुरेश उके

****

Evalution of Health Insurance Schemes by LIC to the People of Chandrapur District

B. K. Dhongde* Dr. Pradip Ghorpade**

Abstract - A largesection of the working class in Chandrapur district is a customer of Life Insurance corporation of India. LIC is popular and trusted brand of guarantee.Chandrapur district is known as industrial district so people from different states migrated to Chandrapur district and settled here. Considering the industrial development and due to that high industrial pollution environment people are suffering from numerous diseases. Industrial pollution affected the lives of the people , they suffer from many diseases such as high blood pressure, cancer and asthma and number of critical illness. The people so suffer that they can not afford to meet the medical expenses. Most of the people are from low income group and medical cost and treatment is very costly so people of Chandrapur district losing their lives due to lack of proper treatment. In such a situation many life Insurance companies emerged in Chandrapur district. LIC introduced health Insurance plan as well as many private companies also introduced many health Insurance plans. Now the people have alternative to choose better company for health insurance which can help in meeting the health related medical problems. In the beginning People purchased plans of different companies but people latter came to know that private companies charging much more premium for their product and the claim settlement also is very low. LIC of India introduced health plan which is cheaper than private companies and guarantee of reimbursement. Health problem is the major drawback of the people of Chandrapur district because major portion of the income of the person goes in the many type of diseases and nothing remains to him for other expenses one after another disease to any family member continues. So health insurance of LIC is more beneficial for the people. LIC providing such plans which is a remedy on health problems.

Keywords - Health, Disease, Risk, Death, Insurance, plan, reimbursement, Premium, illness, critical illness.

Introduction - LIC is the brand in Insurance business and performing a major role in the economy of the country.LIC collects money from the policy holders in the form of premium . Functioning of LIC is remarkable and this is a single company which is collecting huge amount than other private companies. It has big customer base and people also trust on the LIC. LIC much contributed to nation also most of the projects in India are run by the help of LIC in the form of loan given by LIC to government of India. LIC launched many plans such as money back, endowment and whole life and term plans that all are for particular needs in future. But the health concern it will not be in the planning of anyone it will be sudden and unfortunate and no one knows when illness or disease in human body enter so, health insurance now a days became first priority. Income of poor and working class is very low and they can not afford expenses on medical treatment. Many people have to loss their lives due to lack of medical treatment. As a result many families have been devastated to get rid of these problems .

LIC has introduced a new plan for the customers called “Health insurance plan”. This plan covers many diseases and major critical diseases such as heart related problems blood pressure, diabetes, kidney failure , cancer, Asthma and many more problems are covered . Those who have purchased this plan are protected from all type of diseases and he has not to worry about illness and diseases .They have to think of only their routine plans and not of health related problems.LIC collect sum from the customers every year and in return LIC guarantees the reimbursement for the cost of treatment of diseases. This scheme has saved lives of many people and hence this scheme like other plans has became very popular among the people. This scheme is a lifeline for low income people. The only draw back in this health insurance plan is that the premium paid by the customers is not refunded at the end but the benfits received from this scheme may be more than that of return at the end because lacs of money are spent on the medical treatment that can be reimbursed from this scheme.

Health insurance launched by other private companies also. But those plans can not become so popular like plan of LIC the reason behind is private companies charge more premium and have their hidden charges that can not understand the common people.so , people can be

*Research Scholar, Gondwana University, Gadchiroli (Mh.) INDIA
** Research Guide and Associate Professor, Shree Shivaji College, Gadchiroli (Mh.) INDIA

deceived and they can not get the benefit of which they wanted to be received. LIC is trusted company a government undertaking and which has earn a name and fame in the minds of the people.

Conclusion - Most of the Chandrapurdistrict people belonging to labour working class poor community. The income of these people is very low that's why even if there are more benefits in taking Health insurance plans. But they can notafford the premium for these plans. Those who have sound economical condtion are taking the benefits which are covered in the plan but these people can not avail the benfits .Most of the people they can not maintain their daily needs then how it will be possible for them to take the benefits of the health plans. Rich and high income group people taking the all benefits and low income and poor people very far from these benefits. So, government should take initiative that all walks of people should take the benefits and they should come out from their misery condition. If some steps by the government if not taken then then the condition of poor and low working class become more miserable and it will have affect on their health and efficiency to work.

In brief , it can be said that LIC plan health insurance is better and beneficial for all but the benefits are taken by a very few and majority of people are very far from these benefits.

Suggestions :

1. LIC should take initiative for improving in plans offered to their Customers.
2. LIC should provide quick services to the customers of Chandrapur district.
3. Government should take initiative to provide all benefits of health insurance
4. to Poor and working class people and government should pay the premium of low income and poor people.

References :-

1. Banking & Insurance Act.
2. Indian Economics- Rudradutta
3. Health Insurance.com.
4. www.licindia.com.
5. Self research work.

****

म.प्र. ग्रामीण विकास की समस्या एवं सुझाव

राजेश कुमार कुशवाहा*

प्रस्तावना – भारतीय ग्राम – कहा जाता है कि भारत गाँवो का देश है, और सही भी यही है क्योकि यहाँ की अधित्तर जनसंख्या गाँवो में निवास करती है। भारतवासी अपने विकास के लिए भारतीय कृषि पर ही निर्भर करते है। सादा जीवन उच्च विचार यही भारतीय ग्रामों की पहचान है। जब भी मन में भारतीय ग्राम का विचार आता है, तो खेतों में दूर–दूर तक लहलहाती हुई हरी फसले, कड़ी धूप और खुले आसमान के नीचे काम करता किसान, घरो की बागदौड़ संभालती घर की स्त्रियों की छवि आखों के सामने आ जाती है।

पेड़ों की ताजी हवा, ताजा और शुद्ध दूध, रसायनो से मुक्त ताजी–ताजी सब्जियाँ, गाँवो के चौपालों की रौनक आदि चिजें आज भी भारत वासियों को गाँव की ओर खीच ले जाती है। सभी ग्राम वासियों का एक दूसरे के लिए लगाव, उनका एक दूसरे की मदद के लिए सदैव तत्पर रहना गावों की विशेषता है।

ग्रामीण जीवन की विशेषताएँ :

1. कृषि पर आधारित – भारतीय ग्रामीण जीवन कृषि पर आधारित है, कृषि ही लोगों का प्रमुख व्यवसाय है। गाँव में मौजूद जो लोग कुछ अन्य व्यवसाय भी करते है, तो उनका व्यवसाय प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर भी निर्भर करता है।
2. संयुक्त परिवार – जहाँ शहरों में संयुक्त परिवार विरले ही दिखाई पढ़ते है, वही गाँवो में इसका महत्व आज भी कायम है।
3. जाति भेद – जहाँ शहरों में जाति, समाज आदि को छोड़कर लोग आगे बड़ चुके है, वही गाँवो में आज भी इन सब चीजों को महत्व दिया जाता है। जो की बहुत गलत है।
4. पंचांग का उपयोग – जहाँ शहरी लोग तीज त्योहारों को भी भूल चुके है, वही ग्रामीण लोग आज भी भारतीय पंचांग को फॉलो करते है।
5. सादा जीवन – ब्रांड, फैशन ये सभी चिजे अब तक गाँवो की दहलीज को छू नही पाई है। गाँवो के लोग आज भी सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते है।
6. मंद गति से विकास – आज जहाँ शहरों में विकास की रफ्तार तेज होती जा रही है, वही गाँव के लोग मूलभूत सुविधाओ के लिये भी संघर्ष करने के लिये मजबूर है।
7. गरीबी – जिस किसान की बदोलत हमें भोजन मिलता है, वह खुद ही ढंग से दो वक्त की रोटी नही जुटा पाता। दुख तो तब होता है, जब किसानों द्वारा पैदा किए गए अन्न को दुसरे लोग बेचकर ज्यादा मुनाफा कमाते है और किसान की दयनीय स्थिति वैसी ही बनी रहती है।
8. अशिक्षा – गाँवो की इस स्तिथि का एक बहुत बढ़ा कारण अशिक्षा भी है. गाँव के लोग आज भी शिक्षा को जरूरी नहीं समझते। अगर लोग शिक्षा को जरूरी समझे भी तो उन्हे सुविधा उपलब्ध नहीं होती।

आजकल समय के साथ–साथ लोगों की धारणा बदल रही है। लोग गावों से शहरों की ओर पलायन कर रहे है। गाँव के लोग ग्रामीण असुविधा से तंग आकर शहरी सुविधा से आकर्षित हो रहे है, और शहरों में अपना निवास बनाकर सुविधा तलाश रहे है। ग्रामीण जीवन में कई सारी समस्याए है, जिसका सामना ग्राम वासियों को करना पढ़ता है। आइये कुछ बिन्दुओ के द्वारा हम ग्रामीण जीवन की समस्याओ को समझने का प्रयत्न करते है।

ग्रामीण जीवन की समस्याएँ :

1. ग्रामीण असुविधाएँ – आज के समय में हर इंसान सुविधा चाहता है, और यह सत्य है की गाँवो में शहरों की अपेक्षा सुविधाएँ नाम मात्र की भी नहीं है। गाँवो में रहने वाले लोग अपनी हर एक जरूरत चाहे वह खेती के संसाधन हो या घरों का सामान आदि के लिए शहरों पर निर्भर करते है। उन्हे अपनी हर छोटी से छोटी जरूरत के लिये शहर आना पड़ता है, जिसमें उनका समय और पैसा दोनों व्यर्थ जाते है।
2. शिक्षा का अभाव – शिक्षा विकास का एकमात्र साधन है, जो की गाँवो में मौजूद नहीं है। आज भी कई गाँवो में स्कूल नहीं है और अगर स्कूल है भी तो उनमें शिक्षा का स्तर और व्यवस्थाए सही नहीं है। गाँवो में रहने वाले बच्चों को स्कूल के लिये शहर की ओर आना पड़ता है और अगर वे गाँव के स्कूल में शिक्षा ले भी लेते है, तो उच्च शिक्षा के लिये शहर ही एकमात्र स्थान बचता है।
3. विकास की धीमी रफ्तार – जो गाँव, शहरों के किनारे या मुख्य राजमार्गो पर बसे है, उनका तो विकास हो गया है, परंतु जो गाँव शहरी सीमा से दूर है वे अभी भी विकास की राह देख रहे है। कई गाँवो को तो अब तक मुख्य सड़को से जोड़ा भी नहीं गया है। नेता और राजनीतिक पार्टियाँ केवल चुनाव के समय इन गाँवो की ओर रुख करती है, और ग्राम वासियों के मन में नयी आस दे जाते है।
4. स्वास्थ्य की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध न होना – गाँवो में न अस्पताल है, न ही कोई अन्य सुविधा। और अगर किसी गाँव में अस्पताल है भी तो वहाँ कोई डॉक्टर अपनी सेवाए देना नहीं चाहते। अगर किसी जगह अस्पताल और डॉक्टर दोनों मौजूद है, तब भी वहाँ सम्पूर्ण संसाधन के अभाव में हर ग्रामवासी को अपनी छोटी सी परेशानी में शहरों की ओर रुख करना पड़ता है।
5. मौसम की मार – हम सभी जानते है कि भारतीय किसान पूरी तरह से कृषि पर निर्भर करते है। वर्षा की बढ़ती अनियमित्ता और पर्यावरण प्रदूषण का सबसे गहरा असर कृषि पर ही पढ़ता है। लगातार कई वर्षो से वर्षा का स्तर कम होता जा रहा है और इसका असर कृषि और

* शोधार्थी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

किसानों पर पढ़ता है।

6. अवैधानिक तत्वो की मौजूदगी – आपको जानकर आश्चर्य होगा, कि गाँवो में आज भी जुआ सट्टा और मादक पदार्थो की बिक्री खुलेआम जारी है। यहाँ तक की गाँवो में रहने वाले बच्चे भी इनकी ओर आकर्षित होते है और गलत आदतों का शिकार होते चले जाते है।
7. परिवहन के साधनों का अभाव – गाँव के लोगों को परिवहन के लिये भी समस्याओ से जुंझना पड़ता है। बड़ी और फास्ट ट्रेनों के तो गाँवो में स्टाप ही नहीं होते, नाही गाँवो में अच्छी सर्वसुविधायुक्त बसें जाती हैं। कुछ ग्राम वासियों को तो एक बस का इंतजार दिनभर करना होता है और इनमें सफर करते वक्त असुविधा की भी कमी नही होती।
8. भौतिक सुख सुविधाओ का अभाव – गाँवो में शहरों की अपेक्षा सुखसुविधा के सामान मौजूद नही होते। जैसे अगर ग्रामवासी खर्चा करके फ्रीज, कूलर आदि खरीद भी ले, तो उन्हे बिजली सही समय पर उपलब्ध नही होती।
9. मनोरंजन के साधनों का अभाव – गाँवो में शहरों की तरह मनोरंजन के साधन जैसे सिनेमाघर, गार्डन, चौपाटी उपलब्ध नही होते। गाँव में रहने वाले बच्चों को तो समोसे कचोड़ी या कुल्फी के लिये भी कई दिनों का इंतजार करना पड़ता है।

ऐसा नही है, कि ग्राम में कोई लोग नही रहते या वहाँ जनजीवन संभव ही नही है। जहाँ गाँव में रहने वाले लोगों को कई समस्याओ का सामना करना पड़ता है, वही ग्रामीण जीवन के कई फायदे भी है, जिसके कारण पुराने ग्रामीण लोग अपना गाँव छोड़ना नही चाहते।

ग्रामीण जीवन के लाभ-फायदे :

1. शुद्ध प्रकृतिक वातावरण – शहरों की अपेक्षा गाँवो का वातावरण शुद्ध है, यहाँ आज भी शहरी प्रदूषण से मुक्त शुद्ध हवा पानी उपलब्ध है। यहाँ ना वाहनों से निकलने वाला धुआ है, ना ही डीजे का शोर। यहाँ के लोग कूलर पंखे के बिना ताजी हवा का आनंद लेना पसंद करते है और विदेशी पेय से दूर शुद्ध पेय जैसे दही, लस्सी, शिकंजी आदि को पसंद करते है।

कार्यक्रमों का विश्लेषण

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम :

1. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अर्थात् मनरेगा को भारत सरकार द्धारा वर्ष 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (NREGA नरेगा) के रूप में प्रस्तुत किया गया था। वर्ष 2010 में नरेगा (NREGA) का नाम बदलकर मनरेगा (MGNREGA) कर दिया गया।
2. मनरेगा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक परिवार के अकुशल श्रम करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों के लिये 100 दिन का गारंटीयुक्त रोजगार, दैनिक बेरोजगारी भत्ता और परिवहन भत्ता (5 किमी. से अधिक दूरी की दशा में) का प्रावधान किया गया है।
3. रिपोर्ट के अंतर्गत वर्ष 2014-15 से 2018-19 के मध्य मनरेगा को ग्रामीण गरीबों के लिये एक सफल कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत किया गया है।
4. रिपोर्ट के मुताबिक सरकार के प्रयासों के कारण ही मनरेगा के तहत वर्ष 2018-19 में 69,809 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड खर्च किया गया, जो कि इस कार्यक्रम के शुरू होने के बाद सबसे अधिक है।
5. हालाँकि स्वतंत्र विश्लेषकों द्धारा किये गए अध्ययन के अनुसार, वर्ष 2018-19 में मनरेगा देश के सूखाग्रस्त जिलों में किसी भी तरह की मदद करने में विफल रहा। ध्यातव्य है कि सरकार ने वर्ष 2020-21 में मनरेगा के बजट को भी घटा दिया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) :

1. प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY&G) को केंद्र सरकार द्धारा वर्ष 2015 में लॉन्च किया गया था। इस योजना का उद्देश्य पूर्ण अनुदान के रूप में सहायता प्रदान करके आवास इकाइयों के निर्माण और मौजूदा गैर-लाभकारी कच्चे घरों के उन्नयन में गरीबी रेखा (BPL) से नीचे के ग्रामीण लोगों की मदद करना है।
2. रिपोर्ट के अनुसार, PMAY&G के तहत लक्षित एक करोड़ घरों में से करीब 7.47 लाख घरों का निर्माण पूरा होना अभी शेष है। इसमें से अधिकतर घर बिहार (26 प्रतिशत), ओडिशा (15.2 प्रतिशत), तमिलनाडु (8.7 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश (आठ प्रतिशत) में हैं।
3. रिपोर्ट के अंतर्गत राज्यों को समय-सीमा में सभी घरों को पूरा करने हेतु आवश्यक कदम उठाने के लिये कहा गया है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना :

1. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसे लागू करने की जिम्मेदारी ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं राज्य सरकारों को दी गई है। इसे वर्ष दिसंबर 2000 में लॉन्च किया गया था।
2. इसका उद्देश्य निर्धारित आकार (2001 की जनगणना के अनुसार, 500मैदानी क्षेत्र तथा 250 पूर्वोत्तर, पर्वतीय, जनजातीय और रेगिस्तानी क्षेत्र) को सभी मौसमों के अनुकूल एकल सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करना है ताकि क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास हो सके।
3. रिपोर्ट के अनुसार, PMGSY ने अपना 85 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। अब तक, 668,455 किमी. सड़क की लंबाई स्वीकृत की गई है, जिसमें से 581,417 किमी. पूरी हो चुकी थी।

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना :

1. दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (DDU&GKY) गरीब ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम मजदूरी के बराबर या उससे अधिक मासिक मजदूरी प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। यह ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के द्धारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिये की गई पहलों में से एक है।
2. रिपोर्ट के अनुसार, योजना के तहत 1.87 लाख ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है अर्थात् केवल 59 प्रतिशत लक्ष्य ही प्राप्त किया जा सका है।
3. रिपोर्ट में राज्यों को ग्रामीण युवाओं के प्रशिक्षण को प्राथमिकता देने तथा लाभकारी रोजगार तक पहुँच की सुविधा प्रदान करने की सलाह दी गई है।

- शुद्ध रसायन मुक्त भोजन – गाँव के लोग खुद खेती करते है, गाय भैस पालते है, तो वे अपने लिये बिना रसायन का उपयोग किए अनाज, सब्जी आदि का प्रबंध कर सकते है। जहाँ हम लोग शहरों में पैकेट का दूध इस्तेमाल करते है, वहीं गाँवो में लोग गाय भैसों का शुद्ध और ताजा दूध पिते है तथा घर पर ही दूध के अन्य पदार्थ बनाते है।
- त्योहारों का सही आनंद – जहाँ शहरों में लोग दिनभर की दौड़ धूप से तंग आकर त्योहारों का आनंद नही ले पाते। वही गाँव के लोग हर त्योहार को पूरे उत्साह से मनाते है। सच तो यह है कि भारत में अब

त्योहारों का अस्तित्व केवल गाँवो में शेष रह गया है।

- एक दूसरे की मदद के लिये सदैव तत्पर रू- गाँवो में अब भी भाईचारे की भावना मौजूद है। यहाँ लोग एक–दूसरे के साथ परिवार की तरह रहते है, और एक–दूसरे की सहायता के लिये तत्पर रहते है।
- शहरी भागदौड़ से दूर सुकून की जिंदगी – जहाँ बड़े–बड़े शहरों में लोग भाग दौड़ से तंग आ चुके है, वही ग्रामीण जीवन अब भी सुकून से भरा हुआ है। यहाँ लोग दिनभर की मेंहनत के बाद शाम में जल्दी खाना खाकर अपने आंगनों में आराम करते है, अपने दिनभर की बाते एक दूसरे को बताते है। वही शहरी लोग इन सब बातों से दूर दूर तक अंजान है।

इन सब बिन्दुओ के पढ़कर यह निष्कर्ष निकाल पाना मुश्किल है कि गाँव का जीवन बहुत अच्छा है या बहुत बुरा। मेरा मानना तो यह है कि शिक्षा ही हर समस्या का समाधान है इसलिए अपने बच्चों को जितना हो सके उच्च शिक्षित करे और अपने देश के विकास में योगदान दें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

छत्तीसगढ़ राज्य की खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थी प्राथमिकतामूलक परिवार का एक अध्ययन (कोटा विकासखण्ड के विशेष सन्दर्भ में)

राकेश कुमार गुप्ता* डॉ. के.के.शर्मा **

शोध सारांश – संयुक्त राष्ट्र सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्यों में से पहला लक्ष्य वर्ष 2015 तक दुनिया से गरीबी और भूख को खत्म करना रहा। आज पूरी दुनिया में एक अरब से अधिक लोग गरीबी, भूख और कुपोषण से जूझ रहे हैं। विश्व खाद्य और कृषि संगठन (एफ.ए.ओ.) के अनुसार दुनिया के दो क्षेत्रों उप-सहारा अफ्रीका और एशिया-प्रशान्त क्षेत्र में क्रमश: 265 मिलियन और 642 मिलियन लोग गरीबी और कुपोषण में अभिशप्त हैं। इसी तरह विश्व बैंक की एक रिपोर्ट (2011) के अनुसार दक्षिण एशिया में 500 मिलियन लोग क्रयशक्ति के आधार पर 1.25 डॉलर प्रतिदिन से कम पर गुजारा करते हैं, जहाँ दुनिया के आधे से अधिक गरीब बसते हैं। जहां तक भारत में गरीबी का प्रश्न है, विश्व बैंक की उल्लिखित रिपोर्ट (2011) के अनुसार भारत की एक तिहाई आबादी (32.7 प्रतिशत) अन्तर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा से नीचे है, अर्थात् इनकी प्रतिव्यक्ति आय क्रयशक्ति के आधार पर 1.25 डॉलर प्रतिदिन से कम हैं। यह रिपोर्ट यह भी बताती है कि देश में 51.7 प्रतिशत लोगों की प्रतिदिन की आय प्रति व्यक्ति मात्र 2 डॉलर या इससे कम है, परन्तु भारत के योजना आयोग द्वारा प्रस्तुत गए ताजा आँकड़े दर्शाते हैं कि भारत में गरीबी की दर तेजी से घटी है। योजना आयोग के अनुसार 2011-12 में देश में 21.9 प्रतिशत लोग ही गरीबी की रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं।

शब्द कुँजी – अन्तर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा, प्राथमिकतामूलक परिवार, खाद्य असुरक्षा, गरीबी, भूख और कुपोषण।

प्रस्तावना – भारतीय सन्दर्भ में खाद्य सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण करते हुए यह जानने का प्रयास करना कि क्या भारत विश्व सहस्त्राब्दि लक्ष्यों में से प्रथम गरीबी और भूख को 2015 तक खत्म कर पाएगा? विश्व खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार सभी व्यक्तियों को किसी भी समय शारीरिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध होना आवश्यक है जो उनके सक्रिय एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत करने में सहायक हो। एफ.ए.ओ. की यह परिभाषा बताती है कि खाद्य उत्पादन और प्रति व्यक्ति भोजन की उपलब्धता को कैसे बढ़ाया जाए, परन्तु यह रेखांकित करने में असमर्थ है कि कृषिगत उत्पादन, जो खाद्य सुरक्षा का प्रमुख स्तम्भ है, को कैसे, कहां और किसके द्वारा किया जाए? इस संदर्भ में यह विवेचित किया जाना जरूरी है कि वह कौन से कारण है जो देश से गरीबी और भूख को समाप्त कर पाने में लगातार असफल रहे हैं?

भारत के संविधान की प्रस्तावना में देश को एक सम्प्रभु राष्ट्र माना गया है और इसी संविधान के अनुच्छेद 19 में प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया गया है। सवाल यह है कि क्या सम्प्रभुता और स्वतन्त्रता की पहली शर्त खाद्य सुरक्षा नहीं होनी चाहिए और सिर्फ खाद्य सुरक्षा ही क्यों? आज जरूरत है कि इसे और विस्तार देते हुए खाद्य सम्प्रभुता पर ध्यान केन्द्रित किया जाए। खाद्य सम्प्रभुता से आशय किसी भी देश और वहाँ रहने वाले लोगों का अपने भोजन के तरीकों पर स्वयं का अधिकार और साथ बाजार, उत्पादन के माध्यमों, फूड कल्चर और उससे जुड़े हुए वातावरण पर भी अधिकार है।

गरीबी और खाद्य असुरक्षा सही अर्थों में एक-दूसरे के पूरक हैं परन्तु हम यहाँ खाद्य असुरक्षा को एक व्यापक अर्थ में प्रयोग कर रहे हैं। किसी भी देश में केवल गरीब व्यक्ति ही खाद्य असुरक्षा का शिकार नहीं होता बल्कि वे लोग भी खाद्य असुरक्षित हो सकते है जो गरीबी की रेखा से ऊपर हो, मसलन एक खराब कृषि वर्ष में जब सूखा या बाढ़ आ जाए, अकाल या अन्य प्राकृतिक आपदा, या मानव निर्मित समस्याएँ जैसे-खाद्य बाजार में सट्टा बाज़ारी के दुष्प्रभाव से कीमतें बढ़ने लगे अथवा खाद्य वस्तुओं की जमाख़ोरी के कारण पूर्ति की कृत्रिम समस्या पैदा कर दी जाए जिसके दबाव में कीमतें बढ़ने लगे अथवा खाद्य वस्तुओं का जरूरत से अधिक निर्यात कर दिया जाए और भौतिक रूप से इनकी कमी हो जाए, ये सभी खाद्य वस्तुओं की पूर्ति से जुड़ी समस्याएँ है जिसके कारण खाद्य असुरक्षा का खतरा हो सकता है। इसी तरह खाद्य वस्तुओं की माँग के सन्दर्भ में यह कहा जा सकता है कि अर्थव्यवस्था में रोज़गार का सृजन नहीं होने से लोगों की वास्तविक आय का न बढ़ना और यदि वास्तविक आय बढ़ भी रही हो लेकिन खाद्य वस्तुओं की कीमतों में अधिक तेजी से वृद्धि हो रही हो तब भी खाद्य असुरक्षा की स्थिति पैदा हो सकती है।

अध्ययन के उद्देश्य एवं परिकल्पनाएँ – प्रत्येक शोध कार्य किसी विशिष्ट उद्देश्य की प्राप्ति के लिए किया जाता है। प्रस्तावित शोध छत्तीसगढ़ राज्य की खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थी प्राथमिकतामूलक परिवार का एक अध्ययन (कोटा विकासखण्ड के विशेष सन्दर्भ में) के अग्रांकित उद्देश्य निर्धारित किये गये है-

अध्ययन के उद्देश्य :

1. खाद्य सुरक्षा योजना का प्राथमिकतामूलक परिवार के परिवारों पर प्राप्त

*शोधार्थी (अर्थशास्त्र) डॉ. सी.वी.रामन् विश्वविद्यालय कोटा, जिला- बिलासपुर (छत्तीसगढ़) भारत
** प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डी. पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) भारत

उपलब्धियों की विवेचना करना।

2. प्राथमिकतामूलक परिवार की भूख एवं कुपोषण उन्मूलन में खाद्य सुरक्षा योजना को प्रभावी बनाने में छत्तीसगढ़ सरकार की व्यवस्था के क्रियान्वयन का मूल्यांकन करना।
3. अध्ययन क्षेत्र के प्राथमिकतामूलक परिवार के लिए खाद्य सुरक्षा योजना की संभावनाओं का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पनाएँ – शोधार्थी द्वारा सत्यान्वेषण एवं किसी तथ्य के निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए अवधारणाओं का होना आवश्यक है, ताकि अध्ययनकर्ता इस बात की जानकारी प्राप्त कर ले कि उसकी परिकल्पना कहाँ तक उचित थी। परिकल्पनाओं का होना इसलिए भी आवश्यक है कि वह अपने अध्ययन की दिशा निर्धारित कर सके और जिसकी प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील हो सके। इस संदर्भ में निम्न परिकल्पनाएँ की गई है–

1. छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा योजना का अध्ययन क्षेत्र में विशेषकर प्राथमिकतामूलक परिवार के लिए भोजन उपलब्धता में वृद्धि हुई है।
2. छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य सुरक्षा योजना के कारण प्राथमिकतामूलक परिवार की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

छत्तीसगढ़ भूख से लड़ने वाला भारत का सबसे बड़ा कार्यक्रम बनाकर ने यह बता दिया है कि उसके नागरिकों को भोजन के अधिकार की कानूनी गारंटी मिल गई है। राज्यपाल ने भी इसे मंजूरी दे दी है। संसद के मानसून सत्र में छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा विधेयक को मंजूरी मिल गई है। यह उन गिने–चुने विधेयकों में से एक है जिसे संसद के हर राजनीतिक दल का समर्थन मिला। विधेयक के कानून बनने के बाद छत्तीसगढ़ को एक वर्ष के भीतर खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम को लागू करना होगा। यह उन गिने–चुने विधेयकों में से एक है जिसे संसद के हर राजनीतिक दल का समर्थन मिला। जिन सदस्यों ने विरोध किया, वे विधेयक की भावनाओं के खिलाफ नहीं थे बल्कि कुछ मुद्दों को लेकर उनका विरोध था।

छत्तीसगढ़ राज्य की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा – छत्तीसगढ़ राज्य में 22 दिसम्बर 2012 को छत्तीसगढ़ राज्य राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2012 विधान सभा द्वारा पारित किया गया। 9 जनवरी 2013 को राज्यपाल द्वारा अनुमति मिलने के बाद 18 जनवरी 2013 को राजपत्र प्रकाशित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य भारत का पहला राज्य है जिसने खाद्य सुरक्षा कानून लागू किया। भारत सरकार ने 5 जुलाई 2013 को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अध्यादेश जारी किया गया था 10 सितंबर को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की अधिसूची जारी की गई। छत्तीसगढ़ द्वारा गरीब एवं जरूरत मंदो को भोजन का अधिकार करने हेतु खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाया गया था। इस अधिनियम के धारा 15 के अतंर्गत राशन कार्ड हेतु पत्र परिवारों की श्रेणियां बनाई गई है जो निम्न है –

1. अन्त्योदय परिवार
2. प्राथमिक मूलक परिवार
3. सामान्य

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामान्य परिवार की राशन सामग्री की पात्रता अप्रैल 2015 से समाप्त कर दी गई थी जिसे वर्ष 2019 –2020 से पुन: आरंभ किया गया है।

छत्तीसगढ़ राज्य एवं पोषण अधिनियम के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य नागरिक अपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है वर्तमान में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के माध्यम से 12526 कुल उचित मूल्य की दुकाने है जिसमें कोर पीडीएस की दुकानों की संख्या 11941 है। इन उचित मूल्य के दुकानों के माध्यम से 6715026 राशन कार्ड जारी किये गये है। अगस्त 2020 में 5629241 राशन कार्डधारीयों को खाद्यान्न का वितरण किया गया। अध्यायन कर्ता द्वारा चयनित बिलासपुर जिले में कुल उचित मूल्य दुकानों की संख्या 788 है और इन उचित मूल्य की दुकानों में 761 कोर पीडीएस दुकानें है। बिलासपुर जिले में कुल राशन कार्ड की संख्या कोर पीडीएस के साथ 527847 है।

तालिका 1 – (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

अध्ययनकर्ता ने अध्ययन के दौरान पाया कि छत्तीसगढ़ राज्य में छ्त्त्हअ अन्त्योदय राशन कार्डो की संख्या 4490 है, जिसमें बिलासपुर जिलें में इनकी संख्या 513 है। इसी प्रकार NFSA प्राथमिकतामूलक राशन कार्डो की संख्या छत्तीसगढ़ में 25801 है, एवं बिलासपुर जिले में इसकी संख्या 2539 है।

तालिका 2 – जिलेवार NFSA कार्डो के लिए POS से किये गए सौदों की जानकारी

क्र.	जिले	NFSA (अन्त्योदय) राशनकार्डो की कुल संख्या	NFSA(प्राथमिकता) राशकार्डो की कुल संख्या
1	बस्तर	95	286
2	बीजापुर	1	1
3	दन्तेवाड़ा	0	4
4	कांकेर	88	282
5	कोंडागांव	33	81
6	नारायणपुर	2	3
7	सुकमा	10	20
8	बिलासपुर	513	2593
9	गौरेला–पेन्ड्रा –मरवाही	94	321
10	जांजगीर चाम्पा	449	3195
11	कोरबा	315	2074
12	मुंगेली	426	2436
13	रायगढ़	714	4120
14	बालोद	239	1583
15	बेमेतरा	131	1271
16	दुर्ग	50	251
17	कवर्धा	141	951
18	राजनांदगांव	241	1168
19	बलौदाबाजार	28	150
20	धमतरी	363	1417
21	गरियाबंद	62	224
22	महासमुंद	31	252
23	रायपुर	61	521
24	बलरामपुर	36	222
25	जशपुर	58	300
26	कोरिया	75	457
27	सरगुजा	109	786
28	सूरजपुर	125	886
	कुल	**4490**	**25801**

अध्ययनकर्ता ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी अगस्त 2020 समंकों आधार पर पाया कि बिलासपुर जिले में विकासखण्डवार/नगरीयनिकायवार छन्हअ अन्त्योदय सौदो की कुल संख्या।

तालिका 3 – (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 4 – विकासखण्डवार/नगरीयनिकायवार NFSA कार्डो के लिए POS से किये सौदों की जानकारी

क्र.	विकासखण्ड/ नगरीय निकाय	NFSA (अन्त्योदय) सौदों की कुल संख्या	NFSA (प्राथमिकता) सौदों की कुल संख्या
1	बिल्हा ग्रामीण	52	283
2	मस्तूरी ग्रामीण	41	127
3	कोटा ग्रामीण	20	10
4	तखतपुर ग्रामीण	57	457
5	बिलासपुर शहरी	242	1090
6	कोटा शहरी	1	15
7	तखतपुर शहरी	14	56
8	बेदरी शहरी	12	31
9	बिल्हा शहरी	13	77
10	रतनपुर शहरी	8	47
11	मल्हार शहरी	6	31
12	सिरगिट्टी शहरी	38	192
13	तिफरा शहरी	23	162
14	सकरी शहरी	5	35
	कुल	**532**	**2613**

अवलोकन एवं विश्लेषण– ग्रामीण इलाकों की 75 प्रतिशत आबादी को इस कानून का लाभ पहुंचेगा जिसमें न्यूनतम 46 प्रतिशत प्राथमिकता वाले परिवार होंगे तथा बाकि सामान्य परिवार वाले होंगे। शहरी क्षेत्रों को भी दूसरे दायरे में रखा गया है जहां करीब 50 प्रतिशत आबादी इससे लाभान्वित होगी। इनमें 26 प्रतिशत गरीबी–रेखा के नीचे आने वाले परिवार तथा बाकी सामान्य परिवार होंगे। अध्ययनकर्ता ने अध्ययन के दौरान पाया कि यहां खाद्य सुरक्षा योजना का व्यापक प्रभाव पड़ा है। खाद्य सुरक्षा योजना का अध्ययन हेतु चुने गये हितग्राहियों से भरायी गई अनुसूची के आधार पर ली गई परिकल्पना के मूल्यांकन हेतु सहायक सिद्ध हुई। अनुसूची के प्रश्नों का हितग्राहियों द्वारा दिये गये उत्तर को प्रतिशत विधि के माध्यम से निराकरण किया गया है जिसका उल्लेख क्रमश: निम्नवत् है–

1. ग्राम से राशन दुकान की दूरी पर 50 उत्तरदाताओं ने बताया कि उचित मूल्य की दुकान 1 कि.मी. के अंदर व्यवस्था है जबकि दो उत्तरदाताओं ने इसे 2 कि.मी. के अंदर होना पाया।

राशन दुकान की दूरी	1 कि.मी.	2 कि.मी.	3 कि.मी.
उत्तरदाताओं की संख्या प्रतिशत में	81%	14%	5%



2. क्या आपके पास राशनकार्ड है? इसके उत्तर में अध्ययनकर्ता ने पाया कि 40 हितग्राहियों के पास राशनकार्ड पाये गये जबकि 10 हितग्राही ऐसे थे जिनके पास राशनकार्ड नहीं थे या उन्होंने नहीं बनवाया।

राशनकार्ड की उपलब्धता	हाँ	ना
उत्तरदाताओं की संख्या प्रतिशत में	80%	20%



3. आपके परिवार में राशन की खपत कितनी है राशन की दुकान से कितनी सामग्री प्राप्त होती है और उसकी गुणवत्ता कैसी है ? इस प्रश्न में हितग्राहियों ने अपने राशनकार्ड के रंग के मुताबिक राशन प्राप्ति की बात स्वीकार की। अनुसंधानकर्ता ने यह पाया कि निर्धनता रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों को अपने खपत के अनुसार राशन सामग्री हो जाती है और वे राशन सामग्री की गुणवत्ता से संतुष्ट पाये गये।

राशन सामग्री की गुणवत्ता के संकेत	खराब	सामान्य	अच्छा	बहुत अच्छा	अन्य
उत्तरदाताओं की संख्या प्रतिशत में	4%	14%	70%	8%	4%



4 क्या आप राशन सामग्री लेने राशन की दुकान पर नियमित रूप से जाते है इस प्रश्न पर 100 प्रतिशत हितग्राहियों ने हाँ में उत्तर दिया और

अनुसूची में पूछे गये इस प्रश्न पर की वे प्रतिमाह,त्रैमासिक या अन्य समयावधि में राशन प्राप्त करते है इसके उत्तर में 100 प्रतिशत हितग्राही प्रतिमाह राशन प्राप्त करने के बात पर सहमत पाये गये। आपको नियमित रूप से राशन सामग्री प्राप्त हो रही है ? के उत्तर में 100 प्रतिशत हितग्राहियों ने हाँ में उत्तर दिया।

5. क्या आप राशन की दुकान से प्राप्त गेहूँ, चाँवल, चीनी, नमक, चना, मटरदाल एवं मिट्टी तेल की मात्रा से संतुष्ट है ? इस प्रश्न के उत्तर में अनुसंधानकर्ता ने निम्नवत आँकड़े प्राप्त किये –

राशन सामग्री की गुणवत्ता के संकेत	खराब	सामान्य	अच्छा	बहुत अच्छा	अन्य
गेहूँ	3%	10%	80%	5%	2%
चांवल	2%	15%	70%	10%	3%
चीनी	1%	8%	85%	5%	1%
नमक	3%	10%	80%	5%	2%
चना	10%	20%	60%	2%	8%
मटरदाल	5%	5%	80%	5%	5%
मिट्टी तेल	4%	9%	85%	1%	1%



निष्कर्ष एवं सुझाव

परिकल्पनाओं का मूल्यांकन– अध्ययनकर्ता द्वारा ली गई दो परिकल्पनाओं में निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त हुये–

1. प्रथम परिकल्पना– छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा योजना का अध्ययन क्षेत्र में विशेषकर अन्त्योदय परिवार, प्राथमिकतामूलक परिवार, नि:शक्तजन, अन्नपूर्णा योजना एवं एकल निराश्रित परिवार के लिए भोजन उपलब्धता में वृद्धि हुई है। अध्ययनकर्ता ने अनुसूची एवं प्रत्यक्ष साक्षात्कार के आधार पर स्तरीत निदर्शन के आधार पर प्रतिशत विधि का अनुप्रयोग करते हुये यह पाया कि वास्तव में अध्ययन क्षेत्र कोनचरा में छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा योजना का विभिन्न रंगों के कार्डधारी परिवारों के लिए भोजन की उपलब्धता में नि:संदेह वृद्धि हुई है।

2. द्वितीय परिकल्पना– छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य सुरक्षा योजना के कारण अन्त्योदय परिवार, प्राथमिकतामूलक परिवार, नि:शक्तजन, अन्नपूर्णा योजना एवं एकल निराश्रित परिवार की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। अध्ययनकर्ता ने अपने अध्ययन के दौरान स्तरीत निदर्शन के माध्यम से चुने गये 250 परिवारों की आर्थिक स्थिति का आंकलन करने के पश्चात् पाया कि छत्तीसगढ़ राज्य की खाद्य सुरक्षा योजना का अध्ययन क्षेत्र के इन परिवारों की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण एवं सार्थक सुधार हुआ है जिससे वे अपने आर्थिक क्रियाकलापों में चयन की समस्या का निदान सरलता से कर रहे है।

शोध–अध्ययन के कुछ तथ्य

1. कृषि में पूंजी निवेश का हिस्सा 2001–02 में 6.7 प्रतिशत की तुलना में 2007–08 में 8.4 प्रतिशत रहा। वर्तमान में इसमें 30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।
2. सकल पूंजी निर्माण में कृषि की हिस्सेदारी 2004–05 में 7.7 प्रतिशत थी जो 2005–06 में 7.2 प्रतिशत तथा वर्तमान में 4.8 प्रतिशत है।
3. 1 अप्रैल, 2000 को अन्नपूर्णा योजना प्रारंभ की गई जिसके तहत वरिष्ठ नागरिकों को प्रतिमाह 10 किलोग्राम अनाज नि:शुल्क दिया जाता है।
4. मजदूर वर्ग को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए वर्ष 2004 में काम करने के बदले अनाज योजना का प्रारंभ किया गया।
5. ग्राम पंचायत स्तर पर वर्ष 2001 से 'खाद्यान्न संघ' स्थापित किए गए। देश में हरित क्रांति के बाद अनाज व दालों की उपलब्धता न्यूनतम स्तर पर पहुँच गई हैं। वर्ष 1991–92 में खाद्यन्न उपलब्धता औसतन 207 किग्रा प्रतिव्यक्ति थी जो 2004–07 में घटकर 186 किग्रा प्रतिव्यक्ति रह गई हैं। पिछले 5 वर्षो में खाद्यान्नों के उत्पादन में औसतन 8 प्रतिशत की कमी हुई हैं।

समस्याएँ :

1. दूसरें को भोजन/अन्न देने वाला किसान स्वयं ऋणग्रस्तता तथा ब्याज के बोझ के कारण आत्महत्या के दलदल में फँसता जा रहा हैं।
2. खेती योग्य जमीन का क्षेत्रफल कम होता जा रहा हैं इसका कारण बढ़ता शहरीकरण और मशीन आधारित औद्योगिकीकरण हैं।
3. कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ जैसी प्राकृति आपदाएं उत्पादकता को प्रभावित करता हैं जलवायु परिवर्तन खाद्य संकट पैदा कर रहा हैं।
4. थोक व खुदरा बाजारों में कृषि जिंसों की कीमतों पिछले चार वर्षों में उंची रही हैं पर किसानों को खुदरा कीमतों का आधें से भी कम मिला हैं।
5. कृषि उपजों के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं हैं जिससे बाहर रखा अनाज खराब हो जाता हैं।
6. बढ़ते कृषि रसायनों के प्रयोग से भूमि के उपजाउपन और उत्पादों की गुणवत्ता में कमी आ रही है।
7. खाद्य–प्रसंस्करण के तकनीकी ज्ञान और दक्षता की कमी है। दुनिया के प्रसंस्करण खाद्य बाजार में भारत की हिस्सेदारी मात्र 1 से 1.5 प्रतिशत है।

सुझाव :

1. किसानों को आसान शर्तो पर कब ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराना एवं फसल बीमा अनिवार्य कराना होगा।
2. बंजर भूमि सुधार कार्यक्रमों द्वारा कृषि क्षेत्र को बढ़ाना होगा।
3. अधिक उपज देने वाली किस्मों में सुधार एवं उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी।
4. वर्षा आधारित क्षेत्रों में संकर किस्मों को विकसित करना होगा।
5. गेंहूँ धान दलहन व तिलहन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए जैव प्रौद्योगिकी को बढ़ाया जाना चाहिए।
6. औद्योगिक इकाइयां लगाने के लिए बेधार व परती पड़ी भूमि का उपयोग किया जाना चाहिए।
7. कृषि भूमि की रक्षा व बचाव के लिए पर्याप्त कानूनी उपाय किए जाने चाहिए।

8. भूख मिटाने की जिम्मेदारी जिनकी हो उन्हें जिम्मेदारी न निभाने के लिए दंडित जाने की प्रभावी व्यवस्था हो।
9. सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न का आबंटन घर में उपभोक्ताओं की संख्या पर आधारित हो।
10. स्नेह-भोज शादी समारोहों में प्रीति भोज के बाद बचे भोजन की बरबादी पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

तमाम चुनौतियों के बीच सभी नागरिकों के लिए खाद्य सुरक्षा का लक्ष्य आसान नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 85 करोड़ से अधिक आबादी भुखमरी व कुपोषण से ग्रस्त है। यह हम सब के लिए शर्म की बात है कि जनसंख्या का बड़ा हिस्सा भूख से तड़प रहा हैं जबकि हम पहले से अधिक अनाज पैदा कर रहे हैं खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के साथ ही सरकार निवेशकर्ताओं व धनी वर्ग के लोगों को फिर से विचार करना होगा सार्थक प्रयास करने होंगे अपनी भूमिका को विस्तार देना होगा पूरी संवेदनशीलता से तभी हम सभी को खाद्य सुरक्षा दे पाएंगे और 'भूख से मौत' से हर किसी को बचा पाएगें।

अवसर और संभावनाएँ- खाद्य सुरक्षा पर मंडराते खतरों को भाँपते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विशेष कार्य योजनाएं बनाई गई है जो खाद्य सुरक्षा को सतत बनाने में सहायक होगी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नेतृत्व में देश में क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर विकसित करने की ठोस पहल की गई है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर की परियोजना लागू की गई है, जिसके अंतर्गत किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि तकनीकें अपनाने के लिए जागरूक एवं सक्षम बनाया जा रहा हैं। उल्लेखनीय है कि कृषि अनुसंधान एवं विकास के माध्यम से प्रमुख फसलों की जलवायु अनुकूल किस्में विकसित की जा रही है जिनमें प्राकृतिक आपदाओं जैसे- सूखा, बाढ़, अत्यधिक गर्मी या सर्दी को सहने की क्षमता मौजूद होती हैं । इसी प्रकार जलवायु अनुकूल कृषि विधियों का विकास किया गया हैं। सिंचाई के पानी की कुशलता बढ़ाने के लिए टपक सिंचाई,फव्वारा सिंचाई जैसी सुक्ष्म और कुशल तकनीकें विकसित की गई है,जिनका किसानों के खेंतो तक प्रसार किया जा रहा है। इस कार्य में तेजी लाने के लिए 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' जैसा राष्ट्रीय कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। भूमि की उर्वरता को सतत बनाए रखने के लिए 'स्वस्थ धरा, खेत हरा' जैसे कार्यक्रम शुरू किये गये है, जिसके अंतर्गत किसानों को बड़े पैमाने पर 'सॉयल हेल्थ कार्ड' जारी किए जा रहे है । फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए जीन परिवर्तन या जेनेटिक इंजीनियरी की बेहद क्षमतावान विद्या तकनीकी रूप से हमारे पास उपलब्ध है जिसका उपयोग करके कृषि क्षेत्र में चमत्कारी बदलाव लाए जा सकते है। परंतु इसके उपयोग के लिए सरकारी नीति और संस्तुति की आवश्यकता है जो अभी न्यायालय के हस्तक्षेप के कारण लंबित है। परंतु यह बात तय है कि भविष्य में यह तकनीक खाद्य सुरक्षा को सतत बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने वाली है।

हाल के वर्षो में सतत कृषि की अवधारणा भी विकसित हुई है जिसके अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों के कुशल और सतत उपयोग द्वारा कृषि प्रक्रियाएँ सम्पन्न की जाती है। उर्वरकों और कीटनाशकों के संदर्भ में नैनो टेक्नोलॉजी का उपयोग नई संभावनाएँ उत्पन्न कर रहा है। इसी प्रकार यंत्रीकरण और कृषि में ऊर्जा के उपयोग के क्षेत्र में भी नवोन्मेषों द्वारा कृषि उत्पादन को अधिक कुशल और सक्षम बनाने की अनेक संभावनाएँ मौजूद है। साथ ही बदलते परिवेश के अनुसार नई नीतियों और योजनाओं की आवश्यकता भी होगी। उदाहरण के तौर पर फसल कटाई प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के दौरान होने वाले नुकसान को कम करने के लिए हमें एक स्पष्ट और कारगर नीति बनानी होगी। इसी तरह भोजन की बर्बादी पर भी प्रभावी अंकुश लगाना जरूरी हो गया है। सरकार द्वारा लागू की जा रही समाज कल्याण योजनाओं को अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है,ताकि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को लगातार खाद्य सुरक्षा का लाभ मिलता रहे। खाद्य सुरक्षा के भविष्य को लेकर सरकार, योजनाकार और अन्य संबंधित लगातार गहन विचार विमर्श करते हुए नई पहल कर रहे है। इसलिए आशा के साथ विश्वास भी है कि भारत में खाद्य सुरक्षा निरंतर और सतत् बनी रहेगी।

चुनौतियाँ- देश की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को लंबे समय तक सतत् बनाए रखना एक कठिन चुनौती है,क्योंकि आबादी में लगातार विस्तार हो रहा है, शहरीकरण बढ़ता जा रहा है और नागरिकों की आमदनी बढ़ने से भोजन की मांग और विविधता में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है । यदि इस भावी परिदृश्य को वर्ष 2005 के नजरिए से देखा जाए तो भारत की आबादी लगभग 1.65 अरब तक और प्रति व्यक्ति आमदनी 4,01,839 रूपये तक पहुंचने की संभावना है। उस समय देश में 50 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरी क्षेत्रों में बसी होगी जिससे कृषि के आधार को चोट पहुंचने की आशंका जताई जा रही है । अध्ययनों से पता चला है कि यदि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सात प्रतिशत की वृद्धि दर मानी जाए तो वर्ष 2005 में अनाज की मांग 50 प्रतिशत तक बढ़सकती है, जबकि फलों,सब्जियों और पशु उत्पादों में 100 से 300 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। इसका एक अर्थ यह भी है कि प्रति व्यक्ति कैलोरी मांग 3000 किलो कैलोरी से अधिक हो सकती है। इसके लिए खाद्यान्नों की उत्पादकता वर्तमान 25,000 किलो कैलोरी प्रति हेक्टेयर प्रतिदिन से बढ़ाकर 46,000 किलो कैलोरी प्रति हेक्टेयर प्रतिदिन के स्तर पर ले जानी होगी। इस हिसाब से अनुमान लगाया गया है कि देश में खाद्यान्नों की मांग 45 करोड़ टन तक पहुंच सकती हैं । इसी तरह दालों, खाद्य तेलों, दूध, माँस, अंडा, फलों, सब्जियों,चीनी तथा अन्य कृषि जिंसों की मांग भी इसी अनुपात में या इससे अधिक बढ़ सकती हैं । उत्पादकता के इस स्तर तक पहुंचने की संभावनाओं से पहले कुछ कठिन बाधाओं पर ध्यान देना और उनका आंकलन करना आवश्यक है। गर्माती धरती या 'ग्लोबल वार्मिंग' की वैश्विक विपदा को खाद्य सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जा रहा हैं। वैज्ञानिक अनुमान बताते है कि यदि हम औसत तापमान की बढ़ोत्तरी पर कोई सार्थक रोक लगा नही पाते तो सन 2050 तक औसत तापमान में 2.2 से 2.9 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती हैं। इससे रबी और खरीफ फसलों के साथ फलो,सब्जियों,दूध उत्पादन तथा मछली उत्पादन पर भी चोट पड़ने की संभावना जताई जा रही है। अनुमान है कि तापमान बढ़ोत्तरी के वर्तमान रूख के अनुसार वर्ष 2050 तक गेहूँ के कुल उत्पादन में 01 करोड़ 17 लाख टन तक की कमी आ सकती है। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू और कर्नाटक में बारानी चांवल का उत्पादन 10-15 प्रतिशत तक बढ़ सकता है, परंतु पंजाब और हरियाणा में इसमें 15-17 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है । देश के अन्य क्षेत्रों में भी चांवल का उत्पादन 6-18 प्रतिशत तक गिर सकता है। सन 2050 तक दूध के उत्पादन में लगभग डेढ़ करोड़ की गिरावट की आशंका जताई गई है। तापमान बढ़ने से हमारे देश के शीतोष्ण क्षेत्रों में उगने वाले फलों के क्षेत्र और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता हैं। इसी तरह सागरों और नदियों का औसत तापमान बढ़ने से मछली उत्पादन पर भी बुरा असर पड़ेगा।

खाद्य सुरक्षा को सतत् बनाए रखने के लिए आवश्यक भूमि की

उपलब्धता भी लगातार कम होती जा रही है। वर्ष 2050 में प्रति व्यक्ति भूमि उपलब्धता 2010-11 के 0.13 हेक्टेयर से घटकर मात्र 0.09 हेक्टेयर रह जाएगी जो एक चिंता का विषय हैं। इसके साथ कृषि भूमि का लगातार अन्य विकास कार्यो तथा आवास के लिए उपयोग होना भी खाद्य सुरक्षा के लिए एक संकट हैं। इसी तरह सिंचाई के पानी की लगातार कमी होना भी एक गंभीर संकट की ओर इशारा करता हैं। अनुमान है कि तमाम प्रयासों के बावजूद देश की 50 प्रतिशत से अधिक कृषि फसलें बारानी दशाओं में उगाई जाएँगी,यानी वर्षा पर निर्भर रहेगी। इस देश में प्रति हेक्टेयर उत्पादकता को बढ़ाना अधिक कठिन हो जाएगा। कृषि के लिए ऊर्जा की कमी,भूमि का क्षरण और जैव विविधता का ह्रास भी खाद्य सुरक्षा के लिए एक प्रमुख खतरा माना जा रहा है जिसमें पोल्ट्री और मछली पालन भी शामिल हैं। खाद्य सुरक्षा जनता तक पहुँचाना एक बहुत चुनौती हैं। प्राथमिकता वाले परिवारों की पहचान में सावधानी बरतनी होगी इसका पूरा दारोमदार सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर हैं। उचित भंडार न होने के कारण भारत में हर साल हजारों टन अनाज बर्बाद हो जाता है। आज भी लाखों मैट्रिक टन अनाज खुले में पड़ा हैं। देश में 415 लाख टन अनाज केवल पन्नियों में ढका रहता है। अनाज का एक- एक दाना महत्वपूर्ण हैं अत: खाद्य सुरक्षा के लिए हर दाने की महत्ता समझने की जरूरत हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अहलूवालिया डी (1993):- पब्लिक डिस्ट्रीब्युशन ऑफ इंडिया कवरेज टारगेंटिग लिडेजेस (फूड पॉलेसी 18 फरवरी 1993 पेज नं. 60)
2. भगवती व श्रीनिवास(1993) :- ओपी.सीआईटी, पेज नं. 6
3. पारिख के.एस. व वी.एस.व्यास (1994) :- हू गैट्स हाउ मच फ्राम पीडीएस हाउ इफैटिवली डस इट रीच टू पूवर ? सेवकसना जनवरी मार्च
4. शर्मा रंजना (2000) :- बिलासपुर जिले में कृषि एवं पोषण
5. लेखराज (2000) :- दुर्ग जिले में कृषि एवं पोषण : एक भगौलिक अध्ययन (पेज नं. 152)
6. नायर के. थलासीधरण (2008) :- टारगेटेड पब्लिक डिट्रीब्युशन इन फूड गैन्स स्टैन्ड ऑफ युटिलाजेशन बाई द ट्राईबल पापुलेशन इन केरला
7. गवकरे राजेश बिमरो (2010) :- ज्योग्राफिक परसपेक्टिवस आन पापुलेशन एंड फूड सिस्टम सोलापुर डिस्ट्रीक्ट
8. चन्द्रभान (2012):- अनाज का एक-एक दाना महत्वपूर्ण (कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज नं. 8-12)
9. प्रो. मोदी के.एम. (2012) :- खाद्य सुरक्षा: चुनौतिया और समाधान (कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज नं. 13-17)
10. अनन्दा डी (2012):- स्टेट रिस्पाँस टू फूड सिक्यूरिटी : अ स्टडी ऑफ पब्लिक डिस्ट्रीब्युशन
11. अरूण ए.के. (2012):- बाजार की गिरफ्त में पोषाहार और स्वस्थ (योजना 2012 पेज-19-22)
12. डॉ. कोचर नवीन व झारिया मणिकांत (2012) :- भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक खाद्य सुरक्षा(कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज नं. 23-28)
13. बैनर्जी नंदु (2013):- गरीबों के पेट पर वोटों की राजनीति (नई दुनिया समाचार पत्र 25 जुलाई 2013 पेज नं. 8)
14. भास्कर सुरेन्द्र (2013) :- आधारभूत सुविधाओं का आधार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (योजना फरवरी 2013 पेज नं. 38-39)
15. हिंमांशु एवं सेन अभिजीत (2013) :- नगदी बनाम सामग्री(योजना फरवरी 2013 पेज नं.16-18)
16. अनन्दा डी (2012):- स्टेट रिस्पाँस टू फूड स्क्यूरटी : अ स्टडी ऑफ पब्लिक डिस्ट्रीब्युशन
17. चन्द्रभान (2012):- अनाज का एक-एक दाना महत्वपूर्ण (कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज नं. 8-12)
18. अरूण ए.के. (2012):- बाजार की गिरफ्त में पोषाहार और स्वस्थ (योजना 2012 पेज-19-22)
19. बैनर्जी नंदु (2013):- गरीबों के पेट पर वाटों की राजनीति (नई दुनिया समाचार पत्र 25 जुलाई 2013 पेज नं. 8)
20. भास्कर सुरेन्द्र (2013) :- आधार भूत सुविधाओं का आधार प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (योजना फरवरी 2013 पेज नं. 38-39)
21. हिंमांशु एवं सेन अभिजीत (2013):- नगदी बनाम सामग्री(योजना फरवरी 2013 पेज नं.16-18)
22. डॉ. कोचर नवीन व झारिया मणिकांत (2012) :- भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक खाद्य सुरक्षा(कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज नं. 23-28)
23. लेखराज (2000) :- दुर्ग जिले में कृषि एवं पोषण : एक भगौलिक अध्ययन (पेज नं. 152)
24. प्रो. मोदी के.एम. (2012) :- खाद्य सुरक्षा: चुनौतिया और समाधान (कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज नं. 13-17)
25. नायर के. थलासीधरण (2008) :- टारगेटेड पब्लिक डिट्रीब्युशन इन फूड गैन्स स्टैन्ड ऑफ युटिलाजेशन बाई द ट्राईबल पापुलेशन इन केरला
26. पारिख के.एस. व वी.एस.व्यास (1994) :- हू गैट्स हाउ मच फ्राम पीडीएस हाउ इफैटिवली डस इट रीच टू पूवर ? सेवकसना जनवरी मार्च
27. पाणि नरेन्द्र (2013) :- खाद्य हेतु नगर सब्सिडी संरचना की भ्रांतियां (योजना फरवरी 2013 पेज नं. 19-21)
28. डॉ. रावत गजेन्द्र (2012) :- खाद्य सुरक्षा एवं सरकारी प्रयास (कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज 18-22)
29. रावत यशवंत (2012) :- खाद्यान्न सुरक्षा के लिए जैविक खेती जरूरी (कुरूक्षेत्र मार्च 2012 पेज 29-34)
30. स्टैडिंग गार्ड (2013) :- नगद सुधार की राजनीति (योजना फरवरी 2013 पेज नं. 16-18)
31. डॉ. सावंत अनिता (2013) :- भोजन की बर्बादी से पहले सोचे (नवभारत रविवार अवकाश 2 जून 2013 पेज 1-4)

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

तालिका 1 – जिलेवार कोर पीडीएस की जानकारी

क्र.	जिले	कुल उ.मु.की संख्या	वुल उ.मु.दु. (कोर पीडीएस)	कुल राशनकार्ड(कोर पीडीएस) की संख्या	वर्तमान माह में सौदो की संख्या
1	बस्तर	421	412	195946	222324
2	बीजापुर	189	69	61160	19315
3	दन्तेवाड़ा	153	144	75070	26736
4	कांकेर	448	442	177742	147891
5	कोंडागांव	321	319	134283	132287
6	नारायणपुर	104	32	34165	7807
7	सुकमा	165	44	68302	13482
8	बिलासपुर	788	761	527847	395745
9	गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही				
10	जांजगीर चाम्पा	682	682	484496	410743
11	कोरबा	455	451	284384	210528
12	मुंगेली	372	368	221795	241328
13	रायगढ़	845	838	417003	363756
14	बालोद	442	442	191642	226335
15	बेमेतरा	414	412	216300	268315
16	दुर्ग	616	547	426364	336545
17	कवर्धा	487	483	238851	234585
18	राजनांदगांव	876	869	385123	377382
19	बलौदाबाजार	643	639	361425	210537
20	धमतरी	404	393	197113	221407
21	गरियाबंद	342	342	174849	118202
22	महासमुंद	582	577	315610	252534
23	रायपुर	670	582	490990	317473
24	बलरामपुर	421	491	188048	119593
25	जशपुर	446	444	216334	146301
26	कोरिया	349	648	171291	159221
27	सरगुजा	447	445	243489	255242
28	सूरजपुर	444	437	215403	193627
	कुल	**12526**	**11941**	**6715026**	**5629241**

तालिका 3 – विकासखण्डवार कोर पीडीएस की जानकारी

क्र.	विकासखण्ड	कुल उ.मु.द्ु.की संख्या	कुल उ.मु.द्ु. (कोर पीडीएस) की संख्या	कुल राशनकार्ड (कोर पीडीएस) की संख्या	वर्तमान माह में कुल सौदों की संख्या
1	बिल्हा ग्रामीण	145	145	110106	99119
2	मस्तूरी ग्रामीण	127	126	93862	80552
3	कोटा ग्रामीण	103	103	55151	56464
4	तखतपुर ग्रामीण	119	119	76141	49508
5	मरवाही ग्रामीण	77	76	38889	23579
6	पेण्ड्रा ग्रामीण	40	40	22241	7035
7	गौरेला ग्रामीण	1	1	93	0
8	गौरेला शहरी	5	5	4902	1578
9	पेण्ड्रा शहरी	4	4	3838	916
10	मल्हार शहरी	5	5	2564	0
11	सिरगिट्टी शहरी	8	7	5135	4906
12	तिफरा शहरी	7	7	6885	4250
13	सकरी शहरी	1	1	3263	1023
14	तखतपुर शहरी	5	5	5225	2657
15	बोदरी शहरी	3	3	5048	2553
16	बिल्हा शहरी	4	4	2961	2615
17	रतनपुर शहरी	9	9	6799	2269
18	कोटा शहरी	8	8	4995	3864
19	बिलासपुर शहरी	117	93	79749	52857
	कुल	**788**	**761**	**527847**	**395745**

****

स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के योगदान का बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड के सर्वेक्षित ग्रामों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उपभोग की मदें और उपभोग क्रिया को प्रभावित करने वाले कारकों में एक अध्ययन

डॉ. के.के.शर्मा *

शोध सारांश –अध्ययन क्षेत्र बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड में इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के कुल 175 परिवार एवं अनुसूचित जाति के 45 परिवार लाभान्वित हुए योजना का इस वर्ग के उत्थान में वास्तविक योगदान ज्ञात करने के लिए योजना से लाभान्वित न होने वाले (गैर हितग्राही) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कमश: 175 एवं 45 गैर हितग्राही परिवारों को भी अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। जिसमें स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजागर योजना का अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आर्थिक उत्थान में योगदान ठीक-ठीक ज्ञात किया जा सके। प्रस्तुत शोध पत्र में बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड के अन्तर्गत कुल 81 ग्राम पंचायतों में से 25 ग्राम पंचायतों का चयन दैव निर्दशन पद्धति से किया गया तथा चयनित ग्राम पंचायतों के स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना द्वारा लाभान्वित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के समस्त हितग्राहियों (स्वरोजगारियों) को अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। इस प्रकार अनुसूचित जाति के 45 एवं अनुसूचित जनजाति के 175 परिवारों का अध्ययन किया गया है। जिनसे प्रश्नावली, अनुसूची साक्षात्कार एवं अवलोकन द्वारा जानकारियाँ प्राप्त कर उनका बिन्दुवार विश्लेषण किया गया है।

शब्द कुँजी – ट्राइसेम- ग्रामीण युवा रोज़गार प्रशिक्षण कार्यक्रम, डवाकरा- ग्रामीण महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम, एम.डब्लू.एस.- दस लाख कुओं की योजना, अजजा- अनुसूचित जनजाति, अजा- अनुसूचित जाति, S.G.S.Y- स्वर्ण जयन्ती ग्राम श्रोज़गार योजना, आई.आर.डी.पी.- समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, जे.के.एल.- गंगा कल्याण योजना, एस.एच.जी.- स्व-सहायता समूह, डी.आर.डी.ए- जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, J.R.Y.। जवाहर रोजगार योजना।

प्रस्तावना – अर्थशास्त्र साधारण जीवन व्यवसाय के मनुष्य की क्रियाओं का अध्ययन है। यह इस बात का पता लगाता है कि वह किस प्रकार आय प्राप्त करता है और किस प्रकार उपभोग करता है। इस प्रकार एक ओर तो धन का अध्ययन है और दूसरी ओर, अधिक महत्वपूर्ण दिशा में मनुष्य के अध्ययन का भाग है। सर्वेक्षित क्षेत्र के आर्थिक अध्ययन में आय के साथ-साथ उपभोग व्यय का अध्ययन आवश्यक है। अत: अनुसुचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हितग्राही एवं गैर हितग्राहियों की वार्षिक उपभोग क्रिया में विभिन्न मदों पर व्यय किस क्रम में है तथा प्रत्येक मद पर व्यय में योजना से लाभान्वित होने के पश्चात् क्या अंतर आया है? इसका विश्लेषण किया गया है। उपभोग व्यय में प्रमुख रूप से अनाज, अन्य खाद्यान, वस्त्र आवास, ईंधन एवं प्रकाश, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, मादक पदार्थ, सांस्कृति परम्पराए, यात्रा एवं परिवहन शामिल किया गया है, कुछ मदों पर दैनिक, मासिक एवं वार्षिक व्यय किया जाता है। परन्तु ग्रामीण परिवार के उपभोग व्यय का वैज्ञानिक मौद्रिक मूल्यांकन संभव नहीं है। अत: उपभोग वस्तुओं एवं सेवाओं के प्रचलित बाजार मूल्यों के आधार पर इसका आँकलन किया गया है, कुल आय, कुल व्यय एवं कुल बचत का योग होता है। कुल बचत ऋणात्मक एवं धनात्मक दोनों हो सकते हैं, यदि आय की तुलना में व्यय अधिक है तो ऋणात्मक बचत होती है तथा आय की तुलना में व्यय कम है, तो धनात्मक बचत होती है। कृषि पुन: निवेश को व्यय में शामिल नहीं किया गया है, क्योंकि आय आँकलन के समय शुद्ध प्राप्तियों को लिया गया है।

अध्ययन अवधि में सर्वेक्षित क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के हितग्राही एवं गैर हितग्राही परिवारों के उपभोग की मदों में परिवर्तन:- सारणी क्रमांक-1 से स्पष्ट है कि क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति के 175 हितग्राही के औसत प्रति परिवार का कुल वार्षिक उपभोग पर व्यय 2006-07 में 185800 रूपया था। जिसमें से अनाज पर 18.84 प्रतिशत, अन्य खाद्यान्न 20.45 प्रतिशत, वस्त्र 04.31 प्रतिशत, आवास 04.84 प्रतिशत, ईधन प्रकाश 01.94 प्रतिशत, शिक्षा 0.38 प्रतिशत, स्वास्थ्य 16.15 प्रतिशत, मनोरंजन 01.35 प्रतिशत, मादक पदार्थ 09.69 प्रतिशत, सांस्कृतिक परम्पराएँ 03.23 प्रतिशत, यात्रा एवं परिवहन 13.46 प्रतिशत एवं अन्य सेवाओं पर 05.38 प्रतिशत राशि व्यय की गयी। अगर कुल उपभोग को खाद्यान्न एवं अखाद्यान दो मदों में अलग कर के देखें तो खाद्यान्न मद में 39.29 प्रतिशत एवं अखाद्यान मद में 60.71 प्रतिशत व्यय किया गया।

सारणी क्रमांक 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

आरेख क्र. - 1

*प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) डी. पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) भारत



स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना से सहायता के पश्चात् वर्ष 2011-12 में प्रति परिवार कुल वार्षिक उपभोग व्यय बढ़कर 248450 रूपया हो गया, जिसमें से 17.61 प्रतिशत, अन्य खाद्यान्न 19.12 प्रतिशत, वस्त्र 07.24 प्रतिशत, आवास 04.53 प्रतिशत, ईंधन प्रकाश 01.81 प्रतिशत, शिक्षा 0.48 प्रतिशत, स्वास्थ्य 15.09 प्रतिशत, मनोरंजन 01.81 प्रतिशत, मादक पदार्थ 09.06 प्रतिशत, सांस्कृतिक परम्पराएँ 05.63 प्रतिशत, यात्रा एवं परिवहन 12.58 प्रतिशत एवं अन्य सेवाओं पर 05.03 प्रतिशत राशि व्यय की गयी। अगर कुल उपभोग को खाद्यान एवं अखाद्यान दो मदों में अलग कर के देखें तो खाद्यान्न मद में 36.73 प्रतिशत एवं अखाद्यान मद में 63.27 प्रतिशत व्यय किया गया।

आरेख क्र. - 2



विश्लेषण से स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजाति के हितग्राही योजना का लाभ लेने के पश्चात् अनाज, अन्य खाद्यान्न, आवास, इंधन, स्वाथ्य, मादक पदार्थ, परिवहन एवं अन्य मदों में व्यय प्रतिशत में ऋणात्मक परिवर्तन दर्ज किया गया। वहीं वस्त्र, शिक्षा, मनोरंजन एवं सांस्कृतिक परम्पराएँ मदों में व्यय प्रतिशत में धनात्मक परिवर्तन दर्ज किया गया। सारणी से यह भी स्पष्ट है कि क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति के 175 गैर हितग्राही परिवारों के औसत प्रति परिवार कुल वार्षिक उपभोग पर व्यय 2006-07 में 195300 रू. था। जिसमें से अनाज पर 19.46 प्रतिशत, अन्य खाद्यान 19.97 प्रतिशत, वस्त्र 04.86 प्रतिशत, आवास 04.86 प्रतिशत, ईधन प्रकाश 01.95 प्रतिशत, शिक्षा 0.46 प्रतिशत, स्वास्थ्य 15.36 प्रतिशत, मनोरंजन 01.84 प्रतिशत, मादक पदार्थ 10.24 प्रतिशत, सांस्कृतिक परम्पराएँ 04.10 प्रतिशत, यात्रा एवं परिवहन 12.29 प्रतिशत एवं अन्य सेवाओं पर 04.61 प्रतिशत राशि व्यय किया गया। अगर कुल उपभोग को खाद्यान एवं अखाद्यान दो मदों में अलग कर के देखें तो खाद्यान्न मद में 39.43 प्रतिशत एवं अखाद्यान मद में 60.57 प्रतिशत व्यय किया गया। स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना से सहायता के पश्चात् वर्ष 2011-12 में प्रति परिवार कुल वार्षिक उपभोग व्यय बढ़कर 240700 रूपया हो गया, जिसमें से 17.45 प्रतिशत, अन्य खाद्यान्न 18.17 प्रतिशत, वस्त्र 06.23 प्रतिशत, आवास 04.40 प्रतिशत, ईधन प्रकाश 02.24 प्रतिशत, शिक्षा 06.23 प्रतिशत, स्वास्थ्य 13.96 प्रतिशत, मनोरंजन 02.49 प्रतिशत, मादक पदार्थ 09.31 प्रतिशत, सांस्कृतिक परम्पराएँ 03.70 प्रतिशत, यात्रा एवं परिवहन 11.13 प्रतिशत एवं अन्य सेवाओं पर 04.15 प्रतिशत राशि व्यय किया गया। अगर कुल उपभोग को खाद्यान एवं अखाद्यान दो मदों में अलग कर के देखें तो खाद्यान मद में 36.14 प्रतिशत एवं अखाद्यान मद में 63.86 प्रतिशत व्यय किया गया। विश्लेषण से स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजाति के हितग्राही योजना का लाभ लेने के पश्चात् अनाज, अन्य खाद्यान, आवास, स्वाथ्य, मादक पदार्थ, परिवहन सांस्कृतिक परम्पराएँ एवं अन्य मदों में व्यय प्रतिशत में ऋणात्मक परिवर्तन दर्ज की गई है। वहीं वस्त्र, शिक्षा, मनोरंजन एवं इंधन मदों में व्यय प्रतिशत में धनात्मक परिवर्तन दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि अनुसूचित जनजाति के हितग्राही एवं गैर हितग्राहियों ने आय में वृद्धि के साथ-साथ भोज्य पदार्थो पर व्यय कम करके अभोज्य पदार्थो पर व्यय को बढ़ाया है।

अध्ययन अवधि में सर्वेक्षित क्षेत्र अनुसूचित जाति के हितग्राही एवं गैर हितग्राही परिवारों के उपभोग की मदों में परिवर्तन:- सारणी क्रमांक-2 से स्पष्ट है कि क्षेत्र के अनुसूचित जाति के 45 हितग्राही के औसत प्रति परिवार का कुल वार्षिक उपभोग पर व्यय 2006-07 में 198500 रूपया था। जिसमें से अनाज पर 19..40 प्रतिशत, अन्य खाद्यान 19.85 प्रतिशत, वस्त्र 04.43 प्रतिशत, आवास 04.63 प्रतिशत, ईधन प्रकाश 01.96 प्रतिशत, शिक्षा 0.46 प्रतिशत, स्वास्थ्य 16.12 प्रतिशत, मनोरंजन 01.31 प्रतिशत, मादक पदार्थ 09.57 प्रतिशत, सांस्कृतिक परम्पराएँ 03.12 प्रतिशत, यात्रा एवं परिवहन 13.10 प्रतिशत एवं अन्य सेवाओं पर 06.05 प्रतिशत राशि व्यय की गयी। अगर कुल उपभोग को खाद्यान्न एवं अखाद्यान दो मदों में अलग कर के देखें तो खाद्यान मद में 39.24 प्रतिशत एवं अखाद्यान मद में 60.76 प्रतिशत व्यय किया गया। स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना से सहायता के पश्चात् वर्ष 2011-12 में प्रति परिवार कुल वार्षिक उपभोग व्यय बढ़कर 250500 रूपया हो गया, जिसमें से 19.20 प्रतिशत, अन्य खाद्यान्न 19.24 प्रतिशत, वस्त्र 07.19 प्रतिशत, आवास 04.59 प्रतिशत, ईधन प्रकाश 01.92 प्रतिशत, शिक्षा 0.48 प्रतिशत, स्वास्थ्य 15.57 प्रतिशत, मनोरंजन 01.80 प्रतिशत, मादक

पदार्थ 05.07 प्रतिशत, सांस्कृतिक परम्पराएँ 05.59 प्रतिशत, यात्रा एवं परिवहन 12.97 प्रतिशत एवं अन्य सेवाओं पर 05.99 प्रतिशत राशि व्यय की गयी। अगर कुल उपभोग को खाद्यान एवं अखाद्यान दो मदों में अलग कर के देखें तो खाद्यान मद में 38.44 प्रतिशत एवं अखाद्यान मद में 61.56 प्रतिशत व्यय किया गया।

सारणी क्रमांक 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

आरेख क्र. - 3



विश्लेषण से स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजाति के हितग्राही योजना का लाभ लेने के पश्चात् अनाज, अन्य खाद्यान, इंधन, स्वाथ्य, मादक पदार्थ, परिवहन एवं अन्य मदों में व्यय प्रतिशत में ऋणात्मक परिवर्तन दर्ज किया गया। वहीं वस्त्र, शिक्षा, मनोरंजन एवं सांस्कृतिक परम्पराएँ मदों में व्यय प्रतिशत में धनात्मक परिवर्तन दर्ज किया गया।

आरेख क्र. - 4



सारणी क्रमांक-1.2 से यह भी स्पष्ट है कि क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति के 45 गैर हितग्राही परिवारों के औसत प्रति परिवार कुल वार्षिक उपभोग पर व्यय 2006-07 में 208300 रूपया था। जिसमें से अनाज पर 18.63 प्रतिशत, अन्य खाद्यान्न 19.11 प्रतिशत, वस्त्र 04.70 प्रतिशत, आवास 04.70 प्रतिशत, ईधन प्रकाश 01.87 प्रतिशत, शिक्षा 0.58 प्रतिशत, स्वास्थ्य 16.80 प्रतिशत, मनोरंजन 01.82 प्रतिशत, मादक पदार्थ 10.56 प्रतिशत, सांस्कृतिक परम्पराएँ 03.94 प्रतिशत, यात्रा एवं परिवहन 12.48 प्रतिशत एवं अन्य सेवाओं पर 04.80 प्रतिशत राशि व्यय की गयी। अगर कुल उपभोग को खाद्यान एवं अखाद्यान दो मदों में अलग कर के देखें तो खाद्यान्न मद में 37.73 प्रतिशत एवं अखाद्यान मद में 62.27 प्रतिशत व्यय किया गया।

स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना से सहायता के पश्चात् वर्ष 2011-12 में प्रति परिवार कुल वार्षिक उपभोग व्यय बढ़कर 248500 रूपया हो गया, जिसमें से 16.90 प्रतिशत, अन्य खाद्यान्न 18.11 प्रतिशत, वस्त्र 06.04 प्रतिशत, आवास 04.27 प्रतिशत, ईधन प्रकाश 02.17 प्रतिशत, शिक्षा 06.04 प्रतिशत, स्वास्थ्य 15.77 प्रतिशत, मनोरंजन 02.41 प्रतिशत, मादक पदार्थ 09.90 प्रतिशत, सांस्कृतिक परम्पराएँ 03.58 प्रतिशत, यात्रा एवं परिवहन 10.78 प्रतिशत एवं अन्य सेवाओं पर 04.02 प्रतिशत राशि व्यय की गयी। अगर कुल उपभोग को खाद्यान एवं अखाद्यान दो मदों में अलग कर के देखें तो खाद्यान्न मद में 35.01 प्रतिशत एवं अखाद्यान्न मद में 64.99 प्रतिशत व्यय किया गया। विश्लेषण से स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजाति के हितग्राही योजना का लाभ लेने के पश्चात् अनाज, अन्य खाद्यान्न, आवास, स्वाथ्य, मादक पदार्थ, परिवहन सांस्कृतिक परम्पराएँ एवं अन्य मदों में व्यय प्रतिशत में ऋणात्मक परिवर्तन दर्ज की गई है। वहीं वस्त्र, शिक्षा, मनोरंजन एवं इंधन मदों में व्यय प्रतिशत में धनात्मक परिवर्तन दर्ज किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि अनुसूचित जनजाति के हितग्राही एवं गैर हितग्राहियों ने भोज्य पदार्थो पर व्यय कम करके अभोज्य पदार्थों पर व्यय को बढ़ाया है।

उपभोग किया को प्रभावित करने वाले कारक:-सर्वेक्षित क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के हितग्राही - गैर हितग्राही परिवारों के उपभोग व्यय में वृद्धि हुई है। अनुसूचित जनजाति के हितग्राही परिवारों प्रति परिवार कुल वार्षिक उपभोग व्यय 2006-07 में 185800 रूपया था जो बढ़कर 2011-12 में 248450 रूपया हो गया। इस दौरान 62650 रूपया की वृद्धि हुई। वहीं गैर हितग्राही परिवारों प्रति परिवार कुल वार्षिक उपभोग व्यय 2006-07 एवं 2011-12 में कमश: 195300 एवं 240700 हो गया। इस दौरान 45100 रूपया की वृद्धि पायी गयी है। अनुसूचित जाति के हितग्राही परिवारों प्रति परिवार कुल वार्षिक उपभोग व्यय 2006-07 में 198500 रूपया था जो बढ़कर 2011-12 में 250500 रूपया हो गया। इस दौरान 52000 रूपया की वृद्धि हुई। वहीं गैर हितग्राही परिवारों प्रति परिवार कुल वार्षिक उपभोग व्यय 2006-07 एवं 2011-12 में कमश: 208300 एवं 248500 हो गया। इस दौरान 40200 रूपया की वृद्धि पायी गयी है। आय स्तर पर उपभोग क्रिया से धनात्मक संबंध होता है। जैसे-जैसे आय बढ़ती है उपभोग व्यय भी बढ़ने लगता है। स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना से आय स्तर में सुधार हुआ लेकिन उपभोग किया के प्रतिकूल होने से आर्थिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। उपभोग किया में सर्वाधिक वस्त्र, आवास ईधन/प्रकाश, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, सांस्कृतिक परम्पराएँ आदि पर प्रभाव पड़ा, उच्च

आय वर्ग से प्रभावित होकर निम्न आय वर्ग के लोगों में फैशन की प्रतियोगिता सी आ गयी है। उच्च आय वर्ग के लोगों की गलत आदतों की तो नकल कर लेते है लेकिन उनकी अच्छाईयों का अनुसरण नहीं करते जिससे उपभोग किया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सर्वेक्षित क्षेत्र में उपभोक्ताओं का शिक्षा स्तर काफी पिछड़ा हुआ पाया गया। जिससे उपभोक्ताओं में जागरूकता का अभाव है, इसलिए आय बढ़ने के बावजूद भी उपभोग किया में सुधार नहीं कर पाये जिससे बढ़ी हुई आय को संतुलित आहार पर व्यय करने के बजाय अन्य मदों पर अनावश्यक व्यय करते है। जिससे अनिवार्य आवश्यकता की वस्तुओं पर व्यय घटने लगता है सर्वेक्षित क्षेत्र की अनुसूचित जनजाति के हितग्राही परिवारों में अधिकतर यही स्थिति है। भोज्य पदार्थ मद में कटौती से भोजन (खान-पान) का स्तर निम्न होने लगा है। जिससे कार्यक्षमता में कमी आने लगी है। उपभोग किया को सही दिशा देने में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। जिन परिवारों में शिक्षा स्तर अच्छा है उनकी उपभोग किया अच्छी स्थिति में है। आदत एवं रूचि भी उपभोग क्रिया को प्रभावित करती है, उपभोक्ता आदत एवं रूचि के अनुसार ही उपभोग क्रिया को परिवर्तित कर लेता है, यदि उपभोक्ता की आदत सृजनात्मक हो तो विकास करेगा। उपभोग किया को जनांकिकीय तत्व भी प्रभावित करता है। आय की तुलना में परिवार का आकार बड़ा एवं अधिक भारित होने से प्रति व्यक्ति की उपभोग क्रिया कम होने लगती है जबकि कम आय पर भी छोटे परिवारों की उपभोग किया का स्तर उच्च हो जाता है। रोजगार का स्तर एवं व्यवसायिक ढांचा भी उपभोग किया में परिवर्तन लाता है, क्षेत्र के अधिकांश परिवार कृषि से जुडे हुए है, जिनकी आय प्रकृति पर निर्भर है, यदि प्रकृति अनुकूल हो गयी तो आय उपभोग एवं बचत बढ़ेगी अन्यथा इनमें गिरावट होने लगती है, ऋण या सम्पत्ति विक्रय कर जीवकोपार्जन करना पड़ता है, साथ ही इन परिस्थितियों में ऋण ग्रस्तता बढ़ जाती है। लोगों का कृषि के प्रति मोह से व्यवसायिक परिवर्तन क्षेत्र में कम है। सर्वेक्षित क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति के लोगों की मनोवृत्ति संतोषी है। जिसके कारण आय एवं उपभोग क्रिया में सुधार नहीं हो पाया। वे अपनी यथा स्थिति में बने रहना चाहते हैं, जो कि आर्थिक विकास में बाधक है।उपभोग क्रिया को प्रभावित करने वाले कारक आपस में एक दूसरे को भी प्रभावित करते है उपभोग क्रिया की विभिन्न मदों में व्यय कम का भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ता है कुछ मदें उपभोग क्रिया को सही दिशा प्रदान करती है तथा कुछ मदें उपभोग क्रिया को गलत दिशा में मोड़ देती हैं, जिससे आर्थिक विकास प्रभावित होता है।

सर्वेक्षित क्षेत्र की जनजाति की परिवारिक आय, उपभोग व्यय, बचत की प्रवृत्ति:-सर्वेक्षित ग्राम पंचायतों की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के न्यायदर्श परिवारों की कुल आय, कुल व्यय तथा कुल बचत को वर्ष 2006-07 और 2011-12 के आधार पर परिवर्तन का अध्ययन किया गया है, साथ में प्रति परिवार औसत आय, व्यय एवं बचत को भी प्रदर्शित किया गया है क्षेत्र की अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों एवं गैर हितग्राहियों की परिवारिक आय, उपभोग, व्यय की प्रवृत्ति को सारणी क्रमांक-3 में प्रदर्शित किया गया है।

सारणी क्रमांक-3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

सारणी क्रमांक 3 से स्पष्ट है कि अनुसूचित जनजाति के हितग्राही परिवारों की प्रति परिवार वार्षिक आय 2006-07 में 122000 रूपया थी जो 2011-12 में बढ़कर 297000 रूपया हो गयी इस दौरान प्रति परिवार औसत आय में 175000 रूपया की वृद्धि हो गयी। इन परिवारों में औसत उपभोग व्यय प्रति वर्ष प्रति परिवार 2006-07 में 185800 रूपया था जो 2011-12 में बढ़कर 248550 रूपया हो गया। प्रति परिवार औसत व्यय अध्ययन के दौरान 62750 रूपया की वृद्धि हुई। इन्हीं परिवारों की प्रति परिवार औसात वार्षिक बचत 2006-07 में -63800 रूपया थी जो 2011-12 में 48450 रूपया हो गयी। अर्थात अध्ययन के प्रारंभिक वर्षो में प्रति परिवार प्रतिवर्ष 63800 रूपया उधार लेकर अपना भरण पोषण करते थे। योजना से लाभान्वित होकर अध्ययन के अंतिम वर्ष 2011-12 में 48450 रूपये प्रति परिवार औसत रूप से बचत करने लगे। वहीं अनुसूचित जनजाति के गैर हितग्राही परिवारों की प्रति परिवार वार्षिक आय 2006-07 में 95000 रूपया थी जो 2011-12 में बढ़कर 162000 रूपया हो गयी इस दौरान प्रति परिवार औसत आय में 67000 रूपया की वृद्धि हो गयी। इन परिवारों में औसत उपभोग व्यय प्रति वर्ष प्रति परिवार 2006-07 में 195300 रूपया था जो 2011-12 में बढ़कर 240700 रूपया हो गया। प्रति परिवार औसत व्यय अध्ययन के दौरान 45400 रूपया की वृद्धि हुई। इन्हीं परिवारों की प्रति परिवार औसत वार्षिक बचत 2006-07 में -100300 रूपया थी जो 2011-12 में -78700 रूपया हो गयी। अर्थात अध्ययन के अध्ययन अवधि में 21600 की धनात्मक परिवतन आया किन्तु योजना के लाभान्वित परिवारों की 112250 रू. की तुलना में बहुत कम है। इससे योजना का आर्थिक उत्थान में योगदान स्पष्ट होता है। सारणी क्रमांक 1.3 से यह भी स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति के हितग्राही परिवारों की प्रति परिवार वार्षिक आय 2006-07 में 86000 रूपया थी जो 2011-12 में बढ़कर 256000 रूपया हो गयी इस दौरान प्रति परिवार औसत आय में 170000 रूपया की वृद्धि हो गयी। इन परिवारों में औसत उपभोग व्यय प्रति वर्ष प्रति परिवार 2006-07 में 198500 रूपया था जो 2011-12 में बढ़कर 250500 रूपया हो गया। प्रति परिवार औसत व्यय अध्ययन के दौरान 52000 रूपया की वृद्धि हुई। इन्हीं परिवारों की प्रति परिवार औसत वार्षिक बचत 2006-07 में -112500 रूपया थी जो 2011-12 में 5500 रूपया हो गयी। अर्थात् अध्ययन के प्रारंभिक वर्षों में प्रति परिवार प्रतिवर्ष 112500 रूपया उधार लेकर अपना भरण पोषण करते थे। योजना से लाभान्वित होकर अध्ययन के अंतिम वर्ष 2011-12 में 5500 रूपये प्रति परिवार औसत रूप से बचत करने लगे। वहीं अनुसूचित जाति के गैर हितग्राही परिवारों की प्रति परिवार वार्षिक आय 2006-07 में 77000 रूपया थी जो 2011-12 में बढ़कर 160000 रूपया हो गयी इस दौरान प्रति परिवार औसत आय में 83000 रूपया की वृद्धि हो गयी। इन परिवारों में औसत उपभोग व्यय प्रति वर्ष प्रति परिवार 2006-07 में 208300 रूपया था जो 2011-12 में बढ़कर 248500 रूपया हो गया। प्रति परिवार औसत व्यय अध्ययन के दौरान 42200 रूपया की वृद्धि हुई। इन्हीं परिवारों की प्रति परिवार औसात वार्षिक बचत 2006-07 में -131300 रूपया थी जो 2011-12 में -88500 रूपया हो गयी अर्थात अध्ययन के अध्ययन अवधि में 42800 की धनात्मक परिवर्तन दर्ज किया गया, किन्तु योजना के लाभान्वित परिवारों की 118000 रू. की तुलना में बहुत कम है। इससे योजना का आर्थिक उत्थान में योगदान स्पष्ट होता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. पुस्तक :

1. Mishra, S.N. (2003). Rural Employment & Traysem : A Case study From Rajasthan, B.R. Pub., New Delhi.
2. Mishra, S.N. & Madan, G.R (1984) Rural Employment

& Trysem India's Developing Village, & Print House, Laucknow.
3. Murthy, K.L.N. (2003), Planning for Integrated Area Development : A Case Strudy from Andhra Pradesh, Atlantic Pub., New-Delhi.
4. Narayan, S. (2003), Dimensions of Development in Trabal: Bihar, B.R.Pub., Nwe Delhi.
5. Rajagopal, (2003), Indian Agriculture: An Analysis of Backword & Fore word linkages, B.R. Pub., New Delhi.
6. पन्त, जे.सी. (1984), *अर्थशास्त्र के सिद्धांत*, द्वितीय पूर्णत: संशोधित संस्करण, साहित्य भवन, आगरा
7. पन्त, जे.सी.(1989-90), *जनांकिकी*, 5वाँ संशोधित संस्करण, गोयल पब्लिशिंग हाऊस सुभाष, मेरठ - 2।
8. रूद्रदत्त एवं सुन्दरम, के.पी.एम. (1990), *भारतीय अर्थव्यवस्था*, 20वाँ संस्करण।, एस.चन्द्र एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली।
9. सुन्दरम, के.पी. एम. (1995), भारतीय अर्थव्यवस्था, 25वाँ संस्करण, श्रीचंद कंपनी लि. नई दिल्ली।
10. सिन्हा, वी.सी. एवं सिन्हा, पुष्पा (1989), *श्रम अर्थशास्त्र*, नेशनल पब्लिशिंग हाउस दरियागंज, नई दिल्ली।
11. श्रीवास्तव, एस.बी.(1985), *जनांकिकीय सिद्धांत*, तकनीकी एवं अध्ययन, चतुर्थ संस्करण, शिक्षा साहित्य प्रकाशन, मेरठ।

2. पत्रिका :

1. Devi, R.Uma, A Study on Swarnajayanti Gram Swarozgar Yojana Scheme in Generating Self – Employment opportunities, IJSST Vol.1 No.9
2. Karamvir. Appraisal of SGSY. Indian Streems Research Journal, July 2013, ISSN 2230-7850, Vol.-3.Issue-6.

3. शासकीय प्रकाशन एवं प्रतिवेदन:

1. Evaluation of SGSY in Selected Blocks of M.P., 2007, Planning Commission, New Delhi.
2. Report of the Committee on Credit Related Issued Under SGSY, February 2009, DoRD MoRD GOI.
3. वार्षिक रिपोर्ट 2010-11, योजना आयोग, भारत सरकार।
4. वार्षिक रिपोर्ट 2010-11, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
5. वार्षिक रिपोर्ट 2011-12, योजना आयोग, भारत सरकार।
6. वार्षिक रिपोर्ट 2011-12, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
7. विशेष रिपोर्ट, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं अनूसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार।

4. वेबसाइट :

1. www.rural.nic.in
2. www.planningcommission.gov.in
3. www.woridbank.org
4. www.cag.gov.in
5. www.indiastat.com

सारणी क्रमांक 1 : अध्ययन अवधि में योजना से लाभान्वित अनुसूचति जनजाति के हितग्राहियों एवं गैर हितग्राहियों के उपभोग की मदों में परिवर्तन

(राशि रूपये में)

क्र.	मद	अनुसूचित जनजाति हितग्राही परिवार					अनुसूचित जनजाति गैर हितग्राही परिवार				
		2006-07		2011-12		परिवर्तन	2006-07		2011-12		परिवर्तन
		राशि	प्रतिशत	राशि	प्रतिशत	प्रतिशत में	राशि	प्रतिशत	राशि	प्रतिशत	प्रतिशत में
1	अनाज	35000	18.84	43750	17.61	-1.23	38000	19.46	42000	17.45	-2.01
2	अन्य खाद्यान्न	38000	20.45	47500	19.12	-1.33	39000	19.97	45000	18.70	-1.27
योग खाद्यान्न		73000	39.29	91250	36.73	-2.56	77000	39.43	87000	36.14	-3.28
3	वस्त्र	8000	4.31	18000	7.24	2.94	9500	4.86	15000	6.23	1.37
4	आवास	9000	4.84	11250	4.53	-0.32	9500	4.86	10600	4.40	-0.46
5	ईधन,प्रकाश	3600	1.94	4500	1.81	-0.13	3800	1.95	5400	2.24	0.30
6	शिक्षा	700	0.38	1200	0.48	0.11	900	0.46	15000	6.23	5.77
7	स्वास्थ्य	30000	16.15	37500	15.09	-1.05	30000	15.36	33600	13.96	-1.40
8	मनोरंजन	2500	1.35	4500	1.81	0.47	3600	1.84	6000	2.49	0.65
9	मादक पदार्थ	18000	9.69	22500	9.06	-0.63	20000	10.24	22400	9.31	-0.93
10	सांस्कृतिक परम्पराएँ	6000	3.23	14000	5.63	2.41	8000	4.10	8900	3.70	-0.40
11	यात्रा परिवहन	25000	13.46	31250	12.58	-0.88	24000	12.29	26800	11.13	-1.15
12	अन्य	10000	5.38	12500	5.03	-0.35	9000	4.61	10000	4.15	-0.45
योग अभोज्य मद		**112800**	**60.71**	**157200**	**63.27**	**2.56**	**118300**	**60.57**	**153700**	**63.86**	**3.28**
कुल उपभोग व्यय		**185800**	**100**	**248450**	**100**	**0.00**	**195300**	**100**	**240700**	**100**	**0.00**

स्रोत:- सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त प्राथमिक आंकड़े

सारणी क्रमांक 2 : अध्ययन अवधि में योजना से लाभान्वित अनुसूचति जाति के हितग्राहियों एवं गैर हितग्राहियों के उपभोग की मदों में परिवर्तन

क्र.	मद	अनुसूचित जाति हितग्राही परिवार					अनुसूचित जाति गैर हितग्राही परिवार				
		2006-07		2011-12		परिवर्तन	2006-07		2011-12		परिवर्तन
		राशि	प्रतिशत	राशि	प्रतिशत	प्रतिशत में	राशि	प्रतिशत	राशि	प्रतिशत	प्रतिशत में
1	टनाज	38500	19.40	48100	19.20	-0.19	38800	18.63	42000	16.90	-1.73
2	अन्य खाद्यान्न	39400	19.85	48200	19.24	-0.61	39800	19.11	45000	18.11	-1.00
योग खाद्यान्न		77900	39.24	96300	38.44	-0.80	78600	37.73	87000	35.01	-2.72
3	वस्त्र	8800	4.43	18000	7.19	2.75	9800	4.70	15000	6.04	1.33
4	टावास	9200	4.63	11500	4.59	-0.04	9800	4.70	10600	4.27	-0.44
5	ईधन,प्रकाश	3900	1.96	4800	1.92	-0.05	3900	1.87	5400	2.17	0.30
6	शिक्षा	900	0.45	1200	0.48	0.03	1200	0.58	15000	6.04	5.46
7	स्वास्थ्य	32000	16.12	40000	15.97	-0.15	35000	16.80	39200	15.77	-1.03
8	म्नोरंजन	2600	1.31	4500	1.80	0.49	3800	1.82	6000	2.41	0.59
9	मादक पदार्थ	19000	9.57	12700	5.07	-4.50	22000	10.56	24600	9.90	-0.66
10	सांस्कृतिक परम्पराएँ	6200	3.12	14000	5.59	2.47	8200	3.94	8900	3.58	-0.36
11	यात्रा परिवहन	26000	13.10	32500	12.97	-0.12	26000	12.48	26800	10.78	-1.70
12	अन्य	12000	6.05	15000	5.99	-0.06	10000	4.80	10000	4.02	-0.78
योग अभोज्य मद		**120600**	**60.76**	**154200**	**61.56**	**0.80**	**129700**	**62.27**	**161500**	**64.99**	**2.72**
कुल उपभोग व्यय		**198500**	**100**	**250500**	**100**	**0.00**	**208300**	**100**	**248500**	**100**	**0.00**

स्रोतः- सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त प्राथमिक आंकड़े

सारणी क्रमांक-3अध्ययन अवधि में योजना से लाभान्वित अनुसूचति जनजाति एवं अनुसूचित जाति के हितग्राहियों एवं गैर हितग्राहियों के पारिवारिक आय, उपभोग व्यय एवं बचत की प्रवृत्ति

क्र.	जाति	न्यादर्श संख्या	कुल आय			कुल उपभोग व्यय			कुल बचत		
			2006 -07	2011 -12	परिवर्तन	2006 -07	2011 -12	परिवर्तन	2006 -07	2011 -12	परिवर्तन
1	अजजा	हितग्राही	122000	297000	175000	185800	248550	62750	-63800	48450	112250
		गैर हितग्राही	95000	162000	67000	195300	240700	45400	-100300	-78700	21600
2	अजा	हितग्राही	86000	256000	170000	198500	250500	52000	-112500	5500	118000
		गैर हितग्राही	77000	160000	83000	208300	248500	40200	-131300	-88500	42800

स्रोतः- सर्वेक्षण द्वारा प्राप्त प्राथमिक आंकड़े

****

म्यांमार सीमा पर भारत की सुरक्षा चुनौतियां

संजय तिलकवार*

प्रस्तावना -

(जून 2015, म्यांमार सीमा में भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक)

दक्षिणी एवं दक्षिण पूर्व एशिया के त्रि-संगम पर स्थित 'म्यांमार गणराज्य संघ' (बर्मा) भौगोलिक संरचना एवं सामरिक दृष्टिकोण से भारत की अपेक्षा छोटा किन्तु महत्वपूर्ण राष्ट्र है। भौगोलिक दृष्टिकोण से म्यांमार, तीन बड़े भू-खंडों अर्थात चीन, भारत और इंडोनेशिया के मध्य स्थित होकर 54 मिलियन की जनसंख्या वाला यह देश लगभग 6,76,578 वर्ग किलोमीटर सहित उत्तर में भारत-चीन की सीमा बिन्दु से दक्षिण में मलेशिया के तट तक फैला हुआ है। इस देश का अधिकतम भाग भूमध्य और कर्क रेखा के मध्य स्थित है एवं उत्तर से दक्षिण की ओर विस्तृत पर्वत श्रृंखलाएं तथा दक्षिण दिशा में हिंद महासागर, विशिष्ट भौगोलिक स्थलाकृतियों का निर्माण करने के साथ पड़ोसी देशों की सीमाओं को भी निश्चित् करती है। म्यांमार की अंतर्राष्ट्रीय भू-सीमाएं 5 देशों, भारत (1643 कि.मी.), चीन (2171 कि.मी.), बांग्लादेश (90 कि.मी.), थाईलैंड (1770 कि.मी.) एवं लाओस (235 कि.मी.) के साथ साझा करने के अतिरिक्त बंगाल की खाड़ी के माध्यम से 2,276 कि.मी. लंबी समुद्री सीमाओं से भी परस्पर जुड़ा हुआ है। म्यांमार के उत्तर-पूर्व में चीन, उत्तर-पश्चिम् में भारत और बांग्लादेश, पूर्व तथा दक्षिण पूर्व में लाओस और थाईलैंड एवं अंडमान सागर तथा बंगाल की खाड़ी दक्षिण और दक्षिण पश्चिम् में है। म्यांमार की तट रेखा 1930 किलोमीटर तथा स्थल सीमाओं की लम्बाई 5,876 किलोमीटर है, जो देश की कुल सीमा का एक तिहाई है। म्यांमार पूर्ण रूप से उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित होकर 10 से 28 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 93 से 103 डिग्री पूर्वी देशान्तर रेखाओं के मध्य स्थित है। म्यांमार के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण में बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर तथा उत्तर में हेंगडुआन शान पर्वत चीन के साथ सीमा बनाते है। पटकोई पर्वत श्रृंखला, घने जंगल तथा बंगाल की खाड़ी, भारत और म्यांमार के मध्य प्राकृतिक सीमाओं को रेखांकित करती है तथा अपनी एक प्राकृतिक भौगोलिकता के कारण दोनों देश स्थलीय सीमाओं के अलावा समुद्री सीमाओं से भी परस्पर जुड़े हुए है। आसियान देशों के समूहों में से एकमात्र म्यांमार देश की सीमाएं पूर्वोत्तर राज्यों की सीमाओं से साझा करने से यह देश भारत के लिए दक्षिण-पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार है, जो 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के क्रियान्वयन में बेहतर आर्थिक एकीकरण का माध्यम होने के अतिरिक्त पूर्वोत्तर क्षेत्रों में सुरक्षा, शांति, स्थिरता, विकास एवं भौगोलिक रूप से म्यांमार की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर चीन के सैन्य प्रभाव को संतुलित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है।

भौगोलिक दृष्टि से पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत के मानचित्र पर एक बहुत ही महत्वपूर्ण स्त्रातजिक स्थिति धारण किए हुए है, जो तीन तरफ से जटिल पहाड़ी, दुर्गम रास्ते और घने जंगलों से घिरा हुआ है। भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों का लगभग 90% भाग अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से संलग्न हुआ है, जो जटिल भौगोलिक स्थिति के कारण सदैव संवेदनशील रहा है। भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों के 8 राज्यों में से 4 राज्य, अरूणाचल (520 कि.मी.), नागालैंड (215 कि.मी.), मणिपुर (398 कि.मी.) एवं मिजोरम (510 कि.मी.) संवेदनशील सहित रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होकर म्यांमार की भू-सीमाओं से संलग्न है। भारत-म्यांमार के बीच मार्च, 1967 में हुए समझौते के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय भू-सीमाओं का निर्धारण व सीमांकन किया गया था, जिसके लिए दोनों देश वर्तमान में भी प्रतिबद्ध है एवं 1643 कि.मी. की लंबी स्थलीय सीमाओं में से 1472 कि.मी. के सीमांकन का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसमें से अरूणाचल का लोहित उपक्षेत्र- 136 कि.मी. और मणिपुर राज्य का कबाऊ घाटी-35 कि.मी. दो असीमांकित भाग है। दोनों देशों के संबंधों में सौहार्दता को इस तथ्य से देखा जा सकता है कि इतनी लंबी स्थल एवं समुद्री सीमा होने के बावजूद दोनों देशों के बीच आज तक सीमा संबंधी कोई विवाद नहीं हुआ है। इस प्रकार दोनों देशों की भौगोलिकता के आधार पर सुरक्षात्मक व सामरिक दृष्टिकोण से परस्पर द्विपक्षीय संबंधों का घनिष्ठ एवं सामंजस्यपूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है।

चुनौतियां - भारत-म्यांमार की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की प्रकृति में एकरूपता न होने से दोनों देशों में विभिन्न खतरों की संभावनाओं के साथ विभिन्न भौतिक स्वरूप, स्थलाकृति तथा जलवायु संबंधी स्थितियां विद्यमान हैं। भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में 200 से अधिक जनजातियों के नृजातीय समूह स्थानीय नागरिकों की अपेक्षा विशेष रूप से म्यांमार की सीमाओं से संलग्न क्षेत्रों में अर्थात सीमापार निवासरत् जनसमूहों के साथ अधिक जुड़ाव होने से इन नृजातीय समूहों और विभिन्न आतंकवादी संगठनों की अलग-अलग प्रकार की मांगों के कारण दशकों से सीमा सुरक्षा की चुनौतियां अत्यधिक चुनौतीपूर्ण हो गई है एवं राज्यों के विभिन्न बहुनस्ली और बहुसांस्कृतिक समूहों ने देश में विलय को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया है तथा राजनीतिक रूप से विद्रोह और सशस्त्र हिंसा करने को तत्पर रहते हैं एवं इनके संघर्ष के

* शोधार्थी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

मूल कारक प्रत्येक राज्य में पृथ्क-पृथ्क होकर कुछ विशेषताएं एकसमान हैं। दोनों ही देश लगभग एक समय अंग्रजों की गुलामी से स्वतंत्र हुए और स्वतंत्रता के बाद से ही म्यांमार और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में जातीय विद्रोह, नस्ली-राजनीतिक, सशस्त्र हिंसा और अलगाववादी आंदोलन का उद्‌भव भारत की आंतरिक सुरक्षा, शांति और क्षेत्र में स्थिरता के लिए चुनौती बना हुआ है। दोनों देशों की सीमावर्ती सीमाएं अत्यंत दुर्गम व जटिल हैं।

इन क्षेत्रों में पहाड़ी इलाके, समतल मैदान, ऊंचे पर्वत, गहरी नदी धाराएं तथा घने जंगलों का फायदा उठाकर उग्रवादी संगठनों द्वारा अस्थायी शिविर बनाकर हथियारों व मादक पदार्थों की तस्करी, लूटपाट, जबरन वसूली, अपहरण, हत्याएं, सशस्त्र काडर की भर्ती व प्रशिक्षण, अवसंरचनात्मक संस्थापनाओं पर विस्फोट और हमलों जैसी अवैध गैर कानूनी घटनाओं को अंजाम देते हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्रों में लगभग 40 उग्रवादी संगठन सक्रिय हैं, जिसमें से मुख्यत:, नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-खापलांग (NSCN-K), नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-इशाक मुइवा (NSCN-IM), यूनाईटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (उल्फा), नेशनल डेमोक्रैटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (NDFB), पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA), कंग्लीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (KCP), इस्लामिक नेशनल फ्रंट (INF) एवं मणिपुर पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (MPLF) आदि विद्रोही समूह म्यांमार के सीमावर्ती क्षेत्रों-दुर्गम पहाड़ी इलाकों और घने जंगलों में सुरक्षित ठिकानों से अपनी गतिविधियों को संचालित करते हैं, जिन्हें म्यांमार के सक्रिय विद्रोही संगठनों विशेषकर-काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी (KIA) और अराकान आर्मी (AA) से सहायता प्राप्त होती रही है। भारत सरकार द्वारा समय समय पर म्यांमार के साथ इन संगठनों के नेताओं की मौजूदगी का मुद्दा उठाया जाता रहा है अपितु म्यांमार के साथ प्रत्यर्पण संधि के अभाव में इस दिशा में अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं। इसके अतिरिक्त भारत-म्यांमार दोनों देशों की सीमाओं के अंदर 16 कि.मी. तक स्वतंत्र रूप से प्रदान की गई मुक्त आवागमन व्यवस्था (Free Movement Regime:FMR) तथा सीमावर्ती व्यापार व हॉट बाजार और म्यांमार सीमा से अवैध प्रवासियों का गुप्त तरीके से चोरी-छिपे अथवा असंवैधानिक रूप से भारतीय सीमा में प्रवेश करना भी सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से क्रियाकलापों का नियंत्रण अत्यधिक चुनौतीपूर्ण बना हुआ है जिसे म्यांमार की रोहिंग्या समस्या से समझा जा सकता है। दोनों में से कोई भी देश एक दूसरे की सुरक्षा स्थिति के प्रतिकूल प्रभाव से अप्रभावित नहीं रह सकता है।

भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों के उग्रवादी संगठनों को म्यांमार की पश्चिमी सीमाओं से प्राप्त होने वाला सुरक्षित आश्रय, सुगम आसूचना नेटवर्क की उपलब्धता और आर्थिक सहयोग आतंकवाद के सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है जिससे दोनों देशों के कई उग्रवादी संगठन समग्र रूप से समृद्ध हुए हैं, जो आतंकी गतिविधियों को जारी रखने में सहायता प्रदान करते हैं। मणिपुर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र के समीप भौगोलिक रूप से स्वर्णिम त्रिभुजाकार की स्थिति निर्मित होने से म्यांमार, लाओस एवं थाईलैंड देश की सीमाओं की संलग्नता और आर्थिक सहायता से इन संगठनों को स्थिर रखने में मजबूती प्राप्त हो रही है। आर्थिक सहायता के अतिरिक्त इन संगठनों को अवैध हथियारों की आपूर्ति, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों द्वारा म्यांमार के सीमावर्ती क्षेत्र तामू और मांडले शहरों के माध्यम से की जाती है।

कार्यवाहियां – भारत द्वारा इन चुनौतियों से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर राजनीतिक एवं कूटनीतिक प्रयास के साथ-साथ आवश्यकतानुसार सैन्य कार्यवाहियों का भी सहारा लिया जा रहा है। 4 जून 2015 को मणिपुर राज्य के चंदेल जिले में आतंकियों द्वारा भारतीय सेना के 6 डोगरा रेजीमेंट दल पर गश्त दौरान किए गए घातक हमले में 18 जवान शहीद हो गए थे। यह हमला विगत दस वर्षों में भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में हुए आतंकी हमलों में सबसे खतरनाक था। भारतीय सेना को सटीक गुप्तचर प्रणाली सूचना-तंत्र के आधार पर ज्ञात हुआ कि सबसे बड़े उग्रवादी संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-खापलांग (NSCN-K) मणिपुर-म्यांमार सीमा की नागा हिल्स के समीप पोन्यू इलाके के उखरूल क्षेत्र में अस्थायी शिविर बनाकर सक्रिय है। हमले की जबावी सामरिक कार्यवाही को अंजाम देने के लिए गृहमंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली बैठक में रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सेना प्रमुख दलबीर सिंह और अन्य अधिकारियों द्वारा योजना को अंतिम रूप दिया जाकर 7 जून को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की स्वीकृति प्राप्त होने पर 10 जून 2015 को भारतीय वायुसेना और थलसेना के 21 पैरा-एस.एफ. दल के 70 कमांडों ने मुख्य रूप से ध्रुव हेलीकॉप्टर, राकेट लांचर, ग्रेनेड और नाईट-विजन चश्मे के उपयोग से मात्र 8 घंटे में इस सामरिक कार्यवाही को पूर्ण कर उग्रवादी संगठन के लगभग 158 आतंकियों को हताहत कर सभी शिविरों को नष्ट कर दिया एवं कोई भी भारतीय सैनिक घायल नही हुआ और न ही किसी नागरिक को कोई नुकसान पहुंचा था। भारतीय सेना ने निर्धारित योजना अनुरूप बिना पूर्वसूचना के म्यांमार की सीमाओं को पार करते हुए इस सामरिक कार्यवाही को सफलतापूर्वक पूर्ण किया था।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 1997 में नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड-इशाक मुइवा (NSCN-IM) के साथ शांति वार्ता शुरू की थी और 3 अगस्त 2015 को सरकार ने इस संगठन के साथ ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

निष्कर्ष – भारत ने 'पूर्व की ओर देखो' नीति के अंतर्गत सीमापार आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के विद्यमान रहने के बावजूद म्यांमार के साथ संबंधों में कटुता नहीं आने दी है, परिणामस्वरूप वर्तमान स्थिति में दोनों देशों द्वारा आतंकवादी संगठनों तथा राष्ट्र विरोधी समूहों पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त रूप से संसाधनों का उपयोग करना प्रारंभ कर दिया है जिसके परिणाम भी सकरात्मक प्राप्त हुए हैं, जो स्वागत योग्य है तथापि क्षेत्र में अपेक्षा अनुरूप पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त होना शेष है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा के अतिरिक्त, चीन के बढ़ते प्रभावों को संतुलित करने हेतु, म्यांमार की पूर्व, दक्षिण-पूर्व एशिया और दक्षिण एशिया के त्रिकोणीय संगम पर भू-रणनीतिक अवस्थिति, भारत की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

सुझाव – भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों का भौगोलिक महत्व, औद्योगिक एवं पर्यटन विकास क्षेत्रों में वृद्धि के अतिरिक्त दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों सहित म्यांमार में चीन के बढ़ते सामरिक और आर्थिक प्रभाव को नियंत्रित करने एवं भारत-म्यांमार सीमावर्ती क्षेत्रों में विद्यमान आतंकवादी गतिविधियों को निष्क्रिय किए जाने के कारक हो सकते है, जो दोनों देशों के लिए दीर्घकालीन लाभप्रद होंगे। बिम्सटेक और आसियान जैसे क्षेत्रीय संगठन आर्थिक विकास एवं सामरिक सुरक्षा बढ़ाने में सहयोग कर सकते है, जिससे पूर्वोत्तर क्षेत्रों में शांति व स्थिरता स्थापित करने में सहायता प्राप्त होगी एवं क्षेत्रीय जनता भी लाभान्वित होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'बर्मा का इतिहास-1962' श्री श्यामाचरण मिश्र, प्राध्यापक, टैगोर कॉलेज, रंगून (बर्मा) प्रकाशक-ज्ञानमण्डल लिमिटेड, वाराणसी, उत्तर प्रदेश.
2. Strategic Analysis, July 2004.
3. Mr. Wasbir Hussain, "Insurgency in India's Northeast : Cross-border Links and Strategic Alliances" Faultlines, Volume 17, Feb- 2006.
4. श्री प्रदीप कुमार राय तथा श्री निशांत चौबे 'उत्तर पूर्व भारत: विप्लव एवं पड़ोसी राष्ट्रों की भूमिका', अध्ययन पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली, 2009.
5. डॉ. प्रशांत अग्रवाल, 'भारतीय सुरक्षा परिवेश: पड़ोसी राष्ट्रों के विशेष संदर्भ में',ए.बी. पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2010.
6. डॉ. अरविन्द कुमार चतुर्वेदी, 'भारत के पड़ोसी राष्ट्र और सुरक्षा चुनौतियाँ', ए.बी. पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2010.
7. डॉ. आर.एस. पाण्डेय तथा डॉ. ए.के. दीक्षित, 'भारत-विरोधी चीन के रणनीतिक दुष्चक्र के निहितार्थ एक मूल्यांकन' राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2012.
8. डॉ. अशोक कुमार द्विवेदीब, 'भारत-चीन संबंधों की गति चुनौतियाँ एवं अवसर', राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2012.
9. www.Visionias.in, समसामयिकी नबंवर-2015.
10. Amrita Dey, Myanmar Democratisation, Foreign Policy and Elections, 2016, New Delhi.
11. www.Visionias.in, समसामयिकी जून-2017

****

ग्रामीण विकास मे शासकीय योजनाओं का योगदान राजगढ जिले के संदर्भ में

वनिता अहिरवार* डॉ. सरोज श्रीवस्तव**

प्रस्तावना – ग्रामीण विकास का सीधा न सही में संबंध उसके मूल आधारभूत ढाँचे से है। जिसे हम अधोसंरचानात्मक विकास के नाम से जान रहे है। वर्तमान में लघु व कुटीर उद्योग, सिंचाई, ग्रामीण परिवहन, निर्माण कार्य, शुष्क खेती विद्युतीकरण, पेयजल, भूमि विकास, ईंधन व्यवस्था, आवास व्यवस्था, विकास आदि से संबंधित समस्याओं ने हमारे नियोजन व आयोजन को एक सीमा तक सोचने पर मजबूर कर दिया है। हम व शासन ने अपने बजट का आधा भाग ग्रामीण अंग की ओर प्रवाहीत करने को बाध्य कर दिया है, तथा सम्भवत: शहरीकरण के साथ-साथ ग्रामीण विकास की सरकार की ही जिम्मेदारी बनती है। किसानों एवं गरीब वर्ग के मजदूरों, काश्तकारों, निवासहीन परिवारों, बंधुओं व निशक्तजन: के निम्न जीवन स्तर की दशाओं को देखते हुये सरकार द्धारा ऋण राहत व साथ-साथ योजनाओं का लाभ लेने हेतु आरक्षण एवं कल्याणकारी कदमों की एक प्रमुख पहल है। ग्रामीण अधोसंरचनात्मक विकास ग्रामीणों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के साथ ग्रामीण क्षेत्र के समय विकास को प्रदर्शित करता है। इसमें सामाजिक-आर्थिक अधोसंरचना, सामुदायिक सेवाएँ एवं सुविधाएँ महत्वपूर्ण है। अधोसंरचनात्मक विकास से हमारा तात्पर्य मानवीय विकास से हमारा तात्पर्य मानवीय विकास के लिए उन सभी मूलभूत आवश्यकताओं से है जिनके द्धारा संसाधनों तक पहुंच एवं जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित होती है। अधोसंरचनात्मक तंत्र निजी और सार्वजनिक, भौतिक और सेवाओं संबंधी और सामाजिक एसवं आर्थिक किसी भी तरह का हो सकता है। आर्थिक अधोसंरचनात्मक तंत्र के अंतर्गत परिवहन के साधन एवं सड़क, संचार, अबाध विद्युत आपूर्ति, विपणन की सुविधाएँ, दैनन्दिनी आवश्यकताओं की आपूर्ति, सिंचाई और इसी तरह की सुविधाएँ शामिल है जबकि सामाजिक अवसंरचना के अंतर्गत शिक्षा तक पहुँच, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता, पक्का आवास आदि आते हैं।

जहाँ तक आधारभूत अधोसंरचना की स्थिति जैसे सड़क, पेयजल विद्युत, विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, सुरक्षा एवं आवागमन तथा संचार का प्रश्न है। ग्रामीण क्षेत्र शहरी क्षेत्रों की 'अपेक्षा अभाव, की' स्थिति में रहते आये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल ये लोक सुविधाएँ एवं आपूर्ति व्यवस्थाएँ अपर्याप्त हैं। अपितु वे कई सन्दर्भो में अव्यवस्थित एवं निर्भर करने योग्य भी नहीं है। परिणामत: ग्रामीण गरीब पीढ़ी-दर-पीढ़ी कमजोर शिक्षा, कमजोर स्वास्थ्य, बेरोजगारी और क्रमिक गरीबी की समस्याओं से जूझते आए हैं।

ग्रामीण विकास के लिए भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त, विश्वसनीय और अच्छे स्तर की अधोसंरचना को लक्ष्य निर्धारित करते हुए समय सीमा में प्राप्त करना ग्रामीण विकास की पूर्वपिक्षा है। इसी के दृष्टिगत सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत अधोसंरचना की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए समय-समय पर इस हेतु अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किए हैं।

नब्बे का दशक आर्थिक सुधार एवं विकेन्द्रीकृत अभिशासन के कारण ग्रामीण विकास के क्षेत्र में परिवर्तन की दृष्टि से विशेष महत्व रखता हैं। वैश्विक एवं स्थानीय स्तर के इन सुधारों ने ग्रामीण विकास की नीतियों, कार्यक्रमों एवं रणनीतियों में बहुत परिवर्तन किए जिसके प्रत्यक्ष परिणाम ग्रामीण क्षेत्रों में देखें जा सकते हैं। सतत् आजीविका से जुड़े मुद्दे कुपोषण, बीमारी, अभाव, निरक्षरता, मूलभूत सुविधाओं एवं सेवाओं की कमी इत्यादि को इन नीतियों में सम्बोधित करने का प्रयास किया गया है। इस नीति में द्धिआयामी रणनीति पर अमल किया गया जिसमें निर्धनता के विरूद्ध सीधी कार्यवाही एवं सामाजिक क्षेत्रों में प्रभावी निवेश सम्मिलित है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचनात्मक विकास जैसे सड़क, साफ-सफाई, पेयजल, आवश्यक भवनों, विद्युत आदि उपलब्ध कराने के प्रयास भी अग्रणी रहे हैं।

ग्रामीण विकास विभाग ने कई प्रकार की योजनाए संचलित की है जो कि ग्रामीण क्षेत्रो के अर्थिक एव सामजिक विकास मे अहम भूमिका निभा रहे है शोध अध्ययन मे इस प्रकार की योजनाओ का मूल्यांकन करने के लिए द्धितीय आंकडे संकलित किये गये है।

उद्देश्य :

1. महिलाओं, व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्गो को अधिकारों को सशक्त बनाने वाली योजनाओ का अध्ययन करना।
2. राजगढ जिले मे विगत 5 वर्षो में योजनओ की उपलब्धियों का अध्ययन करना।
3. यह जनना योजनाओं से लाभन्वित हितग्राहीयों की संख्या में वृद्धि हो रही हैं।

अध्ययन क्षेत्र

राजगढ़ जिले का परिचय-राजगढ़ जिला म.प्र. का एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिला है यह भोपाल संभाग में आता है जिले का कुल क्षेत्रफल 6154 वर्ग कि.मी. तथा कुल जनसंख्या 1545814 है जिले की 6 तहसील राजगढ़, नरसिंगढ़, खिलचीपुर, सारंगपुर, व्यावरा, जीरापुर, है। मई 1948 के मध्य भारत में गठन के बाद किया गया है वह 6 तहसीलों में बॅाटा गया है। नरसिंगढ़, खिलचीपुर, सारंगपुर, राजगढ़, जीरापुर, कुल 1728, ग्राम हैं। 627 ग्राम पंचायतें है राजस्थान, सीहोर, भोपाल, शाजापुर, एवं आगर मालवा से घिरा हुआ है जिले की जनसंख्या 251 व्यक्ति प्रतिवर्ग कि.मी. तथा 61.21

* शोधार्थी (अर्थशास्त्र) शासकीय सरोजनी नायडू कन्या महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय सरोजनी नायडू कन्या महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

प्रतिशत है जिले से 2 प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग होकर गुजरते है जिनमें क्रं. 3 एवं 12 एवं मक्सी-गुना रेल्वे लाइन निकलती है जिले में मुख्यत: कृषि कार्य से ही प्रमुख आय स्त्रोत है जिले में व्यावरा में मोहनीपुर, सारंगपुर में तारागंज, जीरापुर में बंलापुर, पंचोर, नरसिंहगढ़ में कचनारिया व पीलूखेड़ी प्रमुख औद्योगिक, नेवज, पावर्ती नदी मुख्य नदी है किसी भी क्षेत्र की आर्थिक व सामाजिक प्रगति मुख्य रूप से दो पहलुओं पर निर्भर करती है पहले उसकी जनसंख्या व दूसरी उसकी प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता पर मानवीय व प्राकृतिक संसाधनों के उचित दोहन की सुविधा की बहुतायत होने पर उस क्षेत्र की विकास गति का पता चलता है यदि किसी भी कारणवश उन के दोहन हेतु जनसंख्या पर्याप्त यात्रा में विद्यमान नहीं हो तो दोहन के कमी में उस क्षेत्र को समृद्ध होना संभव नहीं दोनों का उचित व सही समन्वय आर्थिक प्रगति का मुख्य आधार माना जाता है राजगढ जिला एक ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में से एक जिला है यहॉ कि जनसंख्या का आधार कृषि व ग्रामीण संशाधनों के अंतर्गत ही जीवन यापन कर रही है जिले की भौगोलिक क्षेत्रफल 6154 वर्ग किमी है जिले में 6 तहसीलें व 6 विकास खण्ड में बांटा है 1728 ग्राम तथा 627 ग्राम पंचायतें है जिले सबसे अत्यधिक कार्यशील जनसंख्या में श्रमिक, खेतीहर कृषक मजदूर विद्यमान है।

राजगढ जिले मे 6 तहसीलो के अनुसार उनका विश्लेषणात्मक एवं तुलनात्मक अध्ययन किया गया है इस शोध अध्ययन मे मनरेगा एंव इंदिरा आवास योजनाओ के अतर्गत जो लाभांवित हितग्राहीयो का जातिवार स्थिति, लिंगनुपातवार, विकंलाग श्रेणी, महिला वर्ग, कुल 5 वर्षो मे लाभांवित हितग्राहीया की सख्या एकत्रित कर उनका सख्यिकीय विधियो जिनमे प्रतिशत, लगा कर निष्कर्ष निकले गये।राजगढ़ जिले में संचालित इंदिरा आवास योजना में कुल लाभार्थी (हितग्राहियों का द्वितीयक आंकडों को 4 वर्गो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक वर्ग व अन्य वर्गो के अनुसार पूर्ण आवासों की स्थिति का विवरण प्रस्तुत कर शोध अध्ययन के उद्देश्य पूर्ति हेतु लाभांवित हितग्राहियों की वार्षिक प्रगति देखी गई है

प्रधनमंत्री आवास योजना-आवास के क्षेत्र में प्रधनमंत्री आवास योजना जिसे पूर्व में इंदिरा आवास योजना के नाम से जाना जाता था। देश के ग्रामीण गरीबों को आवास मुहैया कराने का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। सड़क एवं परिवहन के क्षेत्र में प्रधनमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को सड़कों के विस्तृत नेटवर्क के माध्यचम से जोड़ा जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से अवसंरचना को विकसित किया जा रहा है। हर गांव में बिजली पहुँचाने हेतु सौभाग्य योजना का क्रियान्वयन किया गया है। पेयजल के क्षेत्र में 'राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम' के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को पर्याप्त स्वच्छ पेयजल प्रदान करने की आवश्यक बुनियादी जरूरत को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया।

तलिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तलिका 1 के अनुसार इंदिरा आवास योजना के अतर्गत विगत 5 वर्षो का श्रेणीवार पूर्ण आवास का अध्ययन किया गया है जिसमे 6 तहसीलो मे वर्ष 2012-13 से 2016-17 तक कुल 1546 अनुसूचित जन जति के, कुल 8051 अनुसूचित जति के, कुल 1150 अल्पसंख्यक वर्ग के सबसे कम, कुल 10331 अन्य वर्ग के सबसे अधिक लाभांवित हितग्राही देखे गये है जिन्हे आवास आवर्टित हुऐ विगत 5 वर्षो मे वर्ष सबसे कम के 1150 लाभांवित हितग्राही है विगत 5 वर्षो मे 2012-13 से 2016-17 तक इंदिरा आवास दजति के, कुल 8051 अनुसूचित जति के, कुल 1150 अल्पसंख्यक वर्ग के सबसे कम, कुल 10331 अन्य वर्ग है अनुसूचित जनजति मे इंदिरा आवस मे लाभविंत हितग्राही परिवारों की वृद्धि दर 2012-13 से 2013-14 मे ऋणात्मक -56.15 है इस प्रकार 14-15 तक की वृद्धि दर ऋणात्मक रही है फिर 2015 मे इंदिरा आवस योजना को प्रधनमंत्री आवास योजना के रूप पुर्नगाठित किया गया उसके बाद से 1028 मे वृद्धि दर धनात्मक हुई है।

विगत 5 वर्षो मे इस योजना मे सबसे अधिक लाभ लेने वाले अन्य वर्ग व अनुसूचित जति समूह के लाभविंत हितग्राही परिवार है इसका प्रमुख करण सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता राशि है जिससे मकान का निर्माण कराया जाता है 2012-2015 तक राशि कम प्रदान की जाती थी लेकिन 2015-16 से जब सहायता राशि मे वृद्धि हुई व शौचलय की राशि 18000 भी दी जाने लगी तो जनता का रूझान बडा व लोगो को आवास निर्माण मे राशि प्रर्याप्त होने लगी एंव ग्राम पंचयातो द्वारा निगरानी समिति बनई और निरीक्षण करे तकि जिन लोगो को योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त हुई है वह उस राशि का उपयोग आवास निर्माण मे करे अत: इसलिए हितग्राहीयो व पूर्ण आवासो मे वृद्धि हुई 2016-17 में।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना – यह योजना भारत सरकार द्वारा 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005' के तहत संचालित है। ग्रामीण अधोसंरचना के विकास में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का महत्वपूर्ण योगदान है। इस योजना के अंतर्गत किये गये कार्य बुनियादी तौर पर ग्रामीण अधोसंरचना तंत्र के विकास के कार्य है जिसमें तालाब, सम्पर्क सड़क, जलग्रहण, नाली निर्माण सहित अनेक कार्य किये गये हैं। कुल मिलाकर ग्रामीण अधोसंरचनात्मक तंत्र के विकास की दिषा में ये कदम ग्रामीणों के भोजन, आवास, रोजगार सहित सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी सभी पहलुओं को सम्बोधित करते हैं।

प्रमुख प्रावधन :

1. ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों के अकुशल श्रम (मजदूरी) करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों को 100 दिवस का श्रम मूलक रोजगार उपलब्ध कराकर आजीविका सुरक्षा बढ़ाना।
2. वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत वन भूमि पर हक प्रमाण पत्र धारक परिवारों को 150 दिवस का श्रम मूलक रोजगार उपलब्ध कराये जाने का प्रावधन।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसंपत्तियों का सृजन।

तालिका 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

1. तालिका 2 से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2012-13 में राजगढ़ जिले में कुल जॉब कार्ड धारी परिवारों की संख्या 31564 है। जिसमें से अनुसूचित जाति के 122 प्रतिशत थे, अनुसूचित जनजाति के 32, अन्य पिछड़े वर्ग के 7303 जॉबकार्ड परिवार एवं सबसे अधिक कुल 91.41 जॉबकार्ड धारी परिवार थे। उसमें से कुल 4866प्रतिशत परिवार को रोजगार प्राप्त हुआ है। रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों में सबसे अधिक अनुसूचित जाति को 49.13 प्रतिशत था।
2. इसी प्रकार वर्ष 2013 में कुल जॉबकार्ड धारी परिवारों की संख्या 273370 थी। जिसका प्रतिशत 79.16 था जिसमें से कुल अनुसूचित जाति के 1369 प्रतिशत परिवार, अनुसूचित जनजाति के 298 प्रतिशत परिवार अन्य (सामान्य) जाति सबसे अधिक 6249 प्रतिशत जॉबकार्ड धारी परिवार थे, उसमें से कुल अनुसूचित जाति ने 37.12

प्रतिशत रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार थे, अनुसूचित जनजाति के 3242 प्रतिशत व अन्य जाति के 3732 प्रतिशत परिवार मिले। सबसे अधिक अन्य जाति में रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार रहे।

3. इसी प्रकार वर्ष 2014-2015 में कुल 2श8751 (7783) प्रतिशत परिवार जॉबकार्डधारी परिवार थे। जिनमें अनुसूचित 1338 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के 498 सबसे अधिक अन्य जाति के श152 प्रतिशत परिवार जॉबकार्ड धारी है उसमें से 42श7 प्रतिशत अनुसूचित जल जाति के 3667 प्रतिशत रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार थे। अन्य जाति में 4505 प्रतिशत रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार, कुल 4434 प्रतिशत परिवारों ने रोजगार प्राप्त किया सबसे अधिक अन्य वर्ग के जाति वाले परिवार ने रोजगार प्राप्त किया।
4. इसी प्रकार वर्ष 2015-1श मे कुल 248850 व 720श प्रतिशत परिवार जॉबकार्ड धारी परिवार थे। जिसमें अनुसूचित जाति के 1273 प्रतिशत परिवार, अनुसूचित जनजाति के 433 प्रतिशत परिवार, अन्य जाति के 5श99 प्रतिशत परिवार थे। उसमें कुल 2955 प्रतिशत परिवार रोजगार प्राप्त करने वाले थे। 2687 प्रतिशत अनुसूचित जाति के 2443 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के परिवार 3036 अन्य जाति के परिवारों ने रोजगार प्राप्त किया सबसे अधिक अन्य वर्ग के परिवारों ने रोजगार प्राप्त किया।
5. इसी प्रकार वर्ष 2016-17 में कुल 21893 जॉबकार्ड धारी परिवार थे। उसमें 1125 प्रतिशत अनुसूचित जाति के, 192 सबसे कम अनुसूचित जनजाति के प्रतिशत परिवार थे। अन्य जाति के 5020 प्रतिशत परिवार थे। जिसमें कुल 3586 प्रतिशत परिवारों ने रोजगार प्राप्त किया। उसमें भी अनुसूचित जाति के 3419 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के 4284 सबसे अधिक, परिवारो ने रोजगार प्राप्त किया व अन्य जाति ने 3597 प्रतिशत रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार थे।
6. इस प्रकार संपूर्ण तालिका के द्वारा विश्लेषण से स्पष्ट हुआ कि जिले में विगत 5 वर्षो में अन्य वर्ग जाति के कुल जॉब कार्डधारी परिवारों का प्रतिशत, वर्ष 2012-13 में विगत 3 वर्षो के तुलना में अधिकतम रहा एवं रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों ने भी अन्य जाति का प्रतिशत अधिकतम रहा है, एवं सबसे कम वर्ष 2012-13 में प्रतिशत जॉब कार्डधारी में अनुसूचित जनजाति रहा है। उसमें कम रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार में भी अनुसूचित जनजाति समूह ही है एंव हितग्राहीयों की अधिक से संख्या कार्य मिल रहा है।

समस्याएं-

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की कमी - ग्राम पचायतो मे सरपंच , सचिव की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की कमी होने करण डिजिटल ग्रामीण यत्रिक सेवा का सचांलन सही तरीके से नही हो पा रहा है।

राजनैतिक दल का हस्तक्षेप -ग्राम पंचायते भी राजनैतिक व्यवस्था का हिस्सा जिसके वजह से सरपंच व अन्य ग्राम पंचायतो के अधिकारीदवाव मे रहते है एंव गुटबंदी की भावनाए विकसित होने लगी है और इन सब मे ग्रामीण जन जीवन व ग्रामीण विकास पर नकरात्मक प्राभाव पड़ रहा है।

योजनाओ के प्रचार प्रसार मे कमी-जिले मे कई ग्रामो की दूरी नगरीय क्षेत्रौ से बहुत अधिक है एंव राजगढ जिले के उन ग्रामो मे योजनाओ का प्रचार प्रसार नही हो पाता है।

जागरूकता की कमी -चूकि जिले के 6 जनपद मे रहने वाली जनसख्ंया ग्रामीण वासी है जिनमे रूढीवदिता के करण उदासीनता व अशिक्षित होने के करण योजनाओ की जानकारी नही मिल पाती है। इसलिए जागरूकता की कमी देखी गई है।

कार्यस्थल पर सुविधाओं का अभाव -मनरेगा योजनाओ के अंतर्गत जो श्रमिक कार्य करते है उन्है प्रथमिक उपचार की कोई विशेष सुविधा नही है। महिलाओ के बच्चो के लिए हर लहसील मे इन्तजाम नही है।

मजदूरी की भुगतान व आवास राशि मे विलम्ब -राजगढ जिले मे सर्वेक्षण के दौरन यह समस्या भी सामने आई की मनरेगा मे मजदूरी की भुगतान देर से होता है जिससे उनको घर चालने मे सुविधा होती है उसी प्रकार जनगणना के चयन के बाद भी आवास राशि हितग्राहीयो को नही मिल पाती जिससे आवास निर्माण मे देरी होती है।

कार्यो के निर्माण मे देरी- मजदूरो व कृषको मे अशिक्षा मुख्य बाधक।

सुझाव- शोध से सबंधित उपयुक्त समस्याओं को सामने रखते हुए निराकरण के उपाय सुझाव इस प्रकार से है।

1. सर्वेक्षण के दौरन ग्रामीणो ने योजनाओ मे कुछ उदासीन व्यवहार है क्योकि इन मनरेगा मे मजदूरी कि राशि कम है उसके कारण ग्रामीणवासी दूसरी जगह पलायन करने मे मजबूर हो जाते है उसी प्रकार इंदिरा आवास मे भी आवास निर्माण के लिए राशि बहुत कम है एक आदर्श आवास का निर्माण नही हो सकता है।
2. समय पर बेरोजगारी भत्ता का भुगतान नही किया जाता है इसलिए जनपद व जिला पंचायतो को ग्राम पंचयातो पर निगरानी रखनी चाहिए।
3. ग्राम पंचयातो के स्तर पर सरपंच , ग्राम सहायको को सुविधा व अधिकार देने चाहिए कि वह आपने स्तर पर आपने ग्राम कि जनता कि समस्यो को हल कर सके।
4. उतरदातो का से सम्पर्क करने पर पाया गया कि ग्राम पंचयातो के स्तर पर पर पूर्णकालीन रोजगार ग्राम सहायको प्रावधन करना चाहिए।
5. उतरदातो के सर्वेक्षण के दौरन पाया गया कि उनका कार्य स्थल पर यदि कोई दुर्घटना हो जाए तो उनके उपचार हेतु खर्च व बीमा सुविधा देना चाहिए।
6. नि:शक्त वर्ग को आवास सहायता राशि ,मनरेगा मे मिलने वाली मजदूरी मे अलग से वृद्धि का जानी चाहिए उसी तरह जिन पारिवारो मे विधावा ,तालाक शुदा महिलाए मुखिया उन्है भी विशेष सुविधाए एवं सहायता राशि , मजदूरी मे अलग से वृद्धि का जानी चहिए।
7. ग्राम वासियो की शिक्षा एवं ज्ञान प्रचार - प्रसार करना ग्रामीण विकास की विभिनन योजनाओ शासकीय विभागो के अधिकारीयो द्वारा ग्राम पंचायतो को समय पर नही दी जाती है अत: अधिकारियों द्वारा ग्रामीण विकाश के विभिन्न योजनाओ की जानकारी समय पर दी जानी चाहिए।
8. सरकार के द्वारा ग्राम पंचायतो को बजट प्रदान करना।
9. पंचायतों की जनसंख्या के आधार पर ग्रामीण विकास के लिए सआवटंन होना चाहिए ग्रामीण नागरिकों में अशिक्षा एवं उदासीनता के कारण अपने अधिकारो के प्रयोग।
10. हितग्राहीयो के निर्वहन के प्रति जागरूकता का आभाव है अत: सरकार को ग्रामीण नागरिको को पंचायती राज व्यवस्था के प्रति जागरूक करना चाहिए।
11. आवास रोजगार इत्यादि विकास हेतु चल रहे कार्यक्रमों एवं योजनाओं की सतत् जॉच एवं निगरानी की जानी चाहिए।

12. आवास निर्माण मे निगरानी समितियो बानई गई है उनकी लिए भी जनपद पंचायतो को समितियो का मानटारिंग करने का प्रयास करने की कोशिश की जाऐ तकि गडबडी ना हो।
13. ग्रामीण विकास की शासकीय योजनाओं की समय समय पर समीक्षा की जानी चाहिए।
14. कार्य दिवसो की संख्या मे वृद्धि।
15. तहसीलो मे अधिक जागरूकता फैलाने का प्रायास करना चाहिए व विशेष प्रायोजन करने चाहिए ।
16. प्राकृतिक सम्पदा का प्रबंधन।
17. ग्राम पंचायातो के स्तर पर लगे पदाधिकारी का द्धारा द्दढ संकल्प।
18. ग्राम पंचायातो के स्थानीय स्तर पर ही संसधनो जुटाने का प्रयास।
19. ग्रामीण व्यक्तियो की आवश्यकतानुसार योजनाओ का निर्माण।
20. सधना के अधिकार के स्तर को प्राभावी बनाया जाए ।
21. सरकारी खर्च मे कटौती।
22. योजनाओ का समय- समय पर पुर्नर्मूल्याकंन।
23. ग्रामो का उघोगिक विकास वर्तमान की आवश्कता है।

निष्कर्ष- उपरोक्त शोध अध्ययन से स्पष्ट है मनरेगा योजनाआ व इंदिरा आवास योजनाए जो ग्राम पंचायतो के स्तर पर संचलित कि जा रही है परंतु इसमे निगरानी ठीक तरीके नही हो पा रही है सरकार कि कमजोर वर्गो के सहायता हेतू जो भी कार्यक्रमो व योजनाओ चलाई जाए वह तभी सफल हो सकती है जब उनका क्रियान्वयन ग्रामपंचायतो के स्तर परं सही तरीके से हो यह कहा जा सकता है कि पंचायती राज व्यवस्था के क्रियान्वयन में विविध प्रकार के प्रशासनि,सामाजिक आथिक समस्याएँ विद्यामान हैं जो ग्रामीण विकास मे वाधाए बन रही है जिनका शीध्र निवारण आवश्यक है ताकि ग्रामीण विकास के मूल उद्देष्यो प्राप्त किया जा सके।

संदर्भ ग्रथं सूची :-

1 विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन 2011से2015 तक
2 पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मप्र
3 मनरेगा योजनाअधिनियम मप्र पुस्तिका
4 राजगढ जिले की जिला पुस्तिका 2011
5. मप्र जनगणाना 2011
6 मनरेगा मासिक प्रगति रिपोर्ट,मनरेगा
7. विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी पत्र पत्रिकाओं,
8. www.panchayatraj.nic.in
9. www.narega.nic.in
10. विभिन्न शोध पत्र

तलिका 1 : इंदिरा आवस योजना के अतर्गत विगत 5 वर्षो का श्रेणीवार पूर्ण आवास का अध्ययन

वर्ष	अनुसूचितजन जति	वृद्धि दर	अनुसूचितजति	वृद्धि दर	अल्पसंख्यक वर्ग	वृद्धि दर	अन्य वर्ग	वृद्धि दर
2012-13	374	0.56	1764	0. 60	749	0.98	1990	0.76
2013-14	164		694		14		473	
2014-15	64	1.56	647	0.06	21	0.5	605	0.27
2015-16	77	0.20	542	0.16	52	1.47	612	0.01
2016-17	869	10.28	4404	7.12	314	5.09	6651	9.86
कुल	**1546**		**8051**		**1150**		**10331**	

स्त्रोत - www.narega.nic.in द्धतीयक संमक के अनुसार

तालिका 2 : राजगढ जिले के अतर्गत मनरेगा के लाभन्वित हितग्राहीयो का अध्ययन

			जॉब कार्ड धारी परिवार				रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार			
			SC	ST	Other	Total	SC	ST	Other	Total
1	2012-13	345297	52219 (15.12)	11249 (3.2)	252173 (73.03)	315641 (91.41)	25658 (49.13)	4955 (44.04)	123005 (48.77)	153618 (48.66)
2	2013-14	345297	47273 (13.69)	10307 (2.98)	215790 (62.49)	273370 (79.16)	17551 (37.12)	33142 (32.42)	80553 (37.32)	101446 (37.10)
3	2014-15	345297	46214 (13.38)	10080 (4.98)	212457 (61.52)	268751 (77.83)	19724 (42.67)	3697 (36.67)	95754 (45.05)	119175 (44.34)
4	2015-16	345297	43958 (12.73)	8058 (4.33)	196814 (56.99)	248850 (72.06)	11815 (26.87)	1973 (24.43)	59754 (30.36)	73542 (29.55)
5	2016-17	345297	38909 (11.25)	6664 (1.92)	173357 (50.20)	218930 (63.40)	13305 (34.19)	2855 (42.84)	62357 (35.97)	78517 (35.86)

स्त्रोत- राजगढ जिले प्रशासकीय प्रतिवेदन 2012-2017

****

Effect of Supplementation of wheat straw with dried leaves of some trees on the growth and production of *Pleurotus sajor-caju*

Dr. Abhai Deep Mishra*

Abstract - The supplementation of dried leaves of some trees viz.,*Tectona grandis,Shorea robusta,Madhuca indicia* was done.These are important high lignin containing timber yielding trees of tropical forest of our country. The dried leaves of these trees were applied to the mother substrate (wheat) in three different (5%,10% and 15%) proportions. Among these the dried leaves of *Tectona grandis* was found most effective in respect of speedy mycelial running, high production and biological efficiency of *Pleurotus sajor-caju*.These dried leaves were most effective in their lower proportions than the higher ones.It was found that the lower proportion of these supplements except *Madhuca indica* were most effective than the control.The entire observation was done in Babhnan, Gonda during October 2016 to March2017

Key words - Lignin, tropical forests, biological efficiency and supplements.

Introduction - Oyster mushroom occupy first rank among cultivated mushrooms because of their wide range of preferability for exploitation of lignocelluloses as their substrate to grow them.These mushrooms have comparatively rich enzyme profile and a wide range of temperature for their growth and frutification.These are known for high protein contents in them with low calories and excellent aroma.Thus the increase the production of such potential food is main objective before the people who are interested in raising of their regular crop.The approaches are continuously being made for high yield and biological efficiency of these mushroom species by supplementing the mother substrate (wheat straw) with different agro-wastes[1-8] inorganic nitrogenous chemicals[9-12],organic nitrogenous sources different promoters and vitamins[13] in different concentrations.In present communication dried leaves of three different trees were supplemented to mother substrate in different proportions for their screening for good production of *Pleurotus sajor-caju*.

Material and methods:

1. Collection of germplasm : The culture of *Pleurotus sajor-caju* was obtained from mushroom section from department of plant pathology, Acharya Narendra Dev University of Agriculture and Technology,Kumar ganj, Faizabad (UP).

2. Preparation of Pure Culture : Pureculture was maintained by sub-culturing the above mentioned culture, every fortnight on potato dextrose agar(PDA) and Malt extract and Yeast extract agar (MEYEA) medium at 22^{0}c$\pm$in culture tubes.

3. Preparation of Culture Medium : The culture medium (PDA and MEYEA) was autoclaved at 126^{0}c temperature and 20 Ibs/inch square for 45 minutes inside cotton plugged flasks, transferred into petridishes and inoculated with a bit of hyphae at laminar flow work station. Now these inoculated petridishes were incubated at 25^{0}c($\pm$1^{0}c) in BOD incubator to obtain pure culture.

4. Spawn preparation : Overnight water-soaked wheat grains were boiled and after drying mixed thoroughly with 2%(w/w) Gypsum and 4%(w/w)lime.Boiling was done to split the grains, gypsum was to prevent sticking and lime was used to maintain pH.Now 200-250 gram of complete mixture was filled in glass bottles, plugged with non-absorbent cotton and allowed to autoclave at 126^{0}c temperature at 20Ibs/inch square pressure for 60 minutes.After sterilization the bottles were cooled overnight and on the next day inoculated by hyphae of *Pleurotus sajor-caju,* obtained from pure culture.These inoculated bottles were incubated for one week at 13-14^{0}c in BOD incubator. During this period bottles were shaken daily to insure uniform mycelial growth.

5. Collection and sterilization of mother substrates : During this study, wheat straw was used as mother substrate supplemented with dried leaves of selected trees. Dried leaves were chopped to form 2-3 " sized particles and mixed with mother substrate of conventional size in different proportions. These werewater soaked overnight in 2% formaldehyde solution (to sterilize) and 0.05% Bavistin (to prevent arthopodal infection).On the next day the mixture ofsubstrates were filtered and partially dried to make them ready for spawning.

*Department of Botany, A.N.D.K.P.G.College, Babhnan, Gonda (U.P.) INDIA

6. Spawning: The bed was prepared by layer spawning (adopted by Bano,1971)[14] in perforated and small sized reusable buckets which were guarded by lids. The perforation in buckets was necessary for proper ventilation and their small size was for compact packaging of spawned substrate.During spawning 2kg mother substrates including supplemented leaves was inoculated by 5% of spawn.Now the spawned substrate in plastic buckets were incubated in cultivation room at 25-30^{0}c for 21-22 days till the mushroom mycelium completely cover the substrate. After 24-25 days the pinheads began to appear which can be seen through the perforation of buckets. After that the spawned substrate were carefully removed from the bucket by gently opening of their lids. Now the empty buckets were put apart safely for their further use.The beds were irrigated regularly 3-4 times in day with water sprayer to keep them wet and to maintain 80-85% humidity. Usually the fruiting bodies were evident within 3-4 days after removal from buckets. The beds were maintained up to the harvest of fourth flush. A small layer of substrate was scrapped off from all the sides of the beds just after second flush to rejuvenate the mycelium and to remove unwanted microbial flora.The fruiting bodies were harvested by twisting them and taken out manually so that the broken remains left out.

Biological yield and Biological efficiency: Total weight of all the fruiting bodies harvested from all the four flushes were measured as total biological yield of mushroom. The biological efficiency (yield of mushroom per kg substrate on dry weight basis)was calculated by the following formula[15].

B.E.(%)= Fresh weight of mushroom/ Dry weight of substrate×100

Observation :

Table 1 (see in next page)

Result and discussion : The data in observation table show that the supplementation of dried fresh leaves to wheat straw enhanced, the growth and production of mushroom in their lower proportions. The dried leaves in their high proportions took more time in colonisation and development of mycelial.

The supplementation with 5% dried leaves of *Tectona grandis* showed good result both in the respect of the yield and biological efficiency.The 10% supplementation with dried leaves of *Tectona* and 5% of *Madhuca* occupied second rank in this respect. However rest of the experimental sets showed comparatively lesser yield and biological efficiency in mushroom crop.

These leaves are found in huge amount on the floor of the forest which are left as such without any use. These accumulate on the ground to decompose in form of compost. Thus enormous amount of simple organic and inorganic compounds are produced in ty forest which flow down to the ponds or lakes,resulting in eutrophication and leading to increase in BOD of water reservoir. By the use of these leaves as supplements this problem can be solved up to some extent.The tribal people who lives in forest villages near the forests or those who are related with Taungya system may cultivate mushroom by supplementing these dried leaves to mother substrate to fulfill protein deficiency of their diet.

Conclusion : The cultivation of mushroom is an eco-friendly trend of production of proteinaceous diet. This cultivation also follow the rules of sustainable development. As we know that the wheat straw is not available everywhere in fair amount specially in or near forest areas, therefore we can minimise the need of wheat straw by supplementing it with dried leaves of forest trees.The production of this valuable proteinaceous diet in form of mushroom by supplementing the mother substrate may be proved as a boon for malnutrition facing tribes of forest areas.This cultivation also raised their economic status by selling them in surrounding areas at better price.

Acknowledgement : I am very thankful to Dr.V.K.Pandey, Principal of Acharya Narendra Deo Kisan P.G. College, Babhnan, Gonda who allowed to provide laboratory facilities of Botany department. My best regards to my supervisor Dr. C.S.Singh, who always ready to tell me about all the ways of better production of mushroom.

References:-

1. Gupta,M.Sarkar,C.R. and Gupta,S.(1999). Mushroom Res.8(2):39-41.
2. Jandaik,C.L. and J.N.Kapoor(1974). Mushroom Science IX:667-672.
3. Kumar,P.,Pal,J. and Sharma,B.M.(2004). Indian J.Mycol.Pl.Pathol.34(2):322-324.
4. ModaE.M.,Boroi,J. and Spota M.H.F.(2005).Scientia Agricola (Piracicaba,Braz.) 62(2):127-132.
5. Pal,J. and Paul,Y.S.(1985). Indian J.Mycol.Pl.Pathol. 15:18-21.
6. Patrabansh,S. and M.Madan(1997).Acta Biotechnol-ogica,17(2):107-122.
7. Rai,B.K.(1997). Vasundhara, International Journal of Environment Biology,2:83-84.
8. Sturion,G.L and Oetterer,M.(1995).Ciencia e Technologia de Alimentos,15:194-200.
9. Anayakorah,C.I.,Okafor,N. and Olatunji,O.(2004). Nigerian Food Journal,22:127-132.
10. Jandaik,C.L. and Kapoor,J.N.(1976). Indian Phytopath.,29:326-327.
11. Rai,B. and Mohtarma (2003). Environmental Biology and Conservation,8:65-66.
12. Vijay,B. and Upadhyaya,R.C.(1989). Indian J.Mycol.Pl.Pathol.,19:297-298.
13. Chauhan,S. and Pant,D.C.(1988). Indian J.Mycol.Pl. Pathol.18(3):231-234.
14. Bamo,Z.(1971). Second Int.Symp.Pl.Pathol.
15. Chang,S.T.,Lau,O.W. and Cho,K.Y.(1981).“The cultivation and nutritive value of *P sajor-caju.*” European J.Appl.Micro.Biotech.12:58-62.

Table 1:Cultivation of Pleurotus sajor-caju on dried leaves of selected plants

Supplements	% of supplements	Time required in spawn run (Days)	Time required in pin head initiation (Days)	Total No. of flushes	Total Yeild (gm.)	Biological efficiency (%age)
1. Tectona grandis	5%	22	24	4	1230	61.50%
	10%	22	24	4	1220	61.00%
	15%	23	25	4	1200	60.00%
	Control	23	25	4	1210	60.50%
2. Shorea robusta	5%	23	25	4	1200	60.00%
	10%	24	26	4	1150	55.25%
	15%	24	26	4	1150	55.25%
	Control	23	25	4	1210	60.50%
3. Madhuca indica	5%	24	26	4	1220	61.00%
	10%	24	26	4	1150	55.25%
	15%	15	27	4	1100	55.00%
	Control	23	25	4	1210	60.50%

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के योगदान का एक अध्ययन (बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड के विशेष सन्दर्भ में)

राकेश कुमार गिरि *

शोध सारांश – स्वतंत्रता के बाद भारतीय आर्थिक नियोजन के लक्ष्यों में आर्थिक समानता का लक्ष्य प्रमुख रहा है, परन्तु छ: दशक उपरान्त भी इस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पाई है। भारत में अभी भी करोड़ों व्यक्ति निर्धनता रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं। योजना आयोग के अनुसार वर्ष 1909-2010 में 37.2 प्रतिशत जनसंख्या निर्धनता रेखा के नीचे रह रही थी। वर्ष 2011-12 में यह अनुपात घटकर 29.8 प्रतिशत हो गया, फिर भी ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वालों की संख्या 22.09 करोड़ थी। इसमें अधिकांशत: कृषि मजदूर, लघु एवं सीमांत कृषक तथा गैर कृषि गतिविधियों में कार्यरत दिहाड़ी कामगार हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की 68.84 प्रतिशत छत्तीसगढ की 76.76 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार होने के बाद भी हम गरीबी को दूर करने में सफल नहीं हो पाये हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में बिलासपुर जिले के कोटा विकासखण्ड के अन्तर्गत कुल 81 ग्राम पंचायतों में से 25 ग्राम पंचायतों का चयन दैव निर्दशन पद्धति से किया गया तथा चयनित ग्राम पंचायतों के स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना द्धारा लाभान्वित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के समस्त हितग्राहियों (स्वरोजगारियों) को अध्ययन में सम्मिलित किया गया है।

शब्द कुँजी – एम.डब्लू.एस.- दस लाख कुओं की योजना, जे.के.एल.- गंगा कल्याण योजना, एस.एच.जी.- स्व-सहायता समूह, डी.आर.डी.ए - जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, J.R.Y.- जवाहर रोजगार योजना। अजजा- अनुसूचित जनजाति, अजा- अनुसूचित जाति,S.G.S.Y.- स्वर्ण जयन्ती ग्राम श्रोज़गार योजना, आई.आर.डी.पी.- समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम, ट्राइसेम- ग्रामीण युवा रोज़गार प्रशिक्षण कार्यक्रम, डवाकरा- ग्रामीण महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम।

प्रस्तावना – प्रस्तुत शोध पत्र में बिलासपुर जिले के कोटा विकास खण्ड के अन्तर्गत कुल 81 ग्राम पंचायतों में से 25 ग्राम पंचायतों का चयन दैव निर्दशन पद्धति से किया गया तथा चयनित ग्राम पंचायतों के स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना द्धारा लाभान्वित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के समस्त हितग्राहियों (स्वरोजगारियों) को अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। अध्ययन क्षेत्र में इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के कुल 75 परिवार एवं अनुसूचित जाति के 25 परिवार लाभान्वित हुए योजना का इस वर्ग के उत्थान में वास्तविक योगदान ज्ञात करने के लिए योजना से लाभान्वित न होने वाले (गैर हितग्राही) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कमश: 75 एवं 25 गैर हितग्राही परिवारों को भी अध्ययन में सम्मिलित किया गया है। जिसमें स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजागर योजना का अनुसूचित जाति एवं जनजाति के आर्थिक उत्थान में योगदान ठीक-ठीक ज्ञात किया जा सके। इस प्रकार अनुसूचित जाति के 25 एवं अनुसूचित जनजाति के 75 परिवारों का अध्ययन किया गया है। जिनसे प्रश्नावली, अनुसूची साक्षात्कार एवं अवलोकन द्धारा जानकारियाँ प्राप्त कर उनका बिन्दुवार विश्लेषण किया गया है। किसी भी स्थान या क्षेत्र की आर्थिक उन्नति मुख्यतया वहां के निवासियों पर निर्भर करती है। आर्थिक विकास कोई यांत्रिक प्रक्रिया नहीं बल्कि मानवीय उपकम है और समस्त मानवीय उपकमों की भांति इसकी सफलता भी अंतत: इसे क्रियान्वित करने वाले मनुष्यों की कुशलता गुणों या प्रवृत्तियों पर निर्भर करेगी। अत: जनसंख्या का अध्ययन किये बिना आर्थिक विकास की कोई योजना नहीं बनाई जा सकती। बिलासपुर जिले के कोटा विकास खण्ड के चयनित ग्राम पंचायतों की जनसंख्या को सारणी कमांक 2 में प्रदर्शित किया गया है। सर्वेक्षित ग्राम पंचायतों की कुल जन संख्या 59656 है। जिसमें अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 27462 (46.03 प्रतिशत), अनुसूचित जाति की जनसंख्या 7433 (12.46 प्रतिशत) एवं अन्य जातियों की जनसख्या 24761(41.51 प्रतिशित) है। स्पष्ट है कि कोटा विकास खण्ड अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। अनुसूचित जनजाति की सर्वाधिक जनसंख्या 2208 (77.25 प्रतिशत) ग्राम पंचायत लूफा एवं अनुसूचित जाति की 1272(31.52 प्रतिशत) ग्राम पंचायत धूमा में पायी गयी। वहीं सबसे कम अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 337 (11.46 प्रतिशत) ग्राम पंचायत करगीखुर्द एवं अनुसूचित जाति की जनसंख्या 10 (0.50 प्रतिशत) ग्राम पंचायत छतौना की पाई गई।

सर्वेक्षित ग्राम पंचायतों की आधारभूत संरचना – किसी क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में आधारभूत संरचना परिवहन, संचार, ऊर्जा, शिक्षा स्वास्थ्य एवं आवास आदि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिस क्षेत्र के विकास की आधारभूत संरचना जितनी सुदृढ़ होगी, वह क्षेत्र उतना ही अधिक विकसित होगा। विकसित क्षेत्रों का आर्थिक इतिहास इस बात को प्रमाणित करता है कि वहां औद्योगिक क्रांति या कृषि क्रांति का प्रार्दुभाव परिवहन सुविधाओं, ऊर्जा के संसाधनों में उन्नति के कारण ही आया।

सारणी 1,2,3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

सारणी कमांक 3 के अनुसार चयनित ग्राम पंचायतों में 02 राजस्व निरीक्षक मंडल एवं 02 पुलिस थाना और एक पुलिस चौकी है। सारणी से स्पष्ट है कि चयनित सभी ग्राम पंचायतों में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला स्थापित

* शोधार्थी एवं अतिथि व्याख्याता (अर्थशास्त्र) किरोड़ीमल शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) भारत

है। सर्वेक्षित क्षेत्र में 07 हाईस्कूल एवं 05 हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है। चयनित 25 ग्राम पंचायतों में 10 ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य सुविधा का अभाव पाया गया। 04 ग्राम पंचायतों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 11 ग्राम पंचायतों में उप स्वास्थ्य केन्द्र की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा आर.एम.पी., ए.एन.एम, स्वास्थ्य रक्षक एवं मितानिन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा रही है। शुद्ध पेय जल जीवन की बुनियादी आवश्यकता है। सभी ग्राम पंचायतों में हैन्डपम्प एवं 13 (52 प्रतिशत) ग्राम पंचायतों में नलकूप की सुविधा उपलब्ध है। सभी ग्राम पंचायतों में डाकघर एवं दूर संचार और विद्युत की सुविधा उपलब्ध है। सर्वेक्षित ग्राम पंचायतों में साप्ताहिक बाजार के लिए 03 से 23 कि0मी0तक की दूरी तय करना होती है। चयतिन 25 ग्राम पंचायतों में से 04 ग्राम पंचायत डब्लू.बी.एम. एवं शेष 21 ग्राम पंचायत पक्की सड़क से जुडे हैं।

भूमि उपयोग, सिंचाई एवं फसल– किसी क्षेत्र में उपलब्ध होने वाली भूमि, सिंचाई के साधन एवं फसलों का प्रारूप उस क्षेत्र के विकास का द्योतक होता है। भारत के संदर्भ में प्राय: यह कहा जाता है कि भारत निर्धन निवासियों का समृद्ध देश है।

प्रो.एम.एल.डार्लिंग के अनुसार – 'भारत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसकी भूमि अत्यंत उपजाऊ है, परन्तु इसके अधिकांश निवासी निर्धन है।' समाज का सारा अस्तित्व और विकास भूमि पर आश्रित है, उपलब्ध भूमि क्षेत्र एवं उनका उपयोग क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत ही महत्व रखता है। चयनित ग्राम पंचायतों के भूमि उपयोग, सिंचाई सुविधा एवं फसल प्रारूप को सारणी कमांक 4 में प्रदर्शित किया गया है। सारणी से स्पष्ट है कि क्षेत्र में कुल भौगोलिक क्षेत्र 13542.31 हेक्टेयर में से 10563.00 हेक्टेयर भूमि पर कृषि कार्य किया जाता है, जिसमें 2113.33 हेक्टेयर भूमि पर दो फसल उत्पादन किया जाता है। क्षेत्र में कुल सिंचित क्षेत्र 2287.00 हेक्टेयर है जिसमें से सरकारी सिंचाई के साधन (नहरों) से 1560.00 हेक्टेयर एवं निजी सिंचाई के साधन (नलकूप, कुआं तालाब) से 727.00 हेक्टेयर सिंचाई की जाती है। खरीफ फसल 10532.00 हेक्टेयर व रवी फसल 256.33 हेक्टेयर में उत्पादन किया जाता है।

सारणी –4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

2009–10 में योजना आयोग के अनुसार 35.46 करोड़ से अधिक लोग झुग्गी झोपड़ियों में नारकीय जीवन जी रहे हैं। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण की 66 वीं रिपोर्ट के अनुसार भारत के ग्रामीण जनसंख्या का 60 प्रतिशत लोगों की दैनिक आय 35 रूपये से भी कम है। देश की एक–चौथाई से भी अधिक आबादी को पौष्टिक भोजन की बात तो दूर इनके पास न तो बच्चों को शिक्षित करने की क्षमता है, न स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हैं। संयुक्त बालकोष की मानव विकास स्वास्थ्य चुनौती 2004 की रिपोर्ट में बताया गया है कि विश्व के 3 कुपोषित बच्चों में से एक भारत में है। यूनेस्को की रिपोर्ट के अनुसार विश्व के 33 प्रतिशत निरक्षर भारत में है जो मानव विकास की राह में सबसे बड़ा बाधक तत्व बना हुआ है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन के 61 वे दौरे के अनुसार गरीबी रेखा के नीचे जीवन–यापन करने वालों की संख्या देश के पांच राज्यों में सर्वाधिक उड़ीसा 46.4 प्रतिशत, बिहार 41.1 प्रतिशत कमश: छत्तीसगढ़ 40.9 प्रतिशत, झारखण्ड 4.3 प्रतिशत एवं उत्तराखण्ड में 39.6 प्रतिशत है। जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा विशेषकर भूमिहीन कृषि श्रमिक, सीमान्त किसान, अनुसूचित जाति एवं जनजाति और अन्य पिछडे वर्ग जैसे घटक सामाजिक और वित्तीय बहिष्करण से पीड़ित हैं। तदानुसार सरकार की नीतियाँ इन वर्गों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान की ओर लगाई गई हैं ताकि प्रत्येक को उत्थान के लाभ लेने में समर्थ बनाया जा सके और समाज के हासिए पर बैठे वर्गों को मुख्यधारा में लाया जा सके। गरीबी उन्मूलन के सन्दर्भ में एम.एस. अहलूवालिया का कथन है कि आर्थिक वृद्धि की युक्ति के पूरक के रूप में ऐसे कार्यकमों को अपनाएँ जाने की आवश्यकता है जो गरीबी पर सीधा प्रहार करें, केवल रिसाव पर आश्रित रहने से गरीबी निवारण में बहुत ज्यादा समय लगेगा। भारत में गरीबी रेखा के नीचे जी रहे लोगों की सामाजिक आर्थिक सक्षमता हेतु पूर्व कार्यकमों समन्वित ग्रामीण विकास कार्यकम (IRDP), ग्रामीण युवा श्रोज़गार प्रशिक्षण कार्यकम (ट्राइसेम), ग्रामीण महिला एवं बाल विकास कार्यकम (ड्वाकरा), गंगा कल्याण योजना (JKL) तथा दस लाख कुओं की योजना (MWS) की समीक्षा तथा पुनर्गठन के परिणामस्वरूप 01.04.1999 से स्वर्ण जयंती ग्राम रोज़गार योजना का नये रोज़गार कार्यकम के रूप में प्रारंभ किया गया है जिसमें रोज़गार के सभी पहलू शामिल है, जैसे – ग्रामीण गरीबों के स्वसहायता समूहों को संगठित करना, प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण, समूह गतिविधियों का आयोजन, ऋण, प्रौद्योगिकी, आधारभूत सुविधाएँ और विपणन सहायता आदि। योजना को केन्द्र व राज्यों के बीच 75:25 अनुपात में वित्त पोषित किया जाता है। योजना को छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में लागू किया गया है। गरीबी उन्मूलन योजनाओं की श्रृंखला में 'नाबार्ड' द्वारा चलायी जा रही स्वर्ण जयंती ग्राम श्रोज़गार योजना, बैंक लिंकेज कार्यक्रम देश का सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ने वाला लघु वित्त पोषण कार्यक्रम है। गरीबी रेखा से नीचे के जीवन–यापन करने वाले परिवारों की जनगणना द्वारा अभिज्ञात तथा ग्राम सभा द्वारा विधिवत् अनुमोदित सूची, योजना के अन्तर्गत परिवारों को दी जाने वाली सहायता का आधार होता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. पन्त, जे.सी. (1984), अर्थशास्त्र के सिद्धांत, द्वितीय पूर्णत: संशोधित संस्करण, साहित्य भवन, आगरा
2. पन्त, जे.सी.(1989–90), जनांकिकी, 5वाँ संशोधित संस्करण, गोयल पब्लिशिंग हाऊस सुभाष, मेरठ – 2।
3. रूद्रदत्त एवं सुन्दरम, के.पी.एम. (1990), भारतीय अर्थव्यवस्था, 20वाँ संस्करण।, एस.चन्द्र एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली।
4. वार्षिक रिपोर्ट 2011–12, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार।
5. वार्षिक रिपोर्ट 2010–11, योजना आयोग, भारत सरकार।
6. www.rural.nic.in
7. www.planningcommission.gov.in

सारणी क्रमांक–1 : कोटा विकास ख.ड के सर्वेक्षित ग्राम पंचायतों की सूची

क.	ग्राम पंचायतस	म्मिलित गांवों की संख्या	ग्राम पंचायत में सम्मिलित गावों का नाम
1	आमागोहन	01	आमागोहन
2	बनाबेल	03	बानाबेल, आमामुड़ा, खैरझिटी
3	भैसाझार	02	भैसाझार, बछालीखुर्द
4	बिल्लीबंद	01	बिल्लीबंद
5	च्पोरा	02	चपोरा, बांसाझाल
6	छतौना	02	छतौना, सोढाखुर्द
7.	डाडबछाली	02	ड़ाडबछाली, पहाड़बछाली
8	धनरास	02	धनरास, करपिहा
9	धूमा	02	धूमा, डीडोल
10	जोगीपुर	02	जोगीपुर, उमरमरा
11	कलारतराई	03	कलारतराई, बांकीघाट, रानीसागर
12	कलमीटार	03	कलमीटार, भरैयाड़ीह, जहांगीराड़ीह
13	करगीकला	02	करगीकला, लमकेना
14	करगीखुर्द	02	करगीखुर्द, लोकबंद
15	करहीकछा	02	करहीकछार, केकराड़ीह
16	क्रका	04	करका, मोहतरा, केवरापारा, जोगीपुर
17	केन्दा	02	केन्दा, बरपाली
18	खोंगसरा	02	खोंगसरा, जरगा
19	लिटिया	03	लिटिया, मोहदी, बेड़ापाट
20	लूफा	01	लूफा
21	नगचुंआ	02	नागचुंआ, बांसाझाल
22	पंटैता	03	पंटैता, गोबरीपाट, नेवसा
23	शिवतराई	02	शिवतराई, सरईपाली
24	तेन्दुआ	01	तेन्दुआ
25	डपका	03	उपका, अटड्डा, सोढाकला

सारणी क्रमांक–2 : सर्वेक्षित ग्राम पंचायतों की वर्गवार जनसंख्या

क.	ग्राम पंचायत	सम्मिलित गांवों की संख्या	कुल जनसंख्या	अनुसूचित जाति		अनुसूचित जन जाति		अन्य	
				संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
1	आमागोहन	1	2073	203	9.79	283	13.65	1587	76.56
2	बनाबेल	3	2357	93	3.95	2025	86.76	219	9.29
3	भैसाझार	2	2211	178	8.05	1291	58.39	742	33.56
4	बिल्लीबंद	1	1561	294	18.83	582	37.28	685	43.88
5	च्पोरा	2	2248	256	11.39	869	38.66	1123	49.96
6	छतौना	2	2004	10	0.50	1225	61.13	769	38.37
7	ड़ाडबछाली	2	1543	97	6.29	709	25.95	737	47.76
8	धनरास	2	2167	44	2.03	1466	67.65	657	30.32
9	धूमा	2	4035	1272	31.52	1525	37.79	1238	30.68
10	जेगीपुर	2	708	105	14.83	488	68.93	115	16.24
11	कलारतराई	3	2674	667	24.94	1118	41.81	889	33.25
12	कलमीटार	3	2706	164	6.06	1105	40.84	1437	53.10
13	करगीकला	2	4344	530	12.20	1154	26.57	2660	61.23
14	करगीखुर्द	2	2940	902	30.68	337	11.46	1701	57.86

15	करहीकछार	2	3004	237	7.89	1091	36.32	1676	55.79
16	करका	4	1739	75	4.31	1255	72.17	409	23.52
17	केन्द्रा	2	3623	95	2.62	1181	32.60	2347	64.78
18	खोंगसरा	2	1594	0	0.00	817	51.25	777	48.75
19	लिटिया	3	2408	557	23.13	977	40.57	874	36.30
20	लूफा	1	2851	34	1.19	2208	77.25	609	21.36
21	नगचुंआ	2	1262	65	5.15	893	70.76	304	24.09
22	पटैता	3	3700	432	11.68	1434	38.76	1834	49.57
23	शिवतराई	2	1835	87	4.74	1522	82.94	226	12.32
24	तेन्दुआ	1	2002	805	40.21	661	33.02	536	26.77
25	डपका	3	2067	231	11.18	1226	59.31	610	29.51
योग		**54**	**59656**	**7433**	**12.46**	**27462**	**46.03**	**24761**	**41.51**

सारणी क्रमांक– 3 : सर्वेक्षित ग्राम पंचायतों में आधारभूत संरचना की स्थिति

क.	ग्राम पंचायत	कुल जनसंख्या	आधार भूत संरचना							
			शिक्षा	स्वास्थ्य	पेय जल	डाकघर	बाजार की दूरी (कि.मी.)	संचार	विद्युत	पहुंच मार्ग
1	आमागोहन	2073	1	4	8	10	5	10	10	6
2	बनाबेल	2357	2	0	8	10	3	10	10	6
3	भैसाझार	2211	1	5	9	10	6	10	10	6
4	बिल्लीबंद	1561	1	0	8	10	5	10	10	6
5	च्पोरा	2248	3	4	9	10	9	10	10	6
6	छतौना	2004	2	5	9	10	12	10	10	6
7	ढ़ाडबछाली	1543	1	0	8	10	15	10	10	7
8	धनरास	2167	2	5	8	10	10	10	10	6
9	धूमा	4035	2	0	9	10	20	10	10	6
10	जेगीपुर	708	1	0	8	10	5	10	10	6
11	कलारतराई	2674	1	0	9	10	3	10	10	7
12	कलमीटार	2706	2	5	9	10	8	10	10	6
13	करगीकला	4344	3	4	9	10	10	10	10	6
14	करगीखुर्द	2940	2	5	9	10	7	10	10	6
15	करहीकछार	3004	1	0	8	10	12	10	10	7
16	करका	1739	1	0	8	10	11	10	10	7
17	केन्द्रा	3623	3	4	9	10	15	10	10	6
18	खोंगसरा	1594	3	5	9	10	10	10	10	6
19	लिटिया	2408	1	0	8	10	5	10	10	6
20	लूफा	2851	1	5	8	10	12	10	10	6
21	नागचुंआ	1262	1	5	8	10	10	10	10	6
22	पटैता	3700	1	5	9	10	3	10	10	6
23	शिवतराई	1835	3	5	9	10	8	10	10	6
24	तेन्दुआ	2002	2	5	9	10	23	10	10	6
25	डपका	2067	1	0	8	10	15	10	10	6

0= निरंक, 1= पूर्व माध्यमिक शाला, 2= हाईस्कूल, 3= हायर सेकेण्डरी, 4= प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 5= उप स्वास्थ्य केन्द्र, 6= पक्की सड़क, 7= डब्लू बी एम सड़क, 8= हेन्डपम्प, 9= टेपनल 10= सुविधा उपलब्ध

सारणी क्रमांक–4 : सर्वेक्षित ग्राम पंचायतों में भूमि उपयोग, सिंचाई एवं फसल

क्र.	विवरण	कुल क्षेत्र (हेक्टेयर में)	प्रतिशत
1	कुल भौगोलिक क्षेत्र	13542.31	
2	कृषि भूमि	10563.00	78.00
3	दो फसली भूमि	2113.33	15.61
4	एक फसली भूमि	8449.67	62.39
5	सकल सिंचित क्षेत्र	2287.00	16.89
6	शासकीय स्रोतों से कुल सिंचित क्षेत्र	1560.00	11.52
7	निजी स्रोतों से सिंचित क्षेत्र	727.00	5.37
8	असिंचित क्षेत्र	8276.00	61.11
9	कुल रबी फसल	256.33	3.37
10	कुल खरीफ फसल	10532.00	77.77

स्रोतः– जिला सांख्यिकीय कार्यालय बिलासपुर

****

स्वतंत्रता के अधिकार के विशेष संदर्भ में भारतीय न्यायपालिका की भूमिका

डॉ. तहसीलदार तमोली *

प्रस्तावना – स्वतंत्रता का अधिकार जनतंत्र की आधारशिला है। व्यक्ति के व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए अधिकारों का अस्तित्व नितांत आवश्यक है , एक नागरिक के विविध अधिकारों में स्वतंत्रता का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। ब्रिटिश विचारक जे. एस. मिल ने स्वतंत्रता के अधिकार को मानव जीवन का मूल आधार घोषित किया है।

जॉन लॉक आदि विचारकों ने स्वतंत्रता के अधिकार को प्राकृतिक अधिकारों की श्रेणी में रखा है। राज्य सरकार की स्थापना स्वतंत्रता आदि अपने अधिकारों की रक्षा करने हेतु किया गया।

अधिकारों के महत्व को समझते हुए विभिन्न देशों ने अपने संविधान के अंतर्गत स्थान दिया है। भारतीय संविधान के भाग 3 के अंतर्गत अनुच्छेद 19–22 तक में व्यक्तियों के लिए स्वतंत्रता संबंधी विविध अधिकारों का वर्णन किया गया है। संविधान में वर्णित स्वतंत्रता का अधिकार मूल अधिकारों के आधार स्तंभ घोषित है।व्यक्तित्व के विकास में व्यक्ति की स्वतंत्रता ही आधारभूत होती है इसकी समाप्ति मानव व्यक्तित्व को कुंठित करती है। [1]

न्यायपालिका राजनीतिक प्रक्रिया का एक ऐसा अंग है जो सरकार के हाथों में राजनीतिक शक्ति के अत्यधिक केंद्रीकरण की रोकथाम और लोकतंत्र की धांधली हो या बहुमत के निरंकुश शासन में जनता को बचाने की व्यवस्था प्रदान करती है। इसी कारण न्यायाधीश और न्यायालय समग्र राजनीतिक प्रक्रिया में महत्वपूर्ण पहलू माने जाते हैं। न्यायपालिका सरकार का तीसरा प्रमुख अंग है।

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था तो स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका के मजबूत स्तंभ पर ही स्थिर रहती है। नागरिकों की स्वतंत्रता की रक्षा न्यायपालिका के अलावा अन्य संस्थागत संरक्षण के द्वारा नहीं हो सकने के कारण इसका महत्व कम से कम जनसाधारण के लिए तो अत्यधिक ही रहता है। [2]

भारतीय संविधान में वर्णित स्वतंत्रता से राज्य का स्वरूप तानाशाही से अलग होकर के जनतांत्रिक मूल्यों पर आधारित राज्य का हो जाता है। संविधान के अनुच्छेद 19 (1) की स्वतंत्रता राज्य द्वारा किए जाने वाले अतिक्रमण के विरुद्ध नागरिकों को प्रदत्ता किए गए हैं। इन स्वतंत्रताओं का स्वरूप अनियंत्रित तथा अमर्यादित होकर के सकारात्मक अधिक है।

राज्य को इन स्वतंत्रता के संदर्भ में खंड 2 से 6 के अधीन निर्बंध लगाने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है, इसी तरह राज्य के स्वतंत्रता संबंधी कार्यवाही की शक्तियों पर कृतियों को संविधानिकता के आधार पर जांच या परीक्षण का अधिकार न्यायपालिका को भी संविधान के अंतर्गत उपलब्ध है।

भारतीय न्यायपालिका संविधान का एवं नागरिकों के मौलिक अधिकारों का संरक्षक है। पिछले कुछ दशकों से नागरिकों के मूल अधिकारों को न्यायपालिका न केवल व्यापक महत्व देकर ही बल्कि उसके द्वारा मौलिक अधिकारों को लगातार विस्तृत भी किया जा रहा है। विभिन्न मुकदमों की सुनवाई के दौरान कई मूल अधिकार को अपने निर्णय के माध्यम से जोड़ा है। संविधान के अनुच्छेद 21 में दिए गए जीवन के मूल अधिकार यदि न्यायपालिका ने विस्तृत व्याख्या की है, और यह अधिकारों को प्रतिपादित किया है ताकि जीवन के अधिकार केवल मौलिक अस्तित्व का अधिकार ही है यह अधिकार मानव गरिमा के साथ जीने का है, और जो कुछ इसके लिए आवश्यक है वह सब इस अधिकार में शामिल है। जहां पर्याप्त आहार, कपड़े, रहने का स्थान, लिखने–पढ़ने की स्वतंत्रता से लेकर घूमने आदि की सुविधाएं मूल अधिकार है। कुछ अन्य मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि स्वास्थ्य और चिकित्सा सुविधा पर्यावरण की रक्षा तथा सर्व भौमिक न्याय अनुच्छेद 21 द्वारा प्रदत्ता जीवन के अधिकार के अंतर्गत सम्मिलित है। इस प्रकार न्यायपालिका को मूल अधिकारों की विस्तृत व्याख्या करने मैं नीति निर्देशक सिद्धांतों को मूल अधिकारों के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। [3]

हाल के वर्षों में न्यायपालिका ने कुछ नीति निर्देशक सिद्धांतों को मूल अधिकारों का अंग मानकर एक तरह से उन्हें बाध्यकारी बना दिया है। उदाहरण उन्न कृष्णन बनाम आंध्र प्रदेश राज्य के मुकदमे में सर्वोच्च न्यायालय ने इस दृष्टिकोण की पुष्टि तथा पुनरावृति की गई कि मूल अधिकारों तथा नीति निर्देशक सिद्धांत एक दूसरे के पूरक तथा अनुपूरक हैं।इस मामले में न्यायपालिका ने कहा है कि अनुच्छेद 45 मेंदिया गया है कि 14 वर्षो तक की आयु के बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का निर्देश अनुच्छेद 22 द्वारा दिए गए मूल अधिकारों का अंग है, क्योंकि मर्यादा पूर्ण जीवन के लिए शिक्षा आवश्यक है। इसीलिए अनुच्छेद 48 में दिया गया निर्देश भी अनुच्छेद 21 में दी गई दैहिक स्वतंत्रता का आवश्यक अंग है। इसी प्रकार अनुच्छेद 39 के निर्देशक तत्व को भी अनुच्छेद 21 में उल्लिखित विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया का अंग मानकर ही निशुल्क विधिक सेवा को मूल अधिकारों के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। अशोक कुमार गुप्ता बनाम उत्तार प्रदेश के मुकदमे में सर्वोच्च न्यायालय ने यह कहा कि अनुच्छेद 21 को अनुच्छेद 38 और उद्देशिका के साथ पढ़ने से स्पष्ट है कि सामाजिक न्याय अनुच्छेद 21 के अंतर्गत एक मूल अधिकार है। इसी प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी घोषित किया है कि अनुच्छेद 31 (घ) का निर्देशक समान कार्य के लिए समान वेतन अनुच्छेद 14 व 16 में निहित मूल अधिकारों के अभिन्न अंग है। एक अन्य मुकदमे में सुभाष कुमार बनाम भारत संघ में पर्यावरण के संरक्षण व संवैधानिक तथा वन और अन्य जीवो के रक्षा के निर्देशक सिद्धांत

* असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति शास्त्र विभाग) एस. बी. एस. पी.जी.कॉलेज, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

(अनुच्छेद 48 (क) को भी अनुच्छेद 21 में प्रदत्ता जीवन के अधिकार का भाग मान लिया गया है।[4]

नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने समय-समय पर अपने निर्णयों के माध्यम से नए अधिकारों को बदलाव पूरे परिवेश के अनुसार सम्मिलित किया गया है। मूल अधिकारों को पूर्ण करने के लिए अनेक उपाधिकरों को मान्यता प्रदान किया है। सूचना के अधिकार शासन प्रशासन का कुशलता में वृद्धि लाने के कारण पारदर्शी भी बनाता है। इससे नागरिकों को सक्रिय सहभागिता में भी वृद्धि होती है। दिन प्रतिदिन के कार्यो में जन सहभागिता का स्तर उच्च होता है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि जनता जब तक जानेगी नहीं तब तक अभिव्यक्त नहीं कर सकती है। 2005 में देश की संसद ने एक कानून पारित किया जिससे सूचना का अधिकार के नाम से जाना जाता है।

24 अगस्त 2017 को मुख्य न्यायाधीश के एस केहर की अध्यक्षता में 9 सदस्यीय संविधान पीठ ने निर्णय दिया कि निजता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार और निजी स्वतंत्रता का अधिकार का मूलभूत हिस्सा है। यह संविधान के भाग-3 के तहत प्रदत्त आजादी का एक भाग है।

2012 में दिल्ली के रामलीला मैदान में बाबा रामदेव द्वारा धरना प्रदर्शन करने में उन्हें गिरफ्तार करने के लिए 12:00 रात दिल्ली पुलिस गई थी। पुलिस के जाने के बाद धरना स्थल पर सो रहे हजारों व्यक्तियों के बीच भगदड़ मच गई थी। भारत के सुप्रीम कोर्ट ने मामले के बारे में स्वत: संज्ञान लिया। 24 फरवरी को 2:00 बजे जस्टिस बीएस चौहान तथा स्वतंत्र कुमार की एक पीठ ने योग गुरु बाबा रामदेव तथा उनके समर्थकों पर पुलिस द्वारा मध्य रात्रि में मेक अ टाउन से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय दिया कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत शांतिपूर्वक सोने के अधिकार को मौलिक अधिकार की सूची में शामिल किया । इस प्रकार सोना एक मौलिक अधिकार है।

भारत के शीर्ष पांच महानगरों में कुल बेघर आबादी का लगभग 26 प्रतिशत बेघर लोग रहते हैं। भारत की शहरी आबादी का लगभग 0.37% आबादी बेघर है। बेघर व्यक्तियों के लिए अच्छी नींद लेना मुश्किल है। वे विभिन्न कारणों से अपने आश्रय स्थल के लिए चिंतित होते हैं और शांतिपूर्ण माहौल से वंचित होते हैं। ऐसे कई मामलों में माननीय न्यायालय ने बेघर लोगों के लिए प्राधिकरण से रेन बसेरा बनाने तथा बेघरों के सोने के संविधानिक अधिकार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। चमेली सिंह बनाम उत्तार प्रदेश 1996 के केस में उच्चतम न्यायालय ने बेघरों को आश्रय स्थल उपलब्ध करवाने को संवैधानिक अधिकार माना है।[7]

संविधान का अनुच्छेद 19 भारत के नागरिक को विशिष्ट रूप से कुछ बुनियादी स्वतंत्रताओं अर्थात भाषण और अभिव्यक्ति , बिना हथियार के शांतिपूर्वक सम्मेलन ,संगत बनाने, भारत के राज्य क्षेत्र में सर्वत्र आने-जाने, भारत के किसी भी भाग में निवास करने और बस जाने और अपनी आजीविका, व्यापार या कारोबार करने की स्वतंत्रता की गारंटी देता है। यह स्वतंत्रताएं नागरिक के पक्ष में अंतर्निहित नैसर्गिक अधिकार मानी गई है। लेकिन न्यायपालिका ने एक स्वतंत्र नागरिक के लोकतांत्रिक मूल्यों का पूरा पूरा लाभ उठाने के लिए इन स्वतंत्रता को सर्वागीण नहीं माना है।न्यायपालिका ने अपने निर्णय में कहा है कि लोकतंत्रात्मक राज्य व्यवस्था के लिए इनके साथ-साथ अन्य अनेक स्वतंत्रताओं का होना भी आवश्यक है। भले ही अनुच्छेद 19 में विशिष्ट रूप से वर्णन नहीं किया है।[8]

न्यायपालिका जनतंत्र के मूल्यों की रक्षा के लिए एवं आवश्यकता के अनुसार अपने विभिन्न निर्णयों में नागरिक को स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत अनेक सामाजिक, आर्थिक, नैतिक मानसिक शैक्षणिक, पर्यावरण आदि क्षेत्रों को सम्मिलित किया है । न्यायपालिका ने अपने निर्णय में व्यक्ति के संपूर्ण जीवन उसकी आवश्यकता एवं अनिवार्य दशाओं के आधार पर अनेकों अधिकार को मौलिक अधिकार माना है। न्यायपालिका ने ऊपर बताए मूल्यों को स्वीकार करते हुए व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार से स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान किया है। संविधान में वर्णित इन अधिकारों का इससे महत्व बढ़ा है एवं उसकी प्रासंगिकता में वृद्धि हुई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तुलनात्मक राजनीति एवं राजनीतिक संस्थाएं पेज 745, सोना सी बी विकास पब्लिक सिंह हाउस प्राइवेट लिमिटेड
2. वही पेज 746
3. एस. एम. शईद, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, प्रकाशक -भारत बुक सेंटर, लखनऊ , पृष्ठ 55
4. वही
5. सिविल सर्विसेज क्रॉनिकल फरवरी 2019
6. वही पेज- 148
7. वही पेज - 148,149
8. सिविल सर्विसेज टाइम सिर्फ मार्च 2020, पेज -50
9. सिंह महावीर, भारत का संविधान
10. पांडेय, जे एन, भारत का संविधान
11. बसु, डी. डी.,भारत का संविधान
12. नारंग ए. एस., भारत शासन और राजनीति
13. डॉक्टर - शिवाच जे.आर., भारतीय राजनीतिक व्यवस्था
14. पी. शरण, भारत का संविधान
15. कश्यप, सुभाष, हमारा संविधान

****

भारतीय संसदीय व्यवस्था में राज्यपाल की स्थिति

डॉ. विनोद कुमार सिंह*

प्रस्तावना – भारतीय संविधान द्वारा दोहरी शासन प्रणाली की स्थापना की गई है : एक केन्द्र में तो दूसरी राज्यों में। केन्द्र के समान राज्यों में भी संसदीय शासन प्रणाली को अपनाया गया है। जिसमें एक ही स्तर पर नाममात्र की एवं वास्तविक दो प्रकार की कार्यपालिकाओं का अस्तित्व होता है। राज्य की कार्यपालिका का संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल होता है। राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। संवैधानिक रूप से राज्य की समस्त कार्यपालिका शक्ति राज्यपाल में निहित होती है, किन्तु इन शक्तियों का वास्तविक रूप में प्रयोग मंत्रिपरिषद द्वारा किया जाता है। राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह के अनुसार कार्य करता है और मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से विधान सभा के प्रति उत्तरदायी होती है। इसका अपवाद केवल वे क्षेत्र हैं जिन पर राज्यपाल अपनी विवेकाधीन शक्तियों का प्रयोग कर सकता है। राज्यपाल का कार्य व व्यवहार राज्य की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। सामान्यत: जब राज्य में स्थायी व बहुमत प्राप्त दल की सरकार होती है तो राज्यपाल केवल नाममात्र का संवैधानिक प्रमुख के दायित्व का ही निवर्हन करता है। परन्तु अस्थिर राजनीतिक स्थिति उसके प्रभाव में वृद्धि लाती है और उसे अपने स्वविवेकीय शक्ति के प्रयोग का अवसर प्रदान करती है।

राज्यपाल की स्थिति के सम्बन्ध में यदि संविधान के विभिन्न उपबंधों का अवलोकन करें तो ऐसा प्रतीत होता है कि संविधान निर्माताओं ने राज्य प्रशासन सम्बन्धी समस्त महत्वपूर्ण शक्तियाँ राज्यपाल को ही सौंपी हैं। राज्य का प्रशासन राज्यपाल के नाम से ही चलाया जाता है। राज्य के सभी महत्वपूर्ण अधिकारियों की नियुक्ति भी राज्यपाल के द्वारा की जाती है। वह राज्य विधानमण्डल का अधिवेशन बुलाता है और उसका सत्रावसान भी करता है। राज्य विधानमण्डल द्वारा पारित किया गया कोई भी विधेयक राज्यपाल की स्वीकृति के बिना कानून का रूप धारण नहीं कर सकता है। राज्यपाल विधानसभा को कुछ विशेष परिस्थितियों में निश्चित अवधि से पूर्व भंग भी कर सकता है।

जब राज्य विधानमण्डल का अधिवेशन न हो रहा हो और राज्यपाल को यह विश्वास हो जाए कि ऐसी परिस्थितियाँ विद्यमान हैं जिनके कारण शीघ्र कार्यवाही आवश्यक है, तब राज्यपाल अध्यादेश भी जारी कर सकता है। राज्यपाल द्वारा जारी अध्यादेश का वही बल एवं प्रभाव होता है जो राज्य विधानमण्डल द्वारा निर्मित विधि का। राज्यपाल मुख्यमंत्री की नियुक्ति करता है तथा मुख्यमंत्री की सलाह पर अन्य मन्त्रियों की नियुक्ति करता है। उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाता है। राज्य का प्रत्येक मंत्री राज्यपाल के प्रसाद पर्यन्त अपना पद धारण करता है। राज्यपाल को राज्यसूची एवं समवर्ती सूची के विषयों से सम्बन्धित विधि के विरूद्ध किए गए अपराधों के लिए क्षमादान तथा निलम्बन आदि की शक्तियाँ प्राप्त हैं।

इस प्रकार कुल मिलाकर संविधान के उपबंधों के अनुसार राज्यपाल को राज्य के प्रशासन से सम्बन्धित कार्यकारी, विधायी, न्यायिक और वित्तीय क्षेत्रों में समस्त महत्वपूर्ण शक्तियाँ प्राप्त हैं। राज्य के प्रशासन में राज्यपाल की वही स्थिति है जो केन्द्र में राष्ट्रपति की है। दोनों की शक्तियों में कुछ क्षेत्रों को छोड़कर पर्याप्त समानता है। डी0डी0 बसु के अनुसार, 'राज्यपाल की शक्तियाँ राष्ट्रपति के समान हैं सिर्फ कूटनीतिक, सैनिक तथा आपातकालीन शक्तियों को छोड़कर।'[1] परन्तु केन्द्र की भाँति राज्य में भी संसदीय शासन प्रणाली होने के कारण राज्यपाल को उन समस्त परम्पराओं का निवर्हन करना होता है जो परम्पराएं केन्द्र में प्रचलित हैं। अत: राज्यपाल केवल नाममात्र का शासक बनकर रह जाता है और वास्तविक रूप में इन शक्तियों का प्रयोग मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद द्वारा किया जाता है। डॉ0 भीमराव अम्बेडकर ने राज्यपाल की स्थिति का वर्णन करते हुए संविधान सभा में कहा था कि– 'राज्यपाल की शक्तियाँ बहुत सीमित एवं नाममात्र की हैं तथा उसकी स्थिति बहुत दिखावे वाली होगी। वह कोई भी कार्य अपनी इच्छा या व्यक्तिगत विवेक से नहीं कर सकेगा।'[2] इन्हीं कारणों से संविधान निर्माताओं ने राज्यपाल की नियुक्ति जनता के चुनाव द्वारा या विधान सभा द्वारा कराने के सुझावों को रद्द कर कनाडा के संविधान का अनुसरण किया ताकि राज्यपाल केवल संवैधानिक मुख्यिा या नाममात्र के शासक के रूप में कार्य कर सके। इस प्रसंग में अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने संविधान सभा में कहा था कि – 'समरूपता की प्राप्ति के लिए, अच्छे कार्य संचालन के लिए, राज्यपाल तथा मंत्रिपरिषद के सदस्यों के बीच सम्बन्धों की स्थापना के लिए यही अच्छा है कि हम कनाडा के संविधान के अनुरूप ही व्यवस्था करें।'[3]

परन्तु राज्यपाल के संवैधानिक मुखिया होने का अर्थ यह नहीं है कि यह पद सर्वथा महत्वहीन है। राज्यपाल को कुछ विशेष परिस्थितियों में अपनी शक्तियों का प्रयोग मंत्रिमण्डल के परामर्श के बिना स्वेच्छा से करने का अधिकार भी दिया गया है। ऐसी शक्तियों को विवेकाधीन शक्तियां कहते हैं। यह शक्तियां राज्यपाल की वास्तविक स्थिति को बहुत अधिक शक्तिशाली बना देती हैं। जबकि संविधान द्वारा राष्ट्रपति को कोई भी विवेकाधीन शक्ति नहीं प्रदान की गई है। इन विवेकाधीन शक्तियों ने राज्यपाल के पद को काफी विवादास्पद भी बना दिया है। संविधान निर्माताओं द्वारा इस पद के सम्बन्ध में मूल रूप में की गई कल्पना और पिछले लगभग 65 वर्षों में इसके कार्यान्वयन में भारी अन्तर आया है।

ऐसा माना जाता है कि भारतीय संविधान का वास्तविक स्वरूप 1967 के पश्चात ही सामने आया। जब देश के कुछ राज्यों में गैर कांग्रेसी सरकारों का निर्माण हुआ और विभिन्न राजनीतिक संस्थाओं एवं राजनैतिक पदों के

* असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति शास्त्र विभाग) जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पी0जी0 कालेज, बाराबंकी (उ.प्र.) भारत

पारस्परिक सम्बन्धों तथा शक्तियों के विषय में अनेक प्रश्न उठाए गये जो इससे पहले शायद ही कभी सामने आये हों। ऐसे संविधानिक प्रश्नों में सबसे गंभीर विवाद राज्यपाल की शक्तियों तथा स्थिति के सम्बन्ध में उठे। विरोधी दलों की ओर से यह आरोप लगाए गये कि केन्द्र सरकार राज्यपाल से गैर कांग्रेसी सरकारों को अपदस्त कराने का कार्य कर रही है।[4] एक जैसी राजनीतिक परिस्थितियों में ही भिन्न-भिन्न राज्य के राज्यपालों द्वारा अलग-अलग निर्णय लिए जाने के कारण केन्द्र तथा राज्यों के मध्य तनाव शुरू हुआ। गैर कांग्रेसी सरकारों द्वारा यह आरोप लगाए गये कि केन्द्र सरकार अपने राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राज्यपाल के पद का दुरूपयोग कर रही है।

राज्यपाल पर पक्षपात व दलीय हितों को बढ़ावा देने का आरोप उन सभी राज्यों में लगाया गया, जहां गैर कांग्रेसी मन्त्रिमण्डलों की स्थापना हुई। विशेषकर पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, पंजाब तथा हरियाणा में राज्यपाल के पक्षपात पूर्ण रवैये के खिलाफ घोर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा गया कि केन्द्र सरकार का प्रतिनिधि होने के नाते राज्यपाल गैर कांग्रेसी सरकारों को गिराने व असफल करने के अभियान में सक्रिय है। कुछ राज्यों में राज्यपालों को हटाने की भी मांग की गई।[5] बाद के कुछ वर्षों में ही यह पद इतना ज्यादा विवादित हो गया कि कुछ राजनीतिक दलों ने इस पद को पूरी तरह समाप्त करने की ही मांग कर डाली। इन घटनाओं ने इस पद की गरिमा एवं सम्मान को बहुत अधिक ठेस पहुंचाई।

वास्तव में भारतीय संविधान द्वारा राज्यपाल को दोहरी भूमिका सौंपी गई है। एक ओर वह संसदीय परम्परा के अनुरूप राज्य का संवैधानिक प्रधान है तो दूसरी ओर केन्द्र व राज्य के बीच की कड़ी के रूप में वह अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका का निवर्हन करता है। वह यह देखता है कि राज्य सरकारें संकीर्ण प्रान्तवाद की भावना को न अपनाकर समस्त संघ के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करें। 1976 में आयोजित राज्यपाल सम्मेलन में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने भी कहा था- 'संकीर्ण प्रान्तीयतावाद पर विजय प्राप्त करने में राज्यपाल की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।'[6] संविधान निर्माताओं द्वारा संभवतः यह सोंचा गया था कि राज्यपाल की प्रथम भूमिका राज्य के संवैधानिक अध्यक्ष की होगी तथा दूसरी भूमिका के रूप में वह राज्य में केन्द्रीय शासन के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेगा। लेकिन व्यवहार के धरातल पर राज्यपाल की यह द्वितीय भूमिका अर्थात् राज्य में केन्द्र के एजेन्ट के रूप में अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। विशेष रूप से उस समय जबकि केन्द्र में एक राजनीतिक दल की सरकार होती है तथा राज्य में किसी दूसरे राजनीतिक दल की या कुछ विरोधी दलों की मिली जुली सरकार। व्यावहारिक रूप से जब कभी भी राज्यपाल की इन दोनों भूमिकाओं में परस्पर विरोध की स्थिति उत्पन्न हुई है तब राज्यपाल ने केन्द्रीय शासन के प्रतिनिधि के रूप में अपनी भूमिका को ही अधिक महत्व दिया है। इस सम्बन्ध में के0वी0 राव जी लिखते हैं कि 'आज जैसी उसकी स्थिति है उसे केन्द्र द्वारा नियुक्त किया व हटाया जाता है। राज्यपाल वही है जो केन्द्र उसे बनाना चाहता है, वास्तव में ऐसा कुछ नहीं है जो राज्यपाल अपने आप कर सके। उसकी भूमिका उस पर निर्भर है जो पीछे बैठा व्यक्ति अपनी डोरियों से कर रहा है।'[7]

राज्यपाल की इस प्रकार की गतिविधियों के कारण ही विरोधी दल सामान्यतः यह शिकायत करते रहे हैं कि केन्द्र में सत्तारूढ़ दल राज्यपाल पद का उपयोग अपने राजनीतिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए करता है। डॉ0 इकबाल नारायण के अनुसार 'उसे राज्यों में गैर कांग्रेसी सरकारों को गिराने के लिए केन्द्र के कथित षड्यन्त्र के रूप में देखा गया है।'[8] समय-समय पर घटने वाले विविध घटनाक्रमों ने इस बात की पुष्टि भी की है कि राज्यपाल को संदेह और अविश्वास की देखना अकारण नहीं हैं। वह चाहे 1967 के बाद गैर कांग्रेसी सरकारों के साथ निभाई जाने वाली राज्यपाल की कार्यप्रणाली हो या 1984 में सिक्किम के राज्यपाल द्वारा नर बहादुर भण्डारी को मुख्यमंत्री पद से हटाकर बी0बी0 गरूंग को मुख्यमंत्री बनाना हो जो मात्र 13 दिन कार्य कर सके या जम्मू काश्मीर के राज्यपाल द्वारा अब्दुल्ला सरकार को बर्खास्त कर जी0एम0शाह को मुख्यमंत्री बनाना हो या आन्ध्र के राज्यपाल द्वारा एन0टी0आर सरकार को पदच्युत कर भास्कर राव को मुख्यमंत्री बनाना हो। इन सभी मामलों में राज्य के राज्यपालों ने अपनी स्वविवेक की शक्तियों का प्रयोग विवेकपूर्ण ढंग से नहीं किया। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों में राज्यपाल द्वारा की जाने वाली राष्ट्रपति शासन की सिफारिश हो या किसी राज्य के आम चुनाव में यदि कोई राजनीतिक दल बहुमत प्राप्त न कर सके तो सरकार के गठन के लिए किसी दल को आमंत्रित करना हो राज्यपाल सदैव केन्द्र में सत्तारूढ दल की मंशा के अनुरूप ही अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करता रहा है। ऐसी स्थितियां न तो भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप हैं और न ही राज्यपाल पद के हित में एवं न ही इस पद की गरिमा के अनुरूप ही है। इन्दर मल्होत्रा के शब्दों में, 'जनसाधारण की बात को छोड़ दिया जाये स्वयं राज्यपाल पदधारी भी अपने इस पद को सम्मान की दृष्टि से नहीं देखते हैं।'[9] श्रीमती विजयलक्ष्मी पण्डित ने कहा था कि, 'यदि कोई व्यक्ति इस पद को स्वीकार करता है तो उसको पद नहीं वरन् वेतन का आकर्षण है।'

राज्यपाल पद के इस भारी अवमूल्यन के लिए कोई एक पक्ष या राजनीतिक दल नहीं वरन् सभी पक्ष दोषी हैं। केन्द्र में कांग्रेस, जनता पार्टी, राष्ट्रीय मोर्चा या भाजपा किसी की भी सरकार रही हो या विभिन्न राजनीतिक दलों की मिली जुली सरकारें रही हैं। उन्होंने न केवल दलीय हितों के आधार पर राज्यपालों की नियुक्तियां की हैं वरन् राज्यपालों के स्थानान्तरण और बर्खास्तगी का अत्यन्त अशोभनीय मार्ग भी अपनाया है। इस पृष्ठभूमि में इस मांग को बल मिला कि राज्यपाल पद को समाप्त कर दिया जाना चाहिए। परन्तु संसदीय शासन व्यवस्था होने के नाते इस पद को समाप्त करना संभव नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि राज्यपाल की केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप में और राज्य के संवैधानिक अध्यक्ष के रूप में भूमिकाओं में सामंजस्य स्थापित किया जाये और राज्यपाल पदधारी को केन्द्र सरकार और राज्य सरकार दोनों का विश्वास प्राप्त हो। संसदीय व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन तथा केन्द्र राज्य सम्बन्धों की एक स्वस्थ स्थिति बनाये रखने हेतु राज्यपाल पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में और पदधारी के आचरण के सम्बन्ध में कुछ निश्चित एवं स्वस्थ परम्पराओं का अपनाया जाना नितान्त आवश्यक है। यदि समय रहते ऐसा नहीं किया गया तो समस्त राजनीतिक व्यवस्था को भारी आघात पहुंचने की आशंका है।

केन्द्र राज्य सम्बन्धों को मधुर एवं स्वस्थ बनाने तथा इन विवादों को कम करने के लिए समय-समय पर गठित विभिन्न समितियों ने राज्यपाल की नियुक्ति एवं बर्खास्तगी तथा कामकाज में परिवर्तन के सम्बन्ध में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। जिनमें से तमिलनाडु सरकार द्वारा गठित राजमन्नार समिति, प्रशासनिक सुधार आयोग, केन्द्र-राज्य सम्बन्धों की समीक्षा हेतु गठित सरकारिया आयोग तथा भगवान सहाय समिति आदि के सुझाव काफी महत्वपूर्ण है।

राजमन्नार समिति ने सुझाव दिया कि राज्यपाल की नियुक्ति उस राज्य

की सरकार का परामर्श लेकर ही किया जाना चाहिए तथा राष्ट्रपति द्वारा राज्यपालों को यह दिशा-निर्देश दिया जाना चाहिए कि एक जैसी राजनैतिक परिस्थितियों में समान निर्णय लें जिससे विवेकाधिकार का प्रयोग कम से कम किया जा सके।[10] प्रशासनिक सुधार आयोग (1969) ने भी यह सुझाव दिया कि राष्ट्रपति राज्यपालों को सही दिशा निर्देश जारी करे। केन्द्र-राज्य सम्बन्धों की समीक्षा हेतु गठित सरकारिया आयोग का भी सुझाव है कि राष्ट्रपति सम्बन्धित राज्य में राज्यपाल की नियुक्ति से पूर्व राज्य के मुख्यमन्त्री से परामर्श अवश्य करे तथा किन्हीं राजनैतिक कारणों से उन्हें 5 वर्ष से पूर्व न हटाया जाए। राज्यपाल के पद पर किसी विशिष्ट एवं ख्याति प्राप्त व्यक्ति को ही नियुक्त किया जाये जो स्थानीय दलीय राजनीति से सम्बन्धित न हो और राज्यपाल के द्वारा अनुच्छेद 356 का प्रयोग विभिन्न विकल्पों की तलाश के बाद अन्तिम विकल्प के रूप में किया जाना चाहिए। यदि किसी मंत्रिमण्डल के बहुमत में न होने का संदेह हो तो बहुमत को सिद्ध करने का सही स्थान विधानसभा का पटल ही है। लेकिन यदि राज्य का मुख्यमंत्री जानबूझकर इसे टाल रहा हो तो राज्यपाल स्वयं पहल करके इस मामले को हल कर सकता है।[11]

इन विविध सुझावों को ध्यान में रखते हुए राज्यपाल पद के सम्मान को स्थायी एवं गरिमामयी बनाये रखने हेतु कुछ तर्क संगत बातों का क्रियान्वयन किया जाना नितान्त आवश्यक है। राज्यपाल की नियुक्ति करते समय सम्बन्धित राज्य के मुख्यमंत्री को अनिवार्यत: विश्वास में लिया जाना चाहिए। केवल ऐसे ही व्यक्तियों को राज्यपाल के पद पर नियुक्त किया जाना चाहिए जिन्हें संसदीय लोकतन्त्र से सम्बन्धित विषयों का व्यापक ज्ञान हो और जिन्होंने राजनीति, प्रशासन, शिक्षा, समाजसेवा या अन्य किसी क्षेत्र में कार्य करते हुए सभी पक्षों से सम्मान प्राप्त किया हो और दलीय राजनीति से ऊपर उठकर परिस्थितियों का आंकलन करने तथा स्वतन्त्र निर्णय लेने की क्षमता रखता हो। किसी दल को स्पष्ट बहुमत प्राप्त न होने की दशा में विधानसभा में सबसे बड़े राजनीतिक दल को सरकार बनाने हेतु आमन्त्रित करने की परम्परा का निर्वहन राज्यपालों द्वारा किया जाना चाहिए। किसी मंत्रिमण्डल को बहुमत प्राप्त है या नहीं इस बात का निर्णय राजभवन में नहीं वरन् विधान सभा में ही किया जाना चाहिए। जिससे यह स्वत: स्पष्ट हो जायेगा कि मंत्रिमण्डल को बहुमत प्राप्त है या नहीं, इससे विवाद स्वयं समाप्त हो जायेगा। केन्द्र सरकार द्वारा भी राज्यपाल के पद के सम्बन्ध में मर्यादित आचरण को अपनाया जाना चाहिए और यथासंभव सभी राजनीतिक विवादों से इसे दूर रखने की चेष्टा करनी चाहिए।

इस प्रकार एक स्वस्थ परम्परा को अपनाकर व इस पद का अराजनीतिकरण करके राज्यपाल पद की मर्यादा व सम्मान को बनाये रखा जा सकता है। स्वयं राज्यपाल का आचरण ही उन्हें सभी पक्षों से सम्मान दिला सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बसु, डी0डी0, कमेन्ट्री ऑन द कान्स्टीट्यूशन आफ इण्डिया, वाल्यूम 2, एस0सी0 सरकार पब्लिकेशन्स, कलकत्ता, 1965
2. कान्स्टीट्यूशनल एसेम्बली डिबेट्स, खण्ड-4
3. कान्स्टीट्यूशनल एसेम्बली डिबेट्स (सी0ए0डी0) वाल्यूम-7, पृ0 432
4. सईद, एस0एम0, भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, सुलभ प्रकाशन, अशोक मार्ग, लखनऊ, 2002, पृ0-213
5. उपरोक्त, पृ0-213-214
6. द टाइम्स ऑफ इण्डिया, 23 मार्च-1976
7. रॉव, के0वी0, पेपर ऑन द रोल ऑफ स्टेट गवर्नमेन्ट इन इण्डिया, इण्डियन पॉलिटिकल साइंस रिव्यू, डेलही, नं0 3-4, 1968, पृ0-175
8. नरायन, इकबाल, ट्यूलाइट ऑर डाउन, पोलिटिकल चेंज इन इण्डिया, 1967-71, पृ0-94
9. मल्होत्रा, इन्दर,Stooges or Satraps-द टाइम्स ऑफ इण्डिया, संडे रिव्यु, 8 नवंबर, 1981, पृ0-01
10. रिपोर्ट ऑफ राजमन्नार कमेटी, गवर्नमेन्ट ऑफ तमिलनाडु, मद्रास, 1971
11. सईद, एस0एम0, उपरोक्त, पृ0-227-228

****

हाथ करघा उद्योग एवं ग्रामीण विकास

डॉ. के.एल.टाण्डेकर* डॉ. ई.व्ही.रेवती**

प्रस्तावना – भारत में 19वी. सदी के वैश्वीकरण और औद्यौगिकरण ने हाथ करघा सहित भारत के पारंपरिक उद्योगो को बर्बाद कर लिया था, इसी वजह से हस्तशिल्प और हस्त निर्मित वस्त्र के क्षेत्र में बड़ी तादात में रोजगार समाप्त हो गए। स्वतंत्रता आदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने भारतीय गावों को मजबूत और आत्म निर्भर बनाने पर जोर दिया, उन्होने ग्रामीण दस्तकारी और वस्त्र उद्योग को पुर्नजीवित करने का आव्हान किया जिसके परिणाम स्वरूप आजाद भारत में हस्त शिल्प और बुनाई उद्योग को आर्थिक विकास में एक महत्तवपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ।

हाथकरघा उद्योग का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विकास के अवसर उपलब्ध कराने तथा विदेशी मुद्रा दर्जन करने में विशेष सहयोग रहा है, जिसकी वजह से विगत दिनों मे हाथकरघा उद्योग की तरफ नीति निर्धारत एवं विकासात्मक कार्य हुए है, भारत का हाथकरघा उद्योग विष्व का सबसे बड़ा हाथकरघा उद्योग है, यह मुख्यत: संगठित क्षेत्र में स्थित है। 1995 की हाथकरघा गणना के अनुसार संभावना एवं ग्रामीणों अंचलो में रोजगार उपलब्ध कराने में असमर्थता के लिहाज से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कृषि के बाद हाथकरथा क्षेत्र को दूसरा स्थान प्राप्त है। अनसुचित जाति, अनसुचित जन-जाति, अन्य पिछडा वर्ग, अल्प संख्यक वर्ग के लोग शामिल है जिन्हे इस उद्योग से रोजगार मिलता है।

देश के विभिन्न हिस्सो में 95 लाख से 1 करोड़ व्यक्ति शिल्पकार के रूप में हाथकरघा उद्योग में लगें है, देश के कुल उत्पादन में हाथकरघा उद्योग में लगे है। देश के कुल उत्पादन में हाथकरघा क्षेत्र का योगदान लगभग 13 प्रतिशत है। सन 2002-03 के दौरान भारत के निर्यात आय में 54.4 करोड अमरिकी डालर का योगदान रहा है, भारत में 1950 में अखिल भारतीय हाथकरघा मंडल गनाया गया, वर्तमान में 06 भारतीय हाथकरघा प्राद्योगिकी संस्थान देश में तकनीक प्रशिक्षण, मानव प्रबंधन, नई तकनीक, बुनाई प्रक्रिया में सुधार तथा दक्षता उन्नयन कर इस क्षेत्र में शुद्धीकरण लाने का प्रयास किये जा रहे है। देश के ग्रामीण अंचलों में रोजगार के अधिकारिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्यों से हाथकरघा को राजीव गांधी ग्रामोद्योग मिषन के घटक के रूप में भी सम्मिलित किया गया है।

हाथकरघा उद्योग का क्षेत्र विशाल है तथा ये असंगठित भी है, यह परंपरागत रूप से प्राचीनकाल से चला आ रहा है, विश्व में विभिन्न क्षेत्रों में अधिक लोकप्रिय होने के साथ इन उद्योगो के उत्पाद 120 से अधिक देशों को निर्यात किये जाते है, जिनमें मुख्यत: जर्मनी, आस्ट्रेलिया , संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाड़ा, बिटेन, साउदी अरब, स्वीजर लैण्ड प्रमुख है। मशीनीकरण के बढते चलन के बावजूद इसका महत्त्व बढा है, भारत के निर्यात होने वाले कपडों निर्मित वस्तुओं तौलिए, चादर, रूमाल आदि करीब 15 प्रतिशत हिस्सा हाथकरघा उत्पाद का ऐसा ही होता है, देश के प्रमुख निर्यातोन्मुखी उत्पादन केन्द्र तमिलनाडु, केरल, हरियाणा, प. बंगाल, मध्यप्रदेश, पंजाब में हाथकरघा उद्योग का विशाल समुदाय अर्थात हाथकरघा शिल्पी अधिक संख्या में विद्यमान है।

भारत सरकार ने ग्रामीण भारत की तस्वीर बदलने की दिशा में हाथकरघा को बढावा देने का बीढ़ा उठाया है, इसके तहत् वाराणसी में हाथकरघा व्यापार सुविधा केन्द्र और शिल्प संग्राहलय स्थापित करने के लिए बजट में 50 करोड रू. का प्रावधान किया गया है। वित मंत्री ने यू.पी. के वाराणसी, बरेली, लखनऊ और गुजरात के सुरत, कच्छ बिहार के भागलपुर वस्त्र मैसूर व तमिलनाडु में 200 करोड रू. की लागत से आठ वस्त्र उत्पादनो समूह स्थापित करने की घोषणा की, वित्त मंत्री ने हाथकरघा -हस्तकला के संरक्षण पुनर्उत्थान और प्रलेखन के लिये 30 करोड की लागत से नई दिल्ली में पी.पी.पी. आधार पर हस्तकला अकादमी की स्थापना का प्रस्ताव किया, उन्होने पश्मीना प्रोत्साहन कार्यक्रम और जम्मू कश्मीर के लिए भी 50 करोड रूपये प्रस्तावित किये।

ग्राामीण इलाके में अभी भी बेरोजगारी एक बडी समस्या है। ऐसे में सरकार ने ग्रामीण युवाओं को स्वावलम्बी बनाने की दिशा में भी पहल की है, ग्रामीण युवाओं में उद्यमिता को बढावा देने के लिये सरकार ने 100 करोड रू. का बजट अलग से आबंटित किया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवा स्थानीय स्तर पर कोई रोजगार शुरू कर सके, सरकार ने इसे नाबार्ड के जरिए भी जोडा है।

तालिका 1 – **(अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

कुल वस्त्र उत्पादन में होजरी, खादी, उन और रेशम वस्त्रों को छोडकर हाथकरघा, विद्युतकरघा और मिल क्षेत्र का कुल वस्त्र उत्पादन समिलित है।

हाथकरघा उद्योग अति प्राचीन काल से ही भारतीय अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग रहा है, 65 लाख लोगो को रोजगार देने वाले हाथकरघा उद्योग कृषि के बाद देश में दूसरा स्थान है, यह परम्परागत शिल्प इसकी उच्चतम करीगारी और प्रवीणता कुशल भारतीय बुनकर की एक छाप है, अनंतकाल से भारत के हाथ से बने कपडे जग प्रसिद्ध है, सदियो से हाथकरघा का संबंध कपडों से जुडी उत्कृष्ट भारतीय कारीगरो को रोजगार का स्त्रोत उपलब्ध कराने से जोडा जाता रहा है। हाथकरघा क्षेत्र ग्रामीण भारत में कृषि के बाद दूसरा सबसे बडा रोजगार प्रदाता क्षेत्र है, यह विभिन्न समुदायों के 4.33 मिलियन लोगो को रोजगार उपलब्ध कराता है जो देश भर में 2.38 मिलियन करघो से जुडे हुए है, यह देश में कपडा उत्पादन में लगभग 15

* प्राचार्य, शासकीय डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ (छ.ग.) भारत

प्रतिशत का योगदान देता है और निर्मित आय में भी सहायता करता है, विश्व में हाथ से बुने हुए 95 प्रतिशत कपड़े भारत के ही होते है।

प्रधानमंत्री ने 1905 में आरम्भ स्वदेशी आंदोलन की याद में 07 अगस्त 2015 को राष्ट्रीय हाथकरघा दिवस घोषित किया तथा ग्राहको का विश्वास जीतने के लिए सामाजिक एवं पर्यावरण अनुकुलता के अतिरिक्त कच्चामाल, प्रसंसकरण, बुनावट एवं अन्य मानदंडो के लिहाज से उत्पादों की गुणवत्ता के समर्थन के लिए 07 अगस्त 2015 को 'भारत हथकरथा ब्राण्ड' (IHB) भी लांच किया। आईएचबी ने उच्च गुणवत्ता हथकरघा उत्पादों को बढावा देने के लिए ग्राहाको के बीच जागरूकता निर्माण करने एवं इसके लिए एक विशिष्ट पहचान बनाने में सहायता देने के लिए शीघ्र ही सोशल मिडिया पर ग्राहकों, विशेष रूप से युवाओं के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी।

ब्लाक स्तरीय क्लस्टर एप्रोच – राष्ट्रीय हथकरथा विकास कार्यक्रम (एन.एच.डी.पी.) के एक घटक क्लस्टर विकास कार्यक्रम के स्थान पर जून 2015 में ब्लाक राष्ट्रीय क्लसटर एप्रोच आरंभ किया गया और इसके दिशा-निर्देश राज्य सरकारों, बुनकर सेवा केन्द्रो आदि को भेज दिए गये है। ब्लाक स्तरीय क्लसटर एप्रोच की जरूरतों के अनुकुल अधिक सुकर है और इसमें भारत सरकार से अधिक वित्त पोषण राज्य के वित्तीय अंशदान की समाप्ति, कार्यान्वयन एजेंसियो को सीधे धनराशि जारी करना, लाभार्थियों को ईसीएस के माध्यम से बैंक खाते मे धनराशि अंतरित करना है। इसके अलावा ब्लाक में एक कलस्टर, सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना (सामान्य सेवा केन्द्र सहित) वस्त्र डिजाईनर एवं विपणन कार्यकारी की नियुक्ति,वर्क शेड का निर्माण , क्लस्टर विकास कार्यकारी की नियुक्ति, प्रोद्योगिकी उन्नयन, कौशल उन्नयन इत्यादि जैसे विभिन्न हस्तक्षेपो के लिए 200 करोड रू. तक की वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए है। इसके साथ ही जिला स्तर पर डाई हाउस की स्थापना के लिए 50 लाख रू. तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध है। वर्ष 2017-18 के दौरान (31 दिसम्बर 2017 तक) निम्नलिखित राज्यों के लिए 43 ब्लाक स्तरीय क्लस्टर स्वीकृत किए गये है। जिसका विवरण निम्नांकित है।

तालिका 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

आधुनिक युग में निर्मित वस्त्रों की अपेक्षा हाथ द्वारा उत्पादित हाथकरघा वस्त्र पूर्णत: प्रदूषित रहित होते है, इस उद्योग की पर्याप्त संभावनाएॅ बनी हुई है, देश के विभिन्न भागो से हजारों लोगहाथकरघा उद्योग को अपनी जीविका का साधन मानकर कार्य कर रहें है। यह पीढ़ी दर पीढी सदियों से चही आ रही कलात्मक कुशलता को जीवंत बनाये रखने एवं इसके उत्तरोत्तर विकास के लिए देश के कई राज्यों मे हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम/संचालनालय का गठन कर इसे चुनौतियो का सामना करना पड रहा है। इतना ही नही बल्कि उत्भोक्ता की पसंद प्राथमिकता में भी बदलाव आया है जिसके चलते हाथकरघा क्षेत्र का अस्तित्व खतरे में पडता नजर आ रहा है, पुरानी बेकार प्राद्योगिकी, असंगठित उत्पादन प्रणाली, निम्न उत्पादकता, अपर्याप्त कार्यशील पूंजी, उत्पादों की पारंपरिक श्रृंखला, कमजोर विपणन व्यवस्था, स्थिर उत्पादन और बिक्री तथा नई उत्पादन प्रणाली से प्रतिस्पर्धा सहित लोगो के स्वास्थ्य, आय, स्वच्छ वातावरण, की अनूपलब्धता जैसे गंभीर समस्याएॅ विद्यमन है। ज्यादा खराब स्थिति महिला एवं बच्चों की है।

यह सर्वविदित है कि हथकरघा उद्योग पूर्णरूपेण परंपरागत कौशल है, जिसे बनकरों द्वारा पीढ़ी-दर-पीढ़ी अर्जित कर विकसित किया गया है, जो वस्तुत: हमारे कला-कौशल, कला सौष्ठव तथा प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर के रूप मे विद्यमान है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें, तो पाश्चात्य देशों की औद्योगिक क्रांति के पश्चात मशीन युग के प्रारंभ तथा ब्रिटिश-काल के बुनकरों के हथकरघा संकट जैसे झंझावातों से निकल कर भी इस उद्योग ने न केवल अपने अस्तित्व को बचाए रखा है, अपितु समय-समय पर आधुनिक तकनीक का सूत्रपात करते हुए उद्योग के प्राय: सभी क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है। इसका ज्वलंत उदाहरण है कि आज हमारे देश में निर्यात की जाने वाली सभी वस्तुओं में हथकरघा उत्पादित वस्त्र प्रमुख स्थान पर है। हथकरघा वस्त्र वर्तमान समय में पश्चिमी देशों के अलावा मध्या-पूर्व, दक्षिण-पूर्व तथा जापान आदि देशों को निर्यात हो रहें है और इनकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन वृद्धि की ओर है। यही नही भविष्य में भी हथकरघा वस्त्रों के निर्यात की संभावनाएॅ अत्यंत उज्जवल है। अत: इस परिप्रेक्ष्य में यह नितांत आवष्यक होगा कि वैश्वीकरण नीति का अनुसरण करते हुए हथकरघा उद्योग को यथोचित संरक्षण तथा प्रोत्साहन प्रदान किया जाए, ताकि इस उद्योग के माध्यम से दुर्लभ विदेशी मुद्रा निरंतर प्राप्त होती रहे और इस उद्योग में कार्यरत बुनकरों, दलितों, अल्पसंख्यकों का जीवन स्तर तथा आर्थिक स्तर सुधर सकें।

भारत में हाथकरघा उद्योग के विकास हेतु नई तकनीक मानको के अनुरूप प्रशिक्षत बुनकर सहकारी समिति का विकास हाथकरघा निर्यात का गठन, संसाधनो की पर्याप्त उपलब्धता बाजार सृजन के साथ बुनकर को करघों की नई डिजाइनों, तकनीकियों से परिचय कराना जैसे कदम उठाने होगें ताकि ग्रामीण को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकारिक हाथों को कार्य उपलब्ध कराया जा सके एवं सहकारिता के माध्यम से यदि इस उद्योग का पूर्ण विकास किया जावें तो गांव में ही एक व्यक्ति को पूर्ण रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेगे तथा रोजगार की तालाश में गांव से शहरो की ओर होने वाले पलायन को भी रोका जा सकेगा तभी गांधी जी के ग्रामीण विकास की परिकल्पना साकार होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुरूक्षेत्र अगस्त 2014 -0020 ग्रामीण विकास बजट 2014-15 ग्रामीण विकास मंत्रालय, दिल्ली।
2. शोध उपक्रम - छत्तीसगढ़ शोध संस्थान रायपुर (अप्रेल - 2012)।
3. दक्षिण कौशल मासिक पत्रिका अंक दिनांक 2014.
4. Dr. M.Sundarapandian Growth and Prospectus of handloom sector in india occasional paper 22 NAMARD Mumbai.
5. हाथकरथा उद्योग की प्रगति - पंकज कुमार राय।
6. वार्षिक रिपोर्ट (2013-14) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार।

तालिका 1 – हाथकरघा क्षेत्र द्वारा वस्त्र का उत्पादन (मिलियन वर्ग मीटर)

वर्ष	कारखाना	हाथकरघा	पावरलूम	कुल कपडा उत्पादन (स्क्वेयर मीटर में)
2010-11	61761	6907	11.18	1:5.5
2011-12	59605	6901	11.57	1:5.42
2012-13	61949	6952	11.22	1:5.47
2013-14	62624	7104	11.34	1:5.18
2014-15	64332	7203	11.19	1:5.24
2015-16	64584	7638	11.82	1:4.82
2016-17	63480	8007	12.61	1:4:45
2017-18	43520	5134	11.8	1:4.92
नवंबर 2017 तक	अनंतिम	अनंतिम		

तालिका 2

क्रं.	राज्य	स्वीकृत क्लस्टरों की संख्या	जारी राशि (लाख रू. में) 31.12.2017 तक	शामिल किये गए लाभार्थियों की संख्या
1	आंधप्रदेश	3	141.27	665
2	बिहार	2	100.91	701
3	छत्तीसगढ़	2	52.40	529
4	हिमाचल प्रदेश	1	31.20	200
5	केरल	1	35.20	450
6	मध्यप्रदेश	1	156.44	9603
7	जम्मू व कश्मीर	1	39.10	205
8	कर्नाटक	1	28.13	386
9	तमिलनाडु	4	128.86	1473
10	उत्तर प्रदेश	4	133.49	952
	कुल (समान्य)	20	847.00	15164
पूर्वोत्तर				
11	अरूणाचल प्रदेश	2	69.50	1154
12	असम	21	1370.95	19022
	कुल	23	1440.45	20176
	कुल योग	43	2287.45	35300

****

चर्म उद्योग मे मानव प्रबंधन स्थिति एवं सम्भावनाएं (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में)

डॉ. ई.व्ही.रेवती* डॉ. के.एल.टाण्डेकर**

प्रस्तावना – भारतीय अर्थव्यवस्था में चमड़ा क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। पर्याप्त निर्यात, रोजगार की अनुकूलतम संभावनाओं के साथ निर्यात वृद्धि के लिए भी वर्तमान स्थितियां अनुकूल रही है। सभी स्तरो पर उचित रूप से प्रशिक्षित और कुशल मानव प्रबंधन की आवश्यकता भी महसुस की जाती रही है।

आधुनिक व्यावसायिक जगत मे दो प्रमुख तत्वो ने विकास को प्रभावित करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है –

1. मानव प्रबंधन
2. तकनीकी समस्या

जिसमे तकनीकी विकास को जिस गति से प्राप्त किया गया है उस गति से मानव प्रबंधन का विकास संभव नही हो सका है, जिन राष्ट्रो में तकनीकी विकास के साथ–साथ मानव प्रबंधन को विकसित कर लिया, वे आज आर्थिक मामलो में विश्व का नेतृत्व कर रहे है। जापान इसका स्पष्ट उदाहरण है किंतु जहाँ दोनो में से किसी भी एक तत्व की स्थिति कमजोर जनक रही, वहां विकास को पूर्णतया प्राप्त करना सम्भव नही हो पाया। इन दोनों तत्वों में यदि प्रमुखता के रूप मे देखा जाए तो मानव प्रबंधन बेहतर स्थिति में माना जाता है क्योंकि यदि मानव प्रबंधन उचित है तो तकनीकी विकास स्वमेव आसानी से हो सकता है।

बदलते आर्थिक परिवेश के संदर्भ में देखे तो यह बात मुख्यता स्पष्ट होती है कि भारत मे चर्म उद्योग की स्थिति आशाजनक है, क्योंकि इस क्षेत्र मे नई खुली आर्थिक नीति के लागू होने से चमड़ा उद्योग मे कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां आगे आ रही है, जिससे चमडा उद्योग के विकास की सम्भावनाएं बढी है। इसी सम्भावनाओ को देखते हुऐं अंतर्राष्ट्रीय बाजार मे भारत कि 3.5 प्रतिशत की वर्तमान स्थिति को यदि पर्याप्त तकनीकी एवं संरचनात्मक परिवर्तनो के साथ इस क्षेत्र में कुशल मानव प्रबंधन की सहायता ली गई तो मूर्ति समिति उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के रिपोर्ट के अनुसार सन् 2013 तक अंतराष्ट्रीय बाजार में चर्म उद्योग की भागीदारी 16 प्रतिशत तक हो जावेगी किंतु इस 16 प्रतिशत के सह–भागिता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह जरूरी है कि प्रतियोगी देशों की क्षमता को पहचानकर सही रणनीति अपनाई जाये।

भारत वर्ष के लिए सही रणनीति यह होगी की भारत जहां कच्चे चमडे के उत्पादन में विश्व में प्रमुख स्थान रखता है वही निर्मित चर्म सामग्री में यह चौथे क्रम पर हे जो स्पष्ट करता है कि यदि भारत को चर्म निर्मित सामग्री में प्रथम स्थान प्राप्त करता है तो चर्म उद्योग की वर्तमान तकनीकी क्षमता के विकास के साथ साथ इस क्षेत्र में मानव प्रबंधन को प्रमुखता प्रदान करनी होगी। विशेषकर छत्तीसगढ़ क्षेत्र जहां इस क्षेत्र में लगा हुआ मानव श्रम पूर्णयता असंगठित, अशिक्षित एवं जातिगत तथा विरादरी पंचायतों के घोर विरोध के साथ–साथ घृणित एवं अपमानित व्यवसाय का कर्मी माना जा रहा है। परिणामत: इस क्षेत्र के चर्म शिल्पि व्यवसायिक परिवर्तन की ओर अग्रसर हो रहे है, ऐसी स्थिति में यदि रोजगार, उत्पादन, निर्यात में वृद्धि करने का लक्ष्य प्राप्त करना है तो छत्तीसगढ़ में ही नहीं वरन् प्रदेश एवं भारत वर्ष में चर्म उद्योग के क्षेत्र में मानव प्रबंधन को विकसित एवं सुव्यवस्थित करना अनिवार्य होगा क्योंकि यह क्षेत्र वर्तमान में जहां देश के कुल 11.4 लाख लोगों को रोजगार प्रदान कर रहा है उसमें सन् 2013 तक 9.2 लाख लोगों को अधिक रोगजार मुहैय्या कराने की संभावना है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को भी अधिकाधिक मात्रा में रोजगार मुहैय्या हो सकेगा। यद्यपि समय परिवर्तन के साथ–साथ इस उद्योग में नई तकनीकी की व्यवस्था की जा रही है किन्तु तकनीकी को व्यवहारिक रूप देने वाला प्रमुख साधन मानव संसाधन आज भी अपनी परम्परागत स्थिति में बना हुआ है, जिससे उसके लिए वह व्यवसाय पर्याप्त विकास की क्षमता रखने के बावजूद भी (जैसा कि सातवी पंचवर्षीय योजना में इसकी विकास दर 25 प्रतिशत रही) छत्तीसगढ़ क्षेत्र में विशेष कर यह उद्योग उतना अधिक विकास नहीं कर पाया क्योंकि इस क्षेत्र में मानव प्रबंधन पर जोर नहीं दिया गया। मानव प्रबंधन का मूल उद्देश्य तभी पूर्ण हो पाता है जबकि मानव संसाधन का विकास किया जाए, यहां देश की तुलना में मानव संसाधन निम्न कोटि का है, क्योंकि उसकी पौष्टिक आहार प्राप्त करने की क्षमता शिक्षा की स्थिति, स्वास्थ्य पर व्यय आदि मानक तुलनात्मक दृष्टिकोण से छत्तीसगढ़ में न्यूनतम बिन्दु पर है अत: छत्तीसगढ़ में इन मापदण्डों के विकास के साथ–साथ जहां मानव संसाधन का विकास होगा वही दूसरी ओर इस उद्योग में असंगठित रूप से फैले हुऐ मानव संसाधन को सुव्यवस्थित व संगठित कर पर्याप्त प्रशिक्षण, रोजगार, उत्पादन प्राप्त कर कृषि पर हो रहे दबाव को कम किया जा सकता है और छत्तीसगढ़ में प्रतिवर्ष होने वाले कुल जनसंख्या के 30 प्रतिशत भाग के पलायन को रोका जा सकेगा और स्थानीय विकास में इसका भरपूर उपयोग किया जा सकेगा।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र में चर्म उद्योग में लगे कामगार की संख्या विभिन्न प्रदेश की तुलना में बहुत कम है, इससे भी स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र में मानव संसाधन का विकास नहीं हो पाया है।

छत्तीसगढ में चर्म उद्योग में सबसे कम मानव श्रम का निवेश किया गया है

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ (छ.ग.) भारत
** प्राचार्य, शासकीय डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव, जिला – राजनांदगांव (छ.ग.) भारत

जो यहाँ के अकुशल मानवीय प्रयोग और प्रबंधन को स्पष्ट करता है। इस क्षेत्र में जो भी मानव का श्रम निवेश किया गया है वह अधिकांशत: कच्चे चमडे के उत्पादन मे ही निवेशित है। स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ में कच्चे चमडे का उत्पादन कर बाहर भेज दिया जाता है, जिसका वास्तविक लाभ अन्य क्षेत्र उठाते है।

बदलते हुए आर्थिक परिवेश में यह बात महत्वपूर्ण हो गई है कि चर्म उद्योग को आधुनिक प्रतियोगिता के साथ समायोजित किया जाये और कृषि के पूरक उद्योग के रूप में इसका विकास कर कृषि पर जनसंख्या के भार को कम किया जाये तथा साथ ही स्थानीय मानव संसाधन को पलायन से रोककर उसका स्थानीय विकास में उपयोग किया जाए। इसके लिए आवश्यक होगा कि स्थानीय मानव संसाधन का विकास करने के साथ - साथ चर्म उद्योग के क्षेत्र में इसका उचित प्रबंधन किया जाये अर्थात् कच्चे चमडे के स्थान पर लाभदायक चर्म निर्मित सामग्री तथा प्रतियोगी फैशन रूपी वस्तुओ के उत्पादन में निवेशित कर अंतराष्ट्रीय बाजार में प्रतियोगी के रूप मे खड़ा किया जाये, इसके लिए आवश्यक होगा कि उचित तकनीकी पंजी के विकास के साथ मानव संसाधन विकास तथा उसका उचित क्षेत्र में प्रबंधन किया जाये और संगठित समूह क्षेत्र के रूप में विकास कर एक सूत्र मे पिरोया जाये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. योजना 1994-सितम्बर, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, पटिलाला हाउस नई दिल्ली।
2. उद्यमिता जनवरी- 1995, म.प्र. लेदर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल।
3. भारतीय चमड़ा की मानव संसाधन विकास उप योजना के लिए दिशा निर्देश विकास कार्यक्रम-रिपोर्ट।

तालिका 1 : म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ में चर्म उद्योग में कामगारों की संख्या

क्र.	क्षेत्र में प्राप्त रोजगार	म.प्र. में संख्या	छत्तीसगढ़ में संख्या	म.प्र. से छत्तीसगढ़ में प्राप्त कामगारो का प्रतिशत
1	ग्रामो की संख्या	6331	1744	22.55
2	श्वोच्छेदन	27816	3035	10.91
3	चर्मशोधन	10815	3450	31.90
4	श्वोच्छेदन चर्म शोधन	9210	2979	32.31
5	जूता निर्माण	11485	3007	26.18
6	श्वोच्छेदन चर्म शोधन जूता निर्माण	21590	3910	18.11

****

प्रगतिशील काव्य चेतना और नागार्जुन

डॉ. त्रिभुवन कुमार साही *

प्रस्तावना – जब छायाबाद व्यक्ति और मैं के अस्तित्व से आकांत हो कर कल्पना और भावुकता से चरम पर पहुंचकर अपनी चमक खोने लगा था और जिसका स्थान समाज और उसकी वास्तविकता यथार्थ को मूल्य मान कर ले रही थी, मूलत वहीं से प्रगतिवादी काव्य स्वाद सामने आता है। इस समूची प्रगतिशीलता के समर्थ अभिव्यक्ति के रूप नागार्जुन हमसे रू-ब-रू होते हैं। इस प्रगतिशील काव्य की विशेषता बतलाते हुए आलोचक पवर डॉ. नामवर सिंह ने लिखा है 'जिस तरह कल्पना प्रवण अंतर्दष्टि छायावाद की विशेषता है और अंतर्मुखी बौद्धिक दृष्टि प्रयोगवाद की, उसी तरह सामाजिक यथार्थ दृष्टि प्रगतिवाद की विशेषता है।'

इस सामाजिक यथार्थ दृष्टि का काव्ययी अनुपालन नागार्जुन की प्रतिशील काव्य चेतना की अनुगूँज बनती है प्रतिबद्धता के साथ इस रूप में कि

'अंध-बधिर' व्यक्तियों को ही राह बतलाने के ली.... अपने आप को भी ब्योमोह से बारम्बार उबारने के खातिर.....प्रतिबद्ध हूँ, जी हाँ शतघा प्रतिबद्ध हूँ'।

यह प्रतिबद्धता कवि की है तो प्रगतिशील काव्य की वह अनिवार्य जरूरत भी जिससे जनकविता की पगडंडियाँ प्रशस्त होती हैं इस आलंबन से कि

'झुकी पीठ को मिला,
किसी हथेली का स्पर्श
तन गयी रीढ़'

नागार्जुन अपनी पूरी काव्य यात्रा में इसी स्पर्शका निमित बनते है और जनपक्षधरता की कविताई ठीक यही से संवाद रचने में लग जाती है। जनपक्षधरता प्रगतिशीलता का घोषित शपथपत्र है अपनी पुस्तक काव्य परिदृश्य कल और आज में डॉ. परमानद श्रीवास्तव ने कहा भी कि 'जनता के बीच कविता को सीधे ले जाने के लिए प्रखर लोक संवेदना और जन संस्कृति के इस सबसे बड़े कवि ने जनभाषा और साहित्यिक भाषा का भेद मिटा कर जो दुर्लभ काव्यबोध प्रमाणित किया, उसका मूल्यांकन करते समय निस्संदेह तुलसी की याद आएंगे और कबीर भी'।

तुलसी अपनी लोकप्रियता जहां बिनथी होकर रामकथा की मर्यादावादी लोकरक्षक समत्व भाव के कारण साध पाते हैं तो कबीर बेबाक दो टूक और साहसिकता के पैनेपन के कारण जन प्रियता की डोर सँभालते हैं। बाबा में ये दोनों तत्व मौजूद है इसलिए उनको पढ़ने समझते समय हिन्दी की जातीय गौरव आस्पदों के दो बड़े कवि हमेशा याद आते हैं। 'खुरदरे पैर' पर कविता लिखना कविता और मनुष्यता दोनों के हक में हैं, नागार्जुन के जद में तो वह प्रण की हद तक है।

खुभ गए
दूधिया निगाहों में
फटी बिवाइयों वाले खुरदरें पैर

निगाहें दूधिया और दृश्य फटी बिवाइयों वाले खुरदरें पैर का अब तो तय था कि वे खुबेंगे ही, आगे भी कवि इसके प्रभाव की ध्वनियों को दूर तक सुनता गुनता चला जाता है-

'देर तक टकराए
उस दिन आखों से वे पैर
भूल नहीं पाऊंगा फटी बिवाइयां
खुब गई दूधिया निगाहों में
धंस गयीं कुसुम-कोमल मन में'

खुरदरे पैर और ककुसुम-कोमल मन के बिम्ब प्रतीकों में कविता प्रगतिशीलता का सुन्दर उद्धरण बन जाती है। जीवन से जो पैदा हो वह इतना सुन्दर होगा उतना कुछ भी नहीं वैदिक ऋचाएँ अन्न ही जीवन कहकर जहाँ अन्न को महत्वपूर्ण मानती है तो प्रगतिवादी कवि नागार्जुन पकी सुनहरी फसलों को देख कर यूँ ही मुग्ध नहीं हो पाते हैं। प्रगतिशील काव्य जमीनी और बुनियादी काव्य हैं। जहाँ नागार्जुन सहजता और सरलता के साथ समाज और आदमी की साझेदारी को समझते-परखते हैं चूँकि मार्क्सवाद की वैचारिकी प्रगतिशील काव्य की सैधान्तिकी है इसलिए बाबा नागार्जुन के पक्ष में खड़े हो कर पक्षधरता की रचना चुनौती को स्वीकार करते हैं। पहली पर आम आदमी का चेहता, उसका श्रम, उसके पसीने काव्य-विषय बन पाते हैं, विश्वास करें इन पंक्तियों पर कि-

कुली मजबूर है
बोझा ढोते हैं खींचते हैं ठेला
धूल-धुआं भाफ से पड़ता है सबका,
..... सच-सच बतलाओ, नागवार तो नहीं लगती है?
जी तो नहीं कुढ़ता है?
घिन तो नहीं आती है?

डॉ. नामवर सिंह प्रतिनिधि कविताएँ की भूमिका में लिखते हैं कि, 'उनकी काव्य भूमि विपुल है और विषय भी, विषय इतनी कि इस उँची-नीची भूमि में समतल की अभ्यस्त आँखें अक्सर धोखा खा जाती है। ऊपर-ऊपर से देखने पर जो अत्यंत सपाट वर्णन है। वह भी अपने समूचे असर मैं इतना कवित्वपूर्ण होगा कि काव्यत्व की किसी एक जगह पर उँगली रखना कठिन है'।

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी विभाग) सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज, कँांकेर रोड, राँची (झारखण्ड) भारत

यह आलोचकीय व्याख्या घिन तो नहीं आती है, जैसे तमाम कविताओं को लेकर सागर्भित तो है ही न्यायोचित भी है। उनकी कविताएँ हिमशृगों से उतर कर वह मैदान और किसानी जीवन संस्कृति का काव्य सौन्दर्य रचती है, कविता फसल तो अद्भुत है, ऐसा लग रहा है मानो अपने होने के हेतुओं की वह स्तुति कर रही हो।

और तो कुछ नहीं है
वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी-काली-संदली मिट्टी का गुण धर्म है
रूपान्तर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच हवा कि थिरकन का

प्रकृति की प्रगतिवादी शक्ल कितनी प्राणदायी है, फसल कविता में अप्रस्तुत विधान के सहारे कवि ने इतनी उर्जा भर दी है। चांदनी का पसरा चीड़ या बर्फानी सैलानी ठिकानों के अलावा भी कही हो सकती है इसे नागार्जुन ही बता पाते है जरा देखें।

पीपल के पता पर फिसल रही चांदनी
नालियों में भीगे हुए पेट पर, पास ही
जम रही, धुल रही पिघल रही चांदनी
पिछवारे बोतल के टुकड़ों पर
चमक रही, दमक रही मचल रही चांदनी

चांदनी का यह रूप दरअसल जनभावना के विस्तार का मानवीय रूप है जो छायावाद में मयस्सर न था। वास्तविकता के मूल्य को कल्पना से ज्यादा मूल्यावान बताते हुए आलोचक नामवर सिंह ने लिखा भी कि - 'मन पर कल्पना से छटांक भर वास्तविकता ज्यादा और समर्थ और मूल्यवान है' पूरी प्रगतिशील कविता में नागार्जुन और उनकी कविताओं की उपस्थिति साहित्य के सर्वप्रिय संकल्प को पूरा करती है राजनीतिक शब्द को अगर किसी ने साहित्यिक जनता में रूपान्तर किया है। तो वह बाबा नागार्जुन ने जनता ही प्रगतिशील काव्य का स्थाई मूल्य है। इस तरह प्रगतिशील काव्य नागर्जुन को और नागार्जुन प्रगतिशील काव्य को हम सफर की तरह रख कर साहित्य और मनुष्य की वृत संकल्पी यात्रा को रवाना होते है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. काव्य परिदृश्य कल और आज डॉ. परमानंद श्रीवास्तव, पृ. 84, लोकभारती 2001
2. नागार्जुन प्रतिनिधि कविताएं-भूमिका पृष्ठ-5, राजकमल पेपर बैक्स, 1984

****

पंचायती राज और संवैधानिक प्रावधान

डॉ. हनुमान प्रसाद मीना *

प्रस्तावना - महात्मा गाँधी चाहते थे कि स्वतंत्र भारत का संविधान लोकतांत्रिक ढांचे में ढले हुए सुसंगठित ग्राम समुदायों को आधार मानकर लिखा जाये। स्वतंत्रता के पश्चात् जब उन्हें पता चला कि स्वतंत्र भारत के संविधान में ग्राम पंचायतों का कोई उल्लेख नहीं है तो उन्हें मानसिक आघात पहुँचा। उन्होंने कहा - 'शायद कहीं कोई भूल हुई है और इसमें अविलम्ब सुधार की आवश्यकता है। ग्राम पंचायतों को जितना सशक्त बनाया जाये, उतना ही अच्छा है।'[1] उन्होंने पंचायतीराज व्यवस्था को संविधान के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं किये जाने पर खिन्नता व्यक्त करते हुए इसे संवैधानिक प्रावधानों के अन्तर्गत रखने का विचार व्यक्त किया। 'मुझे बताया गया है कि संविधान के मसविदे में ग्राम पंचायतों एवं विकेन्द्रीकरण के लिए कोई नीति निर्देश नहीं है। यह निश्चित ही एक बड़ी भूल है जिसमें अविलम्ब सुधार होना चाहिए। तभी स्वतंत्र भारत में जन-साधारण की आवाज को बल मिलेगा। ग्राम पंचायतें जितनी सशक्त होंगी जनसाधारण का उतना ही अधिक हित होगा।'[2] गाँधी जी के इस सुझाव के पश्चात् ही नीति निर्देशक तत्वों में वांछित प्रावधान किया गया।

गाँधीजी कहा करते थे कि भारत की स्वतंत्रता, धरातल से प्रारम्भ होनी चाहिए। उनका विचार था कि राजनैतिक एवं आर्थिक शक्तियों का इस प्रकार विकेन्द्रीकरण किया जाये कि भारतीय ग्राम प्राचीन एवं वैदिक काल की तरह एक स्वावलम्बी इकाई बन सके। ग्राम पंचायतों की भूमिका स्वशासी स्थानीय सरकार की हो। उनका मानना था कि समयानुकूल आवश्यक संशोधन कर इन संस्थाओं को वास्तव में उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बनाया जा सकता है।

नीति निर्देशक तत्व - अनुच्छेद 40 - गाँधीजी की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संविधान के प्रारूप में राज्य के नीति निर्देशक तत्वों में पंचायती राज का समावेश जिस रूप में किया गया, उस पर दृष्टिपात करना प्रासंगिक है।

ग्राम पंचायतों के बारे में अनुच्छेद 40 में प्रावधान है जिसके अनुसार 'राज्य, ग्राम पंचायतों का गठन करने के लिए कदम उठाएगा और उनको ऐसी शक्तियाँ और अधिकार प्रदान करेगा जो उन्हें स्वायत्त शासन की इकाईयों के रूप में कार्य करने योग्य बनाने के लिए आवश्यक हो।'[3] पंचायत राज सम्बन्धी यह प्रावधान संविधान के प्रारूप में थोड़ा विलम्ब से 22 नवम्बर 1948 को शामिल किया गया। प्रारम्भ में यह अनुच्छेद 31 (3) के रूप में था बाद में संख्याओं में संशोधन के कारण संविधान के भाग IV में अनुच्छेद 40 के रूप में माना गया।[4] इस सम्बन्ध में एक आश्चर्यजनक तथ्य है कि एक बार यह नौबत भी आई कि संविधान में पंचायतों के बिन्दु को शामिल न किये जाने को उचित ठहराने का प्रयास किया गया। इस पर संविधान निर्मात्री सभा के सदस्यों में पर्याप्त विवाद भी हुआ। तत्पश्चात श्री संथानम का संशोधन स्वीकार कर अनुच्छेद 40 का रूप दिया गया। यह सब अनापेक्षित शांति से किया गया। इस बिन्दु पर ज्यादा विवाद को हतोत्साहित किया गया। इस बिन्दु की बहस भी मात्र आठ पृष्ठों में ही समाहित है। वस्तुत: डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चाहते थे कि 'ग्राम स्वराज' की व्यवस्था को ही संविधान का आधार बनाया जाये। इस पर संविधान सलाहकार वेंगन नरसिंह राव की टिप्पणी थी कि चूँकि संविधान का प्रारूप अब लगभग तैयार है अत: इस स्थिति में इसमें परिवर्तन करना श्रेयकर न होगा। श्री टी. प्रकाशम व अन्य कई सदस्यों ने भी इस बात पर जोर दिया था कि संविधान गाँधी जी के स्वशासी ग्राम स्वराज्य के सिद्धान्त पर आधारित हो। कुल मिलकार स्थिति ऐसी बनी कि ग्राम पंचायत के प्रश्न को नीति निर्देशक तत्वों में एक वैचारिक दृष्टिकोण से अधिक स्वरूप न मिल सका।

यह उल्लेखनीय है कि अनुच्छेद 40 में अंकित प्रावधानों को भी अगर उचित ढंग से विश्लेषित कर क्रियान्वित किया जाये तो वह भी पंचायती राज की सुदृढ़ता के लिए पर्याप्त ठोस आधार है। उसमें यह स्पष्टत: अंकित है कि पंचायतों को इतनी शक्तियाँ प्रदान की जाये कि वे स्थानीय सरकार की सक्षम इकाईयों के रूप में कार्य कर सकें।

संवैधानिक प्रावधानों के अभाव में असमर्थ पंचायती राज व्यवस्था - संविधान के संस्थापकों द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को भाग IV के अनुच्छेद 40 में अधीन राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों की संक्षिप्त भूमिका सौंपी गई थी जिसने पंचायती राज के मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की आशा पूरी नहीं हुई। इस ह्रास का मुख्य कारण व्यवस्था में विसंगतियाँ थी। पंचायतों को नाममात्र की शक्तियाँ मिली। सत्ता राज्य के हाथों या प्रशासन के हाथों में रहीं, जिससे पचायतें निष्क्रिय हो गईं। ग्रामीण आवश्यकताओं के कार्यक्रमों का निर्णय संसद या विधानमण्डलों में होता गया। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण की कमी के कारण इसका स्तर गिरता गया। इसका एक कारण यह भी रहा कि यह व्यवस्था सम्पन्न वर्ग के लोगों तक सीमित रही। राज्य सरकार ने मनमानें ढंग से चुनाव कराना तथा उन्हें भंग करना आदि का अधिकार सुरक्षित रखा। कुछ राज्यों में 15 वर्षो तक पंचायतों के चुनाव नहीं करवाये गये।[5]

वित्तीय संसाधनों की कमी भी एक मुख्य कारण रहा। कम धनराशि एकत्र करने पर भी वह राज्य सरकारों के भेंट चढ़ जाती, जिससे पंचायतें कमजोर तथा निष्क्रिय होती गई। आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण विकास कार्यो से गाँवों में प्रगति नहीं हुई। निहित स्वार्थो के कारण कुछ गाँवों में विकास कार्यक्रम नहीं पहुंच पाये।

भारत में पंचायती राज क्षेत्र में जातिवाद, गुटबन्दी व भाई भतीजेवाद

* सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान) शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

की जडें गहराई से फैल गई, इस से समान जाति में भी वैमनस्य स्थापित हुआ।

उपरोक्त विसंगतियों का परिणाम यह हुआ कि पंचायतें इस सीमा तक प्रभावहीन हो गईं कि ग्रामीण जनसामान्य लाभार्थ सृजित परिसम्पत्ति का रख रखाव करने में भी उनकी कोई भूमिका नहीं रही। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के जिस आधार पर पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना करने का प्रयास किया गया उससे धीरे-धीरे राज्यों का भाव उदासीन बनता गया। ग्राम सभा, ग्राम पंचायत, पंचायत समिति तथा जिला परिषद् को शासन का अंग बनाया गया। जिससे राज्य इनके प्रति उदासीन होता गया। परिणाम यह हुआ कि निर्णय शक्ति या तो प्रशासन के हाथ में रही या राज्यों के हाथ जो पंचायतों तक पहुँची ही नहीं।

कुछ राज्यों में कई वर्षों तक चुनाव नहीं करवाये गये, इसका मुख्य कारण वित्तीय संसाधनों की कमी थी। जिससे पंचायती राज व्यवस्था निष्क्रीय हो गई। इन संस्थाओं में समाज के आर्थिक व सामाजिक दबदबे वाले व्यक्ति ही हावी रहे जिनके कारण कमजोर वर्ग के लोगों तक लाभ पहुँच ही नहीं पाया। समाज के पिछड़े वर्ग तथा महिलाओं के अधिकार सुरक्षित नहीं हो पाए। वे ग्रामीण विकास तथा सामाजिक सम्मेलनों की प्रक्रिया से लगातार दूर रहे। लोगों के मूलभूत अधिकारों की कई बार उपेक्षा होती थी तथा कई बार केन्द्र विरोधी प्रक्रिया का उपयोग होता था।

पंचायती राज को संवैधानिक प्रावधानों के अभाव में निम्नलिखित समस्याओं का सामना करना पड़ा।

1. **जन आकांक्षाओं की पूर्ति करने में असमर्थ** – पंचायती राज संस्थाएँ न तो लोकप्रियता अर्जित कर पाई और न ही जनता में अपना स्थान बना पाई। पंचायती चुनावों ने गाँवों में दलबन्दी व गुटबन्दी को ही प्रश्रय दिया। ग्रामीण जनता न तो अपने गाँव के विकास के प्रति सजग हुई और न ही अपने अधिकारों के प्रति जागरूक, ग्रामीणों को पंचायतीराज के प्रति निराशा ही हाथ लगी। वर्षो तक पंचायतों के चुनाव बन्द रहे जिसके कारण पंचायती राज व्यवस्था विस्मृत प्राय: हो गई।

2. **जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के मध्य मतभेद** – पंचायतीराज संस्थाओं के जिला परिषद तथा पंचायत समिति स्तर पर जन प्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के बीच परस्पर मतभेदों से यह संस्था दूषित हुई। इसका मुख्य कारण दोनों का पारस्परिक हस्तक्षेप है। जनप्रतिनिधि प्रशासनिक कार्यों में अपनी मनमानी करते हैं तो अधिकारीगण विकास के कार्यो का श्रेय लेना चाहते हैं। अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों का नियंत्रण बर्दाश्त नहीं तो वहीं जनप्रतिनिधि विकास कार्यो सम्बन्धी सभी निर्णयों में अपनी दृष्टि बनाऐ रखना चाहते हैं उनकी यह भी आकांक्षा होती है कि सभी कार्य उनके प्रभाव के विस्तार हेतु हो। यह स्थिति उन्हें अधिकारियों से दूर ले जाती है।

3. **संवैधानिक मान्यता का अभाव** – पंचायतीराज संस्थाओं की संवैधानिक मान्यता को लेकर सर्वाधिक बहस होती रही है। संविधान के संस्थापकों द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को भाग प्ट के अनुच्छेद 40 के अधीन राज्य के नीति निर्देशक सिद्धान्तों की संक्षिप्त भूमिका सौंपी गई थी, जिसने पंचायती राज के मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। राज्य सरकार अपने अधिकारों को कम करना नहीं चाहती थी। सत्ता में पंचायतों को भागीदार बनाना राज्य सरकार को मंजूर न था। राज्य सरकार स्वेच्छा से अपने अधिकारों में कमी नहीं चाहती थी। सरकार की यही सबसे बड़ी भूल थी। गाँधीजी को जहाँ राष्ट्रपिता का दर्जा दिया गया वहीं उनके पंचायतीराज और ग्राम स्वराज सम्बन्धी विचारों का इस प्रकार अनादर आश्चर्य जनक है।

भारत जैसे देश में जहाँ 80 प्रतिशत जनसंख्या निरक्षर है, राज्य स्तर पर क्या नीतियाँ बनाई जा रहीं हैं। इससे जनसाधारण को कोई मतलब नहीं होता। उनका तो सीधा सम्बन्ध व्यावहारिक नीतियों तथा उसे क्रियान्वित करने से है। इस दायित्व को निभाने में राज्य सरकार ने बहुत समय लगाया जिससे ये संस्थाएँ जागरूक नहीं हो पाई।

यह कहना गलत नहीं होगा कि जिन राज्य सरकारों ने पंचायतीराज संस्थाओं को गठित करने में तत्परता दिखाई थी। वह राज्य सरकारें पंचायती राज के प्रति उदासीन हो गई तथा कोई विशेष प्रयास नहीं कर पाई। इस कारण उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, बिहार तथा कई राज्यों में पंचायत राज अस्तित्व में होते हुए भी प्रभावहीन ही रहा। संक्षिप्त रूप में एक सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को अपने प्रभाव का विस्तार करने तथा उनके प्रभाव को सीमित करने का साधन बनाया।

संविधान सभा में पंचायती राज पर बहस करते हुए एक संविधान सभा सदस्य श्री सुरेन्द्र घोष ने कहा कि 'पंचायतीराज के बिना सम्पूर्ण संविधान निरर्थक हो जाता है।' अनन्त शयनम ने कहा कि 'ग्राम पंचायतों को आर्थिक सत्ता भी दी जाय, इसके बिना राजनैतिक सत्ता बेकार है।'[6]

संविधान में तीसरी सरकार के रूप में मान्यता नहीं होने से तथा राज्यों पर इसकी व्यवस्था छोड़ने से हुई भूल के कारण ग्राम पंचायत लोकतांत्रिक गणराज्य की आधारभूत इकाई नहीं बन पाई। केन्द्र तथा राज्य सरकार के समान जिला, खण्ड तथा ग्राम सरकार का स्वरूप उभर कर सामने नहीं आ सका। संविधान निर्माता ग्राम शासन व्यवस्था को संविधान में वही वैधानिक स्थान प्रदान करते जो लोकसभा तथा विधानसभाओं को दिया गया है तो ग्राम स्वराज की स्थिति आज बहुत सुदृढ़ होती।

पंचायत राज व्यवस्था के विकास क्रम को ध्यान पूर्वक देखा जाऐ तो एक बात स्पष्ट रूप से उभर कर आती है कि लम्बे समय तक ये अव्यवस्थाएँ राज्यों की अपनी राजनीतिक आवश्यकताओं से प्रभावित रही हैं। राज्य सरकारों की अनिवार्यता ने इनके कार्यो शक्तियों के उचित निर्णय पर लगातार बाधाएँ उत्पन्न की है। विभिन्न राज्यों में राजनैतिक संतुलन ने इसके स्वरूप को गहरा प्रभावित किया है। जिसका परिणाम यह हुआ कि यह महत्वपूर्ण प्रयोग प्रभावी स्वरूप ग्रहण नहीं कर पाया।

4. **चुनावी प्रक्रिया** – संवैधानिक संशोधनों से पूर्व पंचायती राज की विफलता का मुख्य कारण चुनावों का समय पर न होना, उन्हें बार बार भंग करना अथवा स्थगित करना रहा। चुनाव प्रक्रिया में राज्य सरकारों ने कहीं तो बड़े वार्ड बना दिये तो कहीं उम्मीद से भी छोटे, कई गाँवो में मतदाताओं को दूसरे गाँवो के साथ मिलाकर वार्ड में विभाजित कर दिया। इसके अतिरिक्त पिछड़े वर्ग तथा महिलाओं के वार्ड को लॉटरी सिस्टम से किया गया। चुनाव के समय पंचायत समिति तथा जिला परिषद के उम्मीदवारों के वोटों को एक साथ दे दिये जाने के कारण अशिक्षित लोगों को यह कठिनाई हुई कि कौन सा वोट किस पेटी में डाला जाए। प्रधानों तथा प्रमुखों के चुनाव स्थानीय कलेक्टरों द्वारा करवाये गये।

इन समस्याओं के कारण यह व्यवस्था निर्जीव अवस्था में पहुँच गई। अत: राजीव गाँधी के शासन काल में 64 वें संविधान संशोधन विधेयक द्वारा इन समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया गया।

64 वाँ संविधान संशोधन विधेयक – सन् 1984 में चुनावों के पश्चात् प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने दूर-दराज के क्षेत्रों के दौरे किये तथा स्वयं इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि जनता की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए

पंचायतीराज संस्थाओं की आवश्यकता है। जब तक ग्रामवासी विकास कार्यों में सीधे सम्मिलित नहीं होंगे तब तक निर्धनता उन्मूलन असम्भव है तथा विकास के लिए खर्च की जा रही राशि का 15 से 20 प्रतिशत ही ग्रामीण जनता तक पहुँच पाती है। राजीव गाँधी ने यह नारा दिया **'जन की सत्ता सौंपो जन को'** ।

संविधान के 64 वें संशोधन की प्रक्रिया इस ओर उठाया गया एक कदम था। ग्राम पंचायतों को वित्तीय व्यवस्था सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार परक योजनाएँ चलाने तथा पंचायतों के नियमित चुनाव कराने, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने, पंचायतों के खोए हुए अस्तित्व को पुन: स्थापित करने, आर्थिक संसाधनों के विभाजन की निश्चित व्यवस्था के लिए वित्तीय आयोग के गठन जैसे अनेक क्रान्तिकारी प्रस्ताव इस संशोधन में रखे गये।[8]

राजीव गाँधी ने उक्त अवसर पर कहा था कि 'भारत में लोकतंत्र के विकास के इतिहास में जो एक घटना सबसे महत्वपूर्ण है वह है संविधान का निर्माण, संविधान ने संसद और राज्य विधान सभाओं में लोकतंत्र को प्रतिष्ठित किया है। यह ऐतिहासिक और क्रान्तिकारी विधेयक (पंचायतीराज विधेयक) भी उतना ही महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके जरिये समाज के निम्नतम स्तर पर लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था को संविधान में स्थान दिलाया गया है।'

15 मई, 1989 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गाँधी द्वारा पंचायतों के सन्दर्भ में 64वाँ संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा के पटल पर रखा गया। अनुच्छेद 243 के अन्तर्गत नवें हिस्से के रूप में जोड़े जाने के लिए प्रस्तावित इस विधेयक में स्थानीय स्वशासन की इकाईयों के रूप में पंचायतीराज संस्थाओं को ज्यादा उपयोगी, क्रियाशील एवं विचारोन्मुखी बनाने हेतु, संगठन, निर्वाचन प्रक्रिया, वित्त व्यवस्था एवं कार्यक्षेत्र सम्बन्धी प्रस्ताव रखे गये थे। विधेयक राज्य सभा में पारित नहीं हो सका। परन्तु पंचायती राज के विकास क्रम में इस विधेयक का अपना एक स्थान है।[9]

इस विधेयक को प्रस्तुत करते हुए राजीव गाँधी ने कहा था कि 'यह विधेयक अस्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि देश के बहुत से भागों में हम उम्मीदों को पूरा करने में असफल रहे हैं, जो 30 वर्ष पहले पंचायतीराज व्यवस्था से जुड़ी थीं।'[10]

पिछले दो-तीन दशकों में पंचायती राज को संवैधानिक मान्यता दिये जाने के लिए अनेक स्तरों पर आवाज उठाई गई थी परन्तु यह कार्य सम्भव नहीं हुआ। 64वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में इस दिशा में यह प्रयास ऐसा था जिसने आगामी वर्षों में दिक सूचक का कार्य किया। कई राजनीतिविदों का विचार है कि 64 वाँ संशोधन विधेयक चूँकि लोकसभा के चुनावों से कुछ समय पूर्व प्रस्तुत किया गया था और जैसा कि अपेक्षित था, वह राजनैतिक श्रेय - विवाद में फंसकर रह गया।

संविधान के अनुच्छेद 40 नीति निर्देशक तत्वों में निहित भावना को मूर्त रूप प्रदान करने हेतु प्रस्तुत इस विधेयक के प्रमुख प्रस्ताव इस प्रकार थे।

1. **संरचना 243 (ए) तथा (बी)**

- प्रत्येक राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था होगी जिसके अनुसार ग्राम स्तर, मध्य स्तर तथा जिला स्तर पर निर्वाचित प्रतिनिधियों से इन संस्थाओं का गठन किया जायेगा। जिन राज्यों की जनसंख्या 20 लाख से कम है वहाँ मध्य स्तर का गठन आवश्यक नहीं होगा।
- ग्राम पंचायत के सभी पदों को प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरा जायेगा। सदस्यों के निर्वाचन हेतु ग्राम पंचायत क्षेत्र को उपयुक्त संख्या में वार्डों में विभाजित किया जा सकता है।
- राज्य की विधानसभा उपयुक्त कानूनी व्यवस्था बनायेगी ताकि ग्राम पंचायतों के अध्यक्ष, मध्यस्तरीय पंचायत (पंचायत समिति) में एवं मध्यस्त पंचायत के अध्यक्ष, जिला स्तरीय पंचायत में प्रतिनिधित्व कर सकें।
- ग्राम पंचायत के अतिरिक्त अन्य स्तरों पर (ब्लॉक पंचायत एवं जिला परिषद में) सम्बन्धित विधायक एवं सांसद सदस्य हो सकेंगे परन्तु उन्हें मत देने का अधिकार नहीं होगा।
- पंचायत की बैठक में प्रत्यक्ष विधि से निर्वाचित सदस्यों एवं अध्यक्ष को ही मतदान का अधिकार होगा।
- ग्राम पंचायत के अध्यक्ष की चुनाव विधि (प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष) राज्य सरकार तय करेगी मध्यस्तरीय पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव, उनके सदस्य अपने आप में से करेंगे।
- जहाँ पंचायत के अध्यक्ष का निर्वाचन सदस्यों द्वारा अपने आप में से किया गया है उस अध्यक्ष को अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटाने के लिए आवश्यक होगा कि कुल सदस्य संख्या के आधे से अधिक एवं मतदान के समय उपस्थित दो तिहाई सदस्य मत का समर्थन करें।

2. **आरक्षण 243 (सी)**

- अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए पंचायतों में उनकी कुल जनसंख्या के अनुपात में ही पद आरक्षित होंगे। अगर इन वर्गों की संख्या अपर्याप्त है तो भी एक-एक पद अवश्य आरक्षित होगा।
- अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए आरक्षित कुल स्थानों का 30 प्रतिशत भाग इन्हीं वर्गों की महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। अगर आरक्षित पद दो हैं तो उनमें से एक पद महिलाओं के लिए होगा।
- राज्य सरकार चाहे तो अनुसूचित जाति, जनजाति एवं महिलाओं के लिए पंचायतों के अध्यक्षों के कुछ प्रतिशत पद आरक्षित कर सकती हैं।
- सभी पंचायतों में प्रत्यक्ष निर्वाचन विधि से भरने वाले पदों के 30 प्रतिशत पद महिलाओं (अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित पदों को शामिल करते हुए) के लिए आरक्षित होंगे।

3. **अवधि 243(डी)**

- प्रत्येक पंचायत अगर वह कानून के अन्तर्गत भंग नहीं है तो पाँच वर्ष की अवधि पूरी करेगी।
- अगर किसी कारण कोई पंचायत मध्यावधि में भंग की जाती है तो 6 माह के भीतर उसका पुनर्गठन करना आवश्यक होगा।
- अगर किसी पंचायत का गठन मध्यावधि में भंग होने के फलस्वरूप हुआ है तो उसकी अवधि केवल शेष समय के लिए होगी।

4. **कार्यशक्तियाँ एवं दायित्व 243 (ई)**

- राज्य विधानसभा पंचायतों को शक्तियाँ, सत्ता एवं दायित्व सौंपते हुए ऐसे विधेयक पारित करेगी जो इन संस्थाओं को स्थानीय शासन की इकाई बनने हेतु सक्षम होने के लिए आधार प्रस्तुत करें।
- आर्थिक विकास एवं सामाजिक न्याय सम्बन्धी योजनाओं के क्रियान्वयन में पंचायतीराज संस्थाओं को सक्षम बनाया जाये।

5. **पंचायतों के वित्त स्त्रोत 243 (एफ)**

- राज्य सरकार पंचायतों को निर्धारित मदों पर करारोपण एवं वसूली की शक्तियाँ प्रदान करेगी।

- अगर इन करों, शुल्कों तथा अधिभार की वसूली, राज्य सरकार द्वारा की जाती है तो उसे पंचायतों को दे दिया जायेगा।
- राज्य सरकार पंचायतों को तदर्थ अनुदान की व्यवस्था करेगी।

6. वित्त आयोग का गठन 243 (जी)

- इस विधेयक के पारित होने के दो वर्ष की अवधि में राज्य सरकार यथा सम्भव शीघ्र एक वित्त आयोग का गठन करेगी। प्रति पाँच वर्ष बाद आयोग का नवीनिकरण किया जायेगा।
- वित्त आयोग राज्यपाल को पंचायतों के करारोपण मदों, राज्य तथा पंचायतों (जिलों) के बीच राशि आवंटन के मानदंडों तथा राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को दिये जाने वाले तदर्थ अनुदान के बारे में सुझाव देगा।
- वित्त आयोग की सिफारिशों को राज्यपाल विधानसभा में पारित करने हेतु, रखने की व्यवस्था करेगा।

7. पंचायतों का लेखा व अंकेक्षण 243 (एच)

- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से सलाह कर राज्यपाल पंचायतों के लिए लेखा एवं अंकेक्षण की विधि निर्धारित करेगा। तद्नुसार इन संस्थाओं में लेखा एवं अंकेक्षण की प्रक्रिया रहेगी।[11]

8. निर्वाचन 243 (आई) एवं (जे)

- पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों एवं मतदाता सूचियों की देखरेख, मार्गदर्शन एवं नियंत्रण सम्बन्धी सभी शक्तियाँ भारत के चुनाव आयोग में निहित होंगी। निसंदेह, निवार्चन के बारे में सभी प्रकार के कानून एवं नियम राज्य स्तर पर बनाये जायेंगे।

9. क्षेत्राधिकारी 243 (एल)

- यह अधिनियम नागालैण्ड, मेघालय एवं मिजोरम राज्य, अनुच्छेद 244 के भाग दो में अंकित जनजाति क्षेत्रों, मणिपुर के पहाड़ी भागों एवं पश्चिमी बंगाल के दार्जलिंग क्षेत्र जहां डिस्ट्रिक्ट काउंसिलें पहले से ही कार्यरत है, पर लागू नहीं होगा।

72 वाँ संविधान संशोधन विधेयक - 1991 - 16 सितम्बर, 1991 को पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार द्वारा 72 वाँ संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता प्रदान किये जाने हेतु प्रस्तुत यह विधेयक वस्तुत: 64 वें विधेयक की ही संशोधित प्रति थी। इसमें वे सभी बिन्दु सम्मिलित किये गये जो 64 वें विधेयक में थे। मुख्य अंतर ढांचागत संरचना का था। 64 वें विधेयक में तीनों स्तरों पर पंचायती राज संस्थाओं का गठन आवश्यक था। जबकि 72 वें संशोधन विधेयक में केवल ग्राम स्तर की ही बाध्यता थी। मध्य स्तर एवं जिला स्तर पर पंचायतीराज संस्थाओं के गठन के बिन्दु को राज्य सरकारों की इच्छा पर छोड़ दिया गया। 64 वें विधेयक की तरह 72 वें विधेयक को भी अनुच्छेद 243 के अन्तर्गत नवें हिस्से के रूप में जोड़े जाने के लिए प्रस्तुत किया गया। इस विधेयक के मुख्य प्रावधान इस प्रकार थे।

- अनुच्छेद 243(ए) में प्रावधान है कि ग्राम पंचायत, ग्राम सभा के प्रति उसी प्रकार उत्तरदायी होगी जैसे कि राज्य सरकार विधानसभा के प्रति होती है। ग्राम के सभी मतदाता ग्राम सभा के सदस्य होंगे।
- अनुच्छेद 243 (बी) के अनुसार ग्राम पंचायत का गठन आवश्यक है। मध्य स्तर पर पंचायत समिति एवं जिला स्तर पर जिला परिषद हो, दोनों में से एक हो या दोनों यह राज्य की विधानसभा के निर्णय पर निर्भर करेगा।
- अनुच्छेद 243 (सी) में ग्राम पंचायत एवं मध्यस्तरीय संस्था (अगर गठित होती है) की सदस्यता हेतु प्रत्यक्ष निर्वाचन का प्रावधान है जबकि जिला परिषद के गठन की विधि राज्य सरकारों पर छोड़ी गई है। इसी तरह ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति के अध्यक्षों के चुनाव का प्रावधान प्रत्यक्ष निर्वाचन विधि से रखा गया है। जबकि जिला परिषद के अध्यक्ष की निर्वाचन विधि तय करने का कार्य राज्य सरकारों पर छोड़ा गया है।
- अनुच्छेद 243(डी) में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में पंचायतों (सभी स्तरों पर) के कुछ वार्ड् आरक्षित करने का प्रावधान है जो क्रमश: बदलते रहेंगे। इन आरक्षित स्थानों में से एक तिहाई स्थानों पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाऐं ही चुनी जा सकेंगी। प्रत्येक पंचायत के एक तिहाई वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। इनमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षित स्थान भी शामिल हैं।
- यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य की समस्त पंचायतों के एक तिहाई पदों पर महिलाऐं ही आसीन होंगी।
- कुछ अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों के लिए भी आरक्षित करने का प्रावधान है।
- जहाँ तक पिछड़ी जातियों के लिए ग्राम पंचायतों की सदस्यता या अध्यक्षता हेतु आरक्षण का प्रश्न है, इसका निर्णय 243 (डी) (6) में राज्य सरकारों पर छोड़ा गया है।
- अनुच्छेद (ई) में पंचायती राज संस्थाओं की अवधि 5 वर्ष की रखी गई है। किसी कारण से अगर कोई ग्राम पंचायत मध्यावधि में भंग की जाती है तो अगले 6 माह की अवधि के भीतर उसका पुनर्गठन वांछनीय है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव नियमित एवं निष्पक्ष हों यह दायित्व राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी का होगा।
- अनुच्छेद 243 (एफ) में पंचायती राज संस्थाओं की सदस्यता हेतु अयोग्यताऐं दी गई हैं।
- अनुच्छेद 243 (जी) में राज्य की विधानसभाओं को यह अधिकार दिया गया है कि वे पंचायतों के अधिकार कर्त्तव्य तथा प्रशासनिक एवं वित्तीय व्यवस्था सम्बन्धी ऐसे नियम बनायें कि ये संस्थायें लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को यथार्थ रूप में चरितार्थ करते हुए जन आकांक्षाओं के अनुरूप प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। अनुच्छेद 243 (जी) के अन्तर्गत जोड़े गये 11 वें शेड्यूल में स्थानीय महत्व के 29 विषय कृषि, सिचाई, पशुपालन, मत्स्य विकास, वन, ग्रामीण सड़के, विद्युत, शिक्षा, परिवार कल्याण आदि रखे गये हैं जो वस्तुत: 64 वें विधेयक की पुनरावृत्ति ही है। इन विषयों से सम्बन्धित समस्त विकास कार्य योजना से लेकर क्रियान्वयन तक पंचायती राज संस्थाओं के अधिकार क्षेत्र में होंगे।
- अनुच्छेद 243 (एच) में राज्य की विधानसभा को यह अधिकार दिया गया कि वह पंचायती राज संस्थाओं को करारोपण एवं वसूली के लिए अधिकृत करें। इसी अनुच्छेद में राज्य सरकार के कोष से पंचायतों को दिये जाने वाले अनुदानों की व्यवस्था का भी प्रावधान है।
- अनुच्छेद 243(आई) में प्रावधान है कि 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम के पारित होने से एक वर्ष की अवधि के भीतर राज्यपाल राज्य वित्त आयोग का गठन करेगा। बाद में हर पांचवे साल नये वित्त आयोग का गठन किया जायेगा।
- अनुच्छेद 243(जे) में पंचायती राज संस्थाओं के लेखा एवं अंकेक्षण

की व्यवस्था है।

- अनुच्छेद 243 (के) में राज्य निर्वाचन आयोग के गठन का प्रावधान है जो मतदाता सूची तैयार कराने से लेकर निर्धारित अवधि में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव कराने के लिए उत्तरदायी होगा।
- अनुच्छेद 243 (एल) में अंकित है कि ये प्रावधान संघीय क्षेत्रों पर भी उसी तरह लागू होंगे। इस संदर्भ में राज्यपाल के दायित्वों का निर्वाह संघीय क्षेत्र के प्रशासक करेंगे।
- अनुच्छेद 243 (एम) में दिया गया है कि 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम के प्रावधान नागालैंड, मिजोरम मेघालय मणिपुर के पहाड़ी जिलों तथा पश्चिम बंगाल के दार्जीलिंग जिले पर लागू नहीं होंगे।
- अनुच्छेद 243 (एन) में प्रावधान किया गया है कि इस अधिनियम के लागू होने तक राज्यों में पूर्व से गठित चली आ रही पंचायतें वैध होंगी।
- अनुच्छेद 243 (ओ) में यह व्यवस्था दी गई है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा परिसीमित चुनाव क्षेत्रों की वैधता को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

73 वाँ संविधान संशोधन – 1992 –लोकसभा ने 72 वें संविधान संशोधन विधेयक की समीक्षा हेतु संसद सदस्यों की एक संयुक्त प्रवर समिति का गठन किया। सांसद नाथूराम मिर्धा की अध्यक्षता में गठित इस समिति में राज्यों एवं दलों के प्रतिनिधि संसद सदस्य थे। समिति ने उपयोगिता एवं व्यवहारिकता की पृष्ठभूमि में विधेयक के विविध प्रावधानों का अध्ययन कर संसद के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसे 22 दिसम्बर, 1992 को लोकसभा एवं अगले दिन राज्य सभा में 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के रूप में पारित कर दिया गया। 17 राज्यों से अनुमोदन होने के पश्चात् 24 अप्रैल, 1993 से अधिनियम को सारे देश में लागू कर दिया गया।12 समिति के सुझावों के आधार पर विधेयक को पारित करते समय प्रारूप में कुछ संशोधन किये गये जिनके मुख्य बिन्दु निम्न लिखित हैं :–

- अनुच्छेद 243 (बी) के अन्तर्गत तीनों स्तरों ग्राम, पंचायत समिति एवं जिला स्तर पर पंचायतों के गठन का प्रावधान रखा गया है जिन राज्यों की जनसंख्या 20 लाख से कम है वहाँ पंचायत समिति आवश्यक नहीं है।
- ग्राम पंचायत की तरह मध्य स्तर एवं जिला स्तर पर भी सदस्यता हेतु सीधे निर्वाचन का भी प्रावधान किया गया।
- अनुच्छेद 243 (सी) के अनुसार ग्राम पंचायत के अध्यक्ष मध्य स्तरीय पंचायत (ब्लॉक एवं पंचायत समिति) में अपनी पंचायत का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिन राज्यों में मध्य स्तर का प्रावधान नहीं होगा, यह प्रतिनिधित्व जिला स्तर पर होगा। इसी तरह मध्य स्तरीय पंचायत के अध्यक्ष जिला परिषदों के सदस्य होंगे। लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा एवं विधान परिषद के सदस्य जिला परिषद एवं ब्लॉक पंचायत के सदस्य होंगे बशर्ते कि वे उस क्षेत्र का पूर्णत: या आंशिक रूप से प्रतिनिधित्व करते हों।
- ग्राम पंचायत के अध्यक्ष के निर्वाचन की विधि राज्य सरकार तय करेगी जबकि ब्लॉक, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के अध्यक्ष का चयन निर्वाचित सदस्यगण अपने आप में से करेंगे।
- ग्राम पंचायत एवं अन्य स्तरों पर भी अध्यक्ष के कुछ पद अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा महिलाओं के लिए आरक्षित किये जा सकते हैं। आरक्षण की विधि राज्य सरकार द्वारा तय की जायेगी। ग्राम पंचायतों के अध्यक्षों के एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।
- अनुच्छेद 243 (जी) में ग्राम पंचायतों को नियमान्तर्गत इतना सक्षम बनाने की व्यवस्था की गई है कि वे आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु योजना बना सकें। तभी ये संस्थायें एक प्रभावी स्थानीय स्वशासन की इकाई बन पायेंगी।
- अनुच्छेद 243 (जी) में ग्राम पंचायतों के कार्यक्षेत्र को सुस्पष्ट करने हेतु संविधान में एक नई अनुसूची जोड़ी गई जिसमें पंचायती राज संस्थाओं द्वारा विकास योजनायें बनाने तथा उन्हें क्रियान्वित करने हेतु 29 विषय दिये गए।कृषि एवं कृषि विस्तार, भूमि सुधार, चकबंदी एवं भू – संरक्षण, लघु सिचाई, जल व्यवस्था, जल नियंत्रण पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय एवं मुर्गी पालन मत्स्य व्यवसाय, सामाजिक वानिकी लघु वन उपज लघु उद्योगखादी ग्रामद्योग एवं कुटीर उद्योग ग्रामीण आवास योजनाऐं, पीने का पानी ईधन एवं चारागाह स्थानीय सड़कें, पुलिया, नदियों के पुल, स्थानीय जलमार्ग एवं अन्य संदेश वाहन के साधन, स्थानीय सड़कें, पुलिया, नदियों के पुल, स्थानीय जलमार्ग एवं अन्य संदेश वाहन स्थानीय सड़कें।

11 वीं अनुसूची – अनुच्छेद 243 (जी) – 73 वाँ संशोधन पंचायती राज की स्थापना और सत्ता के विकेन्द्रीकरण का अचूक समाधान है। इस विधेयक के अनन्य अनुच्छेदों पर दृष्टि डालने पर यह प्रतीत होता है कि यह भारत के प्रजातांत्रिक इतिहास में क्रान्तिकारी कदम है। इस विधेयक को लाने में पहल करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने कहा था कि 'हमारा जन समुदाय की क्षमता में विश्वास है। देश की जनता को अपना भाग्य निर्धारित करने का अधिकार होना चाहिए। इनमें अधिक से अधिक जनतंत्र और सत्ता का अधिकाधिक विकेन्द्रीकरण होना चाहिए।'[13]

इस अधिनियम के प्रभाव में आते ही भारत विश्व का एकमात्र ऐसा लोकतांत्रिक देश बन गया जहाँ स्थानीय सरकार को संवैधानिक दर्जा दिया गया है। इस व्यवस्था से हमें बहुत दूरगामी परिणाम देखने को मिले और भविष्य में मिलेंगे। 'पंचायतीराज संस्थाओं के परिणाम इतने दूरगामी हैं कि जिन्होंने इसके कानून बनाये हैं उन्होंने भी इसकी आशा नहीं की होगी।'[14]

इस संशोधन ने पंचायतीराज व्यवस्था की संरचना में निम्न से निम्न व्यक्ति को भी ग्राम सभा के माध्यम से सम्मिलित तथा सक्रिय करने का प्रयास किया है। 11वीं अनुसूची में दिये गये विषय पंचायतों के अधिकार क्षेत्र के विषयों को स्पष्ट करते हैं। अनुसूचित जाति, जनजाति तथा महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान भी ग्रामों के वंचित तबके को नीति निर्माण में सक्रिय करने का प्रसंशनीय प्रयास हैं। पंचायतीराज में महिला आरक्षण के औचित्य तथा महिला सशक्तिकरण में पंचायतीराज की भूमिका पर हम आगे के अध्यायों में विस्तार से चर्चा करेंगे।

विगत 50 वर्षों में पंचायतीराज को प्रभावी रूप से केवल 73 वें संशोधन के माध्यम से ही संरक्षण मिला यह निर्विवादित तथ्य है। परन्तु यह संरक्षण केवल एक पहलू संरचनात्मक ढांचे के स्थायित्व को ही सुनिश्चित करता है। या 11 वीं अनुसूची में वे कार्य क्षेत्र दिये गये हैं जिनमें से जिला योजना के लिए प्रस्ताव बनने हैं। किन्तु मुख्य मुद्दा, जिला योजनाओं के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधनों का है। इसके लिए अभी भी राज्य सरकार पर निर्भरता बनी हुई है। पंचायतीराज संस्थाओं की शक्तियों, अधिकारों एवं दायित्वों के सन्दर्भ में 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम के अनुच्छेद 243 (जी) में पूरे अधिकार राज्यों की विधानसभाओं को दिये गये हैं। यह अपेक्षा की गई है कि विधानसभा इन संस्थाओं को नियम बना कर इतनी शक्तियाँ और

अधिकार प्रदान करेगी कि वे प्रभावी ढंग से स्वशासी निकाय के रूप में कार्य कर सके। यह बात आसानी से समझी जा सकती है कि क्षेत्रीय प्रतिद्वंदिता के कारण वैसे ही विधायकों का पंचायती राज के सुदृढ़ीकरण के प्रश्न पर ठण्डा रूख रहता है। अत: उनसे ऐसी अपेक्षा करना कुछ ज्यादा ही होगा। प्रश्न व्यक्तियों का नहीं स्थितियों का है। यह तो मात्र भूमिका निर्वाह है। आज का जिला पंचायत प्रमुख कल जब विधायक और मंत्री बन जाता है तो उसका भी वैसा ही रूख हो जाता है जैसा कि विधान सभा के अन्य सदस्यों का। इसके विपरीत कल का विधायक आज जब पंचायत समिति प्रधान या जिला प्रमुख बन जाता है तो वह इन संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण की बात करने लगता है। इस स्थिति से उबरने का केवल एक ही उपाय है कि इन बिन्दुओं पेर जो कि पंचायतीराज संस्थाओं की शक्तियों, अधिकारों और दायित्वों से सम्बन्धित हैं, पर संविधान में स्पष्ट निर्देश हों। निस्संदेह इसके लिए संविधान में एक और संशोधन करना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. निरंजन मिश्र : भारत में पंचायती राज पृष्ठ-15 परिबोध, जयपुर - 2006
2. महात्मा गाँधी द्वारा 'हरिजन' समाचार पत्र में प्रकाशित लेख दिनांक 21.02.1947
3. राजस्थान पंचायतीराज क्षमता विकास अभियान - 2010 पंचायतीराज प्रशिक्षण संदर्भ सामग्री पृष्ठ - 10
4. दुर्गा दास बसु : इन्ट्रोडक्शन टू द कॉन्सटीट्यूशन ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली-1976
5. राजकुमारी सुराणा : भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और नव पंचायतीराज पृ. 72 राज पब्लिशिंग हाऊस-2000
6. लक्खी प्रसाद भूषण : पंचायती राज प्रणाली सत्ता का विकेन्द्रीकरण योजना मई 1995 पृ. 27 नई दिल्ली
7. रामेश्वर ठाकुर : 'राजीव, गांधी और पंचायतीराज' कुरूक्षेत्र मई 1993, पृष्ठ 6
8. राजकुमारी सुराणा : 'भारत में लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण और नव पंचायतीराज', पृष्ठ 77
9. निरंजन मिश्र : भारत में पंचायतीराज, पृष्ठ 45
10. बद्री विशाल त्रिपाठी : पंचायती राज अतीत वर्तमान अप्रैल, 1995 पृष्ठ 25 कुरूक्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र व रोजगार मंत्रालय, प्रकाशन विभाग पटियाला हाऊस, दिल्ली
11. सुभाष सत्य : ग्राम स्वराज, दिवान पब्लिकेशन, कुरूक्षेत्र मार्च 1993 पृष्ठ 7 - नई दिल्ली
12. निरंजन मिश्र : परिदृश्य चार दशकों के उतार चढ़ाव का 'राजस्थान पत्रिका', 7 अप्रैल, 1996 पृष्ठ 3 जयपुर
13. एल.सी. जैन: 'पंचायती राज व्यवस्था : पांच लाख गाँवों में नई व्यवस्था कुरुक्षेत्र' - 1993 पृष्ठ संख्या 20
14. रजनी रंजन झा: पंचायतीराज रूरल डवलपमेंट 1998 पृ. 70 दिल्ली

****

सिन्धु कला का अनुपम प्रतीक- मोहरें एवं मुद्राएं

डॉ. सुनीता मीना *

शोध सारांश – सिन्धु कला का सर्वोत्तम प्रतीक उनकी सुन्दर कटावदार मोहरें हैं जिन पर बलिष्ठ पशुओं की आकृतियां एवं चित्रलिपि के अक्षर हैं– इनका सौंदर्य किसी प्रतिभाशाली जाति की मौलिक रचना-शक्ति के प्रकाश से आलोकित है। अब तक बारह सौ से अधिक मोहरें सिंधु सभ्यता के नगरों के उत्खनन से प्राप्त हुई हैं।सिंधु सभ्यता की ये मुहरें समकालीन कला के सुरक्षित अवशेषों का सबसे प्रभावशाली अंश हैं। यद्यपि इन मुहरों के निर्माण में एक जैसी सावधानी और कलात्मकता नहीं दिखती तथापि मुहरों के कुछ सुन्दर उदाहरण विश्व की महान कलाकृतियों में अपना स्थान रखते हैं। कनिंघम ने सर्वप्रथम हड़प्पा से प्राप्त एक मोहर 1885 में प्रकाशित की थी किन्तु मुद्राओं की लिपि अभी तक पढ़ी नहीं गई है। यह ज्ञातव्य है कि सिंधुघाटी सभ्यता से प्राप्त मुद्राओं का लिपि साम्य उन मुहरों से नहीं है जो सुमेर एवं पश्चिमी एशिया में मिली है। मुद्राओं के काटने और उन पर श्वेत रंग का घोटा चढ़ाने की प्रक्रिया का आविष्कार केवल सिन्धुघाटी में हुआ।

शब्द कुंजी – दुर्ग-विधान, महापथ,बिथिकाएँ, मृद भांड,स्वर्णकारी, मणिकारी, शैलखड़ी,एकश्रृंग, रूद्र शिव, महावृषभ, मेषाकृति।

प्रस्तावना – भारतीय कला, भारतीय धर्म दर्शन, विचारधारा एवं संस्कृति का दर्पण है। यहाँ के निवासियों की विचारधारा, रहन-सहन, वेश-भूषा, धार्मिक आस्था और भी अनगिनत दैनिक क्रियाकलाप व घटनाएं पीढ़ी दर पीढ़ी कला के रूप में सुरक्षित व संरक्षित होती रही है। भारतीय कला देश और काल की सीमाओं से स्वतंत्र निर्बाध गति से पुष्पित और पल्लवित होती रही है। इसका प्रारम्भ सही मायने मे सर्वप्रथम सिन्धु सरस्वती नदी घाटी में, तृतीय सहस्राब्दि ई.पू. से होता है। कला के पुष्प दल एक समय जन्म लेकर फूलते फलते और वृद्धि को प्राप्त होते है। जल-तरंगों की भाँति वे अपना वेग दूसरे युग की प्रेरणाओं को सौप कर विलीन हो जाते है। ऐसी ही प्रेरणा सिन्धु घाटी की कला ने भारत की परवर्ती कला को प्रदान की। सिन्धुघाटी कला के अवशेष हमें इस सभ्यता के महत्त्वपूर्ण नगरों यथा हड़प्पा, मोहनजोदड़ों, लोथल और कालीबंगा इत्यादि से प्राप्त हुए हैं। यहॉ के निवासी नगर-नियोजन, दुर्ग-विधान, महापथ, पथ एवं बिथिकाएँ तथा गृह निर्माण की कला में प्रवीण थे। उनके घरों में स्नान गृह, पाठशाला कुएँ तथा जल निकासी की सुविहित नालियॉ निर्मित थी ये सब जनता के उच्च बुद्धी कौशल एवं स्वच्छ रहन-सहन को प्रकट करती है। आग में पकाई गई मिट्टी की लाखों, करोड़ों ईटें सिन्धुघाटी की निजी विशेषता है जो आज भी वहाँ के घरों, महलों, जल-कुण्ड और कुओं में लगी हैं। वहॉ के जीवन कला और धार्मिक विश्वास में गहरी एकता है जो एक सहस्त्र मील के विस्तार में और लगभग एक सहस्त्र वर्षो की अवधि में बहुत कुछ एक सी है। वहॉ का लोक जीवन मानों रूप और सौन्दर्य का दीर्घकालीन सत्र ही था। जिसके साथ शारीरिक स्वच्छता, वस्त्र और अंलकारों की सुरूचि और धार्मिक विश्वासों की स्पष्टता का घनिष्ट सम्बन्ध था। सोने-चांदी के आभूषण, सुन्दर मनके जो अकीक, तामड़ा गोमेद आदि कीमती मणियों के बने हैं, मिट्टी के आभूषण, सुक्ष्म खिलौने मृद भांड, उन पर काली रेखाओं से लिखे हुए अलंकरण और रेखाचित्र, एवं अन्य सुन्दर आकृतियां मन को सम्मोहित करने वाली है। यहां के नागरिक अनेक उद्योग और शिल्पों से परिचित थे, उदाहरण के लिए कृषि, वस्त्रशिल्प, मूर्तिशिल्प, स्वर्णकारी, मणिकारी, धातु प्रतिमा, लिपि तथा नापतौल के बटखेर इत्यादि।

इन सब के अतिरिक्त सिन्धु कला का सर्वोत्तम उदाहरण उनकी सुन्दर कटावदार मोहरें हैं जिन पर बलिष्ठ पशुओं की आकृतियां एवं चित्रलिपि के अक्षर हैं- इनका सौंदर्य किसी प्रतिभाशाली जाति की मौलिक रचना-शक्ति के प्रकाश से आलोकित है। अब तक बारह सौ से अधिक मोहरें सिंधु सभ्यता के नगरों के उत्खनन से प्राप्त हुई हैं। इनमें से अधिकांश मुहरें शैलखड़ी (Steatite) से निर्मित हैं। काँच-ली मिट्टी (Faience) की मुहरें भी पर्याप्त संख्या में मिली हैं। कुछ मुहरें गोमेद चर्ट और मिट्टी की भी है। कुछ स्थानों से धातु से बनी मोहरे भी मिली हैं परन्तु अपने आकर्षक विशुद्ध आकार और हल्की चमकदार सतह के कारण शैलखड़ी या घीया पत्थर से निर्मित सिन्धु सभ्यता की ये मोहरें कला और लेखों की दृष्टि से भी अत्यन्त उत्कट और अद्वितीय जान पड़ती हैं। सिंधु सभ्यता की ये मुहरें समकालीन कला के सुरक्षित अवशेषों का सबसे प्रभावशाली अंश हैं। यद्यपि इन मुहरों के निर्माण में एक जैसी सावधानी और कलात्मकता नहीं दिखती तथापि मुहरों के कुछ सुन्दर उदाहरण विश्व की महान कलाकृतियों में अपना स्थान रखते हैं।

मुहरों का आकार-प्रकार - आकार-प्रकार की दृष्टि से मुहरों में विभिन्नता है। यहां से प्राप्त मुहरों का आकार 1.27 x 1.27 सेमी और 6.86 x 6.86 सेमी तक है। और इनका सबसे अधिक प्रचलित आकार 2.8 x 2.8 सेमी है। सिन्धु घाटी से प्राप्त मुद्राएँ कई प्रकार की हैं। जैसे- चोकोर जिनके पृष्ठ भाग पर छेद युक्त बुलबुला या बटन है जबकि कुछ चौकोर मोहरे बिना छिद्र युक्त हैं। चौकोर मुहरों के कुछ नमूनों में दोनों और चित्रलिपि के अक्षर अंकित हैं, आयताकार मुद्राएँ जिनका पृष्ठभाग उत्रतोदर या कूबडवाला है, आयताकार मुहरें जिनमें छेद नहीं है बटन की आकृति की चकलेनुमा मुद्रा घनाकार मुद्रा, गोल मुद्रा जिसको पीठ पर छिद्र युक्त बटन है।

इन्हें बनाने के लिए सर्वप्रथम खड़िया पत्थर को चीर कर तेज धार युक्त चाकू से चिकना किया जाता था। फिर औजारों की सहायता से इन पर भाँति-भाँति की आकृतियाँ उकेरी जाती थी। ये मुद्राएं समूह में बनाई जाती थीं। इनके चीरने, कुतरने और छेदने के काम में बहुत सावधानी बरती जाती थी। इनकी मूर्तियां छोटी हैं पर परिमाण के अनुपात से उनकी आकृतियों का

* सहायक आचार्य (इतिहास) शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय, सवाई माधोपुर (राज.) भारत

प्रभाव बहुत दबंग है। कनिंघम ने सर्वप्रथम हड़प्पा से प्राप्त एक मोहर 1885 में प्रकाशित की थी किन्तु मुद्राओं की लिपि अभी तक पढ़ी नहीं गई है। यह ज्ञातव्य है कि सिंधुघाटी सभ्यता से प्राप्त मुद्राओं का लिपि साम्य उन मुहरों से नहीं है जो सुमेर एवं पष्चिमी एशिया में मिली है। मुद्राओं के काटने और उन पर श्वेत रंग का घोटा चढ़ाने की प्रक्रिया का आविष्कार केवल सिन्धुघाटी में हुआ। अन्य देशों के शिल्पी उससे परिचित न थे। उनकी स्वतंत्र प्रतिभा का प्रमाण और उदाहरणों से भी देखा जा सकता है। जैसे- चित्र-लिपि के अक्षरों में उसके 400 से अधिक अक्षरों से मिलता-जुलता एक भी अक्षर अन्यत्र किसी देश में नहीं पाया गया। इन्हें बनाने के लिए सर्वप्रथम खड़िया पत्थर को चीर कर तेज धार युक्त चाकू से चिकना किया जाता था। फिर औजारों की सहायता से इन पर भाँति-भाँति की आकृतियाँ उकेरी जाती थी। ये मुद्राएं समूह में बनाई जाती थीं। इनके चीरने, कुतरने और छेदने के काम में बहुत सावधानी बरती जाती थी। इनकी मूर्तियां छोटी हैं पर परिमाण के अनुपात से उनकी आकृतियों का प्रभाव बहुत दबंग है। कनिंघम ने सर्वप्रथम हड़प्पा से प्राप्त एक मोहर 1885 में प्रकाशित की थी किन्तु मुद्राओं की लिपि अभी तक पढ़ी नहीं गई है। यह ज्ञातव्य है कि सिंधुघाटी सभ्यता से प्राप्त मुद्राओं का लिपि साम्य उन मुहरों से नहीं है जो सुमेर एवं पश्चिमी एशिया में मिली है। मुद्राओं के काटने और उन पर श्वेत रंग का घोटा चढ़ाने की प्रक्रिया का आविष्कार केवल सिन्धुघाटी में हुआ। अन्य देशों के शिल्पी उससे परिचित न थे। उनकी स्वतंत्र प्रतिभा का प्रमाण और उदाहरणों से भी देखा जा सकता है। जैसे- चित्र-लिपि के अक्षरों में उसके 400 से अधिक अक्षरों से मिलता-जुलता एक भी अक्षर अन्यत्र किसी देष में नहीं पाया गया।

मुहरो पर अंकित पशु आकृतियां - सिन्धु सभ्यता के उत्खनन से प्राप्त इन मुहरों पर मुख्यत: पशुओं के चित्र अंकित है उनके ऊपर चित्रलिपि के कुछ अक्षर उभरे हुए हैं। अधिकांश मुहरों पर एकश्रृंग पशु अंकित है। पशु के सामने एक कुण्ड है। यह पशु एक सींग वाला बैल है। इस प्रकार का चिन्ह सिन्धु सभ्यता से बाहर अन्यत्र नहीं पाया गया और न अन्य सभ्यताओं में इनके अर्थ की कुछ संगति ही थी। अन्य पशुओं में महावृषभ अत्यन्त उत्कृष्ट है। उसके पतले, लम्बे, तीखे, श्रृंग, झूलता हुआ गलकम्बल, फूले हुए नथूने और शरीर पर चढे हुए मांसपेशियों के लेवड़े आश्चर्यजनक है। इसके अतिरिक्त छोटे सींगो वाला नटुआ बैल, महिश गैंडा, व्याघ्र, हाथी, खरगोश, हिरन, गरूड़ और मगर के चित्र भी अंकित है।

1. **एक श्रृंग वाला बैल-** इस वृषभ की सबसे बड़ी विषेषता उसका श्रृंग है। यह रूद्र शिव का पवित्र पशु था। मुद्रा पर अंकित एक अन्य पशु में वृषभ और हिरण का संयुक्त रूप है। दोनों का सम्बन्ध रूद्र शिव से था। एक श्रृंग पशु के कंधे पर एक विचित्र त्रिसंस्थ चिन्ह बना मिलता है। तीन की संख्या का सम्बन्ध सबसे अधिक त्रिशूलधारी शिव से ही था।

2. **छोटे सींगों वाला नटुआ बैल-** दूसरा लोकप्रिय पशु छोटे सींगों वाला नटुआ बैल था जो मोहरों और बर्तनों पर बनाया गया है। इसका क्रोध से तना हुआ, नीचे की ओर झुका हुआ दूसा मारने की मुद्रा में मस्तक उत्कृष्ट कलां का प्रमाण है। प्रत्येक मुद्रा पर उसके सामने एक चारा खाने की नांद है। नांद का यह रूप भी केवल सिन्धुघाटी में ही मिला है।

3. **महिष का चित्र-** यह पशु बहुत ही कम मिला है। इसे गर्दन ऊपर उठाए हवा में सूँ-सूँ करता हुआ दिखाया गया है।

4. **शिव का नादिया वृषभ -** यह ककुदमान या लोटती टॉट वाला और भरे हुए कन्धों वाला महाकाय वृषभ है जो गायों को गाभिन करने वाली अपनी वृषशक्ति के लिए प्रसिद्ध है। मुहर पर इसका अंकन अत्यन्त प्रभावशाली है और भारत से बाहर अन्यत्र नहीं मिलता। इसके उद्दाम बलिष्ठ रूप को चित्रित करने में शिल्पी ने अपनी बढ़ी-चढ़ी कला निपुणता का परिचय दिया है।

5. **गैंडा-** यह महाकाय भारतीय पशु है जो किसी समय सिंधु के सघन जंगलों में स्वच्छन्द घूमता था इसका अंकन बड़ी यथार्थता से किया गया है जिसमें त्वचा की तहदार ढालें, बुन्दीकार जिल्द और सिकुड़न स्पष्ट दिखाई गई है।

कुछ अन्य मुद्राओं पर धारीदार त्वचा से युक्त व्याघ्र लम्बे शुंडदंड से युक्त मस्त हाथी, पेचदार लम्बे सींगों वाले हिरन और नदियों में पाए जाने वाले मगरमच्छ एक मुद्रा पर फैलती शाखाओं वाला पत्रों से भरा हुआ अश्वत्थ वृक्ष या पीपल है।

धर्म सम्बन्धी काल्पनिक पशु- एक मुद्रा पर ऐसा पुरूष पशु अंकित है जिसके पैरों में खुर, सिर पर सींग और पीछे पूँछ है जो एक काल्पनिक पशु से जिसके शरीर का अधिकांश भाग व्याघ्र जैसा है कुष्ती कर रहा है। यह भारत से बाहर सुमेर की गाथाओं का एक दृष्य है। एक दूसरी मुद्रा पर संयोगात्मक शरीर वाला एक पशु है। वह मेषाकृति है उसके मस्तक पर बैल के सींग है, उसका मुख मनुष्य का है जिसमें एक हाथी की सूंड और दांत जुडे हुए है। एक अन्य मुद्रा पर तीन मस्तकों वाला एक पशु है जिसमें एक सिर हिरन का, मुख्य शरीर एक श्रृंग का और अन्य सिर मेंढे का हैं। एक अन्य मुद्रा पर किसी पशु की उकेरी हुई आकृति है जिसमें तीन व्याघ्रो के शरीर संयुक्त हैं। मुद्राओं पर वृक्ष वनस्पतियों का अंकन बहुत कम है। एक मुद्रा पर पीपल या अश्वत्थ का चित्रण है जो भारतीय परम्परा में विश्व का प्रतीक माना जाता है। सिन्धुघाटी की किसी मोहर पर सिंह नहीं पाया जाता, किन्तु एलम, सुमेर, किष और बावेरू की मुद्राओं पर वह लोकप्रिय पशु है। हिरन भी सिंधुघाटी की मुद्राओं पर कम मिलता है।

कुछ मुहरों पर चलती हुई पशु पंक्तियां अंकित हैं। जिनमें एकश्रृंग, गैंडा, मगरमच्छ, ठिगने सींगों वाला नटुआ बैल, हाथी और बाघ प्रमुख है। मैसोपोटामियां और शूषा की पुरानी मोहरों पर पशुपंक्ति का यह अभिप्राय बहुत व्यापी था। वहाँ की जंगम पशुपंक्ति में चलते हुए सिंह और हिरन दिखाए गए हैं।

मानव आकृतियों का अंकन- मुहरों पर धनुष-वाण लिये मानवआकृतियों का अंकन भी मिलता है लेकिन उनका उत्कीर्णन पशु आकृतियों की भांति सजीव नहीं है। एक दृष्य जिसे मुहरों पर कई बार प्रदर्शित किया गया है, उसमें एक व्यक्ति को अपनी फैलाई गई भुजाओं द्वारा दो दहाड़तें हुए व्याघ्रों को पकडते हुए दिखाया गया है। मोहनजोदडो की एक वर्गाकार मुहर पर देवता, पशु और सात नारी आकृतियों का अंकन मिलता है। चन्हुदड़ो की एक वर्गाकार मुहर पर दो स्त्रियों का अंकन है, जो हाथ से ध्वज पकडे खड़ी हैं। कुछ मुहरों पर मानव एवं विभिन्न पशुओं के अंगों से मिश्रित आकृतियाँ भी अंकित है। मानव आकृति से युक्त मुहरों में सर्वाधिक उल्लेखनीय प्रभावशाली एवं प्रसिद्ध मुहर पशुपति की मुहर है जिसमें एक चौकी या पीठ पर आसीन मानव (शिव) एक हाथी, चीता, गैंडा और भैंस से घिरे हुए है। चौकी के नीचे दो हिरणों की आकृतियां बनी हैं। मानव आकृतियों का अंकन- मुहरों पर धनुष-वाण लिये मानवआकृतियों का अंकन भी मिलता है लेकिन उनका उत्कीर्णन पशु आकृतियों की भांति सजीव नहीं है। एक दृष्य जिसे मुहरों पर कई बार प्रदर्शित किया गया है, उसमें एक व्यक्ति को अपनी फैलाई गई भुजाओं द्वारा दो दहाड़तें हुए व्याघ्रों को पकड़ते हुए दिखाया गया है।

मोहनजोदड़ो की एक वर्गाकार मुहर पर देवता, पशु और सात नारी आकृतियों का अंकन मिलता है। चन्हुदड़ो की एक वर्गाकार मुहर पर दो स्त्रियों का अंकन है, जो हाथ से ध्वज पकड़े खड़ी हैं। कुछ मुहरों पर मानव एवं विभिन्न पशुओं के अंगों से मिश्रित आकृतियाँ भी अंकित है। मानव आकृति से युक्त मुहरों में सर्वाधिक उल्लेखनीय प्रभावशाली एवं प्रसिद्ध मुहर पशुपति की मुहर है जिसमें एक चौकी या पीठ पर आसीन मानव (शिव) एक हाथी, चीता, गैंडा और भैंस से घिरे हुए है। चौकी के नीचे दो हिरणों की आकृतियां बनी हैं। विद्वान इस मुहर पर बनी आकृति को शिव का पशुपति रूप मानते हैं।

ताम्र मुद्राएं – तांबे की बनी हुई मुहरें कम संख्या में प्राप्त हुई है। इन पर भी अन्य मुद्राओं के समान पशुओं की आकृतियां और लेख उत्त्कीर्ण है। इनको पहले ढाल और फिर हथौडे से पीटकर ठीक रूप में लाई जाती थीं। कुछ मुहरें एक सिरे पर ऊबड़–खाबड़ हैं। इससे ज्ञात होता है कि वे किसी लम्बी पट्टी में से काटकर बनाई गई थीं। सिन्धु उपत्यका में इन ताम्र मुद्राओं के अतिरिक्त किसी भी सिक्के का अस्तित्व नहीं पाया गया। इससे इन ताम्रमुद्राओं के सिक्के होने की संभावना को बल मिलता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. हीलर मॉर्टीमर – द इण्डस सिविलाइजेशन, 1960
2. राबिनसन, एन्ड्र्यू – द इण्डस लॉस्ट सिविलाइजेशन
3. शर्मा, देव प्रकाश – आर्ट एण्ड क्राफ्ट ऑफ हड़प्पा
4. पाँशेल, ग्रेगरी एल – द इण्डस सिविलाइजेशन
5. वत्स, माधोस्वरूप – एक्सकेवेशन एट हड़प्पा
6. थापर, रोमिला – प्राचीन भारत का इतिहास
7. अग्रवाल, वासुदेव शरण – भारतीय कला
8. त्रिपाठी, रमाशंकर – हिस्टी ऑफ एनशियंट इण्डिया

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम का लेखकीय अध्ययन (खमनोर परियोजना के संदर्भ में)

प्रो. अनिता शुक्ला* मनीष श्रीमाली**

प्रस्तावना – समेकित बाल विकास सेवायें एक मात्र राष्ट्रीय कार्यक्रम है जो 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की जरूरतें पूरी करता है। यह छोटे बच्चों को पूरक पोशाहार, स्वास्थ्य सुविधा और स्कूल पूर्व शिक्षा जैसी सुविधायें एकीकृत रूप से पहुंचाता है। बच्चों की स्वास्थ्य और पोषण की जरूरतें अपनी माँ से अलग पूरी नहीं हो सकती, इसी लिए कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को भी सम्मिलित किया गया है।

समेकित बाल विकास सेवायें आँगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से एक विशाल नेटवर्क द्वारा अपनी सेवायें उपलब्ध कराता है। आँगनवाड़ी वास्तव में एक आंगनयुक्त केन्द्र है जो सामान्य मानदेय प्राप्त आँगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा चलाई जाती है और एक अंश कालीन सहायिका उसकी मदद करती है। प्रत्येक आँगनवाड़ी को करीब 1000 की जनसंख्या (लगभग 200 परिवार) तक पहुंचना होता है। स्थानीय आँगनवाड़ी समेकित बाल विकास सेवाओं के ढ़ांचे में नीव का पत्थर है।

प्रस्तुत लेख में समेकित बाल विकास सेवा के अन्तर्गत राजसमन्द जिले की खमनोर पंचायत समिति में क्रियान्वित परियोजना से जुड़े 20 केन्द्रों के लाभार्थियों और मानदेय कर्मियों पर सरकार द्वारा किए गए व्ययों का पाँच वित्तीय वर्ष 2014 से 2018 के संदर्भ में अध्ययन किया गया हैं।

आँगनवाड़ी केन्द्र द्वारा दी जाने वाली सेवाएँ

प्रतिरक्षण (टीकाकरण) – इस सेवा के लिये विभाग द्वारा वित्तीय प्रावधान एवं भौतिक लक्ष्य नही रखे जाते हैं। टीकाकार्य आंगनबाडी केन्द्रों पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों द्वारा किया जाता है। वैक्सीन बहुत महंगी होती हैं तथा सरकार को इन्हें खरीदने, इनके रख रखाव तथा परिवहन आदि में बहुत धन खर्च करना पडता है। लेकिन सभी टीकाकरण सेवायें बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों व अस्पतालों में नि:शुल्क दी जाती है।

स्वास्थ्य जाँच – इस सेवा के लिए भी विभाग द्वारा वित्तीय प्रावधान एवं भौतिक लक्ष्य नही रखे जाते हैं। इस दिन अति कुपोषित एवं कुपोषित बच्चों का वजन लेकर वृद्धि निगरानी तालिका संधारित की जाती है। बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा की जाती है। प्रसव पूर्व एवं प्रसव उपरान्त महिलाओं की देखभाल एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा की जाकर बीमारी के उपचार हेतु दवाओं का वितरण भी केन्द्र पर किया जाता है। लाभान्वितों को आयरन/फोलिक एसिड की गोलियों, विटामिन-ए की खुराक तथा ओ.आर.एस. के पैकेट का वितरण भी किया जाता है। बीमार बच्चों एवं माताओं को आंगनबाडी केन्द्रों पर उपलब्ध मेडिकल किट से तथा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से जरूरी दवाओं का वितरण भी किया गया है।

स्वास्थ्य एवं पोशण शिक्षा – इस सेवा के लिए भी विभाग द्वारा वित्तीय प्रावधान एवं भौतिक लक्ष्य नही रखे जाते हैं।

शालापूर्ण शिक्षा – इस सेवा के लिए भी विभाग द्वारा वित्तीय प्रावधान नहीं रखे जाते हैं। समेकित बाल विकास सेवाऐं की 6 सेवाओं में से शालापूर्ण शिक्षा एक महत्वकपूर्ण सेवा है, जो 3 से 6 वर्ष तक के बच्चोंय को आंगनाबाडी केन्द्रों पर दी जाती है। इसके अंतर्गत बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सृजनात्मकक, भावनात्मक, भाषिक तथा सामाजिक विकास संबंधी गतिविधियॉं करवाई जाती है। बच्चों को पढने के लिये तैयार किया जाता है। 4 घण्टे तक बच्चे को केन्द्रो पर रहना पडता है, जिसमें उसे गर्म पोशाहार ढाई-तीन घण्टे के अंतराल से खिलाया जाता है।

सन्दर्भ (रेफर) सेवाएँ – इस सेवा के लिए भी विभाग द्वारा वित्तीय प्रावधान नहीं रखे जाते हैं। गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा 6 साल से छोटे बच्चे जो बीमार हों या अतिकुपोषित हों, उन्हें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक रेफरल स्लिप के साथ आवश्यकतानुसार निकटतम प्राथमिक स्वांस्थ्री केन्द्र/सामुदायिक केन्द्र पर भेजती है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. आँगनवाड़ी केन्द्र की अवधारणा को जानना व इससे संबंधित सरकार की नींतियों का अध्ययन करना।
2. आँगनवाड़ी केन्द्र की विभिन्न्ना सेवाओं से संबंधित केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी गई राशि के आय-व्यय का अध्ययन करना।

प्राक्कल्पनाएँ :

1 निर्धारित वित्तीय वर्ष में पूरक पोशाहार की मद में 3 से 6 वर्ष के बच्चों पर 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों से अधिक व्यय आता है।

2 निर्धारित वित्तीय वर्ष पूरक पोशाहार की मद में धात्री माताओं पर गर्भवती महिलाओं की तुलना में कम व्यय किया जाता है।

निदर्शन तथा अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत अध्ययन हेतु राजसमन्द जिले की खमनोर पंचायत समिति का चयन किया गया है जिसके कुल 191 आँगनवाड़ी केन्द्रों में से सभी सेक्टर से 20 आँगनवाड़ी केन्द्रों का चयन किया गया हैं।

शोध पद्धति – इस अध्ययन की प्रकृति लेखकीय है। पाठीय दृष्टि से पुस्तकालय वर्णनात्मक प्रकृति को स्पष्ट करती है शोध प्रविधि में अनुसंधान पद्धति एक महत्वपूर्ण पक्ष है जिसे स्पष्ट किए बिना कोई भी अनुसंधान पूरा

* विभागाध्यक्ष, लेखान्कन विभाग, जनार्दन राय नागर, राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी, लेखान्कन विभाग, जनार्दन राय नागर, राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

नहीं हो सकता है। तथ्य संकलन में विभागीय बजट का का निरीक्षण एवं संबंधित व्यय, अधिकारियों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं पंचायतीराज के प्रतिनिधियों के साक्षात्कार किए जावेंगे और आय-व्यय के ब्यौरे का संकलन कर विभिन्ना मदों का अध्ययन किया जावेगा।

पूरक पोशाहार सेवा से सम्बन्धित अध्ययन - आँगनवाड़ी केन्द्र से सम्बन्धित महिलाओं की स्वास्थ्य जाँच से उनके गर्भवती होने का पता चलता है और आँगनवाड़ी केन्द्र में उनका नाम पंजिकृत किया जाता है। इसके पश्चात समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) कार्यक्रम के अन्तर्गत आंगनबाडी केन्द्र के माध्यम गर्भवती महिलाओं को पूरक पोशाहार से लाभान्वित किया जाता है। गर्भवती माताओं को 7 दिवस के पोशाहार देने का यह उद्देश्य है कि गर्भवती महिलाओं को पुन: 7 दिवस बाद उनकी स्वास्थ्य जाँच की जा सके। उक्त पूरक पोशाहार के 7 दिनों तक अलग-अलग व्यंजन बनाकर गर्भवती महिला उसका सेवन करती हैं।

प्रसव के बाद गर्भवती महिला का नाम धात्री महिला के कॉलम में दर्ज कर उसे छ: माह तक साप्ताहिक पोशाहार दिया जाता है जिससे शिशु को बेहतर स्तानपान करा सके। 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों के लिए भी साप्ताहिक पोशाहार आंगनबाडी केन्द्र द्वारा वितरित किया जाता हैं।

3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाडी केन्द्र पर गर्म पूरक पोशाहार प्रदान किया जाता है और अन्य सेवाएँ भी प्रदान की जाती हैं। आंगनबाडी केन्द्र से सम्बन्धित क्षेत्र में विद्यालय नहीं जाने वाली 2 किशोरियों को चिन्हित कर उन्हें भी साप्ताहिक पोशाहार प्रदान किया जाता है। खमनोर परियोजना के 20 आँगनवाड़ी केन्द्रों पर अप्रेल 2014 से मार्च 2018 तक गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चे, 3वर्ष से से 6वर्ष तक के बच्चे और किशोरी बालिकाओं के पूरक पोशाहार के व्यय के विवरण का अध्ययन किया गया है।

चित्र संख्या 01 : खमनोर परियोजना में पूरक पोशाहार की मद में व्यय



उपरोक्त चित्र 01 में वित्तीय वर्ष 2014-15 और 2015-16 का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है जिसमें पाया गया कि 2014-15 की तुलना में गर्भवती महिलाओं पर 2015-16 में 2.06 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ इसी प्रकार धात्री माताओं पर 2.06 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ और 6 माह से 3वर्ष के बच्चों पर 0.24 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ एवं 3वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों पर 0.71 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ तथा किशोरी बालिकाओं के व्यय में दोनों वर्षों में समान व्यय हुआ। कुल सभी लाभार्थियों पर 2014-15 की तुलना में 2015-16 में 2.06 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ।

चित्र संख्या 02 : खमनोर परियोजना में पूरक पोशाहार की मद में व्यय



उपरोक्त चित्र 02 में वित्तीय वर्ष 2016-17 और 2017-18 का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है जिसमें पाया गया कि 2016-17 की तुलना में गर्भवती महिलाओं पर 2017-18 में 0.66 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ इसी प्रकार धात्री माताओं पर 0.90 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ और 6 माह से 3वर्ष के बच्चों पर 0.93 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ एवं 3वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों पर 0.63 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ तथा किशोरी बालिकाओं के व्यय में दोनों वर्षों में समान व्यय हुआ। कुल सभी लाभार्थियों पर 2016-17 की तुलना में 2017-18 में 0.56 प्रतिशत अधिक व्यय हुआ।

सारणी 01 (अगले पृष्ठ पर देखे)

सारणी 01 में वित्तीय वर्ष 01 अप्रेल 2014 से 31 मार्च 2018 तक खमनोर परियोजना में पंजीकृत लाभार्थियों पर पूरक पोशाहार की मद में व्यय का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया हैं। जिसमें पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2014-15 में राशि 1911280 रूपये का व्यय हुआ।जो वर्ष 2015-16 में बढ़कर राशि 1942699 रूपये का व्यय हुआ और वर्ष 2016-17 में राशि 1955243 रूपये का व्यय हुआ तथा वर्ष 2017-18 में राशि 1977460 का व्यय हुआ।

निष्कर्ष - खमनोर परियोजना में वित्तीय वर्ष 2014-15 में राशि 1911280 रूपये का व्यय हुआ जो वर्ष 2015-16 में बढ़कर राशि 1942699 रूपये का व्यय हुआ और वर्ष 2016-17 में राशि 1955243 रूपये का व्यय हुआ तथा वर्ष 2017-18 में राशि 1977460 का व्यय हुआ। कुल 01 अप्रेल 2014 से 31 मार्च 2018 तक 4 वर्षों में राशि 7786641 रूपये का व्यय हुआ। खमनोर परियोजना में पंजीकृत लाभार्थियों पर पूरक पोशाहार की मद में वित्तीय वर्ष 2014-15 में 18.11 प्रतिशत का व्यय हुआ जो वर्ष 2015-16 में बढ़कर 18.41 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2016-17 में यह व्यय 18.53 प्रतिशत का हुआ तथा वर्ष 2017-18 में 18.74 प्रतिशत का व्यय हुआ।

सुझाव :

1. आँगनवाड़ी से संबंधित सभी सूचनायें प्रशासन द्वारा स्वयं के पहल से जारी की जाये। प्रत्येक केन्द्र पर जरूरी सूचनाओं का एक पटल प्रदर्शित किया जाए।
2. ग्राम पंचायतों की निजी आय द्वारा आँगनवाड़ी केन्द्र के समस्त व्ययों

का समायोजन किया जा सकता हैं। जिससे राज्य एवं केन्द्र सरकार के दायित्यों को पंचायतों तक हस्तांतरित किया जा सकता हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कार्यालय,महिला एवं बाल विकास विभाग, राजसमन्द,राजस्थान सरकार

सारणी 1 : खमनोर परियोजना में पूरक पोशाहार की मद में व्यय

क्र.	लाभार्थी	वित्तीय वर्ष 2014-15	वित्तीय वर्ष 2015-16	वित्तीय वर्ष 2016-17	वित्तीय वर्ष 2017-18	कुल व्यय
1.	गर्भवती	322412	335972	340492	345011	1343887
2.	धात्री	210924	219964	220968	224986	876842
3.	6 माह से 3 वर्ष बच्चे	341820	343440	345060	351540	1381820
4.	3 से 6व वर्ष बच्चे	505800	513000	518400	525600	2062800
5.	किशोरियाँ	530323	530323	530323	530323	2121292
	योग	1911280/-	1942699/-	1955243/-	1977460/-	7786641/-

****

पत्रकारिता : प्रारंभ विकास एवं भारतेन्दु

संजीव मिश्र *

प्रस्तावना – पत्रकारिता के लिए अँगरेजी में 'जर्नलिज्म' शब्द व्यवहृत होता है, जो 'जर्नल' शब्द से बना है, इसका शाब्दिक अर्थ है 'दैनिक'। दिन-प्रतिदिन के क्रिया-कलापों, सरकारी बैठकों का विवरण 'जर्नल' में रहता है। 'जर्नल' से बना 'जर्नलिज्म' अपेक्षाकृत ज्यादा व्यापक शब्द है। सामाचार पत्रों एवं विविध कालिक पत्रिकाओं के संपादन एवं लेखन तत्संबंधी कार्यो को पत्रकारिता के अंतर्गत रखा गया। इस प्रकार समाचारों के संकलन-प्रसारण, विज्ञापन की कला एवं पत्र का व्यवसायिक संगठन यपत्रकारिता है। समसामयिक गतिविधियों के संचार से संबद्ध सभी साधन चाहे वो रेडियों हो या टेलीविजन, इसी के अंतर्गत समाहित है।

'भारत में पत्रकारिता का प्रारंभ सन् 1780 ई0 में प्रकाशित 'जेम्स हीकी' का अखबार 'बंगाल गजट' से माना जाता है। सन् 1790 के बाद भारत में अँग्रेजी भाषा के कुछ और अखबार प्रकाशित हुए जो अधिकतर शासन के मुखपत्र थे। सन् 1819 ई0 में भारतीय भाषा'बंगाली' में पहला समाचार पत्र 'संवाद कौमुदी' राजा राममोहन राय ने निकाला। फिर 1822 ई में 'गुजराती भाषा' में साप्ताहिक 'मुंबईना समाचार' प्रकाशित होने लगा, जो 10 वर्ष बाद दैनिक हो गया और गुजराती के प्रमुख अखबार के रूप में आज तक विद्यमान है। यह भारतीय भाषा में सबसे पुराना दैनिक समाचार पत्र है।'[(1)] उसके बाद 'सन् 1826 ई0 में 'कलकत्ता' से 'उदंत मार्तन्ड' नाम से हिन्दी के प्रथम समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारंभ हुआ। इसके संपादक पं. जुगल किशोर शुक्ल थे, जो कानपुर के रहने वाले थे, पर कलकत्ता निवासी थे। यह 'साप्ताहिक' पत्र था, जिसका प्रकाशन सन् 1827 तक चला और बाद में यह पैसे की कमी के कारण बंद हो गया। सन् 1830 में राजा राम मोहन राय ने एक बड़ा हिन्दी साप्ताहिक 'बंगदूत' का प्रकाशन शुरू किया। सन् 1833 में भारत में 20 समाचार पत्र थे, जो सन् 1850 में 28 हो गए और सन् 1953 में बढ़कर 35 हो गए।'[(2)] इस तरह अखबारों की संख्या तो बढ़ी, पर नाम मात्र की, क्योंकि इसमें बहुत से पत्र बहुत जल्द ही बंद हो गए।

'सन् 1846 में राजा शिव प्रसाद सिंह ने हिन्दी पत्र यबनारस समाचार अखबार' का प्रकाशन शुरू किया। सन् 1868 में भारतेन्दु ने साहित्यिक पत्रिका 'कविवचन सुधा' निकालना प्रारंभ किया। और सन् 1854 ई0 में हिन्दी का पहला दैनिक 'समाचार सुधा वर्षण' निकला। ये भी कलकत्ता से ही निकलता था, इसके संपादक श्याम सुंदर सेन थे।'[(3)] हिन्दी पत्रकारिता का विद्वानों द्वारा सर्वाधिक मान्य नामकरण व काल-विभाजन इस प्रकार है जो पाँच चरणों में विभाजित है –

1. हिन्दी पत्रकारिता का उद्‌भव काल –(सन् 1826 से 1867 तक)
2. भारतेन्दु कालीन हिन्दी पत्रकारिता – (सन् 1867 से 1900 तक)
3. द्विवेदी कालीन पत्रकारिता– (सन् 1900 से 1920 तक)
4. स्वतंत्रता पूर्व हिन्दी पत्रकारिता – (सन् 1920 से 1947 तक)
5. स्वातंत्र्योत्तार हिन्दी पत्रकारिता – (सन् 1947 से अब तक)।[(4)]

'हिन्दी पत्रकारिता का दूसरा युग यभारतेन्दु युग के नाम से जाना जाता है जो कि सन् 1867 से लेकर सन् 1900 तक चलता है। इस युग के एक छोर पर भारतेन्दु जी का 'हरिश्चंद्र मैगजीन' था तो दूसरे छोर पर 'नागरी प्रचारिणी सभा' द्वारा अनुमोदन प्राप्त 'सरस्वती'। इन 33 वर्षो में प्रकाशित पत्रों की संख्या लगभग 300 से 350 के उपर थे और ये नागपुर तक फैले हुए थे।'[(5)] अधिकांश पत्र मासिक या साप्ताहिक थे। मासिक पत्रों में निबंध, उपन्यास, वार्ता आदि के रूप में कुछ अधिक स्थायी संपति रहती थी, परन्तु अधिकांश पत्र 10-15 पृष्ठों से अधिक नहीं जाते थे और उन्हें हम आज के शब्दों में 'विचार पत्र' ही कह सकते हैं वास्तव में दैनिक समाचार के प्रति उस समय विशेष आग्रह नहीं था और कदाचित् उन दिनों साप्ताहिक और मासिक पत्र कहीं अधिक महत्वपूर्ण थे। इन पत्रों का जनजागरण में अंत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका थी।

19वीं शताब्दी के इन 33 वर्षो का आदर्श भारतेन्दुजी की पत्रकारिता थी। 'कविवचन सुधा' (सन् 1867), 'हरिश्चंद्र मैगजीन' (सन् 1874), 'श्री हरिश्चंद्र चंद्रिका' (सन् 1874), 'बालबोधनी' (स्त्री जन की पत्रिका, सन् 1874 ई0) के रूप में भारतेन्दु ने इस दिशा में पथ-प्रदर्शन किया था। उनकी टीका-टिप्पणियों से अधिकारी तक घबराते थे और 'कविवचन सुधा' के 'पंच' पर रूष्ट होकर काशी के मजिस्ट्रेट ने भारतेन्दु के पत्रों को शिक्षा विभाग में लेना तक बंद करा दिया था।'[(6)] इसमें संदेह नहीं कि पत्रकारिता के क्षेत्र में भारतेन्दु पूर्णतया निर्भीक थे और उन्होंने अन्य लोगों को नए-नए पत्रों के लिए प्रोत्साहन दिया। यहिन्दी प्रदीपय, 'भारत जीवन' आदि अनेक पत्रों का नामकरण भी उन्होंने ही किया था। उनके युग के सभी पत्रकार उन्हें अपना अग्रणी और आदर्श मानते थे।

भारतेन्दु हरिश्चंद्र का पदार्पण हिन्दी पत्रकारिता की एक युगांतकारी घटना थी। उनके आगमन से हिन्दी पत्रकारिता को विकसित होने का अवसर प्राप्त हुआ। उनके असाधारण योगदान को देखते हुए हिन्दी पत्रकारिता के 1867 ई0 से 1900 ई0 तक के कालखंड को भारतेन्दु युग के नाम से जाना जाता है। इस काल में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका आधुनिक हिन्दी साहित्य व पत्रकारिता के पुरोधा भारतेन्दु हरिश्चंद्र की ही रही है। उन्होंने न केवल स्वयं समाचार पत्रों व पत्रिकाओं का संपादन किया, बल्कि लेखकों व संपादकों का ऐसा समूह भी तैयार किया जिसने हिन्दी पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के साथ-साथ राष्ट्रीय चेतना जगाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस समूह को भारतेन्दु मंडल के नाम से जाना जाता है।

* सहायक प्रोफेसर (हिन्दी विभाग) सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा, नी.पी.विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर (झारखण्ड) भारत

'भारतीयों की समस्याओं के प्रति ब्रिटीश अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करने और भारतीयों में राष्ट्रीयता जागृत करने के लिए सन् 1885 में अंग्रेजी त्रैमासिक पत्र - 'हिन्दोस्थान' का प्रकाशन आरंभ किया गया। बाद में हिन्दी और उर्दू में भी समाचार प्रकाशित होने लगे। जब यह हिन्दी भाषी क्षेत्र का प्रथम दैनिक हिन्दी पत्र बना, तो पंडित मदन मोहन मालवीय इसके संपादक बने। अपने 27 वर्षो के प्रकाशन काल में इस पत्र का संपादन बालमुकुन्द गुप्त, प्रताप नारायण मिश्र जैसे यशस्वी पत्रकारों ने भी किया। इसमें राष्ट्रीय विचार-धारा, देश की राजनीतिक गतिविधियों, सामाजिक समस्याओं, भारतीय संस्कृति, हिन्दी भाषा और साहित्य सहित भिन्न-भिन्न विषयों पर आलेख प्रकाशित होते थे। इसने कांग्रेस की विचार-धारा का समर्थन किया और जनता को भी स्वतंत्रता संग्राम के प्रति जागरूक करने और काँग्रेस की नीतियों का जनता में प्रचार-प्रसार में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।'[7]

Introduction - Small Scale Medium Enterprises (SSIs) have an important role Indian economic. A small enterprise in which investment in plant & machinery ranges between Rs. 25 lakhs to Rs. 5 cores are a small-scale industry. India is one of the world's fastest growing economies in the world. Consequently, its production output is massive. It is pertinent to note that SSIs contribute almost 40% of India's gross industrial value. Small scale industries gave us an increase in employment and the exports. The best part of these industries is that you do not a massive amount of capital investment. The SSIs in India employs 31.25 million people and produces over 8,000 industrial items. At present, the (SSI) sector accounts for over 90% of industrial products in the country, 8 % in the GDP and approximately 40 % of India's exports Directorate of Industries (2005). To run a small-scale industry is quite challenging because we do not have decent amount of capital to fulfil our requirements. There are lots of failures related to engineering and management happens some time like Equipment failure loss, Setup and adjustment loss, Start-up loss, Minor stoppage and idling loss, Ergonomics or Human Oriented Losses we will briefly study these kinds of situations and find some methods to overcome them. The production in small scale industries is increased by some ergonomics study like method study (motion study) and time study (work measurement). By the help of these methods we can efficiently manage Manpower, machinery and equipment requirements. Daily, weekly or monthly requirement of materials, Production cost per unit as an input to better make or buy decision, Labor budgets, and Worker's efficiency and make incentive wage payments. These study gives lot information about existing method and this information helps to find out drawback and possible improvement in existing method. By eliminating drawback and improvements are found and adopted into a new method. The Central Government has the authority to determine capital investment requirements for small-scale industries. These requirements are listed under the Industries (Development and Regulation) Act, 1951. Small-scale industries offer several advantages and opportunities for investments. For example, they receive many tax benefits and rebates from the government. The opportunity to earn profits from SSIs is big due to many reasons. Firstly, SSIs are less capital intensive. They even receive financial support and funding easily. Secondly, procuring manpower and raw materials is also relatively easier for them. Even the government's export policies favour them heavily. Apart from providing profitable opportunities, Small Scale Industries play a large role in advancing welfare measures in the Indian economy as well. A large number of poor and marginalized sections of the population depend on them for their sustenance. These industries not only reduce

*Sr. Lecturer, Department of A.B.S.T., S.N.D.B. Govt. P.G. College, Nohar (Raj.) INDIA
** Lecturer, Department of A.B.S.T., Sri Aatam Vallabh Jain Girls P.G. College, Sri Ganganagar (Raj.) INDIA

poverty and income inequality but they also raise standards of living of poor people. Furthermore, they enable people to make a living with dignity.

Study Objective - Mainly in following objective of work study is given increase efficiency of productivity, better product quality, to choose the fastest method to do job, to improve the working process, less fatigue to operators and workers, efficiency labour control, effective utilisation of resources, to decide equipment requirement, to pay fair wages, to aid in calculating exact delivery, to decide the required manpower to do a job. The main thing here is study the roll of OEE in Indian manufacturing industries either from small scale to large scale industries and to analyse about implementing TPM in a small-scale Industry for enhancing OEE of the company, assessment of performance losses in the production facilities, contributions of TPM initiatives in improving the organizational performance. Primarily it is the awareness of SSI units about the importance of productivity, its measurement and improvement and to study the role of incentives, in general, and of financial incentives, in particular, in productivity improvement. Secondarily it is to study the common practices of SSI units regarding payment of wages and incentives to the workers and to study the trends of labour productivity in SSI units and to propose suggestions for productivity enhancement in SSI units.

Review Literature

The tools and techniques employed in steel foundry industry vary in literature. In addition, literature provides little information regarding the implementation of end solutions in industry. This study also provides details regarding the methods to implement those tools in research work, while providing particulars about related research in literature. “To Improve Productivity by Using Work Study & Design a Fixture in Small Scale Industry”. Furthermore, he uses the Pro-E model software for model testing and developing a new model. Reducing Manufacturing Cycle Time of Milk Tanks by Work Study Technique in Small Scale Fabrication Industry.” Work study techniques are expensive to implement in small-scale industries. However, this method gives better results than any other technique. These techniques not only help reduce the cycle time, but also have proved useful in numerous other departments in industry such as inventory control, productivity, quality, labour work, and at various machines in a machine shop to develop process variation.

S. Krishna Kumari, modified the cellular layout .after this implementation Industry is increased with less inventory, Less Space in Material Movement, Reduction in total number of Machines, Less Number of Operators to meet the varying demand.

Dewi Kurniawati. They introduced DEMATEL in Indonesian market it helps in identify complex relationships and build a network structure among the factors.

Shantideo Gujar1, Dr. Achal S. Shahare, the objective of their research is to Reduced machine idle time. Increase productivity. Reduce worker’s fatigue, Eliminate wasteful efforts, as well as useless handling material.

Sai Nishanth Reddy, P. Srinath Rao and Rajyalakshmi G, they determine on the basis of time and study analysis they did the calculation of assembly line to get the full potential of workers

Ms.Vanipriya.R , Dr.D.Venkatramaraju emphasis on Establishment of such industries in rural areas and small towns helps to check the influx of population into bigger towns. A rewarding feature of economic development in India has been the impressive growth of modern small scale industries.

Methodology - The nature of the present research work suggests a hybrid design of research. Exploratory approach is found appropriate for studying the first objective, descriptive for the next two objectives, and causal type of research for the fourth objective. The last objective is studied on the basis of findings, as well as the researcher’s own judgement and observations. In view of the need and objectives of the study the questionnaire contained 43 questions designed to gather information regarding the concept and practices of SSIs related to productivity management. As a part of pilot study, the questionnaires were distributed personally in Aligarh to the owners of few SSI units. After completing the pilot study, questionnaires were distributed to various units through either the friends or relatives identified for the purpose or personality where direct approach was possible. In all, 150 units were contacted out of which 93 responded to the questionnaire. The analysis in this study combines Decision Making Trial and Laboratory and Analytic Network (ANP) as a hybrid MCDM model for evaluating and improving problems related to SMEs performance. A hybrid MCDM is not only dealing with problems of interdependence factors and feedback but also improves the normalized Super matrix to suit the real world. The correspondences employed for answering the questionnaire are experts in a related field. The ANP method was used to determine the factors relative weights. The ANP includes all relevant factors and Decision-making alternatives to form a network that incorporates feedback and interdependent relationships. Because of the interdependency, the factors that are less important individually might turn out to be more important when evaluated collectively.

Case Study - Small scale industries (SSI) are those industries in which manufacture providing service production are done on small scale or micro scale. For example. These are ideas of small industries napkins, tissue toothpick, water bottle, small toy paper, pen.Case study through reports of past to create more employment opportunities to help develop the rural end less developed regions of economy to reduce optimum utilisation of unexploited resources of the country To improve the standard of living of people.

Result - It improves the growth of the country by increasing urban and rural growth. The industry sector in which the

production of goods is a segment of the economy. Potential for large employment small scale industries have potential to create employment opportunities on a massive scale. Requirement of less capital. Contribution to industrial output. Earning forging exchange. Equitable distribution.

Conclusion - Work study gives lot information about existing method and this information helps to find out drawback and possible improvement in existing method. Effective management requires leadership plus administrative skills in Planning organizing, directing and controlling the entire business Operations. Because of limited financial resources and inability to hire Professional managerial personnel, small-scale units lack specialization in the execution of various functions of management. The majority of small-scale units are sole proprietorship organizations and as such these units are highly personal in nature, i.e., the single man's show. It is very difficult to take quick decisions in all respects and implementing these decisions promptly since the sole proprietor is neither a production-oriented engineer nor sales-oriented merchant. He has no time to look after other functions. Moreover, the majority of sole proprietors is illiterate or has low level of education and lack managerial skills. They also do not possess the qualities like motivation, sense of commitment and business morality. Consequently, the small-scale units suffer from dearth of efficient management and poor managerial skill resulting in sickness of units. Thus, it is evident that SSI sector faces difficulties at every stage of their activities, whether it is buying materials for production, organizing production, selling products in the market, they are put to a number of Difficulties. No wonder than that their products are small in quantity and shoddy in quality. Therefore, more concerted efforts, particularly in the area of marketing, are required on the part of the Government, Entrepreneurs, Promotional agencies and Financial agencies, so that the growth rate of SSI sector can be accelerated further.

References:-

1. S. Krishna Kumari, A.N.Balaji, R.Sundar , Productivity Improvement of an Industry by Implementing Lean Manufacturing Principles, IJIRSET, Volume 3, Special Issue 3, March 2014
2. Dewi Kurniawati, Henry Yuliando, Productivity Improvement of Small Scale Medium Enterprises (SMEs) on Food Products: Case at Yogyakarta Province, Indonesia, Agriculture and Agricultural Science Procedia 3 (2015) 189 – 194
3. Shantideo Gujar1, Dr. Achal S. Shahare2, Increasing in Productivity by Using Work Study in a Manufacturing Industry, IRJET, Volume: 05 Issue: 05 | May-2017
4. A. Sai Nishanth Reddy, P. Srinath Rao and Rajyalakshmi G., PRODUCTIVITY IMPROVEMENT USING TIME STUDY ANALYSIS IN A SMALL SCALE SOLAR APPLIANCES INDUSTRY- A CASE STUDY, VOL. 11, NO. 1, JANUARY 2016
5. Sangita G.Patil 1, Dr. P.T.Chaudhari2, Problems of Small Scale Industries in India, Volume-4, Issue-2, April-2014, ISSN No.: 2250-0758
6. Dr Ravi Govt First Grade College Ranebennur, Development Of Small Scale Industries In Industrial Estates Of Karnataka State Small Industries Development Corporation Ltd – A Study Of Karnataka State, 2018 Ijcrt | Volume 6, Issue 2 April 2017 | ISSN: 2320-2882
7. Dr. Sarita Satpathy1, P. SailajaRani2, M.L.Nagajyothi2, A Study of Micro, Small and Medium Enterprises; the Backbone for Economic Development of Indian Economy, International Journal of Research and Scientific Innovation (IJRSI) | Volume IV, Issue VI, June 2017 | ISSN 2321–2705
8. Ms.Vanipriya.R , Dr.D.Venkatramaraju, Growth of Small Enterprises in India, International Journal of Scientific & Engineering Research Volume 2, Issue 9, September-2011, ISSN 2229-5518
9. Dr. Reetu Sharma, Problems And Prospects Of Small Scale Industrial Units (A Case Study Of Exporting And Non – Exporting Units In Haryana), Irjc Asia Pacific Journal Of Marketing & Management Review Vol.1 No. 2, October 2012, Issn 2319-2836.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

A Study on Domestic Violence Against Women

Dr. Anita Dani*

Abstract - Domestic violence is the highest crime against women in India. Indian women suffers domestic violence from ancient times in India. From ancient time's women face Domestic violence within the four walls of the house.Women is harassed physically and sexually. The male dominant societynever understand the domestic violence. Women tortured by their parents, husband and by their relatives and even though the women are not safe in the home. Government pass Domestic violence act 2005 in India to protect the women from domestic violence even though the act doesn't stop the domestic violence. This paper focus on domestic violence against women and to find out the reasons behind the domestic violence against women in India and to suggest the measures to stop the domestic violence against women in India.
Keywords - Domestic violence act 2005, NCW, Sexual abuse, Dowry, Extra Marital Affairs.

Introduction - Domestic violence may physically, emotionally, verbally and sexually. Women face violence in the four walls and she is unable to understand where she tell her problem. Sometimes parents are responsible for domestic violence, sometimes her husband torcher her and sometimes women torcher by their relatives and thus she is always in dilemma where she will get justice. Even Government pass act for women to protect mentally and physically from domestic violence. Seventy percent of women face domestic violence.Any act consists of domestic violence when it harms the physical, mental, health, safety, life, limb, of the victim, and includes causing: physical abuse, sexual abuse, verbal abuse, emotional abuse, and economic abuse. Even educated women face the domestic violence and if women should know the act, she can fight the situation.Any application under the domestic violence is filed before the Judicial Magistrate within whose jurisdiction is civil in nature. The National Commission for Women (NCW) help and guide women against domestic violence. The National commission for women (NCW) solve the problems of domestic violence and always play a role of bridge between members of family. National commission for women (NCW) role is significant in India to solve the domestic violence in India.

Types of Domestic Violence:

1. **Verbal Abuse:** Verbal abuse threats, coercionand blame made via relations in domestic violence.
2. **Physical Abuse:** Physical abuse is physically harm the health of the women and the women hit by kicking, burning, stabbing slapping and downing.
3. **Sexual Abuse:** Sexual abuse means using force to fulfil desire of sex. It involves sex with other person, involves women in prostitution, making contact with non-consensual way, having affair with other people.
4. **Economic Abuse:** Economic abuse is to threats the women for economic resources. When the husband or partner limiting the funds from women, keeping financial secrets from women.



Causes Of Domestic Violence In India - There are many causes of domestic violence in India and the reasons are different in urban and rural areas are different but even though there are some reasons which are common in both areas i.e. in urban and rural areas. The reasons of causes of domestic violence in India as follows:

1. **Dowry:** Illegal demand of dowry cause of domestic violence in India as dowry is a socio- cultural factor. Dowry system affects not in the four walls of house but it affects the outside and it is the main cause of domestic violence.
2. **Behavioral Factors:** The behavioural factors like aggressive attitude, dominating nature is the another cause of domestic violence in India.
3. **Historical Factors:** From ancient times it is thought

*H.O.D. &Assistant Professor, Department of Home Economics Samarth Mahavidyalaya, Lakhani,Distt. Bhandara (Maharashtra) INDIA

man is superior to women and due to superior complex there is domestic violence in India.

4. **Religious Factors:** Religious sanctifications reflects domination on women and it is the other cause of domestic violence in India.

5. **Cultural Factors:** Cultural Factors like demand of boy child is the cause of domestic violence in India.

6. **Extra Marital Affairs:** Extra Marital Affairs also the main cause of domestic violence in modern society and due to this cause many families were destroyed.

7. **Lack of Attention and Respect:** Lack of attention and respect to each other sentiments is the cause of domestic violence in India.

8. **Alcohol and drugs:** Use of alcohol and drugs is the most common cause in many homes and due to the habit of alcohol and drugs is the main cause of the domestic violence in India.



Suggestion To Stop Domestic Violence:

1. **Avoid to use drugs and alcohol:** If any family of member unable to understand and consumes drugs and alcohol. Consult with elder member of family and create good atmosphere in the family.

2. **Respect Each Other:** Every member of family respect each other and it solves the domestic violence in India.

3. **Dowry Problem:** The dowry problem solve with the help of elder members of the family and if it not solved consult with NGO's.

4. **File Report to Police Station:** If the domestic violence not solved then report file to police station for the safety of the women.

5. **Attention to every member:** Attention to every member and take care of every member.

6. **Love to every one:** Each member of family love to everyone and thus the domestic violence stop due to spread of magic of love in family.

7. **Organize Birthday and Anniversary:** Organize birthday and anniversary of partner so that the domestic violence stop in the family.

8. **Celebrate Festival jointly:**Each member of celebrate to everyone and thus the domestic violence stop due to spread of magic of love in family.

Conclusion: There are many reasons which affects the domestic violence in India and man are responsible for the domestic violence in India and there are many factor which are responsible for the domestic violence in India. First of all every parent taught a lesson to child that they respect to each member of family, love to everyone, solve problem by mutual understanding. Government should start more Ngo's to solve the problems of the partners and for that government must open various courts to settle the problems and organize camps and awareness programme to solve the problems of domestic violence in India. Government should change the domestic violence act.

References :-

1. Daga, A S., S. Jejeebhoy and S. Rajgopal (1999). Domestic Violence against Women: An Investigationof Hospital Causality Records, Mumbai. Journal of Family Welfare.
2. Mishra, Jyotsana, ed. (2000). Women and Human Rights, Kalpaz Publications, New Delhi.
3. Murthy, M S R; P. Ganesh; J. Srivirajarani and R. Madhusudan(2004). Proximate Determinants ofDomestic Violence: An Exploratory Study on Role of Menstrual Problems and Life Style of Men.Demography India.
4. Heise, L., Ellsberg, M and Gottemoeller, M. (1999). Ending Violence Against Women. Population Reports.
5. Sahoo, Harihar& Pradhan ,ManasRanjan(2007), Domestic Violence in India: An Empirical Analysis,Paper presented in National Seminar on Gender Issue and Empowerment of Women, Indian SocialInstitute, Kolkata, February.
6. www.domesticviolence.co.in
7. National Crime Records Bureau Crime in India
8. UNICEF Domestic Violence against Women and Girls.
9. www.indianwomendomesticviolence.co.in
10 www.NationalCommissionforWomen.com
11. www.familycourts.co.in
12. www.womenofindia.co.in
13. www.ngosofindia.co.in
14. www.violenceinindia.co.in
15 www.genderisssue.com
16 www.cultureofindia.com

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

मुक्तिबोध का यथार्थ बोध

डॉ. विनीता कौशिक *

प्रस्तावना – मुक्तिबोध की कविताई को तब तक नहीं समझा जा सकता जब तक कि मुक्तिबोध की समीक्षाई को न समझा जाए। और मुक्तिबोध की समीक्षाई को तब तक नहीं समझा जा सकता जब तक रचना-प्रक्रिया और अर्थ प्रक्रिया विषयक उनकी अवधारणाओं को उनके पूर्व वर्तियों और उनके समकालीनों की मान्यताओं के संदर्भ में अलग कर न समझा जाए।[1], मुक्तिबोध के काव्य के प्रमुख लक्ष्य स्वयं के जिये गए बाहरी संघर्ष तथा आत्म संघर्ष से ऊर्जा प्राप्त कर, संवेदना की गहराईयों में बैठकर अपने शिल्पअश्व फँटेसी पर सवार होकर वह सब कुछ देख-दिखा देना जो घनीभूत कुहरे के अन्दर संघर्ष करने वाले वर्ग के प्रतीक हैं, जो शोषक-व्यवस्था को नष्ट करने के लिए संकल्पित है।

'राष्ट्रवाणी में हरिशंकर परसाई द्धारा लिखा गया कथन मुक्तिबोध के व्यक्तित्व को बड़ी पारदर्शिता से प्रकट करता है ''मुक्तिबोध का मित्र होना आसान नहीं था, हालांकि उनमें मित्र भाव बहुत था उनकी आत्मा संगी साथी के लिए तड़पती थी, आत्मा का सहचर खोजती थी, पर आत्मा का सहचर बनने के लिए उस विद्युत का कुछ अंश अपने में जरूर होता था जो उनकी आत्मा में निरन्तर प्रवाहित होती थी। मित्र से उनकी मांग बहुत होती थी। वह मांग साधारण नहीं थी, जैसा कि आम तौर पर हमारी होती है। यह मांग इनसे कुछ ऊपर की होती थी – वह ईमान की मांग करते थे। रचना के प्रति ईमानदारी, जीवन मूल्यों के प्रति ईमानदारी, जिन्हें वे मित्र मानते थे, उनकी कड़ी परीक्षा होती थी। उनके सामने बनावट खुल पड़ती थी।'[2] यही कारण है कि मुक्तिबोध का यथार्थ बोध पूरी सच्चाई के साथ व्यक्त हुआ है। ब्रब्र राक्षस स्वयं मुक्तिबोध के व्यक्तित्व का प्रतीक है, उसकी व्यथा मुक्तिबोध की कथा है, जिसमें असफलताओं की भव्यता है –

गहन किंचित सफलता
अति भव्य असफलता।
............अतिरेकवादी पूर्णता
कि ये व्यथाएँ बहुत प्यारी हैं...........

इसी में आगे –

पिस गया वह भीतरी
ओ बाहरी दो कठिन पाटों बीच[3]
ऐसी ट्रेजेडी है नीच

मुक्तिबोध के काव्य विकास को दो रूपो में देखा जा सकता है 'तारसप्तक' एवं 'चांद का मुंह टेढ़ा है।' उनका रचनाकाल 1935 से 1964 रहा। 1935 के आरंभिक लेखन के लिए स्वयं मुक्तिबोध लिखते हैं – ''मालवे की विस्तीर्ण मनोहर मैदानों से घूमती हुई क्षिप्रा की रक्त भव्य सांझे और विविध रूप वृक्षों की छायाएँ मेरे किशोर कवि की आद्य सौन्दर्य प्रेरणाएं थीं।.........
इन्दौर में मित्रों के सहयोग से मैं अपने आन्तरिक क्षेत्र में प्रविष्ट हुआ .... यह मेरी प्रथम आत्म चेतना थी।''[4]

मुक्तिबोध के काव्य-विचार-भावों का आलिंगन उन्हीं पात्रों को मिला जिन्हें साधारणत: त्याज्य समझा गया। आधुनिक रचनाकार के रूप में मुक्तिबोध का श्रम उनके निजी अनुभव के साथ ही यथार्थ और संवेदना को सहचर बनाता है। नयी कविता का आत्म संघर्ष तथा अन्य निबन्ध में मुक्तिबोध की कही बात ''हमारी आत्मा में जो कुछ है वह समाज प्रदत्ता है, हमारा सामाजिक व्यक्तित्व ही हमारी आत्मा है।''[5]

उन चिर उपेक्षित, चिर तिरस्कृत अबोध सर्वहारा का उचित बोध है मुक्तिबोध। ऐसा आत्मबोध जो सबका हो, सबके भीतर हो, सब कुछ पाने की हैसियत में हो। जहाँ सबको सब कुछ मिले, जहाँ दुर्भाव से अभाव न हो उन्हीं के लिए पुरूषार्थी है मुक्तिबोध। उन्हें ही समर्पित है मुक्तिबोध। अभाव और दुर्दिन की बेचैनी है मुक्तिबोध, गोदान के होरी के साथ खड़े हैं मुक्तिबोध, निराला के संघर्ष के साथ है मुक्तिबोध अर्थात् तमाम् विषमताओं से भरी वैतरणी पार करने का प्रयास है मुक्तिबोध। वे चाहते हैं संसार, माया सबकी उत्ताम सहचरी हो। 'नया खून' में वे लिखते हैं जो समाज और राज्य नौजवानों को सतत् उन्नतिशील पेशा नहीं दे सकता, वह राज्य और वह समाज टिक नहीं सकता। इतिहास के विशाल हाथ उसकी कब्र खोदने के लिए बड़ा भारी गड्ढ़ा तैयार कर रहे हैं।[6]

यथार्थ हर युग की कहानी रही है, लेकिन मुक्तिबोध वह भगतसिंह हैं कि दहकते दस्तावेजों को चौराहों पर दिखाने की हिम्मत कर पाते हैं। स्वतंत्रता से पूर्व और स्वतंत्रता के बाद के सभी लक्षण उनके अन्वेषण में सम्मिलित दिखाई पड़ते है।

शोषण की सभ्यता के अनुसार
बनी हुई संस्कृति के तिलस्मी
सियाह चक्रव्यूहों में
फंसे हुए प्राण सब मुझे याद आते हैं।
मर्माहत कातर पुकार सुन पड़ती है
मेरी ही पुकार जैसी चिन्तातुर सभुद्धिग्न।[7]

यथार्थ ऐसा कि मन के आस-पास पिंघलता हुआ लावा धधक रहा हो –

आज के अभाव के, कल के उपवास के
व परसों की मृत्यु के ....
दैन्य के, महान – अपमान के, व क्षोभपूर्ण
भयंकर चिन्ता के उस पागल यथार्थ का
दीखता पहाड़ –
स्याह[8]

* सह आचार्य (हिंदी) राजकीय महाविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

साहित्य का अनुशीलन, वर्ग आधारित सामाजिक स्तर के साथ होता रहा है लेकिन मुक्तिबोध के काव्य में उनका मानसिक स्तर कहीं अधिक गहराई के साथ सतत् प्रवाहित है। मानसिक चिन्ता उनके तनाव को बढ़ाती है और तनाव नि:सृत हो जाना ही उनकी कविता की 'बानी' बन जाता है।

मुझे पुकारती हुई पुकार खो गयी कहीं ......
प्रलम्बिता अंगार रेखा सा खिंचा
अपार चर्म
वक्ष प्राण का
पुकार खो गयी कहीं बिखेर अस्थि के समूह
जीवानुभूति की गम्भीर भूमि में।[9]

प्रत्येक युग में बाह्य यथार्थ के भीतरी तह तक जाने वाले कुछ असाधारण व्यक्तित्व ही हैं जिन्हें भीतर के अंतिम छोर की थाह और दबा हुआ स्पंदन सुनाई देता है। मुक्तिबोध का यथार्थ बोध सभी गहराईयाँ नाप आया है, सारे मार्ग की दूरी तय कर चुका है, प्रतीक और बिम्ब को सहचर बनाकर और फैंटेसी के अश्व पर आरूढ़ होकर।

एक भूतपूर्व विद्रोही का आत्म-कथन कविता के अंतिम छोर की कुछ पंक्तियों में मुक्तिबोध की संतुष्टि व्यक्त होती है - परिवर्तन की आशा में ....

लेकिन, दबी धुकधुकियों,
सोचो तो कि
अपने ही आँखों के सामने
खूब हम खेल रहे।
खूब काम आये हम।।
आँखो के भीतर की आँखों में डूब-डूब
फैल गये हम लोग !!
आत्म-विस्तार यह
बेकार नहीं जाएगा
जमीन में गड़े हुए देहों की खाक से
शरीर की मिट्टी से, धूल से।
खिलेंगे गुलाबी फूल।
सही है कि हम पहचाने नहीं जाएँगे।[10]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अशोक चक्रधर - मुक्तिबोध की समीक्षाई - प्राक्कथन - पृ.सं. 12
2. मुक्तिबोध विशेषांक - राष्ट्र वाणी - जनवरी - फरवरी-1965 पृ. 297
3. मुक्तिबोध विशेषांक - ब्रह्मराक्षस (कविता) चांद का मुंह टेढ़ा से
4. मुक्तिबोध विशेषांक - तारसप्तक में वक्तव्य - पृ. 42
5. मुक्तिबोध विशेषांक - नयी कविता का आत्मसंघर्ष तथा अन्य निबन्ध पृ. 157
6. मुक्तिबोध विशेषांक - नया खून (मासिक) नौ जवान अंक 1952, पृ. 7
7. मुक्तिबोध विशेषांक - चांद का मुंह टेढ़ा है - कविता (मुझे याद आते हैं) पृष्ठ सं. 97
8. मुक्तिबोध विशेषांक - चांद का मुंह टेढ़ा है - कविता (मुझे याद आते हैं) पृष्ठ सं. 95
9. मुक्तिबोध विशेषांक - चांद का मुंह टेढ़ा है - कविता (मुझे पुकारती हुई पुकार) पृष्ठ सं. 87
10. मुक्तिबोध विशेषांक - चांद का मुंह टेढ़ा है - (कविता) एक भूतपूर्व विद्रोही का आत्म-कथन, पृ.सं. 85

****

आदिवासियों के सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास में मामा बालेश्वर दयाल का योगदान

कान्तिलाल कटारा*

प्रस्तावना – आदिवासियों के मसीहा एवं देवता के रूप में पूजे जाने वाले मामा बालेश्वर दयाल जीवन के प्रारम्भिक काल से ही समाचार पत्रों में इनकी दुदर्शा, गरीबी, अंधकारमय जीवन के प्रति प्रकाशित होने वाली खबरों के प्रति अत्यन्त संवेदनशील एवं भावपूर्ण थे। वे आदिवासी समुदाय की करूणा गाथा की हर संभव सूचना प्राप्त करने को प्रयत्नशील रहते थे। वृहत्तर भारत के मध्यभाग के पूर्वी किनारे से प्रारम्भ होकर ठीक पश्चिमी किनारे पर स्थित काठियावाड़ तक विस्तृत एवं सुरक्षित विध्यांचल पर्वत अपनी कई छोटी-छोटी श्रृंखलाओं के साथ राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजारात के कुछ एक क्षेत्र में फैला हुआ है। यह विश्व की सबसे प्राचीनतम रत्न भंडार, खनिज सम्पदा से परिपूर्ण पर्वतमाला है जो देश के सम्पूर्ण विकास में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इसके सम्बन्ध में मामाजी का उक्त कथन सही प्रतीत होता है कि

भावी भारत का प्राकृत स्वरूप एवं भौतिक रूप जो भी बनने वाला है, उसमें विध्य भूभाग का योगदान ही सवोत्कृष्ट होगा यही देश के विशाल भूभाग की जन्मस्थली रहा है और भविष्य भी इसी पर निर्भर होगा।[1]

किन्तु यही भूभाग देश के उन मानवीय समुदायों द्वारा आबाद है जिन्हें हम स्थानीय भाषा में आदिवासी कहते है। जिनके लिए भारतीय संस्कृति में प्राय: गिरिजन, भूमिजन, आदिम जाति के लोग रानी पुरज जैसे अनेक शब्दों का प्रयोग किया जाता रहा है।[2] ये आदिवासी समुदाय चाहे बस्तर के जाति समुदाय हो कोरवा के हो अथवा मांडला के जोड़ के निवासी हो, मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात के भील समुदाय से संबंधित रहे हो। इसी विध्यांचल पर्वत के पास पूर्व से पश्चिम तक फैली पथरीली भूमि पर निवासरत है। रामायणकाल से ही सदा संकटो का सामना करते हुए ये समुदाय साहस व धैर्य का यथोचित्त परिचय देते हुए अपनी इस जन्म और कर्म भूमि से जुड़े हुए है। युग बीतते रहे कई शासक राजवंश और सरकारें बनी बिगड़ी किन्तु इनके भाग्य का फैसला सदा सर्वदा दीनता, अज्ञानता, दासता और निर्वासन से जुड़ा रहा। बालेश्वर दयाल का सामाजिक चिन्तन इन्हीं असहाय लोगों की भूख और रोग के उन्मुलन से संबंधित था।[3]

इन समुदायों में फिर भी परम्परागत मनोवांछित गुण सदैव विद्यमान रहे जो विकासशील और शिक्षित कहे जाने वाले समुदायों में प्राय: देखने को नहीं मिलते है। इन आदिवासियों के गुणों में अदम्य साहस उत्साह कर्मठ अपनी बात के पक्के धनी, ईमानदार, सरल, सहज, स्वभावब अपराजेय वृत्ति, अपार सहन शक्ति के मनस्वी, जंगली जानवरों के मध्य अपने शस्त्रों तीर कमान से आजीवकोपार्जन करने की वृत्ति आदि उल्लेखनीय है। इनकी सामाजिक दशा की बात करे तो भूखे पेट सोने को मजबूर भोले-भाले जन मानस जिन की कोई आशंका नहीं है। पश्चिम के अवतार जैसे नर पशुओं जिन्हें हम आदिम मानव कहते है। जैसे दिखाई देते है ऐसे आदिवासी समुदाय के सामाजिक जीवन में सुधार ही हमारे भी मानवीय संवेदना हमारे हृदय में शेष है तो इस तथ्य की सच्चाई भारतीय मनीषा का प्रथम चिन्तन निर्धारित होनी चाहिए। इसी कारूणिक संदेश की प्रथम किरण ने एक भारतीय युवा श्री मामा बालेश्वर दयाल के हृदय को झंकझौर डाला। यही समाजसेवी हृदय आदिवासियों का मामा बनकर राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश में फैले इस समुदाय में व्याप्त वर्णव्यवस्था, रूढ़िवादिता, अस्पृश्यता, अशिक्षा जैसे कुरितियों और विसंगतियों के विरूद्ध जागृति और उन्मुलन के लिए दृढ़ संकल्पित हो उठा।[4]

आदिवासी समुदाय में व्याप्त कुरीतियों के विरूद्ध संघर्ष – प्रत्येक व्यक्ति अपने समाज में बंधा रहकर रीति-रिवाजों की पालना करता है। हमारा देश अनेक जातियों और उपजातियों में विभक्त है। प्रत्येक समाज का अपना अलग-अलग अस्तित्व एवं रीति-रिवाज है। इसी प्रकार प्रत्येक समाज में अपनी समस्याएँ और उनके अपने कारण भी है जो समाज विकसित नहीं है वो सदैव संघर्षरत रहता है। मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान के आदिवासियों समाज को पूज्य मामा बालेश्वर दयाल, मोटी माता कमला बेना, वीराजी रकमाजी वाल्मीकि ऋषि जैसे सुधारक इस समाज के लिए सदैव संघर्षरत हुए और नि:स्वार्थ भावना से पूरा जीवन इस समुदाय के सामाजिक कल्याण हेतु समर्पित कर देवलोक गमन कर गये। त्याग, तपस्या की भावना के साथ इन्होनें आदिवासी वनवासी समाज को अपना परिवार बनाया और इस समुदाय में कई सामाजिक कुरीतियाँ देखी और उन्हें दूर करने का पूनीत कार्य किया।[5]

मामा बालेश्वर दयाल ने जीवन के प्रारम्भिक काल में ही निर्धारित किया कि वे आदिवासी भील समुदाय के मध्य रहकर उनके सामाजिक कल्याण के लिए प्रयास करेंगे। इसी उद्देश्य से उन्होनें राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात की सीमा पर स्थित बामनिया ग्राम को अपनी कर्मभूमि बनाया। उनके अधिकांश सामाजिक सुधार के क्रिया कलाप बामनिया आश्रम से ही संचालित किये जाते थे। आदिवासी भील समाज की विभिन्न कुरितियों जैसे जाति प्रथा, शराब खोरी नशाखोरी दहेज प्रथा, दापा प्रथा, पर्दा प्रथा आदि के विरूद्ध जोरदार अभियान चलाया और समाज को इन कुरितियों से मुक्ति दिलाई।

जाति प्रथा के विरूद्ध कार्य – मामा बालेश्वर दयाल अपने सामाजिक चिन्तन के संदर्भ में स्वामी विवेकानन्द जय प्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया के विचारों से अत्यनन्त प्रभावित थे। उनका मानना था कि 'गुलामी

* शोधार्थी, इतिहास विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

का मुल कारण पौराणिक जाति व्यवस्था है, ना कि एक जुट पुरूषार्थ का अभाव।' अपनी युवावस्था से ही उनका हृदय निम्नजाति वर्ग की आरे स्वत: ही आकर्षित होने लगा था। उस समय की काल परिस्थितियों में एक उच्च जाति वर्ग के ब्राह्मण का निचले तबके जिनमें सबसे गरीब, आदिवासी, भील, हरिजन शामिल थे। उनके साथ उन्होनें मामा का सम्बन्ध कायम किया, उनके जीवन का इससे बड़ा आदर्श और क्या हो सकता था। स्वयं ब्राह्मण होकर निचले तबके से प्रेम संबंध का उच्च वर्गीय समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ा। जाति प्रथा के खिलाफ उनका प्रथम प्रभावशाली कदम खाचरोद में सत्यनारायण की कथा में हरिजनों के हाथों प्रसाद वितरण करवाना था।

यह उन दिनों की बात है जब मामा बालेश्वर दयाल ने खांचरौद (मध्यप्रदेश) मे अपने मामा श्रीमाधोप्रसाद दुबे के यहाँ अपना आश्रय स्थल बनाया। इस समय मामाजी नित्य प्रति सामाजिक क्रिया कलापों में व्यस्त रहने लगे थे। यही की एक बस्ती में स्थित एक पुस्तकालय में वे रोज कई सामाजिक कार्यकर्ताओं जिनमें कन्हैयालाल मास्टर, सागरमल भारती, नवलजी, महताब सिंह, बख्तावर सिंह, रमा बापू के नाम उल्लेखनीय है। उनके साथ विचार-विमर्श किया करते थे। इन्हीं दिनों महात्मा गांधी द्वारा सामाजिक समस्याओं पर प्रारम्भ किया गया। हरिजन उद्धार आन्दोलन सम्पूर्ण भारत में उत्साह में फैलने लगा। इसी से प्रेरणा लेकर बालेश्वर दयाल ने खांचरौद में फैली जाति प्रथा के विरूद्ध सत्यनारायण की कथा का अनुष्ठान करवाया। इस समय मध्यप्रदेश में सत्यनारायण भगवान की विशेष प्रतिष्ठा थी उनके प्रसाद का सभी सम्मान भी करते थे। अत: मामाजी ने प्रसाद वितरण का कार्य हरिजन बालकों से करानी की ठान ली।

यह कार्यक्रम एक सार्वजनिक स्थल पर रखा गया। जिसमें अधिकाधिक लोग इसमें सम्मिलित हो सके। इस कार्य में दाऊदयाल जी उनके मुख्य सहयोगी बनें। उन्होनें सामाजिक पृष्ठभूमि की व्याख्या करते हुए कथा वाचन किया। कथा समाप्ती के उपरान्त प्रसाद वितरण भी बड़ा नियोजित ढंग से किया गया। कुछ लोगों ने इसका विरोध किया जिससे विवाद बढ़ गया। ग्वालियर राज्य प्रशासन सेठ साहुकारों को नाराज नहीं करना चाहती थी। अत: बस्ती में कुछ पंचों ने कुछ युवकों को जाति बहीष्कृत कर दिया किन्तु वह चला नहीं कुछ व्यक्तिगत लोगों को जिनमें रमा बाबु, बालेश्वर दयाल प्रमुख थे। उनको कुछ हानियाँ अवश्य उठानी पड़ी। उन्हें हैरान परेशान किया गया लेकिन युवा वर्ग तो अदम्य उत्साह से परिपूर्ण था। उस समय के समाचार पत्रों ने इस आयोजन की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिनमें ग्वालियर 'जयाजी प्रताप' ने छापा कि मुट्ठीभर युवाओं ने जनता की शांति भंग की है, जबकि देशी अखबारों ने इसे क्रान्ति का बिगुल करके छापा। इस प्रकार मामाजी ने सहभोज के धतिंग से सामाजिक बदलाव का अनुठा उदाहरण प्रस्तुत किया। घटना के चार दिन पश्चात् गांधी जी के आग्रह पर मंदिरों के ट्रस्टियों ने हरिजनों को मन्दिर में प्रवेश दिया। फलत: दिल्ली भोपाल बम्बई के सामाजिक नेता बिन बुलाए खाचरौद आने लगे। सम्पूर्ण खाचरौद में युवाओं द्वारा आयोजित सत्यनारायण कथा की भूरी भूरी प्रशंसा होने लगी।[6]

धर्मदास जैन विद्यालय में आदिवासी भीलों का प्रवेश - यद्यपि सत्यनारायण कथा प्रसंग के कारण मामजी की खाचरौद की नौकरी चली गई। तथापि स्वतंत्र चेतना और मननशील बालेश्वर दयाल का मनस्वी मन सामाजिक कार्यों से विमुख नहीं हुआ। संयोग वंश उन्हें झाबुआ रियासत के अन्दर ही थांदला गाँव में धर्मदास जैन विद्यालय में अध्यापक पद पर नियुक्ती मिल गई। इस विद्यालय के हैडमास्टर श्री पृथ्वीचंद शर्मा जो राष्ट्रीय विचार धारा के पोषक थे प्राय: रियासती प्रशासन द्वारा परेशान किये जाते थे अत: मामाजी को इस पद पर नियुक्त किया गया। इस विद्यालय में केवल जैन छात्र ही पढ़ते थे क्योंकि प्रधानता यह उन्हीं का विद्यालय था। परन्तु झाबुआ रियासत की अधिकांश जनसंख्या भील आदिवासियों की थी जो रियासत के असली निवासी थे। जैन समाज तो कस्बों और नगरों में शोषक तत्व के रूप में विद्यमान था। यही बात मामाजी के हृदय में घर कर गई। मामाजी ने भील आदिवासी छात्रों को विद्यालय में प्रवेश के कई बार असफल प्रयास किये। अन्तत: जैन संत एवं मुनि श्री नानचन्द्र जी की सहायता और सहयोग से भील आदिवासी बालकों का जैन विद्यालय में प्रवेश सम्भव हो सका। क्योंकि विद्यालय के प्रबंधकों के मन में जैन मुनि के प्रति पर्याप्त श्रद्धा थी अतएव समस्त विरोध खत्म हो गया। बड़े प्रयासों के बाद लगभग 20 आदिवासी और 7-8 हरिजन छात्र विद्यालय में प्रविष्ट हो सके।[7]

छात्रों के विद्यालय में प्रवेश के पश्चात् मामाजी उनमें सामाजिक कार्यो यथा - सफाई, सामाजिक उत्सवों आदि की शिक्षा प्रदान करने लगे। दिनो दिन विद्यालय में छात्रों की संख्या और क्रियाकलाप बढ़ते गये। रियासती क्षेत्रों के मध्य यह केन्द्र (शिक्षा) पर्याप्त प्रसिद्धि को प्राप्त करने लगा। यहाँ से शिक्षा प्राप्त छात्रों ने रियासती जनता के मध्य सार्वजनिक कार्यो को सम्पादित करने में भी पर्याप्त प्रसिद्धि प्राप्त की। थांदला का यह विद्यालय अब जन सेवा का उत्ताम माध्यम बन गया। जिसका सुत्र पाती बीज श्री मामा बालेश्वर दयाल की कार्य प्रणाली तथा शैक्षिक दृष्टिकोण में अर्न्तनिहित था।[8]

अन्तर्जातीय विवाह आयोजन और बालेश्वर दयाल - मामाजी जाति प्रथा के विरूद्ध सबसे बड़ा कार्य अनेक प्रेम प्रसंग जोड़ों का अन्तर्जातीय विवाह सम्बन्ध स्थापित करवाना था। उनकी शिष्या मालती बेन बताती है कि वह स्वयं महाराष्ट्रीयन निम्न जाति वर्ग की महिला थी और उनके प्रति श्री केशवचंद्र जैन समाज से संबंधित थे। इनका विवाह भी मामाजी के सहयोग से ही सम्पन्न हुआ था। इस विवाह के उपरान्त मामाजी को आर्य समाज सहित अनेकों धार्मिक संस्थाओं का आघात सहना पड़ा था। मामाजी द्वारा कई अन्तर जातीय धर्म विवाह भी सम्पन्न करवाये गये थे। अन्तत: मामाजी के इन पुनित कार्यों को हिन्दू धर्मरमाणी महासभा का सहयोग प्राप्त हुआ। इस सभा द्वारा ऐसे कार्यो को संरक्षण एवं आर्थिक व्यय भार वहन किया गया। जिनके सहयोग से 1933-34 में कई अन्तर्जातीय विवाह सम्पन्न हुए।[9]

लंगोटी त्याग की शपथ - मामा बालेश्वर दयाल जब अमर बलिदानी चन्द्रशेखर आजाद के गाँव में उनकी माता जी से मिलने गये हुए थे। तब उन्होनें देखा (भांभरा) की यहाँ के अधिकांश आदिवासी लंगोटी बांध कर रहते थे। इस सम्बन्ध में उन्होनें अपनी आत्मकथा में भी विस्तार से लिखा है। मामाजी की समाज सेवी प्रवृत्ति से प्रभावित होकर भावना प्रधानसेठ जुगल किशोर बिरला ने बामनिया स्टेशन के सामने पहाड़ी पर श्री राम मन्दिर का निर्माण 1936 ई. में करवाया। यह मन्दिर भीलांचल के मध्य में स्थित हुआ करता था। मन्दिर निर्माण पूर्ण होने के उपरान्त राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात के वनवासी आदिवासियों ने मामाजी के आह्वान पर लंगोटी त्याग की शपथ ली। आज अपवाद स्वरूप भी इन क्षेत्रों में लंगोटी कही दिखाई नहीं देती है। पेटलावद का प्राचीन 'लंगोटी स्वर' नामक समाचार पत्र आज भी प्रकाशित हो रहा है। क्षेत्र विशेष से लंगोटी पूर्णत: गायब हो आदिवासी नवीन परिवेश में दिखाई देते है। मंदिर पुजारी वृद्ध मांगीलाल महाराज आज भी यहाँ सपरिवार पूजा पाठ क दायित्व निभा रहे है। इस प्रकार मामाजी ने

जहाँ श्रीराम मन्दिर को आदिवासी भीलों का तीर्थ बनाया वही लंगोटी त्याग की शपथ के माध्यम से उन्हें सामाजिक जीवन के आधुनिक परिवेश के जोड़कर सम्मानित जीवन स्तर की ओर अग्रसर करने में सफलता प्राप्त की।[10]

अस्पृश्यता एवं छुआछुत का विरोध – तात्कालीन हिन्दु समाज में व्याप्त अस्पृश्यता जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति बालेश्वर दयाल सदैव चिंतित रहा करते थे। इस कुप्रथा के विरूध उनके लगभग सभी कार्यक्रम महात्मा गांधी से प्रमाणित थे। गांधी जी द्वारा हरिजनों के धार्मिक स्थलों में प्रवेश के लिए जा रहे आमरण अनशन से प्रभावित होकर बालेश्वर दयाल ने खाचरौद में 'भंगभोज' का आयोजन किया। इस आयोजन में हरिजन समुदाय द्वारा सवर्ण वर्ग को प्रसाद वितरण करवाया गया। वो भी उस काल परिस्थिति में जब हरिजन की छाया मात्र के स्पर्श से उस समय कपड़ों के स्नान की परम्परा प्रचलित थी।[11]

आदिवासियों का शैक्षणिक विकास एवं मामा बालेश्वर दयाल – मानव जाति के अनन्य सेवक मामा बालेश्वर दयाल ने सदियों से पीड़ित शोषित एवम् उपेक्षित आदिवासी समाज के उत्थान और कल्याण को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। इतिहास में प्राय: कहा जाता है कि परिस्थितियाँ ही नेतृत्व का निर्माण करती है यह पंक्ति राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश की आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की परिस्थितियों के संदर्भ में पूर्णत: चरितार्थ होती है। जिसने इस क्षैत्र के आदिवासियों के नेतृत्वकर्ता के रूप में मामा बोलश्वर दयाल को प्रतिष्ठित स्थान प्रदान करवाया। आदिवासी समुदाय के सामाजिक राजनैतिक आर्थिक और शैक्षणिक कल्याण की भावना बालेश्वर दयाल के हृदय में युवाअवस्था से ही प्रस्फूटित हो चुकी थी। वे आदिवासी समाज की पिछड़ी दशा का मुख्य कारण उनकी अज्ञनता को मानते थे। शिक्षा के अभाव में यह लोग तात्कालीन रियासतों और अंग्रेजी शोषण का शिकार हो रहे थे। यद्यपि इन क्षेत्रों में गांधी जी के रचनात्मक कार्यक्रमों के तहत् आदिवासी वनवासी गिरिजन उद्धार कार्यक्रम चलाया जाता था। जिसका नेतृत्व ठक्कर बापा को सौंपा गया था, जो एक मनस्वी देशभक्त, सार्वजनिक कार्यकर्ता थे। इनके द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में अंग्रेजी शिक्षा पद्धति के कुछ केन्द्र संचालित थे। गुजरात में आयोजित एक शिक्षा सम्मेलन में जब ठक्कर बापा की आदिवासी शैक्षणिक उपलब्धियों का बखान हो रहा था। तब सामान्य श्रोताओं ने इसे एक बड़ी उपलब्धि के रूप में स्वीकार किया किन्तु मामा बालेश्वर दयाल का एक मौलिक मतभेद आदिवासियों के शिक्षा क्रम पर प्रगट हुआ।[12]

मामा बालेश्वर दयाल ने अंग्रेजी शिक्षा पद्धति से आदिवासियों को शिक्षित करने की आलोचना करते हुए कहाँ कि, 'आदिवासियों की शिक्षा अंग्रेजी पद्धति पर न केवल अहितकर है अपितु भयावह भी सिद्ध होगी। हाई स्कूल, इन्टर और बी. ए. उत्तीर्ण करके आदिवासी भील बालक सरकारी अथवा गैर सरकारी नौकरी तो पा जाता है। किन्तु इसे उत्तम उपलब्धि नहीं कहना चाहिए। क्योंकि वह विदेशी शिक्षा का संस्कार प्राप्त करके अन्य जातीय शोषण वर्ग में घूलमिल जायेगा तथा अपने मूल समाज का उसी तरह शोषण करेगा जैसे अन्य नौकरशाही वर्ग के लोग किया करते हैं। ऐसा शिक्षित आदिवासी भील जो स्वयं के घर परिवार से कट कर विदेशी बन जाए, शोषक बन जाए, यह कैसी उपलब्धि होगी ? उपलब्धि तो तब होगी जब शिक्षित आदिवासी अपने वर्गद्ध समाज और समुदाय का ही सार्वजनिक कार्यकर्ता बने। अपने समाज का शोषक नहीं वरन् पोषक बने। इस अवसर पर मामाजी ने कहा कि हमें वह संख्या बताई जावे कि शिक्षा प्राप्त करके कितने भील आदिवासी बालकों ने भीलों के बीच रहने, सुधार कार्य करने और आदिवासी सेवा कल्याण का संकल्प लिया हो और कहाँ कहाँ उक्त कार्य में संलग्न है।[13] शिक्षा का मामाजी का यह दृष्टिकोण मौलिक एवं सराहनीय था जिसे स्वयं गांधीजी ने सराहा था।

मामा बालेश्वर दयाल स्वराज्य की लड़ाई के लिए संकल्पबध देश को शिक्षा जैसे सबल माध्यम का प्रयोग कर शिक्षित शिक्षकों और विद्यार्थियों के सहयोग से पुरातनवादी समाज को सुधार के मार्ग पर लाने का विचार रखते थे। उनका मानना था कि विद्यार्थी और शिक्षक लोक सेवी बनकर अग्रिम समाज का निर्माण करे। साम्राज्यवादी शोषक मण्डली के प्रशासक बनने से बचे जिससे गुलामी का जड़ से निराकरण हो और शिक्षा द्वारा ज्ञान प्राप्त नव समाज का निर्माण हो सके। अपने इन्हीं शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपने बम्बई प्रवास से लौटने के उपरान्त मामाजी ने मुनिश्री नानचन्द्र स्वामी से बम्बई में प्राप्त आशीवार्द और मार्गदर्शन के अनुसार दाहोद में डूंगर विद्यापीठ स्थापित करने की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करना प्रारम्भ किया। इस परिकल्पना का मूर्त रूप 7 मार्च 1937 को दाहोद में डूंगर विद्यापीठ की स्थापना में दिखाई दिया।[14]

मामा बालेश्वर दयाल ने अपनी जमानत राशि (जो घोड़ावत जी ने दी थी) आश्रम की व्यवस्था आदि के लिए अपनी पत्नी के गहने स्वयं की हाथ घड़ी आदि को बेच दिया। तब जाकर दाहोद की गौशाला में विद्यापीठ का संचालन संभव हो सका। यही की परिस्थितियों ने बालेश्वर दयाल को अहसास दिलाया की शहर में बैठकर आदिवासी समस्याओं पर विचार करना व्यर्थ है। अत: मामाजी ने डूंगर विद्यापीठ को अन्यत्र स्थानान्तरित करने की सोची। पूरी छानबीन के उपरान्त बामनिया जो उस समय इन्दौर राज्य का 'काला-पानी' कहलाता था जो अत्यन्त दुर्गम एवं टापू जैसी भौगोलिक स्थिति लिए था का चयन किया। क्योंकि यह मध्य भारत, गुजरात और राजस्थान रियासतों के लगभग मध्य में स्थित था। झाबुआ, जोबट, अलीराजपुर, सैलाना रतलाम धार ग्वालियर, बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, पंचमहल, दाहोद कुशलगढ़ आदि कई क्षैत्र इसके काफी निकट स्थित थे। यह स्थान राजनैतिक और सामाजिक दृष्टि से भी सुरक्षात्मक था। कुल मिलाकर यह आदिवासी बाहुल्य क्षैत्र था। जहाँ से अन्य स्थानों के कार्य अच्छी तरह से सम्पन्न किये जा सकते थे। इस प्रकार आदिवासी पिछड़े समुदाय को शिक्षा से जोड़ने के लक्ष्य के साथ 5 अप्रैल 1937 को डूंगर विद्यापीठ का प्रधान कार्यालय दाहोद से बामनिया स्थानान्तरित कर दिया गया।[15]

डुगर विद्यापीठ संस्था बामनिया में स्थापित करने के साथ ही इसके लक्ष्य, उद्देश्य और कार्यो पर गहराई से विचार-विमर्श प्रारम्भ हुआ। अन्तत: संस्था के कुछ उद्देश्य निर्धारित हुए जो इस प्रकार है-

1. आदिवासी भीलों को किसान के रूप में विकसित और संगठित करना।
2. आदिवासियों को वनाचलों से बाहर लाना, वर्तमान समाज के निकट लाना उसके यथार्थ को समझने और उसके अनुकूल व्यवहार करने की क्षमता उत्पन्न करना।
3. आदिवासियों के अज्ञान को समाप्त कर उन्हें अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए तैयार करना।
4. आदिवासियों को परम्परागत सामाजिक रूढ़ियों से मुक्त करा उन्हें सामाजिक सम्मान दिलवाना।
5. आदिवासियों को शोषण से मुक्ति दिलवाना।
6. समाज की स्वस्थ रीतियों के अनुसार विकास के अच्छे अवसर दिलवाना, जिससे उनमें अच्छी आदतों का निर्माण हो सके।
7. आदिवासी समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करवाना।

8. आदिवासी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाते हुए उन्हें राष्ट्रीय आन्दोलन की मुख्य धारा से जोड़ना ताकि भावी समाज में उनका गौरवपूर्ण स्थान बना रह सके।
9. कर्मठ और साहसी कार्यकर्ताओं के माध्यम से आदिवासी समुदाय के हर संभव विकास जैसे- सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, मानवीय, शैक्षणिक आदि के लिए प्रयत्न करना।
10. आदिवासी समुदाय के लिए दुष्काल और बीमारियों में यथोचित सहायता की व्यवस्था करना।[16]

उक्त उद्देश्यों के साथ बामनिया स्थित श्री बाफनाजी के मकान के दो कमरों में जिनका किराया लगभग पन्द्रह रूपये था में डुगर विद्यापीठ का कार्यालय प्रारम्भ हुआ। थांदला में मामाजी के शिष्य रहे श्री केशव चन्द्र जैन, श्री वरदीचन्द्र जैन, श्री बद्रीनारायण पाठक श्री सतीश चन्द्र जैन, श्री रमाकान्त पाठक, श्री रामनारायण माथुर, श्री मंगलियाजी, उर्फ मंगलसेन, श्री भीमाजी आदि डुगर विद्यापीठ के कार्यो में मामाजी के सहयोगी बन गए। मात्र सात माह में डूंगर विद्यापीठ की 8 शाखाऐं बामनिया के निकटवर्ती क्षेत्रों में प्रारम्भ की गई। आदिवासी छात्राओं के लिए भी शिक्षा की व्यवस्था की गई। सुश्री यशोदा बहन चतुर्वेदी और मामाजी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी ने बालिकाओं के पालन-पोषण एवं शिक्षण का दायित्व सम्भाला।[17]

संस्था द्वारा बालकों की शिक्षा के साथ भावी कार्यकर्ता तैयार करने का कार्य भी किया गया। इसमें श्री औंकार सिंह जी (कुशलगढ़) बद्री जी त्रिवेदी (रतलाम) लूनाजी बाँसवाड़ा, प्रतापजी (थांदला) मामाजी के विशेष सहयोगी बने।

डुगर विद्यापीठ की बामणिया में शुरुआत होने के कुछ समय पश्चात् इस क्षेत्र में अकाल की भयंकर स्थिति बनी। अन्न और जल की तलाश एवम् उदरपूर्ति के लिए आदिवासी दर-दर भटकने लगे। मध्य भारत राजस्थान गुजरात के आदिवासियों की सहायता कैसे की जाये इस व्यथा ने मामाजी के हृदय को झकझौर दिया। उन्होंने अपने सभी साथियों को सहायता हेतु पत्र लिख भेजे। श्री जयनारायण व्यास स्थिति का जायजा लेने और सहायता करने के उद्देश्य से उक्त क्षेत्रों में आये, उन्होंने अकाल की विषम परिस्थिति में ईश्वर शासकीय रियासतों और अंग्रेजी सरकारों द्वारा आदिवासियों के शोषण का चित्रण एक अत्यन्त मार्मिक कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया।

बाकी मत रखना, खूब सता ले,
खूब दिखा ले पशुबल !
निर्बल का बल देख रहा है,
तेरे सब कुकृत्य प्रतिपल !
अन्नत विहीन उदर की आहे,
दावानल की बनकर भीषण।
भस्मीभूत करेंगी उनको
जो दीनो का करते शोषण।[18]

जयनारायण व्यास और बालेश्वर दयाल ने सम्पूर्ण क्षेत्र के गांव-गांव, घर-घर, झोपड़ी-झोपड़ी जाकर स्थिति का जायजा लिया। लेखा जोखा बनाया की कहाँ-कहाँ पर किस प्रकार की मदद की आवश्यकता है। इस भीषण अकाल की दारूण गाथा जैन मुनि नानचन्द्र जी ने जगह-जगह अपने व्याख्यानों में सुनाई जैन लोगों से दया और करुणा के आधार पर कई स्थानों से सहायता भिजवाई। इस कार्य में उज्जैन के श्री दामोदर त्र्यम्बक, ईश्वर भाई वैद्य (खाचरौद) सागरमलजी, मेहताबसिंह जी ने बहुत सहयोग दिया। सहायता के लिए प्राप्त अन्न, वस्त्र धन और अन्य वस्तुऐं कार्यकर्ताओं के द्वारा खाचरौद महीदपुर, बड़नगर, दोहद आदि स्थानों पर भिजवाई गई। जे. सी. मिल्स ने 160 बालकों को वस्त्र एवम् दस रुपये की नगद सहायता दी। इसी प्रकार आगरा की शुद्धि सभा द्वारा अठावन रुपये सात आने की राशि, आर्य सार्वदेशिक सभा ने चंदा एकत्रित करने में विशेष सहयोग दिया। मामाजी के आग्रह पर रतला के डॉक्टर प्रेमसिंह, डॉ. देवीसिंह ने चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य संबंधी सेवाऐं प्रदान की। इस प्रकार अकाल के समय मामाजी ने आदिवासी समुदाय की पूर्ण सहायता की जिससे ये समुदाय उन्हें देवता मानने लगा।

अकाल के दौर में सेवा कार्यों के उपरान्त केवल सात माह में डूंगर विद्यापीठ की आठ शाखाऐं विभिन्न गांवां में प्रारम्भ की गई। कुछ ही समय में यह संख्या बढ़कर 20 हो गई। एक कार्यकर्ता द्वारा दो-दो स्थानों का संचालन भी किया गया। बाद में आर्थिक समस्याओं के चलते कुछ शाखाऐं पुन: बंद कर दी गई।[19]

डूंगर विद्यापीठ के शैक्षिक संचालन में मामाजी के शिष्य श्री केशव चन्द्र मुख्य सहयोगी बने। इस विद्यापीठ के पाठ्यक्रम की एक मुख्य विशेषता इसका आदिवासी भील बालकों के अनुरूप निर्धारण थी। उस समय प्रचलित विद्यालयों के पाठ्यक्रम की जगह इसमें प्रारम्भिक स्तर की कक्षाओं में भीलोड़ी (भीलों की भाषा) में मामाजी द्वारा रचित एवं प्रकाशित पुस्तकों को सम्मिलित किया गया। मामाजी द्वारा रचित कुछ पुस्तकें निम्नानुसार है-

1. **पहली पोथी, दूजी पोथी-** यह छोटे बालकों के लिए अक्षर और शब्द ज्ञान कराने वाली पुस्तक थी। इसकी पाठ योजना इस प्रकार तैयार की गई थी कि बालकों को अपनी सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान मिल सके। इस पुस्तक की रचना में बालकों के कृमिक विकास को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया।
2. **भीलनी खाडनी-** यह प्रौढ़ भीलों की शिक्षा के लिए मामाजी द्वारा तैयार पुस्तक थी। इसमें एक भील की करुण कथा द्वारा प्रचलित अंधविश्वास पर प्रहार किया गया था। साथ ही भीलों के सहिष्णु जीवन साहस, सहनशीलता और दृढ़ संकल्प का वर्णन किया गया था।
3. **पाप नो घुटको बनाम गरीबी की आग-** इसमें थावरिया नामक डाकू के जीवन सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। जिसने क्षणिक आवेश में आकर जीवन में कई भूलें की जो उसके भावी कष्टों का कारण बनी। इसका उद्देश्य यह दर्शाना था कि आवेश में आकर अकरणीय (गलत) कार्य नहीं करने चाहिये।
4. **पंचतंतर वारतां-** इसमें नैतिक शिक्षा प्रदान करने वाली कई छोटी-छोटी कहानियों को सम्मिलित किया गया था।[20]

डूंगर विद्यापीठ के विभिन्न विभागों का विभाजन गांधीजी की वर्धा योजना के आधार पर किया गया। जिससे शिक्षा प्राप्त आदिवासी समुदाय को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण भी प्रदान कराया जा सके। इस योजना के अन्तर्गत संस्था द्वारा कुछ अन्य संस्थाऐं प्रारम्भ की गई। जिनमें-

(अ) महावीर विद्याशाला
(ब) प्रताप विद्या मंदिर
(स) अहिल्यामाता वाचनालय एवम् विकास शाला
(द) समर्थ शिवाजी उद्योग शाला

(अ) महावीर विद्याशाला – डुगर विद्यापीठ के अन्तर्गत यह कार्यकर्ताओं को तैयार करने वाला विभाग था। जिसमें नियमित रूप से हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा संचालित परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती थी। इसके लिए एक पृथक पुस्तकालय था जिसमें लगभग 300 पुस्तकें थी।

इसके विद्यार्थियों के लिए आवासीय व्यवस्था के साथ भोजन और वस्त्र की सुविधा भी थी। यहाँ विद्यार्थियों को कृषि, संस्कृत, संस्कृति, राजनीति, समाज सम्बन्धी जानकारी भी दी जाती थी। यहाँ के छात्रों को संस्था द्वारा संचालित कार्यों के लिए कुछ समय देना अनिवार्य था। इसके पिछे मामाजी का उद्देश्य यह था कि इससे छात्रों का संस्था से लगाव तो रहता ही है उन्हें व्यावहारिक ज्ञान और संस्था की कठिनाईयों का भी अनुभव रहता है।

(ब) प्रताप विद्या मंदिर – प्रताप विद्या मंदिर डुगर विद्यापीठ का वह विभाग था जिसमें भील आदिवासी बालकों को विभिन्न स्थानों पर शिक्षा दी जाती थी। इसमें कहीं-कहीं शिक्षा का माध्यम भीली बोली रखा गया था। इसका कारण यह था कि इससे शिक्षक शिक्षार्थी और शिक्षा में भेद ना रहे। बालक शीघ्र ज्ञान ग्रहण कर सके और अपनी भूमि भाषा, और समाज के प्रति अपना कर्तव्य समझ सके।

(स) अहिल्या माता वाचनालय एवम् विकासशाला – इसका उद्देश्य संस्था के कार्यकर्ताओं को देश के तात्कालीन सही समाचारों से अवगत कराना था। जिससे वे समाज को सही और पूर्ण जानकारी प्रदान कर सके। यहाँ समाचार पत्रों के सम्बन्ध में सरकारी नीति और नियंत्रण सम्बन्धी जानकारी भी समय-समय पर कार्यकर्ताओं को प्रदान की जाती थी। इसमें महिला शिक्षा की भी व्यवस्था थी। यहाँ बाद में कोविद परीक्षाओं का भी संचालन किया जाता था।

(द) समर्थ शिवाजी उद्योगशाला – इसका उद्देश्य आदिवासी बालकों को स्वावलम्बी बनाना था। यहाँ इन्हें चरखा कातना, निवार बुनना, साबुन बनाना और सुथारी का कार्य सिखाया जाता था। सम्पूर्ण संस्था की सफाई और स्वच्छता संबंधी व्यवस्था इसी विभाग का दायित्व था। कार्यकर्ताओं और बालकों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी रखना और जरूरी सहायता देना इस विभाग का प्रधान दायित्व था।[21]

इस प्रकार संस्था के विभिन्न विभागों के नामों का चयन भी मामाजी ने एकता और ऐतिहासिकता एकजुटता को ध्यान में रखकर किया था।

डुगर विद्यापीठ के बालकों द्वारा प्रथम कक्षा में भीलोड़ी भाषा में ज्ञान अर्जित करने के उपरान्त आगे की कक्षाओं में उन्हें हिंदी भाषा में अध्ययन कराया जाता था। संस्था द्वारा मुख्य रूप से प्रथमा, विशारद और रत्न की उपाधियाँ दी जाती थी। वस्तुतः डुंगर विद्यापीठ ने न केवल आदिवासी समुदाय ने जन-जागृति उत्पन्न की वरन् उनमें राष्ट्रीय चेतना भी जागृत की। जिससे विदेशी शासन और राजशाही के स्थान पर लोकशाही की स्थापना करने की आदिवासी समाज में समझ विकसित हुई। इस राजनैतिक जागरण के कारण इनमें सामाजिक विकास की चेतना जागृत हुई। शिक्षा प्राप्त कर आदिवासी समुदाय ने समाज में व्याप्त बुराईयों, अंधविश्वासों, रूढ़ियों, शराबखोरी को दूर करने के प्रयत्न प्रारम्भ किये। संस्था द्वारा समय-समय पर औषधि वितरण का कार्य भी किया जाता था। उस समय बामनियाँ आश्रम और उसके द्वारा संचालित बारह शालाओं में 42 गाँवों के छात्र और लोग लाभ उठाते थे। छात्रों की संख्या उस समय 309 के लगभग थी जो उस युग की दृष्टि से कम नहीं मानी जाती थी।[22]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. दीक्षित ब्रह्मदत्त : विन्ध्वाटनी के राजनीतिक संत, पृ. 2-3, साभार दर्शन दिनांक 24/12/1992
2. पटेल भरत कुमार नागीन भाई : दक्षिण गुजरात के आदिवासी क्षेत्र में धोडिया जनजाति का एक ऐतिहासिक अध्ययन (सूरत नवसारी वलसाड़ जिलों के संदर्भ में) अ.प्र. शोध प्रबन्ध पेसिफिक वि.वि. उदयपुर 2014, पृ.53-55
3. हिन्दुस्तान - 15 अगस्त 1997
4. मामा बालेश्वर दयालु : जवानी में जीवन के सपने, समता प्रकाशन उदयपुर 1997, पृ.10-11
5. चरपोटा दौलतराम (संकलनकर्ता) : मामा बालेश्वर दयाल की रामायण आदिवासी एकता समाज, भील आश्रम बामनिया मध्यप्रदेश 2006, पृ.3
6. दीक्षित ब्रह्मदत्त एवं कृष्णा : मध्य भारत के प्रकाश पुंज मामा बालेश्वर दयाल, भील आश्रम बामनिया (म.प्र.) 1982, पृ.28-29
7. मेहता मंगल : संघर्ष सपूत मामा बालेश्वर दयाल, प्रकाश मानव जनोदय मुद्रणायल नीमच (म.प्र.) पृ.33
8. तपन भट्टाचार्य एवं सुशीला : सामाजिक महर्षि मामा बालेश्वर दयाल, मामा बालेश्वर दयाल साामजिक विकास केन्द्र एवं शोध संस्थान (ट्रस्ट) झाबुआ (मध्यप्रदेश) 2004, पृ.23-24
9. हिन्दुस्तान 15 अगस्त 1997, पृ.13, नई दुनिया- 25/2/1998 भीलांचल के मानव देवता मामाजी
10. मामा बोलश्वर दयालु : जवानी में जीवन के सपने, समता प्रकाशन संस्थान, उदयपुर, 1997, पृ.19
11. मूर्ति भाई : बामनिया आश्रम व्यवस्थापक साक्षात्कार दिनांक 10/12/2016
12. वडेरा रमेश चन्द्र : मामा बालेश्वर दयाल (मामाजी) इण्डो ग्लोबल सोशियल सर्विस सोसायटी, 2008, पृ. 20
13. तपन भट्टाचार्य / सुशीला बेन : सामाजिक महर्षि मामा बालेश्वर दयाल, मामा बालेश्वर दयाल सामाजिक विकास केन्द्र एवं शोध संस्थान झाबुआ मध्यप्रदेश, 2007, पृ. 25-26
14. ब्रह्मदत्त दीक्षित / कृष्णा दीक्षित : मध्य भारत के प्रकाश पुँज मामा बालेश्वर दयाल, लोक सेवक मण्डल बामनिया रतलाम मध्य प्रदेश 31 अगस्त, 1992, पृ. 31-33
15. मंगल मेहता : सांर्ष सूपत मामा बालेश्वर दयाल जीवन प्रकाशन मन्दसौर (म. प्र.), पृ. 50
16. पूर्वोक्त, पृ. 50-51
17. दीक्षित ब्रह्मदत्त/दीक्षित कृष्णा : पूर्वोक्त, पृ. 58-59
18. मंगल मेहता : सांर्ष सूपत मामा बालेश्वर दयाल जीवन प्रकाशन मन्दसौर (म. प्र.), पृ. 50
19. मंगल मेहता : पूर्वोक्त, पृ. 52
20. वडेरा रमेश चन्द्र : मामा बालेश्वर दयाल (मामाजी), इण्डो ग्लोबल सोशियल सर्विस सोसायटी, 2008, पृ. 22
21. मंगल मेहता : पूर्वोक्त, पृ. 53-54
22. मंगल मेहता : पूर्वोक्त, पृ. 55

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

फणीश्वर नाथ रेणु कृत मैला आंचल की पृष्ठभूमि : एक अध्ययन

डॉ. सूर्यप्रकाश नापित *

प्रस्तावना – उपन्यास का महत्वपूर्ण तत्व उद्देश्य है। अरस्तू ने काव्य का उद्देश्य आनन्द माना है जबकि उपन्यास के क्षेत्र में मनोरंजन, उपदेशवादिता या समाज सुधार उसके प्रारंभिक उद्देश्य रहे हैं। विश्व की सभी भाषाओं के प्रारंभिक उद्देश्य रहे हैं। विश्व की सभी भाषाओं के प्रारंभिक उपन्यासों में मनोरंजन का तत्व प्रमुख रहा है, किन्तु धीरे-धीरे यह तत्व जीवन के यथार्थ चित्रण की ओर उन्मुख होता आया है। 'क्लोरार ने बताया है कि उपन्यास यथार्थ जीवन और व्यवहार का तथा उसक काल का जिसमें वह लिखा गया है, एक चित्र है'[1] 'हिन्दी- उपन्यास में प्रारंभिक युग का उद्देश्य विशुद्ध मनोरंजन या समाज सुधार रहा है।'[2]उद्देश्य रचना में कोई पृथक तत्व नहीं होता उसकी चेतना आत्मा है, उसके सारभूत अंतिम प्रभाव का नियामक तत्व है। कृतिकार का दृष्टिकोण, जीवन-दर्शन अथवा अभीष्ट साध्य ही उद्देश्य होता है। उसके शब्दों में बांधना या खोजना कठिन है। क्योंकि वह प्राण बन संपूर्ण रचना में समाया रहता है। 'आंचलिक उपन्यास नाम में लगा विशेषण ही उसके उद्देश्य को स्पष्ट कर देता है। अंचल-विशेष का समग्र जीवन जो उसकी विशिष्ट अद्धितीय अनन्य आंचलिकता को व्यंजित कर सकें। - इस उपन्यास विधा का लक्ष्य होता है।'[3]

आंचलिकता की सिद्धि यथार्थता पर निर्भर है, अत: वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण अनिवार्य हो जाता है। अंचल विशेष को पूर्ण रूप से केन्द्र- बिन्दु बनाने के लिए सबसे आवश्यक है कि लेखक स्वयं को यथासंभव दूर रखें। परिणामत: उसकी दृष्टि वस्तुपरक होती है। इसके अतिरिक्त आंतरिक वैभिन्नय से अधिक बाह्य वस्तुगत भिन्नता आंचलिकता के विकास में योगदान देती है।

मैला आंचल का उद्देश्य – फणीश्वरनाथ रेणु कृत मेला आंचल (1954) एक विशिष्ट कृति है क्योंकि आंचलिक होते हुए भी उसमें स्वातंत्र्योत्तर भारत के ग्रामों में होने वाले परिवर्तन के सूत्रों का व्यापक धरातल पर अत्यन्त सूक्ष्मता से अंकन हुआ है।यद्यपि लेखक के अनुसार इसमें पूर्णिया जिले के एक पिछडे हुए गांव मेरीगंज की जिन्दगी का चित्रण हुआ है और इसमें फूल भी है, शूल भी है, धूल भी है, गुलाल भी है, कीचड भी है। चन्दन भी। सुन्दरता है, कुरूपता भी- लेखक किसी से भी दामन बचाकर निकल नहीं पाया है। तथापि यह मेरीगंज सिर्फ पूर्णिया का नहीं है, वह हरियाणा में भी हो सकता है, महाराष्ट्र में भी। उत्तरप्रदेश में भी हो सकता है और तमिलनाडु में भी।[4]

यह लेखक की वर्णन शैली की सशक्तता ही है कि मेरीगंज पूरी भारत के गांवों का प्रतीक बन जाता है। जमींदारों का शोषण, आर्थिक वैषम्य ,पुराने नए मूल्यों की टकराहट और असमानता, जमींदारी- उन्मूलन तथा भूमि संबंधी समस्या, राजनीति, धर्म तथा समाज सबके निर्माण और विध्वंस की टकराहट आदि इस उपन्यास में मेरीगंज के माध्यम से इतने विशाल चित्रफलक पर अभिव्यक्त हुयी है कि वह एक काल-विशेष का सजीव एवं प्रभावशाली चित्र उपस्थित करने में सफल हो जाता है।

'मेला आंचल' की एक विशिष्टता यह भी है कि इसमें ग्रामीण जीवन को लेकर केवल ग्रामीण समस्याओं में ही लेखक नहीं उलझ गया है। उसने गांव की अन्तरात्मा को भी स्पष्ट करने का प्रयत्न किया है।[5]

प्रेमचंद के उपन्यासों की एक बहुत बडी सीमा यह थी कि उन्होंने व्यक्तियों की ओर उतना ध्यान नहीं दिया, जितना समस्याओं की ओर रेणु ने समस्याओं के साथ-साथ व्यक्ति का भी अद्भुत समन्वय करने की चेष्टा की है और यही कारण है कि इस उपन्या समें स्थूलता नहीं सूक्ष्मता की अभिव्यक्ति कलात्मक ढंग से हुई है। जो इसे प्रेमचंद के गांव चित्रण से अलग करती है।

डॉ. प्रशांत ममता को एक पत्र में लिखता है, 'तुम जो भाषा बोलती हो, उसे ये नहीं समझ सकते। तुम इनकी भाषा नहीं समझ सकती। तुम जो खाती हो, ये नहीं खा सकते। तुम जो पहनती हो, ये नहीं पहन सकते। तुम जैसे सोती हो, बैठती हो, हंसती हो, बोलती हो, ये वैसा कुछ नही कर सकते। फिर तुम उन्हें आदमी कैसे कह सकती हो। वह आदमी का डॉक्टर है, जानवर का नहीं- भूख और बेबसी से............तिल-तिल कर घुल मिलकर मरने के लिए उन्हें जिलाना बहुत बडी क्रूरता होगी। ...... यही इंसान है कहां?......अभी पहला काम है। जानवर को इंसान बनाना।'[6]

यह प्रकारान्तर से रेणु के दृष्टिकोण को भी स्पष्ट करता है। ग्रामीण पात्रों की इतनी मानवीयता, सहृदयता तथा काव्यमयता के साथ प्रेमचंद के बाद पहली बार नए संदर्भो में प्रस्तुत की गई है, जो आधुनिकता से भी पूरित है।

ग्रामीण संस्कृति का चित्रण – भारतीय-संस्कृति का मूल एवं उसका सच्चा स्वरूप हमें ग्राम-जीवन में ही प्राप्त है। ग्राम जीवन की बुनियादी गहराइयों के आधार को जाने बिना इस विशाल भारत के बहुविध रूप और उसकी आन्तरिकता एकाता को नहीं समझा जा सकता। हमारी संस्कृति का मूल स्त्रोत कृषि है। हमारा समाज सांस्कृतिक प्रसार कृषि और ग्राम जीवन में ही परिव्याप्त है।

'मनुष्य के रूप में एक सामाजिक सदस्य के नाते जो वह करता है, सोचता है, वह सब जटिल सांस्कृतिक-चक्र से बंधा है।' 'संस्कृति ही वह आधार है जिसके माध्यम से व्यक्ति ज्ञान, कला, नैतिकता, प्रथाएं एवं परम्पराएं सीखता है। संस्कृति एक सामाजिक विरासत है।'[7]

भारतीय कृषक का समस्त जीवन ग्रामीण-संस्कृति से अनुप्राणित है। ग्रामीण कलाएं, पर्व, त्यौहार, संस्कार, रूढियां, प्रथायें, रीति रिवाज, खेलकूद आदि विभिन्न अवयवों के योग से संस्कृति बनती है। ये अवयव ग्राम-जीवन

* व्याख्याता (हिन्दी) राजकीय महाविद्यालय, झालावाड (राज.) भारत

में व्यवस्था एवं अनुषासन के आवष्यक तत्व है तथा ग्रामीणों में घुले मिले हैं। 'कृषकों की संस्कृति की भौतिक वस्तुएं कला और उपयोग दोनों की दृष्टि से उपयोगी है। जैसे ग्रामीण कलाएं, बांस व मूंज की टोकरी बनाना, साडियां काढना आदि।'[8]

कृषक एवं मजदूर वर्ग में चेतना – 'मेला आंचल' के मेरीगंज में खेती–हर–मजदूर अब अपनी मजदूरी के प्रति जागरूक होने लगे है। रामकिरपाल सिंह को उसका हलवाहा स्पष्ट शब्दों में कह देता है कि बगैर मजदूरी लिये काम पर नहीं आयेगा। बात भी ठीक है अन्तत: ये लोग भी परिवार वाले हैं आखिर कहां से मजदूरी छोडी जाती है। कांग्रेसी बालदेव को जब गोनाय ततमा की शिकायत की जाती है तो वह भी कुछ नहीं बोलता। अन्त में जब बोलता है तो मजदूरों का ही पक्ष लेता है, 'गरीब लोगों का दरमाहा नहीं रोकना चाहिए, भाई साहब।' [9]

भूमिधर किसानों की स्मृतियों में आज भी जमींदारी युग की यातनाएं शेष है अत: वे लोग भी विभिन्न कष्ट देकर अपने अहम की परितुष्टि करना चाहते हैं। धनुकधारी टोली के तनुकलाल ने एक सवाल पैदा कर दिया, 'लेकिन हल–फाल काम–काज बन्द करने से मालिक लोग मंजूरी तो नहीं देंगे। एक–दो दिन की बात रहे तो किसी तरह खेपा जा सकता है। सात दिन तक बिना मजूरी के? यह जरा मुश्किल मालूम होता है।' [10]

बलदेव ने निराश होकर पूछा, अब क्या किया जायें

तनुकलाल के पास समस्या का समाधान पहले से ही मौजूद था। बोला 'एक उपाय है, यदि मालिक लोग आधे दिन की मजूरी दे दे तो काम चल जायें।' [11]

तात्कालिक सामाजिक परिस्थितियों का अंकन – उपन्यास को गतिशीलता प्रदान करने में देश, काल और वातावरण का महत्वपूर्ण स्थान होता है। विभिन्न परिस्थितियों का सृजन एवं परिस्थितिजन्य वातावरण का निर्माण उपन्यास को गति ही प्रदान करता है। बल्कि उपन्यास में रोचकता एवं प्रवाह मानता का भी सृजन करता है। 'मेला आंचल' की कहानी में भी इस प्रकार की संस्तुति यत्र–तत्र बिखरी पडी हुई है। 'मेरीगंज की कहानी में वहां के सभी वर्गो एवं जातियों के लोगों का समावेष कर लिया गया है एक ओर वहां की बडी किसान जातियां है तथा दूसरी ओर गरीब, शोषित मजदूर–किसानों का समूह। मध्यमवर्ग का प्रतिनिधित्व करता है, डॉ0 प्रशान्त जो बाहर से वहांच पहुंचा है। इसके अलावा वहां मठ है, महंत है और राजनीतिक दलों के लोग है। यही सारा समाज है जो कथा को गति और विकास देता है।'[12]

विभिन्न वर्गो में व्याप्त बेकारी – 'मेला आंचल' का गांव मेरीगंज अनन्य जडताओं का शिकार एवं अभावों का विपुल भण्डार है। डॉक्टर प्रशान्त इस गांव में आकर बडा आश्चर्यचकित होता है, जब वस्त्रों के अभाव में निमोनिया के रोगी को पुआल में सिर छिपाते हुए देखता है। डॉ0 प्रशांत के मन में अनेकों प्रष्न उठाते है और वह उन अनुत्तरित प्रश्नों की यातनायें सहता रहा है। इसी प्रकार का प्रसंग उसके समक्ष उपस्थित होता है। 'आम से लदे हुए पेडों को देखने के पहले उसकी आंखें इन्सान के उन टिकोलों पर पडती है, आम की गुठलियों के सूखे गूदे की रोटी पर जिन्दा रहना है.....।'[13] गांव में गरीबी यह स्थिति बेकारी जन्य है। बेकारी ने लोगो को सिसकने के लिए बाध्य कर दिया है, काम के अभाव में रोना ही उनके भाग्य में लिखा है।

यथार्थ चित्रण – रेणु के आंचलिक उपन्यास में बोध प्रवाह शैली में ग्रामीण सामाजिक जीवन का जो यथार्थ एवं निरपेक्ष चित्रण मिलता है, वह हिन्दी उपन्यास साहित्य में अतुलनीय है। ग्राम विशेष के माध्यम से भारतीय ग्रामों का उनके निवासियों की शत और अषत प्रवृतियों का ऐसा सूक्ष्म अंकन अन्य उपन्या समें अदेखने का नहीं लिता। 'यथार्थवादी ढंग से चित्रण होने पर भी इस उपन्यास के आलोचक की कटुता का का अभाव है। इस रूप में रेणु अन्य समाजवादी यथार्थवादी उपन्यासकारों से अलग प्रतीत होते हैं।'[14]

फणीश्वरनाथ 'रेणु' के उपन्यास 'मेला–आंचल' को खूब ख्याति मिली है। कुछ लोगो ने तो इसे गोदान से भी श्रेष्ठ माना है। इस तथ्य को हिन्दी के बहुत कम पाठक जानते होंगे कि रेणु ने मेला आंचल की रचना में सतीनाथ भादुडी की बंग कृति 'ढोढाय चरित मानस' का बडे कौषल से उपयोग किया है।'[15]

रेणु पर ताराशंकर की कथा –सरिता का भी पर्याप्त प्रभाव रहा है जिससे मेला आंचल की औपन्यासिकता पुष्ट हुई है। इसके उपन्यास की विशिष्टता स्थानीय बोलियों के सफल प्रयोग में है। इसके अतिरिक्त कायस्थ, राजपूत , यादव आदि विभिन्न जातियों और वर्गो के पात्रों को आधार बनाकर रेणु ने ऐसे शब्दचित्र खींचे है कि सन् 1942 से लेकर तक उस गांव की सामाजिक और आर्थिक स्थिति, लोगों का बोलचाल, रहन–सहन, रीति–रिवाज, धार्मिक विश्वास नई राजनीतिक चेतना मूर्त हो उठती है।

इसमें देशव्यापी सामाजिक हलचलों औश्र राजनीतिक आंदोलनों के प्रभाव से गांव की रीति–नीति में निरंतर होत रहने वाले परिवर्तनों का विषद चित्रण हो हुआ है, और पूरी ईमानदारी से हुआ है, पर ऐसा कही नहीं लगता कि लेखक ने किसी दल–विशेष सिद्धांत या विचार को पाठक पर थोपने की कोषिष की है। इस दृष्टि से उपन्यास का संतुलन अन्त तक बना रहा है। पर आंचलिकता की इति इतने से ही नहीं हो जाती। ऐतिहासिक संदर्भ में उस गांव का चित्रण वैज्ञानिक कम और कलात्मक अधिक है।

सामाजिक एवं राजनीतिक भावभूमि – रेणु ने मेला आंचल में मिथिला के इस अंचल का बिहारी ग्राम्य जीवन का अल्प शिक्षित निम्न वर्ग की भावनाओं, समस्याओं और कुण्ठाओं का एक व्यापक चित्र अंकित किया है।

मेला आंचल की समस्त घटनाएं मेरीगंज की जनता से संबंधित है और पूर्णिया जिले की सीमाओं में आबद्ध रहती है। उपन्यास के आरंभिक पृष्ठों में इस जिले के ग्रामों का संकेतात्मक वर्णन करने के पश्चात रेणु की तूलिका मेरीगंज पर आकर केन्द्रित हो गई। मेरीगंज का वर्णन इन शब्दों में अंकित हुआ है– 'ऐसा ही एक ग्राम मेरीगंज है।'[16]

उपन्यास की कथा दो भागों में विभाजित है।प्रथम खंड में हमें कोई व्यवस्थित, संतुलित, श्रृंखलाबद्ध कथा नहीं मिलती। किसी भी उत्कृष्ट कलाकृति में समाज–चित्रण प्रस्तुत करते समय एक विशेष सीमा तक संतुलन की आवश्यकता रहा करती है। दूसरे खंड में कथा अपेक्षाकृत संतुलित एवं संयत हो गई है। इसी खंड में कमला डॉक्टर प्रशांत रोमांस अपने चरम सोपान पर पहुंचता है। कमला के गर्भ रह जाता है और सामाजिक मर्यादा का पालन करने के लिए डॉक्टर कमला के साथ विवाह कर लेता है।

गर्भ का समाचार सुनकर कमला के पिता तहसीलदार की मनोदशा का वर्णन भी यथार्थ, मर्मस्पर्शी और पाठक के हृदय में सहानुभूति उत्पन्न कर देने वाला है। मद्य कथा में पुजार तथा संतुलन दृष्टिगोचर होता है। पूंजीपतियों के प्रति पुलिस का पक्षपात और कालीचरण जैसे साहसी देशभक्त को कारावास आदि प्रसंगों का वर्णन सामाजिक यथार्थ का उद्घाटक तो है।

'अब गांव में तीन प्रमुख दल है– कायस्थ, राजपूत और यादव। ब्राहाम्ण अभी तृतीय शक्ति है। गांव के अन्य जाति के लोग भी सुविधानुसार इन्हीं तीन दलों में बंटे हुए हैं।'[17]

सारे मेरीगंज में दस आदमी पढे लिखे है– पढे–लिखे का मतलब हुआ अपना दस्तखत करने से लेकर तहसीलदारी करने तक पढाई। नये पढने

वालों की संख्या है पन्द्रह। गांव की दूसरी छोटी-छोटी जातियां अलग-अलग टोलियों के नाम से जानी जाती है। जैसे- तंत्रियां टोली, पोलियां टोली, गहलोत टोली, यदुवंशी छत्रीटोली, कुर्म छत्रीटोली, अमात्य ब्राहाम्ण टोली धनुकधारी छत्री टोली, कुशवाह छत्रीटोली और रैदास टोली आदि। राजपूतों और कायस्थों में पुश्तैनी मन-मुटाव और झगडें होते आयें है। ब्राहाम्णों की संख्या कम है। इसलिये वे हमेशा तीसरी शक्ति का कर्तव्य पूरा करते रहे हैं।अभी कुछ दिनों से यादवों के दल ने भी जोर पकडा है। जनेऊ लेने के बाद भी राजपूतों ने यदुवंशी क्षत्रिय को मान्यता नहीं दी।

इसके विपरीत समय-समय पर यदुवंशियों के क्षत्रियतत्व को वे व्यंगविद्रूप के बाणों से उभारते रहे। एक बार युदवंशियों ने खुली चुनौती दे दी। बात तूल पकडने लगी थी। दोनों ओर से लोग लगे हुए थे। जमींदारी कचहरी के वकील बसन्तों बाबू कह रहे थे,'यादवों को सरकार ने राजपूत मान लिया है। इसका मुकदमा तो धूमधाम से चलेगा। खुद वकील साहब कह रहे थे।'[18]

'गांव के ग्रह अच्छे नहीं है। जहां छोटी-छोटी बातों लेकर इस तरह झगडे होते हैं, जहां आपस में मेल मिलाप नहीं, वहां तो कुछ न हो वह थोडा है। गांव के मुखिया लोग ही इसके लिए दोषी है। सतगुरू साहेब कहिन है- जहां मेल तहां सरंग है। मानुस जन्म बार-बार नहीं मिलता है। मानुष जन्म पाकर परमारथ में जो विधिन डालते हैं। वे मानुस नहीं। आप लोग तो सास्तर-पुराने पढे हैं: जग्ग भंग करने वालों को पुरान में क्या कहते हैं, सो तो जानते ही है। हमारे कहने का मतलब यह है कि सब कोई भेद-भाव त्यागकर एक होकर परमारथ कारज मे सहयोग दीजिए। आप लोग तो जानते है- परमारथ कारज देह घरो यह मानुष जन्म अकारथ जाय। बस हाथ जोडकर पंच परमेश्वर से बिने है, झगडा त्यागकर मेल बढाइए। सतगुरू साहेब गांव का मंगल करेंगे।आगे आप लोगों की मर्जी।'[19]

'मेला आंचल में जमींदारी-उन्मूलन और तत्संबंधित आक्रोष के स्वर विद्यमान है। मानव की कुत्सि प्रवृत्तियों का चित्रण भी उतनी ही तटस्थता से किया है, जितनी तटस्थता से उसके सौन्दर्य पक्ष का उद्घाटना।'[20]

'समूचा अंचल परम्परावादी संस्कारों एवं अशिक्षा की छाया में सांस ले रहा है। ऐसी स्थिति में दोनो वर्गो का संघर्ष अनिवार्य हो जाता है।'[21]

जाति बहुत बडी चीज होती है। जात-पात नहीं मानने वालों की भी जाति होती है। सिर्फ हिन्दू कहने से ही पिण्ड नहीं छूट सकता है। ब्राहाम्ण है?.... कौन ब्राहम्ण। गौत्र क्या है? मूल कौन है?...... शहर में कोई किसी से जात नहीं पूछता। शहर के लोगों की जाति का क्या ठिकाना ! लेकिन गांव में तो बिना जाति के आपका पानी नहीं चल सकता। प्रशांत अपनी जाति छिपाता है। सच्ची बात यह है कि वह अपनी जाति के बारे में खुद नहीं जानता।

'तन्त्रिमाटोले में पंचायत हुई! बन्दिश हुई है- तन्त्रिमाटोले की कोई औरत अब बाबूटोला के किसी आंगन में काम करने नहीं जायेगी। बाबू-बबुआन लोग शाम को गांव में आवे, कोई हर्ज नहीं किसी की अंदर हवेली में नहीं जा सकते। मजदूरी में जो एक-आध सेर मिले, उसी में सबों को संतोष रखना होगा। बलाई आमदनी में कोई बरकत नहीं। अनोखे और उचितदास छडीदार हुआ है। जिसे चाल से बेचाल देखेगा, बांस की छडी से पीठ की चमडी उधेड लेगा।'[22]

'आधुनिक युगबोध के साथ ग्राम्य जीवन की जितनी समस्यायें लगी हुई है, उन सबका ताना-बाना मेला आंचल में चुना गया है। चूंकि आंचल मैला है और तार-तार हो गया है, इसलिए बिखराव तो उसमें है किन्तु उसके साथ ही वह आंतरिक समन्वय तो है ही यह ताना-भरनी, जिसके बिना आंचल को ओढा नहीं जा सकता। इस रूप में रेणु अन्य समाजवादी यथार्थवादी उपन्यासकारों से अलग प्रतीत होते हैं।'[23]

'भारत की राजनीतिक जिन्दगी की यह एक सच्चाई है कि उनका हर दल जातीयता के प्रति सतर्क है। चाहे कांग्रेस हो या जनसंघ, कम्यूनिस्ट हो या सोशललिस्ट सभी के निर्णय जाति पर होते हैं। प्रतिक्रियावादी और प्रगतिशील दोनो गुटों में इस बिन्दु पर साम्य है, मेला आंचल का प्रसंग साक्षी है।'[24]

रेणु की विशेषता यह है कि मेला आंचल में उन्होने सभी राजनीतिक विचारधाराओं का बडा संतुलित चित्रण किया है। न किसी को ऊपर उठाने की कोशिश की है, न किसी को सायास नीचे गिराने की। वस्तुत: जिस घुटनभरी जिन्दगी की कशमकश उन्होने की चित्रित की है, उसमें यह राजनीतिक चित्रण इतना घुल मिल गया है कि वह अलग से देखा ही नहीं जा सकता। रेणु की निर्वेयक्तिकता एवं तटस्थता ने उसे और भी गहरा रंग दिया है। वे कहीं भी मताग्रही नहीं प्रतीत होते हैं। उन्होने वास्तव में एक व्यापक मानवतावाद की स्थापना करने की चेष्टा की है।

कोई भी राजनीतिक विचारधारा मनुष्य की अवहेलना करके, मानव-मूल्यों की उपेक्षा करके तथा मानवीयता का तिरस्कार करके न तो जीवित रह सकती है और मानव न मानव-मन को स्पर्श ही कर सकती है। रेणु ने मेला आंचल में यही सिद्ध करने की चेष्टा की है और इसे अस्वीकार रेणु ने मेला आंचल में यही सिद्ध करने की चेष्टा की है और इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता। आज सामाजिक एवं राजनीतिक विघटन केवल इसलिए बढ रहा है क्योंकि सभी राजनीतिक दल जनता से दूर जा पडे है और अपने अपने व्यक्तिगत स्वार्थ एवं क्षुद्रता के संकीर्ण दायरों में पनप रहे हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अजित कुमार - उपन्यास की विकास-यात्रा 'आलोचना' पृ.13
2. अजित कुमार - वहीं पृ. 13
3. सुषमा प्रियदर्शिनी - हिन्दी उपन्यास पृ. 80
4. रेणु - मेला आंचल भूमिका
5. सुषमा प्रियदर्शिनी - हिन्दी उपन्यास पृ. 278
6. रेणु - मेला आंचल पृ. 18
7. डॉ0 ज्ञानचंद गुप्ता - स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी- उपन्यास और ग्राम चेतना। पृ. 208
8. डॉ0 ज्ञानचंद गुप्ता - वहीं पृ. 178
9. रेणु - मैला आंचल पृ. 16
10. रेणु - मैला आंचल पृ. 16
11. रेणु - वहीं पृ. 16
12. डॉ. बंसीधर - हिन्दी के आंचलिक उपन्यास: सिद्धान्त और समीक्षा पृ. 84
13. डॉ. ज्ञानचंद गुप्ता - स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी-उपन्यास और ग्राम चेतना पृ. 164
14. डॉ0 लाल साहब सिंह - हिन्दी उपन्यासों में सामाजिक चेतना पृ. 179
15. सुषमा प्रियदर्शिनी - हिन्दी उपन्यास पृ. 192
16. डॉ0 प्रेम भटनागर - हिन्दी उपन्यास शिल्प: बदलते परिप्रेक्ष्य पृ. 156
17. रेणु - मैला आंचल पृ 14

18. रेणु – वहीं पृ 15
19. रेणु – वहीं पृ 25
20. सुषमा प्रियदर्शिनी – हिन्दी उपन्यास पृ 279
21. अतुल वीर अरोडा – आधुनिकता के संदर्भ में आज का हिन्दी उपन्यास पृ. 126
22. रेणु – मैला आंचल पृ. 156
23. डॉ0 लाल साहब सिंह – हिन्दी उपन्यासों में सामाजिक चेतना पृ. 161
24. डॉ. ज्ञानचंद गुप्ता – स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास और ग्राम चेतना पृ. 70

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

नवम् राजस्थान विधानसभा के प्रसंग में राजनीतिक संस्कृति

डॉ. गोपाल सिंह*

प्रस्तावना – राजनीतिक विश्लेषण राज वैज्ञानिकों का प्रायोगिक क्षेत्र है। राजनीतिक अभिजन, प्रशासक, सामान्य नागरिक आदि भी स्वयं के लिए समय-समय पर कार्य करते हैं।किन्तु उसे हम वैज्ञानिक राजनीतिक विश्लेषण नहीं कहते क्योंकि वह विशेष मूल्यों एवं पूर्वाग्रहां के दृष्टिकोण से किया जाता है। राजनीतिक मूल्य निरपेक्ष या ब्रैश्ट के शब्दों में, वैज्ञानिक-मूल्य सापेक्ष होकर वैज्ञानिक पद्धति से राजनैतिक विश्लेषण करता है किन्तु इसके पूर्व उसे राजनीतिक संस्कृति तथा उसके प्रभाव, प्रक्रिया आदि से सुविज्ञ होना जाना चाहिए ताकि वह सम्बद्ध राजनीतिक व्यवहार का, उसमें निहित मूल्य परिधि के परिप्रेक्ष्य में मूल्य निरपेक्ष राजनीतिक विश्लेषण प्रस्तुत कर सके तथा अपनको निजी सांस्कृतिक मूल्यों में पृथक रख सकें। राजनीतिक संरचनाओं, प्रक्रियाओं एवं प्रकार्यो को मूल्यें को सेटिंग या पर्यावरण में ही समझा जा सकता है। मूल्य ही औचित्यपूर्णता एवं सत्ता के मध्य पुल का कार्य करतहै। उन्हें ही शक्ति, प्रभाव एवं सत्ता आदि का महत्वपूर्ण स्त्रोत माना जाता है। राजनीतिक संस्कृति विचारवादी, अभिवृक्तियों तथा विश्वासों जैसी राजनीतिक प्रक्रियाओं तथाउनकी अभिव्यक्तियों में स्थिति निर्धारणों कसेट होती है। उसका संबंध राज व्यवस्था के मानकों तथा सदस्यों के साथ होता है ये किसी समाज के ऐतिहासिक अनुभव है जिन्हें समाजीकरण की प्रक्रियाओं द्वारा जीवंत बनाये रखा जाता है अनेक कारकों के प्रभाव से उनकस्वरूप में परिवर्तन भी होता रहता है।

प्रत्येक राजव्यवस्था को उत्तार जीवित तथासतत बनाये रखने एवं दबावों, द्वन्द्वों, संकटों आदि का सामना करने के लिये एक मात्रा में मूल्यात्मक मतैक्य का होना तथा उसके सदस्यों का प्रति निष्ठावान होना आवश्यक है इनसेही राजनीतिक संस्कृति का संबंध होता है। वह राज व्यवस्थाका महत्वपूर्ण उपसंरचना होती है वह उसको सहारा देती है और सभी स्तरों पर उसे प्रभावित एवं प्रति सम्भारित करती है यही राजनीति के कार्यक्षेत्र अर्थात राजनीति की राजनीति की मर्याद्राओं तथा जीवन के सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत क्षेत्रों की औचित्यपूर्ण सीमाओं को परिभाषित करती है। यह संपूर्ण राजनीतिक प्रक्रिया, व्यक्ति कार्यो, समस्याओं एवं सहभागियों को निर्धारित करती हैलुसियन डब्ल्यू, पाई राजनीतिक संस्कृति राजनीति के आत्म प्रेरक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती है इसका कार्य नीति एवं सामूहिक व्यवहार का अर्थ तथा मार्ग निर्देशन देना है।[1]इरिक रोवे ने अपने ग्रन्थ मॉडर्न पालिटीज 1968) में लिखा है कि राजनीतिक निर्दिष्ट समय एवं स्थान पर मानवीय पर्यावरण में संचालित होती है। यह पर्यावरण तीन प्रकार का होता है- (1) भौतक (2) आर्थिक एवं सामाजिक (3) सांस्कृतिका। सांस्कृतिक पर्यावरण में मूल्य, विश्वास, संवेगात्मक अभिवृक्तियां आदि आते हैं राजनीतिक व्यवहार का राजनीतिक संस्कृति में आधार होता है। मैक्स वेबर, पारानन्नस, मैनहीम पाई वर्षा आदि सभी ने राजनीतिक संस्कृति को राजनीतिक व्यवहार का विश्लेषण करने के लिये महत्वपूर्ण माना है।राजनीतिक सांस्कृतिक के क्षेत्र में पाई, आमण्ड तथा वर्षा [2] के अलावा डेनियल लर्नर मार्टन गॉर्डन एलेस इलीज, रॉबर्ट हैस, लॉयड फ्री सिन्वर्ट रजनी कोठारी, एमपी.राणा आदि ने आनुभाविक अध्ययन किये हैं।

राजसंस्कृति के विश्लेषण में विभिन्न वर्गो, दबावों समूहों, संघों साम्प्रदायिक दलों आदि से संबंधित अराजसंस्कृति की अवहेलना नहीं की जा सकती है। पाई के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वयं के ऐतिहासिक प्रसंग में अपने समाज और उसके लोगों की राजनीति के बारें में ज्ञान तथा भावनाओं को जानना एवं अपने व्यक्तित्व में संयुक्त करना चाहिए। [3] प्रत्येक पीढी सामाजीकरण के माध्यम से राजसंस्कृति को प्राप्त करके, उसे आत्मसात् करने के पश्चात् उसमें संशोधन परिवर्तन आदि करती रहती है। इस प्रकार नये-पुराने की परंपरा एवं आधुनिकता का संघर्ष चलता रहता है। यह द्वन्द विकासशील देशों को अत्याधिक प्रभावित करता है।

राजनीतिक संस्कृति किसी समाज की सामान्य संस्कृति का ही अंग है जिस प्रकार सामान्य संस्कृति मनुष्य का सामाजिक जीवन के प्रति दृष्टिकोण है उसी प्रकार राजनीतिक संस्कृति लोगों की राजनीति के प्रति मनोवृति है। आमदण्ड ने अपने एक लेख 'कम्पेरेटिव पॉलिटिकल सिस्टम' में राजनीतिक संस्कृति शब्द का जिस अर्थ में इसे आजकल समझा जाता है पहली बैर 1966 में प्रयोग किया था।

आमन्ड और पावेल- 'राजनीतिक संस्कृति राजनीतिक व्यवस्थाओं के लोगों की राजनीति के प्रति मनोवृक्तिा व रवैया है।'

ऐलनबाल के अनुसार-'राजनीति संस्कृति, लोगों की राजनीतिक व्यवस्था व राजनीतिक मुद्दों से संबंधित भावनाएं मूल्य और धारणाएं है।' ल्यूशियन डब्ल्यू पाई ने लिखा है कि कोई भी राजनीतिक संस्कृति दो बातों पर आधारित होती है, ये हैं-

1. राजनीति व्यवस्था के सामूहिक इतिहासों की उपज
2. उन व्यक्तियों के जीवन इतिहासों की उपज है जो उस राजनीतिक व्यवस्था को जन्म देते हैं,

सारांश राजनीतिक संस्कृति राजनीति के क्षेत्र को उसी प्रकार संरचना को अर्थ प्रदान करती है जिस प्रकार सामान्य संस्कृति सामाजिकरण जीवन को संगति और एकीकरण प्रदान करती है।

राजनीतिक संस्कृति : व्याख्या एवं विकास – पाई के अनुसार- राजनीतिक संस्कृति अभिवृतियों, विश्वास तथा मनोभाव का समुच्य है जो राजनीतिक प्रक्रियायाओं को अर्थ एवं सुव्यवस्था आर्डर प्रदान करता है। वह राजव्यवस्था में व्यवहार को नियंत्रित करने वाली अन्तनिर्हिपूर्व धारणाओं

* व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज, सिरोही (राज.) भारत

तथा नियमों बताता है इसमें राजव्यवस्था के राजनीतिक आदर्श तथा संक्रियाशील मानक दोनो ही सम्मिलित रहते हैं। आमण्ड एवं वर्बा ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मन, इटली और मैक्सिकों की राजनीतिक संस्कृति का अध्ययन करने के पश्चात इस परिणाम पर पहुंचे है कि राजनीतिक संस्कृति राजव्यवस्था उसको अवयवों एवं व्यवस्था में व्यक्ति के व्यक्तिगत कार्यो के प्रति विशिष्ट राजनीतिक अभिमुखीकरणों तथा अभिवृत्त्यिों का संयुक्त रूप है। [8]

राजव्यवस्था के प्रति अभिमुखन को राजनीतिक संस्कृति कहा जाता है। इस धारणा को सबसे पहले ग्रेबियल आमण्ड [9] ने तुलनात्मक राजनीतिक अध्ययन के लिए रखा था। राजनीतिक संस्कृति की अवधारणा सर्वथा नवीन या मौलिक नहीं है यह प्राचीन समय में हीरोडोट्स, प्लेटो, अरस्तु आदि ने तथा आधुनिक काल में डिकाकबिल, ब्राइस एमरसन, मीड, फ्रोम आदि ने इस दिशा में अपने-अपने ढंग से चिंतन दिया है।

राजनीतिक संस्कृति की प्रकृति – राजनीतिक संस्कृति की प्रकृति के विषय में राजविज्ञानियों के अलग-अलग दृष्टिकोण है। आमण्ड उसे कार्य के प्रति अभिमुखीकरण बियर 'राजनीतिक संस्कृति' ईस्टन पर्यावरण तथा स्पिरो 'राजनैतिक शैली' कहलाता है विशुद्ध आनुभाविक दृष्टि से इसका प्रयोग सर्वप्रथम आमण्ड एवं कोलमैन द्वारा विकासशील क्षेत्रों का अध्ययन करते समय किया। राजनीतिक संस्कृति राजनीति के व्यक्तिनिष्ठ एवं मनोवैज्ञानिक आयामों के सामूहिक अभिव्यक्तिकरण के रूप में प्रकट होती है। उसे राजव्यवस्था के सामूहिक इतिहास तथा व्यवस्ता के जीवन इतिहास की संयुक्त उपज कहा जा सकता है। दूसरे शब्दों में वह राजनीतिक एवं व्यक्तिगत दोनो प्रकार की घटनाओं से प्रस्तुत होती है। राजनीतिक संस्कृति प्रत्येक समाज की विशिष्ट थाती होती है।

स्वयं व्यक्तियों का अभिमुखन या उन्मुखन अनेक परस्पर संबंधित कारकों का आधारों पर निर्भर होता है। इनमें ऐतिहासिक, भौगोलिक वैचारिक तथा सामाजिक आर्थिक कारक अधिक महत्वपूर्ण होते हैं। प्रत्येक देश की भूतकालीन जय पराजय की गाथाएं उसका ऐतिहासिक आधार बन जाती है। इतिहास वर्तमान एवं भविष्य का प्रेरक, साक्षी एवं मार्गदर्शक बन जाता है। प्रत्येक व्यक्ति उसी की मानवीय गोद में पलता है। उसके वर्ग, वर्ण, जातियां, भाषा परंपराएं रीतिरिवाज आदि सभी प्रत्येक नागरिक के जीवन का अंग बन जाती है। यह व्यवस्था आर्थिक व्यवस्था के साथ मिलकर और अधिक दृढ एवं कठोर बन जाती है। प्रचलित विचारधाराएं जिसमें शिक्षा प्रणाली, समाचार-पत्र तथा अन्य संचार साधनों का बडा महत्व होता है। राजनीतिक संस्कृति के स्वरूप को अत्याधिक प्रभावित करती है। विश्व के अनेक देशों में क्रांतियों का सृजन इसी प्रकार से हुआ है। स्वयं राजव्यवस्था तथा उसका बाहरी एवं भीतरपरिवेश अभिमुखन अभिमुखन का एक बडा स्त्रोत होता है। महत्वपूर्ण घटनाएं भी यथा विश्वयुद्ध वैज्ञानिक एवं तकनीकी आविष्कार आदि अभिमुखन का स्त्रोत बन जाते हैं।

(क) आनुभाविक विश्वास

(ख) मूल्य अभिरूचियां

(ग) प्रभावी अनुक्रियाए – आनुभाविक विश्वास इसका संबंध व्यक्ति की राजनीतिक विश्व के बारे में समझते हैं इससे राजनीतिक व्यवस्था में लोगों की दिलचस्पी या उसके प्रति रूखेपन का ज्ञान होता है जैसे – अगर कोई व्यक्ति स्वयं यह विश्वास रखने लग जाता है कि आम चुनाव में उसके मत देने या नहीं देने सो कई फर्क नहीं पडेगा तो वह सामान्यतया संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्षण राजनीतिक समाज के व्यक्तियों की आस्थाओं और सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्षण राजनीतिक समाज के व्यक्तियों की आस्थाओं और विश्वासों का है इसी आधार पर शासकों और शासितों के पारस्परिक संबंधों का नियमन होता है व्यक्ति यह विश्वास राजनीतिक समाजीकरण की प्रक्रिया में स्वही के अनुभव से प्राप्त करता है। यह विश्वास चाहे गलत हो या सही किन्तु राजनीतिक संस्कृति के प्रमुख लक्षण के रूप में हर समाज में पाए जाते हैं।

प्रभावी अनुक्रियाएं ज्ञान राजनीतिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं के प्रति अनुकूल मनोभावों को कहा जाता है उदाहरण के लिए एक राजनीतिक समाज के व्यक्तियों को अपने राष्ट्र देश या व्यवस्था पर गर्व हो सकता है किसी देश में हित समूहों और दबाव समूहों को अच्छी दृष्टि से देखा जाता है तो कहीं इन्हें हेय दृष्टि से देखा जाने लगता है राजनीति पर लोगों की धारणायें राजनीतिक संस्कृति को नया रंग देने में समर्थ होती है।

राजनीतिक संस्कृति इन तीनों विशेषताओं से मिलकर बनती है किन्तु ये तीनों लक्षण भी परस्पर कई प्रकार से संबंधित रह सकते हैं।

1. ये लक्षण एक दूसरे से पृथक या अनन्य नहीं होकर परस्पर संबंधित रहते हैं।
2. यह एक दूसरे के अनुकूल रहे यह आवश्यक नहीं है।
3. यह समाज के विभिन्न भागों में समान रूप से विसरित होते हैं।
4. राजनीतिक समाज की जनसंख्या के विभिन्न भागों में यह अलग-अलग तीव्रता में पाए जा सकते हैं।

राजनीतिक संस्कृति के निर्णायक तत्वों व लक्षणों के विवेचन से स्पष्ट है कि यह किसी देश की सामान्य संस्कृति से संबंधित होने के कारण भी मात्रात्मक अंतरों वाले हो सकते हैं इससे राजनीतिक संस्कृति के भिन्न-भिन्न रूपों का संकेत मिलता है।

राजनीतिक संस्कृति के नियामक – ग्रेबियल आमण्ड [10] की मान्यता है कि संस्कृतियों की विविधता के लिए कई कारण उत्तरदायी होते हैं टालकोट पारसन्स [11] के अनुसार हर समाज की संस्कृति के प्रमुख तीन नियामक होते हैं। इनमें व्यक्ति की राजनीतिक सक्रियता घटती या बढती है जो अन्तत: राजनीतिक संस्कृति को भिन्न-भिन्न प्रकार की बनाते हैं-

1. व्यक्तिपरक हित
2. सहभागिता
3. राजनीतिक विश्वास

राजनीतिक समाज में व्यक्ति की राजनीतिक सक्रियता के यही तीन आधार है इन्हीं से राजनीतिक अभिमुखीकरण बनते हैं और राजनीतिक संस्कृति तो विशिष्टपन मिलता है यह हर देश की राजनीतिक संस्कृति के नियामक होते हैं इन्हीं में हेर-फेर व अंतर के कारण एक देश की राजनीतिक दूसरे देश की संस्कृति से भिन्न बन जाती है या उसी के समान हो जाती है। व्यक्तिपरक हित व्यक्ति के राजनीतिक के बारे में विचार, राजनीतिक व्यवस्था द्वारा उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति या उनको पूरा करने में असमर्थता के आधार पर बनते हैं अत: राजनीतिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण नियामक व्यक्ति के व्यक्तिपरक हित होते हैं अगर कोई राजनीतिक व्यवस्था व्यक्ति के हितों की साधक है तो उसका राजनीतिक संस्कृति में सकारात्मक रूख होगा और अगर व्यवस्था उनमें बाधक है तो उसका नकारात्मक रवैया हो जायेगा राजनीतिक संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण नियामक यही कहा जा सकता है।

सहभागिता राजनीतिक व्यवस्था में व्यक्ति किसी उद्देश्य विशेष व्यक्तिगत सार्वजनिक या मानवीय को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाने

के लिए या केवल दिखावे या अपने साथियों के साथ रहने के लिए सहभागी हो सकता है। सहभागिता चाहे किसी उद्देश्य से प्रेरित हो किसी उद्देश्य को प्राप्त करने के प्रयत्न से संचालित हो हर अवस्था में व्यक्ति की राजनीति संबंधी मान्यताओं व विचारों का निरूपण करती है व्यक्ति किस प्रकार के विचार रखेगा या किसी राजनीतिक घटना पर किस प्रकार की प्रतिक्रिया करेगा यह बहुत कुछ उसकी राजनीति में भाग लेने की इच्छा पर निर्भर करता है। अत: व्यक्ति की सहभागिता राजनीतिक संस्कृति का आधारभूत नियामक है।

राजनीतिक संस्कृति के आधार – आमण्ड और पावेल [12] ने लिखा है कि राजनीतिक संस्कृति के नियामकों के प्रभाव को कम अधिक करने वाले अनेक तथ्य होते हैं इन्हे राजनीतिक संस्कृति के आधार कहा जाता है वैसे तो आधारों की संख्या अनगिनत हो सकती है किन्तु इनमें तीन को आधारभूत माना जा सकता है। इन आधारों से व्यक्ति अपने हितों ,सहभागिता या मूल्य अबिमुखीकरणों के निश्चय की स्थिति में आता है–

क. ज्ञानात्मक अभिमुखीकरण
ख. भावात्मक अभिमुखीकरण
ग. मूल्यांकनात्मक अभिमुखीकरण

राजनीतिक संस्कृति की प्रकृति उसकी पृथकता और समाज विशेष में विचित्रपन इन परिवतत्रयों से ही निर्धारित होता है।

ज्ञानात्मक अभिमुखीकरण व्यक्ति को अपने व्यक्तिपरक हितों के माध्यम से राजनीतिक संस्कृति में भाग लेने के लिए तैयार करने का काम करते हैं। इसका आशय यही है कि व्यक्ति राजनीतिक वस्तुओं, घटनाओं क्रियाओं और विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर कितना औश्र किस प्रकार का ज्ञान रखता है यह ज्ञान सही और गलत भी हो सकता है ढोनो ही अवस्थाओं में यह ज्ञान व्यक्ति के राजनीतिक व्यवहार को प्रमाणित करता है इसका संबंध व्यक्ति के मस्तिष्क में राजनीतिक व्यवस्था के ज्ञानात्मक नक्शे का चित्र से है जैसे– लोगों के मस्तिष्क में राजनीति के बारे में यह चित्र सही और निष्पक्ष रूप से बन सकता है तो किसी का ऐसा चित्र अपने मनोभाव स्वार्थो से विकृत रूप में हो सकता है कई बार लोगो का ऐसा ज्ञानात्मक मनोभावों से ही व्यक्ति अपने व्यक्तिपरक हितों को राजनीतिक व्यवस्था से पूरा होना या नहीं होना आंकता है अत: राजनीतिक संस्कृति के परिवत्रय के रूप में व्यक्ति के ज्ञानात्मक अभिमुखीकरणों का प्रमुख स्थान होता है इसी से उसका राजनीतिक व्यवहार नियमित होता है। भावात्मक अभिमुखीकरण का संबंध व्यक्ति की उन भावनाओं से है जिनके कारण यह राजनीतिक गतिविधियों से लगाव या अलगाव या नापसंदगियां रखने लग जाता है जिससे वह राजनीतिक प्रक्रियाओं में सहभागी बनता है या उससे अलग–थल रहता है इससे राजनीति में उसकी अभिरूचि का निश्चय होता है इसी से वह किसी व्यवस्था, संस्था या प्रक्रिया को अस्वीकार करता है राजनीतिक मुद्दों के साथ व्यक्ति अपनी भावनाओं को जोडकर उनका महत्व या उनकी निरर्थकता का आधार बनता है इसी के आधार पर व्यक्तियों की सहभागिता, राजनीति में सक्रियाता या उदासीनता का ज्ञान किया जा सकता है यह व्यक्ति को राजनीति में सम्मिलित होने या न होने को ठोस आधार प्रदान करता है।

मूल्यांकनात्मक अभिमुखीकरण से व्यक्ति राजनीतिक को अर्थ प्रदान करता है राजनीतिक प्रश्नों, समस्याओं और मुद्दों पर अपना मत या निर्णय करते समय व्यक्ति मूल्यों के मानदण्ड प्रयुक्त करता है व्यक्ति राजनीतिक क्रिया के संदर्भ में अपना संगठन पसंद मूल्य और बांध इत्यादि का चयन जिस विधि में करता है उसी का मूल्यांकनात्मक अभिमुखीकरण कहा जाता है व्यक्ति को हर राजनीतिक गतिविधियों का अर्थ करना होता है यह अर्थ मूल्यों के आधार पर होता है और यह मूल्य उसके हितों से निर्धारित हो सकते हैं। अत: कई बार व्यक्ति राजनीतक क्रिया को अर्थ प्रदान करते समय मूल्यों से अधिक अपने हितों का ध्यान रखने लग जाता है। मूल्यांकन में यह भी सम्मिलित है कि व्यक्ति किसी स्थिति को किस प्रकार परिभाषित करता है और सक्रियता के लिए कौन से साधन चुनता है और चुने हुए साधन उपकरणों का प्रयोग किस शैली से करता है। जैसे व्यक्ति किसी राजनीतक गतिविधियों का विरोध करने का निश्चय कर लेता है तो इस विशेष उपकरणों का चयन, इनके प्रयोग की शैली और उस स्थिति या गतिविधि का उसके द्वारा किया गया अर्थ और व्याख्या उसके मूल्यों के आधार पर ही होगा। अहिंसा का मूल्य धारण किया रहने पर व्यक्ति घटना विशेष की अनुपयुक्तता और सुनिश्चितता विरोध के निश्चय व्यक्ति के मूल्यांकनात्मक अभिमुखीकरण से ही होता है। व्यक्ति इसके माध्यम से राजनीतिक विश्वासों को व्यावहारिक रूप देता है।

राजनीतिक संस्कृति को कई तथ्यों द्वारा प्रभावित होते देखा जा सकता है इन नियामकों के कारण राज्यों में राजनीतिक संस्कृतियां भिन्नता वाली बन जाती हैं। अगर विकासशील राज्यों की राजनीतिक संस्कृतियों को देखा जाये तो यह जानकर हैरानी होती है कि इन देशों में कई कारणों से लोगो के ज्ञानात्मक भावात्मक और मूल्यांकनात्मक अभिमुखीकरण ऐसी अस्थिर भ्रांतिपूर्ण बातों पर आधारित है कि उनको ठीक कर पाना करिश्में वाले राष्ट्रवादी नेताओं के लिए कठिन ही लगता है।

राजनीतिक संस्कृति के आयाम

क. राष्ट्रीय अभिज्ञान
ख. साथी नागरिको के साथ अभिज्ञान
ग. शासन निर्गतों के बारें में विश्वास।
घ. निर्णयकारिता के बारे में आस्ताएं।

राष्ट्रीय अभिज्ञान, राजनीतिक संस्कृति का महत्वपूर्ण आयाम होता है। इसी से राजनीतिक व्यवस्था में व्यक्ति का राजनीतिक व्यवहार विशेष प्रकार का बनता है यह राष्ट्रीय बुद्धिजीवियों और विशिष्ट वर्गो की गतिविधियों का औचित्य प्रदान करता है अभिजन इस आधार पर कि वे संपूर्ण राष्ट्र के लिए है अपने अनुयायियों व आम जनता का समर्थन प्राप्त करते हैं राष्ट्रीय अभिज्ञान या व्यक्ति की राष्ट्र के साथ तादात्मय या एकात्मय की भावना का विकास राष्ट्र के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण तथ्य है जो नये राष्ट्र के प्रसंग में राजनीतिक संस्कृति सजीव बनती है और व्यक्तियों के राजनीतिक दृष्टि से सक्रिय बनाती है जिन समाजों में संचार साधन बहुत ही अपर्याप्होते हैं बुद्धिजीवियों और अभिजनों में समाज को बदलने और आगे बढने की प्रेरणाएं अथवां आकाक्षाएं बहुत कम होती है और जनसाधारण भी अपने राष्ट्र के निर्माण की दिशा में कोई भूमिका निभाने की ओर से उदासीन होते हैं, वहां राष्ट्रीय एकात्म्य का अभाव कोई समस्या पैदा नहीं करता है ऐसे देश में इस बात की पर्याप्त संभावना बनी रहती है कि राष्ट्र इस स्थिति के बावजूद जीवित रहेगा कि उसके बहुसंख्यक लोग किन्हीं संकीर्ण प्रतिकों से अधिक बंधे हैं विकासशील राज्यों में प्रारंभ के कुछ वर्षो में ऐसी ही स्थिति थी जिस कारण अनेक राजनीतिक विचारक यह मानने लगे थे कि इन राज्यों में पश्चिमी संरचनाओं का अपनाना इन्हें उसी प्रकार की राजनीतिक संस्कृति के सांचे में ढाल देगा। किन्तु इन देशों में संचार साधनों के विकास से जहां राष्ट्रीय अभिज्ञान बढना चाहिए था वहां संकीर्ण व क्षेत्रीय अभिज्ञान प्रबल होकर अस्थिरता का जनक बनता रहा है।

सिडनी वर्बा [13] की मान्यता है कि राष्ट्रीय एकात्म्य का अर्थ कदापि नहीं है कि संपूर्ण जनता राष्ट्र के साथ एकात्म्य रखे यह न आवश्यक है और न ही व्यवहार में ऐसा संभव है। हर समाज में व्यक्तियों के विचारों, मतों और हितों में भिन्नता रहना स्वाभाविक है। राजनीतिक विश्वास भी अनेक रूप ग्रहण कर सकते हैं किन्तु राष्ट्रीय एकात्म्य में यह उपेक्षा रहती है कि राजनीतिक व्यवस्था के अधिकांश सदस्य जातीयता, क्षेत्रीयता और वर्गीय हितों से ऊपर उठकर संपूर्ण राष्ट्र के व्यापक संदर्भ में सोचे,समस्याओं को इसी व्यापक संदर्भ में समझे और इसे ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दृष्टि से सक्रिय बने। यह स्थिति राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक संस्कृति की एक रूपता का आधार होती है। किसी राष्ट्र में सुपरिभाषित और संस्थापित राष्ट्रीय एकात्म्य का अस्तित्व है या नहीं इस बात के राजनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिणाम निकलते हैं। इसी से यह निर्णय होता है कि व्यक्ति राजनीतिक व्यवस्था को अपनी मानते हैं या पराई समझते है। राष्ट्रीय अभिज्ञान से यह भी स्पष्ट होता है कि राष्ट्रीय या केन्द्रीय शासन व्यवस्था का व्यक्तियों के जीवन पर आधारभूत प्रभाव पडता है तथा उसका उन्हें बोध रहता है।

सिडनी वर्बा [14] 'जिन राजनीतिक विश्वासों की विवेचना की है वे बहुत कुछ राष्ट्रीय राज्य में इर्द-गिर्द घूमते हैं।'

क. राष्ट्रीय राज्य आज भी व्यक्तियों की आस्थाओं को ढालने वाली सर्वाधिक महत्वपूर्ण शक्ति है।

ख. अधिकांशत: सभी प्रकार की समस्याएं राष्ट्रीय राज्य से ही संबंधित होती है।

ग. राष्ट्रीय राज्यों में होने वाला परिवर्तन ही राजनीतिक विकास कहा जाता है।

घ. राष्ट्रीय राज्यों में संबंधित नागरिकों की अभिवृत्तियों में परिवर्तन, जिसे राजनीतिक आधुनिकीकरण माना जाता है वह भी राष्ट्रीय राज्य से ही परिभाषित किया जाता है।

राजनीतिक संस्कृति के आधार – राजनीतिक संस्कृति की विशेष प्रकृति किस प्रकार बनती है इसे हमको ध्यान में रखना है राजनीतिक संस्कृति का कहीं एक रूप देखने को मिलता है तो कहीं यह विविध रूप वाली होती है। इससे यह प्रश्न महत्वपूर्ण बन जाता है कि राजनीतिक संस्कृतियों के ऐसे कौन से आधार है जिससे उनकी प्रकृति का निर्धारण होता है चाहे राजनीतिक संस्कृति विविध रूप वाली या एक रूप वाली हो, जो परस्पर कई संबंधित कारकों को जन्म देती है।

क. ऐतिहासिक आधार।

ख. भौगोलिक आधार।

ग. सामाजिक-आर्थिक संरचना का आधार।

घ. समाज की सामान्य संस्कृति का आधार।

ड. विचार धाराओं का आधार।

उन्होने राजनीतिक संस्कृति की अवधारणा से बहुत अधिक अपेक्षाएं रखने के प्रति सचेत करते हुए लिखा है कि [15] राजनीतिक जीवन के एक विशिष्ट और महत्वपूर्ण पहलू पर ध्यान देना लाभदायक है। किन्तु यह राजनीतिक घटना केक विश्लेषण और व्याख्या को केवल समारम्य ही है। वास्तव में महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि हम राजनीतिक संस्कृति का अध्ययन करें बल्कि यह है कि हम इसका अध्ययन कैसे करते हैं तथा राजनीति के ज्ञान में वृद्धि के लिए इसका प्रयोग कैसे करते हैं ? वर्षा ने इस संबंध में आगे लिखा है कि 'जब हम सका प्रयोग करते हो तोयह राजनीतिक अन्त: क्रिया और राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिरूपों के बारे में विश्वासों की व्यवस्था कओर संकेत करती है कि और यह बतलाती है कि राजनीतिक जगत में होने वाली घटनाओं के बारे में लोगो के विश्वास या है? इस प्रकार यह राजनीतिक घटनाओं की प्रक्रिया और लोगों के व्यवहाकर के मध्य एक महत्वर्पा बडी का निर्माण करती है। यह इसबात का संकेत भी देती है कि लोग राजनीति में जो कुछ देखते हैं उसकी विरूद्ध क्या मत प्रकट करते हैं और जो कुछ देखा है उसकी वे क्या व्याख्या करते हैं ? वर्बा ने राजनीतिक संस्कृति की उपयोगिता के बारे में यह प्रस्थापित किया है कि राजनीतिक संस्कृति और राजनीतिक विश्वासों का घनिष्ठता का संबंध है।हम वर्बा के इस निष्कर्ष को स्वीकार करते हुए इसको इस प्रार संशोधित करना अधिक उपयुक्त मानेंगे कि 'राजनीतिक व्यवस्था की सक्रियता की विशिष्टता और राजनीतिक संस्कृति का अत्याधिक घनिष्ठता का संबंध है।[16] राजनीतिक संस्कृति की अवधारणा के विकास से ही राजनीतिक व्यवस्थाओं की वास्तविक प्रकृति उनके अंदर होने वाले विकासोऔर इन विकासों की संभावित दिशाओं को समझने में सहायता मिलने लगी है। किन्तु राजनीतिक संस्कृति के भी इतने आयाम और नियामक है कि इसके आधार पर अध्ययन व तुलनाओं में विशेष सतर्कता और सावधानी बरतने की आवश्यकता है। अन्यथा यह अवधारणा भी राजनीति की वास्तविकताओं को समझने में विशेष सहायक नहीं होगी। राजनीतिक व्यवहार इतना जटिल होता है और इतने अधिक प्रभावों से नियमित होता है कि इसको सामान्य ढंग से ही समझा जा सकता है। अत: राजनीतिक संस्कृति दृष्टिकोण से यह अपेक्षा रखना कि यह राजनीति को कोई सामान्य सिद्धांत बनाने की अवस्था में पहुंच देगा एक जंचने वाला निष्कर्ष होगा ऐसा निष्कर्ष सही हो सकता। राजनीतिक संस्कृति की अवधारणा ने राजनीतिक व्यवस्थाओं के अंशो एवं संपूर्णता ढोनो पर ध्यान केन्द्रित करने के उपकरण प्रदान करके राजनीतिक समझ व राजनीतिक विकासों को समझने में पर्याप्त सहायता की है इससे न कोई अपेक्षा रखनी है और न ही इससे अधिक इसका योग हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लुसियन डब्ल्यू पाई 'पॉलिटिकल कल्चर' इन्टरनेशनल एनसाइक्लोपीडिया ऑव सोशल साइन्सेज 1968
2. देखिए-ग्रेबियल आमन्ड एण्ड जी.बी. सिडनी वर्बा, दि सिविक कल्चर: पॉलिटिकल एटीट्यूड्स एण्ड डिमॉक्रेस इन फाइव नेशन्स, प्रिस्टन न्यू जकसी, प्रिस्टन यूनिवर्सिटी प्रेस, 1963
3. लुसियन डब्ल्यू पाई एण्ड सिडनी वर्बा, पॉलिटिकल कल्चर एण्ड पॉलिटिकल डवलपमेंट, प्रिस्टन यूनिवर्सिटी प्रेस, 1965
4. ग्रेबियल आमण्ड एण्ड जी.बी. कम्पेरेटिव पॉलिटिक्स ए डवलपमेंट, एप्रोच ब्रोस्टन, लिटिल ब्राउन 1966, पृष्ठ 89
5. ग्रेबियल आमण्ड एण्ड सिडनी वर्बा, दि सिविक कल्चर पॉलिटिकल एटीट्यूडूस एण्ड डिमॉक्रेसी इन फाइव नेहान्स, पूर्वोक्त
6. लुसियन डब्ल्यू पाई, पॉलिटिकल कल्चर, इन्टरनेशनल एन साइकिलोपीडिया ऑव सोसल साइन्सेज, 1968
7. ए.आर.बाल मॉडर्न रासिटिक्स एण्ड गवर्मेन्ट लंदन मैकमिलन, 1971 पृष्ठ 56
8. सिडन वर्बा, कम्पेरेटिव पॉलिटिकल कल्चर, पाई एण्ड क्री (सं) पॉलिटिकल कल्चर एण्ड पॉलिटिकल डवलपमेंट, प्रिस्टन यूनिवर्सिटी प्रेस, 1965 पृष्ठ 513
9. ग्रेबियल आमण्ड एण्ड जीबी पावेल, कम्पेरेटिव पॉलिटिक्स, डवलपमेंट

अपोंच बोस्टन, लिटिल, ब्राउन, 1966।

10. ग्रेबियल आमण्ड एण्ड जीब्रर्निघम पावेल, कम्पेरेटिव, पॉलिटिक्स–ए–डवलपमेंट एप्रोच, बोस्टन लिटिल ब्राउन, 1966 पृष्ठ 50
11. टालकाट पारसन्स, दि सोशल सिस्टम, न्यूयार्क दि फ्री प्रैस आवे ग्लूकोन, 1951
12. ग्रेबियल आमण्ड एण्ड जी0बी0 पावेल, कम्पेरेटिव पॉलिटिक्स ए डवलपमेंट एप्रोच, तत्रैव, पृष्ठ 56
13. सिडनी वर्बा 'कम्पेरेटिव कल्चर' लुसियन 'पाई एण्ड वर्बा' पॉलिटिकल कल्चर एण्ड पॉलिटिकल डवलपमेंट।
14. सिडनी वर्बा, कम्पेरेटिव पॉलिटिकल कल्चर, तत्रैक पृष्ठ 516
15. सिडनी वर्बा, कम्पेरेटिव पॉलिटिकल कल्चर, तत्रैक पृष्ठ 516
16. सिडनी वर्बा, कम्पेरेटिव पॉलिटिकल कल्चर, तत्रैक पृष्ठ 517

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) (U.G.C. Jr. No. 64728)
ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.110 (2017) Jan. To March 2018 E-Journal, VOl. IV, Issue XXI

Awareness of Cyber Law : Special Reference of Ahmedabad City

Geetaben Ramjibhai Makwana*

Abstract - The internet in India is growing rapidly. It has given rise to new opportunity in every field like – entertainment, business, sports, education etc. It is universally true that every coin has 2 sides, same for the internet, it uses has both advantage and disadvantage, and one of the most disadvantage is Cyber-crime. We can say cyber-crime is any illegal activity which is committed using a computer network (especially the internet). Also, cyber-crime involves the breakdown of privacy, or damage to the computer system properties such as files, website pages or software. In India most of cyber-crime cases are committed by educated person (some cyber – crime requires skills). So, it is required the deep knowledge about the cyber –crime and it prevention. Also, in India most of the cases found where, crimes are committed due to lack of knowledge or by mistake. In this paper, I have discussed various categories and cases of cyber-crime which is committed due to lack of knowledge or sometimes due to intention behind. I also, suggested various preventive measures against these unlawful acts in day to day life.
Keywords - cyber laws, cybercrimes, e-Crime.

Introduction - In the today's era of rapid growth, Information technology is encompassing all walks of life all over the world. These technological developments have made the transition from paper to paperless transactions possible. We are now creating new standards of speed, efficiency, and accuracy in communication, which has become key tools for boosting innovations, creativity and increasing overall productivity. Computers are extensively used to store confidential data of political, social, economic or personal nature bringing immense benefit to the society. The rapid development of Internet and Computer technology globally has led to the growth of new forms of transnational crime especially Internet related. These crimes have virtually no boundaries and may affect any country across the globe. Thus, there is a need for awareness and enactment of necessary legislation in all countries for the prevention of computer related crime. Globally Internet and Computer based commerce and communications cut across territorial boundaries, thereby creating a new realm of human activity and undermining the feasibility and legitimacy of applying laws based on geographic boundaries. This new boundary, which is made up of the screens and passwords, separate the "Cyber world" from the "real world" of atoms. Territorially based law-making and law-enforcing authorities find this new environment deeply threatening.

Meaning

Cyber crime - In simple term we can describe "Cyber Crime" are the offences or crimes that takes place over electronic communications or information systems. These types of crimes are basically the illegal activities in which a computer and a network are involved. Due of the development of the internet, the volumes of the cybercrime activities are also increasing because when committing a crime there is no longer a need for the physical present of the criminal

Cyber Crimes - Three categories:

Against Property – Financial crimes, cheating on-line, illegal funds transfer

Against Persons – On-line harassment, Cyber Stalking, Obscenity.

Against Nations – Cyber Terrorism, Damaging critical information infrastructures.

Cyber law - Cyber law is any law that applies to the internet and internet associated technologies. Cyber law is one of the most recent areas of the criminal system. That is because internet technology develops at any such rapid tempo. The cyber law offers legal protections to people involved with the use of the internet. This consists of both agencies and normal residents. An expertise cyber regulation is of the utmost significance to every person who uses the net. Cyber regulation has also been known as the "regulation of the net."

Cyber Law in India - In India, cyber laws are contained in the Information Technology Act, 2000 ("IT Act") which came into force on October 17, 2000. The main purpose of the Act is to provide legal recognition to electronic commerce and to facilitate filing of electronic records with the Government. The following Act, Rules and Regulations are covered under cyber laws:

1. Information Technology Act, 2000

***Assistant Professor, Samarpan School of Law, Kh-7 Circle, Sector- 28, Gandhinagar (Gujarat) INDIA**

2. Information Technology (Certifying Authorities) Rules, 2000
3. Information Technology (Security Procedure) Rules, 2004
4. Information Technology (Certifying Authority) Regulations, 2001

Objectives Of The Study

1. Knowing the status of the awareness for Indian cyber law based on gender.
2. Knowing the status of the awareness for Indian cyber law based on occupation.

Literature Review - This section reports a brief review of research literature wherein the researchers have dealt with the related topics of cyber security, cybervictimization etc.

Bhushan (2012) has revealed that awareness of cybernetics in India is abysmally low and thus has gained a reputation as a country where foreign investors can do business in cyber security and have been investing heavily in cyber security.

Pandey (2012) concluded that lack of awareness about internet and low level of internet security is fast making Indore[1] a heaven for cybercriminals. There has been a steady increase in the number of cybercrimes as people are not aware about the rapid developments in the cyber world. Increasing dependence of common citizens on cybernetics without proper security has made the job easy for cybercriminals. In the absence of experts and cyber sleuths, Indore has become more vulnerable to cybercriminals, the researcher concluded.

Jamil and Khan (2011) while comparing the data protection act in India with that of European countries have concluded that the Indian cyber laws are very poor and it is very necessary to actually bring in the appropriate cyber law and awareness about them. There is not much of awareness regarding protecting the data. There is a continuous rise in cybercrime as there is huge population but lesser resources to manage the population and the cyber-crimes that take place.

According to Dalal (2010) one area that requires special attention is the cyber law awareness in India. Very few users, practitioners and organizations are aware about disputes arising out of IT Act, 2000 and its various amendments.

Nappinai (2010) found that cyber-crime prosecution is not resorted in many instances due to lack of awareness amongst both the victims and the enforcement authorities about the applicability of general laws to cybercrimes.

Research Methodology - Research is any such activity which helps to gain fresh insight in to something. It is an investigation to find answer to questions. It is way to acquire knowledge. The proposed research work is carried out by following different research methods such as, Historical,Survey, Observationmethods.

Present study was done with help survey Method plays significant role in research as can seefrom the statement. Community surveys are conducted together recorded or unrecorded data about different aspectsof the awareness Cyber-crime and their law in Ahmedabad City

Data Analysis - The study aimed to collect responses with regards to the knowledge and awareness of respondents towards cyber laws in Ahmedabad City. A three point structured questionnaire was designed to find the results. Such data were collected from the students/teachers and employee .An individual participant constituted the sampling unit whereas probability sampling (random sampling) techniques were used to select the sample Table 1 shows the break-up of the sample:

Table 1 : Break-up of sample

Gender / Category	Male	Female	Total
Unemployed	150	100	250
Employed	80	70	150
